होमियोपैथिक

मेटेरिया मेडिका

(रेपर्टरी सहित)

HOMOEOPATHIC MATERIA MEDICA

(With Repertory)

जिसमें

सभी औषधियों के चारित्रिक एवं सांकेतिक
लक्षण वर्णित हैं

[चिकित्सा एवं रोग-निदान के दृष्टिकोण से]

रचयिता

डॉ० विलियम बोरिक, एम० डी०

प्रकाशक :—

मेडिकल पुस्तक भवन,

गोलादीनानाथ, वाराणसी-१

★

★

नवम् संस्करण

★

मूल्य—५५·०० रुपये मात्र

मुद्रक—

बैजनाथ प्रसाद

कल्पना प्रेस,

रामकटोरा रोड, वाराणसी।

प्रकाशकीय आमुख

प्रस्तुत पुस्तक का नवम् संस्करण पाठकों के समक्ष उपस्थित करते हुए अपार हर्ष हो रहा है। डॉ॰ विलियम बोरिक लिखित "होमियोपैथिक मेटेरिया मेडिका" होमियोपैथिक चिकित्सा विज्ञान का विश्वविख्यात प्रामाणिक ग्रन्थ माना गया है। यह पुस्तक अंग्रेजी भाषा में तो उपलब्ध थी, किन्तु हिन्दी भाषा-भाषी प्रेमियों के लिए इसका सर्वथा अभाव था। यद्यपि, इतने बड़े अंग्रेजी ग्रन्थ का सही-सही हिन्दी अनुवाद कराकर मुद्रण कराना एक बहुत कठिन कार्य था, फिर भी सभी कठिनाइयों के रहते हुए हम अपने प्रयास में सफल हुए। मूल लेखक की मौलिकता कहीं भी नष्ट न हो, इसका ध्यान रखते हुए बड़ी सतर्कता के साथ, यथासम्भव शब्दशः अनुवाद किया गया है। साथ ही भाषा को इतना सरल एवं बोधगम्य बनाया गया है कि पाठकों को समझने में तनिक भी कठिनाई न हो।

मेटेरिया मेडिका भाग के बाद रेपर्टरी भाग लिखा गया है जिसके मुद्रण में भी बड़ी सावधानी बरती गई है। मूल लेखक के भावों में किसी तरह भी परिवर्तन न आये, इसलिए कई किस्म के टाइप लगाये गये हैं, जिससे विभिन्न रोगों के लक्षण, भेद एवं महत्व स्पष्ट हो सकें। इस प्रकार पुस्तक को सर्वाङ्ग सुन्दर एवं उपादेय बनाने की पूरी चेष्टा की गई है। आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि पाठकगण प्रस्तुत पुस्तक की उपादेयता स्वीकार करेंगे तथा इससे लाभ उठायेंगे और तभी हम लोग अपना परिश्रम सार्थक समझेंगे।

पिछले संस्करण की भाषा सम्बन्धी एवं अन्यान्य जो भी त्रुटियाँ थीं, उनका सुधार कर नवीन संस्करण सामने प्रस्तुत है।

आशा है हमारे पाठकगण पूर्व की भाँति इस संस्करण को अपनाकर अपना सहयोग प्रदान करते हुए हमें प्रोत्साहित करेंगे।

—प्रकाशक

भूमिका

इस पुस्तक में होमियोपैथिक प्रणाली की सभी औषधियों के विख्यात और परीक्षित लक्षणविशेष लिखे गये हैं, इसके अतिरिक्त बहुत-से कम महत्ववाले लक्षण भी दिये गये हैं। इन सभी से उचित और लाभदायक औषधि के निर्णय में सहायता मिलेगी। सभी नयी औषधियाँ और चिकित्सा-अनुभव के सभी महत्वपूर्ण विचार जो अब तक प्रयोग से प्रकाश में आये हैं, दे दिये गये हैं। इस उपस्थित संक्षिप्त पुस्तक में अधिक से अधिक परीक्षित और विश्वसनीय लक्षण-ज्ञान कम-से-कम जगह में दिये गये हैं।

मैंने होमियोपैथिक प्रणाली की प्रत्येक औषधि के सभी लक्षण थोड़े ही में दिये हैं और साथ में चिकित्सा के व्यवहार में आयी हुई उन सब औषधियों का सुझाव भी दिया है जिनका अब तक कोई सिद्धीकरण नहीं हुआ है। इस प्रकार उनकी भी परीक्षा का अवसर मिलेगा ताकि भविष्य में चिकित्सक अपना अनुभव क्षेत्र विस्तृत कर सकें और औषधि-विज्ञान की उन्नति करें।

मुझे मालूम है, औषधियों की संख्या बढ़ाने के बारे में मतभेद है; खासकर ऐसी औषधियों की जो अव्यवहृत जान पड़ती हैं या भ्रमात्मक हैं; परन्तु एक लेखक को कोई ऐसी औषधि छोड़नी नहीं चाहिए जो विश्वसनीय रूप से प्रयोग में आ चुकी हो।

हमारी मेटेरिया मेडिका में उन सभी पदार्थों का वर्णन होना चाहिए जिनकी सिद्धि हो चुकी है और जो लाभ के साथ प्रयोग किये जा चुके हैं, अतः अब यह पाठकों पर निर्भर है कि वे स्वयं इन विचारों की सत्यता और विश्वसनीयता का निर्णय कर लें। इस विषय के सिलसिले में मैं उस विख्यात वैज्ञानिक और होमियोपैथी के विद्वान् डॉ० कान्स्टैन्टाइन हेरिंग का कथन उद्धृत करना आवश्यक समझता हूँ जो कि इस मत के थे कि उन सभी पदार्थों का होमियोपैथी में व्यवहार करना चाहिए जो शरीर में कुछ न कुछ प्रतिक्रिया

उत्पन्न करें ताकि उनको हम लक्षण के ... ...प में चिकित्सा-क्षेत्र में उपयोगी बना सकें। "होमियोपैथी केवल बहुपक्षीय ... हो न..., बल्कि सर्वपक्षीय है।" वह संसार ... ...या क्रिया की ...न करती है, चाहे वे भोज्य पदार्थ हों, पेय हों, चटनी-अचार हों, औषधि हों या ...। वह उन सभी के प्रभाव का अध्ययन स्वस्थ प्राणी पर, रोगी पर, जानवर ...र पौधों पर करती है। वह पॉल के इस ...ीन कथन को कि "सभी चीजों को ...द्ध कर लो" (Prove all things) एक नया रूप देती है जो सर्वव्यापी ... विश्व-क्रियात्मक है। सटीक शरीर-विज्ञान और रोग-निदान की उन्नति के साथ-... व्यर्थ विचारों का धीरे-धीरे लो... हो जायगा।

इसके अतिरिक्त बहुत-सी अपूर्ण सिद्ध की हुई औषधियों के ...ण लक्षणों के बजाय रोगों के नामों का भी प्रयोग करना आवश्यक हुआ है, जबकि ...मियोपैथी में केवल लक्षण-समूह ही जानना लाभदायक होता है।

यहाँ भी हमारे पथ-प्रदर्शक श्री हेरिंग हैं जो इस निर्णय-विधि का ...पनी Guiding Symptom नामक पुस्तक में पूर्ण रूप से प्रयोग करते हैं।

उन्होंने कहा है कि वे रोगों के नामों का व्यवहार किसी औषधि के निर्णय के लिए नहीं करते, वरन् केवल यह दिखाने के लिए करते हैं कि अमुक रोग को अच्छा करने में कितनी भिन्न-भिन्न औषधियों का प्रयोग करना होता है। इसी कारण मैंने लक्षण-समूह विचार और चिकित्सा-सूची में रोग के नामों का व्यवहार किया है, क्योंकि यह पुस्तक प्रतिदिन के व्यवहार के लिए है और इसमें चिकित्सा और औषधि-निर्णय के सभी साधनों का प्रयोग करना आवश्यक है।

"वास्तव में हमें ठीक औषधि के चुनने में सभी तरीकों के व्यवहार की आवश्यकता है"—सरल समानता, सरल लक्षण समूहों से औषधि का पता लगाना और इसके बाद सबसे ऊँचे स्तर पर रोगग्रस्त शरीर के अतिरिक्त परिवर्तनों की अवस्था से समानता और यह मेरा दावा है कि तब भी हम होमियोपैथिक प्रणाली के क्षेत्र के अन्दर हैं, जो कि विस्तृत और उन्नतिशील विज्ञान है।

मात्रा के विषय में कुछ कहना आवश्यक जान पड़ता है। जो मात्रायें इस पुस्तक में दी गयी हैं, वे केवल सुझाव हैं, जो उल्लंघनीय भी हैं। इस सम्बन्ध

ों के सिद्धान्त को अपनाया है और उसी में मैंने पहले के होमियोपैथी के विशेषज्ञ ... साथ में अपने और दूसरे चिकित्सकों के अनुसार मात्रा एवं शक्ति का सुझाव ...या है, ... त्सकों के अनुभवों को भी जोड़ा है। प्रत्येक शिक्षक स ...मात्रा के सुझाव का आग्रह किया करते हैं, ... कम चिकित्सा का आरम्भ करते समय।

यह पुस्तक किसी भी ...र से केवल एक निबन्ध-पुस्तक नहीं है और न इसको ऐसा समझना चा...। इसमें सभी होमियोपैथिक औषधियों ... पूरा और सटीक वर्णन ...र व्यवहार के सुझाव दिये गये हैं, जहाँ तक कि इस पुस्तक की सीमा में सम्भव हो सका है। यह पुस्तक अन्य बड़े ग्रन्थों का पूरक है और यदि अप... विस्तृत लक्षणों की मुख्य और प्रधान बातों को शीघ्रता से स्मरण करने के लिए काम में लायी जाये और बड़ी पुस्तकों तथा सिद्धिकरण की भूमिका मात्र में लाई जाये तो इसका ध्येय सफल होगा और यह विद्यार्थी और चिकित्सक के लिए लाभदायक सिद्ध होगी। ऐसी अवस्था में भी यह पुस्तक मैं अपने चिकित्सक भाइयों के प्रोत्साहन के लिए प्रस्तुत करता हूँ।

सैनफ्रैन्सिस्को, जून १९२७

—विलियम बोरिक, एम० डी०

औषधि-सूची

रेपर्टरी-सूची

प्रथम खण्ड

होमियोपैथिक मेटेरिया मेडिका

एबीज कैनेडेन्सिस : पाइनस कैनेडेन्सिस

(Abies Canadensis : Pinus Canadensis)

(Hemlock Spruce)

एबीज कैन से श्लेष्मिक झिल्लियाँ प्रभावित होती है। इसमें आमाशय संबंधी लक्षण स्पष्ट रूप से पाये जाते हैं। अतिसार की हालत पैदा हो जाती है। विचित्र वस्तुएँ खाने की इच्छा होती है और सर्दी का बोध होता है जो इसकी विशेषता है; खासकर उन स्त्रियों में जिनके गर्भाशय खिसक गये हों और जब कि सम्भवतः पोषण की कमी से और दुर्बलता के कारण ऐसा हुआ हो। श्वास और हृदय-क्रिया कष्टदायक हो जाती है। हर समय लेटे रहना चाहे। चर्म ठंडा और सिकुड़ा, हाथ ठंडे, शिथिलता अधिक। दाहिना फुफ्फुस और जिगर छोटा और कड़ा मालूम पड़ता है। सुजाक का पुराना स्राव।

सिर—हलकापन मालूम होता है, आंशिक नशीलापन, चिड़चिड़ापन।

आमाशय—जिगर की सुस्ती के साथ मरभुखे की तरह खाये। **कुतरन, भूख उदरार्द्ध में भारी दुर्बलता**। भूख की ज्यादती, मांस, चटनी, गाजर, शलजम, लोकाट और मोटे अन्न के लिए ललचाये। **हजम कर सकने की शक्ति से अधिक खाने की प्रवृत्ति**। अफारे के कारण हृदय की गति में बाधा पड़े। दायें कंधे के जोड़ में दर्द और कोष्ठबद्धता जिसमें मलमार्ग में जलन भी हो।

स्त्री—गर्भाशय का खिसक जाना, उसके तलदेश में कच्चापन, जो दाब से कम हो। शिथिलता; हर घड़ी लेटे रहना चाहे। सोचती है कि गर्भाशय कोमल और दुर्बल हो गया है।

ज्वर—कँपकपी मानो खून बरफ का पानी हो गया है (एकोन) शीत पीठ में नीचे उतरे। कंधों के बीच में ठंडे पानी का संवेदन (एमोन म्यूर), चर्म नमदार और चिपचिपा, रात में पसीना हो (चाइना)।

मात्रा—१ से ३ शक्ति।

एबीज नाइग्रा
(Abies Nigra)
(Black Spruce)

उन रोगों में शक्तिशाली और बलवान दवा है जहाँ इसके आमाशय सम्बन्धी विशेष लक्षण मार्गदर्शक हों। प्रायः अधिकांश लक्षण आमाशय विकारों के साथ प्रकट होते हैं। वृद्धों की मन्दाग्नि जिसके साथ हृदय की गतिविधि सम्बन्धी लक्षण भी हों। अधिक चाय या तम्बाकू पीने के बाद आये उपद्रव। विष्टब्धता। बाहरी छिद्रों में दर्द।

सिर—गरम, गाल लाल, उत्साहहीन, दिन में मन गिरा रहे, रात में जागे, विचार शक्तिहीनता।

आमाशय—आमाशय पीड़ा जो भोजन के बाद हो, ढोंके का संवेदन, जो कष्ट दे। मानो कड़ा, उबला हुआ अण्डा पेट में दिल की तरफ के भाग में अटका हो; आमाशय के ऊपर लगातार घुटन, गाँठें पड़ गई हों, सुबह को भूख एकदम गायब हो; मगर दोपहर को और रात में बहुत भूख लगे। साँस दुर्गन्धित, उद्गार।

छाती—कष्टदायक संवेदन, मानो कोई चीज सीने में अटकी हो जिसको खाँसकर निकालना चाहे; फुफ्फुस सिकुड़े हों; दबे हों, पूरे तौर पर न खुलें। खाँसने से रोग बढ़े, खाँसी के बाद जल हिचकी; गले में घुटन की संवेदना, उल्टी साँस, लेटने से बढ़े, दिल में तेज, कटन के साथ दर्द। दिल की क्रिया धीमी और भारी, दिल की गति तीव्र (टैकीकार्डिया)। अनियमित, तीव्र नाड़ी (ब्रैडिकार्डिया)।

पीठ—पिठासे में दर्द, वात दर्द और हड्डों में टीस।

नींद—रात में जागे और भूख लगे; बुरे सपने, अशांत रहे।

ज्वर—ठंडक और गरमी बारी-बारी, जीर्ण सविराम ज्वर, पेट की पीड़ा के साथ।

घटना-बढ़ना—खाने के बाद रोग बढ़े।

सम्बन्ध में तुलना कीजिये : (पेट में ढोंका—चाइना, ब्रायो०, पल्सेटिला), अन्य औषधियाँ - थुजा, सैब्राइना, (पीड़ाजनक पाचन), कपरेसस, नक्स वोम और कैली कार्ब भी।

मात्रा—१-३० शक्ति।

एब्रोटेनम
(Abrotanum)
(Southernwood)

सूखण्डी रोग की अति लाभदायक दवा, खासकर नीचे के अंगों का सूखना, जब कि भूख भी अच्छी हो। रोग द्वारा स्थान-परिवर्तन। गठिया जो अतिसार

दब जाने के बाद आये। लक्षण दब जाने का बुरा असर, खासकर सन्धिवात प्रकृति के लोगों में। क्षय वाला अंत्रावरण झिल्ली प्रदाह; पानी वाली प्लुरिसी; और ऐसे विकार जिनमें पानी आया हो। छाती में पीब या पानी आने के बाद, जब आपरेशन हुआ हो और अब वहाँ गड़न की अनुभूति शेष रह गई हो। गठिया में आराम आने के बाद खूनी बवासीर के कष्ट में वृद्धि होना। लड़कों की नकसीर और अण्डकोष में पानी उतर आना।

इन्फ्लुएंजा के बाद रही बहुत कष्टदायी और कमजोरी (कैली फास)

मन--क्षुब्ध, चिड़चिड़ापन, उत्सुक, उदासीन।

चेहरा--झुर्रियाँ पड़ा हुआ, ठंडा, सूखा, पीला, तेजहीन, आँखों की चारों तरफ नीले चक्र; काले तिल और दुबलापन; नकसीर, चेहरे के खून की नलियों में रसौलो।

आमाशय--चिकना स्वाद; भूख अच्छी तो भी दुबलापन बढ़ता जाये। पाखाने में अनपचा भोजन निकले; आमाशय में दर्द; रात में अधिक हो, कटन, कुतरन के साथ दर्द, मालूम पड़े कि आमाशय पानी में तैर रहा है, ठंडा लगे; परेशान करनेवाली भूख और कराहना, बदहजमी और साथ में अधिक बदबूदार रस की कै होना।

पेट--पेट में कड़े गोले; तनाव; दस्त और कब्ज बारी-बारी से आये। खूनी बवासीर, घड़ी-घड़ी मलत्याग की इच्छा; खूनी मल जो वातपीड़ा के कम होते ही अधिक हो। कृमि रोग; नाभि से रसस्राव; आँतें नीचे को डूबती जान पड़ें।

श्वास-क्रिया--कच्चापन, रुकावट, अतिसार के बाद आई सूखी खाँसी। सीने के आरपार दर्द, दिल प्रदेश में अधिक तीव्र।

पीठ--गर्दन इतनी कमजोर कि सिर न उठा सके, पीठ लँगड़ी कमजोर, वेदनापूर्ण। कटि प्रदेश में पीड़ा जो शुक्र-रज्जु तक फैले। त्रिकास्थि में दर्द। खून बवासीर के साथ।

हाथ-पाँव--कंधे, बाँह, कलाई और टखनों में दर्द, अँगुलियों और पैरों में चुभन और ठण्ढापन। टाँगें बहुत क्षीण, जोड़ कड़े और लंगड़े। हाथ-पैरों में कष्टपूर्ण सिकुड़ाव (एमोनिया म्यूर)।

चर्म--चेहरे पर दाने; उन्हें दबायें तो चर्म का रंग बैगनी हो जाये। चर्म ढीला और फूला हुआ; फोड़ा; बाल झड़ना; खाजदार; तना हुआ।

घटना-बढ़ना--ठंडी हवा, स्राव दबने से बढ़े; हरकत से कम होना।

सम्बन्ध--तुलना कीजिए : स्क्रोफुलेरिया, ब्रायोनिया, स्टेलेरिया बेंजोइक एसिड गठिया में, आयोडिन, नेट्रम म्यूर सुखण्डी रोग में।

मात्रा--३ से ३० शक्ति।

एबसिन्थियम
(Absinthium)
(Common Wormwood)

इस औषधि से मृगी के आक्रमण का पूर्ण चित्र उपस्थित हो जाता है। आक्रमण से पहले स्नायविक झटके आते हैं। आकस्मिक और तीक्ष्ण चक्कर, प्रलाप, दृष्टिभ्रम, अचेतनता के साथ स्नायविक उत्तेजना और अनिद्रा, मस्तिष्क में उत्तेजना, मूर्च्छा वायु और बाल आक्षेप सभी इस औषधि के प्रभाव क्षेत्र में आते हैं। कुकुरमुत्ता विष का दुष्परिणाम। कम्प वात। बालकों में स्नायविकता, घबराहट और अनिद्रा।

मन—दृष्टिभ्रम, भयानक काल्पनिक दृष्टि। चौर्योन्माद। स्मरण शक्ति-हीनता, तत्कालीन घटनाओं का भूलना, किसी से कुछ वास्ता नहीं रखना चाहता; पाशविक प्रवृत्ति।

सिर—चक्कर आये, पीछे गिरने की प्रवृत्ति। आम गड़बड़। सिर नीचे रखना चाहे, पुतलियाँ असम रूप से फैली हुई, चेहरा नीला, चेहरा फड़के, धीमी मस्तक पीड़ा (जेलसी; पिक ए)

मुँह—जबड़े जकड़े हुए; जीभ काटे, जीभ काँपे मानो चढ़ी और फूल गई हो, बाहर निकली हुई।

गला—जला हुआ मालूम हो, जैसे गोला रखा है।

पेट—मिलती, उबकाई, डकार, कमर और आमाशय क्षेत्र पर तनाव, वायुगोल शूल।

मूत्र—हर घड़ी वेग बना रहे। तेज गंध, गहरा पीला रंग (कैली फास)।

जननेन्द्रिय—दाहिने डिम्बकोष में भाला गड़ने जैसा दर्द, अनैच्छिक वीर्यस्राव, इसके साथ इन्द्रियों की दुर्बलता और ढीलापन। समय से पहले रजोनिवृत्ति।

सीना—सीने पर जैसे वजन रखा है। अनियमित, कोलाहलमयी हृदयगति जो पीठ में सुनाई दे।

हाथ-पैर—अंगों में पीड़ा, लकवे के लक्षण।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए—एल्कोहल, **आर्टीमिसिया, हाइड्रोसियानिक एसिड, सिना, सिक्युटा।**

मात्रा—१—५ शक्ति।

एकालिफा इण्डिका
(Acalypha Indica)
(Indian Nettle-इण्डियन नेटल)

इसका प्रधान प्रभाव अन्नवहा प्रणाली और श्वासयन्त्र पर पड़ता है। वह औषधि तपेदिक की आरम्भिक अवस्था में उपयोगी है जबकि कड़ी, खरखरी खाँसी हो, खूनी बलगम आता हो, धमनी रक्तस्राव, बिना ज्वर के सुबह को अधिक कमजोरी, जो धीरे-धीरे कम हो ज्यों-ज्यों दिन चढ़े। दुबलापन उन्नतिशील। रक्तस्राव सुबह को अधिक हो।

सीना—खाँसी सूखी, कड़ी, बाद में मुँह से खून गिरे, जो सुबह को और रात में अधिक हो। सीने में लगातार और तेज दर्द। सुबह को थोड़ा और चमकदार लाल खून; तीसरे पहर काला और थक्केदार; नाड़ी कोमल और मुलायम; गलकोष, अन्ननली और आमाशय में जलन।

पेट—आँतों में जलन, फड़फड़ाहट के साथ दस्त हो और आवाज के साथ हवा खुले। मरोड़ गड़गड़ाहट के साथ अफारा और ऐंठन, गुदाद्वार से रक्तस्राव। सुबह कष्ट अधिक।

चर्म—कामलारोग, खाज और घेरेदार फोड़े ऐसी सूजन।

घटना-बढ़ना—सुबह को रोग बढ़े।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये-मिलिफो, फास, एसेटिक ए, कैली नाइट्रि।

मात्रा—३—६ शक्ति।

एसेटानिलिडियम
(Acetanilidum)
(Antifebrinum-ऐण्टिफेब्रिनम)

दिल की चाल, श्वास-क्रिया और रक्तचाप को मन्द करता है। शरीर-ताप घटाता है। नील रोग और पतनावस्था। असह्य ठण्ढक, लाल रक्तकणों को नष्ट करता है। पीलापन।

सिर—बढ़ा हुआ लगे, नैतिक पतन। गशी आए।

आँखें—पुतली का पीलापन, दृष्टि सीमा संकीर्ण, रक्तनलिकाओं का संकुचन, चक्षुतारा का प्रसारण।

दिल—दुर्बल, अनियमित गति, साथ में श्लैष्मिक झिल्ली नीली, ओजोमेह, पैर और टखने का शोथ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये—ऐण्टिपाइरिन।

मात्रा--१-३ ग्रेन की मात्रा में कई तरह के सिरदर्दों और स्नायुशूल में, वेदना-रोधक और तापहारक कार्य के लिए प्रयोग किया जाता है। होमियोपैथी लक्षण निदान पर ३ शक्ति प्रयोग करें।

एसेटिक एसिड
(Acetic Acid)
(Glacial Acetic Acid– ग्लेशियल एसेटिक एसिड)

यह दवा प्रबल रक्तहीनता पैदा करती है, साथ में शोथ के कुछ लक्षण, बहुत कमजोरी, अक्सर गशी, साँस की तंगी, दिल की कमजोरी, कै, अधिक पेशाब और पसीना, किसी भाग से अधिक रक्तस्राव, दुबले, पीले शरीर वालों में खासकर उपयोगी है। जिनकी पेशियाँ ढीली हो गई हों। **शारीरिक क्षय और दुर्बलता। एसेटिक एसिड शरीर के किसी भाग में एल्युमिनस (अंडे की सफेदी जैसा तत्व) और फाइब्रिनस (रेशेदार तत्व) के अधिक जमा होने को गला देता है।** कौशिक विद्रधि में, खाने और लगाने के काम आता है (डब्लू, ओवेन्स) सुजाक विष दोष जब कि जोड़ों पर गोल गाँठें पड़ जायें। आतशक के घाव। १X को पानी में घोलकर लगाने से मुलायम होकर मवाद बनने लगेगी।

मन—चिड़चिड़ापन, व्यावसायिक चिन्ता।

सिर—स्नायविक सिर दर्द, निद्राकारी औषधियों के दुरुपयोग से, आधा सिर दर्द। प्रलाप के साथ सिर में रक्त दौड़े। **कनपटी की रक्त नलिकायें** फूली हों; जीभ की जड़ में आर-पार दर्द।

चेहरा—**पीला, मोम जैसा, मुरझाया हुआ,** आँखें धँसी हुई, नीले घेर। चमकदार लाल, पसीने से तर, होंठ पर कैंसर, गाल गरम और लाल, बायें जबड़े की नोक में टीस।

आमाशय—**लार बहना, पेट में खमीर बने।** तेज जलन, प्यास, ठंडी चीजें पीना दुःखदाई। कुछ भी खाने पर कै हो। उदरोर्द्ध प्रदेश कोमल। जलन के साथ दर्द; जैसे घाव हो। आमाशय में कैंसर। खट्टी डकार और कै, मुँह में जलता पानी आना और अधिक लार बहना। अम्लाधिक्य और आमाशय शूल। **सीने और आमाशय में तेज जलन और दर्द, बाद में खाल ठंडी पड़े और माथे पर तेज पसीना आये।** आमाशय में मालूम होता है कि बहुत-सा सिरका पीया है।

पेट—मालूम देता है कि पेट भीतर को धँसा जा रहा है। अक्सर पानी ऐसा दस्त जो सुबह को बढ़े। फूलना, तनाव, जलोदर। आँतों से रक्त प्रवाह।

पेशाब—अधिक मात्रा में, पीला पेशाब। मधुमेह, बहुत प्यास और कमजोरी के साथ। (फास ए)।

स्त्री-रोग—अधिक मासिक स्राव। प्रसव के बाद रक्त प्रवाह। गर्भावस्था में कै; स्राव दूषित, पारदर्शी; स्तन अधिक दूध से भरे और तने हुए। दूध खराब और नीला, खट्टा; स्तनपान करानेवाली माताओं में खून की कमी।

श्वास-यन्त्र—रुक्ष; सीत्कार वाली साँस, कठिन साँस, साँस भीतर खींचने पर खाँसी हो। झिल्ली वाली क्रूप। कण्ठनली और वायु नलिकाओं में छरछराहट। गले में झिल्ली अत्यधिक वायुनली स्राव। दूषित गल प्रदाह। (कुल्ली करायें)।

पीठ—पीठ में पीड़ा जो केवल पेट के बल लेटने से ही कम हो।

अंग—दुबलापन, पैर और टाँगों का शोथ।

चर्म—पीला मोम जैसा, शोथग्रस्त, जलता, सूखा गरम या पसीने से भीगा हुआ। शरीर की खाल का स्पर्श-ज्ञान घट जाता है। जन्तुओं के डंक मारने और काटने में लाभदायक है। नस फूलना। शीताद रोग (स्कर्वी)।
सर्वांग शोथ खराश, मोच आना।

बुखार—यक्ष्मा-ज्वर, भिगोने वाला रात्रि-पसीना के साथ। बायें गाल पर लाल धब्बे। ज्वर में प्यास न हो, ताप की भड़कन, पसीना अधिक और ठण्डा।

सम्बन्ध—एसेटिक एसिड सभी बेहोशी लाने वाली भापों को प्रभावहीन बनाता है, डब्बों में भरे मांस के जहरीले असर को मारता है।

तुलना कीजिए—एमोनियम एसिटेट (अधिक चीनी वाला पेशाब, मरीज पसीने से तर हो), बेनजोइन ओडेरीफेरम—स्पाइस उड (रात्रि पसीना), आर्स, चाइना, डिजि, लियाट्रिस (दिल और गुर्दों की बीमारी में आया सर्वाङ्ग शोथ, जलोदर, जीर्ण अतिसार)।

मात्रा—३—३० शक्ति, काली खाँसी के सिवा दूसरे रोगों में घड़ी-घड़ी दोहराना नहीं चाहिए।

एकोनाइटम नैपेलस
(Aconitum Napellus)
(Monkshood)

भय और बेचैनी की हालत, मानसिक और शारीरिक चिन्ता व कष्ट, शारीरिक और मानसिक बेचैनी, डर, एकोनाइट के खास लक्षण हैं।

ज्वर के साथ किसी रोग का तीव्र, अकस्मात् और कठोर आक्रमण इस दवा की आवश्यकता बताता है। स्पर्श से घृणा। एकाएक भारी निर्बलता। रोग

और खींचन जो सूखे, ठंडे मौसम से पैदा हों, ठंडी बाहरी हवा से पसीना रुकने से और वे रोग जो बहुत गरम मौसम से पैदा हों, खासकर आँतों और आमाशय सम्बन्धी गड़बड़ी इत्यादि। प्रदाह और प्रदाहपूर्ण ज्वर की पहली दवा। रक्ताम्बु स्रावी झिल्ली और पेशिक तन्तु का रोगग्रस्त होना। आन्तरिक भाग में जलन। चुनचुनाहट, ठण्डापन और स्पर्शज्ञान की कमी। इन्फ्लुएंजा। धमनियों में तनाव, मन में आवेग और शरीर सम्बन्धी खींचना आम पाई जाती है। एकोनाइट देने के समय याद रखिए कि एकोनाइट केवल क्रिया सम्बन्धी गड़बड़ी पैदा करता है, इस बात का कोई प्रमाण नहीं मिलता कि वह तान्तविक परिवर्तन भी कर सकता है। इसका प्रभाव अल्पकालीन है और इसमें कोई सामयिकता नहीं पायी जाती। इसका क्षेत्र किसी तीव्र रोग के आरम्भ में है। जब लक्षणों में कोई परिवर्तन आ जाये तो इसे जारी नहीं रखना चाहिए। रक्ताधिक्य की अवस्था में; रस संचयता के पहले। इन्फ्लुएन्जा (इन्फ्लुएन्ज़ीन)।

मन—थोड़े से थोड़े रोग में भी बहुत डर, चिन्ता, आकुलता, घबराहट पायी जाती है। सन्निपात में प्रायः चेतना के साथ दुःख, चिन्ता, डर, बकना-झकना सभी की विशेषता रहती है, परन्तु बेहोशी नहीं आती। भविष्य की चिन्ता और डर, मौत से डरना; और यह विश्वास करना कि जल्दी ही मर जायगा; दिन तक बता देता है। भविष्य का, भीड़ और सड़क पार करने का डर। बेचैन, करवटें बदलना। चौंकने की प्रवृत्ति; कल्पना तीव्र, दिव्य दृष्टि। दर्द सहन न हो, पागल बना दे। संगीत सहन न हो, उसको दुःखी बना दे। (ऐम्ब्रा)। सोचता है कि उसके सभी विचार आमाशय में से आते हैं; जैसे शरीर के अंग अधिक मोटे हैं। सोचता है अभी जो हुआ है, वह स्वप्नमात्र था।

सिर—भरापन; भारी, टपकन, गरम; जैसे फट पड़ेगा, जलन ऊपर-नीचे होने का संवेदन। सिर में दबाव (हेडेरा, हेलिक्स); जलन के साथ सिर दर्द; मानो भेजे में पानी खौल रहा हो (इण्डिगो); चक्कर जो उठने से बढ़े (नक्स, ओपि) और चाँद पर ऐसा मालूम हो जैसे बाल खींचे जा रहे हों या खड़े हो गये हों। रात में भयानक प्रलाप।

आँखें—लाल, सूजी हुई। गरम और सूखी मालूम पड़ें; जैसे उनमें बालू पड़ा हो। पलक सूजे हुए, कड़े लाल। रोशनी से बचना चाहे, सूखी ठंडी हवा लगने से बहुत पानी बहे; बर्फ का प्रतिबिम्ब पड़ने से आये उपद्रव; किसी खपची या दूसरी बाहरी चीज को निकालने के बाद की हालतें।

कान—आवाज असह्य; संगीत असह्य। बाहरी कान गरम, लाल, सूजे हुए; दर्द करें। कान दर्द (कैमो)। जैसे बायें कान में पानी की बूँद हो—ऐसा संवेदन।

नाक—गंध असह्य। नाक की जड़ में दर्द। सर्दी जुकाम, छींक अधिक, नथनों में थरथराहट, चमकदार, लाल रक्त प्रवाह। श्लैष्मिक झिल्ली सूखी, नाक बन्द, सूखी या थोड़ा पानी ऐसा स्राव।

चेहरा—लाल, गरम, भरभराया, सूजा, फूला,। एक गाल गरम दूसरा पीला (कैमो, इपिका)। उठने पर लाल चेहरा मुर्दे जैसा पीला हो जाये या चक्कर आये। गालों में सिहरावन और स्पर्शज्ञान शून्यता, स्नायुशूल खासकर बायीं तरफ का इसके साथ में बेचैनी, सिहरावन और सुन्नपन। जबड़ों में दर्द।

मुँह—सुन्न, सूखा, टपकन। जबान सूजी, सिरों में टपकन। दाँत ठंडक सहन न करें। निचला जबड़ा हिलाया करे जैसे कुछ चबा रहा हो। मसूड़े गरम और सूजे हुए! जबान पर सफेद मैल (एंटिमक्रूडम)।

गला—लाल, सूखा, संकुचित, सुन्न, गडन, जलन, डंक लगने जैसा दर्द। तालुमूल सूजे हुए और सूखे।

पेट—कै हो, इसके साथ डर, गरमी, पसीना और पेशाब अधिक। ठंडे पानी की प्यास। पानी के सिवाय सभी चीजों का स्वाद कड़वा। घोर प्यास। पीता है, कै कर देता है और कहता है कि मर जायगा। पित्त की, श्लेष्मा की और खून मिली हरी-सी कै। साँस की तंगी से आमाशय में दाब। खून की कै करना। पेट से गले तक जलन।

पेट—गरम, तना, फूला हुआ, छूना असह्य। आंत्रशूल जो किसी करवट कम न हो। गर्म शोरबा पीने के बाद पाकाशय के लक्षणों में कमी। नाभि प्रदेश में जलन।

मलान्त्र—गुदा में रात को खाज और चिलकन के साथ दर्द हो। घड़ी-घड़ी ऐंठन के साथ थोड़ा-थोड़ा मल निकले, हरा, महीन कटी हुई हरियाली की तरह। लाल पेशाब के साथ सफेद मल। हैजे का दस्त, पतनावस्था, चिन्ता, बेचैनी के साथ। खूनी बवासीर (हैमामेलिस) बच्चों के पानी जैसे दस्त। वे चिल्लाते हैं और शिकायत करते हैं, बेचैन और सो न पायें।

पेशाब—थोड़ा, गरम लाल, कष्टदायक। मूत्राशय की गरदन पर जलन और ऐंठन। मूत्रमार्ग में जलन। पेशाब न हो, खूनी पेशाब। पेशाब करने के पहले चिन्तित रहना। पेशाब रुक जाना, साथ में बेचैनी और चीखना और लिंग को पकड़ना। गुर्दा प्रदेश कोमल। अधिक पेशाब होना, इसके साथ पसीना अधिक हो और अतिसार।

पुरुष—लिंग के सिर पर सरसराहट। फोतों में कचट-दर्द, अण्ड कड़े, सूजे हुए। अक्सर उत्तेजित होना और वीर्यस्खलन होना। कष्टदायक उत्तेजना।

स्त्री—योनि सूखी, गरम, कोमल। मासिकस्राव मात्रा में अधिक, साथ में नकसीर या बहुत देर में हो और बहुत दिनों तक जारी रहे। मासिक रक्त दिखाई पड़ते ही घबराहट आये। डर या ठण्डक से दब गया हो। डिम्बाशय में रक्ताधिक्य और दर्द। गर्भाशय में तेज दर्द। प्रसवान्तक वेदना, डर और बेचैनी के साथ।

श्वास-यन्त्र—बायें सीने में लगातार दाब जरा-सा हिलने से श्वास-कष्ट। खड़खड़ाती, सूखी, सुरसुरादार काली खाँसी, तेज आवाज के साथ और कठिनता से साँस लेना। बच्चा जब भी खाँसता है, गला पकड़ लेता है। भीतर खींची हुई हवा बहुत असह्य। साँस कम गहरी। स्वरनली कोमल। सीने के आरपार चिलकन। खाँसी सूखी, छोटी, कड़ी; रात में और आधी रात के बाद बढ़े; फुफ्फुस में गरमी लगना। खखारने में खून ऊपर आवे। खाँसने के बाद सीने में चुनचुनाहट।

दिल—तेज धड़कन, दिल की बीमारी, बायें कंधे में दर्द के साथ सीने में चिलकन दर्द, धड़कन के साथ उत्सुकता, गर्मी और अंगुलियों के सिरों में चुनचुनाहट। नाड़ी भरी हुई, कड़ी, खिंचा-सा उछलती हुई, कभी-कभी रुकती चाल। बैठने में कनपटी और गर्दन की धमनी की गति सुनाई दे।

पीठ—सुन्न, कड़ी, वेदना पूर्ण रेंगने और चुनचुनाहट; मानो कुचली गई हो। गर्दन की जड़ में कड़ापन; कंधों में कुचले जाने जैसा दर्द।

अंग—सुन्न और चुनचुनाहट; गोली लगने की तरह का दर्द, बर्फ-सी ठंडक और हाथ-पैर का सुन्न होना। बायीं बाँह के नीचे तक दर्द उतरे (कैक्टस, क्रोटैल, कैल्मिया, टैबैकम)। हाथ गरम और पैर ठण्ढे। जोड़ों का वातिक प्रदाह, रात में कष्ट बढ़े, लाल चमकदार सूजन। अति कोमल, कूल्हे और जाँघ के जोड़ लंगड़े मालूम हों खास कर लेटने के बाद। घुटने लड़खड़ायें, पैर पीछे को मुड़ने की प्रवृत्ति (एस्क्यूलस) सभी जोड़ों की नसें कमजोर और ढीली। जोड़ों में बिना दर्द कड़कड़ाहट। दोनों हाथों पर चमकदार लाल उभरन। जाँघों के ऊपर पानी की बूँदें टपकती जान पड़ें।

नींद—दुःस्वप्न। रात को बकना। उत्सुक स्वप्न। अनिद्रा, बेचैनी और बिस्तर में करवटें बदलना (३० शक्ति का प्रयोग करें) नींद में चौंकना। लम्बे स्वप्न, सोने में व्यग्रता, बूढ़ों को नींद न आना।

चर्म—लाल, गरम-सूजा हुआ; सूखा, लाल फुन्सियाँ। शीतला जैसे दाने। चुनचुनी, सुरसुरी और पीठ में गगनी और रेंगन नीचे की तरफ। शीत मात्रा की उत्तेजक औषधियों से कम हो।

ज्वर—शीतावस्था विशेष है। ठंडा पसीना और चेहरा बर्फ-सा ठंडा। ठंडक और गरमी बारी-बारी से। बिस्तर में जाने के बाद सर्दी लगे। ठंडी लहरें उसके

शरीर से गुजरती हैं। प्यास और बेचैनी साथ रहती है। कपड़ा हटाने और छूने से सर्दी लगे। सूखी, गरमी, लाल चेहरा। अति लाभदायक ज्वरनाशक दवा है। जबकि मानसिक कष्ट और बेचैनी इत्यादि साथ हों। इससे सभी लक्षणों में कमी हो जाती है।

घटना-बढ़ना—खुली हवा में कम; गरम कमरे में शाम को और रात में बढ़ना; रोगग्रस्त करवट लेटने से, संगीत से, धूम्रपान से, सूखी ठंडी हवा से बढ़ना। अधिक मात्रा में सिरका पीने से इस औषधि का विष नष्ट हो जाता है।

सम्बन्ध—तेजाबी पदार्थ, शराब, कॉफी, लेमोनेड और खट्टे फल इस औषधि की क्रिया को प्रभावित करते हैं। मलेरिया, मंद ज्वर, क्षय ज्वर, रक्त-विष दोष और स्थानान्तरित प्रदाह में प्रयोग नहीं होता। अकसर इसके बाद सल्फर दिया जाता है।

तुलना कीजिये—कैमोमिला और कॉफिया से घोर पीड़ा और अनिद्रा में। एग्नोस्टिस और स्पाईरैन्थस ज्वर और सूजन में एकोन की तरह काम करते हैं।

पूरक—कॉफिया, सल्फर। सल्फर को 'जीर्ण एकोन' समझना चाहिये। अक्सर एकोन के शुरू किये काम को सल्फर पूरा करता है।

तुलना—बेलाडो, कैमो, कॉफिया, फेरम फास।

एकोनिटाइन—सीसे जैसा भारीपन, आँख के घेरे के स्नायु विशेष में दर्द। बर्फ जैसा ठंडक ऊपर को रेंगे। जलातंक के लक्षण कानों में टुनटुनाहट की आवाज 3x; टुनटुनाहट की संवेदना।

एकोनाइटम लाइकोटोनम—ग्रेट यलो उल्फसबेन-ग्रन्थियों में सूजन; जिस करवट लेटे वह पसीने से तर हो जाता है। सूअर का माँस खाने के बाद आई अतिसार की शिकायत। नाक, आँख, गुदा, योनि में खाज। नाक की खाल चिटकी हुई, रक्त जैसा स्वाद।

एकोनाइटम कैमेरम—चक्कर आये और कानों में गूँज के साथ सिर दर्द। अकड़न के लक्षण। जबान, होठ और चेहरे पर सुरसुरी।

एकोनाइटम फेरोक्स—इण्डियन एकोनाइट—एकोनाइटम नैपेलस से अधिक उग्र है। यह अधिक मूत्रवर्धक और कम ज्वरनाशक है। यह हृदय रोग सम्बन्धी श्वास कष्ट, नाड़ीशूल तीव्र और गठिया में लाभदायक सिद्ध हुई है। श्वास-कष्ट जिसमें बैठना आवश्यक हो। तीव्र श्वास (श्वास पेशियों का लकवा, दम घुटने के अनुभव के साथ चिन्ता। ऐसा दमा जो हृत्पेशियों के प्रदाह के कारण हृदय में रक्त की अधिक मात्रा आ जाने से हो।), क्वेबको (हृदय सम्बन्धी श्वास-कष्ट); एकीरैन्थस—मैक्सिको की एक दवा—ज्वर में एकोनाइट की तरह है, मगर विस्तृत क्षेत्र वाली दवा है जो आंत्र ज्वर

और सविराम ज्वरों में भी लाभदायक है, पेरीवत, विख्यात पसीना लानेवाली 6X प्रयोग करें। एरैन्थिस हिम्नैलिस—विण्टर एकोन सूर्यचक्र पर काम करती है और ऊपर की तरफ प्रभाव डालती है जिससे श्वास कष्ट होता है, गर्दन और उसके साथ सिर के पिछले भाग में दर्द।

मात्रा—ज्ञानेन्द्रियों के रोग पर ६ शक्ति और प्रदाह की दशा में १-३ शक्ति। तीव्र रोग में जल्दी-जल्दी दोहराना चाहिये। एकोनाइट तेज काम करने वाली दवा है। स्नायुशूल में जड़ का टिंचर बनाकर प्रयोग करना चाहिए, एक बूँद की मात्रा (विषैली) या फिर ३० शक्ति; जैसी मरीज की आवश्यकता हो।

एक्टिया स्पाइकाटा
(Actea Spicata)
(Baneberry)

यह गठिया-वात की औषधि है, खासकर छोटे जोड़ों की गठिया। फटन, चुन-चुनाहट के साथ दर्द इसकी विशेषता है। कलाई का वात रोग। सारे शरीर और खास-कर जिगर और गुर्दा प्रदेश में टपकन। दिल की नाड़ियों में झटके आना। छूने और हरकत से दर्द बढ़े।

सिर—डरा हुआ आसानी से चौंके। चित्त छिन्न। कॉफी पीने से सिर में खून दौड़े। चक्कर आये, फाड़ने जैसे सिर दर्द जो खुली हवा में कम हो, सिर के अन्दर थरथराहट, चाँद से आँखों की पलकों के बीच तक पीड़ा, माथे में गरमी, बाँयी तरफ के माथे की उभरन में ऐसा दर्द जैसे हड्डी कुचली गई हो। सिर की खाल पर खुजली और गरमी बारी-बारी से आये। नाक का सिरा लाल; जुकाम, नाक बंद।

चेहरा—ऊपर जबड़े से तेज दर्द जो दाँतों से कनपटी तक जबड़ों की हड्डी से होकर दौड़े, चेहरे और सिर पर पसीना आये।

आमाशय—उदरोर्द्ध-प्रदेश में फाड़ने, भाला चुभने की तरह दर्द कै के साथ। आमाशय में और उदरोर्द्ध में ऐंठन श्वासकष्ट के साथ, जैसे दम घुटेगा। खाने के बाद एकाएक सुस्ती।

पेट—आक्षेप के साथ खिंचाव। तलपेट में चुभने के साथ दर्द और तनाव।

साँस यन्त्र—छोटा, क्रम-भ्रष्ट साँस जो रात में लेटने पर बढ़े। प्रबल दाब। ठण्डी हवा लगने से साँस फूले।

अंग—कमर में फटने की तरह दर्द। छोटे जोड़ों में, कलाई, अंगुलियों, टखनों और पैर की अंगुलियों में वात दर्द। थोड़ी थकान से जोड़ों में सूजन आए।

कलाई सूजी हुई, लाल, हिलाने से कष्ट हो। हाथों में लकवे जैसी कमजोरी। बाहों में लंगड़ापन। घुटनों में दर्द। खाने या बात करने के बाद बहुत थकान आए, सुस्ती।

सम्बन्ध—तुलना—सिमिस, कॉलोफा, लेडम।

मात्रा—३ शक्ति।

एडोनिस वरनैलिस
(Adonis Vernalis)
(Pheasant's Eye)

गठियावात रोग, इन्फ्लुएञ्जा या गुर्दे की बीमारी के बाद आयी दिल की बीमारी की दवा जबकि दिल की पेशियों में चर्बी जमा होने लगे। नाड़ी क्रम को ठीक करने और दिल की संकुचन शक्ति को बढ़ाने के लिये उपयोगी है। पेशाब अधिक लाता है; अतः दिल की खराबी से आए शोथ रोग में बहुत लाभदायक है। जीवन शक्ति की कमी, दिल की कमजोरी, नाड़ी धीमी, कमजोर। छाती में पानी आना। जलोदर। सर्वांग शोथ।

सिर—हलका लगे, अगले भाग में आरपार दर्द, जो पश्चात्-मस्तक से होकर कनपटियों से घूमकर आँखों तक हो। उठने पर सिर को जल्दी से घुमाने पर या लेटने पर चक्कर आये। कर्णनाद। सिर की खाल कसी हुई मालूम दे। आँखें फैली हुई।

मुँह—चिकना। जबान मैली, पीली, कोमल, जली मालूम पड़े।

दिल—बायें कोप और धमनी से खून का उलटे वापस लौटने का रोग। जीर्ण बृहत् धमनी प्रदाह। चर्बीले हृद्वेष्ट का प्रभाव। वातिक हृद्अन्तर्वेष्ट-झिल्ली प्रदाह (कौल्मिया) हृदय संक्रान्त, पीड़ा, धड़कन, लघु श्वास। शिराओं में रक्त संचय। हृत्पिण्ड सम्बन्धी दमा (क्वेब्रैको) वसामय हृदय-वेष्ट का प्रदाह, असम, गति, असंकुचन और चक्कर। नाड़ी तीव्र क्रमहीन।

आमाशय—भारी वजन। कुतरन भूख। उदरोर्द्ध में दुर्बलता। घर के बाहर अच्छा लगे।

पेशाब—पेशाब पर तेल ऐसी पतली झिल्ली। मात्रा में थोड़ा, अंडे की सफेदी की तरह पदार्थ वाला।

साँस-यन्त्र—लम्बी साँस लेने की लगातार इच्छा। सीने पर बोझ ऐसा लगे।

नींद—बेचैनी, भयानक स्वप्न।

अंग—गरदन की जड़ में टीस। रीढ़ कड़ी और टीस। शोथ।

सम्बन्ध—एडोनिस हृदय के लिए पौष्टिक और मूत्रवर्धक है। चौथाई ग्रेन रोज या १ x शक्ति बुकनी धमनी चाप को बढ़ाती है।

हृदय चाप को बढ़ाती है जिससे शिराओं का भारीपन कम हो जाता है। डिजी-टैलिस की जगह अच्छा काम करनेवाली दवा है और कोई कुप्रभाव नहीं लाती।

तुलना कीजिए—डिजिटै०, क्रैटेग, कनवेल, स्ट्रोफैन्थस।

मात्रा—अरिष्ट की ५ से १० बूँद तक।

एड्रीनैलिन
(Adrenalin)
(An Internal Secretion of Superarenal Gland)

मूत्रपिण्डोपरि ग्रन्थि के गुद्दी वाले भाग का तात्त्विक पदार्थ अथवा एड्रीनैलिन या एपिनेफ्रिन (बाहरी भाग का स्राव अभी अलग नहीं किया गया है), शारीरिक क्रिया ठीक करने के लिए रासायनिक हरकारे की तरह काम में लाया जाता है। वास्तव में स्नैहिक नाड़ी मण्डल की क्रिया के लिए इसकी उपस्थिति आवश्यक है। शरीर के किसी भाग पर एड्रीनैलिन की क्रिया का यही मतलब है कि वह स्नायु जाल के सिरों को उत्तेजित करती है। १:१००० घोल का श्लैष्मिक झिल्ली पर ऊपरी व्यवहार करने से तुरन्त रक्त स्वल्पता हो जाती है जो उस भाग का अस्थिर लाल उधड़न और रक्तहीनता से सिद्ध है। इस दवा को आँख की पुतली पर बूँद बूँद टपकाने से कुछ घण्टों के लिए सफेद पर्दा पीला हो जाता है। इसका प्रभाव तात्कालिक है परन्तु स्वयमेव ही मिट जाता है। कारण यह है कि आक्सीजन की क्रिया वहाँ बहुत फुर्ती से होती है। यदि बार-बार न डाली जाय तो यह कोई हानि नहीं करती। परीक्षणों में इस औषधि ने पशुओं में मेदमय अर्बुद और हृदयावरण संबंधी रोग उत्पन्न किये हैं। इस दवा का विशेष प्रभाव धमनियों, हृदय, वृक्क-शिखर और रक्तवहा नाड़ियों में तनाव और फैलाव लाने वाले स्नायुजाल पर है।

एड्रीनैलीन का मुख्य कार्यक्षेत्र स्नायुमंडल के छोर हैं, जिससे धमनी के सिरों में संकुचन होता है और परिणामस्वरूप रक्तचाप बढ़ जाता है। यह प्रभाव विशेषकर पेट और आँतों में देखा गया है, गर्भाशय और चर्म में कुछ कम और भेजे व फुफ्फुस में पूर्णतः नहीं। इसके अतिरिक्त यह नाड़ी को शिथिल बनाती है। दिल की चाल को बल देती है। (दिल के पट्ठों में सिकुड़ाव अधिक लाती है), इस तरह यह डिज के समान है। ग्रन्थियों की क्रिया में तेजी आती है; मधुमेह, श्वास-केन्द्रों की शिथिलता, आँखों और गर्भाशय के पट्ठों में सिकुड़ाव लाती है और आमाशय, आँतों तथा मूत्राशय के पट्ठों को ढीला करती है।

उपयोग—इसका औषधि के रूप में मुख्य उपयोग इसके रक्तवाहिनियों

में संकीर्णता लाने के गुण पर निर्भर है; अतः यह अति बलवान और तात्कालिक संकोचक तथा रक्तस्रावरोधक है, और शरीर के किसी भाग की क्षुद्र रक्त नलिकाओं के रक्तस्राव को रोकने में अमूल्य है; जहाँ कि बाहरी प्रयोग संभव है—जैसे नाक, कान, मुँह, गला, स्वरनली, पेट, गुदा, गर्भाशय, मूत्राशय। ऐसे सभी रक्तस्राव में हितकर है जो दोषयुक्त रक्त के जमने के कारण न उत्पन्न हुए हों। पूर्ण रक्त स्वल्पता। ऊपरी प्रयोग, १:१००००; तथा १:१०००, का सोल्यूशन छिड़कना या रुई तर करके आँख, नाक, गला, स्वरनली के बिना खून बहाये आपरेशन के लिए प्रयोग किया जाता है।

छलनी की तरह छेद वाले और जातुकारक नासूरों की रक्ताधिक्य अवस्था में और मौसमी इन्फ्लुएंजा ज्वर में कुनकुना एड्रीनैलीन क्लोराइड सोल्यूशन १:५००० के छिड़काव से लाभ होते देखा गया है। यहाँ पर हीपर १x की भी तुलना कीजिए जिसमें मवाद उत्पन्न होकर बहना शुरू हो जाता है। त्वचा पर बैगनी रंग के दाग पड़ने में १:१००० शक्ति का इन्जेक्शन दिया जाता है। बाहरी प्रयोग में यह दवा स्नायु-प्रदाह, स्नायु-शूल, परवर्तित दर्द, गठिया, वातरोग में मलहम के रूप में, १–२ मिनिम (१:१०००) सोल्यूशन स्नायु भाग के आरम्भिक छोर से चर्म के पास जहाँ तक वह पहुँच सके, मलना चाहिए (एच. जी. कार्लटन)।

औषधि के रूप में एड्रीनैलीन का प्रयोग तीव्र फुफ्फुस प्रदाह, दमा, गिल्हड़ जिसमें आँखें बाहर निकल आई हों, ओजोमेह (एडीसन द्वारा उल्लिखित वृक्क रोग), धमनी का कड़ापन, जीर्ण बृहत धमनी प्रदाह, अप्राकृतिक रक्तस्राव की प्रवृत्ति, मौसमी इन्फ्लूएञ्जा, दाने, तीव्र जुलपित्ती इत्यादि रोगों में किया गया है। डाक्टर पी० जूसेट की रिपोर्ट है कि होमियोपैथिक प्रणाली से तीव्र अथवा जीर्ण घुटन की अनुभूति और बृहत्-धमनी-प्रदाह में लाभ हुआ है, जब कि एड्रीनैलीन लघु मात्रा में खिलाया गया। वक्षस्थलीय संकुचन और बेचैनी इस दवा के प्रयोग का मुख्य लक्षण था। इस दवा से चक्कर, मिचली और कै पैदा हो जाती है।

आमाशय दर्द—प्रबल आघात या दवा से आई बेहोशी की हालत में हृदयगति रुकने का खतरा, क्योंकि इससे रक्त नलिकाओं के प्रभावित होने से रक्तचाप तेजी से बढ़ता है।

मात्रा—होमियोपैथिक रीति से १–५ बूँद (१:१००० शक्ति का घोल, क्लोराइड के रूप में) पानी में मिलाकर दें। आन्तरिक व्यवहार ५–३० बूँद १:१००० शक्ति के घोल का।

सावधानी—ओषजन आकर्षण प्रवृति के कारण इस दवा के तत्व पानी मिला घोल और हलके तेजाबी घोल आसानी से छिन्न हो जाते हैं, इसलिये इसके घोल को

रोशनी और हवा से बचाना चाहिए। इसको घड़ी-घड़ी दोहराना नहीं चाहिये क्योंकि इसका असर दिल और धमनी के लिए हानिकारक है।

होमियोपैथिक प्रयोग के लिए २x—६x की शक्ति में।

एसक्यूलस हिप्पोकेस्टैनम
(Aesculus Hippocastanum)
(Horse Chestnut)

इस दवा का मुख्य प्रभाव निचली आँतों पर पड़ता है। खूनी बवासीर। शिराओं में अधिक रक्त संचित हो जाता है, साथ में बिना कब्ज के पीठ पीड़ा होती है। दर्द अधिक, रक्तस्राव कम। मंद संचार, बैगनी रंग का शिरा-प्रसारण। पाचन-क्रिया, हृदय और आँतें इत्यादि की क्रिया मन्द पड़ जाती है। जिगर और उसकी शिरायें मंद पड़ जाती हैं। उनमें रक्ताधिक्य हो जाता है। पीठ-पीड़ा होने लगती है और किसी काम-काज योग्य नहीं रह जाता। सभी जगह उड़ते हुए दर्द। अंग जैसे भरे हुए हैं—ऐसा बोध हो। श्लैष्मिक झिल्लियां सूखी और फूली हुई। गले की तकलीफ के साथ अर्श।

सिर—उदास और चिड़चिड़ा। बुद्धि मन्द, व्यग्र, सिर दर्द जैसे जुकाम हुआ हो। माथे में दाब, मिचली के साथ, फिर दाहिनी कोख में चिलक। सिर के पिछले भाग से अगले भाग तक और सिर की खाल में कुचले जाने जैसा संवेदन, जो सुबह को अधिक हो। माथे के आरपार दायीं से बाइं तरफ स्नायुशूल की चिलक, फिर पेट के ऊपरी भाग में उड़ता हुआ दर्द। बैठने और टहलने से चक्कर आये।

आँखें—भारी और गरम, इसके साथ आँसू गिरें, रक्त-नलिकायें फैल जाएं। आँख के ढेले दर्द करें।

नाक—सूखी, भीतर खींची हुई हवा ठण्डी लगे और नाक के नथने उसे सहन न करें। नाक बहना और छींक आना। नाक की जड़ में दाब। नासास्थि के ऊपर की झिल्ली फूली हुई और थुलथुली जो जिगर की खराबी से हो।

मुँह—जैसे गर्म पानी से जल गया हो। कसैला स्वाद, लार बहना। जीभ पर मोटी मैल, जली हुई मालूम पड़े।

गला—गरम, सूखा, कच्चा निगलने पर कानों में चिलक। गलकोष प्रदाह जिसका सम्बन्ध जिगर में रक्त संचय से हो। गलकोष की शिरायें तनी और ऐंठी हुई। गला भीतर खींची हुई हवा को सहन न करे, ऐसा लगे कि गला छिल गया है या घुट रहा है। दोपहर बाद निगलने पर जलन हो जैसे वहाँ अंगारा रखा है। दुबले, पित्त प्रकृति वाले मरीजों में गलकोष प्रदाह की आरम्भिक अवस्था। रेशेदार, मीठा श्लेष्मा खखारना।

आमाशय—पत्थर जैसा बोझ। कुतरन, टीस के साथ दर्द जो खाने के तीन घण्टे बाद प्रकट हो। जिगर में कोमलपन और भरापन।

पेट जिगर और पेट के गढ़े में धीमी टीस। नाभि पर दर्द। कामला रोग, तलपेट और वस्ति प्रदेश में थरथराहट।

मलान्त्र—सूखी, टीस पड़े। **छोटी खपचियों से भरी मालूम हो।** गुदा में **कच्चापन**, दर्द। मल-त्याग के बाद बहुत दर्द, काँच निकले। खूनी **बवासीर** जिसमें तेज दर्द ऊपर को जाये, खूनी और बादी बवासीर जो रजनिवृत्तिकाल में अधिक हो। बड़ा, कड़ा, सूखा मल। श्लैष्मिक झिल्ली सूजी मालूम हो जो रास्ते को रोक दे। गोल और फीते की शक्ल वाले कीड़ों से उत्तेजना हो। जिनको बाहर निकालने में यह दवा सहायक होती है। **गुदा में जलन** और ठण्डक जो पीठ में ऊपर नीचे लगे।

मूत्र—बार-बार, थोड़ा, गहरे रंग का, कीचड़ जैसा, गरम। गुर्दों में दर्द, खासकर बायीं तरफ और मूत्र नलिका में।

पुरुष—मलत्याग के समय मूत्राशय ग्रन्थि (प्रोस्टेट) से रस निकले।

स्त्री—**भगसन्धि के पीछे लगातार** थरथराहट। प्रदर, साथ में पीठ का लँगड़ापन, त्रिकास्थि और छोटी आँतों के निचले आधे भाग के जोड़ के आर-पार दर्द। प्रदरस्राव गहरा पीला, चिपचिपा, छीलने वाला जो मासिक धर्म के बाद अधिक हो।

सीना—सिकुड़ा मालूम हो। दिल की क्रिया भरी और भारी। हर जगह नाड़ी संवेदन मालूम हो। स्वरयन्त्रप्रदाह, **जिगर विकार** से खाँसी आवे। सीने में गरमी मालूम हो। खूनी बवासीर के रोगियों में दिल के आर-पार दर्द।

अंग—अंगों में टीस और कच्चापन, बायीं रीढ़ की हड्डी में कंधों के पास जो बाँहों के नीचे तक झपटे, अंगुलियों के सिरे सुन्न।

पीठ—गरदन में लँगड़ापन, कन्धों के डैनों के बीच टीस। रीढ़ कमजोर। पीठ और टाँगें जवाब दे दें। **पीठ पीड़ा जो त्रिकास्थि और** कटि-प्रदेश तक **प्रभावित करे**; टहलने और झुकने से बढ़े। टहलने पर पैर मुड़े। तलवे कच्चे लगें, थके और सूजे हों। हाथ और पैर फूल जायें और धोने के बाद लाल हो जायें और भरापन-सा लगे।

ज्वर—तीसरे पहर चार बजे सर्दी लगे। पीठ के ऊपर-नीचे सर्दी चले। सात बजे शाम से बारह बजे रात तक ज्वर। शाम का बुखार, चर्म गरम और सूखा। ज्वर के समय पसीना अधिक और गर्म आये।

घटना-बढ़ना—बढ़ना—सुबह को जागने पर, किसी हरकत से, टहलने पर, मलत्याग से, खाने के बाद, तीसरे पहर, खड़ा होने से।

घटना–ठंढी, खुली हवा में।

सम्बन्ध-एस्कुलस ग्लेब्रा—ओहिओ ब्युकेई—(सरलांत्र प्रदाह)। अर्श बहुत दर्द वाला, गहरे बैंगनी रंग का बाहर हुए मस्से, इसके साथ कब्ज, चक्कर और जिगर में रक्ताधिक्य। आवाज भारी, गले में गुदगुदी, दृष्टि दुर्बल, हलका पक्षाघात। फाइटो (गला सूखा, प्रायः तीव्र रोगों में काम आता है)।

नेगंडियम अमरिकैनम—बॉक्स एल्डर–सरलांत्र में रक्त संचय हो, कष्टदायक अर्श २–२ घण्टे बाद अरिष्ट की १०-१० बूँद।

तुलना कीजिये—एलो, कौलिसोन०, नक्स, सल्फर।

मात्रा—टिंचर से ३ शक्ति तक।

एथिओप्स मरक्युरियेलिस-मिनरैलिस

(Aethiops Mercurialis-Mineralis)

(सल्फर और क्विकसिल्वर या ब्लैक सल्फाइड मरकरी)

यह दवा कण्ठमाला रोगों में, नेत्र प्रदाह, कर्णस्राव, दर्द और खुजली वाले चर्म रोगों में और पैदाइशी आतशक में लाभदायक है।

चर्म—दाने, जो मधुमक्खी के छत्ते की तरह हों, कण्ठमाला, विसर्पिका और अकौता।

मात्रा—नीचे की शक्ति, खासकर दूसरी दशांशी।

सम्बन्ध—एथिओप्स ऐण्टिमोनैलिस—(हाइड्रैरजाइरम स्टिबिआटो सल्फ्युरेटम)—अक्सर ऊपर की दवा से गण्डमालिक चर्म दानों में ग्रन्थि-सूजन, कर्णस्राव, कण्ठमालिक नेत्र रोग, पुतली के घाव में यह दवा अधिक प्रभावकारी है। (तीसरी शक्ति की बुकनी)।

तुलना कीजिए—कैल्के०, सिल०, सोरिन०।

एथूजा सिनैपियम

(Aethusa Cynapium)

(Fool's Parsley)

इसके विशेष लक्षण मस्तिष्क और स्नायुमण्डल से सम्बन्धित हैं जो आमिक-आमाशयिक उपद्रव से उत्पन्न हुए हों। बाल रोग में घोर सन्ताप, चिल्लाना, बेचैनी और असंतोष इस दवा की तरफ बहुधा संकेत करते हैं और जो दाँत निकलने के काल में या गर्मी के मौसम के कारण आये हों अर्थात् अतिसार के साथ दूध हजम

न कर सकने का लक्षण स्पष्ट रूप से विद्यमान हो, और रक्त-संचार दुर्बल हो। सभी लक्षण तेजी से शुरू हों।

मन—बेचैन, उत्सुक, चिल्लाये। चूहे, बिल्ली, कुत्ते इत्यादि के स्वप्न देखता है। अचेत, प्रलाप करे। **विचारशक्तिहीन; ध्यान छिन्न**। दिमागी कमजोरी। जड़बुद्धि; उत्तेजना व चिड़चिड़ापन बारी-बारी आए।

सिर—बँधा हुआ या बांक में जकड़ा हुआ मालूम पड़े। **पिछले भाग का दर्द** जो रीढ़ की हड्डी तक उतरे, दाब से और लेटने से कम हो। हवा खुलने पर और मल त्याग से सिर के लक्षण कम हों **(सैंग्विन०)**। **बाल खिंचे मालूम दें**। निद्रालुता और धड़कन के साथ सिर में चक्कर। **चक्कर बन्द होने के बाद सिर गरम हो जाय**।

आँखें—आलोकातंक. **मेबोमियन ग्रन्थि की सूजन**। सो जाने के बाद आँखों का घूमना। **आँखें नीचे की तरफ खिची हुईं**। पुतली फैली हुई।

कान—**बन्द मालूम हों**। मानो कानों से कोई गरम चीज निकल रही हो। सिसकारने की आवाज।

नाक—अधिक, गाढ़ी, श्लेष्मा के साथ बन्द मालूम पड़े। सिर पर **दाद के दाने निकलें**। अकसर छींकने की असफल चेष्टा।

चेहरा—**फूला हुआ**, लाल धब्बे, मुर्दे जैसा। व्याकुल, कष्टमय भाव, **नाक की नसें दिखाई पड़ें**।

मुँह—मुखव्रण। जीभ लम्बी जान पड़े। गले में जलन और दाने, निगलना कठिन।

आमाशय—**दूध असह्य**। पीते ही कै करे या बड़े-बड़े थक्के निकलें। कै करने के बाद भूख लगे। **खाने के करीब एक घंटे बाद अनपचे अन्न की कै**। सफेद, झागदार कै। **खाना देखते ही मिचली हो**। पेट का **कष्टमय संकुचन**। **पसीना और बहुत कमजोरी के साथ कै**, साथ में व्याकुलता, बाद में नींद। आमाशय उल्टा हुआ मालूम हो और साथ में सीने के ऊपरी भाग में जलन हो। आमाशय में फाड़ने की तरह का दर्द जो गलनली तक जाये।

पेट—आँतों में टीस के साथ भीतरी और बाहरी ठंडक। शूल के बाद कै, चक्कर और कमजोरी। तनाव, **हवा से भरा हुआ** और स्पर्शकातर। नाभि के चारों तरफ बुलबुले उठने ऐसा संवेदन।

मल—**अनपचा, पतला, हरियाली लिए**, फिर उदरशूल; मरोड़ के साथ और इसके बाद दस्त होना और निद्रालुता। बाल-हैजा, शरीर ठंडा, लसीला, बुद्धिहीन, आँखें स्थिर और पुतलियाँ फैली हुई। **कठोर कब्ज, मानो आँतों की क्रिया बन्द हो गई है**। बुढ़ापे में हैजे के लक्षण।

मूत्र—मूत्राशय के कटने के साथ दर्द, बड़ी-बड़ी पेशाब लगे; गुर्दों में दर्द।

स्त्री—कामेन्द्रिय में कांचने जैसा दर्द। दाने गरमी से खुजलायें। पानी ऐसा मासिक स्राव, स्तन ग्रन्थियों की सूजन और उसमें बरछी लगने जैसा दर्द।

सांस-क्रिया—कठिन घुटन हो, उत्सुक सांस, ऐंठन ऐसी रुकावट, कष्ट से रोगी बोल नहीं सकता।

दिल—प्रबल धड़कन, साथ में चक्कर, दर्द और बेचैनी। नाड़ी तेज, कड़ी और छोटी।

पीठ और अंग—खड़े होने और सिर उठाने की शक्ति का अभाव, पीठ वांक में अकड़ा मालूम पड़े। पिटास में टीस। निचले अंग में कमजोरी, अंगुलियां और अंगूठे मुड़े हों। हाथ-पैर ठिठुरे हों। सख्त झटके। आँखों का नीचे की तरफ ऐंचापन।

चर्म—चलने में जाँघों का चर्म छिले। पसीना जल्दी निकले। शरीर पर ठंडा और लसीला पसीना। लसिका ग्रन्थि सूजी हुई। जोड़ों के चारों तरफ खाजवाले दाने। साथ ही खाल सूखी और सिकुड़ी हुई। काला दाग। पूर्ण, सर्वांग शोथ।

ज्वर—गरमी अधिक, प्यास गायब। ठंडा पसीना अधिक आये। पसीना आने पर शरीर ढँके रहना आवश्यक।

नींद—तेज चिहुँकन से नींद में बाधा पड़े, ठंडा पसीना। कै या मलत्याग के बाद ऊँघना। बच्चा इतना सुस्त हो गया हो कि तुरन्त सो जाये।

घटना-बढ़ना—३ से ४ बजे सुबह, शाम को, गरमी से, गरमी के दिनों में रोग बढ़े। खुली हवा या सोहबत में कम हो।

तुलना कीजिये—ऐथामेन्था (सिर में गड़बड़ी, चक्कर जो लेटने से कम हो, कड़वा स्वाद और लार। हाथ-पैर बरफ से ठंडे); ऐण्टीमनी कैल्क, आर्स, सिक्यूटा। पूरक : कैल्क०।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

एगेरिकस मसकेरियस

(Agaricus Muscarius)

(टौडस्टूल-बग एगेरिक)

इस छत्रकाकार पदार्थ में कई तरह के विषाक्त योग होते हैं। जिनमें से मसकेरिन प्रसिद्ध है। इसके विष का असर तुरन्त नहीं होता। साधारणतः १२—१४ घण्टों के बाद आरम्भिक आक्रमण होता है। इस विष का कोई शामक नहीं है, इलाज केवल

लक्षणों पर निर्भर करता है। (श्नीडर)। एगेरिकस मस्तिष्क में नशा लाने का काम करता है जो कि एलकोहल से भी अधिक चक्कर और प्रलाप पैदा करता है। इसके बाद गहरी गशी आती है और साथ में स्नायु की परावर्तित क्रिया मन्द पड़ जाती है।

झटका, फड़कन, कम्प और खुजली इस विष के स्पष्ट लक्षण हैं। आरम्भिक क्षय रोग; इसका सम्बन्ध क्षय से है, रक्तहीनता, ताण्डव रोग जो सोते में बन्द हो जाता है। इस पदार्थ के लक्षण चिन्ह में कई तरह के स्नायुशूल, खिंचाव और स्नायविक चर्मरोग उपस्थित होते हैं। दिमाग में रक्त संचित होने की अपेक्षा कई तरह के दिमागी जोश पाये जाते हैं। जैसे सन्निपात, मद्पान के रोग इत्यादि; सर्वांग लकवा। संवेदन मानो बरफ जैसी ठंडी सूइयाँ चुभोई जा रही हैं। दाब और ठंडी हवा असह्य। नीचे की ओर चलने वाला तेज दर्द। इसके लक्षण आड़े-तिरछे प्रकट होते हैं जैसे दाहिनी बाँह और बायीं टाँग में। पीड़ा के साथ ठंढक, ठिठुरन और चुनचुनाहट का संवेदन होता है।

मन—गाता है, बातचीत करता है मगर सवाल का जवाब नहीं देता। अधिक बकवाद करना, काम करने से घृणा। लापरवाही। निडर। सन्निपात में गाने, चिल्लाने, बड़बड़ाने, कवितामयी भविष्यवाणी की विशेषता होती है। रोग आक्षेपपूर्ण जम्हाई से शुरू होता है।

परीक्षणों के समय मस्तिष्क-उत्तेजना के चार चरण स्पष्ट हुए :—

१. थोड़ी उत्तेजना—प्रफुल्लता की वृद्धि, साहस, बकवादीपन, कल्पना की उड़ान।

२. अधिक गहरा नशा—मानसिक उत्तेजना अधिक हो गई और समझ में न आने वाली बातें करना, असाधारण प्रसन्नता और खिन्नता बारी-बारी से आये। वस्तुओं के पारस्परिक माप का ज्ञान लोप हो जाय, लम्बे कदम भरे और छोटी चीजों को कूद कर पार करना, मानों वे पेड़ के मोटे तने हों, छोटा सुराख भी बड़ा भयानक गढ़ा मालूम पड़ना, एक चम्मच पानी झील-सा लगना। शारीरिक शक्ति बढ़ जाय, भारी वजन भी उठा सकता है, साथ में अंग फड़कना।

३. तीसरा चरण—भयानक प्रलाप, चीखना, चिल्लाना, अपने को हानि पहुँचाना चाहता है इत्यादि।

४. चौथा चरण—मानसिक मंदता, सुस्ती, लापरवाही, विचारशक्ति छिन्नता, काम से घृणा इत्यादि। हम इसमें बेलाडोना का तीव्र मस्तिष्क प्रदाह नहीं पाते, लेकिन केवल साधारण स्नायु उत्तेजना आती है; जैसा कि मदपान, सन्निपात में पायी जाती है या ज्वर के साथ के सन्निपात में, इत्यादि।

सिर--सूरज की रोशनी से और टहलने से चक्कर आये। सिर लगातार हिलता रहे। पीछे गिरना मानो पिछले भाग में बोझ भरा हुआ है। आर-पार दर्द, कील गाड़ने ऐसा। (**काफिया, इग्नेशिया**) मन्द सिर दर्द जो देर तक डेस्क पर काम करने से आये। बरफ ऐसा ठंडक जैसे बरफ की सूइयाँ चुभ रहीं हों या खपच्ची गड़ रही हो। बरफ ऐसी ठंडक के साथ स्नायुशूल, सिर को गरम कपड़े से लपेटना चाहे (**सिलिका**)। नकसीर या गाढ़ी श्लेष्मा स्राव के साथ सिर दर्द।

आँखें--पढ़ना कठिन मानो अक्षर चलते-फिरते हों या तैरते हों। दोहरी चीज देखना (**जेल्स**) नजर धुँधली। देर तक नजर से काम लेने के बाद पेशियों में झटके आना। ढेले और पलकों में फड़कन (**कोडाल**)। किनारे लाल, खाज, जलन और चिपके। भीतरी कोने गहरे लाल।

कान—जलन और खाज मानो ठिठुर गये हों। कानों के आसपास की पेशियों में फड़कन और आवाज सुनाई देना।

नाक—नाक के स्नायविक रोग, खाज भीतर और बाहर। खाँसने के बाद तथा-न्युजी छींक, असहिष्णुता, पनीला, सादा स्राव। भीतर कोने बहुत लाल। दूषित, गहरा, खूनी स्राव। वृद्ध लोगों को नकसीर। नाक और मुँह में छरछराहट।

चेहरा—चेहरे की पेशियाँ तनी हुई जान पड़ें, फड़कें, खाज और जलन। गालों में खपच्ची चुभने ऐसी कोंचन और फटन के साथ दर्द। स्नायुशूल मानो ठण्डी सूइयाँ स्नायु में चुभाई जा रही हों या बरफ के नोकीले टुकड़े उनको छू रहे हों।

मुँह—होठों पर तीव्र वेदना और जलन। होठों पर दाद, फड़कन, मीठा स्वाद। तालु पर चकत्ते। जीभ में खपच्ची ऐसी गड़न। हर समय प्यासा। काँपती जबान (**लैक०**)। सफेद जबान।

गला—कर्ण नलिका से कान तक चिलक। संकुचित मालूम पड़े। छोटे, ठोस गोले ऊपर आवें। गलकोष खाँसने से सूखा, निगलना कठिन। गले में खुरखुराहट; एक स्वर न गा सके।

आमाशय—खाली उद्गार, सेब का स्वाद। स्नायविक गड़बड़ी, आक्षेप के साथ हिचकी। अप्राकृतिक भूख। अफारा; निर्गन्ध हवा अधिक खुले। भोजन के करीब तीन घण्टे बाद जलन जो धीमे दाब में बदल जाये। आमाशय में **गड़बड़ी, जिगर प्रदेश में तेज दर्द के साथ।**

उदर—प्लीहा (**सीयानोथस**), जिगर में गड़न के साथ दर्द। बायीं तरफ की छोटी पसलियों में चिलक। अधिक दूषित वायु स्खलन के साथ अतिसार। बदबूदार मल।

पेशाब—मूत्रमार्ग में कड़क। एकाएक तेजी से पेशाब लगे। कभी-कभी पेशाब हो।

स्त्री—अतिरज, समय के पहले कामेन्द्रिय और पीठ में खाज, फटन और दाब के साथ दर्द। आक्षेपिक कष्टरजः। तेज दर्द जो नीचे चले। खासकर रजोनिवृत्ति के बाद। कामोत्तेजना। स्तन घुण्डियाँ खुजलायें; जलें। प्रसव और मैथुन के बाद आयें कष्ट। बहुत खाज के साथ प्रदर स्राव।

श्वास-इन्द्रियाँ—खाँसी के कड़े हमले जो इच्छा-शक्ति के जोर से रोके जा सकें, खाने से बढ़ें, खाँसने के साथ-साथ सिर में दर्द हो। रात के समय सो जाने के बाद तशन्नुजी खाँसी, साथ में श्लेष्मा को छोटी गोलियाँ निकलें। रुका हुआ कठिन श्वास। खाँसी छींक में खत्म हो।

दिल—चाल अक्रमिक, कोलाहलमयी धड़कन, तम्बाकू सेवन के बाद बढ़े। नाड़ी सविराम और क्रमिक। दिल संकुचित मानो वक्षोदर तंग हो गया हो। चेहरे की लाली के साथ धड़कन।

पीठ—छूने से मेरुदण्ड में दर्द, कटि भाग में अधिक। कटिवात, खुली हवा में बढ़े। पीठ में कड़क। गर्दन की पेशियों में फड़कन।

अंग—कड़े, चूतड़ पर दर्द। वात रोग हरकत से कम। कटि भाग से कमजोरी। चाल अनिश्चित। कम्प। पैर और अँगुलियों में खाज मानो ठिठुर गई हों। पैर के तलवों में ऐंठन। पिण्डली की लम्बी हड्डी में दर्द। स्तम्भ और स्नायुशूल। निचले अंगों में लकवा, बाँहों में खींचन के साथ दर्द। टाँगों का एक पर एक रहने से सुन्न होना। बायीं बाँह में लकवा-दर्द, बाद में धड़कन। पिण्डली में फाड़ने की तरह का दर्द।

चर्म—जलन, खाज, लाली, सूजन, मानो पाला मारे हो। कड़े दाने मक्खी काटने जैसे। असह्य खाज और जलन के साथ घमौरी। बिवाई फटना। हृदय-स्नायु सम्बन्धी शोथ, लाल चकत्ते। ठंढा चर्म और शिरायें उभरी हुई। गोल, लाल चकत्ते। रसदार और बिना रस के साथ।

नींद—जम्हाई लेने का तशन्नुजी हमला। तेज खाज और जलन से बेचैनी। सो जाने पर चिहुँकता है, काँप उठता है और अक्सर जाग जाता है। स्पष्ट स्वप्न।

दिन में ऊँघना। जम्हाई आना और बाद में अनिच्छित हँसी।

ज्वर—ठंढी हवा असह्य। शाम को गरमी के तीव्र हमले। पसीना अधिक। जलने वाले चकत्ते।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : खुली ठंडी हवा खाने के बाद, मैथुन के बाद। ठण्डे मौसम में, बिजली-तूफान के पहले। रीढ़ के मोहरों पर दाब पड़ने से, इससे अनायास हँसी आवे। घटना : धीरे-धीरे इधर-उधर टहलना।

सम्बन्ध–तुलना कीजिए : मस्केराइन, ऐगेरिकस का क्षारोद (स्राव पर अधिक शक्तिशाली है, नेत्रजल-स्राव, लार, जिगर स्राव इत्यादि को बढ़ाता है, लेकिन गुर्दों के स्राव को कम करता है, सम्भवतः स्नायविक प्रभाव के कारण, इन सब यन्त्रों के स्राव सम्बन्धी स्नायु-संधि के रेशों को उत्तेजित करता है, इसी कारण से लार बहना, आँखों से आँसू बहना और अधिक पसीना होना पाया जाता है।) एट्रोपिन, मसकेराइन का ठीक उल्टा है। पिलोकार्पिन की तरह काम करता है। **एमानिटा वरनस**--स्प्रिंग मशरूम---एक प्रकार का एगर फैलायडस-डेथ-कप कार्यवाही तत्व फैलिन है, मस्केरीन की तरह तेज है। एमानीटा फैलायड्स (डेथकप-डेडली एगैरिक) यह जहर अलब्यूमेन को विषाक्त बनाता है। यह जहर साँप के जहर, हैजे तथा डिफ्थीरिया के कीटाणुओं के जहर से मिलता-जुलता है। यह रक्त के लाल कणों पर काम करता है और उनको घोल देता है। इसी से रक्त पाचन नलिकाओं के रास्ते से निकलने लगता है और सारे शरीर का रक्त बाहर निकल जाता है। इस विष की मात्रा कम होती है और इसका बुरा असर कुछ लोगों पर केवल इसके प्रयोग वाले नमूनों को छूने ही से या रेणुओं के साँस लेने ही से पड़ जाता है। यह विष धीरे-धीरे असर करता है। विष के प्रवेश के समय से १२-२० घण्टे तक कोई बुरा प्रभाव प्रतीत नहीं होता, लेकिन दूसरे या तीसरे दिन गशी और झटके आने लगते हैं और फिर चक्कर के साथ तेज हैजे के लक्षण दुर्बलता के साथ शुरू होते हैं और मृत्यु हो जाती है। मृत्यु होने से पहले रोगी को ऊँघ, गफलत और आक्षेप आते हैं। जिगर, दिल और गुर्दों पर चर्बी आ जाती है, फुफ्फुस और उनकी थैली से और चर्म से रक्तस्राव होने लगता है। (डा० जे० शियर)। कै और अतिसार। लगातार मल-त्यागने की इच्छा, बिना पाकाशय, उदर या गुर्दा दर्द के। ठण्ढे पानी की प्रबल प्यास, सूखा चर्म। सुस्त मगर दिमागी तौर पर स्वस्थ। धीरे से तेज और तेज से धीरे साँस लेने का तीव्र परिवर्तन। घोर पतनावस्था, पेशाब दबना

(लेकिन बिना हाथ-पैर ठंढे हुए या ऐंठन के।) एगैरिक एमेट (तीव्र चक्कर, ठंढे पानी से सभी लक्षण कम हों। बरफ के ठंढे पानी की प्रबल इच्छा, आमाशय वेदना, ठंडा पसीना, कै मालूम हो मानो आमाशय धागे के सहारे लटक रहा हो)। टैमस (बिवाई फटना और चकत्ते)। सिमिसि, कैन इण्डि, हायोसिस, टैरेन०।

विषनाशक—एबसिंथि, कॉफि, कैम्फर।

मात्रा— ३ से ३० शक्ति और २००। चर्म रोग और मस्तिष्क विकार में नीचे की शक्ति दीजिये।

एगेव अमेरिकाना
(Agave Americana)
(Century Plant)

आमाशय में दर्द और सुजाक की पीड़ाजनक लिंगोत्तेजना में काम आता है। पीड़ाजनक मूत्र। जलातंक। शीताद, चेहरा पीला, मसूढ़े फूले हुए और उनसे रक्तस्राव हो। टाँगों पर गहरे बैंगनी रंग के चकत्ते, जो सूजे हुए पीड़ाजनक और कड़े हों। मूत्र कम, कब्ज।

सम्बन्ध.—तुलना; एनहैलोनियम, लाइसिन, लैक०।

मात्रा - टिंचर।

एग्नस कैस्टस
(Agnus Castus)
(The Chaste Tree)

ऐग्नस का प्रबल आक्रमण-केन्द्र जननेन्द्रियाँ हैं। यह कामशील को दुर्बल करता है जिनसे मानसिक और स्नायविक दुर्बलता हो जाती है। यह विशेषता स्त्री-पुरुष दोनों में पाई जाती है, लेकिन पुरुष में अधिक स्पष्ट है। अपरिमित इंद्रियचालन के कारण असामयिक बुढ़ापा। बार-बार सुजाक होने का इतिहास। मोंच और कचट में यह दवा बहुत लाभदायक है। कुतरन के साथ सभी भागों में, खासकर आंखों में। वात प्रकृतिवाले नवयुवकों में अधिक तम्बाकू पीने से दिल की चाल का बढ़ जाना।

मन—कामुकता। मृत्यु का भय। खिन्न और साथ में जल्द मृत्यु का भय। आत्मविस्मृत। भूलने वाला, उत्साहहीन। गंधभ्रम—मछली, कस्तूरी। स्नायविक विषाद और क्रुदन।

आँखें-पुतली फैली हुई (बेल०), आँखों के आस-पास खाज, प्रकाशातंक।

नाक—मछली या कस्तूरी की गंध का भ्रम। उभरे भाग में टीस जो दाब से कम हो।

उदर—तिल्ली सूजी हुई, वेदनापूर्ण। मल मुलायम पीछे हटे, कष्ट से निकले। मलाशय में गहरे दरार। मिचली, ऐसी संवेदना के साथ मानो आंतें नीचे की तरफ दब रही हों, उनको नीचे से सहारा देना चाहे।

पुरुष-जननेन्द्रिय—मूत्रमार्ग से पीला स्राव, लिंगोत्तेजना न हो; नामर्दी, जननेन्द्रिय ठंढी। ढीली। इच्छा रहित (सेलेन० कोन० सेबैल०)। बिना उत्तेजना के वीर्यपात, परन्तु मात्रा में कम। काँखने पर प्रोस्टेट रस स्राव। जीर्ण सुजाक, अण्डकोष ठंढे, सूजे हुए, कड़े वेदनापूर्ण।

स्त्री-जननेन्द्रिय—मासिक स्राव बहुत कम। मैथुन से अति घृणा। कामेन्द्रिय का ढीलापन, प्रदर रोग के साथ। प्रसव के बाद स्तनों में दूध की कमी। शोकग्रस्त। खिन्न। बाँझपन। पीले धब्बेवाला प्रदर, पारदर्शी स्राव, हिस्टीरिया की धड़कन और नकसीर।

तुलना कीजिये-सेलेनियम, फास, कैम्फर, लाइको।

मात्रा--एक से छः शक्ति तक।

एग्रैफिस नूटन्स
(Agraphis Nutans)
(Bluebell, ब्ल्यूबेल)

सर्वांग में ढीलापन और ठंढी हवा से जुकाम होने की सम्भावना। नजले की हालत, नाक बन्द। **गलग्रन्थि शोथ, बहरापन**। तालुमूल बढ़ना। अतिसार। जो ठंढ से आये। ठंढी हवा से सर्दी लगे। गले और कान के रोग जिनमें श्लैष्मिक स्राव अधिक हो। बचपन का गूँगापन जिसका बहरापन से कोई सम्बन्ध न हो।

तुलनीय—हाइड्रैस्टिस, कैल्के॰ फा, सल्फ आयो, कैल्के॰ आयो।

मात्रा—३ शक्ति। टिंचर की एक मात्रा (डा॰ कूपर)

एलैन्थस ग्लैण्डुलोसा
(Ailanthus Glandulosa)
(Chinese Sumach–चाइनीस सुमाक)

यह दवा, अपने विचित्र चर्म-लक्षणों से स्पष्ट करती है कि यह रक्त के विविध यौगिकों को तितर-बितर कर देती है और इस तरह ऐसी हालतें पैदा करती है जो हलके बुखारों, धीरे-धीरे दाने निकलने वाले रोगों, डिफ्थीरिया, टॉसिलों की सूजन और स्ट्रेप्टोकोक्कस नामी जीवाणुओं की संक्रामकता के सदृश होती है। **रक्तस्राव** की प्रवणता; त्वचा का रंग **धूसर या बैंगनी**। **चेहरे का रंग भी महागनी नामी** लकड़ी जैसा हो जाता है। चेहरा गरम, मैला, गन्दा। गला फूला हुआ, उसका रंग भी काला या नीला बैंगनी हो जाता है। अर्द्ध चेतनता, प्रलाप करना, नाड़ी दुर्बल, सर्वगति-राहित्य और पतनावस्था। लक्षण आरक्त ज्वर से बहुत-कुछ मिलते-जुलते हैं। अतिसार, पेचिस और बहुत कमजोरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। इसके सभी लक्षणों में **जीवनी शक्ति का** ह्रास विशेष रूप से पाया जाता है। धूसर वर्ण; विवर्णता;

तन्द्रा; अरिष्ट लक्षण; श्लैष्मिक झिल्लियों से रक्त गिरे और घायल। (लैक०, आर्स०)।

सिर—तन्द्रा और आहें भरना। मन छिन्न, गड़बड़ी के साथ। सिर दर्द, अग्रभाग का, ऊँघने के साथ। निष्क्रिय रक्त संचय। सिर दर्द, इसके साथ सुर्ख, फैली हुई आँखें, रोशनी असह्य। चेहरा धुँधला। नाक से पतला, मात्रा में अधिक खूनी स्राव।

गला—सूजा, शोथमय, मैला, लाल। भीतरी और बाहरी सूजन। अधिक सूखा, खुरखुरा छिलन ऐसा, बन्द ऐसा संवेदन। गरदन कोमल और सूजी हुई। फटी, कड़ी आवाज। जबान सूखी और कत्थई रंग की, दाँतों पर मैल। निगलने में दर्द जो कानों तक जाये।

साँस-यन्त्र—तेज साँस, हृद्‌चाल अक्रमिक। सूखी, कड़ी खाँसी। फुफ्फुस वेदना-पूर्ण और थके हुए।

नींद—ऊँघ, बेचैन। गहरी अशान्ति, सोकर ताजगी न मिले।

चर्म—घमौरी, लाल चकत्ते, वार्षिक आक्रमण। बड़े छाले जिनमें गहरे रंग का रस भरा हो। असमान चकत्तेदार सुर्ख दाने, जो दाब से गायब हो जायँ। चर्म ठण्ढा। गले के पट्ठों का पक्षाघात।

सम्बन्ध—प्रतिविष—रस०, नक्स०।

तुलनीय—एमोन कार्ब, बैप्ट०, आर्निका, म्यूर ए, लैके०, रस०।

शक्ति—१ से ६ शक्ति तक।

एलैट्रिस फैरिनोसा
(Aletris Farinosa)
(Stargrass)

इस दवा में रक्तहीन, ढीली अवस्था चित्रित होती है; खासकर स्त्री जननेन्द्रिय में। रोगिणी हर समय थकी रहती है और गर्भाशय खिसकने, प्रदर, गुद कष्ट इत्यादि से पीड़ित रहती है। स्पष्ट रक्तहीनता, हरित पाण्डु की रोगी लड़कियाँ और गर्भवती स्त्रियाँ।

मन—अशक्ति और तेज दुर्बलता; भ्रांत भावना। मन को केन्द्रित नहीं कर सकती। चक्कर के साथ गशी।

मुँह—अधिक झागदार लार।

आमाशय—भोजन से घृणा। थोड़ा भोजन भी कष्ट देता है। गशी के दौरे, दौरे, चक्कर के साथ। गर्भावस्था में कै होना, स्नायविक अजीर्ण। वायुशूल।

गुद—मल से टसी [illegible] की अवस्था। मल बड़ा, कड़ा, कष्टमय निर्गमन, अधिक दर्द के साथ।

स्त्री—समय से पहले और अधिक मासिक स्राव के साथ में प्रसव जैसा पीड़ा (बेल० कैमो० कैली कार्ब, प्लेट) रुका हुआ और थोड़ा स्राव (सेनसियो)। गर्भाशय भारी मालूम हो। गर्भाशय निर्गमन और दाहिने पृष्ठ में दर्द। कमजोरी और रक्तहीनता के कारण प्रदर रोग। गर्भपात का प्रवृत्ति। गर्भावस्था में पेशियों में दर्द।

तुलना—हेलोनि, हाइड्रै, टेनेसेट चाइना।

मात्रा—टिंचर से ३ शक्ति।

एलफाल्फा
(Alfalfa)
(Medicago Sativa, California Clover)

स्नेह स्नायु पर प्रभाव के कारण एलफाल्फा का पोषण क्रिया पर अच्छा प्रभाव पड़ता है जैसा कि भूख और पाचन-क्रिया की वृद्धि से विदित होता है। परिणाम यह होता है कि मानसिक और शारीरिक शक्ति बढ़ जाती है और शरीर का वजन बढ़ जाता है। इसके चिकित्सा क्षेत्र में पोषणहीनता के सभी रोग सम्मिलित हैं, जैसे स्नायुदौर्बल्य, अन्तर कोष्ठ सम्बन्धी नीलापन, स्नायविकता, अनिद्रा, [illegible] अजीर्ण इत्यादि। यह चर्बी बढ़ाने का काम करता है; तन्तुनाश को रोकता है। स्तनों में दूध की कमी ठीक करता है। स्तन्यकाल में दूध के गुण और मात्रा को बढ़ाता है। इसके मूत्र सम्बन्धी प्रभाव से यह विदित है कि यह बहुमूत्र में और पेशाब में फास्फेट जाने के रोग में लाभदायक है और यह भी [illegible] जाता है कि यह दवा मूत्राशय के उस क्षोभ को शांत करती है जो प्रोस्टेट ग्रन्थि के बढ़ जाने से आया हो। यह दवा गठियावात की प्रवणता को भी दूर करती है।

मन—यह मानसिक प्रफुल्लता उत्पन्न करती है यानी सर्वकुशलता की भावना; प्रफुल्ल चित्त। सुस्ती, ऊँघाई, बुद्धिहीनता (जेल्स०); खिन्न और जड़, चिड़चिड़ा शाम को अधिक।

सिर—पिछले भाग में, आँखों में और उनके ऊपर भारीपन; शाम को अधिक। सिर के बायीं तरफ दर्द। घोर सिर पीड़ा।

कान—मध्यनलिका रात को बन्द (कैली म्यूर); सुबह के समय खुली मालूम पड़े।

आमाशय—बढ़ी हुई प्यास। भूख, दुर्बलता, लेकिन भूख अधिक हो जाती है। अकसर बार-बार खाना पड़ता है, यहाँ तक कि साधारण भोजन के समय का

इन्तजार न कर सके। दिन के पहले भाग में भूख लगे (सल्फ)। भोजन में दोष निकाले। मीठी चीज की अधिक इच्छा।

उदर—तनाव के साथ अफारा। जगह बदलने वाली वायु। खाने के कुछ घंटे बाद बृहदन्त्र के मार्ग में दर्द हो, घड़ी-घड़ी, ढीला, पीला दर्द के साथ मल और साथ में अफारे की जलन। जीर्ण उपान्त्र प्रदाह।

मूत्र—गुर्दे कार्यहीन, घड़ी-घड़ी पेशाब का वेग हो, बहुमूत्र (**फास० ऐसिड**)। पेशाब में अधिक मूत्र-क्षार, नील सत, फासफेट निकलना।

नींद— साधारण से अच्छी नींद, खासकर प्रातःकाल; इस दवा से शान्त, स्वस्थ और प्रफुल्लित नींद आती है।

संबन्ध—तुलना कीजिये : ऐवेना सैट०, डिपोडियम पंक्ट, जेल्स०, हाइड्रै०, कैल० फास, फास० ए, जिकम।

मात्रा—दिन में कई बार ५-१० बूँद टिंचर देने से उत्तम लाभ होता है। शक्ति बढ़ने तक इलाज जारी रखिये।

एलियम सेपा
(Allium Cepa)
(Red Onion)

यह दवा जुकाम का पूर्ण चित्र उपस्थित करती है। **तेजाबी मवाद नाक से बहे**—और स्वरयन्त्र के लक्षण। आँखों से कोमल स्राव। गाने वालों की सर्दी; **गरम कमरे में कष्ट बढ़े** और शाम के लगभग, खुली हवा में आराम मिले। बलगमी मिजाज वाले रोगी को विशेषकर लाभदायक; **नम, ठंढे मौसम में जुकाम।** अंग विच्छेदन या स्नायु आघात के बाद महीन धागे की तरह स्नायुशूल। स्नायुजाल का पुराना प्रदाह जो चोट के कारण आया हो। नाक, मुँह, गला, मूत्राशय और चर्म में जलन। शरीर के भिन्न-भिन्न भागों पर जलन व गर्मी का सवेदन।

सिर—नजले का सिर दर्द, अधिकतर माथे में शाम के लगभग गरम कमरे **में बढ़े**। चेहरे में धागे जैसा दर्द। मासिक काल में सिर दर्द रुक जाये, स्राव अन्त होने पर फिर शुरू हो।

आँखें—लाल। **अधिक जलन वाला और छरछराने** वाला जल-स्राव। **प्रकाश असह्य**, आँखें लाल और **पनीला**, मात्रा में अधिक कोमल स्राव, खुली हवा में कम, पलकों में जलन।

कान—कान दर्द, कान-कंठ मध्य नली में चिलक।

नाक—छींकना खासकर गरम कमरे में। **अधिक पनीला, तेजाबी स्राव।** जड़

में ठोके ऐसा संवेदन। मौसमी इन्फ्लुएंजा (सैबाड० साइलीसिया, सोरि०)। जुकाम बहे, उसके साथ सिरदर्द, खाँसी और गला बैठना। अर्बुद।

आमाशय--पेट्ट। पाकाशय द्वार क्षेत्र में दर्द। प्यास, डकार, मिचली।

उदर--गड़गड़ाहट, बदबूदार हवा खुले। बायें तलपेट में दर्द। बैठने और हिलने-डोलने से शूल।

मलाशय—अतिसार बदबूदार हवा के साथ। मलाशय में चिल्कन, गुदा में खाज और दरारें। मलाशय में तेज जलन।

मूत्र—मूत्राशय और मूत्रमार्ग में कमजोरी की संवेदना। जुकाम के साथ अधिक मूत्रस्राव। मूत्रमार्ग में अधिक दाब और जलन के साथ लाल मूत्र निकलना।

साँस-यन्त्र—आवाज बैठ जाये। ठंडी हवा भीतर खींचने पर कड़ी खांसी हो। स्वरनली में गुदगुदी। स्वरनली में फट जाने या खुल जाने का संवेदन। सीने के बीच में दाब से साँस कष्टदायक। स्वर-यन्त्र क्षेत्र में सिकुड़न ऐसा संवेदन। दर्द कान तक जाये।

अंग--जोड़ लँगड़े। एड़ी पर घाव। नाखून के आस-पास अंगुलियों पर दर्द वाले रोग। टुण्ठ का स्नायुशूल। पैर भींगने का बुरा प्रभाव। अंग, खास कर बाँहें दर्दीली और थकी मालूम पड़ें।

नींद--सिर दर्द और ऊँघने के साथ जम्हाई लेना। गहरी नींद में मुँह फाड़ना। स्वप्न; २ बजे सुबह जाग पड़ना।

घटना-बढ़ना-शाम को या गरम कमरे में अधिक। खुली हवा में या ठंडे कमरे में कम।

संबंध—तुलना : जेल्स०, युफ्रे०, कैली हाइड०, एकोन, इपिका।

पूरक--फासफारस, थुजा, पल्स०।

प्रतिषेधक--आर्निका, कैमो०, वेरेट्रम।

मात्रा—३ शक्ति।

एलियम सैटिवम

(Allium Sativum)

(Garlic)

आँतों की श्लैष्मिक झिल्ली पर सीधे असर डालता है। परिणामस्वरूप वमन होने लगता है। वृहदन्त्र का प्रदाह। रक्तवाहिनी नलिकाओं को फैलाता है। धमनी तनाव इस पदार्थ के टिंचर की २०-५० बूँद के प्रयोग से ३०-४५ मिनट के बाद घटने लगता है।

उद्‌भेद प्रकृति वालों के लिए अनुकूल है, खासकर जिन्हें मन्दाग्नि और नजले की शिकायत भी हो। अमीराना जिन्दगी बसर करने वालों के लिए भी हितकर है। ऐसे रोगी जो पीने की अपेक्षा खाते अधिक हैं; खासकर मांस। कमर और जांघ की पेशियों में दर्द। फुफ्फुसी या क्षय रोग।

इस दवा के व्यवहार से खाँसी और बलगम कम हो जाता है, ताप उतर जाता है, वजन बढ़ता है और नींद ठीक आने लगती है। रक्त थूकना।

सिर--भारी, कनपटियों में फड़कन, नजले के कारण बहरापन।

मुँह-भोजन के बाद और रात में मीठी लार अधिक आए। जबान पर या गले में बाल ऐसा संवेदन।

आमाशय—अधिक भूख। जलन-डकार। भोजन में जरा भी परिवर्तन कष्ट पैदा करता है। मलबन्ध और उसके साथ आँतों में हलका दर्द जो लगातार होता रहे। जबान पीली, लाल ऊभरी हुई।

साँस-यन्त्र--वायु नलिकाओं में बलगम की लगातार खड़खड़ाहट। सुबह बिस्तर छोड़ने के बाद खाँसी आये और बलगम निकले जो चिमड़ा हो और कष्ट से निकले। ठंडी हवा असह्य। वायुनलिकाएँ फैली हों और साथ में दुर्गन्धित बलगम। सीने में चमकन-दर्द।

स्त्री--स्तन फूले हुए और वेदनापूर्ण। मासिक काल में योनि, स्तनों और योनि मुण्डी पर दाने निकलें।

सम्बंध--एलियम सैट०, डॉ० टेस्टे के अनुसार, ब्रायोनिया-कुटुम्ब की दवा है जिसमें लाइको०, नक्स, कौलि सि०, डिजिटै० और इग्नेशिया सम्मिलित हैं जो कि सभी मांसाहारी प्राणियों पर गहरा प्रभाव डालते हैं और मुश्किल से शाकाहारियों पर। इसलिए इन दवाओं का प्रभाव विशेषकर मांसाहारियों पर ही होता है, ऐसे रोगियों की अपेक्षा जो शुद्ध शाकाहारी हैं।

तुलना—कैप्सिकम, आर्सेनिक, कैली नाइट।

पूरक—आर्सेनिक।

प्रतिविष--लाइकोपोड।

मात्रा—३ से ६ शक्ति। तपेदिक में ४·६ ग्राम की एक खुराक जबकि साधारण सूजने की हालत हो, रोज विभाजित मात्रा में।

एलनस
(Alnus)
(Red Alder)

चर्म रोग, ग्रन्थि बढ़ने और पाकाशय रस की कमी से आये अनपच रोग की औषधि है। यह पोषण क्रिया को उत्तेजित करती है; इसलिए कण्ठमाला रोग, ग्रंथि बढ़ने इत्यादि पर लाभदायक काम करती है। मुँह और गले की श्लैष्मिक झिल्ली के घाव। अंगुलियों पर दानों की भरमार। ये दाने पपड़ीदार हों, दुर्गंधित हों, पाचन-रस-स्राव की कमी से बदहजमी।

स्त्री—प्रदर जिसके स्राव से गर्भाशय की ग्रीवा छिल जाए; रक्त आसानी से गिरे। पीठ से विटपास्थि तक जलन के साथ दर्द, मासिक धर्म में रुकावट।

चर्म—जीर्ण विसर्पिका। हन्वधोवर्ति लाला ग्रन्थि का बढ़ना। अकौता, खाज-दाने। रक्तस्रावी शीताद। आंक विष। ऊपरी प्रयोग भी।

मात्रा—टिंचर ३ शक्ति।

एलो
(Aloe)
(Socotrine Aloes)

अधिक औषधि प्रयोग के बाद जब औषधि और रोग के लक्षण मिश्रित हो गय हों ऐसी अवस्था में शारीरिक क्रिया को फिर से संतुलित करने के लिए अति उत्तम औषधि है। रक्त संचित होने के सर्वाधिक लक्षण इसी दवा में पाये जाते हैं और चिकित्सा की दृष्टि से निदान सम्बंधी प्रथम और गौण लक्षण भी अन्य किसी दवा में इतने नहीं पाये जाते। निठल्ला जीवन बिताने के कुपरिणाम। कफ प्रकृति वालों और वहमी तबीयत वालों के लिए खासकर हितकर है। मलांत्र के लक्षण ही इसके व्यवहार का निर्देश देते हैं; हारे-थके व्यक्ति, वृद्ध, कफ प्रकृतिवाले, बियर के पुराने पियक्कड़, अपने ऊपर झुँझलाने और कमर दर्द के दौरे बारी-बारी से हों। अन्दर, बाहर गरमी लगे। फेफड़ों के क्षेत्र में इसके शुद्ध रस से आराम पहुँचा है।

सिर—सिर दर्द और कटिवात बारी-बारी से हों जबकि आँत और गर्भाशय के रोग भी मौजूद हों। मानसिक परिश्रम से उदासीनता। आँखों के भारीपन के साथ जो आधी बन्द हों माथे के ऊपर दर्द। मलत्याग के बाद सिर दर्द। धीमा दाब दर्द, जो गरमी से बढ़े।

आँखें—माथे के दर्द में सिकोड़े रहे। आँखों के सामने टिमटिमाहट। हर चीज पीली दिखाई देने के साथ आँखें लाल हों। घेरे की गहराई में दर्द।

चेहरा—होंठ अधिक लाल प्रतीत हों।

कान—चबाते समय कड़कड़ाहट। एकाएक धड़ाका और धक्का बायें कान में। किसी पहले धातु के फटे गोले की टनटनाहट का शब्द सिर में।

नाक—सिर ठण्डा। सुबह जागने पर खून गिरे। खुरण्ड से भरी हो।

मुँह—स्वाद कड़वा, खट्टा। स्वादहीन डकार। होंठ सूखे, चिटके।

गला—चिमड़े श्लेष्मा के मोटे ढोंके। गलकोष की नसें फैली हुईं। सूखा खुर-खुर संवेदन।

आमाशय—मांस से घृणा। रसदार चीजों की इच्छा। खाने के बाद बादी। गुदा में धुकधुकी और कामोत्तेजना। सिर दर्द के साथ मिचली। गलत कदम पड़ने पर गट्ठे में दर्द।

उदर—नाभि की चारों तरफ दर्द जो दाब से बढ़े। जिगर प्रदेश में भरापन, दाहिनी तरफ की पसली के नीचे दर्द। उदर भरा, भारी गरम और फूला हुआ मालूम पड़े। नाभि की चारों तरफ टपक के साथ दर्द, कमजोरी जैसे अभी पतला पाखाना होगा। अधिक वायु संचयता, नीचे की तरफ दबाव जिससे सबसे नीचे वाली आँतों में कष्ट हो। भगसन्धि और नितम्बास्थि के बीच गुल्ली ऐसा संवेदन, साथ में मलत्याग की इच्छा। मलत्याग के पहले और बाद में शूल। अधिक जलनदार वायु खुले।

मलान्त्र—मलाशय में लगातार नीचे की तरफ धँसकर ऐसा संवेदन हो, खून बहना, छरछराहट, गरम, ठंढे पीने से कम हो। मलद्वार संकोचक पेशियों में शक्तिहीनता और दुर्बलता का संवेदन। मलाशय में अविश्वास की भावना, विशेषतः वायु खुलने के समय। अनिश्चितता : वायु के साथ मल न निकल पड़े। मलत्याग बिना परिश्रम, बेमालूम। ढोंकेदार, पनीला मल। लपसी ऐसा मल और साथ में मलत्याग के बाद मलाशय में छरछराहट। मलत्याग के बाद मूत्राशय के दर्द के साथ अधिक मात्रा में श्लेष्मा निकले। खूनी बवासीर; मस्से अंगूर के गुच्छे की तरह बाहर निकले हों, बहुत कोमल और पीड़ाजनक, ठण्डे पानी से कष्ट कम हो। मलद्वार और मलाशय में जलन। कब्ज और साथ में आमाशय के निचले भाग में भारी दाब। बियर पीने से दस्त हो।

मूत्र—वृद्धावस्था में मूत्र न रुके, धँसन संवेदन और प्रोस्टेट ग्रन्थियाँ बढ़ी हुई हों। थोड़ा और रंगदार।

स्त्री—मलाशय में नीचे को दाब, जो खड़े होने और मासिक काल में बढ़े। गर्भाशय भारी मालूम पड़े जिसकी वजह से अधिक चल-फिर न सके। कमर में

प्रसव ऐसा दर्द टाँगों के नीचे तक उतरे। जीवन संधिकाल में रक्त बहना। मासिक धर्म समय से बहुत पहले और मात्रा में बहुत अधिक।

श्वास यन्त्र—जाड़े की खाँसी, खाज के साथ। जिगर में सीने तक चिलकन के साथ कष्टदायक साँस।

पीठ पिठासे में दर्द, हिलने से बढ़े। त्रिकास्थि के आरपार चिलक। कटि-वात। सिर दर्द और बवासीर बारी-बारी से हों।

अंग—सभी अंगों में लँगड़ापन। जोड़ में खींच के साथ दर्द। टहलने से तलवों में दर्द।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : प्रातःकाल गरमी में, गरम सेंक से, सूखे गरम मौसम में, खाने पर खाने या पीने से। घटना : ठंढी, खुली हवा में।

सम्बन्ध—पूरक : सल्फर।

तुलना कीजिए : कैलो ब्राइक्रो, लाइको०, एलियम सैट०।

शामक—ओपियम, सल्फ।

मात्रा—६ शक्ति और उससे ऊँची। गुदा लक्षण में ३ शक्ति की कुछ मात्रा, फिर प्रतीक्षा कीजिए।

एल्स्टोनिया स्कोलैरिस
(Alstonia Scholaris)
(Dita Bark)

मलेरिया की बीमारियाँ, साथ में अतिसार, पेचिश, रक्त की कमी और मंद पाचन इस औषधि की ओर संकेत करते हैं। विशेषता है : पेट में भारी दुर्बलता; जैसे प्राण निकल जायेंगे। निर्बल बनाने वाले ज्वरों के बाद शक्तिदायक है।

उदर—आँतों में घोर मरोड़ाहट और ऐंठन। निचली आँतों में गरमी और छरछराहट। प्रसवकालीन अतिसार, रक्तमय मल, पेचिश, खराब पानी और मलेरिया का अतिसार। दर्द रहित पनीला मल (एसिड फास०)। खाना खाते ही अतिसार।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एल्स्टोनिया कोन्सट्रिक्टा की तरह काम करती है, आस्ट्रेलिया की कड़वी छाल या देशी कुनैन की तरह। डिटेन (कार्यवाही मूल तत्व, समय की पाबंदी को तोड़ती है—अर्थात् जो रोग बँधे समय पर आते हैं—उनकी प्रवणता को नष्ट करती है। कुनैन की तरह, लेकिन बिना उसके बुरे असर के)। सिनकोना (अतिसार, जीर्ण मंदाग्नि और कमजोरी में समान है।), हाइड्रेस्टिस, फेर० सिट०, एट चिन०।

मात्रा—टिंचर से ३ शक्ति। स्थानीय प्रयोग घाव और आमवात में।

एलुमेन
(Alumen)
(Common Potash Alum)

आँतों के लक्षण इसके व्यवहार का संकेत करते हैं। कठोर कब्ज, अधिक ज्वर में अधिक रक्तस्राव; शरीर के सभी भागों की पेशियों की पक्षाघात जैसी दुर्बलता। कड़ा पड़ने की प्रवृत्ति भी स्पष्ट होती है, तन्तु निर्माण की मन्द अवस्था में सहायता मिलती है। जबान, मलाशय, गर्भाशय इत्यादि के तन्तुओं का कड़ा पड़ना, कड़े तल वाले घाव। वृद्धों के लिए लाभदायक है, विशेषकर साँस नलिका समूह के नजले में। सूखापन और सिकुड़न का संवेदन। मानसिक कार्यहीनता, निगलना कठिन, खासकर तरल पदार्थ। कड़ापन आने की प्रवृत्ति, जबान पर कठिन अर्बुद।

सिर—जलन के साथ दर्द जैसे चाँद पर बोझ रखा हो जो हाथ की दाब से कम हो। आमाशय के गड्ढे में कमजोरी के साथ चक्कर। बाल झड़ना।

गला—ढीला। श्लैष्मिक झिल्ली लाल और सूजी हुई। खाँसी। गले में गुद-गुदी। गले के जुकाम की प्रवृत्ति। कंठमूल बढ़े हुए और कड़े। जलन, दर्द भोजन नली तक, पूर्ण। आवाज बैठना, जुकाम होते ही गला खराब हो जाता है। भोजन नली का सिकुड़ना।

दिल—दाहिनी करवट लेटने पर धड़कन।

मलाशय—अति कठोर कब्ज। कई दिनों तक मल त्यागने की इच्छा न हो। मल त्यागने की असफल इच्छा। मल-स्खलन में अक्षमता। मल के संगमरमर ऐसे ढोंक निकलें, लेकिन मलाशय तब भी भरा हुआ मालूम हो। मल-त्याग के बाद गुदा में खुजली हो। मल त्यागने के बाद बहुत देर तक दर्द और गड़न होती रहे, खूनी बवासीर। पीला मल बच्चों की तरह। आँतों से रक्त प्रवाह।

स्त्री—गर्भाशय की गरदन और स्तनों के कड़ा होने की प्रवृत्ति (कार्बो० एन०, कोन०)। जीर्ण, पीला योनि स्राव। पुराना सुजाक जिसमें पीला मवाद गिरे और मूत्र के साथ-साथ छोटी-छोटी गाँठें बन जायँ। योनि में छोटे, सफेद छाले (कौल०) मासिक स्राव पनीला।

साँस यन्त्र—रुधिर थूके, सीने की अधिक कमजोरी, श्लेष्मा थूकना कठिन। वृद्ध लोगों में डोरी ऐसा बलगम सुबह को अधिक निकले। दमा रोग।

चर्म—कड़े तल वाले घाव। कड़ी ग्रन्थियाँ और कैंसर इत्यादि में विचारणीय। नसें सिकुड़ जाती हैं और उनमें से खून निकलता है। जीर्ण सूजन के कारण कड़ा-पन। ग्रन्थियाँ सूजती हैं और कड़ी पड़ जाती हैं। बाल झड़ना। अण्डकोष और लिंग के पिछले भाग पर अकौता।

अंग—सभी पेशियों की कमजोरी, खासकर बाँहों और टाँगों की, अंगों की चारों तरफ सिकुड़न।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : सिरदर्द के सिवाय सभी लक्षण ठंढक से : सिर दर्द ठंढक से कम हो।

मात्रा—१ से ३० शक्ति तक। बहुत ऊँची शक्तियाँ लाभदायक सिद्ध हुई हैं। दस ग्रेन फिटकिरी की बुकनी जबान पर रखने से दमा का हमला रुकने के बारे में सुना जाता है।

एलुमिना
(Alumina)
(Oxide of Aluminum—Argilla)

इस पदार्थ की एक विशेषता श्लैष्मिक झिल्ली और चर्म का सूखापन और पेशियों का आंशिक पक्षाघात है। वृद्ध लोग जिनमें जीवन ताप की कमी हो या अवस्था के पहले बुढ़ापा आया हो और साथ मे कमजोरी हो। शरीर क्रिया मन्द, भारीपन, ठिठुरन और लड़खड़ाना और इस दवा की कब्ज-विशेष। दुबले-पतले और वात प्रकृति वालों में जुकाम और डकार आने की प्रवणता। कोमल बच्चे जो नकली भोजन से पले हुए हों।

मन—मन उत्साहहीनता, तर्कहीन होने का भय। खुद को पहचानने में गड़बड़ी। जल्दबाज, उतावला। समय धीरे-धीरे बीतता है। परिवर्तनशील भाव। दिन चढ़ने के साथ-साथ रोग में कमी आए। खून या चाकू देखकर आत्महत्या करने की प्रवृत्ति।

सिर—चिलकन, जलन के साथ दर्द। चक्कर के साथ, सुबह को अधिक लेकिन भोजन से कम हो। माथे में दाब जैसे ईंट कसके पड़ने हो। बिना आँखें खोले टहल न सके। कब्ज के साथ थरथराहट का सिर दर्द। मिचली के साथ चक्कर जो नाश्ता करने के बाद कम हो। बाल झड़ना, सिर की खाल खुजाये और सुन्न।

आँख—सब चीजें पीली दिखाई दें। आँखें ठंढी मालूम पड़ें। पलक भारी, जलें, दर्द करें, मोटी हों, सुबह को अधिक, जीर्ण श्वेत पटल प्रदाह। ऊपरी पलक का पक्षाघात, वक्र दृष्टि।

कान—भिनभिनाहट, गर्जन। कर्ण नली ठसी मालूम हो।

नाक--नाक की जड़ पर दर्द। सूँघने की शक्ति कम। बहने वाला जुकाम। सिर चिटका, नथुने छरछराये, लाल, छूने से कष्ट बढ़े; मोटे, पीले श्लेष्मा की पपड़ी। मोटे दाद ऐसी लाल। सूखा, क्षीणता जनित पीनस।

चेहरा--मालूम पड़े जैसे अण्डे की सफेदी जैसी कोई चीज उस पर सूख गई है। रक्तभरी फुन्सियाँ और दाने। निचले जबड़े की फड़कन। खाने के बाद चेहरे पर खून संचार बढ़ जाए।

मुँह--छरछराहट। दुर्गन्ध आये। दाँतों पर कड़ी मैल की पपड़ी, मसूढ़ों में छरछराहट, खून निकले। मुँह खोलने या चबाने पर जबड़ों में खींचन दर्द।

गला – सूखा, छरछराहट। भोजन नीचे उतरे, भोजन निगलने का छेद सिकुड़ा मालूम पड़े, जैसे वहाँ खपच्ची या गुल्ली कसी हो। उत्तेजित और ढीला गला। सूखा और चिकना दिखाई दे। दुबले लोगों में गला बैठना। पिछले भाग से मोटा, चिमड़ा श्लेष्मा गिरे। बराबर गला साफ करता रहे।

आमाशय--असाधारण चीजों के खाने की प्रबल इच्छा जैसे खड़िया, कोयला, सूखा खाना, चाय की पत्ती। गला जलना, सिकुड़ा लगे। मांस से घृणा (ग्रेफा०, आर्नि०, पल्स०) इच्छा न हो, केवल छोटा-छोटा कौर निगल सके। भोजन-नली के छेद का सिकुड़ना।

उदर--पेण्टरों जैसा शूल। दोनों पुट्ठों में कामेन्द्रिय की तरफ दाब। उदर की बाईं तरफ से रोग।

मल-कड़ा, सूखा गठीला मल-वेग न हो। मलाशय छरछराये, सूखा, सूजा खून बहे। गुदा में जलन, खाज। मुलायम मल भी कष्ट से निकले। बहुत काँखना पड़े। कब्ज बालकों का; (कौलिस०, सोरे० पैरफ०) और वृद्ध का मलाशय कार्यहीनता से, और घर में बैठे रहने वाली स्त्रियों का। पेशाब करते समय मल निकल आये। मलवेग बहुत, पहले मरोड़ हो और फिर मलत्याग के समय काँखना पड़े।

मूत्र--मूत्राशय की पेशियाँ काम न करें, मलत्याग के समय पेशाब करने के लिए काँखना पड़े। गुर्दों में दर्द, मानसिक गड़बड़ी के साथ। वृद्ध लोगों में घड़ी-घड़ी पेशाब मालूम हो। कष्ट से पेशाब शुरू हो।

पुरुष--अधिक काम इच्छा। मल त्याग के समय काँखने पर अनिच्छित धातु गिरे। ग्रन्थि रस स्राव।

स्त्री--मासिक धर्म समय से बहुत पहले, अल्पकालीन, मात्रा में थोड़ा, पीला, बाद में बहुत शिथिलता आये (कार्बो एन०, कॉकु०)। प्रदर: तीखा, मात्रा में अधिक, पारदर्शी, रस्सी जैसा लम्बा, जलन के साथ, दिन में अधिक और मासिक धर्म के बाद। ठंढे पानी से लक्षण में कमी।

श्वास-यन्त्र—सुबह जागते ही खाँसी हो। स्वरभंग, आवाज बन्द; स्वर-नली में गुदगुदी, साँस लेने में सायँ-सायँ, खड़खड़ाहट की आवाज। सुवह को बातचीत करने या खाने पर खाँसी। सीना सिकुड़ा मालूम पड़े। अँचार खाने से आयी खाँसी। सीने का कष्ट बात करने से बढ़े।

पीठ—चिलक। कुतरन के साथ दर्द, मानो गरम लोहा रखा हो। रीढ़ के रास्ते में दर्द, पक्षाघात जैसी कमजोरी के साथ।

अंग—बाहों और अंगुलियों में दर्द, मानों गरम लोहा गड़ रहा हो। बाँहें अशक्त मालूम हों। टाँगें सोती मालूम हों, खासकर एक पर एक रखकर बैठने के बाद। टहलने पर लड़खड़ाना। एड़ी ठिठुरी मालूम हो। तलवे कोमल, कदम रखने पर मुलायम और सूजे लगें। कंधे और ऊपरी बाँह में दर्द। अंगुलियों के नाखून के नीचे कुतरन। नाखून भुरभुरे। केवल आँखें खोलकर या दिन में ही टहल सके। रीढ़ की क्षीणता और निचले अंगों का पक्षाघात।

नींद—बेचैन, उत्सुक और मिले-जुले, गिचपिच सपने। सुबह को ऊँघना।

चर्म—पपड़ीदार, सूखा दाद ऐसा। नाखून भुरभुरे। बिस्तर की गरमी शुरू होते ही असह्य खाज आए। इतना खुजाए की खून बहे। फिर दर्द करे। अंगुलियों की खाल भुरभुरी।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : एक ही समय पर, तीसरे पहर, आलू खाने से, सुबह को जगाने पर, गरम कमरे में। घटना : खुली हवा में, ठंढे पानी से नहाना, शाम को, तीसरे दिन, तर मौसम में।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए एलूमिनियम क्लोराइडम (गति शक्ति-रहित रोग में पीड़ा। पानी में निचली शक्ति के चूर्ण देने चाहिए स्लैक, सिलिका, सल्फो-कैलसाइट आफ एलुमिना ३ x (गुदा खाज, बवासीर, कब्ज, अफारा), सिकेलि, लेथिर, प्लम्बम, एलुमिना। एसीटेट सोल्यूशन। बाहरी प्रयोग, सड़े घाव और चर्म संक्रांति के लिए। गर्भाशय की कार्यहीनता से रक्तस्राव को रोकता है। कोरण्ड रक्त प्रवाह कई अंगों से; २-३ प्र० श० सोल्यूशन। गल ग्रन्थि (टांसिल) १०% सोल्यूशन से धोने पर रक्त प्रवाह को रोकता है।

पूरक—ब्रायोनिया।

शामक—इपिकाक, कैमोमिला।

मात्रा—६ से ३० और उससे ऊँची शक्ति। प्रभाव मंद गति से होता है।

एलुमिना सिलिकेटा
(Alumina Silicata)
(Andalasit rock—Alumina 60, Silicae 37 parts)

सिकुड़न इस दवा का विशेष सर्वव्यापी लक्षण है। छिद्रों के मुँह का सिकुड़ना। शैरिक तनाव। कमजोरी खासकर रीढ़ में। टीस और जलन रीढ़ में। सभी अंगों में सुरसुरी, ठिठुरन, दर्द व्यापक लक्षण है। मिरगी जैसे झटके। दर्द के समय ठंडापन।

सिर—मस्तिष्क में रक्त संचय। चमड़ी का खिचना। सिर में दर्द गरम से कम, पसीना हो। आँखों में दर्द, झिलमिलाहट। अकसर जुकाम होते रहे, नाक की सूजन और घाव।

साँस-यंत्र—सीने की नजला, दर्द, कच्चापन। सीने में बहुत कमजोरी। चिलकन। आक्षेपिक खाँसी; पीप जैसा, चिमड़ा बलगम।

अंग—भारीपन, झटके आएँ, सुन्न होना, टीस और दर्द।

चर्म—स्नायुमार्ग में सुरसुरी, शिरा भरी और तनी मालूम दे। छूने और दाब से दर्द करे।

घटना-बढ़ना—ठंडी हवा, खाने के बाद, खड़ा होने से **बढ़ना-घटना**—सेंकना, उपवास, बिस्तर में आराम करने पर।

मात्रा—ऊँची शक्ति।

एम्ब्रा ग्रीसिया
(Ambra Grisea)
(Ambergis-Amorbid socretion of the whale)

उत्तेजनीय स्नायविक बालकों और इकहरे शरीर तथा वात प्रकृति वाले रोगियों के लिए उपयोगी है। अत्यंत घबराये हुए; अत्यंत असहिष्णु व्यक्ति। सवेरे समस्त शरीर बाह्यतः संज्ञाहीन हो जाता है और दुर्बलता आती है। स्नायविक, पित्त प्रकृति। पतली, दुर्बल स्त्रियाँ। गुल्म-वायु से पीड़ित व्यक्तियों या ऐसे रोगियों के लिए उपयोगी है जो तशन्नुजी खाँसी, खाली डकार के साथ रीढ़ की उत्तेजना के रोगी हों। उन रोगियों के लिए भी जो अवस्था से या अधिक परिश्रम से कमजोर हो गये हों; जो रक्तहीन और अनिद्राग्रस्त हों। उन वृद्ध लोगों की प्रथम दवा है जिनकी शारीरिक क्रियायें बिगड़ गई हों जिनका कोई एक अंग जैसे अँगुलियाँ, बाजू आदि कमजोर पड़ गया हो, ठण्ढे हों या संज्ञाहीन हों। एक बगली बीमारी इस दवा का

संकेत करती है। संगीत से रोग बढ़ता है। खुली हवा में चलने-फिरने पर रक्त में गरमी आ जाती है और टपकन आने लगती है।

मन—लोगों का भय, अकेले रहना चाहे। दूसरों के सामने कुछ न कर सके। बहुत लज्जालु, लाज से चेहरा लाल हो जाये। संगीत सुनकर रो दे। नीरस; जीवन से घृणा। विचित्र भ्रम। लज्जालु। जीवन से उकताया हुआ बेचैन, उत्तेजित, बकवादी। समय धीरे-धीरे गुजरे। सोचना कष्टदायक, सुबह के समय, वृद्ध में। अप्रिय विषयों पर सोचते रहना।

सिर—मंद बुद्धि। चक्कर, साथ में सिर और आमाशय में कमजोरी। सिर के अगले भाग पर दाब, साथ में मानसिक खिन्नता। मस्तिष्क के ऊपर को ओर आधे भाग में फटने जैसा दर्द। बुढ़ापे का चक्कर। सिर में खून दौड़ना, संगीत सुनते समय अधिक। कम सुनना। नकसीर, खासकर सुबह को दाँतों से अधिक खून बहना। बाल गिरना।

पेट—खाली डकार, साथ में तेज, आक्षेपिक खाँसी। तेजाबी डकार, गला जले। आधी रात के बाद आमाशय और उदर में तनाव। उदर में ठंडक का संवेदन।

मूत्र—मूत्राशय और मलान्त्र में साथ-साथ दर्द। मूत्रमार्ग और गुदा छिद्र में जलन। मूत्रमार्ग में ऐसा लगे मानो कुछ बूँद निकलती हों। पेशाब मार्ग में पेशाब करते समय जलन और खाज। पेशाब करते ही समय गँदला हो, बादामी तलछट जमे।

स्त्री—प्रबल मैथुन इच्छा। योनि के बाह्य भाग पर खुजली छरछराहट और सूजन के साथ। मासिक धर्म समय से बहुत पहले। अधिक नीलापन लिए प्रदर। रात में अधिक। जरा-सी तुच्छ दुर्घटना पर मासिक काल के बीच वाले समय में रक्त प्रवाह।

पुरुष—अण्डकोष की कामोत्तेजक खाज। कामेन्द्रिय का बाहरी टपटक, भीतरी जलन। बिना काम इच्छा के घोर लिंगोत्थान।

साँस यन्त्र—वायु-डकार के साथ खाँसी। स्नायविक; आक्षेपिक खाँसी, साथ में आवाज फटी और डकार जो सुबह जागने पर, लोगों की उपस्थिति में बढ़े। गले, स्वरनली, कण्ठनली में गुदगुदी, सीने पर दाब, खाँसने से दम फूले। खोखली तशन्नुजी खाँसी जैसे कुत्ता भोंकता है। खाँसी सीने की गहराई से उठे। बलगम खखारते समय गला रुके।

दिल—धड़कन, साथ में सीने पर दाब मानो उसमें लोंदा अटका हो या जैसे सीना रुका हो। नाड़ी चलती मालूम हो। पीले चेहरे के साथ खुली हवा में दिल धड़के।

नींद—पीड़ा के कारण सो न सके, उठ बैठना पड़े, उत्सुक सपने। नींद में शरीर का ठण्डापन और अंग फड़कें।

चर्म—खाज और झुरझुराहट, खासकर कामेन्द्रिय के चारों तरफ। चर्म की ठिठुरन, बाहों का "सो जाना।"

अंग—हाथों और अँगुलियों में ऐंठन, किसी चीज को पकड़ने से बढ़े। टाँगों में ऐंठन।

घटना-बढ़ना—बढ़े: संगीत से, अपरिचित लोगों के सामने, किसी असाधारण घटना से, सुबह को, गरम कमरे में। घटे: धीमी हरकत से, खुली हवा में, रोग वाली बगल लेटने से, ठण्ढी चीज पीने से।

सम्बन्ध—अम्बर से मत गड़बड़ कीजिए। सक्कीनम क्यू० वी०। मासकस लाभ के साथ बाद में दिया जा सकता है।

तुलना कीजिये: ओलियम सक्किनम (हिचकी), सुम्बुल कैस्टर, एसाफ०, क्रोकस, लिलियम।

मात्रा—२ से ३ शक्ति, लाभ के साथ दोहराई जा सकती है।

एम्ब्रोजिया

(Ambrosia)

(Rag-Weed)

मौसमी फ्लू, आँखों से पानी जाना और पलकों की असह्य खाज की दवा। कुछ प्रकार की कुकुर-खाँसी। पूरा साँस मार्ग रुका हुआ। कई तरह के अतिसार; खासकर गरमी के मौसम का पेचिश भी।

नाक—पानी ऐसा नाक बहे, छींक नकसीर। सिर और नाक में कसाव, कण्ठनली और साँसनलिका समूह में उत्तेजना, साथ में दमा के हमले (एरेल० यूकेलि०)। साँय-साँय आवाज वाली खाँसी।

आँखें—झुरझुरायें और जलें। आँसू आएँ।

सम्बन्ध—तुलना: मौसमी फ्लू में: सैबाडि, बीथिया, सक्किन, एसिड, आर्स आयो, अरुण्डो।

मात्रा—टिंचर से ३ शक्ति तक, नकसीर के हमले में और बाद को पानी में १० बूंद मिलाकर। मौसमी फ्लू में ऊँची शक्ति।

एमोनियेकम डोरेमा
(Ammon, Dorema)
(Gum Ammoniac)

वृद्ध और दुर्बलकाय व्यक्तियों की दवा खासकर जीर्ण वायुनली -भुज-प्रदाह (ब्रोंकाइटिस) में; चिड़चिड़ापन, ठण्ढक असह्य। गरदन और अन्ननली में जलन और खुर्चन का संवेदन।

सिर—अगले भाग की रक्त-नलिकाओं के बंद होने से नजले का सिर-दर्द।

आँखें—निगाह धुँधली। तारे और चिनगारियाँ आँखों के आगे तैरें। पढ़ने से जल्द थकें।

गला—गला सूखा, ताजी हवा भीतर खींचने से कष्ट हो। गला भरा हुआ, जलन, खरखरी। खाने के बाद ही मानो कोई चीज अन्न-नली के मुँह में अँटक गयी हो; निगलना पड़े।

साँस-यन्त्र—कठिन साँस; वायुनलिका समूह का जीर्ण नजला; पीब जैसा और थोड़ा बलगम निकलना, ठंढे मौसम से बढ़े। श्लेष्मा चिमड़ा और कड़ा। दिल की धड़कन मजबूत, आमाशय तक जाये। वृद्ध के सीने में खड़खड़ाहट।

सम्बन्ध—शामक—ब्रायो०, आर्निका।

तुलना—सेनेगा, टार्ट इमेट०, बैलसम पेरू।

मात्रा—३ विचूर्ण शक्ति।

एमोनियम बेंजोइकम
(Ammon. Benz..)
(Benzoate of Ammonia)

साइलाल मूत्र (अलब्यूमेन) की दवाओं में से एक है; खासकर गठिया के रोगी में। गठिया, जोड़ों में विकार जमा हो। वृद्ध को पेशाब स्वतः हो।

सिर—भारी, जड़।

चेहरा—फूला, पलक सूजी। जबान के नीचे अर्बुद जैसी सूजन।

मूत्र—धुएँ जैसा, थोड़ा, अंडे की सफेदी जैसी और गाढ़ी तलछट।

पीठ—त्रिकास्थि के आरपार दर्द, मल त्यागने की तीव्र इच्छा। दाहिने गुर्दे के क्षेत्र में कोमलता; दर्द।

सम्बन्ध—तुलना : टेरिबिन्थि०, बेन्ज० ऐसि०, एमोनिया साल्ट, कॉस्टि०।

सांडलाल मूत्र (अलब्यूमेन) रोग में तुलना कीजिए; कैल्मिया, हेलोन, मर्क कार, बर्बे० कैन्थ० ।

मात्रा—दूसरी विचूर्ण शक्ति ।

एमोनियम ब्रोमेटम
(Ammon. Brom.)
(ब्रोमाइड ऑफ अमोनिया)

जीर्ण स्वर यन्त्र सम्बन्धी और गलकोष सम्बन्धी प्रदाह, स्नायविक सिर दर्द और मोटापन । सिर में, सीने और टाँगों आदि में घुटन के साथ दर्द । अंगुलियों के नाखूनों के नीचे उत्तेजना, उनको दाँतों से काटने ही से आराम मिले ।

सिर—वृहत् मस्तिष्क में रक्त संचय । कानों के पास सिर की चारों तरफ फीता कसा हुआ जैसा मालूम पड़े । छींक, गाढ़ा श्लेष्मा निकले ।

आँखें—पलक के किनारे लाल और सूजे हुए नेत्रच्छद ग्रंथि भी । आँखों के ढेले बड़े मालूम पड़ें और उनके चारों तरफ दर्द जो सिर तक हो ।

गला—मुँह में खरखराहट । गले में गुदगुदी, साथ में सूखी आक्षेपिक खाँसी की प्रवृत्ति, खासकर रात में । मुख गह्वर में जलन । सफेद, चेपदार बलगम । वक्ताओं का पुराना नजला ।

साँस-यन्त्र—एकाएक छोटी खाँसी, गला घुटना । कंठ-नली और वायु-नलिका समूह में गुदगुदी । खाँसी से तीन बजे सबेरे जाग उठे । दम घुटना मालूम दे, लगातार खाँसी, रात को लेटते समय, फुफ्फुस में तेज दर्द । कुकुर खाँसी-सूखी, आक्षेपिक खाँसी लेटने पर ।

सम्बन्ध—हायोस०, कॉन०, आर्जे० नाईट०, कैली बाइक्रोम ।

मात्रा—पहली शक्ति ।

एमोनियम कार्ब
(Ammonium Carb)
(कार्बोनेट आफ एमोनिया)

इस औषधि में ऐसी अवस्थाएँ मिलती हैं जैसी हम लोग अक्सर उन मोटी स्त्रियों में पाते हैं जो सदा थकी और घबराई हुई मालूम पड़ती हैं । उन्हें जुकाम आसानी से हो जाता है, मासिक धर्म के पहले हैजे जैसे लक्षण हो जाया करें । जो परिश्रमहीन जीवन बिताती हैं, औषधि से देर में प्रभावित होती हैं और

सूँघने की बोतल का अक्सर प्रयोग करने की प्रवृत्ति होती है। अक्सर और मात्रा में अधिक मासिक धर्म। साँस यन्त्र की श्लैष्मिक झिल्ली खासतौर पर रोगग्रस्त होती है। मोटे रोगी जिनका दिल कमजोर हो, साँय-साँय की आवाज, दम घुटने जैसा लगे। ठंडी हवा असह्य। पानी से बहुत घृणा, छूना न सहन करें। सांघातिक आरक्त ज्वर, साथ में ऊँघना, ग्रन्थि सूजन, गला, गहरा लाल प्रदाहित, कम उभरे हुए दाने। ऐसा रक्त-दोष जो रक्त की स्वाभाविक प्रक्रिया के दूषित हो जाने का परिणाम हो। सभी अंगों में भारीपन। शारीरिक सफाई पर ध्यान न दे। विविध भागों की, ग्रन्थियों इत्यादि की सूजन। तेजाबी स्राव। थोड़े से परिश्रम से ही निढाल होना।

मन—भुलक्कड़, बदमिजाज, आँधी के समय खिन्नचित्त। गन्दा और दूसरों के बात करने का बहुत प्रभाव पड़े। रोये, बेसमझ।

सिर—माथे में थरथराहट, दाब से और गरम कमरे में कम हो। सिर में धक्के।

आँखें-रोशनी से घृणा के साथ आँखों में जलन। नजर का बारीक काम करने से आई कमजोरी (नेट्रम म्यूर)। दुर्बल या क्षीण अथवा वेदनादायक दृष्टि। वेदनापूर्ण किनारे।

कान—कम सुने। दाँत कटकटाने के समय कानों, आँखों और नाक में झटके आएँ।

नाक—तेजाबी, गरम पानी गिरे। जीर्ण जुकाम के साथ रात में नाक बन्द होना। नाक से साँस न ले सके। बच्चों का नाक से बोलना। नहाने के बाद और खाने के बाद नकसीर बहना। पीनस रोग, नाक से खूनी श्लेष्मा छिनकना। नाक का सिरा सूजा हो।

चेहरा—मुँह के आसपास मोटा दाद। मासिक काल में फुन्सियाँ और दाने। मुँह के किनारे पके, चिपके, जले।

मुँह-मुँह और गले का अधिक सूखापन। दाँत दर्द। दाँत पर दाँत दबाने से सिर, आँखों और कानों में से झटका आये। जबान पर दाने। स्वाद खट्टा, कसैला। चबाने पर जबड़े चुरचुरायें।

गला—तालुमूल और गरदन-ग्रन्थियों का बढ़ना। गले के नीचे तक जलन, दर्द। तालुमूल में सड़न-घाव की प्रवृत्ति। रोहिणी रोग जब नाक ऊपर की तरफ बन्द हो।

आमाशय—गढ़े पर दर्द, साथ में गला जलना, मिचली, लार गिरे और सर्दी लगे। अधिक भूख लेकिन जल्दी ही संतुष्ट हो जाये। वायु, मंदाग्नि।

उदर—उदर में आवाज और दर्द । अफरा, आँत उतरना, मल कष्टदायक, कड़ा, गठीला, खूनी बवासीर, मासिक काल में बढ़े । गुदा में खाज । मल-त्याग के बाद अर्शावलियाँ बाहर आ जाएँ । लेटने से कम हो ।

मूत्र—घड़ी-घड़ी पेशाब की इच्छा हो, रात में बिना इच्छा निकले । मूत्राशय में कुथन । पेशाब सफेद, बालू ऐसा, खूनी, अधिक गँदला और दुर्गन्धित ।

पुरुष—अंडकोष और शुक्र-रज्जु की खाज और पीड़ा । लिंगोत्तेजना, बिना इच्छा धातु-स्राव ।

स्त्री—योनि के बाहर खाज, सूजन, जलन । प्रदर : स्राव जलन लाये, तेजाबी, पनीला । मैथुन से घृणा । मासिक धर्म अधिक बार, अधिक मात्रा में, समय से पहले, बहुत अधिक, थक्केदार, काला, कष्टरज और कष्टदायक मल साथ में । थकान खासकर जाँघों की, जम्हाई और सर्दी लगे ।

साँस यन्त्र—आवाज भारी । करीब ३ बजे रोज सुबह को खाँसी आये । साथ में लघु साँस, धड़कन, सीने में जलन, ऊपर चढ़ते समय कष्ट बढ़े । सीने में थकान मालूम हो । वायुस्फीति । साँस लेने में बहुत दाब, परिश्रम से कष्ट बढ़े और गरम कमरे में घुसते ही या कुछ कदम ऊपर चढ़ने के बाद कष्ट बढ़े । दुर्बलता से आया धीमा फुफ्फुस प्रदाह । परिश्रम के साथ में आवाज करने वाली साँस, बुलबुले उठने जैसी आवाज । जाड़े का नजला, साथ में चिकना श्लेष्मा और खून से टुकड़े निकलें । फुफ्फुस शोथ ।

दिल—सुनाई देने वाली धड़कन, डर के साथ ठंढा पसीना, आँखों से पानी, बोल न सके, जोर से साँस लेना और हाथों का काँपना । दिल कमजोर, कष्टदायक साँस और धड़कन के साथ जाग उठे ।

अङ्ग—जोड़ों में फटन, जो बिस्तर की गरमी से कम हो, हाथ-पाँव फैलाना चाहे; अंग खुजलाने की प्रवृत्ति । हाथ नीले और ठण्ढे, शिरायें तनी हुई । बाँह नीचे लटकाने से अंगुलियाँ फूलें । नखव्रण जिसका दर्द गहराई से उठे । पिंडली और तलवों में ऐंठन । पैर के अंगूठों में दर्द और सूजन । नखव्रण की प्रारम्भिक अवस्था । एड़ी खड़े होने पर दर्द करे । टखनों और पैर की हड्डी में फटन, बिस्तर की गरमी से कम हो ।

नींद—दिन में नींद लगे । नींद में गला रुककर जाग उठे ।

चर्म—तेज खाज और जलते हुए फफोले । लाल दाने । घमौरी । जीर्ण आरक्त-ज्वर । जीवन शक्ति की कमी से दाने अच्छी तरह न उभरें । वृद्ध का विसर्प रोग, मस्तिष्क लक्षण के साथ । अंगों के मोड़ों में, टाँगों में, गुदा और कामेन्द्रिय में अकौता ।

घटना-बढ़ना—बढ़ना—शाम को; ठण्डे तर मौसम में, तर प्रयोग से, धोने से, ३-४ बजे सुबह, मासिकधर्म के दिनों में। **घटना**—दर्द वाली करवट और पेट के बल लेटने से, सूखे मौसम में।

सम्बन्ध—विरोध : लैकेसिस। एक ही प्रभाव।
शामक : आर्निका, कैम्फर।
तुलना : रस०, म्युरियेटिक एसिड, टारटर एमेट।

लकड़ी के कोयले के विष पर लाभदायक है।

मात्रा—नीचे की शक्ति रखने से खराब हो जाती है। ६ शक्ति साधारण प्रयोग के लिए उत्तम है।

एमोनियम कास्टिकम

(Ammonium Causticum)

(Hydrate of Ammonia—Ammonia water)

यह बहुत शक्तिवान हृदय उत्तेजक है। अतः मूर्च्छा और रक्तसंचार में आधी बाधा, रक्त प्रवाह, साँप-काटना, क्लोरोफार्म के नशे में सुँघाया जा सकता है।

श्लैष्मिक झिल्ली के शोथ और घाव जो इस शक्तिवान दवा से उत्पन्न होते हैं, ये ही लक्षण इसके व्यवहार का आधार प्रस्तुत करते हैं। इसलिए गलनली में जलन के साथ झिल्ली वाली काली खाँसी में उपयोगी है। क्षणिक श्वास-रोध (कॉस्टिकम देखिये)।

साँस-यन्त्र—कष्टदायक साँस। बलगम जमा होना, लगातार खाँसी के साथ। आवाज बन्द होना। गले में जलन; कच्चापन। टेंटुआ में झटके, दम घुटने के साथ, रोगी साँस के लिए हाँफता है। गहरी साँस लेने से गलनली में दर्द। गलनली और गले में खुरचन और जलन। घाँटी सफेद श्लेष्मा से ढँकी हो। नाक की झिल्ली का प्रदाह, साथ में तेजाबी जलन वाला स्राव।

अंग—अति शिथिलता और पेशियों की कमजोरी। कंधों का वात दर्द। चर्म गरम और सूखा।

मात्रा—१ से ३ शक्ति। ५ से १० बूँद पानी में अच्छी तरह घोल कर।

एमोनियम आयोडेटम

(Ammon. Iod.)

(Iodide of Ammoniac)

उस समय आवश्यक होता है जब आयोडीन ने स्वरयन्त्रप्रदाह और वायुनलीभुजप्रदाह, नजलेवाले फुफ्फुस प्रदाह, फुफ्फुस शोथ में केवल आंशिक लाभ दिया हो।

सिर—धीमा सिर दर्द, खासकर युवा लोगों में; चेहरा बुद्धिहीन, भारी चक्कर। कान के विकारजनित चक्कर।

मात्रा—२ और ३ विचूर्ण।

तुलना कीजिए—**एमोन टारटे॰** (जुकाम के बाद सूखी कड़ी खाँसी)।

एमोनियम म्यूरियेटिकम
(Ammon. Mur.)
(Sal. Ammonia)

इस दवा से शिथिलता की ऐसी अवस्था उत्पन्न होती है जो आंत्रिक ज्वर विकार के लगभग होती है। सभी श्लैष्मिक स्राव अधिक हो जाते हैं और रुक जाते हैं। यह खासकर मोटे और सुस्त स्वभाव वाले रोगियों के लिए उपयोगी है जो साँस-यन्त्र सम्बन्धी रोगों से पीड़ित हों। खाँसी जो नजला और जिगर रोग से सम्बन्धित हो। अकस्मिक रक्त-संचार की प्रवृत्ति, खून बराबर उथल-पुथल होता रहे, टपकन इत्यादि। बहुत से लक्षण खाँसी और अधिक **चमकदार बलगम** के साथ दीख पड़ते हैं। इसके कष्ट बढ़ने का समय शरीर के रोगी भाग के अनुसार होता है, जैसे सिर और सीने के लक्षण सुबह को, उदर लक्षण तीसरे पहर और अंग पीड़ा, चर्म और ज्वर लक्षण शाम को बढ़ते हैं **'खौलने'** का संवेदन।

मन—खिन्न भयभीत मानो आंतरिक शोक से। चीखने की इच्छा हो। मगर चीख न सके। शोक का असर।

सिर—खाज और गंज के साथ बाल झड़ना। भरा और दबा मालूम दे, सुबह को कष्ट अधिक हो।

आँख—आँखों के आगे कुहरा, मोतियाबिन्द के आरम्भ में दृष्टि भ्रम। कोषिक मोतियाबिंद।

नाक—तेजाबी, गरम पानी का स्राव, होठों में छीलने वाला, खुलकर निकले। छींक आना। छूने से दुखे, नथुनों में घाव जैसा दर्द। **सूँघने की अक्षमता**। रुकी हुई, भरी हुई जान पड़े; छिनकने की लगातार और बेकार कोशिश। खुजली।

चेहरा—प्रदाहिक पीड़ा। मुँह और होंठ छरछरायें खाल उधड़े।

गला—गलसुओं में थरथराहट तालु-मूल सूजन, कठिनता से निगल सके। घांटी के पीछे दर्दीला स्थान, खाने में कम हो। लेसदार बलगम के साथ भीतरी और बाहर गले की सूजन। कफ इतना कड़ा कि खखारा न जाये। तालु-मूल प्रदाह। गलनली की रुकावट।

आमाशय—लेमोनेड की प्यास, खाना ऊपर आवे, कड़वी लार आए, मिचली। पेट में कुतरन। खाने के बाद ही उदर पीड़ा, आमाशय का कर्कट रोग।

उदर—तिल्ली में चिलक, खासकर सुबह, कठिन साँस के साथ। नाभि की चारों तरफ दर्द। गर्भकाल में उदर लक्षण उपस्थित हों, जिगर में रक्त-संचय की पुरानी शिकायत। उदर के चारों तरफ अधिक चर्बी का जमा होना, अधिक हवा खुलना। पुट्ठों में खींचन।

मलान्त्र—खाज और खूनी बवासीर; दाने निकलने के साथ लरलराहट। कड़ा, भुरभुरा या चमकदार श्लेष्मा से ढँका हुआ। मूलाधार में बींधन। हरा श्लैष्मिक मल और कब्ज बारी-बारी से। मल त्याग के समय और उसके बाद मलान्त्र में जलन और कड़क। प्रदर दबने के बाद आया खूनी बवासीर।

स्त्री—मासिक धर्म बहुत पहले, बहुत खुलकर, गहरा थक्केदार, रात में बढ़े। गर्भकाल में ऐसा दर्द मानो उदर की बायीं तरफ मोच आ गई हो। आमातिसार, मल हरियालीदार और नाभि-पीड़ा मासिक काल में। अण्डे की सफेदी की तरह प्रदर (ऐलम, बोरैक्स, कैल्के० फास०), नाभि दर्द के साथ। पेशाब करने के बाद कत्थई, चिकना प्रदर स्राव।

साँस-यन्त्र—आवाज भारी और स्वरनली में जलन। सूखी कड़ी, खरखरी खाँसी, चित्त लेटने से या दाहिनी तरफ लेटने से बढ़े। सीने में चिलक। तीसरे पहर ढीली खाँसी, साथ में अधिक बलगम और श्लेष्मा की खड़खड़ाहट। सीने में दाह। सीने की छोटी जगहों में जलन। बलगम थोड़ा निकले। अधिक लार बहने के साथ खाँसी।

पीठ—कन्धों के बीच में बर्फ जैसी ठण्डक, गरम चीज ओढ़ने से भी कम न हो, बाद में खुजली। बैठने पर पिठासे की हड्डी में कसाट-दर्द। बैठने पर पीठ में दर्द मानों बाँक में कसी हो।

अंग—अंगुलियों के सिरों में दर्द जैसे वहाँ घाव है। हाथ और पैर की अंगुलियों के सिरों में तेज चिलकन और फटन। एड़ी में घाव जैसा दर्द। घुटने में सिकुड़न। गृध्रसी जो बैठने से बढ़े, लेटने से कम हो। कटे (ठुण्ट) अंगों में स्नायुशूल। पैर का दुर्गन्धित पसीना। मासिक काल में पैरों में दर्द।

चर्म—खाज, अक्सर शाम को। कई जगहों पर छाले, घोर जलन, ठण्डी चीज लगाने से कम हो।

ज्वर—शाम को लेटने पर और जगाने पर बिना प्यास। हथेली और पैर के तलवों में गरमी लगना। ज्वर का दूसरा दर्जा। मन्द ज्वर। अस्वास्थ्यकर जलवायु के कारण आया मन्द ज्वर। सबसे नीचे की शक्ति दें।

घटना-बढ़ना—घटना: खुली हवा में। बढ़ना: सिर और सीने के लक्षण शाम को, उदर लक्षण तीसरे पहर।

सम्बन्ध— शामक: कॉफिया, नक्स, कॉस्ट० । तुलना : कैल्केरिया०, सेनेगा, कॉस्टिक ।

मात्रा—३ से ६ शक्ति ।

एमोनियम फासफोरिकम
(Ammon. Phos.)
(Phosphate of Ammonia)

पुराने गठिया रोग की दवा है। मूत्राम्ल दोष; वायु नलिका समूह में और हाथ की अंगुलियों के जोड़ों और पिछले भाग पर गाँठ बनने में भी उपयोगी है। चेहरे का पक्षाघात, कन्धों के जोड़ में दर्द । सीने के आरपार कसापन। अंगों का भारीपन, लड़खड़ाना; चलने में असावधान। हवा लगने से ठंडक आए।

सिर– नाक और आँखों से अधिक स्राव के साथ छींकें आना; केवल सुबह।

साँस-यन्त्र –गहरी, खरखरी खाँसी और हरा बलगम ।

मूत्र–गुलाबी तलछट ।

मात्रा--३ दशमलव शक्ति ।

एमोनियम पिक्रेटम
(Ammon. Pic.)
(Pictrate of Ammonia)

मलेरिया ज्वर, स्नायुशूल और पित्तज-सिरदर्द के नाम से पुकारे जाने वाले दर्द की औषधि। सिर के पिछले भाग में और गोस्तनाकार प्रवर्द्धन में पीड़ा। कुकर खाँसी।

सिर—सिर के पिछले भाग को दाहिना तरफ का सामयिक स्नायुशूल, जो कान, चक्षुकोटर और जबड़े तक जाता है। उठने पर चक्कर आये। सामयिक पित्तौ, सिर दर्द (सैंग्विनेरिया)

मात्रा—३ विचूर्ण।

एमोनियम वैलेरियेनिकम
(Ammon. Valer.)
(Valerianate of Ammonia)

स्नायविक, मूर्च्छा प्रकृति के लोगों की औषधि जो स्नायविक सिर दर्द और

अनिद्रा से ग्रस्त हों, प्रबल स्नायविक उत्तेजना बनी रहती है।

दिल—हृदय प्रदेश में दर्द। कार्य सम्बन्धी गड़बड़ी, तेज धड़कन।

मात्रा—निचली शक्ति।

एम्पेलोप्सिस
(Ampelopsis)
(Vriginia Creeper)

गुर्दा—वृक्क विकार से आया शोथ, हाइड्रोसील और गण्डमाला रोगी के जीर्ण स्वर-भंग को इस दवा से लाभ हुआ है। हैजे के लक्षण। प्रायः ६ बजे शाम को रोग बढ़ना। पुतली फैली हुई। बायीं पसली में दर्द और कोमलता। केहुनी के जोड़ दर्द करें, पीठ दर्द से सभी अंग पीड़ित। कै करना, ऐंठन के साथ दस्त। उदर में गड़गड़ाहट।

मात्रा—२ से ३ शक्ति।

एमिग्डैलस परसिका
(Amygdalus Persica)
(Peach Tree)

कई तरह के वमन की एक अति अमूल्य औषधि है। गर्भावस्था का वमन। आँखों की उत्तेजना। मूत्ररोध, रक्तमूत्र।

मूत्राशय से रक्तस्राव।

बच्चों के आमाशय की उत्तेजना, किसी प्रकार का भोजन भी न सहन हो। सूँघने और स्वाद की शक्ति मिट जाए। आमाशय और आंत्र उत्तेजना जबकि जबान लम्बी और नोकीली हो; सिर और किनारे लाल हों। लगातार मिचली और कै।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एमिग्डे० एमारा—कड़वा बादाम, (तालुमूल के आरपार दर्द, गला गहरे रंग का, निगलना कठिन, कै, सीना दर्द के साथ खाँसी)।

मात्रा—ताजा काढ़ा या मूल टिंचर।

एमिल नाइट्रोसम
(Amyl Nitrosum)
(Amyl Nitrite)

यह दवा सूँघने से बड़ी तेजी से सभी धमनियों और कौषिक नलिकाओं को फैलाती है, जिससे चेहरा लाल हो जाता है, गरम हो जाता है और सिर में थरथराहट होती है। सतह की धमनियों में खून अधिक जमा होना, दिल की धड़कन और ऐसी ही दूसरी हालतें इस दवा से जल्दी ही ठीक हो जाती हैं, खासकर चेहरे की लाली और ऐसी ही रजोनिवृत्तिकाल की असुविधायें। **हिचकी और जम्हाई।** अक्सर कुछ समय के लिए मिर्गी के फिट को ठीक करती है। सामुद्रिक मिचली।

सिर—आकुलता, मानो कुछ हो न जाये, **ताजी हवा चाहिए।** **सिर और चेहरे में खून बढ़ना,** संवेदन जैसे खून चर्म में से बाहर निकल पड़ेगा। गरमी और लाली के साथ। रजोनिवृत्तिकाल में खून चेहरे में दौड़ना, बाद में पसीना। कानों में रक्त संचयता। थरथराहट।

गला—सिकुड़न, कालर कसा लगे।

सीना—छोटी साँस और दमा ऐसा मालूम पड़े। सीना जैसे भरा हुआ है और दर्द, दम घोटने वाली खाँसी। दिल के ऊपर सीना में व्याकुलता। **दिल की तेज चाल।** दिल के चारों तरफ दर्द और सिकुड़न। जरा भी हरकत से उत्तेजना और फड़फड़ाहट।

स्त्री—प्रसवान्तक वेदना, रक्त प्रवाह, चेहरा लाल। जीवन-सन्धि कालीन सिर दर्द और गरमी की लहरें। उत्सुकता और धड़कन के साथ।

ज्वर—अधिक गरम लहरें, कभी-कभी इसके बाद चर्म का ठंढापन और लेसदार खूब पसीना बहना। सारे शरीर में थरथराहट। इन्फ्लुएञ्जा के बाद असाधारण पसीना बहना।

अंग—लगातार घण्टों तक फैलाये रहना। हाथ शिरायें फूली हुई; अंगुलियों के सिरों में नाड़ी-संवेदन।

सम्बन्ध—तुलना-ग्लोनोइन, लैके० : प्रतिषेधक : कैक्टस, स्ट्रिक्निया, अखरोट।

मात्रा—३ शक्ति।

उपशम के लिए सभी हालतों में जहाँ रक्त नलिकाओं में आक्षेप (सिकुड़न) हो जैसे दिल का शूल, मिर्गी का हमला, अर्धकपाली दर्द, ठण्ढक और पीलापन इत्यादि के साथ दमा, क्लोरोफार्म, दम-घुटने में **एमिल नाइट्रेट के सूँघने से** तुरन्त लाभ होता है। इसके लिए मूल औषधि २-५ बूँद रूमाल पर डालकर सूँघना चाहिए।

एनाकार्डियम
(Anacardium)
(Marking nut)

एनाकार्डियम का रोगी अधिकांशतः स्नायविक दुर्बलता के लोगों में पाया जाता है। ऐसे लोग स्नायविक बदहजमी से पीड़ित रहते हैं और उन्हें भोजन करने से आराम मिलता है, स्मरणशक्ति कमजोर, निरुत्साहित और चिड़चिड़ापन, सूँघने, देखने और सुनने की शक्ति कम होना। आतशक रोग वाले अक्सर ऐसे लक्षणों से पीड़ित रहते हैं। लक्षणों का रुक-रुक कर उठना। विद्यार्थी में परीक्षा का भय। ज्ञान इन्द्रियाँ दुर्बल, काम करने से घृणा, अपने में भरोसा कम होना। कसम खाने और कोसने की प्रबल इच्छा। शरीर के कई भागों में गुल्ली ठूँसी हुई मालूम हो—आँखें, मलाशय, मूत्राशय आदि। फीता भी कसा हुआ मालूम हो। पेट में खालीपन, भोजन करने से कुछ देर के लिए आराम मिले। यह इस दवा की खास पहचान है जो अक्सर आजमायी गयी है। इसके चर्म लक्षण रसटॉक्स की तरह हैं, यह दवा सिरपेंचे के जहर का बहुमूल्य तोड़ है।

मन—विचार स्थिर। भ्रम समझता है कि उसमें दो व्यक्ति या दो इच्छा-शक्तियाँ साथ-साथ काम कर रही हैं। टहलने में घबराहट, मानो उसका पीछा किया जा रहा है। घोर चिन्ता और रोगग्रस्त होने की शंका; बहुत तेज भाषा का प्रयोग करने की प्रवृत्ति; स्मरण शक्ति दुर्बल। मानसिक अनुपस्थिति, जल्दी क्रोधित होना।। डाह करना, बुराई करने पर तैयार। अपने ऊपर और दूसरों में भरोसा की कमी। शुबहा करना (हायोस०)। सूक्ष्मदर्शी, बहुत दूर की आवाज या मरे लोगों की आवाज सुनता है। वृद्धि लोगों की मानसिक क्षीणता। सभी नैतिक बन्धन लोप होना।

सिर—चक्कर। दाब के साथ दर्द, जैसे गुल्ली ठुकी हो, मानसिक परिश्रम से कुछ बढ़े—माथे में, सिर के पिछले भाग में, कनपटियों में चाँद पर। भोजन करते समय कम रहे। चमड़ी पर खाज और छोटी फुन्सियाँ।

आँखें—घेरे के उपरी भाग में गुल्ली ठूँसी जैसा चाप। धुँधलापन। चीजें बहुत दूर दिखाई दें।

कान—कानों में गुल्ली जैसा चाप। कम सुनना।

नाक—अकसर छींकना। सूँघने की शक्ति छिन्न होना। धड़कन के साथ जुकाम, नाक बहना, खासकर वृद्ध में।

चेहरा—आँखों की चारो तरफ नीले घेरे। चेहरा पीला।

मुँह—दर्द भरे छाले; दुर्गन्ध। जबान सूजी लगे, बोलने और हिलाने में

रुकावट। मुँह में अधिक लार। होंठों के चारों तरफ काली मिर्च ऐसी परपराहट।

आमाशय—पाचन शक्ति दुर्बल, भारीपन और तनाव के साथ। **आमाशय में खालीपन का बोध।** डकार, मिचली, कै। **भोजन करना, एनाकार्डियम के अजीर्ण को कम करता है।** खाते या पीते समय गला घुटता-सा लगे। खाना और पीना जल्दी निगले।

उदर—**आँतों में गुल्ली ठूँसी मालूम हो।** गड़गड़ाहट, चुटकी काटे जाने जैसा बोध।

मलान्त्र—आँतें कार्य न करें। **असफल इच्छा। मलान्त्र शक्तिहीन मानो गुल्ली ठोंक कर बंद कर दिया गया हो,** गुदा की पेशियाँ सिकुड़ी हों, ढीला मल भी कठिनाई से निकले। **गुदा में खाज, मलाशय से रस निकले।** मलत्याग काल में रक्त प्रवाह। दर्दीला बवासीर।

पुरुष—कामोत्तेजक खाज, कामेच्छा अधिक, बिना स्वप्न धातुक्षीणता। मलत्याग के समय ग्रन्थि रस-स्खलन।

स्त्री—प्रदर दर्द; और खाज के साथ। मासिक धर्म कम।

साँस यंत्र—सीने में गुल्ली ऐसी दाब, सीने पर दाब, आंतरिक गरमी और चिन्ता के साथ, खुली हवा में भाग जाये। बच्चों को बात करने से; क्रोध करने के बाद; खाने के बाद खाँसी हो फिर कै के साथ सिर के पिछले भाग में दर्द हो।

दिल—धड़कन, साथ में स्मरण शक्ति दुर्बल। वृद्धों का जुकाम। दिल में चिलक। दोहरी चिलकन के साथ हृदय पीड़ा।

पीठ—कंधों में धीमा दाब जैसा बोझ रखा है। गरदन की जड़ में कड़ापन।

अंग—अंगूठे में स्नायुशूल। पक्षाघात जैसी दुर्बलता। घुटने बेदम लगें या पट्टी बँधी मालूम पड़े। पिण्डली में ऐंठन। नितम्ब पेशियों में गुल्ली कसी है ऐसा संवेदन। हाथ की हथेली पर मस्से। अंगुलियाँ सूजी हुई और जल भरे दाने निकलें।

नींद—कई रातों तक अनिद्रा का आक्रमण। व्याकुल स्वप्न।

चर्म—बहुत खुजली वाला अकौता, मानसिक उत्तेजना के साथ जल दानें, सूजन, जुलपित्ती, ओकविष (सिरपेंचे) के जहर की तरह चर्मरोग (जेरोफिल, ग्रिण्डेलिया, क्रोटन)। सादी घमौरी, स्नायविक अकौता हाथों पर मांसांकुर। अगले बाजू पर घाव।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: गरम पानी लगाने से। घटना: खाने से–करवट लेटने पर, मलने से।

सम्बन्ध-शामक: ग्रिण्डेलि, कॉफिया, जुगलैंस, रस, यूकिलैप्टस।

तुलना कीजिए: एनाकार्डियम ओक्सिडेण्टल (केशूनट) (विसर्प रोग, मवाद भरे दाने चेहरे पर छाले) संवेदनहीन कोढ़, मस्से, मांसाकुर, घाव, पैर के तलवों के चर्म का चिटकना। (रस०, साइप्रिपेड, चेलिडोनियम, जेरोफिल, प्लैटिना बाद में अच्छा काम करता है।) सिरियस सरपेण्टाइना (कसम खाना)।

मात्रा—६ से २०० शक्ति।

एनागैलिस
(Anagallis)
(Sacarlet Primpernel)

चर्म पर स्पष्ट प्रभाव और टपकन, सभी जगह बहुत खाज। खपची निकालने में सहायता देता है। जलांतक रोग और शोथ रोग की पुरानी औषधि है। मांस को मुलायम करने की और मस्सों को नष्ट करने की शक्ति रखती है।

सिर—अति प्रफुल्ल। आँखों के ऊपरी भाग में दर्द, साथ में उदर में गड़गड़ाहट और डकार आना, कॉफी पीने से कम हो। सिर दर्द। चेहरे की पेशियों में दर्द।

अंग—संधिवात और गठिया दर्द। कंधों और बाँहों में दर्द। अंगुलियों और अंगूठों के गद्दी में ऐंठन।

मूत्र—मूत्रमार्ग में थोड़ी बहुत उत्तेजना, जो मैथुन की प्रवृत्ति जगाये। मूत्र-स्खलन काल में मूत्र मार्ग में जलन, लिंग के मुँह का चिपकना। मूत्रधार कई और निकलने के पहले दबाना पड़े।

चर्म—खुजलीदार 'सूखे' चोंकर जैसे 'दाने', खासकर हाथों और अंगुलियों पर; हथेली खासकर रोगग्रस्त। छत्तेदार दाने। जोड़ों पर घाव और सूजन।

सम्बन्ध— एनागैलिस में सैपोनिन होता है।

तुलना कीजिए—साइक्लैमेन, प्रिमुला ओबकान।

मात्रा—१ से ३ शक्ति।

एनाथेरम
(Anatherum)
(Cu-cus An East Indian Grass)

एक उच्च कोटि की चर्म औषधि।

कई स्थानों की दर्द भरी सूजन, जो पक जाये। ग्रन्थि प्रदाह।

सिर—दर्द; मस्तिष्क में जैसे नोकीला तीर चुभ रहा है; तीसरे पहर बढ़े। खाल पर दाद, घाव, रसौली। पलकों के किनारे पर मस्से। नाक के सिर पर फुन्सियाँ, गुल्म। जबान पर दरार, किनारे फटे हों। अधिक लार बहना।

मूत्र—गँदला, गाढ़ा श्लेष्मा मिला हो। लगातार इच्छा। मूत्राशय जरा भी मूत्र रोक न सके। अनिश्चित स्राव। मूत्राशय प्रदाह।

कामेन्द्रिय—उपदंश जैसे घाव। जरायु ग्रीवा पर कठिन अर्बुद जैसी सूजन। स्तन सूजे, कड़े; घुण्डी की खाल उधड़े।

चर्म—गन्दा; टेढ़े-मेढ़े नाखून। दुर्गन्धित पैर का पसीना। फोड़े, फुन्सियाँ घाव। विसर्प रोग। तीव्र खुजली, मोटा दाद।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : स्टैफिसेग्रिया, मर्क, थुजा।

मात्रा—३ शक्ति।

एन्हैलोनियम
(Anhalonium)
(Mescal Button)

मेस्कल की प्रबल नशीली मदिरा है जो पलके फुयेर्टे से उतारी जाती है। पलके मैक्सिको में एगेवे अमेरिकाना से बनती है जो उस स्थान में मैग्वे नाम से पुकारी जाती है और मैक्सिको का राष्ट्रीय पेय है। इण्डियन इसको पेयोट कहकर पुकारते हैं। यह दिल को दुर्बल बनाती है और पागल कर देती है। इसका विशेष प्रभाव सुनने वाली स्नायु पर पड़ता है, क्योंकि यह हर एक पियानो के स्वर को धुन का केन्द्र बना देती है जो एक रंग के चक्र से घिरा मालूम होता है और संगीत की मात्रा से थिरकता रहता है।

यह ऐसा नशा उत्पन्न करता है कि अनोखे मानसिक चित्र आते हैं, अति सुन्दर और परिवर्तन और बढ़ी हुई शारीरिक योग्यता। राक्षस और दूसरी भयानक आकृतियाँ भी दिखाई देती हैं। दिल के लिए शक्ति और साँसयंत्र को उत्तेजित करने वाला, मूर्च्छा और अनिद्रा, बौद्धिक धुँधलापन, प्रलाप, अधकपारी, दृष्टि-भ्रम, रंगीन, चमकीले आभास के साथ की दवा। चालन स्नायु यन्त्र का असहयोग। अति पैशिक मन्दता, घुटने की चक्की अति प्रतिक्षेपिक। नीचे के अंगों का लकवा।

मन—समय पहचानने का विचार नष्ट हो जाए। उच्चारण कठिन। असन्तोष और क्रोध। आलसी।

सिर—दृष्टि की गड़बड़ी के साथ सिर दर्द। विचित्र भयानक, चमकीले, चलते-फिरते आभास दीख पड़ना। ताल देने से प्रभावित होना। पुतलियाँ फैली हुईं। चक्कर, मन थका हो, रंग-विरंगी वस्तुएँ देखना, मामूली आवाज की प्रबल गूँज।

मात्रा—मूल अरिष्ट।

सम्बन्ध—एगवे से तुलना कीजिए। ऐन्हैलोनियम का नशा कैनाबिस इण्डिका और ओएनैन्थे की तरह होता है।

एनेमोप्सिस कैलिफोर्निका (**Anemopsis Califo.**)

(Yerba Mansa—Household Herb)

श्लैष्मिक झिल्ली की औषधि है। नासिका झिल्ली के जीर्ण प्रदाह के साथ अधिक ढीलापन और स्राव। नजले की दवाओं की प्रमुख औषधि, जबकि सिर और गला भरा हुआ मालूम हो। कटन, छिलन, मोंच में लाभदायक, मूत्रवर्द्धक और मलेरिया में उपयोगी। अभी सिद्ध नहीं की गई है। लेकिन अधिक श्लैष्मिक स्राव या पनीले स्राव में लाभदायक पाई गई है। नाक और गले का नजला, अतिसार और मूत्रमार्ग की पीड़ा। दिल की बीमारी में भी अच्छी कही जाती है, शान्त करने के लिए जबकि बहुत उत्तेजना हो। अफरा, पाचन-क्रिया बढ़ाती है।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : पीपर मेथ०।

मात्रा—मूल अरिष्ट का भीतरी प्रयोग और बाहरी छिड़काव।

ऐंगस्टुरा वेरा (**Angustura Vera**)

(Bark of Galipea Cusparia

वात और पक्षाघात दोष—टहलने में बहुत कठिनाई, सभी जोड़ों का चटकना।

काफी पीने की प्रबल इच्छा : इसकी बड़ी विशेषता है। लम्बी हड्डियों का सड़न। पक्षाघात। ताण्डव रोग। पेशियों और जोड़ों की जकड़न। असाधारण असहिष्णुता।

मुख्य कार्यक्षेत्र : रीढ़ की चालक स्नायु और श्लैष्मिक झिल्ली।

सिर—अति असहिष्णुता। सिर दर्द के साथ चेहरे की गरमी। चेहरे की पेशियों में खींचन। जबड़े खोलते समय कनपटी की पेशियों में दर्द, जबड़ों के हिलाने में दर्द,

चबाने की पेशियों में दर्द; मानो बहुत अधिक चबाया हो। गंडास्थि प्रवर्द्धन में ऐंठन के साथ दर्द।

आमाशय—कड़वा स्वाद। कहवा पीने की प्रबल इच्छा। नाभि से सीने की हड्डी में दर्द जाये। पाकाशय की दुर्बलता से आयी मन्दाग्नि। डकार, खाँसी के साथ (ऐम्ब्रा)

उदर—आन्त्र शूल के साथ अतिसार। ढीले मल के साथ कुन्थन। जीर्ण अतिसार, कमजोरी और दुबलापन के साथ। गुदा में जलन।

पीठ—पीठ में खुजली। ग्रीवा सम्बन्धित अस्थियों में दर्द। गरदन में खींचन। रीढ़, गरदन की जड़ में और त्रिकास्थि में दर्द, जो दाब से बढ़े। पीठ के ऊपर नीचे फड़कन, झटकन; पीछे झुकता है।

अंग—पेशियों और जोड़ों में कड़ापन और तनाव। टहलने पर अङ्गों में दर्द। बाँहें थकी और भारी। लम्बी अस्थियों का सड़ना। अंगुलियों में ठंडापन, घुटनों में दर्द। जोड़ों का चुरचुराना।

चर्म—सड़न, बहुत दर्दीले घाव जो अस्थि पर आक्रमण करें।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : नक्स, रूटा, मर्क०, ब्रूसिया–नक्स वोमिका या ऐंगस्टुरा फाल्सा० की छाल (चेतनता के साथ ताण्डव रोग) आवाज से और तरल पदार्थ से बढ़े। निचले अंग शक्तिहीन, जरा भी छूने से बढ़े, छुए जाने के भय से ही रो दे। टाँगों का दर्द। झटके। घुटनों में ऐंठन के साथ दर्द। पक्षाघात में अङ्गों की अकड़न। पथरी निकलने में दर्द के लिए हितकर।

मात्रा—६ शक्ति।

एनिलिनम (**Anilinum**)

(Coal Tar Product—Amidobenzene)

स्पष्ट चक्कर और सर दर्द, चेहरा बैगनी रङ्ग का। लिंग और अण्डकोष में दर्द, सूजन के साथ। मूत्रमार्ग के अर्बुद। घोर रक्तहीनता और साथ में चर्म का रङ्ग बिगड़ा हो, नीले होंठ, अक्षुधा, आमाशय में गड़बड़ी। चर्म सूजन।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : आर्सेनिक; एण्टिपाइरिन।

—:o:—

एन्थेमिस नोबिलिस (**Anthemis Nobilis**)

(Roman Chamomile)

यह दवा मामूली कैमोमिला की तरह है। आमाशयिक गड़बड़ी, ठंडक के साथ। ठंडी हवा और ठंडी वस्तुएँ असह्य।

साँस-क्रिया—नाक बहना, अधिक नेत्र जल स्राव, छींक और नाक से स्वच्छ पानी बहने के साथ। घर के अन्दर रोग बढ़े। गले की सिकुड़न और कच्चापन। खाँसी, गुदगुदी गरम कमरे में बढ़े।

उदर—जिगर प्रदेश में टीस, उदर के भीतर मरोड़। ठंडक जो टाँगों तक हो। गुदा की खुजली, सफेद लपसी जैसा मल।

मूत्र—मूत्राशय फैला हुआ हो। शुक्र-रज्जु में दर्द, जो कि भरा मालूम दे। जैसे नसें सिकुड़ गई हों। घड़ी-घड़ी पेशाब मालूम हो।

चर्म—तलवों में खाज जैसे बेवाई फटी हो। रोयें खड़े हों।

मात्रा—३ शक्ति का प्रयोग कीजिए।

एन्थ्रासिनम (Anthracinum)

(Anthrex Poison)

यह बीज-औषधि पालतू जानवरों की तिल्ली की महामारी में बहुत बड़ी औषधि सिद्ध हुई है। रोगग्रस्त प्रदाह, जहरबाद और कठिन घाव। पीब वाले घाव। फुन्सियाँ और फुन्सी की तरह के चर्म-रोग। मुँहासे में घोर जलन। सौत्रिक-तन्तु का कड़ा पड़ना, फोड़े, गिल्टी और संयोजक तन्तु के सभी प्रदाह। जिनमें पीब केन्द्रित हो।

तन्तु—रक्त प्रदाह, काला गाढ़ा, तारकोल की तरह, तेजी से सड़े, किसी शरीर छिद्र में से। ग्रंथि सूजे, सौत्रिक-तन्तु शोथग्रस्थ और कड़े। गन्दगी के उपद्रव। गलने-सड़ने वाले घाव और असह्य जलन। विसर्प, काले और नीले छाले। शवच्छेदन घाव। कीड़ों-मकोड़ों का डंक मार जाना। दुर्गन्ध सूँघने का बुरा परिणाम। गलित कर्णमूल प्रदाह। फुन्सियों का ताँता। सड़न। दूषित स्राव।

सम्बन्ध—आर्सेनिक समान है और उसके बाद प्रायः यह दवा दी जाती है।

तुलना कीजिए—पाइरो०, लैके०, क्रोटेलस, हिप्पोजोइन, एचिनेशिया।

साइलीसिया इसके पश्चात् अच्छी दवा है। कारबंकल के इलाज में पैगम्बर इसैयाह का नुस्खा राजा हेजेकिया के कारबंकल के लिए दिया गया था, याद रखिए। एक अंजीर का गुद्दा पुल्टिस पर रखकर बाँधिए।

मात्रा—१० शक्ति। टैरण्टुला क्युबेन्सिस

एन्थ्राकोकैली (Anthrako kali)

(Anthracite Coal Dissolved in Boiling Caustic Potash)

चर्म रोग जैसे सूखी खुजली, तीव्र खाज, जीर्ण मोटा दाद चिटकन और घाव में लाभदायक है। गोल स्तनाकार दाने जिनमें रस भरने की प्रवृत्ति हो; खासकर

अण्डकोष पर, हाथों जंघास्थि, कन्धों और पैर के ऊपरी उभरे भाग पर। घोर प्यास। जीर्ण गठियावात। पित्त के हमले, पित्त का वमन करना, उदर फूलना।

मात्रा—निम्नशक्ति विचूर्ण।

एण्टिमोनियम आर्सेनिकोजम (**Antimonium Arsenicosum**)

(Arsenite of Antimony)

वायुकोषों का फैलाव, घोर श्वासावरोध और खाँसी। अधिक श्लैष्मिक स्राव में लाभदायक पाया गया है। खाने और लेटने से कष्ट बढ़ना। नजले वाला फुफ्फुस प्रदाह, जो इन्फ्लुएंजा से मिला-जुला हो। हृद्वेष्ट प्रदाह और हृद्पिण्ड सम्बन्धी दौर्बल्य। फुफ्फुसावरक झिल्ली प्रदाह। प्लूरिसी खासकर बायीं तरफ का, साथ में रस स्राव और हृद्वेष्ट का प्रदाह, जिसमें पानी आए। दुर्बलता का संवेदन। आँखों की सूजन और चेहरे का शोथ।

मात्रा—३ विचूर्ण।

एण्टिमोनियम क्रूडम (**Antim. Crud.**)

(Black Sulphide of Antimony)

होमियोपैथिक प्रयोग के लिए मानसिक लक्षण और पाकाशय क्षेत्र के लक्षण इस औषधि का निर्णय कराते हैं। **अधिक जोश और घबराहट,** साथ में जबान पर **मोटा सफेद मैल,** चिड़चिड़ापन इस औषधि के अनेक लक्षणों की ओर संकेत करते हैं। सभी लक्षण गरमी से और ठण्डे पानी में नहाने से बढ़ते हैं। सूर्य की गरमी सहन न हो; मोटापे की प्रवृत्ति। दर्द का अभाव जहाँ उसका होना सोचा जा सकता है, संधिवात और पाकाशय लक्षण के साथ।

मन—अपने भाग्य पर बहुत चिन्तित। क्रुद्ध, विरोधी काम करे, जो कुछ भी किया जाये सन्तोषजनक न हो। अपने ही ऊपर कुपित, बोलना न चाहे। चिड़चिड़ा, बिना कारण खीज। बच्चा छूआ जाना या देखा जाना पसन्द न करे। जरा भी ध्यान देने से क्रोधित हो। भावुक।

सिर—चाँद में टीस अधिक, चढ़ने से, नहाने से, पेट की गड़बड़ी से, खास कर मिश्री खाने से या तेजाबी शराब पीने से बढ़े। दांतों का दब जाना। माथे में भारीपन, साथ में चक्कर, मिचली, नकसीर। सिर-दर्द और बहुत बाल झड़े।

आँखें—मन्द, धँसी हुई, लाल, खुजली हो, सूजी हुई, पलकें चिपकें। किनारे कच्चे, चिटकें, जीर्ण पलक-सूजन। पपोटों और कनीनिका पर दाने।

नाक—नथुने चिटके हुए और पपड़ीदार। नथनों का अकौता, कच्चापन, चिटकन, भूसी छूटना।

चेहरा—फुन्सियाँ, दाने, चेहरे पर रस भरे दाने। गाल और ठुड्डी पर पीले, पपड़ीदार दाने। भूरा और मांसहीन।

मुँह—मुँह के कोने चिटके हुए। सूखे होंठ। नमकीन लार। अधिक चिकना श्लेष्मा। जबान पर सफेद, मोटा मैल, जैसे चूना पोता हो। मसूढ़े दाँत से अलग हों, आसानी से खून बहे। खोखले दाँतों में दर्द। तालु का कच्चापन बहुत श्लेष्मा के साथ। घाव। पीठी का स्वाद। तृषाहीनता। मुँह के आस-पास थोड़े दिन का पुराना अकौता।

गला—पिछले भाग से अधिक गाढ़ा पीला श्लेष्मा खुली हवा में खखारना। स्वरनली प्रदाह। अधिक प्रयोग से आवाज भारी।

पेट—अक्षुधा—तेजाबी चीजें और अचार खाने की इच्छा। शाम को और रात में प्यास। जो कुछ खाया हो उसी की डकार आये और गला जलना, मिचली, कै। दूध पिलाने पर बच्चा फटे थक्कों की कै करे, फिर दूध न पिये और रुष्ट हो। पाकाशयिक और आंत्रिक रोग, रोटी, खीर, तेजाबी भोजन, खट्टी शराब, ठंढे पानी से नहाने से, अधिक गरम होने से, गरमी के दिनों में कष्ट बढ़े। लगातार डकार आना। पेट और आँत की तकलीफ, गठिया रोग से अदल-बदल कर हो। मीठी लार। खाने के बाद पेट फूलना।

मल—गुदा के रोग तथा खाज। (सल्फो-कैल्के०; ऐल्यूमि०)। वृद्ध में खासकर कब्ज और दस्त बारी-बारी से। अतिसार जो तेजाबी भोजन करने, खट्टी शराब, स्नान करने, अधिक गरम होने के बाद हो और उसमें आम आये। श्लैष्मिक बवासीर, श्लेष्मा बराबर रसा करे। सख्त गाँठदार पाखाना जिसके साथ पानी जैसा पतला मल भी आए। सरलान्त्र-प्रदाह। केवल श्लेष्मा ही गिरे।

मूत्र—अक्सर बार-बार हो; जलन और पीठ दर्द के साथ। गँदला और दुर्गन्धित।

पुरुष—जननेंद्रिय के आस-पास और अण्डकोष पर दाने। नपुन्सकता। लिंग और अण्डकोष की क्षीणता।

स्त्री—उत्तेजित, जननेन्द्रिय-भाग खुजलाये। मासिक धर्म के पहले दाँत दर्द। मासिक धर्म समय से बहुत पहले और अधिक मात्रा में। ठंढे पानी से नहाने पर मासिक धर्म दब जाए। साथ में पेड़ू में और डिम्बकोष क्षेत्र में कोमलता। प्रदर पनीला, तीखा, गाँठदार।

श्वास-यन्त्र—खाँसी जो गरम कमरे में आने पर बढ़े इसके साथ सीने में जलन।

सीने में खाज हो और दम घुटे। अधिक गर्मी के कारण बोलना बन्द। आवाज कड़ी और असमान।

पीठ—गरदन एवं पीठ में खुजली तथा दर्द।

अंग—पेशियों में फड़कन। बाँहों में झटके। अंगुलियों के जोड़ों में दर्द। नाखून भुरभुरे, बेढंगे बढ़ें। हाथों और तलवों में काँटेदार मस्से। लिखते समय हाथों में दुर्बलता और कम्प, बाद में दुर्गन्धित वायु खुले। पैर बहुत कोमल काँटेदार चकत्तों से भरे हों। प्रदाहित घट्टा एड़ी में दर्द।

चर्म—अकौता आमाशयिक विकार के साथ। दाने, फुन्सियाँ, रस भरे या छाले जैसे दाने, ठंढे पानी से नहाने के बाद। मोटी, कड़ी, शहद के रंग की पपड़ी। शीतपित्त, छोटी माता ऐसी फरन। बिस्तर की गरमी से खुजली हो। चर्म सूखा। मस्से (थुजा; सैबाइना; कॉस्टि०)। सूखी सड़न। पपड़ीदार, पीबभरे दाने, जलन और खुजली के साथ। रात में कष्ट अधिक हो।

नींद—वृद्ध लोगों में लगातार ऊँघाई।

ज्वर—गरम कमरे में भी सर्दी लगे। सविरामिक अरुचि, मिचली, कै, डकार, मैलवाली जबान, दस्त के साथ। गरम पसीना।

घटना-बढ़ना—बढ़े : शाम को, गरमी से, तेजाबी वस्तु के प्रयोग से, पानी से और नहाने से। गीली पुल्टिस से। घटे : खुली हवा में। आराम करने से। नमदार गरमी से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये—एन्टिमोनियम क्लोराइडम। बटर आफ एण्टिमनी (कैन्सर की एक दवा)। श्लैष्मिक झिल्ली का नष्ट होना। छिलना। चर्म गन्दा और चुचुका हुआ। घोर शिथिलता। मात्रा-विचूर्ण तीसरी शक्ति)

एण्टिमोन० आयोडेट०—गर्भाशय का फैल जाना, तर दमा, फुफ्फुस और वायु-नलिका समूह प्रदाह, शक्तिहीनता और क्षुधाहीनता, चर्म का पीलापन, पसीनादार, मन्द, ऊँघता हुआ। सीने का मन्द और जीर्ण नजला, जो कि सिर से नीचे की तरफ वायु नलिका समूह तक आकर बढ़े। कड़ी कुकुर खाँसी के रूप में बदल कर जमा हो जाये जिसमें साँय-साँय की आवाज स्पष्ट हो, बलगम ऊपर न उठा सके, खासकर वृद्ध और दुर्बल रोगियों (बैकमीस्टर) में। फुफ्फुस प्रदाह में धीरे और देर में पके।

तुलना कीजिये—करमेस मिनरल—स्टिबियाट सल्फ, रूब, (वायु नलिका समूह प्रदाह) पल्स, इपिकाक, सल्फ, भी।

पूरक—सल्फ।

क्रियानाशक—हीपर।

मात्रा—३ से ६ शक्ति।

एण्टिमोनियस सल्फ्युरेटम औरेटम (Antim. Suph. Aur.)

(Golden Sulphuret of Antimony)

कई तरह के नाम और वायुनलिका के जीर्ण प्रदाह की एक अनोखी दवा। मुंहासे। आंशिक या पूर्ण अन्धापन।

नाक और गला—नहाने से नकसीर आये। नाक और गले से अधिक स्राव। खुरखुरापन और खुर्चन जैसा लगे, सूँघने की शक्तिहीनता। तीखा स्वाद।

श्वास यन्त्र—स्वरनली में गुदगुदी। वायुनलिका में भरापन और अधिक श्लेष्मा, साँस-क्रिया कष्टदायक, वायुनली में दाब, सिकुड़न के साथ। वायुनलिका और स्वरनली में चिमड़ा श्लेष्मा। सूखी, कड़ी खाँसी। बाँयें फुफ्फुस के ऊपरी खण्ड की सिकुड़न। जाड़े की खाँसी। रोगी सारे शरीर से पीड़ित। फुफ्फुस प्रदाह जबकि कफ कड़ा हो और पतला होकर बहना शुरू न हुआ हो।

चर्म—मुँहासे (रस भरे), हाथ और पैर पर खुजली।

मात्रा—२ या ३ विचूर्ण।

एण्टिमोनियम टारटेरिकम (Antim. Tar.)

(Tartar Emetic, Tartrate of Antimony and Potash)

बहुत-से लक्षण एण्टिमोनियम क्रूडम के समान हैं, लेकिन बहुत-से लक्षण इसके खास हैं। चिकित्सा में इसका प्रयोग श्वास-रोग में होता है जबकि बलगम निकलने के साथ श्लेष्मा की घरघराहट एक सांकेतिक लक्षण हो। बहुत ऊंघाई, कमजोरी और पसीना, इस दवा की विशेषता है और यह लक्षण-समूह इस दवा के निदान में कम या अधिक पाया जाना आवश्यक है। शराब पीने वालों में और गठिया रोगी के आमाशय विकार। हैजा मॉरबस। नाड़ियों में ठण्डक का संवेदन। (ऐसा वर्म जो खीस्टोजमा नामी) जीवाणुओं के कारण आया हो (Bitharziasis)। एंटिमोनियम टार्ट कठिन मूत्रस्राव, पेशाब रुकना, पेशाब में खून, पेशाब में एल्बुमिन आना, मूत्रमार्ग प्रदाह, मलाशय में जलन, आमाशय विकार आदि रोगों में समलक्षणी है। एंटिमटार्ट शरीर की रक्षा करने वाले तत्वों को आक्सीजन पहुँचाकर अप्रत्यक्ष रूप से रक्षक जीवाणुओं को सबल बनाता है।

बिल्हारजियासिस-खीस्टोजमा नामक जीवाणुओं की संक्रमकता को दूर करने के लिए दिये गए इन्जेक्शनों के कुप्रभाव को भी यह दूर करता है। पेशियों में ठंडक, सिकुड़न और दर्द।

सारे शरीर में कम्प, घोर शिथिलता और मूर्च्छा। कटिवात। कपकपी, सिकुड़न और पैशिक पीड़ा। लिंगाग्र भाग पर मस्से।

मन और सिर—चक्कर और ऊँघाई बारी-बारी से। घोर निराशा। अकेले रहने में भय। बड़बड़ाये और तन्द्रा, चक्कर आये और मंद बुद्धि। माथे पर चारों तरफ फीता कसा जैसा मालूम दे। पीला और सिकुड़ा चेहरा। सिर दर्द जैसे फीते से कसा हो (नाइट्रि० एसि०)

ज़बान—लाल किनारों के साथ मोटी, सफेद लेई जैसी पुती हो। लाल और सूखी, खासकर बीच में। भूरी।

चेहरा—ठंढा, नीला, पीला, ठंढे पसीने से तर। ठुड्डी और निचले जबड़े लगातार हिलें।

आमाशय—तरल पदार्थ कष्ट से निगला जाये। सिवाय दाहिनी करवट लेटने के हर दशा में कै हो। मिचली, ओकाई और कै; खासकर खाना खाने के बाद। मृत्यु जैसी मूर्च्छा और शिथिलता के साथ। ठंडे पानी की प्यास, पानी थोड़ा और घड़ी-घड़ी पीये। सेब, फल और तीखी चीज खाने की इच्छा। मिचली भय पैदा करती है। निम्न प्रदेश में दाब के साथ चीख; जम्हाई, आँखों से पानी आए और कै होना।

उदर—आन्त्रिपक शूल, अधिक वायु-स्खलन। उदर में दाब, खासकर आगे झुकने पर। कठिन हैजा। विस्फोटक रोग का अतिसार।

मूत्र—पेशाब करते समय और बाद में मूत्र मार्ग में जलन। अन्तिम बूँद खूनी और मूत्राशय में दर्द। पेशाब बहुत बार लगना। मूत्राशय और मूत्र मार्ग का नजला। पेशाब की नली का सिकुड़ाव। अंडकोष की सूजन।

श्वास-यन्त्र—आवाज फटी हुई। श्लेष्मा बहुत खड़खड़ाये मगर बहुत कम निकले। सीने में मखमली संवेदन। सीने में जलन जो गले तक उठे। तेज, छोटी, कष्टदायक साँस; जान पड़े कि साँस रुक जायेगी, उठ बैठना पड़े। वृद्ध लोगों की वायुस्फीति। खाँसना और मुँह बाना साथ-साथ। वायु नलिकायें श्लेष्मा से लदी हों। खाने से खाँसी उठे, सीने और स्वरनली में दर्द के साथ। फुफ्फुस का शोथ और लकवा गिरने की सम्भावना। अधिक धड़कन, साथ में कष्टदायक गरम संवेदन। नाड़ी तेज, कमजोर काँपती हुई। खाँसी के साथ चक्कर। साँस कष्ट, डकार से कम हो। खाँसी और साँस कष्ट दाहिनी करवट लेटने से कम हो—(बेडियागा का उलटा)।

पीठ—त्रिकास्थि और कमर प्रदेश में तेज दर्द जो जरा भी हिलने की कोशिश से बढ़े और ठण्ढा, चिपचिपा पसीना आए, डकार आये। रीढ़ की आखिरी निचली हड्डी पर भारी बोझ जैसा मालूम हो जो बराबर नीचे को खींचता रहे। पेशियों का फड़कना, अंगों में कम्पन।

चर्म—जल भरे दाने निकलना, जो नीले निशान डालें। चेचक। मस्से।

ज्वर—ठंढापन, कम्पन, सर्दी। घोर गरमी। अधिक पसीना आये। ठंडा, चिपचिपा पसीना, बहुत मूर्च्छा के साथ। सविराम ज्वर बहुत सुस्ती के साथ।

नींद—बहुत ऊँघना। नींद आने पर बिजली ऐसे झटके। सभी रोगों के साथ न रोक सकने वाली नींद।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : शाम को, रात में लेटने पर, गरमी से, तर, ठंढे मौसमी, सभी खट्टी चीजों से और दूध से। घटना : सीधा बैठने से, डकार आने और बलगम निकलने से।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : पल्स; सीपिया।

तुलना कीजिए—कैली सल्फ, इपिकाक।

मात्रा—२ से ६ विचूर्ण। निचली शक्ति से कभी-कभी रोग बढ़ता है।

ऐन्टिपाइरिन (Antipyrine)

(Phenazone—A Coal-tar Derivative)

एण्टिपाइरिन उन दवाओं में से एक है जो खून में सफेद कण बढ़ाती है। अर्गोटिन, सैलसिलेट्स और ट्यूबरकुलीन तुल्य है। खासकर खून की नलियों के तनाव के केन्द्र पर काम करती है, चर्म की पतली खून की नलियों को फैलाती है। इसमें चर्म पर घिरे हुए खून जमा हुए, धब्बे और सूजन पैदा हो जाते हैं। अधिक मात्रा में खिलाने से बहुत पसीना बहना, चक्कर, चर्म का नीलापन और ऊँघाई, पेशाब में एल्बुमेन और खून आता है। कई तरह के लाल धब्बे।

मन—पागल हो जाने का भय, स्नायविक चिन्ता; देखने और सुनने का भ्रम।

सिर—थरथराहट के साथ सिर दर्द, सिकुड़न-संवेदन। गरमी की लपटें। सिर दर्द के साथ कानों के नीचे तक दर्द।

आँखें—पपोटे फूले हुए। सफेद पर्दा लाल और फूला हुआ, आँसू आये, लाल धब्बे (एपिस)।

कान—दर्द और भिनभिनाहट। घंटा बजने की आवाज सुनाई पड़े।

चेहरा—शोथ और फूलना। लाल और सूजा हुआ।

मुँह—होठों की सूजन। मुँह और मसूढ़ों की जलन। जबान और होठों पर घाव, फफोले और गोल फुड़िया। गाल में छोटी गाँठ। जबान सूखी हुई। खून मिली लार। निचले जबड़े में दर्द।

गला—निगलने पर दर्द। दुर्गन्धित बलगम। घाव, सफेद नकली झिल्ली। जलन का संवेदन।

पेट—मिचली और कै, जलन और दर्द।

मूत्र—थोड़ा; लिंग चर्म काला।

स्त्री—योनि में जलन और खुजली। मासिक स्राव दबा हुआ। प्रदर स्राव पानी जैसा।

श्वास-यन्त्र—बहने वाला जुकाम। नाक की श्लैष्मिक झिल्ली सूजी हुई। नथने के अगले भाग में मन्द टीस। स्वरनाश। कठिन साँस। साँस कष्ट से ले जो पुराने हृत्पेशी प्रदाह से फेफड़ों में रक्ताधिक्य का उपद्रव हो।

दिल—मूर्च्छा और धड़कन रुकने ऐसा संवेदन। सारे शरीर में थरथराहट। तेज, कमजोर, असमान नाड़ी।

स्नायु—मिर्गी। सिकुड़न, कम्पन और ऐंठन, रेंगन और ठिठुरन। सर्वाङ्ग शिथिलता।

चर्म—जगह-जगह पर लाल चकत्ते, अकौता लाल। तीव्र खुजली। जुलपित्ती तेजी से उभरे और गायब हो जाये, आन्तरिक ठंढक के साथ। स्नायुशूल और शोथ। लिंग के चर्म पर काले धब्बे, कभी-कभी शोथ के साथ।

मात्रा—२ दशमलवीय शक्ति।

एपिस मेलिफिका (Apis Mellifica)

(The Honey Bee)

सौत्रिक—गोल तन्तुओं पर काम करती है जिससे चर्म और श्लैष्मिक झिल्ली का शोथ हो जाता है। शहद की मक्खी के काटने का विचित्र असर इस दवा के रोग पर प्रयोग करने का अचूक संकेत देता है। शरीर में जगह-जगह सूजन या फूलन, शोथ, लाल गुलाबी रंग, डङ्क मारने जैसा दर्द, झुरझुराहट, गरमी और छूना सहन न होना और तीसरे पहर रोग का बढ़ना इसके आम मार्गदर्शक लक्षणों में कुछ हैं। सर्वाङ्ग शोथ, गुर्दों की तीव्र सूजन और दूसरे सान्द्र-विधान तन्तु का शोथ एपिस के कुछ खास लक्षण हैं। खासतौर से बाहरी भागों पर चर्म पर, अन्दरूनी अङ्गों के ऊपरी आवरणों पर, जल-झिल्लियों पर काम करती है। यह दवा जल भरी सूजन पैदा करती है, मस्तिष्क, दिल, फुफ्फुस की झिल्ली इत्यादि में यह दवा पानी (मवाद) लाती है। छुआ जाना असह्य और आम दुखन वर्णनीय लक्षण हैं। सिकुड़न का संवेदन। शरीर के भीतरी अङ्गों में सख्ती आती है और कभी-कभी यह मालूम पड़ता है कि वहाँ से कुछ तोड़ा जा रहा है। अधिक शिथिलता।

मन—उदासीनता, लापरवाही, अचेतनता। बेढब; चीजें हाथ से जल्द गिरा देता है। मूर्च्छा, साथ में तेज चिल्लाना और चिहूँकना। मूर्च्छा और उन्माद का दौरा बारी-

बारी से आये। मरने का संवेदन। निस्तेज, साफ-साफ सोच न सके। डाह। अशान्त, खुश करना कठिन। एकाएक तेज, तीखी चीख मारे। कराहे, ईर्ष्यालु, भयभीत, क्रोधी, चिढ़े, शोकग्रस्त। पढ़ने या अध्ययन करने में चित्त न जमे।

सिर—सारा मस्तिष्क बहुत थका मालूम पड़े। चक्कर छींक के साथ लेटने या आँख बन्द करने से बढ़े। गरमी, थरथराहट, तनाव के साथ दर्द जो दाब से कम हो; हिलने से बढ़े। अचानक छुरी लगने जैसा दर्द, सिर के पिछले भाग की संज्ञाहीनता; भारीपन, जैसे धक्के लगते हों जो गरदन तक बढ़े, (दाब से कम) साथ में कामोत्तेजना। सिर तकिये में गड़ा देता है और चीखता है।

आँखें—पलक सूजे, लाल शोथमय, बाहर को मुड़े हों, प्रदाहित जलें और डङ्क लगने जैसा दर्द। पुतली चमकीली लाल, फूली। गरम पानी बहे। रोशनी असह्य। अचानक कोंचन दर्द; पानी भर आए; शोथ; तेज दर्द। आँखों का पीवदार प्रदाह। कनीनिका प्रदाह के साथ में चक्षु-पटल का बाहर निकलना। अंजनहारी; उनके बार-बार होने को रोकती है।

कान—बाहरी कान, लाल, सूजा, दर्दीला, डंक लगने जैसा दर्द।

नाक—सिर का ठढापन। लाल, सूजी, फूली, तेज दर्द।

चेहरा—फूला, लाल, कोंचन दर्द के साथ। मोम जैसा पीला, शोथमयी। विसर्प रोग साथ में जलनदार शोथ दाहिने से बायें तरफ बढ़े।

मुँह—जीभ गहरी लाल सूजी हुई, दर्दीली, कच्ची; छालेदार। मुँह और गले में जलन जैसे गरम पानी से जला हो। जीभ जली मालूम हो; गरम, लाल, काँपती। मसूढ़े फूले। होंठ फूले खासकर ऊपर का। मुँह और गले की झिल्ली चमकीली मानो वार्निश पोती हो। लाल-चमकीला, फूला विसर्प जैसा जीभ का कैन्सर।

गला—सिकुड़ा, डंक लगने जैसा दर्द। घाँटी फूली, थैली जैसी। गला भीतर और बाहर से फूला हुआ; तालुमूल फूले, थुलथुले अंगार जैसे लाल। तालुमूल पर घाव। चर्म झिल्ली के चारों ओर अंगारे जैसी लाली। गले में मछली के काँटे जैसा संवेदना।

आमाशय—दर्द मालूम हो। तृषाहीनता। भोजन की कै। दूध पीने की प्रबल इच्छा (रस०)

उदर—दबाव पड़ने और छींकते समय दुखन हो जैसे कुचला गया था। अति कोमलता। जलोदर। आँतों की झिल्ली की सूजन। दाहिनी जाँघ में सूजन।

मल—प्रत्येक बार हिलने पर अनिच्छित मल निकले। गुदा छरछराये जैसा कच्ची हो; गुदा खुली मालूम पड़े। खूनी, बिना दर्द। खूनी बवासीर, चुभन दर्द गुदा के साथ। प्रसव के बाद। पनीला दस्त पीला, बाल हैजा की तरह। बिना मल

त्यागने के मूत्र न निकले। गहरा, दुर्गन्धित, खाने से बढ़े। कब्ज मालूम पड़े कि काँखने में कोई चीज टूट जायेगी।

मूत्र—पेशाब करते समय जलन और दर्द। दबा हुआ, कास्ट (Cast) से भरपूर। बार-बार हो, अनिच्छित, दर्द और रुक-रुक कर बूँद-बूँद हो; थोड़ा गहरे रङ्ग का अपने आप, अनजाने में हो जाये। आखिरी बूँद जलन और चुभन के साथ।

स्त्री—योनि के किनारों में शोथ, ठंडे पानी से आराम। पीड़ायुक्त और दंशवेध जैसा दर्द। पीण्डिका (डिम्बाशय) प्रदाह, दाहिने डिम्बाशय में अधिक। मासिक-स्राव दबा हुआ, मस्तिष्क और सिर के लक्षणों के साथ, खासकर युवतियों में। पीड़ा-युक्त मासिक स्राव, तीव्र डिम्बाशय दर्द के साथ। गर्भाशय से रक्तप्रवाह, इसके साथ उदर में भारीपन, मूर्च्छा, डंक लगने जैसा दर्द। कसाव का संवेदन। मानो मासिक-स्राव शुरू होगा। डिम्बाशय में अर्बुद, गर्भाशय प्रदाह जैसे दर्द के साथ। उदर और गर्भाशय क्षेत्र में अति कोमलपन।

श्वास-यन्त्र—स्वरभंग। साँस की चाल तेज और कठिनता से आए। स्वरनली का शोथ. जान पड़े कि अब साँस न आवेगी। दम घुटे, छोटी खाँसी, सीने के ऊपरी भाग में दाब। वक्षोदक।

अंग—शोथयुक्त। घुटनों के अस्थि आवरणों में पानी आए। गल्का के शुरू में। घुटना सूजा हुआ, चमकदार, कोमल, पीड़ायुक्त, चुभन, दर्द के साथ। पैर सूजे हुए और कड़े। बहुत बड़े जान पड़ें। पीठ और अङ्गों में वातपीड़ा। थकान, कुचले जाने की संवेदना। हाथों और अंगुलियों के सिरों का सुन्नपन, अति खुजली के साथ। शोथ की सूजन।

चर्म—बींधन के बाद सूजन, पीड़ा, कोमल। विसर्प कोमलता और सूजन के साथ, गुलाबी रङ्ग। कारबंकल जलन और बींधन दर्द के साथ। (आर्स०; एन्थ्रासि०)। एकाएक सारा शरीर फूल जाना।

नींद—घोर ऊँघाई। फिक्र और परिश्रम से भरे स्वप्न। चीखना और चिहुँकना, एकाएक नींद में।

ज्वर—तीसरे पहर कपकपी, प्यास के साथ, हिलने और गरमी से बढ़े। बाहरी गरमी, गला दबने जैसे संवेदन के साथ। पसीना, नींद आने जैसा लगे। अक्सर पसीना हो और जल्दी सूख जाय, बुखार के हमले के बाद सोना। पसीना होने के बाद जुलपित्ती, कम्प।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : गरमी किसी भी रूप में; छूने से; दाब से; तीसरे पहर के कुछ बाद, बन्द और गरम कमरे में, दाहिनी तरफ। घटना : खुली हवा में; ओढ़ना हटाने पर; ठंढे स्नान।

सम्बन्ध—पूरक : नैट्रम म्यूर । 'जीर्ण' एपिस; बैराइटा कार्ब भी अगर अलका व रक्तवाहिनियाँ भी रोगग्रस्त हों । विरोधी । रस० ।

तुलना कीजिए : एपियम विरस (शरीर में संचित हुए मलों से आत्म: उपद्रवः पीब आना); जिंकम, कैन्थरिस, वेस्पा, लैकेसिस ।

मात्रा—अरिष्ट से ३० शक्ति तक । शोथ विकार में निचली शक्ति । कभी-कभी असर धीमा होता है इसलिए कई दिन असर के लिए प्रतीक्षा चाहिए और तब पेशाब बढ़ जाता है । एपियम विरस—६ विचूर्ण ।

एपियम ग्रेविओलेन्स (Apium Grave.)

(कॉमन सेलेरी)

इसमें तीव्र निद्राकारक तत्व होता है । पेशाब की कठिन रुकावट के साथ टपक, सिर दर्द और गल-जलन; गला, चेहरा और हाथों का सूजन । गरदन और त्रिकास्थि की पेशियों में वात दर्द । बढ़ने वाले दर्द । सेब खाने की इच्छा । कष्टरज: तेज, दर्द के साथ, जो टाँगें मोड़ने से कम हो ।

सिर—उदास, शक्तिशाली अस्थिरता का भाव, सोने के कारण नींद न आवे । सिर दर्द, खाने से कम । आँखों के ढेले धँसे मालूम हों । आँखों में खुजली । बाँयीं आँख के भीतरी किनारे में खुजली और चुभन ।

उदर—दर्दीला; तेज गड़न दर्द जैसे मल निकलने वाला है, दस्त, बायें कोख-प्रदेश में तेज दर्द जो दाहिनी तरफ जाए । दर्द के साथ-साथ मिचली भी बढ़े ।

स्त्री—दोनों डिम्बाशयों में तेज दर्द, जो बाँईं तरफ झुकने से, बाँईं तरफ लेटने से, टाँग मोड़कर लेटने से कम हो । स्तन घुण्डी कोमल ।

श्वास-यन्त्र—गुदगुदी के साथ सूखी खाँसी । सीने के ऊपरी भाग पर घोर सिकुड़न, साथ में लेटने पर पीठ में से खींचन मालूम हो । गला सूजा हुआ, साँस में कष्ट ।

चर्म—खाज वाले चकत्ते, जलन, रेंगने जैसा संवेदन । स्रवित होते हुए घाव में से अधिक स्राव । जुलपित्ती, कम्प के साथ ।

नींद—बिना ताजगी के नींद लगना । १-३ बजे सुबह जाग जाये । खाने से सोने में कोई मदद न मिले । नींद न आने से थकावट न हो ।

मात्रा—१ से ३० शक्ति ।

एपोसाइनम ऐण्ड्रोसिमिफोलियम (Apocynum Andros.)

डॉगबेन

इस औषधि के वास्तविक लक्षण इसके बहुत ऊँचे दरजे की दवा होने की ओर संकेत करते हैं। इसमें दर्द घूमते-फिरते रहते हैं, बहुत तनाव और खींचन के साथ। सभी चीजों का स्वाद और उनकी महक शहद जैसी लगे। कृमि। कम्प और शिथिलता। सूजन जैसी संवेदना।

अंग—सभी जोड़ों में दर्द। पैर के तलवों और अंगुलियों में दर्द। हाथ-पैर की सूजन। अधिक पसीना, साथ में तलवों में बहुत गरमी। पैर की अंगुलियों में टपक के साथ दर्द। तलवों में ऐंठन। तलवों की तेज जलन। (सल्फर)।

मात्रा—अरिष्ट और पहली शक्ति।

एपोसाइनम कैनाबिनम (Apocynum Can.)

(इण्डियन हेम्प)

श्लैष्मिक और रक्त-रस झिल्ली के स्राव को बढ़ाती है और सौत्रिक तन्तु पर काम करती है, जिसकी वजह से शोथ और जल संचय हो जाता है और चर्म पर पसीजन होने लगता है। तीव्र मस्तक शोथ। नाड़ी की चाल का कम होना इसका प्रधान लक्षण है। जल संचय रोग, पेट में पानी जमा होना, पूर्ण शरीर का शोथ और वक्षोदक रोग तथा मूत्र रोग खासकर उसका दबना और बूँद-बूँद टपकना। गुर्दों की बीमारी में पेशाब से ऐल्बुमेन गिरने के रोग में। पाचन रोग, साथ में मिचली, कै, ऊँघाई, कष्टदायक साँस, इन सब दोषों में यह दवा अक्सर उपयोगी होगी जब कि शोथ रोग में बहुत प्यास और पाकाशयिक उत्तेजना की प्रधानता हो। दिल की चाल अक्रमिक। बाएँ हृद्कोष और त्रिदन्त के ठीक तरह न बन्द होने के कारण खून का लौट जाना। मद्यपान का बुरा परिणाम। मूत्र संकोचन, पेशियों का ढीलापन।

मन—अचम्भित, मन गिरा हुआ।

नाक—बहुत देर तक लगातार छींकें आती रहें (सैम्बुकस)। पुराना नजला जिसमें सिर में तीव्र भारीपन और नाक बन्द रहे, क्षीण स्मरण-शक्ति। मन्द सिर दर्द। जुकाम आसानी से हो, नथुने आसानी से सूजें और रुक जायें।

पेट—मिचली के साथ ऊँघाई। टहलने पर प्यास लगे। बहुत वमन होना। खाना या पानी तुरन्त निकल जाये, धीमा, भारी, रोगग्रस्त भाव। सीने और उदर के ऊपर सामने वाले भाग में दाब, साँस रुकने का भय (लोबे० इन्फ)। पेट में भारी कमजोरी का संवेदन। उदर फूला हुआ। जलोदर।

मल—पनीला, हवा मिला, गुदा में कच्चेपन के साथ खाने से बढ़े। मालूम हो जैसे सिकुड़ने वाली पेशी खुली है और मल बाहर हो रहा है।

मूत्र—मूत्राशय फूला हुआ। गँदला, गरम मूत्र गाढ़े श्लेष्मा और जलन के साथ पेशाब करने के बाद दर्द, बाहर निकालने की शक्ति कम हो। बूँद बूँद चूना। धार रुकना या बहुत कम आये। गुर्दों के विकार से आया शोथ।

स्त्री—अधिक मासिक स्राव, पेट फूलने के साथ। असाधारण रक्तस्राव उसके साथ मिचली और मूर्च्छा, जीवन संधिकाल में रक्तस्राव। बड़े थक्कों में खून निकले।

श्वास-यंत्र—छोटी सूखी खाँसी। सांस छोटा, असन्तोषजनक। आहें भरना। पेट के ऊपरी भाग और सीने पर दबाव।

दिल—त्रिकपाट से खून उल्टा बहना, दिल की गति तेज, निर्बल एवं अक्रमिक। धमनी का चाप कम, गरदन की रक्त-नली का फड़कना। शरीर नाली और आमशोथ।

नींद—बहुत बेचैनी और थोड़ी नींद।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : ठंढे मौसम में, ठंढी चीज पीने से, ओढ़ना हटाने पर।

सम्बन्ध—साइमैरिन, एपोसाइन० का उत्तेजक तत्व है, (नाड़ी गति को कम करता है और रक्तचाप को बढ़ाता है) स्ट्रोफैन्थस (घोर हृदय मंदता, तीव्र आमाशय विकार के साथ); एरैलिया हिस्पाइडा—वाइल्ड एल्डर (एक बहुमूल्य पेशाब बढ़ाने वाली दवा, खोखले भागों के शोथ में लाभदायक है, चाहे वह जिगर या गुर्दों की हों, कब्जियत के साथ। मूत्ररोग खासकर शोथ के साथ (स्कडर की राय है कि ५ से ३० बूँद मीठी टारटार की क्रीम में देना चाहिए; घोलकर।) एपिस, आर्सेनिक, डिजिटै०, लिवो०।

मात्रा—अरिष्ट (१० बूँद दिन में तीन बार) और तीव्र मदपान रोग में ४ औंस पानी में काढ़े का १ ड्राम।

एमोमॉर्फिया (Apomorphia)

(एल्कैलोयड फ्राम डीकम्पोजिशन ऑफ मॉरफिन बाइ हाइड्रोक्लोरिक एसिड)

इस पदार्थ की मुख्य शक्ति इसके तीव्र और तुरन्त कै उत्पन्न करने में है जो इसके होमियोपैथिक प्रयोग में प्रबल सांकेतिक लक्षण हो जाता है। वमन से पूर्व मिचली, सुस्ती, अधिक पसीना, लार, श्लेष्मा और आँसू निकलता है। वमन के साथ फुफ्फुस प्रदाह। मदपान के रोग के साथ लगातार मिचली, कब्ज, अनिद्रा।

सिर और पेट—चक्कर। पुतलियाँ फैली हुईं। मिचली और वमन। वमन करने की प्रबल उत्तेजना। सारे शरीर पर और खासकर सिर में गरमी लगना। खाली

मिचली और सिर दर्द, कलेजा जलना, कंधों के डैनों के बीच में दर्द। गर्भावस्था की कै। सामुद्रिक यात्रा के रोग।

असम चिकित्सा प्रयोग—एक ग्रेन का सोलहवाँ भाग हाइपोडर्मिक इन्जेक्शन ५ से १५ मिनट के अन्दर किसी प्रत्यक्ष के उपद्रव के बिना, प्रौढ़ व्यक्ति में वमन लाता है। अफीम के विष में इसका प्रयोग न करें। एप मॉर्फ० का हाइपोडेर्मिकैली इन्जेक्शन, १ ग्रेन का ३० वाँ भाग या उससे कम नींद लाने की अच्छी दवा है। प्रलाप की अवस्था में भी अच्छा काम करती है। आधे घण्टे के अन्दर नींद आ जाती है।

मात्रा—३ से ६ शक्ति।

एक्विलेजिया (Aquilegia)

(कोलम्बाइन)

हिस्टीरिया की औषधि। गुल्मवायु और मूर्च्छा जो सिर दर्द के साथ आये। स्त्रियाँ जो रजनिवृत्ति काल के समीप हों उनको हरे पदार्थ की कै, खासकर सुबह को। अनिद्रा। शरीर का स्नायविक कम्प, रोशनी और शोरगुल असह्य। युवा लड़कियों में कष्टदायक मासिक स्राव।

स्त्री—मासिकधर्म थोड़ा, साथ में धीमा दर्द, रात में दबाव, जो कटि प्रदेश की दाहिनी तरफ बढ़े।

मात्रा—पहली शक्ति।

एरैगैलस लैम्बर्टी (Aragallus Lam.)

(व्हाइट लोको वीड—रैटल वीड)

खासकर स्नायविक मण्डल पर काम करती है। एक चकित, मानसिक खिन्नता उत्पन्न करती है। शारीरिक असहयोग और लकवे के लक्षण। मति शक्ति रहित। सुबह की थकावट।

मन—घोर अवसन्नता, शाम और सुबह अधिक। अध्ययन न कर सके। नाराज, चिड़चिड़ा, बेचैन। चकित मानसिक गड़बड़ी और उदासीनता। अकेले रहना चाहे। चित्त न जमा सके, चित्त अनवस्थित। आकांक्षाहीन। लिखने में विकृत अभिव्यक्ति। अशान्त और बेकार घूमना। टहलते समय में ध्यान एकाग्र करना पड़े।

सिर—द्वि-दृष्टि। आँखों में जलन, निचले दाँत का चिटकना।

गला—टीस । भरा मालूम हो । मिचली के साथ दर्द । गलकोष गहरे रंग का, सूजा हुआ, चमकीला ।

श्वास-यन्त्र—सीने के अगले पंजर में बोझ जैसा । चोंड़ फीते से बँधा लगे । ऊपरी हड्डी में दर्द, दबाव ।

अंग—अङ्गों में कमजोरी । बाँयें जंघ-स्नायु की गृध्रसी । टहलते समय टाँग के अगले भाग की पेशियों में ऐंठन ।

सम्बन्ध-तुलना कीजिए—ऐरिस्ट्रोलोकिया और ओक्सिट्रोपिस—लोको बीज की दो किस्में; पैराइटा भी ।

मात्रा—६ और २०० शक्ति ।

एरेलिया रेसिमोसा (Aralia Racemosa)

(अमेरिकन स्पाइकनार्ड)

यह दमा की उन हालतों की दवा है, जहाँ लेटने से खाँसी बढ़े । सोते में पसीने से शरीर भीग जाये । हवा असह्य । दस्त, काँच निकलना । मलाशय में टीस- जो ऊपर को उठे, जिस करवट लेटे उसी करवट रोग बढ़े ।

श्वास-यन्त्र—सूखी खाँसी पहली नींद के बाद उठे; करीब आधी रात में । रात में लेटने पर दमा, अप्लेष्मिक खाँसी के साथ, पहली नींद के बाद बढ़े, गले में गुद-गुदी के साथ । सीने में कसापन । मालूम पड़े जैसे कोई विजातीय पदार्थ गले में अँटका हो । बसंत के मौसम में कसापन बढ़े ।

मौसमी फ्लू—बार-बार छींकना । छाती की हड्डी के पीछे कच्चापन और जलन । जरा-सी हवा लगते ही छींक आवे, नाक से खून बहे । जिससे नथुनों में खुजली और जलन पैदा हो, नमकीन तीखे स्वाद का स्राव ।

स्त्री—मासिक स्राव का दब जाना । प्रदर अति दुर्गन्धित, तीखा, दाब दर्द के साथ । प्रसव स्राव दबा हुआ, और पेट फूले ।

घटना-बढ़ना—करीब ११ बजे रात को बढ़ना (खाँसी) ।

सम्बन्ध तुलना कीजिए : पेक्टेन—स्कैलप (दमा । खाँसी का तंगी । सीने में सिकुड़न, खासकर दाहिनी तरफ । दमा के पहले के जुकाम और गले व छाती में जलन । अधिक चिमड़ा, झागदार बलगम निकलने पर हमला खतम हो । रात को अधिक) आर्स०, आयोड० नेफथलीन, सेपा, रोजा, सबाडिला, सिन० ।

मात्रा—अरिष्ट से तीन शक्ति तक ।

अरेनिया डियाडिमा (Aranea Diad.)
(पापल-क्रास स्पाइडर)

सभी मकड़ी के विष स्नायुमण्डल पर बहुत गहरा असर करते हैं (टेरेण्टुला, माइगेल आदि देखिए)।

एरेनिया के सभी लक्षणों की विशेषता है : सामयिकता और ठंढक और तरी की असहनशीलता। यह दवा मलेरिया विष से जल्द प्रभावित होने वाले लोगों को लाभदायक है, यहाँ हर तरह की नमी शीत को उत्तेजना देती है। रोगी हड्डी तक ठंढक महसूस करता है। ठंढक किसी चीज से भी कम न हो। जान पड़े कि शरीर के अङ्ग बड़े और भारी हो गये हैं। रात को जागने पर मालूम होता है कि हाथ मामूली से दूने हो गये हैं। तिल्ली सूजी हुई। ऐसे व्यक्ति जिनके शरीर में जलीयांश अधिक हो। तरी और ठंढक असह्य। ताजे पानी की झील या नदी इत्यादि के पास, या नम-दार ठंढी जगहों में न रह सकें। (नेट०, सल्फ०, थुजा०)।

सिर—चेहरे की दाहिनी त्रिकोण स्नायु में दर्द, सतह से नीचे की तरफ। चकराया हुआ। खुली हवा में, धूम्रपान से कमी आए। आँखों में गरमी और झिमझिमाहट, नम मौसम से अधिक। दाँतों में रात को लेटते ही एकाएक तेज दर्द।

स्त्री—मासिक धर्म बहुत पहले और बहुत अधिक। उदर फलना। कटि उदर स्नायुशूल।

सीना—पसलियों के बीच की स्नायु से, रीढ़ में अन्त होनेवाली स्नायु तक दर्द जाय। फुफ्फुस से चमकदार लाल खून निकले। (मिलोफोलि०, फेरम फास)।

आमाशय—थोड़ा भी खाने से ऐंठन हो, ऊपरी भाग दाब से दुखे।

उदर—तिल्ली का बढ़ना। शूल एक ही समय उठे। निचले भाग में पत्थर जैसा भारीपन। अतिसार। बाँहें और टाँगें सुन्न मालूम पड़ें।

अंग—हाथों पैरों में अस्थि-पीड़ा। एड़ी की हड्डी में दर्द। सूजन और सुन्न की संवेदना।

नींद—बेचैनी। जागता रहे, मानो हाथ और अगली बाँह सूजी हुई और भारी है।

ज्वर—ठंढक, साथ में लम्बी हड्डियों में दर्द, उदर में पत्थर जैसे भारीपन का संवेदन, प्रतिदिन एक ही समय आये। गनगनाहट रात और दिन, बरसात में हमेशा अधिक हो।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : नम मौसम, तीसरे पहर के कुछ बाद और आधी रात।
घटना—तम्बाकू पीने से।

सम्बन्ध—टेला एरैनियेरम-स्पाइडर्स वेब—हृदय रोग सम्बन्धी अनिद्रा, पेशियों की शक्ति बढ़ी हुई। ज्वरावस्था में स्नायविक उत्तेजना। सूखा दमा, सताने वाली खाँसी, सामयिक सिर दर्द, बहुत स्नायविक उत्तेजना के साथ। हटी सविराम ज्वर। तुरत धमनी मण्डल पर काम करता है, नाड़ी भरी, मजबूत दबने वाली नाड़ी की गति को धीमा करता है। छिपे हुए सामयिक रोग, क्षय ज्वर ग्रस्त और दुर्बल रोगी। लक्षण एकाएक आये, अंग ठंढे। चिपचिपे हो जाते हैं जब कि हाथ, पैर स्थिर हालत में ठिठुरे रहें। लगातार ठण्डक।

एरैनिया सिनेसिया—ग्रे-स्पाइडर-पलकों के नीचे लगातार फड़कन, अनिद्रा। गरम कमरे में कष्ट। हेलो०; सिड्रन; आर्सेनिक०।

मात्रा—अरिष्ट से ३० वीं शक्ति तक।

एरब्युटस ऐण्ड्रैक्ने (Arbutus Andra.)

(स्ट्राबेरी ट्री)

अकौता की दवा जब कि वह गठिया और वात से सम्बन्धित हो। जोड़ों का, सूजन, खासकर बड़े जोड़ों की। मूत्र बहुत साफ हो। कटिवात। लक्षण चर्म से जोड़ों में चले जायँ। फफोलेदार फुन्सी के लक्षण।

सम्बन्ध—ऐरब्युटिन; लीडम; ब्रायोनिया; कैल्मिया।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

एरेका (Areca)

(बेटल नट)

आँतों में कृमि हो जाने के लिए लाभदायक है। इसकी क्षारोद, एरेकोलिन हाइड्रोब्रोम, पुतली को सिकोड़ती है। एसेरिन से तीव्र मगर उससे कम समय तक रहने वाला प्रभाव। धुन्ध रोग में लाभदायक है। पिलो कारपिन की तरह लार का स्राव बढ़ाती है। दिल की चाल को बढ़ाती है और आँतों की सिकुड़न में सहायता देती है।

आर्जेमान मेक्सिकाना (Argemone Mexicana)

(प्रिकली पॉपी)

आँतों का शूल; स्नायुमण्डल और पेशियों में दर्द; नींद का अभाव। वात-रोग जो पेशाब में अण्डे की सफेदी वाले रोग से सम्बन्धित हो, (डी० मैकफार्लेन)।

सिर—आँखों और कनपटियों में थरथराहट का दर्द। सिर गरम। गला बहुत सूखा, निगलने में दर्द।

पेट—रोगग्रस्त मालूम हो, कै जैसा लगे। आमाशय के गड्ढे में ऐंठन। भूख न लगे। डकार और हवा खुलना।

मूत्र—थोड़ा हो। रंग बदला हुआ।

स्त्री—मासिक धर्म दबा हो। कमजोरी के साथ; काम इच्छा कम।

अंग—बायाँ घुटना तना और दर्दीला। पैर सूजे हों।

घटना-बढ़ना—दोपहर के समय रोग बढ़े (कमजोरी)।

मात्रा—६ शक्ति। ताजा रस घाव और मस्सों पर लगाया जाता है।

आरजेण्टम मेटालिकम (Argen. Met.)
(सिल्वर)

अंग का दुबलापन, धीरे-धीरे सूखते जाना, ताजी हवा की इच्छा, दम फूलना, बढ़ जाने की संवेदना और बायीं तरफ का दर्द इसकी विशेषता है। मुख्य कार्य क्षेत्र बोलने के यन्त्र और उनके यौगिकों पर, हड्डियों पर, उपास्थि, बंधनी पर केन्द्रित है। इन भागों में खून की छोटी नलिकायें बन्द हो जाती हैं या सूख जाती हैं और नासूर पैदा हो जाता है। यह विकार धीरे-धीरे आता है, मगर बढ़ता है। स्वरनली भी इस औषधि का मुख्य प्रभाव क्षेत्र है।

मानसिक—जल्दबाज, समय धीरे धीरे बीतता है, चिन्ताग्रस्त।

सिर—बायीं तरफ धीमा, आक्षेपिक स्नायुशूल जो धीरे-धीरे बढ़े और एकाएक बन्द हो। सिर की खाल छूना सहन न करे। बहते हुए पानी को देखकर सिर में चक्कर आये और ऐसा मालूम दे कि नशे में है। सिर खाली; खोखला मालूम दे। पपोटे लाल और मोटे। शिथिलता पैदा करने वाला जुकाम, छींक के साथ। चेहरे की हड्डी में दर्द। बायीं आँख और आगे के उभरन (शख) में दर्द।

गला—कच्चा, भूरा, लुआबदार श्लेष्मा से भरा हुआ। खाँसने में गले में पीड़ा हो। सुबह को बलगम अधिक और सरलता से निकले।

श्वास-यन्त्र—आवाज भारी। स्वर लोप। खाँसने में कच्चापन। दर्द। रोजगारी गवैयों की आवाज बिल्कुल बन्द होना। स्वरनली दर्दीली और कच्ची लगे। बलगम आसानी से निकले; पकाई हुई मांडी की तरह। वक्षोस्थि के ऊपरी गुदा के पास कच्चापन। बोलने से कष्ट बढ़ना। हँसने से खाँसी आना। दोपहर के समय यक्ष्मा ज्वर। जोर से पढ़ने पर बार-बार खखारा करे और गला साफ किया करे। सीने की

बहुत कमजोरी; बायीं तरफ अधिक । आवाज कभी धीमी, कभी तेज । बायीं तरफ की निचली पसली में दर्द ।

पीठ—पीठ में दर्द, झुककर चले, सीने पर दबाव के साथ ।

मूत्र—दिन में अधिक बार । पेशाब अधिक, गँदला, मीठी गन्ध वाला । बार-बार पेशाब होना । बहुमूत्र ।

अंग—जोड़ों का वात दर्द, खासकर केहुनी और घुटनों में । टाँगें कमजोर और काँपें, सीढ़ी के नीचे उतरने पर बढ़े । अंगुलियों का अनिच्छित खिन्चाव, अगली बाँह का आंशिक लकवा, लेखकों के हाथ का ऐंठन । टखनों की सूजन ।

पुरुष—फोतों के कुचले जाने की तरह दर्द । बिना कामोत्तेजना के धातु निकलना । बार-बार जलन के साथ पेशाब होना ।

स्त्री—डिम्बाशय बड़े मालूम पड़े । धँसन दर्द । बच्चेदानी का बाहर निकलना । योनि ग्रीवा छिली हुई स्पंज की तरह नरम । प्रदर बदबूदार छीलन वाला । बच्चेदानी के कठिन अर्बुद में आराम देती है । बायें डिम्बाशय में दर्द । वयसन्धिकालीन रक्त-स्राव । आमाशय भर में दर्द, झटका लगाने से बढ़े । गर्भाशय रोग जोड़ों और अङ्गों में दर्द के साथ ।

घटना-बढ़ना—बढ़े : छूने से, दोपहर के निकट । घटे : खुली हवा में, खाँसी रात में लेटते समय (हायोसिया० का उलटा) ।

सम्बन्ध—क्रियानाशक । मर्क०, पल्स ।

तुलना कीजिये—सेलिनि०, एल्यूमि०, प्लाटिनम मेटा०, स्टैनम, ऐम्पेलोप्सिस (गण्डमालिक मरीजों में आवाज बैठने की पुरानी शिकायत) ।

मात्रा—६ विचूर्ण और ऊँची शक्ति । अधिक दोहराना नहीं चाहिये ।

आरजेण्टम नाइट्रिक (Argentum Nit.)

(नाइट्रेट ऑफ सिल्वर)

इस दवा के स्नायविक प्रभाव बहुत स्पष्ट और महत्वपूर्ण हैं । मस्तिष्क और मेरुदण्ड में बहुत से लक्षण उत्पन्न होते हैं । जो इसके सम-चिकित्सा प्रणाली से इन्हीं अङ्गों में उपयोग की तरफ संकेत करते हैं । असहयोग के लक्षण; मन और शरीर में हर जगह नियन्त्रण और संतुलन का अभाव । अङ्गों में कम्प । श्लैष्मिक झिल्लियों में क्षोभ आता है, जिससे गले में घोर सूजन हो जाती है और आमाशय तथा आँतों पर सोजिश अपना मुख्य लक्षण है । बहुत प्रबल चिह्न हैं : मीठी चीज खाने की प्रबल इच्छा, खपची ऐसा दर्द, और प्रदाहग्रस्त श्लैष्मिक झिल्ली से गाढ़ा पीब जैसा स्राव अधिक मात्रा में निकलना । ऐसा महसूस होना कि अङ्ग फैल रहे हैं ।

ज्ञानेन्द्रियों के काम में अन्तर आ जाना भी महत्वपूर्ण लक्षण है। यह दवा उन व्यक्तियों को विशेषतः अनुकूल आती है जिनका शरीर मुरझाया हुआ और सूखा हुआ हो—विशेषतः जबकि असाधारण या बहुत दिनों तक लगातार मानसिक श्रम करने का इतिहास भी मौजूद हो। सिर के लक्षण इस औषधि के निर्णय में सहायक होते हैं। दर्द धीरे-धीरे घटते-बढ़ते हैं। उदर में अफरा आना और समय से पहले वृद्ध दिखाई देना। स्नायविक रोगियों में जोर से डकार आना। उदर के ऊपरी भाग के रोग, असाधारण मानसिक परिश्रम से पैदा हुए हों। पैरों के निचले अङ्गों का लकवा; टाँग की हड्डी की गुद्दी के प्रदाह और मस्तिष्क तथा मेरुदण्ड का कड़ापन। गरम असह्य। एकाएक चुटकी काटने जैसा लगे। (डजियन)। लाल रक्तकणों को नष्ट करता है। जिससे रक्तहीनता हो जाती है।

मन—सोचता है कि उसकी समझने की शक्ति अवश्य नष्ट हो जायगी। भयभीत और घबराया हुआ। खिड़की में से बाहर कूदने की प्रेरणा। बेसुध-सा और कम्प। शोकग्रस्त, घोर रोगग्रस्त होने का भय। समय धीरे-धीरे बीतता मालूम पड़े (कैना० इण्डि०)। स्मरणशक्ति दुर्बल। प्रत्यक्ष ज्ञान के दोष। प्रेरणा; सभी काम जल्दी करना चाहे (लिलियम०)। विचित्र मानसिक प्रेरणा; भय, आकुलता, छिपे हुए तथा विवेकहीन प्रेरणायें।

सिर—सिर दर्द के साथ ठंढक और कम्पन। भावात्मक वेग अर्धकपाली में रोग पैदा करें। फैलने का संवेदन। दिमागी कमजोरी, आम कमजोरी और कंप। मानसिक परिश्रम और नाचने से आधा सिर दर्द। चक्कर, कानों में भिनभिनाहट, स्नायविक दोष के साथ। आगे के उभार में टीस और उसी तरफ की आँख में फैलाव का संवेदन। छेदने की तरह का दर्द। कस के बाँधने और दाब से कम हो। चमड़ी का खुजलाना। अर्धकपाली। सिर की हड्डियाँ जैसे अलग की जा रही हैं।

आँखें—भीतरी कोने सूजे हुए और लाल। आँखों के सामने धब्बे। धुँधलापन। गरम कमरे में रोशनी असह्य। आँख सूजना। पुतली का बहुत सूजना। आँख दुखनी आये और उसमें पीब जैसा मवाद आये। पलकों के किनारों का जीर्ण घाव, दर्दीला, मोटा सूजा। एक जगह नजर न जमा सके। सीने-पिरोने से आँख पर जोर पड़ना, गरम कमरे में कष्ट बढ़े। टीस, नजर की थकान जो बन्द करने या दाब से कम हो। पलकों की पेशियों की दुर्बलता ठीक करने में लाभदायक। पलकों की पेशियों का बेकाम होना। तीव्र रोहा। पुतली धुँधली। पुतली पर घाव।

नाक—सूँघने की शक्तिहीनता। खुजली, नथनों को अलग करने वाले पर्दे में घाव। जुकाम, कँपकँपी, नेत्र जल प्रवाह और सिर दर्द के साथ।

चेहरा—मुरझाया हुआ, वृद्ध जैसा पीला और नीला। वृद्ध दिखाई दे, हड्डियों पर चमड़ा खिंचा हो।

मुँह—मसूढ़े कोमल और म्लान बहे। जबान पर उभार अधिक हो, किनारे लाल और दर्दीले। अच्छे दाँतों में दर्द। स्वाद कसैला, स्याही की तरह। गहरे घाव।

गला—गले और मुँह में अधिक, गाढ़ा श्लेष्मा खखारने को मजबूर करे। कच्चा, खुरखुराहट और दर्दीला। निगलते समय गले में खपच्ची जैसा लगे। गला गहरा लाल। धूम्रपान वालों का नजला, साथ में बाल जैसा गले में जान पड़े। गला घुटता मालूम हो।

आमाशय—अनेक आमाशय रोगों में डकार आना। मिचली, उद्गार, चमकीले श्लेष्मा की कै। अफरा, गढ़े में दर्दीदी फूलन। पेट पर दर्दीला स्थान जो उदर भर में फैले। कुतरन, घाव करने वाला दर्द, जलन और संकुचन। डकार लेने की असफल चेष्टा। मिठाई खाने की प्रबल इच्छा। मद्यपायी का आमाशय प्रदाह। बाँयीं पसली के नीचे दर्द। जैसे घाव हो गया है। पेट में कम्प और थरथराहट। घोर तनाव। आमाशय में घाव। फैलने वाले दर्द के साथ। पनीर और नमक खाने की इच्छा।

उदर—शूल, अधिक अफरा के साथ। पेट की बायीं तरफ दर्द जैसे घाव हो गया है। छोटी पसली के नीचे।

मल—पनीला, आवाजदार, वायु मिला, हरा पालक के पत्तों की कतरन जैसा, रेशेदार, श्लेष्मा और उदर का अधिक तनाव, अति दुर्गन्धित। खाने या पीने के बाद ही दस्त हो। तरल पदार्थ सीधे शरीर में से बाहर निकल जाए। मिठाई खाने के बाद। किसी उत्तेजना के बाद, वायु के साथ। गुदा में खुजली।

मूत्र—रात दिन बिना मालूम हुए पेशाब बहा करे। मूत्रमार्ग सूजा हुआ, दर्द, जलन, खुजली के साथ, खपच्ची गड़ने जैसा दर्द। पेशाब थोड़ा और गहरे रंग का। पेशाब करने के बाद कुछ बूँद टपकना। धार फटी हुई। सुजाक की प्राथमिक अवस्था, अधिक स्राव और घोर कटन, पीड़ा, खूनी पेशाब।

पुरुष—नपुंसकता। मैथुन की चेष्टा, पर उत्तेजना न हो। कैन्सर की तरह घाव। इच्छा कम। कामेन्द्रिय चुचुकी। मैथुन कष्टदायक।

स्त्री—मासिक-धर्म से पहले आमाशयिक शूल। सीने की पेशियों में तेज झटके। रात में मैथुन की इच्छा। वयःसंधिकाल में स्नायविक उत्तेजना। अधिक प्रदर स्राव, योनि की गरदन छिलने के साथ। आसानी से खून बहे। गर्भाशय-रक्त-स्राव, मासिक काल के दो हफ्ते पहले। बायें डिम्बाशय का दर्दीला रोग।

श्वास-यन्त्र—ऊँचे स्वर में बोलने से खाँसी उठे। जीर्ण स्वरभंग। दम घुटन खाँसी, मानो गले में बाल रखा है। साँस कष्ट। सीना जैसे चारों तरफ से बँधा हुआ है। धड़कन, नाड़ी अक्रमिक और सविरामिक, दाहिनी तरफ लेटने से बढ़े (एक्युमेन) सीने पर दर्दीले चकत्ते। दिल शूल, रात में अधिक हो। कमरे में बहुत से लोग हों तो रोगी का साँस घुटने लगे।

पीठ—अधिक दर्द। मेरुदण्ड स्पर्शकातर, रात्रि पीड़ा के साथ। (आक्जैलि० एसिड)। निचले अंगों का पक्षाघात। मेरुदण्ड के पिछले भाग का कड़ापन।

अंग—आँखें बन्द करके न चल सके। कम्प, व्यापक दुर्बलता के साथ। पक्षाघात, मानसिक और उदर लक्षणों के साथ। पिंडलियों का तनाव। पिंडलियों में खास तरह पर कमजोरी। टहलना और खड़ा होना असम्भव; लड़खड़ाकर चले खासकर जब उसको कोई न देख रहा हो। बाँहों का सुन्नपन। रोहिणी रोग के बाद का पक्षाघात (जेल्सी० के बाद)

चर्म—बादामी, तना हुआ, कड़ा। चर्म में खींच, मकड़ी के जाले की तरह या सूखे निकले पदार्थ की तरह, चुचुका, सूखा। बेमेल चकत्ते।

नींद—कल्पना की उड़ान से अनिद्रा; साँस इत्यादि और कामोत्तेजना के भयानक स्वप्न, ऊँघाई, तन्द्रा।

ज्वर—मिचली के साथ शीत ओढ़ना हटाने पर, मगर ओढ़ने से दम घुटे।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: किसी प्रकार की गरमी, रात में ठण्ढे भोजन से, मिठाई से, खाने के बाद, मासिक काल में, उत्तेजना से, बायीं तरफ।

घटना—डकार आने से, ताजी हवा से, ठंडक से, दाब से।

सम्बन्ध—क्रियानाशक: नैट्रम म्यूर।

तुलना कीजिए—आर्स०, मर्क०, फास०, पल्सेटिला, आर्जेण्टम० सियानेट्रम (हृदय शूल, दमा गले का आक्षेप)। आर्जेण्टम आयोडेटम (गले के रोग, आवाज बैठी हुई; ग्रन्थि विकार)। पोटारगल (सुजाक, तीव्र अवस्था के बाद, २ प्र० श० घोल; गर्मी रोग के श्लैष्मिक चकत्ते, गर्मी के कोमल घाव, आतशकी दाने, १० प्र० श० घोल दिन में दो बार लगाना; नवजात शिशु की आँख आना १० प्र० श० घोल की २ बूँद) आर्जेण्ट० फॉस० (शोथ रोग में पेशाब बढ़ाने की उत्तम औषधि) आर्जेण्ट० ऑक्साइड० (अधिक मासिक स्राव और दस्त के बाद रक्तहीनता)।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

उत्तम विधि पानी १ : ६ शक्ति का घोल; उसमें २ या ३ बूँद की मात्रा। यह पानी में घोली हुई दवा निचली विचूर्ण शक्ति से अच्छी होती है। जब तक कि ताजा न बना हो, वह जल्द ही आक्साइड में परिवर्तित हो जाता है।

एरिस्टोलोचिया मिल्होमेन्स (Aristolochia Milhomens)

(ब्रेजिलियन स्नेक रूट)

कई जगहों में सुई गड़ने जैसा दर्द। एड़ी में दर्द, गुदा में जलन और अकसर खुजलाहट। आमाशय और उदर में अफरा। पीठ और अंगों में दर्द। टाँगों की

अँकड़न। एड़ी की मोटी नस में दर्द। गुल्फ-सन्धि की भारी अगर [illegible], और सूजन।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एरिस्टोलोचिया सर्पेण्टेरिया —[illegible] (आँत मार्ग के लक्षण, अत्यधिक दस्त, उदर वायु। अकसर अजीर्ण। [illegible] रक्त-संचयता। उदर में तनाव और कठिन दर्द। प्युइजन ओक (रसटॉक्स), [illegible] की तरह लक्षण)।

मात्रा—निचली शक्ति।

आर्निका (Arnica)

(लेओपर्ड सकाबेन)

शरीर में ऐसी अवस्था उत्पन्न करती है जैसी चोट से, गिरने से, मार [illegible] से, और रगड़ आने से पैदा होती है। कानों में टनटनाहट। पीब या गंदगी आना। रक्त के विषैलेपन की अवस्था में, पीब के विष को दूर करती है। संन्यास-रोग [illegible], भरा चेहरा।

यह औषधि खासकर ऐसे रोगों में लाभदायक है जो किसी आघात के कारण उत्पन्न हुए हैं, चाहे वे कितने ही दिनों के हों। आघात जनित परिणाम। किसी अंग का अति व्यवहार, और थकना। आर्निका मस्तिष्क में प्रदाह प्रवृत्ति रखता है। अधिक खून वालों में अच्छा काम देता है, कम रक्त वालों में मन्द काम करता है जब कि शोथ वाले रोगियों में साँस की तंगी भी हो। पेशी बलवर्धक। शोक, चिन्ता या एकाएक आर्थिक हानि का पता चलने से आये उपद्रव। शरीर और अङ्ग पीट जाने जैसा दर्द करें, जोड़ मानो मोच खा गये हों। बिस्तर बहुत कड़ा मालूम पड़े। खून पर स्पष्ट प्रभाव। शिरामण्डल पर असर करता है और खून के बहाव को रोकता है। खून जमा होने से आया काला दाग और खून अधिक बहना। खून नलियों का ढीलापन, काले और नीले धब्बे। रक्त-स्राव की प्रवृत्ति, मन्द ज्वर की अवस्थायें। तन्तु नष्ट होने की प्रवृत्ति, पीब आना, फोड़े जो न पकें। दर्दीलापन, लंगड़ापन, चोटीलापन मालूम हो। पेशी और संधि तन्तुओं का वात रोग, खासकर पीठ और गरदन का, तम्बाकू से घृणा। इन्फ्लुएन्ज़ा। समवरोधन निर्माण, (खून जमना या छिछड़ा बनना)। रक्तार्बुद।

मन—छुए जाने से या किसी के पास आने का भय। अचेतनता, जवाब ठीक दें, मगर फिर मूर्च्छा आये। उदासीनता, लगातार किसी काम के करने में असमर्थ, चिन्ताग्रस्त, चित्त विभ्रम। स्नायविकता, दर्द सहन न कर सके। सारा शरीर क्षुब्ध। कहता है कि उसको कोई तकलीफ नहीं है। अकेले रहना चाहे। बड़ी जगह में अकेले जाने का भय। मानसिक परिश्रम या आघात के बाद।

सिर—गरम-शरीर ठण्डा, उलझन में मस्तिष्क कोमलग्राही, तेज, चुटकी काटने जैसा दर्द। चमड़ी सिकुड़ी लगे। माथे पर ठंडे धब्बे। जीर्ण चक्कर, चीजें चक्कर खाती मालूम पड़ें। खासकर टहलने पर।

आँखें—आघातजनित द्वि-दृष्टि, पेशिक पक्षाघात, चक्षुपट-रक्त प्रवाह। बारीक काम करने के बाद आँखों में चोटीला दर्द। आँखें खोले रखे। बन्द करने पर चक्कर आये। दृश्य या सिनेमा इत्यादि देखने पर आँखें थकी मालूम पड़ें।

कान—सिर में खून दौड़ने से कानों में आवाजें सुनाई दें। कानों में और उनकी चारों तरफ चमकन। कानों से खून बहे। दिमाग पर चोट आने से कम सुनाई दे। कानों की उपास्थि में रगड़ लगने जैसा दर्द।

नाक—खाँसी के आक्रमण के पश्चात् खून बहना, गहरा पतला खून। नाक छुर-छुराये, ठण्ढी।

मुँह—दुर्गन्धित साँस। सूखा और प्यास। कड़वा स्वाद (कोलोसिं०), खराब अण्डों जैसा स्वाद। दाँत निकलवाने के बाद मसूढ़ों में दर्द। (सीपिया)। जबड़े की सुराख में मवाद भरना।

चेहरा—मुरझाया हुआ, बहुत लाल। होंठों में गरमी। चेहरे पर दाद।

आमाशय—सिरका पीने की इच्छा। दूध और मांस से घृणा। अधिक भूख। रक्त का वमन। खाते समय पेट में दर्द। अरुचि, मगर अधिक भोजन करना। कष्टदायक वायु ऊपर-नीचे चले। पत्थर जैसा दबाव। प्रतीत हो कि आमाशय रीढ़ से टकरा रहा है। दूषित वमन।

उदर—नकली पसली के नीचे चिलक। तनाव, दूषित वायुस्खलन। आर-पार तीव्र कोंचन।

मल—अतिसार में अधिक काँखना। कूँथन। दूषित, बादामी, खूनी, सड़ा हुआ, अनिश्चित। बादामी, खमीर की तरह दिखाई दे। प्रत्येक मलत्याग के बाद लेटना पड़े। क्षयरोग का दस्त, बायीं करवट लेटने से बढ़े। पेचिश के साथ।

मूत्र—अधिक परिश्रम के बाद रुक जाना। गहरी, चटकीली लाल तलछट मूत्राशयिक कूंथन, दर्दीले पेशाब के साथ।

स्त्री—प्रसव के बाद तीव्र वेदना। यांत्रिक आघात के कारण गर्भाशय से रक्तस्राव। घुण्डी दर्दीली। चोट से आया स्तन प्रदाह। मालूम पड़े पेट में बच्चा टेढ़ा पड़ा है।

श्वास-यंत्र—दिल की खराबी से खाँसी; सुरसुरी, जो रात के समय, सोने से, परिश्रम से बढ़े। तीव्र वायुमूल प्रदाह, मुलायम तालु और घाँटी की सूजन। निमोनिया और फेफड़े पर लकवा गिरने का खतरा। आवाज अधिक बोलने से बैठे। कच्चापन,

दर्द सुबह को बढ़े। रोने और विलाप करने से आई खाँसी। कंठनली के निचले भाग में गुदगुदी से आयी सूखी खाँसी। खूनी बलगम। खून थूकने के साथ श्वास-कष्ट। सीने की सभी हड्डियाँ और उपास्थियाँ दर्द करें। तेज, आक्षेपिक खाँसी चेहरे की दाद के साथ। काली खाँसी, बच्चा खाँसने से पहले चिल्ला उठे। पार्श्ववेदना (रैनन०; सिमिसिफ्यूगा)।

दिल—हृद्शूल, खासकर बाँयीं केहुनी में तेज दर्द। दिल में चिलकन। नाड़ी धीमी और क्रमहीन। हृद्रोग सम्बन्धित शोथ और घोर कष्टदायक साँस। अङ्ग अकड़े हुए जैसे चोट आयी हो। दिल पर चर्बी जमा होना और बढ़ना।

अंग—छोटे जोड़ों का गठिया। छूये जाने या किसी के पास आने से भय। पीठ और अङ्गों में दर्द, जैसे कुचले गये हों या मार पड़ी हो। मोच खाने और उखड़ने की संवेदना। अगली बाँह का मृत्यु तुल्य ठंडापन। वस्तिशूल के कारण सीधी न चल सके। वात दर्द नीचे से ऊपर को उठे। (लीडम)।

चर्म—काला और नीला। खुजली, जलन, छोटे दाने अनेक छोटी फुन्सियाँ (इकथियोल; सिलिका)। काले दाग। बिस्तर घाव बोबिनीन ऊपर से लगाना)। कड़े मुँहासे जो क्रम से उभरे हों।

नींद—अधिक थकने पर अनिद्रा और बेचैनी। मृत्युतुल्य ऊँघाई, गरम सिर के साथ जागे। स्वप्न : अङ्ग-अङ्ग के, कौतुहलपूर्ण और भयानक। रात्रि भय। नींद में अनिच्छित मलस्खलन।

ज्वर—आंत्रिक ज्वर की तरह के ज्वर लक्षण। सारे शरीर में कम्पन। सारा शरीर ठंडा परन्तु सिर में गरमी और लाली। आंतरिक गरमी, पाँव और हाथ ठंडे। रात में खट्टा पसीना।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : जरा भी छूने से, हरकत, आराम, शराब, तर ठंडक से। घटना : लेटने से या सिर नीचा करने के साथ।

सम्बन्ध—क्रियानाशक—कैफ।

विटेक्स ट्रिफोलिया—इण्डियन आर्निका—मोच और दर्द, कब्जों में दर्द, जोड़ों में दर्द, उदर में दर्द, फोते में दर्द।

पूरक—एकोना०, इपीकाक।

तुलना कीजिये—एकोना०, बैप्टि०, बेलिस०, हैमामे०, रस०, हाइपेरिकम।

मात्रा—१ से ३० शक्ति। बाहरी प्रयोग के लिए अरिष्ट, लेकिन कभी गरम करके न लगाया जाये या जब त्वचा छिल गई हो।

आर्सेनिक एल्बम (Arsenicum Alb.)

(आर्सेनियस एसिड)—आर्सेनिक ट्राइआक्साइड)

सभी अंगों और तन्तुओं पर घोर शक्तिशाली प्रभाव करने वाली औषधि। इसके केवल साधारण लक्षण ही इसके लाभदायक प्रयोग में सहायता देते हैं। इनमें सर्व-व्यापक कमजोरी, शिथलता, बेचैनी, रात में रोग बढ़ना बहुत प्रभावशाली लक्षण हैं। जरा-से परिश्रम पर घोर शिथिलता आना और इनके साथ रेशों की उत्तेजना। यह उत्तेजनापूर्ण दुर्बलता इसकी विशेषता बताती है। जलन वाले दर्द। न बुझने वाली प्यास। गरमी से कम न होने वाली जलन। समुद्र-तटीय रोग। (नैट्र० म्यूर०; एक्वा मेरिना०) फल खाने का बुरा असर; खासकर रसदार फल। जीवन के अन्तिम काल में शान्ति और आराम देता है, जबकि ऊंची शक्ति में दिया जाये। भय, चिहुँकन और चिन्ता। हरे स्राव। बालकों का कालाजार (डा० नीटबी)। मद्यपान रोग, दुर्गन्ध विकार; डंक-विष, शवच्छेदन के समय आये घाव, तम्बाकू चबाने, सड़े भोजन या मांस का बुरा असर। स्राव बदबूदार। हर साल पैदा होने वाली बीमारियाँ। इन सभी अवस्थाओं में आर्से० पर विचार करना चाहिए। रक्तहीनता और दुर्बलता। नष्टात्मक परिवर्तन। पोषण की कमी से धीरे-धीरे दुर्बल होना। रक्त-रस की आलोक-निवर्तन संख्या कम करता है। (चाइना और फेरम फास भी)। मारात्मक अवस्था में शरीर का पालन-पोषण करता है। चाहे रोग कहीं भी हो। मलेरिया विष से पीड़ित शरीर। रक्त-विष संक्रमणता और जीवन शक्ति की कमी।

मन—घोर सन्ताप और बेचैनी। बराबर जगह बदला करे। भय, मौत का, अकेले छोड़ दिए जाने का। घोर भय और ठंडा पसीना। सोचता है कि दवा लेना बेकार है। आत्महत्या की प्रवृत्ति। देखने और सूँघने का भ्रम। निराशा उसको जगह-जगह घुमाती है। कृपण, डाही, खुदगर्ज; कायर। सर्व संवेदनीयता अधिक (हीपर०)। कोई अव्यवस्था और मानसिक गड़बड़ी सहन न करे।

सिर—दर्द ठंढक से कम हो, परन्तु दूसरे लक्षण बढ़ें। बँधे समय पर जलन आये, बेचैनी के साथ दर्द और ठंडा चर्म। अर्धकपाली, चाँद पर बरफ जैसी ठंढक और बहुत कमजोरी के साथ। खुली हवा में सिर उत्तेजित। शराबी की बकवास। कोसता और चिल्लाता रहे, दुष्ट। सिर बराबर हिलता रहे। खोपड़ी की खाल पर असह्य खुजली, मंज के चकत्ते। सिर खुरदरा, मैला। सूखी पपड़ी वाला। रात में जलन और खुजली हो, रूसी झड़े। खाल बहुत उत्तेजित; बाल ब्रश से झाड़ नहीं सकता।

आँख—आँखों में जलन, तीक्ष्ण आँसू। पलक लाल, घाव वाले पपड़ीदार उभरे हुए। दानेदार। आँखों के चारों तरफ शोथ। बाहरी सूजन अधिक दर्द के साथ;

जलनदार, गरम, तीक्ष्ण पानी बहे; पुतली पर घाव। प्रकाश असह्य, बाहरी सेंक से कम; पलकों का स्नायुशूल; जलन, दर्द के साथ।

कान—भीतरी चर्म कच्चा और वहाँ जलन हो। पतला तीक्ष्ण, दुर्गन्धित मवाद कान से बहे। दर्द के समय कानों में गर्जन।

नाक—पतला, तेजाबी, पनीला स्राव। नाक बन्द लगे। छींक बिना आराम। मौसमी फ्लू और जुकाम, जो खुली हवा में बढ़े, मकान के अन्दर आराम मिले। जलन और रक्तस्राव। नाक पर मुँहासे। चर्म का यक्ष्मा।

चेहरा—सूजा, पीला, धुँधला, रोगग्रस्त, मुरझाया हुआ, ठंडा पसीनेदार (एसेटि० एसिड)। कष्टमय भाव। फरन, सूई गड़ने जैसा दर्द जलन। होंठ काले, गहरे लाल; क्रोधी; गालों पर घेरेदार लाली।

मुँह—अस्वस्थ मसूढ़ों से खून बहना। मुँह में घाव, सूखापन और जलन के साथ। होंठ का कैंसर। जबान सूखी, साफ और लाल। जबान में चुभन और जलन के साथ दर्द। घावदार, नीला रंग। खूनी लार। दाँतों का स्नायुशूल, लम्बे और दर्दीले, आधी रात के बाद कष्ट बढ़े; सेंकने से कमी आये। कसैला स्वाद। मुँह में जलती लार आये।

गला—सूजा, शोथमय, सिकुड़ा; जलन, निगल न सके। रोहिणी जैसी झिल्ली, जो सूखी और सिकुड़ी हुई दिखाई दे।

आमाशय—खाने को देखना या उसकी गन्ध भी सहन न कर सके। बहुत प्यास; अधिक पानी पीना मगर थोड़ा-थोड़ा करके। खाने या पीने के बाद मिचली; उबाल। पेट के तल में बेचैनी। जलन, दर्द। कॉफी और तेजाबी चीज की इच्छा। गला जले, तेजाबी और कड़वी चीजें डकार में ऊपर आवें, जो गला छीलती मालूम दें। बहुत लम्बी डकार। वमन : भोजन, पित्त, हरा श्लेष्मा या कत्थई, काला, खून मिला। आमाशय अति स्पर्शकातर, कच्चा जैसे फाड़ा या तोड़ा जा रहा है। जरा भी खाने या पीने से आमाशय शूल हो। सिरका, तेजाबी चीजों से, मलाई की बरफ से, बरफ का पानी, तम्बाकू से भी। अनपच। आमाशय विकार के साथ घोर भय और दम घुटना, बेहोशी, बरफ जैसी ठंडक, घोर शिथिलता भी। अरिष्ट लक्षण। निगली हुई चीज गले की नाली में अँटकी हुई मालूम पड़े, जो बन्द मालूम दे; जैसे कोई चीज नीचे न उतरेगी। वनस्पति भोजन, खरबूजा, रसदार फल खाने का बुरा प्रभाव। दूध की प्रबल इच्छा।

उदर—कुतरन, आग के अंगारों की तरह जलन-दर्द जो सेंकने से कम हो। जिगर और तिल्ली बढ़ी हुई और दर्दीली। जलोदर और सर्वांग शोथ। उदर सूजा हुआ और दर्दीला। खाँसने पर उदर में घाव जैसा दर्द।

मलान्त्र—मलान्त्र का दर्द; काँच निकलना। कूँथन। मलान्त्र और गुदा में जलन, दर्द।

मल—छोटा, दुर्गन्धित, गहरे रंग का, बहुत शिथिलता के साथ। रात में खाने और पीने के बाद अधिक, आमाशय की ठंडक से, अधिक मद्यपान से, बासी दूषित मांस खाने से भी। पेचिश, गहरे रंग का, खूनी, बहुत दुर्गन्धि मल। हैजा, घोर कष्ट, शिथिलता, जलन, प्यास, शरीर बरफ जैसा ठंडा (वेरैट्रम०)। बवासीर आग जैसी जले सेंकने से कम हो। गुदा के चारों तरफ चमड़ी छिल जाना।

मूत्र—थोड़ा, जलता हुआ, अनिच्छित। मूत्राशय को जैसे लकवा मार गया हो। एल्बूमेन मिला। कौशिक झिल्लियाँ; रेशों के छोटे कण गोल टुकड़े। मवाद और सूजन एवं खारिश हो। पेशाब करने के बाद उदर में कमजोरी। ब्राइट का रोग (ओजोमेह)। मधुमेह।

स्त्री—मासिक-धर्म बहुत अधिक और बहुत जल्दी। डिम्बाशय क्षेत्र में जलन। प्रदर : तेजाबी, जलनदार दुर्गन्धित, पतला। दर्द जैसा लाल गरम तार लगने से हो, जरा से परिश्रम से बढ़े, बहुत थकावट हो, गरम कमरे में कम। अधिक स्राव। वस्ति में कड़क के साथ दर्द जो जाँघों तक बढ़े।

श्वास-यन्त्र—लेट न सके, दम घुटने का भय। वायुनलियाँ सिकुड़ी हुई। दमा, आधी रात को अधिक। सीने में जलन। दम घोटनेवाला नजला। खाँसी आधी रात के बाद और चित् लेटने से बढ़े। बलगम थोड़ा, झागदार। दाहिने फुफ्फुस के ऊपरी तिहाई भाग के आर-पार भाला गड़ने जैसा दर्द। साँस में सायँ-सायँ की आवाज। खूनी थूक, कंधों के बीच में दर्द के साथ, सभी जगह जलन। सूखी खाँसी, गन्धक के धुएँ जैसी; पीने के बाद।

दिल—धड़कन, दर्द, कष्टदायक साँस, मूर्छा। तम्बाकू पीने और चबाने वालों के दिल की तेजी। नाड़ी सवेरे अधिक तेज (सल्फ०)। फैलना। नील रोग। चर्बी जमा होना, शूल, पीठ और सिर की जड़ में दर्द के साथ।

पीठ—पिठासे में कमजोरी। कंधों में खींचन। पीठ में जलन और दर्द (ऑक्जेलिकम एसिडम)।

अंग—कम्पन, फड़कन, झटके आना, कमजोरी, भारीपन, असुविधा। पिंडली में ऐंठन। पैरों की सूजन। गृध्रसी। जलन के साथ दर्द। प्रान्तस्थ नाड़ी-मंडल की सूजन। शूल। मधुमेह। सड़न। एड़ी पर घाव (सेपा, तेमियम)। क्षीणता के साथ निचले अंगों का पक्षाघात।

चर्म—खुजली, जलन, सूजन, शोथ, फरन, दाने—सूखे, खुरदरे, पपड़ीदार, ठंडक से और खुजलाने से बढ़े। सांघातिक दाने। गन्दे, बदबूदार स्राव वाले घाव। कैन्सर। जहरीले घाव। जुलपित्ती, जलन और बेचैनी के साथ। अपरस (सोरि-

थासिस)। कठिन अर्बुद। शरीर का बरफ ऐसा ठंडापन। चर्म का कैन्सर रोग। सड़न; प्रदाह।

नींद—आराम से न सो सके, उत्सुक, अशान्त। सिर को तकिए से उठाये रहे। नींद से दम घुटने के हमले। हाथों को सिर पर रखकर सोता है। स्वप्न, चिन्ता और भय से भरे हों। ऊँघाई, निद्रा-रोग।

ज्वर—ऊँचा ताप। बँधे समय पर आनेवाला ज्वर जो कमजोरी लिये हो। गन्दगी से आया ज्वर। सविराम ज्वर। अपूर्ण हमले; स्पष्ट शिथिलता के साथ मौसमी फ्लू। ठण्डा पसीना। आंत्रिक ज्वर, कुछ समय के बाद, (अक्सर रस० के बाद)। पूर्ण शिथिलता। प्रलाप; आधी रात के बाद अधिक। बहुत बेचैनी। करीब ३ बजे सुबह बहुत गरमी लगे। दाँत पर मैल।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : तर मौसम, आधी रात के बाद, ठण्डक से, ठण्डी चीज पीने या खाने से। समुद्र तट। दाहिनी तरफ। घटना : गरमी से, सिर ऊँचा करने से, गरम चीज पीने से।

पूरक—रस०, कार्बो०, फास०, थुजा०, सिकेलि०, जस्ता विष का क्रियानाशक।

क्रियानाशक—ओपियम, कार्बो०, चायना, हीपर, नक्स। रासायनिक क्रियानाशक चारकोल; हाइड्रेटेड पर-ऑक्साइड ऑफ आयरन, लाइम वाटर।

तुलना कीजिए—आर्सेनिक स्टिबेटम ३x (बच्चों का सीना प्रदाह, बेचैनी, प्यास एवं शिथिलता के साथ, ढीली श्लैष्मिक खाँसी, तेज साँस, घुरघुराहट की आवाज) सेनक्रिस कॉर्टोरेट्रिक्स; आयोड०; फास्फो०, चायना, वेरेट्रम एल्बम, कार्बो०, कैली फास०। एपिलोबियम (आंत्रिक ज्वर का दुष्ट दस्त) ह्वांगनान०। एटॉक्सिल०—सोडियम आननियेट ३x, निद्रा रोग; नेत्र क्षीणता); लेविको वाटर (मिश्रण आर्स० आयरन और कॉपर ऑफ साउथ टाइरोल) जीर्ण और दूषित चर्म रोग, झटके, कण्ठमालीय और रक्तहीन बच्चों के आक्षेप। पोषण समीकरण में सहायता देता है और पोषण को बढ़ाता है। कमजोरी और चर्म रोग, खासकर ऊँची शक्ति के प्रयोग के बाद, जहाँ औषधि का लाभ रुक गया हो। मात्रा दस बूँद छोटे गिलास में गरम पानी के साथ, दिन में ३ बार; भोजन के बाद (बरनेट) सरकोलैक्टिक एसिड (कड़ी कै के साथ इन्फ्लुएन्जा)।

मात्रा—३ से ३० शक्ति। कभी-कभी उच्चतम शक्ति से सर्वोत्तम लाभ होता है। नीचे की शक्ति आमाशयिक, आंत्रिक और गुर्दों की बीमारियों में; और ऊँची शक्ति स्नायु शूल, स्नायु रोग और चर्म रोग में। लेकिन अगर ऊपरी शरीर के रोग में आवश्यकता है तो २x या ३x का विचूर्ण दीजिए। दोहराना लाभदायक है।

आर्सेनिकम ब्रोमेटम (Arsenicum Bromatum)

(ब्रोमाइड ऑफ आर्सेनिक)

खुजली नाशक (एण्टिसोरिक) और उपदंश नाशक (एण्टिसिफिलिटिक) सिद्ध हुई। विसर्पिका दाने, उपदंशज मस्से, ग्रन्थि-अर्बुद और कड़ापन, कर्कट रोग, उरु-स्तम्भ और कठोर सविरामिक ज्वर और मधुमेह सभी इस औषधि से प्रभावित होते हैं।

चेहरा—मुँहासे, नाक पर अधिक फरन के साथ, वसन्त के मौसम में बढ़ना। युवक के मुँहासे।

मात्रा—अरिष्ट, २ से ४ बूँद, रोज पानी में। मधुमेह में, ३ बूँद एक गिलास पानी में, दिन में तीन बार।

आर्सेनिकम हाइड्रोजेनिसेटम (Arsen. Hydro.)

(आर्सेनिउरेटेड हाइड्रोजन)

इस दवा में आर्सेनिक का साधारण प्रभाव अधिक शक्तिमान बन गया है। रक्त-हीनता, आकुलता, नैराश्य। खून का पेशाब, व्यापक रक्तछिन्नता के साथ श्लैष्मिक झिल्लियों से रक्तस्राव। पेशाब दबा हुआ। बाद में कै हो। लिंगमुण्ड का पर्दा और लिंग मुण्ड दानों से भरा हुआ। गोल, छिछले घाव। पतनावस्था। ठंडक; शीतलता। आकस्मिक दौर्बल्य और मिचली। चर्म गहरा कत्थई हो जाये।

सिर—सीढ़ी से ऊपर जाने पर चक्कर। आँखें धँसी हुई, चारों तरफ चौड़े नीले घेरे। घोर छींक। नाक ठंडी; गरम कपड़े से शरीर लपेट कर रखना चाहे।

मुँह—जबान बढ़ी हुई, गहरे टेढ़े-मेढ़े घाव, गुठलीदार सूजन। मुँह गरम और सूखा, प्यास कम।

मात्रा—३ शक्ति।

आर्सेनिकम आयोडेटम (Arsen. Iod.)

(आयोडाइड ऑफ आर्सेनिक)

निरन्तर क्षोभ और त्वचा को छीलने वाले स्रावों में इस दवा को विशेषता देनी चाहिए। स्राव उस झिल्ली को उत्तेजित कर देता है जहाँ से वह निकलता है और जिस पर होकर बहता है। स्राव बदबूदार पनीला हो सकता है और वह श्लैष्मिक झिल्ली हमेशा लाल और सूजी होती है, तथा जलती है। इन्फ्लुएन्जा, मौसमी फ्लू।

पुराना नजला। कान के मध्य का जुकाम। नाक के भीतरी तन्तुओं की सूजन। कम्बु-कर्णी नली का फूल जाना और बहरापन। हृद्वेष्ट का प्रदाह, दिल पर चर्बी जमा होना। नाड़ी झटकेदार। जीर्ण बृहद् धमनी प्रदाह। होठों पर कैंसर, स्तन में मवाद पड़ने के बाद।

मालूम पड़ता है कि आर्स० आयोडे० में हमको क्षय रोग के लक्षणों से अधिक मिलती-जुलती औषधि प्राप्त हुई है। क्षय रोग की प्रारम्भिक क्षुब्ध अवस्था में जब कि ताप तीसरे पहर बढ़ता हो तब भी आर्स०, आयोडे० बहुत गुणकारी है। यह घोर शिथिलता में, तीव्र नाड़ी, घड़ी-घड़ी ज्वर और पसीना, दुबलापन की प्रवृत्ति में सांकेतिक होता है। जीर्ण फुफ्फुस प्रदाह, फुफ्फुस में घाव के साथ। क्षय ज्वर, दौर्बल्य, रात्रि-पसीना।

इस औषधि को क्षय रोग के पानी जैसे उस पतले अतिसार में याद रखना चाहिए जहाँ खरीखरी खाँसी में पीब जैसा बलगम निकलता हो और हृदय-दौर्बल्य, दुबलापन और सर्वशक्तिहीनता हो, इसके साथ अच्छी भूख भी हो। दुबलापन। मासिक धर्म का रुकना, रक्तहीनता और साँस कष्ट के साथ, सभी रोगों में याद रखना चाहिए। जीर्ण फुफ्फुस प्रदाह जब कि नासूर बनने वाले हों। बहुत दुबलापन। धमनी का कड़ा पड़ना, दिल की पेशियों के तन्तु का क्षय और वृद्धावस्था का हृदय रोग। रक्त विष का भय (पाइरोजेन; मिथिल ब्लू)।

सिर—चक्कर, कम्पन के साथ, खासकर वृद्धावस्था में।

नाक—पतला, पनीला, उत्तेजक, छिलन पैदा करने वाला स्राव, नथुने के अगले व पिछले भाग से, छींकना। मौसमी फ्लू। नाक की उत्तेजना और सुरसुराहट, बराबर छींकना चाहे। पोलैनिन। जीर्ण नजला, सूजन, अधिक गाढ़ा, पीला स्राव; घाव, झिल्ली छिली हुई, दर्दीला : छींकने से रोग बढ़े।

गला—गलकोष में जलन। तालुमूल सूजे हुए। गले से होंठ तक झिल्ली मोटी। साँस दुर्गन्धित, ग्रन्थि विकार। रोहिणी रोग। जीर्ण, थैलीदार गलकोष प्रदाह।

आँख और कान—कण्ठमालीय नेत्र प्रदाह, चर्म प्रदाह, जिसमें बदबूदार छीलने वाला स्राव हो। कान के पर्दे का मोटा पड़ना। जलता, तेजाबी, जुकाम स्राव।

आमाशय—दर्द और तेजाबी पानी मुँह से ऊपर आना। भोजन करने के एक घन्टे बाद कै करना। कष्टदायक मिचली। उदर के अगले और ऊपरी भाग में दर्द। प्रचण्ड प्यास, पीते ही कै हो।

श्वास-यन्त्र—छोटी, कड़ी सूखी खाँसी, बन्द नाक के साथ। पानी वाला फुफ्फुसावरण प्रदाह। जीर्ण वायु नलिका प्रदाह (ब्रांकाइटिस)। फुफ्फुसीय क्षयरोग। फुफ्फुस प्रदाह जो साफ न हुआ हो। इन्फ्लुएञ्जा के आक्रमण के बाद वायुनलिका समूह और फुफ्फुस प्रदाह। सूखी खाँसी, कठिन बलगम। स्वरलोप।

चर्म—ज्वर और पसीना बार-बार। भिगो देने वाला रात्रि पसीना। नाड़ी तेज, धीमी, कमजोर, अक्रमिक। कँपकँपाहट, ठंडक सहन न हो।

चर्म—सूखा, छिलकेदार, खुजलीदार। बड़े खुरण्टों में अधिक चर्म उधड़ना जिसके नीचे लाल, कच्ची तर जगह हो। चमड़े की सख्ती। ग्रंथियों का बढ़ना। कण्ठमाला। गर्मी रोग की गिल्टी (बाघी)। कमजोर करने वाला रात पसीना। दाढ़ी का एक्जिमा, पनीला रसने वाला स्राव, खुजली जो धोने से बढ़े। शोथ। अपरस। मुँहासे कड़े, गुठलीदार, तल भाग कड़ा और मुँह पर पीला दाना।

सम्बन्ध—तुलना। ट्यूबक्युलिनम, एण्टिमोन०; आयोड०। मौसमी फ्लू में तुलना कीजिये; एरालिया०, नैफ्थैलिन, रोजा, सैंग्वि, नाइट्रि०।

मात्रा—२ और ३ विचूर्ण। ताजा तैयार करना चाहिए और रोशनी से बचना चाहिए। कुछ दिनों तक प्रयोग करना चाहिए। क्षय रोग के इलाज में प्रायः ४x से शुरू करना अच्छा समझा जाता है और फिर धीरे-धीरे नीचे के २x विचूर्ण का ५ ग्रेन, दिन में ३ बार।

आर्सेनिकम मेटालिकम (Arsen. Met.)

(मेटैलिक आर्सेनिक)

दबे हुए गर्मी रोग को उभारता है। सामयिकता बहुत स्पष्ट रहती है, लक्षण हर दूसरे, तीसरे हफ्ते उठते हैं। कमजोरी। शरीर के भिन्न-भिन्न भागों में सूजने जैसा मालूम देना।

सिर—उत्साहहीन, स्मरण शक्ति कमजोर। अकेले रहना चाहे। काल्पनिक-दृष्टि से भयभीत, चिल्ला उठे। सिर बड़ा मालूम दे। बायीं तरफ का सिर-दर्द जो आँखों और कानों तक बढ़े। झुकने और लेटने से सिर-दर्द बढ़े। माथे का शोथ।

चेहरा—लाल, खुजली हो, जलन हो, फूला हुआ। आँखें फूलीं और पनीली, जुकाम। आँखें कमजोर, दिन में गैस की रोशनी खराब लगे।

मुँह—जबान पर सफेद मैल, दाँतों का निशान पड़े। बहुत कच्चापन और घाव।

उदर—जिगर का दर्द, कन्धों से होकर रीढ़ तक जाये। तिल्ली में दर्द पुट्ठों तक नीचे उतरे। छाती का दर्द कटि-प्रदेश और तिल्ली तक। दस्त जलता पानीदार जो दर्द कम करे।

मात्रा—६ शक्ति।

आर्सेनिकम सल्फ्यूरेटम फ्लेवम (**Arsen. Sulph. Flavum**)

(Yellow Sulphuret of Arsenic—Orpiment)

सीने में भीतर से बाहर की तरफ सूई जैसी चुभन, माथे पर भी, दाहिनी तरफ। कान के पीछे गड़न। कठिन साँस। जननेन्द्रिय के आस-पास का चमड़ा झिल्ली जैसा। श्वेत कुष्ठ और गर्मी रोग के दाने। गृध्रसी और घुटनों के चारों तरफ दर्द।

सम्बन्ध—आर्सेनिक सल्फ० रूब्र० (इन्फ्लुएञ्जा, प्रचण्ड जुकामी लक्षण के साथ, अधिक शिथिलता और ऊँचा ताप, दूषित स्राव। विचर्चिका, मुँहासे और गृध्रसी। आग के आगे भी सर्दी लगे। अनेक भागों में खुजली। रौद्रत्वक।

मात्रा—३ विचूर्ण।

आर्टिमिसिया वलगेरिस (**Arte. Vul.**)

(Mugwort)

मिरगी रोग, बालक और बालिकाओं के वयस्ककाल की शारीरिक अकड़न में लाभदायक समझी जाती है। आँखों के आघात में बाहरी और भीतरी प्रयोग। छोटी मिरगी। बिना सुरसुरी के मिर्गी का आक्रमण, डर जाने के या किसी उत्तेजना या हस्तमैथुन के बाद मिरगी आना। फिट के कई झटके; एक के बाद दूसरा। सोते-सोते उठकर चल दे। रात में उठता है और काम करता है, सुबह को कुछ याद नहीं रहता। (कैलां फॉस)।

सिर—झटकों से पीछे की तरफ खिंचा हुआ। मुँह बायीं तरफ खिंचा हुआ। मांस्तिष्क-रक्तसंचयता।

आँखें—रङ्गीन रोशनी से चक्कर आये। देखने में धुँधलापन और दर्द, मलने से कम, अधिक प्रयोग से बढ़े।

स्त्री—बहुत मासिक स्राव। गर्भाशय की घोर सिकुड़न। मासिककाल में झटके।

ज्वर—अधिक पसीना, लेहसुन की महक का।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एब्सिंथ०; सिना; साइक्यूटा।

मात्रा—१ से ३ शक्ति। शराब के साथ सेवन करने से अधिक लाभदायक है।

ऐरम ड्रैकॉण्टियम (Arum Dracon.)

(Green Dragon)

दर्द, कच्चापन और कोमलता के साथ गलकोष प्रदाह की दवा ।

सिर—भारी; चमकन का दर्द कानों में, दाहिने कान के पीछे टीस ।

गला—सूखा दर्दीला, निगलने से कष्ट बढ़े । कच्चा और कोमल, बराबर साफ करता रहे । खरखरी, क्रूप खाँसी गला बैठने के साथ ।

मूत्र—पेशाब करने की प्रबल इच्छा । जले और कड़के ।

श्वास-यन्त्र—आवाज भारी स्वरनली में बहुत बलगम । रात में दम फूलना । बलगम गाढ़ा भारी ।

सम्बन्ध—एरम इटैलिकम । (दिमाग कमजोर, पिछले भाग में दर्द के साथ) । एरम मैकुलेटम (श्लैष्मिक झिल्ली की सूजन और प्रदाह, और जख्म) नासिका उत्तेजित अर्बुद के साथ ।

मात्रा—पहली शक्ति ।

एरम ट्रिफाइलम (Arum Triph.)

(जैक-इन-दी-पुलपिट)

एरम मैकुलेटम, इटैलिकम ड्रैकॉण्टयम, सभी ट्रिफाइलम की तरह प्रभाव रखते हैं । सभी में एक उत्तेजनीय विष होता । जिससे श्लैष्मिक सतहों की सूजन और तन्तुओं का नष्ट होना पैदा होता है । एरम के कार्य की विशेषता है : तेजाबीपन ।

सिर—तकिए में सिर गाड़ता है । बहुत गरम कपड़े पहनने से तथा गरम कॉफी पीने से सिर दर्द ।

आँखें—ऊपरी पलकों का कम्प; खासकर बायीं तरफ ।

नाक—नथनों में छरछराहट । तीखा छीलने वाला स्राव । कच्चे घाव कर दे । नाक बन्द मुँह से सांस लेना पड़े । नाक कुरेदे । जुकाम, पनीला, खून की लकीर वाला । नाक बिलकुल बन्द तीखे, अधिक स्राव के साथ । मौसमी फ्लू नाक की जड़ पर दर्द के साथ । नाक की दाहिनी तरफ कड़ी पपड़ी । चेहरा दरारदार मालूम पड़े जैसे ठण्डी हवा लगी हो, गरम मालूम दे । बराबर नाक खुजलाया करे यहाँ तक कि खून बहने लगे ।

मुँह—तालु और स्वाद क्षेत्र में कच्चापन । होंठ और मुलायम तालु में दर्द और जलन । होंठ चिटके हुए और जलें । मुँह के किनारे चिटके हुए और दर्दीले । जबान लाल, दर्दीला, सारा मुँह कच्चा लगे । होंठों को नोचे यहाँ तक कि खून बहे । लार अधिक तीखी; छीलन वाली ।

गला—निचले जबड़ों की ग्रन्थियों की सूजन। सिकुड़ा और सूजा जलन, कच्चा। लगातार खखारना। आवाज भारी। अधिक बलगम। फुफ्फुस दर्द करे। गल प्रदाह। आवाज अनिश्चित, अनियंत्रित। बातचीत करने, गाने से कष्ट बढ़े।

चर्म—लाल दाने, सारी सतह कच्ची और चर्मदल घने।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : उत्तर पश्चिम हवा से, लेटने पर।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एमोन० कार्ब०, एलैंथस, एलियम सिपा।

क्रियानाशक—बटर मिल्क (सरपेटा दूध), ऐसेटि० एसिड, पल्से०।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

एरण्डो (Arundo)

(रीड)

नजले की औषधि है। मौसमी फ्लू।

सिर—खुजली; बाल झड़ना, बालों की जड़ दर्दीली। फुन्सियाँ सिर के पीछे जड़ में दर्द, दाहिनी आँख क्षेत्र तक बढ़े। सिर के बगल में गहराई तक दर्द।

कान—कर्ण नली में जलन और खुजली। कानों के पीछे अकौता।

नाक—मौसमी फ्लू, तालु और आँख की पुतली की जलन और खाज से शुरू हो। नथनों और तालु में बहुव्यापक खुजली (वाइथिया ०)। जुकाम, सूँघने की शक्ति जाती रहती है (नैट० म्यूर०)। छींकना, नथुनों का खुजलाना।

मुँह—जलन और खुजली, मसूढ़ों से खून बहना। मुँह की दरारों में घाव और खाल उधड़ना। जबान पर दरारें।

आमाशय—पेट में ठंढक। तीखी चीज की इच्छा।

उदर—किसी जीवित जीव के चलने का संवेदन। वस्ति-प्रदेश में अफरा।

मल—हरा। गुदा में जलन। दूध पीते बच्चों का अतिसार। (कैमो०, कैल्केरिया फास)।

मूत्र—जलन। लाल तलछट। (लाइको ०)।

पुरुष—आलिंगन के बाद वीर्य की नाड़ियों में दर्द।

स्त्री—मासिक-धर्म बहुत पहले और अधिक। चेहरे से कन्धों और योनिक्षेत्र तक स्नायु-शूल। मैथुन इच्छा, योनि खाज के साथ।

श्वास-यन्त्र—साँस-कष्ट; खाँसी, नीला बलगम। स्तन घुण्डी में जलन के साथ दर्द।

अंग—खुजली, जलन, हाथ-पैर में शोथ। तलवे में जलन और सूजन। पैर से अधिक, दुर्गन्धित पसीना।

चर्म—अकौता, खुजली और रेंगन खासकर सीने पर और ऊपरी अंग पर। अंगुलियों और एड़ी पर दरारें।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : ऐन्थौक्सैंटम – स्वीट वर्नल ग्रास (मौसमी फ्लू और जुकाम की लोकप्रिय औषधि है)। लोलियम, सेपा, सैबाडि०, सिलिका।

मात्रा—३ से ६ शक्ति।

एसाफिटिडा (Asafoetida)

(गम ऑफ दी स्टिन्कासैंड)

इस औषधि के बहुत स्पष्ट लक्षण हैं। इस दवा के निर्णय में इसके उन सम्बन्धों को ध्यान में रखना चाहिए जो हिस्टीरिया और वहम के रोगियों में हैं। इन ऊपरी लक्षणों के अलावा यह औषधि गहरे घाव, हड्डी की सड़न खासकर गरमी (आतशक) के मरीजों में लाभदायक पाई गयी है। यहाँ पर घोर क्षोभ, थरथराहट और रात्रि-पीड़ा इस औषधि की तरफ संकेत करते हैं।

सिर—चिड़चिड़ापन। अपने कष्टों की शिकायत करती है। कोमलग्राही। भवों के ऊपर छेदन जैसा दर्द। भीतर से बाहर की तरफ दाब के साथ दर्द।

आँखें—घेरों का स्नायुशूल, दबाव और आराम से कम हो। उपतारा और भीतरी भाग का प्रदाह और रात में छेदन, टपकन दर्द के साथ। बायें अगले उभरन के नीचे चिलकन। आँखों के अन्दर और चारों तरफ छेद होने की तरह दर्द। गर्मी रोग सम्बन्धी उपतारा प्रदाह। पुतली पर छिछले घाव, गड़न के साथ दर्द जो रात में अधिक हो।

कान—बदबूदार कर्ण स्राव, कर्णास्थि (चुचुकाकार) में छेद होने जैसे दर्द के साथ। चुचुकाकार अस्थि रोग माथे की बगल में दर्द के साथ, बाहर ढकेलने ऐसा संवेदन हो। बदबूदार पीब जैसा स्राव।

नाक—उपदंशीय पीनस रोग, उसके साथ बदबूदार पीब जैसा स्राव। नाक की हड्डियों का सड़ना। (आरम०)।

गला—गुल्म वायु। गले की तरफ गोल उठकर आये। संवेदन मानो निगलने की क्रिया उल्टी हो गयी है और गलकोष पैर से गले की तरफ उठा आ रहा है।

आमाशय—डकार ऊपर आने में बहुत कष्ट हो। अफरा और डकार में पानी ऊपर आना। वायु-मूर्च्छा। अधिक तनाव। खालीपन और कमजोरी का संवेदन, आमाशय और उदर में तनाव तथा चोटीलापन के साथ। तेज डकार। आमाशय के गढ़े में टपकन। प्रचण्ड आमाशय शूल, प्रदाह, पेट में और उसके ऊपरी मेहराव में कटन और जलन। वायु की गड़बड़ी जो बाद में तेज आवाज के साथ डकार से कठिनाई से बाहर निकले।

स्त्री—बिना गर्भ वाली स्त्री के स्तन दूध से फूले हों। अति कोमलग्राह्यता के साथ दूध की खराबी।

मलान्त्र—तनाव, ऐंठन भूख के साथ। कठोर कब्ज, मूलाधार में दर्द जैसे कोई कुन्द चीज बाहर ढकेली जा रही हो। अतिसार जिसमें अत्यन्त दुर्गन्धित मल निकले, अफरा और कै हो।

सीना—तनाव : मानो फुफ्फुस पूरी तरह से नहीं फैल रहे हैं। धड़कन जो थरथराहट की तरह हो।

हड्डियाँ—भाला गड़ने की तरह दर्द और हड्डियों के नासूर। अस्थिवेष्ट की दर्दीली सूजी और बढ़ी हुई घाव जो हड्डी तक जाये, पतला, खूनी मवाद।

चर्म—खुजली, खुजलाने से अच्छी हो, घाव जिनके किनारे दर्द करें। दबे हुए चर्म लक्षण स्नायविक विकार पैदा करें।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : रात में, छूने से, बायीं तरफ, आराम के समय, सेंकने से। घटना : खुली हवा में, हरकत से, दाब से।

सम्बन्ध—शामक : चायना, मर्क०।

तुलना कीजिये : मस्कस; चायना, मर्क०, आरम मेटा०।

मात्रा—२ से ६ शक्ति तक।

एसारम यूरोपम (**Asarum Europum**)
(यूरोपियम स्नेक रूट)

स्नायविक रोग और अशक्ति जिसके साथ अधिक स्नायविक उत्तेजना हो। रेशमी या सूती कपड़ों या कागज की कड़क असह्य। पेशियों में दर्द और झटके आना। स्नायविक बहरापन और दुर्बल दृष्टि। किसी उत्तेजना से आयी गनगनी। मालूम पड़े कि शरीर के भाग आपस में टकरा रहे हैं या जैसे सट रहे हैं। तनाव और सिकुड़न की संवेदना। सदा ठण्ढक लगे।

मन—विचारलोप, माथे में खींचन दाब के साथ। केवल कल्पना ही संज्ञा से बढ़े।

सिर—दाब के साथ दर्द। टटरी (चाँद) पर घाव; बाल दर्दीले (चायना)। जुकाम, छींक के साथ।

आँखें—कड़ी लगें, ठण्ढी लगें। ठण्डी हवा में या पानी में अच्छी रहें; सूरज की रोशनी में या तेज हवा में कष्ट दें। चीरा लगवाने के बाद चमकन का-सा दर्द। धुँधलापन, देखने में कष्ट।

कान—जैसे बन्द कर दिये गये हों। नजला और साथ में बहरापन। बाहरी कान में गरमी, आवाजें सुने।

आमाशय – भूख न लगे; अफरा, डकार और कै। सुरासार वाले पदार्थ पीने की इच्छा। बीड़ी, सिगरेट आदि कड़वी लगे। मिचली खाने पर बढ़े। साफ जबान। बहुत कमजोर। ठण्डा, पनीला थूक जमा होना।

मलान्त्र—बिना महँक के पीले श्लेष्मा (आम) की लड़ियाँ निकलें। चिमड़ा श्लेष्मा का दस्त। अनपचा मल। काँच निकलना।

स्त्री—मासिक-धर्म बहुत पहले, देर तक जारी रहे, काला। पिठासे में तेज दर्द, चिमड़ा, पीला प्रदर।

श्वास-यन्त्र—स्नायविक, बार-बार, थोड़ी-थोड़ी खाँसी उठे। छोटी साँस।

पीठ – गरदन की जड़ की पेशियों में लकवा का-सा दर्द। कमजोरी के साथ लड़खड़ाना।

ज्वर – कँपकँपी, किसी एक अङ्ग का बरफ जैसा ठण्डा हो जाना। आसानी से पसीना बहे।

घटना-बढ़ना – बढ़ना : ठण्डे, सूखे मौसम में तेज एवं महीन आवाज से। घटना : धोने से, तर, भींगे मौसम में।

सम्बन्ध—एसारम कैनाडेन्सिस—वाइल्ड जिंजर। सर्दी लगने के बाद मासिक धर्म रुकना और आमाशयिक-आंत्रशूल। जुकाम का दब जाना।

तुलना कीजिये—इपीकाक, खासकर दस्त में, साइली, नक्स, चायना।
मात्रा—२ से ६ शक्ति।

ऐस्क्लेपियस सिरियाका (Asclep. Syri.)
(सिल्क वीड)

स्नायुमण्डल और मूत्र-यन्त्रों पर खास तौर से काम करती है। शोथ रोग जो जिगर, गुर्दा, दिल, आरक्त-ज्वर के बाद की अवस्था से सम्बन्धित हो। यह दवा पसीना लाती है और पेशाब की मात्रा बढ़ाती है। बड़े जोड़ों का तीव्र दर्द। गर्भाशय-दर्द रुक-रुक कर, चाप के साथ।

सिर—मालूम पड़े कि कोई नोंकीली चीज एक कनपटी से दूसरी तक पार कर दी गई है। माथे के आर-पार सिकुड़न। स्नायविक सिर-दर्द, पसीना दबने पर, बाद में पेशाब अधिक हो और बढ़ा हुआ विशिष्ट घनत्व। शरीर में दूषित पदार्थ के जमा होने से उत्पन्न हुआ सिर दर्द।

तुलना कीजिए—एस्क्लेपियस विन्सेटाक्सिकम—स्वैलो वार्ट—साइनैनकम—(आमाशयिक-आंत्रिक उत्तेजना, कै और दस्त पैदा करती है, शोथ रोग, मधुमेह, अधिक प्यास, अधिक पेशाब आने में लाभदायक है)।

मात्रा—अरिष्ट।

ऐस्क्लेपियस ट्यूबरोसा (Asclep. Tub.)
(प्ल्युरिसी-रूट)

इसका सीने की पेशियों पर बहुत स्पष्ट प्रभाव है और उसकी पुष्टि भी की गयी है। आमाशय और आँतों में वायु संचयता के साथ पुराना सिर दर्द। अनपच रोग। वायुनलिका समूह का प्रदाह और फुफ्फुसावरण प्रदाह इसके कार्य-क्षेत्र में आते हैं। सर्दी और आवाज में भारीपन। इन्फ्लुएञ्जा, फुफ्फुसावरण प्रदाह दर्द के साथ।

श्वास यन्त्र—श्वास कष्टदायक, खासकर बायें फुफ्फुस के निचले भाग में। सूखी खाँसी, गला सिकुड़े, सिर और उदर में पीड़ा पैदा करे। सीने में दर्द, बायीं स्तन घुण्डी से नीचे की तरफ झपटे। साधारण मल साफ करनेवाली दवा है। खासकर पसीना बनानेवाली ग्रन्थियों पर काम करती है। सीने के लक्षण आगे झुकने पर कम होते हैं। गले के पास की पसलियों के बीच की जगह कोमल। कन्धों के बीच कोंचन का-सा दर्द। नजले के साथ दर्द और पीला, लेसदार स्राव।

आमाशय—भरा हुआ, दाब, भारीपन। खाने के बाद अफरा। तम्बाकू असह्य।

मलान्त्र—सारे शरीर मे वातपीड़ा के साथ नजलेवाली पेचिश। मल सड़े अण्डे जैसा बदबूदार।

अङ्ग—वातग्रस्त जोड़ों मे झुकाने पर ऐसा संवेदन हो जैसे बन्धन टूट रहा है।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एस्क्लेपियस—स्वाम्प मिल्क वीड-जीर्ण आमाशय प्रदाह और प्रदर (श्वास-कष्ट के साथ शोथ रोग)। पेरीप्लोका ग्रीसा—एस्क्लेपियेड समूह में से एक—दिल-शक्तिवर्द्धक, रक्तसंचार और श्वास क्रिया केन्द्र पर काम करती है, श्वास की गति को नाड़ी की गति से असमान अनुपात में बढ़ाती है)। ब्रायोनिया, डल्का०।

मात्रा—अरिष्ट और पहली शक्ति।

एसिमिना ट्रिलोबा (Asimina Triloba)
(अमेरिकन पैपॉ)

अरुण ज्वर की तरह बहुत-से लक्षण पैदा करती है। गला बैठना, ज्वर, कै, अरुण चर्म दाने, तालुमूल और निचले जबड़े की ग्रन्थियों का बढ़ना, इनके साथ अतिसार। गले की छत लाल, सूजी हुई। चेहरा सूजा हुआ, बरफ की तरह ठण्डा। ठण्डी चीज की इच्छा, आवाज फटी हुई। सुस्त, ऊँघाई, चिड़चिड़ापन। मुँहासे, शाम के समय कपड़ा उतारने पर खुजली।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : कैप्सिकम; बेलाडोना।

एसपैरागस ऑफिसिनैलिस (Asparagus offi.)

(कॉमन गार्डेन ऐसपैरागस)

मूत्रस्खलन क्रिया पर इसका तात्कालिक प्रभाव विख्यात है। यह दवा शोथ के साथ कमजोरी और दिल की मन्दता उत्पन्न करती है। वात दर्द। खासकर बायें कन्धे और दिल-क्षेत्र में।

सिर—असमंजस ग्रस्त। जुकाम अधिक पतले स्राव के साथ। माथे और नाक की जड़ में टीस। जगह बदलने वाला सुबह का सिर दर्द, आँखों के सामने काले धब्बों के साथ। गला खुरदरा मालूम दे, अधिक चिमड़ा श्लेष्मा खखार के साथ।

मूत्र—बार-बार तीखी चिलकन, मूत्र मार्ग के मुँह में जलन विचित्र गन्ध के साथ। मूत्राशय प्रदाह; पीब, श्लेष्मा और ऐंठन के साथ। अश्मरी।

दिल—धड़कना, सीना घुटने के साथ। नाड़ी रुक-रुक कर चले, दुर्बल। बायें कन्धे और दिल के क्षेत्र में दर्द, इसके साथ मूत्राशय सम्बन्धी रोग भी हो। साँस लेने में बहुत दाब मालूम पड़े। उरस्तोय।

अंग—पीठ में वात दर्द, खासकर कन्धों में और अंगों के आस-पास। बायें कन्धों के डैने के क्षेत्र में हँसली के नीचे और बाँह के नीचे तक दर्द, इसके साथ मन्द नाड़ी।

सम्बन्ध—शामक : एकोन, एपिस।

तुलना कीजिए—ऐल्थिया—मार्शमैलो—(एसपैरेजिन रहता है, मूत्राशय, गला और वायु नलिका समूह क्षुब्ध); फाइसैलिस, ऐल्युकेंगी, डिजिटैलिस, सारसास, स्पाइजेलिया।

मात्रा—६ शक्ति।

एस्पिडोस्पर्मा (Aspidosperma)

(क्वेबरैको)

फुफ्फुस का डिजिटैलिस है (हेल)। श्वास-यन्त्रों के केन्द्रों को उत्तेजित करता है। फुफ्फुसिया धमनी में समावरोधन निर्माण। मूत्राशय-विकार संबंधी श्वासकष्ट। यह श्वास यन्त्र केन्द्रों को उत्तेजित करके रक्त में ओषजन की मात्रा को बढ़ाती है। परिश्रम के समय 'दम फूलना' इसका सांकेतिक लक्षण है। हृत्पिण्ड सम्बन्धी दमा रोग।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : कोका, आर्सेनिक, कॉफिया; कैटेल्पा (कठिन श्वास)।

मात्रा—पहला विचूर्ण या अरिष्ट ऐसिडोसपरमिन हाइड्रोक्लोराइड १x विचूर्ण की एक ग्रेन। कई खुराक एक-एक घण्टे पर।

एस्टैकस फ्लुविआटिलिस (Astacus Flu.)

(क्राफिश)

चर्म लक्षण अति महत्त्वपूर्ण हैं। जुलपित्ती।

चर्म—सारे शरीर में जुलपित्ती। खुजली। लसिका ग्रन्थि के बढ़ जाने के साथ तर दाद। विसर्प और जिगर रोग। जुलपित्ती के साथ। ग्रीवा सम्बन्धी ग्रन्थियों की सूजन। कामला रोग।

ज्वर—भीतरी कँपकँपी, हवा असह्य, जो ऊपर से कपड़ा हटाने से बढ़े, सिर दर्द के साथ तेज बुखार।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : बोम्बिक्स—केटर पिलर—सारे शरीर में खुजली। (जुलपित्ती)। एपिस, रस०, नैट्र म्यूर, होमरस।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

ऐस्टेरियस रूबेन्स (Asterias Rub.)

(रेड स्टारफिस)

प्रमेह विषय प्रवणता की एक औषधि। थुलथुला, कफ प्रवृत्ति, फूला हुआ, लाल चेहरा के साथ। कोंचन का-सा दर्द। स्नायविक व्यथा, स्नायुशूल, ताण्डव रोग, मूर्च्छा, सभी इस दवा के कार्यक्षेत्र में आते हैं। स्तनों के कैंसर में प्रयोग की गयी है, और सड़न रोग (कैन्सर) में यह औषधि निःसन्देह लाभकारी है। स्त्री-पुरुषों की काम उत्तेजना।

सिर—बात काटना पसन्द नहीं करता। मस्तिष्क में झटके, थरथराहट, सिर में गरमी मानो हवा से घिरा हो।

चेहरा—लाल। नाक के दोनों तरफ दाने, ठुड्डी और मुँह पर भी। जवानी के समय दाने निकलने की सम्भावना।

स्त्री—मासिक धर्म दिखाई देते ही शूल और दूसरे कष्ट समाप्त हो जाते हैं। स्तन सूजे हुए और दर्दयुक्त; बायें स्तन में अधिक कष्ट। तेज दर्द के साथ घाव होना जो गले की हड्डी तक जाये। बायीं बाँह से नीचे अंगुली तक दर्द जो हिलने से बढ़े। कामोत्तेजना, स्नायविक क्षोभ के साथ। स्तनों का कड़ापन जैसे गुठलियाँ हों। धीमी टीस, स्नायविक दर्द इसी क्षेत्र में। (कोनियम)।

सीना—स्तन सूजे हुए, कड़े। बायें स्तन और बाँह का स्नायुशूल (ब्रोम)। गले की हँसली के नीचे और दिल के क्षेत्र की पेशियों में दर्द। बायाँ स्तन भीतर की तरफ खिंचा मालूम पड़े, और दर्द। दर्द बाँह के भीतरी भाग में छोटी अंगुली तक जाये। बायें हाथ और अंगुलियों की ठिठुरन। स्तन के सड़न (कैन्सर), घाव की अवस्था में भी हितकर है। तीव्र कोंचन दर्द। काँख की ग्रंथियाँ सूजी हुईं और गुठलीदार।

स्नायु मण्डल—लड़खड़ाकर चले। पेशियाँ इच्छा के अनुसार काम न करें। मिर्गी आना और इसके दौरे से पहले सारे शरीर में फड़कन।

मल—कब्ज। असफल इच्छा। जैतून के फल की तरह मल। अतिसार पनीला कत्थई, पिचकारी जैसा तेज, पतली धार।

चर्म—कड़ा और खस्ता। खाज वाले चकत्ते। दूषित स्राव वाले घाव। मुँहासे। अपरस और दाद, बायीं बाँह और सीने पर अधिक। काँख की ग्रन्थि का बढ़ना, रात में और तर मौसम में कष्ट।

सम्बन्ध—शामक : प्लम्बम, जिंकम।

तुलना कीजिए— कोनियम, कार्बो, कोन्डुरैंगो।

विरुद्ध—नक्स, कॉफिया।

घटना-बढ़ना —बढ़ना : कॉफी, रात, ठंडा, तर मौसम, बायीं तरफ।

मात्रा —६ शक्ति।

एस्ट्रैगैलस मोलिसिम (**Astragalus Moli.**)

(परपुल, ऊली लोको-वीड

जानवरों पर इसका वही प्रभाव पड़ता है जो मनुष्य पर सुरासार, तम्बाकू और अफीम से पड़ता है। पहला चरण—दृष्टिभ्रम या पागलपन का जिसमें जानवर उछ-लता-कूदता है और विचित्र छलाँगें मारता है। इस वनस्पति का स्वाद लेकर वह और दूसरा भोजन पसन्द नहीं करता। दूसरे चरण में—दुबलापन आता है। आँखें बैठ जाती हैं। बुद्धि मन्द, बिना चमक के बाल, चाल धीमी और कुछ महीनों के बाद उपवास की तरह से मर जाता है (यू० एस० खेती विभाग) चाल में गड़बड़ी। पक्षाघातिक विकार। पेशियों की पारस्परिक सहकारिता नष्ट।

सिर- दाहिनी कनपटी और ऊपरी जबड़े में भारीपन। बायीं आँख की भौं पर दर्द, चेहरे की हड्डियाँ दर्दीली। चक्कर आये कनपटी में दाब दर्द। जबड़े की हड्डी में दर्द और दाब।

पेट—कमजोरी और खालीपन। गलकोष और आमाशय में जलन।

अंग—दाहिने पैर में एड़ी से अँगुलियों तक थरथराहट। बाईं पिंडली बरफ जैसी ठंडी।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: एरैगैलस लैम्बर्टी-ह्वाइट-लोकोवीड रैटिलवीड: बेराइटा, आक्सिट्रोपिस।

मात्रा—६ शक्ति।

ऑरम मेटालिकम (Aurum Metallicum)

(मेटैलिक गोल्ड)

यदि इस दवा को प्रभाव दिखाने का अवसर दिया जाये तो ऑरम मेटालिकम शरीर में रक्त, ग्रन्थि और हड्डी पर आक्रमण करके ऐसी अवस्थाएँ उत्पन्न करता है जो पारा और उपदंश संक्रमण से मिलती-जुलती होती है, और इन बातों ने ऑरम मेटा० को एक विख्यात औषधि बना दिया है। उपदंश पीड़ित रोगी की तरह इससे भी घोर मानसिक मंदता हो जाती है। निराश, शोकग्रस्त और आत्महत्या करने की प्रबल इच्छा। अपने को नष्ट करने के सभी अवसर खोजे जाते हैं। हड्डियों पर कड़ी गुठलियाँ निकलना; हड्डियों का सड़ना, रात के समय हड्डियों में दर्द खासकर सिर की; नाक की और तालु की हड्डियों में। कंठमालीय रोगियों की ग्रंथियों का बढ़ना। धड़कन और रक्ताधिक्य। अकसर हृदय के रोग के साथ जलोदर भी आता है। अकसर उपदंश के दूसरे चरण में पारे के दुरुपयोग में काम आती है। सोने का प्रयोग उपदंश और कंठमालिक व्याधिनाशक के रूप में अति प्राचीन है, परन्तु पुरानी औषधि प्रणाली (एलोपैथी) वाले इसको भूल बैठे थे और अब यह होमियोपैथी में फिर से खोज निकाली गई है और वैज्ञानिक स्तर पर रख दी गई है, अतः अब यह कभी नहीं खो सकती। जब कंठमालिक बुनियाद पर उपदंश आ जमता है तो इससे अति कठोर और घातक अवस्था पैदा हो जाती है जिसके लिए सोना ही विशेष तौर पर लाभदायक होता है। मानसिक रुकावट। पुराना पीनस। अति कामोत्तेजना। धमनी का कड़ापन। ऊँचा रक्तचाप; हर रात को सोने की हड्डियों के पीछे दर्द। फुफ्फुस धमनी-मंडल और मस्तिष्क का कड़ा पड़ना। दुर्बल बालक, उत्साहहीन, निर्जीव, स्मरण शक्ति मन्द।

मन—आत्मग्लानि, अपने को निकृष्ट समझने की प्रबल भावना। घोर नैराश्य; रक्तचापाधिक्य के साथ जीवन से घृणा और आत्महत्या की धारणा। आत्महत्या करने की ही बातचीत करता है। मृत्यु का भय। जरा भी विरोध पर खिन्नता और अति क्रोधित होकर भड़क उठना। मानव आतंक। पागलपन। बिना जबाब का इन्तजार

किये तेजी से सवाल करते जाना। कोई काम काफी तेजी से न कर सके। अति असहिष्णु (स्टैफि०) : आवाज से, घबड़ाहट से; कौतूहल से।

सिर—सिर में प्रचण्ड पीड़ा, रात में अधिक, बाहर की दाब के साथ, सिर में गरजन, चक्कर। मस्तिष्क से माथे तक फटन। हड्डियों में दर्द जो चेहरे तक बढ़े। सिर में रक्ताधिक्य। खाल पर फुन्सियाँ।

आँखें—रोशनी घोर असह्य। आँखों की चारों तरफ और ढेले में दर्द। द्वि-दृष्टि; चीजों का ऊपरी आधा भाग न दिखाई पड़े। तनी मालूम दें। आग ऐसी चीजें। आँखों की चारों तरफ की हड्डी में तेज दर्द। (एसाफि०) सांतर कनीनिका प्रदाह। पुतली पर रक्त नलिकायें दिखाई देना। दर्द बाहर से भीतर की तरफ जाये। भीतर की तरफ गड़न से दर्द। नाखूने के साथ रोहा।

कान—आभ्यन्तरिक कर्ण की क्षुद्र अस्थियों का और चुचुकाकार अस्थि का सड़ना। अरुण-ज्वर के बाद हठीला, दूषित, दुर्गन्धित स्राव। बाहरी छेद मवाद से भरा हो। जीर्ण स्नायविक बहरापन। उपदंश रोग के कारण आये कान के रोग।

नाक—फटी हुई घायल, दर्दीली, सूजी, रुकी हुई। नाक की सूजन, सड़ना, दूषित स्राव, पीप-सा, खूनी। नाक में छेदन-दर्द, रात में अधिक। नाक में सड़ी महँक। अति संवेदनीय; गंध सहन न हो (कार्बोलिक एसिड)। नाक और मुँह से भयंकर दुर्गन्ध निकलना। नाक का सिरा गाँठदार।

मुँह—लड़कियों के वयःसंधिकाल में दुर्गन्ध आये, मुँह का स्वाद कड़वा या सड़ा हुआ। मसूड़े पके हुए।

चेहरा—गंडास्थि युगलक प्रवर्द्धन में फटन। जबड़े की अन्य हड्डियाँ सूजी हुईं।

गला—निगलने पर गड़न, ग्रन्थियों में दर्द। तालु का सड़ना।

आमाशय—भूख और प्यास अधिक होना, जी मिचलाने के साथ। उदर के सामने वाले और ऊपरी भाग की सूजन। पेट में जलन और गरम डकार।

उदर—दाहिना कोखा गरम और दर्दीला। वायु न सरे। वंक्षणीय की सूजन और पकन।

मूत्र—गँदला, क्रीम निकले दूध की तरह, गाढ़ी तलछट के साथ पेशाब का रुकना।

मलाशय—कब्ज, मल कड़ा और गठीला। रात का अतिसार और इसके साथ मलान्त्र में जलन।

पुरुष—फोतों की सूजन और दर्द, फोतों का जीर्ण कड़ापन। घोर तेजी। बालकों के फोतों की क्षीणता। अण्डकोष में पानी उतरना।

स्त्री—योनि की अति उत्तेजनीयता। गर्भाशय का बढ़ जाना और बाहर निकलना। बाँझपन, कष्टपूर्ण आक्षेप।

दिल—ऐसा संवेदन हो कि दो या तीन सेकण्ड के लिए रुक गया हो और फिर एकदम से भड़क उठे और साथ में पेट के अगले ऊपरी भाग में क्षीणता का बोध। धड़कन। नाड़ी की चाल तीव्र, दुर्बल, अक्रमिक। दिल का बढ़ना। रक्त-चाप ऊँचा होना। दिल के पर्दे की बीमारी जो अपकर्ष जैसी हो। (आरम ३०)।

श्वास-यन्त्र—रात में साँस की तेजी, घड़ी-घड़ी गहरी साँस ले, सीना और पंजर में चिलक।

हड्डियाँ—खोपड़ी की हड्डियों में दर्द, खाल के नीचे ढोंके, हड्डियों का बढ़ना और रात में दर्द होना। हलक, तालु और जबड़ों की हड्डियों का सड़ना। रोगग्रस्त हड्डी का दर्दीलापन, खुली हवा में कम, रात में अधिक।

अंग—शरीर का सारा खून सिर से निचले अंगों में दौड़े। निचले अङ्गों का शोथ। गरमी मानो शिराओं में खून खौल रहा हो। जोड़ों में पक्षाघातिक कटन दर्द। घुटने कमजोर।

नींद—अनिद्रा। सोते में जोर-जोर से सिसकना ! भयानक स्वप्न।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : ठंढे मौसम में, ठंडक लगते समय। बहुत-से रोग जाड़े ही में उठते हैं, सूरज डूबने से निकलने तक।

संबंध तुलना कीजिये : आरम आर्स० (जीर्ण बृहद् धमनी प्रदाह; चर्म की टीबी, उपदंशीय सिर दर्द में क्षय रोग, रक्तहीनता और हरा कामला रोग, इससे भूख बढ़ती है।) आरम ब्रोम० (स्नायु दौर्बल्य इसके साथ अर्द्धकपाली दर्द, रात्रि में भयानक सपने, हृदय कपाट रोग।) आरम म्यूर—प्रदर; पीला, तेजाबी स्राव, जलन के साथ, हृदय लक्षण, ग्रन्थि रोग, जबान और जननेन्द्रिय पर मस्से, स्नायु-मण्डल का कड़ा पड़ना और पानी आना। अनेक भागों का कड़ापन। सुषुम्ना नाड़ी का असाधारण रूप से फैलना। दूसरा विचूर्ण। आरम म्यूर—(प्रमेह विष की दवा है। इससे दबे हुए स्राव फिर से निकलने लगते हैं। वयःसंधिकालीन गर्भाशय से रक्त प्रवाह। अग्रच्छिद्रा रोग। माथे की बायीं तरफ चमकन दर्द। थकावट, सभी कामों से घृणा। पेट में खींचन संवेदना। कैन्सर, जबान चमड़े जैसी कड़ी, जिह्वा प्रदाह के बाद कड़ापन।)

आरम म्यूर-केलि—डबल क्लोराइड—ऑफ पोटैशियम ऐण्ड गोल्ड—गर्भाशय के कड़ापन, और रक्त-प्रवाह में लाभदायक है।

आरम आयोडेटम—हृद्वेष्ट का जीर्ण प्रदाह, कपाट विषयक रोग, धमनी का कड़ापन, पीनस रोग, चर्म क्षय, अस्थि प्रदाह, डिम्ब शोथ, गर्भाशय अर्बुद, आदि

ऐसी बाधायें हैं जिनमें यह शक्तिशाली औषधि लाभदायक होती है। वृद्धावस्था में पक्षाघातिक अवस्था। आरम सल्फ (कम्पवात, बराबर सिर हिलाया करे, स्तन से रोग, सूजन दर्द, घुण्डी चिटकी हुई और भाला लगने जैसे दर्द के साथ)।

इसके अतिरिक्त एसाफीटि० (कान और नाक की हड्डियों का सड़ना।) सिफिलीन, कैली आयोड, हीपर०, मर्क; मेजे०, नाइट्रि० ऐसि०; फास्फ०।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

३० शक्ति खासकर रक्त-चापाधिक्य में।

आरम म्यूरियेटिकम नैट्रानेटम (Aurum Mur. Nat.)

(सोडियम क्लोऑरेट)

इस औषधि का स्त्री-जननेन्द्रियों पर बहुत स्पष्ट प्रभाव होता है और इसी पर इसका चिकित्सा सम्बन्धी प्रयोग निर्भर है। गर्भाशय अर्बुद पर इसका प्रभाव सभी औषधियों से बढ़कर है। (बर्नेट) उपदंशीय अपरस। निचले जबड़े की हड्डी और झिल्ली की सूजन। अण्डकोष की सूजन। स्नायविक विकार से रक्त चापाधिक्य। धमनी का कड़ापन, उपदंशीय उरुस्तंभ।

जबान—जलन, चिलकन और कड़ापन। छोटे-बड़े जोड़ों के पुराने दर्द। जिगर का कड़ापन और बढ़ना। भीतरी गुर्दा प्रदाह।

स्त्री—गर्भाशय मुँह की सख्ती। युवा बालिका की धड़कन। उदर में ठंडापन। जीर्ण गर्भाशय प्रदाह और बाहर निकलना। गर्भाशय की गरदन और योनि का पकन-घाव। पुराना प्रदर रोग। योनि के साथ डिम्बाशय कड़े। जरायु का अल्प फैलाव। गर्भाशय का कड़ा पड़ना।

मात्रा—२ और ३ विचूर्ण।

एवेना सैटाइवा (Avena Sativa)

(कामन ओट)

मस्तिष्क और स्नायुमण्डल पर इस औषधि का श्रेष्ठ प्रभाव पड़ता है और उनकी पोषण-क्रिया बढ़ती है।

स्नायविक थकान, कामेन्द्रिय की दुर्बलता, अफीम खाने की आदत में इस दवा की अधिक मात्रा में आवश्यकता होती है। दुर्बल करने वाले रोगों में शक्ति बढ़ाने की उत्तम दवा है। बूढ़ों के स्नायविक कम्प, ताण्डव रोग, वात कम्प, मिर्गी रोग। रोहिणी के बाद आया पक्षाघात, हृदय का वात दर्द। सर्दी। तीव्र जुकाम (२० बूँद

गरम पानी में कई बार)। मद्यपान रोग। अनिद्रा खासकर मद्यपान वालों को। अफीम खाने का बुरा असर। स्त्री रोग की अनेक स्नायविक स्थितियाँ।

मन—किसी एक विषय पर मन न जमा सके।

सिर—मासिक धर्म के समय स्नायविक सिर दर्द, जिसमें चाँद पर और सिर के पिछले भाग में दर्द, जलन हो। पेशाब में चूना जाये।

स्त्री—नष्टरजः। कष्टरजः, इसके साथ में रक्तसंचार दुर्बल।

पुरुष—वीर्य स्राव, अधिक मैथुन के बाद आयी नपुंसकता।

अंग—अंग का सुन्नपन मानो पक्षाघात हो गया हो। हाथों की शक्तिक्षीणता।

संबंध—तुलना कीजिए : एलफैल्फा (एवेना की तरह बलवर्द्धक-पेशाब थोड़ा और दबा हुआ)।

मात्रा—अरिष्ट की १० से २० बूँद की एक खुराक, जहाँ तक हो सके गरम पानी के साथ।

अजाडिरैक्टा इण्डिका (Azadirachta Indi.)

(मारगोसा बार्क)

इस दवा से तीसरे पहर ज्वर और शरीर के भिन्न-भिन्न भागों में वात दर्द पैदा होता है। सीने के पंजर और पसलियों में, पीठ और कन्धों में, अंगों में दर्द। हाथों में, खासकर हथेलियों और हाथ-पैर की अंगुलियों में गरमी, चुभन, टीस।

सिर—भुलक्कड़, उठने में चक्कर, सिर दर्द, खोपड़ी की चाल कोमल, आँखों में जलन, दाहिनी आँख के ढेले में दर्द।

सिर—थोड़ी गनगनी, तीसरे पहर आनेवाला ज्वर, चेहरा, हाथ-पैर बहुत गरम, शरीर के ऊपरी भाग में बहुत पसीना।

संबंध—तुलना कीजिए : सेड्रोन, नैट्रम म्यूर, आर्सेनिक।

बैसिलिनम (Bacillinum)

(ए मसेरेशन आफ टिपिकल ट्यूबरक्युलस लंग इण्ट्रोड्यूस्ड बाई डॉ० बर्नेट)

तपेदिक के इलाज में इसका सफलता के साथ प्रयोग किया गया है, इसका अच्छा असर बलगम पर देखा गया है और जो कम हो जाता है और उसमें वायु की मात्रा अधिक होकर मवाद कम होता है। कई प्रकार की बिना तपेदिक वाली बीमारियों में भी जो पुरानी हैं, इस दवा का सफल प्रयोग किया गया है, खासकर

जब वायु-नलिका समूह रोगग्रस्त हो और साँस में कष्ट हो। श्वास-यन्त्र से मवाद जाना। रोगी कम बलगम थूकता है।

बैसिलिनम वृद्ध लोगों के फुफ्फुस रोग में खास तौर पर सांकेतिक है, जब कि पुराने नजले के लक्षण साँस-यन्त्र में कम रक्त की अवस्था के साथ, रात में दम घुटने के हमले और कष्टदायक खाँसी भी हो। दम घोंटने वाला दमा। क्षय रोग सम्बन्धी मस्तिष्क प्रदाह। दाँत पर जमी मैल (पपड़ी) छुड़ाने में सहायता देता है। जुकाम का बार-बार हमला।

सिर—चिड़चिड़ा, सुस्त। तेज, गहरा सिर दर्द, जैसे किसी बन्धन में हो। सिर का दाद। पलकों पर अकौता।

उदर—उदर पीड़ा। पुट्ठे की ग्रन्थियाँ बढ़ी हों, मध्य आन्त्र का क्षय रोग। नाश्ते से पहले एकाएक दस्त का हमला। कठोर कब्ज और दुर्गन्धित वायुस्खलन।

श्वास-यंत्र—घुटन। नजले के कारण श्वास-कष्ट। तर दमा, बलगम का फुद-फुदाना और पीब जैसा गन्दा बलगम निकलना।

नोट—वायुनलिका प्रदाहिक, रोगियों के बलगम में विषैले जीवाणु मिले रहते हैं। इसलिए बैसिलिनम स्पष्ट रूप से सांकेतिक होता है। (कारटियर) अक्सर फुफ्फुस में संचित रक्त को कम करता है और क्षय रोग की दूसरी दवाओं के लिए रास्ता साफ करता है।

चर्म—दाद, भूसी छूटने का चर्म रोग। पलकों पर अकौता। गरदन की ग्रन्थियाँ बढ़ी हुई और कोमल।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : रात में और तड़के, ठण्ढी हवा से।

संबंध—एण्टिमोन०, आयोड, लैके०, आर्सेनिक; आयोड, मायो सोटिस, लेविको ५-१० बूँद सहायक दवा के रूप में जहाँ बहुत कमजोरी हो। (वरनेट)। पूरक : कैल्के० फास, कैली कार्ब।

तुलना कीजिए—इसका असर ठीक काख साहब के ट्युबरकुलिनम की तरह है। दोनों तपेदिक की प्रवणता में लाभदायक होती हैं जब कि अभी तपेदिक न बना हो। ग्रन्थियों, जोड़ों, चर्म और हड्डियों के क्षय रोग के शुरू में। सोराइनम इसकी जीर्ण सम औषधि है। बेसिलिन टेस्टियम (खासकर शरीर के निचले भाग की टी० बी० में काम करती है।)

मात्रा—मात्रा पर विचार बहुत जरूरी है। ३० शक्ति के नीचे नहीं देना चाहिए और न अधिक बार दोहराना चाहिए। हफ्ते में एक खुराक परिवर्तन लाने के लिए काफी है। इसका असर तेज होता है और अच्छा प्रभाव जल्द दिखाई देना चाहिये, नहीं तो दोहराने की कोई जरूरत नहीं है।

बैडियागा (Badiaga)

(फ्रेश वाटर स्पंज)

पेशियों और बन्धनियों की दुखन, जो हरकत से और कपड़े की रगड़ से बढ़े; ठण्डक असह्य। ग्रन्थियाँ सूजी हुई। बाघी, गुलाबी दाने।

सिर—बढ़ा हुआ और भारी मालूम पड़े। माथे और कनपटी में दर्द, आँखों के ढेलों तक बढ़े, तीसरे पहर अधिक हो। आँखों के नीचे नीलापन। रूसी झड़ना। खोपड़ी की खाल दर्दीली, सूखी, पपड़ीदार। जुकाम, छींक, पनीला स्राव। दमा रोग ऐसी साँस और दम घोंटने वाली खाँसी के साथ इन्फ्लुएंजा। थोड़ी आवाज भी मालूम पड़े।

आँख—बायीं ऊपरी पलक में फड़कन, ढेले कोमल, ढेलों में टीस। ढेलों में रुक-रुक कर दर्द ३ बजे तीसरे पहर उठे।

श्वास-यंत्र—खाँसी, तीसरे पहर बढ़े, गरम कमरे में कम। श्लेष्मा मुँह और नाक में से जो बाहर जा पड़े। काली खाँसी, गाढ़ा, पीला बलगम, झटके से निकले। मौसमी फ्लू, दम फूलने के साथ। सीने में फुफ्फुसावरण प्रदाह ऐसी चिलक, गरदन और पीठ में भी।

आमाशय—मुँह गरम। अधिक प्यास। पेट के गड्ढे में कोंचन दर्द जो सीना और कन्धे की हड्डी तक बढ़े।

स्त्री—जरायु से रक्तस्राव, रात में अधिक, इसके साथ सिर बहुत बड़ा मालूम पड़े (आर्स०)। स्तनों का सड़ना (कैंसर) (ऐस्टरियस, कोन०, कार्बो० ऐनि०, प्लम्बम आयोड)।

दिल—दिल के क्षेत्र में अवर्णनीय कष्ट जैसा लगे, दर्द और कच्चापन के साथ उड़ती हुई चिलक सभी जगह।

चर्म—छूने में पीड़ा हो। सिकुड़न, दरारें।

पीठ—गरदन की जड़ और कन्धों के डैनों में चिलकन, पीठासे, कमर, चूतड़ और निचले अंगों में दर्द। बहुत अकड़ी गरदन। पेशियाँ और चमड़ा दर्दीला मानो चोट खाये हों।

घटना-बढ़ना—ठण्डक से बढ़े, गरमी से कम हो।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : मर्क; (सामान मगर उल्टा घटना-बढ़ना) स्पांजिया, कैली हाइड्रो, फाइटोलैक्का; कोनियम।

पूरक—सल्फर, मर्क० आयोड०।

मात्रा—पहली से छठीं शक्ति।

बैलसेनम पेरूवियेनम (Balsamum Peruvianum)

(पेरुवियन बालसैम फ्राम माइरोक्सिलोन पेरियरी)

वायुनलिका के नजले में लाभदायक है, जब कि बलगम अधिक और पीब जैसा निकले। कमजोरी, यक्ष्मा (टी० बी०) ज्वर।

नाक—मात्रा में अधिक, गाढ़ा स्राव। अकौता, घाव के साथ। जीर्ण, पीब जैसा नाक का नजला।

पेट—भोजन और श्लेष्मा की कै। आमाशय का नजला।

सीना—वायुनलिका समूह प्रदाह (ब्रांकाइटिस) और क्षय रोग जिसमें गाढ़ा, क्रीम जैसे रंग का बलगम अधिक निकले। सीने में तेज खड़खड़ाहट (काली सल्फ, एण्टिम टार्ट)। तर खाँसी। क्षय ज्वर और रात पसीना साथ में क्षोभजनक खाँसी और थोड़ा बलगम निकले।

मूत्र—थोड़ा अधिक श्लेष्मा जैसा तलछट। मूत्राशय का नजला। चिमाफि०।

सम्बन्ध—बैलसेमम टोलुटैनम—दि बालसैम ऑफ माइरोक्सिलोन टोलुइफेरा (जीर्ण वायुनलिका प्रदाह, अधिक बलगम के साथ) ओलियम कैरियोफाइलम—आयल ऑफ क्लोव—अधिक मात्रा में पीबवाले बलगम के साथ—३ से ५ बूँद या कैप्सूल में दें।

मात्रा—पहली शक्ति। क्षय ज्वर ६x।

गैरहोमियोपैथिक प्रयोग : कठिन घाव की कच्ची जगह को बल देता है। सूखी खुजली, स्तन घुण्डी फटी हुई, खाज में, घाव को भरता है दुर्गन्ध को दूर करता है। श्वास रोग में फुहारे से १ प्र० श० शोल्यूशन सुरासार या ईथर में बनाकर (स्प्रे)। जीर्ण वायु नलिका प्रदाह में बलगम निकलने के लिये खिलाया जाता है। मात्रा ५ से १५ बूँद गोंद में घोल या अण्डे में घोट कर इमलशन बनाकर दें।

बैप्टिसिया (Baptisia)

(वाइल्ड इण्डिगो)

इस दवा के लक्षणों में कमजोरी पायी जाती है। यह मन्द ज्वर पैदा करती है, रक्त का दूषित होना, मलेरिया विष, घोर पतनावस्था भी इसमें पायी जाती है। अवर्णनीय विकार की अनुभूति। घोर पेशिक पीड़ा और सड़ाव के लक्षण सदा मौजूद रहते हैं। सभी स्राव घृणित होते हैं—साँस, मल, मूत्र, पसीना इत्यादि। महामारी के रूप में फैला हुआ—इन्फ्लुएञ्जा। बालकों की आँतों का जीर्ण विषैलापन और साथ में दूषित मल और डकार।

नीची शक्ति में बैप्टिसिया ऐसे जीवाणु उत्पन्न करती है जो ज्वर के जीवाणुओं को नष्ट करते हैं। इस तरह यह दवा शरीर में मोह ज्वर के विष को रोकने की शक्ति पैदा करती है। आन्त्रिक ज्वर फैलाने वाले रोगी। आन्त्रिक ज्वर नाश करने का टीका लगवाने के बाद आये उपद्रवों के लिए हितकर है। सविराम नाड़ी, खासकर वृद्ध में।

मन—उन्मत्त, विचरण भाव। विचार-शक्तिहीनता। मानसिक गड़बड़ी। विचार गड़बड़। अपना शरीर बँट जाने का भ्रम। सोचता है कि उसका शरीर टूट गया है या बिखर गया है और बिस्तर पर करवटें बदला करता है तथा अपने को जोड़ने की चेष्टा करता है (काजूपुटम)। प्रलाप, चित्त-भ्रम, बुदबुदाना। पूर्ण उदासीनता। बातें करते-करते सो जाता है। शोकग्रस्त, अचैतन्यता के साथ।

सिर—चक्कर, नाक की जड़ पर दाब। माथे का चमड़ा कसा मालूम हो, सिर के पीछे की तरफ खिंचाव प्रतीत हो। बहुत कड़ा मालूम पड़े, भारी; सुन्न। आँखों के ढेलों का दर्दीलापन। मस्तिष्क दर्दीला लगे। अचैतन्यता, बात करते-करते सो जाये। आंत्रिक ज्वर की अवस्था के आरम्भ में आया बहरापन। पलकें भारी।

चेहरा—मतिमंद चेहरा। गहरा लाल। नाक की जड़ में दर्द। जबड़े की पेशियाँ तनी हुई।

मुँह—स्वाद फीका, कड़वा। दाँत और मसूढ़े दर्दीले; घाव वाले। साँस दुर्गन्धित। जबान जली मालूम पड़े। पीली, कत्थई, किनारे लाल और चमकदार। बीच में सूखी और कत्थई, किनारे सूखे और चमकदार; सतह चिटकी और दर्दीली। केवल तरल पदार्थ निगल सके। जरा भी कड़ी चीज गला घोट दे।

गला—तालुमूल और मुलायम तालु गहरा लाल। घुटन आये; गलनली का सिकुड़न (कैजूपुटम) ठोस भोजन निगलने में बड़ी कठिनाई। बिना दर्द का गला-प्रदाह और बदबूदार स्राव। दिल के छिद्र की सिकुड़न।

आमाशय—केवल तरल पदार्थ निगल सके, गलनली के आक्षेप से कै हो जाय। आमाशयिक ज्वर। अरुचि। पानी की बराबर इच्छा। आमाशय में भारी दुर्बलता। कौड़ी प्रदेश में दर्द। कड़ी चीज रखी मालूम पड़े। (एबीज निग०) बियर से सभी लक्षण बढ़ें (कैलो ब्राइक्रो०) हृदय छिद्र की आक्षेपिक सिकुड़न तथा पेट और आँतों का घाव।

उदर—दाहिना बाजू स्पष्ट रूप से रोगग्रस्त होता है। तनाव और गड़गड़ाहट, जैसे प्रदाह आया हो। पित्ताशय क्षेत्र के ऊपर दर्द दस्त के साथ। मल बहुत बदबूदार, पतला, काला, खून मिला। जिगर प्रदेश में दर्द। वृद्ध लोगों की पेचिश।

स्त्री—मानसिक शोक-ग्रस्तता, शोकाक्रमण दौर्बल्य, मंदज्वर; रात्रि जागरण के कारण गर्भपात का भय। मासिक-धर्म समय से बहुत पहले, बहुत अधिक। प्रसव स्राव तीखा, दूषित। प्रसव ज्वर।

श्वास-यन्त्र—फुफ्फुस दबे हुए मालूम पड़ें साँस लेने में कष्ट, खिड़कियाँ खोले। डरावने सपनों और दम घुटने के डर से सोने से डरता है। सोने में सिकुड़न।

पीठ और अंग—गरदन थकी हो। कड़ापन और दर्द, बाँहों ओर पैरों में टीस और तनाव। त्रिकास्थि, कटि-भाग और टाँगों में दर्द। चोटीलापन और छिलन। शय्यागत।

नींद—अनिद्रा और बेचैनी। बिखरे टुकड़ों के भयंकर स्वप्न। बिस्तर पर शरीर बिखरा मालूम पड़े, अपने को इकट्ठा न कर सके। प्रश्न का उत्तर देते-देते सो जाये।

चर्म—सारे शरीर और अंगों पर लाल धब्बे। चर्म में जलन और गरमी (आर्सेनिक)। सड़े घाव, अचैतन्यता, मंद प्रलाप शिथिलता के साथ।

ज्वर—कपकपी, और सारे शरीर के चोटीलापन के साथ वात दर्द। शरीर गरम कभी-कभी कपकपी। लगभग ११ बजे दिन के कपकपाहट। मंद ज्वर। मोह ज्वर। जहाजी बुखार।

घटना-बढ़ना—तुलना कीजिए: ब्रायोनिया और आर्सेनिक के लाभ को सम्पन्न करने के लिए। एलैन्थस से केवल दर्द की अधिकता का अन्तर है। बैप्टिसिया कम दर्दीला है। रस०, म्यूरियेट० ऐसिड, आर्सेनिक, ब्रायोनिया, आर्निका, एचीनिशिया, पाइरोजन। बैप्टिस्टा कनफ्यूजिया (दाहिने जबड़े में दर्द और बायें मोखे में दाब, जिससे साँस कष्ट बढ़े और उठ खड़े होने को मजबूर हो)।

मात्रा—अरिष्ट से १२ शक्ति तक। प्रायः अल्पकालीन प्रभाव।

बैरोस्मा क्रेनाटा (Barosma Cro.)

(बूचू)

जननेन्द्रियों तथा मूत्र-यन्त्र-मण्डल पर इसका विशेष प्रभाव होता है, दूषित मवाद का स्राव। मूत्राशय उत्तेजित, मूत्राशय का नजला, मूत्र-ग्रन्थि (प्रोस्टेट) रोग। पथरी। प्रदर।

सम्बन्ध-तुलना कीजिए: कोपेवा, थुजा, पोपुलस, चिमैफि०, डिओस्मा देखिये।

मात्रा—अरिष्ट या पत्तियों की चाय।

बैराइटा एसेटिका (Baryta Acet.)

(एसिटेट ऑफ बेरियम)

पक्षाघात उत्पन्न करता है, जो निचले अङ्गों से ऊपर को बढ़ता है, वृद्ध लोगों की खाज।

मन—भुलक्कड़, अधिक आगा-पीछा करना। आत्मनिर्भरता की कमी।

चेहरा—चेहरे पर मकड़ी के जाले जैसा संवेदन।

अङ्ग—बायें पैर में नीचे तक खींचन दर्द; जलन, चिलिक के साथ रेंगन। पक्षाघात। पेशियों और जोड़ों में कटिवात और वात पीड़ा।

मात्रा—२ और ३ विचूर्ण, दोहराना चाहिए।

बैराइटा कार्ब (Baryta Carb)

(कार्बोनेट ऑफ बैराइटा)

बचपन और बुढ़ापे में विशेष सांकेतिक। यह दवा गण्डमालिक बच्चों की सहायता करती है; खासकर यदि वे शारीरिक और मानसिक क्षेत्र में पिछड़े हों, उनकी बढ़ोत्तरी और उन्नति रुकी हो। आँखों में कण्ठमालिक प्रदाह, उदर फूला हुआ। जुकाम जल्दी-जल्दी हो और सदा तालुमूल सूजे रहें। मसूढ़ों से खून बहे। वृद्ध लोगों के रोग, जब छिन्नता आने लगी हो—हृदय सम्बन्धी और मस्तिष्क सम्बन्धी—जिनकी मूल ग्रन्थियाँ फूल गई हों या अंड कड़े पड़ गये हों, सर्दी असह्य हो, दूषित पैर का पसीना, बहुत कमजोरी और थकावट, बैठना, लेटना या किसी चीज के सहारे ओठंगना पड़े। अजनबी लोगों से मिलने में घबरायें। गले के भीतर गिरनेवाला नजला, इसके साथ अक्सर नकसीर बहना। अक्सर उन युवकों के अनपच रोग में लाभदायक है जिन्होंने हस्त-मैथुन किया हो। यह शरीर के ग्रन्थि-निर्माण को प्रभावित करता है और सर्वांग छिन्नता में लाभदायक है, खासकर धमनी के पर्दों पर, धमन्यार्बुद और बुढ़ापे की कमजोरी में। बैराइटा हृदय-पट के लिए विष है जो हृदय की पेशियों और धमनियों को प्रभावित करता है। धमनी-अर्बुद। रक्तनलियाँ मुलायम और छिन्न होती हैं और तन जाती हैं, मांस-अर्बुद हो जाते हैं, फट जाता है और मूर्च्छा रोग हो जाता है।

मन—स्मरण शक्ति मिट जाती है। मानसिक दुर्बलता। अस्थिर, आत्म-निर्भरताहीन। बुढ़ापे के मानसिक विषाद। मानसिक गड़बड़ी। लज्जा। अनजाने लोगों से घबराये। बालबुद्धि; तुच्छ बातों पर दुःखी।

सिर—चक्कर, चिलकन, धूप में खड़े होने से सिर के भीतर तक कष्ट बढ़े। मस्तिष्क ढीला मालूम हो। बाल झड़ें। कौतूहल। वसार्बुद।

आँख—पुतली बारी-बारी से फैले और सिकुड़े। रोशनी असह्य। आँख के सामने जाला। मोतियाबिन्द (कैल्के०, फास०, सिली०)।

कान—कम सुनना। कड़कड़ाहट की आवाज। कानों के चारों तरफ की ग्रन्थियाँ सूजी हुई और दर्दीली। नाक छिनकने पर आवाज गूँजना।

नाक—सूखी, छींक आना, जुकाम, ऊपरी होंठ और नाक की सूजन के साथ। नाक में धुआँ ऐसा मालूम पड़े। गाढ़ा पीला श्लेष्मा निकले। अकसर खून बहे। नथनों की दीवारों में पपड़ी जमे।

चेहरा—पीला फूला हुआ, मकड़ी का जाला तना ऐसा लगे (एलुमिना) ऊपरी होंठ सूजा हुआ।

मुँह—जागने पर मुँह सूखा हो। मसूढ़ों से खून बहे, दाँतों से हटे हुए हों। मासिकधर्म के पहले दाँत दर्द। मुँह छालों से भरा हो, दूषित स्वाद। जबान का लकवा जबान के सिरे पर कड़कन, जलन दर्द प्रातःकाल लार बहे। भोजन अन्दर आते ही अन्न की नाली के मुँह पर झटके आएँ।

गला—कान की निचली ग्रन्थियों और तालुमूल की सूजन। सर्दी जल्द हो, चिलकन और चुभन दर्द के साथ। तालुमूल प्रदाह। जुकाम होते ही तालुमूल पके। तालुमूल सूजे हुए। शिराएँ सूजी हुईं। निगलते समय कड़कन का दर्द, खाली निगलने से अधिक हो। गलकोष में गुल्ली ऐसा संवेदन केवल तरल पदार्थ ही निगल सके। गले में भोजन उतरते ही झटका आये जिससे गला दबे और साँस रुके। (मर्क०, कारो०, ग्रैफाइट०)। आवाज के अधिक प्रयोग से आया रोग। तालुमूल, गला कोष या स्वरनली में गड़न का दर्द।

आमाशय—लार आये, हिचकी, डकार, जो पत्थर ऐसे दाब को कम करे। भूख मगर खाने से इनकार। भोजन करने के बाद ही दर्द और भारीपन आये, कौड़ी में कोमलपन के साथ (कैली कार्ब)। गरम भोजन करने से रोग बढ़े। वृद्ध में आमाशयिक दौर्बल्य, साथ में और भी कोई कठिन दोष।

उदर—कड़ा, तना और फूला हुआ। शूल हो। मध्यान्त्र ग्रन्थियों का बढ़ना। भोजन निगलते ही दर्द हो। भूख के साथ पुराना शूल, परन्तु भोजन से अरुचि हो।

मलांत्र—कब्ज, कड़े, गठीले मल के साथ। पेशाब करते समय बवासीर निकले। मलान्त्र में रेंगन। गुदा टपके।

मूत्र—जब कभी रोगी पेशाब करता है; बवासीर बाहर निकल आती है। पेशाब लगना। पेशाब करते समय मूत्रमार्ग में जलन।

पुरुष—इच्छा घटे और समय से पहले नामर्दी आये। मूत्रग्रन्थि का बढ़ना। अण्डकोष बढ़े।

स्त्री—मासिक धर्म से पहले पेट और पिठासे में दर्द। मासिक स्राव।

श्वास-यंत्र—सूखी, दम घोटने वाली खाँसी, खासकर वृद्ध में। बलगम भरा हो, मगर बाहर निकलने की शक्ति न हो, मौसम बदलने पर बढ़े (सेनेगा) जैसे स्वरनली में धुआँ भरा हो, ऐसा मालूम पड़े। जीर्ण स्वर लोप। सीने में खिलकन, जो साँस भीतर खींचने में बढ़े। फुफ्फुस धुएँ से भरे लगें।

दिल—धड़कन और दिल में कष्ट, धमन्यार्बुद (लाइको०)। दिल की गति को पहले बढ़ाती है; रक्तचाप अधिक हो जाता है, रक्त-नलियाँ सिकुड़ती हैं। बायें करवट लेटने से धड़कन बढ़े, खासकर उसपर सोचने से। नाड़ी भरी और कड़ी। पैर का पसीना दबने से दिल के लक्षण उभरें।

पीठ—सिर के पिछले भाग की जड़ में ग्रन्थियों की सूजन। गरदन पर चर्बीले फोड़े। कंधों के डैनों के बीच में चोटीला दर्द। त्रिकास्थि में तनाव। रीढ़ कमजोर।

अङ्ग—काँख की ग्रन्थियों में दर्द। ठंडे, लसीले पैर (कैल्के०)। दुर्गन्धित पैरों का पसीना। अंगों का सुन्न होना। घुटने से अण्डकोष तक ठिठुरने लगे, बैठने पर लुप्त हो। पैर की अंगुलियाँ और तलवे दर्दीले, टहलने से तलवे में दर्द। जोड़ों में दर्द, निचले अंगों में जलन, पीड़ा।

नींद—सोते समय में बात-चीत करना, बार-बार जागे; बहुत गरम मालूम हो। सोते में फड़कन।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : लक्षणों को सोचने से, धोने से, दर्दीली करवट लेटने से। घटना : खुली हवा में टहलने पर।

संबंध—तुलना : डिजि०, रेडियम, एरेगै। ऑक्टीड्राप; टेस्टैबा०।

पूरक : डल्का०; साइलीशिया; सोरिन०।

बेमेल : कैल्के०।

विषैली मात्रा का शामक : एप्सम सॉल्ट।

मात्रा—३ से ३० शक्ति, आखिरी शक्ति तालुमूल प्रदाह की सम्भावना हटाने के लिए। बैराइटा मन्द गति से काम करती है, दोहराना ठीक है।

बैराइटा आयोडेटा (Baryta Iod.)

(आयोडाइड ऑफ बैराइटा)

लसिकावाहिनियों पर काम करती है, रक्त में सफेद कणों की अधिकता। तालु-मूल प्रदाह। ग्रन्थियाँ कड़ी, खासकर तालुमूल और स्तन की। कण्ठमालिक नेत्र प्रदाह, गरदन की ग्रन्थियों की सूजन के साथ और बौनापन।

संबंध—तुलना कीजिए : एकोन लाइकोटोनम (ग्रीवा, काँख और स्तन ग्रंथियों की सूजन), लैपिस; कोन०, मर्क० आयोड०, कार्बो० ऐनि०।

मात्रा—२ और ३ विचूर्ण।

बैराइटा म्यूरियेटिका (Baryta Mur.)
(बैरियम क्लोराइड)

वृद्धों तथा शारीरिक और मानसिक दृष्टि से अविकसित व्यक्तियों के कष्टों में बैराइटा के भिन्न-भिन्न लवणों की आवश्यकता होती है। इस अवस्था में धमनी का ऐसा कड़ापन आना जो उपर्युक्त ढङ्ग का हो। बूढ़े लोगों का सिर दर्द मगर बिना चरम सीमा पर पहुँचे; जबकि इसका कारण मस्तिष्क में रक्त की कमी हो। चक्कर और कानों में आवाजें आना। निचली आँतों पर भी काम करती है, खासकर मलान्त्र पर, पेशियों और जोड़ों पर। अधिक चलने जैसा कड़ापन और कमजोरी। सफेद रक्त कण बढ़ें। अधिक तनाव और रक्त-नलियों का अपकर्ष। नाड़ी की गति में तनाव। धमनी का कड़ापन (प्लम्ब, सिकेलि)।

इस औषधि को खाते ही दिल के छेदों में कड़ापन और सिकुड़न तथा पेट की कौड़ी प्रदेश में कोमलपन आता है, जो कि बार-बार सत्य सिद्ध हुआ है, इसके अतिरिक्त इसका प्रयोग धमनी अर्बुद और जीर्ण तालुमूल की वृद्धि में भी होता है : स्त्रियों में और पुरुषों में अत्यधिक कामोन्माद। अकड़न। सभी तरह का पागलपन जब कि काम इच्छा अधिक हो। शरीर को बर्फ जैसी ठंडक, पक्षाघात के साथ। मस्तिष्क और रीढ़ का अपकर्ष। पेशियों की ऐच्छिक शक्ति नष्ट हो जाती है; मगर पूर्ण चेतना बनी रहती है इन्फ्लुएञ्जा और गले में झिल्ली आने के प्रदाह के बाद आंशिक पक्षाघात। सुबह को सुस्ती, खासकर टाँगों में कमजोरी, पेशियों के तनाव के साथ। बच्चे जो मुँह खोले रहते हैं और नाक से बोलते हैं। मंदबुद्धि दिखाई दें और ऊँचे सुनें।

नाक—सनसनाहट, भनभनाहट। चबाने, निगलने और छींकने पर आवाजें सुनाई दें। कान-दर्द ठंडा पानी धीरे-धीरे पीते समय कम रहे। कान की ग्रन्थि सूजी हुई। घृणित स्राव। नाक छिनकने से कान के निचले भाग में हवा भरे।

गला—निगलना कठिन। तालुमूल बढ़े हुए। गलकोष और गलकर्णनली का आंशिक लकवा, छींकने और आवाजों के साथ। नलियाँ बहुत अधिक खुली मालूम पड़ें।

श्वास-यन्त्र—वृद्ध लोगों के वायुनलिका समूह रोग, इसके साथ दिल का बढ़ जाना। यह दवा बलगम बाहर निकालती है। अधिक श्लेष्मा जमा होना और लड़खड़ाना और कष्ट से निकालना। फुफ्फुस की धमनी का कड़ापन, इसलिए दमा रोग और धमनी के तनाव को कम करती है।

आमाशय—पेट के अगले ऊपरी भाग का सुन्न होना इस दवा का पुराने रोगों में एक सांकेतिक लक्षण है। मिचली और कै। गरमी की संवेदना जो सिर में चढ़े।

मूत्र—यूरिक एसिड का अधिक होना; क्लोराइड का कम पड़ना।

उदर—थरथराहट (सेलिसि०)। क्लोम प्रणाली का कड़ापन, उदर का अर्बुद। वंक्षणीय ग्रन्थि की सूजन। मलान्त्र में खिंचाव का-सा दर्द।

सम्बन्ध—अंगों के कड़ा पड़ने में, खासकर रीढ़ की डोरी, जिगर और दिल में तुलना कीजिए: प्लम्बम मेट० और प्लम्बम आयोड०। आरम मेट० भी। (जो कि कड़ापन में और दूसरी दवाओं से अधिक लाभ करेगी। कई जगहों का कड़ापन, वज्र-पात जैसी पीड़ा, कम्प; अंगुलियों का फैलाना)।

मात्रा—३ विचूर्ण, दोहराना अच्छा है।

बेलाडोना (Belladonna)

(डेडली नाइटशेड)

बेलाडोना स्नायुमण्डल के सभी भागों पर काम करता है, वहाँ रक्त संचय करता है, प्रचण्ड उत्तेजना लाता है; ज्ञानेन्द्रियों की क्रियाओं में उलट-फेर करता है। फड़कन, अकड़न और दर्द भी आता है। इसका स्पष्ट कार्य रक्त-वहा नाड़ी-मण्डल, चर्म और ग्रंथियों पर भी होता है। बेलाडोना में सदा गरम, लाल चर्म, लाल चेहरा, चमकती आँखें, गर्दन की बड़ी रग में फड़कन आती है। उत्तेजित मानसिक अवस्था। सभी इन्द्रियाँ उत्तेजित, अशांत। निद्रा; अङ्ग फड़कना व कड़ापन, मुँह का और गले का सूखापन, पानी से घृणा के साथ स्नायविक शूल जो तेजी से उठे और गायब हो जाये, आदि लक्षण हैं (आविसटोपिस)। गरमी, लाली, थरथराहट और जलन। बच्चों की बड़ी दवा मिर्गी का दौरा और फिर मिचली तथा कै। अरुण-ज्वर पाये जाते हैं यह उसका प्रतिषेधक भी है। यहाँ ३० शक्ति का प्रयोग कीजिये। बहिः निस्सृत चक्षुगोलक तथा हृदयस्पन्दन के साथ गलगण्ड। वायुयान चालकों का 'वायु-रोग' इसके लक्षणों से मिलता-जुलता है। उन्हें यह रोग रोकने के लिए दीजिए। प्यास, चिन्ता या भय, इनमें नहीं पाया जाता। बेलाडोना में तीव्रतापूर्वक और एकाएक आक्रमण पाया जाता है। चुल्लिकाधार की विषैली अवस्था में १x प्रयोग करना चाहिए (बीब)।

मन—रोगी अपनी ही दुनिया में रहता है, भूत-प्रेत से घिरा हुआ, चारों तरफ के वातावरण की वास्तविकता से अनभिज्ञ जब कि आँखों का पर्दा वास्तविक चीजें ग्रहण नहीं कर सकता। काल्पनिक वस्तुओं के झुण्ड उसके चारों तरफ घूमते-फिरते हैं। रोगी केवल इन्हीं दृश्यों और विलक्षण भ्रमों के संसार में विचरता रहता है। दृष्टि-भ्रम, भयानक देव, भयानक रूप देखता है। प्रलाप। डरावन आभास। प्रचण्ड, क्रोधित, दाँतों से काटता है, मारता है; भाग निकलना चाहता है। अचेतनता। बात-चीत करना पसन्द न करे।

सिर—चक्कर, इसके साथ पीछे या बायीं बगल गिरना। जरा भी छूये जाने से बहुत संवेदनायें। बहुत थरथराहट और गरमी। धड़कन सिर में गूँज, साँस की तंगी के साथ। दर्द, भरापन खासकर माथे में; कनपटी और गर्दन के पिछले भाग में भी। नजले का स्राव दबने से आया सिर का दर्द। एकाएक चीख मारे। दर्द, जो रोशनी, आवाज, धक्के, लेटने से और तीसरे पहर बढ़े; दाब से और ओठंगकर लेटने से कम हो। तकिये में सिर गड़ाये, पीछे खिला हुआ और करवटें बदले। बराबर कराहना। बाल टूटें, सूखे और झड़ें। सिर दर्द दाहिनी तरफ और लेटे समय अधिक। बाल कटवाने से आया बुरा असर; सिर दर्द; जुकाम इत्यादि।

चेहरा—लाल, नीलिमायुक्त, लाल, गरम सूजा हुआ, चमकीला, चेहरे की पेशियों में झटके आएँ। ऊपरी होंठ की सूजन। चेहरे का स्नायुशूल, पेशी फड़कन और लाली के साथ।

आँखें—लेटने पर गहराई तक थरथराहट। पुतली फैली हुई (ऐग्नस)। आँखें सूजी हुई और बाहर उभरी मालूम पड़ें, घूरना, चमकीली; पुतली का सफेद भाग लाल, सूखी, जलन, रोशनी असह्य, आँखों में तेज चिलकन। आँखों के ढेले बाहर निकलें। दृष्टिभ्रम, चमकीली चीजें दिखाई दें। द्विदृष्टि ऐंचापन, पलकों की अकड़न। मालूम पड़े कि आँखें आधी बन्द हैं। पलक सूजी हुईं। तलदेश में रक्त संचित हो।

कान—बीच और बाहरी कान में फटन दर्द। भिनभिनाहट की आवाजें। पर्दा बाहर को उठा हुआ। काम ग्रन्थियाँ सूजी हुईं। तेज स्वर असह्य। सुनने की शक्ति बहुत तेज। बिचले कान का प्रदाह। कान पीड़ा से प्रलाप हो। बच्चा सोने में चिल्ला उठता है। कान की गहराई में टपकन और चोट पड़ने की तरह का दर्द हो; दिल की धड़कन के साथ-साथ हो। कान के भीतर का रक्तार्बुद। कर्ण-गलनली का तीव्र और अर्द्ध तीव्र रोग। कानों में अपनी ही आवाज गूँजना।

नाक—काल्पनिक महँक आये। नाक के सिर पर टपकन। लाल और सूजी हुई। नकसीर, उसके साथ चेहरा लाल। जुकाम, खून मिली श्लेष्मा।

मुँह—सूखा, दाँतों में टपकन के साथ। मसूढ़ों का फूलना। जबान के किनारे लाल। गोल, सूजी हुई जबान। दाँत पीसना। जबान सूखी हुई और दर्दीली। हकलाना।

गला—सूखा, पालिश किया ऐसा। सुर्ख, सूजन (जनसंग) लाल, दाहिनी तरफ अधिक। तालुमूल बढ़े हुए। गले में घुटन मालूम पड़े। निगलने में कठिनाई, तरल पदार्थों का निगलना कठिन। ढोंके ऐसा संवेदन। गला का छिद्र सूखा, सिकुड़ा मालूम दे। गले में आक्षेप। बराबर निगलते रहना चाहे। खुचन। निगलने की पेशियाँ बहुत उत्तेजित। श्लैष्मिक झिल्लियों का बढ़ना।

आमाशय—अरुचि । दूध और मांस से घृणा । कौड़ी प्रदेश मे आक्षेपिक दर्द । सिकुड़न, दर्द रीढ़ तक दौड़े । मिचली और कै । ठंडे पानी की तीव्र प्यास । आमाशय में झटके । खाली मिचली । तरल पदार्थ से आतंकित । आक्षेपिक हिचकी । तरल पदार्थ पीने का भय । कै, किसी तरह न रुके ।

उदर—तना, गरम । बड़ी आड़ी-तिरछी आँत गद्दी की तरह ऊपर उठा दो । कोमल सूजा हुआ । दर्द जैसे हाथ से कस के पकड़ा हो, झटका, दाब से कष्ट बढ़े । आरपार । कटन दर्द, बायीं तरफ चिलकन, जो खाँसते, छींकते, छूते समय बढ़े । खून। असह्य, बिस्तर का कपड़ा भी स्पर्श किया जाना सहन न हो (लैकेसिस) ।

मल—पतला, हरा, मरोड़ के साथ, खड़िया की तरह टोंक । मल-त्यागने के समय कम्पन । मलान्त्र में चुभन दर्द, आक्षेपिक सिकुड़न, एकाएक रुकना । बवासीर, पीठ दर्द के साथ । काँच निकलना (इग्नेशिया, पोडोफा०)

मूत्र—रुकना । तरुण संक्रामकता, मूत्राशय में कोड़े रेंगने ऐसा संवेदन । पेशाब थोड़ा, अधिक कूँथन के साथ, गहरा, गन्दला, चूना अधिक मिला हो । मूत्राशय बहुत कोमल । बिना इरादा, रुक-रुक कर बूँद गिरे । अक्सर और अधिक मात्रा में हो । खून का पेशाब जब रोग का कोई कारण न मिले । मूत्र-ग्रन्थि का बढ़ना ।

पुरुष—अण्ड कड़े, ऊपर खिंचे और सूजे हुए । रात में जननेन्द्रिय पर पसीना आये । प्रोस्टेट ग्रन्थि से रस बहना । इच्छा की कमी ।

स्त्री—कोमल, नीचे धँसना । मानो पेट की सभी चीजें योनि की राह बाहर निकल जायेंगी । योनि का सूखापन और गरम लगना । कमर की चारों तरफ खींच । त्रिकास्थि में दर्द । मासिक धर्म अधिक मात्रा मे हो, खून गहरा लाल, समय से पहले । रक्त-प्रवाह गरम । कटि के आरपार दर्द । मासिक स्राव और प्रसवात स्राव दुर्गन्धित और गरम । प्रसव वेदना एकाएक उठे और गायब हो जाए । स्तन प्रदाह मे दर्द टपकन, लाली, धुण्डी सुर्खी की लकीरें जो चारों तरफ फैलें । स्तन भारी लगें, कड़े और लाल हों; स्तनों का अर्बुद, लेटने पर दर्द बढ़े । अत्यन्त दुर्गन्धित रक्त प्रवाह, गरम खून गिरना । प्रसवान्तक स्राव की कमी ।

श्वास-यन्त्र—नाक, गला, स्वरनली, कंठनली सभी का सूख जाना । गुदगुदीदार छोटी सूखी खाँसी, रात में अधिक । स्वर-नली दर्दीली । साँस कष्टदायक, तेज असमान (कोकेन ओपियम) बिना दर्द के गला बैठना । खाँसी और बायीं कमर में दर्द । काली खाँसी, खाँसने के पहले आमाशय में दर्द, इसके साथ खून थूके । खाँसते समय सीने में चिलकन । स्वर नली बहुत दर्दीली मानो कोई बाहरी चीज अटक गई हो, खाँसी के साथ । तेज महीन आवाज । हर साँस में कराहना ।

दिल—तीव्र धड़कन, सिर में गूँजे, साथ में कठिन साँस। जरा से परिश्रम पर दिल धड़कना। शरीर भर में थरथराहट। नाड़ी की दोहरी चाल। दिल बहुत बड़ा मालूम दे। तेज मगर कमजोर नब्ज।

अंग—अङ्गों में गोली लगने की तरह का दर्द। जोड़ सूजे हुए, लाल, चमकीले लाल, लाल लकीरें चारों तरफ फैलें। लड़खड़ाती चाल। जगह बदलने वाला वात दर्द। प्रसव के बाद जंघा शिरा का प्रदाह। अंग में झटके। अकड़न। अनिच्छित लँगड़ाना।

पीठ—गरदन कड़ी, तनी। गरदन की ग्रन्थियों को सूजन। गरदन की जड़ में दर्द; मानो टूट जायगी। गोहरों पर जरा भी दाब असह्य, यह दर्द पैदा करे। कटि-वात, कमर और काँधों में दर्द।

चर्म—सूखा और गरम, सूजा हुआ, कोमलग्राही, अङ्गारे ऐसा गरम, चिकना, अरुण ज्वर की तरह लाल, एकाएक फैले। रश्मि; चेहरे पर दाने। ग्रंथियाँ सूजी हुई, कोमल और लाल। फोड़े। मवाद के बाद आया कड़ापन। विसर्प।

ज्वर—तीव्र ज्वर की अवस्था मगर ताप के अनुसार रक्त विष का अभाव। जलन, तीखा, भाप निकलना, गर्मी। पैर बरफ जैसे ठण्डे। सतह की रक्त नलियाँ तनी हों। केवल सिर सूजा शेष शरीर पर पसीना आए। ज्वर बिना प्यास के।

नींद—बेचैन, चिल्ला उठना, दाँत पीसना। रक्तनलियों की धड़कन से जागा करे, नींद न आवे। सोते में चिल्ला उठता है। अनिद्रा, औंघाई के साथ। आँख बन्द करते ही या नींद आते ही चिहुँक उठे। हाथों को सिर के नीचे करके सोना (आर्स, प्लैटी)।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: छूने से झटका, आवाज, बाहरी हवा, तीसरे पहर, लेटने पर। घटना: ओठँगने पर।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: सैम्बिसोबी-ओफिसिनैलिस २x–६x, रोजेसिया कुटुम्ब की दवा है (मासिक रज मात्रा में अधिक और अधिक देर तक आने वाला खासकर स्नायविक रोगियों में, सिर और अङ्गों में रक्त संचित होने के लक्षणों के साथ। वयःसन्धिकाल में स्वतः रक्तस्राव। जीर्ण जरायु प्रदाह। फुफ्फुस से रक्त स्राव। नसों का फूलना और घाव। मण्ड्रागोरा - मैनड्रेक (प्राचीन लोगों की नशे की एक वस्तु) बेचैन, उत्तेजित और शारीरिक दौर्बल्य, सोने की इच्छा। चायना और अफेनिया की तरह सामयिकता नष्ट करता है। मिर्गी रोग और जल-भय रोग में लाभदायक है; सेटोनिया भी (ए० ई० लेविन)।

हायोस०—(ज्वर कम मगर घबड़ाहट अधिक)। स्ट्रेमो० (उससे अधिक स्नायविक उत्तेजना, अति जोश; (होइजिया-मैक्सिको की एक वनस्पति, बेलाडोना

की तरह काम करती है; ज्वर, लाल दाने, चेचक, पित्ती इत्यादि में लाभदायक। तेज ज्वर जिसमें दाने निकलें; गला और मुँह सूखा, लाल चेहरा, सूजी आँखें, प्रलाप। अकसर बेला० के बाद कैल्के० की आवश्यकता होती है। एट्रॉपिया: यह बेलाडोना का क्षार है (गले का बहुत सूखापन; निगलना प्रायः असम्भव। जीर्ण आमाशय रोग, तेज दर्द और खाये हुए भोजन की कै। प्रदाह सभी प्रकार के दृष्टि भ्रम। सभी चीजें बड़ी मालूम पड़ें) प्लैटिना इसका उल्टा है। हाइपोक्लोराइड्रिया: तेजाबी पानी मुँह में आना। सभी चीजों पर सोचता रहे (विचारग्रस्त, पढ़ते समय अक्षर आपस में गिचपिचा जायें, द्वि-दृष्टि, सभी चीजें लम्बी दिखाई दें। कम्बुकर्णी नली और कर्णपटह में रक्त संचयता। क्लोम ग्रंथि से आकर्षण है। आमाशय की अम्लता; आमाशय शूल के हमले, डिम्बाशय में स्नायुशूल।

गैर होम्योपैथिक प्रयोग—एट्रोपिया और उसके दूसरे लवण आँखों के रोग में व्यवहार किए जाते हैं, जैसे पुतली को फैलाने के लिए और दृष्टिपेशियों को सुन्न करने के लिये।

आंतरिक या सूई द्वारा प्रयोग करने से यह अफीम के विष को मारता है। फाइ-सॉस्टिग्मा और प्रुसिक एसिड। मादक विष और कुकुरमुत्ता विष मारने के लिए। गुर्दों का शूल एक ग्रेन का १/२०० पिचकारी द्वारा।

आंत्रिक रुकावट में जिसमें जान जाने का भय हो। एक मिलिग्राम या उससे अधिक, चर्म के नीचे इन्जेक्शन देना चाहिए।

१/६० ग्रेन—सूई द्वारा तपेदिक के रात-पसीना में।

१/२० ग्रेन—दर्द नाशक १ ग्रेन अफीम का तोड़ है।

स्थानीय सुन्नता लाने के लिए; अड़चन की हालत में और स्राव जैसे दूध इत्यादि सुखाने के लिए उपयोगी है। सूई द्वारा तपेदिक के रात पसीना में १/६० ग्रेन।

मात्रा—एट्रोपिया सल्फ १/२०० से १/६० ग्रेन तक।

बेलाडोना के शामक—कैम्फ०, कॉफिया, ओपियम, एकोन०।

पूरक : कैल्के०। बेलाडोना (चूना मिला रहता है), खासकर अर्द्ध जीर्ण और वंशागत रोगों में।

बेमेल—एसेटि० एसिड।

मात्रा—१-३० शक्ति और ऊँची। तीव्र रोग में दोहराना आवश्यक।

बेलिस पेरेनिस (Bellis Per.)

(डेसी)

यह रक्त-नलिकाओं के रेशों पर कार्य करती है। तीव्र पेशी पीड़ा। लँगड़ापन जैसे मोच आयी हो। शिरा में रक्त-संचय होना जो यान्त्रिक कारणों (चोट) से हो।

गहराई में स्थित तन्तुओं की चोट में, और बड़ी चीरफाड़ के बाद आये उपद्रवों में उपयोगी है। स्नायु में चोट का असर, तेज दर्द और ठंडे पानी से नहाना असह्य। गठिया के बाद अङ्गों में कमजोरी। पेड़ू के अङ्गों में चोट, अधिक हस्तमैथुन का असर हटाने के लिए इस औषधि की आवश्यकता होती है, मोच और कुचले जाने की बहुत अच्छी औषधि है। ठंडी चीज खाने या पीने से आए रोग जबकि शरीर गरम हो, और ठंडी हवा से रोग होना। जन्म दाग पर बाहरी प्रयोग। मुँहासे, शरीर भर पर फुड़ियाँ। पेड़ू प्रदेश में कुचल जाने जैसा मालूम होना। रक्तस्राव, रक्तरोध, सूजन सभी इस औषधि के क्षेत्र में आते हैं। वातरोग लक्षण। रक्तस्राव को दूषित नहीं करती। "यह वृद्ध श्रमिकों खासकर मालियों की उत्तम दवा है" (बरनेट)।

सिर—वृद्ध लोगों के सिर में चक्कर। सिर की जड़ से चाँद तक दर्द। माथा सिकुड़ा मालूम दे। कुचल जाने जैसी पीड़ा। सिर की खाल की चारों तरफ और पीठ पर खुजली, गरम पानी से नहाने से बिस्तर की गरमी से कम हो।

स्त्री—स्तन और गर्भाशय भरे मालूम हों। गर्भावस्था में नसों का फूलना। गर्भावस्था में चल-फिर न सके। उदर पेशियों में निर्बलतापन। गर्भाशय चोटीला मानों दबोचा जा रहा है।

नींद—बहुत तड़के जाग जाना और फिर नींद न आना।

उदर—उदर की दीवार और गर्भाशय का दर्दीलापन। तिल्ली में चिलकन, कष्ट बढ़ना। पीला, बिना दर्द का अतिसार; मल दुर्गन्धित, रात में अधिक हो। उदर फूला हुआ। गड़गड़ाहट।

चर्म—फोड़िया। काला दाग, सूजन, छूना असह्य। चोट लगने से शिरा-रक्त-सञ्चय होना। नसों का फूलना, चोटीला दर्द के साथ। स्राव और सूजन। मुँहासे।

अङ्ग—जोड़ कष्टदायक, पेशी पीड़ा। जाँघों के भीतरी मोड़ की जगह पर और पीठ में खुजली। जाँघ के अगले भाग में नीचे तक दर्द। कलाई सिकुड़ी हो जैसे लचकदार फीता उसके जोड़ पर कस कर बँधा हो बहुत दर्द वाली मोच।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : आर्निका, आर्सेनिक, स्टैफिसे०। हैमामेलिस, ब्रायोनिया, वैनेडियम (अपकर्ष)।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : बायीं तरफ, गरम स्नान और बिस्तर की गरमी, आँधी से पहले, ठण्डी हवा से।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति तक।

:—०—:

बेन्जीनम (Benzenum)

(बेन्जोल, सी ६, एच ६)

बेन्जोल के परीक्षण में जो विशेषता देखी गई वह इसका रक्त-सञ्चार पर प्रभाव । । मनुष्य पर परीक्षणों में इससे लाल रक्तकोष कम हो गये और श्वेत कोष बढ़ गए आर० एफ० रैबे० एम० डी०) ।

यह रक्त में श्वेत कण की अधिकता में गुणकारी हो सकता है । आँख के लक्षण आश्चर्यजनक हैं । दृष्टिभ्रम—मिर्गी की तरह हमले, अचेतनता और सुन्न ।

सिर—बिस्तर और फर्श पर गिरने का भय । नीचे से ऊपर की तरफ चलनेवाला दर्द । थका हुआ और घबराया हुआ । माथे से नाक की जड़ तक दर्द । चक्कर आवे । सिर में दाब जैसा प्रतीत हो । दाहिनी तरफ का सिर दर्द ।

आँखें—काल्पनिक दृष्टि-भ्रम । आँखें खुली रहें । पलकों का फड़कना; प्रकाश असह्य, चीजें धुँधली दिखाई दें । आँखों और पलकों में टीस । पुतली का फैलना । प्रकाश की प्रतिक्रिया नहीं होती, खासकर दिन को ।

नाक—अधिक पतला जुकाम । खासकर तीसरे पहर जोर-जोर से छींकें ।

पुरुष—दाहिने अण्ड की सूजन । अण्ड में तीव्र दर्द । अण्डकोष का बहुत खुजलाना । अधिक पेशाब ।

अंग—अंगों में भारीपन, टाँगें ठण्डी, घुटने में अधिक झटके । दर्द नीचे से ऊपर तक चढ़े ।

चर्म—छोटी माता जैसे दाने । जिस करवट लेटा हो उसके दूसरी करवट पर पसीना आए । । सारी पीठ में खुजली ।

घटना-बढ़ना—रात में; दाहिनी तरफ अधिक ।

मात्रा—६ शक्ति ।

सम्बन्ध-तुलना कीजिए—बेंजिन-पेट्रोलियम ईथर-बेन्जीन (बेन्जोल) की तरह उतना शुद्ध पदार्थ नहीं है । यह वही है मगर इसमें हाइड्रोकार्बन मिला है । इसका विशेष प्रभाव स्नायुमण्डल और रक्त पर है । शारीरिक दुर्बलता, ऐंठन, घुटने में झटके अधिक आना, मिचली, वमन, चक्कर, अङ्गों का भारीपन और ठंडापन । पलक और जबान में झटके आना); बेन्जिन डाइनाइट्रिकम डी० एन० बी० । काला मूत्र । बेन्जिन नाइट्रिकम मिर्बेन (गहरा काला खून, कठिनता से जमे । मस्तिष्क की शिराओं में रक्ताधिक्य और शरीर भर में शिराओं का रक्त से भर जाना । मुँह में जलन । होंठ, जिह्वा, चर्म, नाखून, आँखों की पुतली नीली । चर्म ठंडा, नाड़ी छोटी, कमजोर, साँस धीमा और अक्रमिक, अचेतनता-मूर्च्छा, निद्रा के लक्षण । आँखों का उनके खड़ी रेखा में ऊपर-नीचे, घूमना, पुतली फैली हुई । आँखों की अस्थिरता ।

साँस बहुत धीमा, कष्टदायक, आहें भरना (ट्रिनाइट्रोटोल्यून) (टी० एन० टी०) ट्रोटाइल—घोर विस्फोटक है जो नाइट्रेटिंग टोल्यून द्वारा बनता है—कोलतार बनाते समय निकलता है।

जब चर्म या बाल टी० एन० टी० से स्पर्श द्वारा प्रभावित किया जाता है, तो चर्म पीला नारंगी रङ्ग का हो जाता है जो हफ्तों तक वैसा ही रहता है। घातक रक्त-हीनता और कामला। यह दवा घातक कामला रोग पैदा करती है।

मात्रा—६ शक्ति।

बेञ्जोइकम एसिडम (Benzoic Acid)

(बेञ्जोइक एसिड)

इस दवा की विशेषता मूत्र की गंध और उसके रङ्ग से सम्बन्धित है। शरीर के तन्तु-परिवर्तन पर स्पष्ट काम करती है। यह यूरिक एसिड रोग को उत्पन्न और अच्छा करता है, साथ में मूत्र का रङ्ग गहरा और अति दुर्गन्धित, गठिया लक्षण। गुर्दों की अक्षमता। बच्चा गोद में ही रहना चाहे, लेटना न चाहे। दर्द तेजी से जगह बदले। प्रमेह विष नाशक। गठिया और दमा-ग्रस्त व्यक्तियों के लिए हितकर है।

मन—बीती हुई अप्रिय बातों पर विचार करता है। लिखने में शब्द छूट जायें। उदास।

सिर—चक्कर, बगल में गिरने की सम्भावना। कनपटी, धमनियों में टपकन, जिससे कानों के चारों तरफ फूलन हो। निगलते समय आवाज आये। जिह्वा का घाव। कानों के पीछे सूजन (कैप्सि०) माथे पर ठंडा पसीना। मुँह में काँटा गड़ने जैसा दर्द। घुटन जैसी रुकावट। बसार्बुद।

नाक—भिचली झिल्ली में खुजली। हड्डियों में दर्द।

चेहरा—ताँबे के रङ्ग के धब्बे। लाल छोटे छालों के साथ। गालों पर गोल लाली।

आमाशय—खाते समय पसीना आए, आमाशय में दाब, ढोके ऐसा संवेदन।

उदर—नाभि के चारों तरफ कटन। जिगर प्रदेश में कड़कन।

मलान्त्र—कड़कन और सिकुड़न मालूम पड़े। गुदा में खुजलीदार सिकुड़न। गुदा के चारों तरफ खुजलीदार और पनीले उभार।

मल—झागदार, दूषित, तरल, हलके रङ्ग का साबुन के झाग की तरह, वायु मिश्रित।

मूत्र—घृणित दुर्गन्ध, रङ्ग-बदला करे, कत्थई, तेजाबी। अनिच्छित मूत्र स्राव। वृद्ध लोगों का दुर्गन्धित मूत्र। यूरिक एसिड अधिक। सूजाक दबने के बाद मसाने के स्राव। मूत्राशय प्रदाह।

श्वास यंत्र—सबेरे गला बैठना। दमा की खाँसी, रात में अधिक, दाहिने करवट लेटने से बढ़े। सीना बहुत कोमल। दिल के क्षेत्र में दर्द। हरा बलगम।

पीठ—रीढ़ की हड्डी पर दाब। त्रिकास्थि में ठंढक। गुर्दों के क्षेत्र में धीमा दर्द, शराब पीने से कष्ट बढ़े।

अंग—अंग-सञ्चालन से जोड़ चुरचुरायें। चिलकन के साथ फटन। एड़ी की नस में दर्द, गठियावात, गाँठें दर्दीली। गठिया दोष संचयता। वात गण्ड, कलाई की सूजन। घुटनों में दर्द और सूजन। पैर के अँगूठों की सूजन, पैर के अँगूठों में फटन, दर्द।

ज्वर—हाथ-पैर, पीठ, घुटने ठंढे। शीत लगे। ठंडा पसीना। जागने पर आन्तरिक गरमी।

चर्म—लाल चकत्ते, खुजलीदार।

घटना-बढ़ना—बढ़ना—खुली हवा में, ओढ़ना हटाने पर।

सम्बन्ध—गठिया में काल्चिकम के असफल होने पर। सुजाक में कोपिया के असफल होने पर।

तुलना—नाइट्रि एमोन बेन्ज, सैबीना, ट्रोपोलम-दुर्गन्धित मूत्र।

शामक : कोपेवा।

असमान : ब्रायोनिया।

मात्रा—३ से ६ शक्ति।

—:०:—

बरबेरिस एक्विफोलियम (Berberis Aquif.)

(माउण्टेन ग्रेप)

चर्मरोग का, जीर्ण नजले की और उपदंश के दूसरे चरण की दवा है। जिगर का मन्द पड़ना, सुस्ती और अङ्ग रचना में पूर्ण परिवर्तन आना। यह दवा ग्रन्थि क्रिया को बढ़ाती है और पोषण को सबल बनाती है।

सिर—कानों के ठीक ऊपर फीता कसा जैसा बन्धन प्रतीत हो। पित्तज सिर दर्द। गंज। खुरंडदार अकौता।

चेहरा—मुँहासे। चकत्ते और दाने। यह दवा रङ्ग साफ करती है।

आमाशय—जिह्वा पर मोटी मैल, पीली, कत्थई, छालेदार मालूम हो। आमाशय में जलन। खाने के बाद मिचली और भूख।

मूत्र—कड़क, ऐंठन, दर्द, गाढ़ा श्लेष्मा और चमकदार लाल, चिकनी तलछट।

चर्म—दानेदार, सूखा, खुरदरा, भूसीदार। सिर की खाल पर दाने जो चेहरे और गरदन तक बढ़ें। स्तन का अर्बुद दर्द के साथ। अपरस। मुँहासे। सूखा अकौता। तीव्र खुजली। ग्रन्थि का कड़ा पड़ना।

सम्बंध—कार्बोलिक एसिड, यूओनाइम्स एट्रोपरप्युरिया, बर्ब०, वल्गै०, हाइड्रै०।

मात्रा—अरिष्ट अधिक मात्रा में।

—: o :—

बरबेरिस वलगैरिस (Berberis Vulg.)

(बारबेरी)

लक्षणों में तेजी से परिवर्तन आना, दर्द जगह और रूप बदला करे। क्रमशः प्यास और प्यास का न लगना; भूख और अरुचि बारी-बारी से आये। यकृत-शिरा, मण्डल पर अधिक काम करती है जिससे पेडू में रक्त-संचय होता है और बवासीर आती है।

यकृत और वातरोग खासकर मूत्र, बवासीर और मासिक-धर्म सम्बन्धी विकार के साथ। गठिया के पुराने रोगी में गुर्दों के आसपास का दर्द अधिक स्पष्ट रहता है, इसलिए इसका प्रयोग मूत्र-पिण्ड सम्बन्धी और मूत्राशय रोग में, पथरी रोग और मूत्राशय के नजले में होता है। यह दवा गुर्दों पर सूजन और पेशाब में खून की शिकायत लाती है। दर्द सारे शरीर में मालूम हो सकता है और यह दर्द पिठासे से प्रारम्भ होता है। इसका काम यकृत पर भी देखा गया है जिससे पित्त स्राव बढ़ता है। प्रायः जोड़ों की सूजन में काम आती है, जब कि मूत्र सम्बन्धी रोग भी हो। चलते-फिरते, एक स्थान से प्रारम्भ होकर फैलने वाला दर्द। रीढ़ उत्तजित। बरबेरिस के सभी दर्द एक जगह से उठकर फैलने वाले होते हैं। दाब से अधिक नहीं होते; मगर कई स्थितियों में बढ़ते हैं, खासकर खड़े होने और व्यायाम करने से।

सिर—निस्तेज, उदासीन, विरक्त। फूलने की संवेदना। मालूम पड़े जैसे बड़ा होता जा रहा हो। चक्कर, मूर्च्छा के आक्रमणों के साथ। अग्रभाग का दर्द। पीठ और सिर की जड़ में सर्दी। दिल के ऊपरी भाग के अङ्ग में फटन दर्द और गठिया का कड़ापन। सारे सिर की खाल पर कसी टोपी के दाब की संवेदना।

नाक—सूखे, बायें नथने का जिद्दी नजला। नथनों में रेंगन।

चेहरा—पीला, रोगी जैसा। गाल बैठें और आँखें भी। नीले चक्र।

मुँह—चमकीलापन। लार की कमी। चमकीली, झागदार लार, रूई ऐसी (नक्स मासकाट) जिह्वा जली हुई प्रतीत पड़े, छाले पड़े हों।

पेट—जलपान के पूर्व मिचली। गला जलना।

उदर—पित्ताशय क्षेत्र में चिलकन जो दाब से बढ़े और आमाशय तक फैले। कोष्ठबद्धता और पीला चेहरा, इसके साथ पित्ताशय का नजला। गुर्दों के अगले भाग में चिलकन दर्द जो जिगर, तिल्ली, पेट, पुट्ठों, त्रिकास्थिवंधनी तक बढ़े। छोटी आँतों के निचले भाग में गहराई तक गड़न।

मल—हर घड़ी मल त्यागने की इच्छा। अतिसार, बिना दर्द, मल मटियाले रङ्ग का, जला हुआ मूत्र-सा, गुदा और विटप में कड़कन। गुदा के चारों तरफ फटन। मलद्वार का नासूर।

मूत्र—जलन, दर्द। मालूम पड़े कि कुछ बूँदें पेशाब करने के बाद रह गई हैं। गाढ़ी श्लेष्मा और गहरा लाल, मैदे जैसी तलछट वाला मूत्र। गुर्दों में जैसे बुलबुले आते हों। मूत्राशय प्रदेश में दर्द। पेशाब करते समय आँतों और कटि-प्रदेश में दर्द।

पुरुष—अण्ड और शुक्र नाड़ियों में स्नायुशूल। अण्ड में कड़क, जलन, चिलकन, अण्डकोष और लिंगमुण्ड में भी।

स्त्री—कामेन्द्रिय में चुटकी काटने जैसी सिकुड़न; योनि में झटका, सिकुड़न, कोमलपन। योनि में जलन और चोटीलापन। काम इच्छा की कमी, मैथुन के समय काटन दर्द। मासिक-स्राव कम, रंगभूरा के साथ दर्द। गुर्दों के दर्द और गनगनाहट के साथ। जाँघों तक उतरे। प्रदर : भूरा, श्लेष्मा, मूत्र कष्ट के साथ। डिम्बाशय और योनि का स्नायुशूल।

श्वास-यन्त्र—आवाज भारी, स्वरनली में अर्बुद। वक्षस्थल और हृत्पिण्ड में फटन; चिलक।

पीठ—पीठ और गरदन में चिलकन का-सा दर्द, साँस लेने में बढ़ जाय। गुर्दा प्रदेश में गड़न का-सा दर्द जो वहाँ से बढ़कर कटि और कमर तक फैले। टेढ़ुरता, चोटीला संवेदना। गुर्दों से मूत्राशय में चिलक। फटन, कड़कन तनाव के साथ। उठना कठिन। कटि, चूतड़, सभी अङ्ग रोगग्रस्त, सुन्नपन के साथ। कटिवात (रस०- टार्ट, एसे०)। प्रपादास्थि और करभास्थि मोचीली जान पड़े। कटि प्रदेश में चीरफाड़ के बाद आया दर्द। दर्दीलापन, तीव्र दर्द के साथ, जो काम सम्बन्धी स्नायु के रास्ते से मूत्राशय तक जाय, घड़ी-घड़ी पेशाब लगे।

अंग—कंधों में वातिक पक्षाघातिक दर्द, बाहों, हाथों, अँगुलियों, टाँगों और पैरों में भी। अँगुलियों के नाखूनों के नीचे स्नायुशूल, अँगुलियों के जोड़ों में सूजन के साथ। जाँघों की बाहरी तरफ ठंडापन। एड़ी दर्द करे जैसे वहाँ घाव हो। पैर के तलवे की ऊपरी हड्डियों में कड़कन मानों खड़े होने पर कील गड़ रही हो। पैर की गद्दी में, कदम रखते समय दर्द। कुछ दूर टहलने पर पैरों से बहुत थकावट और लँगड़ापन आये।

चर्म—चपटे मस्से, खुजली, जलन और गड़न, खुजलाने से अधिक हो; ठंढी चीज से कम हो। सारे शरीर पर जल-दाने। हाथ और मलद्वार पर अकौता। अकौता प्रदाह के बाद घेरेदार बदरंग चकत्ते।

ज्वर—कहीं-कहीं ठंडापन मानों ठंडा पानी छिड़का गया हो। पीठ के निचले भागों में विशेषतः चूतड़ और जाँघों में गरमी लगना।

घटना-बढ़ना—घटना: अङ्ग संचालन खड़े होने पर मूत्र रोग आरम्भ होता है या अधिक होता है।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: इपोमिया—कौनबोलवुलस ड्यु रेटिनस—मोर्निङ्ग ग्लोरी—झुकने पर बायीं तरफ की कटिपेशियों में दर्द। गुदा रोग, पीठ पीड़ा के साथ। उदर में अधिक वायु सञ्चय हो। दाहिने कन्धे के ऊपर टीस, गुर्दा शूल, पेडू और अङ्गों में टीस। एलो, लाइकोपोडि०. नक्स०, सार्स पै० जैन्थोरिया आरबोरिया (गुर्दों में तीव्र दर्द, मूत्राशय प्रदाह और पथरी रोग। मूत्र नलिका से मूत्राशय और अण्ड तक दर्द, पिठास का दर्द जो जरा भी ठंडक से उठे।) जैन्थोरिजा एपिफोलिया—जब एलो रूट—इसमें बरबेरिन होता है। आमाशय और आँतों का फैल जाना, ढीलापन, तिल्ली का बढ़ना।

क्रियानाशक—कैम्फर, बेला।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति।

बीटा वलगैरिस (Beta Vulg.)

(बीटा रूट)

सर्दी की पुरानी दशाओं और क्षय रोग पर प्रभाव डालता है। बीटैनम हाइड्रोक्लोरिकम का लवण जो बीट रूट (चुकन्दर की जड़ से तैयार किया जाता है), तपेदिक के रोगियों के लिए अधिक उपयोगी है। बच्चों पर इस औषधि का शीघ्र प्रभाव पड़ता है। २x से ऊँची शक्ति का विचूर्ण प्रयोग करें।

बीटोनिका (Betonica)

(बिटोनी ऊड)

कई स्थानों में दर्द पैदा करती है।

सिर—दाहिनी कनपटी में चिलकन। एक जगह ध्यान न जमा सके।

उदर—उदर, जिगर प्रदेश, आड़ी-तीरछी आँत, पित्तकोष, दाहिने पुट्ठे, और शुक्र नाड़ियों में दर्द।

अंग—दोनों कलाई से जोड़ों के पीछे चमकन, दर्द। कलाई झूल जाय। चूतड़ और जाँघ के पिछले भाग से टाँग के नीचे तक दर्द जैसे उन्हें लकवा मार गया हो।

बिस्मथम (Bismuthum)

(प्रेसिपिटेटेड सब नाइट्रेट ऑफ बिस्मथ)

अन्नवहा नली की उत्तेजना और नजले वाला प्रदाह, इस दवा का मुख्य कार्यक्षेत्र है।

मन—अकेले रहना असह्य। लोगों के साथ रहना चाहे। अपनी हालतों की शिकायत किया करे। मानसिक संताप। असन्तुष्ट।

सिर—सिर दर्द और आमाशयशूल बारी-बारी से। स्नायुशूल, मानो खाल चिमटी से उधेड़ी जा रही हो। चेहरा और दाँत भी रोगग्रस्त हों, खाने से कष्ट बढ़े, ठंडक से कम, सिर और आमाशयशूल बारी-बारी हो। दाहिनी आँख के घेरे के ऊपर कटन व दाब जो कनपटी तक जाये। कनपटी में दाब, हरकत से बढ़े। भारीपन के साथ।

मुँह—मसूढ़े सूजे हुए। दाँत दर्द, मुँह में शीतल जल रखने से कम हो (कॉफिया)। जिह्वा श्वेत। सूजी हुई। काले सड़े जैसे उभरन, जबान के [illegible] पर और किनारों पर। लाल अधिक, दाँत ढीले। ठंढी चीज की प्यास।

पेट—वमन आक्षेपिक घुटन और दर्द के साथ। पानी पेट में पहुँचते ही वमन हो जाए। पीने के बाद डकार। सभी तरल चीजें वमन हो जायें। जलन, बोझ ऐसा मालूम पड़े। कई दिनों तक खाते रहने के बाद सब वमन कर दे। पाचन मन्द। दुर्गन्धित डकार। आमाशयशूल, आमाशय से रीढ़ तक दर्द। आमाशय प्रदाह। ठंडी चीज पीने से कम; लेकिन आमाशय भरने से वमन हो जाय।

जिह्वा पर श्वेत मैल, मीठा कसैला स्वाद। आमाशय में विचित्र दर्द, पीछे को मुड़ना पड़े। एक जगह बोझ ऐसा दाब और जलन, ऐंठन और मुँह से पानी बारी-बारी।

मल—बिना दर्द वाला अतिसार; अधिक प्यास, प्रायः पेशाब हो और वमन के साथ। उदर के निचले भाग में चुटकी काटने जैसी चुभन, गड़गड़ाहट के साथ।

श्वास-यंत्र—पेट के मेहराब के बीच में चुभन जो तिरछे सीने से पार हो। शूल, दिल के चारों तरफ दर्द, बाईं बाँह से अँगुलियों तक फैले।

अंग—हाथों और पैरों में ऐंठन। कलाई में फटन। पक्षाघातिक कमजोरी खासकर दाहिनी बाँह में। अँगुलियों के सिरों में नाखूनों के नीचे फटन दर्द (बर्ब०) जंघास्थि

के पास और पेट के पीछे जोड़ों के पास तथा पैर से जोड़ों के पास छिलन-खुजली। अंग बढ़े।

नींद—कामातुर स्वप्नों के कारण बेचैनी। सुबह को निद्रालुता, या खाने के कुछ घंटों बाद।

सम्बन्ध—क्रियाा नाशक : नक्स०, कैप्सिकम, कैल्के०।

तुलना कीजिए—एण्टीमनी; आर्स०, बेलाडोना, क्रियोजोट।

मात्रा—१ से ६ शक्ति।

ब्लैटा अमेरिकाना (Blatta Am.)

(कॉकरोच)

जलोदर। कई तरह के शोथ। पीला चेहरा। घोर थकावट। पेशाब करने पर मूत्रमार्ग में दर्द। ऊपर जाने से थकावट।

मात्रा—६ शक्ति।

ब्लैडा ओरियन्टैलिस (Blatta Orient.)

(इण्डियन कॉकरोच)

दमा की दवा। खासकर जब वायुनलिका प्रदाह भी साथ में हो। आर्सेनिक के बाद यदि लाभ न हो। वायुनलिका प्रदाह और तपेदिक में, जब साँस कष्ट के साथ खाँसी हो। मोटे-तगड़े रोगियों में अच्छा लाभ करती है। अधिक मवादी श्लेष्मा।

मात्रा—आक्रमण के समय सबसे नीची शक्ति दें। आक्रमण के पश्चात् खाँसी रह जाने के बाद कुछ ऊँची शक्ति दें। लाभ होते ही बन्द कर दीजिए ताकि रोग न बढ़े।

बोलेटस लैरिसिस (Boletus Lari)

(ह्वाइट एगैरिक)

चौथिया ज्वर। हलका पसीना। बिना लाभ के। तपेदिक में रात-पसीना।

सिर—हलका और खोखला जान पड़े, माथे की गहराई तक दर्द के साथ जिह्वा पर मोटी पीली मैल, दाँत दरारेदार। लगातार मिचली।

ज्वर—रीढ़ में कपकपी, प्रायः तमतमाहट के साथ। कपकपी के समय जम्हाई आना और अँगड़ाई लेना। कंधों, जोड़ों और पिठासे में तीव्र टीस। रात में बहुत पसीना, क्षय, कंप और ज्वर के साथ।

चर्म—गरम और सूखा, विशेषकर हथेली। कंधों के डैनों और अगली बाहों में अधिक खुजली।

सम्बन्ध तुलना कीजिए : एगेरिसिन, पौलिपोरस ऑफिसिनेल का क्रियात्मक मौलिक अंश (तपेदिक के और अन्य दुर्बल करनेवाले पसीनों में ⅙ से ½ ग्रेन की मात्रा में, ताण्डव रोग में भी, फुफ्फुस वायु स्फीति के साथ दिल के फैलने में, दिल में चर्बी आने में, अधिक पसीना और अरुणिमा) बोलेटस लुइडस (तपेदिक वाली जुलपित्ती; कौड़ी में तीव्र दर्द) बोलेटस सैटेनस पेचिश, कै, अति दुर्बलता, ठंडे हाथ-पैर, अंगों और चेहरे की अकड़न।

मात्रा—पहली शक्ति।

बोरिकम एसिडम (Boricum Acidum)

(बोरैसिक एसिड)

संक्रामकता नाशक है, क्योंकि यह प्रदाह और सड़न को रोकता है।

मूत्र नलियों के क्षेत्र में दर्द, प्रायः पेशाब लगना। ठंडापन (हेलोडर्म.) मधुमेह: जिह्वा सूखी, लाल, फटी हुई। ठंडी लार।

चर्म—अनेक प्रकार के लाल चकत्ते, अरुणिमा, निचले भाग और ऊपरी अंगों पर। आँखों के चारों तरफ शोथ। चर्म उधड़ना, अकौता, आँखों की चारों तरफ के तन्तुओं का शोथ।

स्त्री—वयसंधिकालीन समतमाहट (लैके०, एमाइल नाइट्रेट)। योनि ठंडी; मानो बरफ भरी हो। बार-बार मूत्रस्खलन, जलन और कूँथन के साथ।

मात्रा—२ शक्ति।

गैर-होमियोपैथिक व्यवहार—५ ग्रेन की एक खुराक दिन में ६ बार दें। बोरैसिक एसिड का सोल्यूशन सूई द्वारा जीर्ण मूत्राशय प्रदाह में या एक चाय का चम्मच भर एक गिलास दूध में पी लिया जाय। बोरो-ग्लाइसेराइड १:४० शक्ति के सोल्यूशन में शक्तिशाली कीटाणु नाशक है।

बिलनी—१५ ग्रेन १ औंस पानी में लगाने के लिए। पकती जगहों पर पाउडर छिड़कने के काम में। मूत्राशय प्रदाह में धुलाई करने के लिए।

बोरैक्स (Borax)

(बोरेट ऑफ सोडियम)

आमाशयिक—आन्त्रिक उत्तेजना। लार बहना, मिचली वमन, उदर शूल, दस्त, पतनावस्था, मूत्र में अण्ड-श्वेत और मसाने में आक्षेप; प्रलाप, दृष्टि परिवर्तन, खूनी मूत्र, चर्म पर दाने सभी लक्षण अधिक मात्रा के प्रयोग करने से देखे गये हैं।

सभी रोगों में नीचे की ओर जाने से भय। होमियोपैथिक प्रयोग के लिए विचित्र स्नायविक लक्षण ध्यान देने योग्य हैं और प्रायः विशेष कर बच्चों के इलाज में इनकी पुष्टि भी हुई है। मिर्गी रोग में अति लाभदायक। श्लैष्मिक झिल्ली पर चकत्ते।

मन—अति आकुलता, खासकर नीचे जाने से, जैसे झूले में लिटाना। नीचे उतारना, लिटाना आदि। नीचे उतारते समय चेहरा घबराया लगे, लेटाये जाने पर चिहुँकना और हाथों को ऊपर उठाना; जैसे गिर जाने का भय हो। अति स्नायविकता, भयभीत। अचानक आवाज असह्य। बन्दूक की आवाज से चाहे वह दूर ही हो, बहुत डरना। बिजली कड़कने का डर।

सिर—टीस, मिचली और शरीर कम्प के साथ। बाल, किनारों पर उलझे, अलग न किये जा सके। (विन्का मिन०)।

आँखें—पलकें भीतर झुकी हों (पड़बाल)। चमकदार लहरें दिखाई देना। पलक सूजे हुए, आँखों के ढेलों से रगड़ खाये। पलकों का भीतर की तरफ मुड़ना।

कान—जरा-सी आवाज भी असह्य। बड़ी आवाज से उतना उत्तेजित न हो।

नाक—युवा स्त्रियों की नाक लाल (नैटम कार्ब०)। लाल और चमकदार सूजन, थरथराहट और खींचन के साथ। सिरा सूजा हुआ और घाव वाला। सूखी खुरंड।

चेहरा—पीला, मटमैला, दुःखमय, सूजा। नाक और होंठों पर मोती जैसे दाने। मकड़ी के जाले जैसा।

मुँह—मुँह में श्वेत, चपटे घाव। श्वेत चकत्तेदार वृद्धि। कोमल, गरम खाने और छूने से घाव में खून बहे। दर्दीला मसूढ़ा, सूजन। दूध पीते समय रोना, कड़वा स्वाद (ब्राइ०, पल्स, क्यूप्रम०) तहखाने की मिट्टी जैसा स्वाद।

पेट और उदर—खाने के बाद पेट फूलना, वमन। आमशय, शूल जो गर्भाशय रोग से सम्बन्धित हो। दर्द मानो दस्त होगा।

मल—बदबूदार ढीला, चिकना, बच्चों का मल। दुर्गन्धित दस्त, शूल के बाद, श्लैष्मिक मल, मुखक्षत के साथ।

मूत्र—गरम छिद्र के मुँह में कड़क। तीखी महक। बच्चा पेशाब करने से डरे, चिल्लाये (सारसापे०)। बिछौने पर छोटे, लाल कण लगें।

स्त्री—बार-बार डकार के साथ प्रसव वेदना। दूध की अधिकता (कैल्के० कोन० बेल०)। एक स्तन से दूध पिलाते समय दूसरे स्तन में दर्द। अंडे की सफेदी ऐसा प्रदर, गरम पानी बहने लगे। मासिक-धर्म समय से बहुत पहले, मात्रा में अधिक, पेट में ऐंठन, मिचली, दर्द के साथ जो पिठासे तक जाये। झिल्लीदार कष्टरजः। बाँझपन। गर्भाधान सरल करती है। योनिलिंगिका में खींचन, कड़कन के साथ। योनिपिण्ड की अति खुजली और अकौता।

श्वास-यंत्र—तीव्र, कड़ी खाँसी, बलगम मटीला स्वाद और बदबूदार। सीने में चिलकन, साँस भीतर खींचने और खाँसने पर। कसैला स्वाद इसके साथ खाँसी-साँस बदबूदार। पार्श्व वेदना, दाहिनी तरफ सीने में अधिक। लेटने पर साँस रुके, उछल कर उठने और साँस लेने पर मजबूर जिससे दाहिनी तरफ दर्द हो। सीढ़ी चढ़ने में साँस फूले।

अंग—हाथों पर मकड़ी के जाले ऐसा लगे। अंगुलियों के जोड़ों के ऊपर और हाथों में खुजली। अंगूठों के सिर पर थरथराहट दर्द। पैर के तलवों में चिलकन। एड़ी में दर्द। पैर के अंगूठों में जलन, दर्द। गद्दी सूजी हुई। पैर और हाथों की अंगुलियों पर अकौता, नाखून झड़े।

चर्म—अपरस, चेहरे पर विसर्प रोग। अंगुलियों के जोड़ों के पीछे खुजली। अस्वस्थ चर्म, जरा भी कटने पर पके। दाद (रस०) विसर्प-प्रदाह सूजन और तनाव के साथ। खुजली खुली हवा में कम। व्यवसायी दाने अंगुलियों और हाथों पर; खुजली, गड़न। बालों के सिर उलझ जायें।

नींद—कामातुर स्वप्न। गरमी के कारण नींद न आवे, खासकर हाथ में। सोते-सोते चिल्ला उठे, मानो डर गया हो (बेला०)।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : उतरना, आवाज, धूम्रपान, गरम मौसम, मासिकधर्म के बाद।

घटना—दाब, शाम, ठंडा मौसम।

सम्बन्ध—एसेटिक एसिड, सिरका, शराब बेमेल है।

शामक—कैमो०, कॉफिया।

तुलना—कैल्के०, ब्रायोनि०, सैनिक्युला; सल्फ्यु० एसिड।

मात्रा—१ से ३ विचूर्ण। चर्म रोग में कई सप्ताह जारी रखिये। बाहरी प्रयोग योनि पिण्ड में खाज। मटर के बराबर सोहागा मुँह में रखने से आवाज तुरन्त ठीक हो जाती है; जो एकाएक सर्दी से बैठ गई हो, और करीब एक घण्टे रखने से आवाज और साफ तथा सुरीली हो जाती है।

बोथ्रोप्स लेन्सिओलेटस (Bothrops Lanc.)

(एली वाइपर)

इसका विष खून को जमाने (गाढ़ा करने) वाला होता है। (लैकेसिस भी०) इन दवाओं में इमको समवरोधन निर्माण के लक्षण मिलने चाहिये, समवरोधन क्रिया जैसे : अर्द्धाङ्ग पक्षाघात, स्वरलोप, बोलने में असमर्थ। (लिन्न० जे० बोयड)।

छिन्न-भिन्न स्वास्थ्य शरीर से खून गिरने की प्रबणता; विषैली दशा। घोर सुस्ती और मन्दता। शरीर के सभी छेदों से रक्तस्राव, काले, धब्बे। आधे शरीर का

पक्षाघात, आवाज बन्द होने के साथ। बोल न सके, पर जबान ठीक रहे। स्नायविक कम्प। दाहिने पैर के अँगूठे में दर्द। लक्षण तिरछे जायें। फुफ्फुस-रक्त-सञ्चय।

आँख—अन्धापन आंशिक या पूर्ण। तारे में रक्त के प्रवेश से आया अन्धापन। आँखों में खून उतर आना, दिन में अन्धापन, सूरज निकलने के बाद रास्त न देख सके, पुतली में खून उतर आये।

चेहरा—सूजा और फूला हुआ जैसे नशे में है।

गला—लाल, सूखा, सिकुड़ा हुआ, निगलना कठिन, तरल पदार्थ नीचे न उतरे।

पेट—उदर के सामने ऊपरी भाग में कष्ट। काली कै। रक्त का प्रबल वमन। फूलना और खूनी मल।

चर्म—सूजा हुआ, लाल, ठंडा, रक्ताधिक्य के साथ। सड़न, लसिका ग्रन्थियाँ सूखी हुई, मुख क्षत। मारात्मक लक्षण।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: दाहिनी तरफ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये: टौक्सिकोफिस—मोकैसिन स्नेक—इस साँप द्वारा काटे जाने के बाद हर साल ज्वर और पीड़ा आती है और कभी-कभी पहले लक्षण मिल जाते हैं और वे अपना जगह बदलकर प्रकट होते हैं। डसने के बाद चर्म का अति सूखापन। शोथ और सामयिक स्नायुशूल। दर्द एक जगह से दूसरी जगह जाये। दूसरे साँपों के काटने पर ध्यान दीजिये, विशेषतः लैकेसिस पर।

ट्रैकिनस—स्टिंग फिश (असह्य पीड़ा, सूजन, तीव्र रक्त-दोष, सड़न)।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

बोटुलिनम (Botulinum)

(टॉक्सिन ऑफ बैसिलस बोटुलिनम)

टिन में बन्द की हुई पालक के विष ने ऐसे ही लक्षण उत्पन्न किये थे जैसे जीभ, होठों और गले के आंशिक पक्षाघात में पाये जाते हैं।

आँखों के लक्षण; पलक लकवे से गिरे के गिरे रहें, द्वि-दृष्टि, धुँधलापन। निगलने और साँस लेने में कष्ट, खाना गले में अटकने का संवेदन, टहलने में कमजोरी और सँभल कर न चल सके, लड़खड़ाहट, चक्कर, आवाज भारी। आमाशय में ऐंठन। भावहीन चेहरा, चेहरे की पेशियों की कमजोरी से कठिन कोष्ठबद्धता।

मात्रा—ऊँची शक्ति।

बोविस्टा (Bovista)

(पफ बाल)

चर्म पर विशेष प्रभाव पड़ता है, जिससे ऐसे दाने पैदा होते हैं जो अकौता की तरह होते हैं। यह दवा रक्त-सञ्चार को प्रभावित करती है जिससे रक्तस्राव की सम्भावना होती है। सुस्ती और थकावट अधिक आती है। हकलाने वाले बच्चे, वृद्ध, कुमारियों की धड़कन की शिकायत के साथ; और अकौता वाले रोगी के लिए विशेष हितकर है। स्नायविक प्रदाह में सुन्नता और ठिठुरन अवस्था। लकड़ी के कोयले के धुँए से दम घुटना।

मन—बढ़ जाने का संवेदन (आर्जे० नाइट्रिक०)। भद्दा। सभी चीजें हाथों से गिर जावें। उत्तेजित।

सिर—संवेदन मानो सिर बढ़ रहा है, खासकर पिछला भाग। सिर दर्द: जिसमें यह प्रतीत हो कि सिर फैल गया है। प्रातःकाल खुली हवा में, लेटने से कष्ट बढ़े। नाक-स्राव तागे ऐसा लम्बा, चिमड़ा। मस्तिष्क में धीमा चोटीला दर्द। हकलाना (स्ट्रैमो०, मर्क०)। सिर की खाल खुजलाए, गरमी से बढ़े, उत्तेजित।

चेहरा—नाक और मुँह के चारों तरफ रूसी और पपड़ी छूटना। होंठ चिटके। नाक और मसूढ़ों से खून बहना। गाल और होंठ सूजे हुए। मुँहासे, गरमी के दिनों में अधिक; श्रृङ्गार सामग्री वगैरह लगाने के कारण।

आमाशय—बरफ का ढोका भरा मालूम हो। कसा कपड़ा कमर पर न सहा जाये।

स्त्री—मासिक धर्म के पहले और बीच में अतिसार। मासिक-धर्म बहुत पहले और अधिक, रात में बढ़े। कामातुरता। प्रदर : गाढ़ा, तीखा, चिमड़ा, हरियाले रङ्ग का; मासिक धर्म के बाद अधिक। कमर पर तङ्ग कपड़ा सहन न हो (लैके०)। एक मासिक धर्म और दूसरे के बीच वाले समय में भी खून दिखाई दे। मासिक धर्म के बीच पेडू में छरछराहट हो। अधिक रक्तस्राव। डिम्बाशय की रसौली।

उदर—शूल, लाल पेशाब के साथ; खाने से कम हो। दोहरा होना पड़े। नाभि के चारों तरफ दर्द। बिटप क्षेत्र से चिलकन जो गुदा और कामेन्द्रिय की तरफ जाये। वृद्धों का जीर्ण अतिसार; रात में और भोर में बढ़े।

अंग—सभी जोड़ों में बहुत कमजोरी। हाथ अस्थिर, चीजें गिर जायें। हाथों और पैरों में कमजोरी। काँखों में पसीना, प्याज की महँक वाला। गुदास्थि में असह्य खुजली। हाथों के पीछे तर अकौता। टाँगों और पैरों की खुजली। हड्डी टूटने के बाद जोड़ों में शोथ।

चर्म—कुन्द चीजों के निरन्तर व्यवहार से चर्म पर पड़े निशान। उत्तेजित होने पर शीतपित्त निकले। इसके साथ गठिया वात जैसा लँगड़ापन, धड़कन और दस्त (डल्का०)। गरम होने पर खुजली आए। तर अकौता मोटी पपड़ी। गुदा में खाज। सुबह जागने पर जुलपित्ती, जो नहाने से अधिक हो। रौद्रत्वक।

संबंध—बोविस्टा तारकोल से बनी दवा लगने के विष को मारता है। गैस से दम घुटना। पुरानी जुलपित्ती में रस० टॉ० के पश्चात्।

तुलना कीजिए: कैल्के, रस०; सीपिया, साइक्यूटा।

मात्रा—३ से ६ शक्ति।

ब्रैकीग्लोटिस (Brachyglottis)

(पूका-पूका)

फड़फड़ाने का संवेदन (कैलेडियम)। गुर्दा और मूत्राशय लक्षण प्रधान हैं। सांडलाल मूत्र के लक्षण उत्पन्न करता है। कान और नथनों में खुजली। पेशाब में अल्ब्युमेन जाने का रोग। सीने की घुटन। लेखकों के हाथ की अकड़न।

उदर—जान पड़े कि कोई चीज लुढ़क रही है। डिम्ब प्रदेश में फड़फड़ाहट।

मूत्र—मूत्राशय की गरदन पर दाब; पेशाब मालूम पड़े। मूत्राशय में पानी की छलकन ऐसी अनुभूति। मूत्र मार्ग में चोटीलापन, मानो मूत्र नहीं रुकेगा। पेशाब में श्लेष्मा के कण और झिल्ली, अण्डलाल और कास्ट (निर्मोक) खारिज हों।

अंग—अंगुलियों में अकड़न, अंगूठे और कलाई लिखते समय अकड़ जायें। चोटीलापन कलाई की जोड़ से बाँह की हड्डी तक बढ़े।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये: एपिस, हेलोनियस, मर्क० कर०, प्लम्ब०।

ब्रोमियम (Bromium)

(ब्रोमाइन)

साँस के रोगों में इसका बहुत स्पष्ट प्रभाव देखा गया है, खासकर स्वरनली और कंठ-नली में। इसका प्रभाव खासकर कण्ठमालिक बालकों में देखा गया है जिनकी ग्रन्थियाँ बढ़ी हुई हों। गोरे रंग के लोगों में विशेषकर हितकर है। कान-ग्रन्थि और गले की अगली ग्रन्थि, घेघा बढ़ा हो। आक्षेपिक हमलों की प्रवणता। बायीं तरफ का कर्णमूल प्रदाह। दम घुटने ऐसा संवेदन। तेजाबी स्राव, अधिक पसीना और बहुत कमजोरी। अधिक गरम होने से आए रोग। ग्रन्थियों में रस-संचयता की प्रवृत्ति; वे कड़ी हो जायें। परन्तु पीब नहीं आती।

मन—भ्रम कि बहुत-से अनजान लोग उसे पीछे से देख रहे हैं अगर वह घूमेगी तो उनको अवश्य देख सकेगी। झगड़ालू।

सिर—बायीं तरफ का आधा सीसी का दर्द, जो सिर झुकने से बढ़े, खासकर दूध पीने के बाद। सिर दर्द, सूरज की गरमी या तेज हरकत से बढ़े। आँखों के आर-पार तेज दर्द। पानी की धारा पार करते समय चक्कर आवे।

नाक—जुकाम, नाक छिली ऐसे झरझराहट। दाहिना नथना बन्द। नाक की जड़ में दबाव, गुदगुदी, कड़कन; मानो मकड़ी का जाला हो। नथनों का पंखे की तरह (लाइको)। नकसीर आने से सीना का कष्ट कम हो।

गला—शाम को कच्चा लगे, स्वरभंग के साथ। निगलने में तालुमूल दर्द करें, गहरे लाल। रक्त नलियों की जाली दीख पड़े। साँस खींचते समय कंठनली में गुदगुदी। गरम होने से गला बैठना, आवाज भारी।

आमाशय और उदर—जबान से पेट तक जलन। पत्थर जैसा भारीपन। आमाशय शूल, खाने से कम हो। पेट फूलना, दर्दीला बवासीर, काले मल के साथ।

श्वास-यन्त्र—काली खाँसी (लगातार १० दिन तक दवा देते जाइए)। सूखी खाँसी; गला बैठने के साथ और सीने की हड्डी के पीछे जलन, दर्द। आक्षेपिक खाँसी। स्वर नली में बलगम खड़खड़ाने और दम घुटने के साथ। स्वर भंग। ज्वर के लक्षण अन्त होने के बाद आयी क्रूप खाँसी। कठिन और दर्दीली साँस। सीने में तीव्र ऐंठन। सीने के दर्द ऊपर को जायें। साँस भीतर खींचने पर ठंडक लगे। हर एक साँस में खाँसी उठे। स्वर-नली सम्बन्धी रोहिणी; झिल्ली स्वर-नली से शुरू हो और ऊपर को फैले। घुटन, दमा रोग, फुफ्फुस में हवा लेना कठिन (क्लोरम, बाहर फेंकने में)। समुद्र पर कम हो; समुद्र यात्री स्थल पर आते ही रोगग्रस्त हों। कसरत करने से दिल का बढ़ना (रस०)। वायुनलिका समूह प्रदाह, अधिक कठिन साँस के साथ। वायुनलिकायें धूएँ से भरी मालूम पड़ें।

पुरुष—अण्डकोष की सूजन। कड़ापन, दर्द के साथ, ठेस से कष्ट अधिक हो।

स्त्री—डिम्ब की सूजन। मासिक धर्म बहुत पतले, बहुत अधिक, रेशेदार। मासिक-धर्म के पहले उदासी। स्तन में अर्बुद चिलकन का-सा दर्द, बायीं तरफ अधिक। बाँह के जोड़ से स्तन तक चिलकन। बायें स्तन में चुभन का दर्द जो दबाव से बढ़े।

नींद—स्वप्न और व्याकुलता से भरी हो। सोते समय झटके आयें। विचित्र कल्पनायें और भ्रम। रात में सोना कठिन, सुबह के समय काफी न सो सके, जगाने पर कम्प और कमजोरी।

चर्म—मुँहासे, दाने, रस दाने। बाहों और चेहरे पर फुन्सियाँ। ग्रंथियाँ कड़ी

पत्थर जैसी, खासकर निचले जबड़ों और गले पर। कड़ा घेघा। (स्पांजिया) सड़न।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : शाम से आधी रात तक गरम कमरे में बैठने पर; गरम तर मौसम में, आराम के समय और बायीं करवट लेटने पर। घटना : किसी हरकत से, व्यायाम, समुद्र पर।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : एकोन० कार्बो० कैम्फ० नमक ब्रोमि० के प्रभाव को रोकता है।

तुलना कीजिये : कोनियम, स्पांजिया, आयोड०, एस्टिरि० आर्जे० नाइट्रि०, ब्रोमि०, खाते समय दूध से परहेज कीजिये। हाइड्रोब्रोमिक एसिड, गला सूखा और खुरखुरा, कण्ठ-नली और सीने में घुटन, चेहरे और गरदन पर गरम लहरें, थरथराहट के साथ सनसनाहट की आवाज, अति स्नायविक उत्तेजना के साथ। (हाउटन) चक्कर, धड़कन, बाहें भारी, मानो अंग उसके शरीर के नहीं हैं। गरदन की गण्ड पर विशेष प्रभावकारी मात्रा २० बूँद।

मात्रा—१ से ३ शक्ति। ताजी बनाना चाहिए चूँकि यह जल्दी खराब होती है।

ब्रायोनिया (Bryonia)

(वाइल्ड हॉप्स)

सभी रक्ताम्बु-सम्बन्धी झिल्लियों पर और उसके भीतर के कोष्ठ पर असर करती है। सभी पेशियों में टीस। इसका दर्द साधारण तौर पर फटन, चिलकन का होता है, किसी हरकत से बहुत तीव्र हो, शरीर के किसी भाग में, मगर खासकर सीने में, दाब से बढ़े। श्लैष्मिक झिल्लियाँ सब सूखीं। ब्रायोनिया का रोगी चिड़चिड़ा होता है, सिर उठाने से चक्कर आता है, दाब वाला सिर दर्द, होंठ सूखे। पपड़ीदार, घोर प्यास, कड़वा स्वाद, पेट के सामने का ऊपरी भाग स्पर्शकातर और पेट में पत्थर जैसा मालूम पड़े। मल बड़ा, सूखा कड़ा। सूखी खाँसी। वात दर्द और सूजन। स्नैहिक कला और रक्ताम्बु झिल्लियों का शोथ।

ब्रायोनिया—खासकर बलिष्ठ काय, सांवले रंग के रोगियों पर असर करती है, जिनमें दुबला और चिड़चिड़ा होने की प्रवृत्ति हो। यह दाहिनी तरफ आक्रमण करती है। शाम की खुली हवा, जाड़ों के बाद गरम मौसम में इसका प्रभाव अधिक देखा गया है।

बच्चे गोद में लिया जाना या उठाया जाना पसन्द नहीं करते। शारीरिक कमजोरी, पूर्ण उदासीनता। रोग धीरे-धीरे बढ़ता है।

मन—अधिक चिड़चिड़ापन, हर बात पर मिजाज बिगड़ जाए। प्रलाप करे। घर जाना चाहे, कामकाज की बात करे।

सिर—चक्कर, मिचली, उठाने में मूर्च्छा, मतिभ्रम। फटने फाड़ने जैसा सिर दर्द, मानो सभी चीजें बाहर निकल जायेंगी। जैसे भीतर से हथौड़ा मारा जा रहा हो, हरकत से, आँखें खोलने से बढ़े। सिर दर्द पिछले भाग में जम जाये। जबड़ा हड्डी की तरफ खिंचे। सिर दर्द, हरकत से बढ़े, आँखों की पलक तक हिलने से बढ़े। अगले भाग का सिर दर्द, अगले छिद्र सभी पीड़ित।

नाक—मासिक धर्म शुरू होने के समय अकसर नाक से खून जाना। सुबह को भी, सिर दर्द कम करे। माथे में चिलक और टीस के साथ। जुकाम नाक के सिरे की सूजन, छूने पर मालूम पड़े कि वहाँ जख्म हो जायगा।

कान—कान की खराबी से आनेवाला चक्कर। (आरम०, नेट्रम०, सैले०, सिलि०, चिनि०)। गरजन, भनभनाहट।

आँख—दाब, कुचलन, टीस, दर्द। धुँधलापन। हिलाने या छूने से कष्ट हो।

मुँह—होंठ झुलसे हुए, सूखे फटे हुए। मुँह, गला, जबान का सूखापन, अधिक प्यास के साथ। जबान पर हलका पीला, गहरा कत्थई मैल। आमाशय विकार में मोटी सफेद मैल। कड़वा स्वाद (नक्स० कोलो०)। देर से धूम्रपान करने वालों के निचले होंठ में जलन। होंठ सूजे हुए; सूखे, काले, चिटके।

गला—सूखा, निगलने में कष्ट, छिला, सिकुड़ा हुआ (बेला०)। स्वरनली और गलकोष में चिमड़ा श्लेष्मा, बहुत खखारने पर निकले, गरम कमरे में आने पर अधिक कष्ट हो।

आमाशय—सोकर उठने पर मिचली और मूर्च्छा आयें। प्रचण्ड भूख, विरसता। अधिक पानी की प्यास। खाते ही पित्त और पानी की कै। गरम चीज पीने से कै बढ़े, वैसे ही कै हो। आमाशय छूआ जाना सहन न करे। खाने के बाद पेट में पत्थर जैसा बोझ मालूम दे। खाँसते समय आमाशय में चोट पड़े। गरमी के दिनों में अपचन। छूआ जाना सहन न करे।

उदर—जिगर प्रदेश सूजा हुआ, चोटीला, तना हुआ। जलन, दर्द, चिलक, दाब साँस लेने, खाँसने से बढ़े। उदर की दीवारों का कोमलपन।

मल—कब्ज, मल कड़ा, सूखा, जलन जैसा, बहुत बड़ा मालूम पड़े। मल कत्थई, गाढ़ा, खूनी, सुबह को अधिक कष्टकर। हिलने से, गरमी में, गरम होने पर, ठंडी चीज पीने से, गरम पड़ने पर कष्ट बढ़े।

मूत्र—लाल, कत्थई, बियर की तरह, कम, गरम।

स्त्री—मासिक धर्म समय से बहुत पहले, मात्रा में अधिक। हरकत से अधिक हो, टाँगों में फटन दर्द के साथ। मासिक स्राव की जगह नकसीर आये; नष्ट रजः या सिरदर्द के साथ; जैसे सिर फट जाएगा। गहरी साँस लेने पर डिम्बाशय में कड़कन का-सा दर्द; छूने में अति उत्तेजनीय। दाहिने डिम्बाशय में फटने जैसा दर्द जो जाँघ तक जाये (लिलियम० क्रोक०)। प्रसव ज्वर। मासिक काल में स्तन पीड़ा। स्तन गरम और दर्दीला, कड़ा। स्तन का घाव। डिम्बाशय प्रदाह, शूल। मासिक-धर्म के बीच वाले समय का दर्द उदर और पेड़ू के अधिक चोटीलापन के साथ (हैमा०)।

श्वास-यंत्र—स्वरनली और कंठ-नली में चोटीलापन। आवाज बैठ जाये जो खुली हवा में अधिक कष्ट दे। कण्ठ-नली के ऊपरी भाग की उत्तेजना से सूखी खाँसी आये। रात में खाँसी आये जिसके कारण उठकर बैठना पड़े। खाने के बाद या पीने पर बढ़े, कै के साथ, और सीने में चिलकन के साथ और मोर्चा के रंग का बलगम। घड़ी-घड़ी लम्बी साँस लेता रहे। फुफ्फुस को फैलाना पड़े। कठिन तीव्र साँस, प्रत्येक हरकत से बढ़े। सीने में चिलक के कारण। खाँसी इस भावना के साथ कि सीना टुकड़े-टुकड़े हो जायेगा, सिर को छाती की हड्डी पर गड़ाता है; सीने को सहारा देना जरूरी। झिलीदार, जलदार फुफ्फुसप्रदाह। बलगम ईंट के रंग जैसा, चिमड़ा, लुआब जैसे गोले। ठण्ड-नली में चिमड़ा बलगम जो बहुत खखारने पर निकले। गरम कमरे में आने पर खाँसी ज्यादा उठती है (नैट्र० कार्ब०) सीना हड्डी के नीचे भारीपन जो दाहिने कंधे की तरफ जाये। गरम कमरे में जाने पर खाँसी बढ़े। दिल प्रदेश में चिलकन, हृदय शूल (अरिष्ट दीजिये)।

पीठ—गरदन की जड़ में दर्दीला कड़ापन। पिठासे में चिलक और कड़ापन हो और अचानक मौसम बदलने से कष्ट बढ़े।

अंग घुटने दर्दीले और कड़े। पैरों की गरम सूजन। चिलकन और फटने के साथ जोड़ लाल, सूजे, गरम, जरा-सा हिलने पर कष्ट बढ़े। सभी जगह दाब से दर्द करे। बायीं बाँह और टाँग बराबर हिलाया करे (हेलेबो०)।

चर्म—पीला, हलका पीला, सूजा हुआ, शोथ, गरम, दर्द हो, सिर पर पपड़ीदार तर दाद। बाल चिकने हो जायें।

नींद—औंघाई। नींद आने पर चौंकना। प्रलापक सन्निपात; कामकाज और पढ़ी हुई चीजों की बकवास करना।

ज्वर—नाड़ी भरी, कड़ी, तनी, तीव्र। बाहरी ठंडक के साथ शीत लगे। सूखी खाँसी, चिलकन। आन्तरिक गरमी। जरा भी परिश्रम से खट्टा पसीना आये। थोड़ा-सा परिश्रम करने से ही अधिक पसीना हो। वात और आन्त्रिक ज्वर। आमाशय जिगर सम्बन्धी शिकायतों के साथ।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना :** गरमी, कोई भी हरकत, सुबह, भोजन करना, गरम मौसम, परिश्रम, छूना। बैठ नहीं सकती, मूर्च्छा आये और बीमार होती है। **घटना :** दर्दीले करवट लेटने से, दाब, आराम ठण्डी चीजों से।

सम्बन्ध—पूरक उपास, जब ब्रायोनिया काम न करे। रस०, एलुमिना, इले-सिन्नम० मैक्सिको की एक दवा—(जुकामी लक्षण के साथ, ज्वर, पाकाशयिक और आन्त्रिक ज्वर के लक्षण)।

क्रियानाशक—एकोना०, कैमो०, नक्स०।

तुलना कीजिये—एसक्लेपि०, टियुब०, कैली म्यूर०, टीलिया।

मात्रा—१ से १२ शक्ति।

ब्यूफो (Bufo)

(प्वायजन ऑफ दी टोड)

स्नायुमण्डल और चर्म पर काम करती है। गर्भाशय लक्षण स्पष्ट है। किसी तरह की गन्दगी से आया लसिकावाहिनी ग्रंथि-प्रदाह। कम्पवात के लक्षण। गठिया वात के लक्षण अधिक महत्वपूर्ण हैं।

नीच प्रवृत्तियों को उत्तेजित करती है। मदिरापान की इच्छा बढ़ाती और नपुंसकता लाती है।

मन्द बुद्धिवाले बालकों के लिए लाभदायक। समय से पहले आया बुढ़ापा। मिर्गी के लक्षण। रात को सोते में आक्रमण। काम सम्बन्धी विकार भी इसके क्षेत्र में आते हैं। अंगुलियों में चोट। दर्द लकीरों की तरह आये जो बाँह के ऊपर चढ़े।

मन—स्वास्थ्य की चिन्ता। शोकग्रस्त बेचैन। दाँतों से काटने की प्रवृत्ति। गुर्राना, अधीर, उत्तेजित, विवेकहीन। एकान्त की इच्छा। दुर्बल।

सिर—गरम भाप सिर चढ़ती जान पड़े। मस्तिष्क सुन्न। चेहरा पसीने से तर; नकसीर, चेहरा लाल और सिर के साथ। नकसीर के बाद आराम मिले।

आँखें—चमकदार चीजें देखना सहन न हो। आँखों पर छोटे-छोटे छाले।

कान—संगीत असह्य (एम्ब्रा०)। थोड़ी आवाज भी कष्ट दे।

दिल—बहुत बड़ा मालूम पड़े। धड़कन। दिल पर सिकुड़न मालूम दे।

स्त्री—मासिक स्राव समय से बहुत पहले और अधिक, थक्केदार; खून मिला स्राव आए, पनीला प्रदर। मिर्गी के साथ कामोत्तेजना। मासिक के समय मिर्गी। स्तनों की ग्रंथियाँ कड़ी। स्तन के कैन्सर में कष्ट कम करता है। डिम्ब और गर्भाशय में जलन। गर्भाशय के मुँह पर घाव। दुर्गन्धित; खून मिला स्राव। दर्द टाँगों तक जाये। खून मिला दूध। पाँव की नसें सूजी हुईं। गर्भाशय का अर्बुद।

पुरुष—अनिच्छित वीर्यस्खलन; नामर्दी स्खलन बहुत जल्दी; मैथुन करते समय अकड़न आए। बाघी। लिंग छूआ करे (हायोस०, जिंक०)। हस्तक्रिया का दुष्परिणाम।

अंग—कमर में दर्द, अङ्गों का सुन्न पड़ना, ऐंठन, लड़खड़ाकर चलना, जोड़ों में गुल्ली ठोंकी हो ऐसा मालूम दे। हड्डियों की सूजन।

चर्म—नखव्रण, बाँह के ऊपर तक दर्द। चर्म पर सुन्न चकत्ते। दाने, जरा-सी चोट लगने से पके। बिम्बिका रोग। गोल फोड़े जो फूटने पर कच्चा स्थान रह जाये जिनसे खुजलीदार पंछा बहे। हथेली और तलवों पर छाले। खुजली और जलन। कारबंकल।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : बैराइटा कार्बो०, एस्टेरियस, सैलेमैण्ड। (मिर्गी और मस्तिष्क का मुलायम पड़ना।)

क्रियानाशक : लैकेसिस; सेनेगा।

पूरक : सैलेमैण्ड्रा।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना** : गरम कमरे में, जागने पर। **घटना** : नहाने से या ठंडी हवा से, पैर गरम पानी में रखने से।

मात्रा—६ शक्ति और उससे ऊँची।

ब्युटिरिक एसिड (Butyric Acid)

(ए वोलैटाइल एसिड ऑबटेण्ड चीफली फ्रॉम बटर)

सिर—तुच्छ बातों से परेशान, आत्महत्या का उद्वेग, लगातार भय और क्षोभ की अवस्था। सिर दर्द। तुच्छ बातें भी परेशान कर दें। सीढ़ी चढ़ते समय या तेज हरकत से बढ़े। धीमा सिर दर्द।

आमाशय—भूख कम। आमाशय और आँतों में अधिक वायु। आमाशय के गड्ढे में ऐंठन; रात को अधिक। आमाशय भारी और भरा हुआ मालूम पड़े। नाभि के नीचे उदर में मरोड़। अनियमित मल त्याग। मल त्यागने में दर्द और कूँथन हो।

पीठ—पिठासे में थकावट और धीमा दर्द, टहलने से बढ़े। टखनों में दर्द और उसके ऊपर टाँग के पीछे। पीठ के नीचे और अङ्गों में दर्द।

नींद—गहरी अनिद्रा, गम्भीर स्वप्न।

चर्म—जरा-सी मेहनत करते ही पसीना आए। अधिक पसीना, पैरों पर पसीना, दुर्गन्धित। हाथ की उँगलियों के नाखून का झड़ना।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना** : रात में, तेज टहलना, सीढ़ी से ऊपर जाना।

मात्रा—३ शक्ति।

कैक्टस ग्रेण्डिफ्लोरस (Cactus Grand.)

(नाइट-ब्लूमिंग सेरियस)

गोल पेशी रेशों पर काम करती है; परिणामस्वरूप वहाँ सिकुड़न आती है। दिल और धमनी तुरन्त कैक्टस से प्रभावित होती है जिससे एक खास तरह की सिकुड़न पैदा होती है; जैसे वहाँ लोहे के तार बँधे हुए हों। यह संवेदन कई जगहों में पाया जाता है जैसे गल-नली, मूत्राशय इत्यादि। मानसिक लक्षण दिल की बीमारी के सदृश होते हैं, शोक, चिन्ता। रक्त-स्राव; सिकुड़न, सामयिकता, ऐंठन के साथ दर्द। सारा शरीर पिंजरे में बन्द मालूम होता है जैसे उसकी तारें मरोड़ी जा रही हों। शिरार्बुद और दिल कमजोर। रक्त संचयता और रक्त का असमान विभाजन। जल्दी थक्के बनाने में सहायता देती है। दिल के लक्षणों के साथ दूषित घेघा। कैक्टस का रोगी नाड़ीहीन. हाँफता और शिथिल होता है।

मन—उदास, कुढ़ता है; शोकग्रस्त, चिड़चिड़ा। मौत का डर। दर्द से चीखना। आतुर।

सिर—दिन के भोजन के समय बिना भोजन किये गुजर जाने से सिर-दर्द आए (आर्स०, लैके०, लाइको०)। चाँद पर बोझ ऐसा संवेदन। दाहिनी तरफ टपकन। रक्त-संचित होने से आधा सिर दर्द, सिर में जाने वाली रक्त नलिकायें तनी हुईं। जान पड़े कि सिर बाँक से कसा है। कानों में टपकन। निगाह धुँधली। दाहिनी तरफ के चेहरे का स्नायुशूल, सिकुड़न, दर्द, रोज एक ही समय उठे (सिड्रन)।

नाक—नाक से रक्तस्राव। बहता जुकाम।

गला—गलनली की सिकुड़न। जबान सूखी जैसे जल गई है, भोजन नीचे उतारने के लिए अधिक पानी की आवश्यकता हो। गले में घुटन, हृदशूल में गरदन की नाड़ियों में फड़कन।

आमाशय—सिकुड़न, टपकन या भारीपन। खून की कै।

मल—कड़ा, काला मल। सुबह को पतला दस्त। बवासीरी मस्से सूजे हुए और दर्दीले। गुदा में भारीपन जैसा लगे। मलेरिया ज्वर में और दिल के रोग के साथ आँतों से रक्तस्राव।

मूत्र—मूत्राशय की गरदन की सिकुड़न जिससे पेशाब रुके। मूत्राशय से रक्त-स्राव। मूत्रमार्ग में खून के थक्के आएँ। लगातार पेशाब बहना।

स्त्री—गर्भाशय प्रदेश और डिम्बाशय में सिकुड़न। कष्टदायक मासिक स्राव, गर्भाशय और डिम्बाशय में टपकन के साथ। योनि शूल। मासिक-धर्म समय से पहले, काला; तारकोल जैसा; (कॉकु०; मैग० कार्ब०)। लेटने से घटे। इसके साथ में दिल के लक्षण भी आएँ।

सीना—साँस की तंगी जैसे सीने पर बोझ रखा है। सीने में घुटन जैसे बँधा हुआ है जिससे सांस लेने में रुकावट हो। सीने के मेहराबी पर्दे का सूजन। दिल सिकुड़ा जान पड़े जैसे लोहे की तारों से कसा हो। हृद्शूल, धड़कन, दर्द बायीं बाँह के नीचे तक लपके। मुँह से खून आना, खिंचावट तेज खाँसी के साथ। उदर और सीने के बीच की मेहराबदार पेशी का प्रदाह साँस की तंगी के साथ।

दिल—दिल की झिल्लियों की सूजन दोहरे पर्दे के ठीक काम न करने के कारण, तेज और अधिक चाल के साथ दिल की अक्षमता की आरम्भिक अवस्था में उत्तम काम करती है। धमनी के कड़ापन से दिल की कमजोरी। तम्बाकू पीने वालों के दिल की बीमारी। प्रचण्ड धड़कन जो बाईं करवट लेटने से या मासिक धर्म के निकट आने से बढ़े। हृद्शूल, श्वासरोध ठंडा पसीना और लोहे के तारों से जकड़न के स्वाभाविक सवेदन के साथ। दिल के शिखर भाग में दर्द, जो बायीं बाँह में झटके। धड़कन, उसके साथ चक्कर; साँस कष्ट और अफरा। दिल में संकुचन, बहुत तीव्र दर्द, चिलकन, नाड़ी धीमी, अक्रमिक, तीव्र दुर्बल। हृदयवेष्ट से बुदबुदाहट की आवाज निकलना, अधिक झटकन, दिल के ऊपरी भाग में मन्दता, क्षुद्रगह्वर का बढ़ना। रक्तचाप की कमी।

अंग—हाथों और पैरों का शोथ। हाथ मुलायम, पैर बढ़े हुए। बायीं बाँह सुन्न। हाथ बर्फ से ठण्ढे। पैर अशान्त।

नींद—शरीर के भिन्न-भिन्न भागों में टपक की संवेदना के कारण अनिद्रा, भयानक स्वप्न।

ज्वर—प्रत्येक दिन एक ही समय ज्वर आना। पीठ में ठंडक और हाथ बर्फ से ठंडे। सविराम ज्वर, दौरा करीब दोपहर के समय (११ बजे), ज्वर की सर्दी, गरमी, पसीना आदि अपूर्ण, रक्तस्राव के साथ। ठंढक की प्रधानता ठण्डा पसीना कष्ट के साथ, लगातार नारमल से नीचे ताप रहना।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : दोपहर के लगभग, बायीं करवट लेटने से, ऊपर चढ़ने से, ११ बजे दिन और ११ बजे रात। घटना : खुली हवा में।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : एकोन०, कैम्फोर०, चायना।

तुलना : डिजिटैलि०, स्पाइजी०, कॉन वैलेरि०, कौलमया०, नाजा, मैगनोल।

मात्रा—अरिष्ट (फूलों से बना हुआ उत्तम होता है) से ३ शक्ति। ऊँची शक्ति स्नायविक धड़कन में।

कैडमियम सल्फ (Cad. Sulph)

(केडमिक सल्फेट)

रोग तत्व निदान हमको ऐसे लक्षण देते हैं जो कोई निकृष्ट रोगों से मिलते-जुलते हैं, जैसे हैजा, पीला ज्वर, जहाँ की शिथिलता, कै, घोर पतनावस्था के साथ रोगी मृत्यु की तरफ दौड़ता है। आमाशयिक लक्षण महत्वपूर्ण हैं। कर्कट रोग, लगातार कै। इसका आक्रमण खासकर पेट पर होता है। रोगी को चुपचाप रहना पड़ता है। आग के पास भी कपकपी और ठण्डक लगती है।

मन और सिर—अचेत, चक्कर, जैसे कमरा और चारपाई तेजी से घूम रहे हैं। सिर में धमक। सिर में गरमी।

नाक—पीनस रोग। जड़ में कसाव। नाक बन्द; अर्बुद। नाक की हड्डियों का सड़ना। नाक पर फुड़िया। नथने पके।

आँखें—कनीनिका का धुंधला पड़ना। आँखों के चारों तरफ नीले घेरे। एक पुतली फैली हो। रतौंधी।

चेहरे—मुँह का टेढ़ा पड़ना। जबड़ों का कम्प। चेहरे का लकवा बायीं तरफ अधिक।

मुँह—निगलना कठिन। गलनली सिकुड़ी हुई। (बैप्टिशिया०)। नमकीन डकार। घोर मिचली; दर्द और ठंडक के साथ। श्लैष्मिक झिल्ली पर तारदार, दूषित मल आये।

गला—गलक्षत, लगातार गुदगुदी, घुटन, ओकाई और मिचली जो गहरे साँस से बढ़े; कपकपी; टीस।

आमाशय—दाब से तलपेट में दुःख हो। प्रचंड मिचली, उबकाई। काली कै। श्लेष्मा, हरी चिकनी, खून मिली कै करना, घोर शिथिलता और आमाशय पर कोमलपन के साथ। आमाशय में जलन और कटन दर्द। कैंसर रोग, यह दवा लगातार कै में सहायक है। कॉफी चूर्ण जैसी कै।

उदर—चोटीला, कोमल, फूला हुआ। जिगर प्रदेश चोटीला। ठण्डा। मल में काला निकृष्ट जमा हुआ थक्केदार खून आए। उदर में दर्द, कै के साथ कोमलपन और तनाव।

मल—खूनी, काला और बदबूदार। लुआबदार, हलका पीला, हरा मल अर्द्ध तरल, पेशाब रुकने साथ।

मूत्र—मूत्र मार्ग में कच्चापन और दर्द मूत्र में खून और मवाद मिला हो।

दिल—धड़कन, सीने में संकुचन के साथ।

ज्वर—बर्फ जैसी ठण्डक (कैम्फो०, वेरेट्र०, हेलोडर्मा०) पीला ज्वर (क्रोटेलस, कार्बो०)।

चर्म—गीला, पीला, फीका, बदरंग, चिटका। खुजली, खुजलाने से कम। पीलापन लिए, भूरे चकत्ते, नाक और गालों पर हलके पीले धब्बे, धूप लगने से, हवा में बढ़े। बेवाई फटना।

नींद—नींद आते ही साँस रुके। दम घुटते ही जाग पड़े। फिर सोने से डरे। लगातार अनिद्रा।

घटना-बढ़ना–बढ़ना : टहलना या बोझ लेना जाना, सोने के बाद, खुली हवा से, उत्तेजक चीजों के व्यवहार से। घटना : भोजन करना और आराम।

सम्बन्ध–तुलना कीजिये : कैडमियम ऑक्साइड—कैड० ब्रोम–पेट में जलन, दर्द और कै। कैडमियम नोडैट० (केवल दिन में गुदा और मलाशय में खुजली, कब्ज, मलत्याग की बार-बार इच्छा; कुथन, उदर फूलना) जिंक०; आर्से०, कार्बो०, बैराइटा०।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

कैहिन्का (Cahinca)

(ब्रैजालियन प्लैंट-चिओकोका)

यह दवा शोथ रोग में लाभदायक पाई गयी है। इसके मूत्र सम्बन्धी लक्षण बहुत स्पष्ट हैं। पेशाब में अलब्यूमन (ओज) गिरना और रात को लेटते ही श्वासरोध; जलोदर और सर्वांग शोथ, सूखे चर्म के साथ।

मूत्र—पेशाब करने की लगातार इच्छा। सफर करने में बहुत मूत्र। जलता पेशाब, मूत्र मार्ग में जलन, दर्द खासकर ग्रंथि-प्रदेश में।

पुरुष—अण्ड और वीर्य नाड़ियों का भीतर को सिकुड़ना। दर्द जो तीखी गंध वाले पेशाब करते समय बढ़े।

पीठ—गुर्दा प्रदेश में दर्द, पीठ पर कम। आम थकावट।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : एपोसिनम, आर्से०, कॉफिया (वानस्पतिक सादृश्यता और थकावट दूर करने में भी)।

मात्रा—३ शक्ति और उससे नीचे की।

कैजूपुटम (Cajuputum)

(कैजू पुट ऑयल)

लौंग के तेल की तरह काम करता है। पेट में वायु संचित होना और जीभ के रोगों की दवा है। बढ़ जाने या लम्बा होने की संवेदना। पसीना अधिक लाती है। स्थान विकल्पशील गठिया। बिना सूजन वाले स्नायुशूल। स्नायविक साँस-कष्ट।

सिर—बहुत बड़ा मालूम पड़े। मानो अपने को सम्भाल न सकेगा। (बैप्टिसिया)।

मुँह—लगातार गला घुटने की संवेदना। गलनली की आक्षेपिक सिकुड़न। ठोस पदार्थ निगलने में घुटन पड़े। जबान सूजी लगे, जैसे पूरा मुँह भरा हो।

पेट—जरा-सी उत्तेजना पर हिचकी।

आमाशय—वायुशूल, तनाव (टेरेबिन्थ)। आँतों का स्नायविक तनाव। पेशाब, बिल्ली के पेशाब की तरह महके। आक्षेपिक हैजा।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : करीब ५ बजे सुबह, रात में।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : बोविस्टा०, नक्स मॉस०, एसाफि०, इग्नी०, बैप्टी०।

मात्रा—१ से ३ शक्ति। तेल की ५ बूँद।

कैलेडियम सेगुइनस (Cladium Seg.)

(अमेरिकन ऐरम)

यह दवा जननेन्द्रियों पर स्पष्ट असर करती है और इस भाग की खुजली किसी एक अङ्ग का ठंडापन और लेटने की इच्छा; बायीं तरफ लेटने से रोग बढ़ना। जरा-सी आवाज भी जगा दे। हरकत से भय। तम्बाकू पीने की इच्छा को मिटाती है। तम्बाकू पीने वालों के दिल की खराबी। दमा रोग।

सिर—तम्बाकू पीने वालों का सिर दर्द और अन्य मानसिक अवस्थायें। अति भूलने वाला, कोई घटना भी याद न रहे। कंधों में दर्द, आँखों में और माथे पर दाब के साथ व्याकुल बनाने वाला सिर दर्द, आवाज सहन न हो, कानों में टपकन।

आमाशय—आमाशय के मुँह में कुतरन, जिससे गहरी साँस और डकार न ले सके। डकार। आमाशय सूखे भोजन से भरा मालूम पड़े, फड़फड़ाहट का संवेदन। तीखी कै, प्यासहीन और केवल गरम चीज पीना सहन न हो। आहें भरे।

पुरुष—तीव्र खाज। लिंग-मुण्ड बहुत लाल। लिंग बड़ा मालूम हो, फूला हुआ। ढीला, पसीनेदार, अंडकोष की खाल मोटी, अर्ध निद्रा में लिंगोत्तेजना, मगर पूरा जागने पर शान्त हो जाए। नपुंसकता। मैथुनोत्तेजना के समय ढीलापन; आलिंगन से न कामाग्नि जागे और न वीर्यस्खलन हो।

स्त्री—योनि-ग्रीवा में तीव्र खाज (ऐम्ब्रा०; क्रियोजो० में) और योनि देश में खाज गर्भावस्था में, (हाइड्रोजन-पर-ऑक्साइड १ : १२ शक्ति का बाहरी प्रयोग)। मैथुन इच्छा। रात में गर्भाशय में ऐंठन, दर्द।

चर्म—मीठा पसीना, जिस पर मक्खी लगें। जन्तु के काटने पर बहुत जलन और खाज। खाज के दाने और दमा बारी-बारी से। जलन संवेदना और विसर्पिका प्रदाह।

श्वास-यन्त्र—स्वर नली सिकुड़ी लगे। साँस रुके। नजले वाला दमा, जल्दी बलगम न निकले, रोगी सोने जाने से डरे।

घटना-बढ़ना—घटना : पसीने के बाद, दिन में सोने के बाद। बढ़ना : हरकत से।

सम्बन्ध—बेमेल : ऐरम ट्रिफा०। पूरक : नाइट्रिक-एसिड। तुलना कीजिये : कैप्सिक०, फास; कास्टि०, सेलेनि०, लाइको०, इक्षुगंधा० (काम सम्बन्धी दुर्बलता, वीर्यस्खलन, प्रोस्टेट ग्रन्थि की वृद्धि)।

मात्रा—३ से ६ शक्ति।

कैल्केरिया एसेटि० (Calc Ace.)

(एसिटेट ऑफ लाइम)

श्लैष्मिक झिल्ली के प्रदाह में जहाँ झिल्ली स्राव प्रधान हो, इस औषधि ने उत्तम लाभ पहुँचाया है, इसके अतिरिक्त इस औषधि की क्रिया और प्रयोग इस कार्बोनेट की तरह होता है। कर्कट दर्द।

सिर—खुली हवा में चक्कर आना। पढ़ते समय बुद्धि मंद। अर्ध-कपाली, सिर में बहुत ठंडक और खट्टे स्वाद के साथ।

स्त्री—कष्टदायक झिल्लीदार मासिक-धर्म (बोरैक्स)।

श्वास-यन्त्र—खड़खड़ाती साँस, बाहर निकलना। ढीली खाँसी, वायुनलिकाओं के टुकड़ों के बड़े थक्कों के साथ बलगम गिरे। कष्टदायक साँस, कन्धों को पीछे की तरफ झुकाने से आराम मिले। सीने में उत्सुक रुकावट का संवेदन।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए—ब्रोमि० बोरैक्स; और खुले कर्कट में तीव्र कोंचन दर्द के लिए कैल्के०, आक्जैलि०।

मात्रा—३ विचूर्ण।

कैल्केरिया आर्सेनिका (Calc. Ars.)

(आर्सेनाइट ऑफ लाइम)

मिर्गी रोग, हमले के पहले सिर में खून दौड़े, दिल प्रदेश में हमले का आभास मालूम पड़े। हवा में उड़ने का संवेदन। मोटी औरतों की वयः सन्धिकाल के समय की शिकायतें। जीर्ण मलेरिया। बच्चों का जिगर और तिल्ली बढ़ना। गुर्दा-प्रदाह, गुर्दा-

प्रदेश में बहुत उत्तेजना। शराब पीने वालों के शराब पीना छोड़ने के बाद आए रोग (कार्बन; सल्फ)। वयःसंधिकाल में मोटी औरतों की विविध शिकायतें, जरा भी उत्तेजना पर दिल धड़कना। साँस कष्ट दुर्बल दिल के साथ। शीत। सांडलाल मूत्र। शोथ। तिल्ली और मध्यांत्र ग्रन्थि के रोग। रक्त में लाल कण आएँ और रंजक पित्त की कमी।

मन—गुस्सा, चिन्ता। संगत की इच्छा। गड़बड़ी, भ्रम। घोर उदासी।

सिर—चक्कर के साथ सिर में तेजी से खून दौड़ना। सिर में दर्द, दर्दीली करवट लेटने से कमी। साप्ताहिक सिर दर्द। सुन्नपन के साथ सिर दर्द, अक्सर कानों के चारों तरफ।

आमाशय—आमाशय के आस-पास तनाव। बच्चों का जिगर और तिल्ली बढ़ना। क्लोम ग्रंथि रोग, क्लोम कर्कट की तीव्र पीड़ा को शांत करती है। डकार में पानी आना और दिल की धड़कन।

मूत्र—गुर्दा प्रदेश दाब सहन न करे। सांडलाल (ओजोमेइ) मूत्र; प्रत्येक घंटे मूत्र त्याग करे।

दिल—हृद्-प्रदेश में सिकुड़न और दर्द, दम घुटना, धड़कन, दाब; थरथराहट और दर्द पीठ में जो बाँहों तक उतरे।

स्त्री—बदबूदार, खून मिला प्रदर। गर्भाशय का कर्कट, गर्भाशय और योनि में जलन-दर्द।

पीठ—गरदन की जड़ के पास दर्द और कड़ापन। घोर पीठ-पीड़ा, थरथराहट, बिस्तर से उठ भागे।

अंग—निचले अङ्गों का लंगड़ापन और थकावट।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : जरा भी जोर पड़ने पर।

मात्रा—३ विचूर्ण।

कैल्केरिया कार्बोनिका (Calcarea Carb.)

(कार्बोनेट ऑफ लाइम)

यह हैनिमैन की विख्यात खाज-दोष नाशक दवा है। शरीर-रचना सम्बन्धी रोगों के लिए परम हितकर औषधि है। इसका मुख्य क्रिया क्षेत्र विकास केन्द्र है, इसका मुख्य प्रभाव पोषणहीनता है। ग्रंथियों, चर्म और हड्डियों पर इस दवा का खास असर है। स्थानीय या सर्वाङ्ग पसीना। वृद्धि। ग्रंथि-सूजन, गण्डमाला और बालशोष रोग की अवस्था में कैल्केरिया लाभ करती है। आरम्भिक क्षय रोग (आर्से०, आयोड०, ट्यूबरकुलिन०)। गुदगुदीदार खाँसी, सीने की जगह जलन वाले दर्द,

मिचली, तेजाबी हालत और चर्बीली चीजों से घृणा आदि सभी इसके कार्य क्षेत्र में आते हैं। जल्दी ही साँस फूले। अधिक काम करने से मानसिक और शारीरिक थकावट। पेशियों की गहराई में बने फोड़े; गुल्म, अर्बुद। बलगम और गल-ग्रंथियों की कार्यहीनता, खून का जल्द जमना, (स्ट्रोनटियम) हड्डियों की तन्तुमय सफेद झिल्ली को उत्तेजित करती है। यह रक्तस्राव रोकती है और कदाचित् जिलेटिन की सुई को यही शक्ति देती है।

अच्छे होने पर फिर आसानी से लौट आता है। गण्डमालिक रोगी जिनको जुकाम जल्द होता है श्लैष्मिक स्राव अधिक जाता है। बच्चे जो बहुत मोटे होते जाते हैं, पेट बड़ा, सिर बड़ा, पीला शरीर, खड़िया ऐसी त्वचा। वादी, बलगमी प्रकृति, पानी में काम करने से बीमार पड़ना। ठण्डक असह्य, पसीना आंशिक। बच्चा अण्डा, मिट्टी और दूसरी न पचने वाली चीजें खाना चाहे। उसे ठण्डा चोपदार और खट्टी गन्ध वाला पसीना आता है। अतिसार प्रवणता। कैल्केरिया का रोगी मोटा, गोरा, थुलथुला होता है।

मन—सशक्त; लगभग शाम को रोग बढ़े। विवेकहीन होने, दुर्भाग्य और छूत की बीमारियों का भय। भूलना; बुद्धिभ्रष्ट; उत्साहहीन। आकुलता, धड़कन के साथ। हठीलापन, जरा-सा मानसिक परिश्रम सिर गरम कर दे। काम या परिश्रम करना न चाहे।

सिर—सिर की चाँद पर बोझ जैसा लगे। सिर दर्द हाथ और पैर ठंढे। ऊपर चढ़ने और सिर घुमाने में चक्कर। भारी बोझ उठाने से या इसके साथ मानसिक परिश्रम से सिर दर्द, मिचली के साथ। सिर गरम और भारी मालूम दे; चेहरा पीला। सिर के अन्दर और सिर पर बरफ जैसी ठण्डक, खासकर दाहिनी तरफ। तालु खुला हुआ, सिर बड़ा, अधिक पसीना, तकिया भींगे। खोपड़ी की खाल की खाज। जागने पर सिर खुजलाये।

आँखें—रोशनी असह्य। खुली हवा में और सुबह को पानी बहे। पुतली पर दाग और घाव। ठण्डक लगने से अश्रुनलिकायें बन्द हो जायें। आँखें जल्दी थकें। दूर की चीजें ठीक दीख पड़ें। पलकों की खुजली, सूजन, भूसी छूटे। पुतली का जीर्ण प्रसार। मोतियाबिन्द। नजर का धुँधलापन। जाला; धुन्ध। अश्रुनलिकाओं का नासूर, गण्डमालिक नेत्र प्रदाह।

कान—कानों में थरथराहट, पटपटाहट, चिलकन, टपकन दर्द मानो कोई चीज बाहर की तरफ आयेगी। पानी में काम करने से आया बहरापन, अर्बुद जिससे आसानी से रक्तस्राव हो। गण्डिमालिक प्रदाह। बदबूदार, श्लैष्मिक स्राव और ग्रन्थि वृद्धि। सुनने की गड़बड़ी, कम सुनना। कानों पर और उनके पीछे दाने निकलना। कड़क की आवाज। कान और गरदन प्रदेश ठंडक सहन न करें।

नाक—सूखी, नथुने चोटीले, घाव वाले। नाक बन्द, बदबूदार पीला स्राव। दुर्गन्ध निकलना। अर्बुद, जड़ की सूजन। नकसीर बहना। जुकाम। हर मौसम बदलने पर जुकाम होना। जुकामी लक्षण, भूख के साथ, आन्त्र-शूल और जुकाम बारी-बारी से।

चेहरा—ऊपरी होंठ की सूजन। पीला, आँखें धँसी हुईं, नीले घेरे। पपड़ीदार दाद, खुजली, धोने से जलन। जबड़े की ग्रंथि सूजी हुई। घेघा। दाढ़ी के बालों में खुजली। दाहिने मस्तिष्क छिद्र में से निचले जबड़े से होकर कान तक दर्द।

मुँह—लगातार खट्टा स्वाद। मुँह खट्टे पानी से भरा हो। रात में जबान सूखी। मसूढ़ों से खून बहे। दाँत देर में, कष्ट के साथ निकलें। दाँत पीड़ा हवा लगने या ठंडी और गरम चीज से बढ़े। मुँह से घृणित दुर्गन्ध आए। जबान के सिरे पर जलन के कोई गरम चीज पेट में आने से कष्ट बढ़े।

गला—तालुमूल और जबड़े की ग्रन्थि की सूजन। निगलने में चिलक। श्लेष्मा खखारना। निगलना कठिन। घेघा। कर्णमूल का नासूर।

पेट—मांस, उबली चीजों से घृणा, न पचनेवाली चीजों जैसे, खड़िया, कोयला, पेन्सिल इत्यादि, अण्डों, नमकीन चीज और मिठाई की चाह। दूध असह्य। बार-बार खट्टी डकार, खट्टी कै। चर्बीली चीजों से अनिच्छा। अधिक काम करने पर भूख मिट जाए। गला जलना और तेज आवाज के साथ डकार आना। आमाशय में ऐंठन, दाब से या ठण्डे पानी से बढ़े। प्रचण्ड भूख। आमाशय के गढ़े पर सूजन, मानो कटोरा उलट कर रखा हो। गरम भोजन से घृणा। छूने से कौड़ी-प्रदेश में दर्द। प्यास, ठंडा पानी पीना चाहे। खाते समय रोग बढ़े। अम्ल की अधिकता। (फॉस०)।

उदर—जरा-सी दाब भी असह्य। झुकने पर जिगर प्रदेश में दर्द। उदर में कटन। फूला हुआ। अफरा वंक्षणीय और मध्यान्तर त्वक्-ग्रन्थि सूजी और दर्दीली। कमर पर तंग वस्त्र सहन न हो। कड़ापन के साथ अफरा। पित्त-पथरी-शूल। उदर में चर्बी बढ़ना। नाभि प्रदेश में आँत उतरना। कम्प, कमजोरी, मोच जैसी। बच्चे देर में चलना सीखें।

मल—मलान्त्र में रेंगन और सिकुड़न। बड़ा और कड़ा मल (ब्रायो०)। सफेद, पनीला, खट्टा। काँच निकलना, जलन। बवासीर में सुई गड़ने जैसा दर्द। अनपचे भोजन का दस्त, मल दुर्गन्धित, अति भूख के साथ। बच्चों का दस्त। कब्ज, पहला मल कड़ा बाद में लेई जैसा, फिर पनीला।

मूत्र—गहरा रङ्ग, बादामी, खट्टा, दुर्गन्धित, बहुत मात्रा में, सफेद तलछट के साथ, खून मिला। मूत्राशय उत्तेजित। बहुमूत्र। (३० शक्ति और ट्युबरकुलिनम १ एम का प्रयोग करें)।

पुरुष—बार-बार धातु-स्खलन। इच्छा बढ़ी हुई। शीघ्रपतन। मैथुन के बाद कमजोरी और चिड़चिड़ापन।

स्त्री—मासिकधर्म के पहले सिर दर्द, आन्त्र शूल, शीत और प्रदर। गर्भाशय में कटन दर्द, मासिककाल में अधिक। मासिक-धर्म समय से बहुत पहले हो, बहुत अधिक, बहुत देर तक जारी रहे, चक्कर आए। दाँत दर्द हो ठंडे नम पैर के साथ। जरा-सी उत्तेजना से सभी लक्षण वापस आवें। गर्भाशय आसानी से खसक जाया करे। प्रदर दूध जैसा (सिपिया)। मासिक धर्म के पहले और बाद में जननेन्द्रिय में जलन और खुजली, विशेषतः छोटी बालिकाओं में, मैथुन-इच्छा अधिक, गर्भाधान सरल। स्तन गरम, सूजे हुए, मासिक-धर्म के पहले स्तन सूजे और कोमल। दूध अधिक, बच्चा को पसन्द न हो। कम दूध निकलना, फूले हुए स्तनों के साथ, वादी वाली औरतों में जननेन्द्रिय के बाहरी भाग पर अधिक पसीना। अधिक मासिक स्राव के साथ बाँझपन। गर्भाशय का अर्बुद।

श्वास-यन्त्र—गुदगुदीदार खाँसी, रात को कष्ट दे, सुबह को सूखा और अधिक बलगम सरलता से निकले। पियानो बजाते समय या भोजन करने से खाँसी आवे। लगातार उत्तेजनीय खाँसी, दीवारों पर संखिया मिला कागज चिपकवाने के कारण (क्लाक) घोर साँस कष्ट। बिना दर्द के स्वर-भंग, सुबह को अधिक। केवल दिन ही में बलगम गिरे, गाढ़ा पीला खट्टा श्लेष्मा। खून मिला बलगम, सीने में खट्टापन के साथ। दम घुटने के हमले, कसाव, जलन, चोटीलापन सीने में, ऊपर चढ़ने से बढ़े या जरा भी ऊपर जाने से। बैठ जाना आवश्यक है। सीने में आगे से पीछे की तरफ तेज दर्द। सीना छूना, टंकार या दाब सहन न करे। ताजा हवा का बहुत इच्छुक। कम, नमकीन (लाइको०)।

दिल—रात को और भोजन के बाद धड़कन हो। ठंडक के साथ धड़कन, सीने में अशान्त घुटन के साथ चर्म रोग दबने पर।

पीठ—मोच खाने जैसा दर्द, कठिनता से उठ सके, शक्ति से अधिक बोझ उठाने के कारण आयी मोच। कन्धों के डैनों के बीच दर्द, साँस रुके। कटि प्रदेश में वात दर्द; पिठासे में कमजोरी। रीढ़ की हड्डी का टेढ़ा पड़ना। गरदन की जड़ कड़ी और तनी हुई। गुर्दा का शूल।

अंग—भीगने के बाद ऐसी वात पीड़ा। तेज चुभन, मानो वे अंग उखाड़े या ऐंठे जा रहे हों। ठंडे, नम पैर; मानो भीगे मोजे पहने हो। घुटने ठण्डे। पिण्डलियों में ऐंठन या पैर पर खट्टा-पसीना। अंगों की कमजोरी। जोड़ों खासकर घुटनों की सूजन। तलवों का जलना। हाथों पर पसीना। जोड़ों पर गाँठें। तलवों में कच्चापन। रात में पैर ठंडे और मुर्दार हों। पुरानी मोच। पेशियों में फाड़ने जैसा दर्द।

नींद—झुण्ड के झुण्ड विचार आने से नींद न आवे। आँख खोलते ही भयानक, अलौकिक दृश्य देखना। जरा-सी आवाज पर चिहुँकना, डरती है कि पागल हो जाऊँगी। तीसरे पर ऊँघ आना। रात में कई बार जागना। **जरा-सी नींद आने पर वही पहले के दुःखद विचार आ जाते हैं और जगा देते हैं।** रात्रि को भयानक सपने आएँ (कैली फॉस०)। स्वप्न में मुर्दे दिखाई दें।

ज्वर—२ बजे। तीसरे पहर शीत जो आमाशय प्रदेश से शुरू हो। पसीने के साथ ज्वर। नाड़ी भरी हुई और तेज। पसीना और गरमी। आंशिक पसीना। **रात्रि पसीना, खासकर सिर, गरदन और पीठ पर।** ज्वर। मासिक धर्म में रात्रि के समय गरमी लगे, अशांत निद्रा के साथ। **बच्चों के सिर पर अधिक पसीना आए, जिससे तकिया भीगे।**

चर्म—अस्वस्थ, जल्दी घाव बने, चुचुका। छोटे घाव भी जल्दी न भरें। ग्रंथियाँ सूजी हुई। जुलपित्ती, ठण्डी हवा में कम। चेहरे पर, हाथों पर मस्से। काला दाग। बिवाई फटना। फुन्सियाँ।

घटना-बढ़ना : बढ़ना—परिश्रम, मानसिक या शारीरिक, ऊपर चढ़ना; ठंडक, किसी भी रूप में, पानी, स्नान, नम हवा, तर मौसम। पूर्णिमा को खड़े होने से। **घटना :** सूखी आबहवा, दर्द वाली करवट लेटने पर छींकने से (सिर और गरदन की जड़ का दर्द)।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : कैम्फो०, इपिका०, नाइट्रि० एसिड, नक्स०।

पूरक : बेला० रस०; लाइको०, साइलीशिया।

कैल्केरि, सल्फर के बाद लाभदायक है, जहाँ पुतली फैली रहे। जब स्कूली लड़कियों में पल्सेटिला असफल रहा हो।

असमान—ब्रायो; सल्फर कभी कैल्के० के बाद नहीं देना चाहिये।

तुलना कीजिए : एक्वा कैल्केरि० :-लाइम वाटर-(३ चाय के चम्मच के बराबर दूध में), (केंचवे में इन्जेक्शन द्वारा); और **कैल्के०, कॉस्टि०-स्लेक्ड लाइम**-(पीठ, एड़ी, जबड़े गालों की हड्डियों का दर्द, और इन्फ्लुएञ्जा के लक्षणों पर), **कैल्के० ब्रोमि०**; (गर्भाशय से प्रदाहिक विकारों को निकालता है। ढीले रेशों वाले बच्चे, स्नायविक और उत्तेजित, चिड़चिड़े, आमाशयिक और मस्तिष्क सम्बन्धी उत्तेजना वाले। मस्तिष्क रोग की प्रवृत्ति। अनिद्रा और मस्तिष्क प्रदाह। १x विचूर्ण दीजिये)। (सल्फर से अन्तर है गरमी से रोग बढ़ना, गरम पैर इत्यादि)।

कैल्केरिया कैल्सिनाटा—कैल्सिण्ड औयस्टर शेल मस्सों की दवा। ३ विचूर्ण में प्रयोग करें। **कैल्केरिया ओवोरम-ओवा टोस्टा—रोस्टेड एगशेल्स** –(**पीठ दर्द और प्रदर**। मालूम पड़े कि पीठ दो भागों में टूट गयी है, थकावट मालूम पड़े। कर्कट के कष्ट में भी लाभदायक है)।

कैल्केरिया०, लैक्टिक० (रक्तहीनता, असाधारण रक्तप्रवाह की प्रवृत्ति, शुलपित्ती जहाँ खून के प्राकृतिक रूप से जमने की शक्ति कम हो जाये। पलकों के, हाथों और होठों के शोथ के साथ स्नायविक सिर दर्द, १५ ग्रेन दिन में ३ बार, लेकिन नीचे की शक्तियाँ भी अकसर उतना ही लाभदायक होती हैं)।

कैल्केरिया० लैक्टो-फास्फो०—(कै जो बार-बार हो, और अर्धकपाली में ५ ग्रेन दिन में तीन बार)।

कैल्के० म्यूर०—कैल्शियम क्लोरेटम—रैडेमैकर्स का लिकर—(१ भाग में २ भाग डिस्टिल्ड पानी में इसकी १५ बूँद आधे प्याले पानी में मिला कर पीजिए, दिन में ५ बार। फुड़िया। तर गंज। आमाशय दर्द के साथ सभी खाना और पीना कै कर देना। खुजलीदार, पीला फुन्सियाँ, ग्रंथि सूजन, स्नायविक गलशोथ। फुफ्फुसावरण प्रदाह, रक्तस्राव। बच्चों का अकौता)।

कैल्केरिया०, पिक्रेटा—(छोटे रक्तस्रावी कोषों का प्रदाह, घड़ी-घड़ी होने वाली या पुरानी फुन्सियों की एक अति महत्त्वपूर्ण दवा, खासकर जब वे ऐसे भाग पर हों जो पेशी तन्तुओं के पतले परत से ढँके हों जैसे नरहर की हड्डी, त्रिकास्थि, कान की नली, वहिस्त्वकीय कौषिक। छिलके छूटना जो सूखे हों और भूसी जमा हो, अंजनहारी, जलनदार छाले। ३x प्रयोग करें।

तुलना कीजिए : कैल्केरिया के साथ भी लाइको०, साइलीशिया, पल्सेटि०, कैमोमि०।

मात्रा—३ विचूर्ण। ३० और ऊँची शक्ति। वृद्ध लोगों में अधिक न दोहरावें।

कैल्केरिया फ्लोरिका (Calcarea Flu.)

(फ्लोराइड ऑफ लाइम)

कड़ी पत्थर जैसी कड़ी ग्रंन्थियाँ, शिराओं के फैल जाने और बढ़ जाने तथा हड्डियों के हीनपोषण की शक्तिशाली दवा है। स्तनों में कड़ी गाँठें। घेघा। पैदाइशी खान्दानी गर्मी रोग। कड़ापन जिसके पकने का भय हो। बहुत से मोतियाबिन्द के रोगियों को निस्सन्देह लाभ हुआ है। पैदाइशी गर्मी रोग जिससे मुँह में और गले में घाव हों, हड्डियों का नासूर और मुरदापन, इनके साथ छेद होने जैसा दर्द। धमनी का कड़ापन, संन्यास रोग का भय। क्षयरोग। चीरफाड़ के बाद लाभदायक है और चिपकने की प्रवृत्ति कम करती है।

मन—बहुत उदास, आर्थिक विनाश की अकारण चिन्ता।

सिर—सिर में चुरचुराने की आवाज। नवजात शिशु के रक्त गुल्म। खोपड़ी पर कड़ी गुठलियाँ। खोपड़ी पर कड़े किनारे वाले घाव।

आँखें—आँखों के सामने पतिंगे और अग्निस्फुलिंग दिखाई दें। कनीनिका पर धब्बे, आँख उठना, मोतियाबिन्द, कंठमाला छालेदार नेत्र प्रदाह। स्नायु जाल की रसौली।

कान—कान के पर्दों पर चूना जमा होना, शंखास्थि के पास कान के भीतर की छोटी हड्डियों में कड़ापन; पीब। बहरापन, गरजन, टपकन के साथ। बिचले कान से जीर्ण पीब स्राव।

नाक—कम बहे, जुकाम, सूखा जुकाम, पीनस। नजला, स्राव अधिक, बदबूदार गाढ़ा; हरियालीदार, गाँठदार पीला। नाक झिल्ली का क्षीणताजनित प्रदाह। प्रदाह और पपड़ी अधिक हो।

चेहरा—गालों पर कड़ी सूजन, दर्द या दाँत दर्द के साथ, जबड़ों की हड्डी पर कड़ी सूजन।

मुँह—मसूढ़ों की फुन्सियाँ जबड़ों पर कड़ी सूजन के साथ। जीभ चिटकी दिखाई दे, दर्द या बिना दर्द के। जीभ पर कड़ी पपड़ी, सूजन के बाद कड़ापन। दाँतों का अप्राकृतिक ढीलापन, दर्द के साथ या बिना दर्द। दाँत अपने गड्ढों में ढीले हों। दाँत दर्द अगर भोजन से छू जाए।

गला—कौषिक गल क्षत, तालुमूल के दरारों में श्लेष्मा की गुठलियाँ जमा होती रहें। गले में जलन और दर्द, जो गरम चीज पीने से कम हो, ठंडी चीज से बढ़े। तालुमूल (टॉन्सिल) की वृद्धि। घाटी का ढीलापन, स्वर-नली में गुदगुदी।

आमाशय—बच्चों की कै। अनपच की कै। हिचकी (कैलेपु०, सल्फ्यु० एसिड)। पेट फूलना। उन छोटे बच्चों में जिन पर शिक्षा का अधिक भार पड़ता है, भोजन करने के बाद मिचली और कष्टमय कमजोरी आना। तरह-तरह की चटपटी चीजें खाने की इच्छा; थकावट और दिमागी कमजोरी के कारण तीव्र अजीर्ण और पेट फूलना।

मल और गुदा—गठिया रोगों में अतिसार। गुदा की खुजली। गुदा में और आँतों के निचले अन्त के पास अति कष्टदायक दरार। खूनी बवासीर। गुदा में महीन कृमि सरकने ऐसी खुजली। अक्सर आंतरिक या अन्धी बवासीर, पीठ दर्द के साथ जो प्रायः नीचे की तरफ त्रिकास्थि तक हो और कब्ज। निचली आँतों में अधिक वायु। गर्भावस्था में यह कष्ट अधिक हो।

पुरुष—अण्डकोष में पानी आना, अण्ड का कड़ापन।

श्वास-यन्त्र—आवाज भारी। क्रूप खाँसी। पीली खाँसी। गुठलीदार बलगम निकले; लेटने पर गुदगुदी और उत्तेजना के साथ, आक्षेपिक खाँसी। कैल्के० फ्लोर० दिल की थैली के झिल्लीदार स्तर की रेशेदार संचयता को साफ करता है और उस थैली की रचना को स्वाभाविक बनाता है।

रक्त-संचालन यन्त्र—रक्त नली के अर्बुद की मुख्य दवा, जो रक्त-नलियों को फैला देती है। **शिराओं में गाँठ पड़ना और बढ़ना।** धमनी अर्बुद। दिल के किवाड़ों की बीमारियाँ; जब तपेदिक के विष ने दिल और रक्त-नलियों पर आक्रमण किया हो तो लाभदायक है।

गरदन और पीठ—जीर्ण कटिवात जो हरकत से अङ्ग में बढ़े और लगातार हरकत से कम हो। हड्डियों के गुल्म। शोषग्रस्त **बच्चों का जांघ की हड्डी का बढ़ना।** पीठ के निचले भाग में जलन के साथ दर्द।

अंग—कलाई की पीठ के ऊपर कड़ी गुठलियाँ। कड़ी रसौली। घुटने के जोड़ के स्नेहकला की पुरानी सूजन।

नींद—स्पष्ट स्वप्न, निकटवर्ती भयसूचक। सोने के बाद जो हलका न हो।

चर्म—चर्म का रंग स्पष्ट रूप से सफेद दिखाई दे। किसी घाव के पुराने निशान पर आया कष्ट। चीरफाड़ के बाद आया चिपकाव। खुरण्ट और चिटकन। हथेली में या कहीं भी कड़े चमड़े में दरारें। गुदा में दरारें। कड़े किनारों वाले घाव। गल्का। सुस्त, नासूरी घाव। गाढ़ा, पीला मवाद। कड़े उभरे किनारों वाले घाव, चारों तरफ की खाल बैंगनी, सूजी हुई। स्तन की कड़ी ग्रन्थियाँ। **सूजन या कड़े उभार** जो जोड़ों के कौषिक और पेशी वेस्ट कारी तन्तु बन्धन में स्थापित हों या पेशियों को बाँधनेवाले रेशों में आई सख्ती।

घटना बढ़ना—**बढ़ना** : आराम से या मौसम बदलने के साथ। **घटना** : गरमी में या सेंकने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : **कोनि०, लैपिस, बेराइटा म्यूर०, हैक्ला०, रस०, कैकोडिलेट आफ सोडा** (अर्बुद)।

कैल्केरिया सल्फ—स्टिबियाटा (रक्तप्रदाह को रोकता और गर्भाशय की रसौली का शोषण करता है)।

मैंगिफेरा इण्डिका : (नस-गाँठें)।

मात्रा—३ से १२ विचूर्ण। एक "जीर्ण" औषधि है। अपना पूरा प्रभाव स्पष्ट करने के लिए कुछ समय लेती है। अधिक बार दोहराना नहीं चाहिए।

कैल्केरिया आयोडेटा (Calcarea Iod.)

(आयोडाइड ऑफ कैल्शियम)

कण्ठमाला सम्बन्धी रोगों में खासकर ग्रन्थियों और तालुमूल इत्यादि के बढ़ने में इस औषधि ने लाभ पहुँचाकर नाम पैदा किया है। युवा होने पर गलग्रन्थि का बढ़ना। थुलथुले बच्चों को हितकर है जब कि उन्हें जुकाम बार-बार होता रहता हो।

सभी स्राव मात्रा में अधिक और पीले होने लगें। नाक और गले की ग्रन्थियों का फूलना। गर्भाशय के अर्बुद। क्रूप खाँसी।

सिर—ठंडी हवा के प्रतिकूल सवारी करने से आया सिर दर्द। सिर में हल्कापन। नजला, नाक की जड़ में अधिक कष्ट, छींक आना, संवेदनीयता कम। नाक और कान में अर्बुद।

गला—बढ़े हुए तालुमूल में छोटे-छोटे खोखले, लाल गढ़े हों।

श्वास-यन्त्र—जीर्ण खाँसी। छाती में दर्द, साँस लेने में कष्ट, उपदंश और अधिक पारा के प्रयोग के बाद (ग्रावोगल) यक्ष्मा ज्वर, हरा दुर्गन्धित बलगम। क्रूप खाँसी। फुफ्फुस प्रदाह।

चर्म—सुस्त घाव। धमनी गांठ के साथ। पसीना सरल। ताँबे के रंग के और रसदार दाने, दाद, बालकों के सिर पर तर दाद, ग्रन्थि सूजन, पिटकन, बाल झड़ना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एग्रैफिग० ब्लूबेल (गलग्रन्थि) और तालुमूल का बढ़ना)। यहाँ सल्फ० आयोड०, एग्रैसिफ और कैल्क० आयोड, के बाद अच्छा काम करता है। एकोन० लाइकोटोनम (ग्रन्थि की सूजन, लसिकाओं की वृद्धि और खून में श्वेतकण बढ़ जाना)।

तुलना कीजिए इनसे भी : कैल्के, फ्लोर०, सिलि०, मर्क०, आयोड०।

मात्रा—२ और ३ विचूर्ण।

कैल्केरिया फॉस्फोरिका (Calcarea phos.)

(फास्फेट ऑफ लाइम)

तन्तु औषधियों में से एक बहुत महत्वपूर्ण दवा है, जबकि इसके बहुत से लक्षण **कैल्केरिया** कार्ब के समान हैं। दोनों में बहुत से अन्तर भी हैं जो इसके खास लक्षण हैं। इसका विशेष क्षेत्र दाँत देर में निकलना और दाँत निकलने के समय के अन्य उपद्रव हैं। हड्डियों की बीमारियाँ, टूटी हड्डी का न जुड़ना, तीव्र के बाद और जीर्ण क्षयकर रोग के बाद आयी एनीमिया। **रक्तहीन बच्चे जो चिड़चिड़े, थुलथुले ठंडे हाथ-पैरवाले, मन्द पाचन, क्षीण शक्तिवाले हों।** इसका विशेष प्रभाव वहाँ होता है जहाँ हड्डियाँ जोड़ बनाती हैं। इसके सभी लक्षण मौसम बदलने के समय बढ़ते हैं। **रेंगना और सुन्न होना** इसके मुख्य संवेदन हैं। पसीना होने की प्रवृत्ति और ग्रन्थि का बढ़ना ऐसे लक्षण हैं जो इसमें और कल्के० कार्ब० में पाये जाते हैं। कण्ठमाला, नवयुवतियों की रक्तहीनता और फेफड़ा का क्षय रोग।

मन—चिड़चिड़ापन, भुलक्कड़, शोक और चिढ़ने के बाद (इग्नै, फॉस० एसिड)। सदा कहीं दूसरी जगह जाना चाहे।

सिर—सिर दर्द खोपड़ी की हड्डियों के जोड़ों के पास मौसम बदलने से बढ़े, स्कूली बच्चों के वयःसन्धिकाल का सिर दर्द, बच्चों के चन्दिया का जोड़ देर तक खुला रहे। क्रेनियल अस्थियाँ मुलायम और पतली। कान की खराबियाँ अफरा के साथ सिर दर्द। सिर गरम, बालों की जड़ में तेज दर्द।

आँख—नासूर होने के बाद आया धुँधलापन (जाला)।

मुँह—तालुमूल सूजे हुए। बिना दर्द के मुँह न खोल सके। दाँत निकलने के काल में रोग। दाँत देर में निकलें। दाँतों का तेजी से सड़ना। नाक और गले के बीच में स्पंज ऐसे तन्तु गुल्म।

आमाशय—बच्चे बराबर दूध पीना चाहें मगर आसानी से कै कर दें। सूअर का मांस या दूसरा भुना हुआ नमकीन माँस खाने की प्रबल इच्छा, बहुत अफरा। प्यास के साथ अधिक भूख, खट्टी डकार आकर अफरा कुछ देर के लिए हो जाये। गला जलना। बच्चे जल्दी कै करें।

उदर—प्रत्येक बार खाने की कोशिश करने पर उदर शूल। धँसा हुआ और ढीला। नाभि के चारों तरफ शूल, संताप, जलन।

मल—कड़े मल के बाद खून गिरना। अतिसार जो रसदार या खट्टे फल खाने के बाद या दाँत निकलने के समय आए। हरा, चिकना, गरम, छरछराकर, अनपचा दुर्गन्धित वायु-स्खलन के साथ दस्त। गुदा में नासूर और छाती के रोग बारी-बारी से पलटें।

पेशाब—अधिक होना, कमजोरी के साथ। कोई चीज उठाने से या नाक छिनकने पर गुर्दा प्रदेश में दर्द।

स्त्री—बालिकाओं में समय से बहुत पहले, अधिक और चमकदार, लाल मासिक स्राव। अगर देर में हो तो गहरा कभी-कभी पहले चमकदार, फिर गहरा रङ्ग का, तीव्र कमर दर्द के साथ। दूध पिलाने के काल में, कामोत्तेजना प्रबल। प्रबल मैथुन इच्छा, गर्भाशय प्रदेश में टीसन, दाब या कमजोरी के साथ (प्लाटिन०)। बहुत दिनों तक दूध पिलाने से आए उपद्रव, अण्डे की सफेदी जैसा प्रदर। सुबह को अधिक होना। बच्चा स्तन का तिरस्कार करे, दूध नमकीन लगे। दुर्बल स्त्रियों का गर्भाशय बाहर निकलना।

श्वास-यन्त्र—अनैच्छिक आहें भरना। छाती में चोटीलापन। दम घोंटने वाली खाँसी, लेट जाने से कम हो। स्वरभंग। निचले बायें फुफ्फुस के आरपार दर्द।

गरदन और पीठ—हवा लगने से वात दर्द सिर के कड़ापन और मन्दता के साथ। त्रिकास्थि के जोड़ों में टूट जाने जैसा चोटीलापन (एस्क्‌०; हीप०)।

अंग—कड़ापन और दर्द, ठंडक, सुन्न संवेदन के साथ मौसम बदलने के समय। रेंगन और ठंढापन। चूतड़, पीठ और अङ्ग सुन्न। जोड़ों और हड्डियों में दर्द। सीढ़ी चढ़ने में रुकावट।

सम्बन्ध—पूरक : रूटा, हीपर०।

तुलना कीजिए : कैल्के हाइपोफॉसपोरोसा। (लगातार फोड़ों की वजह से जब दुर्बलता हो जाय तो शरीर में अधिक मात्रा में फासफोरस देने के लिए इस दवा को उससे अच्छा समझना चाहिए। १ और २ दशमलव विचूर्ण दीजिए। भूख न लगना, तीव्र कमजोरी, रात पसीना। मुँहासे—चर्म पीला, फाका, हाथ-पैर ठण्डे। तपेदिक के दस्त और खाँसी में तेज दर्द। आँतों का क्षय रोग। फुफ्फुस से खून निकलना; हृद्-शूल, दमा, धमनी रोग। शिरायें डोरी की तरह उभरी हों। भोजन करने के २ घण्टे बाद दर्द का हमला, (एक प्याला दूध पीने या हलका भोजन करने से कम हो)। चिरैन्थस (बुद्धि दाँत निकलने का असर)। कैल्केरिया रिनैलिस–लैपिस रिनैलिस—(जोड़ों पर गठिया की गाँठें) पायोरिया; दाँतों का क्रमशः मुरदा होते जाना। दाँत पर चूना जमा होने को कम करता है। पेशाब में रेत आना। और गुर्दा पथरी। कांशिओलिन—मीटर परलैरम—मदर ऑफ पर्ल (अस्थि-प्रदाह—हड्डियों के रोग पर इसका विस्तृत प्रभाव है, खासकर जब बढ़नेवाले सिरों पर रोग का आक्रमण हो)। पेटेशिया, साइलीशिया, सोरि०; सल्फ०।

घटना-बढ़ना-बढ़ना : नमी लगने से, ठण्डा मौसम, बरफ गलने के दिनों में। **घटना :** गरमी के मौसम में, गरम। सूखा मौसम।

मात्रा—१ से ३ विचूर्ण। ऊँची शक्तियाँ अक्सर अधिक लाभदायक।

कैल्केरिया सिलिकेटा (Calcarea Sil.)

सिलिकेट ऑफ लाइम)

एक गहरी दीर्घकालीन औषधि जो ऐसे रोगों में लाभदायक है जो धीरे-धीरे आते हैं और बहुत दिनों में अपनी चरम सीमा पर पहुँचते हैं। पित्त प्रकृति नेट्रम सल्फ०) ठण्डक असह्य। रोगी कमजोर, दुबला, ठंडा और शीतकातर, लेकिन बहुत गरम होने से रोग बढ़े। साधारण तौर पर असहिष्णु। बच्चों की क्षीणता।

मन—शून्यचित्त, चिड़चिड़ा, अनिश्चित; आत्मविश्वास का अभाव। भयभीत।

सिर—चक्कर, सिर ठण्डा, खासकर चाँद पर, नाक और उसके पिछले भाग का नजला। गाढ़ा, पीला, कड़ी खुरंट वाला स्राव। पुतलियों में रसस्राव।

आमाशय—ठण्डक का संवेदन, खासकर खाली रहने पर। तलपेट में कमजोरी जैसा लगे। घोर प्यास। भोजन के बाद तनाव और फूलन। कै और डकार।

स्त्री—गर्भाशय भारी; बाहर को खसका हुआ। प्रदर, दर्दीला और क्रमहीन मासिक-धर्म। दो मासिक काल के बीच में भी रक्तस्राव।

श्वास-यंत्र—ठंडी हवा असह्य। कष्टदायक साँस। वायु मार्ग की जीर्ण उत्तेजना। अधिक पीला, हरा श्लेष्मा। खाँसी, उसके साथ ठंडक, कमजोरी, दुबलापन, उत्तेजनीयता और चिड़चिड़ापन, ठंडी हवा से कष्ट बढ़े। छाती की दीवार में दर्द।

चर्म—खुजली, जलन, ठंडक और नीलापन, अति कोमलता। छोटे दाने, काले तिल। खुजली के दाने।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : आर्सेनिक०, ट्यूबरकुलिन०, बैराइटा कार्ब०, आयोड०।

मात्रा—सभी शक्तियाँ, नीची से ऊँची तक।

कैल्केरिया सल्फ (Calcarea Sulph.)

(सल्फेट ऑफ लाइम-प्लास्टर आँफ पेरिस)

अकौता और सुस्ती से आई ग्रन्थि सूजन। कौषिक अर्बुद। सूत्रमय अर्बुद। पतन अवस्थायें। इस औषधि के कार्यक्षेत्र में आती हैं। जब मवाद निकलने का रास्ता हो जाये। श्लैष्मिक स्राव पीला, गाढ़ा, गाँठदार, चर्म का टीबी।

सिर—बच्चों के सिर का गंज जब पीब-सा हो या पीला पीब के ऊपर पपड़ी हो।

आँखें—आँखों की सूजन, गाढ़े, पीला रस स्राव के साथ। केवल आधा भाग दिखाई दे। पुतली धुँधली। नवजात शिशु की आँख दुखनी आए।

कान—बहरापन और मध्य कान से रस-स्राव, कभी-कभी खून मिला। कान के चारों तरफ फुन्सियाँ।

नाक—जुकाम,गाढ़ा, हल्का, पीला, पीब-सा स्राव; अक्सर खून की धारी वाला, एक नथने से स्राव। पिछले भाग से हल्का पीला स्राव। नाक के किनारे छरछराये हुए।

चेहरे—चेहरे पर दाने और रस भरी फुन्सियाँ। दाद।

मुँह—होठों के भीतर छरछराहट। जबान मोटी, सूखी मिट्टी की तरह। खट्टा, साबुन, तीखा स्वाद। जड़ पर पीला मैल।

गला—गल क्षत के अन्तिम चरण जैसा घाव, पीला स्राव। तालुमूल प्रदाह की पकन अवस्था जब घाव से मवाद निकलता हो।

उदर—जिगर में दर्द, पेड्डू की दाहिनी तरफ, बाद में कमजोरी आए, मिचली और पेट दर्द हो।

मल—दूषित अतिसार, खून मिला मल। चीनी खाने के बाद या मौसम बदलने के समय दस्त होना। मवाद की तरह चिकना स्राव, आँतों से। भगन्दर रोग में गुदा के चारों तरफ दर्दीले नासूर।

स्त्री—मासिक-धर्म देर में हो, देर तक जारी रहे, सिर दर्द, अधिक कमजोरी और भड़कन के साथ।

श्वास-यन्त्र—दूषित, खूनी बलगम और यक्ष्मा ज्वर के साथ खाँसी। फुफ्फुस में या उनके परदों में मवाद पड़ना। मवादो खूनी बलगम। नजला गाढ़ा, गाँठदार, सफेद पीले या मवादी स्राव।

अंग—पैर के तलवों की जलन, खाज।

ज्वर—यक्ष्मा ज्वर, जो पीब बनने से आया हो। खाँसी और तलवों की जलन के साथ।

चर्म—कटन, घाव, छिलन इत्यादि अवस्था, मवादी। घाव जल्दी अच्छा न हो। पीला मवाद, खुरंड या स्राव। चर्म रोग पीली पपड़ी के साथ। बाल के नीचे बिना रस के दाने, खुजलाने से खून बहे। बच्चों का सूखा अकौता।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : होपर०; साइलिसिया।

मात्रा—२ और ३ विचूर्ण। वृक्क रोग में १२ शक्ति अधिक लाभदायक।

कैलेण्डुला आफिसिनैलिस (Calendula Off.)

(Marigold)

बाहरी प्रयोग से घाव भरने के लिए अति चमत्कारी औषधि है। खुले घाव। वे स्थान जो जल्दी न भरें; अन्य घाव इत्यादि सभी के लिए लाभदायक है। तेजी से घाव भरता है। दाँत उखाड़ने के बाद खून बहने को रोकता है। बहरापन, नजले की हालतें। स्नायु अर्बुद। विसर्प रोग की जन्मजात प्रवृत्ति। आघात की अपेक्षा पीड़ा कहीं अधिक। सर्दी होने की प्रबल सम्भावना खासकर तर मौसम में। सन्यासाक्रमण के बाद पक्षाघात। कर्कट रोग में अधिक उपयोगी। स्थानीय स्राव को बढ़ाने की प्रबल शक्ति रखता है और तेजाबी स्राव को स्वस्थ और सरल बनाने में सहायता देता है। ठंडे हाथ।

सिर—अति घबराया हुआ, आसानी से डरना, फटने की तरह सिर दर्द मस्तिष्क पर बोझ। कान के नीचे की ग्रन्थि सूजी हुई, छूने से दर्द हो। गरदन की दाहिनी तरफ दर्द। सिर की खाल के घाव फटे हुए।

आँखें—आँखों की चोट जो पकने वाली हो, चीरा लगने के बाद की अवस्थाएँ। आँसू थैलों से स्राव जो सुजाक का उपद्रव हो।

कान—बहरापन तर वातावरण में बढ़े और अकौता। ट्रेन में और दूर की आवाज अच्छी तरह सुनाई देना।

नाक—एक नथुने का जुकाम, अधिक हरा स्राव।

पेट—बच्चे को स्तन से दूध पीते ही फिर भूख लगे। राक्षसी भूख। **रोमांच के साथ गला जलना**। सीने में मिचली, कमजोरी की अनुभूति। कौड़ी में तनाव।

श्वास-यन्त्र—हरे बलगम के साथ खाँसी। स्वरभंग इसके साथ जंघा के घेरे में तनाव।

स्त्री—योनि के बाहरी मुँह पर मस्से। मासिक धर्म रुकना। गर्भाशय के मुँह का जीर्ण प्रदाह। गर्भाशय का बढ़ना; वस्ति में भारीपन और जैसे भरा हुआ है। जंघासों में तनाव और खोंचना। एकाएक हिलने से दर्द। गर्भाशय का मुँह साधारण स्थान से नीचे हो। अधिक मासिक स्राव।

चर्म—पीला, चुचुका। स्वस्थ मांसाकुर को बढ़ाता है और मवाद बनना कम करता है। सड़ा घाव, बदगोश्त और उभरे किनारे। सतह पर की जलन और झुलसन। विसर्प रोग (बाहर भी लगाइये)।

ज्वर—ठण्डक, **खुली हवा असह्य**; पीठ में शीत, बदन छूने में गरम लगे। शाम को गरमी।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना** : तर मौसम में, भारी, बादल वाला मौसम।

सम्बन्ध—तुलना : हैमामेलि०; हाइपेरिक०, सिम्फा०, आर्नि० :

बहरापन में तुलना कीजिये : फेर० पिक०, कैलि आयोडे०, कैल्के०, मेग० का०, ग्रैफा०।

क्रियानाशक : चेलिडोन०, रियूमे०।

पूरक : हीपर०।

मात्रा : बाहरी प्रयोग। **कैलेण्डुला (मेरीगोल्ड)** को पानी में मिलाकर सभी घाव पर लगाइये, अति उत्तम रोपक (घाव भरने की दवा) है। प्रदर रोग में इन्जेक्शन लगाएँ, खाने के लिए, अरिष्ट से ३ शक्ति तक। आग से जले, घाव; चिटकन, रगड़ इत्यादि पर कैलेण्डुला मरहम का प्रयोग कीजिये।

कैलोट्रोपिस (Calotropis)

(मदार वाक)

उपदंश रोग में पारे के प्रयोग के बाद इस दवा का व्यवहार अति लाभदायक सिद्ध हुआ है, इसके अतिरिक्त पीलपाँव; कोढ़ और तरुण पेचिश में भी लाभदायक है। फुफ्फुस सम्बन्धी तपेदिक। क्षय रोग।

चर्म में रक्त संचय बढ़ाती है; पसीना बढ़ाने में शक्तिशाली है। उपदंश रोग की दूसरी अवस्था में, जब पारे का प्रयोग किया गया हो, मगर अधिक प्रयोग करना हानिकारक होने की सम्भावना हो, तब यह जल्द शरीर को ठीक करती है, घाव को भरती है, चर्म के चकत्ते गायब करके रोगी को चंगा बनाती है। उपदंश रोग की प्राथमिक रक्तहीनता। आमाशय में गरमी मालूम होना : इसका अच्छा सांकेतिक लक्षण है। मोटापा यह दवा कम करती है और पेशियों को कड़ी और ठोस बनाती है।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : मर्क०, पोटैसि० आयोडे०, बर्बे० एक्वि०, सारसापै०, इपिकाक।

मात्रा—अरिष्ट एक से पाँच बूँद, दिन में २ बार।

कैल्था पेलसट्रिस (Caltha. Pal.)

(काउस्लिप)

उदर में दर्द, कै, सिर दर्द, कान गूँजना, कष्टदायक पेशाब, अतिसार। सर्वाङ्ग शोथ।

चर्म—अण्डकार फोड़े। बिम्बिका जिसके चारों तरफ से घेरा हो। अधिक खाज। चेहरा बहुत सूजा हुआ, खासकर आँखों के चारों तरफ। जाँघों पर खाजदार दाने। रसदार दाने। गर्भाशय का कैन्सर रोग।

मात्रा—अरिष्ट।

कैम्फोरा (Camphora)

(कैम्फोरा)

हैनीमैन कहते हैं, "इस औषधि का प्रभाव बड़ा भ्रमकारी है और इनकी छानबीन एक स्वस्थ प्राणी में भी करना कठिन है। क्योंकि इसका प्रारम्भिक प्रभाव दूसरी दवाओं की अपेक्षा अधिक परिवर्तनशील होता है और शरीर की अन्य बड़ी प्रतिक्रियाओं में घुल-मिल जाया करता है। इस कारण यह मालूम करना अक्सर कठिन हो जाता है कि कौन-सी प्रतिक्रिया और कौन-सा प्रभाव कैम्फर के प्रारम्भिक प्रभाव के कारण आया है।

पतनावस्था का चित्रण करता है। सारा शरीर बर्फ-सा ठण्डा, एकाएक शक्ति-हीनता, नाड़ी छोटी और कमजोर। चीरा लगने बाद, अगर शरीर का ताप साधारण से बहुत कम हो जाए, रक्त-चाप कम हो जाए तो १x कैम्फर की ३ खुराक, १५-१५ मिनट पर दें। यह अवस्था हैजे में मिलती है और ऐसी अवस्थाओं में कैम्फर ने यश पाया है। जुकाम की पहली अवस्था, शीत और छींक के साथ। शरीर की ऐंठन और घोर अशान्ति। जोड़ों का चुरचुराना। मिर्गी की तरह झटके। कैम्फर का पेशियों और उनके बाँधने वाले तन्तुओं से सीधा सम्बन्ध है। ठण्डे मौसम की स्थानीय वात पीड़ा में हितकर है। शिराओं का तनाव। हृदय को तत्काल बल देने के लिए कैम्फर अति उत्तम औषधि है। चीनी में एक-एक मात्रा ५, ५ मिनट पर दीजिए।

यह कैम्फर का विशेष लक्षण है कि रोगी शरीर की बर्फ जैसी ठण्डक की अवस्था के समय भी कपड़ा ओढ़ना नहीं चाहता। प्रबल झटके या सदमे की मुख्य दवा। दर्द के बारे में सोचने से वह कम रहे। ठंडक और छूने से अति कातर। छोटी चेचक का कुप्रभाव। घोर आक्षेप, भ्रांत मन और गुल्म वायु उत्तेजना के साथ। अकड़न, निरन्तर झटके। उन बच्चों के लिए विशेष लाभदायक है जो चिड़चिड़े स्वभाव वाले हों, दुर्बलकाय हों और गौर वर्णवाले हों।

सिर—चक्कर, अचेतनता की प्रवृत्ति, उसे ऐसा लगे कि वह मर जायगा। इन्फ्लुएन्जा, सिर दर्द, नजले की हालत के साथ छींक आना इत्यादि। लघु मस्तिष्क में दर्द जैसे मार पड़ रही हो। ठंडा पसीना। नाक ठण्डी और सिकुड़ी हुई। जीभ ठंडी, मोटी, काँपे। कनपटी और आँखों के गड्ढों में सूई गड़ने जैसा दर्द। सिर सतापपूर्ण। पिछले भाग में नाड़ी के साथ-साथ टपकन।

आँखें—स्थिर, घूरती पुतलियाँ फैली हुईं। ऐसा मालूम दे कि सभी चीजें बहुत चमकीली और जगमगाती हैं।

नाक—बन्द, छींकें आए। एकाएक मौसम बदलने पर नाक बहने लगे। ठंडी, चुचुकी, लगातार नकसीर, खासकर रोमांच के साथ।

चेहरा—पीला, दुबला, उत्सुक, विकृत हल्का नीला, ठंडा। ठंडा पसीना।

आमाशय—पेट में गढ़े में दाब, दर्द। ठण्डापन, बाद में जलन।

मल—काला सा, अनैच्छिक। हैजा; पिंडली में ऐंठन, शरीर बेचैन, घोर दुर्बलता, पतनावस्था, मुँह और जबान ठण्डी।

मूत्र—जलन मूत्रघात, मूत्राशय की गरदन में कूँथन के साथ। पेशाब रुके, लेकिन पेशाब की थैली भरी हो।

पुरुष—मैथुन इच्छा बढ़ी हुई सुजाक का बाँझपन। अनैच्छिक लिंगोत्तेजना: रात्रि वीर्य-स्खलन।

श्वास-यन्त्र—छाती में कष्ट। दम घुटे। दमा। तीव्र, सूखी, कड़ी खाँसी। धड़कन। ठंडी साँस रुके।

नींद—अनिद्रा, ठंडे अंग के साथ। पेशी कंप और अति बेचैनी।

अंग—कन्धों के बीच में वात पीड़ा। हरकत कठिन। सुन्न होना, झुनझुनी, ठण्डापन। जोड़ों का कड़कना: पिंडली में ऐंठन। पैर बर्फ जैसे ठण्डे, मोच जैसा दर्द।

ज्वर—नब्ज छोटी, दुर्बल, धीमी। सारे शरीर का बर्फ सा ठण्डा पसीना। रक्त संचयता के कारण गनगनी। जबान ठण्डी, मोटी, काँपती हुई।

चर्म—ठण्डा, पीला, नीला, लाल। ओढ़ना न चाहे। (सिकेल)।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: हरकत, रात में, स्पर्श, ठण्डी हवा। घटना। हल्की गरमी।

सम्बन्ध—कैम्फर, प्रायः सभी वनस्पति औषधियों तथा तम्बाकू, अफीम, कृमि-नाशक दवाओं के उपद्रव का शामक है और उनके कुप्रभाव को शान्त करता है। लाका एकुटैंगुला (सारा शरीर बरफ जैसा ठण्डा, बेचैनी और उत्सुकता के साथ, जलन, प्यास)। कैम्फारिक एसिड—(पेशाब निकालने वाली नली के व्यवहार से आया ज्वर, मूत्राशय प्रदाह, १५ ग्रेन दिन में ३ बार, रात-पसीना रोकने के लिए भी)।

विषम: कैलि नाइट्रिकम पूरक: कैन्थरिस।

क्रियानाशक: ओपियम, नाइट्रि० स्पिरिटस डलसिस, फास०।

तुलना कीजिये: कार्बो० वेज०, आर्स, वेरेट्रम०।

मात्रा—अरिष्ट बूँद की खुराक, घड़ी-घड़ी दोहराना या स्पिरिट आफ कैम्फर को सूँघना। शक्तियाँ भी वैसे ही लाभ करती हैं।

कैम्फोरा मोनो-ब्रोमेटा (Camphora Mono-Bromata:)

(मोनो ब्रोमाइड ऑफ कैम्फर)

स्नायविक उत्तेजना मार्गदर्शक लक्षण है। दूध न उतरना। रात में धातुस्खलता। पीड़ाजनक लिंगोत्तेजना। कंप वात। बाल हैजा और शरीर अकड़न। कुनैन की क्रिया को बढ़ाता है और उसे दीर्घकालिक करता है।

मन—दिशाएँ उल्टी मालूम हों, जैसे उत्तर, दक्खिन लगे और पूरब, पश्चिम लगे। हिस्टीरिया, रोना-हंसना और बारी-बारी मोह मूर्च्छा की तरह अवस्था।

मात्रा—२ विचूर्ण।

कैनचालागुआ (Canchalagua)

(एरिथ्रिया वेनस्टा-सेनटौरी)

इसका अधिक विस्तृत प्रयोग ज्वरनाशक और जिगर को शक्ति देने की दवा के रूप में होता है (जेन्शियाना), मलेरियानाशक और संक्रामतानाशक। गरम देशों में तीव्र सविराम ज्वर में लाभदायक है, इन्फ्लुएञ्जा में भी, शरीर भर में कुचले जाने ऐसा चोटीलापन। भिन्न-भिन्न स्थानों से और उनके ऊपर पानी की बूँदें टपकतीं मालूम पड़ें।

सिर—रक्ताधिक्य। खाल कसी मालूम पड़े, सिर बँधा हुआ लगे; आँखों में जलन, कानों में भिनभिनाहट।

ज्वर—शरीर भर में शीत, रात के समय बिस्तर में अधिक हो। प्रशान्त सागर के किनारे की ठंडी तिजारती हवा असह्य। सर्वांग पीड़ा, कुचलन जैसी। मिचली और उबकाई।

चर्म—धोबिनों के चर्म की तरह सिकुड़ा हुआ। सिर की खाल कसी मालूम दे। मानो रबर के फीते से बँधी हुई हो।

मात्रा—अरिष्ट बूँदों की मात्रा में। ताजे पौधे से बनाना चाहिए। सूखे में इसके औषधि-गुण चले जाते हैं।

कैनाबिस इण्डिका (Cannabis Ind.)

(हशिश)

मन की उच्च शक्तियों को दबाती है और कल्पना शक्ति को बिना निम्न-कोटि की प्रवृत्तियों को उत्तेजित किए हुए अधिक प्रोत्साहित करती है। मन और इन्द्रियों को अति ऊँची अवस्था में उठा देती है जहाँ पर सभी एन्द्रिक ज्ञान और विचार-धाराएँ, सभी संवेदनाएँ और भाव अपनी चरम सीमा पर पहुँच जाती हैं।

दो व्यक्तित्व, देखने में एक दूसरे व्यक्ति के नियन्त्रण में जाहिर हो लेकिन उसका स्वाभाविक व्यक्तित्व उसे ऐसे कामों के करने से रोके जो उसको दूसरा अंतरिम व्यक्ति करने के लिए आदेश देता है। जाहिर तौर पर दोनों व्यक्तित्व एक दूसरे से स्वतन्त्र रूप में काम नहीं कर सकते। एक दूसरे को रोकता जाता है एक ड्राम की मात्रा का प्रभाव, (लेखक डॉ० एल्बर्ट श्नीडर)।

प्रयोक्ता सदा यह समझता है कि वह क्षणिक स्वप्नग्रसित व्यक्ति से पृथक् व्यक्ति है और विवेक से सोच सकता है।

अति विचित्र भ्रम और कल्पनाएँ, दूरी और समय के विस्तृत होने का भ्रम प्रबल रहता है। समय, दूरी और स्थान का विचार ही लोप हो जाता है। अति

प्रसन्न, सन्तुष्ट, कोई चिन्ता नहीं रहती। विचारों की भीड़ लगी हो। अनेक स्नायविक कष्टों में शान्ति प्रदान करती है, जैसे मिर्गी, पागलपन, मनोभ्रंश, सन्निपात, स्नायविक उत्तेजना। नेत्र और हृदय रोग के साथ घेघा। शरीर का कड़ापन, अकड़न।

मन—अधिक बोलना, घोर उत्साही। समय बहुत लम्बा मालूम पड़े; एक पल एक युग के बराबर मालूम दे; थोड़ी दूर भी कोसों की दूरी मालूम दे। बराबर सिद्धान्त ही की चर्चा करे। उत्सुक, उदास, पागल हो जाने का बराबर भय रहना। पागलपन, सदा हिलता रहे। बहुत भुलक्कड़; पूरा वाक्य खतम न कर सके। प्रसन्न चित्त, विचारों में डूबा रहे। अनियन्त्रित हँसी। शराबी का बकवास। काल्पनिक दृष्टि। भावात्मक उत्तेजना, शीघ्रता से भावों में परिवर्तन। अपने को न पहचाने, जीर्ण चक्कर मानो बहा जा रहा हो।

सिर—मालूम दे कि चाँद खुल और बन्द हो रही हो और खोपड़ी उठाई जा रही हो। मस्तिष्क में झटके (एलो० कोका०)। मूत्रक्षार विकार जनित सिर दर्द। कान में टपकन और बोझ। अफरा के साथ सिर दर्द। सिर का अनैच्छिक हिलना। असाधारण उत्तेजना और बकवास के बाद अर्धकपारी का हमला।

आँखें—स्थिर। पढ़ते समय अक्षर गिचपिचा जायें। भ्रमात्मक दृष्टि। बिना डर के भूत-प्रेत देखना।

कान—टपकन, भिनभिनाहट, टनटनाहट। खौलते पानी जैसी आवाज सुने। शोरगुल घोर असह्य।

चेहरा—बहुत निद्रालु और बुद्धिहीन भाव। होंठ चिपके हों। सोते में दाँत पीसना। मुँह और होंठ सूखे। लार गाढ़ी, झागदार, चमकीली।

पेट—भूख बढ़ना। दिल के छेद में दर्द, दाब से कम हो। अफरा। आमाशय के दक्षिणांश में झटके। उदर की नाड़ियों में तनाव की संवेदना, मानो फट जायेंगी।

गुदा—मलाशय में ऐसा लगे मानो गेंद पर बैठा हो।

मूत्र—मूत्र में चिकना श्लेष्मा अधिक हो। काँखना पड़े, बूँद-बूँद टपकना, कुछ देर बैठे रहने पर मूत्र निकले। मूत्र मार्ग में जलन और कड़क। दाहिने गुर्दे के आस-पास धीमा दर्द।

पुरुष—मैथुन के बाद पीठ पीड़ा। लिङ्ग मुण्ड से सफेद, चमकीला श्लेष्मा गिरे। कामोन्माद। कामोत्तेजना देर तक बनी रहे। सुजाक में लिंगोत्थान। शरीर के निचले जोड़ में या गुदा के पास सूजन की संवेदना, मानो गेंद पर बैठा हो।

स्त्री—मासिक-धर्म अधिक, गहरे रंग का, दर्दीला, बिना थक्के का। मासिक काल में पीठ में दर्द। गर्भाशय का शूल, अति स्नायविक उत्तेजना और अनिद्रा के साथ। बाँझपन (बोरैक्स)। दर्दीला मासिक-स्राव मैथुन इच्छा के साथ।

श्वास-यन्त्र—तर दमा। पसीना छूटे और साँस में तंगी, गहरा साँस ले।

दिल—धड़कन से जाग उठे। कोंचन दर्द; बहुत दाब के साथ। नाड़ी बहुत धीमी (डिजि०, कैल्मिया०, एपोसाइन०)।

अंग—कन्धों के आर-पार और रीढ़ में दर्द, झुकना पड़े, सीधा न टहल सके। हाथों और बाहों में और घुटनों से नीचे तक थरथराहट। निचले अंगों का सम्पूर्ण पक्षाघात। तलवों और पिण्डली में दर्द। घुटनों और टखनों में तेज दर्द। थोड़ा टहलने पर ही बहुत थकावट प्रतीत हो।

नींद—औंघाई बहुत, मगर नींद न आवे। कठिन और जल्द अच्छी न होने वाली अनिद्रा। शरीर का अकड़न। मुर्दों का सपना देखना; भविष्यवाणी करना। भयानक स्वप्न।

घटना-बढ़ना—बढ़ना; सुबह कॉफी से; मदिरा से और तम्बाकू से, दाहिनी करवट लेटने से। घटना : ताजी हवा से; ठण्डे पानी से, आराम से।

सम्बन्ध—बेलाडो०, हायोसा०, स्ट्रैमोनि०, लैकेसि०, एगैरिक०, एन्हैलोन (समय की भावना असाधारण, कम समय को अधिक समझना, मिनट घण्टे मालूम पड़ें, इत्यादि)।

मात्रा—अरिष्ट और निचली शक्तियाँ।

कैनाबिस सैटाइवा (Cannabis Sat.)

(हेम्प)

खासकर मूत्रेन्द्रिय, जननेन्द्रिय और श्वासेन्द्रिय को प्रभावित करती प्रतीत होती है। पानी गिरने ऐसा संवेदन इसका खास लक्षण है। बहुत थकावट, मानो बहुत परिश्रम किया हो, भोजन करने के बाद थकावट। निगलने से गला घुटना, वस्तुएँ गलत रास्ते से नीचे उतरें। हकलाना। विचार और बोलने में गड़बड़ाना। डाँवाडोल। बोली बोलने में हिचकिचाना, जल्दीबाजी से बोले, जो समझ में न आवे।

सिर—दूध से भय। चक्कर, सिर पर पानी टपकता मालूम हो। नाक की जड़ पर दाब।

आँखें—पुतली का धुँधलापन। स्नायविक विकार, अधिक मद्यपान और तम्बाकू के सेवन से आया मोतियाबिन्द। रोगी समझे कि वह जल्दी अन्धा होने जा रहा है। कुहर ऐसा दिखाई पड़े। आँखों के पिछले भाग से आगे की तरफ दाब। सुजाक-जनित नेत्र प्रदाह। ढेलों में दर्द। कण्ठमालिक नेत्र रोग। (सल्फ०, कैल्के०)।

मूत्र—पेशाब रुकना और कठिन कब्ज के साथ। दर्द के साथ पेशाब लगे। धार फटी हो। मूत्रमार्ग में चिलकन। सूजन जैसा लगे, छूने से चोटीलापन। पेशाब करते समय जलन, मूत्राशय तक जाये। बहुत जलता पेशाब; पेशाब की संकुचन जैसी

पेशी का आक्षेप के साथ बन्द होना। तरुण सुजाक, मूत्र-मार्ग अति कोमल। टाँगें फैलाकर चले। अण्डों में खींचन। मूत्रमार्ग में टेढ़ा-मेढ़ा दर्द। मैथुन-इच्छा प्रबल। मूत्र मार्ग में मांसाकुर का बढ़ना। (युक्लिप्टस) मुण्ड का पर्दा सिकुड़ना, मवाद और श्लेष्मा से मूत्रमार्ग का बन्द हो जाना।

स्त्री—मासिक धर्म का रुकना, जब शारीरिक शक्तियों से बहुत काम लिया गया हो, कब्ज भी साथ-साथ।

श्वास-यन्त्र—साँस लेने में कष्ट और धड़कन, खड़ा होना पड़े। सीना पर बोझ, खड़खड़ाती, साँय-साँय करने वाली सांस। खाँसी में हरा चिमड़ा, खूनी बलगम निकले।

दिल—मालूम पड़े कि दिल से बूँदें टपक रही हैं। धड़कन के साथ दर्दीला चोटें और खींच। दिल के पट्ठों का प्रदाह।

नींद—भयानक स्वप्न। सुबह को अधिक थकावट। दिन में नींद आना।

अंग—मोच के बाद अंगुलियों में खींचन आए। सीढ़ियाँ चढ़ने पर चपनी का खिसकना। सीढ़ियाँ चढ़ने पर पैरों में भारीपन पक्षाघात जैसी फटन दर्द। पैर की गद्दी और अंगुलियों की गद्दी के रोग।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : लेटने से सीढ़ी पर चढ़ने से।

क्रियानाशक—कैम्फर, नीबू का रस।

तुलना कीजिए—हेडिसेरम—ब्राजीलियन बरडोक—(सुजाक और लिंग की सूजन) : कैन्थे०, एसि०, कोपेवा०, थुजा०, कलि नाइट्रि०।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति। इकलाने में ३० शक्ति।

कैन्थरिस (Cantharis)

(स्पेनिश फ्लाई)

यह शक्तिशाली दवा जीवन क्रिया में भयानक गड़बड़ पैदा करती है, खासकर मूत्र और जननेन्द्रियों में उनकी क्रिया को विपरीत करती है और घोर प्रदाह उत्पन्न करती है जिससे भयानक प्रलाप होता है और जल-भय के लक्षण बढ़ते हैं (एनागैलिस)। प्रसवान्तक अकड़न। आमाशय और सारी आँतों में घोर सूजन पैदा करती है; खासकर निचले भाग में। सभी भागों की अति कोमलता। लगातार असह्य उपदाह। कच्चापन, जलन, दर्द। रक्तस्राव। पेशाब करने की असह्य लगातार इच्छा इसका मुख्य लक्षण है। आमाशय, जिगर और पाकाशय के रोग जो कॉफी पीने से बढ़ते हों। गर्भावस्था में आमाशयिक विकार। दर्द और कष्ट के साथ पेशाब निकलना, अन्य लक्षणों के साथ। श्लैष्मिक झिल्ली के स्राव को बढ़ाती है, चिमड़ा

श्लेष्मा। कैंथरिस मूत्राशय, गुर्दों, डिम्बों, दिमाग के पर्दों, फेफड़ों के पर्दों और दिल के पुट्ठों के पर्दों में जो प्रदाह पैदा करता है इसके साथ मूत्राशय का क्षोभ भी शामिल रहता है। गुर्दे की सोजिश जिसमें खून मिला पेशाब आए। सारे गुर्दे में कटन और जलन के भयानक दौरे पड़े और दर्द के साथ पेशाब का वेग; खून मिला पेशाब : बूँद-बूँद पेशाब हो।

मन—भयानक प्रलाप। आकुल, अशान्त; क्रोध में अन्त हो। चिल्लाना, भौंकना, जो स्वरनली छूने से या पानी पीने से बढ़े। बराबर कोई न कोई काम करने की इच्छा हो, मगर कुछ कर न सके। तीव्र पागलपन, प्रायः कामातुरता से सम्बन्धित काम इच्छा प्रबल। क्रोध, भौंकने चिल्लाने के दौरे। अकस्मात् अचेतनता लाल चेहरे के साथ।

सिर—मस्तिष्क में जलन। ऐसी संवेदना जैसे मस्तिष्क में पानी खौल रहा हो। चक्कर, खुली हवा में अधिक हो।

आँख—सब चीजें पीली दीख पड़ना (सैण्टोना०) धधकती, चमकती, घूरती आँखों में जलन।

कान—मालूम पड़े कि कानों से तेज हवा या गरम साधारण हवा बाहर निकल रही है। कानों के आस-पास की हड्डी में दर्द (कैप्सिकम)।

चेहरा—पीला, दुःखी, मुर्दे जैसा। चेहरे पर खुजली वाले छाले जो छूने से जलें। चेहरे पर विसर्प रोग, जलन के साथ; काटने वाली गरमी मूत्र लक्षण के साथ। गरम और लाल।

गला—जिह्वा पर छाले भरे हों, रोयेंदार, किनारे लाल। मुँह गलकोष और गले में जलन; मुँह में छाले। तरल पदार्थ निगलने में बहुत कठिनाई। बहुत चिमड़ा लेसदार श्लेष्मा (कैलिबाइक्रो०)। स्वरनली छूने से कड़े झटके और गले की सूजन, जैसे आग जलती हो। घुटन, चकत्तेदार घाव (हाइड्रो० म्यु० नाइट्रि० एसि) झुलसने जैसा लगे। बहुत गरम भोजन खाने के बाद जला-सा लगे।

सीना—फुफ्फुसावरण प्रदाह स्राव शुरू होते ही। घोर साँस कष्ट, धड़कन, अकसर सूखी खाँसी। मूर्च्छा की प्रवृत्ति। छोटी परेशानी करने वाली खाँसी, खून की लकीर वाला चिमड़ा बलगम। जलन-दर्द।

आमाशय—गले, आमाशय और अन्ननली के मुँह में जलन मालूम दे (कार्ब०) सभी चीज से घृणा, पीना, खाना, तम्बाकू। सभी तरल पदार्थ से घृणा इसके साथ जलन, प्यास। अति उत्तेजनीय, घोर जलन। खून की लकीर वाली झिल्ली की कै, घोर ओकाई। कॉफी पीने से रोग बढ़े। जरा-सी कॉफी पीने से ही मूत्राशय का दर्द बढ़े; और वह कै हो जाये। न बुझने वाली प्यास।

मल—कम्प के साथ जलन। पेचिश, आँव जैसा मल, जैसा आँतों पर खराश पड़ने से आए। खून मिला मल, जलन और कूँथन के साथ। मलत्याग के बाद कपकपी।

मूत्र—असह्य इच्छा और कूँथन। असह्य कूँथन; चाप। पेशाब करने से पहले, करते समय और बाद में कटन। पेशाब जलता हुआ; बूँद-बूँद टपके। बराबर पेशाब लगता रहे। पेशाब में झिल्ली के टुकड़े जैसे पानी में चोकर घोल दिया हो, खारिज हो। जेली की तरह, पेशाब रेशेदार।

पुरुष—काम इच्छा अधिक, कसाव, लिंगोत्थान। लिंग मुण्ड में दर्द। (प्रूनस, पैरीरा)। सूजाक में अनैच्छिक लिंगोत्थान।

स्त्री—आँवनाल का न निकलना (सिपि०) इसके साथ मूत्रकृच्छ्र, मस्से। मरे भ्रूण, झिल्ली इत्यादि को बाहर निकालता है। अत्यधिक कामोन्माद (प्लैटि०, हायोसा०, लैके०, स्ट्रेमोनि०)। प्रसव सम्बन्धी गर्भाशय प्रदाह, मूत्रमार्ग की सूजन के साथ। मासिक-धर्म बहुत पहिले और अधिक, योनि घुण्डी की काली सूजन। काम-उत्तेजना के साथ। गर्भाशय से लगातार स्राव, गलत कदम पड़ने से बढ़े। डिम्बाशय में जलन, दर्द, कोमल। गुदास्थि छिद्र में दर्द; कोंचन, फटन।

श्वास-यन्त्र—आवाज धीमी। कमजोरी का बोध। सीने में चिलक। (ब्रायो०, कैलि० कार्ब०, स्क्विल्ला) प्लुरिसी जिसमें पानी आया हो।

दिल—धड़कन, नाड़ी कमजोर, क्रमिक, मूर्च्छा की सम्भावना। दिल की पेशियों का प्रदाह जिसमें पानी आया हो।

पीठ—कमर में दर्द लगातार पेशाब लगा रहे।

अंग—अंगों में फरन। तलवों में दर्द जैसे घाव बना हो। कदम न रख सके।

चर्म—विषैला चर्म प्रदाह, अण्डाकार उभरन। अधिक पसीने के बाद अण्डकोष और लिंग के आस-पास अकौता का दूसरा चरण। सड़न की प्रवृत्ति। चोकरदार छिलकों के साथ चर्म दाने। रस भरे दाने जलन और खुजली के साथ। धूप छाले; झुलसना, कच्चापन और छरछराहट के साथ जो ठण्डे प्रयोग से कम हों, बाद में सूजन आये। विसर्प रोग, रस भरे दानों वाला, अधिक बेचैनी के साथ। रात में तलवे जलें।

ज्वर—हाथ और पैर ठण्डे। ठण्डा पसीना। तलवे जलें। शीत मानो ठण्डा पानी शरीर पर गिराया जा रहा हो।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : छूने से या पास आने से, पेशाब करने से या ठंडा पानी या कॉफी पीने से घटना : मालिश से।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : कोना०, कैम्फ०, पल्से०।

तुलना कीजिए। केनथरिडिन—(वृक्कक्षय) कैन्थरिडिन का तत्कालीन प्रभाव रक्त की महीन नलियों को उत्तेजित करना होता है, जिससे पोषक रस का स्राव सरल हो जाता है। यह प्रभाव गुर्दों की रक्त-नलिकाओं पर अधिक देखा गया है। वृक्कक्षय के साथ-साथ रक्तशर्करा की वृद्धि महत्वपूर्ण लक्षण है।) वेसिकेरिया—(मूत्रयन्त्र और गुर्दों की औषधि, गुर्दे की नाली के साथ-साथ और मूत्राशय में जलन की अनुभूति और उसके साथ घड़ी-घड़ी पेशाब होना, प्रायः कष्ट के साथ बूँद-बूँद पेशाब होना। मूत्राशय प्रदाह और उत्तेजना। अरिष्ट ५—१० बूँद की मात्रा में)। फुसिना–शराब में मिलावट देने का रंग (गुर्दों के बाहरी भाग का प्रदाह, पेशाब में अण्डे की सफेदी जैसे पदार्थ (अलब्यूमेन) का जाना, गहरा लाल पेशाब; अतिसार जिसमें मल लाल रंग का और अधिक मात्रा में तथा जोर से निकले, तेज उदर दर्द के साथ)। एण्ड्रासेस लैक्टिया (मूत्र रोग, मूत्र अधिक करने वाला, शोथ)। एपिस, आर्से०, मर्क० कार०।

पूरक : कैम्फर।

मात्रा—६ से ३० शक्ति। खुराक दोहराना ठीक होता है। बाहरी प्रयोग आग से जलने और अकौता में १x और २x पानी में या मलहम के रूप में।

कैप्सिकम (Capsicum)

(सेनी पेपर)

ढीले रेशेवालों, दुर्बलकाय व्यक्तियों और स्वाभाविक ताप की कमी वालों पर इसका प्रभाव खासकर देखा गया है। उनमें प्रतिक्रिया शक्ति की कमी रहती है। ऐसे लोग मोटे, सुस्त, शारीरिक परिश्रम असह्य। यह श्लैष्मिक झिल्ली पर असर करती है जिससे वहाँ घुटन की संवेदना होती है। कनपटी की हड्डी की सूजन, जलन-दर्द और सर्वत्र शीत। बूढ़े लोग जिनकी जीवनी शक्ति खतम हो चुकी हो, खासकर मानसिक काम करने से और गरीबी का जीवन बिताने से। चौंधियाई आँखें, जिन पर रोशनी का असर न हो। बाहरी हवा जरा भी सहन न हो। प्रत्येक सूजन में पकन की विशेष प्रवृत्ति, मदपान वालों की दुर्बल पाचनक्रिया तथा शरीर शिथिल। मांसपेशिक वेदना, पेशियों में टीस और झटके।

मन – बहुत चिड़चिड़ापन। परिवार से दूर रहने के दिनों में परिवार की याद बेचैन बनाए, इसके साथ अनिद्रा और आत्महत्या की प्रवृत्ति के साथ। अकेले रहना चाहे। चिड़चिड़ापन। मदपायियों का सन्निपात।

सिर—फटन-सा सिर दर्द; खाँसने से बढ़े। चेहरा गरम। गाल लाल। चेहरा लाल, गरम ठंडा (एसाफेटि०)।

कान—कानों में जलन और चुभन। कानों के पीछे सूजन और दर्द। कान की चुचुकाकार हड्डी की सूजन। चुचुकाकार हड्डी कोमल। छूने से बहुत चोटीलापन और कोमलपन (ओनोस्मोडि०)। कान की सूजन और हड्डी का रोग पकने से पहले।

गला—गले में गरम लगना। कम्बुकर्णी नली की मन्द सूजन, बहुत दर्द के साथ। गले से कानों तक दर्द और सूखापन, धूम्रपान और मदपान वालों का गला बैठना, गले में छरछराहट। जलन, घुटन निगलते समय। काग और तालु की सूजन सूजा हुआ और ढीला।

मुँह—होठों का दाद। (मूल अरिष्ट की एक बूँद लगाइये)। मुँह आना, मुँह से दूषित दुर्गन्ध निकलना।

आमाशय—जबान के सिर पर जलन। पाचनक्रिया की कमजोरी से आया अनपच रोग। बहुत हवा जमा हो, खासकर कमजोर लोगों में। उत्तेजित करने वाले पदार्थ की अधिक इच्छा। कै, पेट के गड्ढे में कमजोरी मालूम दे। अधिक प्यास लेकिन पानी पीने से कपकपी लगे।

मल· खून मिला श्लेष्मा, बहुत जलन और ऐंठन के साथ, पाखाने के बाद दर्द पीठ तक जाये। मल त्यागने के बाद प्यास लगे और सर्दी से काँपे। खूनी बवासीर, गुदा में चोटीलापन के साथ। मलत्याग काल में गुदा में चुभन।

मूत्र—दर्द के साथ बूँद-बूँद पेशाब हो, घड़ी-घड़ी प्रायः असफल चेष्टा। छिद्र के मुँह में जलन। पहले बूँद-बूँद टपके, तब छलके, मूत्राशय की गरदन एकाएक सिकुड़े। छिद्र के मुँह का उल्टा होना।

पुरुष—अण्डकोष का ठण्डापन, इसके साथ नपुंसकता, अंड क्षय। अंडों की सुन्नता, मुलायम और बहुत छोटे हो जाएँ। सूजाक। अनैच्छिक पीड़ाजनक लिंगोत्थान, मूत्र ग्रन्थि में अति जलन, दर्द।

स्त्री—वयःसन्धिकालीन रोग, जीभ के सिरे में जलन के साथ। (लैथाइरस०)। मासिक धर्मान्तकाल के निकट गर्भाशय से रक्त-प्रवाह, मिचली के साथ। बायें डिम्ब प्रदेश में गड़न मालूम हो।

श्वास-यन्त्र—सोने में घुटन; साँस रोके। आवाज भारी। दिल के शिखर भाग में दर्द या पसली क्षेत्र में, जो छूने से बढ़े। सूखी, परेशान करने वाली खाँसी, फुफ्फुस से घृणित वायु निकले। साँस कष्ट मालूम पड़े कि सीना और सिर टुकड़े-टुकड़े हो जायेंगे। धड़ाके वाली खाँसी। फुफ्फुस के सड़न की सम्भावना। खाँसने पर मूत्राशय, टाँगों, कान इत्यादि दूर की जगहों में दर्द।

अंग—चूतड़ से पैरों तक दर्द। गृध्रसी जो पीछे झुकने में और खाँसने से बढ़े। घुटनों में खींचन, दर्द।

ज्वर—ठंडापन, बदमिजाजी के साथ। पानी पीने के बाद कम्प। शीत पीठ से शुरू हो, गरमी से कम। पीछे की तरफ कोई गरम चीज रखना चाहे। शीत के पहले प्यास।

घटना-बढ़ना—घटना : खाते समय, गरमी से। बढ़ना : खुली हवा, कपड़ा हटाने से, बाहरी हवा से।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : सिना, कैलेडि०।

तुलना कीजिये : पल्से०, लाइको०; बेला०, सेंटोरिया (खून की लहरें दौड़ना, परिजनों में लौटने के लिए उतावला, सविराम ज्वर)।

मात्रा—३ से ६ शक्ति। मदात्यय में अरिष्ट की एक ड्राम की मात्रा दूध या नारंगी के छिलके के रस में।

कार्बो एनिमेलिस (Carbo An.)

(एनिमल चारकोल)

विशेषतः उपयोगी है उन व्यक्तियों को जो कण्ठमाला के रोगी हों, या जिनके शरीर में रक्त की अधिकता हो, उन बूढ़ों और रोग द्वारा कमजोर हुए व्यक्तियों के लिए भी उपयोगी है जिनका रक्त-संचार और जीवनीशक्ति क्षीण है। ग्रन्थियाँ सख्त; शिरायें तनी हुईं; चर्म नीला। फुफ्फुसावरण प्रदाह के बाद चिलक बाकी रहे। कोई चीज उठाने के बाद जल्दी मोच आए। दूध पिलाने वाली स्त्रियों की कमजोरी। घाव और सड़ाव। इसके सभी स्राव दूषित होते हैं। स्थानीय रक्तसंचयता बिना गरमी।

मन—अकेले रहना चाहे, दुःखी; विचार मग्न। बातचीत न करना चाहे। रात में चिन्ता, रक्त में गरमी के साथ।

चिनिनम सल्फ की ऊँची शक्ति की एक खुराक अक्सर दबे हुए मलेरिया को उभार देती है। मलेरिया के ऊपर इसके अचूक प्रभाव के अतिरिक्त होमियोपैथिक पद्धति से यह दवा उन सब अवस्थाओं में विचारणीय है जहाँ सामयिकता और रीढ़ की कोमलता स्पष्ट रूप से उपस्थित रहती है। तीव्र संधिवात रोग। कई-कई जोड़ों का संधिवात। मलान्त्र की खाज और रक्ताधिक्य। जीर्ण आभ्यन्तरिक गुर्दा प्रदाह के लक्षण। आँखों के ढेले के पिछले भाग का स्नायु प्रदाह एकाएक आये। अन्धापन के साथ। रक्तनलिका का पतलापन। हिचकी।

रक्त—लाल रुधिर कणिकाओं का तात्कालिक और तीव्र गति से घटना और हीमोग्लोबीन की कमी पड़ना, साथ में क्लोराइड पदार्थ का शरीर से अधिक मात्रा में बाहर निकलना। अनेक मींगींवाली श्वेत कणिकाओं के बढ़ने की प्रवृत्ति।

सिर—चक्कर और टपक के साथ माथे और कनपटियों में दर्द जो धीरे-धीरे दोपहर तक बढ़े और जिसका मूल आधार मलेरिया हो। बायीं तरफ अधिक हो। सड़क में गिर जाये। खड़ा न रह सके। आंशिक या पूर्ण अंधापन।

कान—तीव्र टनटनाहट, भिनभिनाहट, गरजन, बहरेपन के साथ।

चेहरा—स्नायुशूल, आँख के नीचे से शुरू होकर उसके चारों तरफ और भीतर बढ़े। दर्द सामयिकक्रम से बढ़े, दाब से कम हो।

रीढ़—रीढ़ में कशेरुका अति क्षोभपूर्ण; दाब से दर्द। अन्तिम ग्रीवास्थि उत्तेजित। दर्द सिर और गरदन तक बढ़े।

मूत्र—खून मिला, गँदला, चिकना, बिना रंग, चिकनी तलछट। पेशाब में यूरिया और फासफोरिक एसिड अल्प मात्रा में आए, परन्तु मूत्रक्षार और क्लोराइड अधिक मात्रा में आएँ। इसके साथ शरीर का ताप नार्मल से भी कम रहे। स्रावाधिक्य। एल्बूमेन मिश्रित।

चर्म—खुजली, लाल चकत्ते, जुलपित्ती, पीलिया रोग, छाले पड़ना, फुन्सियाँ, धूम्ररोग। अति कोमल। झुर्रीदार।

ज्वर—रोग ३ बजे शाम को, जड़ैया। शीत के समय शरीर की कई शिराओं की दर्दीली सूजन। गरम कमरे में भी कम्प। बेचैनी। नार्मल से कम ताप।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : चायना, सैलिसिलिक एसिड (बहरापन, टनटनाहट) आर्से०, यूपेटो०, मेथिलीन ब्लू०। कैम्फर मोनो-ब्रोमाइड (कहते हैं कि क्विनाइन के असर को बढ़ाता है और टिकाऊ करता है); बैजा, (ईस्ट इण्डियन दवा) क्वाथ, सविराम ज्वर में अचूक बताते हैं; चौथिया किस्म का, टपकन सिर दर्द, लाल आँखें, भरभराया चेहरा। जिगर और तिल्ली बढ़ी हुई। शोथ। पैम्बोटैनो भी, (सविराम और गर्म देशों के ज्वर की मैक्सिको वालों की दवा।)

क्रियानाशक—पैरथेनम; नैट्र० म्यूर०; लैके०; आर्निका माण्टेना, पल्स०।

मात्रा—१ से ६ विचूर्ण; ३० और उससे ऊँची शक्ति।

चियानैन्थस (Chionanthus)

(फ्रिंज-ट्री)

यह औषधि कई प्रकार के सिर दर्दों में जैसे स्नायुविकार जनित बँधे समय पर आने वाले, मासिक धर्म सम्बन्धी और पित्तज सिर दर्दों में प्रायः उपयोगी सिद्ध हुई है। कुछ बूँदों की मात्रा में कुछ हफ्तों तक सेवन करने पर अक्सर पुरानी सिर-पीड़ा का क्रम टूट जायगा। माथे का दर्द, खासकर आँखों के ऊपर। आँखों के ढेले बहुत दर्दीले, नाक की जड़ पर दाब के साथ। जिगर विकार। कामला रोग। तिल्ली बढ़ी हुई (सियानोथ०)। मासिक धर्म रुक जाने से आया कामला रोग। जिगर की एक मुख्य औषधि। पित्तपथरी (बरबेरिस वल्गैरिस, कोलेस्टे०, कैल्के०)। मधुमेह। आक्षेपिक उदर पीड़ा

सिर—अशान्त, उदासीन। धीमा माथा दर्द, नाक की जड़ पर, आँखों पर, कनपटियों के आरपार झुकने से; हरकत से, झटकन से बढ़े। पीली आँखें।

जबान—चौड़ी, मोटे पीले रोयें के साथ।

मुँह—सूखा, जो पानी पीने से कम न हो; अधिक लार के साथ।

उदर और जिगर—नाभि प्रदेश में टीस; चुभन। मालूम पड़े कि आँतों की चारों तरफ डोरी बाँधी हुई है जो एकाएक खींच ली जाती है और फिर धीरे-धीरे ढीली की जाती है। चोटीलापन, कामला रोग व कब्ज के साथ। मिट्टी के रंग का मल, मुलायम, पीला और लेईदार। जबान पर मोटा मैल। भूख न होना। पित्तशूल। जिगर प्रदेश कोमल। क्लोम सम्बन्धी रोग और अन्य ग्रन्थि-बिकार।

मूत्र—पेशाब अधिक; गुरुत्वभार अधिक, घड़ी-घड़ी लगना, पित्त और चीनी मिला हुआ। गहरे रंग का।

चर्म—पीला, नमदार। मटियाला, हरा, खुजली।

सम्बन्ध—सिन्कोना, सियोनोथ, चेलिडो०, कार्डुअस, पोडोफाइलम, लेप्टैण्ड्रा।

मात्रा—अरिष्ट और पहली शक्ति।

क्लोरैलम (Chloralum)

(क्लोरल हाइड्रेट)

यह पदार्थ घन मात्रा में एक शक्तिशाली नींद लाने वाली और दिल की गति को बन्द करने वाली वस्तु है। यह चर्म पर विशिष्ट प्रभाव रखती है, लाल चकत्ते, काले दाग इत्यादि पैदा करती है, और यह प्रभाव सफलता के साथ होमियोपैथिक सिद्धान्त के अनुसार काम में लाया गया है, खासकर शीतपित्त में भावनात्मक उत्तेजना, दृष्टि भ्रम, बच्चों के भयानक स्वप्न, पैशिक शिथिलता में।

सिर—सुबह का सिर दर्द, माथे में अधिक, पिछले भाग में भी, हरकत से बढ़े, खुली हवा से कम हो। मन्द मस्तिष्क रक्त संचयता (३० शक्ति का प्रयोग करें)। मालूम पड़े कि गरम फीता एक कनपटी से दूसरी कनपटी तक बँधा हो। भ्रमात्मक आवाजें सुनाई दें।

आँखें—आँखें खूनी लाल और जल भरी। रोशनी के चक्र, काले धब्बे दिखाई दें। आँखें बन्द करने पर या रात में दृष्टिभ्रम। धुँधलापन। नेत्र प्रदाह, आँखों और पलकों में जलन, ढेले बहुत बड़े मालूम हों, सब चीजें सफेद दिखाई दें।

चर्म—चेचक जैसे लाल चकत्ते, शुलपित्ती; मदपान से या गरम चीज पीने से बढ़े। मदपान से सभी जगह के लाल चकत्ते बढ़ें, धड़कन के साथ, फैलने और सिकुड़ने वाली नसों में दर्द पैदा हो। अति खुजली। शरीर की सतह पत्थर जैसी

ठंडी। ठंढक लगने से भूसी छूटे, गरम से कम। धूम्र रोग। (फॉस०; क्रोटेलस होरिडुए)।

श्वास-यन्त्र—सीने पर बोझ और कसाव के साथ अति कष्टदायक साँस। अनिद्रा के साथ दमा रोग।

नींद—अनिद्रा, दृष्टिभ्रम, भयानक स्वप्न, निद्रालुता।

घटना-बढ़ना-बढ़ना—गरम चीज पीने से, स्फूर्तिदायक चीज के खाने से, रात के समय।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : एमोनियम कार्बोनिकम, एट्रोपि०, डिजिटेलिस, मस्कस।

तुलना कीजिये—बेला०, ओपियम, एपिस०, वेरोनाल—(एक खतरनाक पदार्थ जो यूरिया पर एल्कोहल के योग से बनता है और जिसमें एल्कोहल के तत्व रहते हैं। एल्कोहल की तरह नशा करता है। लड़खड़ाना, खड़ा न हो सके (डॉ० वारने)। (मिले-जुले लाल चकत्ते, ऊपरी खाल का प्रदाह, लिंगमुण्ड और पर्दे की खुजली, कलाई और अंगुलियों के बीच के जोड़ों में से पहले भाग के ऊपरी खाल पर लाल गोल घेरेदार चकत्ते)। लुमिनाल (अधकपारी में चर्म लक्षण के साथ अनिद्रा, सुस्ती, महामारी के रूप में फैले हुए मस्तिष्क आवरण प्रदाह रोग की तरह)। डॉ० रॉयल)।

मात्रा—शीतपित्त में पहला विचूर्ण इसके अतिरिक्त ऊँची शक्ति। पैरों पर गन्दा बदबूदार पसीना आने में बाहरी प्रयोग के लिए १ प्र० श० घोल से धोइये। मूल दवा ५ से २० ग्रेन। सावधानी से प्रयोग करें।

क्लोरोफारमम (Chloroformum)
(क्लोरोफार्म)

सर्व अचैतन्यकारक, आक्षेप निवारक। पेशियों का पूरी तरह से ढीला होना। कमजोर, तेज नाड़ी छिछला; खर्राटेदार साँस। अकड़न। गुर्दा या पित्त सम्बन्धी शूल, आमाशय शूल।

डॉ० डी० मैकफरलैन द्वारा ६ शक्ति के प्रयोग से मालूम किये हुए लक्षण।

बहुत कमजोरी, खासकर दाहिना तरफ। घुटनों से नीचे के अंग बहुत थके हुए। पूरे चेहरे और सीने पर बहुत पसीना, निद्रालुता, चक्कर; सूखे होंठ और गला, रात में सूखी गुदगुदीदार खाँसी। पेट में वायु, भोजन वापस आये, पेट में चोटीलापन, कचट, दिल के चारों तरफ चिलकन। दाहिनी तरफ सीने में लम्बी साँस लेने से तेज दर्द, परिश्रम से दम फूले।

सिर- प्रलाप, जहाँ उत्तेजना और हिंसा की प्रधानता हो। सिर कन्धों की तरफ नीचे को खिंचा हो, आँखें तेजी से खुलें और बन्द हों, पुतली सिकुड़ी हो, चेहरे का, पेशियों और अंगों का तेज आक्षेप।

संबंध—ईथर : चीरफाड़ के बाद फुफ्फुस प्रदाह (प्रोफेसर बियर)। स्पिरिटस ऐथेरिस कम्पोजिटस--(हॉफमैन्स एनोडाइन)—पेट का फूलना, हृदय शूल। मात्रा—५ बूँद से १ ड्राम (पानी में)।

मात्रा—ऊँची शक्ति या ६ ठी। क्लोरोफार्म के कारण आए अस्थि-भग्न की दवा फास्फोरस है।

क्लोरम (Chlorum)

(क्लोरीन गैस इन वाटर)

इस पदार्थ का स्पष्ट प्रभाव साँस-यन्त्र पर होता है जिसमें साँस-नली में झटका आता है। यह इस औषधि का प्रधान लक्षण है : दमा साँस-यन्त्र के झटके को कम करने के लिए उपयोगी। सड़न में भीतरी और बाहरी प्रयोग।

मन—पागल होने का डर। स्मरण शक्ति की छिन्नता, खासकर नामों के लिए।

साँस-यन्त्र—नथने जैसे धुएँ से भरे हों, कालिखदार। तेज छिलने वाले रस के फलकने के साथ जुकाम, जिसमें नाक का भीतरी भाग और किनारों की चारों तरफ छरछराहट हो। दम घुटने के साथ सिकुडन। टेंटुआ में झटका आना। उपजिह्वा, स्वर-यन्त्र और वायु-नलिका समूह में उत्तेजना; कच्चापन। नम हवा से स्वर-भंग। स्वर-यन्त्रों के एकाएक झटका में दम घुटना, आँखें बाहर निकली हुई, घूरती, चेहरा नीला, ठंडा पसीना, नाड़ी छोटी। साँस भीतर खींचने में कोई रुकावट न हो, मगर बाहर निकालने में रुकावट मालूम पड़े। लाल चेहरा। लम्बी, तेज, सीटी जैसी बलगम की आवाज। जीभ बहुत सूखी हुई।

मात्रा—पूरी शक्ति का क्लोरीन जल बनाने के लिए ताजा बनाना चाहिये। ४ से ६ शक्ति।

कोलेस्टेरिनम (Cholesterinum)

यह दवा पित्ताशय और दूसरी नलियों की ऊपरी झिल्ली से निकाली जाती है।

जिगर के कर्कट रोग के लिए। कठिन जिगर रक्त संचयता; पहलुओं में जलन, दर्द, टहलते समय पहलू को दबाये रहे, इतना दर्द हो। निगाह का धुँधलापन। कामला, पित्तपथरी। शरीर पर कोलेस्टेरिनम का, लेसिथिन का उल्टा प्रभाव पड़ता है। दोनों ही अर्बुद के बढ़ने में महत्वपूर्ण भाग लेते हैं। पित्तपथरी और अनिद्रा।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : टारोकोलेट ऑफ सोडा, होमियोपैथी में डॉ० आई. पी० टेशियर ने जिगर रोग के सम्बन्ध में पित्त और उसके अन्य लवण पर रोचक

विचार प्रकट करते हुए इस प्रभाव को जानने के लिए कई प्रमुख वैज्ञानिकों की छानबीन का विश्लेषण किया है और वे इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि टारोकोलेट ऑफ सोडा होमियोपैथी में कई प्रकार के रक्त की लाल कणिका के अभाव में लाभदायक है। यह भी कहा जाता है कि इस औषधि की रोग उत्पादन क्षमता और विष इसके मूल्यवान होने को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं और साथ में यह भी उल्लेखनीय है कि यह तिल्ली की अति वृद्धि और गण्डरोग में भी लाभदायक है। वे हमारा ध्यान इस ओर आकर्षित करते हैं कि यह औषधि साँसकष्ट उत्पन्न करती है, ऐसी श्वासकृच्छ्रता जो हृत्पेशियों की खराबी से फेफड़ों में अधिक रक्तसंचित होने का परिणाम हो। तीव्र फुफ्फुस शोथ, दिल की धड़कन का अति तीव्र होना इससे आरोग्य शास्त्र और चिकित्सा क्षेत्र में छानबीन करने का अच्छा और रोचक अवसर मिलता है और इससे अति गम्भीर निष्कर्ष पर पहुँचने की सम्भावना है।

मात्रा—३ विचूर्ण।

क्रोमिकम एसिडम (Cromicum Acidum)

(क्रोमिक एसिड)

गल झिल्ली प्रदाह, नाक के पिछले भाग का अर्बुद और जबान का कैन्सर आदि सभी रोगों में इस औषधि से लाभ हुआ है। खून मिला दुर्गन्धित प्रसव स्राव। लक्षण तेजी से आवे और गायब हों, और निश्चित समय पर आवें। बदबूदार स्राव।

नाक—नाक में घाव और खुरण्ड। बदबूदार दुर्गन्ध। छिलन दर्द। जीर्ण पीनस। (ऑरम मेटा०)।

गला—झिल्ली प्रदाह, गले में खराश। चिमड़ा श्लेष्मा, निगलने की प्रवृत्ति, खखारने से कष्ट बढ़े। नाक के पिछले भाग का अर्बुद।

अंग—कानों में असुविधा। स्कंधास्थि और गरदन के पीछे दर्द। घुटनों और पैर की गद्दी में दर्द। चलने से तलवों में खींचन पड़े।

मल—पानी-सा, घड़ी-घड़ी, अधिक, मिचली और चक्कर के साथ। बवासीर, भीतरी और खूनी। पिठासे में कमजोरी।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: कैलि० बाइ क्रोमिकम, रसटॉ०, क्रोमियम सल्फेट०, कम्पवात, घेघा, मूत्र ग्रन्थि (प्रोस्टेट) का अति बढ़ना। लिंग मुंड पर दाद। गरदन टेढ़ी। आँखों के ढेले का बाहर निकलना, फुफ्फुस—पाकाशयिक स्नायु के कार्य को मन्द करती है जिससे दिल की तीव्र धड़कन कम होती है। स्नायु दुर्बलता में स्नायु को शक्ति देती है। रेशेदार अर्बुद। बाल लकवा। मात्रा बड़ों को ३ से ५ बूँद खाने के बाद और सोते समय।

मात्रा—होमियोपैथिक रीति से—३ से ५ विचूर्ण ।

क्राइसैरोबिनम (Chrysarobinum)

(गोवा पाउडर—एण्डिरा एरैरोबा)

चर्म पर अधिक उत्तेजना लाता है और चर्म रोग पर सफलता के साथ प्रयोग किया जाता है, खासकर दाद, अपरस, भैंसिया दाद, मुँहासे में । रसदार दाने या खाल उधड़ने में जिसमें दुर्गन्धित स्राव और खुरण्ड हो और जो पास-पास होकर एक दूसरे से मिल जाने वाले हों, देखने में एक ही बड़ा चकत्ता दिखाई दे (बर्नस्टीन) । जाँघ, टाँगों और कान पर तीव्र खुजली । सूखा पपड़ीदार चर्म रोग खासकर आँखों और कानों के चारों तरफ, खुरण्ड, नीचे मवाद । (मेजेरि०) ।

आँखें—पलकों का प्रदाह, आँख आना; कनीनिका प्रदाह । घोर प्रकाशांतक दृष्टि नाड़ी का क्षोभ ।

कान—कानों के पीछे अकौता । घृणित खुरण्डदार अवस्था मोटी पपड़ी होने की सम्भावना; सारा कान और उसके चारों तरफ के स्थान पर एक बड़ा खुरण्ड मालूम पड़े ।

संबंध—क्राइसैरोबिनम में क्राइसोफेन रहता है जो तेजी से ओषजन के प्रभाव से क्राइसोफेनिक एसिड में परिवर्तित हो जाता है । यही रूबर्ब और सेना में भी रहता है ।

मात्रा—बाहर से मलहम के रूप में एक औंस बैसलीन में ४–८ ग्रेन, आन्तरिक व्यवहार में ३ से ६ शक्ति । बाहरी प्रयोग सावधानी से करना चाहिए, क्योंकि यह प्रदाह उत्पन्न करता है ।

सिक्यूटा विरोसा (Cicuta Virosa)

(वाटर हेमलोक)

इस द्रव का स्नायुमंडल पर प्रभाव है जिससे आक्षेपिक लक्षण पैदा होते हैं जैसे हिचकी, हनुस्तम्भ, धनुष्टंकार और अकड़न रोग इस औषधि के चिकित्सा में प्रयोग करने का संकेत करते हैं, खासकर जब इस दवा के व्यक्तिगत लक्षण भी उपस्थित हों । लक्षण ये हैं : सिर, गरदन और रीढ़ का पीछे की तरफ झुकाव, रोगी की साधारण दशा उग्र होती है, चेहरा भयंकर टेढ़ा-मेढ़ा हो । तीव्र, विचित्र इच्छायें । आन्तरिक शीत । कराहना और गुर्राना । मूर्खता से काम करता है । चर्म पर दर्शनीय प्रभाव ।

मन—प्रलाप, रोगी गाए, नीचे और हास्यास्पद हरकतें करे। सभी चीजें अनजान और भयंकर दिखाई दें। वर्त्तमान को भूतकाल से मिलाकर गड़बड़ कर दे, बालकों जैसा स्वभाव। मूर्ख। शोक-ग्रस्त, उदासीनता के साथ विश्वासहीन। मिर्गी, कराहना, भुनभुनाना। स्पष्ट सपने।

सिर—एक तरफ को झुका या घूमा हुआ। मस्तिष्क-मेरुमज्जा का प्रदाह। गरदन की पेशियाँ सिकुड़ी हुईं। आमाशय शूल के साथ चक्कर और पेशियों के झटके। सिर में एकाएक प्रचण्ड झटके। चीजों को लगातार घूरा करे। मस्तिष्क में आघात के कारण अकड़न, सिर पर मोटी, पीली खुरण्ड। हवा खुलने से सिर के लक्षण कम हों।

आँखें पढ़ते समय अक्षर लोप हो जायें। पुतली फैली हुई; संवेदनहीन वक्र दृष्टि। चीजें पीछे हटें, निकट आयें और एक की दो दिखाई दें। सिर झुकाने पर पुतली ऊपर पलक के भीतर चली जाये। बरफ देखने का बुरा असर, आँखों और उनकी नसों में झटका आए। दिमाग पर आघात से ऐंचापन, सामयिक आक्षेप।

कान—कष्ट से सुनाई देना। एकाएक धमाके का शब्द खासकर निगलने पर। कानों से रक्त-प्रवाह।

चेहरा—दाने गिचपिचा जायें और मोटी पीली पपड़ी जम जाये, चेहरे और सिर पर, मुँह के किनारों पर और ठुड्ढी पर जलन दर्द के साथ। लाल चेहरा। हनुस्तम्भ, दाँत पीसने की प्रवृत्ति।

गला—सूखा। मानो चमक रहा हो। अन्न-नली मुँह के झटके, निगल न सके। हड्डी के नोकीले टुकड़ों के निगलने से अन्न-नली के मुँह पर बुरा असर।

आमाशय—प्यास, जलन, दाब; हिचकी। आमाशय के गड्ढे में थरथराहट जैसे यह भाग मुट्ठी के आकार का ऊपर को उठा हो। अप्राकृतिक चीजें कोयला; खाने की इच्छा (एल्युमिना, कैल्के०) अनपच असंवेदनीयता के साथ मुँह में झाग।

उदर—अफरा चिन्ता और चिड़चिड़ापन के साथ। गड़गड़ाहट। तना और दर्दीला। शूल अकड़न के साथ।

मलाशय—सुबह का दस्त, पेशाब करने की प्रबल इच्छा। गुदा में खाज।

श्वास-यंत्र—सीना कसा लगे, साँस न ले सके। सीने की पेशियों में झटके। सीने में गरमी।

पीठ और अंग—गरदन की जड़ में झटके और ऐंठन तथा सिर का झटके के साथ पीछे की तरफ खिंचना। टेढ़े अंग सीधे न हो सकें और सीधे अंग झुक न सकें। पीठ पीछे को धनुष की तरह झुकी हो। रीढ़ की आखिरी हड्डी में झटके, फटन—खासकर मासिक काल में।

चर्म—अकौता बिना खाज। स्राव कड़े, नीबू के रंग का खुरण्ड जम जाये। दबे हुए चर्म रोग से मस्तिष्क रोग उत्पन्न हों। उभरे हुए दाने, मटर जैसे। पुराना दाद।

घटना-बढ़ना-बढ़ना—छूने से, बाहरी हवा से, धक्के से, धूम्रपान से।

सम्बन्ध—क्रियानाशक—ओपियम; आर्नि०।

तुलना कीजिये—सिक्युटा मैकुलाटा—वाटर हेमलॉक—उसी तरह का प्रभाव, जिनमें से प्रमुख है : अचेत होकर गिरना, धनुष्टंकार अथवा क्षणिक विक्षेप। शरीर पसीने से भींगा हो। मिर्गी और धनुष्टंकार में विचारणीय अरिष्ट और नीचे की शक्तियाँ। एसिड हाइड्रोसियानिकम, ड्रोसे०, कोनियममैकु०, इनैन्थि क्रोकेटा, स्ट्रीकनिया; बेलाडोना।

मात्रा—६ से २०० शक्ति।

सिमेक्स एकैन्थिया (Cimex—Acanthia)

(बेडबग)

थकावट और अंगड़ाई के साथ सविराम ज्वर में सेवन योग्य। नसें बहुत छोटी मालूम पड़ें। (एमोनियम म्यूरियेटिकम)। सिकुड़ने वाली नसें रोग-ग्रस्त बाहों की नसें खिंची मालूम पड़ें। अंगड़ाई लेना।

सिर—मदपान से तीव्र सिर दर्द आना। अति क्रोध, शीत की अवस्था के आरम्भ में उत्तेजित। सभी चीजें चीर-फाड़ डाले। दाहिने अग्रभाग की हड्डी के नीचे दर्द।

स्त्री—योनि के ऊपर की तरफ बायें डिम्बाशय तक झपटन दर्द।

ज्वर—सारे शरीर में शीत। घुटनों पर ठण्डी हवा बहती मालूम पड़े। सभी जोड़ों में दर्द, मानों नसें छोटी हो गई हों, खासकर घुटनों की। शीत लेटने से बढ़े। विज्वर अवस्था में प्यास, लेकिन शीत की अवस्था में कम, गरम अवस्था में और भी कम तथा पसीना की अवस्था में जरा भी प्यास न हो। चिपचिपा, घृणित पसीना।

आँतें—कब्ज, मल सूखा; छोटी गोलियाँ (ओपियम, प्लम्बम मेटालिकम, थुजा, आक्सिडेण्टालिस) और कड़ा। मलाशय में घाव।

मात्रा—६ से २००।

सिमिसिफ्यूगा रेसीमोसा (एक्टिया रेसीमोसा)

(Cimicifuga Recemosa (Actea Racemosa)

(ब्लैक-स्नेक-रूट)

मस्तिष्क मेरुमज्जा और पेशी मण्डल पर इसका विस्तृत प्रभाव है और गर्भाशय व डिम्बाशयों पर भी। खासकर वातपीड़ित स्नायविक रोगियों के लिए, साथ में डिम्बाशय की उत्तेजना, गर्भाशय में ऐंठन और भारी अंग। पेशियों में ऐंठन दर्द, आरम्भ में स्नायविक उत्पात से जो किसी भी भाग में उत्पन्न हो, इसकी विशेषता है। घबराहट और दर्द इसके संकेत हैं। दर्द बिजली की तरह कभी यहाँ कभी वहाँ लपकते हैं। अधकपारी। कोखे के यन्त्रों में लक्षण दर्शनीय है। "यही नाड़ी की गति और झटकों को कम करती है, पीड़ा को मन्द करती है और उत्तेजना को घटाती है।"

मानसिक—रोगिणी अपने को बादल से घिरी महसूस करती है। घोर उदासी, निकट भविष्य में शोकमयी घटना होने के स्वप्न के साथ। बन्द गाड़ी में सवारी करने से भय लगे। बाहर जाने को कूद न पड़े। लगातार बातें करना। चूहा की भ्रम दृष्टि। मदात्यय। अपने को घायल करना चाहे। स्नायुशूल गायब होते ही पागलपन आए।

सिर—मस्तिष्क में जंगली भावनाएँ। मानसिक चिन्ता, परिश्रम या गर्भाशय रोग की प्रतिक्रिया के कारण तेज चिलकन और थरथराहट का दर्द। सिर में मस्तिष्क बढ़ा हुआ मालूम दे। बाहर को दाब वाला दर्द। कानों में टनटनाहट। कान जरा भी आवाज सहन न करें।

आँख—कष्टदायक दृष्टि, पेड़ू पीड़ा से सम्बन्धित। कृत्रिम रोशनी असह्य। आँखों में गहराई तक थरथराहट और चमकन का दर्द। कानों की तीव्र पीड़ा। आँखों से चाँद तक दर्द।

आमाशय—रीढ़ और गरदन पर दाब पड़ने के कारण मिचली और कै। कौड़ी में कम (सिपिया, सल्फर, कुतरने जैसा दर्द)। जीभ नोकीली और काँपती।

स्त्री—मासिक-धर्म का रुकना। (विशेषतः मैक्रोटिन) का प्रयोग करें। डिम्ब क्षेत्र में दर्द, ऊपर को और नीचे की जाँघों के अगले भाग में मासिक-धर्म के ठीक पहले दर्द। मासिक-धर्म अधिक, गहरा, जमा हुआ, थक्केदार। पीठ दर्द, स्नायविकता के साथ, अक्रमिक। डिम्बाशय का स्नायुशूल। पेड़ू के आर पार दर्द एक कटि से दूसरी तक। प्रसवांतक पीड़ा अति क्षोभ और असह्य दर्द के साथ। स्तन के निचले भाग में पीड़ा; बायीं तरफ अधिक। युवा स्त्रियों के चेहरे पर धब्बे।

श्वास-यन्त्र—गले में गुदगुदी। सूखी छोटी खाँसी, बात करने से और रात में बढ़े। खाँसी जब बलगम कम हो, आक्षेपिक सूखी, पैशिक चोटीलापन और स्नायविक उत्तेजना के साथ।

दिल—अक्रमिक, धीमी, काँपती नाड़ी। कम्प क्रिया। हृद् शूल, बायीं बाँह का सुन्न होना, बगल से बँधी मालूम पड़े। दिल की गति एकाएक रुक जाये, दम घुटने की सम्भावना। बायीं तरफ के स्तन का दर्द।

पीठ—रीढ़ अति कोमल, खासकर ऊपरी भाग। गरदन और पीठ में कड़ापन और सिकुड़न। पसलियों के बीच का वात रोग, पीठ और गरदन की पेशियों में वात पीडा। कटि व त्रिकास्थि क्षेत्र में दर्द, जाँघों के नीचे चूतड़ों से होकर। पीठ में चिलक।

अंग—असुविधा, बेचैनी, अगों में टीस; पेशियों में चोटीलापन। वात दर्द जो पेशियों के मध्य भाग पर आक्रमण करे। खासकर बड़ी पेशियों के। अकड़न युक्त चाल, वात दर्द के साथ। अंगों में झटके। जाँघ से एड़ी तक की पेशी में तनाव। निचले अंगों में भारीपन। भारी, टीस, खींचन दर्द।

नींद—अनिद्रा। दाँत निकलने के समय बच्चों का मस्तिष्क उत्तेजित।

चर्म—लगाने और खाने की आइवी-विष दोष में।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: सुबह ठंडक (सिवाय सिर दर्द), मासिककाल में, जितना स्राव हो उतना ही कष्ट बढ़े।

घटना—सेंक देना, भोजन करना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: रैमनस केलिफोर्निका (पेशी दर्द, कटिवात; पार्श्व-वेदना, तीव्र वात दर्द। डेरिस पिन्नाटा (वात आधारित स्नायविक सिरदर्द) एरिस्टोलोचिया मिलहोमेन्सा (जाँघ-एड़ी वृहत् पेशी में दर्द, मधुमेह) कॉलोफाइलम, पल्से०, लिलियम टिग्रिनम, एगैरिकस मस्केरियस, मैक्रोटिन (खासकर कटिवात के लिए)।

मात्रा—पहली से ३० शक्ति, ३ शक्ति अधिक व्यवहार होती है।

सिना (Cina)

(वर्म सीड)

यह बाल औषधि है—बड़े, मोटे, गुलाबी रंग के, कंठमालिक प्रवृत्ति के और बहुत-से लक्षण जो आँतों की उत्तेजना से सम्बन्धित हों जैसे पेट के केंचुए और उसके साथ के अन्य रोग। मिजाज में चिड़चिड़ापन, चिल्लाना और हाथ-पैर जोर से पटकना सभी इस क्षेत्र में आते हैं। सिना का रोगी भूखा, क्रुद्ध, भद्दा होता है और झुलाया जाना पसन्द करता है। झटके के साथ दर्द। चर्म छूना सहन न करे।

मन—बदमिजाज। बच्चा बहुत क्रुध, छूआ जाना, चिढ़ाया जाना या गोद में उठाया जाना पसन्द नहीं करता, बहुत-सी चीजें चाहता है, मगर देने पर बहिष्कार कर देता है। घोर कुढ़न; मानो कोई बड़ा अपराध किया हो।

सिर—सिर दर्द, उदर दर्द बारी-बारी से। झुकने से कम हो (मेजेरियम) आँखों के प्रयोग से आया सिर दर्द।

आँखें—पुतली फैली हुई। चीजें पीली देखना। हस्तमैथुन से आँखों की कमजोरी। उदर में उत्तेजना के कारण ऐंचापन। आँखों पर जोर पड़ना, खासकर जब दूरदृष्टि आंचलिक हो भौंह की पेशियों में टपकन।

कान—कानों में खुजली और खोदने जैसा दर्द।

नाक— हर घड़ी नाक खुजलाना, रगड़ना और चुटकी काटना चाहे, नथुनों में अंगुली दे यहाँ तक के खून निकलने लगे।

चेहरा—गालों के चमकदार लाल धब्बे। पीला, गरम; आँखों के चारों तरफ काले चक्र। ठंडा पसीना। मुँह के आस-पास। सफेदी और नीलापन। सोने में दाँत पीसना। चेहरे और हाथों की ऐंठन, फड़कन।

पेट—खाना खाने के बाद ही फिर भूख लगे। भूखा, खोदन, कुतरन संवेदन। कौड़ी दर्द, सुबह उठते ही और खाने से पहले बढ़े। खाने या पीने के बाद ही कै और दस्त। साफ जबान के साथ कै। बहुत-सी, भिन्न-भिन्न प्रकार की चीजें खाने की इच्छा प्रबल।

उदर—नाभि के आस-पास ऐंठन दर्द (स्पाइजे०)। फूला और कड़ा उदर।

मल—सफेद श्लेष्मा, अन्न के छोटे छिलकों की तरह, फिर चुटकी काटने जैसा शूल। गुदा में खाज (टियुक्रियम मेरम वेरम)। केंचुए (सैबाडिला, नैपथालिन, नैट्र० फास)।

मूत्र—गँदला, सफेद, रखने से दूधिया हो जाये। रात मे अनैच्छिक।

स्त्री—रजस्वला होने के पहले गर्भाशय से रक्तस्राव।

साँस-यन्त्र—सुबह को दम घुटने वाली खाँसी। काली खाँसी : तीव्र; रह-रह कर सुरसुरीदार खाँसी के हमले जैसे गले के नीचे से पैदा हो। खाँसी झटके में अन्त हो। खाँसी इतनी तेज कि आँखों से पानी निकलने और सीने की हड्डी में दर्द हो। ऐसा मालूम हो कि कोई चीज फाड़ कर अलग कर दी गयी है। वसन्त और पतझड़ के मौसम में उठे। खाँसी के बाद कफ निगलना पड़े। खाँसने के बाद गले से पेट तक गड़गड़ाहट। बच्चा खाँसी आने के डर से बोलने, हिलने-डोलने से भी डरे। खाँसने के बाद कराहना, चिन्तित, हवा के लिए बेचैनी; साँस रुके और पीला पड़ जाये।

अंग—अंगों का फड़कना और झटका आना, टेढ़ापन, कम्प, लकवा जैसे झटके, रोगी एकाएक कूद पड़ता है, मानों दर्द से। बच्चा बाहों को इधर-उधर हिलाता है।

रात में अकड़न। दाहिने हाथ की अंगुलियों को एकाएक भीतर की तरफ झटकना। बच्चा झटके से टाँग फैलाता है। बायाँ पैर लगातार झटके की अवस्था में।

नींद—बच्चा सोते में हाथों, पेट और घुटनों के बल हो जाये। बच्चों के भयानक स्वप्न, चिल्लाना, चीखना, डर से जाग उठना। जम्हाई लेते समय कष्ट होता है। सोने में चीखना और बातचीत करता है। दांत पीसना।

ज्वर—हलकी सर्दी। अधिक ज्वर, जबान साफ। अधिक भूख, शूल पीड़ा, कपकपाहट, प्यास के साथ। माथे, नाक और हाथों पर ठण्डा पसीना। सिना के ज्वर में चेहरा ठण्डा और गरम रहता है।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : किसी चीज पर टकटकी लगाकर देखना, केंचुओं से, रात के समय, धूप में, गरमी के मौसम में।

सम्बन्ध—**तुलना कीजिए : सेण्टोनाइन**—अक्सर केंचुओं के विकार में इससे अच्छा काम होता है, लक्षण सिना की तरह होते हैं, जैसे "झटके के साथ दर्द" जो सिना में होता है। दृष्टिभ्रम, पीली नजर, चेहरा बैगनी, रोशनी का संवेदन न हो, रंग में कोई अन्तर न मालूम पड़े। पेशाब गहरे केसरिया रंग का। झटके और फड़कन, जीर्ण पाकाशयिक और आंत्रिक रोग कभी-कभी **सेण्टोनाइन** की स्थूल मात्रा से अच्छे हो जाते हैं (डाइलके) **हेलमिण्टोकोर्टीस** वर्ममॉस (आन्त्रिक केंचुओं पर, खासकर महीन कृमियों पर अति शक्तिवान काम करती है)। **टियुक्रियम०, इग्नेशिया एमेरा, कैमो०, स्पाइजेलिया०।**

क्रियानाशक : कैम्फो०, कप्सिकम एनम।

मात्रा—३ शक्ति। स्नायविक चिड़चिड़े बच्चों के लिए ३० और २०० शक्ति अच्छी है। सैण्टोनाइन की पहली शक्ति (सावधानी से) और ३ विचूर्ण।

सिन्कोना आफिसिनैलिस (Cinchona off.)

(पेरुवियन बार्क—चाइना)

ऐसी दुर्बलता जो रसों—रक्त, वीर्यादि के अधिक स्राव का परिणाम हो, इसके साथ स्नायविक क्षोभ। लक्षणों का निश्चित समय पर पलटना या प्रकट होना विशेषता है। बाहरी हवा असह्य। तीव्र रोगों की आरम्भिक दशाओं में बहुत कम प्रयुक्त होती है। छोटे जोड़ों का पुराना दर्द। जीर्ण मवादी मूत्र पिण्ड आवरण प्रदाह। शल्य-क्रिया के बाद वायु पीड़ा, वायु स्खलन से आराम न मिले।

मन—भावहीन, उदासीन, आज्ञा पालन न करना, निराश। मन में विचारों के झुण्ड, नींद न लगना। दूसरों की आत्मा को कष्ट देना। एकाएक रोना और करवटें बदलना।

सिर--मानो कपाल फट जायगा। मानो मस्तिष्क इधर-उधर झूल रहा हो और खोपड़ी से टकराता हो, जिससे बहुत दर्द हो (सल्फर, सल्फ्युरिक एसिड)। सिर और गरदन की मुख्य धमनी में घोर थरथराहट। चाँद में आक्षेपिक दर्द और उसके परिणामस्वरूप दोनों बगल में चोटीलापन। रक्तस्राव के बाद या अधिक मैथुन या जीवन-रस के अधिक निकलने के कारण चेहरा रक्ताधिक्य से लाल। दाब से या गरम कमरे में कष्ट कम। खाल उत्तेजित, बाल झड़ने से अधिक हो। खुली हवा में दर्द बढ़े, एक कनपटी से दूसरी तक। स्पर्श से, हवा के झोंके से, झुकने से बढ़े। टहलते समय चक्कर आवे।

आँखें--चारों तरफ आसमानी रंग के घेरे। खोखली आँखें। सफेद भाग का पीलापन। काले धब्बे, तेज चमकदार, भ्रमात्मक वस्तुएँ देखना, रक्तहीन पटल; रतौंधी। आँखों के सामने धब्बे। रोशनी असह्य। ढेलों का टेढ़ापन। सविराम स्नायुशूल। आँखों में दाब। कष्टप्रद दृष्टि, जलता जल-स्राव।

कान—कानों में टनटनाहट। बाहरी कान छूने में कोमल। सुनने की क्रिया मन्द, शोर असह्य। ललरी लाल और सूजी हुई।

नाक—रुका हुआ जुकाम। नाक से खून सरलता से बहे, खासकर उठने पर। जुकाम, छींकना, पानी-सा स्राव। घोर सूखी छींक। नाक पर पसीना।

चेहरा—मटियाला चेहरा। चेहरा फूला, लाल।

मुँह—दाँत दर्द, दाँतों को एक दूसरे से कस कर दबाने से कम हो और सेंकने से। जबान पर मोटा, मैला मैल। सिरा जले, बाद में लार बहे। कड़वा स्वाद। खाना अधिक नमकीन लगे।

पेट—कोमल, ठंडा। अनपच खाने की कै। पाचन मन्द। खाने के बाद बोझ। चाय का बुरा असर। भूख बिना इच्छा। स्वाद का अभाव। कौड़ी प्रदेश के आर-पार चुभन दर्द। दूध से अरुचि। खाने की इच्छा, मगर बिना पचे धरा रहे। बादी, कड़वा पानी डकार में ऊपर आवे या खाना मुँह में आवे जिससे कष्ट कम न हो, फल खाने से बढ़े। हिचकी। अफरा हरकत से कम हो।

उदर—अधिक वायुशूल, दोहरा होने से कम। तनाव अधिक। दाहिने कोखे में दर्द। पित्त-पथरी शूल (ट्रायमफेटा सेमिट्रिलोबा)। जिगर और तिल्ली सूजे और बढ़े हुए। कामला रोग। पेट और उदर की आन्तरिक ठंडक। आमाशय पाकाशय जुकाम।

मल—अनपचा, झागदार, पीला, बिना दर्द, रात में खाने के बाद, गरम मौसम में, फल से, दूध बियर से बढ़े। अधिक कमजोरी लाने वाला मल, बहुत हवा के साथ। मुलायम होने पर भी कष्ट से निकले (एल्यूमिना प्लैंटिन०)।

पुरुष—उत्तेजित, मैथुन के विचार। बहुत वीर्यस्खलन, बहुत कमजोरी के साथ। अण्ड प्रदाह।

स्त्री—मासिक धर्म समय से पहले। काले थक्के और उदर तनाव। दर्द के साथ अधिक स्राव। इच्छा अधिक। खून मिला और प्रदर। साधारण मासिकस्राव की जगह पर बहता मालूम पड़े। पेड़ू में दर्द, भारीपन।

श्वास-यन्त्र—इन्फ्लुएञ्जा, कमजोरी के साथ। सिर नीचे करके साँस न ले सके। परिश्रम के साथ धीमी साँस, लगातार दम घुटना। दम घुटने वाला जुकाम, सीने में खड़खड़ाहट, तीव्र कड़ी खाँसी, हर एक भोजन के बाद। फुफ्फुस से रक्त-स्राव। कष्टदायक साँस, बायें फुफ्फुस में दर्द। दमा रोग, तर मौसम में बढ़े।

दिल—अक्रमिक गति, पहले कमजोर, तेज चाल, फिर मजबूत कड़ी चोटें। दम घुटने के हमले, मूर्च्छा-रक्तहीनता, शोथ।

पीठ—गुर्दों के आर-पार तेज दर्द हरकत से और रात में बढ़े। चाकू जैसा दर्द पीठ के आर-पार (डॉ० मैकफरलेन)।

अंग—अंगों और घुटनों में मोच जैसा दर्द, जरा भी छूने से बढ़े। कड़ा दाब कम करे। अङ्गों के चारों तरफ डोरी कसी ऐसी मालूम पड़े। जोड़ सूजे हुए अति उत्तेजित, खुली हवा से भय। बहुत कमजोरी, कम्प, सुन्न होना। परिश्रम से घृणा, छूने से उत्तेजना। जोड़ों में थकावट, सुबह और बैठने से अधिक हो।

चर्म—छूने से अति उत्तेजित, लेकिन कड़े दाब से कम हो। ठंडापन, पसीना अधिक। एक हाथ बरफ जैसा ठंडा, दूसरा गरम। शरीर शोथ। (आर्सेनिकएल्बम, एबीस नाइग्रा)। चर्म प्रदाह, विसर्प रोग। ग्रन्थियों का कड़ा पड़ना; कण्ठमालिक नाक-स्राव और हड्डी का सड़ना।

नींद—औंघाई। नींद के बाद जी भारी रहे। बराबर नशे जैसा। बहुत सबेरे जाग जाये। देर तक नींद न आए। व्याकुल, भयानक स्वप्न, जागने पर ध्यान छिन्नता, स्वप्न का भय जा न सके और उद्विग्नता बनी रहे। बच्चों का खासकर; खुर्राटे लेना।

ज्वर—सविराम, हमले का समय मालूम रहे, हर हफ्ते लौटे। सभी अवस्थायें स्पष्ट विदित हों। सर्दी अकसर दोपहर के पहले, सीने से शुरू हो, जड़ैया के पहले प्यास, थोड़े पानी की, घड़ी-घड़ी। कमजोर करने वाला रात पसीना। जरा-से परिश्रम के बाद अधिक पसीना बहे, खासकर शरीर की दाहिनी तरफ से। फ्लू, पानी-सा स्राव, कनपटियों में दर्द।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : जरा भी छूने पर। हवा का झोंका, पारी देकर एक दिन के बाद दूसरे दिन, जीवन-रस के निकल जाने से; रात में, खाने के बाद, पीछे झुकने पर। **घटना :** आगे झुकने पर, दोहरा होने पर।

सम्बन्ध–क्रियानाशक : आर्निका, आर्सेनिक एल्बम, नक्स०, इपीकाक।

तुलना कीजिये : क्विनिडीन (दौरे के साथ दिल की तेज धड़कन, अलिंद कम्पन। दिल की गति मन्द पड़ना और अलिंद-निलय में रक्त प्रवाह बन्द होना। मात्रा ½ ग्रेन अरिष्ट पानी में)। सेफालेन्थस—बटन बुश—(सविराम ज्वर गले में खराश, वात रोग लक्षण, स्वप्न)। आर्सेनिक एल्बम, सीड्रन०, नैट्रम सल्फ०, साइडोनिया वल्गैरिस—क्विन्स—(कामेन्द्रिय और पेट को मजबूत करने वाला समझा जाता है।)

पूरक – फेरम०, कल्के०, फॉस०।

मात्रा—अरिष्ट से ३० शक्ति।

सिनेरेरिया (Cineraria)

(डस्टी मिलर)

मोतियबिन्द और आँख के शीशा (लेन्स) के धुँधलापन को अच्छा करने में प्रसिद्ध। बाहरी प्रयोग में आती है, आँख में एक बूँद दिन में ४ या ५ बार छोड़ना। यह क्रम कई महीनों तक जारी रहना चाहिए। आघात की अवस्थाओं में अति लाभदायक है। मोतियाबिन्द में तुलना कीजिए : फाँसफोरस, कैनाबिस सैटाइवा, कैटेनस ऑक्सिडेन टैलिस, कॉस्टिकम, नैफ्थेलीन, लीडम पाल, नैट्रम म्यूरियेटिकम, साइलीशिया।

सिनाबेरिस-मरक्युरियस सलफ्युरेटस रूबर

(Cinnabaris-Merc. Sulph. Rub.)

(मरक्यूरिक सल्फाइड)

कुछ प्रकार के नेत्रशूल और, उपदंश सम्बन्धी घाव के लिए यह दवा अति लाभदायक है। रात में नींद न आना।

सिर—सिर में रक्ताधिक्य; चेहरा बैंगनी-सा।

आँखें—अश्रु नलिका से आँखों की चारों तरफ कनपटी तक भीतरी किनारों से भौहों से होकर कान तक दर्द; घेरों की हड्डियों में तेज चमकन खासकर भीतरी किनारे से बाहरी किनारे तक हड्डी में। पूरी आँख लाल। पलक में रोहे, किनारे और पलक लाल।

नाक—दाब, संवेदना मानो भारी ऐनक धरी हो। जड़ के आसपास दर्द, दोनों तरफ हड्डी के अन्दर तक आये। (ऑरमेटालिकम, कैलिहाइड्रियाडिकम)।

गला—पिछले छिद्रों से रस्सी जैसा लम्बा श्लेष्मा गले में आवे। मुँह और गला का सूखापन, कुल्ली करनी पड़े। मुँह और गले में चटक लाल घाव।

पुरुष—लिंग का अगला चर्म सूजा हुआ, उस पर मस्से जिनमें से खून निकले, अण्डकोष बढ़े हुए, बाघी लाल, उपदंशीय घाव। उपदंशीय चर्म रोग; झिल्लीदार और जल भरे दाने।

स्त्री—प्रदर। योनि में बोझ जैसा।

अंग—केहुनी के नीचे की तरफ दर्द हाथ में भी। लम्बी हड्डियों में दर्द जब ताप कम हो, जोड़ों का ठंडापन।

चर्म—बहुत लाल घाव। पिंडली पर हड्डी के गुल्म। बाघी। मस्सों में से खून सरलता से बहे।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : दाहिनी तरफ लेटने से (मालूम पड़े कि शरीर के भीतर के सभी यन्त्र उसी तरफ खिंचे जा रहे हैं।)

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : हीपर सलफ्युरिस, कैल्केरियम, नाइट्रिकम एसिड, थुजा०, सीपिया।

क्रियानाशक—हीपर सल्फ्युरिस, कैल्केरियम, सल्फर।

मात्रा—१ से ३ शक्ति।

सिनामोनम (Cinamonum)

(सिनामोन)

कर्कट रोग जहाँ दर्द और दुर्गन्ध हो। अति उत्तम, जब चर्म सुरक्षित हो। इसका रक्त स्राव में प्रयोग अनेक बार सफल सिद्ध हुआ। नकसीर। आँतों से, मुँह से खून जाना। कमर पर जरा-सा जोर पड़ना या कदम गलत पड़ना अधिक गहरा लाल खून शुरू करता है। **प्रसव के बाद का रक्तस्राव।** वादी और दस्त। दुर्बल रोगी जिसका रक्त संचार मन्द हो।

स्त्री—गहरी कमजोरी का बोध। मासिक-धर्म समय से पहले, मात्रा में अधिक, दीर्घकालीन, गहरा लाल। निद्रालुता। किसी चीज की इच्छा न हो। अंगुलियाँ फूली मालूम पड़ें। गर्भाशय से रक्तस्राव अधिक बोझ उठाने से, प्रसूतिकावस्था में मासिक-स्रावाधिक्य।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : इपिकाकुआन्हा, साइलीशिया, ट्रिलियम पेण्डु।

क्रियानाशक—एकोन०।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति। कर्कट रोग के लिए गाढ़ा काढ़ा एक दिन में ८ छटाँक। **आँयल आँफ सिनामोन** पानी में उबाल कर उत्तम स्थानीय कीटाणुनाशक है। बाहरी प्रयोग—३-४ बूँद डेढ़ सेर पानी में मिलाकर धुला लेना जब कभी कीटाणुनाशक की आवश्यकता हो। हिचकी के लिए ३ बूँद पानी में।

सिस्टस कैनाडेन्सिस (Cistus can.)

(रॉक रोज)

यह गहराई तक पहुँच कर काम करने वाली खाजनाशक औषधि है जो ग्रन्थि विकार पर विसर्पिका रोग में और जीर्ण सूजन पर काम करती है जब रोगी ठंडक से अति कातर हो। कई भागों में ठण्डक की संवेदना। कण्ठमालिक नेत्र प्रदाह। विषयुक्त घाव, कटन, बढ़ते घाव। गरदन की ग्रंथियों के कठिन रोग। सिस्टस को नाक के नथुनों से आकर्षण है, पहिले भाग के जुकाम को दूर करता है। नाक से आवाज करना।

चेहरा—खुजली, जलन और दाहिनी तरफ के गाल की उभरी हड्डी पर खुरण्ड। चर्म की टीबी, हड्डी का नासूर, कैंसर का खुला घाव जिससे खून गिरता हो। नाक का सिरा दर्दीला।

मुँह—शीताद-ग्रस्त, मसूढ़ों का फूलना। मुँह ठण्डा लगे, सड़ा दूषित साँस। मसूढ़ों का सड़ना (मर्कुरियस कोरोसाइवस, कास्टिकम, स्टैफिसेग्रिया, क्रियोजोटम) जीभ बाहर निकालने में दुखे।

कान—पानी-सा स्राव, बदबूदार मवाद भी। कान पर और उसके चारों तरफ खुरण्ड, छेद के बाहरी भाग तक बढ़े।

गला—स्पंज ऐसा लगे, बहुत सूखा और ठण्डी हवा रोग-ग्रस्त स्थान पर लगाने से दर्द हो। साँस, जबान और गला ठण्डा लगे। गला और तालुमूल सूजे हुए। एक छोटी-सी सूखी जगह गले के भीतर, पानी की घड़ी-घड़ी घूँट भरना पड़े। श्लेष्मा खखारना। गले की ग्रन्थियों की सूजन और पीब। गरदन सूजन से सिर एक तरफ खिंचा रहे। जरा-सी ठण्डी हवा में साँस लेने से गले में खराश हो, गले में गरमी और खुजली।

आमाशय—खाने से पहले और पीछे आमाशय में ठंडापन। पूरे उदर में ठंडापन। पनीर खाने की इच्छा।

मल—कॉफी पीने या फल खाने के बाद दस्त, पतला पीला, तीव्र, सुबह को अधिक।

सीना—सीने में ठण्डापन। गरदन कड़ी गाँठों से भरी हो। स्तन का कड़ापन। फुफ्फुस से रक्त-प्रवाह।

अङ्ग—कलाई में दर्द, जैसे मोच आई हो। अंगुलियों के सिरे ठण्डी हवा सहन न करें, हाथों पर दाद, अकौता। ठण्डे पैर। निचले अंगों पर, कड़ी सूजन के घेरे के साथ उपदंशीय घाव। सफेद सूजन।

नींद—गले की ठण्डक के कारण सो न सके।

स्त्री—स्तन कड़े और सूजे हुए। ठंडी हवा असह्य। दुर्गन्धित प्रदर।

साँस-यन्त्र—दमा रोग, लेटने पर सुरसुरी के बाद (साँस नली का तंग होना मालूम हो)।

चर्म—शरीर भर में खुजली। छोटे, दर्द भरे दाने, चर्म का क्षय, **ग्रंथियाँ सूजी हुईं और कड़ी**। पारायुक्त उपदंश घाव। हाथों की खाल कड़ी, मोटी, सूखी, चिटकी, दरारेदार। सूजे हुए हाथों और बाँहों की खुजली, सारे शरीर में खुजली, नींद न आवे। अधकपारी।

घटना-बढ़ना–बढ़ना : जरा-सी ठण्डी हवा लगने से; मानसिक परिश्रम से, उत्तेजना से। घटना : खाने के बाद।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : रसटॉक्स, सीपिया।

तुलना कीजिए : कोनियम मैकुलेटम, कार्बो एनिमेलिस, कैल्केरिया कार्बोनिकम, आर्जेण्टम नाइट्रिकम।

मात्रा—१ से ३० शक्ति। बाहरी प्रयोग में दूषित स्राव को रोकने के लिए धोना चाहिए।

सिट्रस वल्गेरिस (Citrus Vulgrais)

(बिटर ऑरेंज)

मिचली, कै और चक्कर, सिर दर्द उसके साथ चेहरे का स्नायुशूल, खासकर दाहिनी तरफ का। सीने में दाब। घड़ी-घड़ी न रोके जाने वाली जम्हाई। अशान्त नींद।

सम्बन्ध–सिटरस डेसुमाना—ग्रेप फूट–(कानों में टनटनाहट, सिर में आवाजें, और कानों में टनटनाहट। कनपटी प्रदेश में दाब की संवेदना)। ऑरेण्टियम-आरेंज (स्नायुशूल और चर्म लक्षण। हाथों की खुजली, लाली और सूजन। वृद्ध के रोग, ठंडक और शीत के साथ। पकाई हुई सूखी नारंगी के छिलके आँतों को अन्य प्रकार के सेलूलोज या ऐगार की तरह उत्तेजित करते हैं। पित्त अधिक मात्रा में घण्टों तक निकलता रहता है। यह पित्त सारक है और वामक है)। तुलना कीजिये : सिटरस लिमोनम। (शीताद रोग, गले में खराश और कर्कट पीड़ा; अधिक मासिक-स्राव को रोकती है)। साइट्रिक एसिड (शीताद रोग, जीर्ण वात पीड़ा और रक्तस्राव में उपयोगी, सब तरह के शोथ में साइट्रिक एसिड और नीबू के रस से लाभ होता है, एक बड़ा चम्मच हर ३-४ घण्टे पर। जबान के कर्कट रोग का दर्द। बाहरी प्रयोग और कुल्ली करने के लिए लाभदायक, एक ड्राम को ८ औंस पानी में मिलाकर साधारणतः कर्कट दर्द के लिए अक्सर लाभदायक है।

क्लीमैटिस एरेक्टा (Clematis Erecta)

(वार्जिन्स बावर)

कण्ठमाला, गठियावात, सूजाक और आतशक के रोगियों के लिए हितकर है। खासकर चर्म, ग्रन्थि और जनन-मूत्रेन्द्रिय, खासकर अण्डकोष पर काम करती है। नींद की अशांति और भिन्न-भिन्न भागों के स्नायुशूल की औषधि। इसमें बहुत-से दर्द पसीना आने से कम होते हैं। पेशियाँ ढीली या फड़कें। बहुत दुबलापन। बहुत नींद आना। शरीर में दूर-दूर पर नाड़ी फड़के।

सिर—कनपटियों में छेदन दर्द। विचार छिन्नता, खुली हवा में कम। पिछले भाग के बालों की जड़ में दाने, तर, रसदार, उत्तेजित, खुजलीदार।

आँखें—आँखों में गरमी और हवा असह्य, बन्द करनी पड़े। पलकों का जीर्ण प्रदाह मीबोमियन ग्रन्थि के दर्द और सूजन के साथ। उपतारा प्रदाह, ठण्डक असह्य। आँखों के आगे काले धब्बे उड़ें। छाले वाला चक्षु प्रदाह, शीशे पर दाग, आँखें सूजी और उभरी हुईं।

चेहरा—चेहरे और नाक पर सफेद छाले; मानो धूप से जल गई हो। जबड़े की ग्रन्थि की सूजन, कड़ी, गाँठदार, टपकन, छूने से कष्ट बढ़े। चेहरे की दाहिनी तरफ दर्द। आँख, कान, कनपटी तक। मुँह में ठण्डा पानी रखने से कम।

दाँत—दर्द रात को और तम्बाकू से बढ़े। दाँत लम्बे जान पड़ें।

आमाशय—खाने के बाद सभी अङ्गों में थकावट और धमनियों में टपकन।

पुरुष—क्षुद्रान्त्र के निम्नांश से अण्डकोष तक स्नायुशूल। अण्डकोष कड़े और चोटीले। अण्डकोष की सूजन (अण्डप्रदाह)। केवल दाहिना आधा भाग। सुजाक दबने से रोग उत्पन्न होना। घोर लिंगोत्थान, मूत्र नली में कड़क के साथ। अंडकोष झूल जाये या ऊपर को सिकुड़े हों। साथ में शुक्र नाड़ियों में दर्द; दाहिनी तरफ अधिक।

मूत्रेन्द्रिय—पेशाब करने के कुछ देर बाद मूत्र मार्ग में छरछराहट। घड़ी-घड़ी, थोड़ा-थोड़ा पेशाब, लिंग के सिरे पर जलन। रुक-रुक कर पेशाब होना। मूत्र मार्ग सिकुड़ा जान पड़े। मूत्र बूँद-बूँद टपके। सारा पेशाब एक बार न निकाल सके, पेशाब करने के बाद बूँद-बूँद टपके। रात में दर्द बढ़े, वीर्यनाड़ियों में दर्द। मूत्र-मार्ग का सिकुड़ना शुरू हो।

चर्म—लाली, जलन, रसदार दाने, भूसीदार पपड़ी। अति खाज, ठण्डे पानी से धोने से, चेहरे और हाथों पर, सिर के पिछले भाग की खाल पर कष्ट अधिक।

ग्रन्थियाँ गरम, दर्द वाली, सूजी हुईं, जघा की ग्रन्थियाँ अधिक रोगग्रस्त। ग्रन्थियों का कड़ा पड़ना, स्तन में गाँठें। नसों में गाँठ पड़ना।

घटना-बढ़ना—घटना : खुली हवा में। बढ़ना—रात में, बिस्तर की गरमी से, (ठण्डे पानी से धोना, अमावस्या को प्रति मास रोग बढ़ना)।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए—क्लिमेटिस विटैल्बा (नस गाँठ के बाद)। साइलीशिया, स्टैफिसेग्रिया, पेट्रोलियम, ओलिएण्डर, सार्सापैरिला, कैन्थेरिस, फाँसफोरिकम एसिड। पल्सेटिला।

क्रियानाशक : ब्रायोनिया, कैम्फर।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

कोबाल्टम (Cobaltum Metallicum)

(दी मेटल—कोबाल्ट)

मेरुदण्ड की स्नायु दुर्बलता की अवस्था में उपयोगी है। जननेन्द्रियों के रोग थकावट, उत्तेजना, अस्थि दर्द, सुबह को अधिक।

मन—सभी मानसिक उत्तेजना कष्ट बढ़ाती है। मानसिक भाव परिवर्तनशील।

सिर—दर्द, सिर आगे झुकने पर बढ़े। बालों की जड़ों में खोपड़ी और दाढ़ी पर खुजली।

दाँत—बहुत लम्बे जान पड़ें। दाँतों में दर्द। जबान के आर-पार दरारें। सफेद मैल (एण्टिमोनियम क्रूडम)।

उदर—जिगर में चुभन। तिल्ली में दर्द।

मलान्त्र—गुदा से बराबर खून टपका करे, मल के साथ खून न बहे।

पुरुष—दाहिने अण्ड में दर्द पेशाब करने से कम। बिना लिंगोत्तेजना के धातु-स्खलन। नपुंसकता। पिठासे में दर्द और पैर कमजोर। कामातुर। मूत्रनली के सिरे पर दर्द, हरियाला स्राव, कामेन्द्रिय और उदर पर कत्थई धब्बे।

पीठ—पीठ और त्रिकोण अस्थि में दर्द, बैठे रहने से बढ़े। कम हो। खड़ा होने या लेटने से। वीर्य-स्खलन के बाद टाँगों में कमजोरी और पीठ में दर्द।

अंग—कलाई के जोड़ों में टीस। जिगर से जाँघों में चुभन दर्द। घुटने कमजोर। अंगों में कम्प। पैरों में चुनचुनाहट। पैर में पसीना अधिकतर अंगुलियों के बीच में।

नींद—अप्रफुल्लित, कामातुर स्वप्न से अशांत।

चर्म—सूखा और दानेदार। चूतड़ प्रदेश में, ठुड्डी पर लाल दाने। खोपड़ी के भाग पर दाने निकलना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: कैनाबिस इण्डिका, सीपिया, जिकम मेटा०, ऐगनस कैस्टस, सीलेनियम।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

कोका-एरिथ्रोक्सिलोन-कोका (Coca-Erythroxylon Coca)

(दी डिवाइन प्लैट आफ दी इंकास-वट दी स्पेनिश प्रीस्टस डीनाउन्सड् इट ऐज "अन डिलूसियो डेल डेमोनिओ")

पहाड़ियों पर चढ़ने वालों की औषधि है। पहाड़ पर चढ़ने के समय अनेक रोगों के लिए उपयोगी; जैसे दिल धड़कना, कष्टदायक साँस, उत्सुकता और अनिद्रा। शारीरिक और मानसिक परिश्रम से स्नायुशक्ति क्षीणता। दाँतों का सड़ना। स्वर-लोप—आवाज का काम पड़ने के समय से २ घण्टे पहले ५-६ बूँद हर आधे घण्टे पर दीजिए। रात में अनजाने में पेशाब करना वायुस्फीति। (क्वेब्रैको)।

मन—उदास, शर्मीला, जब आराम से लेट कर बैठा हो या जब मित्रों के साथ हो तो कष्ट बढ़े। चिड़चिड़ापन, अकेले रहना पसन्द करे जहाँ कोई न जाने। अच्छे बुरे की पहचान न हो।

सिर—पहाड़ पर चढ़ने पर बेहोशी आना। पिछले भाग से झटके शुरू होना चक्कर के साथ। कानों में शोर सुनाई देना। पहले रोशनी की चमक की संवेदना उसके साथ चक्कर के साथ सिर दर्द। माथा के चारों तरफ फीता कसा ऐसा लगे। दोहरी चीजें दिखाई देना। जबान रोयेंदार। बहुत ऊँचाई पर जाने से आया सिर दर्द। कानों में टनटनाहट हो।

आमाशय—मुँह में काली मिर्च ऐसा संवेदन। मद्यपान और तम्बाकू की इच्छा, बहुत देर तक पेट भरा मालूम हो। वायु रुकना, आवाज और वेग के साथ उठना, मानो कंठनली को फोड़ देगी। पेट की वायु से तनाव, सिवाय मीठी चीज के और किसी चीज की भूख न रहे।

दिल—धड़कन, दिल की कमजोरी और साँस कष्ट के साथ।

पुरुष—मधुमेह नपुंसकता के साथ (फॉसफोरिक एसिड)

श्वास-यन्त्र—छोटे चमकीले श्लेष्मा के टुकड़े खखारना। स्वर-यंत्र की कमजोरी। गला बैठना, बात करने से बढ़ना। साँस फूलना, खासकर वृद्ध कसरती लोगों में और शराब पीने वालों में। मुँह में खून आना; आक्षेपिक दमा।

नींद—कहीं भी चैन न पड़े, पर नींद लगने जैसा रहे। दाँत निकलने के समय में स्नायविकता और रात में बेचैनी।

घटना-बढ़ना—घटना : शराब से, घोड़े की सवारी से, खुली हवा में, तेज चाल से। बढ़ना : ऊँची चढ़ाई से।

क्रियानाशक—जेलसिमियम।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

कोकेना (Cocaina)

(ऐन एलकेलॉयड फ्रॉम एरीथ्रौक्सिलोन कोका)

स्थानीय सुन्नता उत्पन्न करने के अतिरिक्त कोकेन के और भी होमियोपैथिक उपयोग हैं, गो कि इसके लक्षण केवल चिकित्सा द्वारा प्राप्त किये गये हैं।

ऐसी संवेदना कि छोटी विजातीय वस्तुएँ या कीड़े चर्म के नीचे हों।

मन—बकवादी। सदा कोई बड़ा काम करने की इच्छा, बड़ी ताकत के काम करने में हाथ बटाना चाहे। मस्तिष्क की तीव्र व्यस्तता। भयानक कष्टदायक दृष्टि भ्रम, खटमल और कीड़े, मकोड़े देखना और अनुभव करना। नैतिक विचार कुंठित। अपनी सूरत से लापरवाह। सोचता है कि लोग उसके लिए बुरी बातें करते हैं। सुनाई देने का भ्रम, विवेकहीन, डाह करे। अनिद्रा।

सिर—थरथराहट और फटन संवेदन। पुतली फैली हुई। सुनने की शक्ति अधिक होना। सिर में आवाजें और गरज।

आँख—धुन्ध रोग, अधिक तनाव, मन्द संवेदनीयता। आँखें स्थिर; भावशून्य।

गला—सूखा; जले, कलबलाहट, सिकुड़न, निगलने की पेशियों का लकवा। बोलना कष्टप्रद।

पेट—ठोस पदार्थ खाने की भूख न हो। मिठाई खाना चाहे। आँतों और पेट से रक्तस्राव।

स्नायुमण्डल—ताण्डव रोग, कम्प। मदपान करने वाले के झटके और वृद्ध का कम्प। स्थानीय ज्ञानवाही नाड़ी का लकवा। हाथों और अग्र बाहों में चुन-चुनाहट।

नींद—अशान्त, लेटने पर घण्टों तक नींद न आवे।

ज्वर—घोर पीलेपन के साथ ठण्डक।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : स्टोवेन (पीड़ानाशक है रक्त-वाहिनियों को फैलाता है) अक्सर चर्म या दाँतों में कोकेन की सूई लगा लेने के दुष्प्रभाव को नाश करती है। बूँद-बूँद की मात्रा नाइट्रोग्लीसरीन १ प्र० श० सोल्यूशन।

मात्रा—निचली शक्ति। बाहर लगाने के लिए श्लैष्मिक झिल्ली पर २–४ प्रतिशत।

कोक्सिनेला सेप्टेमपंकटाटा (Coccin. Sep.)

(लेडी बग)

इस दवा को दाँत, मसूढ़ों इत्यादि के स्नायुशूल में याद रखना चाहिए। अधिक लार की वजह से नींद टूट जाए। काग बहुत लम्बा जान पड़े। जलातंक रोग का लक्षण, किसी चमकीली चीज से रोग बढ़े।

सिर—माथे में दाहिनी आँख के ऊपर दर्द, जो छूने से बढ़े; चबाने वाले दाँत से माथे तक दर्द। कनपटी और सिर के पिछले भाग में टीस। चेहरे में खून दौड़ना। टपकन, दाँत दर्द, दाँत और मुँह में ठंडापन (सिस्टस०)। अगले भाग का सामयिक स्नायुशूल। हमले के समय आँखें न खोल सके। चमकीली वस्तु से दर्द बढ़े, सोने से कम हो।

आमाशय—हिचक और आमाशय में जलन।

पीठ—गुदा और कमर प्रदेश में दर्द।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : कैन्थेरिस०, मैगनेशिया, कार्बो०।

मात्रा—३ शक्ति।

कॉक्युलस (Cocculus)

(इण्डियन कोकल)

बहुत से आक्षेपिक और आंशिक लकवे के रोग कॉक्युलस के प्रभाव क्षेत्र के अन्तर्गत हैं, खासकर वे जो शरीर के आधे भाग पर आक्रमण करें। प्रधान मस्तिष्क को प्रभावित करती है, रीढ़ से आने वाले आक्षेप के दौरों को अच्छा नहीं करती (ए० ई० हिन्सडेले)। अङ्गों को और जड़ की वेदनापूर्ण अकड़न, धनुस्तम्भ रात को पहरा देने के बहुत से बुरे प्रभावों को दूर करती है। यह हलके रङ्ग के बालों वाली स्त्रियों से विशेष आकर्षण रखती है। खासकर गर्भावस्था में, जब अधिक मिचली और पीठ में दर्द हो। अविवाहिता और सन्तानहीन औरतें कोमलग्राही और प्रेमलोलुप लड़कियाँ इत्यादि। इसके सभी लक्षण गाड़ी की सवारी से या जहाजी यात्रा से बढ़ते हैं, इसलिए समुद्र यात्रा रोग में उपयोगी है। अङ्गों में खोखलापन; या

खालीपन की अनुभूति; मानो वे सो गये हैं। इतना दुर्बल अपने को समझता है कि जोर से बात भी नहीं करता।

मन—कठोर मन्द और मूर्ख। समय बहुत ही जल्द बीतता मालूम पड़े। विचार मग्न। गाने की इच्छा रोकी न जाए। समझने में देर लगे। मस्तिष्क सुन्न। घोर उदासी। बात का खंडन सहन न करे। जल्दी-जल्दी बोले। दूसरों के स्वास्थ्य के प्रति अति उत्सुक।

सिर—चक्कर, मिचली, खासकर सवारी के समय और बैठने पर। सिर में खालीपन की संवेदना। सिर के पीछे और गरदन की जड़ में दर्द, सिर के पिछले भाग के बल लेटने पर बढ़े। गाड़ी की सवारी से आया सिर दर्द, सिर के पिछले भाग के बल न लेट सके। पुतली सिकुड़ी हुई। खुलने और बन्द होने का संवेदन खासकर पिछले भाग में। सिर में कम्प। आँखों में दर्द।

चेहरा—चेहरे के स्नायु का लकवा। निचले जबड़े की चबाने वाली पेशी में ऐंठन; दर्द मुँह खोलने से बढ़े। तीसरे पहर चेहरे में दर्द।

आमाशय—मोटर गाड़ी, किश्ती इत्यादि की सवारी में मिचली जो चलती हुई किश्ती को देखकर, ठण्डा लगने से या जुकाम होने से बढ़े। गशी और कै के साथ मिचली। खाने, पीने, तम्बाकू से घृणा। कसैला स्वाद। पेशियों के लकवा के कारण निगलना रुक जाये। गला सूखा। समुद्र यात्रा की बीमारी (रीसोर्सिन 1x)। खाने के समय और बाद में ऐंठन। हिचकी और दौरे के साथ जम्हाई। भूख गायब ठंडी चीज पीने की इच्छा, खासकर बियर। संवेदना पेट में मानो बहुत देर से खाना नहीं खाया है यहाँ तक कि भूख गायब हो जाये। खाने की गन्ध सहन न हो (कॉल्चिकम)।

उदर—हवा से तना हुआ, हिलने से ऐसा लगे कि उसमें नोंकदार पत्थर भरे हों, करवट लेटने से कम हो। उदर घेरे में दर्द, जैसे कोई चीज बाहर को ठेली जा रही हो। उदरपेशियाँ कमजोर, ऐसा मालूम हो कि हार्निया आन्त्र नीचे को उतर आवेगी।

स्त्री—कष्टदायक मासिक स्राव, अधिक काले रक्त के साथ। बहुत पतले, थक्केदार रक्त, दौरे के साथ शूल। गर्भाशय प्रदेश में दर्दीला दाब, बाद में बवासीर। घृणित फलकने वाला प्रदर, दो मासिक काल के बीच में बहुत कमजोर, बात भी कष्ट से करे। मासिक काल में बहुत कमजोरी, खड़ी न हो सके।

साँस-यन्त्र—सीने में खालीपन और ऐंठन। साँस कष्टदायक मानो साँसनली सिकुड़ गई है और धुएँ से भरी हो। साँसनली के ऊपर के भाग में घुटन जिससे साँस रुके और खाँसी आवे।

पीठ—सिर हिलाने से गरदन के मोहरे चुरचुरायें। पिठासे में लकवा दर्द। कन्धों और बाहों में कुचलन ऐसा दर्द। कन्धों के डैनों और गर्दन की जड़ में दाब। कन्धे हिलाने से कड़ापन मालूम दे।

अंग—लँगड़ापन, झुकने से बढ़े। अङ्गों में कम्प और दर्द। बाहें सो जायें। एक तरफ का लकवा, सोने के बाद बढ़े। हाथ बारी-बारी ठण्डे और गरम हों, सुन्न और ठण्डा पसीना। पहले एक में फिर दूसरे में। सुन्न और अस्थिर हरकत से घुटने चुरचुरायें। निचले अंग बहुत कमजोर। घुटनों की प्रदाहिक सूजन। घोर दर्दीला लकवा। खींचन। अंग सीधे हों, मोड़ने से दर्द करें।

नींद—दौरे के साथ जम्हाई। तन्द्रा। लगातार औंघाई। नींद न आने के बाद, रात को पहरा देने या रोगी की तीमारदारी करने के बाद।

ज्वर—शीत, वायुशूल, मिचली, चक्कर, निचले अंगों की ठण्डक और सिर में गरमी के साथ। सर्वांग पसीना। मन्द ज्वर का स्नायविक रूप। पसीना और चर्म की गरमी के साथ शीत।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : खाने से, नींद के अभाव से, खुली हवा, धूम्रपान, सवारी, तैरना, छूना, आवाज, झटका, तीसरे पहर। मासिक काल, भावात्मक कौतूहल के बाद।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : कॉफी, नक्स०।

तुलना कीजिये : पिक्रोटॉक्सिन - ऐल्केलॉयड ऑफ कॉक्युलस—(लेटे रहने के बाद खड़ा होते ही सुबह के समय मिर्गी के दौरे, आँत उतरना, कम्प, रात पसीना) सिम्फोरिकारपस (गर्भावस्था की मिचली, कै), पेट्रोलि०, पल्से०, इग्नेसि०।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

कॉक्कस कैक्टाइ (Coccus Cacti)

(कॉकिनियल)

इस औषधि के लक्षणों का चिकित्सा सम्बन्धी प्रयोग इसको दौरे वाले रोगों में और कुकुर खाँसी, मूत्राशय के नजले, गुर्दों के आक्षेपिक दर्द और आँतों की ऐंठन में उपयोगी बनाता है। मूत्ररोध, शोथ, जलोदर।

मन—बहुत सबेरे या तीसरे पहर शोकग्रस्त रहना।

सिर—पिछले भाग के निचले अंश में दुखन, जो सोने के बाद और परिश्रम से बढ़े। सिर दर्द, चित् लेटने से बढ़े, सिर ऊँचा करने से कम हो। सुबह दाहिनी आँख के ऊपर दर्द, पलक और ढेले के बीच में किसी बाहरी चीज का संवेदन। आँखों में कोयले, किरकिरी पड़ने से आया कष्ट।

श्वास-यन्त्र—बढ़े हुए काग से बराबर खखारना, जुकाम, गले के भीतरी भाग की सूजन के साथ। गाढ़ा, लसीला श्लेष्मा जमा होना जो बहुत कष्ट से निकले। स्वर-यन्त्र में गुदगुदी। स्वर-यन्त्र के पीछे रोटी के टुकड़े अटकने का संवेदन, बराबर निगलना पड़े। दाँत में ब्रश करने से खाँसी उठे। मुँह का भीतरी भाग बहुत कोमल। दम घुटने वाली खाँसी, टहलना शुरू करते ही बढ़े, चिमड़ा, सफेद श्लेष्मा के साथ जो साँस रोक दे। सुबह की आक्षेपिक खाँसी। जिसके आखिर में कड़े लेसदार बलगम की कै हो। जीर्ण वायुनली भुजप्रदाह जो पथरी रोग से मिला हो, अधिक मात्रा में अण्डे की सफेदी ऐसा चिमड़ा श्लेष्मा थूके। हवा के विपरीत टहलने से साँस रुके।

दिल—संवेदन मानो कोई चीज दिल की तरफ दब रही हो।

मूत्र—पेशाब लगना, ईंट की लाली ऐसा तलछट। मूत्र पथरी, खून का पेशाब, मूत्राम्ल, गुर्दों से मूत्राशय तक कोंचन दर्द। गहरे रंग का, गाढ़ा पेशाब, दर्दीला कष्टदायक पेशाब।

स्त्री—मासिक-धर्म बहुत पहले, अधिक, काला और गाढ़ा, काले थक्के, कष्ट के साथ। सविराम मासिक स्राव, केवल शाम को और रात में। पेशाब करते समय बड़े थक्के निकलें। भगोष्ठ सूजे हों।

घटना-बढ़ना – बढ़ना : बायीं तरफ, सोने के बाद छूने से, कपड़े की दाब से, दाँत में ब्रश करने से लघुतम परिश्रम से। घटना : टहलने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : कैन्थ०, कैक्ट०, सार्स०।

कॉचलियारिया आर्मोरेसिया (Cochlearia Armo.)
(हॉर्स-रैडिश)

इस पदार्थ से सिर की अगली हड्डी और छिद्र, अस्थिमय गह्वर और लार की ग्रन्थियाँ खासतौर पर प्रभावित होती हैं। फूलने का संवेदन। जीवनी (प्रतिरोध) शक्तियों को बढ़ाती है। मसूढ़े फूलने में और गलक्षत में कुल्ली करने के काम में आती है। फटी आवाज और मुख गह्वर का ढीलापन। सुजाक में आन्तरिक उपयोग। पेट की कमजोरी में चटनी के रूप में लाभदायक है। नीबू या सन्तरे के रस में इसकी जड़ का काढ़ा, शोथ रोग में लाभदायक है। जिससे पेशाब अधिक होता है। लगाने से बालों की भूसी छूटना ठीक होती है।

सिर—सोचना कठिन। आकुलता, दर्द से व्याकुल होना, दाब, छेदन दर्द मानो अगली हड्डियाँ टूट कर गिर जायेंगी। घोर सिर दर्द कै के साथ। सुनाई कम देना।

आँखें—वेदनापूर्ण कंठमाला सम्बन्धी विकार, आँखों में चोट लगने से आई सूजन, कम देखना और मोतियाबिन्द। जल-स्राव।

आमाशय—पीठ की तरफ दर्द; रीढ़ की मोहरों पर दाब पड़ने से बढ़ना। डकार और ऐंठन। दर्द के साथ शूल। घोर ऐंठन पेट से शुरू होकर दोनों बगल से होकर पीठ में जाये : नाभि के चारों तरफ ऐंठन।

पीठ—पीठ में दर्द जैसे उदर से होकर पीठ को पार करके पिछासे में हवा फँसी हो।

साँस-यन्त्र—सूखी, कड़ी खाँसी, स्वर-यन्त्र की खाँसी, इंफ्लुएञ्जा के बाद की खाँसी, सूखी या ढीली लेटने से बढ़े। सीना छूने से दर्द करे। आवाज भारी, दमा, सोथ। गला खुरखुरा और फटा मालूम हो।

मूत्रेन्द्रिय पेशाब करने के पहले, बीच में और बाद को लिंग मुण्ड में जलन और कटन। घड़ी-घड़ी पेशाव होना।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : शाम को और रात में।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए। कैनाबिस इण्डिका, सिनैपिस०, कैप्सि०।

मात्रा—पहली से ३० शक्ति।

कोडीनम (Codeinum)

(ऐन एल्केलॉयड फ्रॉम ओपियम)

सारे शरीर में कम्प। बाँह और निचले अंगों की अनैच्छिक फड़कन। खुजली, गरम लगने के साथ, सुन्नपन और चुटकी काटना। मधुमेह।

सिर—पिछले भाग से गरदन के पीछे तक दर्द। स्नायुशूल के बाद चेहरे और सिर की खाल पर दर्द।

आँखें—पलकों का अनैच्छिक फड़कना (एगैरिकस०)।

आमाशय—आमाशय के गड्ढों में आक्षेपिक दर्द। डकार, कड़वी चीजें पीने की इच्छा के साथ अधिक प्यास।

साँस-यन्त्र—थोड़ी-थोड़ी और क्षोभजनक खाँसी रात में बढ़े। अधिक घृणित बलगम। तपेदिक की रात-खाँसी।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : ओपियम, एगैरिकस, हायासियामस नाइगर, एमोनियम कार्बोनिकम, ब्रोमियम।

मात्रा—एक ग्रेन के चौथाई भाग की खुराक, ३ विचूर्ण तक।

कॉफिया क्रूडा (Coffea cruda)

(अनरोस्टेड कॉफी)

सभी अंगों की संचालन क्रिया को उत्तेजित करती है, स्नायविक और रक्त-परिवहन क्रिया को बढ़ाती है। बूढ़े लोगों के कॉफी पीने से यूरिक एसिड बढ़ता है और इससे गुर्दों में उत्तेजना होती है, पेशियाँ और जोड़ दर्द करने लगते हैं; चूँकि वृद्ध लोग कॉफी और चाय पीने से सरलता से उत्तेजित हो जाते हैं; इसलिए उन लोगों को इसका सेवन कम करना चाहिए या सावधानी से। अति स्नायविक उत्तेजना और बेचैनी। प्रचण्ड उत्तेजना इस दवा की विशेषता है। अनेक भागों में स्नायुशूल; हमेशा बहुत स्नायविक उत्तेजना और दर्द की असह्यता के साथ, निराश कर दे। शरीर और मन की असाधारण तीव्रता। अकस्मात् उत्तेजना, अचम्भा, हर्ष इत्यादि का दुष्प्रभाव। स्नायविक धड़कन। कॉफिया खासकर लम्बे, पतले, झुके हुए गहरे रङ्ग के, जिन्हें स्वभाव से ही हैजे जैसी तकलीफ आती है और जो शरीर से हृष्टपुष्ट हों। चर्म अति उत्तेजित।

मन—प्रसन्नता, समझने की शक्ति सरल, चिड़चिड़ापन, उत्तेजित, इन्द्रियाँ तीव्र : प्रभावित जल्दी होना, खासकर प्रसन्न करने वाले विषयों से। विचारों की अधिकता, तुरन्त काम करने पर तत्पर। बेचैनी से करवटें बदलना (एकोनाइट)।

सिर—कसा, दर्द, आवाज, गन्ध और सुलाने वाली मादक दवाओं से बढ़े। मालूम पड़े कि मस्तिष्क फट कर टुकड़े-टुकड़े हो जायेगा, मानो सिर में कील ठोकी जा रही हो। खुली हवा में अधिक हो। आवाज सहन न हो।

चेहरा—सूखी गरमी, लाल गालों के साथ। चेहरे का लकवा जो धड़, कान, माथे और सिर की खाल तक बढ़े।

मुँह—दाँत दर्द, बर्फीला पानी मुँह में रखने से कुछ देर के लिए कम हो (मैंगनम इसके विरुद्ध है)। जल्दी से भोजन करना और पीना। कोमल स्वाद।

आमाशय—अधिक भूख। कसा कपड़ा सहन न हो। शराब पीने के बाद।

स्त्री—मासिक धर्म समय से बहुत पहले और देर तक जारी रहे। कष्टप्रद मासिक स्राव, बड़े, काले खून के थक्के। योनि और उसकी घुन्डी अति उत्तेजित। काम जगानेवाली खुजली।

नींद—जागते रहना, बराबर हिलते रहना। ३ बजे सुबह तक सोना, इसके बाद केवल झपकी लेना। चिहुँक कर जाग उठना, नींद स्वप्नों के कारण अशान्त। मानसिक तीव्रता के कारण नींद न आना, स्नायविक उत्तेजना के साथ विचारों की धारा का प्रवाह। गुदा खाज के कारण नींद अशान्त।

श्वास-यन्त्र—छोटी, सूखी, छोटी मात्रा वाली खाँसी स्नायविक बच्चों में।

दिल—तीव्र, क्रमहीन धड़कन खासकर अति प्रसन्नता या चकित होने की अवस्था में। तेज, कसी हुई नाड़ी और पेशाब दबना।

अंग—जाँघों का स्नायुशूल, हरकत से, तीसरे पहर और रात के समय बढ़े; दाब से कम हो।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : अति मानसिक आवेग (प्रसन्नता), दर्द दूर करने वाली दवाइयाँ, तेज गन्ध, आवाज, खुली हवा, ठंडक, रात में। घटना : सेंकना, लेटने से, मुँह में बरफ रखने से।

सम्बन्ध—बेमेल : कैम्फर, कॉक्कुलस। पूरक : एकोनाइट।

तुलना कीजिये : कॉफिया टास्टा (भूनने से कुछ विटामिन बढ़ जाते हैं) (पी० टी० मैटी) जिन कबूतरों को, पालिस किये चावल खिलाने से दूषित पोषण के कारण स्नायुप्रदाह और लकवा आया, उन्हें जब ५ प्रतिशत कॉफी का काढ़ा अन्य खाद्यों के साथ दिया गया तो इससे उनके सारे विकार, मिट गये। बिना भुनी हुई कॉफी बेकार थी। कैफान (एक रवादार एल्केलॉयड) दिल को शक्ति देने वाला और पेशाब बढ़ाने वाला काम करता है। दिल की कमजोरी से आया शोथ। दिल की पेशियों का कमजोर पड़ना, फुफ्फुस प्रदाह और दूसरी छूत की बीमारी, दिल की कमजोरी। रक्तचाप बढ़ाती है, नाड़ी की गति अधिक करती है, दिल की मांसपेशियों को उत्तेजित करती है, इसलिए अधिक कमजोरी और रुक जाने के भय से दिल को सहारा देती है। साँस केन्द्र को, स्नायुमण्डल को शक्ति देती है और पेशाब को बढ़ाती है। रक्तवाहिनी के तनाव को ठीक करने के लिए अति उत्तम है। तीव्र फुफ्फुस शोथ। बाहु का दर्द और दूसरे स्नायुशूल जो रात में बढ़ते हैं। जूसेट साहेब कैफीन और दुग्धशर्करा बराबर भाग में उपयोग करते हैं। ३ ग्रेन कई खूराक करके हर दूसरे दिन इन्जेक्शन के रूप में ½ ग्रेन। दाँत सड़ने से तीव्र स्नायुशूल चेहरे में। एकोनाइट०; कैमोमिला, नक्स०, साइप्रिपीडियम, कैफीन और वे पौधे जिनमें ये पाई जाती है, जैसे कोला, थिया इत्यादि।

बहुत-से विषों को विशेषकर दर्द हरने वाली दवाओं के विष को मारने के लिए काली, गाढ़ी कॉफी, अधिक गरम पीना अनिवार्य है। घोर पतनावस्था में मलाशय से गरम कॉफी चढ़ाना।

क्रियानाशक —नक्सवोमिका, टैबेकम।

मात्रा—३ से २०० शक्ति।

— —

कॉलचिकम (Colchicum)

(मीडो सैफ्रॉन)

विशेषकर मांसपेशी, तन्तु, हड्डियों की झिल्ली और जोड़ों के स्निग्ध रस की झिल्ली को प्रभावित करती है। सन्धित्वक् को अच्छा करने की विशेष शक्ति रखती है, यह उपर्युक्त भागों की जीर्ण रोगी अवस्था में अधिक लाभदायक भाग मालूम होती है। उपर्युक्त भाग लाल, गरम, सूजे होते हैं। फटन दर्द, शाम को रात में, छूने से बढ़ते हैं। पैर की अँगुलियाँ जमीन पर रखने से बहुत कष्ट हो। सदा अधिक शिथिलता रहती है। आन्तरिक ठण्डक, पतनावस्था की प्रवृत्ति। रात को पहरा देने और देर तक अध्ययन करने का दुष्प्रभाव। आधे शरीर में बिजली जैसे झटके। पसीना दबने का बुरा असर। चुहियों का स्वप्न देखना।

सिर—सिर दर्द खासकर अगले भाग का और कनपटी का मगर पिछले भाग और गरदन की जड़ तक भी, तीसरे पहर और शाम को बढ़ना।

आँखें—पुतली असमान नाप की, बाईं पुतली सिकुड़ी हुई। देखने की शक्ति में भी अन्तर हो। खुली हवा में अधिक पानी बहे। घोर फटन दर्द। बढ़ने के बाद धुँधलापन। आँखों के आगे धब्बे।

कान—कानों में खुजली, दाहिनी तरफ के कान के छेद के बाहरी भाग में हड्डी के उभार के नीचे तेज चमकन दर्द हो।

चेहरा—हिलाने से चेहरे की पेशियों में दर्द। चुनचुनाहट और शोथमय सूजन, गाल लाल, गरम, पसीजे। दर्द से बहुत चिड़चिड़ा (कैमोमिला)।

आमाशय—सूखा मुँह, जबान जले, मसूढ़े और दाँत दर्द करें। प्यास, आमाशय में दर्द और बादी। भोजन की गन्ध से मिचली, गशी की हालत तक पैदा हो, खासकर मछली के गन्ध से। अधिक लार बहे। श्लेष्मा, पित्त और भोजन की कै, हरकत से बढ़े, पेट में बहुत ठंडक। अनेक चीजें खाना चाहे, मगर गन्ध लेते ही घृणा हो और जी मिचलाये। गठिया, पाकाशय शूल। पेट या उदर में जलन या बर्फीली ठडक। झाग उठने वाली या मादक वस्तुयें पीने की इच्छा। आड़ी भोजन नली के दर्द।

उदर—उदर में तनाव वायु से, टाँगें न फैला सके। गड़गड़ाहट। जिगर में दर्द अन्धान्त्र पुच्छ और ऊपर उठने वाली नली बहुत तनी हो। भरापन और लगातार गड़गड़ाहट। जलोदर।

मल—दर्द के साथ हो, थोड़ा, चमकीला, लुआबदार, ऐसा दर्द मानो गुदा फट जायेगी, काँच निकलने के साथ। जाड़े के दिनों में पेचिश। मल में अधिक मात्रा में सफेद रेशेदार टुकड़े निकलें। असफल चेष्टा, गुदा में मल मालूम हो, मगर उसको निकाल न सके।

स्त्री—जननेन्द्रिय की खुजली। मासिक काल के बाद जाँघों में ठण्डक। योनि घुण्डी और लिंगिका में सूजन का संवेदन।

मूत्र—गहरे रंग का, कम या बिलकुल न उतरे, खून मिला, कत्थई, काला, स्याही की तरह, सड़े हुए खून के थक्के, एल्बूमेन, चीनी मिला हुआ।

दिल—दिल के क्षेत्र में आकुलता। धड़कन न जान पड़े। दिल की खोल की सूजन, घोर पीड़ा, दाब और साँस कष्ट के साथ, नाड़ी पतली, धीमी। दिल की आवाज कमजोर होती जाये, नाड़ी की चाप धीमी हो।

अङ्ग—बायीं बाँह के नीचे तक तेज दर्द। गरमी के दिनों में अङ्गों में फटन, ठण्डे मौसम में गड़न। हाथों और कलाई में आलपीन, सूई ऐसी गड़न, उँगलियाँ सुन्न। जाँघों में आगे दर्द। दाहिनी पैर के तलवे में संवेदन-हीनता। अंग लँगड़े, कमजोर, चुनचुनाये। शाम को और गरम मौसम में दर्द बढ़े। जोड़ कड़े और हरारत, जगह बदलने वाला वात दर्द, रात को अधिक हो। पैर के अँगूठे की सूजन, एड़ी में गठिया, उसको छूना या हिलाना सहन न हो। अँगुलियों के नाखूनों में में चुनचुनाहट। घुटने आपस में टकरायें, चलना कठिन, टाँगों और पैरों की शोथ-मय सूजन।

पीठ—कटि प्रदेश और पैरों की त्रिकास्थि में टीस। कमर के आरपार धीमा दर्द। पीठ दर्द, आराम और दाब से कम हो।

चर्म—चेहरे पर चकत्तेदार दाने। फटन। पीठ, सीना और पेट पर गुलाबी धब्बे। जुलपित्ती।

घटना-बढ़ना · बढ़ना : सूरज डूबने से उदय होने तक, हरकत, नींद के अभाव से, शाम को खाने की महँक से, मानसिक परिश्रम से। घटना : झुकने पर।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : थुजा०, कम्फा०; कॉकुलस०, नक्स०, पल्से०। तुलना कीजिये : कॉलचिसिन (आन्त्र प्रदाह, रेशेदार झिल्ली के साथ दाहिने हाथ का दौरे के साथ झटका, वात ज्वर, गठिया दिल के अन्दर और कपाट का प्रदाह; फुफ्फुसावरण प्रदाह, जोड़ों की सूजन, आकार भ्रष्ट, आरम्भिक अवस्था तीव्र वात पीड़ा, ३x विचूर्ण)। कार्बोवेजिटेबिलिस, आर्निका, लिलियम, आर्सेनिक, वेरेट्रम वि०।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

कॉलिन्सोनिया कैनाडेन्सिस (Collinsonia Can.)

(स्टोन-रूट)

वस्ति-गह्वर और जिगर की शिराओं में रक्त-संचयता जिससे बवासीर और कब्ज हो, खासकर स्त्रियों में। धमनी चाप मन्द, मांशपेशी तन्तुओं का ढीलापन। जीर्ण

नाशक, आमाशय और गलकोष प्रदाह, जो जिगर की शिरा सम्बन्धी रुकावट की वजह से हो। दिल के रोग से आया शोथ। गर्भकाल में योनि खाज बवासीर के साथ। बच्चों का कब्ज मलान्त्र रोगी में शल्य क्रिया के पहले विशेष लाभकारी समझी जाती है। बोझ और सिकुड़न का संवेदन। शिरा रक्त संचय।

सिर—मन्द पीड़ा, जो बवासीर दबने से आयी हो। जीर्ण, पीली मैलवाली जबान। कड़वा स्वाद (कोलोसि०, ब्रायो०)।

मलाशय—गुदा में तेज खपच्चियों जैसा संवेदन। संकुचन, संवेदन। मलाशय का मुँह भरा मालूम हो। सूखा मल। बहुत कठोर कब्ज, बवासीर बाहर निकली हो। गुदा और तलपेट में टीस। गर्भ काल में कब्ज (नक्स) दर्द भरी खूनी बवासीर। कूँथन के साथ पेचिश। कब्ज और दस्त बारी-बारी से और अधिक अफरा। मलद्वार की खाज (टियुक्रियम; रैटानहिया)।

स्त्री—कष्टप्रद मासिक स्राव, घुण्डी खाज, गर्भाशय बाहर निकलना, जननेन्द्रिय की सूजन और गहरी लाली, बैठने पर दर्द। झिल्लीदार कष्टदायक मासिक स्राव, कब्ज के साथ योनि खाज। मासिक धर्म के बाद जाँघों में ठण्डक। योनि घुण्डी और होठों में फूलने का संवेदन।

श्वास-यन्त्र—अधिक बोलने से खाँसी उठना; "गला बैठा" स्वर-यन्त्र में तीव्र पीड़ा। आवाज भारी। कष्टदायक सूखी खाँसी।

दिल—धड़कन तेज मगर कमजोर। शोथ। जब दिल के लक्षण कम हों तब बवासीर या मासिक-स्राव उत्पन्न हो। सीना दर्द और बवासीर बारी-बारी से आए। दाब, गशी और साँस कष्ट। (एकोनाइट फेरॉक्स)।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : जरा भी मानसिक उद्वेग या उत्तेजना से, ठण्डक से। घटना : गरमी से जो अँतड़ियों की निष्क्रियता से आई हो।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : नक्स।

तुलना कीजिये : एस्कुलस०, एलोज, हैमामेलिस, लाइकोपस, निगंडो, सल्फर, नक्स०।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति। ऊँची शक्ति अगर दिल की स्वाभाविक रचना सम्बन्धी रोग हो।

कोलोसिंथिस (Colocynthis)

(बिटर क्युकम्बर)

अक्सर मौसम बदलने के संक्रांति काल में काम आती है जब हवा ठंडी हो, मगर सूर्य की गरमी रक्त गरम करने के लिए पर्याप्त हो।

अपने बहुत-से लक्षण उदर और सिर में उत्पन्न करता है जिससे घोर स्नायुशूल हो जाता है। यह खासकर उन लोगों के लिए लाभदायक है जो चिड़चिड़े स्वभाव के हैं और सरलता से क्रोधित हो जाते हैं और उसका दुष्परिणाम। अधिक मासिक धर्म और घर में बैठी रहने वाली स्त्रियाँ। मोटापे की प्रवृत्ति। स्नायुशूल सदा दाब से कम होते हैं। पेशियों की ऐंठन, फड़कन और छोटा पड़ना। सिकुड़न और संकुचन। मूत्र छिद्र के मुँह पर शल्य क्रिया के बाद आए मूत्राशय के झटके (आक्षेप), (हाइपेरिकम)। पसीने की गन्ध पेशाब जैसी (बर्बेरिस० नाइट्रि० एसिड०)। उदर में इतनी पीड़ा कि रोगी झुककर दोहरा हो जाये, यह इसका विशिष्ट संकेत है। संवेदनायें: कटन, ऐंठन, पसीने, सिकुड़न, कुचलन। मानों लोहे के तारों से बँधा हुआ हो।

मन—अति चिड़चिड़ापन। प्रश्न करने पर क्रोधित हो। रुष्ट होने पर संताप करे। उत्तेजना के साथ क्रोध (कैमा०, ब्रायो०, नक्स०)।

मस्तिष्क—सिर को बायीं तरफ घुमाने से चक्कर आये। कटन, दर्द, मिचली के के साथ। दर्द। दाब से और गरमी से कम खोपड़ी की चमड़ी के दर्द के साथ। जलन के साथ दर्द, खोदने, फटने और फाड़ने की तरह का दर्द। अग्र भाग का दर्द जो झुकने, चित्त लेटने और हिलने से बढ़े।

आँखें—तेज, छेद होने की तरह का दर्द, दाब से कम हो। झुकने पर पलकें गिर जाने की संवेदना। आँखों का गठिया रोग। धुन्ध रोग बनने के पहले ढेलों में तीव्र दर्द।

चेहरा—चेहरे में चीरने-फाड़ने और गोली की तरह का दर्द और सूजन; बायीं तरफ अधिक पीड़ा। जिसे दाब से आराम मिले। (चाइना)। आवाज की प्रतिध्वनि सुनाई दे। स्नायुशूल। दाँत बहुत लम्बे जान पड़ें।

आमाशय—बहुत कड़वा स्वाद। जबान बालू ऐसी खुरदरी। जली-सी मालूम पड़े। बहुत ललचाकर खाये, पेट में ऐसा संवेदन जैसे वहाँ कोई चीज रखी है और वह वहाँ से नहीं हटेगी। दर्द खींचन जैसा।

उदर—उदर में घोर कष्टदायक कटन दर्द जिससे रोगी झुक के दोहरा हो जाये और पेट दबा ले। ऐसा संवेदन जैसे पेट में पत्थर पिसे जा रहे हों और वह फट जायगा। आँखें कुचली जान पड़ें। आन्त्रशूल, पिंडलियों में ऐंठन के साथ। उदर में कटन, खासकर क्रोध के बाद। दौरा घबराहट और गालों में ठंडक के साथ होता है जो तलपेट से उठता है। नाभि के नीचे छोटी-सी जगह में दर्द,। पेचिश: मल हर बार थोड़ा भी खाना खाने से या पीने से शुरू हो। लुआबदार मल। गन्दी महक। तनाव।

स्त्री---डिम्ब कोष में छेद होने की तरह दर्द। बहुत बेचैनी के साथ; घुटनों को मोड़कर दोहरा होना पड़े। डिम्बाशय या चौड़े बन्धनों में; गोल, छोटे, रसगुल्म। उदर को दबाकर सहारा देना चाहे। धँसन; ऐंठन रोगी को दोहरा होने को बाध्य करे। (ओपियम)।

मूत्र—मलत्याग के समय मूत्र मार्ग में जलन। ताजे अण्डे की सफेदी की तरह रस मूत्राशय से निकलता है। लेसदार (फॉस्फोरिक एसिड)। सड़ा थोड़ी मात्रा में, घड़ी-घड़ी लगना। लिंग के छेद में खुजली। लाल कड़े दाने, बरतन में चिपकें। मूत्राशय में ऐंठन, पेशाब करने पर पूरे उदर में दर्द।

अंग—पेशियों का सिकुड़ना। सभी अङ्ग परस्पर खिंच आयें। दाहिनी तरफ की कंध-त्रिकोणदार अस्थि में दर्द (गुयेको)। कटि में ऐंठन दर्द वाली करवट लेटने, कटि से घुटने तक दर्द। कटि जोड़ का एकाएक सरकना, जोड़ों का कड़ापन और नसों का छोटा हो जाना। बायीं तरफ खींचन, फटन, दाब और सेंकने से कम, हलकी हरकत से बढ़े। पेशियों का सिकुड़ना। दाहिनी जाँघ के नीचे तक दर्द। पेशियाँ और नसें बहुत छोटी लगें, दर्द के साथ सुन्न होना (नैफेलियन), बायें घुटने के जोड़ में दर्द।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : क्रोध और ग्लानि से। घटना। दोहरा होने से, कड़ी दाब, सेंकना, सिर आगे झुकाकर लेटने से।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : कॉफिया, स्टैफिसैग्रिया, कैमो०, कोलोसिंथ, क्रियानाशक : सीसे के विष का उत्तम तोड़ है। (रॉयेल)।

तुलना कीजिए : लोबेलिया एरिनस (उदर में घोर ऐंठन दर्द) डिपोडियम पंक्टेटम (छटपटाना, मरते साँप की तरह ऐंठन, कठोर अनिद्रा)। डायस्कोरिया, कैमोमिला, कॉकुल०, मर्क०, प्लम्ब०, मैग्नेशिया फास०।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

कोमोक्लेडियम डेण्टाटा (Comocladia Dentata)

(गुवाओ)

आँखों और चर्म के लक्षण प्रमुख हैं। अस्थि गह्वर के रोग। त्रिकास्थि निचली छोटी आँतों और उदर का दर्द। थरथराहट के साथ जो गरमी से बढ़े। जाङ और टखनों में दर्द।

आँखें—स्नायुशूल और ऐसा प्रतीत होना जैसे आँखें बड़ी हो गई हैं और बाहर निकल आ रही हैं - खासकर दाईं आँख। गरम स्टोव के पास होने से बढ़े, मालूम पड़े कि बाहर को निकली आ रही हैं। रोशनी टिमटिमाहट; केवल बायीं आँख

से दिखाई पड़े। धुन्ध रोग, भरापन, ढेले बहुत बड़े मालूम पड़े। आँखें हिलाने से कष्ट बढ़े।

चेहरा—फूला हुआ और आँख बाहर उभरी हुई।

चर्म—खुजलाए; लाल और दानेदार। सब जगह लाली, अरुण ज्वर की तरह। विसर्प रोग, गहरे घाव, बड़े किनारे। कोढ़। चर्म पर लाल धारियाँ (इयुफोर्बियम)। एक्जीमा (छालेदार) धड़, हाथ पैरों का। छालेदार एक्जीमा।

सीना—बायीं स्तनग्रंथि में तीव्र पीड़ा। दाहिनी तरफ सीने से दर्द जो बाँह और अंगुलियों तक उतरे। जिसके साथ बायें स्तन के नीचे दर्द हो जो बायें कन्धे के जोड़ में से पार हो जाये।

घटना-बढ़ना—**घटना** : खुली हवा से खुजलाना, हरकत से। **बढ़ना** : छूना, सेंकना आराम, रात में।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : रस०, ऐनाकार्डियम, इयुफोर्बियम।

मात्रा—१ से ३० शक्ति।

कानडियुरैंगो (Condurango)

(कॉण्डर प्लैण्ट)

पाचन-क्रिया को शक्तिशाली बनाती है, इसलिए साधारण स्वास्थ्य को बढ़ाती है। उस आमाशय शूल को कम करती है जिसके साथ आमाशय का कैंसर भी हो। पाचन-ग्रन्थियों के स्राव को ठीक करती है। नसों की गाँठों के घाव। चर्म का टीबी।

इस औषधि का सांकेतिक लक्षण मुँह के किनारों की दर्दीली चिटकन आमाशय का पुराना नजला। उपदंश और कर्कट रोग। अर्बुद, गलनली की सिकुड़न। मूलतत्व (कोण्डुरैंगिन) उरुस्तंभ उत्पन्न करता है।

आमाशय—आमाशय की दर्दीली बीमारियाँ, घाव। खाना, कै करना, और कड़ापन, बराबर जलन-दर्द। गलनली का सिकुड़ जाना। इसके साथ सीना अस्थि के पीछे जलन दर्द के साथ, जहाँ खाना फँसा मालूम पड़े। खाना, कै करना और बायें कोख का कड़ापन, लगातार जलन पीड़ा के साथ।

चर्म—श्लैष्मिक छिद्रों के आस-पास दरारें पड़ना। होंठ और गुदा का कैंसर। कर्कट रोग की पकन अवस्था जब दरारें बनना शुरू हो गया हो।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : एस्टेरियस, कोनियम मैकु०, हाईड्रैस्टिस कैनाडेन्सिस; आर्सेनिक एल्बम।

मात्रा—अरिष्ट या छाल, भोजन के बाद पानी में पाँच ग्रेन। अर्बुद में ३० शक्ति।

कोनियम (Conium)

(पॉयजन हेमलॉक)

एक प्राचीन औषधि जो प्लैटो के उस अत्युत्तम वर्णन से विख्यात हो गयी है कि सुकरात की हत्या करने के लिए यह इस्तेमाल की गयी थी। यह विष ऐसा पक्षाघात पैदा करता है जो ऊपर की ओर चलता है। उसमें साँस घुटने से मौत हो जाती है। इसके परीक्षणों के समय कठिन चाल, कम्प चलते-चलते सहसा कमजोरी आना और अंगों में वेदनापूर्ण शक्ति आना आदि अनेक लक्षण पैदा हुए और इन सब उपद्रवों के लिए कोनियम शानदार दवा है। ऐसी अवस्था प्रायः वृद्ध लोगों में पाई जाती है। यही खास वातावरण है जहाँ कोनियम को अपना कार्यक्षेत्र मिलता है। दुर्बलता, व्याधिशंका (वहम), मूत्र रोग, स्मरण शक्ति क्षीणता, कामशक्ति दौर्बल्य सभी के अनुरूप है। जीवन संधिकाल की बाधायें, वृद्ध, अविवाहित स्त्री या पुरुष। अर्बुद का उत्पन्न होना। सारे शरीर के कुचलने जैसा संवेदन जैसा मार पड़ी हो। सुबह बिस्तर में बहुत कमजोरी। मानसिक और शारीरिक दुर्बलता; कम्प और धड़कन। कर्कट रोग की सम्भावना। धमनी का कड़ापन। सीने की हड्डियों के नासूर। ग्रन्थियों का बढ़ जाना। यह ग्रन्थि-मण्डल पर काम करती है। उनमें रक्ताधिक्य और कड़ापन उत्पन्न करती है, उनके आकार में कण्ठमालिक और कर्कटीय बाधाओं जैसे विकार पैदा कर देती है। इंफ्लु-एंजा के बाद शक्तिप्रद है। अनिद्रा जो कई स्थानों के स्नायुप्रदाह के कारण आई हो।

मन—उत्तेजना के कारण उदासी। उदास, डरपोक, समाज से घृणा और अकेले रहने से भय। व्यवसाय और अध्ययन में मन न लगे; किसी चीज से रुचि न हो। स्मरणशक्ति, दुर्बल मानसिक परिश्रम न सहन कर सके।

सिर—लेटने पर, बिस्तर पर करवट बदलने पर, सिर को बगल में घुमाने पर या आँखों के घुमाने पर चक्कर आए। जो सिर हिलाने से, जरा-सी आवाज से या दूसरों से बातचीत करने से बढ़े, खासकर बायीं तरफ। फिर दर्द, जो मूर्च्छित कर दे। मिचली और श्लेष्मा की कै के साथ और ऐसा लगे कि सिर के अन्दर खोपड़ी के नीचे कोई बाहरी चीज रखी है। चाँद पर झुलसा जैसा मालूम हो। कसापन मानो दोनों ओर दबाई गयी हो। खाने के बाद बढ़े (जेल्सेमियम, एट्रोपीन)। आधे सिर का दर्द जैसे कुचला जा रहा है। सुबह उठने पर पिछले भाग में धीमा दर्द।

आँखें—आलोकातङ्क और अधिक जलस्राव। कनीनिका पर रसदार दाने। धुँधलापन, कृत्रिम रोशनी से अधिक हो। आँखें बन्द करने से पसीना निकले। नेत्र पेशियों का लकवा (कास्टिकम)। ऊपरी झिल्ली के प्रदाह में, जैसे जलन के छाले या पुतली प्रदाह। छोटे से छोटा घाव या छिल जाना भी घोर आलोकातङ्क उत्पन्न करे।

कान—दोषयुक्त सुनाई पड़ना, खून के रङ्ग का स्राव।

नाक—सरल रक्तस्राव, छरछराये। अर्बुद।

पेट—जबान की जड़ में दुखन। घोर मिचली, कलेजा जले और तेजाबी पानी ऊपर आना, बिस्तर में जाने से कष्ट बढ़े। पेट का दर्दीला झटका। खाने से कम हो और खाना खाने के कुछ घण्टों बाद बढ़ना, तेजाबीपन, जलन वक्षास्थि की बराबरी में।

उदर—जिगर में और उसकी चारों तरफ पीड़ा; जीर्ण पांडुरोग और दाहिने कोख में दर्द। उत्तेजित, कुचलन, सूजन दर्द। दर्दीला कसाव।

मल—बार-बार वेग हो, मल कड़ा, कूँथन के साथ, प्रत्येक मलत्याग के बाद कम्प और दुर्बलता (बैराइटा कार्ब, आर्सेनिक, आर्जेण्टम नाइट्रिकम)। मलत्याग से खाल में, गुदा में गरमी और जलन हो।

मूत्र—स्खलन में बहुत कष्ट। बहे और फिर रुके (लेडम)। अक्रमिक स्राव (क्लेमैटिस)। वृद्ध में बूँद-बूँद टपके (कोपेवा)।

पुरुष—मैथुन की इच्छा बढ़ना, शक्ति की कमी। मैथुन के परिणामस्वरूप स्नायु उत्तेजना, दुर्बल लिंगोत्थान। काम इच्छा के दमन के दुष्प्रभाव। अण्ड बढ़े हुए और कड़े।

स्त्री—कष्टप्रद मासिक-धर्म, जांघों में खींचन दर्द के साथ। स्तन ढीले और सिकुड़े हुए, कड़े, छूने से पीड़ा। घुन्डी में चिलकन। हाथों में स्तन कस के दबाना चाहे। मासिक स्राव देर में और थोड़ा-सा, भग उत्तेजित। मासिक काल के पहले और दौरान में स्तन बढ़ जायँ और दर्द करें। (कैल्केरिया कार्ब, लैक कैनाइनम) मासिक काल के पहले शरीर पर दाने निकलें। योनि घुण्डी के चारों तरफ खुजली। गर्भाधान शीघ्र। गर्भाशय की गरदन और मुँह का कड़ापन। डिम्ब शोथ, बढ़े हुए, कड़े, दर्द। काम इच्छा के दमन या मासिक धर्म के दबने से या अधिक मैथुन से बाधा उत्पन्न होना। मूत्रत्याग के बाद प्रदर।

साँस-यन्त्र—सूखी खाँसी लगातार उठे; बार-बार थोड़ी-थोड़ी खाँसी हो। शाम को और रात में बढ़े। स्वरयन्त्र में एक सूखी जगह के कारण पैदा हो। सीने और गले में खुजली के साथ, लेटने पर बोलने या हँसने पर और गर्भावस्था में देर तक खांसने के बाद ही बलगम निकले। जरा-सा परिश्रम करने पर दम फूले। कष्टदायक सांस, सीने में सिकुड़न और दर्द।

पीठ—कन्धे के बीच के उभार में दर्द। रीढ़ की चोट और धक्कों बुरा असर। त्रिकास्थि का दर्द। पिठासे और त्रिक प्रदेश में धीमा दर्द।

हाथ-पैर—भारी, थके, कर्महीन, कम्प, हाथ अस्थिर, हाथ और पैर की अंगुलियाँ सुन्न, पैशिक दुर्बलता, खासकर नीचे के अङ्गों की हाथों से पसीना आए, कुर्सी पर पैर रखकर बैठने से दर्द हो।

चर्म—काँख की ग्रन्थि में दर्द। बाँह के नीचे तक सुन्न होना। कुचले जाने के बाद कड़ापन। चर्म पीला, रसदाने, अंगुलियों के नाखून पीले। ग्रन्थियाँ बड़ी और कड़ी। मध्यान्त्र त्वक ग्रन्थि भी। ग्रन्थियों में तेज दर्द, जो जगह बदले। अर्बुद, कोंचन दर्द, रात में अधिक। पुराने घाव, जिनसे बदबूदार स्राव हो। नींद लगते ही या आँखें बन्द करने से पसीना निकले। रात और सुबह को पसीना निकलना, दुर्गन्धित, चर्म में सुरसुराहट।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : लेटने पर, बिस्तर में करवट लेने से या उठने से अविवाहित अवस्था, मासिक-धर्म के पहले या दौरान में, जुकाम होने से पहले, शारीरिक या मानसिक परिश्रम से। घटना : व्रत रखने से, अँधेरे में अङ्ग लटकाने से, हरकत, दाब।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : स्किरिनम - कैंसर बीजविष (कर्कट दोष, बढ़ी हुई ग्रन्थियाँ, स्तन, कर्कट, केंचुए)। बैराइटा कार्ब, हाइड्रास्टिस आयोडम, कैली फास०, हायोसियामस, कुरारी।

मात्रा—ऊँची शक्तियों में अति उत्तम, देर-देर में देना खासकर किसी बढ़ने वाली दशा में अधिक पक्षाघात की अवस्थाओं में, इत्यादि। इसके अतिरिक्त ६ से ३० शक्ति।

कानवैलेरिया मेजेलिस (Convallaria Majalis)

(लिली ऑफ दी वैली)

हृदय-विकार की एक औषधि है। हृदय की क्रिया को बल देती है, उसकी गति को अधिक नियमित करती है। यह उस समय लाभकारी है जब क्षुद्र हृद् गह्वर अधिक तना और फैला हो, और जब हृदय के फैलने और सिकुड़ने का क्रम ठीक न हो और जब शिराओं में रक्त सचार शिथिल पड़ जाए। कष्टदायक-साँस, शोथ, स्नायुक्षीणता की संभावना। सर्वाङ्ग शोथ।

मन और सिर—बुद्धि मन्द। मामूली बात पर दुःखी हो जाए। धीमा सिर दर्द जो चढ़ने या खखारने से बढ़े। सिर की खाल उत्तेजित। चिड़चिड़ापन, मूर्च्छा वायु के लक्षण।।

चेहरा—नाक और होठों पर जल-गुल्म, कच्चापन और सुरसुराहट। नकसीर, लगभग १ इन्च का चौकोर भूरा काल्पनिक धब्बा देखना।

मुँह—सुबह को दाँत किटकिटाना। कसैला स्वाद। जीभ दर्दीली और झुलसी मालूम हो, भारी और मैल की मोटी तह।

गला—साँस भीतर खींचने से पिछले भाग में कच्चेपन की संवेदना।

उदर—स्पर्शकातर। कपड़ा बहुत कसा लगे। गहरी साँस लेने से गड़गड़ाहट और दर्द। बच्चे की मुट्ठी की तरह उदर में हरकत।

मूत्र-यन्त्र—मूत्राशय में टीस, तना मालूम पड़े। घड़ी-घड़ी पेशाब लगे, बदबूदार, थोड़ा पेशाब।

स्त्री—गर्भाशय क्षेत्र में अति पीड़ा और साथ में धड़कन। कटित्रिकास्थि जोड़ में दर्द, जो टाँग तक नीचे उतरे। मूत्र छिद्र और योनि मुँह में खाज।

साँस-यन्त्र—फेफड़ों में रक्त संचय हो। लेटने या बैठने में साँस-कष्ट। टहलने में साँस-कष्ट बढ़े। गले में गरम लगे।

दिल—मालूम पड़े कि सारे सीने भर में धड़कन हो रही है। दिल की झिल्लीदार खोल का प्रदाह, लेटने पर घोर साँस-कष्ट। ऐसा मालूम हो कि दिल की गति रुक गई है, फिर एकाएक शुरू हो जाये। जरा-सा परिश्रम करने से धड़कन हो। ताम्बूल के अपव्यवहार से आया हृद्विकार, खासकर सिगरेट पीने से। हृदय-शूल। नाड़ी अति तीव्र और अक्रमिक।

पीठ और हाथ-पैर—कटि प्रदेश में दर्द और टीस, टाँगों में टीस, पैर के अँगूठे में। हाथों का काँपना। कलाई और टखनों में टीस।

ज्वर—पीठ में रीढ़ के नीचे शीत, बाद में ज्वर आये, कम पसीना। शीत अवस्था में प्यास और सिर दर्द हो। ज्वर के समय साँस कष्ट।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : डिजिटैलिस; क्रैटेगस, लिलियम, एडोनिस (केवल यान्त्रिक दोष के कारण दिल की धीमी गति)।

घटना-बढ़ना—घटना : खुली हवा में। बढ़ना : गरम कमरे में।

मात्रा—३ शक्ति और दिल की रुकावट के लक्षण में अरिष्ट; १ से १५ बूँद तक।

कोपेवा (Copaiva)

(बैलसैम ऑफ कोपेवा)

श्लैष्मिक झिल्लियों पर इसका शक्तिशाली प्रभाव पड़ता है, खासकर मूत्रमार्ग की श्लैष्मिक झिल्ली पर; साँस-यन्त्र पर, चर्म पर, जहाँ कि यह स्पष्ट रूप से जुलपित्ती का रूप ग्रहण करता है। जुकाम और नजला।

सिर—अति उत्तेजना, पिछले भाग में दर्द। माथे में धीमा दर्द; पीछे तक जाये और फिर वापस माथे तक आए; टपकन के साथ। दाहिनी तरफ और हरकत से अधिक हो। खोपड़ी की खाल कोमल। तीखा आवाज असह्य।

नाक—बन्द होने की संवेदना के साथ नथनों में कच्चापन और छरछराहट, पिछले भाग का सूखापन। नथनों से मात्रा अधिक, सादा, दूषित-स्राव जो रात के समय गले में गिरे। जलन और सूखापन, नासास्थि पर पपड़ी। साँस मार्ग के ऊपरी भाग का नजला।

आमाशय—खाना अधिक नमकीन लगे। पाकाशयिक विकार मासिक काल में या शीतपित्त रोग के बाद और आँतों में हवा, पाखाना मालूम हो और दर्द के साथ कष्ट से निकले।

मूत्र-यन्त्र—जलन, दाब, दर्द के साथ बूँद-बूँद टपके। पेशाब रुकना, इसके साथ मूत्राशय, गुदा और मलाशय भी दर्द करे। मूत्राशय का नजला, मूत्रकृच्छ्र लिंगमुण्ड की सूजन। लगातार पेशाब लगना। पेशाब में बनफशे के फूल की महँक। हरियाली, धुँधला रंग, विचित्र तीखी महँक।

मलाशय—श्लेष्मिक वृहद्दान्त्र प्रदाह। मल श्लेष्मा से लिपटा हो, शूल और शीत के साथ। गुदा में बवासीर के कारण जलन और खाज।

पुरुष—अण्ड स्पर्शकातर और सूजे हुए।

स्त्री—योनि घुण्डी और गुदा में खुजली, दूषित-स्राव के साथ। अधिक तेज गन्ध का मासिक स्राव, दर्द कटि अस्थि तक फैले, मिचली के साथ।

साँस-यन्त्र—खाँसी अधिक, भूरा, पीव जैसा बलगम के साथ। स्वर-यन्त्र, कण्ठ-नली और वायुनलिका समूह में गुदगुदी। वायुनलिका समूह पर, नजला, इसके साथ स्राव अधिक हरा, बदबूदार।

चर्म—जुलपित्ती उसके साथ ज्वर और कब्ज। अरुण चकत्ते। विसर्प, सूजन खासकर उदर की चारों तरफ। गोल, घेरेदार बीच में उभरे और किनारों पर पतले चकत्ते, खुजली के साथ, चितकबरे। बच्चों में जीर्ण जुलपित्ती। छालोंवाला विस्फोट।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : बेलाडोना, मर्क्युरियस सोल्यू०।

तुलना कीजिए : सैण्टैलम—(गुर्दों में टीस); केनाबिस०, केन्थेरिस, बैरोस्मा क्युबेबा, एपिस, वेस्पा, एरिजे०, सिनेसियो, सीपिया।

मात्रा—१ से ३ शक्ति।

—: ० :—

कोरैलियम (Corallium)

(रेड कोरल)

कोरल (मूँगे) के सिद्धिकरण में नाक का जुकाम, नकसीर और नथुनों में घाव तक हो गया है। कुकुर खाँसी और दौरे वाली खाँसियों में इसका याद रखना चाहिए खासकर जब खाँसी का आक्रमण बहुत तेज खाँसी से आरम्भ हो, और एक के बाद दूसरा आक्रमण इतना शीघ्र हो कि सब लगातार मालूम दें। अक्सर हमले से पहले साँस घुटता है और बाद में शिथिलता आती है। खाने के बाद चेहरा लाल हो। रोगी का चेहरा बैगनी हो जाए। प्रचण्ड आक्रमण यहाँ तक कि खून का बलगम आ आए। मालूम पड़े कि ठण्डी हवा की लहर भेजे और वायु-नलियों में से बह रही है। बिना ओढ़े अति ठण्डक और ओढ़ने पर अति गरम लगे। कृत्रिम गरमी से कष्ट कम हो।

सिर—बहुत बड़ा मालूम दे, घोर पीड़ा मानो भेजे की हड्डियाँ सब अलग-अलग हो रही हैं, झुकने से बढ़े। आँखें गरम और दर्दीली। गहराई तक अगले भाग का दर्द, आँखों के ढेलों के पीछे तीव्र पीड़ा। ठण्डी हवा में साँस लेने से सिर दर्द अधिक हो।

नाक—धुँआ, प्याज इत्यादि की गन्ध मालूम दे। नथनों में दर्द भरे घाव। पिछले भाग में नजला टपके। पिछले भाग से अधिक श्लैष्मिक स्राव, हवा ठंडी लगें। सूखा जुकाम, नाक बन्द और घाव वाली। नकसीर।

मुँह—खाना लकड़ी के बुरादे के स्वाद का लगे। रोटी सूखी घास के स्वाद की मालूम पड़े। बियर मीठी जान पड़े। बायीं तरफ के निचले जबड़े के हिलाने में दर्द। हो। नमक खाना चाहे।

श्वास-यंत्र—अधिक श्लेष्मा खखारना। गला अधिक स्पर्शकातर, खास कर हवा से। नाक का नजला अधिक। भीतर खींची हुई हवा ठण्डी लगे। (सिस्टस कैनाडेन्सिस) पिछले भाग से अधिक श्लेष्मा निकले। सूखी, आक्षेपिक, दम घोटनेवाली खाँसी, बहुत तेज खाँसी, बार-बार उठे, कुत्ता भौंकने जैसी आवाज निकले। हवा मार्गों की अति उत्तेजना के साथ खाँसी, साँस भीतर खींचने पर ठंडा लगे। हिस्टीरिया में लगातार खाँसी उठे। कुकुर-खाँसी के बाद दम घुटना और बहुत शिथिल पड़ना।

पुरुष—लिंग-मुण्ड और पर्दे के भीतरी भाग पर घाव। पीला रस। स्खलन और दुर्बल मैथुन शक्ति। जननेन्द्रिय पर अधिक पसीना।

चर्म—लाल, चपटे घाव। मूँगे के रङ्ग के, फिर गहरे लाल रङ्ग के धब्बे जो ताँबे के रङ्ग के हो जायें। हथेली और पैर के तलवे पर अपरस।

घटना-बढ़ना—खुली हवा में और गरम कमरे से ठंडे कमरे में जाने पर कष्ट बढ़े।

सम्बन्ध—पूरक : सल्फर।

तुलना कीजिए : बेलाडोना, ड्रोसेरा, मेफाइटिस, कॉस्टिकम।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

कोरलोरहिज़ा (Corallorhiza)

(काली रूट)

यक्ष्मा ज्वर, ६ बजे सुबह से १० बजे सुबह के बीच में और आधी रात तक रहे। अति स्नायविक और अशांत हथेलियों और तलवों में जलन, बिना प्यास, सर्दी लगे या पसीना आए। केवल हल्के-से-हल्का ओढ़ना सहन करे।

कोर्नस सरसिनाटा (Cornus Circinata)

(राउण्ड लीवड डॉगऊड)

जीर्ण मलेरिया; जिगर प्रदाह, कामला रोग। बहुत कमजोरी। आमाशय में दर्द, और उदर फूला हुआ। रस भरे उद्भेद जो जिगर की किसी पुरानी बीमारी से सम्बन्धित हों या मुँह में छाले बनें।

मुँह—जबान मसूढ़ों और मुँह में घाव, सफेद दाने। मुँह में, गले और आमाशय में जलन।

मल—ढीला, हवा के साथ आये; गहरा मल, खाने के तुरन्त बाद हो। मलद्वार में जलन गहरा, पित्त वाला, बदबूदार दस्त, और मटियाला चेहरा।

चर्म—शिशुओं के चेहरे का छालेदार एक्जिमा जबकि उनका मुँह भी आया हुआ हो।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : कॉर्नस आलटरनिफोलिया—स्वाम्प वालनट—(दुर्बल और थका, अशान्त निद्रा, ज्वर, बेचैनी, अकौता, चर्म चिटका, सीने में ठंड लगे, जैसे उसमें बरफ भरी हो !) कॉरनस फ्लोरिडा (जीर्ण मलेरिया, अनपच और कष्टदायक गला जलना, शरीर रस स्खलन के कारण दुर्बलता और रात पसीना, बाँह, सीना और धड़ में स्नायु पीड़ा और दो टुकड़े में टूटा हुआ मालूम दे, तन्द्रा के साथ सविराम ज्वर, अपने को ठंडक लगे मगर शरीर छूने में गरम लगे, बीच-बीच में अति शिथिलता, शरीर भर में लसीला पसीना। शीत से पहले तन्द्रा; गरमी का संबंध तन्द्रा से हो। कुनैन के बाद सिर दर्द।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति।

कोरिडैलिस (Corydalis)

(टरकी-पी)

उपदंशज उपद्रव। मुँह और गले में घाव। स्पष्ट धातुविकारी कर्कट रोग। गुम्मड़ और रात पीड़ा। जीर्ण रोग, दौर्बल्य। जबान साफ, चौड़ी और भरी, तन्तु ढीले, मुलायम ठण्डे। आमाशय प्रदाह (हाइड्रैस्टिस)।

चर्म—वृद्ध लोगों के चेहरे पर सूखे, पपड़ीदार चकत्ते। लसिका ग्रन्थि सूजी हुई।

सम्बन्ध—नाइट्रिक एसिड, कैली आयोडेटम, फ्लोरिक एसिड।

मात्रा—अरिष्ट २० बूँद, दिन में ३ बार।

कॉटिलेडन (Cotyledon)

(पेनिवार्ट)

दिल पर स्पष्ट प्रभाव, सीने में दबाव, गले में भरापन। मिर्गी। पेशियों और रेशेदार तन्तुओं में मन्द पीड़ा। गृध्रसी। सीने से होकर स्कंधास्थि तक स्पष्ट पीड़ा। स्वर-यन्त्र और गलनली का नजला। जोड़ शिथिल।

मन—चित्त खिन्न गड़बड़ी। जागने के कुछ देर बाद बोल न सके। चाँद पर दाब, दर्द। आवेग दमन से रोग होना। मालूम पड़े कि शरीर का कोई अंग अनुपस्थित है।

स्तन—बायीं स्तन-घुण्डी के नीचे दर्द और दाहिने स्तन में टीस। बायें स्तन क्षेत्र से होकर स्कंधास्थि में दर्द आये। स्कंधास्थि के कोणों में दर्द। भारी, फटन ऐसी संवेदना जैसे दिल में रुकावट हो रही हो। गला घुटे। साँस कष्टदायक।

अंग—पीठ और जाँघों में टीस। चर्म उत्तेजित, पैजामे की रगड़ से तीव्र चुभन हो। टाँगें और बाहें भारी और वेदनापूर्ण जान पड़ें।

तुलना कीजिए : एम्ब्राग्रिसिया, एसाफिटिडा, हेपाटिका, इग्नेशिया, लैकेसिस।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

क्रेटेगस (Crataegus)

(हॉथर्न बेरीज)

यह दवा चक्कर पैदा करती है, नाड़ी मंद करती है; वायु की चाह बढ़ाती और रक्तचाप को कम करती है। दिल की पेशियों पर काम करती है और दिल को शक्ति देती है। दिल के भीतर की झिल्ली पर कोई प्रभाव नहीं रखती।

हृद्पेशी का प्रदाह। हृदय अपनी मरम्मत न कर सके। अक्रमिक, असंतुलन। हृदय का क्रम भ्रष्ट होना। मुख्य धमनी रोगियों की अनिद्रा। रक्तहीनता, सर्वाङ्ग शोथ चर्म पर ठण्डा लगे। अत्यन्त स्नायविक और चिड़चिड़ा इसके साथ सिर के पश्चात् भाग और गर्दन में दर्द भी हो। बुद्धि कुण्ठित, दिल के पर्दे में क्षोभ और नाक बहे। बदमिजाज रोगियों के लिए शामक है जिन्हें हृद्रोग भी हो।

पुराना हृद्रोग जिसके साथ घोर दुर्बलता हो; घोर दौर्बल्य; बहुत धीमी और क्रम-भ्रष्ट हृदय गति। सर्वाङ्ग शोथ। अति उत्तेजित सिर के पीछे और गरदन में दर्द के साथ मोती-झरा ज्वर में पतनावस्था। आँतों से रक्त-प्रवाह; हाथ-पैर ठण्डे, रक्तहीन नाड़ी और साँस अक्रमिक। सीने की बायीं तरफ इसकी हड्डी के नीचे दाब की दर्दीली संवेदना। दिल के गतिहीन होने के साथ अनपच और स्नायु शिथिलता। वातपीड़ा के बाद हृदय विकार के शुरू में। धमनी का कड़ापन, धमनी में जमे हुए चूने को घुला देती है।

सिर—सशंक; निराश।

मूत्र—मधुमेह खासकर बच्चों में।

दिल—हृदय शोथ रोगजनित हृदय का अपकर्ष, अर्थात् तेल बन जाना। मुख्य धमनी रोग। जरा-से परिश्रम पर घोर साँस-कष्ट, बिना नाड़ी गति तीव्रता के हृदय क्षेत्र में बायीं हँसली के नीचे दर्द। हृदय पेशियाँ ढीली और खाँसी। दिल का फैलना, पहला धड़कन कमजोर। नाड़ी तेज, क्रमहीन, मन्द; सविरामिक। ढकनों में चुरचुराहट, हृदयशूल। ऊपरी शीत, हाथों और पैरों की अँगुलियाँ नीली। परिश्रम और उत्तेजना से सभी कष्टों में वृद्धि। संक्रामक रोगों में हृदय को सहायता देती है।

चर्म—अधिक पसीना। चर्म स्फोट।

नींद—धामनिक विकारियों की अनिद्रा।

घटना बढ़ना—बढ़ना : गरम कमरे में। **घटना :** ताजी हवा, शान्ति, आराम।

सम्बन्ध—स्ट्रोफेंथस, डिजिटेलिस, आईबेरिस, नाजा, कैक्टस।

मात्रा—तरल घन सार या अरिष्ट, १ से १५ बूँद। अच्छे लाभ के लिए कुछ दिनों तक व्यवहार करना चाहिए।

क्रोकस सैटाइवा (Crocus Sativa)

(सैफ्रन)

प्रायः काले और तारदार रक्त प्रवाहों में लाभदायक है। कई स्थानों में चुन-चुनाहट। पेशियों में खिंचाव रोग और गुल्म वायु व्याधि। अक्सर संवेदनाओं और मानसिक दशाओं में घोर परिवर्तन। क्रोध के बाद हिंसा की भावना, बाद में

पश्चाताप। हँसने का पागलपन। निद्रालुता और सुस्ती, शारीरिक परीश्रम से कम रहे।

मन—डाँवाडोल सुखकर उन्माद, गाता है और हँसता है। प्रसन्नता की जगह खिन्नता आ जाती है, प्रसन्न; स्नेह युक्त, फिर क्रुद्ध। एकाएक हँसी आए। सुने हुए गानों की अच्छी स्मरण शक्ति (लाइकोपोडियम)।

सिर—टपकन; वयःसन्धि-काल में, मासिक काल में बढ़ना।

आँखें—बिजली की चिनगारियाँ दिखाई देना। आँखों को पोंछना आवश्यक मानो उनमें पानी या श्लेष्मा भरा हो। आँखों में अधिक रोने के बाद की संवेदना। ऐसा मालूम हो कि वह अधिक शक्ति के चश्मों में से देखती रही हैं। धुन्ध; कोहरा, पुतलियाँ फैली हुईं और उनकी प्रतिक्रिया मन्द। पलक भारी। पलकों का स्नायुशूल, आँखों से चाँद तक दर्द। मालूम हो कि ठण्डी हवा आँखों में से दौड़ रही है। फ्लोरिक एसिड, सिफिलिनम। कष्टप्रद दृष्टि और चमक लगना। धुन्ध दृष्टि का भय, शीशे की धमनी में तन्तुमय उपादानों के कारण रुकावट।

नाक—नकसीर। काला तारदार खून। काले खून की डोरी नाक से लटकती रहे।

उदर—जिगर की रुकावट के कारण कठोर कब्ज। बच्चों का कब्ज। गुदा में रेंगन और कड़कन। उदर, आमाशय इत्यादि में कोई जीवित वस्तु के चलने की संवेदना, खासकर बायीं तरफ (कैलेण्डुला)। उदर फूला हुआ भारी।

स्त्री—गर्भपात का भय, खासकर जब रक्तस्राव काला और तारदार हो। जननेन्द्रिय में रक्त संचयता। मासिक रक्त काला, चिमड़ा, बहुधा और अधिक; काला और तारदार। गर्भाशय से रक्तस्राव थक्केदार लम्बी रस्सी की तरह; जरा भी हिलने से अधिक हो। बायें स्तन में झटके के साथ दर्द मानो डोरी बाँधकर पीछे की तरफ खींची जा रही हो (क्रोटोन, टिग्लियम)। उछलना ऐसा मानो दाहिने स्तन में कोई जीवित वस्तु हो।

साँस-यन्त्र—साँय-साँय खाँसी, झागदार बलगम जिसमें महीन तागे ऐसी वस्तुयें मिली हों, लेटने पर बढ़े। साँस दुर्गन्धित। हिस्टीरिया के रोगियों का कौवा बढ़ा मालूम पड़े।

पीठ—एकाएक पीठ में ठण्डा लगे मानो ठण्डा पानी पीछे से फेंक दिया गया हो। हाथ-पाँव बरफ की तरह ठण्डे।

अंग—किसी एक पेशी समूह का एकाएक आक्षेप, पेशियों में खिंचाव आए और हिस्टीरिया और भाव परिवर्त्तन। ऊपरी सभी अंग सो जायँ। कटि संधि। घुटनों में कड़कड़ाहट। टाँगों और घुटनों में कमजोरी। टखनों और तलवे में दर्द।

घटना-बढ़वा—बढ़ना : लेटने पर, गरम मौसम में, गरम कमरे में, सुबह को उपवास करने से, जलपान से पहले, घूर कर किसी चीज को देखने के बाद। घटना : खुली हवा में।

सम्बन्ध—क्रियानाशक, ओपियम, वेलाडोना।

तुलना : इपिकाक, ट्रिलिया, प्लैटिना, चायना, सैबाइना।

मात्रा—अरिष्ट से ३० शक्ति।

क्रोटैलस हॉरिडस (Crotalus Horridus)

(रैटल स्नेक)

ऐसा माना जाता है कि सभी सर्प-विष रासायनिक दृष्टिकोण से सोडा और कुछ दूसरे लवण से सियानाइड हाइड्रेट होते हैं। ये सभी लवण प्राकृतिक रूप से एल्कोहल में घुल जाते हैं; इसलिए यह पदार्थ इन सभी का क्रियानाशक है। अत्यधिक पोषण शक्ति रखता है बुढ़ापे की पोषण बाधायें।

मन्द दूषित अवस्थायें। साधारण, रक्त ध्वंसीकरण, रक्त-प्रवाह और पीला रोग। क्रोटैलिन का रक्त जमने का इन्जेक्शन रक्त के जमने की गति को कम करता है। मिर्गी रोग में औसत क्रम, सामान्य अवस्था से कहीं अधिक होता है। रक्त की दूषित अवस्था, रक्त प्रवाह (काला तरल पदार्थ जो नहीं जमता) कारबंकल कठिन अरुण ज्वर, पीला ज्वर, प्लेग, हैजा सभी इस औषधि के उपयोग का मौका देते हैं। रक्त प्रवाह की प्रवृत्ति में शामक है। लक्षणों के साथ ही सो जाता है। अधिकतर दाहिने भाग में लक्षण आते हैं।

मन—रुदन भाव, प्रत्यक्ष ज्ञान और स्मरण शक्ति का धुँधलापन, उतावलापन। बकवादी, बचने की इच्छा के साथ। उदासीन। मस्तिष्कक्षीणता का भ्रम।

सिर—चक्कर आना उसके साथ दुर्बलता और कम्प। पिछले भाग में धीमा दर्द, विशेषतः दाहिनी आँख में। सिर दर्द बायीं तरफ लेटने पर दिल की पीड़ा के साथ। सिर दर्द, झटका लगने के भय से अँगुलियों के बल चलें।

आँखें—रोशनी असह्य, खासकर लैम्प की रोशनी। आँखें पीली। दृष्टि भ्रम, नीला रंग। पलकों का स्नायुशूल। फटने, छेद होने की तरह दर्द, मानो आँखों की चारों तरफ काट दिया गया हो। आँखों के भीतर के रक्तप्रवाह को सुखाने के लिए, जल भाग में; लेकिन खासकर अप्रदाहिक चक्षुपट रक्तप्रवाह के लिए। दोहरी वस्तु देखना।

कान—कान की खराबी से सिर में चक्कर आए। खून पसीजना। दाहिने कान का बन्द होना मालूम पड़े।

नाक—नकसीर, खून काला और रस्सी जैसा लम्बा। चर्म पुष्पिका या उपदंश के बाद पीनस रोग।

चेहरा—मुँहासे। होंठ सूजे हुए और सुन्न। सीसे के रंग जैसा और पीला चेहरा। दाँत पड़ना।

मुँह—जबान छोटी और लाल, मगर अपने को सूजी लगे। जबान अंगारे जैसी लाल, बीच में सूखी, चिकनी और चमकीली। साँस दुर्गन्धित। मुँह लार से भर जाये। जबान बाहर निकालने पर दाहिनी तरफ झुके। रात में दाँत पीसना। जबान का कर्कट, रक्त प्रवाह के साथ।

गला—सूखा, गहरा लाल। अन्ननली में ऐंठन, कोई ठोस चीज न निगल सके। घुटन। सड़न, बहुत सूजन के साथ।

आमाशय—कपड़ा सहन न हो। कोई चीज आमाशय में न रह सके, घोर कै भोजन की, पित्त की कै, खून मिली कै। मासिक धर्म के बाद हर समय मिचली और हर समय कै। बिना हरी वस्तु का कै किये दाहिनी तरफ न लेट सके। काली या पीसी हुई कॉफी के रंग की कै। आमाशय का कर्कट, खून या चिकने श्लेष्मा की कै के साथ। कौड़ी के नीचे कम्पन, थरथराहट की संवेदना। कौड़ी पर कपड़ा सहन न हो। आमाशय में दुर्बलता, गशी की संवेदना, आमाशय में घाव। दुर्बलताजनित अजीर्ण पुराने मदपान के कारण आमाशय का पुराना प्रदाह। भूखा, उत्तेजक वस्तुओं और चीनी की इच्छा, मांस से घृणा।

उदर—तना गरम और कोमल। जिगर में दर्द।

मल—काला, पतला; घृणित; पिसी काँसी की तरह। और रक्त स्राव, खून काला, पतला, न जमने वाला। खड़े होने या टहलने पर मलान्त्र से खून रसे।

स्त्री—दीर्घकालीन मासिक-धर्म। कष्टप्रद मासिक स्राव, दर्द जाँघों के नीचे तक बढ़े, दिल प्रदेश में टीस के साथ। गर्भाशय से रक्त स्राव; आमाशय में कमजोरी के साथ। प्रसव ज्वर, दूषित स्राव। प्रसव के बाद जंघाशिरा का प्रदाह। मालूम पड़े कि गर्भाशय बाहर होकर गिर जायगा। गर्भाशय बन्धन और नसों में दर्दीली खींच। पैर स्थिर न रखे।

मूत्र—गहरा खूनी मूत्र। कास्ट खारिज हों। गुर्दे सूजे हुए। एल्बुमिन युक्त, गहरे रङ्ग का, थोड़ा (मर्कुरियस कोरोसाइवस)।

दिल—गति धीमी, नाड़ी काँपती हुई चले। धड़कन; खासकर मासिक काल में। दिल में थरथराहट।

श्वास-यन्त्र—खूनी बलगम के साथ खाँसी। स्वर-यन्त्र में एक सूखा स्थान में गुदगुदी।

अंग—हाथ काँपें, सूजे हुए। निचले अंग आसानी से सुन्न हो जायें। दाहिनी तरफ का लकवा।

ज्वर—रक्तस्राविक सड़न या प्रवृत्ति वाला सांघातिक ज्वर। मन्द पित्त स्वल्प विराम ज्वर। पीला ज्वर। रक्तमयी पसीना। मस्तिष्क-मेरुमज्जा प्रदाह ज्वर (साइक्यूटा, क्युप्रम० एसिटैनिलिडियम)।

चर्म—सूजन और बदरंग होना, चर्म तना और अनेक प्रकार के रंग वाला, तीव्र पीड़ा के साथ छालेदार मटियाला। सारे शरीर का पीला पड़ना। आधे दाहिनी भाग में शरीर के चर्म की अति सहिष्णुता। त्वचा पर बैंगनी दाग पड़ना। शरीर के सभी भाग से रक्तस्राव। खून, पसीना, बेवाई फटना, अंगुलबेड़ा। शवच्छेद घाव। रस दाने। जन्तु डसन। माता का टीका लगवाने के बाद निकले दाने। माता का टीका लगवाने का बुरा असर। लसिकावाहिनियों का प्रदाह और फोड़े। जहरबाद, और स्फोटक चारों तरफ बैंगनी रंग का, चकत्तेदार और शोथमय। विषव्रण। दर्द जो दाब से कम हो।

नींद—मुर्दों के स्वप्न। नींद में चिहुँकना। जम्हाई लेना। जागते समय गला घुटने की संवेदना।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : दाहिनी बरफ, खुली हवा, शाम और सुबह; बसन्त ऋतु में, गरमी के मौसम के आते ही, हर साल, जागने पर, तर और भींगा, झटका।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : बोथ्रोप्स नाजा (अधिक स्नायविकता) लैकेसिस (बायीं तरफ लक्षण अधिक) इलैप्स (कान प्रदाह और दाहिने फुफ्फुस के रोग में उत्तम है) कोटैलस कैसेबेला (मृत्यु का विचार और स्वप्न। स्वर यन्त्र का लकवा, अर्ध चेतना और कष्टप्रद साँस। एक चुम्बक की अवस्था उत्पन्न हो जाती है, आँखों के चारों तरफ कटन संवेदना)। (बंगेरस क्रेट—मेरुमज्जा प्रदाह)।

क्रियानाशक—लैकेसिस, एल्कोहल, प्रतिबिम्बित गरमी, कपूर।

मात्रा—३ से ६ शक्ति।

क्रोटन टिग्लियम (Croton Tiglium)

(क्रोटन ऑयल सीड)

दस्त, गरमी के मौसम की शिकायतें और चर्म रोगों की मूल्यवान औषधि। उपद्रव बारी-बारी हो सकते हैं। शरीर भर में कसापन। यह रसविष मारने की दवाओं में से एक है जैसा इसके विस्तृत और प्रबल चर्म तथा श्लैष्मिक झिल्ली सम्बन्धी प्रभाव से विदित होता है, जहाँ यह उत्तेजना और प्रदाह उत्पन्न करती है

और साथ में रसदानें और श्लैष्मिक स्राव भी रहता है। चेहरे के चर्म और बाहरी जननेन्द्रिय पर विशेष प्रभाव रखती है। गलनली में जलन।

सिर—माथे के दाब के साथ दर्द खासकर आँखों के घेरे में।

आँखें—पलकों में रोहे; पलक पर दानें। लाली और कच्चापन, पीछे की तरफ खींची मालूम पड़ें। चारों ओर दाने। दाहिनी आँख के घेरे के ऊपर तनाव-पीड़ा।

मल—अधिक पानी-सा मल, तेज इच्छा के साथ; मल सदा जोर से निकले और आँतों में गड़गड़ाहट, जरा भी पीने से अधिक हो या खाते समय मल त्यागने की लगातार इच्छा; तेजी से निकलना। आँतों में छुलकन।

मूत्र—रात को पेशाब झागदार, गहरा नारंगी रङ्ग का; रखने पर गँदला हो, सतह पर चिकने टुकड़े तैरते हों, दिन का पेशाब पीला हो और सफेद तलछट।

सीना—बायें सीने से पीठ तक खींच के साथ दर्द। (दमा, खाँसी के साथ, सीना फैला न सके। दूध पिलाने वाली स्त्रियों को बच्चे के दूध चूसने पर घुण्डी के पीछे की तरफ दर्द हो। स्तन सूजे हुए। तकिया पर सिर रखते ही खाँसी आये। उठना पड़े। गहरी साँस न ले पाए।

चर्म—कच्ची खाल से कसा मालूम पड़े घोर खुजली मगर खुजलाने से दर्द हो। दानेदार फरन, खासकर चेहरे और जननेन्द्रिय पर भयानक खुजली और बाद में जलन के साथ। रसदाने, मिले जुले रस स्राव। दानेदार विसर्पिका, बहुत खाज। मोटा दाद, चुभन, फरन में गड़न दर्द।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : जरा-सा खाने या पीने से, गरमी के मौसम में, छूने से, रात और सुबह को, धोने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : मोमोर्डिका कैरेन्शिया—हेयरी मोरडिका स्पष्ट तीव्र गुण है, शूल, मिचली, कै, हैजे के लक्षण, उदर तरल पदार्थ से भरा मालूम पड़े जो तेजी से निकले, पतला, पानी-सा पीला। अधिक प्यास। रसटॉक्स, एनैगैलिस, एनैकार्डियम, सीपिया।

क्रियानाशक : एन्टिम टार्ट०।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

क्युबेबा (Cubeba)

(क्युबेब्स)

साधारण तौर पर श्लैष्मिक झिल्लियाँ, मगर खास तौर पर मूत्र मार्ग की झिल्लियाँ इस दवा से प्रभावित होती हैं। स्नायविक कारण से घड़ी-घड़ी पेशाब करना। छोटी लड़कियों का प्रदर।

मूत्र—मूत्रमार्ग प्रदाह, श्लैष्मिक स्राव, खासकर औरतों में। पेशाब करने के बाद कटन, रुकावट के साथ। खून का पेशाब, मूत्र ग्रन्थि प्रदाह, गाढ़ा पीला स्राव। मूत्राशय प्रदाह।

श्वास-यन्त्र—नाक और गले का नजला, दूषित गंध और स्राव के साथ। नाक के भीतरी भाग से गले में श्लेष्मा टपके। गले का कच्चापन और आवाज भर्राई हो।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : क्युकरबिटा, कोपेवा पाइपर, मेथाइस्टिकम सैंडल।

मात्रा—२ और ३ शक्ति।

कुकुरविटा पेपो (Cucurbita pepo)

(पम्पकिन सीड)

खाने के बाद तुरन्त प्रचंड मिचली। गर्भावस्था की कै। समुद्री बीमारी और केंचुआ निकालने की अति उत्तम और बहुत कम हानि वाली औषधि है।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : फिलिक्स, क्युप्रम आक्स० निग०।

मात्रा—अरिष्ट : बीज, केंचुआ की मूल्यवान औषधि है। बीजों को भून लीजिये और बाहरी छिलका मुलायम होने पर छील डालिए तब भीतर का हरा गूदा उपयोग कीजिए। बीज की एक छटांक मात्रा जिसमें से आधी छटांक गूदी निकले। मलाई में मिलाकर खीर की तरह खाई जा सकती है। १२ घण्टे उपवास करने के बाद सुबह को खाइये और दो घण्टे बाद रेंड़ी का तेल पीजिए।

कुकुरबिटा सिट्रूलस (Cucurbita Citrulles)

(सीड्स ऑफ वाटर मैलन)

दर्द के साथ मूत्रस्खलन के लिए काढ़ा बनाकर जब रुकावट-सी मालूम पड़े और पीठ में दर्द हो।

क्युफिया (Cuphea)

(फ्लक्स वीड)

अनपचे खाने की कै। शिशु हैजा, अधिक तेजाबी हालत, अकसर, हरा, पानी-सा, तेजाबी मल। कूँथन और अधिक दर्द। तेज ज्वर, बेचैनी और अनिद्रा। कठोर कब्ज।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : इथूजा कोटो-पारा-कोटो बार्क—(आंत्रिक जुकाम, जीर्ण, अधिक, कमजोरी वाला दस्त और पेचिश। क्षय रोग और जीर्ण दस्त में शिथिलता लाने वाला पसीना)। टाइफा लैटिफोलिया-कैट-टेल फ्लैग (दस्त, पेचिश, शिशु हैजा। अरिष्ट और १ शक्ति)।

मात्रा—अरिष्ट ।

क्युप्रम एसेटिकम (Cuprum Aceticum)

(एसिटेट ऑफ कॉपर)

कफवात ज्वर, साथ में जलन और खाल उधड़ना, आक्षेपिक खाँसी, चिमड़ा श्लेष्मा, दम घुटने का भय। प्रसव वेदना जो देर तक चले। जीर्ण खुजली और कोढ़।

सिर—माथे में तेज टपकन और कोंचन दर्द। बायीं तरफ की भौं में पीड़ा। मस्तिष्क खाली जान पड़े। मुँह बाने और रोने की प्रवृत्ति। अचेत हो जाता है, ऊँची छत के कमरे में सिर घूमे। जबान बराबर बाहर-भीतर किया करे। (लैकेसिस)। स्नायुशूल, सिर में भारीपन के साथ, जलन, कड़क, कोंचन, कनपटी और माथे में।

चेहरा—अचेत मुर्दे जैसा चेहरा। गाल की हड्डी में, ऊपरी जबड़े में और दाहिने कान में स्नायुशूल। चबाने से, दाब से और सेंकने से कम।

आमाशय—आमाशय और उदर में घोर आक्षेपिक दर्द। चिकना, कत्थई दस्त। घोर कूँथन। हैजा।

श्वाँस-यन्त्र—उत्तेजित होने पर हृदयशूल के हमले। तीव्र आक्षेपिक खाँसी। छोटा, कठिन साँस। सीने की आक्षेपिक सिकुड़न। कष्टदायक साँस।

चर्म—कोढ़ ऐसे स्फोट, बिना खाज, शरीर भर पर, कई नाप के चकत्ते में।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : मासिक आवेग, छूना। घटना : चबाना, दाब, रात में रोगी के करवट लेटने पर, सेंकना।

सम्बन्ध—क्युप्रम मेटालिकम की तरह काम करती है लेकिन उससे अधिक तेज है।

मात्रा—३ से ६ विचूर्ण।

क्युप्रम आर्सेनिटम (Cuprum Arsenitum)

(आर्सेनाइट ऑफ कापर-शिल्स ग्रीन)

गुर्दों की कार्यमन्दता के कारण आए लक्षणों की औषधि, कई प्रकार के आंत्ररोग, शिशु और घातक हैजा, आन्त्र मलाशय शोथ, दस्त, पेचिश। इन्फ्लुएंजा और

थान्त्रिक ज्वर आमाशयिक-आंत्रिक विकार। मूत्र सम्बन्धी अकड़न मस्तिष्क शोथ के कारण सिर पीड़ा, चक्कर, अचेतना। गर्भावस्था में गुर्दा-प्रदाह। अकड़न, फिट के पहले आमाशय-आंत्रिक लक्षण। लड़कियों का हरा पाण्डु। वायुनलिका समूह का दमा और साथ में वायु कोषों का फैल जाना। पीबयुक्त हृद् अन्तर्वेष्ट-झिल्ली प्रदाह (रायल)। पीड़ाजनक वायु-संधि रोग, आन्त्रच्युति। प्रलाप और दिल धड़कन।

मुँह—जबान पर मोटा मैल, गन्दा, कत्थई, सफेद, कसैला स्वाद, प्यास। सूखा मुँह।

दिल—मलों के दूषित निस्सरण के कारण हृदय की चाल का बदल जाना।

उदर—आमाशय आन्त्र प्रदाह। घोर उदर पीड़ा। क्षय रोग में दस्त। हैजा (आर्सेनिक०, बैराइटा कैम्फ०) गड़गड़ाहट और तेज कटन दर्द। गहरे रङ्ग का तरल मल।

पीठ—कठोर लंगड़ापन। कटि प्रदेश में और बायें कन्धे के डैने के निचले भाग में दर्द, सीना कसा मालूम पड़े।

मूत्र—गुर्दों की क्रिया मन्द और मूत्रक्षार विकार। लहसुन की गन्ध। मधुमेह। गुरुत्वभार बढ़ा हुआ, मात्रा अधिक, एसीटोन और डायसेटिक तेजाब मिला हुआ।

पुरुष—अन्डकोष पर पसीना, बराबर नम और तर रहे। अण्डकोष पर फुड़िया। मूत्रमार्ग से सफेद मवादी स्राव, मूत्रमार्ग में कड़कन और जलन, मूत्र ग्रंथियों में दर्द, लिंग में दर्द।

हाथ-पाँव-पिण्डलियों में ऐंठन, आधी रात के बाद अधिक हो, केवल बिस्तर छोड़कर खड़े होने से कम हो। घाव; सड़न।

चर्म—बर्फीली ठंडक। पसीना, जब कि चर्म सूखा रहे। सविराम प्रवृत्ति का। ठंडक लसीला पसीना। चेहरे और पुट्ठों में मुँहासे और दाने, घाव। उपदंश के घाव ऐसे मालूम दें। सड़न घाव जहरबाद।

मात्रा—३ विचूर्ण।

क्युप्रम मेटेलिकम (Cuprum Metallicum)

(कॉपर)

आक्षेप, ऐंठन। अकड़न, हाथ और पैर की अंगुलियों से शुरू हो। तीव्र, सिकुड़न वाला और सविरामिक दर्द, कुछ विशेष प्रकार के क्युप्रम के लक्षण हैं, इसलिए इसके चिकित्सा क्षेत्र में बलवत् संकोचन और क्षणिक अकड़न और ढीलापन, आक्षेप

और मिर्गी के दौरे सभी आते हैं। भय के कारण पुट्ठों में खिंचाव आना। सभी औषधियों से अधिक मिचली। मिर्गी में सांकेतिक लक्षण। घुटनों से शुरू होता है और कौड़ी तक चढ़ता है। फिर अचेतन झाग बहना और गिर जाना। लक्षण सामयिक प्रवृत्ति रखते हैं, और कई लक्षण साथ-साथ रहते हैं। रोग बायीं तरफ से शुरू हो (लैकेसिस) केंचुआ। (कोलायडल क्युप्रम ३ x)।

जहाँ चर्म पर दाने उत्पन्न होते हैं जैसे अरुण ज्वर में ऐसे लक्षण पैदा हो सकते हैं जैसे अधिक कै, गशी, अकड़न जो इस औषधि के कार्यक्षेत्र में आते हैं। दर्द हरकत और स्पर्श से बढ़ते हैं।

सिर—स्थिर विचार, दुष्ट, कुढ़े। ऐसे शब्द बोलता है जो वह बोलना नहीं चाहता। भयभीत, सिर जैसे खाली है। सिर पर बैंगनी, लाल सूजन अकड़न के साथ। मस्तिष्क में और आँखों को घुमाने पर कुचले जाने जैसा दर्द। मस्तिष्क के पर्दों का प्रदाह। मालूम पड़े सिर पर पानी उड़ेला जा रहा हो। बहुत से रोगों के साथ-साथ चक्कर भी रहता है, सिर आगे सीने पर गिर जाता है।

आँखें—आँखों के ऊपर टीस, स्थिर, चमकीली; धँसी हुई, जगमगाती, ऊपर को उठी हुई। ऐंचा। आँखें बन्द रहने के साथ। तेजी से आँख घुमाना।

चेहरा—विकृत, पीला-नीला-सा होंठ नीले। जबड़ों का सिकुड़ना, मुँह झाग के साथ।

नाक—नाक में घोर संचयता का संवेदन (मेलिलोटस)।

मुँह—अधिक कसैला, चिकना स्वाद, लार बहने के साथ। जबान का साँप की तरह, बराबर बाहर-भीतर होना (लैकेसिस)। जबान का लकवा। हकलाना।

आमाशय—झटके के साथ हिचकी। मिचली। कै, बरफ का पानी पीने से कम हो, शूल, दस्त, झटके के साथ। तीखा। कसैला स्वाद (रसटक्स)। पीने से तरल पदार्थ गड़गड़ाहट की आवाज के साथ नीचे उतरता है। ठण्डी चीज पीना चाहे।

उदर—तना हुआ; गरम छूने से कोमल। सिकुड़ा हुआ। उदर का स्नायुशूल। शूल प्रचण्ड और सविरामिक। आँत का परस्पर उलझ जाना।

मल—काला, दर्द के साथ, खून मिला, ऐंठन और कमजोरी के साथ। हैजा, उदर में और पिण्डली में ऐंठन के साथ।

स्त्री—मासिक धर्म बहुत देर से हो, देर तक जारी रहे। ऐंठन सीने तक बढ़े, मासिक धर्म के पहले, पीछे या दबने से। पैर का पसीना दबने से भी (साइलीशिया) खून में उबाल आना; धड़कन। लड़कियों का हरा पाण्डु। प्रसवांतक पीड़ा।

दिल—हृदय शूल। मन्द नाड़ी या कड़ी, भारी और तेज। धड़कन, उत्सुकता और दर्द। चर्बीलापन (फाइटोलैक्का)।

श्वास-यन्त्र—खाँसी में गड़गड़ाहट की आवाज होती है, ठण्डा पसीने से कम हो। दम घुटने के हमले, ३ बजे सुबह अधिक हो (एमोनियम कार्बो०)। सीने में झटके और सिकुड़न, आक्षेपिक दमा और आक्षेपिक कै बारी-बारी से। कुकुर खाँसी, पानी पीने से कम हो, कै और झटके के साथ और बैगनी चेहरा। टेंटुआ में आक्षेप। साँस-कष्ट, कौड़ी में अशान्ति। मासिक-धर्म के पहले आक्षेपिक साँस-कष्ट। हृदयशूल, दमा लक्षण और ऐंठन के साथ। (क्लार्क)

अङ्ग—पेशियों में झटके। हाथों में ठण्डक। हथेलियों में ऐंठन। अंगों में बहुत कमजोरी। पिण्डलियों और तलवों में ऐंठन। मिर्गी, सुरसुरी घुटनों से शुरू हो। अँगूठे मुड़े हुए। क्षणिक खिंचाव हाथ और पैर की अँगुलियों में शुरू हो।

चर्म—नीला, संगमर्मर ऐसा दर्द। घाव, खाज, धब्बे और दाने जोड़ों की तह में। जीर्ण खुजली और कोढ़ (ह्यूज)।

नींद—गहरी, शरीर में झटके के साथ सोते में। उदर में लगातार गड़गड़ाहट।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : मासिक-धर्म के पहले, कै करने से, स्पर्श से।

घटना : पसीना के समय, ठण्डा पानी पीने से।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : बेलाडोना, हीपर, कैम्फोरा। ताम्बा, डल्कामारा, स्टैफिसैग्रिया, कोनियम आदि कुछ अन्य वनस्पतियों में भी पाया जाता है। किंग-क्रैब में भी (लिम्युलस)।

पूरक—कैल्केरिया।

तुलना कीजिए—क्युप्रम, सल्फ्युरिकम, (चाँद पर जलन, लगातार आक्षेपिक खाँसी, रात में अधिक, जबान और होंठ नीले, स्थानीय प्रयोग के लिए क्युप्रमस-ल्फ्यु०, १–३ प्र० श० घोल, बिना चीरने योग्य मांसार्बुद में)। कोलस टेरेपिना (झिल्लियों में और पैरों में ऐंठन, वात पीड़ा, ऐंठन के साथ)। प्लम्बम मेटा०, नक्स०, वेरेट्रम०, क्युप्रम ऑक्सिडेटम निग्रम, १ x (सभी प्रकार के केंचुए, फीता केंचुआ और अन्य कृमियों में, जोफी साहब के ६० साल के अनुभव के अनुसार।)

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

क्यूरारे-उरारी (Curare-Woorari)

(ऐरो पॉयजन)

बिना संवेदनीयता या चेतनता नष्ट किये हुए पेशियों का लकवा। साँस यन्त्र की पेशियों का लकवा। परावर्तित क्रिया की मन्दता। बुढ़ापे की कमजोरी (बैराइटा०)। और रस क्षीणता के कारण। शरीर अकड़ना। स्नायविक दौर्बल्य। हनुस्तम्भ। चालक

पेशियों के बाद मधुमेह। ऐड्रिनैलिन का स्राव कुरारे से कम हो जाता है। जिगर के कड़ा पड़ने के कारण पित्त की कै। मधुमेह ४ शक्ति (डा० बार्कहार्ड)।

मन—अनिश्चयता, स्वयं न सोचना चाहे और न काम करना चाहे।

सिर—सारे शरीर में कोंचन दर्द। सिर पीछे की तरफ खिंचा हो। बाल झड़ना। मस्तिष्क तरल पदार्थ से भरा मालूम हो।

आँखें—दाहिने आँख के ऊपर तेज अकड़न दर्द। काले धब्बे दिखाई देना। दाहिनी आँज का पलक लकवा से बन्द हो जाये।

कान—आवाजें असह्य; कान दर्द। कोंचन दर्द कानों से शुरू होकर टाँगों तक जाये। कानों की ललरी की सूजन।

नाक—पीनस रोग। नाक पर छोटी गुटिकाएँ, मवाद का घृणित ढोंका।

चेहरा—चेहरा और गाल के गड्ढों में लकवा। मुँह और जबान खिंची। चेहरा लाल। जीभ और मुँह दाहिनी तरफ खिंचा हो।

स्त्री—कष्टदायक मासिक स्राव। मासिक धर्म बहुत पहले, मासिक काल में शूल। सिर दर्द, गुदा दर्द। प्रदर गाढ़ा, मवादी, घृणित।

श्वास-यन्त्र—सो जाने पर साँस-यन्त्र के लकवाग्रस्त होने का भय। छोटी साँस। छोटी, सूखी खाँसी जो कै लाये, फिर गशी आए। दाब से सीने में दर्द। अति कष्टदायक कठिन-साँस।

अंग—रीढ़ के ऊपर-नीचे थकान दर्द। बाँहें कमजोर, भारी। अँगुलियों को न उठा सके। पियानो बजानेवालों की अँगुलियों और हाथों में कमजोरी। टाँगें काँपें, चलने से जवाब दे दें। दुर्बलता, पक्षाघात। अकड़न। मस्सों के बढ़ने में सहायता देता है। परावर्तित क्रिया का मन्द या लोप होना।

चर्म—कोढ़। मैला चर्म। फुन्सियाँ। नाक पर छोटे गोल अर्बुद। ताँबे के रंग के धब्बे। खुजली।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : नमी, ठण्डा मौसम, ठण्डी हवा, २ बजे सुबह, दाहिनी तरफ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : सिस्टिसिन (क्रियाशील स्नायु का लकवा); कोनिथम, कास्टिकम, क्रोटैलस, नक्स०। कुरेरो स्ट्रिकनीन का क्रियानाशक है।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

साइक्लैमैन (Cyclamen)

(सो-ब्रेड)

अधिक मात्रा में घोर ओकाई और कै होती है। पाचन-क्रिया की गड़बड़ी, अधिक नमकीन लार के साथ। रक्तहीनता और हरा रोग बाधाएँ। गर्भाशय के रोग।

पाकाशय-आन्त्रिक और जननेन्द्रिय मूत्र रोग ग्रस्त जिससे रक्तहीनता और कई तरह के परावर्तित रोग पैदा हों। अनिद्रा, उदासी और आलस : रात के समय सोते में खाँसी बिना जगाये, खासकर बच्चों में। (कैमोमिला, नाइट्रिक एसिड)।

सिर—अन्तर ध्वनि का प्रचण्ड भय। धर्मपालन की भूलों पर घोर सन्ताप। उदासी, अलग रहने की प्रबल इच्छा। सुबह को टीस, आँखों के सामने टिम-टिमाहट के साथ, कान में खुजली के साथ छींके आना। चक्कर, सब चीजें चक्कर खायें, कमरे में कम, खुली हवा में अधिक। एक ओर का सिर दर्द। अक्सर छींकना, कानों में खुजली के साथ।

आँखें—धुँधलापन, जागने पर अधिक, आँखों के सामने धब्बे के साथ कई रंग की टिमटिमाहट। केन्द्रित ऐंचापन। अगणित तारे देखना। दो चीजें देखना। पाकाशय विकार सम्बन्धी देखने की गड़बड़ी।

पेट—नमकीन स्वाद, हिचकी की तरह डकार, चर्बीली वस्तु खाने से बढ़े। प्रत्येक कॉफी के प्याले से दस्त हो, हिचकी। कुछ कौर खाने के बाद पूर्ण तृप्ति। मांस से घृणा खासकर सूअर के मांस से। लेमोनड पीने की इच्छा। सारे दिन प्यास न लगे।

मलाशय—गुदा और शरीर संधि स्थान क्षेत्र में दर्द, मानो कोई स्थान पक रहा हो, टहलने या बैठने पर कष्ट बढ़े

स्त्री—मासिक-धर्म अधिक, काला, झिल्लीदार, थक्केदार, समय के बहुत पहले, पीठ से विटपदेश तक प्रसवान्तक पीड़ा के साथ। चलने-फिरने से स्राव कम। अध-कपारी और अन्धापन या आँखों के सामने जलते धब्बों के साथ मासिक-धर्म की असामयिकता। गर्भावस्था में हिचकी। प्रसव के बाद स्राव, धँसन शूल के साथ, खून फलकने के बाद पीड़ा कम। मासिक धर्म के बाद स्तनों की सूजन और दूधिया स्राव।

अंग—उन स्थानों में दर्द जहाँ हड्डी चर्म के ठीक नीचे हो। एड़ी में जलन, चोटीला दर्द। दाहिने हाथ के अँगूठे और अंगुली की ऐंठन की तरह सिकुड़ना। अस्थिवेष्ट में दर्द। बेवाई फटना।

चर्म—युवा स्त्रियों के मुँहासे; योनि खाज, खुजलाने से और मासिक धर्म के दिखाई पड़ने से कम हो।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : खुली हवा, शाम को, बैठने से, खड़े होने से और ठंडे पानी से। घटना : मासिक-धर्म से, इधर-उधर चलने-फिरने फिरने से, मालिश से, गरम कमरे में, लेमोनेड से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : एब्राग्रिसिया, पल्सेटिला०, सिनकोना, फेरम फॉस, साइट्रस वल्गैरिस, चिनिनम आर्सेनि० ।

मात्रा—३ शक्ति ।

साइप्रिपेडियम (Cypripedium)

(यलो लेडीज स्लिपर)

चर्म लक्षण रस-विष दोष से मिलते हैं जिसको यह औषधि उत्तम रूप से नाश करती है । बच्चों में स्नायविकता, दाँत निकलने के कारण और आँतों के रोग से । गठिया के बाद दुर्बलता । जीर्ण दौर्बल्यजनक दस्त के कारण मस्तिष्क शोथ लक्षण । अनिद्रा । छोटे बच्चों में मस्तिष्क की असाधरण उत्तेजना के कारण अति मस्तिष्क संवेदनीयता ।

सिर—बच्चा रात में चिल्ला उठे, जाग जाता है और हँसने और बोलने लगता है । बूढ़े लोगों का वयःसंधिकालीन सिर दर्द ।

सम्बन्ध—अरिष्ट से ६ शक्ति तक । ओक विष के लिए अरिष्ट की ६–बूँद की एक खुराक, बाहर के लिए भी ।

डाफ्ने इण्डिका (Daphne Indica)

(स्पर्ज लारेल)

निम्न तन्तुओं पर, मांसपेशियों पर, हड्डी और चर्म पर काम करती है । शरीर के भिन्न-भिन्न भागों में एकाएक बिजली जैसे झटके । तम्बाकू की प्रबल इच्छा । पेट में जलन । शरीर के अंग अलग-अलग हुए जान पड़ें (बैप्टिशिया) साँस, मूत्र, पसीना दुर्गन्धित ।

सिर—जान पड़े की भेजा फट जायगा, मानो सिर शरीर से अलग है । सिर में गरमी, खासकर चाँद पर । जबान पर एक ही तरफ मैल । दुर्गन्धित, गरम लार ।

मूत्र—गाढ़ा, गँदला, पीला सड़े अण्डों की तरह ।

अंग—दाहिने पैर के अंगूठे में सूजन, दर्द । दर्द उदर की तरफ और दिल में झपटे । जाँघों और घुटनों में वात पीड़ा । चूतड़ में ठण्डापन । लपकन दर्द तेजी से जगह बदले, ठण्डी हवा से बढ़े ।

नींद—सोने से पूर्ण असमर्थता, कभी-कभी हड्डियों की टीस के कारण । भयानक स्वप्न के साथ । बिल्ली के स्वप्न, काली बिल्लियाँ । शीत और चर्म पसीजने के साथ सोते में चिहुँकना ।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : ब्रायो०, रस० ।

तुलना कीजिए : फ्लोरिक एसिड०, आरम मेटालि०, मेजेरियम, स्टेफिसैग्रियाँ ।

मात्रा—१ से ६ शक्ति ।

डिजिटैलिस (Digitalis)

(फॉक्सग्लोव)

सभी रोगों में काम आती है जहाँ मूल कारण हृदय दोष हो, जहाँ नाड़ी कमजोर, **क्रमभ्रष्ट, सविरामिक,** असाधारण मन्द और शरीर के बाहरी और भीतरी भागों में शोथ हो। **हृदय की पेशियों की कमजोरी और फैल जाना।** इसका बहुत बड़ा संकेत रक्त-यातायात की संतुलन-हीनता है और खासकर जब हृदय के ऊपरी खाने मांसपेशिक कम्प शुरू हो जाए। ओठँगने पर नाड़ी मन्द लेकिन बैठते ही क्रमहीन और दोहरी चाल। दिल के अलिंद में फड़फड़ाहट और मांसपेशी का कंपन, वात ज्वर के बाद। दिल में रुकावट, नाड़ी बहुत धीमी। दिल के अन्य यांत्रिक रोग, जैसे बहुत कमजोरी और शक्तिक्षीणता, गशी, चर्म का ठंडापन, क्रमहीन साँस, दिल की उत्तेजनीयता और नेत्र रोग तम्बाकू के सेवन के बाद। **जिगर के** कड़ापन और रोगात्मक वृद्धि के कारण कामला रोग, अक्सर डिजिटैलिस की पुकार करते हैं। हृदय रोग के साथ कामला रोग। मूर्च्छित मानो मर रहा हो। चेहरे का रंग **नीला।** हृदय पेशियों की **कार्यहीनता** जब संकुचन शक्ति कम हो जाये। हृदय पेशियों को सबल बनाती है, संकुचन चाप बढ़ाती है और उसका समय लम्बा करती है। जरा-सा जोर पड़ने से शिथिलता आए। पतनावस्था।

मन—निराश, भयभीत, आकुल भविष्य के लिए। ज्ञानेंद्रियों की मन्दता। सभी झटके पेट के अगले ऊपरी भाग में लगते हैं। विषण्णता, धीमी, सुस्त नाड़ी के साथ आलस्य।

सिर—टहलते समय और उठते ही चक्कर हृदय या जिगर रोग में। अगले भाग में तेज, चुभन दर्द जो नाक के भीतर तक बढ़े, ठंडा पानी पीने से या मलाई की बरफ खाने से। सिर का भारीपन, ऐसा लगे कि पीछे की तरफ गिर जायेगा। चेहरे का नीलापन। सिर में गड़बड़ी, भरापन और आवाजें। झपकी के समय पटपटाहट की आवाज। जबान और होंठ नीले।

आँखें—पलकों का नीलापन। काली वस्तुएँ जैसे मक्खी, आँखों के आगे दिखाई दें। हरे रंग का प्रत्यक्ष ज्ञान परिवर्तित हो। वस्तुयें हरी और पीली दिखाई दें। पुतली का फैलाना, पलक के किनारे लाल, सूजन, सुबह चिपकें। नेत्रपट का अलग होना। धुँधलापन, असमान पुतलियाँ; द्वि-दृष्टि

आमाशय—लगातार लार भरे रहने के साथ मीठा स्वाद। घोर मिचली कै करने से कम हो। गशी, पेट में बहुत कमजोरी। पेट में जलन; गलकोष तक बढ़े। ठंडे पानी या मलाई की बरफ खाने के बाद माथे में तेज दर्द नाक तक बढ़े। हरकत से गशी और कै। असुविधा, जरा-सा खाना खाने से या केवल देखने या सूँघने से। पेट के ऊपरी अगले भाग में कोमलपन, अधिक लार बहे। खाने में असम्बन्धित, पेट में स्नायुशूल।

उदर—बाईं तरफ दर्द, नीचे उतरनेवाली आड़ी मल नली में और नकली पसली में होना जान पड़े। तीव्र उदर पीड़ा, उदर की बड़ी रक्तधमनी में टपकन और कौड़ी की सिकुड़न। जिगर बढ़ा हुआ, दर्दीला चोटीला।

मल—सफेद खड़िया की तरह, राख ऐसा, लेईदार मल। कामला रोग में दस्त।

मूत्र—लगातार इच्छा, बूँद-बूँद, गहरा, गरम, जलता, मूत्राशय की गरदन में तेज कटन या टपकन दर्द के साथ, जैसे मूत्रमार्ग में कोई तिनका डाला और निकाला जा रहा हो, रात में अधिक हो। पेशाब दबना। एमोनिया की महक और गँदला। मूत्रमार्ग प्रदाह, लिंग पटल संकुचन, पेशाब रुकना। मूत्र-स्खलन के बाद भी भारीपन। सिकुड़न और जलन जैसे मार्ग बहुत छोटा हो गया हो। ईंट-बुकनी जैसी तलछट।

स्त्री—मासिक-धर्म के पहले पीठ और उदर में प्रसव ऐसा दर्द। गर्भाशयिक रक्त प्रवाह।

पुरुष—प्रत्येक रात में वीर्यस्खलन, मैथुन के बाद जननेन्द्रिय में घोर दुर्बलता के साथ। अण्डकोष वृद्धि, थैली का ब्लैडर की तरह बढ़ना। प्रमेह, लिंग-मुण्ड की सूजन (मर्कुरियस०)। पटल के शोथ के साथ। जननेन्द्रिय में जल आना (सल्फर), मूत्र-ग्रंथि का बढ़ना।

श्वास-यन्त्र—लम्बी साँस लेने की इच्छा। साँस अक्रमिक, कठिन गहरी आहें भरना। सीने में कच्चापन, दर्द के साथ खाँसी। मीठा बलगम। बूढ़ों का फुफ्फुस प्रदाह। सीने में बहुत कमजोरी। कष्टदायक साँस, लगातार लम्बी साँस लेने की इच्छा, फुफ्फुस दबे जान पड़ें। जीर्ण वायु-नलिका समूह का प्रदाह, फुफ्फुस का मंद रक्त संचार, खूनी बलगम हृदय की पेशियों की कमजोरी के कारण। बात करना सहन न करे। दिल की कमजोरी के साथ। खून मिला बलगम।

दिल—जरा भी हिलने से घोर धड़कन पैदा होती है और ऐसा लगता है कि जरा और हिले पर दिल की गति रुक जायगी (विपरीत : जेल्सीमियम), अकसर दिल में चिलकन : अक्रमिक गति खासकर ढकनों के रोग में। बहुत धीमी नाड़ी। रुक-रुककर चले, कमजोर गति। नीला रोग। असमान नाड़ी, चाल बदला करे।

एकाएक ऐसा लगे की दिल रुक गया। नाड़ी कमजोर और जरा-सी हरकत से तेज हो। दिल की खोलवाली झिल्ली का प्रदाह, अधिक पानी-सा स्राव। दिल फैला, थका, क्रमभ्रष्ट, धीमी और कमजोर नाड़ी के साथ पेशियों का ढीलापन फैलने के साथ। ज्वर के बाद दिल की क्रमहीनता। दिल का शोथ।

अंग—पैरों में सूजन। अंगुलियाँ सरलता से सुन्न हो जायें। हाथों और पैरों का ठण्डापन। जोड़ों में वात दर्द। जोड़ों की सफेद चमकदार सूजन। पेशियाँ कमजोर। रात में अंगुलियों की सूजन, टाँगों में ऐसा लगे कि लाल तपता हुआ तार एकाएक उनमें से घुसा दिया गया है (डजियन)।

नींद – सोते में घबराकर चौंक पड़े कि वह बहुत ऊँचाई पर से गिर रहा है। लगातार निद्रालुता।

ज्वर—गरमी की एकाएक लहर, बाद में घोर स्नायु दुर्बलता।

चर्म—अरुणिमा, गहरे लाल, पीठ में अधिक, छोटी माता जैसी। पलकों, कानों, होंठों और जबान पर नीली उभरी शिरायें। शोथ। खाज और पीलापन।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : सोने; बैठने पर भोजन और संगीत के बाद। घटना : खाली पेट, खुली हवा में।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : कैम्फोर, सर्पेण्टेरिया। बेमेल : चायना।

तुलना कीजिये – नेरियम ओडोरम (हृदय पर के प्रभाव के लिए डिजिटैलिस की तरह), मगर स्ट्रिक्निया की तरह मेरुदण्ड पर भी काम करती है। झटके अधिकतर ऊपरी भाग में। धड़कन, कमजोर दिल इससे शक्तिवान होगा। (हनुस्तम्भ), ऐडोनिया, क्रेटेगस (एक सच्चा हृदय शक्तिवर्द्धक) कैल्मिया : स्पाइजेलिया; लिया-ट्रिस स्पाइकेटा। और भी तुलना कीजिए : डिडिटॉक्सिनम (डिजिटैलिस को क्लोरोफार्म में मिलाकर जिनमें पीली आँखें अधिक स्पष्ट होती हैं और कष्टदायक मिचली, शैम्पेन से या गैस वाले पानी से रोग बढ़े), नाइट्रि-स्पिरिटस-डलसिस डिजिटैलिस के प्रभाव को अधिक करती है। इक्थियोटॉक्सिन—ईल सीरम—(प्रयोग से मालूम होता है कि सीरम में और वाइपेरा के विषय में बहुत समानता है। इस अवस्था में सांकेतिक होता है जब दिल का सिकुड़ना फैलना कम हो जाये, ढकनों का काम क्रमानुसार न हो, अलिन्द के मांसपेशिक कम्पन के कारण नाड़ी क्रमहीन। हृदय में रक्तचाप की मन्दता, धीमी, तेज, अक्रमिक नाड़ी, साँस कष्ट और थोड़ा पेशाब। जिगर बढ़ा हुआ, साँस कष्ट, मूत्र में ऐल्बुमिन जाना। शोथ न हो) कानवैलेरिया (चक्कर और पाचन दोष के साथ हृदय रोग) क्विनिडिन—आइसोमेरिक मेथॉक्सिल योग—(अलिंदकम्पन की अवस्था साधारण क्रम उत्पन्न करती है। अकसर डिजिटैलिस के बाद उसकी सहायता करती है। ३ ग्रेन की मात्रा में दो खुराक, हर तीन घण्टे पर

यदि सिन्कोनिज्म के लक्षण न पैदा हों, तो प्रत्येक खुराक ६ ग्रेन की दिन में ४ बार। सी० हारलैन वेल्स), दौरे के साथ हृदय की गति में तीव्रता। कम से कम कुछ दिन के लिए हृदय गति को साधारण करती है, ढकनों के दोष में लाभकारी है।

मात्रा—होमियोपैथिक लक्षण संकेत की अवस्था में ३ से ३० शक्ति प्रभावित सिद्ध होगी, मगर शान्तिप्रद प्रभाव के लिए स्थूल मात्रा में उपयोग करना आवश्यक है। इसके लिए ताजे पौधे से अरिष्ट बनाकर ५ से २० बूँद की मात्रा में देना चाहिए। जब हृदय को शक्ति देने की आवश्यकता हो या १½ प्र० श० का काढ़ा। मात्रा ½ से १ औंस तक पेशाब बढ़ाने के लिए। अरिष्ट चीनी या रोटी पर दिया जा सकता है और उसके देने से पहले या बाद २० मिनट तक कोई तरल वस्तु नहीं देनी चाहिए। पत्तियों की बुकनी ½ से २ ग्रेन तक कोष के अन्दर रखकर। डिजिटौक्सिन १/२५० ग्रेन। डिजिटैलिस का कोई भी योग दिया जाये मगर जब नाड़ी की गति ८० चोटें हो जाये और प्रायः साधारण हृदय गति हो जाये उस समय मात्रा कम कर देनी चाहिये। ऐसी अवस्था में अगर मूत्र की मात्रा एकाएक कम हो जाये तो मात्रा को आधा या उससे भी कम कर देना अच्छा नियम है।

डायस्कोरिया विलोसा (*Dioscorea Villosa*)

(वाइल्ड यैम)

कई तरह के दर्द के लिए, खासकर शूल और उदर व पेड़ू के तीव्र पीड़ाजनक रोग के लिए यह औषधि वर्णन में सर्वोच्च स्थान रखती है। मन्द पाचन-क्रिया के लोग, चाय पीनेवालों को अधिक अफरा। पित्तपथरी शूल।

मन—चीजों को गलत नाम से पुकारता है।

सिर—दोनों कनपटियों में धीमा दर्द, दाब से कम, लेकिन बाद में बढ़े। सिर में भनभनाहट।

पेट—सुबह को मुँह सूखा और कड़वा; जबान पर मैल, प्यास न हो। अधिक मात्रा में दूषित वायु की डकार। पेट का स्नायुशूल। **तलपेट में धँसव। मुँह में पानी। सीना-अस्थि से होकर बाहों तक दर्द।** खट्टी, कड़वी डकार के साथ **हिचकी**। कौड़ी प्रदेश में तेज दर्द, सीधा खड़ा होने से कम हो।

उदर—तेजी से दर्द दूसरे भाग से चला जाये; **दूर-दूर के स्थानों में जाये जैसे हाथ और पैर की अँगुलियों में।** अधिक हवा खुलने के साथ गड़गड़ाहट। तलपेट में चुभन, कटन और साथ में पेट तथा छोटी आँतों में सविराम फटन। शूल, इधर-उधर टहलने पर कम हो, दर्द उदर से पीठ, सीना, बाहों में फैले; आगे झुकने से और लेटे रहने से अधिक हो। जिगर से तेज दर्द दाहिने स्तन घुण्डी तक झपटे। पित्त-

कोष से सीने, पीठ और बाहों में दर्द जाए। वृक्क शूल, हाथ-पाँव तक दर्द फैल जाये। पाखाना तेजी से लगे।

दिल—हृदय शूल; वक्षास्थि के पीछे बाहों में, कठिन श्वास, हृदय गति मन्द। खासकर अफरा के साथ सीने के आर-पार दर्द और कसापन।

मलाशय—जिगर में चिलकन दर्द के साथ बवासीर, मस्से अंगूर या लाल मकोय के गुच्छों की तरह दिखाई दें, मलत्याग के बाद बाहर निकलें और गुदा में दर्द हो। दस्त (सुबह को अधिक) पीला, बाद में थकावट, मानो वायु और मल गरम है।

पुरुष—जननेन्द्रिय का ढीलापन और ठंडापन। वृक्क प्रदेश से अण्डकोषों में दर्द झपटे। अण्डकोष और विटप देश पर तेज गन्ध वाला पसीना। नींद में धातु स्खलन या काम-दुर्बलता से, घुटनों में कमजोरी के साथ।

स्त्री—गर्भाशय शूल, दर्द गर्भाशय से चारों तरफ फैले। स्पष्ट स्वप्न।

श्वास-यन्त्र—वक्षास्थि भर में कसावट मालूम पड़े। साँस लेने पर सीना पूरा-पूरा फूलता मालूम न दे। लघु साँस।

अंग—पीठ में लँगड़ापन, झुकने से बढ़े। जोड़ों में टीस और तनाव। अधिक स्नायुशूल, दर्द जाँघ के नीचे झपटे, दाहिनी तरफ अधिक, पूर्ण शान्त रहने से कम रहे। अंगुलबेड़ा, शुरू में, जब कोचन हो। नाखून भुरभुरे। हाथ, पैर की अँगुलियों के मोड़ों में ऐंठन।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना :** शाम और रात में लेटने पर और घुटने मोड़ कर दोहरा होने से। **घटना :** सीधा खड़ा होने से, खुली हवा में, हरकत से, दाब से।

सम्बन्ध—**क्रियानाशक :** कैमोमिला, कैम्फोरा।

तुलना कीजिए : कोलोसिंथ (घटने-बढ़ने में अन्तर है।) नक्स०, कैमोमिला, ब्रायोनिया।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

डिओस्मा लिंकैरिस (Diosma Lincaris)

(बूकू-केप ऑफ गुडहोप से प्राप्त)

रोग-तत्व के अनुसार यह औंघाई, स्नायविक, अनिद्रा, रात पसीना उत्पन्न करती है। चंचल पीड़ा, बदमिजाजी के साथ, रुदन इच्छा या रोगभय। घोर चक्कर। सिर दर्द, मुख्यतः अगले भाग में फैलकर पीछे जाये। आँखें चमकीली, जलस्राव या खुजली के साथ, वे अवस्थायें जो एक प्रकार की बुद्धिहीनता के साथ आएँ। ऊँचा सुनना या कान के चापाधिक्य के कारण शोर सुनाई देना। मटियाला चेहरा, बिखरे हुए लाल दाने। मिचली, दुर्गन्धित साँस खालीपन के संवेदना के साथ। आध्मान

संवेदन; तिल्ली में गड़न दर्द के साथ। उदर में दर्दीलापन विटप दाब के साथ–कपड़े की दाब भी असह्य हो जाती है, गहरे रंग का खूनी पेशाब। अक्सर पीला दस्त, रात में अधिक। मासिक स्राव अधिक, आभासित, कभी-कभी बहुत अधिक खाने के बाद ऐंठन दर्द। हाथों में गरमी या ठंडक का संवेदन अंगुलियों में ऐंठन की हरकत, टाँगों में कमजोरी, बैठने से कम हो।

चिकित्सा के सम्बन्ध में यह तत्व मस्तिष्क रोग में जहाँ बुद्धिमन्द या मूर्च्छा भी हो, लाभदायक होना चाहिए। अकड़न या मिर्गी के दौरे, मूर्च्छा वायु रोग में, जिगर प्रदाह में (ढीलापन या चुचुकन), खूनी पेशाब में जहाँ डिम्बाशय का गर्भाशय विकार हो।

तिल्ली प्रदाह में जहाँ यह सियानोथस से अधिक लाभदायक है। स्नायविक या एकान्तवासी लोगों में मानसिक व्याधियाँ, खासकर जहाँ मृत्यु-भय बराबर बना रहे या कामवासना या आत्महत्या के हमले हों। पाकाशय शूल। पाकाशय-आन्त्रिक प्रदाह, अकस्मात भय, टाँगों में कम्प और कमजोरी के साथ। (डॉ० सी० लियल ला रॉटा)।

डिफ्थेरिनम (Diphtherinum)

(पोटेंण्टाइज्ड डिफ्थेरिटिक वाइरस)

ऐसे रोगियों के लिए अनुकूल है जिनमें साँस-यन्त्र के नजले की प्रवृत्ति है। कण्ठमालिक व्यक्ति। झिल्ली प्रदाह, स्वरयन्त्र झिल्ली प्रदाह, झिल्ली प्रदाह के बाद लकवा। आरम्भ से ही भयानक अवस्था। ग्रन्थियाँ सूजी हुई, जिह्वा लाल और सूजी हुई, साँस और स्राव घृणित। रोगग्रस्त झिल्लियाँ मोटी गहरे रङ्ग की। नकसीर; घोर शिथिलता। निगलने में कष्ट न हो, मगर तरल पदार्थ कै हो जाये या नाक की राह वापस आये।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : डिफथेरोटॉक्सिन (कैहिस) (जीर्ण वायुनलिका समूह प्रदाह खड़खड़ाहट के साथ। कारटियर के सुझाओं के अनुसार वृद्ध लोगों के पक्षाघातिक प्रकार की वायुनली-भुज प्रदाह में या फ्लू, ज्वर के बाद दूषित वायुनली भुज प्रदाह में)।

मात्रा—३०, २०० या सी० एम० शक्ति। अकसर दोहराना नहीं चाहिए।

डोलिकोस पुरियन्स (Dolichos puriens-Mucuna)

(काउहेज)

दाहिनी तरफ की दवा जब जिगर और चर्म लक्षण स्पष्ट हों। शरीर भर में बिना दानों के तीव्र खुजली। स्नायविक उत्तेजना अधिक। वृद्धावस्था की खुजली। बवासीर के दोष।

गला—गले में दर्द, निगलने से बढ़े, जबड़े दाहिने कोण के नीचे मानो कोई खपच्ची ऊपर से नीचे कसी है। मसूड़ों का दर्द नींद में रुकावट करे।

उदर—पैर भींगने से उदर शूल हो। अत्यन्त खुजली के साथ कब्ज, उदर फूले। सफेद मल। जिगर की सूजन। जलन के साथ बवासीर।

चर्म—अत्यन्त खुजली, बिना सूजन या दानों के; कन्धों के आर-पार अधिक, केहुनी के पास, घुटनों पर, और बाल वाले स्थान पर। कामला रोग। पीले धब्बे, रात में खासकर खुजली। मोटा दाद (आर्सेनिक)

घटना-बढ़ना—बढ़ना : रात में, खुजलाने पर, दाहिनी तरफ।

संबंध—तुलना कीजिए : रसटॉक्स; बेलाडोना हीपर, नाइट्रिक एसिड, फैगोपाइरम।

मात्रा—६ शक्ति। बवासीर में अरिष्ट, बूँदों की मात्रा में।

डॉरिफोरा (Doryphora)

(कोलोरैडो पोटैटो-बग)

इस पदार्थ के कार्य का केन्द्र मूत्रेन्द्रियों में जान पड़ता है और इसीलिए इसका उपयोग सुजाक और जीर्ण सुजाकी स्राव में होता है। मूत्र-मार्ग प्रदाह बच्चों में किसी स्थानीय उत्तेजना के कारण और जीर्ण स्राव में होता है। अंगों, हाथ-पैरों में घोर कम्प। पतनावस्था। शरीर सूजन। जलन की संवेदना।

मूत्र—कठिन मूत्र-स्खलन। मूत्र मार्ग सूजा हुआ, मूत्र-स्खलन के समय कोंचन दर्द। पीठ और कमर में दर्द। हाथ-पैरों में कम्प।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : स्ट्रैमोनियम।

तुलना कीजिए—एगेरिकस०, एपिसमेलिफिका, कैन्थेरिस, लैकेसिस, कोकेन।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

डुबोइसिया (Duboisia)

(सनडिउ)

विशेष रूप से साँस यन्त्रों पर काम करती है और हैनीमैन ने हूप खाँसी की इसे मुख्य औषधि बताया था। ड्रोसेरा क्षय रोग के आक्रमण को रोकने की शारीरिक शक्ति को कम करती है। इसलिए उसको बढ़ाने के लिए उपयोग में लाना चाहिये। (डॉ० टेलर) स्वर-यन्त्र के क्षय रोग में इससे लाभ होता है। फुफ्फुस का तपेदिक।

खाँसी में खाने की कै, पाकाशयिक उत्तेजना और अधिक बलगम के साथ। कटि-संधि के आप-पास दर्द। क्षयग्रस्त ग्रंथियाँ।

सिर—खुली हवा में टहलते समय चक्कर आना और बायीं तरफ गिरने की सम्भावना। चेहरे की बायीं तरफ का ठंडापन और दाहिने आधे भाग में गड़न, दर्द और सूखी गरमी।

पेट—मिचली। तेजाबी वस्तु से घृणा और कष्ट बढ़ना।

श्वास-यन्त्र—आक्षेपिक, सूखी उत्तेजनीय खाँसी कुकुर खाँसी की तरह, एक के बाद दूसरा दौरा जल्दी-जल्दी आवे, मुश्किल से साँस ले सके, दम घुटे, खाँसी, बहुत गहरी और आवाज भर्राई हुई, आधी रात के बाद बढ़े, पीला बलगम नाक से और मुँह से खून निकले, ओकाई। गहरी, फटी खाँसी, आवाज फटी-फटी, स्वर-यन्त्र प्रदाह। गले के भीतर और कोमल तालु में खुरखुराहट, खुरचन की संवेदना। ऐसा लगे कि गले में रोटी के टुकड़े अटके हैं या स्वर-यन्त्र में भरे हुए हों। स्वर-यन्त्र का क्षय रोग, तीव्र दुबलापन। बच्चों में कष्टदायक खाँसी, दिन भर बिलकुल न उठे, मगर रात में तकिये पर सिर रखते ही शुरू हो। पादरी लोगों का गला बैठना, गले के भीतर गहराई में खुरखुराहट, खुर्चन, सूखापन के साथ, आवाज भारी, गहरी बिना स्वर के, खड़-खड़ाती बोलने में जोर पड़े। बोलने से दमा का हमला, प्रत्येक शब्द बोलने से गले में सिकुड़न हो।

अंग—उरु-संधि उर्वस्थि और जाँघों में लकवा दर्द। पैरों के जोड़ों में तनाव। सभी अंग लँगड़े मालूम पड़ें। बिस्तर बहुत कड़ा लगे।

ज्वर—आन्तरिक शीत, कम्प, चेहरा गरम, हाथ ठण्डे, बिना प्यास। सदा बहुत ठण्डक लगे बिस्तर में भी।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : आधी रात के बाद, लेटने पर, बिस्तर की गरमी से, पीने से, हँसने से।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : कैम्फोरा।

तुलना—कीजिए : क्लोरोफार्म (पानी में २ प्र० श० घोल २-४ बूँद दौरे के बाद कुकुर खाँसी के लिए अक्सीर समझी जाती है) ओवेबेन केरिसा शिम्परी की पत्तियों से निकला हुआ नीर विष (साँस में झटके, कुकुर खाँसी आरम्भिक अवस्था में जल्द अच्छी होती है और उसके दौरे में देर लगती है और स्वास्थ्य जल्दी ठीक होता है)।

चेलिडोनियम, कोरैलियम, कुप्रम, कैस्टेनिया, आर्जेटम, मेनिएन्थस।

मात्रा—१ से १२ शक्ति।

ड्रोसेरा (Drosera)

(कार्कउड एल्म)

विशेषकर स्नायुमण्डल, आँख ऊपरी साँस मार्ग पर काम करती है। गलकोष प्रदाह में काला तारदार श्लेष्मा की अवस्था में हितकर बताई गई है। यह पुतली को फैलाती है; मुँह को सुखाती है, पसीना रोकती है, सिर दर्द और ओकाई पैदा करती है। आँखों पर यह एट्रोपिया की अपेक्षा तेजी से असर करती है, पुतली फैलाने में अधिक शक्तिशाली है।

आँखों के आगे लाल धब्बे तैरते दीख पड़ते हैं। खाली जगह में पैर रखने की संवेदना। पीले चेहरे के साथ चक्कर आना जो पाकाशयिक विकारी न हो। अरुण ज्वर, कम्पवात। वहिःनिःसृत चक्षु गोलक तथा हृत्स्पन्दन के साथ गलगण्ड में आराम देती है।

मन—अन्यमनस्क, असम्बद्ध, मतिहीन और निरर्थक, स्मृति मन्द।

सिर—आँख आना, तीव्र और जीर्ण, पुतली का फैल जाना। संविधान का लकवा। चक्षुपट में रक्त संचयता, संविधानिक क्रिया की दुर्बलता के साथ, तलदेश लाल, रक्त नलिकाएँ भरी और रुकी हुईं, पुतली फैली हुई, धुँधलापन के साथ। आँख के ऊपर दर्द, उनके और भौं के बीच में।

श्वास-यन्त्र—स्वर-यन्त्र सूखा, आवाज भारी। उच्चारण कठिन। सूखी खाँसी, दबी साँस के साथ।

अंग—अङ्ग शक्तिहीन, लड़खड़ाना, मालूम पड़े कि खाली जगह में पैर पड़ गया हो। कम्प, सुन्नपन, कमजोरी।

सम्बन्ध—इससे मस्कैरिन से विरोध है। डुबोइसिन सल्फेट १–१०० ग्रेन पागलपन में शांतिप्रद है। दिन में २–४ मिलिग्राम। हिस्टीरियायुक्त मिर्गी। पागलों की शारीरिक अशान्ति। एट्रोपिया की जगह पर काम में लाई गयी है। मात्रा २–१० ग्रेन सूई द्वारा।

क्रियानाशक : मार्फिया, पिलौकार्पस।

तुलना कीजिए : बेलाडोना० स्ट्रैमोनियम, हायोसायमस।

मात्रा—३ से १२ शक्ति।

डल्कामारा (Dulcamara)

(बिटर स्वीट)

गरमी के मौसम का अन्तिम काल जब दिन में गरमी रहे और रात में ठंडा रहे, डल्कामारा के प्रभाव के अनुकूल समय है और यह उन औषधियों में से एक है जो

तर मौसम के परिणाम में उपयोगी होती है, भीगने के बाद आया जुकाम, खासकर दस्त होना। इसका विशेष सम्बन्ध चर्म, ग्रन्थियों और पाचन यन्त्रों से है, श्लैष्मिक झिल्लियाँ अधिक स्राविक हों जब कि चर्म कर्महीन हो। वात व्याधियाँ जो नमी से उत्पन्न हों, प्रत्येक ठण्डक के आक्रमण से बढ़ती हैं और हिलने-डोलने से कुछ आराम मिलता है। ठण्डी, तर जमीन पर बैठने का दुष्प्रभाव। बर्फीली ठण्डक। एक बगल झटका, बोली बन्द के साथ। किसी एक भाग का लकवा। रक्त संचित, सिर दर्द, स्नायुशूल और सूजी नाक के साथ। वे लोग जो नम जगह में रहते या काम करते हैं (नैट्रमसल्फ्युरिकम)। हाथों, बाहों या चेहरे पर मासिक काल के लगभग दाने।

सिर—मानसिक गड़बड़ी। पिछले भाग का दर्द जो गरदन की जगह से उठे। बातचीत करने से सिर दर्द कम हो। माँगी हुई चीज अस्वीकार करना। ठण्डे मौसम में सिर के पिछले भाग में शीत, भारी टीस। खाल पर दर्द। पपड़ीदार फरन, मोटा कत्थई खुरण्ड, खुजलाने पर खून बहे। सिर में भिनभिनाहट।

नाक—सूखा जुकाम। नाक का पूर्ण रूप से बन्द होना। पानी बरसने पर भारी जान पड़े। मोटा, पीला श्लेष्मा, खूनी खुरण्ड। अधिक स्राव, नाक को गरम रखना चाहे, जरा-सी ठंडक से नाक बन्द हो जाये। नवजात बच्चे का जुकाम।

आँखें—जब भी जुकाम होता है वह आँखों में ठहरता है। गाढ़ा, पीला स्राव रोहेदार पलक। फ्लू, अधिक पानी-सा स्राव, खुली हवा में अधिक।

कान—कान दर्द, भिनभिनाहट, चिलक, कर्णमूल सूजन। बिचले कान का जुकाम (मर्कुरियस डल्कामारा, कैली म्यूर)।

चेहरा—गालों से फटन जो कान, आँख का घेरा और जबड़ों तक बढ़े, पहले इन भागों का ठण्डापन और कुकुर भूख। चेहरे और गालों पर प्रायः तर फरन।

मुँह—लार चिमड़ी साबुन जैसी। सूखी, खुरदरी जबान, गले में खुरदरी छिलन जो तर मौसम में सर्दी लगने से हो। होठों पर घाव। चेहरे का स्नायुशूल, जरा-सा ठण्डक लगने से बढ़े।

पेट—सफेद, चिमड़े श्लैष्मिक की कै। भोजन से घृणा। ठंडी चीज पीने की प्यास, जलन। गला में जलन। भोजन की इच्छा के साथ मिचली। कै करते समय शीत।

उदर—ठण्डक से शूल। नाभि प्रदेश में तुरत काम करती है। नाभि के आस-पास कटन दर्द। पुट्ठे की ग्रन्थियों में सूजन। (मर्क्युरियस)।

मल—हरा, पानी-सा चिकना, खूनी; श्लैष्मिक मल, खासकर गरमी के दिनों में, जब मौसम एकाएक ठंडा हो जाये, तरी से ठंडा मौसम और चर्म फरन दबने से।

मूत्र—शीत के समय पेशाब करना आवश्यक। रुकावट, दर्दीला पेशाब। सर्दी लगने से मूत्राशय का नजला। मूत्र की तलछट गाढ़ी, श्लैष्मिक, मवादी। ठण्डे पानी में नंगे पैर चलने पर मूत्रावरोध।

स्त्री—ठंडक या तरी में मासिक धर्म का रुकना। मासिक-धर्म दिखाई देने के पहले, शरीर पर दाने निकलते हैं, या काम-उत्तेजना होती है। कष्टदायक मासिक-धर्म, शरीर भर पर चकत्ते, स्तन भरे और दर्दीले, कोमल, ठण्डक असह्य।

साँस-यन्त्र—खाँसी ठण्डे, तर मौसम में अधिक हो, बलगम सरल, स्वर-यन्त्र में गुदगुदी। खाँसी, फटी, दौरे वाली। कुकुर खाँसी अधिक श्लेष्मा के साथ। जाड़े की खाँसी, सूखी, कष्टदायक। साँस कष्ट के साथ दमा। ढीली, खड़खड़ी खाँसी; तर मौसम में अधिक। देर तक खाँसना पड़े। बलगम निकालने के लिए। परिश्रम के बाद खाँसी।

पीठ—गरदन तनी। पिठासे में दर्द जैसे देर तक झुका हो; ठण्डा लगे और तर मौसम से भींगने पर गरदन और कन्धों के आर-पार तनाव और लँगड़ापन।

अङ्ग—पक्षाघात, लकवाग्रस्त अंग बरफ की तरह ठन्डा मालूम हो। हाथों पर मस्से। हथेलियों पर पसीना। नरहर की हड्डी में दर्द, वात दर्द और दस्त बारी-बारी से। तीव्र चर्म रोग के लक्षण।

चर्म—ग्रन्थिप्रदाह: तीव्र खुजली, ठण्डे, तर मौसम में सदा अधिक हो। मोटा दाद, दूषित अण्डाकार स्फोट। ठण्डक से ग्रन्थियों की सूजन और कड़ापन। रसदार दाने। उत्तेजनीय रक्तस्राविक घाव। छोटी फुन्सियाँ। लाल चकत्ते, जुलपित्ती, ठंड लगने से या पेट की तेजाबी अवस्था से उत्पन्न हो। चेहरे पर, जननेन्द्रिय और हाथों इत्यादि पर तर फरन। मस्से बड़े, चिकने, बहरे। हथेली पर। सर्वाङ्ग शोथ। मोटी, पीली कत्थई खुरण्ड, खुजलाने से खून बहे।

ज्वर—शरीर भर में सूखी जलन-गरमी। शाम के लगभग सर्दी, पीठ में अधिक। बरफीली ठण्डक, दर्द के साथ। सूखी गरम और चर्म में जलन, सर्दी, प्यास के साथ।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: रात में साधारणतया ठंडक से तर बरसाती मौसम में। घटना—इधर-उधर टहलने; बाहरी गरमी से।

सम्बन्ध—क्रियानाशक: कैम्फार, क्युप्रम।

पूरक—बेराइटा कार्ब।

बेमेल—बेलाडोना, लैकेसिस।

तुलना कीजिए: **पिम्पिनली**—(बिबरनेल)—साँस-यन्त्र की श्लैष्मिक झिल्लियाँ बाहरी हवा सहन न करें, सिर के पीछे और गरदन की जड़ में दर्द और ठण्डक। सारा शरीर कमजोर, सिर में भारीपन और औंघाई, कटिवात और गरदन में तनाव,

गरदन की जड़ से कन्धों तक दर्द, गनगनी। रसटक्स, सिमिसिफ्युगा, कैल्केरिया कार्ब, पल्से०, ब्रायो०, नेट्रम सल्फ्युरिकम।

मात्रा—२ से ३० शक्ति।

एचिनेसिया (Echinacea Ruebeckia)

(पर्पुल कोन—फ्लावर)

हम इस औषधि के रक्त-दोष निवारण प्रभाव के लिए सर्वोत्तम ग्रहण सिद्धान्त के ऋणी हैं। तीव्र स्वर-संक्रमण। रक्त-दोष के लक्षण, सब प्रकार की दूषित अवस्थायें। मोतीझरा ज्वर का अतिसार। सुजाक। फुड़िया। विसर्प और घृणित घाव। गलित घाव। वहिःनिःसृत चक्षुगोलक तथा हृद्स्पन्दन लक्षण के साथ गलगण्ड। पूरी मात्रा में और ५-१० बूँद गलग्रन्थि में इन्जेक्शन लगाना। जीर्ण और अर्ध जीर्ण रोगी में सांघातिक कर्कट रोग की अन्तिम अवस्था, दर्द कम करने के लिए। पशु विष संक्रमण। मस्तिष्क मेरुदण्ड झिल्ली प्रदाह। प्रसव सम्बन्धी संक्रमण। थकावट। बवासीर। रसदाने। उपान्त्र पर काम करती है इसलिए उपान्त्र प्रदाह में लाभदायक है, लेकिन याद रखिये कि इससे मवाद बनता है और जीर्ण उपान्त्र प्रदाह की मवादी अवस्था में वह इससे जल्दी ही फट जायगी। लसिका वाहिनियों का प्रदाह, कुचलन; चोट। साँप काटना और साधारण जन्तु-दंश और डसन। घृणित स्राव, दुबलापन और कमजोरी के साथ।

सिर—गड़बड़ी, उदासी। चेहरे में, गरदन तक खून दौड़ने के साथ सामयिक टीस, चक्कर और घोर पतनावस्था।

नाक—दुर्गन्धित स्राव, झिल्लियों का बढ़ना, बाहर निकलना। पिछले भाग का जुकाम, घाव, घृणित स्राव। नाक भरी मालूम दे। दाहिना नथना कच्चा और खून बहना।

मुँह—चिपटे घाव, मसूढ़े पीछे हटे हुए और खून बहना, किनारे की ओर होंठ फटना, जबान सूखी और फूली हुई, चकत्ते जैसे घाव, मैली, कत्थई। जबान, गला, होंठ में टपक, दिल के आसपास भय के साथ (एकोनाइट)। जबान पर सफेद मैल, किनारे लाल। लार बहना बढ़ाती है।

गला—तालुमूल बैंगनी या काले रंग का, भूरा स्राव जो नाक के पिछले भाग और वायु मार्ग तक बढ़े। घाव वाला गला प्रदाह।

पेट—खट्टी डकार और गला जलना। मिचली, लेटने से कम।

सीना—सीना और सीना पंजर के नीचे ढोका संवेदना के कारण दर्द, वक्ष पेशियों में दर्द (एरिस्टीलोचिया)।

पेशाब—एल्ब्यूमेन भरा, थोड़ा, अकसर अनैच्छिक।

स्त्री – प्रसव सम्बन्धी रक्त-दोष, स्राव दबे, उदर कोमल और दबा हुआ, घृणित काटने वाला प्रदर।

अंग—अंगों में टीस और सुस्ती सारे शरीर में।

चर्म—बार-बार फुन्सियाँ निकलना। जहरबाद। तन्तु डसन और विषैले पौधों से चर्म उत्तेजना। लसिकावाहिनी का बढ़ना। नरहर की हड्डी के पुराने घाव। गलित घाव।

ज्वर—मिचली के साथ गनगनी। सारी पीठ पर गरम लहरें। मलेरिया ज्वर।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : सेनक्रिस, कोण्टोरट्रिक्स; बोथ्रोप्स; आर्सेनिक; लैकेसिस; बैप्टि०; रस०; सिस्टस, हीपर; कैलेण्डुला।

मात्रा—अरिष्ट १ से १० बूँद हर दो घण्टे पर और इसमें अधिक मात्रा भी। बाहरी, स्थानीय प्रयोग, साफ करने और कीटाणुनाशक के काम के लिए।

इलैप्स कोरैलिनस (Elaps Corallinus)

(कोरैल स्नेक)

अन्य सर्प-विषों के समान। काले स्राव स्पष्ट रूप से विदित होते हैं। ठण्डी चीजें हानिकारक। मीठा मक्खन निकाला दूध पीने की इच्छा। मिचली और कै। क्षय रोग सम्बन्धी शिथिल करने वाला दस्त। पेट में तेजाबी हालत, मूर्च्छा जैसी संवेदना। पेट में एकाएक दर्द। गल-नली में झटके, गल-कोष सिकुड़ा हुआ, खाना और पीना एकाएक रुक जाये फिर भारी चीज की तरह पेट में गिरे। झटकों के बाद आंशिक लकवा। पेट में ठण्डापन। फल और बरफ का पानी ठण्डी हालत में पेट में पड़ा रहे। दाहिनी तरफ का लकवा। झूला की तरह हिलना आवश्यक। वात प्रवृत्ति। कान, नाक और गले का लक्षण विशेष ध्यान देने योग्य।

मन—उदास, किसी दूसरे को बात करते सुनने की कल्पना। अकेले रहने का भय। पानी बरसने का भय। बोल सके मगर बोली न समझे। गशी का भय।

सिर—तीव्र सिर दर्द, माथे से पिछले भाग तक बढ़े; पहले एक आँख फिर दूसरी आँख पर। कानों में दर्द। चक्कर, आगे गिरने की सम्भावना। माथे में बोझ और दर्द। सिर में भरापन।

आँख—प्रकाश से घृणा, पढ़ते समय अक्षर एक दूसरे में मिल जायें। आँखों के आगे पर्दा जैसा। पलकों में जलन। सुबह को आँखों के चारो ओर फूलन। आँखों के आगे आग का धब्बा दिखाई दे।

कान—मैल काला, कड़ा, ऊँचा सुनाई देने के साथ या पानी-सा, हरियाली वाला घृणित स्राव; भिनभिनाहट और सुनने का भ्रम। एकाएक रात को बहरापन का हमला, गरजन और पटपटाहट के साथ; निगलने पर कानों में चुरचुराहट। कानों में असह्य खुजली।

नाक—नाक का जीर्ण जुकाम, घृणित गंध और हरी पपड़ी के साथ। पीनस रोग, पीला-हरा स्राव। श्लैष्मिक झिल्ली चुचकी, नथुने ठसे और श्लेष्मा सूखा। निगलने पर नाक से कान तक दर्द। नाक का ऊपरी भाग बन्द। नाक से खून बहना। नाक की जड़ में दर्द। नाक के आसपास फरन।

गला—गल-नली की पिछली दीवार पर मोटी, अति घृणित सूखी, हरी, पीली खुरण्ड और अति दुर्गन्धित साँस। गलनली में झटके के साथ सिकुड़न, पतली चीज भी रुक जाये।

सीना—पीने के बाद सीने में ठंडापन। फुफ्फुस से रक्तस्राव, काला स्याही जैसा और पानी-सा, दाहिने फुफ्फुस के सिर पर चिलकन। झुकने से मूर्च्छा। ऊपर चढ़ने से साँस में कष्ट। हथेली और अंगुलियों की खाल उधड़ना। फुफ्फुस के आरपार तीव्र पीड़ा के साथ खाँसी, दाहिनी तरफ अधिक और काला, खूनी बलगम। गलकोष में स्पंज धरा जैसा मालूम हो।

पेट—ठण्डा लगे। ऐसा मालूम दे कि भोजन निगलते ही कार्क निकालने वाले पेंच की तरह हो गया हो। मीठे, मक्खन निकाले दूध पीने की इच्छा। हर कौर के बाद तेजाबीपन।

स्त्री—कष्टप्रद मासिक धर्म, काले खून के साथ। दो मासिक काल के बीच वाले समय में काला खून बहना। योनि घुण्डी और योनि की खाज।

नींद—मरे हुए लोगों का स्वप्न देखना।

चर्म—बगल का चर्म और ग्रन्थियाँ रोगग्रस्त, दाद के साथ खुजली। अंगुलियों के सिरों की खाल उघड़े। काँखों में खुजली वाली फरन।

अंग—पैर बरफ जैसे ठंडे। पैरों पर रस भरे दाने। हाथ, बाँह सूज कर नीले रंग के हो जायें। घुटनों के जोड़ मोच खाये जैसे लगें। नाखूनों के नीचे चुभन।

ज्वर—सारे शरीर पर ठण्डा पसीना। मोती झरा ज्वर जब घाव तन्तुओं के भीतर तक पहुँच कर उनको नष्ट करने लगे और काला खून निकलने लगे।

घटना-बढ़ना—बढ़ना; फल खाने से, ठण्डी चीज पीने से, तर मौसम में।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : किनो-टेरोजार्पस से (थूक से और आँतों से खून जाना)। युक्लिपटस रोस्ट्रेटा (दाहिने कान से घृणित, काला स्राव) क्रोटैलस, एलुमेन, कार्बोबेज, आर्सेनिक, लैकेसिस।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

एलैटेरियम-एक्बैलियम (Elaterium Ecbalium)

(स्क्विरटिंग क्युकम्बर)

यह प्रचण्ड दस्त और कै की एक अमूल्य औषधि है खासकर जब यह दोनों अधिक मात्रा में पानी जैसे हों। यह शोथ रोग के कुछ प्रकारों में अति लाभदायक दवा है। अधिक जम्हाई और अँगड़ाई। बेरी-बेरी, हैजे के लक्षण, मलेरिया के दब जाने के कारण जुलपित्ती और मानसिक विकार। रात के समय घर से बाहर इधर-उधर घूमने की प्रबल इच्छा, तर मौसम के प्रभाव।

पेट—बहुत कमजोरी के साथ मिचली और कै। आँतों में चुभन दर्द।

मल—पनीला, अधिक तेजी से। छरछराहट वाला दस्त, झागदार गहरा हरा, उदर में कटन के साथ।

अंग—हाथ की अंगुलियों और अंगूठों में, घुटनों में, पैर की अंगुलियों में और भीतरी भाग में तीखा दर्द। पैर के अँगूठों में गठिया जैसा दर्द। दर्द अङ्गों के नीचे तक बढ़े; सन्धि में दर्द, दस्त के साथ। जोड़ों में गाँठें और सूजन।

चर्म—तेज दर्द, बींधन, जलन। शोथमयी। सविराम ज्वर के दब जाने से जुल-पित्ती उभरना। नारंगी का चर्म।

ज्वर—जम्हाई और अँगड़ाई के साथ शीत, जो पूरे शीत काल तक रहे। अंगों में दर्द जो अंगुलियों तक लपके। शीत ज्वर, छरछराहट वाले दस्त के साथ।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : तर जमीन की ठंडक लगने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : ब्रायो०, क्रोटन०, गैम्बोजिया।

मात्रा—३ से ३० शक्ति। शोथ रोग में जलस्राव बढ़ाने के लिए, एलैटेरिन ½ ग्रेन। केवल कष्ट कम करता है।

इओसिन (Eosin)

कर्कट रोग, अनेक प्रकार के सन्धि प्रदाह की दवा। डा० बी० सी० उडबरी ने शक्तिनिर्माण सिद्ध किया। लक्षणों का संक्षिप्त विवरण :—

जलन—हाथों और पैरों के नीचे और तलवों में।

खुजली और लाली घुटनों की टोपी में।

लाली—हथेलियों में।

लाली, जलन और सुन्न होना जबान का।

अधिक लम्बे होने की विचित्र संवेदना और चक्कर आने की संभावना।

जलन—शरीर के अनेक भागों के चर्म में।

खुजलाने पर जगह बदलना, खुजलाने से कम।

मात्रा—२ दशमलवीय शक्ति (१ प्र० श० सोल्यूशन)

एपिजिया रेपेंस (Epigea Repens)

(ट्रेलिंग क्षारबुटस)

मूत्रकृच्छ्र के साथ जीर्ण मूत्राशय प्रदाह, मूत्र स्खलन के बाद कूँथन; श्लैष्मिक मवाद, और यूरिक अम्ल की तलछट, पथरी, मूत्र-नलिकाओं में पथरी। पेशाब में कत्थई रंग का महीन बालू। पेशाब करते समय मूत्राशय की गरदन में जलन और पेशाब करने के बाद कूँथन। मूत्र-पिण्ड के आवरण का प्रदाह, पेशाब रुकना। आँतों में कड़कड़ाहट और गड़गड़ाहट।

सम्बन्ध-तुलना कीजिए : इयुबा, चिमाफिला, लाइकोपोडियम, पेरीरा। एपिजिया में आरब्युटिन होता है और फॉरमिक एसिड भी।

मात्रा—अरिष्ट की ५ बूँद हर तीन घण्टे पर।

एपिफेगस-ओरोबैंशे (Epiphegus-Orobanche)

(बीच ड्राप)

अस्वस्थ स्नायु; दौर्बल्यग्रस्त और स्नायविक सिर दर्द, खासकर स्त्रियों में जो अत्यधिक परिश्रम, बाजार करने इत्यादि से पैदा हो। जबान पर पीला मैल, कड़वा स्वाद। भोजन के बाद औंघाई। ढीला मल। जरायु की अल्प वृद्धि, कष्टप्रद मासिक धर्म और रक्त-संचयता के साथ।

सिर—बाहर के भीतर की तरफ कनपटियों में दाब दर्द, बायीं तरफ अधिक। लसिका लार, थूकने की लगातार इच्छा। अस्वस्थ सिर दर्द जो मामूली कामों के अतिरिक्त अन्य काम करने से पैदा हो। शारीरिक या मानसिक थकावट के कारण सिर दर्द जिसके पहले भूख लगे।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : खुली हवा में काम करने से घटना : सोने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : आइरिस; मेलिलोटस; सैंग्विनेरिया, फेगस—बीच नट्स—(सिर दर्द और लार बहना, मुँह का सूजना, पानी से भय)।

मात्रा—१ से ३० शक्ति।

इक्विसेटम (Equisetum)

(स्काउरिंग रश)

मूत्राशय पर मुख्य प्रभाव । अनेक बार मूत्रस्खलन और मूत्रकृच्छ्र की औषधि ।

मूत्र—मूत्राशय में अधिक टीस और भरापन का संवेदन, मूत्र-स्खलन से कम न हो । घड़ी-घड़ी तीव्र पीड़ा के साथ पेशाब लगना जो पेशाब खतम होते-होते उठे । पेशाब बूँद-बूँद टपके । पेशाब करते समय मूत्राशय में तेज जलन, कटन, दर्द ।

बच्चों में, पेशाब करते समय स्वप्न या रात्रि-भय के साथ पेशाब रुकना । वृद्ध स्त्रियों में अनैच्छिक मलत्याग के साथ भी पेशाब रुकना । पेशाब में अधिक श्लेष्मा । मूत्र में ऐल्बुमेन । अनैच्छिक मूत्र-स्खलन ।

गुर्दे—दाहिने गुर्दे में गहराई तक जो उदर से निचले भाग तक बढ़े और साथ में तेज पेशाब लगे । दाहिना कटि प्रदेश दर्दीला ।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : दाहिनी तरफ, हरकत, दाब, स्पर्श, बैठना, घटना : तीसरे पहर लेटने से ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : हाइडरैंजिया, फेरम फॉस, एपिस मेलिफिका, कैंथेरिस, लिनैरिया, चिमाफिला अम्बेलाटा । एक्विसेटम में विशेष मात्रा में सिलिका होती है ।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति । चाय के चम्मच के बराबर काढ़ा या अरिष्ट गरम पानी में घोलकर मूत्र मार्ग के कष्ट, पथरी, मूत्रकृच्छ्र को कम करने में लाभदायक होता है, इसके अतिरिक्त फुफ्फुस प्रदाह के स्राव और शोथ को घटाने के लिए भी ।

एरेक्थाइटेस (Erechthites)

(फायर वीड)

एक रक्त प्रवाहक औषधि । चमकीले खून की नकसीर । किसी भाग से रक्तस्राव, खासकर फुफ्फुस से सदा रक्त संचालन की उत्तेजना के साथ । गरमी और ठण्डक के दौरे । थोड़ा पेशाब, अंगों का शोथ ।

चर्म—रसटक्स विष आक्रमण की तरह लक्षण ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एरिजेरन, मिलेफोलियम; हेमामेलिस, रसटॉक्स ।

मात्रा—अरिष्ट । ओक विष के लिए बाहरी प्रयोग ।

एरिजेरन-लेप्टिलॉन कैनाडेंसे
(Erigeron Leptilon Candense)
(फ्ली वेन)

इस औषधि से रक्तस्राव उत्पन्न होते हैं और अच्छे होते हैं। मूत्राशय से लगातार रक्तस्राव। दर्दीले मूत्र-स्खलन के साथ गर्भाशय से रक्तस्राव। अधिक चटक लाल खून। बायें डिम्बाशय और कूल्हा में दर्द। जीर्ण सुजाक, मूत्र-स्खलन में जलन के साथ जीर्ण सुजाक। पेट का तनाव।

स्त्री—गर्भाशय से अप्राकृतिक रक्त स्राव, साथ में मलाशय और मूत्राशय में उत्तेजना और गर्भाशय का बाहर निकलना। चमदार लाल खून। अतिरजः, अधिक प्रदर, खूनी प्रसव स्राव जरा सी हरकत से शुरू हो, फलक कर निकले, दो मासिक-धर्म के बीच में मूत्र-यन्त्र की उत्तेजना के साथ प्रदर। गर्भिणी स्त्री जिनका गर्भाशय कमजोर हो, जरा-से परिश्रम पर खूनी स्राव। खून बवासीर, मासिक धर्म की जगह नकसीर (ब्रायो०)।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : बायीं तरफ।

सम्बन्ध—टेरेबिन्थिना इसके समान है।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति। एरिजेरन का तेल १x पेट के तनाव के लिए; आंतरिक व्यवहार। तेल का एक ड्राम एक अण्डे के और एक पाइण्ड दूध के साथ मिलाकर एनिमा देने से घोर पेट तनाव कम होगा।

एरियोडिक्टयोन (Eriodictyon)
(एर्बा सैण्टा)

दमा और वायु-नलिका समूह के रोगों की औषधि। श्वास-नलीय क्षय रोग, रात पसीना और दुबलापन। दमा, बगलम निकलने से कम हो। इन्फ्लुएंजा के बाद खाँसी। फुफ्फुस की थैलियों में रसस्राव को सुखाने में मदद देती है। भूख कम, पाचन दुर्बल। कुकुर खाँसी।

सिर—चक्कर, नशा जैसा मालूम हो। दाब बाहर की तरफ, कनपटियों में अधिक। कानों में दर्द। जुकाम। गले में जलन। सुबह को मुँह में दुर्गन्ध। चक्कर और छींक के साथ जुकाम।

श्वास-यन्त्र—आवाज के साथ साँस, दमा के साथ जुकाम और श्लैष्मिक स्राव। दाहिने फुफ्फुस का धीमा दर्द। गले में जलन। जीर्ण श्वास नलिका प्रदाह; श्वास नलिका क्षय रोग, साथ में अधिक, आसानी से निकलने वाला स्राव जिससे कुछ आराम मिले।

पुरुष—अण्डकोषों में चोटीलापन, खींच, दाब सहन न कर सके, हल्के सहारे से अच्छा रहे।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : ग्रिडेलिया, एरैलिया रेसिमोसा, युकैलिपटस; इपिकाक।

मात्रा—अरिष्ट २ से २० बूँद की मात्रा और शक्तियाँ भी।

एरिंजियम ऐक्वैटिकम (Eryngium Aquaticum)

(बटन स्नेक रूट)

मूत्र रोग की दवा। मूत्रकृच्छ्र इत्यादि, अधिक स्नायविक कामोत्तेजना के साथ गाढ़ा पीला श्लेष्मा का स्राव। इन्फ्लुएंजा। पसीने में मूत्र के अम्ल का निकलना, शाम को मूत्र की महँक का पसीना हो।

श्वास-यन्त्र—रुकावट की संवेदना के साथ खाँसी। गले और स्वर-यन्त्र में कड़क।

मूत्र—मूत्राशय और गर्भाशय की कूँथन। कठिन और घड़ी-घड़ी पेशाब लगना। विटप देश के पीछे दर्द। आक्षेपिक रुकावट। वृक्कशूल (पैरीरा, एसिड, कैल्केरिया) गुर्दों की सूजन; पीठ में धीमा दर्द के साथ, जो मूत्र मार्ग और अंगों तक नीचे उतरे। उत्तेजनीय मूत्राशय जो मूत्र-ग्रन्थियों के बढ़ने या गर्भाशय के दाब से उत्पन्न हो।

पुरुष—ग्रन्थि रस का निकलना, जरा-सी वजह से। बिना लिंगोत्तेजना के वीर्य निकलना अति सुस्ती के साथ (डायस्कोरिया विलोसा, कैनाबिस०, फासफोरिक एसिड)।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : कोनियम, डायस्कोरिया०, ओसिमम०, क्लेमैटिस इरेक्टा।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

एसकौल्जिया कौलिफोर्निका (Eschscholtzia Californica)

(कैलिफोर्निया पॉपी)

जानवरों पर प्रयोग करने से यह मालूम हुआ कि इसका असर मॉरफिन से अधिक होता है जो इस पौधे में पाई जाती है। इससे सर्व कमजोरी पैदा होती है। निद्रालुता, साँस तेज, अंगों का पूर्ण लकवा। रक्त-संचालन क्रिया का धीमा पड़ना।

नींद लाने वाली औषधि जो और कोई नुकसान नहीं करती। अरिष्ट ही व्यवहार करें।

युकैलिप्टस ग्लोब्युलस (Eucalyptus Globulus)

(ब्लु गम-ट्री)

युकैलिप्टस एक शक्तिशाली कीटाणुनाशक और निम्न प्रकार के जीवधारी कीड़ों को नाश करनेवाली है, एक शक्ति-वर्द्धक स्राव निस्सारक और उत्तम पसीना लानेवाली है। कमजोर करनेवाली मंदाग्नि, पाकाशयिक और आंत्रिक नजला। एक ऐसी औषधि जो जुकामी अवस्थाओं पर, मलेरिया और आँतों के विकार पर स्पष्ट रूप से प्रभाव रखती है। इन्फ्लुएन्जा। बार-बार वापस आने वाला ज्वर। पेशाब बढ़ाती है और मूत्र क्षार को अधिक करती है। रक्त-स्राव, आन्तरिक और स्थानीय (हैमामेलिस) आन्त्रिक ज्वर। शिथिलता और रक्त-दोष के लक्षण। वायु मार्ग की श्लैष्मिक झिल्ली के विकार, प्रजनन-मूत्र यन्त्रों के रोग, पाकाशयिक आन्त्रिक मार्ग के विकार। खाने के कई घण्टों के बाद पेट और ऊपरी आँतों में दर्द के साथ पाकाशयिक आंत्रिक उत्तेजना।

सिर—प्रफुल्लता। व्यायाम की इच्छा। धीमा, रक्ताधिक्यजनित और दर्द। जुकाम, गले में खारिश। आँखों का तीव्र दर्द और जलन।

नाक—ठसापन का संवेदन, पतला, पानी-सा जुकाम, नाक बहना बन्द न हो, नाक के पुल के आर-पार कसावट। जीर्ण जुकाम, मवादी और घृणित स्राव। बहु-छिद्रास्थि और अग्र छिद्र के विकार।

गला—ढीलापन, मुँह और गले की घाव वाली अवस्था। जलन, भरापन, गले में लगातार बलगम की संवेदना। बढ़ा हुआ और घाववाला तालुमूल और सूजा गला (अरिष्ट का स्थानीय प्रयोग करें)।

पेट—मन्द पाचन। अधिक घृणित वायु। कौड़ी धमनी में टपकन के साथ धड़कन और कार्यहीनता का संवेदन। कौड़ी प्रदेश में और ऊपरी उदर में दर्द, खाने से कम। पेट का कठिन रोग, खून और खट्टे पानी की कै के साथ।

उदर—तीव्र दस्त। आँतों में टीस और दस्त की सम्भावना के साथ। पेचिश, गुदा में गरमी के साथ, कूँथन, रक्त-स्राव। दस्त—पतला मल, पानी-सा, तेज दर्द के बाद। मोतीझरा ज्वर का दस्त।

मूत्र—तीव्र गुर्दा प्रदाह, इन्फ्लुएन्जा के बीच में गड़बड़ी करे। खून का पेशाब। गुर्दों की पकन-सूजन। पेशाब में मवाद हो और क्षार कम हो। मूत्राशय में स्खलन शक्ति की कमी। जलन और कूँथन, मूत्राशय का जुकाम, अधिक पेशाब होना, मूत्रमार्ग में जलन। जहरबाद। आक्षेपिक पेशाब, नली की सिकुड़न, सूजाक।

श्वास-यन्त्र—अधिक साँस कष्ट और दिल की धड़कन के साथ दमा रोग। तर दमा। बलगम सफेद, गाढ़ा। वृद्ध लोगों का वायु नलिका प्रदाह। वायु नलिकाओं

से अधिक स्राव (बैल्सम पेरूवियेनम)। घृणित श्लैष्मिक मवाद। स्राव की अधिकता। उत्तेजनीय खाँसी। सूखे बच्चों की कुकुर खाँसी। वायु-नलिका प्रदाह की दूषित अवस्था, उनका फैलना और वायुस्फीति।

स्त्री—तीखा, घृणित प्रदर। मूत्रमार्ग के मुँह पर घाव।

अंग—वात दर्द, रात में अधिक या टहलने और कोई चीज उठाकर ले जाने से। तना, थका संवेदन। चुभन संवेदन, बाद में दर्दीली टीस। कलाई और अँगुलियों के बीच की हड्डी की जोड़ों में और पैर के तलवों के ऊपर वाले भाग की हड्डियों पर कड़ी गुठलियाँ।

चर्म—ग्रन्थियों का बढ़ना और जोड़ों पर गुठलियाँ। घृणित और मन्द घाव। दाद जैसी फरन।

ज्वर—तापाधिक्य। लगातार और आन्त्रिक ज्वर। अरुण ज्वर, रक्षक और स्वास्थ्यप्रद स्रावों की दूषित प्रवृत्ति, ऊँचा ताप, तेज लेकिन कमजोर नाड़ी। अरिष्ट का व्यवहार करें।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : **आयल ऑफ युकैलिप्टस**—विचित्र स्पष्ट शारीरिक शिथिलता उत्पन्न करती है, किसी हरकत की इच्छा न होना, कोई मानसिक कार्य विशेष न कर सके, पढ़ना इत्यादि। दूसरे टर्पेस की तरह इसका उड़ने वाले तेल में पानी की हवा और सूर्य की रोशनी में हाइड्रोजन-ऑक्साइड में परिवर्तित करने और ओषजन को ओजोन में परिवर्तित करने का गुण होता है, यही इसके गन्ध हरण और कीटाणुनाशक गुणों का कारण बताया जाता है (मैरेल)। लगाने या बाहरी उपयोग में जुकामी व्याधि में जब खास कर पकन अवस्था उपस्थित हो। **युकैलिप्टस टेरेटिकोरिस** (मासिक कालीन खाँसी और शिथिलता)। **युकैलिप्टोल** (कुनैन से बढ़कर स्वस्थ शरीर का ताप कम करती है, गुर्दों पर टेरेबिथ की तरह काम करती है) **एनाकार्डियम औरियेण्टेलि, हाइड्रैस्टि०, कैलि सल्फ**। **युकैलिप्टस स्ट्रिकनाइन** के बुरे असर को मारता है। **एञ्जोफोरा**—रेड गम (पेचिश, दर्द, कूँथन, चेहरे के बल पर लेटने कम, कठोर कब्ज) **युकैलिप्टस रीसट्राटा काइनो**।

मात्रा—अरिष्ट की १ बूँद से २० बूँद और नीचे की शक्तियाँ। ऑयल ऑफ युकैलिप्टस ५ बूँद की खुराक में।

युजेनिया जैम्बोस (Eugenia Jambos)

(रोज ऐपल)

युजेनिया एल्कोहल की तरह नशा पैदा करती है। सभी चीजें बड़ी और सुन्दर दिखाई देती हैं, कौतूहल जल्द ही उदासी में बदल जाता है। मुँहासे सादे और

कड़े। दानों के चारों तरफ कुछ दूर तक दर्द हो। गुलाबी मुँहासे। मिचली, धूम्रपान से कम। काले मस्से।

सिर—सिर दर्द जैसे कोई तख्ता दाहिनी तरफ रक्खा हो, बकवादी। गरमी। जल आँखों से बहना।

अंग—तलवों में हर रात को ऐंठन (कूप्रम मेटा० जिंजिबर)। पैर की अंगुलियों से पास खुजली और उनके बीच में दरारें। नाखूनों से चर्म का पीछे हटना, मवाद बहना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : युजेनिया चेकन-माइर्टस चेकन—(जीर्ण वायु नलिका प्रदाह); ऐंटिम टार्ट, बर्बेरिस, एक्वि फोलियम।

युओनाइमस एट्रोपरप्यूरिया
(Euonymus atropurpurea)
(बाहू—वर्निङ्ग बुश)

साँवले रङ्ग वाली स्त्रियाँ इस दवा से जल्द प्रभावित होती हैं, इससे सिर दर्द, मानसिक गड़बड़ी, जिगर और गुर्दा प्रदेश में बहुत कष्ट पैदा हो जाता है; मूत्र में ऐल्ब्युमिन आना; अधकपारी। जिगर में बन्द रक्ताधिक्य और कार्यमन्दता, पेट और आँतों की जीर्ण जुकामी अवस्थायें। कमजोर दिल। जीर्ण वात रोग और गठिया।

मन—मानसिक गड़बड़ी, आशाहीन, चिड़चिड़ापन, स्मरण शक्तिहीनता, जाने हुए नाम भी याद न कर सके।

सिर—अगले भाग में भारीपन, दर्द। चोटीलापन, थकावट, सिर चर्म में कुचलन ऐसी संवेदना। दाहिनी आँख पर दर्द जो सिर से होकर पीछे को जाये, पित्त का सिर दर्द, जबान मैलदार, स्वाद खराब, कब्ज, चक्कर, धुँधलापन और अन-पच, मूत्र के ऐल्बुमिनाधिक्य से सम्बन्धित हो। भौं के ऊपर सिर दर्द।

पेट—मुँह सूखा, लसीला स्वाद, प्यास, पेट में भारीपन और असुविधा।

उदर—वादी भरा और दर्द। गुदा में दर्द और जलन। बवासीर और तेज पीठ दर्द के साथ कब्ज। दस्त, बदलने वाला मल अधिक, खूनी। नाभि क्षेत्र में दर्द।

मूत्र—पेशाब थोड़ा, गहरा रङ्ग, अधिक क्षारीय तेजी से बहे।

पीठ—कन्धों के बीच में और गुर्दों व तिल्ली के आसपास धीमा दर्द, कटि प्रदेश में दर्द, लेटने से कम हो।

अंग—सभी जोड़ों में दर्द खासकर टखनों में। पैर सूजे हुए और थके मालूम पड़ें।

घटना-बढ़ना—बढ़ना—ठंडी हवा के झोंके से और दाब से कम हो। शाम को बढ़े।

संबंध—युओनाइमस युरोपिया—स्पिंडल-ट्री (जिगर विकार, पित्ताक्रमण, कटि वात, पाकाशयिक विकार, साथ में पेशाब में ऐल्बुमेन अधिक जाना। गालों की हड्डियों, जबान में, लिंग में, मूत्राशय तक कटन दर्द)। पोलोफाइम; एमोनियम प्रिकेटम, चेलिडोनियम मेजस, युओनाइमिन १x विचूर्ण (मूत्र में अंडे की सफेदी ऐसी वस्तु का जाना)।

मात्रा—अरिष्ट और नीची शक्तियाँ

युपैटोरियम एरोमेटिकम (Eupatorium Aromaticum)

(पूल-रूट)

प्रचण्ड स्नायविक उत्तेजना, बेचैनी और रोगग्रस्त जागरण, मूर्च्छा वायु और ताण्डव रोग। मन्द ज्वर, घोर बेचैनी के साथ। चिमटे घाव वाले रोग। स्तन घुण्डी दर्दीली, बच्चों का मुँह दर्दीला, पित्त की कै करना, दर्द, सिर दर्द और ज्वर।

सम्बन्ध—लैपसाना कमुनिस—निपिल वर्ट—स्तन-घुण्डी की पीड़ा और बवासीर में लाभदायक; हायोसायमस, केनाडेन्सिस, पैसिफ्लोरा इन्कार्नेटा, हाइड्रैस्टिस, म्युरेक्स परपुरिया।

मात्रा—अरिष्ट बाहर लगाने के लिए मुँह की छरछराहट और स्तनघुण्डी के दर्द में। आन्तरिक व्यवहार के लिए अरिष्ट से ३ शक्ति।

युपैटोरियम परफोलियेटम (Eupatorium Perfoliatum)

(थॉरोवर्ट)

ज्वर विकारों में जैसे मलेरिया और इन्फ्लुएंजा में यह औषधि इतनी तेजी से तत्काल शरीर और पेशियों की पीड़ा को दूर करती है कि इनका नाम ही "बोन सेट" पड़ गया है। युपैटोरियम का मुख्य कार्य-क्षेत्र पाकाशय जिगर यन्त्रों पर और वायु नलिका की श्लैष्मिक झिल्लियों पर है। यह औषधि रोगकारी दूषित वाष्प के जिलों में, नदियों के किनारे, दलदल इत्यादि में और ऐसी जगहों में जहाँ हड्डी पीड़ा की अधिक सम्भावना हो, एक ईश्वरीय उपहार है। जीर्ण पित्त सम्बन्धी सविरामिक ज्वर में शरीर विकार। अधिक मदपान के कारण शारीरिक क्षीणता। शरीर के सभी यन्त्रों

का काम न करना। अस्थि पीड़ा, सर्वाङ्गिक और तीव्र। चोटीलापन। सामयिकता स्पष्ट (आर्सेनिक, चाइना, सीड्रन)।

सिर—थरथराहट दर्द। मालूम पड़े कि सीसे की भारी टोपी पूरे सिर पर कस कर दबा दी गयी है। चक्कर बायीं तरफ गिरने जैसा लगे। पित्त की कै। चाँद और पीठ में दर्द और आँखों के ढेलों में चोटीलापन। सामयिक सिर दर्द, हर तीसरे और सातवें दिन आए। लेटने पर कनपटियों में दर्द, बोझ जैसा लगे।

मुँह—किनारों में फटन, जबान पर पीला मैल, प्यास।

पेट—जबान पीली। कड़वा स्वाद। जिगर प्रदेश चोटीला। प्यास अधिक। कै और ओकाई पित्त की, हरी, पतली, एक बार में कई बाव। पहले प्यास फिर कै। हिचकी (सल्फ्यु० एसिड, हाइड्रोसियानिक एसिड)। कसा कपड़ा न पहन सके।

मल—बार-बार, हरा, पानी-सा। मरोड़। जिगर पीड़ा के साथ कब्ज।

श्वास-यन्त्र—छींक के साथ जुकाम। गला बैठना और खाँसी, सीने में दर्द इन्फ्लुएन्जा। जीर्ण, ढीली खाँसी, सीना चोटीला, रात में अधिक। हाथ और घुटनों के बल उकड़ू होने से खाँसी में कमी।

ज्वर—पसीने से सिर दर्द छोड़कर सभी लक्षणों में कमी। ७ से ६ बजे सुबह को सर्दी, पहले प्यास और हड्डियों में अधिक टीस। सर्दी या गरम अवस्था के बाद मिचली, पित्त की कै, थरथराहट सिर दर्द। अति अधिक प्यास लगने के कारण जाना जाता है कि कम्प आवेगा।

अंग—पीठ में टीस दर्द। अंगों की हड्डियों में टीस और मांस में चोटीलापन। बाहों और कलाई में टीस। अंगूठों में सूजन। गठिया दर्द और जोड़ों पर हड्डी गुल्म, सिर दर्द सम्बन्धित। शोथमयी सूजन।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : निश्चित काल पर। घटना : बात-चीत करने से, हाथों और घुटनों के बल उकड़ूँ होने पर।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए। ब्रायोनिया, सीपिया, नैट्रम-म्यूर०, चेलिडोनियम। नाइक्टैन्थेस आर्बर—ट्रिस्टिस (पित्त ज्वर, प्रचण्ड प्यास, सर्दी के अन्त में पित्त की कै, बच्चों के कब्ज में भी)।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

युपैटोरियम परप्युरियम (Eupatorium Purpureum)

(क्वीन ऑफ दी मीडो)

सांडलाल मूत्र; मधुमेह, कष्टकर मूत्र स्राव, उत्तेजित मूत्राशय, मूत्र-ग्रंथि का बढ़ना, यह सभी इस दवा के कार्य क्षेत्र में आते हैं। गुर्दों के साथ उत्तम काम

करती है। गनगनी और पीड़ा ऊपर को उठते हैं। नपुंसकता और बाँझपन। गृह-व्याधि।

सिर—चक्कर के साथ बायीं तरफ का सिर दर्द। बायें कन्धे से सिर के पिछले भाग तक दर्द। पुराना सिर दर्द सुबह से शुरू हो, तीसरे पहर और शाम को अधिक हो, ठण्डी हवा से बढ़े।

मूत्राशय—गुर्दों में गहरा धीमा दर्द। पेशाब करने पर मूत्राशय और मूत्र मार्ग में जलन। मात्रा कम, दूधिया। पेशाब रुकना। खून का पेशाब। लगातार इच्छा, मूत्राशय मन्द लगे। कष्टदायक पेशाब। स्त्रियों के मूत्राशय में उत्तेजना। बहुमूत्र।

पीठ—वजन और भारीपन कमर और पीठ में।

स्त्री—बायीं तरफ के डिम्बाशय के चारों तरफ दर्द। गर्भपात का भय। योनि का बाहरी भाग भींगा जान पड़े।

ज्वर—सर्दी के समय प्यास न हो, मगर माथे में टीस हो। गनगनी पीठ से शुरू हो। घोर कम्प, ठण्डक उसकी अपेक्षा कम हो। अस्थि-पीड़ा।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये—सेनेसिओ, कैनेबिस सैट०, हेलोनियस, फास० एसिड, टिटिकम एफिजिया।

मात्रा—पहली शक्ति।

युफोर्बिया लैथाइरिस (Euphorbia Lathyris)

(गोफर-प्लैण्ट, कैपर स्पज)

इसका ताजा दुधिया रस चर्म पर लगाने में बहुत तेजाबी होता है और इसका फल दस्तावर और जहरीला होता है। रस से चर्म पर लाली, खाज, दाने और कभी-कभी सड़न तक होती है। इसलिए यह सभी लक्षण इस औषधि का विसर्प रोग, ओक विष, इत्यादि में उपयोग करने योग्य संकेत करते हैं। वात पीड़ा जो आराम के समय हो। पक्षाघात, जोड़ों में कमजोरी।

मन—सन्निपात दृष्टि-भ्रम। गशी, अचेतना।

आँखें—पलकों के शोथ के कारण लगभग बन्द-सी हों।

नाक—नाक का बाहरी भाग सूजा हुआ। श्लैष्मिक झिल्ली घाव के साथ-साथ अति उत्तेजना और शोथमयी।

चेहरा—पहले गालों पर स्वस्थ गुलाबी चमक, बाद में मुर्दे जैसा पीला। माथे पर ठंडे पसीने की बूँद। लाल फूला और कहीं-कहीं पके मवादी चकत्ते। लाल चकत्तों का चर्म रोग, चेहरे से शुरू होकर बालों वाली जगहों तक बढ़े और तब सारे शरीर में

फैल जाये, इस क्रिया में लगभग आठ दिन लगें। फरन, चमकीली, खुरदरी; शोथ-मयी; जलन और कड़क के साथ, छूने और ठंडी हवा से बढ़े, बन्द कमरे में और मीठा तेल लगाने से कम। महीन चोकर की तरह भूसी छूटना। मकड़ी के जाले जैसा सवेदना। चेहरे में छूने पर गड़न, कड़क, जलन पैदा हो।

मुँह—जबान पर मैल, चिकना, तीखा स्वाद। साँस ठण्डी, भुकसाइन गंध।

पेट—मिचली और कै अधिक मात्रा में साफ पानी की, जिसमें सफेद चमकीले ढोंके मिले हों।

मल—अधिक मात्रा के प्रयोग से तेज दस्त और कम मात्रा के प्रयोग से केवल ढीला मल, बाद में कई हफ्तों तक कठोर कब्ज होना। सफेद चमकदार श्लेष्मा का मल, बाद में खून मिला।

मूत्र—अधिक मात्रा में।

पुरुष—अंडकोष की सूजन जिससे गहरे तीखे घाव हो जायें; उसमें घोर खुजली और जलन हो, उस भाग को धोने के लिए छूने से कष्ट बढ़े।

सांस-यन्त्र—श्वास कष्ट। साँस ठंडी, असह्य दुर्गन्ध खाँसी पहले ठोंकने वाली जैसे गंधक का धुँआँ अन्दर जाये, बाद में कुकुर खाँसी की तरह दौरा वाली खाँसी जो क्रमिक रूप से आवे, दस्त और कै में अन्त हो, बीच के समय में नींद अधिक आवे।

दिल—कमजोरी और फड़फड़ाती क्रिया। नाड़ी १२०, भरी उछलती, कुछ-कुछ क्रमभ्रष्ट।

नींद—रात में बेचैनी। नींद में विघ्न, उत्सुक स्वप्न।

ज्वर—तापाधिक्य। शरीर घोर पसीना से भींगा हो, माथा पर पसीने की बूँदें दीख पड़ें, बाद में माथे पर ठंडा, लसीला पसीना।

चर्म—लाल, चकत्ते, बिना ढँके भाग से शुरू हों, चेहरे पर और सारे शरीर पर फैले, चमकीला, खुरदरा, शोथमयी, जलन और अकड़न के साथ। महीन चोकर ऐसी भूसी छूटना; ठीक लाल चकत्ते के बाद हो। चर्म पर फरन, खुरदरा, पपड़ीदार; गड़न-वाली और जलन हो, खुजलाने पर गहरे दरारेदार घाव हों, पके स्थान लाल रहें।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : छूना और ठण्डी हवा। घटना : बन्द कमरा में और मीठा तेल लगाना।

सम्बन्ध—क्रिया नष्ट होती है रसटॉक्स से (चर्म लक्षण) वेरेट्रम एल्बम, (कै, ओकाई, खाँसी, गशी)।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

यूफोर्बियम (Euphorbium)

(स्पर्ज--दी रेसनस जूस आफ युफोर्बिया रेसिनिफेरा)

चर्म और श्लैष्मिक झिल्ली का उत्तेजक। हड्डियों में जलन। अङ्गों में दर्द और जोड़ों में लकवा जैसी कमजोरी। साँस-यन्त्र और चर्म के लक्षण विशिष्ट। प्रचण्ड जलन, दर्द। कर्कट में दर्द। सभी चीजें अपने साधारण माप से बड़ी दीख पड़ें।

सिर—तीव्र उन्माद। घोर दाब, सिर दर्द।

चेहरा—विसर्प, पीले छाले। गालों में जलन, बायीं तरफ अधिक। आँखें सूजी हुई और सुबह को चिपकें। गालों पर सूजन। नाक की खुजली और छिद्र के पिछले भाग से श्लैष्मिक स्राव।

पेट—अधिक भूख। अधिक नमकीन लार। जल हिचकी। ठण्डी चीजों की प्यास।

उदर—धँसा, दौरे वाला वायुशूल। मल झागदार; अधिक मटियाला। खोखला मालूम पड़े।

श्वासयन्त्र—दबा हुआ साँस, मानो सीना पूरा साँस लेने लायक चौड़ा नहीं है। आक्षेपिक, सूखी खाँसी, रातदिन, दमा के साथ। प्रचण्ड बहता जुकाम, जलन और खाँसी के साथ। लगातार खाँसी, पेट के गड्ढे से सीने के बगल तक, चिलिक के साथ। काली खाँसी, सूखी खोखली खाँसी। सीने में गरम संवेदना मानो गरम निगला गया हो।

अंग—लकवा का दर्द जोड़ और रीढ़ की अन्तिम अस्थि में।

चर्म—विसर्पी सूजन खासकर गालों में। कटन, चुभन, लाल, सूजन। रस-दानेदार विसर्प। जहरबाद; पुराना, मन्द सुस्त घाव, कटन; कोंचन दर्द के साथ। पुराना मन्द घाव, दानेदार, सड़न, (इचिनेसिया, सिकेल कोर्नुटम)। घाव वाला कर्कट रोग और चर्म का उपत्वक प्रदाह।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : युफोर्बिया एमिगडेलोयडस—उड स्पर्ज—(हड्डीदार खोखलों) में दर्द, गंधक का भ्रम, चूहों की गंध मालूम पड़े। स्वाद की संवेदना मन्द हो। दस्त; कठिन मलत्याग, दर्दीला गुदा, झटकन के साथ)।

युफोर्बिया कोरोलाटा—लार्ज फ्लावरिंग स्पर्ज—एलोपैथी की एक पसीना लाने वाली, कफ छाँटने वाली और पाखाना लाने वाली दवा जो पाकाशयिक-आन्त्रिक व्याधि में दी जाती थी जब कि भयंकर मिचली भी साथ में हो। खाने की कै, पानी और श्लेष्मा भी निकले और मल भी अधिक हो। कुछ समय रुक-रुक कर आक्रमण हो। पेट में पंजा गड़ाने जैसा संवेदन, ठण्ढा (वेरेट्रम एल्ब)।

युफोर्बिया मार्जिनाटा—स्नो ऑन दी माउण्टेन—(इसके फूलों का शहद जहरीला होता है जैसा इसके गरम, तेजाबी स्वाद से मालूम होता है। दुधिया रस वैसे ही चर्म लक्षण उत्पन्न करता है जैसा **रस-टॉक्स** में है।)

युफोर्बिया पिलुलिफेरा—पिलबेयरिंग स्पर्ज—(तर दमा, हृदय सम्बन्धी साँस-कष्ट; फ्लू और वायुनलिका प्रदाह। मूत्र मार्ग प्रदाह, पेशाब करने से बहुत दर्द और अधिक इच्छा। तेजाबी प्रदर, जरा-हिलने पर अधिक हो। लू लगने से या चोट के कारण रक्त प्रवाह)।

तुलना कीजिए : सोरैलिया—ए कोलम्बियन प्लैण्ट—(कर्कट का दर्द; घाव। घृणित प्रदर। योनि खाज। गर्भाशयिक गुल्म) **क्रोटोन, जैट्रोफा, कॉलचिकम**।

क्रियानाशक—**कैम्फो॰, ओपियम**।

मात्रा—३ से ६ शक्ति।

युफ्रैसिया (Euphrasia)

(आइब्राइट)

विशेषतः पुतली की झिल्ली में सूजन उत्पन्न करने का असर रखती है जिसके कारण जलस्राव अधिक होता है। रोगी खुली हवा में अच्छा रहे। श्लैष्मिक झिल्ली का जुकाम; खासकर आँख और नाक की। अधिक तीखा जलस्राव आँखों से और सरल जुकामी स्राव नाक से, शाम को अधिक हो। घृणित श्लेष्मा खखारना।

सिर—आँखों में चकाचौंध से साथ फटन, सिर दर्द। **जुकामी सिर दर्द**, आँखों और नाक से अधिक स्राव के साथ।

नाक—**अधिक बहने वाला जुकाम**, घोर खाँसी और अधिक बलगम के साथ।

आँखें—**जुकामी** नेत्र प्रदाह, तीखा स्राव। **हर घड़ी पानी बहा करे**। तेजाबी पानी निकलना, सरल नाक बहना (**सीपिया** का उल्टा, स्राव गाढ़ा और तीक्ष्ण। **मर्क**—पतला और तेजाबी) पलकों की जलन और सूजन। आँखें झपकाने की प्रवृत्ति। तीक्ष्ण स्राव सरलता से बहे। पतली श्लेष्मा, हटाने के लिए झपकाना अनिवार्य, आँखों में दाब। पुतली पर छोटे छाले। शीशे का धुँधलापन। उपतारा की वात पीड़ा। कार्यहीनता से पलक का नीचे गिरना (**जेलसिमियम, कास्टिकम**)।

चेहरा—गालों की लाली और जलन। ऊपरी होंठ कड़ा।

पेट—श्लेष्मा खखारते समय कै होना। धूम्रपान से मिचली और कड़वापन।

मलाशय—पेचिश। काँच निकलना। बैठने में गुदा में दाब। कब्ज।

स्त्री—मासिक-धर्म **दर्दीला**, केवल एक घण्टे या एक दिन तक बहे, देर में, थोड़ा अल्पकालीन। **नेत्र रोग के साथ मासिक-धर्म का रुकना**।

पुरुष—जननेन्द्रियों की आक्षेपिक सिकुड़न, विटपास्थि के ऊपर दाब के साथ। श्लैष्मिक बद और सुजाकी अर्बुद। **मूत्रग्रन्थि प्रदाह**। रात में मूत्राशय की उत्तेजना, पेशाब टपकना।

श्वास-यन्त्र—खुली हवा में टहलने से घड़ी-घड़ी जम्हाई आना। अधिक खाँसी और बलगम के साथ। सुबह के समय नाक से अधिक श्लेष्मा छिनकना। इंफ्लुएंजा। सुबह गला साफ करते समय गला रुके। केवल दिन में ही कुकुर खाँसी, आँखों से अधिक पानी के साथ।

चर्म—छोटी चेचक का पहला चरण, आँखों के लक्षण दर्शनीय। बाहरी आघात के परिणाम।

नींद—खुली हवा में टहलने पर जम्हाई आना। दिन में निद्रालुता।

ज्वर—गनगनाहट और ठण्डक। पसीना, अधिकतर सीने पर, रात में सोने की अवस्था में।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : शाम को, घर के अन्दर, सेंकने से, दक्षिण हवा से, रोशनी से। **घटना** : कॉफी से, अँधेरे में।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : **कैम्फोरा आफिसिनेलिस, पल्सेटिला**।

तुलना कीजिए : पारा हाइड्रोफाइलम-बर फ्लावर—(आँखों की जुकामी सूजन, गरम जल स्राव खुजली के साथ, पलक सूजे हुए, धीमा सिर दर्द; और ओक विष के प्रभाव को दूर करने के लिए भी) **एलियम सिपा, आर्सेनिक एल्बम, जेल-सिमिमम, कैली हाइड्रियोडिकम, सैबाडिला**।

मात्रा—३ से ६ शक्ति।

यूपियन (Eupion)

(ऊड-टार डिस्टिलेशन)

स्पष्ट स्त्री रोग लक्षण और सिर दर्द। गर्भाशय के **खाँसने की एक औषधि**। पीठ में दर्द, बाद में सरल प्रदर। मासिक-धर्म समय से बहुत पहले और अधिक मात्रा में। **जरा-से परिश्रम पर अधिक पसीना निकले**। घृणित स्वप्न। ऐसी संवेदना कि सारा शरीर आव जेली का बना हुआ है।

सिर—चक्कर, बिस्तर में उठ बैठने पर सभी चीजें घूम जायें। चाँद पर गरमी; चाँद से चिलकन, अंगों में होते हुए उदर और कामेन्द्रियों तक नीचे उतरे। सिर पर चोटीले, दर्दीले, छोटे स्थान। माथे में दर्दीला टपकन।

स्त्री—**दाहिने डिम्ब में जलन। स्राव प्रदर**। जीर्ण **काललनल या डिम्ब प्रणाली** सम्बन्धी रोग। गर्भाशय का झुकना। मासिक-धर्म समय से **बहुत पहले और अधिक**

मात्रा में। मासिक काल में चिड़चिड़ापन और बात करने से घृणा; सीने और दिल में जलन और चिलकन। मासिक-धर्म के बाद पीला प्रदर, तीव्र पीठ पीड़ा के साथ। जब पीठ का दर्द रुक जाता है तब प्रदर स्राव जोर से निकलता है। पेशाब करते समय योनि के होठों के बीच चोटीला दर्द। योनि-घुण्डी की तीव्र खुजली, होंठ सूखे हुए।

अंग—पिण्डलियों में ऐंठन, रात में अधिक।

पीठ—त्रिकास्थि में दर्द, मानो टूटी हो। तीव्र पीठ दर्द, किसी चीज पर सहारे के लिए ओठँगना पड़े। दर्द कोखों तक बढ़े।

सम्बन्ध—क्रियोजोट, ग्रैफाइटिस, लैकेसिस।

मात्रा—३ शक्ति।

फैबियाना इम्ब्रिकाटा (**Fabiana Imbricata**)

(पिचि)

दक्षिणी अमेरिका की एक झाड़ी जो दक्षिणी कैलिफोर्निया में उत्पन्न होती है। यह बहुत मूत्रवर्द्धक है। इसमें शक्तिदायक और पित्तदोष निवारक गुण हैं, जिसका व्यवहार नाक के जुकाम, कामला रोग और अनपच्च रोग में किया जाता है और पित्त-वृद्धि के लिए भी उपयोगी है (एल्बर्ट श्नीडर)। यूरिक एसिड बाधाओं में, मूत्राशय प्रदाह में, सुजाक में, मूत्र-ग्रन्थि प्रदाह में, मूत्र कष्ट में, मूत्र मार्ग के मुँह की सूजन और मूत्र ग्रन्थि में पीब आने की अवस्थाओं में, सूजाक के बाद मूत्र यन्त्र के रोगों में, पित्त विकार और जिगर रोग में। मूत्र मार्ग के मुँह पर कूँथन और पेशाब करने के बाद जलन। कटन पैदा करने वाला पेशाब और पथरी रोग।

मात्रा—अरिष्ट की १० से २० बूँद।

फैगोपाइरम (**Fagopyrum**)

(बक-ह्वीट)

इसका प्रभाव चर्म पर खुजली पैदा करने वाला अति महत्वपूर्ण है। धमनों में स्पष्ट टपकन। बहता जुकाम। घृणित मांस वृद्धि। खुजलीदार, लाल चकत्ते। बुढ़ापे की खुजली। नाक के पिछले भाग का नजला, सूखा खुरंड, पिछले छिद्र भाग का दानेदार दिखाई देना, साथ में खुजली।

सिर—अध्ययन करने या याद रखने में असमर्थ। उदास और चिड़चिड़ा। आँख और कान खुजलाना। दर्द, सिर की गहराई में, ऊपर की तरफ दाब के साथ। आँख और कान के चारों तरफ खुजली। सिर गरम, पीछे मोड़ने पर कम, गरदन थकी हुई, कनपटियों में दर्द। फटन दर्द। मस्तिष्क रक्त संचयता।

नाक—छरछराती, लाल सूजी हुई। बहता जुकाम, छींक के साथ, बाद में सूखापन और पपड़ी।

आँख—खुजली और चिलकन, सूजन, गरमी और छरछराहट।

गला—छरछराना और छिलन जैसा संवेदन, नीचे कण्ठ तक। घाँटी बढ़ी हुई; तालुमूल सूजे हुए।

पेट—जलती, गरम, तेजाबी, पानी-सी वस्तु जल हिचकी में ऊपर उठे; कॉफी से कम हो। सुबह को बुरा स्वाद। गर्भकाल की कठोर मिचली। लार बहना।

दिल—दिल के चारों तरफ दर्द, पीठ के बल लेटने से कम, बायें कन्धे और बाँह तक बढ़े। सोने के बाद सभी धमनियों में टपकन। दाब के साथ दिल धड़कना। नाड़ी क्रमहीन, सविरामिक, तेज। सीने में हलकापन।

स्त्री—योनि घुन्डी की तीव्र खुजली, पीले प्रदर के साथ, आराम से बढ़े। दाहिने डिम्बाशय में जलन।

अंग—गरदन की पेशियों में कड़ापन और चोटीला संवेदन तथा साथ में ऐसा मालूम पड़े कि गरदन की जड़ को न सम्हाल सकेगी। अँगुलियों में दर्द के साथ कन्धों में दर्द। बाँहों और टाँगों में तीव्र खुजली, शाम को लगभग अधिक हो। सुन्नता और चुभन। बाँहों और टाँगों में रेंगन दर्द।

चर्म—खुजली, ठण्डे पानी से धोने से कम हो; खुजलाने, छूने या सोने को जाने पर अधिक हो। छरछराते, लाल चकत्ते। बिना मुँह वाली फुन्सियाँ। घुटनों, केहुनियों और बाल वाली जगहों में खुजली। हाथों में खुजली, गहराई तक। ऊपरी खाल पर रसदाने, फुन्सियाँ और शोथमयी सूजन। चर्म गरम सूजन।

घटना-बढ़ना—घटना : ठण्डा पानी; कॉफी। बढ़ना : तीसरे पहर, धूप में खुजलाने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : डालिकोस, बीविस्टा, अरटिकायूरेन्स।

मात्रा—३ शक्ति १२ x।

फैल टौरी (Fel Tauri)

(ऑक्स गॉल)

ग्रहणी कला के स्राव को बढ़ाती है; चर्बी को पचाती है और आँतों की वमन क्रिया को बढ़ाती है। पित्त को तरल करती है और पित्त-स्राव को ठीक करके पेट साफ करती है। पाचन क्रिया मन्द, दस्त और गरदन की जड़ में दर्द आदि इसके मुख्य लक्षणों में से हैं। पित्त-नलिका की रुकावट। पित्त-पथरी। कामला रोग।

पेट—डकार, पेट में गड़गड़ाहट और कौड़ी प्रदेश में भी। घोर आंत्र दमन क्रिया। भोजन करने के बाद सोने की प्रवृत्ति।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: मर्क्युरियस डलसिस, कोमेस्टरीन (पित्त-पथरी रोग में); चाइना। कैलुकुलोबिली पित्तपथरी का चूर्ण १०-१२x (पित्त-पथरी)।

मात्रा—नीचे के विचूर्ण। विशुद्ध ऑक्स-गॉल १० ग्रेन।

फेरम आयोडेटम (Ferrum Iodatum)

(आयोडाइन ऑफ आयरन)

कण्ठमालिक रोग, ग्रन्थि वृद्धि और अर्बुद इस औषधि की पुकार करते हैं। फुन्सियों की अधिकता। चर्म फरन के बाद तीव्र गुदा प्रदाह। गर्भाशय का खिसकना। शरीर दुबला। रक्तहीनता। मासिक-धर्म दब जाने के कारण बहिःनिसृति चक्षुगोलक तथा हृद-स्पन्दन के साथ गलगण्ड। जीवन-रस के अधिक स्खलन के कारण कमजोरी। गालों पर चर्मदल।

पेट—खाना ऊपर की तरफ गले में ढकेल आवे मानो निगला ही नहीं गया था।

उदर—थोड़ा भोजन करने पर भी भारीपन, कसा लगे, मानो वह आगे को झुक न सकेगा।

गला—गड़न, खपच्ची जैसी कोई चीज गड़े। आवाज भारी।

श्वास-यन्त्र—जुकाम, नाक, गल-नली और स्वर नली से श्लेष्मा बहे। सीना पंजर के नीचे दाब, नाक की कण्डमालिक सूजन। सीना दाब जैसा जान पड़े। खाँसने में खून आवे।

मूत्र—गहरे रंग का पेशाब। मीठी मँहक। मूत्र-मार्ग और मलाशय में रेंगने जैसा संवेदन हो; मानो मूत्र नौगह्वर के पास रुक गया है। पेशाब रोकने से कष्ट। रक्तहीन बच्चों में पेशाब का न रुकना।

स्त्री—बैठने पर ऐसा लगे कि कोई चीज योनि में ऊपर को दब रही है। अधिक धँसन संवेदन, गर्भाशय का पीछे मुड़ कर बाहर निकलना। और छिद्र में खुजली।

मात्रा—३ विचूर्ण। प्रभाव अल्पकालीन।

फेरम मैगनेटिकम (Ferrum Megneticum)

(लोडस्टोन)

आंत्र मार्ग के लक्षण स्पष्ट हैं। गरदन की जड़ में दर्द। लकवे जैसी कमजोरी। हाथों पर छोटे मस्से।

पेट—खाना खाते समय पेट में वादी, बाद में सुस्ती आये, चुप रहना और गरम होना, कौड़ी प्रदेश में दर्द, खासकर साँस लेने में।

उदर—उदर में रेंगन और गड़गड़ाहट। वादी के साथ ढीला मल, वादी बायीं तरफ अधिक और टाँगों में खींचन। अक्सर अधिक दुर्गन्धित हवा खुलना।

मात्रा—३ शक्ति।

फेरम मेटालिकम (**Ferrum Metallicum**)

(आयरन)

दुर्बल रक्तहीन और पीले शरीर वाले युवक, मगर देखने में रक्ताधिक्य लगे और जल्दी ही चेहरा लाल हो उठे, ठण्डे हाथ-पैर, अति असहिष्णुता, किसी परिश्रम के काम से कष्ट बढ़े। ऐसे लोगों के लिए अधिक लाभदायक औषधि है जिनके चर्म का रङ्ग पीला हो; श्लैष्मिक झिल्लियाँ रक्तहीन लगें, चेहरा हल्के रङ्ग का, बीच में कभी-कभी लाल हो जाया करे। चेहरे, सीने, सिर, फुफ्फुस आदि में खून दौड़ जाये। शरीर में खून कहीं अधिक, कहीं कम। नकली रक्ताधिक्य। पेशियाँ ढीली और थुलथुली।

मन—चिड़चिड़ापन। थोड़ी आवाज भी असह्य हो। जरा-से विरोध पर भड़क उठे। अविश्वसनीयता। रक्तधातु।

सिर—बहता पानी देखकर चक्कर आना। चुभन सिर दर्द। मासिक-धर्म के पहले कानों में टनटनाहट ठोंकने वाला, टपकन वाला प्रादाहिक सिर दर्द, ठण्डे अंगों के साथ। दर्द दाँतों तक बढ़े। सिर के पीछे दर्द, गरदन में गरज के साथ। सिर की खाल दर्दीली। बालों को नोचा करे।

आँखें—पानी-सा स्राव; मन्द, लाल, प्रकाश असह्य, अक्षर गिचपिचा जायें।

चेहरा—आग ऐसा लाल और जरा-सा भी दर्द असह्य या परिश्रम पर भर-भरा जाये। लाल भाग सफेद हो जाये, रक्तहीन और फूल जाये।

नाक—श्लैष्मिक झिल्ली ढीली, थुलथुली, रक्तहीन, पीली।

मुँह—दाँतों में दर्द, बरफ जैसे ठण्डे पानी से कम हो। मटियाला, चिपचिपा, सड़े अण्डों जैसा स्वाद।

पेट—अति भूख या भूख एकदम गायब। खट्टी चीजों से घृणा। खाने की कोशिश से दस्त हो। मुँह में भरा खाना थूके (फास्फोरस)। खाने के बाद ही उसकी डकार, बिना मिचली। खाने के बाद मिचली और कै। खाना खाते ही कै हो; आधी रात के बाद कै होना। अण्डे न पचें। खाने के बाद पेट में तनाव और दाब। पेट में गरमी और जलन। उदर की दीवारें चोटीली। अफरा के साथ अजीर्ण रोग।

मल—रात में अनपचा मल त्यागना या खाते और पीते समय, बिना दर्द। व्यर्थ इच्छा, मल कड़ा, बाद में पीठ दर्द या मालाशय में ऐंठन हो। काँच निकलना, गुदा में खुजली, खासकर छोटे बच्चों में।

मूत्र—अनैच्छिक स्राव; दिन में अधिक। मूत्र मार्ग में गुदगुदी जो मूत्राशय तक बढ़े।

स्त्री—मासिक-धर्म एक या दो दिन तक रुक जाये, फिर बढ़े। गर्भाशय से लम्बे टुकड़े निकलें। वे स्त्रियाँ जो कमजोर, कोमल, चिड़चिड़ी होती हैं; लेकिन जिनका चेहरा लाल है। मासिक धर्म समय से बहुत पहले, मात्रा में अधिक और ज्यादा दिन तक जारी रहे, पीला, पानी-सा। योनि उत्तेजनीय, गर्भपात की प्रवृत्ति। योनि का बाहर निकलना।

श्वास-यन्त्र—सीना दबा, कठिन साँस। खून सीने में दौड़े। आवाज का भारीपन। सूखी; दौरे वाली खाँसी। खून थूकना (मिलिफोलियम) खाँसी में दर्द के साथ।

दिल—धड़कन, हिलने से बढ़े। दाब की संवेदना। रक्तहीन गनगनाहट। नाड़ी भरी, मगर मुलायम और कोमल, छोटी और कमजोर भी। दिल से एकाएक रक्त नलियों में घुस आए, और तुरन्त वापस लौट जाये, जिससे ऊपरी सतह रक्तहीन रङ्ग की हो जाय।

अंग—कंधों का वात रोग। जीवन रस के अधिक निकल जाने के कारण आया शोथ रोग। कटिवात, धीरे-धीरे टहलने से कम। कमर के जोड़ों में, जंघास्थि, पैर के तलवों और एड़ी में दर्द।

चर्म—पीला, जल्दी भरभरा उठे, दबाने से गड्ढा पड़ जाये।

ज्वर—हाथों-पैरों में ठण्डक; सिर और चेहरा गरम। चार बजे सुबह शीत। हथेलियों और तलवों में गरमी। अधिक कमजोर करने वाला पसीना।

घटना-बढ़ना—घटना : धीरे-धीरे इधर-उधर टहलना। उठने के बाद कम। बढ़ना : पसीना निकलने के समय, शान्त बैठने के समय। ठण्डे पानी से नहाने पर या अधिक गरम होने पर बढ़ना। आधी रात को रोग बढ़े।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : आर्सेनिक, हीपर।

पूरक—चायना, एलुमिना; हैमामेलिस।

तुलना कीजिए : रूमेक्स (साँस और पाँचन यन्त्र पर वैसा ही प्रभाव रखती है और इसमें भी लोहा होता है)।

फेरमएसेटिकम—(तीव्र रोगों में क्षारीय मूत्र। दाहिने कंधे के डैनों में दर्द। नकसीर; खासकर दुबले, पीले, कमजोर बच्चे जो तेजी से बढ़ते हैं और जल्दी ही थक जाते हैं, पैर की नसों का सिकुड़ना और घाव होना, अधिक, हरा, मवादी, बलगम, दमा, शांत बैठने और लेटने से बढ़े, तपेदिक, लगातार खाँसी, खाने के बाद उसी की कै होना, खून जाना।

फेरम-आर्सेनिकम—(जिगर और तिल्ली का बढ़ना, ज्वर के साथ; अनपची मल, पेशाब में एल्बुमेन जाना । सरल और कठोर रक्तहीनता और हरा पीलिया रोग । चर्म सूखा । अकौता; अपरस, चर्मदल । ३x विचूर्ण का व्यवहार करें ।

फेरम-ब्रोमेटम—(चमकीला, काटने वाला प्रदर, गर्भाशय भारी और बाहर निकला; सिर की खाल ठिठुरी लगे) ।

फेरम सियानेटम (चिड़चिड़ा; दुर्बलता और अति उत्तेजना के साथ स्नायु विकार, खासकर सामयिक प्रवृत्ति के, मिरगी रोग, हृदय पीड़ा, मिचली, वादी, कब्ज और दस्त बारी-बारी, ताण्डव रोग के साथ) । फेरम मैग्नेटिकम (हाथों पर छोटे मस्से) ।

फेरम-म्यूरियेटिकम—(रुका हुआ मासिक-धर्म, वयःसन्धिकाल में धातु क्षीणता या अधिक मूत्र-स्खलन की प्रवृत्ति । बहुत गहरे रङ्ग का पानी-सा मल, झिल्ली प्रदाह, स्फोटक विसर्प रोग । मूत्र-पिंड आवरण का प्रदाह, मुँह से गहरे रङ्ग का थक्केदार खून गिरना, पीड़ामय मैथुन, दाहिने कन्धे में दर्द । दाहिनी केहुनी में दर्द, ऐंठन की स्पष्ट प्रवृत्ति और गालों पर गोल, लाल चकत्ते, पेशाब में चमकदार दाने । रक्त-हीनता ३x । भोजन के बाद दें । अरिष्ट की १–५ बूँदें, दिन में तीन बार रोज, जीर्ण सांतर वृक्क प्रदाह) ।

फेरम-सल्फ्यूरिकम—(पानी-सा पीड़ाहीन मल, अतिरजः, सिर में खून दौड़ने के साथ दो मासिक-धर्म के बीच वाले समय में दाब, थरथराहट । गलगण्ड । स्नायु की प्रचण्ड उत्तेजना । पित्ताशय में दर्द, दाँत, तेजाबी हालत, मुँह में खाने की डकार) ।

फेरम-परनाइट्रिकम—(लाल चेहरे के साथ खाँसी) । फेरम टारटैरिकम (हृदयशूल, पेट के हृद्-छिद्र पर गरमी) ।

फेरम-प्राटॉक्सोलेटम—(रक्तहीनता) १x विचूर्ण का प्रयोग करें । विशेष तुलना कीजिये –ग्रैफाइटिस, मैंगेनम एसेटिकम, क्युप्रम ।

मात्रा—दुर्बलता की अवस्था में जहाँ रक्त में हेमैटिन कम है, बड़ी मात्रा में देना चाहिए । रक्ताधिक्य, रक्त स्राव की अवस्थाओं में इस औषधि का लघु मात्रा में उपयोग दर्शित करती है । २ से ६ शक्ति ।

फेरम फॉस्फोरिकम (**Ferrum Phosphoricum**)

(फास्फेट ऑफ आयरन)

ज्वर की अवस्थाओं के आरम्भ में यह औषधि एकोनाइट और बेलाडोना की तीव्र क्रिया और जेलसिमियम की मन्द क्रिया के बीच वाली औषधि है । फेरम फॉस

का आदर्श रोगी इतना अधिक खून वाला, तगड़ा नहीं होता, वरन् स्नायविक, उत्तेजित, रक्तहीन लेकिन नकली रक्ताधिक्य और फेरम की तरह जल्द खून दौड़ जाना। शिथिलता स्पष्ट रहती है, चेहरा **जेलसिमियम** से अधिक चंचल रहता है। शरीर की तरह की लाली उतनी अधिक झावरी नहीं होती जितनी **जेलसिमियम** में होती है। नाड़ी कोमल और प्रवाहिक, एकोनाइट की-सी उत्सुकता और बेचैनी नहीं होती। सीना-रोग की सम्भावना। छोटे बच्चों के वायुनलिका समूह का प्रदाह। तपेदिक की प्रचण्डता में उत्तम और विचित्र शक्तिशाली, शान्तिप्रद औषधि। यह ग्रावोगल के ओसजनिक प्रवृत्ति के अधिक अनुकूल है। प्रदाह ज्वर ग्रस्त, दुर्बल तपेदिक का रोगी।

सभी ज्वर विकार और प्रदाहिक अवस्थाओं की पहली दवा, इससे पहले कि स्राव आरम्भ हो, खासकर साँस यन्त्र के नजले की अवस्था में। **फेरम फॉस** ३x रक्त रंजक पित्त को बढ़ाता है। फीके रङ्गवाले रक्तहीन रोगियों के लिए घोर प्रादाहिक अवस्था में। रक्त प्रवाह चटक लाल किसी शरीर छिद्र से।

सिर—स्पर्श, ठंडक, आवाज झटका असह्य। सिर में खून दौड़ना। सूर्य की गरमी का बुरा प्रभाव। थरथराहट। सिर दर्द ठंडक से कम।

आँखें—लाल, सूजी हुई जलन संवेदन। पलकों के नीचे बालू जैसी संवेदना। उपतारा और चित्रपट का प्रदाह, धुँधलापन के साथ।

कान—आवाजें आएँ। थरथराहट कर्ण प्रदाह का पहला चरण। कान का पर्दा लाल और सूजा हुआ, तीव्र प्रदाह में जब **बेलाडोना** काम न करे। मवाद बनने से रोकता है।

नाक—सिर के जुकाम का पहला चरण। जुकामी प्रवृत्ति। **नकसीर**, चमकदार; लाल खून।

चेहरा—सुर्ख, गाल गरम और कोमल। रक्तमयी रङ्ग। चेहरा का स्नायुशूल, सिर हिलाने या झुकाने से अधिक हो।

गला—मुँह गरम, तालु लाल, सूजे हुए। घाव वाला गला प्रदाह। तालुमूल लाल और सूजे हुए। गल-कर्ण नली सूजी। गाने वाली का गला प्रदाह, अर्धतीव्र स्वर-नली प्रदाह, गला लाल सूजा हुआ (२x) गले और नाक के चीरा लगवाने के बाद खून रोकने और दर्द कम करने के लिए हितकर है। झिल्ली प्रदाह का पहला चरण रक्ताधिक्य, रक्तपूर्ण शरीर वालों की जीभ के नीचे छोटा अर्बुद।

पेट—मांस और दूध से घृणा। उत्तेजनाजनक वस्तुओं से प्रेम। अनपचे खाने का कै। चमकदार लाल खून की खट्टी डकार।

उदर—आँतों का झिल्ली के प्रदाह की पहली अवस्था। बवासीर। मल पानी-सा खून मिला अनपचा। पेचिश का पहला चरण, अधिक रक्त-स्राव के साथ।

मूत्र—प्रत्येक खाँसी के साथ मूत्र छटक पड़े। पेशाब न रोक सकना। मूत्राशय की गरदन में उत्तेजना। अनेक बार मूत्र-स्खलन। दिन के समय अनेक बार पेशाब होना।

स्त्री—हर तीन हफ्ते पर मासिक धर्म, धँसन संवेदन और चाँद पर दर्द के साथ। योनि शूल। योनि सूखी और गरम।

साँस-यन्त्र—सभी प्रदाह रोगों का पहला चरण। फुफ्फुस में रक्ताधिक्य। खून थूकना। छोटी, गुदगुदीदार, दर्दीली खाँसी। काली खाँसी। बड़ी सूखी खाँसी, सीने में चोटीलापन के साथ। आवाज भारी। फुफ्फुस प्रदाह में स्वच्छ खून का बलगम (मिलिफोलियम)। खांसी रात में ठीक रहे।

दिल—धड़कन, नाड़ी तेज। हृदय रोग का पहला चरण। छोटी, तेज, मुलायम नाड़ी।

अंग—गरदन कड़ी; तनी। जोड़ों का वात रोग। पीठ में चटकन। कन्धों में वात पीड़ा, दर्द सीना और कलाई तक बढ़े। गल्का। हथेली गरम। हाथ सूजे हुए और दर्दीले।

नींद—बेचैनी और अनिद्रा। उत्सुक स्वप्न। रक्तहीन व्यक्ति का रात पसीना।

ज्वर—रोज १ बजे तीसरे पहर सर्दी। सभी जुकामी और प्रदाह ज्वर, पहला चरण।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : रात में, और ४, ६ बजे सुबह, छूना, झटका हिलना; दाहिनी तरफ। घटना : ठंडे प्रयोग से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : (ओसजनिक प्रवृत्ति, एकोनाइट, चाइना, आर्सेनिक, ग्रैफाइटिस, पेट्रोलियम,) फेरम पाइरोफास (शरीर से अधिक रक्तस्खलन के कारण मस्तिष्क प्रदाह और सिर दर्द), प्रपादास्थि पर हड्डी की गाँठें। एकोनाइट, जेलसिमियम, चाइना।

मात्रा—३ से १२ शक्ति।

फेरम पिक्रिकम (**Ferrum Picricum**)

(पिक्रेट ऑफ आयरन)

यह अन्य औषधियों के प्रभावों को पूरा करने के लिए उत्तम औषधि मानी जाती है। अधिक परिश्रम करने पर शरीर के किसी यन्त्र की कार्यहीनता की अवस्था में, जैसे अधिक भाषण इत्यादि देने पर आवाज बैठना, इस औषधि की विशेष रूप से आवश्यक होती है। यह औषधि काले बाल वाले, रक्ताधिक्य और कोमल जिगर वाले रोगी में अधिक लाभ करती है। मस्से, उपत्वक स्फोटक, पीले रङ्ग वाले दाने।

बुढ़ापे में मूत्र ग्रन्थि का ढीला पड़ जाना। नकसीर बहना। गठिया के कारण जीर्ण बहरापन और टनटनाहट की आवाज, कान का छेद सूखा। नकली धुन्ध रोग।

कान—मासिक काल के पहले बहरापन। कानों में पटपटाना और धीमी बोली, रक्तवहा नाड़ी सम्बन्धी बहरापन। दाँतों का स्नायुशूल जो कानों और आँखों तक फैले। कानों में भनभनाहट; टेलीग्राफ की तरह टनटनाहट।

पेट—अनपच। रोयेंदार जबान, खाने से सिर दर्द, खासकर पित्ताधिक्य गहरे रंग के बाल वाले लोगों में।

मूत्र—पूरे मूत्रमार्ग में दर्द। रात में कई बार पेशाब लगना, मलाशय में भरापन और दाब के साथ। मूत्राशय की गरदन और लिंग में गड़न (बैरोस्मा)। पेशाब रुकना।

अंग—गरदन की दाहिनी तरफ और दाहिनी बाँह के नीचे तक दर्द। कम्पवात, आँखों तक फैले। हाथों पर मस्से।

मात्रा—२ और ३ विचूर्ण।

फिकस रेलिजियोसा (Ficus Religiosa)

(ऐशवाथया)

यह ईस्ट इण्डीज की औषधि कई तरह के रक्त प्रवाहों को उत्पन्न और अच्छा करती है। खून थूकना इत्यादि। खून का पेशाब।

सिर—उदास, चुप रहना, चाँद में जलन, चक्कर और धीमा सिर दर्द।

साँस-यन्त्र—कठिन साँस, खून की कै के साथ खाँसी। नाड़ी बहुत कमजोर।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एकालिफा इण्डिका, मिलिफोलियम, थ्लैस्पि वर्सा मस्टोरिस, इपिकाक।

मात्रा—पहली शक्ति।

:—०—:

फिलिक्स मास (Filix Mas)

(मेलफर्न)

कृमि लक्षण की औषधि, खासकर कब्ज। केंचुआ। निद्रालुता के लक्षण। लसिका ग्रन्थियों का मन्द प्रदाह। (ताजी जड़ कुचल कर)। युवा रोगियों में फुफ्फुसीय क्षय रोग, बिना ज्वर, घाव सीमित, जो पहले गण्डमाला रोग समझा जाता है।

आँखें—अंधापन, एक आँख का धुँधलापन।

पेट—फूला हुआ, कुतरन दर्द मिठाई खाने से बढ़े। दस्त कै के साथ। कृमि-शूल, नाक खुजली के साथ, चेहरा नीला, आँखों के चारों तरफ नीले घेरे। बिना दर्द की हिचकी।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एस्पिडियम एल्हैमेण्टिकम–पन्ना–३ (खुराक–२ ग्राम की प्रत्येक खुराक, दो खुराकें आधा घण्टे के भीतर, बिना कुछ खाये, एक गिलास दूध में। कष्ट के बिना केंचुआ बाहर निकालने के लिए), सिना, ग्रैनेटम, काउसो।

मात्रा—१–३ शक्ति। केंचुआ निकालने के लिए, एक पूरी खुराक ½ से एक ड्राम तक ओलियोरेसिन की, खाली पेट।

— :o: —

फ्लोरिकम एसिडम (Fluoricum Acidum)

(हाइड्रोफ्लोरिक एसिड)

विशेषकर उन जीर्ण रोगों के लिए लाभदायक है जो उपदंश रोग अथवा पारा के प्रयोग पर निर्धारित हैं। भौंहों के बीच का भाग फूला हो। खासकर निम्न तन्तुओं पर काम करती है और गहरी नाशकारी अवस्थाओं में, बिस्तर घाव में, स्राव साधारण; मोटी, सिकुड़ी नसें और पकन में सांकेतिक होती है। रोगी तेजी से चलने-फिरने को बाध्य होता है। बुढ़ापे के रोग या बुढ़ापे के पहले ही वैसी अवस्था होने पर, साथ में कमजोर, तनी रक्तनलियाँ। मदपान करने वालों का जिगर खराब। घेघा (डॉ० बोक्स)। (केली फ्लोराइड ने कुत्तों में घेघा उत्पन्न किया) दाँतों का समय से पहले सड़ना। रात-ज्वर के पुराने रोगी, ऐसा ज्वर जो बँधे समय पर हो।

मन—जिनसे अधिक प्रेम था उनकी लापरवाही, जिम्मेदारी न समझ सके, हुल्लसित। मानसिक प्रफुल्लता और खुशी।

सिर—बाल झड़ना। चर्म पर पपड़ीदार घाव। सिर के बगल में भीतर से बाहर की तरफ दाब। लघु और चुचुकदार अस्थि का सड़ना। अधिक स्राव के साथ, सेंकने से बढ़े। (साइलीसिया; ठंडक से बढ़े)। किसी स्थान की हड्डी का बढ़ना।

आँखें—ऐसा लगे कि आँखों में से हवा बह रही है। अश्रुनलिका का नासूर। भीतरी किनारों का अति खुजलाना।

नाक—नाक का जीर्ण जुकाम, बिचली झिल्ली के घाव के साथ, नाक बन्द और माथे में धीमा भारी दर्द।

मुँह—दाँतों का नासूर लगातार खूनी नमकीन स्राव के साथ। गले का उप-दंशीय घाव जो ठंडक से उत्तेजित हो। दाँत गरम लगे। ऊपरी जबड़ों के दाँतों और हड्डी के रोग।

पेट—पेट में भारीपन और वजन जैसा। खाने के पहले पेट में गरमी। खट्टी डकार। कॉफी से घृणा; स्वादिष्ट भोजन की इच्छा। कपड़ा कस कर पहनने से पेट-कष्ट कम हो। बहुत मसालेदार खाना खाने की इच्छा। ठण्डे पानी की इच्छा, भूखा। गरम चीज पीने से दस्त हो।

उदर—जिगर का चोटीलापन। डकार और वायु स्खलन।

मल—पित्त का दस्त, कॉफी से घृणा।

पुरुष—मूत्रमार्ग में जलन। मैथुन इच्छा और उत्तेजना अधिक, रात में सोते ही लिंगोत्थान। अण्डकोष की सूजन।

मूत्र—थोड़ा गहरे रंग का। जलोदर में इसके प्रयोग से पेशाब बढ़ता है जिससे लाभ होता है।

स्त्री—मासिक-धर्म अधिक, अकसर देर तक जारी रहे। गर्भाशय और उसके मुँह का घाव। अधिक कटने वाला (तीक्ष्ण) प्रदर। प्रचण्ड मैथुन इच्छा।

श्वास-यन्त्र—सीना पर दाव, कठिन साँस, कष्ट अधिक। वक्षोदक रोग।

अंग—अँगुलियों की जोड़ों की सूजन। नाखूनों के नीचे खपच्ची ऐसी गड़न। नाखूनों का झड़ना। खासकर बड़ी हड्डियों का सड़ना और पीप आना। गुदास्थि में दर्द। जंघास्थि पर घाव।

चर्म—शिराओं का गठीलापन। तिल उगना। घाव, लाल किनारे और छाले। शय्याक्षत : सेंकने से कष्ट बढ़े। उपदंशीय घाव। घाव के पुराने निशानों में खुजली। ऐसा लगे कि चर्म के पसीना छिद्रों में से जलती भाप निकल रही हो। शरीर के छिद्रों में और भिन्न स्थानों में, खुजली, जो गरमी से अधिक हो। नाखूनों का तेजी से बढ़ना। अस्थि-आवरण फोड़े। अधिक घृणित खट्टा पसीना। उपदंशीय अर्बुद। वृद्ध, दुर्बल शरीर में अंगों का शोथ। शिरा और महीन रक्तवाहिनी नलिकाओं का ढीला-पन। तन्तु फूले हुए।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : सेंकना, सुबह गरम चीज पीना। घटना : ठंडक, टहलने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : थियोसिनैमिनम (पुराने घाव के निशानों पर चिलकन, रुकना गुल्म) कैल्केरिया, फ्लोरिकम सीलिका।

पूरक—सिलिका।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

फॉरमैलिन (**Formalin**)

(फॉरमैल्डिहाइड गैस का ३५ प्र० श० जल-मिश्रण)

यह एक शक्तिशाली, विसंक्रामक और गन्धनाशक प्रबल विष है। कीटाणुओं की उपज को रोकता है और प्रायः सभी उत्पन्न करने वाले जीवाणुओं को मार डालता है। इसमें यह विचित्र गुण देखा गया है कि यह अति घातक अर्बुद के भीतर प्रवेश करके विषैले जीवाणुओं और पदार्थों को नष्ट कर देता है मगर स्वस्थ तन्तुओं पर कोई बुरा प्रभाव नहीं डालता। यदि २० प्र० श० फॉर्मेल्डिहाइड सोल्यूशन में कपड़े की गोली तर करके कुछ घण्टे कहीं लगाया जाये तो उस स्थान पर एक प्रकार की सड़न जमा हो जायेगी जिसको बिना खुरचे फिर दुबारा दवा नहीं लगाई जा सकती नहीं तो वह चर्बी कड़ी हो जायेगी।

गरम पानी में फॉर्मेलिन को मिलाकर भाप का प्रयोग करने से कुकुर-खाँसी, तपेदिक, वायुनलिका के ऊपरी भाग के नजले में लाभ होता है।

मन—भूल। चिन्ता। अचेत।

सिर—जुकाम, आँखों से पानी बहे, चक्कर।

मुँह—मुँह में अधिक लार होना।

पेट—खाना पेट में गेंद जैसा मालूम हो। मुँह और पेट में जलन।

उदर—बहुत तेज पाखाना मालूम होना, पानी-सा मल।

मूत्र—पेशाब रुकना या कम होना, पेशाब में ऐल्बुमेन जाना।

साँस-यन्त्र—कष्टदायक साँस, बालकों की कण्ठनली का आक्षेप। कुकुर-खाँसी।

ज्वर—दोपहर के पहले शीत, बाद में दीर्घ ज्वर। पूरे आक्रमण काल में अस्थि पीड़ा। ज्वर काल में भूल जाता है कि वह कहाँ है।

चर्म—चर्म को चमड़े की तरह नोचना, सिकुड़न पपड़ी छूटना। घाव की जगहों के आस-पास अकौता निकलना। नम पसीना शरीर के दाहिने ऊपरी भाग पर अधिक स्पष्ट।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : एमोनिया-वाटर।

तुलना कीजिए : एमोनिया फारमैल्डिहाइड, व्यावसायिक नाम साइसटोजेन। (मात्रा, ५ से ७ ग्रेन दिन में २–४ बार, गरम पानी में घोल कर, खाने के बाद मूत्राशय, गुर्दों और मूत्र नलिका में पेशाब का सड़ना रोकती है। गदला खून साफ और सरल हो जाता है। चूने की अधिकता घुल जाती है और दूषित जीवाणुओं का बढ़ना रुक जाता है)। इसके अतिरिक्त युरोट्रोपिन (एक पेशाब बढ़ाने वाली और यूरिक तेजाब को घोलने वाली दवा, सड़न से मूत्राशय को कम करती है। २ से ५

ग्रेन अच्छी तरह पानी में मिलाकर। प्रयोग के बाद सदा मस्तिष्क मेरुमज्जा रस में जाहिर होती है और इसलिए मस्तिष्क प्रदाह में उपयोग करने की सलाह दी जाती है)।

मात्रा—गरम पानी में भाप के रूप में जब साँस-यन्त्र बाधायें हों। १ प्र० श० फुहारा; नहीं तो ३x शक्ति।

फॉर्मिका रूफा (**Formica Rufa**)

(क्रश्ड लिव ऐण्ट्स)

सन्धि प्रदाह की औषधि। गठिया और सन्धि वात रोग, हरकत से दर्द बढ़े, दाब से कम हो। दाहिनी तरफ अधिक रोगग्रस्त। जीर्ण गठिया और जोड़ों में तनाव। तीव्र गठिया विष आक्रमण; खासकर जब स्नायुशूल का रूप धारण करे। तपेदिक। कर्कट रोग और वृक्क रोग, जीर्ण गुदा प्रदाह। अधिक बोझ उठाने से रोग उत्पन्न होना। संन्यास रोग। अर्बुद बनने से रोकने का काम स्पष्ट रूप से करती है।

सिर—चक्कर। बायें कान में पटपटाहट के साथ सिर दर्द। मस्तिष्क बहुत बड़ा और भारी जान पड़े। माथे में पानी का बुलबुला फटता जान पड़े। शाम को विस्मृति। प्रफुल्लित। जुकाम और बन्द जैसा नाक में। वातपीड़ित उपतारा प्रदाह। नाक का अर्बुद।

कान—टनटनाहट और भिनभिनाहट। बायें कान में पटपटाहट के साथ सिर दर्द। कानों के चारों तरफ का भाग सूजा मालूम दे। अर्बुद।

पेट—हृदय के किनारे का पेट वाला भाग बराबर दबा जान पड़े और वहाँ जलन हो। सिर दर्द के साथ मिचली और पीली; कड़वी श्लेष्मा की कै। दर्द पेट से सिर की चाँद पर जगह बदले। हवा न खुले।

उदर और मल—सुबह के समय कष्ट के साथ थोड़ी-सी हवा खुले, बाद में मलाशय में दस्त जैसी संवेदना। मलत्याग के पहले आँतों में दर्द, कँपकँपी के साथ। गुदा में रुकावट। मलत्याग के पहले नाभि के चारों तरफ खींचन दर्द।

मूत्र—खून मिला, एल्ब्यूमेन मिला, तेजी से लगे; यूरेट अधिक मात्रा में।

श्वास-यन्त्र—सूखे; दर्दीले गले के साथ रुक्षता, खांसी रात में अधिक हो, माथे में टीस और गले में संकुचन दर्द के साथ, फुफ्फुसावरणीय प्रदाह की तरह दर्द।

जननेन्द्रिय—धातु क्षीणता, कमजोरी। मैथुन में अशक्त।

अंग—वात पीड़ा, तने हुए और सिकुड़े जोड़। पेशियाँ अपने लगाव से खिंची और उखड़ी मालूम दें। निचले अंगों की कमजोरी। शरीर के निचले भाग का लकवा।

कटि पीड़ा। वात पीड़ा एकाएक बेचैनी के साथ आक्रमण करे। पसीने से कष्ट कम न हो। आधी रात के बाद और मालिश से आराम मिले।

चर्म—लाली, खुजलाना, जलन। जुलपित्ती। जोड़ों के चारों तरफ गिल्टियाँ (एमोनिया फॉस०)। बिना कष्ट कम किये अधिक पसीना हो।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना**: ठण्डक और पानी से धोने से, तरी, बरफ-तूफान से पहले। **घटना**: सेंकना, दाब, मालिश। बाल झड़ना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: फॉर्मिक एसिड, (जीर्ण मेरुदण्ड पीड़ा)। पेशी दर्द और चोटीलापन। गठिया और जोड़ों का वात रोग जो एकाएक आक्रमण करे। दर्द प्रायः दाहिनी तरफ अधिक हो या हरकत से और दाब से कम हो। आँखों से कम दिखाई देना। पेशियों की ताकत बढ़ाती है और थकान दूर करती है। मामूली टहलने में अपने को अधिक बलशाली और चुस्ती पाता है। पेशाब बढ़ने का प्रभाव स्पष्ट प्रतीत होता है और शरीर के दूषित पदार्थ अच्छी तरह बाहर निकलते हैं, खासकर मूत्रक्षार। कम्प। तपेदिक, जीर्ण गुर्दा-प्रदाह, और कर्कट रोग, वृक्क रोग इत्यादि सभी की फॉर्मिक एसिड के ३ और ४ शक्ति के इन्जेक्शन द्वारा लाभ के साथ चिकित्सा की गई है। नस में खिंचाव, अर्बुद, जुकाम की चिकित्सा के लिए डॉ० जे० एच० क्लार्क आदेश देते हैं कि फॉर्मिक एसिड का १ या २ औंस घोल बनाना चाहिये जिसमें शुद्ध फॉर्मिक एसिड और डिस्टिल्ड पानी १ और ११ के अनुपात में हों। इस सोल्युशन का एक चाय चम्मच, एक बड़े चम्मच पानी में मिलाकर भोजन करने के बाद दिन में १ या २ बार पीना चाहिये। (बर्फीले तूफान के पहले कण्डराकला, सिर, गरदन और कंधों की पेशियों में दर्द) रसटॉक्स (डल्कामारा, अॉरटिका और जुनिपेरस में फॉरमिक एसिड होता है), ऊड एल्कोहल, अब किसी अन्य पीने की चीज में मिलाकर पीया जाता है जो आजकल के मदपान वर्जित दिनों में सभी लोग व्यवहार करते हैं, शरीर से जल्द बाहर नहीं निकलता और धीरे-धीरे फॉरमिक एसिड में परिवर्तित हो जाता है कि मस्तिष्क पर आक्रमण करके मृत्यु व अन्धापन का कारण होता है।

डॉ० साइलवेस्ट्रोविक्ज, हेरिंग रिसर्च लैबोरेटरी, हैनिमैन कॉलेज, फिलैडेल्फिया फॉर्मिक एसिड के बारे में अपना अनुभव इस प्रकार लिखते हैं:—

फॉर्मिक एसिड का चिकित्सा द्वारा सबसे उत्तम क्षेत्र है अनियमित गठिया। इस विवरण में यह सभी बीमारियाँ सम्मिलित हैं, जैसे:—पेशियों की गड़बड़ी, पेशी प्रदाह, अस्थि, आवरण का गूँधे मैदे के रूप में परिवर्तित होना, पेशियों के तन्तुमय बन्धन में परिवर्तन जैसा स्नायुजाल की सिकुड़न विशेष हो जाता है, चर्म रोग जैसे अकौता, खुजली, बाल झड़ना, गुदा रोग जैसे नया और जीर्ण गुदा प्रदाह। इन रोगों

में फॉर्मिक एसिड १२x और ३०x, इन्जेक्शन के लिए १० सी० सी० २ या ४ हफ्ते पर, अक्सर प्रथम इन्जेक्शन लगाने के बाद ८ से १२ दिन तक रोग वृद्धि होती है।

तीव्र वात ज्वर और तीव्र सुजाकजनित संधि प्रदाह में फॉर्मिक एसिड ६x, हर ६ दिन पर १ सी० सी०, कभी-कभी १२x, स्नायविक रोगियों में, अति उत्तम प्रभाव दिखाता है और दर्द इत्यादि तुरन्त गायब हो जाता है और फिर नहीं होता।

जीर्ण सन्धि-प्रदाह के विशेष वर्णन की आवश्यकता है। फिलैडेल्फिया के हैनिमैन मेडिकल कॉलेज के अन्तर्गत हेरिंग रिसर्च लैबोरेटरी में फॉर्मिक एसिड द्वारा सन्धि प्रदाह के अनेक रोगियों की चिकित्सा के जो प्रयोग किये गये उनमें यह विदित हुआ कि यह औषधि जोड़ों के बन्धनों, कोषों और हड्डी के सिरों पर काम करती है। ऐसे रोग में इस औषधि से तात्कालिक लाभ होता है।

रोगों का भावी फल अधिकतर उनके कारण तत्व की जानकारी पर निर्भर करता है। चिकित्सा के दृष्टिकोण से गठिया विकार सम्बन्धी जीर्ण सन्धि प्रदाह के रोग इस औषधि के लिए उत्तम अवसर देते हैं। तीव्र वात ज्वर के बाद जीर्ण संधिप्रदाह में भी उत्तम लाभ होता है जो कि अक्सर स्नायु विकारी लक्षणों के दर्द किसी-किसी भाग में जल्दी अच्छे नहीं होते। अन्त में आघात संबंधी जीर्ण सन्धिप्रदाह फॉर्मिका एसिड से अच्छे हो जाते हैं। इस अवस्था में फॉर्मिक एसिड ६x, १२x या ३०x की अपेक्षा जो पहले लिखी अवस्थाओं में लाभकारी हैं जल्द फायदा करती हैं। साधारण तौर पर जोड़ों के तनाव में कमी होना औषधि से लाभ दर्शित करता है। तब ३-६ महीने के समय में दर्द और सूजन धीरे-धीरे गायब हो जाती है।

फॉर्मिक एसिड की चिकित्सा जीर्ण सन्धि-प्रदाह में उतनी लाभदायक नहीं होती जब जोड़ों की सतह पर आकार परिवर्तन क्रिया आरम्भ हो गई हो। इस प्रकार की क्रिया आरम्भ में बिलकुल अच्छी तरह रोकी जा सकती है और आगे बढ़ी अवस्थाओं में भी अक्सर लाभ होता है। लेकिन ऐसा हो सकता है कि यह लाभ अल्पकालीन हो। ऐसा खासकर उन रोगों में होता है जब गलत कहा जाने वाला सन्धि-प्रदाहिक आकार परिवर्तन हो जिसमें बन्धन और कोष की सूजन बढ़ती है।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

फ्रैगेरिया (**Fragaria**)

(ऊड स्ट्रॉबेरी)

यह औषधि पाचन और मध्यान्त्रत्वक् ग्रन्थि पर काम करती है। पथरी बनने से रोकती है, दाँतों पर जमी मैल को साफ करती है और गठिया के आक्रमण को रोकती है। फल में ठण्डा करने का गुण होता है। झड़बेर (स्टॉबेरी) स्नायविक प्रकृति के

लोगों में विष का काम करता है जैसे जुलपित्ती के दाने (स्ट्रॉबेरी एनैफाइलैक्सिस), ऐसी अवस्था में ऊँची शक्ति का फ्रैगेरिया देना चाहिए।

बेवाई फटना, गरमी के मौसम में अधिक। स्तन स्राव की कमी। केश नाश, स्प्रुस (संग्रहणी)।

मुँह—जीभ सूजी हुई। स्ट्राबेरी जीभ।

चर्म—जुलपित्ती, काली लकीरों के छोटे दाग और विसर्प रोग। सारे शरीर की सूजन।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : एपिस०; कैल्केरिया०।

फ्रैन्सिसिया (Fanciscea)

(मैनाका)

पेशियों का पुराना तनाव। सुजाक जनित वात रोग। उपदंश और वात पीड़ा, शरीर पर बहुत गरमी, बहुत टीस, पसीना से कम हो। सिर के पीछे और रीढ़ में दर्द, सिर के चारों तरफ फीता कसा जैसा। हृदयशूल, वात दर्द के साथ। पैरों और टाँगों के निचले भाग में वात दर्द। पेशाब में मूत्रक्षार आए।

मात्रा—अरिष्ट या तरल तत्व १० से ६० बूँद तक।

फ्रैक्सिनस अमेरिकाना (Fraxinus Americana)

(ह्वाइट ऐश)

गर्भाशय का बढ़ना। मूत्रमय अर्बुद, कैन्सर, जरायु की अल्पवृद्धि और बाहर निकलना। गर्भाशयिक। अर्बुद, धँसन संवेदन के साथ होठों पर ज्वर-घाव। पैरों में ऐंठन। ठंडा रेंगन और गरम लपटें। बच्चों का अकौता।

सिर—सिर के पीछे थरथराहट के साथ दर्द। स्नायविक बेचैनी के साथ उदासी, उत्सुकता। चाँद पर गरम स्थान।

स्त्री—गर्भाशय बढ़ा और खुला हुआ। पानी-सा तीखा प्रदर। सूत्रमय अर्बुद धँसन संवेदना के साथ, पैर में रेंगन, तीसरे पहर और रात में अधिक। कष्टरजः।

उदर—बायें वंक्षणीय क्षेत्र में कोमलपन, धँसन दर्द, जाँघ तक बढ़े।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : फ्रैक्सिनस एक्सेलसियर—युरोपियन ऐश—(गठिया, वातपीड़ा। ऐश के पत्ती को उबाल कर काढ़ा के रूप में। रैडमैकर)। गैलेगा-ओफ्सिनैलिस—(पीठ दर्द; कमजोरी; रक्तहीनता और पोषण की कमी। दूध

पिलाने वाली माताओं के दूध की मात्रा बढ़ाती है और दूध को गुणवान करती है; भूख भी बढ़ाती है), एपिफेगस, सीपिया; लिलियम० ।

मात्रा—१० से १५ बूँद अरिष्ट, दिन में तीन बार ।

फ्युलिगो लिग्नी (Fuligo Ligni)

(सूट)

ग्रन्थि मण्डल पर काम करती है, श्लैष्मिक झिल्ली के कठिन घाव, ऊपरी खाल पर दाद, अकौता पर । मुँह की श्लैष्मिक झिल्ली की जीर्ण उत्तेजना, योनि घुण्डी की तीव्र खाज, गर्भाशय से रक्त स्राव कर्कट खासकर अण्डकोष का । चिमनी साफ करने वालों का कर्कट रोग, अन्तस्त्वक कर्कट, अति रक्तस्राव के साथ गर्भाशयिक कर्कट । उदासी, आत्महत्या के विचार ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : क्रियोजोट ।

मात्रा—६ विचूर्ण ।

—: ० :—

फ्युकस वेसिक्युलोसस (Fucus Vesiculosus)

(सी केल्प)

मोटापन की औषधि और विषहीन घेघा, और वहिःनिसृत चक्षुगोलक तथा हृद्स्पन्दन के गलगण्ड भी । पाचन अच्छा होता है और वादी कम हो जाती है । कठोर कब्ज, माथा लोहे के छल्ले से कसा मालूम दे । मोटे रोगियों में गल-ग्रन्थि का बढ़ना ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : फाइटोलक्का, थाइरॉयडीन, बैडियागा, आयोडम ।

मात्रा—अरिष्ट, ५ से ६० बूँद, दिन में तीन बार भोजन से पहले ।

— :०: —

फ्युशिना (Fuchsina)

(शराब में मेल मिलाने का एक रंग)

कानों पर लाली पैदा करती है, मुँह का रङ्ग गहरा बदरङ्ग, लाल, मसूढ़े सूजे हुए, जलन और लार बहना, गहरे लाल रङ्ग का पेशाब, एल्ब्युमेन मिला और हल्के लाल रङ्ग का अधिक मल, उदर पीड़ा के साथ । गुर्दों के ऊपरी भाग का तेल बन जाना (अपकर्ष) । एल्ब्युमेन मिश्रित मूत्र के साथ गुर्दों के शिखर भाग के प्रदाह के लिए लाभदायक ।

मात्रा—६ से ३० शक्ति ।

गैलेन्थस निवालिस (Galanthus Nivalis)

(स्नो-ड्राम)

डॉ० ए० ह्विटिंग वैन्कोवर ने सिद्ध किया।

गशी, डूबने की संवेदना। चोटीला, सूखा गला धीमे सिर दर्द के साथ। अर्ध चेतनता और सोते में चिन्तित रहना। दिल कमजोर और दिल बैठे जैसा लगे। मानो वह गिर जायगी। नाड़ी क्रमभंग, तेज, असमान, तीव्र धड़कन। हृदय के सिर पर चुरचुराहट। चिकित्सा के विचार से हृत्कपाट में रक्त वापस लौटना और उस कमी के पूरा न होने की अवस्था में लाभदायक है। हृत्पिण्ड के पट्टों की सूजन। और साथ के कपाटों का ठीक काम न करना।

मात्रा—१ से ५ शक्ति।

गैलियम एपैरिन (Galium Aparine)

(गूजा ग्रास)

गैलियम मूत्रयन्त्रों पर काम करती, पेशाब बढ़ाती है और शोथ, पथरी तथा मूत्र रेणु में लाभदायक है। मूत्रकृच्छ्र और मूत्राशय प्रदाह। कर्कट की क्षय क्रिया को रोकती है या परिवर्तित करती है। गलित घाव और जबान के कठिन अर्बुद पर इस औषधि का लाभ चिकित्सा द्वारा पुष्ट किया गया है। पुराने चर्म रोग और शीतादि रोग। घाव वाली सतह पर स्वस्थ अंकुर उत्पन्न करने में सहायता देती है।

मात्रा—तरल अर्क, आधा ड्राम की एक खुराक या तो पानी के एक प्याले में या दूध में, दिन में तीन बार।

गैलिकम एसिडम (Gallicum Acidum)

(गैलिक एसिड)

तपेदिक में इस दवा को याद रखना चाहिए। यह दवा दूषित रक्तस्राव को रोकती है, पेट की क्रिया को ठीक करती है और भूख बढ़ाती है। मन्द रक्त-स्राव जब नाड़ी धीमी और रक्तनलिकायें ढीली हों; चर्म ठण्डा। रक्तमूत्र। प्रचण्ड रक्तस्राव की प्रवृत्ति। चर्म में खाज। मुँह में पानी आना।

मन—रात में प्रचण्ड प्रलापक सन्निपात, बहुत बेचैनी, बिस्तर से कूद पड़े, पसीना बहे, अकेले रहने से भय, असभ्य, सबको गाली दे।

सिर—सिर के पीछे और गरदन में दर्द। गाढ़ा, तारदार नाक स्राव। पलकों में जलन के साथ प्रकाशान्तक।

साँस-यन्त्र—फुफ्फुस में दर्द, फुफ्फुस से रक्तस्राव, बलगम अधिक। सुबह को गले में अधिक बलगम आये। रात में गला सूखे।

मूत्र—गुर्दों में दर्द, मूत्रनलिकाओं से मूत्राशय तक कष्ट बढ़े। मूत्राशय में धीमा दर्द, ठीक विटपप्रदेश के ऊपर। पेशाब गाढ़ा, क्रीम जैसे रंग का श्लेष्मा से भरा हो।

मलाशय—मल अधिक, गुदा सिकुड़ी लगे। मलत्याग के बाद गशी जैसी लगे। जीर्ण आमातिसार।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : आर्से०, आयोडम, फॉस्फोरस।

मात्रा—पहला विचूर्ण और शुद्ध तेजाब २–५ ग्रेन की मात्रा में।

गैम्बोजिया (Gambogia)

(गम्मी गुट्टी)

होमियोपैथी में इस औषधि का उपयोग केवल पाचन-प्रणाली पर सीमित है। यह क्रोटन के समान दस्त पैदा करती है। इसके रोग-उत्पत्ति विचार में यह विदित होता है कि इसका तीव्र प्रभाव स्पष्ट रूप से पाकाशयिक-आंत्रिक मार्ग पर पड़ता है।

सिर—भारी मन्द और सुस्ती, और निद्रालुता के साथ। आँखों में जलन और खुजली, पलक चिपक जायें, छींक आये।

पाकाशयिक-आंत्रिक लक्षण—दाँतों के किनारों पर ठंडक मालूम दे। पेट में बहुत उत्तेजनीयता, जबान और गले में जलन, कड़क और सूखापन। खाने के बाद पेट में दर्द। कौड़ी में कोमलता। मल-त्याग के बाद उदर में बादी से तनाव और दर्द। गड़गड़ाहट और गर्जन। गोलाकार मल के रुकने के साथ पेचिश और पिठासे में दर्द। दस्त पित्त मिश्रित। मल तेजी से, एकाएक बाहर निकले। मल त्याग के बाद कूँथन और गुदा में जलन। क्षुद्रांत्र तथा अंधांत्र क्षेत्र में दाब असह्य। गरमी के दिनों में अधिक, पानी-सा पतला दस्त, खासकर वृद्ध लोगों में। रीढ़ की अन्तिम अस्थि में दर्द।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : शाम के समय और रात में।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : क्रोटनटिग०, एलोज०, पोडोफाइलम।

मात्रा—३ से ३० शक्ति फुफ्फुस के तपेदिक रोग में, डॉ० एब्रैम्स के मतानुसार, गैम्बोज को सीने पर पोतना अक्सीर चीज है और आरम्भिक अवस्था का लक्षण कुछ हफ्तों में ठीक हो जाता है।

गौल्थेरिया (Gaultheria)

(विण्टरग्रीन)

प्रादाहिक वात दर्द, पार्श्व वेदना, जांघिक स्नायुशूल, और अन्य स्नायुशूल सभी इस औषधि के प्रभाव क्षेत्र में आते हैं। मूत्राशय और मूत्र-ग्रन्थि की उत्तेजना; असाधारण मैथुन इच्छा। गुर्दों की सूजन।

सिर—सिर और चेहरे का स्नायुशूल।

पेट—तीव्र पाकाशय प्रदाह, कौड़ी में तीव्र पीड़ा; दीर्घकालीन कै। प्रचण्ड भूख, पेट की उत्तेजना शिथिल होने पर भी। स्नायविकता से आया पाकाशय प्रदाह (तेल के १x ५ बूँद दीजिये)।

चर्म—गड़न और जलन। तीव्र, चकत्तेदार, ठण्डे पानी से नहाने से बढ़े, ओलिव तेल से और ठण्डी हवा लगने से कम।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : स्पाइरिया, गौल्थेरिया में आरबूटिन होती है। सैलिसिलिक एसिड मेथिलियम सेलिसिलिकम (एक नकली गौल्थेरिया तैल वात पीड़ा के लिए खासकर जब सैलिसिलेट्स का व्यवहार नहीं हो सकता। अति योनि खाज शुक्रनाड़ी-प्रदाह में बाहरी प्रयोग। जलने पर कैन्थेरिस के बाद।

मात्रा—अरिष्ट और निचली शक्तियाँ।

जेल्सेमियम (Gelsemium)

(एलो जैस्मिन)

अपना कार्यक्षेत्र स्नायुमण्डल पर केन्द्रित करती है जिससे कई तरह के चालक पक्षाघात उत्पन्न हो जाते हैं। सर्वाङ्ग शिथिलता। चक्कर, औंघाई, मन्दता, कम्प। नाड़ी मन्द, थकान, मानसिक उदासीनता, आँखों, गले, सीने, स्वर-नली; मूत्र-पेशी; अङ्गों के सिरों के पेशी समूह का पक्षाघात। पैशिक निर्बलता। सम्पूर्ण ढीलापन और शिथिलता। पेशियों में असहयोग। सूर्य की गरमी में सर्वमन्दता। मौसमी परिवर्तन सहन न हो, ठण्डक और तरी अनेक व्याधियाँ फिर से उत्पन्न करें। बच्चे में गिरने का भयदायी या पालने को पकड़ ले। रक्त-संचार मन्द। सिंगार बनाने वालों के स्नायु रोग। इन्फ्लुएंजा। छोटी चेचक। रौद्रत्वक।

मन—चुप रहने की इच्छा, अकेले रहना चाहे। मन्द, सुस्त, अशान्त। "समझने का काहिल।" अपने रोग से लापरवाह। पूर्णतः भयहीन। नींद आने पर बकना, सन्निपातिक। आवेगिक; भय इत्यादि से शारीरिक व्याधि उत्पन्न हो। गिरने से, भय से या उत्तेजनीय खबर के दुष्प्रभाव से। स्टेज भय। बच्चा चिहुँक कर दाई को पकड़ ले और ऐसा चिल्लाये मानो गिर जाने से डरता हो। (बोरैक्स)।

सिर—सिर के पिछले भाग में फैलनेवाला चक्कर। सिर का भारीपन, चारो तरफ फीता कसा जैसा लगे और पिछले भाग का सिर दर्द। धीमा, भारीपन के साथ सिर-दर्द, आँखों का भारीपन, चोटीलापन, दबाने से और सिर को उठाकर लेटने से कम हो। कनपटियों में दर्द, कानों के अन्दर तक और नाक के किनारों और ठुड्ढी तक बढ़े। गरदन और कन्धों के पेशिक चोटीलापन के साथ सिर दर्द। सिर दर्द के पहले अन्धापन आये, बहुत पेशाब होने से कम हो। सिर की खाल छूई न जा सके। नींद आने पर बड़बड़ाये। सिर को तकिये पर ऊँचा उठवाना।

आँख—ऊपरी पलकों का कार्यहीन होकर झूल जाना, पलक भारी। कठिनता से खोल सके। दोहरी चाल दिखाई देना। देखने में गड़बड़ी, पेशिक यन्त्र की खराबी से। ठीक शक्ति का चश्मा लगाने पर भी देखने में धुँधलापन और असुविधा को अच्छा करती है। धुँधलापन धुएँ जैसा। (साइक्लैमिन, फॉसफोरस, दृष्टि मन्द। आँख फैली हों मगर प्रकाश सहन न हो। आँखों के घेरे का स्नायुशूल, पेशियों की सिकुड़न और फड़कन के साथ। आँखों के घेरे के पीछे चोटीला दर्द। एक पुतली फैली, दूसरी सिकुड़ी हुई। गहरी सूजन और नेत्र जल का धुँधलापन। जलयुक्त सूजन। अंडलाली मूत्र सम्बन्धी चित्रपट प्रदाह। चक्षु का अपने स्थान से अलग होना, धुँधलापन, तीव्र प्रदाह। गशी सम्बन्धी धुँधलापन।

नाक—छींक आना, नाक की जड़ में भारीपन। नथुने सूखे। बिचली हड्डी की सूजन। पानी-सा तेजाबी स्राव। तीव्र जुकाम, धीमा सिर दर्द और ज्वर के साथ।

चेहरा—गरम; भारी, लाल, विचाराहीन (बेंप्टिशिया, ओपियम)। चेहरे का स्नायुशूल। चेहरे का रंग धुँधला, चक्कर और कम दिखाई देने के साथ। चेहरे की पेशियाँ सिकुड़ी हुईं, खासकर मुँह के आस-पास। ठुड्डी का पकड़ना। निचला जबड़ा नीचे गिरा हुआ।

मुँह—सड़ा स्वाद और दुर्गन्ध। जिह्वा का सुन्न होना, मोटी, मैली, पीली, काँपती हुई, सुन्न।

गला—निगलने में कठिनता, खासकर गरम चीजों के। मुलायम तालु और गल-नासिक छिद्र में खुजली और गुदगुदी। मस्तक चालक पेशी में, कर्णमूल के पीछे दर्द। तालुमूल सूजे हुए। गले में खुरखुरापन और जलन। झिल्ली प्रदाह के कारण वाला पक्षाघात, तालुमूल प्रदाह, कानों में चुभन। गले में ढोका जैसा मालूम हो जो निगला न जा सके। स्वर लोप। निगलने से कान में दर्द हो (हीपर, नक्स०)। निगलना कठिन। गले से कान तक दर्द।

पेट—नियमित रूप से जेल्सीमियम के रोगी को प्यास नहीं लगती। हिचकी, शाम को बढ़े। पेट के गड्ढे में खालीपन और कमजोरी मालूम हो या भारी बोझ जैसा दाब।

मल—आवेगजनित उत्तेजना से दस्त होना, डर, बुरी खबर। (फॉसफोरिक एसिड)। बिना दर्द या अनैच्छिक मल-स्खलन। हल्का पीला (कैल्के०) चाय जैसा हरा। मलाशय और मूत्र-पेशी का आंशिक पक्षाघात।

मूत्र—अधिक साफ रंग का पानी-सा पेशाब, सर्दी और कम्प के साथ। मूत्र-कृच्छ्र। मूत्राशय का आंशिक पक्षाघात, धार रुक-रुक कर बहे (क्लिमैटिस) पेशाब रुक जाना।

स्त्री—गर्भाशय के मुँह का कड़ापन (बेलाडोना), योनि में आक्षेपिक झटका। मिथ्या प्रसव दर्द, पीठ के ऊपर की तरफ उठे। कष्टप्रद मासिक-धर्म, बहाव थोड़ा, मासिक-धर्म देर से हो। दर्द पीठ और कटि प्रदेश तक बढ़े, मासिक काल में स्वर-भंग और स्वरयंत्र प्रदाह। ऐसा लगे मानो गर्भाशय निचोड़ा जा रहा हो। (कैमोमिला, नक्स वो०; आस्टिलैगो)।

पुरुष—धातुक्षीणता बिना लिंगोत्थान। जननेन्द्रिय ठंडी और ढीली (फासफोरिक एसिड)। अण्डकोष पर पसीना हो। सुजाक का पहला चरण, स्राव थोड़ा, कड़ापन आने का भय, दर्द कम, गरमी अधिक, लिंग के मुँह पर कड़क।

श्वास-यन्त्र - साँस का धीमापन, अधिक शिथिलता के साथ। सीना पर कसावट। सूखी खाँसी, सीना दर्द और बहते जुकाम के साथ। टेटुआ में झटका। स्वरलोप, तीव्र वायुनलिका प्रदाह, साँस तेज, फुफ्फुस और वक्षोदर मध्यस्थ पेशी में आक्षेप।

दिल--ऐसी भावना कि चलते-फिरते या हिलते रहना आवश्यक है, नहीं तो हृदय की गति रुक जायगी। नाड़ी-धीमी (डिजिटैलिस परपुरिया, कैल्मिया लैटिफोलिया, एपोसाइनम, कैनाबिनस)। धड़कन, नाड़ी मुलायम, कमजोर, भरी, बहती हुई। नाड़ी शान्त रहने से धीमी मगर हिलते ही तेज हो जाये। वृद्धावस्था की कमजोरी, धीमी नाड़ी।

पीठ—मंद, भारी दर्द। पूरे पेशिकामंडल का ढीलापन। सुस्ती, पेशियाँ चोटीली जान पड़ें। थोड़ा परिश्रम अधिक थकाव पैदा करे। गरदन में दर्द, खासकर ऊपरी सिर हिलानेवाली पेशियों में। कटि प्रदेश और त्रिकास्थि क्षेत्र में धीमी टीस, जो ऊपर को बढ़े। पीठ, चूतड़, निचले अंगों की पेशियों में दर्द प्रायः पुराना।

अंग—पेशियों की नियन्त्रण शक्ति का अभाव। अगली बाहों की पेशियों में ऐंठन। व्यावसायिक स्नायु रोग। लेखकों के हाथ की ऐंठन। सभी अंगों का तीव्र कम्पन और कमजोरी। मूर्च्छा वायु। झटका। जरा-से परिश्रम से थकावट।

नींद—पूरी नींद न आवे। सो जाने पर बकना। अधिक थकावट के बाद निद्रा या अनियंत्रित विचारधारा से तम्बाकू पीने से। जम्हाई लेना। स्नायविक उत्तेजना से आई अनिद्रा (कॉफिया)

ज्वर—इतना काँपना कि किसी से पकड़ाये रखना चाहे। नाड़ी धीमी, भरी, मुलायम दबने वाली। पीठ के ऊपर-नीचे सर्दी। गरम और पसीने की अवस्था दीर्घ-कालीन और थकाने वाली। शीतहीन-जड़ैया, बहुत पेशिक चोटीलापन, अधिक शिथिलता और तीव्र सिर दर्द। स्नायविक शीत। पित्त सम्बन्धी स्वल्प-विराम ज्वर, गशी, चक्कर, अचेतनता, बिना प्यास, पतनावस्था, शीत बिना प्यास, रीढ़ भर में लहर की तरह त्रिकास्थि से सिर की जड़ तक ऊपर चढ़े।

चर्म—गरम, सूखा, खुजली, पित्त की तरह फरन। विसर्प रोग। छोटी माता, जुकामी लक्षण, दोनों के ऊपर आने में सहायक। स्थान-विकल्पशीलता, लाल चकत्तों के साथ। अरुण ज्वर, गशी और लाल चेहरे के साथ।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : नम मौसम में, कोहरा, बिजली तूफान के पहले; आवेग या उत्तेजना, बुरी खबर, तम्बाकू पीना, अपनी बीमारी पर सोचने से, १० बजे सुबह। घटना : आगे झुकने से, अधिक पेशाब होने से, खुली हवा में, लगतार हरकत से, उत्तेजनाजनक वस्तु पीने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : इग्नेशिया (सिगार बनाने वालों का पाकाशयिक विकार); इपिकाक, एकोनाइट, बेलाडोना, सिमिसिफ्यूगा, मैग० फास०। (जेल्सेमियम में कुछ मैग० फॉस होता है) क्युलेक्स (कान में भरापन के साथ नाक छिनकने पर चक्कर आना)।

क्रियानाशक : चायना; कॉफिया, डिजिटेलिस। सभी लक्षण, जहाँ जेल्सेमियम लाभदायक होता है मदमिश्रित वस्तु पीने से लाभ होता है।

मात्रा—अरिष्ट से ६० शक्ति, १ से ३ अधिक लाभदायक होती हैं।

जेन्शियाना लूटिया (Gentiana Lutea)

(एलो जेन्शियन)

पेट के लक्षण स्पष्ट हैं। शक्ति बढ़ाने का काम करती है, भूख बढ़ाती है।

सिर—चक्कर, उठाने से या हिलने से अधिक हो, खुली हवा में कम। अगले भाग का सिर दर्द, भोजन करने से और खुली हवा में कम। मस्तिष्क ढीला जान पड़े, सिर कोमल। आँखों में टीस।

गला—सूखा। गाढ़ी लार।

पेट—तेजाबी पानी ऊपर आना, प्रचंड भूख, मिचली, बोझ और टीस पेट में। पेट में वादी भरना और तनाव (पीथोस०)। शूल और नाभि प्रदेश छूने में कोमल। वायु संचयता।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : जेन्शियाना क्विन्के फ्लोरा (सविरामिक ज्वर, मन्दाग्नि, शिशु हैजा, कमजोरी) जेन्शियाना क्रुसियाटा (पेट के ऊपर लिखे लक्षणों के साथ गले के भी लक्षण रहना, निगलने में कष्ट, सिर दर्द के साथ चक्कर, आँखों में भीतर की तरह दाब; गले, सिर और उदर में सिकुड़न। उदर में तनाव, भारीपन और कसावट। पूरे शरीर पर मक्खी चलने जैसी रेंगन) हाइड्रैस्टिस, नक्स०।

मात्रा—१ से ३ शक्ति।

जिरैनियम मैकुलेटम (Geranium Maculatum)

(क्रेन्सबिल)

पुराने सिर दर्द की शिकायत। अधिक रक्त प्रवाह, फुफ्फुस से और दूसरी जगहों से खून की कै (पेट में घाव होना)। कमजोर करने वाले दूषित घाव। गरमी के मौसम की बीमारियाँ।

सिर—द्वि-दृष्टि के साथ चक्कर, आंखें बन्द करने से कम। पलकों के लकवे के कारण उनका नीचे ही गिरे रहना और पुतली का फैलना, रोज होने वाला सिर दर्द।

मुँह—सूखा। जबान का सिर जले। गलकोष प्रदाह।

पेट—जुकामी पाकाशय प्रदाह, अधिक स्राव के साथ, घाव होने और मन्द रक्त स्राव की सम्भावना। पाकाशय-घाव में कै होने को कम करती है।

मल—लगातार पखाना लगा रहे, मगर कुछ देर तक कुछ न निकले। दूषित श्लेष्मा के साथ जीर्ण दस्त। कब्ज।

स्त्री—अधिक मासिक-धर्म। प्रसव के बाद खून बहना। स्तन घुण्डी की वेदना (यूपेटोरियम एरोमैटिक)।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : जिरैनिन १x (बुड्ढे लोगों का लगातार खखारना और थूकना।), इरोडियम-हेम्लोक स्टॉरक्स बिल-रूस की एक सार्वजनिक रक्तस्राव रोकने की दवा और खासकर गर्भाशयिक रक्त-स्राव और अधिक मासिक रक्तस्राव के लिए) हाइड्रैस्टिनिन; सिन्कोना; सैबाइना।

मात्रा—अरिष्ट का आधा ड्राम पाकाशय घाव में। अरिष्ट से ३ शक्ति साधारण नियम। बाहरी प्रयोग के लिए घाव पर, यह विकारी झिल्ली नष्ट करती है।

गेटिसबर्ग वाटर (Gettysburg Water)

गले और पिछले छिद्रों से रेशेदार श्लेष्मा गिरे। कच्चापन। गरदन की पेशियाँ कड़ी। जोड़ कमजोर। चीजों को उठा न सके। नसें कड़ी। अर्ध तीव्र गठिया

अवस्था। भाप से उड़ाकर बचे हुए द्रव्य का ६ दशमलव तक का विचूर्ण। अर्ध मन्द और जीर्ण वात रोग में लाभदायक। सफेद, मैलवाली जबान। गहरे रङ्ग का पेशाब और लाल बालू की तरह तलछट। कड़ापन की संवेदना, हरकत से अधिक। खासकर कटि-क्षेत्र और चूतड़ों, कन्धों और कलाई के जोड़ों में। चुप, शान्त रहने से न मालूम पड़े। सुबह को अधिक देर तक एक ही आसन से न रह सके। हिलाने से पेशाब में कड़ापन। बंधनों में दर्द, आराम से कम हो।

सम्बन्ध—लाइकोपोडियम; फास्फोरस; रसटक्स; पल्सेटिला; मगर घटने-बढ़ने के विचार में अन्तर है।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : हरकत से पेशियों में कड़ापन। घटना : अराम से (पेशियों के बंधनों और कड़ापन में)।

मात्रा—निम्न विचूर्ण शक्तियाँ। ३० मात्रा भी।

जिन्सेंग (Ginseng)

(एरेलिया क्विनकेफोलिया—वाइल्ड जिन्सेंग-पैनेक्स)

उत्सर्जन ग्रन्थियों को उत्तेजित करने वाली मानी जाती है, खासकर लार ग्रन्थियों को। मेरुदण्ड के निचले भाग पर काम करती है। कटिवात, जांघिक स्नायुशूल (गृध्रसी) और वात दर्द। पश्चाघातिक कमजोरी। हिचकी। चर्म लक्षण, गरदन और छाती पर खुजलीदार दाने।

सिर—चक्कर, आँखों के सामने भूरे धब्बे के साथ, आधे सिर का दर्द, कनपटियों का दर्द, पलक खोलना कठिन, वस्तुएँ दोहरी दीख पड़ें।

गला—तालुमूल प्रदाह, ठीक बेलाडोना की तरह, मगर गहरे रङ्ग के लोगों में।

उदर—तना हुआ, दर्दीला, गड़गड़ाहट। दाहिनी तरफ दर्द। क्षुद्रांत्र क्षेत्र में तेज गड़गड़ाहट। अन्धान्त्र आवरक झिल्ली का प्रदाह।

पुरुष—अक्सर धातु क्षीणता के बाद वात दर्द। जननेन्द्रिय की कमजोरी, मूत्रमार्ग के सिरे पर कामोत्तेजना। अण्डकोष में दाब।

अंग—हाथ सूजे मालूम दें। चर्म कसा लगे। सिकुड़न। पीठ और मेरुदण्ड में ठण्डक। पिठासे और जाँघों में चोटीला दर्द, प्रत्येक रात में निचले अङ्गों से अँगुलियों तक गड़न। हाथ की अँगुलियों के सिरों में जलन, जाँघों के ऊपरी भीतरी भाग में फरन। कड़े सिकुड़े जोड़। निचले अङ्गों का भारीपन। जोड़ों का चुरचुराना, पीठ में तनाव।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : एरेलिया कोका, हेडेरा-आइवी-मानसिक उदासी और चर्म उत्तेजना गन पाउडर से प्रभाव रहित होता है।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

ग्लोनोइन (Glonoine)

जीएल०-ग्लिसरीन, ओ-ऑक्सीजन, एन-नाइट्रोजन (नाइट्रो-ग्लिसरिन) स्पिरिटस ग्लिसेरिनस नाइट्रेट)

हाल के जर्मन परीक्षण, अमेरिका के मूल परीक्षणों और चिकित्सा सम्बन्धी संकेतों की पुष्टि करते हैं। अनेक स्नायु बाधाओं को स्पष्ट रूप से विदित करती है। अधिक सुस्ती, काम करने को मन न चाहे, फिर प्रादाहिक सिर लक्षण उत्पन्न होना। ६ शक्ति से भी सारे शरीर में खुजली और बाद में दाने उभरें और फुन्सियाँ हों, प्रचण्ड भूख भी।

प्रादाहिक सिर दर्द और अति गरमी या ठंडक से मस्तिष्क में रक्ताधिक्य के लिए एक बड़ी औषधि। अन्तर करोटि सम्बन्धी, वयःसन्धि-काल के रोग या मासिक-धर्म के दब जाने से रोग उत्पन्न होने की अवस्था में उपयुक्त औषधि। खुली आग के सामने बैठने के कारण बच्चों का बीमार पड़ना। **सिर और दिल में रक्त की लहर की तरह दौड़ जाना।** एकाएक रक्त संचार क्रिया के भ्रष्ट होने की प्रवृत्ति। मस्तिष्क रक्ताधिक्य सम्बन्धी घोर आक्षेप के आक्रमण। सारे शरीर में नाड़ी धड़कन। टपकन दर्द। स्थान भ्रम। दुबले लोगों में जांघिक स्नायुशूल (गृध्रसी), जिनका अंग चुचुका हो; सामुद्रिक यात्राकालीन बीमारी।

सिर—मानसिक गड़बड़ी, चक्कर के साथ। लू लगने का असर, सिर पर गरमी, जैसा टाइप बैठाने वालों में या गैस और बिजली की रोशनी के नीचे काम करने वालों को प्रायः होता है। **सिर भारी, मगर तकिए पर न रख सके। सिर के पास कोई गरमी सहन न हो।** आक्षेपिक स्नायुशूल सिर और चेहरे का। अति चिड़चिड़ापन। लेटने के बाद उठने पर चक्कर आए। मस्तिष्क रक्ताधिक्य। सिर अति बड़ा जान पड़े, मानो खोपड़ी भेजे के लिए बहुत बड़ी है। आधे सिर का दर्द, जो सूर्य के साथ बढ़े और घटे। सिर के धक्के, नाड़ी के क्रम के साथ। मासिक-धर्म की जगह सिर दर्द। गर्भिणी स्त्रियों के सिर में रक्त दौड़ना। संन्यास रोग का भय। मस्तिष्क प्रदाह।

आँख—सभी चीजों का आधा भाग उजाला और आधा भाग अन्धेरा दीखना। अक्षर छोटे जान पड़ें। आँखों के आगे चिनगारी।

मुँह—टपकन के साथ दाँत दर्द।

कान—थरथराहट, दिल की प्रत्येक धड़कन कानों में सुनाई दे, भरापन।

चेहरा—रक्तमय, गरम, लाल, पीला, पसीजा, नाक की जड़ में दर्द, चेहरे का दर्द। झबरा चेहरा।

गला—गरदन भारी मालूम दे। कालर खोलना पड़े। गला घुटे और कानों के पास सूजन हो।

पेट—रक्तहीन, मन्द रक्तसंचार वाले लोगों का पाकाशय शूल। मिचली और कै। पेट के गढ़े में गशी, कुतरन और खालीपन मालूम पड़े। अप्राकृतिक भूख।

उदर—खुजलीवाली, दर्दवाली बवासीर। मल त्यागने के पहले और बाद में। उदर में बींधन के साथ कब्ज। दस्त, मल अधिक, काला, गाँठदार मल।

स्त्री—मासिक-धर्म देर में या एकाएक रुकना, सिर में रक्ताधिक्य के साथ वयःसंधिकालीन जोर का स्राव।

दिल—सश्रम क्रिया। फड़फड़ाहट। साँसकष्ट के साथ धड़कन। पहाड़ों के ऊपर न चढ़ सके। किसी भी परिश्रम से दिल में रक्त दौड़ जाये और गशी आवे। पूरे शरीर में, अँगुलियों के सिरों तक थरथराहट।

अंग—पूरे शरीर में खुजली, अङ्गों में अधिक। बायीं द्विशिर-पेशी में दर्द। सभी अङ्गों में खींच, दर्द। पीठ में दर्द।

घटना-बढ़ना—घटना : ब्राण्डी से। बढ़ना : धूप में, सूर्य की किरणों से, गैस की रोशनी से, खुली आग, झटका, झुकना, बाल काटने से, आड़ू खाना, उत्तेजक वस्तुयें, लेटना ६ बजे सुबह से दोपहर तक, बायीं तरफ।

सम्बन्ध—क्रियानाशक—एकोनाइट।

तुलना कीजिए : एमिल नाइट्रोसम, बेलाडाना, ओपियम, स्ट्रैमोनियम, वेरेट्रम विरिडि।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

शान्तिप्रद प्रभाव (स्थूल मात्रा) के लिए हृदय शूल, दमा, हृदय गति का रुकना इत्यादि, शारीरिक स्थूल मात्रा में १ : १०० बूँद देना चाहिए। इस अवस्था में यह उत्तम तत्कालीन फलप्रद औषधि है। इसके प्रयोग की अवस्था है : छोटी, सुरसुरी नाड़ी, पीला पड़ना, धामनिक झटकन, मस्तिष्क रक्तहीनता, पतनावस्था, कमजोर हृदय, गशी, दोहरी चोट की नाड़ी चक्कर, उन सब लक्षणों का उल्टा जो होमियोपैथिक व्यवहार के लक्षणों में मिलता है। जीर्ण सांतर गुर्दा के प्रदाह में धमनी चाप कम करने के लिए अकसर व्यवहार की जाती है।

ग्लीसरीनम (Glycerinum)

(ग्लीसरीन)

होमियोपैथिक सिद्धान्त के अनुसार प्रयोग करने पर सुरक्षा मात्रा में शक्तिवान बनाकर ग्लीसरीन का प्रभाव गहरा और दीर्घकालीन होता है, तन्तुओं को बनाता है, इसलिये सुखण्डी रोग, कमजोरी, मानसिक और शारीरिक, मधुमेह इत्यादि में उत्तम लाभ करती है। मूल प्रभाव में यह पोषण क्रिया को छिन्न करती है और गौण प्रभाव में पोषण क्रिया को बढ़ाती है (डॉ० विलियम बी० ग्रिग्स)।

सिर—भरा जान पड़े, थरथराहट, मानसिक गड़बड़ी। मासिक-धर्म होने से दो दिन पहले तीव्र सिर दर्द। कनपटियाँ भरी जान पड़ें।

नाक—ऊपरी मार्ग बन्द, छींक, कटन जुकाम। श्लेष्मिक झिल्ली में रेंगन। पिछले भाग से स्राव।

सीना—ठोंकने वाली खाँसी, कमजोरी के साथ। सीना भरा मालूम दे। जुकामी फुफ्फुस प्रदाह।

आमाशय—गैस अधिक बनना, पेट और गले में जलन।

मूत्र—अधिक और बार-बार पेशाब होना। घनत्व अधिक और चीनी मधुमेह।

स्त्री—गर्भाशय में धँसन, भारीपन के साथ। अधिक दीर्घकालीन मासिक-धर्म। सर्वाङ्ग की शिथिलता।

अंग—सविरामिक वात पीड़ा। पैर दर्द वाले और गरम, बड़े मालूम पड़ें।

तुलना कीजिये : लैक्टिक एसिड, जेल्सेमियम, कैल्के०।

मात्रा—३० और उससे ऊँची शक्ति। शुद्ध ग्लीसरीन चाय के चम्मच के नाप से, कठोर रक्तहीनता में नीबू के रस में मिलाकर।

नैफेलियम (Gnaphalium)

(कड-वीस)—ओल्ड बैलसम)

जांघिक स्नायुशूल की निर्विवाद औषधि, जब दर्द के साथ उस भाग में सुन्नता भी हो। वात पीड़ा और प्रातः दस्त हो। अनेक बार पेशाब करना।

चेहरा—दोनों तरफ की ऊपरी जबड़ा की हड्डी में सविराम दर्द।

उदर—वायु की आवाजें शूल, कई जगहों में उदर पीड़ा। मूत्र ग्रंथि में उत्तेजना। शिशु हैजा का पहला चरण, कै और दस्त।

स्त्री—कोखों में भारीपन और भरापन। कष्टप्रद मासिक धर्म; कम और पीड़ाजनक मासिक धर्म।

पीठ—निचले, कटि-प्रदेश में जीर्ण पीड़ा; पीठ के बल आराम करने से कम। पीठ के निचले भाग में सुन्नता और पेड़ू में भारीपन के साथ कटिवात।

अंग—बिस्तर में, टाँगों, पिण्डली और पैर में ऐंठन। टखनों के जोड़ों और टाँगों में वात दर्द। कटि जांघिक स्नायु में तीव्र दर्द, पीड़ा और सुन्नता बारी-बारी से। पिण्डली और पैर में अकसर दर्द, पैर के अंगूठों में गठिया दर्द। पैर ऊपर उठाने व खींचने से कम, जाँघों को पेट पर मोड़ने से, गठिया रोग का दूषित पदार्थ जमा होना (एमोनियम, बेन्जोयिकम)। घुटनों के अगले भाग का स्नायुशूल

(स्टैफिट०) । जोड़ों में दर्द मानो चिकनाई की कमी है । पीठ और गरदन की जीर्ण पैशिक वातपीड़ा ।

तुलना कीजिये : जैन्थकजाइलम, कैमोमिला, पल्सेटिला ।

मात्रा—३ से ३० शक्ति ।

गोलोण्ड्रिना (Golondrina)

(युफोर्बिया पोलीकार्पा)

सर्प विष की मारक । इसके व्यवहार से सर्प विष क्षमता शरीर में उत्पन्न हो जाती है और इसलिए प्रतिषेधक है (इण्डिगो) ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : दी इयूफोर्बिया बंश । इयुफोर्बिया प्रोस्टाटा-(इण्डियन लोगों में जहरीले कीड़ों और साँप काटने पर, खासकर रैटल् सर्प के डँसने पर अचूक औषधि के रूप में व्यवहार होती है) । फ्लूमेरिया सेलिनस (टिंचर आन्तरिक और बाहरी प्रयोग); हर १५ मिनट पर सर्प के लिए (डा० कोरिया), सीड्रन । माइकेनिया गुवाचो, ब्रेजिल की एक सर्प विष औषधि । सेलैजिनेला (दूध में घोलकर, लगाने और खाने के लिए, साँप और मकड़ी के विष) आयोडियम, अरिष्ट रैटल् सर्प के काटने पर लगाना और एक बूँद की मात्रा में हर १० मिनट पर खिलाना । जिम्नेमा साइलवेस्टर (कड़वी वस्तु का स्वाद नष्ट करेगा; स्वाद संवेदना परावर्तित होती है । बुकी हुई जड़ सर्प डँसने पर); रिसाइरिचियम—ब्लू आइड ग्रास—१०-१५ बूँद मात्रा में अरिष्ट की (रैटल सर्प डँसने पर) ।

गॉसिपियम (Gossypium)

(काटन-प्लैण्ट)

एक शक्तिवान मासिक स्राव प्रवाहक, यदि स्थूल मात्रा में प्रयोग किया जाय । होमियोपैथिक दृष्टि से इसमें बहुत-सी परावर्तित अवस्थायें मिलती हैं जो गर्भाशय की गड़बड़ी और गर्भावस्था पर निर्धारण है । गॉसिपियम उस अवस्था में लाभदायक होगा जब मासिक स्राव निकलना मालूम दे, मगर न निकले । लम्बे कदवाली, रक्तहीन, रोगिणी, स्नायविक गनगनी वाली ।

सिर—गरदन के पास दर्द और सिर में स्नायविकता के साथ पीछे मुड़ने की प्रवृत्ति ।

आमाशय—मिचली, नाश्ते के पहले कै की सम्भावना । मासिक काल के लगभग पेट के गड्ढे में असुविधा के साथ भूख न लगना ।

स्त्री—योनि घुण्डी की सूजन और खुजली। डिम्बाशय में सविरामिक पीड़ा। खेड़ी का रुकना। काँखों की ग्रन्थि की सूजन के साथ स्तन का अर्बुद। गर्भिणी की मिचली; गर्भाशय क्षेत्र की उत्तेजनीयता के साथ मासिक-धर्म का दबना। अधिक पानी-सा स्राव। पीठ में दर्द, भारीपन और पेडू में खींचन। गर्भाशय का उलटना और तन्तुमय अर्बुद, पाकाशयिक दर्द और कमजोरी के साथ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : ताजी हरी जड़ से औषधि बनाने पर अगरट की तरह काम करती है। लिलियम, सिमिसिफ्यूगा, सैबाइना।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति तक।

ग्रेनैटम (Granatum)

(पोमग्रैनेट)

कृमि नाशक, लम्बे केंचुए निकालने के लिए और होमियोपैथिक सिद्धान्त के अनुसार नीचे लिखे लक्षणों में हितकर है। मिचली और चक्कर के साथ लार बहना। गले के झटके।

सिर—खाली मालूम देना। आँखें धँसी हुईं, पुतली फैली हुई, देखने में कमजोर, चक्कर लगातार।

आमाशय—लगातार भूख। पाचन-क्रिया दुर्बल। दुबलापन। रात में कै होना।

उदर—पेट और उदर में दर्द, नाभि के पास अधिक (कॉकुलस इण्डिका, नक्स मॉस्केटा, प्लम्बम मेट०)। असफल मल-त्याग इच्छा। गुदा खाज। योनि प्रदेश में धँसन, मानो आँत उतरेगी। नाभि का आंत्र उतरने की तरह फूलना।

सीना—दाब, आहें भरना। कन्धों के बीच में दर्द, कपड़े से भी कष्ट हो।

चर्म—हथेलियों में खुजली। मालूम पड़े कि दाने निकलने वाले हैं। चेहरा पीला।

अङ्ग—कन्धों की चारों तरफ दर्द, मानो भारी बोझ उठाया गया हो। सभी अँगुलियों, जोड़ों में दर्द। घुटने के जोड़ में फटन। झटकन।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : पेलेटिराइन (इसी का एक अंश है—एक कृमि-नाशक, खासकर लम्बे केंचुए), सिना, काउसी।

मात्रा—१ से २ शक्ति।

ग्रैफाइटिस (Graphites)

(ब्लैड लेड)—प्लमबैगो

अन्य कार्बनों की तरह यह औषधि भी शक्तिवान खाजनाशक है, लेकिन खासकर उन रोगियों में अधिक काम करती है जो कुछ तगड़े, साफ रङ्ग के होते हैं, जिनको चर्म रोग और कब्ज अधिक होता है, मोटी शीत वाली और कब्ज वाली स्त्रियाँ, जिनको मासिक-धर्म देर में शुरू हुआ हो और जुकाम जल्द होता हो। बच्चे जो ढीठ हों, तंग करें, बिगड़ने पर हँसें। भीतरी रोगों के चर्म रोग अवस्था उभारने की क्रिया उत्पन्न करती है। विसर्प रोग की प्रवृत्ति को नाश करती है। चेहरे की लाली के साथ रक्तहीनता। मोटापन। जननेन्द्रिय सूजी हुई। फलकने वाला प्रदर रोग। पपड़ी तन्तु को शरीर ही में सुखाना। तन्तुओं की सख्ती। आमाशय छिद्र का कर्कट रोग। पाकाशय के साथ।

मन—चिहुँकने की प्रबल प्रवृत्ति। काम करने के लिए बैठने पर अशान्त रहना। काम करने की इच्छा न रहना। भयभीत, उदासी, अनिश्चितता।

सिर—सुर्खीला चेहरा और नकसीर, पेट में तनाव और वादी संचयता के साथ सिर में खून दौड़ना। सुबह जागने पर सिर दर्द, अधिकतर एक ही तरफ, कै की सम्भावना के साथ। माथे पर मकड़ी के जाले जैसा लगे। ठिठुरा और चुस्त। सिर की एक तरफ वात दर्द जो दाँत और गरदन तक बढ़े। चाँद पर जलन। बाल वाले खोपड़ी के भाग पर दाने, खुजली वाले, उनमें से दुर्गन्ध निकले। कड़ापन की अवस्था।

आँख—आँख आना, कृत्रिम प्रकाश असह्य। पलक लाल और सूजे हुए। पलकों की सूजन। पलकों का सूखापन। पलकों पर अकौता, दरारें पड़ें।

नाक—भीतरी भाग का सूखापन। खाते समय कानों में चुरचुराहट। कानों के पीछे नमी और फरन। शोर में अच्छा सुनाई दे। ऊँचा सुनना। कानों में फुफुकार। कानों में बन्दूक के धड़ाके की गरजन। कानों के पर्दे पर पतली, सफेद पपड़ीदार झिल्ली, जैसे खाल उघड़ी हो। कानों और उनके पीछे दरारें।

नाक—छिनकने पर छरछराहट, भीतरी दर्द। सूँघने की शक्ति अति तीव्र, फूल की गन्ध सहन न हो। नथुनों में खुरण्ड और दरारें।

चेहरा—चेहरे पर मकड़ी के जाले मालूम पड़ें। नाक का अकौता खुजलीदार दाने। मुँह और ठुड्डी के चारों तरफ नम अकौता। विसर्प रोग, जलन चुभन।

मुँह—सड़ी दुर्गन्ध। साँस पेशाब की तरह गन्ध करे। जबान पर छाले जिनमें जलन हो। लार बढ़े। खट्टी डकार।

आमाशय—मांस से घृणा। मिठाई से मिचली आवे। गरम चीज पीना असह्य, प्रत्येक बार खाने के बाद मिचली और कै होना। मासिक-काल में मिचली हो। पेट में दाब। आमाशय के जलन से भूख लगे। कठिन डकार, पेट में दबोच जैसा दर्द, पाकाशय शूल। वादी भरना। खाने से कुछ देर के लिए पेट का दर्द कम हो जाये, या गरम चीज, खासकर दूध पीने से और लेटने से भी।

उदर—उदर में मिचली जैसा मालूम पड़े। उदर में भरापन और कड़ापन जैसे वादी में फँसी हो, कपड़ा ढीला करना पड़े, नाभि में दर्दीला दाब। उदर में गड़-गड़ाहट। कोखे का भाग कोमल, सूजा हुआ। जिस करवट लेटे उसके दूसरी तरफ तरफ वादी का दर्द। जीर्ण दस्त, मल बादामी; पतला, अनपचा, घृणित। शूल के बाद अति दुर्गन्धित वायु-स्खलन।

मल—कब्ज, बड़ा कठिन, गठीला मल, श्लेष्मा के रेशे मिलते हों। जलन वाली बवासीर। काँच निकलना; दस्त, बादामी पतला मल, जिसमें अनपची चीजें मिली हों, अति घृणित दुर्गन्ध। दर्द वाला, गड़न वाला, खुजलीदार गुदा। ढोकेदार मल श्लेष्मा के रेशे मिले हों। मलाशय की नसें फूली और मोटी हों, गुदा की दरारें (रेटानहिया, पियोनिया, आफिसि०)।

मूत्र—गँदला, तलछटदार। खट्टी गन्ध।

स्त्री—कब्ज के साथ देर में मासिक धर्म हो, पीला और कम, कौड़ी में फटन दर्द और उसके पहले खुजली हो। आवाज भारी, जुकाम, खाँसी, पसीना और सुबह की बीमारी मासिक-धर्म के बीच में। प्रदर : पतला, पीला, मात्रा में अधिक, सफेद, काटने वाला, पीठ में बहुत कमजोरी के साथ। स्तन सूजे हुए और कड़े। डिम्बाशय, गर्भाशय और स्तनों का पकना। स्तन घुण्डी दर्द वाली, चिटकी और छालेदार। मैथुन से निश्चित रूप से घृणा।

पुरुष—मैथुन सम्बन्धी दुर्बलता, इच्छा अधिक, मैथुन से घृणा, बहुत जल्दी वीर्य स्खलन या वीर्य स्खलन न हो, जननेन्द्रिय पर दाद वाले दाने।

श्वास-यन्त्र—सीने में दाब, आक्षेपिक दमा, दम घुटने के हमले सोते से जगा दें, कुछ खाना आवश्यक। सीने के बीच दर्द, खाँसी के साथ, खुर्चन और चोटीला-पन। चर्म रोग के साथ जीर्ण आवाज फटन। स्वर-यन्त्र का नियन्त्रण असम्भव, आवाज फटी हो, गाने या बोलने से पहले।

अङ्ग—गरदन की जड़ में दर्द, कन्धों, पीठ और अङ्गों में भी। रीढ़ की हड्डी का दर्द। बहुत कमजोरी के साथ पिठासे में दर्द। जाँघों के बीच में छिलन। बायाँ हाथ सुन्न, बाहें सो जायें, अँगुलियों के नाखून मोटे, काले, भुरभुरे, गर्भाशय सूजा हुआ (सोरिनम, फ्लोरिक एसिड)। निचले अङ्गों का शोथ। पैर की अँगुलियों के नाखून छोटे। पैर की अँगुलियों का कड़ापन और सिकुड़न। नाखून चुरचुरे और

भुरभुरे। नाखून रूपहीन, दर्दीले, चोटीले, मोटे और छोटे। अँगुलियों के सिर पर दरारें या चिटकन। पैरों से घृणित पसीना निकलना।

चर्म—खुरदरा, कड़ा अकौता के हमले से बचा हुआ भाग का लगातार सूखापन। कोर्म अर्बुद और सूत्रमय अर्बुद का प्राथमिक चरण। दाने और मुँहासे। चर्म फटना, जिसमें से चिपचिपा रस निकले। अङ्गों के जोड़ों में कच्चापन, पुट्ठों में, गरदन में, कानों के पीछे सभी जगह कच्चापन। अस्वस्थ चर्म, छोटी चोट भी पके। घाव जिसमें से चिपचिपा रस, पतला, चिकना रस निकले। ग्रंथियों की सूजन और पकना। गठिया हड्डी का गुल्म। स्तन घुण्डियों में, मुँह, पैर की अंगुलियों के बीच में और गुदा में चिटकन। चेहरे का फूलना। विसर्प रोग, जलन और गड़न दर्द। पैरों की सूजन। मांसांकुर। जीर्ण विषैले ओक का रोग।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : सेंकन, रात में, मासिक-धर्म के दौरान में और उसके बाद। घटना : अँधेरे में, कपड़ा लपेटने से।

सम्बन्ध—पूरक : आर्जेण्टम नाइट्रि० (बाद की अच्छी औषधि, पाकाशयिक विकार में), कॉस्टिकम०, हीपर०, लाइको०, आर्सेनिक, ट्युबरकुलाइनम।

तुलना कीजियें : पेट्रोलि०; सीपिया; सल्फर, फ्लोरिक एसिड। कब्ज, श्लेष्मा से ढँका हुआ मल और पाकाशयिक वादी के लक्षण और अन्तर पर पेट्रोलि० और लाइको० ऐसी औषधियों पर भी ध्यान रखना चाहिए। (रॉबे)।

क्रियानाशक : नक्स०, एकोना०, आर्सै०।

मात्रा—६ से ३० शक्ति। लगाने के लिए मलहम के रूप में स्तन घुण्डी की चिटकन में।

ग्रैटियोला (Gratiola)

(हेज हिसाप)

खास तौर पर पाकाशयिक आंत्रिक प्रणाली पर काम करती है। जीर्ण नजले की अवस्थायें; प्रदर और प्रमेह। कठिन घाव। अति घमण्ड को दबाने के कारण मानसिक खराबियों में लाभदायक है। खासकर स्त्रियों के लिए लाभदायक है। स्त्रियों में नक्स के लक्षणों में काम आती है।

सिर—पुराना सिर दर्द। दृष्टिहीनता के साथ रक्त दौड़ना। ऐसा लगे कि भेजा सिकुड़ रहा है और सिर छोटा होता जा रहा है। माथे में कसापन, खाल में सिकुड़न। आँखें सूखी, जलन। निकट दृष्टि।

पेट—खाते समय और बाद में चक्कर आए, खाने के बाद भूख और खालीपन। अजीर्ण, अधिक अफरा के साथ। रात्रि भोजन के बाद और रात में ऐंठन तथा शूल। उदर फूला हुआ और कब्ज के साथ। तरल पदार्थ निगलने में कष्ट।

मल—दस्त, हरा; झागदार पानी, बाद में गुदा में जलन, तेजी से निकले; बिना दर्द। गठिया और तेजाबीपन के साथ कब्ज। व्याधि शंका के साथ बवासीर। मलाशय सिकुड़ा हुआ।

नींद—अनिद्रा।

स्त्री—अधिक मैथुन की इच्छा। मासिक-धर्म अधिक, समय के पहले, देर तक जारी रहे। प्रदर।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : अधिक पानी पीने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : डिजिटेलिस, इयुफ्रेशिया, टैबेकम, कैमोमिला, एमोनियम पिक्रे०, नक्स वोमिका।।

मात्रा—२ से ३ शक्ति।

ग्रिण्डेलिया (Grindelia)

(रोजिन-ऊड)

दोनों, ग्रिंडेलिया रोबस्टा और ग्रिंडेलिया स्क्वैरोसा नीचे लिखे लक्षणों के लिए व्यवहार किए जाते हैं। इनके नाम व लक्षणों में कोई अन्तर नहीं है, गोकि ग्रिंडेलिया स्क्वैरोसा को गुर्दा लक्षण, बाँयें कोनों में धीमा दर्द और भारीपन, जीर्ण मलेरिया, पाकाशयिक दर्द जो गुर्दों के रक्ताधिक्य से सम्बन्धित हो, इन सब अवस्थाओं के लाभ के लिए श्रेय दिया जाता है। लकवा उत्पन्न करती है जो निम्न अंग से शुरू हो। इसका काम हृदय पर भी होता है, पहले यह उसकी गति को तेज करती है और बाद में मन्द करती है।

सूखे जुकाम में, फुफ्फुसीय-पाकाशयिक, हृदय-फुफ्फुस नाड़ी मंडल पर काम करती है। (पकन और मवादी अवस्था में टार्ट एमेटिक)। पाकाशयिकफुफ्फुसीय नाड़ी मंडल में आंशिक लकवा उत्पन्न करती है, जिससे साँस लेना रुकता है। सोने के बाद दम घुटना। दमे की हालत, जीर्ण वायुनलिका प्रदाह। वायुनलिका स्राव जिसमें चिमड़ा बलगम निकले जो जल्दी अलग न हो। रक्तचाप बढ़ाती है। पाकाशय घाव की मिचली और ओकाई। मूत्र में चीनी। रस-विष का सफल शामक, खाने और लगाने में। जलन, छाले, योनि स्राव, और दाद के लिए भी। अम्लपित्ताधिक्य, जब साथ में दमा, और दूसरे स्नायविक लक्षण भी हों। पाकाशयिक श्लैष्मिक झिल्ली में रक्ताधिक्य, कठिन साँस के साथ।

सिर—भरा मालूम हो जैसे कुनैन खायी हो। आँखों के ढेलों में दर्द जो मस्तिष्क में पीछे की तरफ दौड़े, आँखें हिलाने से बढ़े। पुतली फैली हुई। आँखों की सूजन, पीब और उपतारा प्रदाह के साथ।

साँस-यन्त्र—वायुनलिका प्रदाह वाले रोगियों को साँस के साथ साँय-साँय करने और कष्ट की उत्तम औषधि। खुरखुराहट, झागदार बलगम निकलने से कष्ट कम हो, जो कठिनता से निकले। फुफ्फुसीय रक्तसंचार यन्त्र पर काम करती है। अधिक चिमड़ा बलगम जो निकलने से कष्ट कम हो, दमा रोग। नींद आने पर साँस रुकना, चिहुँक कर जाग उठे और हाँफने लगे। साँस लेने के लिए बैठ जाना पड़े। लेटने पर साँस न ले सके। रुक-रुक कर साँस लेना।

तिल्ली—तिल्ली प्रदेश में कटन दर्द जो चूतड़ों तक बढ़े। तिल्ली बढ़ी हुई (सियानोथस, कारडुअस)।

चर्म—लाल छत्ते की तरह चर्म फरन, तीव्र जलन और खुजली के साथ। सूखे और जल भरे दाने। भैंसिया दाद। खुजली और जलन; ओक विष (पानी में धोने के लिए)। सूजे, बैगनी रङ्ग के चमड़े के साथ घाव।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : टार्टर एमेटिक; एरियोडिक्टियाना, लैके०, सैंग्विनेरिया।

मात्रा—अरिष्ट का १ से १५ बूँद की मात्रा में नीचे की शक्ति में भी।

गुआको (Guaco)

(मिकानिया, कलाइम्बिक हेम्प वीड)

स्नायु-मंडल और स्त्री जननेन्द्रियों पर काम करती है। बिच्छू और साँप के विष का नाशक (गोलोण्ड्रीना) हैजा। वातनाड़ियों का पक्षाघात, उपदंश। कर्कट। बहरापन। जबान भारी, हिलाने में कठिनाई। रीढ़ की उत्तेजना। रीढ़ के लक्षण अधिक दर्शनीय और पुष्टि किए हुए। बियर के पीने वालों को सन्यास रोग होने का भय। पिठासे और कमर में टीस के साथ दस्त और पेचिश।

सिर—दर्द लाल चेहरा। जबान हिलाने से भारीपन और कठिनाई पड़े।

गला—स्वर-नली और भोजन नली सिकुड़ी हो, निगलना कठिन। जबान भारी, हिलाने में कठिनाई।

स्त्री—प्रसव स्राव अधिक, छींकने वाला, सड़ा, कमजोरी वाला। रात में खुजली और कड़कन मानों रोगी भाग से आग बाहर निकल रही हो।

मूत्र—अधिक, गंदला, फॉस्फेट मिला। मूत्राशय क्षेत्र के ऊपर दर्द।

पीठ—कन्धों के डैनों के बीच में दर्द, जो अग्र बाँह तक बढ़े। कन्धों की जड़ में जलन। रीढ़ की हड्डी भर में दर्द, झुकने से बढ़े। चूतड़ और पिठासे में थकावट।

अंग—असच्छादनी पेशी, कन्धों, केहुनी, बाँह और अंगुलियों में दर्द। उरुसंधि के आस-पास दर्द। टाँगें भारी। टखनों, जोड़ों और तलवों में दर्द। निचले अंगों का पक्षाघात।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : हरकत से।

संबंध—तुलना कीजिए : आक्जैलिक, एसिड, लैथाइरस, कॉस्टि०।

मात्रा—१ से ६ शक्ति।

गुयेकम (Guaiacum)

(रेजिन ऑफ लिग्नम वाइटे)

सौत्रिक तन्तु पर मुख्यतः का करती है और विशेषतः सन्धि प्रदाह की प्रवृत्ति वालों के लिए, वात पीड़ा और तालुमूल प्रदाह वालों के लिए उपयोगी है। उपदंश का दूसरा दर्जा। तीव्र वात रोग में अधिक लाभदायक है। **अबाध दुर्गन्धित स्राव सारे शरीर से दुर्गन्ध आये।** फोड़ों में मवाद लाने में सहायक है। स्थानीय गरमी असह्य और रोग का बढ़ना। अङ्ग का सिकुड़ना, कड़ापन, कार्यहीनता। फैलाने को बाध्य हो।

मन—भूलना; विचारहीन, घूरना; बात देर में समझे।

सिर—**सिर और चेहरे में गठिया दर्द जो गर्दन तक बढ़े।** खोपड़ी में फटने की तरह दर्द, जो ठंडे, नम मौसम में बढ़े। फूला मालूम हो और रक्त नलिकायें तनी हों। बायें कान में दर्द। अक्सर चिलकन में अन्त हो, खासकर सिर में।

आँखें—पुतली फैली हुई। पपोटे बहुत छोटे जान पड़ें। आँखों के चारों तरफ दाने।

गला—गठिया के कारण गला बिगड़ जाना और इसके साथ गल-पेशियों की दुर्बलता। गला सूखा, जला, सूजा हुआ, कानों की तरफ चिलक। तीव्र तालुमूल प्रदाह। उपदंशीय गलक्षत।

आमाशय—रोयेंदार जबान। **सेब और दूसरे फलों की इच्छा।** दूध से घृणा। आमशय में जलन। उदरोर्द्ध प्रदेश में सिकुड़न।

उदर—आँतों में उफान। आँतों में वायु की अधिकता। अतिसार, शिशु हैजा।

मूत्र—पेशाब करने के बाद तेज चिलक। लगातार इच्छा।

साँस-यन्त्र—दम घुटे। सूखी, कड़ी खाँसी। खाँसी के बाद दुर्गन्धित साँस। प्लुरिसी का दर्द। पसलियों के हिलने से सीने में दर्द, जब तक बलगम निकलना शुरू न हो, गहरा साँस न ले सके।

स्त्री—वात रोगी का डिम्बाशय प्रदाह। अनियमित मासिक धर्म और कष्टदायक और उत्तेजित मूत्राशय।

पीठ—सिर में गरदन तक दर्द। गरदन के पिछले भाग में टीस। कड़ी गरदन और वेदनापूर्ण कंधे। कंधास्थि के बीच से सिर के पिछले भाग तक चिलक। कंधास्थियों के बीच में दर्द।

अंग—कन्धों, बाँहों और हाथों में वात पीड़ा। बढ़ता हुआ दर्द (फास्फो० एसिड)। नितम्बों में चुभन और कटिवात। छोटे जोड़ों में चीरने-फाड़ने की तरह का दर्द जिसमें सिकुड़ाव आए। अङ्गों में सख्ती, हिला न सके। गुल्फ पीड़ा टाँगों के ऊपर तक बढ़े, जिससे लंगड़ापन हो। जोड़ सूजे हुए, दर्द भरे, दाब तथा गरमी और बाद में सिकुड़न। पीड़ित भाग में गरमी लगना।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना** : हरकत से, गरमी से, ठण्डा तर मौसम, दाब, छूना, ६ बजे शाम से ४ बजे सुबह तक। **घटना** : बाहरी दाब से।

सम्बन्ध—गुयेआकॉल (सुजाक के कारण आया शुक्र रज्जु प्रदाह में लगाने के लिए ३० भाग वैसलीन में २ भाग)।

क्रियानाशक : नक्स, सिपिया के बाद अच्छा काम करती है।

तुलना कीजिए—मर्करी; कॉस्टि०, रस०; मेजेरि०; रोडोडे०।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति।

—:०:—

गुआरिया (Guarea)

(बालऊड)

आँखों के लक्षण परीक्षित हैं। अर्जुन रोग और अनपच इससे अच्छे हुए हैं। गेरू की तरह लाल रङ्ग का चर्म टीबी।

आँखें—चक्षु प्रदाह, सूजन। ढेलों में चीरने-फाड़ने की तरह का दर्द, तनाव, जैसा बाहर ढकेली जा रही हों। चीजें धुँधली दिखाई दें, उल्टी दिखाई दें। आँखों के लक्षण और कम सुनाई देना बारी-बारी से हो। अधिक आँसू बहना।

सिर—ऐसा लगे कि मस्तिष्क आगे गिर रहा है; सिर पर जैसे चोट पड़ी हो।

साँस-यन्त्र—खाँसी के साथ पसीना, और सीने में दर्द और कसाव से स्वर-यन्त्र उत्तेजित।

मात्रा—अरिष्ट।

गिम्नोक्लेडस (Gymnocladus)

(अमेरिकन कॉफी ट्री)

गलक्षत, मुँह का भीतरी भाग गहरा नीला लाल और चेहरे का विसर्प अधिक मोटा लक्षण है। शीतपित्त। गरमी और शांति की इच्छा। सिर दर्द, माथे, कनपटियों और आँखों पर थरथराहट, जबान पर नीली-सी सफेद मैल के साथ। आँखों में जलन।

चेहरा—चेहरे पर मक्खियाँ रेंगती मालूम पड़ें। विसर्प रोग। दाँतों की अति कोमलता।

गला—क्षतग्रस्त, मुँह के भीतरी भाग और तालुमूल की गहरी नीलक के साथ लाली। गड़न के साथ दर्द। गले में श्लेष्मा और खरखरी। सूखी खाँसी के साथ गुदगुदी।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : लैक्नैन्थिस; लैकेसि०; एलैन्थ; रस०।

मात्रा—नीचे की शक्तियाँ।

हेमाटॉक्सिलोन (Haematoxylon)

(लॉगऊड)

सिकुड़न की संवेदना अधिक मोटा लक्षण है। ऐसा लगे मानो सीने के आर-पार छड़ रखा हुआ है। हृदय शूल।

सिर – सिकुड़ा मालूम पड़े, भारी, गरम। पपोटे भारी।

आमाशय—उदर से गले तक दर्द जैसे खोदा जा रहा है जिससे दाब के साथ हृदय प्रदेश में दर्द हो। आन्त्र शूल, तनाव। गड़गड़ाहट और अतिसार। फूला, दर्दीला।

सीना—सिकुड़न जो कौड़ी तक जाये। सीने आर-पार छड़ रखा हुआ लगे। दाब के साथ दिल में आक्षेपिक दर्द। दिल के क्षेत्र में बहुत दर्द, धड़कन।

स्त्री—तलपेट में दर्द, साथ में चिकना, सफेद प्रदर। मासिक काल में कमजोरी और नीचे के रुख दबाव के साथ दर्द।

तुलना कीजिये : कैक्टस; कोलोसि०; नाजा।

मात्रा—३ शक्ति।

हैमामेलिस विर्जिनिका (Hamamelis Verginica)

(विच-हैजेल)

शिरा में रक्ताधिक्य, रक्तस्राव, नसों का फूल जाना और बवासीर, और इसके साथ रोगग्रत भाग में कुचल जाने की-सी पीड़ा, यह सब इस औषधि के प्रभाव के मुख्य क्षेत्र हैं। शिराओं की परतों पर काम करती है जिससे ढीलापन होकर रक्ताधिक्य हो जाता है। किसी भाग में मन्द रक्तस्राव। खुले, वेदनापूर्ण घाव में अति मूल्यवान; जब कि अधिक खून निकलने से कमजोरी आयी हो। चीरफाड़ के बाद मार्फिया से अधिक लाभदायक है (हेलमथ)।

सिर—अपने योग्य अपना सत्कार करना चाहे। एक कनपटी से दूसरी कनपटी तक गोला लगने जैसा संवेदन। भरापन; बाद में नकसीर। शंखास्थि के ऊपर ठिठुरन।

आँखें—दर्द के साथ कमजोरी, आँखों में पीड़ा; खूनी लाली, रक्त जैसी लाल, नाड़ियाँ प्रदाहित और उभरी हुई। आँखों के भीतरी भाग की रक्तनलिकाओं के रक्त-प्रदाह को दूर करती है। आँखें बाहर को ठेली मालूम पड़ें।

नाक—नाक से अधिक खून निकले, बहाव मन्द, न जमने वाला खून, नाक की ऊपर सेतु अस्थि में कड़ापन। नाक से दुर्गन्ध आये।

गला—श्लैष्मिक झिल्ली तनी हुई और नीली-सी। गले की नसों का गँठीलापन।

आमाशय—जबान जली मालूम दे। प्यास। किनारों पर छाले। काला खून थूकना। आमाशय में थरथराहट और दर्द।

मल—गुदा में कच्चापन और वेदना। बवासीर, अधिक रक्तस्राव, दर्द के साथ। पेचिश, मलाशय में टपक।

मूत्र—खून का पेशाब, इच्छा अधिक।

स्त्री—डिम्बाशय में रक्ताधिक्य और स्नायुशूल, सन्तापपूर्ण अनुभूति, मासिकधर्म की जगह नाक से खून गिरे। गर्भाशयिक रक्तस्राव, पीठ में पीड़ा। मासिक रक्त गहरा, मात्रा में अधिक, उदर में चोटीलापन के साथ। गर्भाशय से अधिक रक्तस्राव जो दो मासिक-काल के बीच वाले समय में हो। मासिक कालों के बीच वाला दर्द (जैस० डब्लू० वार्ड) योनि अति कोमल। अधिक प्रदर। घुण्डी खाज। प्रसव के बाद टाँग का तरुण शोथ जो रक्त-संचार में बाधा पड़ने का परिणाम हो। बवासीर और स्तन घुण्डी दर्द। गर्भाशय से रक्त-स्राव हो, मन्द बहाव। योनि शूल, डिम्बाशय प्रदाह, सारे उदर में चोटीलापन। प्रसव के बाद जंघाशिरा का प्रदाह।

पुरुष—शुक्र रज्जु में दर्द जो अण्डकोष में उतरे। अण्ड नसों का मोटा हो जाना। अण्डों में दर्द। अण्ड प्रदाह। अण्ड बढ़े हुए, गरम और वेदनापूर्ण। शुक्र-रज्जु-क्षय।

श्वास-यन्त्र—रक्त थूके, गुदगुदीदार खाँसी। सीना वेदनापूर्ण और सिकुड़ा लगे।

पीठ—मेरुदण्ड के साथ ऊपरी कशेरुकाओं से दर्द। कटि और तलपेट क्षेत्र में तीव्र दर्द जो टाँगों तक उतरे।

अंग—टाँगों और बाहों में थकावट लगे। पेशियों और जोड़ों में तीव्र वेदना, नसों का फूलना। पीठ और नितम्ब में शीत लगे, जो टाँगों तक उतरे। पैर की वृहत नाड़ी में शूल।

चर्म—नीलाभ, बेवाई। शिरा प्रदाह। धूम्र रोग। शिरार्बुद और घाव, तीव्र पीड़ा। जल जाना। काला दाग। आघातजनित सूजन (आर्निका०)।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : गरम नम हवा।

सम्बन्ध—बवासीर में तुलना कीजिये : कैल्के०, फ्लोर०, एलो। शिराबुंद में म्यूरियेटकम ऐसिड, मैंगिफेरा इण्डिका।

तुलना : आर्निका, कैलेंडु०, ट्रिलियम, बेलिस, सल्फुरिक ऐसिड, पल्से०।

क्रियानाशक : आर्निका।

पूरक : फेरम फॉस।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति। परिस्रुत घनसार लगाने के लिए।

हेडेओमा (Hedeoma)

(पेनिरायल)

स्त्री-लक्षण अधिक महत्वपूर्ण। अफरा के साथ आते हैं; बहुधा स्नायविक गड़बड़ी के साथ लक्षण आते हैं। मूत्र में लाल बालू। मूत्र-नलिका में दर्द। आन्त्र शूल। ओक विष क्रियानाशक (ग्रिडेलिया)।

सिर—सुबह के समय सुस्ती, भारीपन। दर्द जैसे कट गया हो। दुर्बल, मूर्च्छामयी, लेटने से आराम।

आमाशय—आमाशय प्रदाह। आमाशय में कुछ भी पहुँचने से दर्द हो। जबान पर पतला, सफेद मैल। मिचली।

उदर—तना हुआ, सन्तापपूर्ण कोमल।

मूत्र—घड़ी-घड़ी इच्छा, कटन, दर्द। बायें गुर्दे की नाली में दर्द। गुर्दों से मूत्राशय तक घसीटने जैसी पीड़ा। बायें गुर्दे पर मन्द जलन, दर्द। मूत्राशय की गरदन पर जलन और उत्तेजना जिससे बराबर पेशाब लगे और कुछ मिनटों में अधिक पेशाब न रुक सके, पेशाब करने का कष्ट हो।

स्त्री—नीचे की ओर दबाव के साथ दर्द। अधिक पीठ दर्द के साथ, जरा-सा हिलने से कष्ट बढ़े। प्रदर, जलन और स्राव के साथ। डिम्बाशय में रक्ताधिक्य और दर्द, आक्षेपिक धँसन, संकुचन।

अंग—हाथ के अँगूठों के जोड़ों में दर्द। दर्द, ठण्डापन और पक्षाघात जैसी अवस्था। फरकन, झटका, चोटीलापन। गुल्फ, देशीय सुदृढ़ कण्डरा दर्दीली, मानो मोच खा गई हो और सूजन, टहलना पीड़ाजनक।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : मेन्था-पिपरेटा; सिपिया; लिलियम, ओसिमम; (यूरिक एसिड प्रबलता, गुर्दे की नाली में दर्द) हेडरा, हेलिक्स—कॉमन आईवी (प्रलापक सन्निपात और जीर्ण आक्षेप। जीर्ण मस्तक शोथ, नाक से श्लेष्मा का स्राव, मस्तिष्क मेरुमज्जा प्रदाह, मोतियाबिन्द। रक्तनलिका पर काम करती है, अधिक मासिक स्राव)। ग्लेकोमा हेडेरेसिया-ग्राउण्ड आईवी-(बवासीर के साथ गुदा उत्तेजित और रक्त स्राव, अतिसार। गुदा में कच्चापन और दर्द। खाँसी के साथ स्वर-नली और गल-नली की उत्तेजना। चिबुक निम्नस्थ सूजन)।

मात्रा—पहली शक्ति।

हेक्ला लावा (Hecla Lava)

(लावा स्कोरिये फ्रॉम मौण्ट हेक्ला)

जबड़ों पर स्पष्ट प्रभाव। बढ़ी हुई अस्थि, मसूढ़ों का फोड़ा, दाँत निकलने में कठिनाई आने में अधिक उपयोगी है। अस्थि गुल्म, हड्डी का सड़ना इत्यादि। अस्थि-प्रदाह, अस्थिवेष्ट प्रदाह, सम्मिलित हड्डी का कैंसर, बालशोष। साधारण अर्बुद। हड्डी सड़ना। जबड़ों की चीरफाड़ के बाद हड्डी का सड़ना और छेद करने वाले घाव।

चेहरा—नाक की हड्डी का सड़ना। कीड़ा खाये दाँतों का और दाँत निकलवाने के बाद चेहरे का स्नायुशूल। जबड़ों के आसपास सूजन के साथ दाँत दर्द। मसूढ़ों के घाव। जबड़े की हड्डी का बढ़ना। गर्दन की ग्रन्थियों का बढ़ना और पकना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : सिलिका, मर्क्यूरियस, फासफोरस, कॉंचि, ओलिनम—मदर ऑफपर्ल—(हड्डी का लम्बा भाग रोगग्रस्त, स्पर्श अति असह्य); ऐम्फिसबोयेना—स्नेललाइक लिजर्ड—(जबड़े की हड्डियों से अधिक सम्बन्ध, हवा और नमी से रोग बढ़ना); स्लैग—(रोगग्रस्त भाग में अति खुजली)।

मात्रा—नीचे की शक्ति।

हेलिबोरस (Halleborus)

(स्नो-रोज)

यह दवा ज्ञानेन्द्रियों में क्षीणता की अवस्था पैदा करती है। देखना, सुनना और स्वाद सभी अपूर्ण हो जाते हैं और सर्वाङ्ग पैशिक दुर्बलता आती है, जो पूर्ण रूप से पक्षाघात में परिवर्तित हो जाये और साथ में शोथ आता है। इसलिए यह औषधि जीवन ताप की कमी और घातक रोगों में लाभदायक है। ४ बजे शाम से ८ बजे रात तक इसके लक्षणों के अधिक होने का विशेष लक्षण है (लाइको०) भारी कमजोरी का संवेदन। मस्तिष्क विषादमय पागलपन।

मन—जवाब देने में धीमा। विचारहीन, आँखें पथराई हुईं। अनैच्छिक आहें भरना। पूर्ण अचेतनता। होठों और कपड़ों को नोचना।

सिर—माथे में झुर्रियाँ। ठण्डा पसीना। बुद्धिहीन बनाने वाला सिर दर्द। रात-दिन सिर इधर-उधर घुमाता रहे, कराहना, चीख उठना। सिर तकिये में गड़ाना, हाथों से सिर पीटना। पिछले भाग में धीमा दर्द, भीतर पानी छलकने के संवेदन के साथ। सिर दर्द का अन्त कै में हो।

आँखें—ढेले का ऊपर को चढ़ना, ऐंचापन, विचारहीन चेहरा। पुतलियाँ फैली हुईं। पूरी खुली आँखें, धँसी हुईं, रतौंधी।

नाक—मैले सूखे नथुने। नाक रगड़ना। सूँघने की शक्ति कम होना, नाक नोकीली।

चेहरा—पीला, मुरझाया हुआ। ठण्डा पसीना। झुर्रियोंदार। बायीं तरफ का स्नायुशूल, इतनी कोमलता कि चबा न सके।

मुँह—मुँह से भयानक दुर्गन्ध आए। होंठ सूखे और चिटके हुए। जबान लाल और सूखी। निचले जबड़े का लटक जाना। अनायास होठों को नोचना। दाँत पीसना। चबाने जैसी हरकत। गोकि अचेत हो मगर ललचाकर ठण्डा पानी पिये। बच्चा ललचाकर दूध पिये, भोजन से घृणा। मुँह से लार बहना। किनारे दर्दीले।

उदर—गड़गड़ाहट मानो उदर में पानी भरा हो। फूला हुआ, स्पर्श पीड़ाजनक।

मल—जेली की तरह, सफेद श्लेष्मा, अनैच्छिक।

मूत्र—रुक जाये, कम, गहरा, पिसी कॉफी जैसी तलछट। बराबर लगना। बच्चा पेशाब न कर सके। मूत्राशय खूब तना हुआ।

साँस-यन्त्र—बराबर आहें भरना। क्रमहीन साँस। सीना सिकुड़ा हुआ, साँस लेने के लिए हाँफे। वक्षोदक रोग (मर्क्युरियस सल्फुरिकस)।

अंग—एक ही बाँह और टाँग की अनैच्छिक हरकत। अंग भारी और वेदना पूर्ण। अंगों का फैलना। हाथ के अंगूठे हथेली में मुड़े हों (क्यूप्रम)। हाथ और पैर की अंगुलियों के बीच में रस दाने।

नींद—सोते में एकाएक चीखना। गशी, निद्रा। जल्दी नींद न खुले। पूरी तरह से जाग न सके।

चर्म—पीली, शोथमयी, खुजलीदार। चर्म पर धूमिल चकत्ते। एकाएक जल भरी फूलन, चर्म पर। बाल और नाखून झड़ना। स्नायविक विकार जिसमें प्रदाहहीन, चक्राकार सूजन आए।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : शाम से सुबह तक, कपड़ा हटाने पर।

सम्बन्ध—**हेलिबोर०, फेटिडस या पोलिम्निया**—बियर्स फुट-खासकर तिल्ली पर काम करती है; (**सियानोथस**)। मलाशय और जांघ वृहत् स्नायु पर भी। तिल्ली का दर्द जंघास्थि, गरदन और सिर तक बढ़ता है जो बायीं तरफ और शाम को अधिक कष्ट देता है। जीर्ण मलेरिया, तिल्ली बढ़ना, गर्भाशय ढीला, ग्रन्थि का बढ़ना; बाल और नाखून झड़ना, चर्म उघड़ना)। **हेलिबोरस ओरिण्टैलिस** (लार बहना)।

क्रियानाशक—**कैम्फोरा, सिंकोना**।

तुलना कीजिए : जल जाने का खतरा, **ट्युबरकु०, एपिस, जिंकम०, ओपियम, सिन्को०, सिकूटा, आइडोफार्म**।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

हेलियांथस (Helianthus)

(सनफ्लावर)

सविराम ज्वर के पुराने रोगी। जुकाम, नजला, नकसीर और नाक में मोटा खुरण्ड। बायें घुटने में वात दर्द। कै करना, काला मल, मुँह और गलकोष में रक्ताधिक्य और सूखापन, चर्म की लाली और गरमी। लक्षण गरमी से बढ़ते हैं और कै करने से कम होते हैं। प्लीहा की खास औषधि है। आमाशय पर विशेष प्रभाव, जब मिचली और कै के साथ हो। मल काला (लैप्टैण्ड्रा)। मुँह सूखा। आर्निका और कैलण्डुला की तरह लगाने से घाव भरनेवाली।

हेलोडर्मा (Heloderma)

(गिला मॉन्स्टर)

इसके डंक का असर सुन्नमयी पक्षाघात होता है जैसा कम्पवात या उरुस्तंभ में होता है। टंकार संबंधी अवस्था नहीं होती। वह विपरीत अवस्था है जो गौण रूप से हाइड्रोसियानिक एसिड या स्ट्रिकनिनम में पायी जाती है। इस पदार्थ का अलौकिक प्रभाव चूहे की आँखों पर पाया गया है। आँखों के ढेले स्पष्ट हो जाते हैं और शीशे पर धुँधलापन छा जाता है, ढेलों के पिछले भाग में रक्तचाप अधिक होने के कारण ढेले बाहर निकले मालूम पड़ते हैं (बॉयड)। होमियोपैथिक सिद्धान्त के अनुसार इसका प्रयोग उन रोगों में किया जाता है जिनमें अधिक ठंडक हो—"ध्रुवदेशीय" ठंडक। सिर के पिछले भाग से पैरों तक ठण्डी लहरें। इन लहरों का ऊपर की तरफ चढ़ना।

सिर—अधिक उदासी। ऐसा प्रतीत हो कि वह दाहिने तरफ को गिर पड़ेगा। सिर के चारों तरफ जैसे ठंडा फीता बँधा है। मस्तिष्क में ठंडा दबाव। पपोटे भारी। दर्द दाहिने कान से शुरू होकर सिर के पिछले भाग से घूमकर बायें कान तक जाये।

चेहरा—ठंडक की रेंगन मानो चेहरे पर पेशियाँ तनी हुई हैं।

मुँह—जबान ठंडी, कोमल और सूखी। अधिक प्यास। निगलना कठिन; साँस ठण्डा।

सीना—फुफ्फुस और हृदय में ठंडापन। हृदय गति मन्द।

पीठ—कंधों के आरपार ठण्डक। रीढ़ की हड्डी में गरमी मालूम पड़े।

अंग—सुन्नपन और कम्प। हाथों पर नीले दाग। ठंडापन। ऐसा लगे मानो स्पंज पर टहल रहा हो और पैर सूजे हुए। लड़खड़ाती चाल। मुर्गे की चाल। चलते समय साधारण से अधिक ऊपर पैर उठाता है और एड़ी को पटक कर रखता है। पैर बरफ जैसे ठंडे या जलते हों। फैलाने से पेशियों और अंग का कष्ट कम होता है।

ज्वर—आन्तरिक ठंडक जैसे मुर्दा है। शरीर के चारों तरफ ठंडे घेरे। ठंडी लहरें (एबीज कैने०, एकोन०) ठंडे स्थान। 'ध्रुवदेशीय' ठंडक। ताप नारमल ९६ अंश से भी कम (कैम्फो०)।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : लैसर्टा-ग्रीन लिजर्ड-(उद्भेद जीभ के नीचे छालेदार दाने। मानसिक तेजी। निगलना कठिन। मुँह में थूक भरा रहना। मिचली, पेट में अधिक दाब) कैम्फोरा, लैकेसिस।

मात्रा—३० शक्ति।

हेलोनियस—कैमइलिरियम (Helonias-Chamaelirium)

(यूनिकॉर्न रूट)

त्रिकास्थि और वस्तिगह्वर में कमजोरी का संवेदन, धँसन और बोझ, अधिक सुस्ती और शिथिलता के साथ—ये सब इस औषधि के उत्तम सांकेतिक लक्षण हैं। गर्भ जैसी चेतना, थकी, पीठ दर्द वाली महिलायें। वृम्ब की कमजोरी बच्चेदानी खसकने की प्रवृत्ति में और उसके अन्य स्थानान्तरण में दर्शित होती है। अकसर मासिक दबा रहता है और गुर्दों में रक्ताधिक्य रहता है। मालूम पड़ता है कि मासिक-कालीन रुधिर अपने प्राकृतिक मार्ग से न निकल कर गुर्दे में जमा हो गया। इन सबके साथ घोर विषाद भी होता है। रोगी को अपना मन दूसरी तरफ लगाने के लिए कुछ न कुछ करना आवश्यक होता है। उन औरतों के लिए इसे याद रखिए जिनकी बच्चेदानी खिसकी रहती है, सुखी जीवन और निठल्ली रहती हैं (जब ध्यान दूसरी तरफ बँटा रहता है या जब डाक्टर आता है तब ठीक रहती हैं।) या उनके लिए जो कड़े परिश्रम से थक गयी हैं, थकी, पेशियों पर अधिक परिश्रम पड़ा हो, वे जलती हों, और उनमें टीस होती है, नींद नहीं आती। मधुमेह और मूत्रमेह। गुर्दों में बराबर टीस और कोमलता।

मन—घोर चिन्ताग्रस्त। रोगिणी किसी काम में लगी रहने से अच्छी रहती है, जब ध्यान दूसरी तरफ रहता है, जब कुछ किया करती है। चिड़चिड़ी, जरा-सा विरोध सहन नहीं करती।

सिर—चाँद पर जलन। मानसिक परिश्रम से सिर दर्द कम रहे।

पीठ—पीठ में दर्द और बोझ, थकान एवं कमजोरी। कटि क्षेत्र के आरपार टीस और जलन, लगातार जलन से गुर्दा का स्थान ऊपर ही से बताया जा सकता है। कटि प्रदेश में छेद होने जैसा दर्द जो टाँगों तक उतरे। अधिक सुस्ती, परिश्रम से कम।

स्त्री—त्रिकास्थि क्षेत्र में खींचन, गर्भाशय खसकने के साथ, खासकर गर्भ गिरने के बाद। योनि घुण्डी खाज। गर्भपात के बाद पीठ दर्द (कैलि कार्बोनिकम)। गर्भाशय में बोझ और पीड़ा। गर्भ की चेतना। मासिक-धर्म, जल्दी-जल्दी, अधिक मात्रा में। प्रदर। स्तन सूजे हुए घुण्डियाँ वेदनापूर्ण और कोमल। जननेन्द्रिय गरम, लाल, सूजी हुई, जलन हो, तीव्र खाज। गर्भावस्था में पेशाब के साथ एल्बुमेन जाना। मासिक स्राव बन्द हो जाने की आयु की तकलीफ। कमजोर।

मूत्र—एल्बुमिन मिला (ओजोमेह), चूने आएँ, मात्रा में अधिक, साफ चीनी मिला। मधुमेह।

अंग—पिण्ड पर जैसे ठण्डी हवा लगती मालूम हो। बैठने पर पैर सुन्न हों।

घटना-बढ़ना—घटना : कुछ करते समय (मानसिक क्रिया)। बढ़ना : हरकत, स्पर्श।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : ऐग्रिमोनिया—कॉकलबर। दर्द गुर्दा, अनपच और मासिक कष्ट, वायुपथ की श्लैष्मिक झिल्ली से अधिक बलगम निकलना और मूत्राशय का नजला। अधिक बलगम के साथ खाँसी और पेशाब निकल पड़ना। (अरिष्ट १ से १० बूँद।) एलेट्रिस, लिलियम, पल्से०, सेनोसियो, स्टैनम।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति।

हीपर सल्फ्युरिस कैल्केरियम
(Hepar Sulphuris Calcareum)
(हैनीमैन्स कैल्शियम सल्फाइड)

खास तौर पर कण्ठमालिक और लसिका वाहिनी दोष वालों के लिए उपयोगी है जिनको चर्म उद्भेद और ग्रन्थि सूजन की प्रवृत्ति होती है। अस्वस्थ चर्म। गोरे शरीर वाले जो स्वभाव से सुस्त हों और जिनकी पेशियाँ दुर्बल हों। सभी संवेदन असह्य। पसीना निकलने पर भी रोगी कम्बल अपने ऊपर खींचता है। स्थानीय रूप में इस औषधि का साँस सम्बन्धी श्लैष्मिक झिल्लियों से अधिक आकर्षण है जिससे अधिक जुकामी सूजन, अधिक स्राव होता है और पसीना सरलता से होता है। पारा के दुरुपयोग के बाद। विषैले नासूर, मवाद पड़ने के साथ। मवाद बनने की प्रवृत्ति विशेष महत्वपूर्ण है और चिकित्सा में एक अच्छी सांकेतिक अवस्था सिद्ध हुई है। पुराने घाव के चारों तरफ नये दाने पैदा होकर घाव फैलता जाता है। शीत प्रबुद्ध असहिष्णुता। खपची गड़ने जैसा दर्द; खट्टी और तीखी चीजों की इच्छा इसकी विशेषता है। किसी भाग पर हवा बहती मालूम पड़े। रात में जिस करवट लेटता है उसमें असह्य पीड़ा होती है और वह करवट बदलने को बाध्य होता है। रौद्रत्वक (बृहत् मात्रा आवश्यक) उपदंश रोग। जब इस रोग की विशेष औषधियाँ अधिक खायी हों।

मन—रात और शाम को मानसिक कष्ट बढ़े; आत्महत्या के विचार के साथ। छोटे-से-छोटा कारण उत्तेजित कर देता है। निराश और चिन्तित। उग्र। जल्द बोलना।

सिर—सिर दर्द और चक्कर जो सिर हिलाने या घोड़े की सवारी करने से बढ़े। हर सुबह को दाहिनी कनपटी में और नाक की जड़ में छेद होने जैसा दर्द। खोपड़ी की खाल उत्तेजनीय और दर्दीली। तर गंज, जिसमें खुजली और जलन हो। सिर पर ठण्डा पसीना।

आँखें—पुतली पर घाव। उपतारा प्रदाह, भीतरी भाग में मवाद। मवादी चक्षु प्रदाह, जब कि उपतारे पर सूजन अधिक हो। अधिक स्राव, स्पर्श और हवा असह्य हो। आँखें और पपोटे लाल और सूजे हुए। आँखों में ऐसा दर्द मानो पीछे की तरफ सिर में खिंची जा रही हों। गढ़े की ऊपरी हड्डी में छेदन दर्द। ढेले स्पर्श सहन न करें। सभी चीजें लाल और बहुत बड़ी दिखाई दें। पढ़ने से निगाह धुँधला पड़ जाये। आँखों के आगे चमकदार घेरे। चक्षु गोलक के सामने के भाग में मवाद आना।

कान—कानों पर उनके पीछे खुरण्ड। कानों से घृणित मवाद बहना। कानों में भिनभिनाहट और थरथराहट, ऊँचा सुनाई देने के साथ। अरुण ज्वर के बाद आया बहरापन। कान की भीतरी नली और बाहरी भाग में रस दाने। चुचुकाकार कोष का प्रदाह।

नाक—वेदनापूर्ण, घावदार। नथनों में दर्द, नजला। ठण्डी, सूखी हवा में जब भी जाता है, तभी छींक आती है, बाद में गाढ़ा, दुर्गन्धित स्राव निकलता है। जभी ठण्डी हवा में जाता है, नाक बन्द हो जाती है। बासी पनीर की गन्ध इन्फ्लुएञ्जा। (हीपर १x से अक्सर स्राव शुरू हो जायगा और जकड़े हुए जुकाम को स्राव बढ़ाकर निकालेगा)।

चेहरा—पीला। निचले होंठ का निचला भाग चिटका हुआ। रसदानों के साथ विसर्प रोग, काँटा गड़ने जैसा दर्द के साथ। दाहिनी तरफ का स्नायुशूल जो पतली लकीर में कनपटी, कान, नासा पक्ष और होंठ तक जाये। चेहरे की हड्डियों में दर्द, खासकर छूने पर। मुँह के किनारों में घाव। मुँह खोलने पर जबड़ों में गोली लगने जैसा दर्द।

मुँह—अधिक लार बहना। मसूढ़े और मुँह छूने से दर्द करे और सरलता से खून बहे।

गला—निगलते समय गले में डाट जैसा संवेदन और खपची जैसी गड़न। गलशुण्डिका, जो पकने के निकट हो। निगलते समय गले में चुभन जो कानों तक बढ़े। श्लेष्मा खखारना।

आमाशय—तेजाबी वस्तु, मदिरा, तीखी वस्तु की प्रबल इच्छा। घी, तेल आदि से बनी चीजों से घृणा। बार-बार डकार आना, बिना स्वाद या गन्ध के आमाशय में अफरा, कपड़ा ढीला करना पड़े। आमाशय में जलन। जरा भी खाने से आमाशय में भारीपन और दाब।

उदर—टहलने, खाँसने, साँस लेने या छूने से जिगर प्रदेश में सूई गड़ने जैसा दर्द (ब्रायो०, मर्क०) जिगर प्रदाह, जिगर का घाव, उदर तना हुआ, कड़ा, जीर्ण उदर रोग।

मल—मटियाला, नरम। खट्टा, सफेद, अनपचा, दुर्गन्धित, मुलायम मल भी न निकाल सके।

मूत्र—धीरे-धीरे उतरे, बिना तेजी के, सीधी धार गिरे; बूँद-बूँद टपके, मूत्राशय कमजोर। मालूम हो कि कुछ अंश रह गया है। मूत्र पर चिकनी गोलियाँ। वृद्ध लोगों का मूत्र कष्ट (फासफो०, सल्फर, कोपेवा)।

पुरुष—दाद, स्पर्श सहन न हो; यों ही रक्त गिरने लगे। लिंग के अग्रभागीय चर्म पर घाव, उपदंश के घाव की तरह (नाइट्रिक एसिड)। बिना मैथुन विचार के लिंगोत्थान और वीर्य-स्खलन। लिंग बन्धन; सुपारी और अण्डकोष पर खुजली। वक्षणीय ग्रंथि का पकना। दुर्गन्ध के साथ आतशकी मस्से। जननेन्द्रियों पर, पुट्ठों और जाँघों के बीच में छरछराहट। कठिन आतशक, "जल्द अच्छा न हो।"

स्त्री—गर्भाशय से खून बहना। योनि-घुण्डी और स्तन-घुण्डी की खुजली, जो मासिककाल में बढ़े। मासिक-धर्म देर में और कम। योनि होठों का घाव, जो अधिक असहिष्णु हो। अति दुर्गन्धित प्रदर। सड़ी पनीर जैसा दुर्गन्ध। (सैनिकुला)। वय:सन्धिकाल में अधिक पसीना। (टिलिया; जंबोरैंडी)।

श्वास-यन्त्र—सूखी, ठंडी हवा लगने से स्वरहीनता और खाँसी। गला बैठ जाता है। इसके साथ स्वर लोप। टहलने में कष्टदायक खाँसी। जब कभी शरीर का कोई भाग ठंडा हो जाता है या कपड़ा हट जाता है या कोई ठण्डी चीज खाता है तभी खाँसी आने लगती है। क्रुप खाँसी, ढीला, खड़खड़ाता बलगम, सुबह को अधिक निकले। दम घोटने वाली खाँसी। खड़खड़ाती खाँसी जिसमें बलगम, घड़घड़ाये; काँ, काँ की आवाज हो; दमकशी के दौरे, उठना पड़े और सिर झुकाये। तर दमा जिसमें बड़ी घबड़ाहट हो और सनसनाहट के साथ-साथ आए, दमा जो सूखी ठंडी हवा में बढ़े, नमी से कम हो। दिल की धड़कन।

अंग—हाथ की अंगुलियों के जोड़ सूजे हुए। सरलता से जोड़ उखड़ जाने की प्रवृत्ति। पैर के अंगूठे के नाखून जरा-सा दबाव भी सहन न करें।

चर्म—घाव, ग्रंथियाँ बहुत कोमल। फोड़े में मवाद पड़ने और फैलने की प्रवृत्ति। जवानी के मुँहासे काँटा गड़ने जैसे दर्द के साथ। पीव आए। सरलता से खून बहे। रक्त संचार में रुकावट पड़ने से आधा स्नायुशूल और शोथ। अस्वस्थ चर्म, जरा-सी चोट पक जाये। चिटका चर्म, हाथ और पैर पर गहरी दरारें। जिससे खूनी मवाद बहे और उससे सड़ी पनीर जैसी बू आए। स्पर्श सहन न करे। जलन, चुभन, सरलता से खून स्राव। रात-दिन पसीना निकले फिर भी कोई आराम न मिले। ठंडे घाव अति कोमल। कपड़ा हटाना सहन न हो। गरम कपड़ों में लिपटा रहना चाहे। रोग ग्रस्त भाग में चुभन, गड़न। सड़े घाव के चारों तरफ छोटे

दाने। जरा-सा स्पर्श सहन न हो। जीर्ण और बार-बार होने वाली जुलपित्ती। चेचक। विसर्पिका दाद। निरन्तर शरीर से दुर्गन्ध निकलती रहे।

ज्वर—खुली हवा में या जरा-सी बाहरी, हवा लगने से शीत लगे। रात में सूखी गरमी। पसीना अधिक खट्टा, चिपचिपा, दुर्गन्धित।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : सूखी, ठंडी हवा से, ठंढी हवा, जरा-सी बाहरी हवा से, पारा के प्रयोग से, स्पर्श, दर्दवाली करवट लेटने से। **घटना** : तर मौसम में, सिर लपेटने से, सेंकने से, खाने के बाद।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : बेलाडोना, कैमो०, सिलिका।

तुलना कीजिये : एकोनाइट, स्पान्जिया, स्टैफिसैग्रिया, साइलिशिया, सल्फर, कैल्के० सल्फ० माइरिस्टिका। हीपर, मर्करी के बुरे असर को नष्ट करती है। आयोडिन, पोटास, कॉडलिवर ऑयल। ईथर के कमजोरी लाने वाले असर को दूर करती है।

मात्रा—१ से २०० शक्ति। ऊँची शक्ति। फोड़े में पीब पड़ने को रोक सकती है, निचली शक्ति उसे पैदा करती है। अगर फोड़े को पकाना हो तो २x दीजिए।

हिपाटिका (Hepatica)

(लीवर वोर्ट)

गले में नजला, बलगम मात्रा में अधिक और पानी-सा पतला इसके साथ आवाज बिगड़ी हुई, गले में उत्तेजना और गुदगुदी। खुर्चन और रूखापन। बलगम निकलने में सरलता करती है। चिमड़ा, गाढ़ा, लेसदार बलगम बराबर खखारने को बाध्य करता है। नथनों में छरछराहट। गले के पास उपजिह्वा पर ऐसा संवेदन मानो भोजन के टुकड़े अटके हों। बलगम मीठा, मात्रा में अधिक और चिकना।

मात्रा—२ शक्ति।

हेराक्लियम ब्रैंका उरसिना

(Heracleum–Branca Ursina)

(हॉगवीड)

मेरुदण्ड को शक्ति देने के लिए लाभदायक बतायी गई है। मिर्गी रोग में अफरा के साथ, गठिया और चर्म लक्षण।

सिर—टीस, औंघाई के साथ, खुली हवा में कष्ट बढ़े, सिर को कपड़े से लपेटने से कम हो। सिर पर अधिक चर्बीदार पसीना और अधिक तीव्र खुजली। खोपड़ी पर तर एक्जिमा। पुराना सिर दर्द।

आमाशय—दर्द और कै की प्रवृत्ति। जल हिचकी और स्वाद कड़वा। भूख लगे पर खाया न जाये। उदर और प्लीहा पीड़ा।

मात्रा—३ शक्ति।

हिप्पोमेन्स (Hippomanes)

(ए मेकोनियम डिपाजिट आउट ऑफ दी एम्बिओटिक फ्लूइड टेकेन फ्रॉम दी कोल्ट)

ग्रीक लेखकों की विख्यात कामोत्तेजक औषधि।

आमाशय—पेट में बरफीली ठंडक।

पुरुष—मैथुन इच्छा बढ़ जाती है। मूत्र ग्रंथि (प्रोस्टेट) की सख्ती और अंडों में खिंचाव के साथ दर्द।

अंग—कलाई में प्रचण्ड पीड़ा। कलाई का लकवा। कलाई में मोच जैसी संवेदना। हाथ और अंगुलियों में बहुत कमजोरी। पैर के जोड़ों, घुटनों और तलवों की कमजोरी। ताण्डव रोग। तेजी से अंग बढ़ना। अधिक कमजोरी।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए ; कास्टिकम।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

हिप्पोजेइनियम (Hippozaenium)

(ग्लैंडेरीन-मैलीन-फारसाइन)

यह शक्तिशाली बीज औषधि जो डॉ० जे० ज़े० गार्थ विल्किन्सन की निकाली हुई है और इसमें ऐसे लक्षण पाये जाते हैं जो क्षय रोग, उपदंश और कैंसर रोग में विशेष रूप से पाये जाते हैं; पीनस रोग, कंठ-मालिक सूजन, रक्त विष दोष, विसर्प रोग में लाभदायक सिद्ध होने की आशा है। नाक का पुराना श्लैष्मिक झिल्ली प्रदाह; पानी जैसा स्राव।

नाक—लाल, सूजी हुई। नजला, पीनस, घाव। स्राव तेजाबी, छीलने वाला, खून मिला, दुर्गन्धित। नथनों पर क्षय घाव। अगले छिद्र और गलकोष में दाने और घाव।

चेहरा—सभी ग्रन्थियाँ सूजी हुई, वेदनापूर्ण घाव।

श्वास-यन्त्र—आवाज फटी-फटी। वायुनलिका समूह का दमा। आवाज के साथ साँस लेना, छोटा, क्रमभ्रष्ट। अजीर्ण के साथ खाँसी। बलगम अधिक। दम घुटने की सम्भावना। वृद्ध लोगों का वायुनलिका प्रदाह जहाँ अधिक कफ जमा होने से दम घुटने की अधिक सम्भावना हो। क्षय रोग।

चर्म—लसिकावाहिनी ग्रन्थियाँ सूजी हुई । जोड़ों की सूजन । बाजू की हड्डी पर गाँठ । घातक विसर्प रोग । रस दाने और फोड़े । घाव । गल्लिका रोग । अकौता ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : म्यूको-टॉक्सिन (काही द्वारा माइक्रोकॉक्कस कैटारैलिस के साथ तैयार किया हुआ । फ्रीडलैंडर्स बैसिलस निमोनिया का और माइक्रोकॉक्कस टेट्राजीनियस—बच्चों और बुड्ढे लोगों के तीव्र और जीर्ण श्लैष्मिक झिल्ली प्रदाह के लिए); आरम मेटा०, कैलिबाई क्रोमिकम, सोरिनम, बैसिलिनम ।

मात्रा—३० शक्ति ।

हिप्युरिक एसिड (Hippuric Acid)

(डॉ० विलियम बी० ग्रिग्स का सिद्ध किया हुआ)

इसका मुख्य कार्य आँखों और नासा गलकोष के बाहरी तन्तुओं पर, जोड़ों की ऊपरी सतह पर, जिगर और श्लैष्मिक झिल्लियों पर होता है । दाहिनी तरफ खासकर रोग द्वारा प्रभावित, सर्व पैशिक पीड़ा ।

सिर—दाहिनी आँख के ऊपर दर्द, धीमा, लगातार, गरम कमरे में अधिक । पपोटे सूजे हुए और प्रदाहित ।

गला—छरछराहट; कच्चापन, सूखा, निगलना कठिन, दुर्गन्ध, लेसदार स्राव, गले के चारों तरफ के सभी तन्तुओं का मोटा पड़ जाना और उनमें पानी आ जाना ।

आमाशय—तेजाबी पानी ऊपर आना । पेट के गढ़े में जैसे गाँठ पड़ी है । जिगर पर चोटीलापन और दाब ।

स्त्री—तीन हफ्ते तक मासिक स्राव जारी रहे । जिसमें पैशिक और सन्धि पीड़ा पूर्ण रूप से अच्छी रहे ।

अंग—पीठ दर्द जो कटि प्रदेश तक उतरे । कंधों और अंगों में दर्द और जोड़ों की वेदनापूर्ण सूजन । जाँघ के बीच में दर्द जो पिछले भाग से दाहिनी टाँग के नीचे तक लपके । जोड़ों में थकावट, रोमकूपों का उभर जाना ।

चर्म—खुजली, जलन, सीने पर दाने जो सिकुड़न पैदा करे ।

सम्बन्ध—बेन्जोइक एसिड का प्रभाव इसके समान मालूम होता है ।

मात्रा—नीचे की शक्तियाँ ।

ह्वोआंग नैन—स्ट्रिकनोस गॉल्थेरियाना
(Hoang Nan-Strychnos Gaultheriana)
(ट्रॉफिकल बाइण्ड-वीड)

शिथिलता चक्कर के साथ, हाथों और पैरों में सुन्नता और झुनझुनी, निचले जबड़े का अनैच्छिक ·चालन। दाने और फुन्सियाँ, उपदंश का तीसरा चरण और पक्षाघात। अकौता, खुजली पुराने घाव, कोढ़, ग्रन्थियों का कैंसर :और साँप काटना। कैन्स में दुर्गन्ध और रक्तस्राव कम करता है और घाव भरने लगता है। आर्सेनिक के बाद अच्छा काम करता है।

मात्रा—अरिष्ट की ५ बूँद। आवश्यकता पर २० बूँद तक।

ह्वोमेरस (Homarus)
(डाइजेस्टिव फ्लुइड ऑफ लिव लोब्सटर)

अनपच रोग, गल क्षत और सिर दर्द का सम्मिलन इस औषधि से ठीक हो सकता है। कनपटियों का दर्द, आँखों में कड़वाहट के साथ। गल-प्रादाहिक कच्चा, जलन, चिमड़ी श्लेष्मा के साथ। आमाशय और उदर में दर्द, जो खाने से कम हो। डकार आना। सारे शरीर में शीत और दर्द। चर्म खुजली।

घटना-बढ़ता—बढ़ना : दूध से, सोने के बाद। घटना : हरकत से, खाने के बाद।

तुलना : सीपिया; ऐस्टेरियस; ऐस्टैकस; एथूजा।

मात्रा—६ शक्ति।

हुरा ब्रेजिलियेन्सिस (Hura Braziliensis)
(अस्साकू)

कोढ़ रोग में तब काम आती है जब त्वचा कच्ची खाल से कसी मालूम पड़े। तने हुए दाने, अँगूठों के नाखूनों से नीचे खपच्ची जैसी संवेदना। माथे की खाल कस के खिंची मालूम पड़े। गरदन कड़ी, पीठ में दर्द। हाथ की अँगुलियों के सिरे में थरथराहट। सभी हड्डियों के जबड़े इत्यादि की हड्डियों के उभरे भागों पर खुजलीदार दाने।

सम्बन्ध - तुलना कीजिए : कैलोट्रोपिस या मैडूरा ऐल्बम—कोढ़; नीलाभ और सड़न वाले क्षय घाव; चर्म का मोटा पड़ना)।

मात्रा—६ शक्ति।

हाइड्रैञ्जिया (Hydrangea)

(सेवन-बार्क्स)

शर्कराश्मरी रोग (मूत्र से बालू कण आना) की औषधि है। पेशाब में अधिक सफेद कणदार लवणों की तलछट। पथरी का दर्द; वृक्कशूल, खूनी पेशाब। वृक्क नलिकाओं पर काम करती है। कटि-प्रदेश में दर्द। चक्कर। सीने पर दाब।

मूत्र—मूत्रमार्ग में जलन और बड़ी-बड़ी इच्छा। मूत्रस्खलन कठिनता से आरम्भ हो। भारी, श्लैष्मिक तलछट। जंघाओं में तेज पीड़ा, खासकर बायीं तरफ। अधिक प्यास, उदर रोग और प्रोस्टेट बढ़ने के साथ (फेरम पिक्रिकम, सैबाल सेरुलेटा)। बालूमय तलछट। मूत्रमार्ग का सिकुड़ जाना। ढोंकेदार लवण की अधिक तलछट।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : लाइकोपोडि०, चिमाफिला अम्बेलाटा, बरबेरिस; पैरीराब्रावा; इयुवा उर्सी, सैबाल सेरुलेटा, ऑक्सिडेण्ड्रन, जिअम-वाटर ऐवेन्स—(उदर की गहराई से तीव्र झटकन दर्द, जो मूत्रमार्ग तक जाये। मूत्राशय के रोग, लिंग पीड़ा के साथ, खाने से बढ़े, श्लैष्मिक झिल्ली का ढीलापन, अधिक और दूषित स्राव के साथ; पाचन और समीकरण अपूर्ण)। पॉलिकट्रिकम—हेयरकैप मॉस—(डॉ० ए० एम० कुशिंग के अनुसार मूल अरिष्ट में या काढ़ा के रूप में बढ़ी हुई प्रोस्टेट–मूत्र-ग्रन्थि प्रदाह में)।

मात्रा—अरिष्ट।

हाइड्रैस्टिस (Hydrastis)

(गोल्डेन सील)

विशेषकर श्लैष्मिक झिल्लियों पर काम करती है जिनको यह ढीला करके गाढ़ा, पीला, रेशेदार स्राव उत्पन्न करती है। नजले की अवस्था किसी भाग में भी हो सकती है। गला, पेट, गर्भाशय, मूत्रमार्ग—किसी भी स्थान में हो परन्तु इस औषधि का विशेष प्रकार का श्लैष्मिक स्राव होना सदा आवश्यक है। हाइड्रैस्टिस वृद्धों, सरलता से थकने वाले लोगों में, धातु विकारी व्यक्तियों में जिनमें अधिक कमजोरी हो, खासकर अच्छा काम करती है। मस्तिष्क सम्बन्धी प्रभाव स्पष्ट रहते हैं; अपनी सूझ-बूझ को तेज समझे, विचार-शक्ति सूक्ष्म, चेहरे से मानसिक भाव स्पष्ट रूप से दर्शित हो। दुर्बल पेशियों, मन्द पाचन-क्रिया, कठोर कब्ज। कटिवात। दुबलापन और शिथिलता। इसका प्रभाव जिगर पर दर्शनीय है। कर्कट रोग और उसकी अवस्था, घाव बनने से पहले, जब केवल दर्द ही मुख्य लक्षण हो। युवा अवस्था और गर्भावस्था की कण्ठमाला। छोटी चेचक, खाने और लगाने का। चेचक पर हाइ-ड्रैस्टिस का प्रभाव उसके भयंकर रूप को कम करने, पीड़ा इत्यादि के कष्ट को कम

करने, उसके रोग के भोग-काल को घटाने, उसके घातक परिणाम को रोकने और खतरा कम करने के लिए अद्वितीय है। (जे० जे० गार्थ विल्किन्सन)।

मन—उदास, मरना निश्चित समझे और मरने की इच्छा करे।

सिर—सिर के अगले भाग में दबाव के साथ दर्द, खासकर जब कब्ज से सम्बन्धित हो। खोपड़ी और गरदन की मांसपेशियों में वेदना (सिमिसिफ्युगा)। माथे पर बालों के किनारे-किनारे अकौता। जुकाम के बाद गढ़ों की सूजन।

कान—गर्जन। मवादी, श्लैष्मिक स्राव ; बहरापन। कर्ण-गल-नली का नजला, तीखी आवाज के साथ।

न.क—पिछले छिद्रों से गले में गाढ़ा, चिमड़ा स्राव टपके (नजला)। पानी-सा छीलनेवाला स्राव। पीनस रोग। नाक के नथुनों के बीच की पतली हड्डी पर घाव। हर घड़ी नाक साफ करना चाहे।

मुँह—काली मिरिच जैसा स्वाद : जबान सफेद, सूजी हुई। बड़ी, थुलथुली, चिकनी, दाँतों के निशान दिखाई दें (मर्कुरियस)। मानो झुलस गई हो। मुँह आना। जबान के घाव, किनारों की तरफ दरारें।

गला—गलकोष प्रदाह। कच्चापन, गड़न, छिलन संवेदन। पीला, चिमड़ा श्लेष्मा खखारना (कैलिबाइ क्रोमिकम)। नाक के पिछले भाग से श्लेष्मा टपकने से बच्चा सहसा जाग उठे। युवाकाल और गर्भावस्था का घेघा रोग।

आमाशय—प्रायः लगातार पेट में चोटीलापन। पाचन-क्रिया दुर्बल। कड़वा स्वाद। कड़ी नोक वाली चीज के गड़ने जैसा दर्द। जैसे प्राण निकल जायेंगे ऐसी कमजोरी। कौड़ी में टपकन। रोटी या सब्जी न खा सके। स्नायविक दुर्बलता से आई मन्दाग्नि। घाव और कर्कट। आमाशय प्रदाह।

उदर—आमाशय-पाकाशय सम्बन्धी नजला। जिगर मन्द। कोमल। कामला रोग। पित्त पथरी। दाईं जाँघ में घसीटने जैसा मन्द दर्द; उसके साथ दाएँ अण्ड में कटने जैसी अनुभूति।

पीठ—मन्द, भारी, घसीटने जैसा दर्द और कड़ापन खासकर कटि-क्षेत्र के आर-पार घसीटने जैसा। उठने के लिए बाहों का सहारा लेना पड़े।

मलान्त्र—गुदा बाहर निकली हुई। कब्ज, उसके साथ आमाशय में भारी दुर्बलता; जैसे प्राण चले जायेंगे—इसके साथ मन्द-मन्द सिर दर्द। मल-त्याग-काल में मलान्त्र में तीखा दर्द। पाखाना होने के बाद देर तक मार्ग में पीड़ा रहे (नाइट्रिक एसिड)। बवासीर; जरा-से स्राव से शिथिल होना। सिकुड़न और आक्षेप।

मूत्र—पुराने सुजाक का स्राव। पेशाब से सड़ी दुर्गन्ध आये।

पुरुष—सुजाक का दूसरा चरण, स्राव गाढ़ा पीला।

स्त्री—योनि के मुँह का तन्तु क्षय और चमड़ी उधड़ना। प्रदर जो मासिक-धर्म के बाद अधिक हो। (बोविस्टा; कैल्के० कार्ब) तेजाबी, छिलन पैदा करने वाला, छिलड़ेदार, चिमड़ा। अधिक मासिक-धर्म-स्राव। योनि घुण्डी की तीव्र खाज, अधिक प्रदर स्राव के साथ (कैल्के० कार्ब, क्रियोजोट, सीपिया)। मैथुन इच्छा अधिक। स्तनों का अर्बुद; घुण्डियाँ सिकुड़ी हुईं।

साँस-यन्त्र—सीना कच्चा, वेदनापूर्ण, जले। सूखी, कर्कश खाँसी। वायुनलिका का नजला, पिछला चरण। वृद्धों और घोर थके लोगों का ब्रांकाइटिस, गाढ़े, पीले, चिमड़े बलगम के साथ। अक्सर गशी के हमले, इसके साथ-साथ सारे शरीर पर ठण्डा पसीना। बायीं तरफ लेटने से दम घुटे। सीने से कन्धे तक दर्द।

चर्म—लाल चकत्ते जैसे दाने। चर्म टीबी, घाव, कर्कट दोष। अधिक पसीना आने, अस्वस्थ चर्म की प्रवृत्ति (हीपर)।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : सल्फ।

गलक्षत में अधिक क्लोरेट ऑफ पोटाश व्यवहार के बाद।

तुलना कीजिए : जैन्थोरिजा एपिफोलिया; कैलिबाइक्रोमिकम; कोनियम, आर्सेनिक आयोडेटम, फाइटो, गैलियम (कर्कट; जबान पर अर्बुद नोकदार), एस्टेरियस, स्टैनम, पल्से०। मैंजागिटा भी (दस्त, सुजाक, सुजाक का पुराना स्राव, प्रदर, नजले की अवस्था); हाइड्रैस्टिनम म्यूरि०–म्यूरियेट ऑफ हाइड्रैस्टिया। (लगाने के लिए, सफेद चकत्तेदार मुखक्षत, घाव, घाव के साथ गलप्रदाह, पीनस इत्यादि। आन्तरिक व्यवहार, २ दशमलवीय विचूर्ण। गर्भाशयिक रक्त प्रवाह को रोकता है और रक्तवाहिनी नलियों को संकुचित करता है, गर्भाशय के रक्त प्रवाह, खासकर कैंसर के कारण, रक्तस्राव, आमाशय के फैलने में, और जीर्ण अजीर्ण रोग में।) हाइड्रैस्टिन सल्फ १x (आंत्रज्वर में रक्तस्राव) मैरुबियम–होर हाउण्ड– (श्लैष्मिक झिल्ली को शक्तिदायक, खासकर स्वरनली और वायुनलिका के प्रदाह में जीर्ण, ब्रांकाइटिस, अजीर्ण और जिगर रोग, सर्दी और खाँसी)।

मात्रा—अरिष्ट से ३० शक्ति तक। लगाने के लिए बिना रङ्ग वाला हाइड्रैस्टिस, मूल अरिष्ट या तरल घनसार।

हाइड्रोकोटाइल (**Hydrocotyle**)

(इण्डियन पेनीवॉर्ट)

उन रोगों में लाभदायक है जहाँ सांतर प्रदाह और कोष संख्या वृद्धि की अवस्था पाई जाती है। संयोजक तन्तुओं की अति वृद्धि और कड़ापन। कोढ़ रोग और चर्म टीबी रोग में, जहाँ घाव न बने हों यह औषधि विख्यात है। चर्म लक्षण अति

महत्वपूर्ण हैं। गर्भाशय के घाव में अति लाभदायक है। सीधा खड़ा होने में कठिनाई। अधिक पसीना। योनि ग्रीवा का कर्कट दर्द।

चेहरा—बायीं तरफ के गाल की अस्थि और आँखों के घेरों के क्षेत्र में दर्द।

स्त्री—योनि की तीव्र खाज। मूत्राशय की गरदन की सूजन। **योनि के अन्दर गरमी। गर्भाशय का दानेदार घाव।** अधिक प्रदर। डिम्ब प्रदेश में धीमा दर्द। योनि ग्रीवा की लाली।

चर्म—सूखे दाने। ऊपरी खाल का अधिक मोटापन और झिल्ली छूटना। धड़, हाथ-पैरों, हथेली और तन्तुओं पर चक्रदार विचर्चिका। सीने पर दाने। गोल चकत्ते, जिनके किनारे उभरे हुए हों **असह्य खाज, खासकर तलवों में।** अधिक पसीना। उपदंशीय रोग। मुँहासे। कोढ़। फीलपाँव (आर्सेनिक)।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : **एलेइस**—साउथ अमेरिकन पाम—(चर्म काठिन्य रोग, फीलपाँव, कोढ़, चर्म का मोटा पड़ना, खुजली और कड़ापन। सुन्नपन); **हुरा, ट्राइकनोस ग्रॉल्थेरिया** (साँप का काटना, घाव और साधारण चर्म रोग), **होआंग नान। टैरेक्टोजेन्सज** के बीजों से बना हुआ **चॉलमूगरा तैल, हाइड्रैस्टिस, आर्सेनिक; आरममेट०; सीपिया।**

मत्रा—१ से ६ शक्ति।

हाइड्रोसियानिक एसिड (Hydrocyanic Acid)
(प्रूसिक एसिड)

संसार भर में सबसे प्रबल विष। इसका प्रभाव ऐंठन और पक्षाघात में दर्शित होता है। स्वरयंत्र में आक्षेपिक संकुचन, दम घुटना, सीने में दर्द और कसापन; दिल धड़कन, नाड़ी कमजोर, क्रमभ्रष्ट। कौड़ी प्रदेश में असाधारण दुर्बलता की संवेदना। मूर्च्छा वायु सम्बन्धी और मृगी रोग सम्बन्धी विक्षेप। नील रोग। किसी फुफ्फुसीय दोष के कारण पतनावस्था न कि हृदय रोग से शरीर का कड़ा पड़ना (अपस्मार)। हैजा पतनावस्था (**आर्सेनिक, वेरेट्रम एल्बम**)। ठण्डापन। अकड़न (टिटनस) सम्बन्धी निद्रालुता।

मन—अचेत, भयंकर प्रलापक सन्निपात। काल्पनिक दुःखों का भय, सभी चीजों से **भयभीत;** घोड़े, माल गाड़ियाँ गिरते मकान इत्यादि से।

सिर—तीव्र सिर दर्द जो बुद्धि नष्ट कर दे। मस्तिष्क जलता मालूम पड़े। पुतलियाँ गतिहीन या फैली हुई। आँख के घेरे के ऊपरी भाग में स्नायुशूल और उसी तरफ का चेहरा आरक्त।

चेहरा—जबड़े कसकर जकड़े। मुँह से झाग आए। पीले, नीले-से होंठ।

आमाशय—जबान ठण्डी। कोई-चीज जो पी जाये, गड़गड़ाहट के साथ गले में से होकर आमाशय में उतरे। आमाशयिक शूल, पेट खाली रहने से अधिक हो। आमाशय के गढ़े में बहुत दुर्बलता की संवेदना। हृदय प्रदेश में टपकन दर्द।

साँस-क्रिया—आवाज वाली, क्षोभपूर्ण साँस क्रिया। सूखी आक्षेपिक, दम घोटने वाली खाँसी। कुकुर खाँसी, फुफ्फुस का पक्षाघात (एसपिडॉस पर्मा शरीर का नीला पड़ना। फुफ्फुस की शिराओं में रक्ताधिक्य।)

दिल—तीव्र धड़कन। नाड़ी दुर्बल; क्रमभ्रष्ट। हाथ-पैर ठण्डे। पानी में प्रचण्ड कष्टदायक पीड़ा। हृदय शूल (स्पाइजेलिया, आक्जैलिक एसिड)।

नींद—जम्हाई, कम्प, औंघाई। साफ स्वप्न।

सम्बन्ध—क्रियानाशक। एमोनियम कार्ब, कैम्फोरा, ओपियम।

तुलना कीजिए: साइक्यूटाविरोसा, ओऐनैन्थेक्रोकाटा, कैम्फोरा, लोरोसिरेसस।

मात्रा—६ और ऊँची शक्ति।

हाइड्रोफोबिनम (Hydrophobinum)

(लाइसिन-सैलाइवा ऑफ रैबिड डॉग)

खासकर स्नायु-मण्डल पर प्रभाव डालती है। हड्डियों में वेदना। असाधारण मैथुन इच्छा के कारण आये रोग। विक्षेप जो तेज चकाचौंध पैदा करने वाले प्रकाश से या बहते पानी को देखने से पैदा हो।

सिर—मिरगी, जलातंक, पागल होने का भय। आवेग और बुरी खबर से रोग अधिक हो और तरल पदार्थ के केवल विचार से। सभी इन्द्रियों की उत्तेजना। जीर्ण सिर-दर्द। माथे में छेद होने जैसा दर्द हो।

मुँह—बराबर थूकते रहना, थूक चिमड़ा गाढ़ा। गलक्षत, बराबर निगलते रहना चाहे जो कठिन हो, पानी निगलते समय गला घुटे। मुँह में झाग।

पुरुष—कामातुर, अनैच्छिक लिंगोत्तेजना, अक्सर धातु क्षीणता के साथ मैथुन के समय वीर्यपात न हो। अण्डे सिकुड़ना। अधिक मैथुन इच्छा से रोग उत्पन्न होना।

स्त्री—गर्भाशय असहिष्णु गर्भ की चेतनता (हेलोनि०)। खसका जान पड़े। योनि असहिष्णु, मैथुन पीड़ाजनक (बरबेरिस)। गर्भाशय का अपनी जगह से हट जाना।

श्वास-यन्त्र—आवाज का सुर बदले। कुछ देर के लिए साँस क्रिया स्थगित हो जाये। श्वास नली का सिकुड़ना।

मल—बहते पानी की आवाज सुनने या देखने पर पाखाना मालूम हो। आँतों में दर्द के साथ अधिक, पानी-सा पतला मल, शाम को अधिक। बहता पानी देखकर बार-बार पेशाब लगता रहे।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : बहता पानी सुन या देखकर या पानी उड़ेलते समय या केवल तरल पदार्थ का ख्याल करके, चकाचौंध वाला प्रकाश या उसका प्रतिबिम्ब, सूर्य की गरमी, झुकना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : **जेन्थियम स्पिनोजम कॉकल** (जलातंक रोग की अक्सीर औषधि कही जाती है और स्त्रियों के जीर्ण मूत्राशय प्रदाह के लिए विचारणीय है)। **कैन्थे, बेलाडोना, स्ट्रैमो०, लैके०** नेट्रम म्यूर।

मात्रा—३० शक्ति।

हायोसियामस (Hyoscyamus)

(हेनबेन)

स्नायुमण्डल में घोर उथल-पुथल पैदा करती है। ऐसा मालूम पड़े कि किसी पैशाचिक शक्ति ने मस्तिष्क पर धावा बोल दिया है और उसकी साधारण क्रिया को छिन्न-भिन्न कर दिया है। यह दवा झगड़ालू और अश्लीलतापूर्ण पागलपन का पूर्ण चित्र उपस्थित करती है। भाव और बात-चीत में वीभत्सता और अश्लीलता, अधिक बकवादी और रह-रह कर नंगी हो जाए तथा जननेन्द्रिय प्रदर्शित करे। ईर्ष्यालु। विष दिए जाने का भय, इत्यादि। इसके लक्षणों में कमजोरी और स्नायविक उत्तेजना भी आती है, इसलिए गशी के साथ आंत्र ज्वर और अन्य संक्रमणों में हितकर है। कम्प, दुर्बलता और मोटी नसों का फड़कना। पेशी ऐंठन या कम्प। अकड़न, फड़कन, आक्षेप प्रायः प्रलापक सन्निपात क साथ। प्रदाहहीन मस्तिष्क उपद्रव। **विषाक्त आमाशय प्रदाह।**

मन—अधिक सन्देह करना। बकवादी, अश्लील, कामातुर, पागल, शरीर का कपड़ा हटाना, ईर्ष्यालु, मूर्ख। अधिक हुल्लसित, सभी बातों पर हँसना। प्रलापक सन्निपात, भाग जाने की चेष्टा करे। बड़बड़ाये, बेहोशी, **बिछावन नोचते रहना, गहरी गशी।**

सिर—हलका और गड़बड़ाया हुआ। सिर में चक्कर आये जैसे नशे में है। मस्तिष्क ढीला लगे, इधर-उधर लुढ़के। मस्तिष्क प्रदाह, अचेतनता के साथ सिर आगे-पीछे हिलाए।

आँखें—पुतली फैली हुई, चमकीली, टकटकी, बँधी हुई। आँखें खुली हों, लेकिन ध्यान न दे, नीचे गिरी निस्तेज और पथराई हुई। पलकों का आक्षेप के साथ बन्द होना। दोहरी चीज देखना। सभी चीजों के किनारे रंगीन दिखाई दें।

मुँह—जबान सूखी, लाल, चिटकी, कड़ी और स्थिर, कष्ट से बाहर निकले, वाणी बिगड़ी हुई। मुँह पर झाग आए। दाँतों पर मैल, निचला जबड़ा लटका हुआ।

गला—चुभन के साथ सूखा। संकुचन। तरल पदार्थ निगला न जाए। कान बढ़ा हुआ।

आमाशय—हिचकी, खाली कड़वी डकार। मिचली, साथ में चक्कर। कै होना साथ में अकड़न, खून की कै, तीव्र ऐंठन, जो कै करने से कम हो। पेट में जलन, कोड़ी प्रदेश कोमल। क्षोभजनक, भोजन के बाद आये उपद्रव।

उदर—आंत्र शूल, मानो उदर फट जायगा। तनाव शूल उसके साथ कै, डकार, हिचकी और चीख मारे। उदर पर लाल धब्बे।

मल—अतिसार, शूल के साथ अनैच्छिक; मानसिक उत्तेजना से या सोने में अधिक हो। प्रसवकाल में अतिसार। अनैच्छिक मलत्याग।

मूत्र—अनैच्छिक मूत्र स्खलन : मूत्राशय पक्षाघातग्रस्त। पेशाब की इच्छा न हो (कॉस्टि०)।

पुरुष—नपुंसक। कामातुर; जननेन्द्रिय प्रदर्शित करे; ज्वरावस्था में लिंग से खेले।

स्त्री—मासिक धर्म के पहले मूर्च्छावायु सम्बन्धी अकड़न। प्रबल कामोत्तेजना। मासिक काल में विक्षेप, स्वतः मूत्र हो और पसीना आए। प्रसव स्राव का दबना। गर्भिणी स्त्री की अकड़न, प्रसूती का पागलपन।

सीना—दम घुटने के दौरे। अकड़न आगे दोहरा होने को बाध्य। रात में सूखी, आक्षेपिक खाँसी; लेटने से बढ़े; उठ बैठने से कम हो; गले में खुजली होकर आए, मानो काग बढ़ा हो गया हो। थूक थूकना।

अंग—बिस्तर नोचना; हाथों से खेलना; चीजें उठाने को हाथ बढ़ाना। मिरगी के दौरे और बाद को गहरी नींद। झटका और अकड़न। पिण्डली और पैर की अंगुलियों में खींचन आना। बच्चा बिना जगे सिसकियाँ लेता है और चिल्लाता है।

नींद—तीव्र अनिद्रा। तन्द्रा आक्षेप के साथ। चिहुँक कर उठ बैठे, गशी।

स्नायु—तीव्र बेचैनी; सभी पेशियाँ फड़कें, ओढ़ना न चाहे।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : रात में, मासिक काल से, खाने के बाद, लेटते समय। घटना। झुकने से

सम्बन्ध—क्रियानाशक : बेला०, कैम्फो० ।

तुलना कीजिए : बेलाडो०, स्ट्रामो०, एगैरिक०, जेल्से० ।

हायोसि० हाइड्रोब्रोम—स्कोपोकैलैमाइन हाइड्रोब्रोमाइड (कम्पवात, बंधनियों की सख्ती और उनकी क्रमहीन फड़कन । अनिद्रा और स्नायविक उत्तेजना । क्षय रोग में सूखी खाँसी । मूत्रक्षार विकार और तीव्र स्नायविक शिथिलता । प्रबल उपघात की औषधि । ३ और ४ दशमलव विचूर्ण का व्यवहार करें । स्थूल मात्रा (१–२०० ग्रेन) पागलपन और ताण्डव रोग तथा अनिद्रा में दें, स्कोपोलो (जापानी बेलाडोना)—रासायनिक रूप से हायोसीन की तरह है । हर्षपूर्ण प्रलाप, होंठ चाटना और मुँह चपचपाना, अनिद्रा, बिस्तर से उठ भागने की चेष्टा, बिल्लियाँ देखता है, बाल नोचता है, काल्पनिक अग्नि के सामने हाथ सेंकता है ।

मात्रा – ६ से २०० शक्ति ।

हाइपेरिकम (Hypericum)

(सेंट जॉन्स-वॉर्ट)

स्नायु में चोट लगने की बड़ी औषधि खासकर हाथ की अंगुलियों, पैर की अंगुलियों और नाखूनों में । अंगुलियों का कुचला जाना, खासकर सिरों का । तीव्र वेदना इस औषधि का सांकेतिक लक्षण है । हनुस्तम्भ को रोकती है । कील आदि गड़ने से बने घाव । शल्य-क्रिया के बाद की पीड़ा को कम करती है । शल्यक्रिया के बाद मॉर्फिया का काम करती है (हेल्मथ) । हर चोट के बाद अकड़न आना । मलान्त्र पर विशेष काम करती है, बवासीर । गुदास्थि शूल । मौसम परिवर्तन काल में या तूफान से पहले दमा के हमले जो अधिक बलगम निकलने से कम हो । जानवरों के काटने के बाद आए स्नायु क्षत । ताण्डव रोग । स्नायु प्रदाह; टपक; जलन; सुन्न होना । लगातार तन्द्रा ।

मन—मालूम हो कि हवा में ऊँचाई तक उठाया जा रहा है या यह चिंता कि बहुत ऊपर से गिर जायगा । लिखने में गलती करना । धक्का लगने का बुरा असर । विषादग्रस्त ।

सिर—भारी, मालूम हो कि बर्फीले ठंडे हाथ से छुआ गया है । चाँद पर थरथराहट; बन्द कमरे में अधिक । मस्तिष्क दबा जान पड़े । चेहरे की दाहिनी तरफ टीस । मानसिक कमजोरी और स्नायु दुर्बलता । चेहरे का स्नायुशूल जैसे खींचन पड़ रही हो या फट रहा हो, साथ में उदासी । सिर बड़ा जान पड़े—किसी हद तक बढ़ा हुआ मालूम दे । खोपड़ी टूटने पर, हड्डी के टुकड़े । मस्तिष्क जीवित जान पड़े । आँखों और कानों में दर्द । बाल झड़ना ।

आमाशय—शराब पीने की इच्छा। प्यास, मिचली। जबान की जड़ पर सफेद मैल, अगला सिरा साफ। पेट में गोला ऐसा मालूम दे (एबीस नाइग्रा; ब्रायो०)

मलान्त्र—मल त्याग की इच्छा; सूखा मल, दबाव के साथ दर्द। खूनी बवासीर, इसके साथ दर्द, खून बहना और कोमलपन।

पीठ—गरदन की जड़ में दर्द। त्रिकास्थि पर दाब। रीढ़ पर चोट लगने के बाद आए उपद्रव। गिरने पर रीढ़ की अन्तिम निचली हड्डी में आई चोट। ऐसा दर्द जो रीढ़ में ऊपर की तरफ चढ़कर अङ्गों तक नीचे उतरे। पेशियों के झटके आएँ और फड़कन हो।

अंग—कंधों में भाला गड़ने जैसा दर्द। बाँह की पिछली बड़ी हड्डी में दाब। पिण्डलियों में ऐंठन। पैर और हाथ की अंगुलियों में दर्द, खासकर सिरों में। हाथ और पैर में रेंगन। ऊपरी और निचले अङ्गों में भाला गड़ने जैसा दर्द। स्नायुप्रदाह; टपकन, जलन के साथ दर्द, सुन्न होना और चर्म रेशम-सा नर्म, चिकना; जोड़ अशांत। जोड़ों की कार्यहीनता। ताण्डव रोग (फाइजास्टिग्मा, कैल्मिब्रोमे०)। आघातजनित स्नायुशूल और स्नायु प्रदाह।

श्वास-यन्त्र—दमा जो कोहरे के समय बढ़े और अधिक पसीना निकलने से कम हो।

चर्म—प्रबल पसीना, सिर की खाल पर पसीना; सुबह को सोने के बाद अधिक, चोट लगने के बाद बाल झड़ना; हाथों और चेहरे का अकौता, तीव्र खाज; दाने चर्म के नीचे मालूम पड़ें। छाले जो चर्म के नाड़ी के साथ बनें। मुँह के पुराने घाव जब वे अति कोमल हों। कील आदि गड़ने से बने घाव जब खून अधिक बहने से शिथिलता भी आयी हो।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : ठंडक में, तरी, कोहरा के समय, बन्द कमरे में, जरा-सी बाहरी हवा से, छूने से। घटना : सिर पीछे झुकाने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : लीडम पैलस्टर (छेद वाले घाव और जानवर का काटना); आर्निका, स्टैफिसेग्रिया, कैलेण्डुला, कॉफिया।

क्रियानाशक—आर्सेनिक, कैमोमिला।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

आइबेरिस (Iberis)

(बिटर कैंडीटफ्ट)

स्नायविक उत्तेजना की अवस्था। हृदय पर गहरा प्रभाव है। हृदय रोग पर उत्तम प्रभाव, लाभदायक। हृदय के ढकनों की उत्तेजना में, जबकि उसकी पेशियाँ

ढीली पड़ जायें और मोटी हो जायें। इन्फ्लुएंजा के बाद हृदय दौर्बल्य। जिगर प्रदेश भरा हुआ। वेदनापूर्ण। सफेद मल।

मन—उदास; आहें भरे, भयभीत; काँपे। चिड़चिड़ा।

सिर—चक्कर आए और हृदय की चारों तरफ दर्द। जब तक भोजन न कर ले तब तक बराबर गाढ़ा, रेशेदार श्लेष्मा खखारता रहे। गरम, भरभरा चेहरा। चक्कर, मानो सिर का पिछला भाग चारों ओर घूम रहा हो; आँखें बाहर को ढकेली जा रही हों।

दिल—हृदय गति की चेतनता। बायीं तरफ शरीर घुमाने पर हृद् प्रसार के समय दोनों खानों में से ढकनों पर सूई गड़ने जैसा दर्द। धड़कन उसके साथ सिर में चक्कर आये और गला घुटे। हृदय क्षेत्र में सूई गड़ने जैसा दर्द। नाड़ी भरी, क्रम-भ्रष्ट, सविरामिक। जरा-से हिलने या गरम कमरे में कष्ट बढ़े। हृदय पर बोझ और दाब की संवेदना, कभी-कभी तेज चुभन के साथ। शोथ; हृदय बढ़ने के साथ। जरा-सा परिश्रम पर या हँसने से या खाँसने से तीव्र धड़कन हो। हृदय के आरपार भाला लगने जैसा दर्द। हृदय सम्बन्धी काठिन्य। दिल का फैलना। लगभग २ बजे रात को, धड़कन के साथ जाग उठे, गला और साँस नली बलगम से भर जाय। खाँसी से चेहरा लाल हो जाये। तेज धड़कन।

अंग—बायें बाजू और हाथ में झनझनाहट और सुन्नपन। सारे शरीर में पीड़ा, लँगड़ापन और कम्प।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : लेटने से; बायीं तरफ, हरकत, मेहनत, गरम कमरा।

सम्बन्ध—तुलना : कैक्टस, डिजिटेलिस, एमिलनस, नाइट्रोसम, बेलाडोना।

मात्रा—अरिष्ट और पहली शक्ति।

इकथियोलम (Ichthyolum)

(ए कॉम्बिनेशन ऑफ सल्फोनेटेड हाइड्रोकार्बन, ए फॉसिल प्रॉडक्ट ऑफ काम्प्लेक्स स्ट्रक्चर फाउण्ड इन टाइरोल; सपोज्ड टु बी फिश डिपॉजिट्स, कण्टेन्स १० प्रतिशत सल्फर)।

चर्म, श्लैष्मिक झिल्ली, गुर्दों पर इसका महत्त्वपूर्ण प्रभाव है। यह शक्तिवान परजीवी नाशक है, लाली, दर्द और प्रदाह, तनाव को कम करती है। बुड्ढों की जाड़ों के दिनों की खाँसी के लिए शानदार दवा है। अनेक जोड़ों का प्रदाह। जीर्ण वात रोग। मूत्राम्लार प्रवणता। जीर्ण शीतपित्त। क्षयरोग पोषण बढ़ाती है। मद-पान रोग जब पेट में कोई चीज न पचे।

मन—चिड़चिड़ा और उदास। एकाग्रता की कमी।

सिर—धीमा दर्द, ठंडक, दाब से कम। माथे और आँखों के घेरे के ऊपर का धीमा दर्द, जो आँखें हिलाने से, ठंडी हवा से बढ़े, सेंकने से कम हो।

चेहरा—चर्म सूखा और खुजली हो। ठुड्ढी पर मुँहासे।

गला—क्षुब्ध, कानों में दर्द, चोटीला, सूखा, खखारने और बलगम के साथ।

आँखें—जलन, लाल, ताप परिवर्तन से बढ़े।

नाक—सरल जुकाम, कसापन, भीतरी भाग में वेदनापूर्ण। छींकने की प्रबल इच्छा।

आमाशय—अप्रिय स्वाद, जलन की अनुभूति, अधिक प्यास। मिचली। भूख अधिक।

उदर—मल मुलायम ढीला, आकारहीन। नाभि और बायीं तरफ तलपेट में मरोड़। भोर में दस्त।

मूत्र–अधिक और बार-बार। मूत्र मार्ग के छिद्र में जलन। मूत्रक्षार की तलछट।

स्त्री—निचले उदर में भरापन। मासिक काल में मिचली।

श्वास-यन्त्र—जुकामी, सूखी, कष्टप्रद खाँसी। वायुनलिका प्रसार और क्षय रोग। ब्रांकाइटिस। खासकर बुड्ढों में।

चर्म—गरमी और उत्तेजना, खुजली। पपड़ीदार और खाजदार अकौता। फोड़ों के झुण्ड। गर्भावस्था में तीव्र योनि खाज। अपरस, मुँहासे, लाल दाने, विसर्पिका।

अंग—दाहिने कन्धे और दाहिने तरफ से निचले अंग में लँगड़ापन।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : हीपर, कैल्के०, सिलिका, सल्फ०, आर्सेनिक, पेट्रोलियम।

मात्रा—नीचे की शक्ति।

लगाने के लिए यह औषधि २०–५० प्र० श० लैनोलिन में मिलाकर मलहम के रूप में उपयोग में लाई जाती है, जीर्ण अकौता और लाल दाने, मुँहासे और गठिया-ग्रस्त जोड़। बेवाई फटना, सूखी खुजली। मूत्राशय मुखग्रन्थि (प्रोस्टेट) विकार में, जो वृद्धावस्था में होती है, स्राव-स्खलन के लिए; बत्ती के रूप में।

इग्नेशिया (**Ignatia**)

(सेंट इग्नेशिअस बीन)

सभी ज्ञानेन्द्रियों में प्रबल संवेदनीयता उत्पन्न करती है और क्षणिक संकोचन की प्रवृत्ति। मानसिक आवेग की प्रधानता रहती है और क्रियाओं के पारस्परिक सहयोग में बाधा पड़ जाती है। अतः यह गुल्म वायु की एक प्रधान औषधि है।

यह खासकर स्नायविक प्रवृत्ति में लाभदायक है—वे महिलायें जो अति कोमल प्रवृत्ति की हों, कुशाग्रबुद्धि; सरलता से भड़क उठें, गहरे रंग की, नरम स्वभाव की, निरीक्षण में तीव्र तुरन्त कार्य सम्पन्न करने वाली, मानसिक और शारीरिक अवस्था तेजी से विपरीत दिशा में बदले; सजग, विरोधाभास; स्नायविक; सशंक, अकड़ा हुआ और काँपता रोगी, जो प्रबल मानसिक या शारीरिक कष्ट से पीड़ित हो और साथ-साथ, कॉफी पीने से कष्ट बढ़े। इस औषधि के ऊपरी लक्षण और उनकी तीव्र परिवर्तनशीलता अधिक विशेषता रखती है। शोक और चिन्ता का बुरा असर। तम्बाकू और कॉफी सहन न हो। छोटे सीमित स्थान में दर्द (आक्जैलिकम एसिड) प्लेग। हिचकी और हिस्टीरिया की कै।

मन—परिवर्तनशील भाव, अन्तरावलोकी; कुढ़ते रहना। उदास, दुःखी, रोये, अपना दुःख दूसरों से न कहना। आहें भरे; सिसकना। आघात; शोकाक्रमण और निराशा के बाद की स्थिति।

सिर—खोखला, भारी मालूम पड़े, झुकने से अधिक या ऐसा सिर दर्द मानो कील ठोंकी जा रही हो। नाक की जड़ पर ऐंठन के साथ दर्द। क्रोध या शोक के बाद रक्ताधिक्यजनित सिर दर्द, धूम्रपान से या तम्बाकू सूँघने से अधिक हो; सिर आगे को झुकाए।

आँख—दृष्टि कष्ट; पलकों का अकड़ना और आँखों के आस-पास स्नायुशूल के साथ (नेट्रम म्यूर) इधर-उधर जगमगाहट।

चेहरा—चेहरे और होठों की पेशियों का फड़कना। आराम की अवस्था में रंग बदलना।

मुँह - खट्टा स्वाद। गालों के भीतरी भाग को काट ले। बराबर थूक भरा रहे। दाँत दर्द जो कॉफी पीने से या धूम्रपान से बढ़े।

गला—गले में जैसे गाँठ रखी है जो निगली न जा सके। गला रुकने की सम्भावना, गले में वायुगोला (योषापस्मार)। गलक्षत; गड़न, जब निगल न रहा हो, ठोस पदार्थ खाने से कम। निगलने में गड़न-चिलकन। जो कानों तक बढ़े (हीपर०)। तालुमूल प्रदाह, सूजन, छोटे-छोटे घाव। क्षुद्र गह्वरीय तालुमूल प्रदाह।

आमाशय—खट्टी डकार। आमाशय में असाधारण दुर्बलता का संवेदन, अधिक वायु, हिचकी, आमाशय में मरोड़, जरा भी स्पर्श से बढ़े। साधारण भोजन से घृणा, न पच सकने वाली बहुत तरह की चीजें खाना चाहे। तेजाबी वस्तु खाने की इच्छा। आमाशय में भारी कमजोरी जो लम्बी साँस लेने से कम हो।

उदर—आँतों में गड़गड़ाहट। उदर से ऊपरी भाग में कमजोरी। उदर में थरथराहट (एलो सँगुनेरिया) एक या दोनों तरफ शूल।

मलान्त्र—मलान्त्र के ऊपर की तरफ खुजली और सूई गड़ने जैसा दर्द। काँच निकलना। मल मुश्किल से उतरे, मल त्यागने के बाद गुदा में दर्दीला संकोचन। खाँसने से बवासीर में दर्द हो। भय के कारण दस्त आना। गुदा में मलाशय के ऊपर तक दर्द। रक्तस्राव दर्द जो ढीले मल के समय अधिक हो। किसी तेज वस्तु का भीतर से बाहर की तरफ दबाव।

मूत्र—अधिक, पानी जैसा (फॉस०एसिड)।

श्वास-यन्त्र—सूखी, आक्षेपिक खाँसी, जल्दी-जल्दी दौरे पड़ें। टेंटुए में झटका। (कैल्के०)। स्नायविक खाँसी। खाँसने से खाँसी और अधिक हो। बहुत आहें भरना। खोखली आक्षेपिक खाँसी शाम को अधिक होना, बलगम कम निकले, गले में दर्द।

स्त्री—मासिक-धर्म काला, मात्रा में बहुत अधिक या बहुत कम। मासिक काल में अधिक सुस्ती, साथ में पेट और आमाशय में दर्द। मैथुन से विरक्त। शोक से मासिक-स्राव समय से बहुत पहले आए, मात्रा में कम।

अंग—अंगों में झटके आयें। गुल्फ देशीय सुदृढ़ कण्डरा और पिण्डली में दर्द। तलवों में दर्द, जैसे वहाँ घाव हो।

नींद—बहुत हल्की। नींद आते ही अंगों में झटके आयें। शोक, चिन्ता से अनिद्रा, साथ में बाहों का खुजलाना और अधिक जम्हाई आना। देर तक स्वप्न देखना जिससे कष्ट हो।

ज्वर—शीत, प्यास के साथ, बाहरी गरमी से कम न हो। ज्वर की अवस्था में खुजली, सारे शरीर पर जुलपित्ती।

चर्म—खुजली, जुलपित्ती। बाहरी हवा असह्य। चर्म छिल जाये, खासकर योनि और मुँह के चारों तरफ।

घटना-बढ़ना-बढ़ना : सुबह को, खुली हवा में, खाने के बाद, कॉफी से, धूम्र-पान से, तरल पदार्थ से, बाहरी गरमी से। घटना : खाते समय आसन बदलने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए ; जिंकम, कैली फॉस०, सीपिया, सिमिसिफ्यु०, पैनेसिया आरवेन्सिस-पुअर मैंस मरकरी-(आमाशय क्षेत्र में क्षोभ, साथ में भूख, लेकिन भोजन से घृणा)।

पूरक : नैट्र० म्यूर।

असमान : कॉफिया; नक्स०, टैबेकम।

क्रियानाशक : पल्से०, कैमो; कॉक्कस०।

मात्रा—६ से २०० शक्ति।

इलीसियम (Illicium)

(एनिसे)

अफरा की अवस्था में याद रखना चाहिए। 'त्रैमासिक शूल' के नाम से पुकारी जाने वाली अवस्था, खासकर यदि वह नियम से एक ही समय पर हो, उदर में अधिक गड़गड़ाहट। एक लक्षण याद रखने योग्य है—तीसरी पसली के क्षेत्र में दर्द, लगभग १ या २ इञ्च वक्षास्थि से प्रायः दाहिनी तरफ, लेकिन कभी-कभी बायीं तरफ भी। अक्सर इसी दर्द के साथ बार-बार खाँसी। पुराने मद्यपानियों का पीब वाला कण्ठनली और आमाशयिक नजला। जीर्ण दमा के रोगी। कै, मिरगी के समान आक्षेप, जिनमें रोगी जबान काटे।

नाक—होंठ के नीचे तेज चिलक। तीव्र नजला। भीतरी निचले होंठ में जलन और सुन्न होना।

साँस-यन्त्र—साँस कष्ट। तीसरी पसली के बीच के जोड़ की उपास्थि के पास दर्द। खाँसी जिसमें पीब जैसा बलगम आये। धड़कन के साथ खून थूकना।

इलेक्स एक्विफोलियम (Ilex Aquifolium)

(अमेरिकन हॉली)

सविराम ज्वर। आँखों के लक्षण महत्त्वपूर्ण हैं, तिल्ली दर्द। जाड़े में सभी लक्षण कम रहें।

आँखें—चक्षु पटल में जल संचित, प्रदाह के परिणामस्वरूप स्वस्थ चक्षुकनीनिका या श्वेत-पटल का बाहर की तरफ निकल आना, रात में नेत्र-घेरों में जलन, आँखों का गठिया सम्बन्धी प्रदाह, केश-झड़ना।

सम्बन्ध—इलेक्स पैरागुवाएन्सिस यर्बा मेट—(लगातार कौड़ी में दर्द, मुँह कण्ठनली का सूखापन, भूख न लगना, मुँह में पानी भरना, स्नायविक उदासी, निरन्तर दौर्बल्य। औंघाई, काम करने की अक्षमता, पेशाब कम होना, सिर दर्द और योनि खाज। अधकपारी। गुर्दा शूल। लू लगने की रोकने वाली औषधि कही जाती है, क्योंकि यह रक्त संचार की लाभदायक शक्तिवर्द्धक औषधि है, इस प्रकार पसीना मूत्र को भी अधिक करती है)। इलेक्स वोमिटोरिया या उपन—(वमनकारक गुण, शक्तिदायक और पाचनवर्द्धक गुण, अनिद्रा के प्रभाव से रहित है। इसमें एक तीव्र द्रव्य रहता है जो पेशाब बढ़ाने का काम करता है—गुर्दा प्रदाह और गठिया में काम आती है)। इलेक्स कैसीव—(क्रिसमस बेरी टी)—उत्तम मूत्रल और चाय की जगह पर व्यवहार योग्य है।

इण्डिगो (Indigo)

(इन्डिगो -डाई-स्टफ)

स्नायुमण्डल पर महत्वपूर्ण प्रभाव है, अतः उस मिरगी में विशेष लाभदायक है जिसमें उदासी अधिक हो। उत्तेजित और काम में लगे रहने की इच्छा। स्नायु दौर्बल्य और मूर्च्छा वायु। शुद्ध नील महीन पीस कर घाव पर रखने से साँप और मकड़ी के विष को नाश करता है (कैलि परमैंगनेट; गोलोन्ड्रिना; सीड्रन)। गल-नली की सिकुड़न, नील रंग (क्युप्रम)।

सिर—चक्कर और मिचली के साथ अकड़न। माथे में चारों तरफ फीता बँधा जैसा मालूम पड़े। सारे सिर में ऊपर-नीचे होने का संवेदन। ऐसा लगे कि मस्तिष्क जम गया है। उदास, रात को चिल्लाए। चाँद पर से बाल खिंचते जान पड़ें। सिर जमा हुआ मालूम पड़े।

नाक—अधिक छींकना और खून बहना।

कान—दाब और गर्जन।

आमाशय—कसैला स्वाद। डकार। फूलना लार अधिक। आमाशय से सिर तक गरमी की लहरें उठना।

मलान्त्र—मलान्त्र का गिरना। रात में तीव्र गुदा खाज के कारण जाग जाना।

मूत्र—लगातार मूत्र त्याग की इच्छा। गदला। मूत्राशय का नजला।

अंग—गृध्रसी। जाँघ के मध्य भाग से घुटने तक दर्द। (घुटने के जोड़ में छेद होने जैसा दर्द) जो टहलने से कम हो। प्रत्येक भोजन के बाद अंगों का दर्द बढ़े।

स्नायु—उस हिस्टीरिया में हितकर है जहाँ दर्द की प्रधानता हो। स्नायविक उत्तेजना। मिरगी रोग, उदर से सिर तक गरम लहरें उठें, चक्कर के साथ दौरा शुरू हो। कंधों के बीच वेदनापूर्ण स्थान से मिरगी का आभास शुरू हो। केंचुओं के कारण झटके आना।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : आराम और बैठने के समय। घटना : दाब मालिश, हरकत।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : क्युप्रम; ईस्ट्रस कैमेली; मिरगी की एक इण्डियन औषधि।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

इंडियम (Indium)

(दी मेटल-इण्डियम)

सिर दर्द और अधकपारी । धातु की क्षीणता, पीठ दर्द ।

सिर—मल त्यागने के समय काँखने पर सिर दर्द हो । मल त्यागने के समय सिर दर्द, जैसे सिर फट जायेगा । मिचली, कमजोरी, अनिद्रा के साथ कनपटियों और माथे में दर्द । लगभग ११ बजे दिन में पेट में भारी कमजोरी । छींक के तीव्र आक्रमण । कामोन्माद ।

चेहरा—वेदनापूर्ण पीब वाले दाने । मुँह के किनारे चिटके हुए और वेदनापूर्ण (कॉण्डुरेंगो) ।

पुरुष—थोड़ी देर रक्खे रहने पर पेशाब से भयानक दुर्गन्ध निकले । जल्दी-जल्दी धातु स्राव । मैथुन शक्ति कम । अण्ड कोमल वीर्य नाड़ी के साथ-साथ खींचन और दर्द ।

गला—काग बढ़ा हुआ, घावयुक्त, गलकोष के पीछे मोटा चिमड़ा श्लेष्मा । शाम को कष्ट बढ़ना ।

अंग—गरदन और कन्धों में कड़ापन । दर्द खासकर बायीं बाँह में । टाँगें अशांत और थकी हुई । पैर की अंगुलियों में खुजली (एगैरि०) ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : सेलेनियम, टिटैनियम (पुरुष कामेन्द्रिय) ।

मात्रा—६ से २०० शक्ति ।

—

इण्डोल (Indol)

(ए क्रिस्टैलाइन कम्पाउण्ड डेरिवेबल फ्रॉम इण्डिगो, बट आल्सो ए प्रॉडक्ट ऑफ प्युट्रिफैक्शन ऑफ प्रोटीड्स) ।

इस औषधि का मुख्य प्रभाव इण्डिकेन को निकालना होता है । शारीरिक अव्यवस्था से आया विषैलापन ।

तुलना कीजिए : स्कैटॉल :

लगातार सोते रहने की इच्छा; मंद बुद्धि; असंतुष्ट, भयंकर भ्रम और स्नायविकता हाथों की अंगुलियाँ और पैर बराबर हिला करें । आँतों में सड़न ।

सिर—तीसरे पहर धीमा दर्द, पिछले भाग और अगले भाग का सिर दर्द । आँखों पर मन्द संवेदन । आँखों के ढेले गरम और हिलाने पर दर्द करें । सिर दर्द के साथ पुतली फैली हुई ।

पेट—अफरा । पूरा भोजन करने के बाद भी भूख मालूम पड़े । प्यास अधिक । कब्ज ।

अंग—निचले अंग थके और चोटीले। पैर जले। घुटनों के जोड़ दर्दीले।
नींद—अनिद्रा। बराबर स्वप्न देखना।
मात्रा—६ शक्ति।

इंसुलिन (Insulin)

(ऐन एक्टिव प्रिंसिपल फ्रॉम दी पैंक्रियस ह्विच एफेक्ट्स सुगर मेटाबोलिज्म)

मधुमेह की चिकित्सा में इन्सुलिन के व्यवहार के अतिरिक्त जिससे कि यह औषधि शरीर के कार्बोहाइड्रेट का ओषजनीकरण करके जिगर के ग्लाइकोजेन की मात्रा उचित रूप से स्थापित करती है, डॉ० विलियम, एफ० बेकर ने इस औषधि का होमियोपैथी के सिद्धान्त के अनुसार भी प्रयोग किया है और इसका व्यवहार मुँहासे, कारबंकल, अयनिका साथ में खुजाने वाला अकौता में करने के लिए कहा है। गठिया वाले रोगियों में अल्पकालीन मधुमेह के साथ जब चर्म लक्षण भी हों, दिन में तीन बार भोजन के बाद दीजिए। यह औषधि कठोर चर्म उत्तेजना, फुड़िया, नस-वृद्धि घाव, साथ में अनेक बार पेशाब आने की अवस्था में सांकेतिक होती है।

मात्रा—३x से ३०x तक।

इन्यूला (Inula)

(स्कैबवार्ट)

श्लैष्मिक झिल्ली की औषधि। पेड़ू के भाग के यन्त्रों में नीचे की ओर दबाव का संवेदन और वायु नलिका समूह के लक्षण विशेष महत्त्वपूर्ण हैं। सीने की हड्डियों के नीचे की पीड़ा। मधुमेह।

सिर—झुकने पर चक्कर आये; माथे और कनपटियों में खाने के बाद थरथराहट और दबाव।

साँस-यन्त्र—सूखी खाँसी, रात में और लेटने पर अधिक हो, स्वरनली वेदनापूर्ण। जीर्ण ब्रांकाइटिस; खाँसी, अधिक गाढ़ा बलगम; सुस्ती और मन्द पाचन। सीना पंजर के पीछे चिलकन। कष्टदायक खाँसी। जिसमें बलगम अधिक सरलता से साथ निकले। लगातार व्यवहार से क्षय सम्बन्धी स्वर यन्त्र प्रदाह में कष्ट कम करती है।

स्त्री—मासिक धर्म समय से बहुत पहले और पीड़ाजनक। प्रसव की तरह दर्द, पाखाना लगे; जननेन्द्रिय में खींचन, तीव्र सिर दर्द के साथ। मासिक काल में टाँगों

में खुजली, ठंडक के मारे दाँत कटकटाना। उदर में जैसे कोई चीज हरकत कर रही है। जननेन्द्रिय में सूई गड़ने जैसा दर्द।

मलान्त्र—भीतर से मलान्त्र की तरफ दाब, मानो कोई चीज बाहर निकल रही है।

मूत्र—बार-बार पेशाब लगना, बूँद-बूँद टपके। बनफशाई गन्ध। (टेरेबि०)।

अङ्ग—दाहिने कन्धे और कलाई में दर्द, बायीं हथेली में चीरने-फाड़ने की तरह दर्द, अंगुलियाँ मोड़ न सके, निचले अंगों, पैरों और टखनों में दर्द।

संबंध—तुलना कीजिए : क्रोकस, इग्नेसिया, आरम ट्रैकोन्टियम (तर खाँसी, जो रात में लेटने पर अधिक हो)।

मात्रा—१ से ३ शक्ति।

आयडोफार्मम (Iodoformum)

(आयडोफॉर्म)

क्षयग्रस्त मस्तिष्क आवरण प्रदाह की चिकित्सा करते समय औषधि को नहीं भूलना चाहिए, खिलाने के लिए भी और सिर में लगाने के लिए भी (वेसिलिनम) क्षणायु पुटित अवस्थायें। बच्चों का जीर्ण और अर्धजीर्ण अतिसार।

सिर—तीव्र स्नायविक पीड़ा। सिर भारी लगे, मानों तकिये से उठाया न जायेगा। पिछले भाग में खुजली। मस्तिष्क आवरण प्रदाह। आहें भरने और चिल्लाने से नींद में बाधा पड़े। अति निद्रालुता।

आँखें—पुतलियाँ फैली हुईं, असमान सिकुड़न, प्रदाह की संवेदनीयता मन्द। द्वि-दृष्टि। आँखों के पिछले भाग में स्नायुप्रदाह के कारण क्रमशः मन्द होती हुई दृष्टि, आँखों के मध्य भाग से सामने काले लोप हो जाने वाले धब्बे। चक्षु-बिम्ब की आंशिक क्षीणता।

सीना—दाहिने फुफ्फुस के शिखर पर दर्द। सीने पर बोझ जैसा, मानो दम घुटेगा। सोने जाने के समय खाँसी और साँय-साँय की आवाज। बायीं तरफ सीने में दर्द। मानो कोई हाथ से दिल के निचले भाग को जकड़े हुए है। मुँह से खून आना। दम जैसा साँस लेना।

उदर—नौकाकृति उदर। जीर्ण अतिसार, साथ में क्षय रोग की शंका। उदर तना हुआ, मध्यांत्र ग्रन्थि बढ़ी हुई। शिशु अतिसार। जीर्ण अतिसार, चिड़चिड़ापन के साथ हरा, पानी-सा, अनपचा मल।

अंग—टाँगों में कमजोरी, आँखें बन्द करके खड़ा होकर चल न सके। ऊपर चढ़ते समय घुटनों में कमजोरी आए।

मात्रा—२ विचूर्ण। जबान के पीछे ३ ग्रेन रखने से दमा का साँस कम होगा।

आयोडम (Iodum)

दूषित समीकरण। अधिक भूख के साथ दुबलापन, भूख और अधिक प्यास। खाने के बाद लक्षणों में कमी आए। घोर कमजोरी, जरा-से परिश्रम से पसीना छूटे। आयोडम का रोगी बहुत दुबला-पतला, गहरे रंग का, लसिका वाहिनी ग्रन्थियाँ बढ़ी हुई, अधिक भूख लगे मगर फिर भी दुबला होता जाए। क्षय रोग का भेद।

सभी ग्रन्थि-यन्त्र, साँस-यन्त्र, रक्त संचार यन्त्र प्रभावित रहते हैं, सभी क्षीण हो जाते हैं। यह दवा सीसा-विष के उपद्रव का शमन करती है। कम्प। आयोडीन के रोगी को ठण्डी हवा की घोर इच्छा रहती है।

(आयोडीन)

जीर्ण प्रदाह का तीव्र प्रकोप। सन्धि प्रदाह और सन्धियों के आकार में विकृति आना। संयोजक तन्तु पर स्पष्ट काम करती है। प्लेग। घेघा। रक्तवाहिनी की असाधारण संकीर्णता, क्षुद्र रक्त-नलिकाओं में रक्ताधिक्य, जिसके बाद शोथ, काले दाग, रक्त-स्राव, पोषण बाधायें इसके प्रधान लक्षण हैं। मन्द-प्रतिक्रिया, अतः अनेक अवस्थाओं में जीर्ण होने की प्रवृत्ति। श्लैष्मिक झिल्लियों का तीव्र नजला, दुबलापन जो तेजी से आया हो, अच्छी भूख रहने पर भी ग्रन्थि क्षीणता आए। अनेक क्षयकर-रोग और कण्ठमालिक रोग इस औषधि की आवश्यकता दर्शाते हैं। साँस-यन्त्र के तीव्र रोग। आयोडीन गरम होती है, इसलिए ठण्डा वातावरण आवश्यक होता है। फुफ्फुस प्रदाह जो तेजी से बढ़े। ऊपर जाने में कमजोरी और साँस फूलना। ग्रन्थि वृद्धि। ग्रन्थि सूजन और खड़खड़-सर्प डँसने में अरिष्ट का उपयोग खाने और लगाने के लिए।

मन—चुप रहने के समय चिन्ता सतायें। वर्तमान की चिन्ता और उदासी, भविष्य से कोई सम्बन्ध न हो। एकाएक दौड़ते और कोई अत्याचार करने का आवेग। भूलना। कोई न कोई काम करते रहना चाहे। लोगों से भय, सबसे घृणा, विषाद-ग्रस्त। अत्याचार की प्रवृत्ति।

सिर—थरथराहट, खून दौड़ना और कसा फीता जैसा जान पड़ना। चक्कर, झुकने से और गरम कमरे में अधिक हो। वृद्ध लोगों का जीर्ण प्रदाह। सिर दर्द जो अधिक रक्तसंचित होने से हो। (फॉस०)।

आँखें—आँसू क्षीण; अधिक। आँखों में दर्द। पुतलियाँ फैली हुई। बराबर आँखें हिलाते रहना। तीव्र अश्रु-कोष प्रदाह।

नाक—छींकना। अचानक तीव्र इन्फ्लुएंजा। सूखा जुकाम जो खुली हवा में बहे, इसके अतिरिक्त बहता गरम जुकाम और चर्म का गरम रहना। नाक की जड़ और अग्र भाग का दर्द। नाक बन्द हो। घाव बनने की सम्भावना। सूँघने की शक्ति लोप होना। तीव्र नाक-रक्ताधिक्य जो रक्त-चापाधिक्य से सम्बन्धित हो।

मुँह—मसूढ़े ढीले और खून बहे। गन्दे घाव और लार अधिक, बदबूदार लार बहना। जबान पर मोटा मैल। अति दुर्गन्ध निकले।

गला—स्वरयन्त्र संकुचित जान पड़े। कम्बुकर्णी नली से सम्बन्धित बहरापन। चुल्लिका-ग्रन्थि का बढ़ना। घेघा, साथ में सिकुड़न की संवेदना। जबड़े के नीचे की ग्रन्थि की सूजन। कान की सूजन।

आमाशय—आमाशय में थरथराहट। प्रबल भूख और अधिक प्यास। वायु डकार मानो खाने का प्रत्येक कण हवा में परिवर्तित हो गया है। अगर भोजन न करे तो बहुत उत्सुक और चिन्तित रहे (सिना, सल्फ०) फिर खूब भोजन किये जाये और भूख लगे तो भी दुबला होता जाये (एब्रोटेनम)।

उदर—जिगर और तिल्ली बढ़ी हुई और वेदनापूर्ण। कामला रोग। मध्यान्त्र ग्रन्थि का बढ़ना। क्लोम विषयक रोग। उदर में कटन के साथ दर्द।

मल—अति मल त्यागने पर रक्तस्राव। अतिसार : सफेदी के लिए; झागदार चर्बीला मल; व्यर्थ काँखने के साथ कब्ज। ठण्डा दूध पीने से कम हो। कब्ज और अतिसार बारी-बारी (एण्टिम क्रूड)।

मूत्र—बार-बार और अधिक, गहरा, पीला, हरा (बोविस्टा) गाढ़ा, तीखा और सतह पर झिल्लियाँ तैरें।

पुरुष—अंड कड़े। सूजे हुए और कड़े। हाइड्रोसील और उसके साथ अंड-क्षीणता। कामाग्नि लोप।

स्त्री—मासिक काल में बहुत कमजोरी (एलुमिना, कार्बोएनिमेलिस, काकुलस इण्डिका, हैमेटॉक्स) मासिक-धर्म क्रमभ्रष्ट गर्भाशयिक रक्तस्राव। डिम्बाशय प्रदाह (एपिस, बेला, लैके०) डिम्बाशय से गर्भाशय तक पच्चर ठोंके जा रहे हैं ऐसा दर्द। स्तनों का सिकुड़ना। स्तनों के चर्म में कड़ी गुठलियाँ। तेजाबी प्रदर, गाढ़ा, चिकना; कपड़ा खा ले। दाहिने डिम्बाशय में पच्चर ठोंकने जैसा दर्द।

श्वास यन्त्र—आवाज फटी हुई, कच्चापन और गुदगुदी, जिससे सूखी खाँसी उठे। स्वर-यन्त्र में दर्द। स्वरयन्त्र प्रदाह और दर्दीला खुरखुरापन, खाँसने से कष्ट बढ़े। बच्चा खाँसते समय गला पकड़ ले। अधिक ताप के साथ; दाहिनी तरफ का फुफ्फुस-प्रदाह। सीना फैलाने में कठिनाई, खूनी, बलगम, आन्तरिक सूखी गरमी, बाहरी ठण्डक। हृदय क्रिया तीव्र। फुफ्फुस-प्रदाह। फेफड़ों का सख्त हो जाना, इसके साथ लगातार तेज बुखार। भारी तकलीफ होने पर भी दर्द होना, सेंकने से कष्ट अधिक हो, ठंडी हवा की प्रबल इच्छा। काले बाल और आँखों वाले कण्ठमालिक बच्चों की क्रूप खाँसी (ब्रोमियम इसके विपरीत) साँस भीतर खींचना कठिन। स्वर-यन्त्र में गुदगुदी के कारण सुबह की सूखी खाँसी। काली खाँसी की तरह खाँसी आना, साँस में कठिनाई, साँय-साँय करना। ठंडक नीचे की तरफ उतरे, सिरे से गले और वायु-

नलिकाओं तक। सीने में बहुत कमजोरी। जरा-से परिश्रम से धड़कन हो। पानी वाली प्लूरिसी। सीने भर पर गुदगुदी। काली खाँसी, कमरे के अन्दर, गरम, तर मौसम में और पीठ के बल लेटने पर बढ़ती है।

दिल—दिल दबोचा हुआ-सा मालूम पड़े। हृद्‌पेशी प्रदाह, दिल के चारों तरफ दर्दीली दाब। लोहे के हाथों से जकड़ा हुआ मालूम पड़े (कैक्टस)। इसके बाद कमजोरी और गशी जैसी हालत। जरा-से परिश्रम से दिल धड़कना। दिल की तेज चाल।

अंग—जोड़ सूजे हुए और वेदनापूर्ण। रात में हड्डियों में दर्द। सफेद सूजन। सूजाक के कारण आयी वातपीड़ा, गरदन की जड़ और ऊपरी अङ्गों का वात रोग। हाथ और पैर ठण्डे। पैर में तीखा पसीना आये। बड़ी धमनी मण्डल में धुकधुकाहट, वात पीड़ा, जोड़ों में रात्रि-पीड़ा, संकुचन संवेदना।

चर्म—गरम, सूखा, पीला, सिकुड़ा हुआ। ग्रन्थियाँ बढ़ी हुई। अस्थि गुल्म। हृदयरोग जनित सर्वाङ्ग शोथ।

ज्वर—सारे शरीर में गरम लपटें उठें। ज्वर स्पष्ट, बेचैनी, गाल लाल, मन्दता। अधिक पसीना।

घटना बढ़ना—**घटना**: चुप रहने से, गरम कमरे में, दाहिनी तरफ। **बढ़ना**: खुली हवा में इधर-उधर टहलने से।

सम्बन्ध—थाट्रेन। आयोड०, रोग उत्पत्ति विचार से कार्बोलिक एसिड के समान है।

क्रियानाशक—हीपर सल्फ, ग्रैटियोला।

पूरक—लाइकोपोडियम; बैडियागा।

तुलना: ब्रोमियम; हीपर, मर्क्युरियस; फास्फो०; एब्रोटेनम, नैट्रम म्यूर; सैनिक्युला, ट्युबरकुलिनम।

मात्रा—स्थूल औषधि के पूर्ण घोल की आवश्यकता हो सकती है। ३ से ३० शक्ति। पोटाश आयोडाइड का आयोडीन मिला घोल (३२ ग्रेन पोटाश और ४ ग्रेन आयोडीन को १ औंस पानी में मिलाकर, १० बूँद की मात्रा में दिन में ३ बार) देने से मरे हुए केंचुए निकलते हैं।

बाहरी प्रयोग के लिए यह औषधि सबसे अधिक शक्तिवान, सबसे कम हानिकारक और सफलता से प्रयोग में लायी जाने वाली कीटाणु विष नाशक औषधि है। घाव को साफ और संक्रामणहीन रखने का आदर्श साधन है। कीड़े, मकोड़े, सर्प इत्यादि का डंक मारना या दंश। गोली लगने के घाव और मिश्रित मोच, हड्डी टूटना, चर्म क्षीणता के साथ, सभी अवस्थाओं के लिए उत्तम है। चर्म को कीटाणु रहित करने के लिए उपयोगी है।

मुँह—मसूढ़े ढीले और खून बहे। गन्दे घाव और लार अधिक, बदबूदार लार बहना। जबान पर मोटा मैल। अति दुर्गन्ध निकले।

गला—स्वरयन्त्र संकुचित जान पड़े। कम्बुकर्णी नली से सम्बन्धित बहरापन। चुल्लिका-ग्रन्थि का बढ़ना। घेघा, साथ में सिकुड़न की संवेदना। जबड़े के नीचे की ग्रन्थि की सूजन। कान की सूजन।

आमाशय—आमाशय में थरथराहट। प्रबल भूख और अधिक प्यास। वायु डकार मानो खाने का प्रत्येक कण हवा में परिवर्तित हो गया है। अगर भोजन न करे तो बहुत उत्सुक और चिन्तित रहे (सिना, सल्फ०) फिर खूब भोजन किये जाये और भूख लगे तो भी दुबला होता जाये (एब्रोटेनम)।

उदर—जिगर और तिल्ली बढ़ी हुई और वेदनापूर्ण। कामला रोग। मध्यान्त्र ग्रन्थि का बढ़ना। क्लोम विषयक रोग। उदर में कटन के साथ दर्द।

मल—अति मल त्यागने पर रक्तस्राव। अतिसार : सफेदी के लिए; झागदार चर्बीला मल; व्यर्थ काँखने के साथ कब्ज। ठण्डा दूध पीने से कम हो। कब्ज और अतिसार बारी-बारी (एण्टिम क्रूड)।

मूत्र—बार-बार और अधिक, गहरा, पीला, हरा (बोविस्टा) गाढ़ा, तीखा और सतह पर झिल्लियाँ तैरें।

पुरुष—अंड कड़े। सूजे हुए और कड़े। हाइड्रोसील और उसके साथ अंड-क्षीणता। कामाग्नि लोप।

स्त्री—मासिक काल में बहुत कमजोरी (एलुमिना, कार्बोएनिमेलिस, काकुलस इण्डिका, हैमेटॉक्स) मासिक-धर्म क्रमभ्रष्ट गर्भाशायक रक्तस्राव। डिम्बाशय प्रदाह (एपिस, बेला, लैके०) डिम्बाशय से गर्भाशय तक पच्चर ठोंके जा रहे हैं ऐसा दर्द। स्तनों का सिकुड़वा। स्तनों के चर्म में कड़ी गुठलियाँ। तेजाबी प्रदर, गाढ़ा, चिकना; कपड़ा खा ले। दाहिने डिम्बाशय में पच्चर ठोंकने जैसा दर्द।

श्वास यन्त्र—आवाज फटी हुई, कच्चापन और गुदगुदी, जिससे सूखी खाँसी उठे। स्वर-यन्त्र में दर्द। स्वरयन्त्र प्रदाह और दर्दीला खुरखुरापन, खाँसने से कष्ट बढ़े। बच्चा खाँसते समय गला पकड़ ले। अधिक ताप के साथ; दाहिनी तरफ का फुफ्फुस-प्रदाह। सीना फैलाने में कठिनाई, खुली, बलगम, आन्तरिक सूखी गरमी, बाहरी ठण्डक। हृदय क्रिया तीव्र। फुफ्फुस-प्रदाह। फेफड़ों का सख्त हो जाना, इसके साथ लगातार तेज बुखार। भारी तकलीफ होने पर भी दर्द होना, सेंकने से कष्ट अधिक हो, ठंडी हवा की प्रबल इच्छा। काले बाल और आँखों वाले कण्ठमालिक बच्चों की क्रूप खाँसी (ब्रोमियम इसके विपरीत) साँस भीतर खींचना कठिन। स्वर-यन्त्र में गुदगुदी के कारण सुबह की सूखी खाँसी। काली खाँसी की तरह खाँसी आना, साँस में कठिनाई, साँय-साँय करना। ठंडक नीचे की तरफ उतरे, सिरे से गले और वायु-

नलिकाओं तक। सीने में बहुत कमजोरी। जरा-से परिश्रम से धड़कन हो। पानी वाली प्लूरिसी। सीने भर पर गुदगुदी। काली खाँसी, कमरे के अन्दर, गरम, तर मौसम में और पीठ के बल लेटने पर बढ़ती है।

दिल—दिल दबोचा हुआ-सा मालूम पड़े। हृद्पेशी प्रदाह, दिल के चारों तरफ दर्दीली दाब। लोहे के हाथों से जकड़ा हुआ मालूम पड़े (कैक्टस)। इसके बाद कमजोरी और गशी जैसी हालत। जरा-से परिश्रम से दिल धड़कना। दिल की तेज चाल।

अंग—जोड़ सूजे हुए और वेदनापूर्ण। रात में हड्डियों में दर्द। सफेद सूजन सूजाक के कारण आयी वातपीड़ा, गरदन की जड़ और ऊपरी अङ्गों का वात रोग। हाथ और पैर ठण्डे। पैर में तीखा पसीना आये। बड़ी धमनी मण्डल में धुकधुकाहट; वात पीड़ा, जोड़ों में रात्रि-पीड़ा, संकुचन संवेदना।

चर्म—गरम, सूखा, पीला, सिकुड़ा हुआ। ग्रन्थियाँ बढ़ी हुईं। अस्थि गुल्म। हृदयरोग जनित सर्वाङ्ग शोथ।

ज्वर—सारे शरीर में गरम लपटें उठें। ज्वर स्पष्ट, बेचैनी, गाल लाल, मन्दता। अधिक पसीना।

घटना बढ़ना—घटना : चुप रहने से, गरम कमरे में, दाहिनी तरफ। **बढ़ना :** खुली हवा में इधर-उधर टहलने से।

सम्बन्ध—याट्रेन। आयोड०, रोग उत्पत्ति विचार से कार्बोलिक एसिड के समान है।

क्रियानाशक—हीपर सल्फ, ग्रैटियोला।

पूरक—लाइकोपोडियम; बैडियागा।

तुलना : ब्रोमियम; हीपर, मर्क्युरियस; फास्फो०; एब्रोटेनम, नैट्रम म्यूर; सैनिक्युला, ट्युबरकुलिनम।

मात्रा—स्थूल औषधि के पूर्ण घोल की आवश्यकता हो सकती है। ३ से ३० शक्ति। पोटाश आयोडाइड का आयोडीन मिला घोल (३२ ग्रेन पोटाश और ४ ग्रेन आयोडीन को १ औंस पानी में मिलाकर, १० बूँद की मात्रा में दिन में ३ बार) देने से मरे हुए केंचुए निकलते हैं।

बाहरी प्रयोग के लिए यह औषधि सबसे अधिक शक्तिवान, सबसे कम हानि-कारक और सफलता से प्रयोग में लायी जाने वाली कीटाणु विष नाशक औषधि है। घाव को साफ और संक्रामणहीन रखने का आदर्श साधन है। कीड़े, मकोड़े, सर्प इत्यादि का डंक मारना या दंश। गोली लगने के घाव और मिश्रित मोच, हड्डी टूटना, चर्म क्षीणता के साथ, सभी अवस्थाओं के लिए उत्तम है। चर्म को कीटाणु रहित करने के लिए उपयोगी है।

———

इपिकाकुआन्हा (Ipecacuanha)

(इपिकाक-रूट)

इसका मुख्य प्रभाव फुपफुस-पाकाशयिक स्नायु-मंडल की शाखाओं पर पड़ता है, जिससे सीने और पेट में आक्षेपिक उत्तेजना उत्पन्न हो जाती है। अफीम खाने की आदत या उसे किसी प्रकार से सेवन करना। इपिकाकुआन्हा की मुख्य विशेषता लगातार मिचली और कै है, जो इसका मुख्य सांकेतिक लक्षण है। न पच सकने योग्य भोजन जैसे किशमिश, मुनक्का, केक इत्यादि खाने के बाद आये उपद्रव। खासकर छोटे बच्चों और बड़े लोगों के लिए जो दुर्बल हों और जिन्हें परिवर्तनशील वातावरण में जुकाम जल्दी होता है। गरम तर मौसम में आक्षेपिक लक्षण। चमकदार लाल और अधिक रक्तस्राव।

मन—चिड़चिड़ा, सभी चीजों का अनादर करे। उन चीजों की इच्छा करना जिनके बारे में जानकारी न हो।

सिर—खोपड़ी की हड्डियाँ जैसे कुचली गई हैं या रगड़ खाई हैं। दर्द दाँतों और जीभ की जड़ तक बढ़े।

आँखें—सूजी हुई, लाल। ढेलों के आरपार दर्द। आँसू अधिक आएँ। कनीनिका धुँधली। निकट की चीजें देखने से आँखें थकें। दृष्टि क्रिया परिवर्तनशील। पलक की पेशियाँ स्पर्शकातर। दुर्बलता के कारण अनुकूल क्रिया में झटके। चलती चीजों को देखने से मिचली हो।

चेहरा—आँखों के चारों तरफ नीले घेरे। आंसुओं के साथ बँधे समय पर आने वाला शूल, साथ में अधिक प्रकाशातंक, पलकों में सन्ताप।

नाक—जुकाम, नाक बन्द और मिचली के साथ। नकसीर बहना।

पेट—प्रायः जबान साफ़ रहे। मुँह नम, अधिक लार। लगातार मिचली और कै, साथ में दर्द और चेहरे में फड़कन। खाने, पित्त, खून, या श्लेष्मा की कै करे। आमाशय ढीला मालूम दे, मानो लटक रहा है। हिचकी।

उदर—एमीबा-युक्त पेचिश, मरोड़ के साथ। खांसते समय इतना दर्द कि जी मिचलाये, प्यास कम। कटन, मरोड़ नाभि के चारों तरफ अधिक। शरीर कड़ा, तना हुआ।

मल—पित्त जैसा, घास जैसा हरा, झागदार सिरे जैसा, नाभि के ऊपर ऐंठन। पेचिशी, चिकना मल।

स्त्री—गर्भाशयिक रक्तस्राव, अधिक, चमकदार, जोर से निकले, मिचली के साथ। गर्भावस्था की कै। नाभि से गर्भाशय तक दर्द। मासिक-धर्म समय से पहले और अधिक मात्रा में हो।

साँस-यन्त्र—कठिन सांस, सीने में लगातार सिकुड़न। दमा प्रति वर्ष; कठिन, लघु-सांस का आक्रमण। बराबर छींकते रहना, जुकाम, सांय-सांय वाली खाँसी। खाँसी लगातार, तीव्र हर साँस में। छाती बलगम से भरी मालूम पड़े, मगर खाँसने पर कुछ न निकले। बुलबुले उठते जान पड़ें। खरखराहट। दम घोटनेवाली खाँसी। बच्चा कड़ा पड़ जाये, चेहरा नीला हो जाये। कुकुर खाँसी, नाक और मुँह से खून निकले। मिचली के साथ, फुफ्फुस से खून बहना सिकुड़ा-सा लगे, लड़-खड़ाती खाँसी। क्रूप-खाँसी। जरा से परिश्रम से मुँह से खून निकले (मिलिफो०)। आवाज भारी खासकर जुकाम के बाद। पूर्ण स्वरलोप।

ज्वर—सविराम ज्वर, क्रमभ्रष्ट नाड़ी कुनैन के बाद हितकर है। कम से कम शीत और साथ में अधिक गरमी, मिचली, कै, साँस-कष्ट। अनुचित भोजन से रोग फिर आक्रमण करें।

नींद—अधखुली आँखें, सोने के काल में। नींद लगते ही सभी अंगों में झटके आयें (इग्नेशिया)।

अंग—शरीर कड़ा, बाद में बाँहें एक दूसरी तरफ झटकें।

चर्म—पीला, ढीला। आँखों के चारों तरफ नीला घेरा। बाजरे जैसे दाने।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना** : निश्चित समय पर, बछड़े का मांस खाने से, तर गरम हवा से, लेटने से।

सम्बन्ध—**तुलना कीजिए** : **एमेटिन**—इपीकाक का मुख्य मूल तत्व (शक्ति-शाली एमीबा नाशक है लेकिन कीटाणु नाशक नहीं। एमीबियासिस की अकसीर औषधि, एमीबा पेचिश की चिकित्सा में अति मूल्यवान। मसूढ़ा सड़ने में भी, पहले तीन दिन ½ ग्रेन, फिर मात्रा में कमी कर दें। एमेटिन, ½ ग्रेन इन्जेक्शन द्वारा सोरायसिस में। एमेटिन हाइड्रोक्लो ३, २x शूल की तरह उदर पीड़ा और मिचली के साथ दस्त में; एमेटिन एमीबायुक्त पेचिश। स्थूल मात्रा में, सावधानी से देना और प्रतीक्षा करना चाहिए। सम्भव है कि इससे फुफ्फुस कड़े पड़ जायें, हृदय गति तीव्र हो, सिर आगे को खिंचने की सम्भावना और फुफ्फुसीय उपखण्ड प्रदाह हो। रक्त वमन और अन्य प्रकार के रक्तस्राव में **तुलना कीजिए** : **जिलैटिन** (जो खून के जमने पर विशेष प्रभाव रखती है। इन्जेक्शन द्वारा या खाने के लिए ४ औंस के लगभग जेली में १० प्र० श० मिलाकर, दिन में ३ बार) **आर्सेनिक; कैमो०, पल्से०; टार्टर एमे०; स्क्विला कानबॉल वुलस** (शूल और दस्त) **टाइफा लैटिफोलिया**—कैट-टेल (पेचिश, दस्त और ग्रीष्म रोग) **युफोर्बिया हाइ-पेरिसिफोलिया**—गार्डेन स्पर्ज—(इपिकाक के अधिक समान। साँस पथ और पाका-

शयिक—आंत्रिक मार्ग और स्त्री इन्द्रियों की उत्तेजना)। **लिपिया मेक्सिकाना**—(लगातार कड़ी, सूखी वायुनलिका सम्बन्धी खाँसी, दमा और जीर्ण ब्रांकाइटिस)।

दमा रोग में तुलना कीजिए : ब्लाटा ओरियण्टैलिस।

क्रियानाशक—आर्सेनिक; चायना; टैबेकम।

पूरक—क्युप्रम, आर्निका।

मात्रा—३ से २०० शक्ति।

इरिडियम (Iridium)

(दी मेटल)

आंत्रिक सड़न और शरीर विषाक्रमण। **रक्तहीनता** लाल कणों को अधिक करती है। मिरगी रोग, चर्म टीबी। छोटे-बड़े जोड़ों का गठिया। गर्भाशयिक अर्बुद। मेरु-दण्ड का आंशिक पक्षाघात। **रोगाक्रमण के बाद शिथिलता**। बच्चे जो नाटे; दुर्बल अंग वाले और तेजी से बढ़ते हों। गर्भावस्था में वृक्क प्रदाह।

सिर—चित्त एकाग्रता कठिन। ऐसा लगे कि मन विचार रहित है। व्यग्रता। सिर का दाहिना भाग लकड़ी की तरह कड़ा मालूम दे। सिर की खाल का दाहिना भाग उत्तेजित। अधिक पानी सा जुकाम घर के अन्दर कम रहे। पीनस रोग।

श्वास-यन्त्र—खरखरी खाँसी, बात करने से बढ़े, गले का ऊपरी भाग कच्चा लगे, सूजा, अधिक गाढ़ा, पीले रङ्ग का बलगम निकले। जीर्ण स्वरयान्त्रिक नजला।

पीठ और अंग—वृक्क क्षेत्र में कमजोरी। मेरुदण्ड का आंशिक पक्षाघात खासकर वृद्ध लोगों का और रोगाक्रमण के बाद। पुट्ठे और बायीं जाँघ में दाब। दोनों जाँघों में दाब, खासकर बायीं में। बायें कूल्हे की हड्डी में मोच जैसा संवेदन और बायें नितम्ब क्षेत्र की तरफ धीमा दर्द।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : इरिडियम क्लोराइड (मुँह से लार बहती है और जबड़ों में कड़ापन पैदा करती है, बाद में सिर और स्नायु लक्षण उत्पन्न करती है। नासिक छिद्र और वायु नलिका समूह में रक्ताधिक्य। पीठ के निचले भाग में घसीटने की तरह दर्द। सिर दर्द, दाहिनी तरफ अधिक, गले में सीसे की तरह का भारीपन।)

तुलना कीजिए : प्लेटिना, पैलेडियम, ओस्मियम।

मात्रा—६ और ऊँची शक्ति।

आइरिस वर्सिकोलर (Iris Varsicolar)

(ब्लूफ्लैग)

चुल्लिका ग्रन्थियाँ, अग्न्याशय, लार ग्रन्थियाँ, आंत्रिक ग्रन्थियाँ और पाकाशयिक-आंत्रिक श्लैष्मिक झिल्लियाँ खासकर प्रभावित होती हैं। पित्त स्राव को बढ़ाती है। पुराना सिरदर्द और कॉलेर मॉरबस खासतौर पर इस दवा की चिकित्सा क्षेत्र में आते हैं।

सिर—मिचली के साथ अगले भाग का दर्द। खोपड़ी की खाल सिकुड़ी मालूम दे। दाहिनी कनपटी खासतौर पर रोगग्रस्त। पुराना सिर दर्द, आराम करने से बढ़े; आँखों के आगे धुँधलापन से शुरू हो, मानसिक परिश्रम के बाद, आराम के समय बढ़े। खाल पर दानेदार उद्भेद।

कान—गर्जन, भिनभिनाहट, टनकन, बहरापन के साथ। नाक सम्बन्धी चक्कर, कानों में तेज आवाजें आयें।

चेहरा—नाश्ते के बाद स्नायुशूल, जो आँखों के कोटर के निचले भाग के स्नायुशूल से शुरू हो और चेहरे में फैल जाये।

गला—मुँह और जबान झुलसी मालूम दे। गले में गरमी, गड़न और जलन। लार अधिक रेशेदार। घेघा।

आमाशय—सारी आँतों में जलन। कै, खट्टी, खून मिली, पित्त की मिचली, लार अधिक बहना (मर्कुरियस, इपिकाक, कैली आयोडेटम, भूख कम लगना।)

उदर—जिगर वेदनापूर्ण। कटन के साथ दर्द। वायुशूल। अतिसार पानी-सा मल; गुदा में जलन और आंत्र मार्ग के आरपार जलन के साथ। बँधे समय पर आनेवाला रात्रिकालीन अतिसार, साथ में दर्द और हरा स्राव। कब्ज (३० शक्ति दीजिये)।

अंग—जगह बदलने वाला दर्द। मानो बायीं तरफ का कूल्हे का जोड़ उखाड़ कर तोड़ दिया गया है। दर्द जानु के पिछले भाग तक बढ़े। सुजाक जनित वात रोग (इरिसिन का व्यवहार करें)।

चर्म—पाकाशयिक विकार के साथ भैंसिया दाद। दानें निकलना। अपरस चमकती खुरण्ड के साथ टेढ़े-मेढ़े चकत्ते। अकौता, रात में खुजली।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : शाम को और रात में, आराम से। घटना : लगातार हरकत से।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : नक्स।

तुलना कीजिए : आइरिस फ्लोरेन्टिना-ऑरिस रूट (सन्निपात, विक्षेप और पक्षाघात)। आइरिस फेक्टिसिमा (सिर दर्द और आँत उतरना)। आइरिस

जरमैनिका ब्लू गार्डन आइरिस—(शोथ चेहरे और नाक का, चेहरे पर स्याह दाग) आइरिस टेनेक्स माइनर-(सूखा मुँह, पेट के सिरे पर मृत्यु संवेदन, क्षुद्रान्त्र तथा अन्धान्त्र क्षेत्र में दर्द, उपांत्र प्रदाह। चिपक जाने के बाद दर्द होना)। प्रैंक्रिटिनम—कई तरह के एन्जाइम का मिश्रण-(आंत्रिक अनपच में सांकेतिक होता है, भोजन के एक घण्टे बाद या उससे कुछ अधिक देर के बाद दर्द होना। अनपचा दस्त। मात्रा ३-५ ग्रेन, पाचन काल के अन्दर देना अच्छा नहीं होता, इसके बाद देना चाहिए) पेप्सिनम अपूर्ण पाचन, पाकाशयिक क्षेत्र में दर्द के साथ। कृत्रिम भोजन पर पले हुए बालक का सूखा रोग। अजीर्ण का दस्त। मात्रा ३-४ ग्रेन। (क्लोम ग्रन्थि, गठिया, मधुमेह रोगों में) इपिकाक, पोडोफाइलम०, सैंग्विनेरिया, आर्से, एण्टिम क्रूड०।

मात्रा—अरिष्ट से ३० शक्ति। बहुत ऊँची शक्ति से अच्छे लाभ की सूचना मिली है।

जैकाराण्डा (Jacaranda)

(ब्रैजीलियन कैरोबा-ट्री)

आतशक, सुजाक और गठिया रोग के लिए प्रसिद्ध है। गर्भावस्था की कै, मूत्र जननेन्द्रिय लक्षण महत्वपूर्ण हैं। गठियावात लक्षण।

सिर—दर्द, इसके साथ उठने पर चक्कर, माथे के भारीपन के साथ। आँखें दर्द करें, सूजी हों और पानी बहे। जुकाम, सिर के भारीपन के साथ।

गला—खराशदार, सूखा संकुचित। गलकोश में दाने।

मूत्र—मूत्रमार्ग सूजा हुआ, पीला स्राव।

पुरुष—लिंग में गरमी और दर्द, वेदनापूर्ण लिंगोत्थान, पर्दा पीछे न हटे। पर्दा दर्दीला और सूजा हुआ। आतशक के दाने। सुजाक में वेदनापूर्ण लिंगोत्थान। लिंगमुण्ड पर खुजली वाले दाने।

अंग—दाहिने घुटने में वात पीड़ा। कटि-प्रदेश की कमजोरी। सुबह के समय पेशियों का चोटीलापन और कड़ा होना। सुजाक जनित गठिया। हाथों पर खाज वाले दाने। सुजाक और उपदंशीय सन्धि प्रदाह।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : थूजा, कोरैलियम, जैकाराण्डा, गुवालैंडाई (उपदंश के लक्षणों में; खासकर आँख और गले के उपदंशीय घाव, कमजोरी लाने वाले घाव। गहरे रंग का दर्दहीन दस्त)।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

जैलापा-एक्सोगोनियम पर्गा
(Jalapa Exogonium Purga)
(जैलैप)

आन्त्र-शूल और अतिसार उत्पन्न करती है और उन्हें अच्छा भी करती है। बच्चा सारे दिन अच्छा रहता है, लेकिन रात में चिल्लाता है, बेचैन रहता है और तंग करता है।

पाकाशयिक-आंत्रिक—जबान चिकनी, चमकीली, सूखी और गड़न वाली। दाहिने कोख में दर्द। अफरा और मिचली। चुटकी काटने और ऐंठन जैसा दर्द। पानी-सा पतला दस्त, कीचड़ की तरह मल। उदर तना हुआ। चेहरा ठण्डा और नीला। गुदा दर्द।

अंग—टाँगों और बाहों में टीस। पैर के अँगूठे के कड़े जोड़ में दर्द। नाखून की जड़ में गड़न। तलवों में जलन।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : इलाटेरियम, कैनाबिस सैटाइवा।

तुलना कीजिए : कैम्फोरा, कोलोसिन्थिस।

मात्रा—३ से १२ शक्ति।

जैट्रोफा (Jatropha)
(पर्जिंग नट)

हैजा और अतिसार में मूल्यवान है। उदर लक्षण अधिक महत्व रखते हैं। छोटी माता का दब जाना (एच० फैरिंगटन)।

पेट—हिचकी, बाद में अधिक कै। पीने के बाद मिचली और कै, गले में तेजाबीपन के साथ। अधिक प्यास। कै सरलता से हो। आमाशय में जलन और गरमी, कौड़ी में ऐंठन और संकुचन दर्द के साथ।

उदर—तना हुआ, गड़गड़ाहट के साथ। कोख में दर्द। जिगर में और दाहिनी स्कंधास्थि से कंधे तक दर्द। पेशाब तेजी से लगे।

मल—एकाएक अधिक, पानी-सा, चावल की माँड़ी की तरह। अतिसार, तेज अतिसार, उदर में तेज आवाज जैसे किसी छोटे छेद में से पानी गड़गड़ा कर निकले, ठंडक, ऐंठन, मिचली, कै से सम्बन्धित हो।

अंग—मांसपेशियों में ऐंठन, खासकर पिण्डली, टाँगों और पैरों में। सारे शरीर का ठंडापन। टखनों, पैरों और उनकी अँगुलियों में दर्द। एड़ियाँ उत्तेजनीय।

घटना-बढ़ना—घटना : हाथों को ठण्डे पानी में रखने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : कैम्फोरा; वेरेट्रम एल्बम; गैम्बोजिया; क्रोटन टिग०, जेट्रोफा युरेन्स—स्पॉज नेटल (शोथ और हृदय का आंशिक लकवा) ।

मात्रा—३ से ३० शक्ति ।

जेक्विरिटी—आरब्रस प्रिकैटोरियस

(Jequirity—Arbrus Prectorius)

(कैब्स आई वाइन)

कैंसर; चेहरे का चर्म, टी० बी० रोहे ।

आँखें—मवादी नेत्र प्रदाह; सूजन चेहरे और गरदन तक फैले । रोहेदार नेत्र-प्रदाह । आँख आना ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : जेक्विरिटोल—रोहा और शीशे पर चर्बी छा जाना, नया पकन स्थान स्थापित करने के लिए । जैकिरिटी के बीजों का प्रोटीन विष शरीर पर वही विषैला प्रभाव डालता है जैसा साँप के विष से होता है ।

जोनोसिया (Jonosia Asoca)

(बार्क ऑफ ऐन इण्डियन ट्री, इन्ट्रोड्यूस्ड बाई डॉ० एन० डी० राय, कलकत्ता)

स्त्री-जननेन्द्रिय पर विस्तृत प्रभाव रखती है । मासिक-धर्म का रुक जाना और गर्भाशय से रक्तस्राव ।

सिर—एक तरफ का सिर दर्द, गर्भाशय रोग के उपद्रव स्वरूप सिर दर्द, प्रादाहिक सिर दर्द, खुली हवा में और मासिक स्राव के जारी होने से कम । आँखों के ढेलों में दर्द । नेत्र गोलक के ऊपरी भाग में दर्द; प्रकाश असह्य । नाक बहे; अधिक पानी-सा स्राव । सूँघने की शक्ति लोप होना ।

आमाशय—मिठाई और तेजाबी चीजों की इच्छा । प्यास लगना, मिचली, अधिक कठोर कब्ज, खूनी बवासीर ।

स्त्री—मासिक-धर्म देर में हो और क्रमभ्रष्ट । मासिक-शूल अनियमित । मासिक-स्राव के पहले डिम्बाशयों में दर्द, अधिक मासिक-स्राव, मूत्राशय का क्षोभ । प्रदर ।

नींद—अशांत । यात्रा करने पर स्वप्न देखना ।

पीठ—रीढ़ की हड्डी से होकर उदर जाँघों तक दर्द ।

मात्रा—अरिष्ट ।

जुग्लैन्स सिनेरिया (Juglans Cinerea)

(बटरनट)

इस औषधि का चित्र है : दोषयुक्त उत्सर्जन जिससे कामला रोग और कई तरह के चर्म रोग उत्पन्न होते हैं। सिर के पिछले भाग का तीव्र दर्द जो बहुधा जिगर रोग से सम्बन्धित हो, इस औषधि का विशेष लक्षण है : सीने, आँखों और स्कन्धास्थि में दर्द, दम घुटन संवेदन के साथ। ऐसा लगे कि सभी आंतरिक यन्त्र बहुत बड़े हो गये हैं, खासकर बायीं तरफ के। पित्त पथरी।

सिर—मन्द, भरा हुआ सिर, खोपड़ी पर दाने। पिछले भाग का तीव्र दर्द। सिर बड़ा मालूम पड़े। पलकों और आँखों के चारों तरफ दाने।

नाक—नाक में टपक, छींकें आएँ। सीना पंजर के नीचे दर्द और दम घुटने की सम्भावना के बाद जुकाम। बाद में अधिक, सरल, गाढ़ा श्लेष्मा का स्राव।

मुँह—मुँह और गले में तेजाबीपन। तालुमूल क्षेत्र की बाहरी तरफ छरछराहट। जबान की जड़ और मुँह के अन्दर सूखापन।

पेट—दौर्बल्यवश आया अनपच रोग, अधिक डकार और वादी के साथ तनाव। जिगर प्रदेश में सन्ताप।

पीठ—गरदन की पेशियाँ कड़ी, तनी हुईं, लँगड़ी। स्कन्धास्थि के बीच में और दाहिनी तरफ दर्द। कटि-प्रदेश की हड्डी में दर्द।

चर्म—लाल, अरुणिमा की लाली की तरह। जिगर क्षेत्र और दाहिनी स्कन्धास्थि में दर्द के साथ कामला रोग। गरम होने पर खुजली और बींधने की तरह का दर्द। रस दाने। अकौता, खासकर निचले अंगों पर, त्रिकास्थि और हाथों पर। अनेक स्थानों पर लाल चकत्ते और विसर्प रोग सम्बन्धी लाली।

मल—पीलापन लिए हरा, कूँथन और गुदा में जलन। कै-दस्त।

घटना बढ़ना—घटना : गरम होने पर, व्यायाम, खुजलाने से; सुबह उठने पर। बढ़ना : टहलने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : जुग्लैण्डिन (आड़ी तिरछी आँत का नजला, पित्त का दस्त); चेलिडोनियम; ब्रायो०; आइरिस०।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

जुग्लैन्स रेजिया (Juglans Regia)

(वैलनट)

चर्म स्फोटक दर्शनीय है।

सिर—व्यग्र ऐसा लगे मानो सिर हवा में तैर रहा है। पिछले भाग में तेज दर्द। अंजनहारी।

स्त्री—समय से पहले मासिक-धर्म, काला, जमा हुआ। उदर तना हुआ।

चर्म—चेहरे पर काले तिल और मुँहासे। खुरण्डदार दाद, साथ में कानों के चारों तरफ दर्द। छोटे लाल दाने निकलना और खुजली। सिर की खाल लाल और रात में बहुत खुजली होना। उपदंश, घाव जैसा घाव। काँखों की ग्रन्थियाँ पकें।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : जुग्लैंस सिनेरिया।

मात्रा—अरिष्ट और निचली शक्तियाँ।

जंकस एफ्युसस (Juncus Effusus)

(कॉमन रश)

पेशाब बढ़ाने वाली औषधि। पेशाब की बीमारियाँ। मूत्रकृच्छ्र, पेशाब बूँद-बूँद हो। बवासीर के रोगियों में दमा के लक्षण। बुदबुदाहट की संवेदना। उदर में अफरा। सन्धिप्रदाह और पथरी।

मात्रा—अरिष्ट और पहली शक्ति।

जुनिपेरस कॉम्युनिस (Juniperus Communis)

(जुनिपर बेरीज)

गुर्दों का नजला व सूजन। पेशाब दबने के साथ शोथ। वृद्ध लोग, जिनकी पाचन-शक्ति मन्द हो और पेशाब कम उतरे। जीर्ण मूत्रपिण्ड आवरण प्रदाह।

मूत्र सम्बन्धी—रुकना, खूनी, थोड़ा पेशाब, बनफशा के फूल की-सी गन्ध (टेरेबि०)। गुर्दा प्रदेश में बोझ। मूत्रग्रन्थि में रस स्राव। गुर्दों में रक्ताधिक्य (युकैलिप्टोल)।

श्वास-यन्त्र—थोड़ा, तलछटदार पेशाब के साथ खाँसी।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : सैबाइना, जुनिपेरिस वरजिनिएनस—रेड सिडार—(मूत्राशय में तीव्र कूँथन। पीठ में लगातार खींचन, गुर्दों में रक्ताधिक्य; मूत्रपिण्ड-आवरण-प्रदाह और मूत्राशय प्रदाह, वृद्ध लोगों में मूत्रदमन के साथ शोथ। मूत्र-कृच्छ्र, पेशाब करते समय मूत्रमार्ग में जलन, कटन, बराबर पेशाब लगना, संन्यास रोग, विक्षेप, पेशाब रुकना, गर्भाशय से रक्तस्राव)। टेरेबिन्थिना।

मात्रा—काढ़ा सबसे उत्तम है। एक पाइण्ट खौलते पानी में १ औंस। मात्रा आधा औंस से २ औंस या अरिष्ट १ से १० बूँद।

जस्टिसिया अधाटोडा बसाका (Justicia Adhatods Basaka)

(ऐन इण्डियन श्रब-सिधी)

साँस मार्ग के तीव्र नजले में लाभदायक औषधि (आरम्भ में प्रयोग करने योग्य)।

सिर—स्वभाव चिड़चिड़ा, बाहरी प्रभाव असह्य, भरा और भारी, आँसू आएँ, साथ में जुकाम अधिक, तरल स्राव, लगातार छींक, गन्धलोप और स्वाद, जुकाम के साथ खाँसी।

गला—सूखा, खाली निगलने पर दर्द। चिमड़ा बलगम। मुँह सूखा।

श्वास-यन्त्र—हँसली क्षेत्र से सीने में फैलने वाली खाँसी। फटी आवाज, स्वर-नली दर्दीली। दम घुटने के साथ। आक्षेपिक खाँसी। छींक के साथ खाँसी; खाँसी के साथ घोर साँस कष्ट। सीने के आसपास कसाव। दमा के हमले, बन्द गरम कमरा सहन न हो, कुकुर खाँसी।

सम्बन्ध—एलियम सेपा और युफ्रेशिया के बीच की अवस्था दर्शित करती जान पड़ती है, इसकी तुलना कीजिए।

मात्रा—३ शक्ति और ऊँची। निचली शक्तियों से रोग का भड़कना देखा गया है।

कैलि आर्सेनिकम (Kali Arsenicum)

(सोल्युशन ऑफ फाउलर)

कैलि आर्से० के रोगी की अवस्था संकटमयी होने की प्रवृत्ति रखती है और चर्म रोग जीर्ण होते जाते हैं। वह बेचैन, स्नायविक और रक्तहीन होता है।

चर्म—असह्य खुजली, कपड़ा उतारते समय अधिक हो। सूखा पपड़ीदार चुचुका। मुँहासे, मासिक काल में अधिक दाने निकलें। जीर्ण अकौता। खुजली गरमी से, टहलने से और कपड़ा उतारने से बढ़े। अपरस, पित्त के दाने। सड़ने और तेजी से फैलने वाले घाव। बाहों और घुटनों के मोड़ों में दरारें। गठिया के अस्थि, गुल्म, मौसम बदलने के समय बढ़े। कर्कट, जब एकाएक बिना किसी बाहरी कारण के घातक रूप धारण करे। (चर्म के अन्दर अनेक कड़ी गुठलियाँ)।

स्त्री—गर्भाशय के मुँह पर आतशक के दाने, बदगोश्त बढ़े, साथ में उड़ता हुआ दर्द, दुर्गन्धित स्राव, पेडू के नीचे दाब हो।

सम्बन्ध—रेडियम।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

कैलि बाइक्रोमिकम (Kali Bichromicum)

(बाइक्रोमेट ऑफ पोटाश)

इस औषध का विशेष आकर्षण पेट की श्लैष्मिक झिल्लियाँ, आँतें, वर्गायुमा, हड्डियाँ और रेशेदार तन्तु हैं। गुर्दे, दिल और जिगर भी प्रभावित होते हैं। जीर्ण कोरण्ड प्रदाह की सम्भावना, गुर्दा प्रदाह। पाकाशयिक बाधाओं के साथ गुर्दा प्रदाह। जिगर का क्षय। रक्तहीनता और ज्वर का न रहना इसकी विशेषता है। सर्वाङ्ग शक्तिहीन, पक्षाघात के स्तर तक। यह उन रोगियों के लिए सांकेतिक है जो मोटे, चर्बीले, हल्के रङ्ग के होते हैं, जिनको जुकाम जल्दी-जल्दी होता है या जिनको उपदश या कण्ठमाला दोष हो। लक्षण सुबह के समय बढ़ते हैं, तेजी से जगह बदलते हैं, वात और पाकाशयिक लक्षण बारी-बारी से आएँ। यह औषधि तीव्र अवस्था की अपेक्षा अर्द्ध जीर्ण अवस्था में अधिक लाभदायक होती है। सभी जगह की श्लैष्मिक झिल्लियाँ रोगग्रस्त हों। गलकोष, स्वर-यन्त्र, वायु नलिका समूह और नाक का जुकाम, **चिमड़ा, रेशेदार,** लसीला स्राव निकलता है, यह अवस्था इस औषधि का प्रधान सांकेतिक चिह्न है। **नाक की दरम्यानी उपास्थि में सुराख होना।** दौर्बल्यजनक जीर्ण नजला। अर्बुद। दिल और पेट का फैल जाना।

सिर - सिर में चक्कर आये, इसके साथ मिचली जो खड़ा होने पर आए। भौं के ऊपर दर्द, यह दर्द आने से पहले निगाह धुँधली पड़ जाए। **भृकुटी में दर्द और जैसे यह भरी हुई है।** आधासीसी जो थोड़ी-थोड़ी जगह में हो, या नजला दब जाने से। अगले भाग का दर्द, प्रायः एक आँख पर। **हड्डियाँ और खाल दर्दीली मालूम हों।**

आँखें—आँखों के घेरों के ऊपरी भाग का स्नायुशूल, दाहिनी तरफ अधिक। आँखों के ढेले जलें, सूजे हुए और शोथमयी। स्राव रेशेदार और पीला। पुतली पर घाव, बिना दर्द के या प्रकाश असह्य। केवल साधारण उत्तेजना के साथ पलकों की प्रदाहित चिपकन। काली खाँसी सम्बन्धी नेत्रप्रदाह, रोहे, साथ में कनीनिका का मांसमय या आरक्त हो जाना। उपतारा प्रदाह। कनीनिका की भीतरी सतह पर बिन्दुदार मवाद के साथ, दर्द कम, लेकिन घाव सूजन अधिक (कोनियम इसका उल्टा है)।

कान—सूजा हुआ। फटन दर्द के साथ। गाढ़ा, पीला, तारदार, दुर्गन्धित स्राव। बायें कान में तेज चिलकन।

नाक—बच्चों का नजला जो पैदाइशी उपदंश रोग से सम्बन्धित हो, खासकर थुलथुले, मोटे बच्चों में। **नाक की जड़ में दाब दर्द।** नाक में गड़न दर्द। **नथनों के बीच वाले परदे की पतली हड्डी में घाव, गोल घाव। घृणित दुर्गन्ध। स्राव रेशेदार, हरियाली लिए पीली।** चिमड़ी, रबर जैसी गुल्लियाँ नाक से निकलें जो

कच्ची जगह बनावें। सूजन नथुनों से मुँह तक बढ़े, साथ में नाक की जड़ में कष्ट और भरापन। नजला (हाइड्र०) बहुत खखारना। नाक से साँस न ले सके। सूखा जुकाम, नाक बन्द। तीव्र छीकें। अधिक पानी-सा स्राव। छिद्र के अगले भाग की जीर्ण सूजन, साथ में नाक बन्द रहना।

चेहरा—सुर्ख चेहरा। चकत्तेदार, लाल। मुँहासे। (जुग्लेंस, कॅलि आर्से) हड्डियाँ कोमल, खासकर आँखों के घेरों के नीचे की।

मुँह सूखी, चिमड़ी लार। जबान नकशेदार, लाल चमकीली, चिकनी और सूखी, पेचिश के साथ, चौड़ी, दरारेदार, मोटी मैल। जबान पर बाल जैसा संवेदन।

गला—मुँह के भीतरी भाग में गले के पास लाली और सूजन। सूखा और खुरखुरा। कर्णमूल ग्रन्थियाँ सूजी हुई। काग ढीला, शोथमयी थैली जैसा थुलथुला। तालुमूल और कोमल भाग पर रोगमयी दूषित झिल्लियाँ जमी हों। जलन पेट तक उतरे। सफेद चर्बीले चकत्ते। रोहिणी रोग. साथ में घोर शिथिलता और कोमल नाड़ी की गति। मुँह और गले से चिमड़ा रेशेदार स्राव।

आमाशय—बियर पीने से मिचली और कै हो। खाने के बाद ही बोझ जैसा लगे। मालूम हो कि पाचन-क्रिया रुक गयी है। आमाशय का फैल जाना। आमाशय शूल। आमाशय के गोल घाव। जिगर और तिल्ली में चिलकन जो पेट से होकर रीढ़ तक जाये। पानी से घृणा। मांस न पचे। बियर और तेजाबी चीजें पीने की इच्छा। आमाशय के लक्षण खाने से कम हों और वात रोग के लक्षण उभर आवें। चमकीली, पीली, पानी की कै।

उदर—खाने के बाद ही उदर में कटन, दर्द। जीर्ण आंत्रिक घाव। दाहिने कोखे में चोटीलापन, जिगर का क्षय और मुलायम रेशेदार तन्तुओं का अधिक होना। दर्द वाली सिकुड़न, दर्द और जलन।

मल—जेली की तरह, चमकीली और चटकीला, सुबह को अधिक। पेचिश; कूँथन, मल बादामी, झागदार। गुदा में गुल्ली जैसा संवेदन। समय-समय पर कब्ज, साथ में पुट्ठों के आरपार दर्द और बादामी मूत्र।

मूत्र सम्बन्धी—मूत्र-मार्ग में जलन। पेशाब करने के बाद एक बूँद बाकी रहे ऐसा मालूम पड़े जो न निकल सके। पेशाब में रेशेदार श्लेष्मा। मूत्र-मार्ग भर कर बन्द हो जाये। गुर्दे में रक्ताधिक्य, गुर्दा प्रदाह, साथ में थोड़ा एल्बूमेनदार पेशाब और थक्के। मूत्र पिंड आवरण का प्रदाह, मूत्र में उपत्वक् कोष, श्लेष्मा, मवाद या खून मिला हो। रक्त और दूध की तरह सफेद वस्तु मिला पेशाब।

पुरुष—दानेदार फुन्सियों के साथ लिंग की खुजली और दर्द करना। चिलकन के साथ घाव; रात में कष्ट बढ़ना। रात में उठने पर लिंग की जड़ में संकुचन। उपदंश के घाव, पनीर की तरह, चिमड़ा स्राव। लिंगोत्थान (पिकरिक एसिड)।

स्त्री - पीला, चिमड़ा प्रदर। योनि घुण्डी की तीव्र खाज, बहुत जलन और कामोत्तेजना के साथ। गर्भाशय का बाहर निकलना, गरमी के दिनों में अधिक।

श्वास-यन्त्र—आवाज भारी, शाम को अधिक; खाँसी में अधिक पीला बलगम; मात्रा में बहुत, चिपचिपा, लेसेदार, लम्बे चिमड़े, रेशे अधिक मात्रा में निकलें। स्वरयन्त्र में गुदगुदी। नजला से स्वरयन्त्र की खाँसी जिसमें टनटनाहट की आवाज हो। असली झिल्लीवाली काली खाँसी। सूखी जिसमें बरतन बजने जैसी आवाज हो जो स्वरयन्त्र तक और छिद्रों तक बढ़े। सीना पंजर में दर्द के साथ खाँसी, जो कन्धों तक बढ़े। कपड़ा उतारते समय बढ़े। साँस नली के विभाजन स्थान में खाँसते समय दर्द, सीना पंजर के बिचले भाग से पीठ तक।

दिल—फैल जाना, खासकर गुर्दों के दोष के साथ। दिल के चारों तरफ ठंडापन (कैलिनाइट्रिकम)।

पीठ - कमर के आरपार कटन, टहल न सके, पुट्ठों तक बढ़े। रीढ़ की अन्तिम अस्थि और त्रिकास्थि में दर्द जो ऊपर और नीचे बढ़े।

हड्डियों और जोड़ों में दर्द, रात में खोदने जैसे दर्द के साथ। दमा के रोगी जो पंख के तकिये पर नहीं लेट सकते। उपदंशीय और रक्तहीन रोगी जो रक्त दौर्बल्य और पक्षाघात से पीड़ित हों उनको इस औषधि से लाभ होता है। छोटे जोड़ों का गठिया। जीर्ण सन्धि प्रदाह। भाषण देने और गाने वाले। श्लेष्मा की अधिक संचयता। बढ़ने वाले दर्द और कमजोर टखने। सर्वांगीण वेदना और टीस, शरीर का प्रत्येक भाग का छूने से दर्द करें, क्षय रोग की आरम्भिक अवस्था।

सिर—व्याकुलता और भय; लेटने से कम हो। बड़ा और भारी लगे। खून दौड़ने के साथ दर्द ऊपर से नीचे की तरफ। दृष्टि-क्षेत्र का संकीर्ण होना। विचार-शून्य चेहरा।

मुँह—तालु पर गुठलियाँ। दाँत दर्द, सभी कष्ट ठंडी चीज से बढ़ें। (कॉफिया इसका उल्टा है।) सारे समय खखारते रहना। धीमी स्वरहीन आवाज।

नाक—सूखी, बन्द। जीर्ण जुकाम, खून बहना, सूखापन के साथ, तर मौसम में अधिक।

कान—बन्द मालूम हो, नाक छिनकने पर कड़कड़ाहट। दूसरी जगहों से दर्द कानों में आवे। तर मौसम में बहरापन, सीटी बजने की आवाज।

पाचन-नली—घाव या मस्सों के साथ जबान दर्द वाली और क्षुब्ध। वादी, जिगर की जीर्ण वृद्धि।

साँस-यन्त्र—जीर्ण खरखरी। स्वर-यन्त्र सूखा, खुरखुराहट, संकुचित। स्वर-यन्त्र का क्षय रोग। खाँसी, शाम को अधिक और लेटने पर कम और तर मौसम में अधिक। बलगम कठिनाई से निकले। स्वर-यन्त्र में चिलक जो कानों तक बढ़े। सीने में गरमी। खून थूकना। प्रत्येक जुकाम में वायुनलिका प्रदाह (ब्रांकाइटिस) हो जाये (डल्का०)।

स्त्री—मासिक-धर्म की गड़बड़ी, नष्टरजः, बहुत पहले और थोड़ा, रक्तहीन स्त्रियों में। वयःसन्धिकाल में गरम लहरें।

अंग—पेशियों की फड़कन। पिंडली में ऐंठन। टाँगों की पेशियों में तनाव। रात में असह्य छेदन दर्द के साथ। हड्डियों और जोड़ों में सूजन। छूने पर शरीर का प्रत्येक अंग सन्तापपूर्ण मालूम हो। बिना गिरे हुए पीछे की तरफ न चल सके। आगे गिरने की प्रवृत्ति। आगे की तरफ झुक कर चले। टाँगें सुन्न मालूम पड़ें। चर्म उधड़ने के साथ चर्म प्रदाह। कम्प वात। विचित्र झटके की चाल, पंजों के बल चले, पीछे की तरफ पैर पड़े। टखनों में सन्ताप। हड्डियाँ अति स्पर्शकातर। जोड़ों की चमकीली लाल सूजन। गठिया, घुटनों में दर्द और खुजली। पैरों का वात रोग। निचले अंगों के चर्म में असह्य दर्द। जोड़ों के आसपास जलनदार चकत्ते। अस्थि-आवरण प्रदाह। जोड़ों के आसपास की खाल में मवाद पड़ना।

नींद—सुस्ती और औंघाई। स्पष्ट स्वप्न। शाम से नींद जैसा लगे।

चर्म—जोड़ों के चारों तरफ चर्म पके। लाल उभरे हुए चकत्ते। खुजली खुजलाने से कम हो। केहुनी के मोड़ों इत्यादि में गहरी दरारें, अपरस और छिल्के छूटना। घावों की चारों तरफ जलन होना। जीर्ण अकौता जो मासिक-धर्म के रुकने से सम्बन्धित हो, मासिक काल में या रजोनिवृत्ति के समय।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : ठण्डा तर मौसम; मौसम परिवर्तन के समय। **घटना** : लेटने पर (खाँसी)।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : कोलॉयडल मैंगनीज (फुड़िया और अन्य गुच्छाणु स्टैफाइलो का संक्रमण), मैंगने० म्यूर (टखने दर्द वाले, अस्थिपीड़ा), मैंगने०, आक्साइडेटम (जंघास्थि-पीड़ा, कष्टदायक रजःशूल और दस्त आसानी से आए। थकावट और गरमी, औंघाई। विचारहीन, अप्राकृतिक चेहरा, मन्द स्वरहीन आवाज, "कम बोलना।" पेशियों में फड़कन, पिण्डली में ऐंठन, टाँगों की पेशियों में तनाव; अकसर न रोक सकने वाली हँसी। विचित्र चाल, कम्पवात की तरह लक्षण, उन्नतिशील चक्षु चित्रपट क्षय और नकली कड़ापन मैंगेन० बिन ऑक्साइड के कारखानों में काम करने वालों को अक्सर गोलाकार तन्तुओं का पक्षाघात हो जाया करता है। होमियोपैथिक प्रणाली के अनुसार ३x का व्यवहार करें। (मैंगेन० सल्फ०)। जिगर रोग, पित्त की अधिकता एक शक्तिवान आन्त्र बलवर्धक (आर्जेण्ट०, रस टॉक्स०, सल्फर)।

क्रियानाशक : कॉफि०, मर्क०।

मात्रा - २ से ३० शक्ति।

मैंगिफेरा इण्डिका (Mangifera Indica)

(मैंगो ट्री)

नासिका श्लैष्मिक झिल्ली प्रदाह, छींक, गलकोष प्रदाह और अन्य तीव्र गल रोग, दम घुटने का संवेदन मानो गला बन्द हो जायगा। पाचन मार्ग की श्लैष्मिक झिल्ली का ढीला हो जाना। नजला और पानी-सा स्राव, जीर्ण आन्त्र उत्तेजना। नस-वृद्धि : औंघाई। ढीलापन, मन्द रक्तसंचार, पेशियाँ ढीली।

चर्म—हथेलियों की खुजली। चर्म मानो धूप से झुलसा हुआ है; सूजन, सफेद चकत्ते; तीव्र खुजली। कानों की लौ और होंठ सूजे हुए।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एरिजेरॉन एपिलीबियम।

मात्रा—अरिष्ट।

मेडोरिनम (Medorrhinum)

(दी गोनोरियल वाइरस)

एक शक्तिवान और गहराई तक काम करने वाली औषधि; प्रायः सुजाक दब जाने के कारण आये जीर्ण रोगों में सांकेतिक। स्त्रियों के जीर्ण वस्तिगह्वर रोग।

जीर्ण गठिया वात। स्नायु मण्डल का क्षोभ और उत्तेजना। पीड़ा असह्य, तनाव के साथ, स्नायु कम्प और टपकन। बच्चों का बौनापन और बुद्धिहीनता। बच्चों में जीर्ण नजला की अवस्थायें। नाक मैली, तालुमूल बढ़े हुए, नाक से गाढ़ा, पीला श्लेष्मा गिरे। मुँह से साँस लेने के कारण होठों का मोटा हो जाना। पतनावस्था और सारे शरीर में कम्प। सुजाक विष दोष का इतिहास। अक्सर सुजाक के दबे स्राव को बहाल करती है। सभी संवेदनाओं की तीव्रता। अंगों में शोथ, जलकोषों में शोथ। तन्तुओं का कड़ा पड़ना।

मन—दुर्बल स्मरणशक्ति। बात करते-करते सिलसिला भूल जाता है। बिना रुदन के न बोल सके। समय बहुत धीरे-धीरे व्यतीत होता जान पड़े (कैनाबिस इण्डिका, आर्जेण्टम नाइट्रिकम)। सदा जल्दी में रहे। अच्छा होने से निराश। ध्यान एकाग्र करना कठिन, पागल होने का भय (मैंसिनेला) संज्ञा उत्तेजित। स्नायविक अशान्ति। अँधेरे में भय लगना, जैसे कोई पीछे खड़ा है। विपन्न, आत्महत्या के विचार।

सिर—मस्तिष्क में जलन, दर्द पिछले भाग में अधिक। सिर भारी और पीछे को खिंचा हुआ। मोटर के झटके से, शिथिलता से और कड़ी मेहनत के कारण सिर दर्द। चाँद पर बोझ और दबाव। बाल सूखे और कड़े (खस्ता)। खाल पर खुजली, बाल झड़ना।

आँखें—मानो वे सभी चीजों को घूर रही हैं। ढेलों में टीस। आँखों में खपाचियाँ जैसी मालूम हों। पलक क्षुब्ध।

कान—आंशिक बहरापन, कानों में टपकन। दाहिने कान में तीव्र चिलकन दर्द।

नाक—तीव्र खुजली। सिर ठण्डा। पिछला भाग में रुका मालूम दे। जीर्ण नलिका और गलकोष नजला।

चेहरा—फीका, रक्तहीन, मुँहासे, चकत्ते लाली लिये। मासिककालीन छोटी फुड़ियाँ।

मुँह—जबान पर बादामी और मोटा मैल, छालेदार, गलित घाव। होठों और गालों की भीतरी सतह पर छाले।

आमाशय—कसैला स्वाद और गन्धक की महँक की डकार। खाना खाने के बाद अधिक भूख। अधिक प्यास। मद, नमकीन चीज, मिठाई इत्यादि खाने की प्रबल इच्छा, गर्म चीज पीने की इच्छा। गर्भावस्था में कष्टकर कै।

उदर—जिगर और तिल्ली में तीव्र दर्द। पेट के बल लेटने से आराम मिले।

मल—बहुत पीछे ओठँगने से ही मल-त्याग हो सके। गुदा पेशी की पिछली सतह पर दर्द वाले ढोंके का संवेदन। बदबूदार रस पसीजना गुदा में अधिक खुजली।

मूत्र—पेशाब करते समय वेदनापूर्ण ऐंठन। रात को अधिक मूत्र स्राव। गुर्दा शूल (बर्बेरिस, ओसिमम०, पैरीरा)। मूत्र धीरे-धीरे निकले।

स्त्री—तीव्र योनि खाज। मासिक-धर्म घृणित, अधिक, गहरे रंग का थक्केदार, धब्बे जल्दी साफ न हों, उस समय घड़ी-घड़ी पेशाब लगे। गर्भाशय के मुँह पर उत्तेजन, चकत्ते। प्रदर पतला, तीखा, छीलने वाला, मछली की गन्ध जैसा, जननेन्द्रियों पर मस्से (प्रमेही)। डिम्बाशय : पीड़ा बायीं तरफ अधिक या एक डिम्बाशय से दूसरे में। बाँझपन। गर्भाशय से अधिक रक्तस्राव। अति मासिक धर्म शूल। स्तन ठंडे, दर्द वाले और उत्तेजित।

पुरुष—रात में वीर्य-स्खलन, बाद में अति कमजोरी। नपुंसकता, जीर्ण सूजाक रस स्राव, सारी मूत्रनलिका दर्द वाली लगे। मूत्रमार्ग प्रदाह। बढ़ी हुई और दर्द वाली मूत्र ग्रन्थियाँ, साथ में घड़ी-घड़ी दर्द के साथ पेशाब लगना।

श्वास-यन्त्र—साँस लेने में अधिक दाब। पढ़ते समय आवाज भारी। सीने और स्तनों में दर्द और सन्ताप। रात में लगातार सूखी खाँसी। दमा। क्षय रोग की आरम्भिक अवस्था। स्वर-यन्त्र सन्तापपूर्ण मालूम दे। साँस-कष्ट; हवा बाहर न कर सके (सैम्बु०) खाँसी, पेट के बल लेटने से कम।

अंग—जलन गरमी के साथ पीठ में दर्द। टाँगें भारी, सारी रात टीस, उसको शान्त न रख सके (जिकम०) चलते समय टखने आसानी से मुड़ जायें। हाथों, पैरों में जलन। अँगुलियों के जोड़ बढ़े हुए, फूले हुए। गठिया के कड़े स्थान। एड़ी और पैर की गद्दी कोमल (थूजा०) तलवों में दर्द। अशान्त, हाथ से हाथ जकड़ने से कम।

चर्म—पीला। तीव्र और लगातार खुजली, रात में और उस पर सोचने से अधिक हो। बच्चों की गुदा के चारों तरफ लाल दाने। ताँबे के रङ्ग के चकत्ते। कुष्ठ रोग। अर्बुद और अप्राकृतिक स्फोट।

ज्वर—सारे समय पंखा झलवाना चाहे। पीठ के नीचे शीत, टाँगों, हाथों और अगली बाँहों का ठण्डापन। चेहरे और गरदन में गरम लहरें। रात पसीना और क्षय ज्वर।

नींद—पीने का स्वप्न देखे। उकड़ू होकर सोये (आर्स० फास०)।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : रोग पर सोचने से, सूर्य निकलने से डूबने तक, गरमी, समुद्र तट से दूर। घटना : समुद्र तट, पेट के बल लेटने से, तर मौसम से (कॉस्टि०)।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : (स्तन-पान काल : गैलेगा; लैक्टूकाविरोसा); सल्फर, सिफिलिनम, जिकम ।

मात्रा—केवल सबसे ऊँची शक्ति का प्रयोग होता है। बार-बार दोहराना नहीं चाहिए।

मेडुसा (Medusa)

(जेली-फिश)

सारा चेहरा—आँखें, नाक, कान, होंठ फूला हुआ।

चर्म—सुन्न होना, जलन, काँटा गड़ने जैसे दर्द के साथ गरमी। रस दाने; खासकर चेहरे; बाँहों, कन्धों और स्तनों पर। जुलपित्ती (एपिस०, क्लोरैलम; डल्का०)।

स्त्री—दुग्ध-ग्रंथियों पर स्पष्ट प्रभाव। पहले के सभी प्रसव काल में दूध न उतरने पर इस औषधि से दूध उतरा।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : पैरीरा; फाइसैलिया (जुलपित्ती); आर्टिका, होमैरस, सीपिया।

मेल कम सेल (Mel Cum Sale)

(हनी विद साल्ट)

जरायु-भ्रंश और जीर्ण जरायु-प्रदाह, खासकर जब जरायु की अल्प वृद्धि और जरायु की गरदन के प्रदाह से सम्बन्धित हो। इस औषधि के निर्णय का खास लक्षण है : तलपेट के आरपार कोखे की एक तरफ से दूसरी तरफ तक वेदना, जरायु का अपनी जगह से हटना और जरायु प्रदाह के आरम्भ में ऐसा लगे कि मूत्राशय बहुत भरा हुआ है। त्रिकास्थि से पेड़ू तक दर्द। दर्द मानो मूत्र नलिका में हो रहा है।

मात्रा—३ से ६ शक्ति। गुदा खाज और कृमि रोग में शहद का प्रयोग करें।

मेलिलोटस (Melilotus)

(यलो मेलिलोट-स्वीट क्लोवर)

रक्त संचित होना और रक्तस्राव इस औषधि के विशेष मार्गदर्शक लक्षण हैं। तीव्र रक्तसंचय के कारण आया स्नायविक सिर दर्द। शिशु का ऐंठन; झटके। सिर पर आघात के कारण आया मिरगी रोग। दर्द और दौर्बल्य इस औषधि की ओर सकेत

करते हैं। ठण्डापन मगर ताप की अधिकता, कोमलता और दर्द। पेशी मण्डल की क्षीणता। स्वप्न और वीर्यस्खलन।

मन—चित्त न जमा सके। अविश्वसनीय स्मरण शक्ति। गशी। भाग जाना और कहीं छिप जाना चाहे। भ्रम, सोचती है कि सभी लोग उसकी तरफ देख रहे हैं। जोर से बोलने से डर लगे, भाग जाना चाहे।

सिर—सिर दर्द, साथ में उबकाई, कै, आँखों के घेरों पर दाब, रक्तहीन चेहरा, हाथ और पैर ठंढे। आँखों के सामने काले दाग दिखाई देना। भारी, दबाव; अगले भाग में टपकन के साथ दर्द, मस्तिष्क में ऊपर-नीचे होने का संवेदन। पुराना सिर दर्द; नकसीर बहने या मासिक धर्म जारी होने से कम हो। सारे सिर पर भारीपन। आँखें भारी, धुँधलापन, आराम मिलने के लिए उन्हें कस कर बन्द करना चाहे। सिर और गरदन की दाहिनी तरफ, ऊपर चारों तरफ स्नायुशूल। खाल कोमल और छूने में दर्द।

नाक—बन्द होना, सूखी, मुँह से साँस लेना पड़े, सूखी, कड़ी खुरण्ड नाक में। नकसीर में अधिक रक्त निकले।

चेहरा—बहुत लाल और भरमाया हुआ, प्रधान ग्रीवा धमनी में टपकन के साथ (बेला०)।

मल—कठिन, दर्द के साथ, कब्ज के साथ। गुदा सिकुड़ा मालूम हो, भारी टपकन। बहुत मल जमा होने के बाद ही मल त्यागने की इच्छा हो (ब्रायो०, एल्युमिना)।

स्त्री—मासिक-धर्म कम मात्रा में; रुक-रुककर, साथ में मिचली और असाधारण कमजोरी। बाहरी भागों में गड़न के साथ दर्द। कष्टदायक मासिकधर्म, डिम्बाशय में स्नायुशूल।

साँस-यन्त्र—गला घुटता मालूम पड़े, खासकर तेज चलने में। खून थूकना। सीने पर बोझ। गले में गुदगुदी के साथ खाँसी।

अंग—घुटनों में दर्द, टाँगों को फैलाना चाहे, मगर आराम न मिले। जोड़ दर्द करें। चर्म और अंग ठंडे, घुटने के जोड़ों के। सुन्नपन और टीस।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : बरसात, परिवर्तनशील मौसम, तूफान से पहले, हरकत, ४ बजे शाम।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : मेलिलोटस ऐल्बा-(ह्वाइट क्लोवर)—वही प्रभाव है। (रक्तस्राव, रक्ताधिक्यजनित सिर दर्द, रक्तनलिकाओं में रक्ताधिक्य, झटके)। एमिलेनम नाइट्रोसस, बेला०, ग्लोनो०।

मात्रा—अरिष्ट, सूँघने के लिए, निचली शक्तियाँ।

मेनिसपरमम (Menispermum)

(मूनसीड)

अधकपारी की दवा, जो बेचैनी और स्वप्न से सम्बन्धित हो। रीढ़ में दर्द। सारे शरीर पर सूखापन। खुजली। मुँह और गला सूखा।

सिर— भीतर से बाहर की तरफ दाब, अँगड़ाई लेने और जम्हाई लेने के साथ और पीठ दर्द के साथ। पुराना, रोज होने वाला सिर दर्द। माथे और कनपटी में जो पिछले भाग तक जाये। जबान सूखी हुई और अधिक लार।

अंग—पीठ में, जाँघों, केहुनी, कन्धों में दर्द। टाँगें दर्द करें मानो कुचल गई हैं।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : काकुलस; ब्रायोनि०।

मात्रा—३ शक्ति।

मेन्था पिपरिटा (Mentha Piperita)

(पिपरमिन्ट)

ठण्डक का संवेदन ग्रहण करनेवाली स्नायु को उत्तेजित करती है, इसलिए इसको मुँह में रखते ही साधारण ताप की हवा ठंडी मालूम होती है। साँस-यन्त्र और चर्म पर स्पष्ट प्रभाव। आमाशय और वादी शूल में उपयोगी है।

उदर— फूला हुआ, अशान्त निद्रा। शिशु शूल। पित्त शूल। साथ का अफरा।

साँस-यन्त्र—आवाज भर्रायी हुई। नाक का सिरा छूने में दर्द करे। गला सूखा और वेदनापूर्ण मानो आलपीन आड़ी होकर फँस गई हो, सूखी खाँसी; जो स्वरयन्त्र में हवा के प्रवेश से, धूम्रपान से, कोहरे से; बोलने से बढ़े। साथ में वक्षास्थि के ऊपरी गुहा में उत्तेजना (रियुमेक्स) साँस की नली छूने से दर्द करे।

चर्म—प्रत्येक खुजलाया हुआ स्थान पक जाये। लिखते समय हाथ और बाँह खुजलाए। योनि की तीव्र खाज। मोटा दाद (आर्से०, रैननक्युलस बल्बोसस)।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : रियुमेक्स; लैके०, मेन्था प्लेनियम—यूरोपियम पेनिरॉयल—(माथे और अंगों की हड्डियों में दर्द)। मेन्था विरिडिस स्पियर मिण्ट—(थोड़ा पेशाब बार-बार इच्छा)।

मात्रा—अरिष्ट, १ से २० बूँद, ३० शक्ति तक। योनि खाज में ऊपर लगाइए।

मेन्थॉल (Menthol)

मेन्थॉल के मूल तेल से बना हुआ एक चर्बीला पदार्थ। नासा-गल-कोष और मेरुदण्ड के स्नायुगुच्छ की श्लैष्मिक झिल्ली को प्रभावित करता है, उनमें स्नायु रोग और संवेदन-भ्रंश उत्पन्न होता हो। मेन्थॉल तीव्र जुकाम, तीव्र गल-कर्ण नलिका

जुकाम, गलकोष प्रदाह, स्वर-यन्त्र प्रदाह, स्नायुशूल इत्यादि में लाभदायक सिद्ध हुआ है (विलियम. बी. ग्रिन्स. एम. डी.) खुजली खासकर योनि घुण्डी में।

सिर—माथे में दर्द; अगले खोखले भाग के ऊपर आँखों के ढेले में उतरे। मानसिक गड़बड़ी। बायीं आँख के घेरे के ऊपर दर्द। चेहरे में जबड़े के ऊपर दर्द, सुन्नपन के साथ। आँखों के ढेलों में दर्द। जुकाम, नाक के पिछले भाग से स्राव। नाक ठंडी। कंठ-कर्णी नली बन्द मालूम हो और कुछ बहरापन हो।

साँस-यन्त्र—मुँह के गढ़े में गुदगुदी। हृदय-क्षेत्र में चुभन, दर्द, सारे सीने में फैले। बार-बार सूखी खाँसी; धूम्रपान से बढ़े। दमा की तरह साँस लेना, साथ में रक्ताधिक्यजनित सिर दर्द।

अंग—गरदन क्षेत्रीय पेशियों में दर्द। कटि पेशियों में दर्द।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : केलि बाइक्रो०, स्पाइजेलिया।

मात्रा—६ शक्ति। खाज के लिए बाहरी प्रयोग, १ प्र० श० घोल या मरहम लगाइए।

:—०—:

मेनियेन्थेस (**Menyanthes**)

(बक-बीन)

कुछ प्रकार के सिर दर्द और सविराम ज्वर की औषधि। उदर में ठंडापन। फड़कन। तनाव और दाब की संवेदना। स्त्रियों में चंचलता और मूत्र कष्ट। मधुमेह।

सिर—चाँद में दाब, हाथों से कस कर दबाने से कम हो। दोनों तरफ से दबाने जैसा दर्द। प्रत्येक कदम ऊपर चढ़ने से मस्तिष्क में बोझ जैसी दाब। गरदन की जड़ से सारे मस्तिष्क पर दर्द, झुकने से, बैठने से कम हो; ऊपर चढ़ने से बढ़े। जबड़ों में चुरचुराहट और चेहरे की पेशियों में फड़कन।

आमाशय—किसी समय पर प्यास न लगे। अधिक भूख, मगर जरा-सा खाने पर गायब हो जायें। मांस खाने की इच्छा। ठण्डापन आंत्रनली मुँह तक उठे।

उदर—तना और भरा, धूम्रपान से अधिक। उदर का ठंडापन।

अंग—हाथ और पैर बरफ जैसे ठण्डे। ऐंठन के सारे दर्द। लेटते ही टाँगों में झटके आएं और फड़कन हो।

ज्वर—ठंडापन अधिक प्रबल, जो उदर में; टाँगों में और नाक के सिरे पर अधिक मालूम पड़े।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : आराम करने से, ऊपर चढ़ने से। घटना : प्रभावित अंग को दबाने, झुकने एवं हरकत से।

तुलना : कैप्सि०, पल्से०, कैल्के०, फॉस० एसिड, सैंग्वि० ।

क्रियानाशक—कैम्फर ।

मात्रा—२ से ३० शक्ति ।

मेफाइटिस (Mephitis)

(स्कंक)

कुकुर खाँसी की अति उत्तम औषधि । इससे पूरा लाभ उठाने के लिए इसकी नीचे की शक्तियाँ, १x से ६x में देना चाहिए । दम घुटने की संवेदना, दमा के हमले, आक्षेपिक खाँसी, खाँसी इतनी प्रबल कि मालूम हो कि प्रत्येक आक्रमण में दम निकल जायेगा । बच्चे को उठा लेना आवश्यक, चेहरा नीला पड़ जाये, साँस बाहर को नहीं फेंक सकता । सीने के ऊपरी भाग में श्लेष्मा खड़खड़ाये । रोगी बरफ-से ठंडे पानी में नहाना चाहे ।

मन—उत्तेजित कल्पनाओं से भरा हुआ । न तो नींद आवे और न कोई काम ही कर सके ।

आँख—अधिक परिश्रम से दर्द, धुँधलापन, अक्षर न पहचान सके, पुतली लाल, आँखें गरम और दर्दपूर्ण ।

मुँह—दाँतों की जड़ में दर्द, झटका । फूला चेहरा । कसैला स्वाद, जैसे प्याज खाया हो ।

साँस-यन्त्र—पीते हुए या बात करते हुए एकाएक टेंटुआ का सिकुड़ जाना, खाना गलत रास्ते में चला जाये । नकली क्रूप खाँसी, साँस की हवा बाहर न निकाल सके । कुकुर-खाँसी, दिन में हमले कम, रात में अधिक बार; खाना खाने के बाद कै के साथ । दमा जैसे गन्धक का धुँआ भीतर जा रहा हो; बात करने से खाँसी आए, खोखली, गहरी खाँसी, कच्चापन के साथ; आवाज भारी और सीने के भीतर दर्द तीव्र आक्षेपिक खाँसी; रात में अधिक ।

नींद—निचली टाँगों से खून दौड़ने के साथ जाग उठना । पानी, आग इत्यादि के स्पष्ट स्वप्न ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : ड्रोसे०, कोरैलि०, स्टिक्टा ।

मात्रा—१ से ३ शक्ति । प्रभाव अल्पकालीन ।

मरक्युरियेलिस पेरेनिस (Mercurialis Perennis)

(डॉगंस मरकरी)

अधिक शिथिलता और औंघाई । अग्रखण्ड उपास्थि पर अर्बुद, अधिक स्पर्श-कातरता, आमाशय, आँतों और मूत्राशय की पेशियों के तन्तुओं के रोग ।

सिर—नीचे उतरते समय चक्कर। सिर में गड़बड़ी। माथे के आरपार फीता कसा रहने जैसा दर्द। नथने दर्द करें। नाक की चेतनता जान पड़े कि दो नाक हैं।

मुँह गले और मुँह का बहुत सूखापन, जबान भारी और सूखी मालूम दे। ठिठुरी जबान। होंठ और गालों के जलनदार छाले। तालु, तालुमूल और गलकोष पर घाव। गले में सूखापन।

स्त्री—मासिक-धर्म का रुक जाना, थोड़ा, अति तीव्र कामाग्नि के साथ। स्तनों में सूजन और दर्द। कष्टदायक मासिक स्राव।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : बोरेक्स, क्रोटन०, युफोर्बि०।

मात्रा—२ शक्ति।

—:o:—

मरक्युरियस (Mercurius)

(मरक्युरियस सोल्युबिलिस और वाइवस क्विकसिल्वर)

इस शक्तिवान द्रव्य से शरीर के सभी यन्त्र और तन्तु कुछ-न-कुछ प्रभावित होते हैं। यह स्वस्थ कोषों को निर्बल, प्रदाहित और मुरदार बनाकर नष्ट कर देता है, रक्त को सड़ा देता है और घोर रक्तहीनता उत्पन्न कर देता है। यह घातक शक्ति, एक जीवन प्रदाता और रक्षक रूप में परिवर्तित कर दी जाती है, यदि यह होमियोपैथी के सिद्धांत के अनुसार प्रयोग की जाये, और इसके स्पष्ट लक्षणों को ध्यान में रक्खा जाये। सभी झिल्लियों और ग्रन्थियों, आन्तरिक यन्त्रों, अस्थियों के साथ-साथ शरीर का लसिका-वाहिनी मण्डल खासतौर पर प्रभावित होता है। पारा जो घाव पैदा करता है वे उप-दंश घाव की तरह होते हैं। अक्सर उपदंश के दूसरे चरण में सांकेतित होती है, जहाँ ज्वरीय रक्तहीनता, वक्षास्थि के पीछे जोड़ों के चारों तरफ वात पीड़ा इत्यादि, गले और मुँह में घाव, बाल झड़ना, मुँह और गले में स्फोट और घाव हों। ये विशेष स्थितियाँ और अवस्थाएँ हैं जिनमें मरकरी समान रूप से प्रभावकारी होता है, और जहाँ इस औषधि का २x चमत्कारी काम करता है। इसके अतिरिक्त पैतृक उपदंश बाधाएँ भी इसके प्रभाव क्षेत्र में हैं, अण्डाकार स्फोट, फोड़े, बच्चों की नाक से उप-दंशीय प्रदाहित स्राव, सुखण्डी रोग, पेट शूल और क्षय-प्रदाह। सभी जगह कम्प। निर्बलता, साथ में जरा-से परिश्रम से उबाल और कम्प आना। मरकरी के सभी लक्षण रात में बढ़ते हैं, बिस्तर की गरमी से, तरी से, ठण्डक से, बरसात में, पसीना आने के समय बढ़ें। रोग पसीना आने और आराम करने से अधिक होता है, सभी में बहुत थकावट, शिथिलता और कम्प रहता है। मानवीय "ताप मापक"। गरमी और ठंडक दोनों में उत्तेजनीय। रोगग्रस्त भाग बहुत सूजे हों; कच्चापन हो, दर्द न हो, अधिक तेल जैसा पसीना आराम नहीं देता। साँस, स्राव और शरीर से दुर्गन्ध आए। मवाद

बनने की प्रवृत्ति, मवाद पतला, हरियाली लिए, सड़ा पतले खून की लकीरों के साथ होता है।

मन—सवालों का जवाब देर में दे। स्मरण-शक्ति दुर्बल, मानसिक बल का अभाव। जीवन से थका हुआ। अविश्वासी समझे कि वह तर्कहीन हो रहा है।

सिर—चित्त लेटने पर चक्कर आवे। सिर के चारों तरफ फीता कसा मालूम हो। एक तरफ फटने जैसा दर्द, सिर की खाल पर तनाव जैसे पट्टी बँधी हो। नजले का सिर दर्द, सिर में बहुत गरमी, चुभन, जलन। सड़े स्फोट खोपड़ी पर। बाल झड़ना। हड्डी की गुठलियाँ, दर्द के साथ। चमड़ी तनी हुई, तेल जैसा पसीना निकले।

आँखें—पलक लाल, मोटे, सूजे हुए। अधिक, जलता, तीखा स्राव। तैरते हुए काले धब्बे। आग की चमक के बाद, गलाई कारखाने में काम करनेवालों का नेत्र रोग। उपदंशीय आधार का दर्द जलन के साथ। कोरण्ड नेत्र प्रदाह।

कान—गढ़ा, पीला स्राव, बदबूदार और खूनी। कान का दर्द बिस्तर की गरमी से बढ़े, रात में अधिक, गड़न के साथ दर्द। बाहरी नली में फुड़िया (कैल्के० पिक्रेटा)।

नाक—अधिक छींक आना। धूप में छींक आए। नथुने कच्चे, घाव वाले; नासास्थि सूजी हुई। पीला; हरा, घृणित, मवाद स्राव। जुकाम, तीखा स्राव, मगर इतना गाढ़ा कि होठों के नीचे तक न बढ़े; गरम कमरे में अधिक। नासास्थि में दर्द और सूजन, सड़न के साथ। गहरे सड़े घाव। रात में नकसीर। अधिक छीलने वाला स्राव। छींक के साथ जुकाम, दर्द वाला, कच्चापन, गड़न संवेदन, तर मौसम में अधिक हो, अधिक मात्रा में बहे।

चेहरा—पीला, मटियाला, मैला, फूला हुआ। चेहरे की हड्डियों में टीस। चेहरे पर उपदंशीय दाने।

मुँह—मिठास लिए कसैला स्वाद। लार अधिक बहे, खूनी, गाढ़ी। लार बदबूदार, कसैली। जीभ के कम्प के कारण बोलना कठिन। मसूढ़े स्पंज की तरह गरम, पीछे हटे हुए, खून जल्दी बहे। छूने से और चबाने से दर्द हो। सारा मुँह तर। दाँतों का ऊपरी भाग सड़े। दाँत ढीले, कोमल, लम्बे जान पड़ें। जबान पर सीधी लम्बाई में दरारें। जबान भारी। मोटी तर पसीजन, पीली थुलथुली, दाँतों के निशान पड़ी, जली। दन्त गुहा में फोड़े, रात में कष्ट अधिक। तर मुँह के साथ अधिक प्यास।

गला—नीलापन लिए लाल सूजन। बराबर निगलने की इच्छा। सड़ा गलप्रदाह, दाहिनी तरफ अधिक। हर एक मौसम बदलने के समय घाव और सूजन हो

जाया करे, निगलने पर कानों में फड़कन; तरल पदार्थ नाक में से लौट आये। तीव्र तालुमूल प्रदाह, निगलने में कठिनाई के साथ, मवाद पकने के साथ। गला दर्द वाला; कच्चा; छरछराता, जलन वाला। बोली एकदम बन्द होना। गले में जलन, जैसे गरम भाप ऊपर चढ़ रही है।

आमाशय—सड़ी डकार। ठंडी चीज पीने की अधिक प्यास। पाचन दुर्बल, लगातार भूख के साथ। आमाशय छूने से उत्तेजनीय। हिचकी और अनपचा भोजन मुँह में आना। भरा और सिकुड़ा मालूम पड़े।

उदर—शीत के साथ छुरी भोंकने जैसा दर्द। दाहिने कोखे में छेद होने जैसा दर्द। दर्द के साथ वादी फूलना। जिगर बढ़ा हुआ, छूने में चोटीलापन, कड़ा। कामला रोग। पित्त की कमी।

मल—हरियाली लिए, खूनी और चिकना, रात में अधिक, दर्द और ऐंठन के साथ। कभी पेट साफ होने का संवेदन न हो। मल त्यागने के साथ शीत, पेट में असुविधा, कटन, शूल और ऐंठन। सफेद भूरा मल।

मूत्र—घड़ी-घड़ी वेग। मूत्रमार्ग से हरा स्राव, पेशाब करने के पहले मूत्रमार्ग में जलन। मूत्र गहरे रंग का, थोड़ा, खूनी एल्ब्युमेन मिश्रित।

पुरुष—रसदाने और घाव, मादा आतशक का घाव। जननेन्द्रिय ठंडी। लिंग पटल उत्तेजनीय, खुजलाए। स्वप्नदोष, वीर्य खून मिला।

स्त्री—मासिक धर्म अधिक, उदर पीड़ा के साथ। प्रदर स्राव छीलने वाला, हरियाली लिए, खूनी; योनि में कच्चापन, डिम्बाशय में चुभन दर्द। (एपिस०)। खुजली और जलन, पेशाब करने के बाद अधिक हो, ठण्डे पानी से धोने पर कम हो। गर्भावस्था की मिचली और कै, अधिक लार के साथ। मासिक-काल में स्तन दर्दीले और दूध से भरे हों।

श्वास-यन्त्र—मुखगह्वर से वक्षास्थि तक दर्द। दाहिनी करवट न लेट सके। (*बाँयीं करवट, लाइकोपो०*)। खाँसी, पीला श्लेष्मा, मवादी बलगम। दौरे की खाँसी, रात में और बिस्तर की गरमी से अधिक हो। जुकाम शीत के साथ, हवा से भय। दाहिने फुफ्फुस के निचले गोलाकार भाग से पीठ तक चिलक। नकसीर के साथ कुकुर खाँसी (आर्निका)। खाँसी धूम्रपान से बढ़े।

पीठ—पिठासे में कुचले जाने जैसा दर्द, खासकर बैठते समय। रीढ़ की अन्तिम अस्थि में फटने जैसा दर्द, उदर दबाने से कम हो।

अंग—अंगों की कमजोरी। अस्थि दर्द और अंगों में कम्प, रात में अधिक। रोगी ठंडक सहन न करे। तेल जैसा पसीना। अंगों में कम्प, खासकर हाथों में वात कम्प। जोड़ों में फटन दर्द। रात में टाँगों पर ठण्डा, चमकीला पसीना। पैरों और टाँगों का शोथ।

चर्म—प्राय: बराबर तर रहे। चर्म का लगातार सूखापन। मरक्युरियस के विपरीत है। अधिक गन्धमय, चमकीला पसीना, रात में अधिक हो। **अधिक पसीना बहने की प्रवृत्ति, मगर उससे आराम न मिले।** मवाद भरे और रसभरे दाने। घाव, आकार-भ्रष्ट, किनारे अस्पष्ट। मुख्य स्फोट के चारो ओर दाने। खुजली, बिस्तर की गरमी से अधिक हो। कोरण्ड रोग; अधिक मवाद पड़ना। हर एक बार सर्दी लगते ही ग्रन्थियाँ बढ़ें। बाघी। अंडकोष प्रदाह (**क्लिमैटिस; हैमामे०; पल्से०**)।

ज्वर—प्राय: आमाशय या पित्त सम्बन्धी, साथ में अधिक रात्रि-पसीना, दौर्बल्य, धीमा ज्वर और अधिक दिनों का पुराना ज्वर। गरमी और कम्प—बारी-बारी से। पीला पसीना। **अधिक पसीना बिना आराम।** रेंगन शीत, शाम को और रात में अधिक। एक ही भाग में शीत और गरमी की लहरें बारी-बारी से।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना** : रात में, नम और तर मौसम, दाहिनी तरफ लेटने से, पसीना होने से, गरम कमरे में और बिस्तर की गरमी से।

संबंध—तुलना कीजिए : **कैपेरिस कोरियासिया** (बहुमूत्र, ग्रन्थि रोग, आम का दस्त, इन्फ्लुएञ्जा), **एपिलोबियम**-विलो हर्ब—(जीर्ण दस्त, मरोड़ और आम के साथ, अधिक लार, निगलने में कष्ट, शरीर का क्षय होना, घोर दौर्बल्य, शिशु-हैजा); **कैलि० हाइड्रियो०** (कड़े उपदंश क्षत में) **मरक्युरियस एसेटि०** (रोगग्रस्त भाग में प्रदाह और साथ में कड़ापन; सूखापन और गरमी, आँखें सूजी हुई, जलन, खुजली। नमी की कमी। गला सूखा, बात करना कठिन, वक्षास्थि के निचले भाग में दाब, मूत्रमार्ग में उपदंशीय क्षत, केंचुआ विशेष, घाव के किनारे दर्दवाले), **मरक्युरियस ऑरिटस** (अपरस और उपदंशीय जुकाम, मस्तिष्क अर्बुद, नाक और अस्थियों पर उपदंश का आक्रमण पीनस रोग, अण्ड की सूजन); **मरक्युरियस ब्रोमेटस** (उपदंश के दूसरे चरण के चर्म रोग), **मरक्युरियस नाइट्रोसस**—नाइट्रेट ऑफ मरक्युरी—(खासकर फुन्सीदार चक्षु प्रदाह और कनीनिका प्रदाह, सुजाक और श्लैष्मिक चकत्ते, गड़न दर्द के साथ उपदंशीय गुल्म), **मरक्युरियस फासफोरिकस** (उपदंशजनित स्नायु रोग, अस्थि गुल्म); **मरक्युरियस प्रेसिपिटेटस रियूबर** (रात को लेटने पर नींद के क्षण में दम घुटने के हमले, एकाएक उछल पड़े जिससे आराम मिले; सूजाक, मूत्रमार्ग कड़ी डोरी की तरह लगे; कोमल, फैलनेवाले उपदंशीय क्षत और बाघी, बिम्बिका रोग; श्लैष्मिक चकत्ते, अकौता, चर्म पर फटन और दरारें, दाढ़ी की खाज, नेत्रच्छद प्रदाह, खाने और लगाने के लिए, सिर के पिछले भाग में सीसे जैसा भारीपन, साथ में कान बहना), **मरक्युरियस टैनिकस** (आमाशयिक-आंत्रिक रोगों में या मरक्युरी के अन्य औषधियों से अति उत्तेजनीय रोग में औपदंशीय चर्म रोग), **एरिथ्रिनस**—साउथ अमेरिकन रेडमुलेट फिश—(लाल चर्म पर से रूसी छूटना और उपदंश रोग, सीने पर लाल दाने, रूसी छूटना), **लोलियम टेमुलेण्टम**

(हाथों और टाँगों में कम्प), मरक्युरियस कम कैलि (जीर्ण स्नायविक जुकाम । चेहरे का तीव्र पक्षाघात), हेनकेरा —ऐलम रूट—(आमाशयिक-आंत्रिक प्रदाहिक मिचली, पित्त और झागदार श्लेष्मा की कै, मल पानी-सा, अधिक, चिकना, मरोड़, मल त्यागने से जी न भरे । मात्रा अरिष्ट की २–१० बूँद ।

तुलना कीजिये : मेजेरि०, फाम०; सिफि; कैली म्यूर; इपियोप्स ।

क्रियानाशक—हीपर; आरम, मेजेरि० ।

पूरक—बैंडियागा ।

मात्रा—२ से ३० शक्ति ।

मरक्युरियस कोरोसिवस (Mercurius Corrosivus)

(कोरोसिव सब्लिमेट)

मलाशय की मरोड़ में, जो लगातार जारी रहती है और मल-त्यागने से भी कम नहीं होती उसमें यह औषधि सभी औषधियों से आगे है । यह मरोड़ अक्सर मूत्राशय में भी पहुँच जाता है । अलब्यूमेन वाला मूत्र (ब्राइट्स रोग) । सुजाक, दूसरा चरण, लगातार ऐंठन के साथ । गुर्दों के स्राविक केन्द्रों को नष्ट करती है । यह काम धीरे-धीरे करती है पर निश्चित रूप से । गर्भाधान की आरम्भिक अवस्था में साण्ड-लाल मूत्र (बाद में फॉस०, जबकि गर्भकाल पूरा हो) ।

सिर—प्रलापक सन्निपात, मूर्च्छा । अगले भाग का दर्द, रक्ताधिक्य, गालों में जलन । खोपड़ी के अस्थि-परिवेष्ट में खींचन, दर्द ।

आँखें—ढेलों के पीछे दर्द जैसे बाहर को ढकेली जा रही हों । जल जाने की तरह के छाले, पर्दे के गहरे घाव । अधिक प्रकाशातंक, तेजाबी स्राव । उपतारा प्रदाह, साधारण और उपदंशीय (बाहरी प्रयोग में चपकाव रोकने के लिए एट्रोपिन के साथ) । दर्द, रात में अधिक, तेज, जलन, चिलक, फटन । मवाद पड़ने की तेज सम्भावना । उपतारा मटियाला मोटा, न तो फैले और न सिकुड़े । सांडलाल चित्र-पट प्रदाह, नवजात शिशु का मवादी नेत्र प्रदाह । पलक शोथमय, लाल, छिले । तीव्र जलन । आँखों में दर्द ।

नाक—तीव्र जुकाम । पीनस, नथनों की बिचली पर्दे वाली पतली हड्डी में छेद हो (कैलि बाइक्रो) । नथनों में कच्चापन और गड़न । पिछले भाग की सूजन । श्लैष्मिक झिल्ली सूखी, लाल और खूनी, श्लेष्मा से ढँकी हुई ।

कान—घोर टपकन । घृणित मवाद ।

चेहरा—सूजा हुआ । लाल फूला हुआ । होंठ काले, सूजे हुए । दाँत गन्दे मैल जमी हुई । हड्डियों का स्नायुशूल ।

मुँह—दाँत ढीले। मसूढ़े बैगनी, सूजे हुए और स्पंज की तरह नर्म। जबान सूजी और फूली हुई। लार बहना। मसूढ़ों का सड़ना। पानी अधिक आना, स्वाद नमकीन और कड़वा।

गला—लाल सूजा, वेदनापूर्ण फूला। काग फूली हुई निगलना कष्टकर। कानों में बहुत तेज दर्द के साथ; नाक के पिछले भाग में अधिक दर्द हो। बहुत सूजन के साथ जलन, दर्द, जरा से बाहरी दाब से अधिक हो। वक्षोदर के आस-पास की सभी ग्रन्थियाँ सूजी हों।

आमाशय—लगातार हरी, पित्त की कै। कौड़ी अति कोमल।

उदर—कुचलने का-सा संवेदन; अन्धान्त्र-पुच्छ क्षेत्र और अनुप्रस्थ बृहदन्त्र में फूलन, जरा भी छूने पर बहुत दर्द।

मल—पेचिश; ऐंठन जो मल त्यागने से कम न हो, लगातार हाजत। मल गरम, खूनी, चिकना, घृणित, कटन के साथ दर्द और श्लैष्मिक झिल्ली की धज्जियों के साथ।

साँस-यन्त्र—स्वर-यन्त्र में चाकू से काटने की तरह दर्द। आवाज देती हुई। खाँसी खूनी बलगम के साथ। नाड़ी तेज और सविरामिक। सीने में बलगम से चिलकन।

मूत्र—मूत्रमार्ग में अति जलन। पेशाब गरम, जलता, थोड़ा-सा, दबा हुआ, खूनी, हरियाली लिए स्राव। सांडलाल मूत्र। मूत्राशय से ऐंठन। कटन दर्द, मूत्र-मार्ग से मूत्राशय में जाये। पेशाब करने के बाद पसीना हो।

पुरुष—लिंग और अण्ड बहुत अधिक सूजे हुए। उपदंश क्षत, फैलने वाले रूप धारण करें। सुजाक; मूत्रमार्ग का मुँह लाल, सूजा हुआ, लिंग दर्द करे और गरम। स्राव हरियाली लिए, गाढ़ा।

ज्वर—जरा-सी बाहरी हवा से शीत लगे। पसीना अधिक, शरीर ठंडा।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : शाम को, रात में और अम्लपन से। घटना : आराम से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : आर्से०, लैके०, लिओण्युरस—मदर वॉर्ट (पेड़ू के यन्त्रों को प्रभावित करती है, झटकों को और स्नायविक उत्तेजना को कम करती है, स्राव को बढ़ाती है और ज्वर की उत्तेजना को घटाती है। मासिक-धर्म और प्रसव स्राव को उत्साहित करती है, पेचिश, कै, उदर में भयानक दर्द, घोर प्यास। जबान सूखी और दरारेदार)। मोन्सोनिया—(बृहत् मात्रा में पेचिश रोग में व्यवहृत)।

क्रियानाशक—कैल्शियम सल्फाइड सभी तरह के बाइक्लोराइड विष का संहार करती है।

मात्रा—६ शक्ति।

— :o: —

मरक्युरियस साइनेटस (Mercurius Cynatus)

(सायनाइड ऑफ मर्करी)

तीव्र संक्रमण, फुफ्फुस प्रदाह, गुर्दा प्रदाह। इसका प्रभाव संक्रामक रोग के विष की तरह होता है। अधिक तीव्र पतनावस्था, रक्तस्राव की प्रवृत्ति, शरीर के सभी छिद्रों से रक्त प्रवाहित होना, गहरे रङ्ग का पतला रक्त। नील रोग, तेज साँस और हृदय गति तेज, सांडलाल मूत्र और पेशियों में फड़कन और झटके। आंत्रिक ज्वर का फुफ्फुस प्रदाह। रोग संघर्ष के कारण शरीर का रंग नीला, जहाँ दम घुटना सम्भावित हो और फुफ्फुसीय पक्षाघात का भय हो। अधिक पसीना। विशेष रूप से मुखगह्वर को प्रभावित करती है। यह लक्षण और साथ में अधिक शिथिलता, इस औषधि को झिल्ली प्रदाह की चिकित्सा में स्थान प्रदान करते हैं, जिस क्षेत्र में इस औषधि ने बहुत सफलता प्राप्त की है। सांघातिक रोग, अधिक शिथिलता, ठण्डापन और मिचली। उपदंशीय घाव जब छेद होने की सम्भावना हो।

सिर—अधिक उत्तेजना, क्रोधाक्रमण, प्रचण्डता, बकवादीपन। कष्टदायक सिर दर्द। आँखें धँसी हुईं, चेहरा पीला।

मुँह—घावों से भरा हुआ। जबान पीली। लार अधिक। दुर्गन्धित साँस, लार ग्रन्थियों का दर्द और सूजन। तीखा स्वाद। मुँह के घाव पर भूरी झिल्ली रहे।

गला—कच्चा और वेदनापूर्ण जान पड़े। श्लैष्मिक झिल्ली फटी हो, घाव हो। जगह-जगह पर कच्चापन दिखाई दे, खासकर भाषण देने वालों के मुँह में। गला बैठा, बोलने पर दर्द। कोमल तालु और मुखगह्वर का सड़न क्षय मुखगह्वर बहुत लाल, निगलना बहुत कठिन। नाक से गहरे रंग का खून गिरे। स्वरयन्त्र और नाक का झिल्ली प्रदाह (कैलि बाइक्रो०)।

आमाशय—मिचली, पित्त, खून की कै। हिचकी, उदर दर्द करे, दाब असह्य।

मलाशय—असह्य दर्द। गुदा के चारों तरफ लाली। अक्सर रक्तस्राव। मरोड़ के साथ मल त्यागे। घृणित, पतले पदार्थ का स्राव, सड़ी गन्ध। काला मल।

मूत्र—केसरिया रंग का, दर्द से हो, सांडलाल थोड़ा। अधिक दुर्बलता और शीत के साथ गुर्दा प्रदाह। पेशाब का दब जाना।

चर्म—नमी, बरफीली ठण्डक।

मात्रा–६ से ३० शक्ति। ६ से नीचे की शक्ति के आरम्भ से रोग बढ़ने की सम्भावना है।

———

मरक्युरियस डलसिस (Mercurius Dulcis)

(कैलोमेल)

कानों के नजलाजनित प्रदाह और कंठकर्णी नली के नजले में लाभदायक है; बहरापन। गुदा में दर्द के साथ दस्त। प्रोस्टेट-ग्रन्थि प्रदाह। स्वल्पविराम पित्ता-क्रमण। पीला चेहरा, थुलथुला, फूला, अधिक रोगग्रस्त; ढीलापन। प्रदाह जिसमें चमकीले स्राव हों। स्वल्प विराम पित्त ज्वर प्रवृत्ति में मुख्य तौर से सांकेतित, अंत्रावरक झिल्ली-प्रदाह और मस्तिष्क झिल्ली प्रदाह में जब साथ में चमकीला स्राव हो। गुर्दा और हृदय के सम्मिलित रोग के साथ शोथ, खासकर जब कामला रोग भी उपस्थित हो (हेल)। जिगर का कड़ा हो जाना खासकर अधिक बढ़ने की अवस्था में १x का प्रयोग करें (जूसेट)।

कान—बिचले भाग का प्रदाह, कंठकर्णी नली का बन्द होना, कंठमालिक बच्चों के कान के रोग, कर्णपटह की झिल्ली। सिकुड़ी हुई मोटी और निश्चल।

मुँह—घृणित साँस, लार बहना; मसूढ़े दर्दीले। घाव। जबान काली। गहरे रङ्ग की सड़ी लार बराबर बहती रहे, बहुत कष्ट। गले में घाव और निगलने में कष्ट। दानेदार गलकोष प्रदाह।

पेट—मिचली और कै। बच्चों की सामयिक कै। (क्युप्रम, आर्से०; आइरिस)।

मल—थोड़ा, खूनी श्लेष्मा पित्त के साथ, और लगातार इच्छा, बिना मरोड़। गहरा, हरा पानी-सा, बरछी लगने जैसे दर्द के साथ। गुदा में दर्द भी और जलन। पेचिश; श्लेष्मा और खून वाला थोड़ा मल जो पित्त से ढँका हो।

चर्म—ढीला और पुष्टिहीन। ग्रन्थियाँ सूजी हुईं। फैलने वाले घाव। ताँबे के रङ्ग वाले दाने।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : केलि म्यूरि०।

मात्रा—२ से ६ विचूर्ण। सुखप्रद प्रभाव के लिए (स्थूल विधि), आँतों को साफ करने के लिए २ या ३ ग्रेन की मात्रा में पहली दशमलव शक्ति, प्रति घण्टे कई बार दोहराना।

मरक्युरियस आयोडेटस फ्लेवस (Merc. Iod. Flla.)

(प्रोटो आयोडाइड ऑफ मर्करी)

गले के रोग, ग्रन्थियों की बहुत सूजन और जबान पर एक विशेष प्रकार का मैल, दाहिनी तरफ अधिक। उपदंश क्षत जिसमें बहुत काल तक कड़ापन कायम रहे।

पुट्ठों की ग्रन्थियाँ सूजी हुईं, बड़ी और कड़ी। स्तन अबुंद, साथ में अधिक मात्रा में गरम पसीना निकलने की प्रवृत्ति और आमाशयिक गड़बड़ी।

जबान—मोटी, मैल, जड़ पर पीलापन। सिर और किनारे लाल हो सकते हैं और दाँत का निशान पड़ जाये।

गला—क्षुद्र गह्वर का तालुमूल प्रदाह। जब तालुमूल की केवल ऊपरी सतह रोगग्रस्त हो। दुर्गन्धित साँस के साथ चर्बीला स्राव। सूजन दाहिनी तरफ से आरम्भ हो। गलकोष के पिछले भाग पर छोटे घाव। सूजे हुए स्वरयन्त्र और मुख-गह्वर पर से आसानी से उधड़ने वाले चकत्ते, दाहिने तालुमूल पर अधिक कष्ट, अधिक चिमड़ा श्लेष्मा, ढोंके का संवेदन। निगलने की लगातार इच्छा।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : प्लम्बम आयोडेट० (स्तन अर्बुद)।

मात्रा—२ विचूर्ण।

मरक्युरियस आयोडेटम रुबर (Msrc. Iod. Rub.)

(बिन-आयोडाइड ऑफ मर्करी)

झिल्ली प्रदाह और घावयुक्त गलक्षत; खासकर बाँयीं तरफ, अधिक ग्रन्थि-सूजन के साथ। जीर्ण मवादी बाघी। कड़े उपदंश-क्षत। कंठमालिक रोगियों में जीर्ण उपदंश रोग। जुकाम का आरम्भिक चरण, खासकर बच्चों में।

गला—मुखगह्वर गहरा लाल, निगले तो दर्द हो। नाक और गले में बलगम खखारने की प्रवृत्ति, गले में ढोंके का संवेदन। गले और गरदन की पेशियों का कड़ापन।

नाक—जुकाम और कम सुनना, दाहिनी तरफ की नाक गरम। पिछले भाग में श्लेष्मा खखारना, नासास्थि सूजी हो। नाक और गले की श्लैष्मिक झिल्ली ढीली हो। कंठकर्णी नली का बन्द होना, फट से आवाज करके खुले।

मुँह—मसूढ़े सूजे हुए, दाँत दर्द करें, ग्रन्थि सूजी हुई। जबान की झुलसन संवेदना। मुख-क्षत। अधिक लार। जबान जड़ के पास कड़ी मालूम हो और हिलाने में दर्द करे।

गला—झिल्ली प्रदाह, जबड़ा निम्न ग्रन्थि में पीड़ाजनक, रक्ताधिक्य, मुखगह्वर गहरा लाल, बायीं तरफ के तालुमूल में अधिक कष्ट। कोरण्ड का झिल्ली प्रदाह। अगर बराबर दी जाये तो अक्सर तालुमूल ग्रन्थि के चारों तरफ के प्रदाह को नाश करती है। काग बढ़ने से खाँसी आये, गल क्षत के साथ। स्वरभंग के साथ स्वरयांत्रिक रोग।

चर्म—छोटी दरारें और चिटकन, कड़े दाने। उपदंश रोग के कड़े क्षत, उपदंश के घाव। बाघी, अण्डकोष में मांस वृद्धि।

मात्रा—३ विचूर्ण।

मरक्युरियस सल्फ्युरिकस—हाइड्रार्ज० ऑक्साइड सब-सल्फ
(Merc. Sulph, Hydrarg, oxyd, Sub-Sulph)
(टरपेथम मिनरेल येलो सल्फेट ऑफ मरकरी)

पानी-सा मल, गुदा द्वार में जलन। जबान का सिरा दर्दीला। टाँगों का शोथ। सूरज की किरणों से छींक आना। प्रातःकालीन दस्त, मल पीले पदार्थ की गरम धारा में फलक के निकले। चावल के पानी की तरह, अधिक मात्रा में मल। थोड़ा, जलता हुआ, साफ रंग का मूत्र। घोर साँस-कष्ट, उठ कर बैठ जाना पड़े। साँस तेज, छोटी, सीने में जलन। वक्षोदक रोग (आर्से०) हृदय पीड़ा व कमजोरी।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: मरक्युरियस एसिटेट, (अन्तिम बूँद निकलते समय मूत्र मार्ग में कटन)।

मेथिलीन ब्लू (Mathylene Blue)
(वन ऑफ दी एनिलीन डाइस)

स्नायुशूल, स्नायु दौर्बल्य, मलेरिया की एक औषधि। टायफॉयड, इस रोग में यह पेट का फूलना कम करती है। प्रलापक सन्निपात। ज्वर, मवाद बनने को कम करती है। कम्प, ताण्डव रोग, मिरगी रोग की सम्भावना। गुर्दा प्रदाह (तीव्र कोरण्ड प्रदाह) अरुण ज्वर सम्बन्धी गुर्दा प्रदाह। मूत्र हरे रंग का हो जाता है। इसके व्यवहार से आयी मूत्राशय उत्तेजना जरा-सा जायफल खाने से ठीक हो जाती है। गुर्दों में पीब आना, मूत्र में अधिक मात्रा में मवाद रहना। सुजाकजनित वात रोग और मूत्राशय प्रदाह। पीठ दर्द, गृध्रसी, स्नायुशूल, संन्यास रोगी की पिछली अवस्थाएँ (जिसेवियस)।

मात्रा—३ शक्ति।

मेजेरियम (Mezereum)
(स्पर्ज ओलिव)

चर्म लक्षण, अस्थि रोग और स्नायुशूल खासकर दाँतों और चेहरे में, सभी महत्व रखते हैं। जोड़ों में कुचलन, खींचना और कड़ापन के साथ, थकन संवेदना,

कई प्रकार के दर्द, शीत के साथ और ठंडी हवा असह्य। अस्थि पीड़ा, चेचक का टीका लगावाने के बाद दाने निकलना। पेशियों में ऐंठन के साथ जलन, लपकन संवेदना। दर्द ऊपर को लपकते हैं। मानो रोगी को बिस्तर पर से ऊपर की तरफ खींच रहे हों। एक बगले रोग। रोगी ठंडी हवा से बहुत घबराये।

सिर—बात करना कठिन, परिश्रम मालूम पड़े। सिर दर्द; बात करने से बढ़े। दाहिनी तरफ गशीवाला सिर दर्द। सिर के बाहरी भाग के रोग, पपड़ीदार दाने, सफेद खुरण्ड। चेहरे और दाँतों में तीव्र स्नायुशूल, कानों की तरफ बढ़े, रात में हो; भोजन करने से बढ़े, गरम चूल्हे के पास कम हो। दाँतों की जड़ का सड़ना। दाँतों लम्बे मालूम पड़ें।

नाक—छींक, जुकाम, भीतरी भाग छिला हुआ। पिछले भाग में ग्रन्थि बृद्धि।

कान—बहुत खुला मालूम पड़े मानो पर्दा बाहरी ठंडी हवा से टकरा रहा हो और हवा कानों में बह रही हो। अंगुली देने की इच्छा।

आँखें—आपरेशन के बाद पलकों का स्नायुशूल। खासकर आँखों का ढेला निकलवाने के बाद। दर्द फैलता है और ऊपर की तरफ झपटता है, ठंडापन और हड्डियों के कड़ापन के साथ।

चेहरा—लाल। जुकाम के साथ मुँह के चारों तरफ फटना।

आमाशय—टाँग की चर्बी खाने की इच्छा। जबान में जलन, पेट तक फैले। मुँह से पानी बहे। गले में मिचली मालूम दे, खाने के बाद कम हो। जीर्ण आमाशय शूल, जलन, छिलन दर्द, मिचली। कै कत्थई रंग की। अधिक जलन के साथ आमाशयिक घाव।

उदर—बच्चों में उदर बढ़ जाने के साथ ग्रन्थियों की सूजन। पेड़ू की परिधि में दाब। वादी शूल, कम्प और कठिन साँस के साथ।

मलाशय—प्रसव के बाद कब्ज। मलाशय का बाहर निकलना। दस्त छोटे सफेद कण निकलना। हरा स्राव। कब्ज, जिगर और गर्भाशय की कर्महीनता के साथ। गुदा का संकुचन, चिलक और मलाशय का बाहर निकलना।

मूत्र—मूत्र के ऊपर लाल परत का तैरना। गरम, खूनी। काटने वाला, पेशाब कर लेने के बाद मूत्र मार्ग के अगले भाग में जलन। मूत्राशय में ऐंठन, दर्द के बाद खूनी पेशाब। पेशाब कर लेने के बाद कुछ बूँदें खून की निकलें।

स्त्री—बार-बार मासिक-कर्म, जल्दी, मात्रा में अधिक। प्रदर अण्डे की सफेदी की तरह बहुत काटने वाला।

पुरुष—अण्ड का बढ़ जाना। घोर काम इच्छा। खूनी पेशाब के साथ सुजाक रोग।

साँस-यन्त्र—वक्षोदर की अस्थियों में चोटीलापन और जलन। सीने के आरपार संकुचन। खाँसी, भोजन करने से बढ़े, बहुत नीचे के भाग में, उत्तेजना, गरम चीज पीने से।

अंग—गरदन और पीठ में दर्द, हरकत से और रात में बढ़े, छूना असह्य, जंघास्थि और लम्बी हड्डियों में दर्द और जलन। टाँगें और पैर सुन्न हो जायें। कटि और घुटने में दर्द।

चर्म—अकौता, असह्य खुजली, योनि खाज के साथ शीत, जो बिस्तर में अधिक हो। घाव खुजलायें और जलें, चारों तरफ दाने और चमकते, गहरे लाल घेरे। जलन, दर्द के साथ कमरबन्द की तरह दाद। हड्डियाँ खासकर लम्बी हड्डियाँ सूजी हुई और प्रदाहित, सड़न, अस्थि गुल्म; रात में, छूने से, तर मौसम में दर्द बढ़े (**मर्करी सिफिलिनम**)। फटा, पका और ऊपर मोटी खुरण्ड बने, जिसके नीचे मवाद पड़े (**क्राइसोफैनिक एसिड**)।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना** : ठण्डी हवा, रात में, शाम को आधी रात तक, गरम भोजन से, छूने से, हरकत से। **घटना** : खुली हवा में।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : **डिर्का पैलस्ट्रिस** लेदर ऊड—(पाकाशयिक-आन्त्रिक उत्तेजक, लार बहने के साथ, कै और दस्त पैदा करनेवाली, मस्तिष्क प्रदाह, स्नायुशूल, साथ में उदासी, धड़कन और साँस-कष्ट); **मर्क०; फाइटो; रस०, गुयेकम, सिफि०**।

क्रियानाशक : कैलि० हाइड्रि०, मर्क०।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

माइक्रोमेरिया (Micromeria)

(यरबा बुएना)

कैलिफोर्निया का एक पुदीने की तरह का पौधा जो आमाशय और आँतों पर काम करता है। चाय की तरह शूल और वादी कम करने के लिए काम में आता है। स्वादिष्ट, ज्वरनाशक वस्तु है, रक्त साफ करती है और बलवर्धक है।

पेट—मिचली, पेट और आँतों में दर्द। वादी।

मात्रा—अरिष्ट।

मिलिफोलियम (Millefolium)

(ऐरो)

कई प्रकार के रक्तस्राव के लिए अमूल्य औषधि, गहरा लाल खून। उलझी हुई हार्निया, चेचक, आमाशय के गढ़े में अधिक पीड़ा के साथ। पथरी का चीरा लगवाने के बाद के उपद्रवों में हितकर है। ऊँचाई से गिरने के बाद का बुरा असर, भारी चीज उठाना। लगातार तापाधिक्य। मुँह से खून आना।

सिर – धीरे हिलने से नकसीर आए। मालूम हो कि कोई चीज भूल गयी हो। सिर खून से भरा मालूम पड़े। मासिक-धर्म दबने से अकड़न और मिरगी आए। छुरी लगने जैसे दर्द के हमले।

नाक—नकसीर (इरेक्थाइटिस)। आँखों में नाक की जड़ तक बरछी लगने जैसा दर्द।

मल—आँतों से रक्त गिरे। खूनी बवासीर। पेशाब खूनी (सेने स० आरियस)।

स्त्री—मासिक-धर्म समय से पहले, मात्रा में अधिक, देर तक बहता रहे। गर्भाशय में रक्तस्राव, गहरा लाल, पतला। गर्भाशय में शिराओं की दर्द भरी सिकुड़न।

साँस यन्त्र—क्षय रोग के आरम्भ में खून थूकना, खूनी बलगम के साथ खाँसी जो मासिक-धर्म के दबने से या बवासीर में हो। तीव्र धड़कन।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : फिकस बेनोसा (पाकर)। (आँतों और फुफ्फुस से रक्त प्रवाह); एकालाइफा और हेलिक्स टोस्टा—स्नेल—(खून थूकने में, सीने के रोगों में, क्षय रोग), इसके अतिरिक्त सिकेलि, इपिका०; इरेक्थाइटस, जेरेनियम मेकु०, हैमामे०।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

मिचेला (Mitchella)

(पारट्रिज-बेरी)

सभी रोगों के साथ, खासकर गर्भाशयिक प्रदाह के साथ, मूत्राशय लक्षण रहते हैं।

मूत्र—मूत्राशय की गरदन पर उत्तेजना, पेशाब लगने के साथ। (यूपेटो० पर्फ; एपिस०), मूत्रकृच्छ्र। मूत्राशय का नजला।

स्त्री—गर्भाशय की गरदन गहरी लाल। कष्टदायक मासिकधर्म और गर्भाशय से गहरा लाल खून गिरे।

सम्बन्ध—तुलना : चिमाफिला अम्बेला०, सेनेसियो०; इयुवा उर्सी, जेरेनियम मैकु०, गॉसिपियम।

मात्रा—अरिष्ट।

मोमोर्डिका बैल्सामिना (Momordica Balsamina)

(बैल्सैम एपल)

मरोड़, शूल, दर्द पीठ और कोढ़ी में, साथ में अधिक मासिक-धर्म। वृहदन्त्र के प्लीहा मोड़ में अफरा। शोथ।

सिर—चक्कर; सिर का भीतरी पदार्थ हल्का मालूम हो, आँखों के आगे कोहरा।

उदर—गड़गड़ाहट, ऐंठन, शूल। पीठ से उठे, पूरे उदर पर फैले।

स्त्री दर्द वाला और अधिक मासिक धर्म, प्रसव की तरह दर्द, बाद में खून गिरे, पिठासे का दर्द पेड़ू की तरफ आवे।

सम्बन्ध- मोमोर्डिका कैरैण्टिया—इण्डियन वेराइटी—अधिक तीव्र लक्षण—आँतें पीले पानी की तरह के पदार्थ से भरी हों, मल तेजी से आवाज के साथ निकले—ऐंठन, प्यास, शिथिलता। हैजे के लक्षण। क्रोटन टिग्लियम, एलैटेरियम की तरह। ३x का व्यवहार करें।

मात्रा—अरिष्ट। जलन, हाथ के चर्म की फटन इत्यादि पर बाहर रूई से लगायें और पुल्टिस के रूप में व्यवहार करें।

मार्फिनम (Morphinum)

(ऐन एल्केलॉयड ऑफ ओपियम)

मॉर्फिन का अफीम से वैसा ही सम्बन्ध है जैसा एट्रोपिन का बेलाडोना से—यानी उसका स्नायविक रूप दर्शाती है। यह कम उत्तेजक, कम आक्षेपिक है परन्तु अधिक नींद लाने वाली है। कम कब्ज करती है और मूत्राशय के संकुचन को अधिक प्रभावित करती है। यह कम पसीना लाती है और अधिक खाज उत्पन्न करती है।

मन—घोर उदासी। चिड़चिड़ापन, कसूर निकालना, मूर्च्छा वायुयुक्त। आतंक से धक्का लगना। स्वप्न जैसी अवस्था।

सिर—जरा-सा सिर हिलाने से चक्कर आवे। 'कसने जैसा' संवेदन के साथ सिर दर्द। फटन दर्द, सिर पीछे की तरफ खिंचा हो।

आँखें—नीली, पलक झपके। आँखों की खुजली। आँखें बन्द करने पर दृष्टिभ्रम। घूरना, रक्तमय, फैलना, ऐंचापन। पुतली का असमान संकुचन। अस्थिर दृष्टि। बिलनी। दृष्टि पेशियों का आंशिक पक्षाघात।

कान—बायें कान में वेदनापूर्ण टपकन, गरमी से कम। सारे शरीर में रक्त संचार का शब्द सुनाई दे।

चेहरा—चेहरे, होठों, जबान, मुँह या गले में धुँधलापन लाल या पीला।

नाक—छींक के दौरे। नाक के सिरे पर खुजली और टपकन।

मुँह—बहुत सूखा। जबान सूखी, बादामी बैगनी रंग बीच में। प्यास। अरुचि, मांस से घृणा के साथ।

गला—सूखा और सिकुड़ा, गलकोष पक्षाघात ग्रस्त, निगलना प्रायः असम्भव, गरम चीज पीने से कम; ठोस चीज से बढ़े।

आमाशय—मिचली, लगातार और मृत्यु तुल्य गशी, लगातार जी मिचलाए। हरा तरल पदार्थ कै करना। उठने पर मिचली और कै अधिक हो।

उदर—तना हुआ। उदर में और रीढ़ के पूरे भाग में तीव्र दर्द। कर्णपटह प्रदाह।

मलाशय—दस्त पानी-सा, कत्थई या काला, घोर कूँथन के साथ। कब्ज, मल बड़ा, सूखा, गठीला, छिलन और दरारें पड़ने की प्रवृत्ति के साथ।

मूत्र—मूत्राशय का आंशिक पक्षाघात। पेशाब रुक जाना। धीरे और कठिनता से पेशाब निकलना। मूत्र ग्रन्थि के ढीलापन और बढ़ जाने से पेशाब रुक जाना। मूत्राशय विकार तीव्र और जीर्ण।

पुरुष—नपुंसकता। दाहिनी अण्डकोष-नस में दर्द। (ऑक्जैलिक एसिड)।

दिल कभी बहुत तीव्र गति और कभी बहुत मन्द गति; बारी-बारी से। हृदय के पैशिक तन्तु स्वस्थ रहते हैं चाहे कितने ह। थके हों। नाड़ी छोटी, कमजोर, दोहरी चोट।

श्वास-यन्त्र—मूर्च्छायुक्त और साँस लेने में संघर्ष, वक्षोदर मध्यस्थ पेशी का पक्षाघात, हिचकी, साँसकष्ट, आवेशपूर्ण, पहली नींद में (लैके०, ग्रिण्डेलिया)। हृत्पेशी विकारजनित दमा। सीना कसा हुआ-सा। सीने के निचले पंजर में दर्द। सूखी, कड़ी, कष्टदायक, थकाने वाली खाँसी, रात में अधिक। दम घोंटने वाली खाँसी, चिमड़ा बलगम, पतला, थोड़ा, लेकिन ढीला और अधिक सुनाई पड़े।

पीठ—रीढ़ के साथ-साथ दर्द। कमर में कमजोरी। कटि-क्षेत्र के आरपार टीस, सीधा होकर न चल सके। (सिमिसिफ्यु०)।

अंग—लड़खड़ाकर चलना, सुन्न होना।

चर्म—सुर्ख, बैंगनी धब्बे दाद की तरह दाने। खुजली। चर्म का कड़ापन, रोग वृद्धि की चरम सीमा पर जुलपित्ती उभरना।

स्नायु-सम्बन्धी—बेचैनी और अति संवेदनीयता, कम्प, फड़कन, झटके, आक्षेप। पीड़ा से अति संवेदनीयता। दर्द से सभी अंगों में फड़कन और झटके आने लगें और अकस्मात घोर स्नायुशूल तथा गशी। सन्निपात, उदासी भय। स्नायुशूल जो प्रचंड पीड़ाजनक हो; बाँयीं तरफ आँख के घेरे के ऊपर और दाहिनी तरफ पसलियों के बीच में; गरम से कम, कई जोड़ों में साथ-साथ प्रदाह। सारे शरीर में दर्द। बिस्तर पर बहुत कड़ा मालूम हो। सोने के बाद रोग का बढ़ना (लैके०) दाद के बाद स्नायुशूल (मेजेरि०)।

नींद—जम्हाई लेना, औंघाई, लम्बी, गहरी नींद। अनिद्रा, अशान्त निद्रा, अक्सर चिहुँक उठना, औंघाई, मगर नींद न आवे।

ज्वर—शीत। बरफीली ठण्डक। जलन, गरमी, अधिक पसीना।

मात्रा—२ से ६ विचूर्ण।

मॉस्कस (Moschus)

(मस्क)

स्नायु मूर्च्छा और स्नायविक आक्षेप की औषधि। गशी के हमले और आक्षेप, अकड़न इत्यादि। विशेष संकेत ठण्डक से कष्ट बढ़ना है, हवा अति असह्य। अधिक स्नायविक कम्प और अक्सर गशी। अधिक वादी, फूलन। रोग साधारण मार्ग पर नहीं चलता। ठण्डापन। पेशियों में तनाव, चर्म और मस्तिष्क में तनाव।

मन—अनियन्त्रित हँसी। झिड़कना। धड़कन के साथ चिन्ता, चिहुँकना जैसे डर गया हो। कामेन्द्रिय सम्बन्धी व्याधि-शंका।

सिर—नाक की जड़ पर दाब, दर्द। सिर की चाँद पर दाब। जरा भी हिलने से चक्कर, बहुत ऊँचाई से गिरने का संवेदन। खाल स्पर्श सहन न करे। तोप छूटने की आवाज कानों में।

आमाशय—काली कॉफी जैसी उत्तेजक चीजें पीने की इच्छा। भोजन से घृणा। सभी चीजें स्वादहीन लगें। पेट के लक्षण के साथ सीने में चिन्ता। तनाव। भोजन करते समय गशी आ जाये। उदर बहुत फूला हुआ। आक्षेपिक, स्नायविक हिचकी (हाइड्रोसि० एसिड, सल्फ्यु० एसिड, इग्नेशिया एमेरा, कैंजुपुटम)।

पुरुष—तीव्र काम इच्छा, अनैच्छिक स्खलन। नपुंसकता जो मूत्रमेह से सम्बन्धित हो (कोका०)। समय से पहले बुढ़ापा। मैथुन के बाद मिचली और कै।

स्त्री—मासिक धर्म समय से बहुत पहले, अधिक मात्रा में। गशी की प्रवृत्ति (नक्स मस्केटा, वेरेट्रम०) मैथुन इच्छा, योनि में अधिक गुदगुदी। जननेन्द्रिय की तरफ खींचन और दाब, संवेदन जैसे मासिक धर्म हो जायेगा।

मूत्र—अधिक पेशाब। मूत्रमेह।

साँस यन्त्र—सीने में कसाव, लम्बी साँस लेना आवश्यक। एकाएक स्वरयन्त्र और गलकोष में सिकुड़न आये। कठिन साँस, सीना दबा हुआ, सीने का वायु मूर्च्छा-युक्त झटका, दमा। टेंटुए में झटका आये; फुफ्फुस के पक्षाघात की सम्भावना। दमा रोग, घोर चिन्ता, भय, दम घुटने की सवेदना के साथ। खाँसी रुके, बलगम न निकल सके। गुल्म वायु।

दिल—मूर्च्छा, वायुयुक्त धड़कन। दिल के चारों तरफ कम्प। दुर्बल नाड़ी और मूर्च्छा।

घटना-बढ़ना—घटना : खुली हवा में, मालिश से। बढ़ना : ठंडक से। खुली हवा अति ठण्डी जान पड़े।

तुलना : नक्स मस्केटा, एसाफिटिडा, वेलेरि०, सुम्बुल, इग्नेशि० कैस्टोरि०,।

स ता—ऐम्ब्रा०।

क्रियानाशक—कैम्फा०, कॉफि०।

मात्रा—पहली से ३ शक्ति।

म्युरेक्स (Murex)

(पर्पल फिश)

स्त्री-जननेन्द्रिय के लक्षण अति महत्वपूर्ण और मार्गदर्शक हैं और चिकित्सा से उनकी पुष्टि भी हुई है। विशेष तौर पर स्नायविक, प्रफुल्ल चित्त वाली, प्रेम करने वाली स्त्रियों के लिए प्रयुक्त है। रोगी कमजोर और दुबला।

मन—अधिक शोकग्रस्त, चिन्ता, भय।

आमाशय—दुर्बलता का संवेदन (सीपिया)। भूखा कुछ खाना आवश्यक।

स्त्री—गर्भ की चेतना। गर्भाशय की गरदन में टपकन। मैथुनेच्छा प्रबल, ऐसा जान पड़े कि कोई चीज पेड़ू के किसी दर्दीले स्थान पर चढ़ रही है, बैठने से कष्ट बढ़े। गर्भाशय की दाहिनी तरफ से दर्द दाहिने या बाँयें स्तन तक जाये। मैथुन-इच्छा प्रचंड। योनि भाग के जरा से स्पर्श से प्रचंड कामोत्तेजना भड़क उठे। गर्भाशय में चोटीला दर्द। मासिक-धर्म क्रमभ्रष्ट, अधिक, अक्सर बड़े थक्के। गर्भाशय से बाहर निकलने का सवेदन। गर्भाशय का जगह छोड़कर बाहर निकलना, बढ़ जाना साथ में पेड़ू में मरोड़ और तेज दर्द जो स्तनों तक बढ़े, लेटने से अधिक हो। कष्टरजः

और जीर्ण गर्भाशय के भीतर की श्लैष्मिक झिल्ली के स्तर का प्रदाह, जगह छोड़ना : दोनों पैर कस कर एक के ऊपर दूसरा दबाकर रखे रहना आवश्यक। प्रदर हरा या खूनी और मानसिक लक्षण तथा त्रिकास्थि में टीस बारी-बारी से। स्तनों में कोमल अर्बुद, मासिककाल में उनमें दर्द हो।

मूत्र – रात में कई बार पेशाब हो, उसमें बैलेरियन के समान गन्ध हो, लगातार इच्छा (क्रियोजो०)।

घटना-बढ़ना – बढ़ना : जरा भी छूने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : प्लैटिना; लिलि०; सीपिया (इसमें म्युरेक्स जैसी घोर कामोत्तेजना नहीं होती)।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

म्युरियेटिकम एसिडम (Muriaticum Acidum)
(म्यूरियेटिक एसिड)

इस अम्ल में रक्त को प्रभावित करने की विशेषता है, जिसमें यह ऐसी विषैली अवस्था उत्पन्न कर देती है जैसी तापाधिक्य और घोर शिथिलता के साथ मन्द ज्वर में पायी जाती है। रोगिणी इतनी दुर्बल हो जाती है कि बिस्तर में पायताने की तरफ चिपक जाती है। शरीर के रसों का सड़ना। पेशाब करते समय अनैच्छिक मल-स्खलन। रक्तस्राव। विशेषकर मुँह और गुदा द्वारा।

मन—चिड़चिड़ा, खिन्न और अशांत जोर से कराहना। घोर बेचैनी, उदास, मौन। चुपचाप रोग सहन किया करे।

सिर—चक्कर आये, दाहिनी तरफ लेटने से अधिक हो, पिछला भाग भारी मानो सीसा भरा हो। दूसरों की बोली असह्य हो। ऐसा दर्द मानो मस्तिष्क कुचल गया है।

नाक – रक्त गिरे; बहुत छींक आना।

चेहरा—निचला जबड़ा लटका हुआ, दाने और झुर्रियाँ, होंठ कच्चे; सूखे, चिटके हुए।

मुँह—जबान पीली, सूजी हुई, सूखी, चमड़े की तरह सुन्न। जबान पर गहरे घाव। जबान में कड़ी गुठलियाँ। अन्तस्त्वक् प्रदाह, किनारे नीले, लाल (कार्बो० एसिड)। मुख-क्षत। मसूढ़े और ग्रन्थियाँ सूजी। साँस दुर्गन्धित। दाँतों पर पपड़ी।

गला—काग सूजा हुआ। घाव और रोगग्रस्त झिल्लियाँ। शोथमयी, गहरे रङ्ग का कच्चा। निगलने की चेष्टा करने से झटके आएँ और गला घुटे।

आमाशय—मांस को देखना या उसका विचार सहन न हो। कभी-कभी प्रबल भूख और पानी की लगातार इच्छा। आमाशय नजले में नमक के तेजाब की कमी और भोजन का अप्राकृतिक उबाल।

मलाशय—पेशाब करते समय अनैच्छिक मल-स्खलन की प्रवृत्ति। बवासीर; हर प्रकार के स्पर्श से अति उत्तेजनीय, साफ करने वाला कागज तक सहन न हो। पेशाब करते समय गुदा में खाज हो और काँच निकलना। गर्भावस्था में बवासीर, नीलापन, गरम, प्रचण्ड चिलकन।

दिल—नाड़ी तेज, दुर्बल और छोटी। हर तीसरी ठोंक पर रुक-रुक कर चले।

मूत्र—बिना मल त्यागे पेशाब न कर सके।

स्त्री—मासिक-धर्म बहुत जल्दी हो। मासिक काल में गुदा दर्द करे। योनि का घाव।

अङ्ग—भारी, दर्द वाले, कमजोर। लड़खड़ाती चाल। एड़ी की मोटी नस में दर्द।

चर्म—मवादी दाने, अति खाज (रसटॉक्स०), कारबंकल, निचले अंगों पर घृणित गन्ध के घाव। अरुण ज्वर, लाली, काली लकीरों के छोटे दाग के साथ, दाने कम। हाथों के पीछे अकौता।

ज्वर—हाथ-पैर ठण्डे। गर्मी बिना प्यास। आंत्रिक-ज्वर की तरह गशी। रक्त-स्राव। बेचैनी। अनैच्छिक मल-मूत्र त्याग। बिस्तर में पड़े रहने से बने घाव। नाड़ी तेज और दुर्बल। घोर पतनावस्था।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : तर मौसम में, आधी रात के पहले। घटना : बायीं करवट लेटने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : फॉस एसिड, आर्से०; बैप्टिशिया, ब्रायो० और रस० के बाद अच्छा काम करती है।

क्रियानाशक : ब्रायोनिया।

मात्रा—१ से ३ शक्ति।

माइगेल लैसिओडोरा (Mygale Lasiodora)

(ब्लैक क्यूबन स्पाइडर)

कमजोरी, धड़कन, स्नायविकता, भय, मकड़ी की अन्य औषधियों की तरह इस औषधि का मुख्य चिकित्सा-क्षेत्र ताण्डव रोग है। काम सम्बन्धी लक्षण अति विशिष्ट हैं।

मन—प्रलाप करे; बेचैन, उदास, मृत्युभय, निराश।

चेहरा—चेहरे की पेशियों में फड़कन। तेजी के साथ बारी-बारी मुँह और आँखें खुलती रहें। गरम और सुर्ख। जबान सूखी और पपड़ीदार, कष्ट से बाहर निकले। सिर एक तरफ को खिंचा हो। रात को दाँत कटकटाये।

आमाशय—मिचली और निगाह धुँधली। भोजन से घृणा। अति प्यास।

पुरुष—अति कामोत्तेजना। सुजाक का बाँझपन। (कैलि ब्रोमेटम; कैम्फ०)।

अंग—असावधान चाल। सारे शरीर का हिलते रहना। कम्प। अति लाल धारियाँ जो लसिकावाहिनी के मार्ग पर हों। अंगों में फड़कन। अशान्त हाथ। आक्षेप, बाँहों और टाँगों का अनैच्छिक हिलते रहना। चलते समय अंग घसीटते जाएँ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एगैरिकस०, टैरेण्टुला०, क्युप्रम०, जिजिया।

घटना-बढ़ना—घटना : सोते में। बढ़ना : सुबह को।

मात्रा—२ से ३० शक्ति।

मायोसोटिस (Myosotis)

(फॉरगेट-मी-नॉट)

पुराना ब्रांकाइटिस और क्षय रोग। रात्रि-पसीना।

श्वास-यन्त्र—अधिक घृणित मवादी बलगम के साथ खाँसी; खाँसते समय गला घड़घड़ाये और कै हो; खाते समय या उसके बाद अधिक हो। वायु मार्ग से अति स्राव। बाँयें निचले फुफ्फुस में दर्द, खाँसते समय दर्द और उँगली मारकर परीक्षा करते समय टंकार सहन न हो।

मात्रा—अरिष्ट से २ शक्ति तक।

माईरिका (Myrica)

(येबेरी)

जिगर पर दर्शनीय प्रभाव, कामला रोग और श्लैष्मिक झिल्ली के साथ। लगातार निद्रा। कामला रोग।

मन—निराश; चिड़चिड़ा, उदासीन, शोकमय।

सिर—चमड़ी कसी लगे। औंघाई के साथ सिर दर्द, आँखों का पीलापन; ढेलों में दर्द। चाँद और माथे पर दाब। सुबह को जगने पर, कनपटियों और माथे में धीमी, भारी टीस। गरदन की जड़ में दर्द और कड़ापन।

चेहरा—पीला। खुजली और बींधन। रेंगन संवेदन।

मुँह—जबान रोएँदार, मुँह में बुरा स्वाद और मिचली। चिमड़ा गाढ़ा, ओकाई लानेवाला स्राव। कोमल स्पंज की तरह और खून बहने वाले मसूढ़े (मर्क०)।

गला—संकुचित और खुरखुराहट; लगातार निगलने की इच्छा। रेशेदार श्लेष्मा, कठिनता से छूटे।

आमाशय—स्वाद कड़वा और ओकाई लाने वाला, दुर्गन्धित साँस के साथ। भूख; मगर पेट में पूरा भोजन करने जैसा भरापन। अम्ल की प्रबल इच्छा। कौड़ी में कमजोरी, संवेदन, मिचली के लगभग; खाने के बाद अधिक, तेज चलने में कम हो।

उदर—जिगर प्रदेश में धीमा दर्द। पूर्ण कामला रोग, पीला चर्म। भूख लुप्त। आमाशय और उदर में भरापन। थोड़ा, पीला, झागदार मूत्र।

मल—टहलते समय लगातार वायु-स्खलन। मल त्यागने की इच्छा, मगर सिवाय अधिक वायु के मल न निकले। पतला, हल्के रंग का मल, राख के रंग का, पित्त जरा भी न हो।

मूत्र—गहरे रंग का झागदार, थोड़ा, गहरे रंग का, पित्त मिश्रित।

नींद—अशान्त, बुरे स्वप्न और अक्सर जाग जाना; अनिद्रा।

अङ्ग—लड़खड़ाती चाल। कन्धों के डैनों के नीचे और गरदन के पीछे दर्द, सभी पेशियों में, दाहिने पैर के तलवे में।

चर्म—पीला और खाज वाला। कामला रोग। जन्तुओं की तरह रेंगन, संवेदन।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : टिलिया, कॉर्नस सिर०, चेलिडो०, लेप्टै०, फैगोपिरम।

क्रियानाशक—डिजिटै० (कामला रोग)।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

माइरिस्टिका सेबिफेरा (**Myristica Sebifera**)

(ब्रैजिलियन यक्युबा)

शक्तिशाली जीवाणु नाशक औषधि है। चर्म सौत्रिक तन्तु और अस्थि परिवेष्ट का प्रदाह। आघात सम्बन्धी संक्रमण। कर्णशूल प्रदाह। नासूर। कारबंकल। अंगुल बेड़ा पर मुख्य प्रभाव। अँगुलियों के नाखूनों में दर्द, साथ में उनकी हड्डियों में सूजन। हाथ कड़े हों जैसे देर तक किसी चीज को कसकर दबाये रखा हो। कसैला स्वाद और गले में जलन। जबान सफेद चिटकी हुई। विस्फोट सम्बन्धी सूजन।

मवाद जल्द आरम्भ करती है। अक्सर चीर-फाड़ की आवश्यकता को दूर करती है। बिचले कान की सूजन, पीव आने की अवस्था। गुदा में नासूर। अक्सर हीपर या साइलिशिया की अपेक्षा।

माइर्टस कम्युनिस (Myrtus Communis)

(माइमर्टल)

इसकी पत्तियों में माइर्टल होता है जो तीव्र जीवाणुरोधक है। सीने का दर्द जैसा प्रायः क्षय रोग में हुआ करता है, इस औषधि का सांकेतिक लक्षण है। क्षय रोग की आरम्भिक अवस्था। स्नायु को शांत करती है, सबल बनाती है, श्लैष्मिक झिल्लियों को शक्ति प्रदान करती है। वायुनलिका प्रदाह, मूत्राशय प्रदाह और मूत्र-पिण्ड-आवरण-प्रदाह।

सीना—बायें स्तन में चिलकन दर्द जो कन्धों के डैनों तक बढ़े। (इलिसियम, थेरेडि०; पिक्स-लिक्विडा)। सूखी खोखली खाँसी, सीने में गुदगुदी के साथ। सुबह को अधिक हो। सीने की बायीं तरफ जलन।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : माइर्टस चेकन (भारी, पीला बलगम के साथ जो जल्दी जगह न छोड़े, जीर्ण वायुनलिका प्रदाह। बलगम रोगी को अधिक दुखी बनाये रखता है और वह खाँसता रहता है।)

मात्रा—३ शक्ति।

नैजा ट्रिपुडियन्स (Naja Tripudians)

(वाइरस ऑफ दी कोब्रा)

नैजा आदर्शभूत रूप से गोलाकार तन्तुओं का पक्षाघात पैदा करता है। (एल. जे. बॉयड) रक्तस्राव नहीं उत्पन्न करता; केवल शोथ उत्पन्न करता है। अतः इस सर्प द्वारा डँसे गये व्यक्ति के शरीर पर आघात का कोई बाहरी चिह्न नहीं होता, घाव के नीचे के तन्तु बैंगनी होते जाते हैं और घाव के आसपास अधिक मात्रा में गाढ़े खून की तरह तरल पदार्थ जमा हो जाता है। काटे हुए स्थान में प्रचण्ड जलन के साथ दर्द, काटने का पहला चिह्न लक्षित होता है। मनुष्य में कुछ समय तक इसके अतिरिक्त कोई दूसरा लक्षण नहीं पैदा होता, फिर अन्य लक्षण आरम्भ होते हैं। यह सम्प्राप्ति-काल प्रायः एक घण्टे का होता है। फिर एक बार आरम्भ होते ही अन्य लक्षण तीव्रता से एक के बाद दूसरे दिखाई देने लगते हैं। नशे की अवस्था हो जाती है, फिर अंग शक्तिहीन हो जाते हैं। रोगी की बोली बन्द हो जाती है, निगलना बन्द हो जाता है और होंठ की हरकत पर काबू नहीं रहता। अधिक मात्रा में लार बहने लगती है।

साँस-क्रिया धीरे-धीरे कम होने लगती है और अन्त में रुक जाती है। सारे समय चेतना बनी रहती है। यह लैकेसिस और क्रोटेलस की तरह रक्तस्राव या दूषित अवस्था की औषधि नहीं। इसका काम हृदय के चारों तरफ सीमित रहता है। हृदय कपाट के रोग। ऊपर की तरफ खून का उभरना, साँस में कष्ट, बाईं करवट न लेट सके। हृदय की पेशियों का बढ़ जाना और कपाट बाधायें। सभी अंग एक-दूसरे के पास खिंचे जान पड़ें। ठण्डक असह्य। हृदय रोग के साथ माथे और कनपटियों में दर्द। वे रोग जो मुख्यतः शरीर की गतिवाही नाड़ी-मण्डल की खराबी पर आधारित हैं। संकुचन। पेशियों का नियन्त्रण लोप हो जाना।

मन—काल्पनिक कष्टों पर सदा कुढ़ता रहे। आत्महत्या का (आरम०) पागलपन। उदास। बात करने से घृणा। अस्पष्ट बोली। शोकग्रस्त। अकेले रहने से भयभीत। पानी बरसने का भय।

सिर—मिचली और कै के साथ बायीं कनपटी और बायें नेत्र के घेरे के क्षेत्र में दर्द जो सिर के पिछले भाग तक बढ़े। सूखे स्वरयन्त्र के साथ मौसमी इनफ्लुएञ्जा। सोने के बाद दम घुटने के हमले (लैके०)। आँखें पथराई हुईं। दोनों पलकों का पक्षाघात।

कान—श्रवण भ्रम, कर्णशूल, जीर्ण कर्ण प्रदाह, काला स्राव, मिचली के पानी की तरह गन्ध।

साँस-यन्त्र—दम घुटने की संवेदना के साथ गले को पकड़ लेना। स्पर्शकातर, सूखी खाँसी जो हृदय रोग पर आधारित हो (स्पांजि०, लॉरोसिस) चमकीला श्लेष्मा और लार। शाम को दमा की तरह संकुचन। दमा जुकाम से आरम्भ हो।

दिल—ऊपरी भाग के वक्ष क्षेत्र में नीचे को खींचन और चिन्ता। दिल के ऊपर बोझ जैसा मालूम पड़े। हृदय-शूल का दर्द गरदन की जड़ तक, बायें कन्धे, कनपटी और बाँह तक बढ़े, साथ में चिन्ता और मृत्यु भय हो। हृदय लक्षण के साथ माथे और कनपटी में दर्द, नाड़ी की गति क्रम-भ्रष्ट। हृदय के पक्षाघात की संभावना, शरीर ठण्डा, नाड़ी मन्द, दुर्बल, क्रम-भ्रष्ट, तार। दिल की भीतरी झिल्ली का तीव्र और जीर्ण प्रदाह। धड़कन। हृदय क्षेत्र में चिलकन दर्द। संक्रामक रोग के बाद हृदय की बाधाएं मन्द तनाव से स्पष्ट लक्षण (इलेप्स वाइपेरा)।

स्त्री—बायीं तरफ के डिम्बाशय का स्नायुशूल, अक्सर बायीं तरफ के पेडू के दर्द में लाभदायक है, खासकर चीर-फाड़ के बाद हृदय की तरफ खिंचा जान पड़े।

नींद—बहुत भारी, लकड़ी के कुंदे की तरह पड़ा रहे, खर्राटों के साथ, जैसा कि साँप काटने से हुआ करता है।

घटना-बढ़ना—घटना : उत्तेजक वस्तुओं से। बढ़ना : खुली हवा में चलने या सवारी से।

संबंध—तुलना कीजिए : सर्प के विष साधारण तौर पर। बंगेरस फैसियेटस (लैन्डेड करैत)। यह तीव्र विष मस्तिष्क के धूसर पदार्थ का प्रदाह रोग और मेरुमज्जा प्रदाह की तरह अवस्था उत्पन्न कर देता है, लक्षणों के और तन्तु विधान विद्या के दृष्टिकोण से। लैके०, क्रोटल०; स्पाइजे०, स्पांजि०।

मात्रा ६ से ३० शक्ति।

नैफ्थेलीन (Naphthaline)

(ए केमिकल कम्पाउण्ड फ्राम कोल-टार; टार कैम्फर)

जुकाम, मौसमी इन्फ्लुएन्जा, फुफ्फुस का क्षय रोग और सुजाक भी इस औषधि के कार्य-क्षेत्र में आते हैं। मूत्र पिण्ड-आवरक झिल्ली प्रदाह। मूत्रयन्त्र की परिधि की उत्तेजना। कुकुर खाँसी।

सिर—ऐसा लेटा रहे जैसे किसी नशे की चीज से गशी आ गई हो। बेचैन, चेहरे का रङ्ग हल्का पीला।

आँखें—इसका आँखों से स्पष्ट आकर्षण है। इससे चक्षुपट का पृथक्करण होता है, चक्षुपट-चुचुकाकार में स्राव, चक्षुपट पर चकत्ते, धुँधलापन और अन्धापन बारी-बारी से। चमकती चीजें देखना। कोमल मोतियाबिन्द। चक्षुपट में रसस्राव, कृष्ण पटल और पलक में स्राव। मोतियाबिन्द। कनीनिका का धुँधलापन।

मूत्र—प्रबल वेग। मूत्र मार्ग का सिरा लाल, सूजा हुआ, लिंग के पर्दे का शोथ। एमोनिया जैसी दुर्गन्ध।

श्वास-यन्त्र—छींक, आँखें सूजी हुईं; दर्दवाली, सिर गरम। मौसमी इन्फ्लुएञ्जा; आक्षेपिक दमा; खुली हवा में कम। सीना और आमाशय दर्दवाला। कपड़ा ढीला करना पड़े। कष्टदायक और आहें भरने वाली साँस। वृद्ध लोगों में दमा के साथ वायुकोषों का फैल जाना। कुकुर खाँसी, लम्बी-लम्बी और लगातार सुरसुरी, साँस घुटे। तीव्र स्वर-यन्त्र और टेंटुआ प्रदाह। वायुनलिका प्रदाह जब आक्षेपिक लक्षण, चिमड़ा बलगम और दाब के साथ सम्बन्धित हो (कार्टियर)।

चर्म—चर्म प्रदाह, खुजलीदार पसीजन। मुँह के किनारों पर दानें और नाखूनों के चारों तरफ सुर्खी।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : ड्रोसे०; कोरैलि०; कॉक्कस०; टर्पिन०, हाइड्रे०। (कुकुर खाँसी, सूखा दमा और वायुनलिका रोग। १-२ ग्रेन की मात्रा में)।

मात्रा—३ विचूर्ण।

नारसिसस (Narcissus)

(डैफोडिल)

मिचली के लक्षण, बाद में तीव्र कै और दस्त।

डफोडिल की कली में एक विशेष प्रकार का क्षारोद रहता है जो विशेषज्ञों के कथनानुसार, अपना प्रभाव उसके निकालने की विधि के अनुसार परिवर्तित करता है, कि फूल निकलती कली से रस निकाला गया है या फूल खिल जाने के बाद। इस प्रकार से पहली अवस्था से यह क्षारोद मुँह में सूखापन को दुर्बल और मन्द करता है, आँखों की पुतली को फैलाता है, नाड़ी की गति को तेज करता है। इसके विरुद्ध फूल खिलने के बाद उसकी नीचे वाली कली से निकाला हुआ क्षारोद अधिक लार बहाता है, चर्म स्राव को अधिक करता है, आँखों को पुतली का सिकोड़ता है, नाड़ी की गति को कुछ ढीला करता है, कुछ मिचली; मूर्च्छा पैदा करता है — (दी लैंसेट)।

खाँसी और वायुनलिका प्रदाह की औषधि। लगातार खाँसी-जुकाम, माथे का दर्द। कुकुर खाँसी की आक्षेपिक अवस्था।

चम – सूखे दाने, रस दाने और मवाद्मी दानों के साथ लाल चकत्ते, तर मौसम में अधिक होना।

मात्रा—पहली शक्ति।

नैट्रम आर्सेनिकम (Natrum Arsenicum)

(आर्सेनियेट ऑफ सोडियम)

नाक के नजले की औषधि, साथ में सिर दर्द, नाक की जड़ में दर्द, सूखी, वेदनापूर्ण आँखें। अपरस (आर्से०, क्राइसोफं० एसिड; थायरॉयडि०) सात साल के ऊपर के उम्र के बच्चों का वायुनलिका प्रदाह। जुकाम को साफ करने में सहायता देती और शारीरिक शक्ति तथा भूख को कायम रखती है (कार्टियर)।

सिर—जल्दी से सिर घुमाने से ऐसा जान पड़े कि पानी पर तैर रहा है। अगले भाग में नाक की जड़ पर, आँखों के घेरे पर टीस। सिर दर्द, जो दाब और धूम्रपान से बढ़े।

नाक—पानी-सा स्राव गले से उतर आवे। बन्द मालूम हो, जड़ पर दर्द, सूखी खुरण्ड, उखाड़ने पर कच्चापन। नाक के पिछले भाग में गाढ़ा, पीला श्लेष्मा। नाक में खुरण्ड।

आँखें—नजले वाला नेत्र प्रदाह और घृणित मवादी स्राव। आँखें कमजोर मालूम दें, ढेलों में कड़ापन और पलक बन्द होने की प्रवृत्ति। भारी लगें और झपकें।

हवा में आँसू बहे। सुबह को चिपक जायें। सूखी दर्द करें, जलन, जल्दी थक जायें। पेरों के आसपास शोथ। पेरों के ऊपरी भाग में दर्द।

गला—गहरे रंग का, बैंगनी रंग की तरह, सूजन, शोथमय, लाल और चमकीला।

श्वास-यन्त्र खाँसी, जो शरीर को हिला दे, अधिक हरियाली का बलगम। सीने, हृदय क्षेत्र और स्वर-यन्त्र में दाब। खान में काम करने वालों का दमा रोग। फुफ्फुस में धुआँ घुसा मालूम हो।

अङ्ग—बाँहों में टीस, कन्धों में अधिक। गृध्रसी। जोड़ कड़े। सारे शरीर में थकावट। घुटनों के जोड़ पटपटायें।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : आर्से०; कैलि कार्बो०; एपिस०।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

नैट्रम कार्बोनिकम (Natrum Carbonicum)

(कार्बोनेट ऑफ सोडियम)

नैट्रम वंश की सभी औषधियाँ कौशिक क्रिया को बढ़ाती हैं और औषजनीकरण तथा पोषण क्रिया में सहायक होती हैं। गरमी के दिनों की अधिक गरमी के कारण आयी कमजोरी, लू लगने के जीर्ण प्रभाव, शिथिलता, रक्तहीनता, दूधिया जलयुक्त चर्म, अति दुर्बल टखने, सभी विशेष रूप से नैट्रम कार्बोनिकम की अवस्थायें हैं।

मन—विचार करने में असमर्थ, समझने की क्रिया कठिन, मन्द। मानसिक दौर्बल्य और उदासी, चिन्ता, आवाज असह्य। मौसमी परिवर्तन से सर्दी आए। बिजली-तूफान के समय चिन्तित और बेचैन, संगीत से अधिक हो (ऐम्ब्रा०)। प्रसन्नता स्पष्ट। कुछ व्यक्तियों की उपस्थिति विशेषकर असह्य।

सिर—जरा भी मानसिक परिश्रम से टीस, जो धूप से या गैस की रोशनी में काम करने से अधिक हो (ग्लोनो०)। अधिक बड़ा मालूम दे। सुनने में कष्ट हो। गरमी के दिन आते ही सिर में टिस होने लगे। धूप लगने से चक्कर आवे।

नाक—बाहरी नाक से सभी लक्षण जो दूषित वृद्धि को प्राप्त हों। दाने और फूलन। लगातार जुकाम, नाक बन्द होना। नाक का स्राव दुर्गन्धित। बाहरी नाक के अनेक रोग (कॉस्टि०)। पिछले भाग से नजला। गले से अधिक श्लेष्मा खखारना; जरा-सी बाहरी हवा से कष्ट बढ़े।

चेहरा—झुर्रियों वाला, पीले धब्बे; दाने। ऊपरी होंठ की सूजन। दर्द, साथ में आँखों और सूजे हुए होंठों के चारों तरफ नीले चक्र।

आमाशय—फूला हुआ और स्पर्शकातर मालूम दे। अधिक गरम होने के बाद ठण्डा पानी पीने का दुष्प्रभाव। जल हिचकी। ५ बजे सुबह भूख लगना। अति दुर्बल पाचन शक्ति जो जरा-सी बदपरहेजी से पैदा हो। दूध से घृणा। भोजन करने के बाद उदासी। कड़वा स्वाद। जीर्ण मंदाग्नि वाले, सदा डकार लेते रहें, अम्लपित्त और वात रोग। मन्दाग्नि थोडा विस्कुट खाने से कम हो।

आँतें—एकाएक मल-वेग हो। तेज आवाज के साथ निकले। मल में पीली चीज, नारंगी के गूदे की तरह निकले। दूध पीने से दस्त।

स्त्री—गर्भाशय की गरदन का कड़ापन। योनि घुण्डी दर्द करे। (सीपिया, म्युरेक्स०)। भारीपन, संवेदन। बैठे रहने से अधिक, हिलने-डोलने से कम रहे। मासिक-धर्म देर में, कम मात्रा में, मांस के धोवन की तरह (नाइट्रि० एसिड)। प्रदाह, स्राव घृणित, उत्तेजक, शूल के बाद।

श्वास-यन्त्र—सूखी खाँसी, बाहर से गरम कमरे में आने से उठे। बायीं तरफ के स्तन के ठंडापन के साथ खाँसी आवे।

नींद—बहुत सबेरे जाग उठे। कामोत्तेजक स्वप्न। दिन में औंघाई।

अंग—पुरानी मोच। अंगों की अधिक कमजोरी, खासकर सुबह को। टखनों का जल्द मोच खा जाना और खसक जाना। पैर पीछे मुड़ जावें। (कॉस्टि०)। हाथ-पैर की अँगुलियों के बीच में दर्द। एड़ी और पिछली मोटी नस रोगग्रस्त। हाथ का चर्म चिटका हुआ। हिलाने-से घुटनों का खोखला भाग दर्द करे। घुटनों तक बर्फीली ठंढक।

चर्म—जल्दी पसीना छूटे या सूखा, खुरखुरा, चिटका हुआ। अँगुलियों के सिरों पर केहुनी और पैरों की अँगुलियों पर दाने निकलना, रस भरे दाने; चकत्ते। शिरायें, भरी हुई। पैर के तलवे कच्चे और दर्द करें।

घटना-बढ़ना - बढ़ना : बैठने से, संगीत से, गरमी के दिनों में गरमी से, मानसिक परिश्रम से, बिजली-तूफान में। जरा भी बाहरी हवा से, मौसम के परिवर्तन से, धूप से। घटना : हरकत से, नाक या कान में अँगुली देने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : सोडिआइ बाइ कार्बोनस (मूत्र में एसीटोन की अधिकता के साथ गर्भावस्था में कै होना, पीने के लिए, पानी में १० ग्रेन मिलाकर २४ घण्टे में थोड़ा-थोड़ा पीना) नेट्र०, सल्फ०, कॉस्टि०, नैट्रम कैकोडाइल० (दुर्गन्धित साँस और मुँह से खराब गन्ध। उदर के चर्म का सूखा चर्म रोग। सांघातिक अर्बुद)। (क्षय रोग में ५ सेंटीग्राम इंजेक्शन के रूप में प्रतिदिन। रस में लाल कण दुगुना करती है। सांघातिक रोग में भी); आर्सिनैल (डिसोडियम मिथाइल आर्सेनेट) इसका परिचय एम० ए० गॉटियर ने क्षय रोग के दूसरे चरण के लिए कराया है, ४-६ सेंटिग्राम प्रतिदिन एक सप्ताह तक, फिर एक सप्ताह तक

औषधि बन्द करना। लेकिन उसकी छोटी मात्रा में भी यानी 1x से 3x तक भी लाभदायक होती है, ज्वर कम करती है, रात्रि पसीना और खून का थूक जाना बन्द हो जाता है।

क्रियानाशक। आर्स०, कैम्फो०।

मात्रा—६ शक्ति।

नैट्रम क्लोरेटम (Natrum Chloratum)

(लैबेरेक्स सोल्युशन)

जिगर रोग के साथ गर्भाशय और उसके बन्धनों के प्रदाह और ढीलापन की अवस्थाएँ। बिचले कान का जीर्ण नजला रोग, मोटा, थुलथुला शरीर। दोनों हाथ सुबह को सूजे रहें। बादी भरा। उदास, मूर्च्छा की अवस्था।

सिर—माथे के आरपार टीस के साथ चक्कर। तैरता हुआ संवेदन, मानो सिर की चाँद पानी में बह जायगी। नाक से थक्केदार खून बहे।

मुँह—जबान और गले के किनारों पर दर्द वाले स्पर्शकातर चकत्ते, मसूढ़े दर्द वाले, जबान सूजी हुई, घाव। बुरा सड़ा स्वाद। रोयेंदार जबान, बड़ी, थुलथुली, दरारेदार। खाँसी स्वरभेद के साथ।

पेट—भोजन करने के बाद औंघाई।

मूत्र—गहरे रङ्ग का, अंडलाल और थक्का के साथ। विस्तृत गुर्दा प्रदाह। पिठासे के आरपार अधिक दर्द।

स्त्री—ऐसा लगे कि बैठने पर गर्भाशय ऊपर जो ढकेल दिया गया है। (फेरम आयोडे०)। ऐसा लगे कि वह खुल रहा है और बन्द हो रहा है। गर्भाशय से प्रचण्ड रक्तस्राव। प्रदर और पीठ में दर्द। निष्क्रिय, धँसन, गर्भाशय के भारीपन से। गर्भाशय भारी हो, ढीला हो, अपनी जगह से बाहर निकलने की प्रवृत्ति। जरायु की अल्प वृद्धि।

अंग—सुबह को हाथों का सूजा रहना। टखनों और घुटनों की अधिक कमजोरी।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: ऑरम म्यूरियेटि०; नैट्रो०; कैल्के०; सीपिया, हेलियोट्रोपियम (जरायु का खसकना, तीव्र दुर्बलता, संवेदन और स्वरभेद, झिल्लीदार, कष्टदायक मासिक धर्म)।

क्रियानाशक—पल्सेटि०, गुयेकम।

मात्रा—३ शक्ति।

नैट्रम म्युरियेटिकम (Natrum Muriaticum)

(क्लोराइड ऑफ सोडियम)

बहुत दिनों तक अधिक नमक खाने से शरीर में घोर पोषण, परिवर्तन उत्पन्न कर देता है जिससे न कि केवल शरीर में अधिक नमक संचय हो जाने के लक्षण पैदा हो जाते हैं जैसे जलोदर और शोथ से विदित होता है, बल्कि रक्त में भी परिवर्तन हो जाता है और परिणामस्वरूप रक्तहीनता और रक्त में श्वेत कणों की संख्या बढ़ जाती है। तन्तुओं में दूषित पदार्थ की सञ्चयता भी होना मालूम होता है जिससे छोटे-बड़े जोड़ों का गठिया हो जाता है। परीक्षणों में ऐसे बहुत-से लक्षण मिले हैं। (डॉ० स्टानहैम)। कुछ प्रकार के सविराम ज्वर की, रक्तहीनता की, हरित् पाण्डु रोग की और पाचन-यन्त्र सम्बन्धी अनेक विकारों की और चर्म की एक शक्तिशाली औषधि है। अधिक कमजोरी जो प्रायः सुबह के समय बिस्तर छोड़ने के पहले ही जान पड़ती हो। ठण्डापन। शोथ, जो गरदन में अधिक दिखाई देता है। जुकाम होने की अधिक प्रवणता। श्लैष्मिक झिल्लियों का सूखापन। सारे शरीर में सिकुड़न की संवेदना। बहुत कमजोरी और थकावट। सभी संवेदनाओं के प्रति असहिष्णुता। गल-ग्रन्थि की अतिवृद्धि। घेघा। एक प्रकार का चर्मरोग, जिसमें एक प्रकार के विचित्र पीपल के रंग के दाने शरीर पर निकल आते हैं, साथ में बहुत सुस्ती रहती है और रक्तहीनता बढ़ती रहती है। मूत्रमेह।

मन—रोगों में मानसिक कारण, शोक, भय, क्रोध इत्यादि के आक्रमण से रोग उत्पन्न हो जाना। उदास, खासकर जीर्ण रोगों में। ढाढ़स देने से रोग बढ़े। चिड़चिड़ापन, छोटी बातों पर भड़क उठे, भद्दापन, जल्दबाज्। रोने के लिए अकेले रहना चाहे। आँसुओं के साथ हँसी।

सिर—थरथराहट। अन्धा करने वाला सिर दर्द। ऐसी टीस जैसे हजारों छोटी हथौड़ियाँ भेजे पर लग रही हैं। सुबह को जागने पर, मासिक-धर्म के बाद सूर्योदय से सूर्यास्त तक दर्द हो। सिर बहुत बड़ा मालूम पड़े, ठण्डा। स्कूली-लड़कियों का रक्तहीनताजनित सिर दर्द, स्नायविक प्रकृति, हताश, साहसहीन। जीर्ण सिर दर्द, एक तरफ का, प्रादाहिक, सूरज निकलने से डूबने तक, साथ में पीला चेहरा, मिचली, कै, सामयिक, आँखों पर जोर देने से, मासिक-कालीन। आक्रमण से पहले होठों, जबान और नाक का सुन्न होना और झुनझुनाना, सोने से कम हो। सिर का अगला छिद्र सूजा हो।

आँखें—कुचली जान पड़ें, साथ में स्कूली बच्चों का सिर दर्द। पलक भारी। पेशियाँ कमजोर और कड़ी। अक्षर गिचपिचा जायें। चिनगारियाँ झड़ती दिखाई दें। सभी चीजों के चारों तरफ चमकीली, तिरछी, टेढ़ी-मेढ़ी रोशनी दिखाई दे। आँखों

में जलन। पढ़ने या लिखने में थक जायें। आँसू-कोष पर दबाने से मवादी श्लेष्मा निकलना। आँसू बहना, जलता हुआ और काटने वाला। पलक सूजे हुए। आँखें आँसू से भीगी मालूम पड़ें। खाँसने से आँसू चेहरे के नीचे तक बहें (युफ्रे०)। आंतरिक पेशियों के ठीक काम न करने के कारण दुर्बल या कष्ट-दृष्टि (जेल्से० और क्यूप्र० एसेटि०, जब बाहरी पेशियों में खराबी हो)। नीचे देखने से आँखों में दर्द। मोतियाबिन्द की आरम्भिक अवस्था (सिकेलि०)।

कान—आवाजें, गरजन और टनटनाहट।

नाक—तीव्र बहता जुकाम, जो एक से तीन दिन तक बहे फिर नाक बन्द होने से बदल जाये। जिससे साँस लेना कठिन हो जाये। स्राव के साथ पतला पानी-सा; अण्डे की कच्ची सफेदी की तरह। तीव्र छींकें, जुकाम। उस जुकाम के लिए अक्सीर है जो छींकने के साथ आरम्भ हो। ३० शक्ति का व्यवहार करें। गंध और स्वाद लोप होना, भीतरी भाग दर्द करे। सूखा जुकाम।

चेहरा—तेल लगा जैसा, चमकदार, जैसे चरबी लगी हो। मटियाला रङ्ग। ज्वर छाले।

मुँह—जबान पर झागदार मैल, किनारों पर थूक के बुलबुले। सूखा। मसूढ़े फूले हुए। जबान, होंठों और नाक सुन्न होना, झुनझुनाना। जबान पर दाने और जलन, मानों उस पर बाल हैं, मुँह के चारों तरफ दाने और होठों पर मोती जैसे दाने निकलें। होठ और मुँह के किनारे सूखे, घाव वाले और चिटके। निचले होंठ के बीच में गहरी दरार। नक्शेदार जबान (आर्से०, रस०, टैरैक्से०) विरसता। निचले होंठ पर बड़े जल दाने जो सूजा हो और जलन हो। घोर प्यास।

आमाशय—भूख लगे, लेकिन दुबला होता जाये, खून आये (आयोड०) धड़कन के साथ गला जलना। न बुझने वाली प्यास। भोजन करते समय पसीना निकले। नमक अधिक खाने की इच्छा। रोटी से या चिकनी चीज से जैसे केकड़े की चर्बी से घृणा। आमाशय के गड्ढे में थरथराहट। हृदय परिधि के गड़न संवेदन।

उदर—उदर में कटन दर्द। तना हुआ। खाँसने पर उदर में दर्द।

गुदा—मल त्यागने के बाद जलन, दर्द और गड़न। गुदा संकुचित, फटी हुई; रक्त गिरे। कब्ज, सूखा मल, भुरभुरा (एमो० म्यूरियै०, मैग० म्यूरियै०) बिना दर्द का अधिक मात्रा में दस्त, उदर में चुटकी काटने जैसे दर्द के बाद।

मूत्र—पेशाब करने के ठीक बाद ही दर्द (सारसा०)। मात्रा में अधिक; अनैच्छिक, टहलते, खाँसते समय। अन्य व्यक्तियों की उपस्थिति में कुछ देर ठहर के पेशाब उतरे (हीप०; म्यूरि० एसिड)।

पुरुष—मैथुन के बाद भी वीर्य-स्खलन विलम्ब से, नपुंसकता।

स्त्री—मासिक-धर्म क्रमभ्रष्ट, प्रायः अधिक। योनि सूखी। प्रदर : तीखा पानी-सा। दुर्बलता का बोध, सुबह को अधिक (सीपिया)। गर्भाशय का निकलना, मूत्रमार्ग में कटन के साथ। असफल प्रसव वेदना। मासिक-धर्म का दब जाना। (बाद में कैलि कार्बो दीजिए)। मासिक काल में गरमी लगना।

श्वास-यन्त्र—पेट के गड्ढे में गुदगुदी के साथ खाँसी, साथ में जिगर में चिलक और पेशाब छलकना (कॉस्टि०, स्क्विला०)। सीने भर में चिलकन। सिर में फटन दर्द के साथ खाँसी। दम फूलना, खासकर ऊपर चढ़ते समय। (कैल्के०)। कुकुर खाँसी, खाँसते समय आँसू बहे।

दिल—तीव्र धड़कन। दिल में ठंडापन। दिल और सीना सिकुड़ा मालूम पड़े। फड़फड़ाहट, धड़कन, सविराम नाड़ी। दिल की धड़कन से सारा शरीर हिले। लेटने पर रुक-रुक कर।

अंग—पीठ में दर्द, ओठंगना चाहे (रस०, सिपिया)। प्रति हरकत रक्त की चाल बढ़ावे। हथेली गरम और पसीजती। बाहें और टाँगें तथा खासकर घुटने कमजोर। नाखून की जड़ में प्रदाह और असह्य दर्द। अँगुलियों के पास सूखापन और पटपटाहट। अँगुलियों और निचले अंगों में सुन्नपन और झुनझुनी। टखने कमजोर और आसानी से झुक जायँ। टाँग की बड़ी नस का दर्द, सिकुड़न। (कॉस्टि०)। हिलाते समय जोड़ों में चुरचुराहट। सिर, सीना और पेट के प्रदाह के साथ पैरों का ठंडापन।

नींद—दोपहर से पहले औंघाई। सोते में स्नायविक फड़कन। डाकुओं का स्वप्न देखना। शोक के कारण अनिद्रा।

चर्म—चिकना, तेल पुता-सा खासकर बालवाले स्थान पर। सूखे दाने, खासकर सिर के बालों के किनारे और जोड़ों के मोड़ों पर। ज्वर छाले। जुलपित्ती, खुजली, और जलन। पपड़ीदार दाने अंगों के मोड़ में, सिर के बालों वाले स्थान के किनारों पर, कानों के पीछे (कॉस्टि०)! हथेली पर मस्से। अकौता, कच्चा लाल और सूजा हुआ। नमक खाने से, समुद्र तट पर बढ़े। बालों की जड़ पर असर करता है। बाल झड़ना। छत्ते, परिश्रम से खुजली हो। चिकना चर्म।

ज्वर—६ बजे सुबह से ११ बजे दिन तक शीत। गरमी, अधिक प्यास, ज्वर अधिक जोर करे। ज्वर के छाले। शरीर का ठंडापन और लगातार शीत स्पष्ट रहते हैं। रक्त में जल की अधिकता, जीर्ण मलेरिया में, साथ में कमजोरी, कब्ज, भूख की कमी इत्यादि। जरा से परिश्रम से पसीना बहे।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : आवाज, संगीत, गरम कमरा, लेटने पर, करीब १० बजे दिन में, समुद्र तट पर, मानसिक परिश्रम से; ढाढ़स देने से, गरमी से, बात करने

से, घटना : खुली हवा में, ठण्डे पानी से, नहाने से, भोजन के समय के उल्लंघन करने से, दाहिनी करवट लेटने से, पीठ पर कड़ी चीज की दाब से, तंग कपड़ा पहनने से।

सम्बन्ध—पूरक : एपिस, सीपिया, इग्नै०।

तुलना कीजिए : ऐक्वा मैरिना—समुद्र का जल है जो उसके तट से कुछ मील दूर जाकर लिया गया है और कुछ गहराई से, छाना जाता है और उसमें दूनी मात्रा में स्वच्छ जल मिलाया जाता है। नशे की हालतों की तरह कंठमालिक बाधाओं की तरह, आंत्रिक प्रदाह जैसी अवस्था। यह मूल रीति से रक्त पर काम करती है। कर्कट रोग में यह नशे को मारती है। (चर्म के नीचे इन्जेक्शन द्वारा पहुँचाई जाती है और इस प्रकार से चर्म, गुर्दों और आँतों के रोग में, आमाशयिक आन्त्र रोग में, क्षय रोग में व्यवहार की जाती है); बच्चों की कंठमालीय बीमारियाँ। लसिकाग्रन्थि प्रदाह। वृक्क रोग, अकौता, संकुचित नसों का घाव। एक बड़ी "खून साफ करनेवाली और शक्तिवर्द्धक औषधि।" समुद्र जल की पोटेंसियाँ कमजोरी, प्रतिक्रिया न आने और उन सभी लक्षणों के लिए समुद्र तट पर बढ़ते हैं, हितकर है। घेघा। सैल मैरिनम सी साल्ट—ग्रन्थि की जीर्ण वृद्धि में खासकर गरदन की, यह औषधि सांकेतित होती है। ग्रन्थि में मवाद पड़ना। यह औषधि उन रोगियों के लिए जिनमें कंठमालीय विकार हो, मुख्य नहीं तो सहायक औषधिक के रूप में अति लाभदायक है। कोष्ठबद्धता में लाभदायक है। नैट्रम सैलेनिकम (स्वरयन्त्र का क्षय रोग, साथ में खूनी श्लेष्मा के छोटे टुकड़े और आवाज का कुछ भारीपन)। नैट्रम सिलिकम (रक्तस्राव की अस्वाभाविक प्रवृत्ति, कंठमालीय अस्थि रोग, वृद्धावस्था के खुजली रोग में हर तीसरे दिन शिराओं में सुई द्वारा देना चाहिये। (डॉलिकस०, फैगोपाइर०)। इग्ने; सीपिया, थूजा, ग्रैफा० एलुमि०। क्रियानाशक : आर्से०, फास०, नाट्रिस्पिरिटस डलसिस।

मात्रा—१२ से ३० शक्ति और ऊँची। कभी-कभी सबसे ऊँची शक्ति बहुत उत्तम लाभ करती है। औषधि अक्सर न दोहराइये।

नैट्रम नाइट्रिकम (Natrum Nitricum)

(नाइट्रेट ऑफ सोडियम)

प्रदाह की एक अनुभूत औषधि है। रक्त थूकना। रक्त मूत्र। प्रसवकालीन रक्तस्राव। रक्त प्रवाहिक चेचक। औंघाई। क्षय रोग के दर्द। इन्फ्लुएञ्जा। श्लैष्मिक झिल्ली से रक्त-स्राव, खासकर नाक की। पेशाब में रक्त रंजक का निकलना, पेशाब में यूरिक

एसिड की अधिकता। दमा रोग और साथ में मूत्र में ठोस पदार्थ की अधिकता। रक्तहीनता और जलाधिक्य। शिथिलता, टहलते समय कई बार आराम करना पड़े।

सिर—मन्द। मानसिक या शारीरिक काम करने की इच्छा न हो। भीतर दबाने वाला दर्द। कर्णशूल। जबड़ों की हड्डी में भीतर की तरफ दबाने वाला दर्द। नाक से खून बहना।

आमाशय—खट्टा पानी मुँह में आना। कॉफी से घृणा। वायु भरना, साथ में आमाशय के गढ़े में दाब और सीने में दर्द, हरकत से बढ़े, डकार आने से कम हो।

उदर—उदर की पेशियाँ दर्द के साथ रीढ़ की तरफ सिकुड़ी हों। तना हो। कठिन मल। जान पड़े कि अधिक भार बाहर निकलने को रह गया है।

दिल—हृदय-क्षेत्र में दर्द। नाड़ी धीमी और कोमल।

मात्रा—२ विचूर्ण।

नैट्रम फॉस्फोरिकम (Natrum Phosphoricum)

(फॉस्फेट आफ सोडियम)

नैट्रम फॉस्फोरिकम उन रोगों की औषधि जो लैक्टिक एसिड के अधिक हो जाने के कारण उत्पन्न हो जाते हैं। ये अक्सर अधिक चीनी खाने के कारण होते हैं। वे रोग जिनमें अम्ल की अधिकता हो। खट्टी डकार और खट्टा स्वाद, खट्टी कै। मुँह और जबान के पिछले ऊपरी भाग पर पीला, क्रीम के रंग जैसा मल। गले के किसी भाग की सूजन, उसमें ढोंका जैसा मालूम पड़े। वायु खट्टी डकार के साथ। कृमि लक्षण के साथ शूल। जोड़ों का पड़पड़ाना। कामला रोग (१x विचूर्ण) मूत्र में ऑक्जेलेट का अधिक मात्रा में खारिज होना।

मन—रात से जागने पर ऐसी कल्पना करे कि कमरे के सामान, कुर्सी, मेज इत्यादि जीवित व्यक्ति हैं; या वह दूसरे कमरे में पैर की आवाज सुन रहा है। भयभीत।

सिर—सुबह के समय मन्द, भरापन और थरथराहट।

आँखें—सुनहला पीला स्राव, क्रीम जैसे रंग का।

कान—एक कान लाल, गरम, अकसर खाज, आमाशयिक विकार और अम्लाधिक्य।

नाक—घृणित दुर्गन्ध। नाक खुजलाना। नासा-गलकोष का नजला, गाढ़ा, पीला, घृणित श्लेष्मा।

चेहरा—नीला, सुर्ख रंग का; पीला।

मुँह—होठों और गालों के गले-सड़े घाव। जबान के सिरे पर छाले, शाम को उनमें अकड़न हो। जबान पर पतला, तर मैल। मुँह की छत के पिछले भाग पर पीला क्रीम जैसा मल। निगलने में कष्ट। तालुमूल और कोमल तालु पर गाढ़ी क्रीम जैसी झिल्ली।

पेट—खट्टी डकार, खट्टी कै, हरियाले रंग का दस्त। मुँह में भरा खाना थूक दे।

पुरुष—बिना स्वप्न के धातु क्षीणता, पीठ में कमजोरी और अंगों के कम्प के साथ। बिना लिंगोत्तेजना के काम-इच्छा। सुजाक।

स्त्री—मासिक धर्म समय से बहुत पहले, पीला, पतला, पानी-सा योनि से तेजाबी स्राव के साथ बाँझपन। प्रदर। मलाईदार या शहद के रङ्ग का तेजाबी और पानी-सा। गर्भाशय से खट्टी गन्ध का स्राव। गर्भावस्था की कै, खट्टी कै के साथ।

अंग—घुटनों के जोड़ों का वात रोग।

पीठ—थकावट, कलाई, और अंगुलियों के जोड़ों में टीस। पैर की नसों में दर्द। सन्धि तैल विषयक वायु शब्द। वात रोग का सन्धि प्रदाह।

चर्म—पीला। कई स्थानों में खुजली, खासकर टखनों में जुलपित्ती। चिकना, लाल, चमकता। दिन में पैर बरफ जैसे ठण्डे, रात में जलें। लसिकावाहिनी ग्रंथियों की सूजन।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए **नैट्रम लैक्टिक॰** (वात रोग और गठिया, गठिया का दूषित कड़ापन, मूत्रमेह के साथ वात रोग), **नैट्रम नाइट्रोसम** (हृदय-शूल, नील रोग, गशी, रात में अधिक पतला मल, थरथराहट और भारीपन गशी की तरह अवस्था, सिर में स्नायविक दर्द, मिचली, डकार, नीले होंठ)। **नैट्रम सिलिको फ्लोरिकम-सैलुफर**-(कर्कट रोग की एक औषधि; अर्बुद, अस्थि रोग, अस्थि सड़न, नाकड़ा, बहुछिद्रास्थि में शूल। सावधानी से प्रयोग करना चाहिये), **नैट्र॰ सेलेन॰** (जीर्ण स्वर-यन्त्र प्रदाह और स्वर-यन्त्र का क्षय रोग, गाने वालों का गला बैठना, अक्सर गला साफ करने के साथ श्लेष्मा के छोटे ढोंके निकलना), **नैट्र॰ सल्फ्युरोसम** (दस्त, खमीरी मल के साथ), **नैट्र॰ सल्फो-कार्बोलि॰** (मवादयुक्त रक्त, मवादी फुफ्फुसावरण प्रदाह, ३ से ५ ग्रेन हर ३ घण्टे पर), **नैट्र॰ टेलुरिकम** (साँस में लहसुन की गन्ध, क्षय रोग का रात पसीना), **कैल्के॰, रोबिनिया, फॉस॰**। मूत्र में ऑक्जेलेट की अधिकता में १x, दिन में चार बार देने से पथरी बढ़ना रुक जाती है; ऑक्जेल ऑफ लाइम को घोल के रूप में रखती है (श्वार्ट्ज)।

मात्रा—३ से १२ विचूर्ण। कामला रोग में १x। स्थूल सिद्धान्त से, मार्फिन की आदत के लिए फॉस्फेट सोडा त्वचान्तर्गत इन्जेक्शन द्वारा डॉ॰ एम॰ जे॰ लुइस ने

प्रयोग किया। फॉस्फेट सोडा ७५ ग्रेन रोज शारीरिक आयोडिन के विष का निराकरण के लिए और इन्द्रिय ग्रंथि का विषाक्तता तथा कण्ठमाला में भी प्रयोग किया जाता है।

नैट्रम सैलिसिलिकम (Natrum Salicylicum)

(सैलिसिलेट ऑफ सोडियम)

सिर, कान, गला, गुर्दा और जिगर पर इसका विस्तृत प्रभाव है, सभी शरीर परिवर्त्तनों पर काम करती है। रक्तस्राव, खासकर नकसीर। आन्तरिक कान पर स्पष्ट काम करती है, साथ में चक्कर, बहरापन, कानों में आवाजें और अस्थि-संचार का लोप होना, इसलिये इसका उपयोग कान की खराबी से आये सिर चकराने में होता है। इन्फ्लुएन्जा के बाद शिथिलता की अवस्था में अति उत्तम औषधि है। सुस्ती, औंघाई; बेचैनी, कम्प। मनोभ्रन्श की आरम्भिक अवस्था। पित्त की मात्रा बढ़ाती है। क्षुद्र-गह्वर पूर्ण तालुमूल प्रदाह।

सिर—पूर्ण विवेक और उन्माद का बारी-बारी आना। चक्कर, जो सिर उठाने से अधिक हो। सभी चीजें दाहिनी तरफ घूमती जान पड़ें। धीमा सिर दर्द और कौतूहल। खाल पर सौत्रिक अर्बुद।

आँखें—चक्षुपट से रक्त प्रवाह, अण्ड लाल युक्त, चक्षुपट प्रदाह, रक्त स्राव के साथ। आघात के कारण उपतारा प्रदाह, संक्रमण के साथ और उससे सम्बन्धित अन्य रोग (डॉ० ग्रैबेल)।

कान—धीमी टनटनाहट। बहरापन। कान सम्बन्धी चक्कर।

सीना—कष्टदायक साँस, आवाज के साथ साँस लेना, छिछला, हाँफना, नाड़ी क्रमभ्रष्ट। स्वर की पूर्ण लोपता।

चर्म—शोथ। जुलपित्ती, लाल घेरेदार दाने। झुनझुनाना और खुजलाना। मवादी विषैले स्फोट।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये ; लोबेलिया परप्युरैसेन्स (औंघाई, चक्कर, के साथ सिर दर्द; भौंहों के बीच में, आँखें खोल न रख सके, जबान सफेद, क्रमहीन मालूम दे, हृदय और फुफ्फुस का पक्षाघात। सभी जीवन शक्तियों की शिथिलता, मृत्युतुल्य शीत बिना कम्प, उदर शूल की मन्द स्नायविक शिथिलता), गोल्थे०, चाइना। पाइरस मैलस—क्रैब ऐपल ट्री-(कान सम्बन्धी चक्कर। डॉ० कूपर)।

मात्रा—३ शक्ति।

नैट्रम सल्फ्युरिकम (Natrum Sulphuricum)

(सल्फेट ऑफ सोडियम; ग्लाबर्स साल्ट)

जिगर रोग की औषधि, खासकर उद्‌जन प्रकृति के नाम से पुकारे जाने वाले व्यक्तियों में जहाँ रोग तर मकानों में, तहखानों इत्यादि में रहने के कारण उत्पन्न होता है। सभी रोग बरसाती मौसम में या किसी रूप में पानी से बढ़ते हों। जब सूखा मौसम तर हो जाता है तो कष्ट घट जाता है; पानी के पास उत्पन्न होने वाली वनस्पति भी न खा सके। मछली भी न खा सके। गरम, सूखी हवा अच्छी मालूम दे। चिकित्सा प्रयोग से यह औषधि पृष्ठ-वंश की मज्जा के झिल्ली प्रदाह (गर्दन तोड़ बुखार) में, सिरपर चोट लगने से आए सिर के रोग में और उससे मानसिक रोग में अमूल्य सिद्ध हुई है। प्रति वसंत ऋतु में सिर रोग का वापस आना। मस्सा निकलने की प्रवृत्ति। अँगुलियों, आँखों और पैरों के रोग। जीर्ण बीमारी या गठिया (लाइको पो०)।

मन—प्रफुल्लित। संगीत उदास करे। सामयिक उन्मादाक्रमण के साथ शोक-ग्रस्त। आत्महत्या की प्रवृत्ति; संयम से काम लेना पड़े। किसी बात पर सोच न सके। बात करने या दूसरों की बात सुनने से घृणा।

सिर—पिछले भाग का दर्द। कानों में कोंचन, चिलक। चक्कर, सिर पर पसीना होने से कम हो। खाँसते समय फटन मालूम दे। चाँद पर गरमी लगना। दाहिनी कनपटी में छेदन, पेट में जलन के बाद। गिरने या सिर की चोट का बुरा असर और उसके कारण आयी मानसिक बाधाएँ। बहते हुए पानी का स्वप्न देखना।

कान—गड़न के साथ दर्द, कान का दर्द, तर मौसम में बिजली की तरह कड़कन हो।

नाक—नाक बहना, गाढ़ा, पीला स्राव और नमकीन श्लेष्मा। जुकाम। नकसीर। बहुछिद्रास्थि प्रदाह।

आँखें—पुतली पीली। रोहा। प्रकाशातंक (ग्रैफाइटिस)।

मुँह—चिकना गाढ़ा, लसीला, सफेद बलगम (श्लेष्मा), कड़वा स्वाद तालु पर छाले।

गला—पिछले भाग से गाढ़ा, पीला श्लेष्मा गिरे।

पेट—खट्टी कै, जबान पर बादामी कड़वा मैल; चेहरा पीला, ठण्डी चीज की प्यास, पित्त की कै, तेजाबी मन्दाग्नि, गला जले और वायु के साथ।

उदर—ग्रहणी कला का नजला, जिगर प्रदाह, पीलिया रोग और पित्त की कै, जिगर छूने से दर्द करे, तेज चुभन, दर्द, कसा कपड़ा कमर पर सहन न हो। बाँयीं

करवट लेटने से दर्द बढ़े। पेट में वायु भरना। ऊर्ध्वांग भी। बृहद आँतों में वायु संचित हो, नाश्ते से पहले अधिक। उदर और गुहा में जलन होना कुचलने जैसा दर्द और पाखाना मालूम देना। पीला दस्त, पानी-सा मल प्रातःकालीन पतला मल; तर मौसम के बाद अधिक। अनैच्छिक मल त्यागना, वायु-स्खलन के साथ। बड़े आकार का मल।

मूत्र—पित्त से लदा हुआ। ईंट की बुकनी जैसी तलछट। अधिक मात्रा में बहुमूत्र।

स्त्री—मासिक कालीन नकसीर, तेजाबी और मात्रा में अधिक हो। मासिक-काल में टेढुओं में जलन। दाद जैसी योनि खाज। प्रदर : हरा-पीला। सुजाक के बाद। आवाज भारी होने के साथ प्रदर रोग।

पुरुष—उपदंशीय रेशे, मुलायम मांसार्बुद, हरा स्राव। सुजाक, गाढ़ा, हरा स्राव, दर्द कम।

साँस-यन्त्र—कष्टदायक साँस, तर मौसम में। खाँसते समय सीना पकड़ना आवश्यक; तर दमा, सीने में खड़खड़ाहट, ४ और ५ बजे सुबह। खाँसी में गाढ़ा, लसदार, हरा बलगम आए। सीने में थकावट। लम्बी साँस लेने की बराबर इच्छा। बच्चों का दमा, जब शारीरिक रचना मिलती हो। फुफ्फुस में जब जल्द प्रदाह नाश न हो। खाँसी से इतना कष्ट कि बिस्तर पर से उछल पड़े। दर्द वाली जगह थाम ले। ब्रायो०। बिचले बायें सीने के आरपार दर्द। सर्दी का हर एक आक्रमण दमा रोग उत्पन्न करे।

पीठ—कपड़ा उतारते समय खुजली आए। गरदन के पीछे और मस्तिष्क की जड़ में तीव्र दर्द। कन्धों से डैनों के बीच में गड़न दर्द। पृष्ठ-वंश की मज्जा की झिल्ली का प्रदाह। पीछे की ओर वक्रता।

अंग—कक्षीय ग्रन्थियों की सूजन। नाखूनों की जड़ के चारों तरफ सूजन। तलवों में जलन, पैरों में शोथ, पैर की अँगुलियों के बीच में खुजली। गठिया। अंगों में दर्द, अक्सर आसन बदलना पड़े। चारों तरफ घूमे। कटि संधि में दर्द, बाँयीं तरफ अधिक, झुकने से बढ़े। घुटनों का कड़ापन। जोड़ों का चुरचुराना। वातरोग जो तर, ठण्डे मौसम में अधिक हो।

चर्म—कपड़ा उतारते समय खुजली। पीला, पानी भरा छाला। सुजाक के उपद्रव, मस्से की तरह लाल गुल्म सारे शरीर पर।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : संगीत (उदासी लावे), बाँयीं करवट लेटने से, तह-खाने की तरी, तर मौसम। **घटना :** सूखा मौसम, दाब, आसन बदलना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : नैट्रम सक्सिनेट ५ ग्रेन हर ३ घण्टे पर। (नजला वाला कामला रोग)। **मलेरिया ऑफिसिनेलिस**—सड़ी हुई वनस्पति-(मलेरिया के

पराग पुष्ट जीवाणु को लोप करने की स्पष्ट शक्ति रखती है। मलेरिया सम्बन्ध धातु विकार। शारीरिक दौर्बल्य और रुकावट। प्लीहा रोग। मलेरिया और वात रोग। जिगर की क्रिया भ्रष्ट। ६ शक्ति और उससे ऊँची शक्ति), नेट्रम कोलेइनिकम—फेल टोरी डेपुरेटम–(कब्ज, जीर्ण पक्वाशयिक और आंत्रिक नजला, जिगर का कड़ापन, गरदन की धड़ में दर्द, भोजन करने के बाद सोने की प्रवृत्ति, अधिक वायु स्खलन, जलोदर), मोमोर्डिका बैल्सैम ऐपल–(शूल, दर्दीला मासिक-धर्म, हाथ में खून का फलक कर निकलना), पल्मो वल्पिस–उल्फ्स लंग (लगातार साँस का छोटापन जिसे जरा-सी हरकत पर दमा का दौरा शुरू हो जाये। प्रबल, आवाजदार, बुल्बुल-सी करने वाली आवाज। १x विचूर्ण), पीउसम बोल्डस बोल्डो—(पेट और पाचन-मार्ग की कमजोरी, मलेरिया के बाद जिगर बाधायें। जिगर क्षेत्र और पेट में जलन, बोझ, कड़वा स्वाद, सुस्ती, जिगर के फोड़े, दमा, वायु नलिका प्रदाह, जुकाम, फुफ्फुस का शोथ), नैट्रम आयोडेट० (वात सम्बन्धी हृदय-अन्तर्वेष्ट झिल्ली प्रदाह की सम्भावना, जीर्ण वायु नलिका प्रदाह, वात और उपदंश का तीसरा चरण (अस्थि विकार)। जुकामी रोग, धमनी प्राचीर का कड़ापन। इस स्थान पर कई लक्षण जैसे हृदय शूल, चक्कर, कष्टदायक सांस, सभी ५-१० ग्रेन, दिन में ३ बार लगातार देने से कम हो जाते हैं), नैट्रम हाइपोसल्फ्यु० (ताँबे के रङ्ग जैसे धब्बे, लगाने और खाने को), सल्फ० थूजा, मर्क०, स्टिलिञ्जिया।

पूरक : आर्से०; थूजा।

मात्रा—१ से १२ विचूर्ण।

निकोलम (Niccolum)

(मेटलिक निकेल)

दुर्बल या क्षीण अथवा वेदनादायक दृष्टि। दुर्बल पाचन, कब्ज के साथ स्नायविक सिर दर्द के सामयिक हमले। नजला। दुर्बलकाय, स्नायविक, अध्ययन करने वाले लोगों के अनुकूल है; साथ में अक्सर सिर दर्द आना। मन्दाग्नि और कब्ज।

सिर—सिर को हिलाने से मेरुदण्ड के ऊपरी कशेरुकाओं में चुरचुराहट। चाँद पर कील ठोंकने जैसा दर्द। सुबह का चाँद पर दाब दोपहर तक रहे; गरम कमरे में अधिक। चिलकन। चीजें बहुत बड़ी जान पड़ें। अधकपारी पहले बाँयीं तरफ आए। ऊपरी होंठ का फड़कना।

नाक—तीव्र छींके, बन्द होना। नजला, नाक के सिरे की लाली और सूजन के साथ। नाक की जड़ पर तीव्र दर्द जो कनपटी से होते हुए चाँद पर जाये।

गला—दर्द करे, दाहिनी तरफ, अधिक कोमलपन के साथ, बाहर से छूने पर दर्द करे। दम घुटने का संवेदन।

आमाशय—उदरार्द्ध प्रदेश में कर्महीनता, खालीपन, बिना भोजन की इच्छा के। तीव्र आमाशयिक शूल जो कन्धे तक बढ़े। प्यास और तीव्र हिचकी। चबाने वाले दाँत से खट्टा, घृणित स्राव निकले। दूध पीने के बाद दस्त, कूँथन।

स्त्री—मासिक-धर्म देर में, थोड़ा, अधिक कमजोरी और आँखों में जलन के साथ। अधिक प्रदर, पेशाब करने के बाद अधिक हो। (मैग० म्यूर०; प्लैटि०) और मासिक-धर्म के बाद भी।

साँस यन्त्र—आवाज भारी। सूखी, कष्टकर खाँसी, सीने में चिलकन के साथ। बैठने को और सिर को पकड़ने को बाध्य हो। खाँसते समय जाँघों पर हाथ धरे।

चर्म—सारे शरीर पर खुजली, गरदन पर अधिक, खुजलाने से कम न हो।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना** : निश्चित समय पर, हर दो हफ्ते पर, साल भर बाद, दोपहर से पहले। **घटना** : शाम को।

मात्रा—३ विचूर्ण।

निकोलम सल्फ्युरिकम (Niccolum Sulphuricum)

(सल्फेट ऑफ निकेल)

वयःसन्धिकाल की बाधाओं के लिए लाभदायक। मलेरियाजनित स्नायु शूल। मूत्र और लार अधिक। कसैला स्वाद। कमजोर, दुर्बल दृष्टिवाले शिक्षित लोग जिनकी पाचन शक्ति दुर्बल हो और कब्ज हो, सुबह को कष्ट अधिक हो और सामयिक सिर दर्द और आवाज भारी हो।

सिर—स्नायविक, अशान्त, ओठँगने की इच्छा, थका, किसी काम को लग कर न कर सके। सामयिक सिर दर्द, पिछले भग्ग का दर्द, रीढ़ तक बढ़े, पीठ के बल लेटने पर अधिक हो, आँखों में चोटीला दर्द।

पीठ—तनी, सुन्न संवेदन, गरदन में अधिक। रीढ़ की हड्डी दर्दीली। तलवों की जलन के साथ सुबह जाग उठे। रीढ़ का दर्द, टाँगें और बाँहें भारी और कमजोर, चित् न लेट सके।

स्त्री—डिम्बाशय में मन्द टीस, साथ में मासिक धर्म शुरू होने की संवेदना। गरम लहरें, बाद में दो भागों के मिलने के स्थान में पसीना, अलग करने पर पसीना सूखे।

मात्रा—२ विचूर्ण।

नाइट्रिकम एसिडम (Nitricum Acidum)

(नाइट्रिक एसिड)

यह औषधि अपने प्रभाव विशेष के लिए उन स्थानों को चुनती है जहाँ श्लैष्मिक झिल्ली चर्म से मिलती है। ये स्थान खपच्ची गड़ने की तरह दर्द करते हैं। गड़न दर्द गाड़ी में सवारी करने से सभी लक्षण कम हो जाते हैं। गहरे रङ्ग वाले, अधेड़ लोगों पर अच्छा काम करती है। पारा के दुरुपयोग के बाद उपदंश रोग में लाभकारी है। दर्द तेजी से शुरू हो और गायब हो जाये (बेला०) उदजनक प्रकृति वाले, सुजाक की औषधि।

मुँह, जबान, जननेन्द्रिय पर छाले और घाव, सरलता से खून बहे। दरारें, मल-त्याग काल में दर्द, मानो गुदा फट गई है। सभी स्राव अति घृणित, खासकर मूत्र, मल और पसीना। जीर्ण रोग वाले लोग जिन्हें जुकाम जल्दी-जल्दी हुआ करे और दस्त की प्रवृत्ति हो। अति शारीरिक उत्तेजना। शरीर-पोषण विकार जो उपदंश, कण्ठमालिक बाधा, जिगर वृद्धि और रक्तहीनता के साथ सविराम ज्वर इत्यादि के कारण हुआ हो। पथरी रोग, सन्धिप्रदाह। श्लैष्मिक झिल्ली खुर्चवाने के बाद महीन रक्त नलिकाओं से रक्त-स्राव।

मन चिड़चिड़ा, घृणा करना, बदला लेना चाहे, हठी, निराश, उदासीन। आवाज से, छूने और झटके से घबराये। मृत्यु-भय।

सिर सिर के चारों तरफ फीता कसा जैसा मालूम हो। टोपी के दाब से सिर दर्द हो, भरापन, सड़क की आवाज से अधिक हो। बाल गिरें। खोपड़ी की खाल स्पर्शकातर।

कान—सुनना कठिन, गाड़ी या ट्रेन की सवारी में कठिनाई कम हो। आवाज से बहुत घबराये, जैसे खड़न्जे की सड़क पर गाड़ी की खड़खड़ाहट। (कॉफि०, नक्स०)। चबाते समय कानों में चुरचुराहट।

आँखें—द्वि-दृष्टि, तेज, गड़न, दर्द। कनीनिका का पकना। सुजाकी नेत्र प्रदाह, प्रकाशातंक, लगातार आँसू बहना। उपदंशीय उपतारा प्रदाह।

नाक—पीनस रोग। हर सुबह को नाक से हरी गुठलियाँ गिरें। जुकाम, नथनों में छटपटाहट और खून बहने के साथ। सिरा लाल। नाक में खपची जैसी गड़न। चुचुकाकार का सड़ना। नकसीर, सीना रोग के साथ। जीर्ण नाक बहना, पीला, घृणित, छीजन वाला स्राव, नासा-झिल्ली प्रदाह, पानी-सा और अति छिलन पैदा करने वाला स्राव।

मुँह—घृणित साँस। लार बहना। मसूढ़ों से खून जाना। जबान के किनारों पर दाद के दाने। जबान साफ लाल और तर, बीच में दरारों के साथ। दाँत ढीले

हो जायें, मसूढ़े कोमल स्पन्ज की तरह। कोमल तालु में घाव तेज सड़न के साथ दर्द। लार बहना और बदबूदार साँस। खूनी लार।

गला—सूखा। कानों में दर्द। बराबर बलगम खखारा करे। सफेद धब्बे, और नोकीले बिन्दु, जैसे खपाची रखी है, निगलने में दर्द हो।

आमाशय—अधिक भूख, मीठे स्वाद के साथ। न पच सकने वाली चीजों, जैसे खड़िया, मिट्टी इत्यादि की इच्छा। हृदय छिद्र में दर्द। मंदाग्नि, साथ में पेशाब में अधिक आक्जैलिक एसिड, यूरिक एसिड और फॉस्फेट जाना तथा अधिक उदासी। चर्बी और नमक से प्रेम (सल्फ)।

उदर—बहुत ऐंठन, मगर मल थोड़ा ही निकले। मलाशय फटा मालूम पड़े। आँतों में कब्ज, मलाशय में दरारें। मल त्यागने में फटन। मल त्यागने के बाद तीव्र कटन दर्द जो कई घण्टों तक रहे (रैटानहिया)। आँतों से रक्तस्राव अधिक, चमकीला। काँच निकलना। बवासीर से जल्दी खून बहे। दस्त, चिकना, घृणित। मल त्यागने के बाद चिड़चिड़ापन और शिथिलता आए। शूल कपड़ा कसकर पहनने से कम हो। कामला रोग, जिगर में टीस।

मूत्र—थोड़ा, गहरे रंग का, घृणित। घोड़े के पेशाब की तरह गन्ध करे। पेशाब करने पर ठण्डा। जलन और कड़कन। मूत्र खूनी और सांडलाल। पुराने मूत्र-ग्रन्थि के रोगियों में कभी धुँधला, सांडलाल मूत्र और कभी अधिक साफ मूत्र, बारी-बारी से।

पुरुष—लिंगमुण्ड (सुपारी) और उसके पर्दे में दर्द और जलन। घाव, जलन चुभन, घृणित स्राव निकलना।

स्त्री—बाहरी भाग दर्द करे, घावयुक्त। (हीपर०; मर्क०; थूजा०;)। प्रदर, भूरा, मांस के रंग का, पानी-सा या रेशेदार; घृणित। जननेन्द्रिय के बाल झड़ें। (नैट्रम म्यूर०; जिंक०)। गर्भाशय से रक्त स्राव। मासिक-धर्म के समय से पहले अधिक, कीचड़ के पानी की तरह; साथ में पीठ, कूल्हा और जाँघ में दर्द, योनि के आरपार चिलक। प्रसव के बाद गर्भाशय से अधिक रक्तस्राव।

साँस-यन्त्र—आवाज फटी हुई; स्वर-भेद, साथ में सूखी, कष्टकर खाँसी जो स्वर-यन्त्र और पेट के गढ़े में गुदगुदी के साथ उठे। वक्षास्थि की निचली तरफ दर्द। ऊपर चढ़ते समय साँस फूलना (आर्स०; कैल्के०)। सोते में खाँसी (कैमो०)।

अंग—घृणित पैर-पसीना, जो अँगुलियों में छरछराहट पैदा करे, गड़न दर्द के साथ; पैर की अँगुलियों पर बेवाई फटना। हथेली और हाथों पर पसीना, ठंडे, नीले नाखून। रात में काँखों में पसीना।

चर्म—मस्से, बड़े और दरारेदार, धोने पर खून बहे। घाव, सरलता से खून बहे, उत्तेजनीय, खपच्ची जैसा दर्द, टेढ़े-मेढ़े किनारे, तला कच्चा, मांस जैसा दिखाई पड़े। अधिक मांसांकुर। चेहरे पर काले, महीन-छिद्र, माथे पर अधिक दाने।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : शाम को और रात में, ठंडे मौसम में, और गरमी में। भी। घटना : गाड़ी की सवारी करते समय (विरुद्ध; काकुलस०)।

सम्बन्ध—पूरक : आर्से०; कैलेंडि०; लैक कैना०, सीपिया। विरुद्ध, लैक।

तुलना कीजिए : मर्क०; कैलि कार्बो० थूजा, हीपर०, कैल्के०।

मात्र—६ शक्ति। नाइट्रिक एसिड के रोगी को, जब अच्छा होने लगता तो चर्म लक्षण दिखाई देने लगते हैं, यह अच्छा चिह्न है।

नाइट्रि स्पिरिटस डल्सिस (Nitri Spiritus Dulcis)

(स्वीट स्पिरिट्स ऑफ नाइटर)

मन्द ज्वर में, जब गशी की अवस्था हो, संवेदन शक्ति का अभाव, रोगी को जगाना कठिन, यह अवस्था इस औषधि से ठीक होती है। सूखा चर्म, मिचली, वादी। नमकीन स्वाद। अधिक नमक खाने से आये उपद्रव (आर्से०, फॉस०)। तूफानी मौसम में जुकाम हो। अरुण ज्वर के बाद तीव्र गुर्दा प्रदाह। शोथ। पेशाब बढ़ाने वाली उत्तम औषधि।

चेहरा—मुखमण्डल का स्नायुशूल, आलोकातंक साथ। गालों में जलन और कै, बाद में सुस्ती। मुखास्थि में छेद होने जैसा दर्द और जबड़ों के कोणों में। ठण्डक सहन न हो।

साँस यन्त्र—थोड़ा भी टहलने पर बहुत तेज साँस चलना। वक्षास्थि के नीचे दर्द, संकुचन।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : मानसिक अशान्ति से, जाड़े और वसन्त में।

सम्बन्ध—डिजिटैलिस की क्रिया बढ़ाती है।

तुलना कीजिए—फॉस० एसिड, लाइको पो०।

मात्रा—पानी में शुद्ध स्पिरिट की कुछ बूँदें घोल कर हर २ या ३ घण्टे पर एक मात्रा दें।

नाइट्रो म्युरियेटिक (Nitro Muriatic Acid)

(ऐक्वा रीजिया)

मूत्र में ऑक्जेलेट की अधिकता के लिए प्रायः अकसीर है। अपरस की तरह चर्म लक्षण के कष्ट को हरती है। ३ से ५ बूँद दिन में ३ बार। पित्त के विकार;

जिगर प्रदाह, जिगर की सुस्ती, जिगर का क्षय। खासतौर से जिगर की उस प्रदाहिक मन्दता और आमाशय नजले में हितकर है जो गरम और तर वातावरण में प्रायः होते हैं और जो मांस और मदिरा से बढ़ते हैं तथा (हेल)। गुदा संकुचित। शर्कराश्मरी (पेशाब में रेत आना)।

मुँह— मसूढ़े से सरलतापूर्वक खून बहना। मुँह में पानी भरना। रात में बराबर लार बहा करे (मर्क०)। मुख-क्षत, मुँह में भीतरी भाग में और जबान पर छोटे, छिछले घाव। कसैला स्वाद। (क्युप्रम मेट०)।

आमाशय—खट्टी डकारें, पेट में खालीपन और भूख की संवेदना के साथ, खाने से कम हो। लार बहना, रात में अधिक।

मल—कब्ज, असफल वेग। गुदा संकोचक पेशियाँ सिकुड़ी हो। गुदा तर और दर्द करे।

मूत्र—गँदला, मूत्र मार्ग में जलन, ऑक्जेलिक अम्ल की अधिकता।

मात्रा—५ से १० बूँद पानी में मिलाकर।

न्युफार ल्युटिम (Nuphar Luteum)

(यलो पाड लिली)

स्नायविक दौर्बल्य उत्पन्न करती है, जननेन्द्रिय पर स्पष्ट प्रभाव है।

पुरुष—मैथुन इच्छा का पूर्ण अभाव, जननेन्द्रिय ढीली, लिंग सिकुड़ा हुआ। नपुंसकता, मलत्याग के समय, पेशाब करते समय वीर्य स्खलन। धातुक्षीणता। अण्ड और लिंग में दर्द।

मल—आंत्र शूल। पीला दस्त, सुबह को अधिक। आंत्र ज्वर में अतिसार।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए—जननेन्द्रिय दौर्बल्य में : एग्नस०, कैलि ब्रोमे०; लाइको०; सेलेनि०; योहिम्बिन०। अतिसार में। चेलिडो०, गैम्बो०; सल्फ०; निम्फिया आडोरेटा, स्वीट वाटर लिली-(प्रातःकालीन अतिसार, पीठ दर्द), प्रखर स्राव तीक्ष्ण, घृणित स्राव, वायुनलिका से अधिक स्राव, घाव युक्त गलप्रदाह।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति।

नक्स मॉस्केटा (Nux Moschata)

(नटमेग)

हृदय-गति के रुकने के साथ गशी के आक्रमण की स्पष्ट प्रवृत्ति। श्लैष्मिक झिल्लियाँ और चर्म अति सूखे। विचित्र भाव, अति प्रबल औंघाई के साथ। मूत्र

में नीलांश का प्राप्त होना। तीव्र रोगाक्रान्त के समय साधारणतया गशी आने की प्रवृत्ति। शोकाक्रमण, घोर उदासी, (इग्नेशिया)। टहलने की चेष्टा में लड़खड़ाना।

मन—परिवर्तनशीलता; हँसना और रोना। मानसिक गड़बड़ी, कमजोर स्मरण-शक्ति। चकित भाव जैसे स्वप्न देख रहा हो। सोचती है कि उसके दो सिर हैं।

सिर—खुली हवा में चलने से चक्कर आवे, जरा-सा अधिक खाने पर टीस। औंघाई के साथ सिर बढ़ा हुआ मालूम दे। सिर में टपकन। सिर में पटपटाहट का संवेदन। खुली हवा में असह्य। फटन जैसा सिर दर्द; कस कर दबाने से कम हो।

आँख—चीजें बड़ी दिखाई दें; बहुत दूर या गायब हो जायें। आँखों के आगे तिल। चक्षुतारा का प्रसार।

नाक—गन्ध असह्य, नकसीर, काला खून, सूखी, बन्द।

मुँह—बहुत सूखा। जबान मुँह की छत पर चिपकी रहे, लेकिन पानी की इच्छा न हो। रुई की तरह लार। (बर्बे०)। गर्भावस्था में दाँत दर्द। जबान सुन्न, पक्षाघातग्रस्त। गले का सूखापन।

आमाशय—अधिक अफरा। अफरा के साथ अनपच। हिचकी और बहुत मसालेदार भोजन की इच्छा। गठिया। जोड़ों को छोड़कर आमाशय को आक्रान्त करे।

उदर—आँतों में पक्षाघात जैसी कमजोरी। प्रचण्ड अफरा। मल मुलायम, मगर बाहर न निकाल सके, बहुत काँखने पर भी बाहर न निकले (एल्युमिना)। मलत्याग काल में या उसके बाद गशी आए। बवासीर बाहर निकलना।

स्त्री—गर्भाशय से रक्त। मासिक-धर्म देर तक रहे, गहरे रंग का, गाढ़ा। प्रदर कीचड़ जैसा, खूनी। मासिक धर्म का दब जाना, साथ में लगातार गशी के हमले और अनिद्रा। (कैलि कार्बो०)। मासिक धर्म परिवर्तनशील, समय और मात्रा दोनों क्रम-भ्रष्ट।

साँस-यन्त्र—हवा के विरुद्ध चलने से स्वरभेद हो (हीपर)। बिस्तर में गरम होने के बाद खाँसी आना।

दिल—कम्प, फड़फड़ाहट। ऐसा संवेदन कि किसी ने दिल को पकड़ लिया है। धड़कन, नाड़ी रुक-रुक कर चले।

अंग—दाहिने कूल्हे में से घुटने तक दर्द जो हरकत से बढ़े, खासकर ऊपर चढ़ते समय। पैर भीगने से वात दर्द, बाहरी हवा से भी। सूखा, गरम कपड़ा वात का दर्द कम करे। जरा से परिश्रम से थकावट आए।

नींद—बहुत औंघाई (.इण्डॉल)। रोगजनित अनिद्रा। मृत्युमूर्च्छा।

ज्वर—बायें हाथ से शीत शुरू हो। (कार्बो०)। शीत और गरमी बिना प्यास, पसीने का अभाव। चर्म और आन्तरिक भाग सूखे; आँखें: नाक, होंठ, मुँह, जबान, गला इत्यादि सभी सूखे।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : ठंडी, तर हवा, ठंडा भोजन, ठण्डे पानी से नहाना, दर्दवाली करवट लेटना, हरकत, झटका। घटना : सेंकना, सूखा मौसम।

सम्बन्ध—ओलियम माइरिस्टिका—आयल ऑफ नटमेग—(फुड़िया, अंगुलबेड़ा, विषैले घाव, सभी में यह औषधि २X में प्रयोग की जाती है); **ओरनिथोगैलम** (वादी, निचले सीने के आरपार उत्तेजना का संवेदन, जब बिस्तर में करवट बदले तो उसे ऐसा मालूम हो कि एक पानी भरा थैला भी साथ में घूम गया है। आमाशयिक घाव और कर्कट।) माइरिस्टिका सेबिफेरा। श्लेष्मायुक्त सूजन, जल्द मवाद बनाती है, शक्तिवान कीटाणुनाशक। सभी तन्तुओं के पकने की प्रवृत्ति। हीपर और साइलीशिया से अधिक शक्तिशाली बताई जाती है।

तुलना कीजिए। नक्स वो०, पल्से०, रस०, इग्ने०, एसाफि०।

क्रियानाशक—कैम्फो०, जेल्से०, वैलेरि०।

मात्रा—१ से ६ शक्ति।

नक्सवोमिका (Nux Vomica)

(पायजन-नट)

यह सबमें बड़ी बहुलक्षणीय औषधि है, क्योंकि इसके अधिकांश लक्षण शरीर के अनेक साधारण रोगों से मिलते हैं जो सदा होते रहते हैं। अन्य औषधियों के अधिक निष्फल प्रयोग के बाद यह प्रायः पहली औषधि है जो शरीर में संतुलन स्थापित करती है और जीर्ण दुष्प्रभावों का नाश करती है।

नक्स—आधुनिक जीवन की अनेक बाधाओं के लिए उत्तम औषधि है। नक्स का आदर्श रोगी दुर्बल-पतला, तेज, फुर्तीला, स्नायविक और चिड़चिड़ा होता है। यह अधिक मानसिक काम करता है, मानसिक परिश्रम से लदा रहता है, अधिक व्यायाम नहीं करता, बैठा ही रह कर सब काम करता है, देर तक दफ्फर में काम किया करता है, अध्ययन में अत्यधिक समय व्यतीत करता है, काम-काज में लीन रहता है, वह घरेलू जीवन और मानसिक परिश्रम के लिए स्फूर्तिदायक पदार्थ चाहता है; जैसे—कॉफी, मदिरा प्रायः अधिक मात्रा में। या तो वह अपनी उत्तेजना को तम्बाकू के शान्तिप्रद प्रभाव से शान्त करता है, या अफीम इत्यादि का शिकार बन जाता है। इन वस्तुओं के साथ और भी चेष्टाएँ बढ़ जाती हैं। भोजन के समय

मसालेदार और उत्तेजक चीजों की इच्छा, मदिरा और सुन्दरी इसमें मुख्य काम करती हैं; ताकि वह व्यावसायिक चिन्ता को भूल जाये। देर तक जागना। इसका परिणाम होता है सिर में मंदता, मन्दाग्नि, चिड़चिड़ापन। ये सभी दूसरे दिन के लिए उपस्थित हो जाते हैं। अब वह मल-उत्सर्जक के रूप में कोई चीज लेने लगता है, जिगर की टिकियाँ, खनिज जल और जल्द ही इन चीजों की आदत पड़ जाती है और ये उसके शरीर को और भी जटिल बना देती हैं। चूँकि ये सब जीवन की हानिकारक क्रियाएँ स्त्रियों की अपेक्षा पुरुषों में अधिकांश पायी जाती हैं इसलिए नक्स प्रायः पुरुषों की औषधि कहलाती है। इस प्रकार के जीवन से चिड़चिड़ापन और स्नायविकता उत्पन्न होती है, अति उत्तेजनीयता और सवेदनीयता: जो नक्स के व्यवहार से बहुत कुछ शान्त होगी। खासकर पाचन की गड़बड़ी, यकृत शिरा सम्बन्धी रक्ताधिक्य और उसपर निर्धारित विषाद। चेतनायुक्त आक्षेप, स्पर्श से, रहकत से अधिक। ईर्ष्यालु; उत्तेजित प्रकृति। नक्स के रोगी को जल्दी सर्दी लग जाती है, खुली हवा इत्यादि से घृणा करते हैं। नक्स सदा बदमिजाज रहता है, बेताल, आक्षेपिक क्रिया।

मन—अति चिड़चिड़ा, सभी संवेदनाओं से अति प्रभावित। भद्दा दुष्ट। आवाज, गन्ध, प्रकाश इत्यादि सहन न हो। स्पर्श से घृणा। समय धीरे व्यतीत हो। जरा-सा रोग अधिक कष्ट दे। दूसरों को धिक्कारने की प्रवृत्ति। उद्विग्न, कसूर निकालना।

सिर—सिर के पिछले भाग में या आँखों के ऊपर दर्द, साथ में चक्कर, मस्तिष्क चक्कर खाता जान पड़े। प्रचण्ड उत्तेजना। क्षणिक अचेतनता के साथ चक्कर आना; नशे की अवस्था, सुबह को, मानसिक परिश्रम से, तम्बाकू, मदिरा, कॉफी, खुली हवा से बढ़ना। चाँद पर दाब, कील ठोंकने की तरह। सुबह को और भोजन करने के बाद चक्कर आना। सिर की खाल कोमल। सिर में दर्द, सिर को किसी कड़ी चीज से दबाने की इच्छा के साथ प्रदाहिक सिर दर्द, जो बवासीर से सम्बन्धित हो धूप में सिर दर्द करे (ग्लोनो०, नैट कार्बो०)। मैथुन के बाद सिर फैला हुआ और सन्तापपूर्ण मालूम हो।

आँखें—प्रकाशातंक, सुबह को अधिक। भीतरी किनारों में छरछराहट, सूखने का संवेदन, घेरों के निचले भाग में स्नायुशूल, आँखों से पानी बहने के साथ। नशीली चीजों की आदत के कारण दृष्टि स्नायु की क्षीणता, दृष्टि-पेशियों का आंशिक पक्षाघात, तम्बाकू या अन्य उत्तेजक वस्तुओं से अधिक हो। घेरों की फड़कन, जो सिर के पिछले भाग तक फैले। दृष्टि-नाड़ी प्रदाह।

कान—कण्ठकर्णी नली में से कानों में खुजली। कान की नली सूखी और उत्तेजित। कर्ण शूल, बिस्तर में अधिक हो। कर्ण-स्नायु की अधिक उत्तेजना, जो की आवाज दर्दवाली मालूम दे और क्रोधित करे।

नाक—ठसी मालूम दे, खासकर रात में। बन्द जुकाम, नाक से साँस न आए, सूखे, ठण्डे वातावरण में, गरम कमरे में अधिक हो। गन्ध से गशी की सम्भावना। जुकाम, दिन में बढ़े, रात में और बाहर जाने के बाद बन्द हो या एक से दूसरे नथनों में बदला करे। सुबह को नकसीर आए। (ब्रायो०) तेजाबी स्राव, लेकिन नाक बन्द रहे।

मुँह—जबड़े सिकुड़े हुए। छोटे मुखक्षत, खूनी लार के साथ। जबान का पहला आधा भाग साफ, पिछला आधा भाग गहरे मैल से ढँका हो, सफेद पीला चिटके किनारे। दाँतों में दर्द ठण्डी चीज से बढ़े। मसूढ़े सूजे हुए सफेद और उसमें खून बने।

गला— खुरदुरा, खुर्चन संवेदन। सुबह जागने पर; गुदगुदी; खुरखुराहट का संवेदन, कसाव और तनाव। गलकोष सिकुड़ा हुआ। कान सूजा हुआ। कानों में चिलकन।

आमाशय—खट्टा स्वाद; और सुबह को मिचली, खाने के बाद। पेट में बोझ और दर्द, खाने के कुछ देर बाद अधिक हो। वादी और मुँह में पानी आना। खट्टी कड़वी डकार। मिचली और कै; अधिक मरोड़ के साथ। प्रचण्ड भूख, खासकर मन्दाग्नि के हमले से प्रायः एक दिन पहले आमाशय का क्षेत्र दाब सहन न करे (ब्रायो०, आर्से०), कौड़ी प्रदेश फूला हुआ, पत्थर जैसी दाब खाने के कुछ घण्टों बाद। उत्तेजक वस्तुओं की इच्छा। स्निग्ध चीजों से प्रेम और वे सहन भी हों (पल्स इसका उल्टा है)। कड़ी कॉफी पीने से आया अनपच। वायु-स्खलन कठिन। कै करना चाहे मगर कै न हो।

उदर—उदर की दीवारों में कुचले जाने जैसा दर्द (एपिस०, सल्फ०)। पेट फूलनाः आक्षेपिक शूल के साथ। कपड़ा उतारने से शूल हो। जिगर कसा हुआ, चिलकन और सन्ताप के साथ। शूल ऊपर की तरफ की दाब के साथ, जिससे छोटी साँस आवे और पाखाना मालूम हो। उदर परिधि में कमजोरी। फँसी हुई आंत्र-वृद्धि (ओपि०)। उदर के निचले भाग में जननेन्द्रिय की तरफ कमजोरी। छोटे बच्चों की जाँघ की जड़ में आँत उतरना।

मल—कब्ज, साथ में अक्सर असफल वेग। अपूर्ण और असन्तोषजनक, ऐसा लगे कि कुछ भाग भीतर ही रह गया है। मलाशय का सिकुड़ना। घड़ी-घड़ी मल त्यागने की इच्छा जो असफल हो या हर चेष्टा पर बहुत थोड़ा-सा मल निकले।

मल त्यागने की इच्छा का पूर्ण अभाव इस औषधि की विपरीत अवस्था दर्शाती है। कब्ज और दस्त बारी-बारी, जुलाब की दवा के दुरुपयोग से। पूरे उदर में मल-त्याग की इच्छा मालूम पड़े। खाज वाली अस्राविक बवासीर; असफल मलत्याग इच्छा के साथ, अधिक दर्द, तेज औषधियों के बाद। अति मैथुन के बाद दस्त, सुबह को अधिक हो। बार-बार, थोड़ा-थोड़ा मल त्यागे। अधिक वेग के साथ थोड़ा मल। पेचिश; मल त्यागने से कुछ समय के लिए कम हो: मलाशय में लगातार असुविधा। कामला रोग के साथ दस्त। (डिजि०)।

मूत्र—उत्तेजित मूत्राशय, संकोचक पेशी के आक्षेप के कारण बार-बार थोड़ा-थोड़ा पेशाब निकलना। खूनी पेशाब। (इपिका०, हेरेबि०)। असफल इच्छा, आक्षेपिक और रुकने के साथ पेशाब बूँद-बूँद चूने के साथ गुर्दाशूल जो जननेन्द्रिय तक बढ़े। पेशाब करते समय मूत्रमार्ग में खुजली भड़क उठे और मूत्राशय की गरदन में दर्द हो।

पुरुष—सरल उत्तेजन; काम इच्छा यों ही भड़क उठे। आरामतलब जीवन बिताने के कारण वीर्य-स्खलन। अधिक मैथुन के दुष्प्रभाव। अण्ड में संकुचन दर्द। अण्ड प्रदाह। (हैमा०, पल्से०)। धातु क्षीणता, स्वप्न के साथ, पीठ पीड़ा, रीढ़ में जलन, कमजोरी और चिड़चिड़ापन।

स्त्री—मासिक-धर्म समय से बहुत पहले हो; देर तक रहे, सदा क्रमभ्रष्ट काला खून (साइक्लै०, लैके०; पल्से०)। गशी के दौरों के साथ। गर्भाशय का बाहर निकलना। दर्दवाला मासिक-धर्म। त्रिकास्थि में दर्द के साथ और लगातार मल त्यागने की इच्छा। प्रसव वेदना अपर्याप्त, मलाशय तक बढ़े, मलत्याग इच्छा के साथ और घड़ी-घड़ी पेशाब मालूम हो। (लिलि०)। मैथुन इच्छा प्रबल। गर्भाशय से अधिक रक्तस्राव, साथ में पाखाना मालूम हो।

साँस-यन्त्र—नजले के कारण खरखरी। गले में छिलने जैसे संवेदन के साथ। आक्षेपिक संकुचन। दमा, आयाशय में अफरा, सुबह या खाने के बाद। खाँसी, ऐसा संवेदन जैसे सीने के अन्दर कोई चीज फट के अलग हो गई हो। छिछली साँस। संकुचित साँस। कसी, सूखी, कष्टकर खाँसी कभी-कभी खूनी बलगम के साथ। खाँसने के साथ फटने जैसा सिर दर्द शुरू हो और कौड़ी प्रदेश में कुचलने जैसा संवेदन।

पीठ—कटि प्रदेश में पीठ दर्द। रीढ़ में फटन, ३ से ४ बजे सुबह अधिक हो। गरदन-बाँह क्षेत्र में स्नायुशूल, छूने से अधिक हो। बिस्तर में करवट लेने के लिए बैठना पड़े। कंधास्थि के नीचे कुचले जाने जैसा दर्द। बैठना लाभदायक है।

अंग—बाँह और हाथ सो जायें। आघात के कारण बाहों का आंशिक पक्षाघात। टाँगें सुन्न, लकवा जैसा लगे, टखनों और तलवों में ऐंठन। आंशिक पक्षाघात, अधिक

परिश्रम से या भींगने से (रस०) । हिलाते समय घुटनों के जोड़ में पटपटाहट हो । टहलते समय टाँगें घसीटकर चले । सुबह के समय बाँहों और टाँगों में शक्तिहीनता का संवेदन ।

नींद—३ बजे भोर से सुबह तक नींद न आवे, फिर अप्रफुल्लित भाव जाग उठे । भोजन करने के बाद और शाम को औंघाई आना । कौतूहल और जल्दीबाजी के स्वप्न । कुछ देर सो जाने के बाद आराम मिले, अगर बीच ही में जगाया न जाये ।

चर्म - पूरा शरीर जलता हो, खासकर चेहरा तब भी बिना सर्दी के हिल न सके या कपड़ा न हटा सके । आमाशयिक खराबी के साथ पित्त । मुँहासे, चर्म लाल और चकत्तेदार ।

ज्वर—ठंडी अवस्था प्रबल । सुबह के समय आक्रमण की संभावना । अधिक कम्प, अँगुलियों की नाखूनों के नीलापन के साथ । अंगों और पीठ में टीस, आमाशयिक लक्षण । शीत-ज्वर की सभी अवस्थाओं में कपड़ा ओढ़े रहे । खट्टा पसीना, शरीर के एक ही तरफ । कपड़ा हटाने पर सर्दी लगे, फिर भी कपड़ा ओढ़ना न चाहे । शरीर की सूखी गरमी ।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : सुबह को, मानसिक परिश्रम, खाने के बाद, स्पर्श, गरम मसाला, उत्तेजक पदार्थ, मादक पदार्थ, सूखा मौसम, ठंडक ।

घटना : झपकी लेने के बाद अगर बीच में छेड़ा न जाये, शाम को, आराम के समय, तरी में, तर मौसम में (कॉस्टि०), कड़े दाब से ।

संबंध—नक्स में ताँबा होता है, दोनों की मरोड़ पैदा करने वाली प्रवृत्ति पर ध्यान देना चाहिए ।

पूरक : सल्फ०, सीपिया ।

विपरीत : जिंकम ।

तुलना कीजिए : स्ट्रिकनिया । कलि कार्बो०, हाइड्रै०; ब्रायो०; लाइको०, ग्रैफा० ।

क्रियानाशक : कॉफिया०; इग्ने०, काकुलस० ।

मात्रा—१ से ३० शक्ति और उससे ऊँची शक्तियाँ । कहा जाता है कि रात को सोते समय देने से नक्स अच्छा काम करती है ।

निक्टैन्थस आर्बर–ट्रिस्टिस
(**Nyctanthes Arbor-Tristis**)
(पैंघाला–माली–सैड ट्री)

पित्त ज्वर और कठोर मियादी ज्वर, गृध्रसी, वात रोग । बच्चों का कब्ज ।

सिर—उत्सुक और बेचैन; धीमा सिर दर्द। जबान पर मैल।

आमाशय—जलन संवेदन, ठण्डे प्रयोग से कम हो। प्यास, कै करने से कम।

उदर—जिगर का कोमलपन। अधिक पित्तमय मल, मिचली के साथ। कब्ज।

ज्वर—प्यास, शीत के पहले और शीत के समय तथा गरमी के समय। शीत के अन्त में कै करने से आराम मिले, पसीना न हो।

मात्रा—अरिष्ट, बूँद की मात्रा में।

ओसिमम कैनम (Ocimum Canum)

(ब्रैजिलयन ऐल्फावाका)

गुर्दा, मूत्राशय और मूत्र-मार्ग के रोगों में इस औषधि को याद रखना चाहिए। मूत्र में लाल बालू का रहना इस औषधि की मुख्य विशेषता है और अकसर आजमाई गई है। पेड़ू, स्तनों की ग्रन्थियों की सूजन। गुदा शूल, खासकर दाहिनी तरफ का। गुर्दा पथरी के लक्षण स्पष्ट रहते हैं।

मूत्र—अधिक अम्लता, यूरिक अम्ल के नोकीले कणों का बनना। गँदला, गाढ़ा, घृणित, मवादी, खूनी, ईंट की बुकनी जैसी पीली तलछट। **कस्तूरी का गन्ध। मूत्र-मार्ग में दर्द। गुर्दों में ऐंठन।**

पुरुष—बायें अण्ड का गरम होना और सूजना।

स्त्री—योनि घुण्डी सूजी हुई, होठों में चिलकन दर्द। स्तन घुण्डी जरा से स्पर्श से दर्द करे। स्तन भरे और तने मालूम हों; खुजली। योनि का बाहर निकलना।

संबंध—तुलना : बर्बे : हेडियोमा; लाइको०; पेरीरा०; अर्टिका०।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

ओनैन्थे क्रोकाटा (Oenanthe Crocata)

(वाटर ड्रापवार्ट)

मिरगी रोग की तरह विक्षेप, जो मासिक धर्म और गर्भावस्था में अधिक हो। प्रसवकालीन ऐंठन, ऐसा आक्षेप जो रक्त-दोष से आया हो और वह रक्तदोष दूषित सफाई के कारण स्वतः पैदा हुआ हो। गले और पेट में जलन, हिचकी और कै। चेहरे पर लाल चकत्ते। चेहरे की फड़कन। चर्म रोग, खासकर कुष्ट और चर्म की सख्ती।

सिर—सारे सिर पर दर्द, चकत्ते। एकाएक पूर्ण अचेतनता। उग्र प्रलापक सन्निपात, चक्कर। चेहरा लाल, आँखें चढ़ी हुई, पुतली फैली हुई, चेहरे की पेशियों की आक्षेपिक फड़कन, हनुस्तम्भ, मुँह में झाग, जबड़ों की अकड़न। अधिक जम्हाई आना। छोटी-छोटी बातों पर रोने की प्रवृत्ति।

साँस-यन्त्र—गुदगुदीदार खाँसी, सीने के निचले भाग में खड़खड़ाहट के साथ और गाढ़ा झागदार बलगम। भारी कष्ट से साँस आए, खर्राटे भरे।

अंग—विक्षेप; पीछे की तरफ शरीर का अकड़ जाना। पीठ से शुरू होकर जाँघों, कटि-स्नायु में दर्द जाये। हाथ और पैर ठंडे। हाथ और पैर सुन्न होना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : साइक्यूटा; कैली ब्रोम।

मात्रा—३ से ६ शक्ति।

ओलियेंडर-नेरियम ओडोरम (Oleander-Nerium Odo.)

(रोज-लॉरेल)

चर्म, हृदय, स्नायुमण्डल पर विशेष प्रभाव रखती है। जहाँ यह पक्षाघात के लक्षण और साथ में ऊपरी अङ्गों की विक्षेपिक सिकुड़न की अवस्था उत्पन्न और अच्छा करती है; अधरङ्ग। बोलना कठिन।

मन—स्मरणशक्ति दुर्बल, मन्द प्रत्यक्ष विषाद के साथ कठिन कब्ज।

सिर—नीचे देखने के समय चक्कर आये और दोहरी चीज देखना, किसी चीज पर गौर से देखने पर या बिस्तर पर से उठने पर चक्कर आवे। मस्तिष्क में ऐसा दर्द जैसे सिर फट जायगा। सुन्न संवेदन। मन्द बुद्धि, सोच न सके। चमड़ी पर दाने। कानों के पीछे तर, घृणित चकत्ते (ग्रैफा०, पेट्रोलि०) और सिर के पिछले भाग पर साथ में आगे की तरफ लाल; खुरदुरे दाद की तरह चकत्ते हों। माथे पर और बालों के किनारों पर छिलनेवाली खुजली; जो गरमी से बढ़े।

आँखें—सभी चीजों को केवल तिरछी आँखें करके देख सके। पढ़ने पर आँखों से आँसू आए। दोहरी चीजें देखना। ऐसा मालूम दे कि आँखें सिर के भीतर खिंची जा रही हैं।

चेहरा—पीला, मुरझाया हुआ; आँखों के चारों तरफ नीले घेरे (फॉस० एसिड)।

आमाशय—बहुत ललचा कर खाये, तेजी से खाना, बिना भूख के खाये। प्यास। वायु डकार। कै; खाने की, हरियालीदार पानी की। गड्ढे में थरथराहट।

उदर—अधिक गड़गड़ाहट, अधिक दूषित वायु-स्खलन। नाभि के चारों तरफ कुतरन। असफल वेग। **अनपचा मल। वायु-स्खलन के समय मल निकल पड़े।** गुदा में जलन के साथ दर्द।

सीना—बोझ ऐसी दाब, लेटने पर दम फूले। सीने में कमजोरी और खालीपन के साथ दिल धड़कना। कष्टदायक साँस। सीने में आड़ी चिलकन।

अंग—निचले अंगों में कमजोरी। टाँगों और पैरों में लकवा। अंगों में जीवन ताप की कमी, ठंडे पैर। बिना दर्द वाला लकवा। पैरों में लगातार ठंडक अँगुलियों में सूजन, जलन और कड़ापन। हाथों की शिरायें सूजी हुई। शोथ। जोड़ों का कड़ापन।

चर्म—खुजलीदार, भूसीदार दाने, दाद, स्पर्शकातर और सुन्न। रात में जलन। स्पर्शकातर चर्म जरा-सी रगड़ दर्द और छिलन पैदा करे। अति खाजवाले दाने, खून बहना, पसीजना, पसीने का अभाव। अति खुजली, तीव्र खासकर सिर की चमड़ी पर जो उत्तेजनीय हो।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : कपड़ा उतारने से, आराम से, कपड़े की रगड़ से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : कोनि०, मैट्र० म्यूर; रस०, कॉस्टि०, लैथाइ०। ओलियेण्डर में ओलियेण्ड्रिन और नेरीन भी है जिसे डिजिटैलिन के पूर्ण रूप से समान नहीं तो घनिष्ट रूप से सम्बन्धित होना कहा जाता है। नाड़ी धीमी हो जाती है, अधिक क्रम से चलने लगती है; जोरदार हो जाती है। **अधिक पेशाब होना,** दिल धड़कना, शोथ और हृदय रोग की कष्टदायक साँस आदि सभी विकार गायब हो जाते हैं।

क्रियानाशक—कैम्फो; सल्फ।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

ओलियम ऐनिमैली (Oleum Animale)

(डिपेल्स ऐनिमैल आयल)

स्नायु-मण्डल पर काम करती है, खासकर फुफ्फुस—आमाशयिक क्षेत्र पर। अधकपारी और शुक्र रज्जु के स्नायुशूल में लाभदाक। जलन, दर्द और चिलकन "आगे की तरफ खिंचा हुआ" और "पीछे से आगे की तरफ" जानेवाला दर्द।

सिर—फटन दर्द, शोक और चिड़चिड़ेपन के साथ, भोजन के बाद अधिक, मालिश से कम हो। खुजली वाले, जलन वाले दाने, रगड़ने से कम। जबड़े की हड्डी जोर से ऊपर को खिंची मालूम दे। अधकपारी, अधिक बार पेशाब आने के साथ।

आँखें—आँखों में गड़न, धुँधलापन। आँखों के आगे चमकती वस्तुएँ, खाते समय आँखों से पानी बहे। निकट-दृष्टि। पलकों का फड़कना (एगैरि०)।

नाक—पानी-सा, काटनेवाला स्राव, खुजली हवा में अधिक हो।

चेहरा—खिंचा मालूम दे। ऐंठन की तरह दर्द। होंठों का फड़कना। जबड़े की हड्डी ऊपर की तरफ खिंची मालूम दे। दाँत दर्द, जो दाँतों के एक दूसरे से दबाने से कम हो।

मुँह—खाते समय गाल काट ले (कॉस्टि)। जबान दर्द करे मुँह में चरबी जैसा लगे।

गला—दर्द करे। सूखा, सिकुड़ा। हवा खींचने पर ठण्डक लगे।

आमाशय—आमाशय में पानी भरा मालूम दे; ठण्डक का संवेदन, संकुचन संवेदन, जलन। डकार आने से कम हो।

उदर—वादी और गड़गड़ाहट। गुदा में जलन के साथ मल त्यागने की असफल इच्छा। मल त्यागने के बाद उदर में चोटीला दर्द।

मूत्र—अनेक बार मूत्र-इच्छा। कूँथन और कम पेशाब निकलने के साथ हरियालीदार पेशाब, घड़ी-घड़ी और तेज इच्छा। मूत्रमार्ग में खुजली।

पुरुष—काम इच्छा अधिक, स्खलन बहुत जल्दी। शुक्र-रज्जु में होकर अण्ड तक दर्द। अण्ड पकड़कर ऊपर की तरफ जोर से खींचा हुआ मालूम दे, दाहिनी तरफ तरफ अधिक कष्ट आए। मूलाधार में दाब, मूत्राशय ग्रन्थियों का ढीलापन।

स्त्री—मासिक धर्म समय के पहले और थोड़ी मात्रा में, काला रङ्ग।

श्वास-यन्त्र—सीना सिकुड़ा मालूम दे। पैर का पसीना दब जाने से आया दमा रोग। दाब। पीछे से आगे की तरफ सीने में चिलकन।

अंग—पिठासे में मोच। सिर उठाने में मेरुदण्ड में पटपटाहट। (एलो०, नैट्र० कार्ब, थूजा०)। बेचैनी। कन्धों में वात दर्द। एड़ी पर मछली के पानी की गन्ध का पसीना हो।

घटना बढ़ना—बढ़ना : खाने के बाद, २ बजे तीसरे पहर से ६ बजे रात तक। घटना : मालिश से, डकार से, खुली हवा में।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : पल्से०, आर्से०, सिलि०, सीपिया।

क्रियानाशक—कैम्फो०, ओपि०।

मात्रा—३ से ३० शक्ति और ऊँची।

ओलियम जेकोरिस ऐसेलि (Oleum Jecoris Aselli)

(कॉड-लिवर आयल)

आन्तरिक उपयोग में, बलबर्द्धक और जिगर तथा क्लोम विषयक औषधि (बर्नेट)। शोष, सुस्ती, कंठमालिक रोग, वात बाधाएँ। शिशु का सूखा रोग, गरम हाथों और सिर के साथ दुबलापन, रात में बेचैनी और ज्वर। जिगर प्रदेश में दर्द। तपेदिक के शुरू में।

सीना—आवाज फटी हुई। तेज चिलकन दर्द। जलनवाले चकत्ते। सूखी, सारे शरीर को हिला देनेवाला, गुदगुदीदार खाँसी, खासकर रात में। कण्ठमाला से पीड़ित बच्चों की सूखी, कुकुर खाँसी। इस अवस्था में बूँदों में दवा दीजिए। प्रतिदिन एक बूँद, बारह बूँद तक बढ़ाइये, तब उसी प्रकार एक-एक बूँद करके कम कीजिए। (डैहल्के)। सीने के आर-पार वेदना। खून थूकना (एकालिफा०, मिलिफो०) अन्य लक्षणों के साथ धड़कन। पीलापन। उन बच्चों के लिए जो दूध नहीं पी सकते।

अङ्ग—केहुनी, घुटनों और त्रिकास्थि में टीस। जीर्ण वात रोग, पेशियों और बन्धनों के तनाव के साथ। हथेली में जलन।

ज्वर—शाम के लगभग बराबर शीत। यक्ष्मा-ज्वर। रात्रिकालीन पसीना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : कोलेस्टेरिन; ट्यूबर्कुलिनम; फॉस्फो०, आयोडि० ऑयल जेकोरिस के १ लीटर में ०·४ ग्राम आयोडि० होती है। (गैंडस मोरहुआ कॉड)—तीव्र साँस नाक के नथुनों के फड़फड़ाहट के साथ, सीने में खून दौड़ना, फुफ्फुस में दर्द और खाँसी में सूखी गरमी।

मात्रा—१ से ३ विचूर्ण। लगाने के लिए दाद पर और नाटे, दुबले बच्चे को रात के समय रोज लगाना चाहिये।

ओलियम सैंटेली (Oleum Santali)

(ऑयल ऑफ सैंडल ऊड)

मूत्र और जननेन्द्रिय क्षेत्र में इस औषधि का काम अधिक उपयोगी है, खासकर सुजाक रोग में। यह शक्तिवर्द्धक और कीटाणुनाशक और कफ निकालने वाली औषधि है। चीनी में २ या ३ बूँद देने से अक्सर शरीर को हिला देने वाली सूखी खाँसी में आराम देगी जबकि बलगम बहुत कम निकल रहा हो।

पुरुष—पीड़ाजनक लिंगोत्तेजना, अगले पर्दे की सूजन। गाढ़ा, हल्का पीला, मवादी स्राव।। शरीर के सन्धि भाग में गहराई में दर्द।

मूत्र—घड़ी-घड़ी जलन, चिलकन, सूजन और लाली, लिंगमुण्ड में। धार पतली और मन्द। गुर्दा क्षेत्र में तीव्र टीस। मूत्रमार्ग को कोई गोल चीज दबाती जान पड़े, खड़े होने से अधिक हो। जीर्ण सुजाक स्राव, अधिक, गाढ़ा जीर्ण मूत्राशय प्रदाह।

मात्रा—२ से १० बूँद कोषों में रखा हुआ।

ओनिस्कस ऐसेलस-मिलेपेड्स
(Oniscus Asellus-Millepedes)
(ऊड—लाउस)

विशेषतः मूत्रवर्द्धक है, इसलिए शोथ रोग में लाभदायक है। दमे की अवस्थाएँ, साथ में ब्रांकाइटिस।

सिर—दाहिने कान के पीछे गोस्तन-प्रवर्धन में छेदन-दर्द। (कैंप्सि०) धमनियों की तीव्र टपकन। (पोथोस; ग्लोनोइन)। नाक की जड़ पर दर्द वाली दाब।

आमाशय—हृदय छिद्र में लगातार दाब, कै।

उदर—तनाव, आध्मान; अति तीव्र शूल।

मूत्र—मूत्रमार्ग में कटन, जलन। मल और मूत्र में अभाव के साथ मूत्राशय और मलाशय में ऐंठन।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : पोथोस फीटिडा, कैन्थे०।

मात्रा—६ शक्ति।

ओनोस्मोडियम (Onosmodium)
(फॉल्स ग्रॉमवेल)

चित्त एकाग्रता और इन्द्रियों में पारस्परिक तालमेल की शक्ति की कमी, चक्कर, सुन्न होना और पैशिक शिथिलता। आँख और सिर के लक्षणों का साथ-साथ रहने की विशेषता, साथ में पैशिक थकावट और मन्दता।

अधकपारी की एक औषधि है। आँखों पर जोर पड़ने से और कान दौर्बल्य के कारण सिर दर्द। यह दोनों—पुरुष और स्त्रियों में काम इच्छा में कमी करती है, इसलिए होमियोपैथिक सिद्धान्त के अनुसार काम सम्बन्धी स्नायु दौर्बल्य में काम आती है। स्त्रियों में कामाग्नि की कमी; स्नायविक दर्द, सर्वांग शिथिलता। ऐसा काम करे जैसे थका ही पैदा हुआ है।

सिर—स्मरण शक्तिहीनता। नाक खूनी लगे। व्यग्रता। मन्द, भारी, चक्कर आये, पिछले भाग में आगे को दाब। सुबह जागने के बाद पिछले अग्र भाग में दर्द, खासकर बाईं तरफ। कनपटी और जबड़ों में दर्द। (कैप्सिकम)

आँखें—धुँधली निगाह, चक्षु-वक्र में रक्ताधिक्य और चक्षु-पट की रक्त-नलिकायें बढ़ी हों। आँखों में जोर पड़ने जैसी संवेदना, प्रयोग करने से बढ़े। आँखें भारी और मन्द, पेशी दुर्बलता; पेशियाँ तनी हों। आन्तरिक पेशियों का आंशिक पक्षाघात। आँखों के ढेलों में, घेरे और ढेलों के बीच में दर्द जो बायीं कनपटियों तक बढ़े।

गला—तीव्र सूखापन। पिछले छिद्र से नजला टपके। कच्चापन, छिलन। पिछले छिद्रों में भरापन। ठंडी चीज पीने से लक्षण बढ़ें।

उदर—बरफ के पानी की और दूसरी ठंडी चीज पीने की इच्छा, अक्सर पानी चाहे। उदर फूला मालूम पड़े।

पीठ और कटि-क्षेत्र में दर्द। पैरों और टाँगों में झुनझुनी और सुन्न होना।

सीना—छाती में सन्ताप और टीस; सूजी और वेदनापूर्ण जान पड़े। हृदय में दर्द, नाड़ी तेज, क्रमहीन, कमजोर।

पुरुष—लगातार कामोत्तेजना। मानसिक नपुंसकता। इच्छा का लोप होना। शीघ्रपतन। दुर्बल लिंगोत्थान।

स्त्री—तीव्र गर्भाशयिक दर्द, नीचे की ओर दबाव के साथ, पुराना दर्द सिर से उठे। मैथुन इच्छा पूर्ण रूप से नष्ट होना। ऐसा लगे कि मासिक धर्म शुरू होने को है। स्तनों में टीस। घुण्डी की खुजली। मासिक-धर्म बहुत पहले और देर तक रहे। गर्भाशय क्षेत्र में सन्ताप, प्रदर पीला, तेजाबी अधिक।

अंग—पीठ में दर्द। टाँगों में, घुटनों के गढ़े में और घुटनों के नीचे थकावट की संवेदना और सुन्नपन (लड़खड़ाती चाल)। बगल का भाग बहुत ऊँचा मालूम दे। बाँयें स्कन्धास्थि क्षेत्र में दर्द। अधिक पैशिक कमजोरी और थकावट।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना**: हरकत से, झटके से और तंग कपड़ा पहनने से। **घटना**: कपड़ा उतारने के बाद, पीठ के बल लेटने से, ठण्डी चीज पीने से और खाने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: नैट्र० म्यूर०, जेल्से०, रूटा, लिलियम०।

मात्रा—३० शक्ति।

ऊफोरिनम (Oophorinum)

(ओवेरियन एक्सट्रैक्ट)

डिम्बाशय में चीरा लगवाकर निकलवा देने के बाद के रोग। वयःसन्धिकालीन बाधाएँ। डिम्बाशय अर्बुद। चर्म सम्बन्धी रोग और मुँहासे। खुजली रोग।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : ऑर्किटिनम-टेस्टिक्युलर एक्सट्रैक्ट (डिम्बाशय के निस्तर के बाद, काम सम्बन्धी कमजोरी, वृद्धावस्था की क्षीणता)।

मात्रा—निचली शक्तियों का विचूर्ण।

ओपरक्युलिना टरपेथम (Operculina Turpethem)

(निशोप)

प्लेग, ज्वर, दस्त की औषधि।

मन—प्रलाप सन्निपात, बेचैनी से सम्बोधित बकवास। बिस्तर से भगने की प्रवृत्ति, बकना, दर्द से गशी आवे।

उदर—पानी-सा दस्त, मल अधिक, जान जाने जैसी संवेदना के साथ। हैजा। खूनी बवासीर।

चर्म—लसिकावाहिनी ग्रन्थियों का बढ़ना और पक जाना। फुड़िया और धीरे-धीरे मवाद देनेवाले फोड़े।

ओपियम-पैपैवर सोम्निफेरम

(Opium-Papaver Somniferum)

(ड्राइड लैटेक्स ऑफ दी पॉपी)

हैनिमैन का कहना है कि अन्य औषधियों की अपेक्षा ओपियम की क्रिया का मूल्यांकन करना अधिक कठिन है। ओपियम का प्रभाव जैसे स्नायु-मण्डल की असंवेदनीयता, औंघाई जैसा नशीलापन, दर्दहीनता और गशी, सर्व शारीरिक मदता और जीवन सम्बन्धी प्रतिक्रिया का अभाव; सभी ऐसी अवस्थाएँ हैं जो इस औषधि का होमियोपैथिक सिद्धान्त के अनुसार उपयोग में लाने का मुख्य मार्ग दर्शित करते हैं। सभी रोगों में मूर्च्छा जैसी निद्रा प्रधान रहती है। उनमें दर्द का अभाव होता है और साथ में प्रगाढ़, विचारहीन निद्रा, कठिन साँस रहता है। पसीनेदार चर्म। गहरा, महोगनी नामी लकड़ी जैसे रङ्ग का चेहरा। रक्ताम्बु स्रावी, संन्यास-रोग, रक्तवाही नाड़ियाँ क्षीण, उनमें रक्त संचित हो जाये। औषधियों की प्रतिक्रिया का

अभाव। गरम होने से रोग का उभर जाना या अधिक कष्टदायक होना। अफीम इच्छित क्रिया को कम करती है, पुतलियों को संकुचित करती है, उच्चकोटि की मानसिक शक्तियों को मन्द करती है, आत्म-नियन्त्रण शक्ति को और ध्यान एकाग्रता को और मूल्यांकन शक्ति को कम करती है। कल्पना की प्रबलता, चर्म को छोड़कर सभी उत्सर्जन क्रियाओं को स्थगित करती है। स्पष्ट रूप से विदित औषधियों का भी प्रभाव न होना। वे रोग जो भयाक्रमण पर आधारित हों।

मन—रोगी कुछ भी नहीं चाहता। **चेतनता का पूर्ण रूप से लोप होना, सन्यास अवस्था।** भयानक कल्पनायें, साहसी, मन प्रफुल्लित। अपने कष्ट को न समझ सके और न मूल्यांकन कर सके। समझे की वह अपने घर पर नहीं है। सन्निपातिक बकवादीपन, आँखें पूरी खुली हों।

सिर—**चक्कर, वृद्ध लोगों में सिर का हल्कापन।** मन्द, भारी, मन्दबुद्धि। प्रलापक सन्निपात। भयाक्रमण के बाद चक्कर। सिर के पीछे दर्द, बहुत बोझ जैसा मालूम दे। (जेल्से०) फटन संवेदना। पूर्ण असंवेदनीयता, समझने की शक्ति का पूर्ण अभाव। मस्तिष्क का पक्षाघात।

आँख—आधी बन्द, फैली, पुतली असंनेदनीय, **सिकुड़ी**। पलकों का पक्षाघात। (जेल्से०, कॉस्टि०)। घूरती, चमकीली।

चेहरा—लाल, फूला, सूजा, **गहरा लाल, गरम**। नशीला, विचारहीन दिखाई दे। (बैप्टि० लैके०), आक्षेपिक फड़कन, खासकर मुँह के कोनों में। चेहरे की शिरायें फूली हुई। **निचले जबड़ों का लटक जाना।** टेढ़ा-मेढ़ा।

मुँह—सूखा। जबान काली, पक्षाघातग्रस्त। खूनी झाग। घोर प्यास। होठों का बाहर निकलना। बोलना और निगलना कठिन।

आमाशय—शूल और विक्षेप के साथ कै होना। मल की तरह कै। आँतों (हार्निया) का फँसना। भूखा, खाने की इच्छा न हो।

उदर—कड़ा, फूला हुआ, तना हुआ। सीमा-विष शूल। शूल के समय मल त्यागने की इच्छा और कड़ा मल निकलना।

मल—कठोर कब्ज, मल त्यागने की इच्छा का लोप होना। **गोल, कड़ी, काली गोलियाँ।** मल बाहर-भीतर करे। (थूजा०, साइलि०)। छोटी आँतों में आक्षेप-जनित मल संचयता। अनैच्छिक स्खलन, काला घृणित, झागदार। मलाशय में घोर पीड़ा जैसे दबा कर फाड़ा जाता हो।

मूत्र—निकलना शुरू होने में देर लगे, कमजोर धार। भयाक्रमण के बाद रुक जाना या अनैच्छिक स्खलन। मूत्राशय की शक्ति और संवेदनीयता का लोप होना।

स्त्री—भयाक्रमण के बाद मासिक-धर्म का दब जाना। प्रसव वेदना का मृत्यु, मूर्च्छा और फड़कन के साथ रुक जाना। प्रसवकालीन विक्षेप, वेदना काल के बीच के समय में मूर्च्छा और औंघाई। नशीलापन के साथ भयाक्रमण के कारण गर्भपात का भय और प्रसव स्राव का दब जाना। गर्भाशय में घोर प्रसवात्मक वेदना, मल त्यागने की इच्छा के साथ।

श्वास-यन्त्र—नींद आने के बाद साँस रुक जाये फिर से साँस जारी करने के लिए हिलना पड़े (ग्रिंडेलिया)। आवाज फटी हुई। गहरा खर्राटा मारना; खरखराहट, कठिन सांस, कठिन, सविराम गहरा, क्रमभ्रष्ट। सीने में गरमी, हृदय-क्षेत्र में जलन। साँस कष्ट और नीला चेहरा के साथ खाँसी, खूनी बलगम।

नींद—बहुत औंघाई, तन्द्रा, (जेल्से०, नक्स मस्के०)। गहरी और बुद्धि मन्द; निद्रा में डूब जाये। घोर मूर्च्छा, निद्रा। सो जाने के बाद साँस रुकना। (ग्रिण्डे०), तन्द्रा। बिछौने को नोचना, बहुत औंघाई मगर नींद न आवे। दूर की आवाजें, मुर्गे की बाँग इत्यादि उनको सोने न दे। बच्चा बिल्ली, कुत्ता, काली शक्लों का स्वप्न देखे। बिस्तर इतना गरम लगे कि उस पर सो न सके। प्रसन्नता के, विचित्र प्रेममय स्वप्न। हिलाने वाली शीत फिर गरमी, नींद और पसीने के साथ। केवल गरम अवस्था में प्यास लगना।

ज्वर—नाड़ी भारी और धीमी गति वाली। पूरी शरीर पर गरमी फैले। गरम पसनी। ज्वर की विशेषता, गशी की निद्रा हो, खर्राटे की साँस, अंगों का फड़कना; घोर प्यास और निद्रालुता। प्रायः मन्द ताप और नशीलापन।

पीठ और अंग—पीछे की ओर वक्रता। गरदन की शिरायें फूली हुईं। दर्दहीन पक्षाघात (ओलियेंडर)। अंगों का फड़कना। सुन्न होना। झटके, सकुचन जैसे पेशियाँ अपना काम तीव्रता से कर रही हों। विक्षेप प्रकाश से, चमक से बढ़े, अंगों का ठण्डापन।

चर्म—गरम, तर, पसीनायुक्त। कपड़ा हटा देने की लगातार इच्छा। निचले अंगों को छोड़कर सारे शरीर पर पसीना।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : गरमी, सोने पर उसके बाद। (एपिस०, लैके०) घटना : ठण्डी चीजें, बराबर टहलते रहने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एपिस०; बेला०, जेल्से०, नक्स मॉस०; मॉर्फिनम (दर्द से अधिक संवेदनीयता, फड़कन, उदर तनाव, तीव्र खाज), कोडीन (सूखी, कष्टदायक, लगातार खाँसी, पेशियों में फड़कन, खासकर पलकों में), एशोल्ट्जिया-कैलिफोर्निया पॉपी। (एक दोषरहित निद्राकारक)।

क्रियानाशक : तीव्र अफीम विषाक्रमण। एट्रोपिन और काली कॉफी। अफीम विष का दुष्प्रभाव। इपिकाक, नक्स, पैसिफ्लोरा०। बर्बेरिस, अफीम खाने की आदत को ठीक करती है।

मात्रा—३ शक्ति से ३० एवं २०० शक्ति।

ओपण्टिया-फिकस इण्डिका (Opuntia-Ficus Indica)

(प्रिक्ली पियर)

मिचली के साथ दस्त। जान पड़े कि आँतें उदर के निचले भाग में बैठ गई हैं। उदर के निचले तिहाई भाग में रोगग्रस्त संवेदना। अंत्रच्युति, बार-बार ढीला मल के साथ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : चैपारो एमारगोसा (जिसको मैक्सिको के डाक्टर लोग जीर्ण दस्त के लिए अकसीर मानते हैं)। रिसिनम कम्युनिस (दस्त, पेचिश, कठोर, जीर्ण दस्त)।

मात्रा—२ शक्ति।

ओरियोडैफ्नि (Oreodaphne)

(कैलिफोर्निया लॉरेल)

स्नायविक सिरदर्द, ग्रीवा, पश्चात् मस्तिष्क भाग का दर्द, मस्तिष्क मेरुमज्जा प्रदाह, दौर्बल्यमय दस्त और आंत्रशूल।

सिर—चक्कर झुकने या हिलने से बढ़े। सिर भारी, पलक भारी, फड़कन। घोर टीस, साथ में दोनों घेरों के भीतरी कोण में दाब, प्रायः बाईं तरफ के, जो मस्तिष्क के भीतर से होकर सिर की खाल को पार कर पिछले भाग की जड़ तक जाये, रोशनी, आवाज से बढ़े, और आँखें बन्द करने से तथा पूर्ण शान्ति से कम हो। लगातार, धीमी टीस, ग्रीवा और सिर के पिछले भाग में जो स्कंधास्थि से होकर रीढ़ की हड्डी तक जाकर सिर में घुसे, कानों में दर्द। सिर में बहुत भारीपन, साथ में सिर को बराबर हिलाते रहने की इच्छा, मगर उससे आराम न मिले। पलकों का झपकना, फड़कन, कमजोरी लानेवाला दस्त।

पेट—डकार; मिचली और कम्प के साथ।

मात्रा—१ से ३ शक्ति। अरिष्ट को सूँघना।

ओरिगैनम (Origanum)

(स्वीटर्जोरैम)

प्रायः स्नायुमण्डल पर काम करती है और हस्तमैथुन तथा कामोत्तेजना की अधिकता में लाभदायक है। स्तनों के रोग (ब्यूफो०)। तीव्र व्यायाम की इच्छा उसको दौड़ने के लिए बाध्य करती है।

स्त्री—प्रेमोन्माद; वेगमय काम-इच्छा, प्रदर, मूर्च्छा। कामोत्तेजक विचार और स्वप्न।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : फेरुला ग्लाका (स्त्रियों मे घोर कामोत्तेजना, सिर के पिछले भाग की बर्फीली ठंडक), प्लैटि०; वैलेरि०, कैन्थे०, हायोसियामस।

मात्रा—३ शक्ति।

ओर्निथोगेलम अम्बेलाटम (Ornitho-Umbalatum)

(स्टार ऑफ बेथलेहम)

जीर्ण आमाशयिक और अन्य उदर के कड़ेपन की बाधायें; कदाचित् पाचन-मार्ग का कर्कट, खासकर आमाशय और अन्धात्र-पुच्छ का। इसका प्रभाव केन्द्र आमाशय निम्न द्वार पर है जहाँ यह पक्वाशय तनाव के साथ पीड़ाजनक संकुचन पैदा करती है। उदासी। पूर्ण शिथिलता। रोगग्रस्तता का भाव रोगी को रात में जगाये रखता है।

आमाशय—जबान पर मैल। सीने और आमाशय में कष्टप्रद संवेदना जो पाकाशय द्वार से वायु के साथ एक तरफ से दूसरी तरफ ढुलकती है, शुरू हो। भूख का अभाव, बलगमी ओकाई और दुबलापन। आमाशय का घाव रक्तस्राव के साथ। दर्द उस समय अधिक होता है जब भोजन आमाशयिक द्वार से गुजरता है। पिसी हुई कॉफी की तरह का मल। आमाशय का फूलना। घृणित वायु की बार-बार डकार। कौड़ी के आर-पार वेदनापूर्ण दुर्बलता।

मात्रा—मूल अरिष्ट की एक ही मात्रा, फिर उसके प्रभाव की प्रतीक्षा कीजिये।

ओस्मियम (Osmium)

(दी एलिमेण्ट)

साँस-यन्त्रों की उत्तेजना और नजला। अकौता। सांडलाल मूत्र। कण्ठनली में दर्द। स्थानीय पसीने को अधिक करती है और उसमें गन्ध देती है। नाखून की तहों को चपकाती है।

सिर—मालूम हो कि सिर के चारों तरफ फीता कसा है। बालों का गिरना। (कैलि कार्बो०, फ्लोरिक एसिड)।

नाक – जुकाम नाक में भरापन के साथ। नाक और स्वरयन्त्र हवा सहन न करे। पिछले भाग से श्लेष्मा की छोटी गुठलियाँ।

आँखें—धुन्ध रोग। रोग परिवर्तनशील, क्षीण दृष्टि के साथ। तीव्र घेरे के ऊपर और नीचे का स्नायुशूल, घोर पीड़ा और जल प्रवाह। मोमबत्ती की रोशनी के चारों तरफ हरा चक्र दिखाई दे। चक्षुप्रदाह। आँखों के भीतरी भाग में तनाव होना, धुँधलापन प्रकाशातंक।

श्वास-यन्त्र—तीव्र स्वरयन्त्र प्रदाह, खाँसी और चिमड़ा, रस्सीदार बलगम, विक्षेपिक खाँसी, ऐसा लगे कि श्लैष्मिक झिल्ली स्वरनली से खींची जा रही हो। तीव्र छोटे झटकों में आवाज के साथ सूखी कड़ी खाँसी, जो नीचे से उठे और पूरे शरीर को हिला दे। बोलने से स्वर-यन्त्र में दर्द हो। आवाज भारी स्वरयन्त्र में दर्द, वक्षास्थि में चोट लगे। खाँसी के साथ अंगुलियों में फड़कन।

चर्म—अधिक खाज के साथ अकौता। उत्तेजित चर्म। खाजदार दाने। दुर्गन्धित पसीना, काँखों में पसीना जो लहसुन की तरह गन्ध करे, शाम और रात में अधिक। बढ़ते नाखून से उसकी तक चिपकी रहे।

सम्बन्ध—तुलना—आर्जेण्ट; इरिडियम, सेलेनि०; मैंगेन०।

मात्रा—६ शक्ति।

—:०:—

आस्ट्रिया वर्जिनिका (**Ostrya-Virg.**)

(आइरन ऊड)

मलेरिया के कारण रक्तहीनता में मूल्यवान है। पित्तमय अवस्थायें और सविराम ज्वर।

पाकाशय—जबान, पीली, जड़ पर मैल। भूख का लोप होना। सिर के अगले भाग का धीमा सिर दर्द के साथ अक्सर मिचली। कष्टदायक दर्द।

मात्रा—१ से ३ शक्ति।

ओवि गैलिने पेलिकुला (**Ovi Gallinae Pellicula**)

(मेम्ब्रेन ऑफ एग शेल)

एकाएक दर्द उठना। नीचे की तरफ दबाव की संवेदना। कलाई, बाँहों, कमर इत्यादि पर कपड़ा कसा जाना सहन न हो। पीठ दर्द और बायें नितम्ब में दर्द। कमजोरी। दिल और बायें डिम्बाशय में दर्द।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: कैल्के०, वाजा, ओवा टोस्टा, टोस्टा प्रिपैराटा—रोस्टेड-एग-शेल्स-कैल्केरिया ओवोरम—(प्रदर और पीठ दर्द) ऐसा जान

पड़े कि रीढ़ टूट गयी है और तारों से बँधी है या किसी डोरी से सब जोड़कर बाँध दी गई है। कर्कट पीड़ा। (मस्से)। **दमा के लिए एग-वैक्सिन भी।** डॉ० फ्रिट्ज टैल्बॉट की निकाली हुई विधि पर बहुत ध्यान दिया गया है जिससे वे बच्चों को एक प्रकार के दमा में अण्डे की वैक्सिन बनाकर चिकित्सा करते हैं। ऐसा दमा जो अण्डे के पोषक तत्वों की असहिष्णुता के कारण आया हो, अण्डे की सफेदी बार-बार खिलाने से उस विष का निराकरण करके दूर किया जा सकता है। चर्म को साबुन और अलकोहल से अच्छी तरह साफ करके अण्डे के ऊपरी खोल (छिलके) को तोड़ लें और पीले भाग को फेंक दें। केवल सफेदी लें और चर्म को नाखून द्वारा हलका-सा खुरच कर उसमें मलें।

ऑक्जेलिकम एसिडम (**Oxalicum Acidum**)

(सॉरेल एसिड)

यद्यपि वनस्पति भोजन में और मानव शरीर में आक्जेलेट का कुछ न कुछ अंश सदा रहता है, तब भी यह अम्ल यदि खा लिया जाये तो शरीर के अन्दर स्वयं एक तीव्र विष का काम करता है और आमाशयिक आन्त्र प्रदाह, चालन पक्षाघात, पतनावस्था, मूर्च्छा और मृत्यु का कारण हो जाता है।

सुषुम्ना को प्रभावित करती है और चालन स्नायु का पक्षाघात उत्पन्न करती है। सीमित स्थानों में **(कैली ब्राइको०)** तीव्र पीड़ा, जो **हरकत से और उस पर सोचने से अधिक हो। सामयिक आक्रमण।** गले और सीने का विक्षेपिक लक्षण। **बायीं तरफ का वात रोग। स्नायु दौर्बल्य।** क्षय रोग।

सिर—गरमी लगना। व्यग्रता और चक्कर। मल त्यागने के पहले और उसके समय सिर दर्द।

आँखें—आँखों में दर्द, फैली मालूम दें। **चित्रपट की अतिस्नायविक उत्तेजना।**

आमाशय—कौड़ी में तीव्र दर्द जो वायु-स्खलन से कम हो। आमाशयिक प्रदाह, कौड़ी के निचले भाग में ठण्डापन। जलन दर्द, ऊपर को चढ़ें, जरा-सा छूने से घोर पीड़ा हो। कड़वी और खट्टी डकार, रात में बढ़े। झड़बेर न खा सके।

उदर—खाने के २ घण्टे बाद अफरा के साथ ऊपरी भाग में और नाभि प्रदेश में दर्द। जिगर में चिलकन। शूल। उदर में छोटे स्थानों में जलन। कॉफी पीने के बाद दस्त।

पुरुष शुक्र-रज्जु में घोर स्नायुशूल। अण्ड कुचले गये और भारी जान पड़े। शुक्राशय प्रदाह।

मूत्र—घड़ी-घड़ी अधिक मात्रा में। पेशाब करते समय मूत्रमार्ग में जलन और लिंगमुण्ड (सुपारी) में दर्द। विचार करते ही पेशाब करना आवश्यक हो जाए। मूत्र में ऑक्जेलेट मिले हों।

श्वास-यन्त्र—हृदय रोग के साथ स्नायविक स्वरभेद। (कोका; हाइड्रोसियानिक एसिड)। गले के नीचे की तरफ जलन। स्वरयन्त्र और सीने की सिकुड़न के साथ विक्षेपिक साँस, आवाज भारी। बायें फुफ्फुस में दर्द। स्वरभेद। स्वर नसों का संकुचन पेशियों का पक्षाघात। कष्टदायक साँस; छोटे झटकेदार साँस। बायें फुफ्फुस के निचले भाग के आरपार तेज दर्द जो कौड़ी तक नीचे उतरे।

दिल—हृदय के यान्त्रिक रोग में धड़कन और साँस-कष्ट जो सोचने से बढ़े। नाड़ी दुर्बल। हृदय लक्षण और साथ में स्वरलोप; हृदयशूल बायें फुफ्फुस में एकाएक तेज गड़न दर्द, साँस रुके, बारी-बारी से। हृदय के ऊपरी क्षेत्र का दर्द जो बायें कंधे तक लपके। मुख्य धमनी की अक्षमता।

अङ्ग—सुन्न, कमजोर, चुनचुनाहट। दर्द मेरुदण्ड से शुरू हो और अंगों के नीचे तक बढ़े। खींचन और कोंचन दर्द अंगों के नीचे तक झपटे। पीठ दर्द; पीठ सुन्न, कमजोर। अस्थि-मज्जा प्रदाह। पैशिक शिथिलता। कलाई मोच जैसी दर्दीली। (अलमस०)। निचले अङ्ग नीले, ठंडे, सुन्न संवेदन। मस्तिष्क और पृष्ठ-वंश की मज्जा की झिल्ली का कड़ापन। कई स्थानों में कोंचन दर्द, झटके के साथ दर्द।

चर्म—स्पर्शकातर, गड़न दर्द, बाल बनाने के बाद अधिक हो; चकत्तेदार, गोल सफेद धब्बे; पसीना तरल।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना :** बायीं तरफ, जरा-सा छूने से, बाल बनाने से। ३ बजे सुबह को पाकाशयिक और उदर पीड़ा के कारण जाग पड़े। सभी रोग अपनी अवस्था के बारे में सोचने से अधिक हों।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : आर्से०; कॉल्चि०, आर्जेण्ट, पिक्रिक एसिड, सिसर एरीटिनम—चिक पी—(शरीर में अश्मरी का निर्माण, पीला रोग, जिगर रोग, पेशाब बढ़ाने वाली) स्कोलोपेण्ड्रा—सेण्टिपेड—(पीठ और कमर में घोर पीड़ा जो अंगों के नीचे तक बढ़े, निश्चित समय पर वापस आवे, सिर से शुरू होकर पैर की अँगुलियों तक उतरे। हृदय शूल। प्रदाह, दर्द, सड़न। फुन्सियाँ और फोड़े)। केसियम—(कटि प्रदेश में और अण्ड में दर्द। सिर दर्द, कनपटी में से झपटे। दस्त और शूल। (सुस्ती)।

लाइम वाटर—ऑक्जेलिक एसिड विष का क्रियानाशक।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

:—०—:

ऑक्सिडेनड्रान-ऐण्ड्रोमेडा ऐरबोरिया
(Oxydendron-Andromeda Arb.)
(सॉरेल ट्री)

शोथ की औषधि—जलोदर और सर्वांग शोथ। पेशाब दवा। संयुक्त शिरा सम्बन्धी रक्त संचार की गड़बड़ी। मूत्राशय ग्रन्थि का बढ़ना। मूत्राशयी पथरी। मूत्राशय की गरदन की उत्तेजना। साँस लेने में बहुत कठिनाई। अरिष्ट। तुलना कीजिए : सेरेफोलियस (शोथ, साण्डलाल मूत्र रोग जो गुर्दा रोग के कारण हो, मूत्राशय प्रदाह)।

आक्सिट्रोपिस (Oxytropis)
(लोको वीड)

स्नायु मण्डल पर स्पष्ट प्रभाव। कम्प, खालीपन। पीछे की तरफ पैर पड़े, मेरुदण्ड का प्रदाह और पक्षाघात। दर्द तेजी से उठे और गायब हो जाये। मुख-संकोचनी पेशी का ढीलापन। लड़खड़ाती चाल। परावर्तित क्रिया का लोप होना।

मन—अकेले रहने की इच्छा। बात करने या काम करने की इच्छा न हो। अपने लक्षणों पर सोचने से कष्ट अधिक हो। (ऑक्जेलिक एसिड)। मानसिक उदासी : चक्कर (ग्रैनेटम)।

सिर—चक्कर। सिर के आसपास भरापन, गरमी। नशा जैसा मालूम हो। दृष्टिहीनता के साथ। जबड़ों की हड्डी और पेशी में दर्द। मुँह और नाक सूखी।

आँखें—दृष्टि लोप होना, पुतली सिकुड़ी हुई। प्रकाश से सुकड़ापन आये। आँखों की स्नायु और पेशियों का पक्षाघात।

आमाशय—शूल के साथ डकार, एपिगैस्ट्रियम शक्तिहीन।

गुदा—लुआबदार मल, गुदा में से सरक जाये, लौंदेदार।

मूत्र—पेशाब के बारे में सोचते ही पेशाब लगे। अधिक पेशाब। गुर्दों में दर्द। (बरबेरिस०)।

पुरुष—मैथुन की न तो इच्छा हो और न शक्ति ही रहे। अण्ड में, शुक्ररज्जु भर में और जाँघों के नीचे तक पीड़ा।

अङ्ग—अन्तःप्रकोष्ठिका-स्नायु मार्ग में दर्द। मेरुदण्ड के आसपास सुन्नपन। लड़खड़ाती चाल। तालमेल का प्रभाव। घुटने की चपनी की परावर्तित क्रिया का लोप होना। दर्द तेजी से शुरू हो और गायब हो जाये, मगर पेशियों में दर्दीलापन और तनाव रहे।

नींद—बेचैन, झगड़े के स्वप्न देखना।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : लक्षणों पर सोचना (किसी एक विशेष विषय में उन्माद की प्रवृत्ति)। एक दिन का नागा देकर। **घटना :** सोने के बाद।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : ऐस्ट्रॅगै०, लेथाइर०, आक्जे०, बैराइटा० (लोको के पौधे में बैराइटा अधिक मात्रा में होती है) लोलियम०।

मात्रा—३ शक्ति और ऊँची शक्तियाँ।

पियोनिया (**Paeonia**)

(पियोनी)

मलाशय और गुदा सम्बन्धी लक्षण महत्त्वपूर्ण हैं। शरीर के निचले अंगों, टाँगों, पैरों की अँगुलियों पर, स्तनों और मलाशय पर पुराने घाव।

सिर—चेहरे पर खून का झपटना। स्नायविकता। हिलने के समय चक्कर आना : आँखों में जलन और कानों में टनटनाहट।

गुदा—गुदा में कटन; खुजली, गुदा के मुँह पर सूजन। मल त्याग के बाद में जलन, फिर आन्तरिक शीत। गुदा में जलन और आन्तरिक शीत के साथ गुदा में नासूर और दस्त। दर्दयुक्त वाला घाव, विटप स्थान पर घृणित पसीजन। **बवासीर, मलद्वार की दरारें, गुदा और विटप का घाव, बैंगनी रंग, खुरण्डदार।** मलत्याग काल के साथ और बाद में कष्टदायक दर्द। एकाएक लेई जैसा दस्त, उदर में गर्शी ऐसी संवेदना है।

सीना—बाँयीं तरफ सीने में गड़न दर्द। सीने में गरमी। आगे से पीछे तक, दिल से होकर धीमी चिलकन।

अंग—कलाई और अँगुलियों में दर्द, घुटनों और पैर की अँगुलियों में दर्द।

नींद—भयानक स्वप्न, रात्रि भय।

चर्म—स्पर्शकातर; पीड़ामय। गुदास्थि के नीचे, त्रिकास्थि के चारों तरफ घाव, नसों का फूलना। किसी स्थान के घाव, दाब के कारण, बिस्तर घाव इत्यादि। खुजली, जलन, डंक मारने जैसा दर्द।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : ग्लूकोमा-ग्राउण्ड आइवी-(मलाशयिक लक्षण)। हैमामे०, सिलि०; इस्क्युलस० रैटानहिया (गुदा में अधिक संकुचन, मल बहुत जोर देने से निकले)।

क्रियानाशक—रैटानहिया; एलो०।

मात्रा—३ शक्ति।

पैलेडियम (Palladium)

(दी मेटल)

एक डिम्बाशयिक औषधि। जीर्ण डिम्बाशय प्रदाह के मिश्रित लक्षण उत्पन्न करती है। जहाँ उस ग्रन्थि का आन्तर-विधान पूर्ण रूप से नष्ट नहीं हो जाता, वहाँ लाभदायक है। मस्तिष्क और चर्म पर भी काम करती है। चालक स्नायु की दुर्बलता, परिश्रम से जी चुराये।

मन—रोआँसा भाव। अनुमोदन की चाह। गर्व, आसानी से चिढ़ जाय। कड़ी भाषा का प्रयोग करे। संगत में प्रसन्न रहे, बाद में बहुत थकावट और पीड़ा अधिक हो जाये।

सिर—आगे-पीछे हिलाता जान पड़े। कंधों में दर्द के साथ कनपटी और पार्श्व, कपालास्थि का स्नायुशूल। एक कान से दूसरे कान तक चाँद से होकर दर्द, शाम के मनोरंजन के बाद अधिक हो। चिड़चिड़ापन और खट्टी डकार के साथ। रक्तहीन चेहरा।

उदर—नाभि से पेड़ू तक गोली लगने जैसा दर्द। ऐसा लगे कि आँतें काट डाली गई हैं। आँतों का फँसने जैसा संवेदन। उदर का दर्द, दाहिने पुट्ठे में सूजन। अफरा।

स्त्री—गर्भाशय का बाहर निकलना और उलट जाना। मंद वस्तिगह्वरीय अन्त्रावरक झिल्ली प्रदाह, दाहिनी तरफ के दर्द और पीठ दर्द के साथ अधिक मासिक धर्म। गर्भाशय में कटन दर्द, मलत्याग होने के बाद कम। दाहिने डिम्बाशय के क्षेत्र में दर्द और सूजन। चिलकन या जलन दर्द वस्तिगह्वर में और निर्बलता, मालिश से कम हो। नाभि से स्तनों तक दर्द और चिलकन। चमकदार प्रदर स्राव। दूध पिलाने के काल में मासिक धर्म। दाहिने स्तन में घुण्डी के पास चिलकन। यह औषधि उस प्रसव बाधा में सांकेतित है जिसका आरम्भ दाहिने डिम्बाशय से हुआ हो। गर्भाशय का बाहर निकलना और उलट जाना, मन्द वस्तिगह्वरीय अंत्रावरक झिल्ली प्रदाह और उसके साथ के अन्य लक्षण केवल आधारित मात्र हैं। एफ० एग्विलर, एम० डी०)।

अंग—अति खाज। पिठासे में थकावट की संवेदना। अङ्ग में उड़ता हुआ वात दर्द। हाथ-पैर में भारीपन और थकावट। पैर की अँगुलियों से कटि तक झपटन दर्द। दाहिने कन्धे में वात दर्द, दाहिनी कटि में आन्त्रिक स्नायुशूल।

सम्बन्ध—पूरक—प्लैटि०।

तुलना कीजिए : आर्जे०, हेलोनि, लिलि०; एपिस०।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

पैराफिन (Paraffin)

(प्युरिफाइड पैराफिन)

गर्भाशय रोगों में मूल्यवान् है। खासकर कब्ज में लाभदायक है। चाकू लगने की तरह दर्द। दर्द एक स्थान से दूसरे तक जाये और फिर उसी स्थान में वापस आये, यही क्रम जारी रहे। आमाशय का दर्द, गले और रीढ़ में जाये और फिर आमाशय में लौट आये, यही क्रम चलता रहे।

सिर—सिर और चेहरा का बायाँ भाग अधिक रोगग्रस्त हो, डंक मारने और ऐंठन वाला दर्द। ऐसा दर्द जैसे सिर की चाँद की बाँयीं तरफ कील ठोंकी जा रही हो। बाँयें कान में ऐंठन।

आँख--निगाह धुँधली, आँखों के आगे काले धब्बे दिखाई दें। पलक लाल। ऐसा लगे कि आँखों पर चर्बी जमा हो गई है।

मुँह—दाँतों से निचले जबड़े तक फटन, ऐंठन दर्द। लार से भरा हुआ, चमकीला, कड़वा स्वाद।

आमाशय—सारे समय भूख लगी रहे। आमाशय के आरपार दर्द। आमाशय का दर्द और गले व रीढ़ का दर्द। बारी-बारी सीने तक बढ़े, डकार के साथ। बाँयीं तरफ के आमाशयिक प्रदेश में स्थानीय दर्द, मानों वह भाग ऐंठा जा रहा हो। आमाशय दर्द के साथ धड़कन।

उदर—निचले भाग में दर्द जो जननेन्द्रिय, मलाशय, त्रिकास्थि तक बढ़े; बैठने से कम हो।

मलाशय—मलत्याग की बार-बार इच्छा। बच्चों में कठोर कब्ज। (ऐलुमिना; निक्टैन्थेस०)। बवासीर और लगातर असफल मलत्याग की इच्छा के साथ पुराना कब्ज।

स्त्री—मासिक धर्म बहुत देर में, रज काला; अधिक मात्रा में। दूध जैसा प्रदर। स्तन-घुण्डी में जलन दर्द करे, जैसे भीतर पकी हो। कामाद्रि में कोंचन दर्द। योनि घुण्डी में जलन दर्द के साथ बहुत गरम पेशाब।

अंग—ऊपर चढ़ते समय रीढ़ में दर्द जो पुट्ठों के क्षेत्र में और दोनों तरफ से कमर तक बढ़े। सभी जोड़ों में बिजली के झटके जैसा लगे। पिण्डलियों में ऐंठन दर्द जो पैर की अँगुलियों तक बढ़े, जोड़ों में, टखनों और तलवों में फटन के साथ पैरों की सूजन।

चर्म—असह्य जलन, चर्बीलापन और जहरीलापन। कीटाणुरहित जल से धोकर सुखाइए और पैराफिन को पिचकारी से छिड़किये और पतली रुई से ढँक दीजिए। पाला मारने में भी लाभदायक है।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : नैफ्थैलिन, पेट्रोलि०, क्रियोजो०, इयुपिऑन।
मात्रा—निचले विचूर्ण और ३० शक्ति।

पैरिरा ब्रावा-कॉन्ड्रोडेन्ड्रॉन टोमेन्टोसम
(Pareira Brava-Chondrodendron Tomentosum)
(वर्जिन वाइन)

मूत्र-यन्त्र के लक्षण अति विशिष्ट हैं। गुर्दाशूल, मूत्राशय ग्रन्थि (प्रोस्टेट) रोग और मूत्राशय प्रदाह में लाभदायक है। ऐसा लगे कि मूत्राशय फैला हुआ है, दर्द के साथ। दर्द जाँघों के नीचे तक रुक जाये।

मूत्र—काला, खूनी, गाढ़ा श्लैष्मिक मूत्र। लगातार वेग, बहुत काँखना पड़े, काँखते समय जाँघों के नीचे तक दर्द हो। पेशाब तभी निकल सके जब घुटनों के बल होकर सिर को जमीन पर गड़ा दे। मूत्राशय में तनाव की संवेदना और अगले जंघा क्षेत्र में स्नायुशूल (स्टैफि०)। पेशाब करने के बाद बूँद-बूँद चूना। (सेलेनि०)। लिंगमुण्ड में तीव्र पीड़ा। मूत्र-मार्ग में खुजली, मूत्र-मार्ग में प्रदाह, मूत्र-ग्रन्थि रोग के साथ। मूत्र-मार्ग की सूजन, प्रायः झिल्की से बन्द हो जाये।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : पैरिटेरिया (गुर्दों की पथरी, भयानक स्वप्न, रोगी जीवित ही गाड़ दिये जाने का स्वप्न देखे)। चिमाफिला (मूत्राशय प्रदाह के बाद जीर्ण प्रदाहिक रक्ताधिक्य, तीव्र मूत्र ग्रन्थि प्रदाह, बैठने पर विटप प्रदेश में गोला जैसा संवेदन)।

फैबियाना पिची देखिये (मूत्रकृच्छ्र; प्रमेह के बाद की बाधायें, पथरी; मूत्रातिसार), इयुवा०, हाइड्रैन्जिया, बर्बे, ओसिमम, हेडियोमा।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

पेरिस क्वाड्रिफोलिया (Paris Quadrifolia)
(वन-बेरी)

सिर के लक्षण स्पष्ट रूप से पाये जाते हैं और उनकी पुष्टि भी हुई है। बढ़ जाने जैसा संवेदन और उसी के कारण तनाव। शरीर की दाहिनी तरफ ठण्डा; बाँयीं तरफ का शरीर गरम। नजले की तकलीफ, नाक की जड़ में कसापन। स्पर्श संवेदन की बाधायें।

मन—काल्पनिक दुर्गन्ध संवेदन। बहुत बड़ा जान पड़े। बकवादीपन व्यर्थ बड़बड़ाना, मग्न।

सिर—ऐसा लगे कि सिर की खाल सिकुड़ गई है और खोपड़ी छील दी गई है, चाँद स्पर्शकातर, बालों को ब्रश न कर सके। टीस जैसे कोई डोरी आँखों से सिर के पिछले भाग तक खींची जा रही हो। बोझ संवेदन के साथ पिछले भाग में दर्द। सिर बहुत बड़ा जान पड़े जैसे बढ़ गया हो। खाल कोमल सिर की बाँयीं तरफ सुन्न होना।

आँखें—बरौनी के रोग। आँखें भारी जान पड़ें; जैसे बाहर को निकली हों; ढेलों में से होकर डोरी से कसी जैसी संवेदना। बढ़ी लगें, जैसे पलक उनको ढँकने के लिए काफी न हों।

चेहरा—स्नायुशूल, बायीं तरफ के जबड़े की हड्डी में गरम चिलकन, बहुत दर्द। ऊर्ध्व हनु-कोटर के सूजन में लाभ हुआ है जहाँ साथ में आँखों के लक्षण भी उपस्थित हों।

मुँह—जागने के समय जबान सूखी, सफेद मैल, बिना प्यास, साथ में कड़वा स्वाद या स्वाद की क्षमता घट जाये।

साँस-यन्त्र—नाक की जड़ में कसाव और भरी जैसी जान पड़े। सामयिक दर्द-हीन स्वरभेद। खाँसी जैसे गल-कोष मे गन्धक का धुँआ घुस गया हो। लगातार खखारना, स्वर-यन्त्र और गल कोष में चिमड़ा हरा श्लेष्मा।

अंग—गरदन की जड़ में और कंधों के आर-पार बोझ और थकावट। स्नायुशूल जो बांयी तरफ की पसलियों के बीच के भाग से शुरू होकर बाँयीं बाँह में जाये। बाँह कड़ी हो जाय और अँगुलियाँ सिकुड़ जायें। गुदास्थि का स्नायुशूल, टपकन, गड़न, बैठन पर। अक्सर अँगुलियाँ सुन्न हो जायें। ऊपरी अंगों का सुन्न होना। सभी चीज खुरदरी जान पड़ें।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : पेस्टिनाका—पार्सनिप—(बकवादीपन; शराबी की बकवास, दृष्टि भ्रम; दूध असह्य; भोजन के रूप में जड़ का उपयोग होता है, क्षय रोगियों और गुर्दों की पथरी रोग में इसको पानी में पकाकर, या उसका रस निकालकर या सलाद की तरह कच्चा ही देते हैं)। सिलि०, कल्के०; पल्स०, रसटॉ०।

विरुद्ध— फेरम फॉस०।

क्रियानाशक : कॉफी०।

मात्रा—३ शक्ति।

पार्थेनियम-एस्कोबा ऐमार्गो
(Parthenium-Escoba Amargo)
(बिटर-ब्रूम)

क्यूबा में ज्वर की चिकित्सा के लिए व्यवहार की जाती है, खासकर मलेरिया के लिए। स्तनों से दूध का अधिक निकलना। मासिक-धर्म का रुक जाना और दुर्बलता। हृत्पेशी विकारजनित श्वास। क्विनाइन के बाद।

सिर—टीस, नाक तक बढ़े; सूजा मालूम पड़े। आगे के उभरे भाग में दर्द। आँखें भारी, ढेले में टीस। कानों में टनटनाहट। नाक की जड़ पर दर्द, सूखी मालूम दें। दाँतों में टीस। दाँत नुकीले मालूम हों। बहुत लम्बे, दृष्टि क्षीण। कानों में टनटनाहट और दर्द।

उदर—बाँयीं कोख में दर्द। झिल्ली का रोग।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : सोने के बाद, एकाएक हिलना। घटना : उठने के बाद और इधर-उधर टहलने पर।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : चाइना; सियानोथ०, हेलियांथस।

— :o: —

पैसिफ्लोरा इनकारनेटा (Passiflora Incarnata)
(पैशन फ्लावर)

एक प्रभावशाली आक्षेपनाशक। कुकुरखाँसी। अफीम खाने की आदत तोड़ने के लिए। शराबी की बकवास। बच्चों का आक्षेप, स्नायुशूल। स्नायु मंडल पर शांतिप्रद, हितकर प्रभाव के लिए। अनिद्रा। प्राकृतिक निद्रा उत्पन्न करती है, कोई मस्तिष्क बाधा नहीं पैदा करती, 'बच्चों के स्नायु रोग', कृमि-ज्वर, निकलने की बाधायें; आक्षेप। धनुष्टंकार। मूर्च्छा वायु, प्रसूतिका आक्षेप। पीड़ाजनक दस्त। तीव्र उन्माद। प्रायः दुर्बल रहना। दमा, १०-३० बूँद, हर १२ मिनट पर, ऐसी कई खुराकें दें। विसर्प रोग पर ऊपर से लगाने के लिए।

सिर—तीव्र दर्द मानो सिर का ऊपरी भाग अलग हो जायगा; आँखें बाहर को ढकेली जान पड़ें।

आमाशय—सीसा ऐसा भारी, खाने के बाद या खाते समय अरुचि, वादी भरना और खट्टी डकारें।

नींद—अशान्त और जागते रहना जो अधिक शिथिलता से हो। खासकर कमजोर बच्चों और बुड्ढों में। बच्चों और बुड्ढों की अनिद्रा जो मानसिक चिन्ता और अति परिश्रम से आयी हो, साथ में विक्षेप की संभावना। रात वाली खाँसी।

मात्रा—मूल अरिष्ट की बड़ी मात्राओं की आवश्यकता होती है, ३० से ६० बूँद, कई बार दोहराना चाहिये।

पॉलिनिया सार्बिलिस (Paullinia Sorbilis)

(गुवाराना)

इसमें कैफीन अधिक अनुपात में होती है, जिसके कारण इसका पुराने सिर दर्द के कुछ प्रकारों में लाभदायक होना अनुमान किया जाता है।

सिर—बुद्धि की उत्तेजना। अधिक चाय या कॉफी के व्यवहार करने वालों का पुराना सिर दर्द। मदिरापान के बाद टपकन के साथ सिर दर्द।

आँतें—मल अधिक, खूनी, चटकीला हरा, छिल्के मिले, गन्धहीन। शिशु हैजा।

चर्म—कनपटी और बाँहों पर दाग पड़ना। जुलपित्ती (डल्का०, एपिस०, क्लोरैल०)।

नींद—बिना रुकनेवाली औंघाई और सिर का भारीपन, खाने के बाद चेहरा भरभराया हो।

मात्रा—बड़ी मात्रा में देना चाहिए, विचूर्ण की १५ से ६० ग्रेन।

पेन्थारम (Penthorum)

(वर्जिनिया स्टोनक्रॉप)

नाक में कच्चापन और तर संवेदन के साथ जुकाम की एक औषधि। गला कच्चा मालूम दे। उत्तेजना के साथ श्लैष्मिक झिल्ली की जीर्ण बाधायें। नाक के पिछले भाग का जीर्ण नजला, जीर्ण गलकोष प्रदाह श्लैष्मिक झिल्ली बैंगनी और ढीली। नाक छिद्र का पिछला भाग तर और कच्चा मालूम हो, नाक और कान भरा लगे। स्वरभेद। आवाज भारी, स्वररज्जु ढीली। श्लैष्मिक झिल्ली स्राव की अधिकता। गुदा की खाज और मलाशय में जलन। गलकोष की छत में पीड़ा और कण्ठकर्णी नली रोगग्रस्त।

नाक—लगातार तर रहे, जो कितना भी छिनकने से कम न हो। स्राव गाढ़ा, मवाद की तरह, खून की लकीरोंदार। युवाकालीन नासिका-पश्चात भाग का नजला।

मात्रा—बहुत तेजी से काम नहीं करती और जीर्ण रोगी के लिए लाभदायक है, इसका व्यवहार कुछ दिनों तक करना चाहिए। निचली शक्तियाँ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : पेन्थोरम अक्सर पल्सेटिला, सैंगुइनेरिया, हाइड्रै० के बाद अच्छा काम करती है।

पर्टुसिन (Pertusin)

(कॉकलुचिन)

यह औषधि कुकुरखाँसी के कीटाणु के चमकदार और लच्छेदार श्लेष्मा से बनाई जाती है। कुकुर-खाँसी और दूसरी आक्षेपिक खाँसियों की चिकित्सा के लिए इसका परिचय जॉन एच क्लार्क ने कराया।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : ड्रोसेरा; कोरैलियम०, क्युप्रम, नैफ्थैलि०, मेफाइटिन, पैसिफ्लोरा०, कॉक्कस कैक्टाई, मैग्नेशिया फॉस०।

मात्रा—३० शक्ति।

पेट्रोलियम (Petroleum)

(क्रूड रॉक-आयल)

कण्ठमालीय विकार, खासकर गहरे रङ्ग वालों में जिनको श्लैष्मिक झिल्ली की प्रादाहिक अवस्थायें हुआ करती हैं, आमाशय की अम्लता और चर्म पर दाने निकलना।

अति स्पष्ट चर्म लक्षण, पसीने और तेल की ग्रंथियों पर काम करती है। जाड़े के दिनों में रोग बढ़ता है। मोटर गाड़ी में, घोड़ा गाड़ी में और जहाज में चढ़ने से रोग पैदा होना। बहुत दिनों तक ठहरनेवाले आमाशयिक और फुफ्फुस रोग। जीर्ण दस्त। मानसिक अवस्थाओं, भय, क्रोध इत्यादि के बाद आये जीर्ण रोग, युवा कन्याओं की रक्तहीनता, आमाशय घाव के साथ या बिना घाव के।

मन—मानसिक उत्तेजना से रोग का बढ़ना। सड़क में रास्ता भूल जाय। अपने को दो व्यक्ति समझे या ऐसा जान पड़े कि कोई दूसरा व्यक्ति उसके बगल में लेटा है। **मृत्यु को निकट समझे और अपने कामों को जल्द निपटाने की चिन्ता करे।** चिड़चिड़ा, आसानी से नाराज हो जाये, सभी चीजों पर चिढ़ना। **उदास; निगाह के धुँधलेपन के साथ।**

सिर—**स्पर्शकातर, जैसे ठण्ढी हवा उस पार बह रही है।** सुन्न मालूम दे, जैसे लकड़ी का बना हो, **पिछला भाग भारी जैसा सीसे का हो (ओपियम)।** उठने पर चक्कर आयें, कनपटी में मालूम हो जैसे नशे में हो, या समुद्री यात्रा कर रहा हो। **सिर की खाल पर दाने,** पिछले भाग में और कानों के आस-पास अधिक। सिर की खाल छूने से दर्द करे, बाद में सुन्न होना। सिर दर्द, आराम पाने के लिए कनपटी को पकड़े, खाँसते समय हिलने से दर्द पैदा हो। ३० शक्ति का व्यवहार करें।

आँखें—बरौनी का झड़ना। निगाह धुँधली; दूर की चीज साफ दिखाई देना, महीन अक्षर बिना चश्मे के न पढ़ सके; अश्रु-थैलियों का पकना। किनारों का प्रदाह। किनारों पर दरारें। आँखों के चारों तरफ का चर्म सूखा और भूसीदार।

कान—आवाज सहन न हो, खासकर जब कई लोग एक साथ बोलते हों। अकौता, खाल उधड़ना इत्यादि, कानों के भीतर और पीछे की तरफ, तीव्र खाज के साथ। रोगग्रस्त भाग छूने से दर्द करे। कानों के छेद में दरारें। सूखा जुकाम, बहरापन और आवाजों के साथ। कानों में टपकन और पड़पड़ाहटें। जीर्ण कंठकर्णी नली का नजला। कम सुनाई देना।

नाक—नथने घाव युक्त, चिपटे हुए, जलें, सिरा खुजलाये। नकसीर, पीनस, खुरण्ड और मवादी, घृणित स्राव के साथ।

चेहरा—सूखा, सिकुड़ा लगे; जैसे अण्डे की सफेदी से ढँका हो।

आमाशय—गला जले, गरम, तीव्र, खट्टी डकार। तनाव। बहुत खालीपन मालूम दे। चर्बीले भोजन से घृणा, मांस, गोभी खाने से कष्ट बढ़े। मल त्यागने के बाद ही भूख लगे। मुँह में पानी भरने के साथ मिचली। खाली पेट दर्द करे; बराबर खाते रहने से कम रहे (एनाका०, सिपिया)। प्रबल भूख। रात में खाने के लिए उठना आवश्य (सोरिनम)। लहसुन की दुर्गन्ध।

उदर—केवल दिन में ही दस्त हो, पानी-सा पतला पाखाना, ढेर का ढेर आ पड़े और गुदा में खाज हो। गोभी खाने के बाद; पेट में खालीपन के साथ।

पुरुष—विटप प्रदेश पर दाद की तरह दाने। मूत्र-ग्रंथि सूजी और फूली हुई। मूत्रमार्ग में खुजली।

स्त्री—मासिक धर्म से पहले सिर में थरथराहट (क्रियोजोट०) प्रदर अधिक, सांडलाल। (एल्यूमिना; बोरे०; बोवि०; कल्के फॉस)। जननेन्द्रिय दर्द करे और तर। तरी का संवेदन (युपेटो० पर्फो०)। स्तन घुण्डी पर खुजली वाली चोकरदार मैल।

सांस-यन्त्र—आवाज भारी (कार्बो०; कॉस्टि; फॉस०)। रात में सूखी खाँसी और सीने पर दाब। खाली पेट रहने से सिर दर्द पैदा हो। सीने पर दाब; ठण्डक से बढ़े। रात में सूखी खाँसी, सीने की गहराई से उठे। काली खाँसी और स्वर-यन्त्र का झिल्ली प्रदाह।

दिल—ठण्डापन। (कार्बो एनि०; नैट्र० म्यूरि०)। उबाल, गरमी और धड़कन के साथ मूर्च्छा।

पीठ—गरदन की जड़ में दर्द; कड़ापन और दर्द वेदना। पिठासे में कमजोरी। गुदास्थि वेदना।

अंग—जीर्ण मोच। काँखों में घृणित पसीना। घुटने कड़े। अँगुलियों के सिरे खुरदरे चिटके, दरारें, हर जाड़े के दिनों में। घुटने में फुलस जाने जैसा संवेदन। जोड़ों का चुरचुराना।

चर्म—रात में खुजली। बेवाई फटना। तर, खुजली, जलन। बिस्तर घाव। चर्म सूखा, सिकुड़ना, अति कोमल, खुरदरा और चिटकी खाल की तरह। दर्द। जरा-सा छिलने से पक जाये। (हीपर०)। खाल उधड़ना; हाथों पर विचर्चिका; मोटे हरियालीदार खुरण्ड, जलन और खाज; लाला, कच्चापन, दरारों में से खून बहे। अकौता। चिटके घाव, जाड़े में अधिक कष्ट हो।

ज्वर—शीत के बाद पसीना। गरम लपटें, खासकर चेहरे और सिर पर, रात में अधिक। पैर और आँख में पसीना।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : तरी, तूफान के पहले और तूफान में, मोटर में सवारी करने से; मन्द हरकत, जाड़े में, खाने से, मानसिक अवस्थाओं से।

घटना : गरम हवा, सिर ऊँचा करके लेटने से, सूखा मौसम।

सम्बन्ध तुलना कीजिए : कार्बो०, ग्रेफा०, सल्फर, फॉस०।

पूरक : सीपिया।

क्रियानाशक : नक्स, काकुल०।

मात्रा—३ से ३० और ऊँची शक्तियाँ। स्थूल मात्रायें अक्सर अच्छी होती हैं।

पेट्रोसेलिनम (Petroselinum)

(पार्सले)

इस औषधि का मुख्य संकेत इसके मूत्र सम्बन्धी लक्षणों से मिलता है। बहुत खुजली के साथ बवासीर।

मूत्र—विटप प्रदेश से सारे मूत्रमार्ग में जलन, टपकन, एकाएक पेशाब लगना, घड़ी घड़ी कामोत्तेजक गुदगुदी नौ गह्वर में। एकाएक वेग, सूजाक, पेशाब का वेग रोक न सके, खाज, मूत्र-मार्ग की गहराई में; दूध जैसा स्राव।

आमाशय—प्यास और भूख; मगर खाने या पीने की इच्छा का लोप हो।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एपिओल—पार्सले का कार्यकारी तत्व—(कष्टदायक मासिक धर्म), कैन्थे०; सार्सा०; कैनेबि०; मर्क०।

मात्रा—१ से ३ शक्ति।

फैसियोलस (Phaseolus)

(ड्वार्फ बीन)

हृदय-लक्षण अति स्पष्ट । मधुमेह ।

सिर—मस्तिष्क के भारीपन के कारण विशेष तौर पर माथे में या घेरों में टीस, हरकत से या मानसिक परिश्रम से कष्ट बढ़े ।

आँखें—पुतली फैली हुई, प्रकाश से प्रभावित न हो । ढेले छूने से दर्द करें ।

सीना—सांस धीमा और आहें भरना । नाड़ी तेज । धड़कन । हृदय के आसपास रोगग्रस्त जैसा, नाड़ी दुर्बल । दाहिनी तरफ की पसलियाँ दर्द करें । फुफ्फुसावरण या हृदयावरण में शोथ, वेदनापूर्ण ।

मूत्र—मधुमेह ।

दिल—भयानक धड़कन और मृत्यु भय ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : क्रेटेगस, लैके० ।

मात्रा—६ और ऊँची शक्ति । और मधुमेह के लिए छिलकों को पानी में उबालकर, मगर तीव्र सिर दर्द से सचेत रहिये ।

फेलाण्ड्रियम (Phellandrium)

(वाटर ड्रापवर्ट)

सांस यन्त्र के लक्षण बहुत आवश्यक हैं और चिकित्सा में उनकी बार-बार पुष्टि की गई है । क्षयरोग, वायुनलिका प्रदाह और वायुस्फीति रोग के घृणित बलगम और खाँसी के लिए एक उत्तम औषधि । तपेदिक, प्रायः फुफ्फुस के बिचले गोले पर आक्रमण । सभी चीजें मीठी लगें । खून थूकना, क्षय सम्बन्धी और अधिक दस्त ।

सिर—चाँद पर वजन, कनपटी में और आँखों के ऊपर टीस तथा जलन । चाँद में कुचले जाने जैसा संवेदन । चक्कर, लेटने पर चक्कर आये ।

आँखें—पलकों का स्नायुशूल, आँखों के प्रयोग की चेष्टा से अधिक हो । आँखों में जलन । जल-प्रवाह । प्रकाश सहन न हो । सिर दर्द आँखों में जाने वाले स्नायु से सम्बन्धित हो ।

स्त्री—दुग्ध-नलिकाओं में दर्द; जो दूध पिलाने के काल में असह्य हो । स्तन-घुण्डी में दर्द ।

सीना—दाहिनी छाती के आरपार, वक्षास्थि के पास गड़न के साथ दर्द, जो पीठ में कंधे के पास तक बढ़े । साँस कष्ट और लगातार खाँसी, भोर में अधिक । घृणित बलगम के साथ खाँसी, उठकर बैठ जाना आवश्यक, आवाज भारी ।

ज्वर—क्षय ज्वर और अधिक कमजोरी लाने वाला पसीना, सविराम, बाँहों में दर्द के साथ। अम्ल पदार्थ की इच्छा।

अंग—टहलने से थकावट।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : कोनि०, फाइटो०, साइलीशिया, एण्टिमो० आयोडे०, मायोमोटिस आर्वेन्सिस।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति। क्षय रोग में ६ शक्ति से कम न दें।

फॉस्फोरिकम एसिडम (Phosphoricum Acid.)
(फॉस्फोरिक एसिडम)

एसिडों में जो आम कमजोरी पायी जाती है, वह इस अम्ल में सर्वाधिक पाई जाती है। पहले मानसिक दौर्बल्य आता है और बाद में शारीरिक। फॉसफोरिक एसिडम का उत्तम कार्यक्षेत्र उन युवा लोगों में पाया जाता है जो तेजी से बढ़ते हैं और जिन पर मानसिक या शारीरिक परिश्रम का भार पड़ा है। जब कभी शरीर किसी तीव्र रोग का शिकार हुआ हो। असाधारण शोकाक्रमण। जीवन-रसों का निकल जाना; सभी अवस्थाओं में हम इस औषधि का व्यवहार करते हैं। मुँह में अधिक पानी भरा रहना या गला जलना, वादी भरना, दस्त, मूत्रमेह, वालास्थि विकृति और अस्थि आवरण सम्बन्धी प्रदाह। किसी अंग के कटवाने के बाद ठूँठ भाग का स्नायुशूल। आंत्रिक ज्वर में रक्तस्राव। कर्कट की पीड़ा घटाने के लिए लाभदायक है।

मन—बुझा हुआ। स्मरणशक्ति मन्द। (एनाका०)। उदासीन, लापरवाह। चित्त न जमा सके, सही शब्द भूल जाये। समझना कठिन। शोक या दूसरे मानसिक आक्रमण का बुरा असर। प्रलापक सन्निपात, घोर बुद्धिमांद्य के साथ। निराश।

सिर—भारी, व्यग्र। ऐसा दर्द जैसे दोनों कनपटियाँ दबाकर कुचल दी गई हैं। हिलाने से या आवाज से अधिक हो। कुचल जाने जैसा सिर दर्द। चाँद पर दाब। समय से पहले जवानी ही में बाल सफेद हो जायें; झड़ें। मैथुन के बाद धीमा सिर दर्द, आँखों पर जोर देने के बाद भी (नैट्र० म्यूर०)। शाम के लगभग खड़े होने या टहलने से आये। बाल झड़ें, समय से पहले सफेद हों।

आँखें—आँखों की चारों तरफ नीले चक्र। पलक सूजे हुए; ठंडे। पुतली फैली हुई। चमकीली। सूरज की रोशनी से बचना चाहे। इन्द्रधनुष के रंग दिखाई दें। बहुत बड़ी मालूम हों। निगाह का धुँधलापन हस्तमैथुन वालों में। दृष्टि-स्नायु की

मंदता। दर्द, मानो दोनों ढेले एक दूसरे के पास दबा कर सिर के भीतर ठेले जा रहे हों।

कान—गरज; कम सुनाई देने के साथ। आवाज सहन न हो।

नाक——खून बहना। अँगुली दिया करे। खुजली।

मुँह—होंठ सूजे, चिटके। मसूढ़ों से खून बहे; पीछे हटे हुए। जबान सूजी हुई; सूखी, गाढ़े, झागदार श्लेष्मा के साथ। दाँत ठंडे लगें। रात में बिना जाने दाँतों से जबान काट ले।

चेहरा—पीला मटियाला; ऐसा तनाव जैसे अण्डे की सफेदी पोतकर सुखा दिया गया हो। चेहरे की तरफ ठण्डा।

आमाशय—रसदार चीजों की इच्छा अधिक। खट्टी डकार। मिचली। खट्टी चीजें खाने या पीने से रोग उत्पन्न हो। खाने के बाद औंघाई के साथ आमाशय में बोझ जैसी दाब (फेल टौरी०) ठंडे दूध की प्यास।

उदर—तनाव और आँतों में उबाल जैसा संवेदन। तिल्ली बढ़ी हुई। (सिया० नोथ०) नाभि प्रदेश में टीस। तेज गड़गड़ाहट।

मल—दस्त, सफेद, अनैच्छिक, दर्दहीन, अधिक वायु के साथ, कोई खास शिथिलता न हो। दुर्बल, कोमल, कमजोर हड्डियों वाले बच्चों का अतिसार।

मूत्र—अक्सर अधिक, पानी जैसा, दूधिया सफेद, मूत्रमेह। पेशाब के पहले चिन्ता और बाद में जलन। रात में बार-बार पेशाब होना। पेशाब में फॉस्फोरस की मात्रा अधिक होना।

पुरुष—रात में और मलत्यागकाल में वीर्य स्खलन। शुक्राशय प्रदाह। (ऑक्जैलि० एसिड०)। काम शक्ति कम, अण्ड कोमल और सूजे हुए। आलिंगन के समय जननेन्द्रिय ढीली रहे। (नक्स०)। मूत्राशयिक ग्रन्थि रस-स्खलन, मुलायम मल के समय भी। अण्डकोष का अकौता। लिंग के पर्दे का शोथ, और लिंग मुण्ड की सूजन। लिंग के पर्दे पर दाद। आतशकी मस्से। (थूजा)

स्त्री—मासिक धर्म बहुत पहले और मात्रा में अधिक, जिगर दर्द के साथ। खुजली, मासिकधर्म के बाद पीहा प्रदर। दूध कम उतरे, दूध पिलाने से स्वास्थ्य बिगड़े।

श्वास-यन्त्र—मानसिक धुँधलेपन के बाद सीने के रोग। आवाज फटी हुई। सीने में गुदगुदी से सूखी खाँसी। नमकीन बलगम। साँस कठिन। बात करने से सीने में कमजोरी आए। (स्टैनम०) वक्षास्थि के पीछे दाब, जिससे निकलना कठिन हो जाये।

दिल—धड़कन, उन बच्चों में जो बहुत तेजी से बढ़ रहे हों, शोक के बाद, हस्तमैथुन के बाद उपद्रव। नाड़ी क्रमहीन, सविराम।

पीठ—स्कंधास्थि के बीच में छेद होने जैसा दर्द। पीठ और अंगों में दर्द जैसे चोट लगी हो।

अंग—कमजोर, अंग फटने जैसा दर्द, हड्डियों और अस्थि परिवेष्ट में भी। ऊपरी बाँह और कलाई में ऐंठन। घोर दौर्बल्य। रात में दर्द, जैसे हड्डियाँ छीली गई हों। आसानी से ठोकर खाये और गलत कदम बढ़े। अँगुलियों के बीच में या जोड़ों की तहों में खुजली।

चर्म—रस दाने, मुहासे, रसफुड़िया। अति घृणित, मवादी घाव। जलन वाले लाल दाने। कई स्थानों पर सुरसुरी। बालों का झड़ना। (नैट्र० म्यूर०, सेलेनि०)। ज्वर के साथ फोड़ों की प्रवृत्ति।

नींद—औंघाई। कामोत्तेजक स्वप्न, वीर्य-स्खलन के साथ।

ज्वर—शीत। रात में और सुबह को अधिक पसीना। मन्द ज्वर, बुद्धिमान्द्य और मूर्च्छा के साथ।

घटना-बढ़ना – घटना : गरम जगह रहने से। बढ़ना : जोर पड़ने से, किसी से बात करने से, जीवन रस के निकल जाने से, अधिक मैथुन से। किसी चीज से जिससे रक्त संचार रुके, रोग अधिक हो।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : इनाथेरा बायेनिस–इवनिंग प्राइम रोज—(स्नायु शिथिलता के साथ चापहीन दस्त। मस्तिष्क में शोथमय गुल्म की आरम्भिक अवस्था। कुकुर-खाँसी और अक्षेपिक दमा) नैक्ट्रैण्डा एमैरे। (पानी-सा दस्त, सूखी जबान, शूल, धँसी आँखों के चारों तरफ, नीले चक्र अशान्त निद्रा)। चायना; नक्स०; पिक्रि० एसिड; लैक्टिक० एसिड; फॉस०।

क्रियानाशक : कॉफिया।

मात्रा—१ शक्ति।

फॉस्फोरस (Phosphorus)

(फॉस्फोरस)

फॉस्फोरस उत्तेजना पैदा करता है, प्रदाह पैदा करता है और श्लैष्मिक झिल्ली को क्षीण करता है। रक्ताम्बु झिल्ली को उत्तेजित करता है और प्रदाह पैदा करता है, मेरुदण्ड और स्नायु में सूजन पैदा करता है जिससे पक्षाघात हो जाता है। हड्डी को नष्ट करता है, खासकर निचले जबड़े और जाँघ की हड्डी को; रक्तकणों को

छिन्न-भिन्न करता है जिससे रक्तवाहिनियों में और सभी तन्तुओं में और यन्त्रों में चर्बी आ जाती है; जिससे रक्त-प्रवाह और रक्तमय कामला रोग हो जाता है।

शारीरिक यन्त्रों में एक विनाशकारी अवस्था उत्पन्न करता है। जिगर की पीली सिकुड़न और जिगर में प्रदाह पैदा करता है। लम्बे, दुबले लोग, तंग सीनेवाले, पतले झलझले चर्मवाले, रसों और धातुओं के अधिक निकल जाने से कमजोर, अधिक स्नायविक, दुर्बल, सूखा शरीर; काम प्रवृत्ति, इन लक्षणों के लोग खासकर फॉस्फोरस के क्रियाक्षेत्र में रहते हैं। बाहरी प्रभाव से शीघ्र उत्तेजना; प्रकाश, आवाज, गन्ध, स्पर्श, आकाशीय विद्युत परिवर्तनों से, बिजली तूफान से शीघ्र प्रभावित हों। लक्षणों का अकस्मात् आक्रमण, अकस्मात् शिथिलता, गर्मी, पसीना, चमकन, दर्द इत्यादि। रक्त में लाल कण अधिक हो जाना। रक्त उत्सर्ग, चर्बीलापन, अंग विशेष का बड़ा हो जाना, अस्थि सड़न, सभी ऐसी अवस्थाएँ हैं जहाँ फॉस्फोरस की आवश्यकता होती है। पेशियों का अप्राकृतिक ढीलापन, स्नायु-प्रदाह। साँस मार्ग का प्रदाह। पक्षाघात के लक्षण। आयोडीन और अधिक नमक खाने का दुष्प्रभाव। बायीं तरफ लेटने से रोगाधिक्य। उपदंश का तृतीय चरण। चर्म पर आक्रमण और स्नायविक दौर्बल्य। शीताद रोग। कृत्रिम वृद्धि पक्षाघात। पैशिक क्रिया भ्रष्ट और जीवन-शक्ति दुर्बल। अस्थि मज्जा प्रदाह। हड्डियों की कमजोरी, चुरचुराना।

मन—भारी; उत्साहहीन। जल्दी चिढ़ जाये। भयभीत, जैसे सभी कोनों से कोई जन्तु रेंगकर बाहर निकल रहा हो। दिव्य ज्ञान की अवस्था। चिहुँक जाने की तीव्र प्रवृत्ति, बाहरी प्रभाव से प्रचण्ड उत्तेजना। स्मरण शक्तिहीनता। पागलों का पक्षाघात। हर्षावेश। अकेले रहने पर मृत्यु भय। मस्तिष्क की थकावट। उन्माद, स्वयं भाव की अति वृद्धि। उत्तेजनीय, सारा शरीर गरम हो जाये। बेचैन, अशान्त। असाधारण उत्तेजना, उदासीन।

सिर—वृद्ध लोगों का चक्कर, उठने पर अधिक। (ब्रायो०)। रीढ़ से गरमी शुरू हो। स्नायुशूल। रोगग्रस्त भाग को गरम रखना आवश्यक। जलन दर्द। सिर का जीर्ण प्रदाह। मस्तिष्क का धुँधलापन; पिछले भाग में ठंडक के साथ। गर्मी के साथ चक्कर। माथे की खाल बहुत कसी मालूम हो। सिर की चमड़ी की खाज, बाल झड़ना, गुच्छों में बाल गिरे।

आँखें—मोतियाबिन्द। ऐसा लगे जैसे आँखों के सामने कोहरा का पर्दा, धूल या कोई दूसरी चीज खिंची हुई हो। आँखों के सामने काली बुन्दकियाँ तैरती मालूम हों। आँखों पर हाथ की छाया डालकर अच्छा दिखाई दे। बिना अधिक प्रयोग के भी आँखें और सिर में थकावट। मोमबत्ती से चारों तरफ हरा चक्र दिखाई दे। (ओसिमियम) अक्षर लाल लगें। चक्षु स्नायु की सिकुड़न। पलकों और आँखों

के आसपास का शोथ। मोती जैसी सफेद पुतली और लम्बी तिर्छी बरौनी। तम्बाकू के दुरुपयोग से प्रायः आंशिक दृष्टिहीनता। (नक्स०)। घेरे की अस्थियों में दर्द। बाहरी पेशियों का आंशिक पक्षाघात। चक्षुकेन्द्र के खिसकने से द्विदृष्टि। मैथुनाधिक्य से आया दृष्टिकष्ट। धुन्ध रोग। चक्षु-नलिकाओं में संवरोधन निर्माण और कोषों की क्षीणता। निगाह के परिवर्तन, जहाँ वृद्ध लोगों को टेढ़ी लकीरें दिखाई दें और दर्द रहे। प्रकाश दिखाई देने के साथ और दृष्टिभ्रम के चक्षुपट के रोग।

कान—ऊँचा सुने, खासकर मनुष्य की बोली। आवाजों में गूँजन। (कॉस्टि०)। आंत्र ज्वर के बाद मन्द सुनाई देना।

नाक—नथनों का पंखों की तरह हिलना। (लाइको०) खून बहना; मासिक धर्म की जगह नकसीर आयें। गंध संवेदना की अति उत्तेजना। (कार्बो० एसिड; नक्स०)। नासिका अस्थि आवरण का प्रदाह। घृणित काल्पनिक गंध। (ऑरम)। जीर्ण जुकाम, थोड़ा, मन्द रक्तस्राव के साथ; रूमाल में हमेशा खून लगा रहे। नासिका अर्बुद, रक्त प्रवाह सरल। (कैल्के०, सैंग्वि०)।

चेहरा—पीला, रागग्रस्त; आँखों के नीचे नीले घेरे। मुर्दे जैसा चेहरा। चेहरे की हड्डियों में फटन दर्द, एक या दोनों गालों पर घेरेदार लाली। निचले जबड़े की हड्डी की सूजन और सड़ना। (ऐम्फिसबीना, हेक्ला लावा)।

मुँह—मसूढ़े सूजे हुए और उनसे खून आसानी से बहे। घाव युक्त। कपड़ा धोने के बाद दाँत दर्द। जबान सूखी, चिकना लाल या सफेद; मोटा मैल न हो। दाँत निकलवाने के बाद लगातार खून बहना। दूध पीते बच्चे के मुँह का छुर-छुराना। गलनली में जलन। मुखगह्वर और गलकोष में सूखापन। अधिक ठंडे पानी की प्यास। गलनली का रुकना।

आमाशय—खाने के बाद जल्दी ही भूख लगे। प्रत्येक भोजन करने के बाद खट्टा स्वाद और खट्टी डकार। खाने के बाद आमाशय से अधिक मात्रा में डकार के साथ वायु निकलना। कौर का कौर अनपचा भोजन निकले। कं; पानी जैसे ही पेट में गरम हो वैसे ही कै द्वारा बाहर निकले। चीरा लगवाने के बाद ही कै। हृदय छिद्र सिकुड़ा लगे, बहुत तंग, खाना निगलते ही ऊपर निकले (ब्रायो०; ऐलुमि०)। पेट में दर्द; ठंडे भोजन से, बरफ से कम हो। आमाशय क्षेत्र छूने, टहलने पर दर्द करे। आमाशय की सूजन, जलन के साथ जो गले और आँतों तक बढ़े। अधिक नमक खाने का दुष्प्रभाव।

उदर—ठंडा लगे (कैप्सि०)। तेज कटन दर्द। पूरे उदर गड्ढे में बहुत कमजोरी का, खालीपन का भाव मालूम हो; कार्यहीन संवेदन। जिगर में रक्ताधिक्य। तीव्र जिगर प्रदाह। चर्बी अधिक जमा हो जाना। (कार्बोनि० टेट्राक्लो-

राइड, आर्से०, क्लोरोफार्म) कामला रोग । क्लोम । विषयक रोग । उदर पर बढ़े, पीले चकत्ते ।

मल—अति दुर्गन्धित मल और वायु-स्खलन । लम्बा, पतला, कड़ा, कुत्तों के मल की तरह । निकालने में कठिनाई । बाईं करवट लेटने में पाखाना लगे । दर्दहीन, अधिक, कमजोरी लाने वाला दस्त । हरा श्लेष्मा, जिसमें साबूदाने की तरह दाने हों । अनैच्छिक, मानो गुदा खुली ही रह गयी । पाखाने के बाद कमजोरी आये । मल त्यागने के समय मलाशय से खून बहे । सफेद कड़ा मल, खूनी बवासीर ।

मूत्र—खून का पेशाब, खासकर ओजोमेह में ('ब्राइट्स' रोग) । (कैन्थे०) । गँदला कत्थई । लाल तलछट ।

पुरुष—शक्तिहीन । प्रबल इच्छा; कामातुर स्वप्न के साथ अनैच्छिक वीर्यपात ।

स्त्री—जरायुप्रदाह । हरित्-पाण्डुरोग । शिराप्रदाह । स्तन फोड़े के बाद नासूरी दरारें । दो मासिक काल के बीच में जरायु से कुछ खून निकले । मासिकधर्म बहुत पहले और थोड़ा; अधिक न हो, लेकिन बहुत देर तक जारी रहे । मासिकधर्म के पहले रुदन करे । स्तनों में गड़न दर्द । प्रदर : अधिक, छिलन वाला, कड़क वाला, मासिकधर्म की जगह । मासिकधर्म का रुक जाना, क्रमभ्रष्ट मासिक-धर्म (ब्रायो०) । स्तनों में मवाद पड़ना · जलन; पानी-सा, घृणित स्राव । प्रचण्ड कामोन्माद । जरायु अर्बुद ।

साँस-यन्त्र—आवाज भारी । शाम को अधिक । स्वरयन्त्र बहुत वेदनापूर्ण । वक्ताओं का गलक्षत; गला बैठना, बोलने पर स्वरयन्त्र में बहुत गुदगुदी । स्वरभेद, शाम को बढ़े; कच्चापन के साथ । स्वरयन्त्र की पीड़ा के कारण बोल न सके । गले में गुदगुदी की वजह से खाँसी, जो ठंडी हवा में, पढ़ने से, हँसने से, बोलने से, गरम कमरे में, ठंडी हवा में जाने से बढ़े । खाँसते समय मीठा स्वाद । कड़ी, सूखी, खाँसी, वेदनापूर्ण खाँसी । फुफ्फुस में रक्ताधिक्य । सीने पर दबाव, जलन के साथ दर्द, गरमी । सीने के आरपार कसाव जैसे बहुत बड़ा बोझ धरा हो । सीने में तेज चिलकन, साँस तेज, दबा हुआ । सीने में बहुत गरमी । फुफ्फुस प्रदाह, दाब के साथ बाईं करवट लेटने से कष्ट बढ़े । खाँसी के साथ सारा शरीर काँपे । बलगम मुर्चेदार खूनी रंग का या मवादी । लम्बे, तेजी से बढ़ने वाले युवक का तपेदिक रोग । ऐसी अवस्था में बहुत नीचे की शक्ति, या बार-बार औषधि न दीजिये, यह शायद तपेदिक से ग्रस्त स्थानों को बहुत तेजी से नष्ट करने का काम करने लगे । बार-बार खून थूकना । (एकालि०) । खाँसते समय गले में दर्द । स्नायविक खाँसी जो तेज गंध से, अजनबी आदमी के आने से शुरू हो, बायीं तरफ लेटने से, अजनबी लोगों के बीच में, ठंडे कमरे में अधिक हो ।

दिल—आकुलता के साथ तीव्र धड़कन, बायीं तरफ लेटने पर अधिक। नाड़ी तेज, छोटी और मुलायम। दिल फैला हुआ, खासकर दाहिना भाग। दिल में गरमी लगना।

पीठ—पीठ में जलन, टूटने जैसा दर्द। स्कंधास्थियों के बीच में गरमी लगना। रीढ़ की कमजोरी।

अंग—हाथ और पैर की अँगुलियों से ऊपर चढ़ने वाला लकवा जो चालक और संवेदक दोनों स्नायु पर आक्रमण करे। कन्धे के जोड़ों में और केहुनी में चिलकन। पैरों में जलन। जरा-सा जोर पड़ने से कमजोरी, और कम्प हो। हाथ से कोई चीज पकड़ी न जाये। जंघास्थि सूजी हुई और सड़े। बाहें और हाथ सुन्न हो जायें। केवल दाहिनी तरफ लेट सके। झिल्ली प्रदाह लकवा के बाद साथ में हाथों और पैरों में सुरसुरी। जोड़ एकाएक बेकार हो जायें।

नींद—बहुत औंघाई, खासकर भोजन करने के बाद। मृत्युवत तन्द्रा। वृद्ध लोगों की औंघाई। आग के स्पष्ट स्वप्न, खून निकलने के। कामातुर स्वप्न। देर में सोये और उठने पर कमजोरी। जरा नींद आना, फिर जाग उठना। कुक्कुर निंदिया।

ज्वर—हर शाम को शीत लगे। रात में घुटने ठंडे। अधिक कमजोरी, बिना प्यास, मगर अप्राकृतिक भूख। क्षय ज्वर, छोटी, तेज नाड़ी। लसीला, रात्रि पसीना। घाव, प्रलापक सन्निपात। अधिक पसीना बहना।

चर्म—छोटे से छोटे घाव में से भी अधिक खून बहे। घाव अच्छे हों और फिर खून बहने लगे। पीला रोग। बड़े घाव के घेरे के बाहर छोटा घाव हो जाना। काली लकीरों के छोटे दाग। काला दाग। धूम्र रोग। शीताद रोग। रक्ताकार छत्रिका और स्फोट।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना :** स्पर्श मानसिक या शारीरिक परिश्रम, गोधूली में गरम खाना या पानी, मौसम बदलने के समय, गरमी में भीग जाने पर, शाम के समय, बाँयीं तरफ या दर्दवाली करवट लेटने से, तूफान के समय सीढ़ी से ऊपर चढ़ते समय। **घटना :** अन्धेरे में, दाहिनी तरफ लेटने से, ठंढा भोजन, ठंडक से, खुली हवा, ठण्ढे पानी में नहाने से, सोने से।

सम्बन्ध—पूरक : आर्से०, एलियम सिपा, लाइको०, सिलिका०।

सैंग्विसुगा ३०—लीच—(लगातार रक्त प्रवाह, जोंक लगवाने का बुरा असर)। फॉस्फो० पेंटाक्लोराइड, (आँखों और नाक की श्लैष्मिक झिल्ली में बहुत उत्तेजना, गला और सीना दर्दवाला)।

असमाव—कॉस्टि०।

तुलना कीजिये : फॉस्फोरस के बाद ट्यूबरकुलिनम अच्छा काम करती है और उसकी क्रिया में सहायता देती है। फॉस्फोरस हाइड्रोजेनैटस (दाँतों का भुरभुराना, अति संवेदनीयता, गति शक्ति राहित्य); ऐम्फिसबीना (दाहिनी तरफ का जबड़ा सूजा और दर्दीला) थाइमॉल (काम सम्बन्धी स्नायु दौर्बल्य, उत्तेजनीय पेट, कटि प्रदेश के आरपार टीस, मानसिक और शारीरिक परिश्रम से अधिक हो), कैल्के०; चायना; पेन्टिमो०; सिपिया; लाइको०, सल्फ०। फुफ्फुस प्रदाह में न्यूमोकोसिन २२० और न्यूमोटॉक्सिन (क्रैहिस) फ्रेन्कल डिप्लोकॉक्कस लैसिओलैटस से निकला हुआ। फुफ्फुस प्रदाह और पक्षाघात के लक्षण फुफ्फुसावरण में दर्द और क्षुद्रान्त्र तथा अन्धान्त्र क्षेत्र सम्बन्धी दर्द। (कार्टियर)।

क्रियानाशक : फॉस्फोरस के विष को मारने के लिए – टरपेण्टाइना जिसके साथ यह एक बिना घुलनेवाला लोंदा बनाती है। इसके अतिरिक्त पोटास परमैंग०, नक्स०, फॉस०, क्लोरोफार्म और ईथर की मिचली और कै को मारती है।

मात्रा—३ से ३० शक्ति। बहुत नीचे की शक्ति बार-बार नहीं दोहराना चाहिए। खासकर क्षयरोग में। यह यहाँ युथैनेसिया की तरह काम करती है।

फाईसैलिस-सोलेनम वेसिकैरियम (Physalis-Solan. Vesi.)
(एल्केकेंगी-बिटर चेरी)

मूत्र सम्बन्धी लक्षण स्पष्ट रूप से उत्पन्न करती है, जिससे इसका पथरी रोग आदि में प्राचीन काल से व्यवहार की पुष्टि होती है। शरीर में अश्मरी का निर्माण, पेशाब अधिक लाती है। सुस्ती और पैशिक दौर्बल्य।

सिर—चक्कर, मानसिक धुँधलापन, स्मरण शक्ति दौर्बल्य। लगातार बात करने की इच्छा। थरथराहट, दर्द माथे में, आँखों के ऊपर भारीपन। चेहरे का लकवा। मुँह का सूखापन।

अंग—अंग कड़े, संकुचन, ऐंठन। पक्षाघात। रेंगन संवेदन और अधिक मूत्र के साथ मलत्यागकाल में पसीना होना। ज्वर के समय जिगर में दर्द।

ज्वर—खुली हवा में शीत। शाम को हरारत, टहलते समय हर एक झटका सिर में लगे।

साँस-यन्त्र—खाँसी। आवाज फटी, गला स्पर्शकातर, सीने पर दाब जिससे नींद न आवे। सीने में छूरा भोंकने जैसा संवेदन।

मूत्र—तेजाबी, घृणित, रुका हुआ, अधिक। अनेक बार मूत्र-स्खलन, स्त्रियों को इतने जोर का पेशाब लगे कि रुक न सके। रात में तेजी से पेशाब लगना, बहते रहना। अनैच्छिक मूत्रस्राव।

चर्म—हाथ और पैर की अंगुलियों के बीच की खाल उधड़ना; जाँघों पर दाने, माथे पर अस्थि गुल्म।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना** : खेमे की ठंडी शाम। गरम होने से।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति। झरबेरी का रस शोथ में और मूत्राशय की उत्तेजना में देते हैं।

फाइजॉस्टिग्मा (Physostigma)

(कॅलैबर बीन)

यह औषधि और इसका प्रभावशाली तत्व, ऐसेरिन; मेटेरिया मेडिका में एक मूल्यवान स्थान रखता है। दिल को उत्तेजित करती है, रक्तचाप को बढ़ाती है और कृमिवत् आकुञ्चन गति को बढ़ाती है। पुतली को सिकोड़ती है और पलकों की पेशियों को भी संकुचित करती है। निकट दृष्टि की अवस्था पैदा करती है। **मेरुदण्ड की उत्तेजना,** चालन-शक्ति का लोप होना, शिथिलता, कशेरुकाओं की उत्तेजना के साथ। तन्तुमय अर्बुद। पेशियों का तनाव; पक्षाघात। मेरुदण्ड के चालन और परावर्त्तित क्रिया को मन्द कर देती है और दर्द की संवेदनीयता को नष्ट करती है, पैशिक दौर्बल्य; बाद में पूर्ण पक्षाघात, गोकि पैशिक संकुचन क्रिया में कोई कमी नहीं होती। पक्षाघात और कम्प, ताण्डव रोग। मस्तिष्क प्रदाह; उत्तेजना। साथ में पेशियों का कड़ापन। ताण्डव रोग और धनुष्टंकार रोग। बहुस्थि मज्जाप्रदाह, अग्र भागिक। एसेरिन को पुतली सिकोड़ने के बाहरी उपयोग में लाते हैं।

सिर—चाँद पर लगातार दर्द, सिर में सिकुड़न संवेदन के साथ चक्कर आना। भौंरों के ऊपर दर्द, पलकों का उठना सहन न हो। मस्तिष्क मेरु मज्जा प्रदाह; सारे शरीर में कड़ापन। चेहरे की पेशियों की आक्षेपिक अवस्था।

आँखें—रतौंधी (इसका उल्टा ब्रोथ्रॉप्स है)। प्रकाशातंक, **पुतली का सिकुड़ना,** **नेत्र पेशियों का फड़फड़ाना।** आँखें बन्द करने की शक्ति का लोप होना, उड़ते हुए धब्बे, प्रकाश की चमक, आंशिक अन्धापन। धुन्ध रोग, संविधान का आंशिक पक्षाघात। विषम दृष्टि। अधिक जल प्रवाह। पलक पेशियों का आक्षेप; साथ में प्रयोग करने पर उत्तेजनीयता। प्रगतिशील निकट दृष्टि। झिल्ली प्रदाह रोग के बाद आँखों और संविधान पेशियों का पक्षाघात।

नाक—बहता जुकाम, नथनों में जलन और चुनचुनाहट, नाक जकड़ी हुई और गरम। नथनों के चारों तरफ ज्वर छाले।

मुँह—जबान का सिरा छरछराये। कोई गोला गले में ऊपर आता जान पड़े।

गला—गले में शक्तिवान हृदय धड़कन मालूम हो।

पेट—खाने के बाद अधिक पीड़ा। कौड़ी प्रदेश पर स्पर्श असह्य। दर्द सीने में और बाँहों के नीचे तक बढ़े। पेट दर्द, जीर्ण कब्ज।

स्त्री—क्रमभ्रष्ट मासिकधर्म, धड़कन के साथ। आँखों में रक्ताधिक्य। पेशियों का कड़ापन।

दिल—धीमी नाड़ी, धड़कन, आक्षेपिक क्रिया, साथ में सर्वाङ्गीण धड़कन संवेदन। सीने और सिर में दिल की धड़कन स्पष्ट रूप से सुनाई दे। दिल का फड़-फड़ाना गले में मालूम हो। हृदय का चर्बीलापन (क्युप्रम एसे०)।

अंग—दाहिनी तरफ के जानु पश्चाद्भाग में दर्द। मेरुदण्ड में जलन और झुनझुनी। हाथ और पैर सुन्न। सीने के पहले भागों में एकाएक झटका। धनुस्त-म्भीय आक्षेप। चालन शक्तिहीनता। पक्षाघातग्रस्त भागों में सुन्नपन, अंगों में ऐंठन दर्द।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एसेरिन, फाइजॉस्टिग्मा का क्षारोद तत्व हृदय गति को मन्द करता है और धमनी तनाव को बढ़ाता है; पलक पेशियों की क्रमभ्रष्ट क्रिया की वजह से पलक पेशियों में आक्षेप और आक्षेपिक विषम दृष्टि, पलकों का आक्षेप, पुतली सिकुड़ी हुई। पलकों में फड़कन, ढेलों में दर्द; धुँधलापन, आँख के प्रयोग के बाद आँखों के चारों तरफ और सिर में दर्द। (पुतली सिकोड़ने के लिए बाहरी प्रयोग। एट्रोपीन से फैलाई हुई पुतली को एसेरिन सिकोड़ती है, मगर उस पुतली को नहीं जो जेलसीमियम से फैलाई गई हो। आन्तरिक व्यवहार ६x)।

एसेरिन सैलिसिलेट (चीरा लगवाने के बाद आँतों में पक्षाघात, आध्मान, इन्जेक्शन के लिए $\frac{1}{60}$, $\frac{1}{20}$ ग्रेन)

इनका भी तुलना कीजिये : मस्कैरिन, कोनियम, कुरारी, जेल्से०; थिबैनम (धनुस्तम्भ) पिपेरेजिनम—(मूत्र अम्ल बाधाएँ) अति खाज, गठिया और मूत्र-मार्ग में पथरी। लगातार पीठ दर्द। चर्म सूखा, पेशाब कम। वातीय सन्धि पीड़ा। कार्बन मिश्रित जल में एक ग्रेन मिलाकर रोज दीजिये। १ और २ दशमलव विचूर्ण दिन में तीन बार।

क्रियानाशक—एट्रोपिया। पूरी चिकित्सा की मात्रा में फाइजॉस्टिग्मा इनके बहुत-से बुरे प्रभाव को दूर करेगी।

मात्रा—३ शक्ति। एसेरिन की समक्षाराम्ल सल्फेट का आधे ग्रेन से ४ ग्रेन तक एक औंस डिस्टिल्ड वाटर के साथ मिलाकर आँखों में ढाल देते हैं, इससे चक्षुतारा का प्रसारण, आँखों में चोट लगना, उपतारा प्रदाह, कनीनिका पर घाव इत्यादि की अवस्थाओं पुतली संकुचित होती है।

———

फाइटोलक्का (Phytolacca)

(पीक-रूट)

टीस, वेदनापूर्ण, बेचैनी, शिथिलता ऐसे साधारण लक्षण हैं जो फाइटोलक्का की ओर संकेत करते हैं। मुख्यतः यह ग्रन्थि विकार की औषधि है। गरमी और प्रदाह के साथ ग्रन्थि सूजन। सौत्रिक और अस्थि तन्तु पर, पैशिक बन्धन और पैशिक आवरण झिल्ली पर घाव भरने के बाद निशान के तन्तु पर, इस औषधि का शक्तिशाली प्रभाव है। उपदंशीय अस्थि पीड़ा जीर्ण वात रोग। गल प्रदाह, तालुमूल प्रदाह और झिल्ली प्रदाह। धनुस्तम्भ और धनुष्टंकार, शरीर का वजन कम होना। दाँत देर में निकलना।

मन—वैयक्तिक शिष्टाचार का अभाव, वातावरण का विचार न होना। जीवन से उदासीन।

सिर—उठने पर चक्कर। मस्तिष्क में सन्ताप। अगले भाग से पीछे की तरफ दर्द। कनपटी में और आँखों के ऊपर दाब। ऊपरी खाल पर वात रोग, जब पानी बरसे तभी दर्द पैदा हो। खाल पर छिल्केदार दाने।

आँखें—गड़न। पलकों के नीचे बालू जैसा मालूम पड़े। चक्षुपुटीय किनारे गरम लगें। अश्रुकोष का नासूर। (फ्लोरिक एसिड)। अधिक गरम जलस्राव।

नाक—जुकाम, एक नथने से और पिछले भागों से श्लैष्मिक स्राव।

मुँह—दाँत निकलने वाले बच्चे जिनमें दाँत से दाँत काटने की प्रबल इच्छा हो। दाँत जकड़े; निचले होंठ नीचे को खिंचे हों। होंठ फैले; जबड़े कसकर जकड़े, ठुड्डी वाक्षास्थि के ऊपर खिंची हो। जबान का सिरा लाल, खुरदरा और झुलसा मालूम दे, मुँह से खून बहे, किनारों पर छाले। जीभ नक्शेदार, फटी, दरारेदार, बीच में नीचे तक पीले चकत्ते। अधिक तारदार लार।

गला—गहरा लाल या नीलापन लिये लाल। जबान की जड़ में अधिक दर्द, कोमल तालु और तालुमूल सूजे हुए। गले में ढोंका जैसा संवेदन। (बेला०, लैके०)। गला खुरखुरा; सिकुड़ा, गरम लगे। तालुमूल सूजे, खासकर दाहिना, गहरा लाल रङ्ग, निगलने पर कानों में तीव्र टीस दर्द। कृत्रिम श्लैष्मिक स्राव, भूरा सफेद, गाढ़ा, चिमड़ा, पीलापन लिये श्लेष्मा, कठिनाई से अलग हो। कोई गरम चीज न निगल सके। (लैके)। कर्ण मूल में तनाव और दाब। घावयुक्त गल प्रदाह और झिल्ली प्रदाह, गला बहुत गरम लगे, जबान की जड़ पर दर्द जो कानों तक बढ़े। बढ़ा हुआ काग, शोथमय। तालु प्रदाह, तालुमूल और मुखगह्वर सूजा हुआ, जलन, दर्द, पानी तक न निगल सके। कंठमाला। क्षुद्रगह्वर पूर्ण, गलकोष प्रदाह।

उदर—दाहिने कोख में एक चोटीला स्थान। उदर पेशियों का वात रोग। नाभि शूल। जलन; चुभन; दर्द। उदर और कौड़ी प्रदेश के आरपार चोटीलापन। वृद्ध लोगों और कमजोर दिल वालों का कब्ज। मलाशय से रक्तस्राव।

मूत्र—थोड़ा, दबा हुआ, गुर्दा प्रदेश में दर्द के शाथ। गुर्दा प्रदाह।

स्त्री—स्तन-प्रदाह, स्तन कड़े और कोमल। स्तन अर्बुद और साथ में कक्षीय और ग्रन्थि का बढ़ना। स्तनों का कर्कट रोग। स्तन कड़े; दर्दीले और बैंगनी रङ्ग के। स्तनों का फोड़ा। बच्चे को दूध पिलाते समय दर्द घुन्डी से सारे शरीर में फैल जाये। मासिक धर्म के पहले और सायंकाल में स्तन स्पर्श सहन न करे। अधिक दुग्ध स्राव। (कैल्के)। मासिक स्राव अति अधिक और बार-बार। दाहिनी तरफ के डिम्बाशय का स्नायुशूल।

पुरुष—अंड का पीड़ाजनक कड़ापन। विटप प्रदेश में से लिंग तक चुभन।

सिर—ऐसा जान पड़े कि हृदय गले से कूद गया है। (पोडो०)। हृदय क्षेत्र में चमकन दर्द जो दाहिनी बाँह के दर्द के साथ पारी बदल कर उठे।

साँस-यन्त्र स्वरमंद। कठिन साँस, सूखी ठोकन, गुदगुदीदार खाँसी; रात में अधिक हो। (मेन्था०; बेलाडो०)। खाँसी के साथ, वक्षास्थि के बीच से सीने में टीस। निचली पसलियों के बीच वाले भाग का वात दर्द।

पीठ—कटि प्रदेश में टीस दर्द, रीढ़ की हड्डी में से एक पतले मार्ग से त्रिकास्थि में जाये। गुर्दा प्रदेश में कमजोरी और मन्द पीड़ा। पीठ कड़ी, खासकर सुबह उठने पर और तर मौसम में।

अंग—बाहों में कड़ापन और ऊपर उठाने में कष्ट के साथ। दाहिने कन्धे में चिलकन दर्द। (हृदय देखिये) वात दर्द, सुबह को अधिक। बिजली के धक्के की तरह तेजी से लपके, चमकन, कोंचन, जगह बदलने वाला दर्द। (पल्से०, कैली० बाइक्रो०)। जाँघों की निचली तरफ दर्द। उपदर्शीय गृध्रसी। एड़ी में टीस, पैर उठाने से कम हो। धक्के की तरह दर्द। टाँगों में दर्द, रोगी को उठाने में डर लगे। पैर फूले, टखनों और पैरों में दर्द। पैर की अंगुलियों में स्नायुशूल।

ज्वर—तेज ज्वर, जो शीत और अधिक शिथिलता के साथ बारी-बारी से आए।

चर्म—खाज, सूखा, कुम्हलाया हुआ। पीला। सूखे और रसदाने। चर्मरोग के आरम्भ में बहुत उपयोगी। फुड़िया की प्रवृत्ति; और जब घाव पर चर्बी आवे। खाल उधड़ना, स्फोट। उपदंशीय स्फोट। ग्रन्थियों का सूजना और कड़ापन। उपदंशीय बाघी। अरुण ज्वर की तरह फरन। मस्से और तिल।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : प्राकृतिक विद्युत् परिवर्तन से उत्तेजनीय भींगने से, जब पानी बरसे, तरी से, ठण्डा मौसम, रात में, बाहरी ठण्डक लगने से, हरकत से दाहिनी तरफ। **घटना :** सेंकना, सूखा मौसम, आराम।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : फाइट लक्का बेरीका अर्क। (गल प्रदाह और मोटापन की चिकित्सा में काम आती है) ब्रायों०, रस०, कैलि हाइड्रि०, मर्करी, सैंग्वि०, ऑरम ट्रिफा० । विरुद्ध : मर्करी ।

क्रियानाशक : दूध और नमक, बेलाडो०, मेजेरि० ।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति । स्तन प्रदाह में बाहरी प्रयोग की जाती है ।

पिक्रिकम एसिडम (Picricum Acidum)

(पिक्रिक एसिड—ट्रिनिट्रोफेनॉल)

पक्षाघात के साथ मेरुदण्ड में क्षीणता उत्पन्न करती है । मस्तिष्क का धुँधलापन और कामोत्तेजना । कदाचित् मेरुदण्ड के कटि क्षेत्र के मार्ग से जननेन्द्रिय पर काम करती है । शिथिलता, पीठ में कमजोरी और दर्द, अंगों में आल्पीन, सूई गड़ने जैसी संवेदना । स्नायविक दौर्बल्य (आक्जेलिक एसिड) । पैशिक दौर्बल्य । भारीपन, थकावट । मेरुमज्जा प्रदाह, आक्षेप और शिथिलता के साथ । लेखक कम्प । उन्नतिशील, कठोर रक्तहीनता । मूत्र क्षय विकार, पूर्ण मूत्ररोध के साथ । जलने पर एक प्रतिशत सोल्युशन की पट्टी लगाने से उत्तम लाभ होता है जब तक उसमें अंकुर न शुरू हों । रक्तहीन चेहरा ।

मन—इच्छा शक्ति की कमी । काम करने की इच्छा न हो । मस्तिष्क का मुलायम पड़ना शिथिलता से साथ, मनोभ्रंश, चुपचाप, अशान्त भाव से बैठा रहे ।

सिर—सिरदर्द; कसकर बाँधने से कम रहे । पिछले भाग का दर्द, जरा-से मानसिक परिश्रम से बढ़े, चक्कर और कानों में आवाजें आयें । कानों के भीतर और गरदन के पीछे फुड़िया । देर तक मानसिक परिश्रम के बाद आकुलता और इम्तहान में फेल होने के साथ । मस्तिष्क का धुँधलापन ।

आँखें—अधिक, गाढ़े, पीले स्राव के साथ जीर्ण नजला, नेत्रप्रदाह ।

पेट—कड़वा स्वाद । भोजन से घृणा ।

मूत्र—थोड़ा, पूर्ण मूत्ररोध । बूँद-बूँद टपके । मूत्र में अधिक नील होना, दानेदार टुकड़े और चर्बीले, क्षीण अन्तस्त्वक् । घोर दौर्बल्य, गहरे रङ्ग का, खूनी, थोड़े मूत्र के साथ गुर्दा प्रदाह । रात में पेशाब लगना ।

पुरुष—वीर्यपात अधिक मात्रा में, बाद में बहुत शिथिलता, बिना कामोत्तेजना के स्वप्न । अनैच्छिक लिंगोत्तेजना, पुरुषों में अधिक कामोत्तेजना । कड़ी लिंगोत्तेजन, अण्ड में और उसके बन्धन में ऊपर तक दर्द के साथ मूत्राशय ग्रन्थि का ढीलापन, खासकर उन अवस्थाओं में जो बहुत पुरानी न हों ।

स्त्री—बायीं तरफ के डिम्बाशय में दर्द और मासिक धर्म के पहले प्रदर, योनि कुण्डी की तीव्र खाज।

अंग—रीढ़ की लम्बाई में जलन। अधिक दौर्बल्य। सारे शरीर में भारीपन, थकावट; खासकर अङ्गों में परिश्रम से अधिक हो। पैर ठंडे। जल्द गरम न हों। तीव्र ऊपर चढ़नेवाला पक्षाघात।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : जरा से परिश्रम से, खासकर मानसिक, सोने के बाद, तर मौसम। गरम मौसम की औषधि, उन दिनों में रोग अधिक हो। घटना : ठंडी हवा में, ठंडे पानी से, कसे दाब से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : आक्जेलिक एसिड, जेल्से०, फॉस०, सिलिका, अर्जेण्ट० नाइट्रि०।

तुलना कीजिये : जिंक, पिक्रि (चेहरे की फड़कन और कम्पवात), फेर० पिक्रे०। (कानों में भिनभिनाहट, बहरापन, जीर्ण गठिना, नकसीर, मूत्राशयिक ग्रन्थि), कैल्के० पिक्रे० (कानों में और उनके चारों तरफ फुड़िया)।

मात्रा—६ शक्ति।

पिलोकार्पस माइक्रोफाइलस (Pilocarpus Microphyllus)
(जैबोरैंडी)

पिलोकार्पस एक शक्तिवान ग्रन्थि उत्तेजक और पसीना बढ़ाने वाली उत्तम औषधि है। इसके अति आवश्यक प्रभाव पसीना बढ़ाना, लार बढ़ाना और चक्षुतारा का चिर संकोचन हैं। गरम लहरें, मिचली, लार बहना और अधिक पसीना। चेहरा, कान, गरदन, एक मात्रा जैबारैंडो की देने के बाद गहरी लालिमायुक्त हो जाते हैं और सारे शरीर पर पसीने की बूँदें आ जाती हैं और उसी समय मुँह में पानी आ जाता है तथा लगातार सोते में लार बहने लगती है। अन्य स्राव; नेत्र स्राव, नाक-स्राव, वायुनलिका स्राव, आँतों का स्राव भी कुछ कम मात्रा में आरम्भ हो जाता है। पसीना और लार प्रायः अधिक मात्रा में बहती है, जो अक्सर सवा पाव के लगभग होती है।

होमियोपैथिक तरीके से असाधारण पसीना निकलने, और क्षय के रोग के अधिक रात्रि पसीना में बहुत लाभदायक सिद्ध हुई है। वह गलग्रन्थि पर काम करती है और इसका पसीना लानेवाला प्रभाव कदाचित् इसी के कारण से है। हृदय गति वृद्धि और धमनी की टपकन के साथ वहिःनिसृत चक्षु गोलक तथा हृत्स्पन्दन के साथ गलगण्ड रोग, कम्प और स्नायविकता, गरमी और पसीना, वायुनलिका की उत्तेजना। कर्णमूल प्रदाह को जल्द अच्छा करने की मूल्यवान औषधि।

आँखें—आँखों पर जोर पड़ना, किसी भी कारण से। पलकों की पेशियों की उत्तेजना। जरा-से प्रयोग से आँखें थक जायें। प्रयोग पर आँखों में गरमी और जलन हो। दूर की सभी चीजें धुँधली दिखाई दें, हर कुछ मिनटों के बाद धुँधलापन। सिर दर्द, प्रयोग पर ढेलों में गड़न और दर्द। चक्षुपट पर देर तक देखी हुई चीज का अक्स बना रहे। बिजली या अन्य कृत्रिम प्रकाश आँखें सहन न करें। पुतली सिकुड़ी हुई, प्रकाश से प्रभावित न हों। घूरती आँखें। समीप दृष्टि। आँखों के प्रयोग से चक्कर और मिचली। आँखों के सामने सफेद धब्बे। आँखों में गड़न दर्द। पलक फड़कें। क्षीणतायुक्त कृष्ण पटल प्रदाह। पढ़ते समय संविधान क्रिया में आक्षेप।

कान—कर्ण पट गह्वर में रक्ताम्बु स्राव। टनटनाहट। (पिलोकार्पिन २x)।

मुँह—लाल, लसीला, अंडे की सफेदी की तरह। सूखापन। लार अधिक साथ में अधिक पसीना।

आमाशय—चलती हुई चीजों को देखकर मिचली आवे, कै, पेट में दाब और दर्द।

उदर—दस्त बिना दर्द, भरभराया चेहरा और अधिक पसीने के साथ, दिन में।

मूत्र—कम मात्रा में; बहुत पेशाब लगने के साथ विटप स्थान पर दर्द।

दिल—नाड़ी क्रमभ्रष्ट, दोहरी चाल। सीने पर दाब। नील रोग, पतनावस्था। स्नायविक हृदय रोग।

साँस-यन्त्र—वायुनलिका की श्लैष्मिक झिल्ली सूजी हुई। खाँसी आने की तीव्र प्रवृत्ति और कठिन साँस। फुफ्फुस शोथ। झागदार बलगम। अधिक, पतला, पानी-सा बलगम। धीमा, आहें भरे।

चर्म—शरीर के सभी भागों से अधिक पसीना। चर्म का लगातार कठोर सूखापन। सूखा अकौता। आधे शरीर पर पसीना। पसीने के साथ शीत।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: एमिले० नाइट्रो०; एट्रोपि०; फाइजाँस्टिग्मा, लाइको०, रूटा०। पिलोकार्पिन म्यूर०; (कान की खराबी से सिर चकराना, तेजी से बढ़ने वाला क्षय रोग; अधिक रक्तस्राव और अधिक पसीना के साथ। २x विचूर्ण) एट्रोपिन और पिलोकार्पिन में शत्रुता है। $\frac{1}{100}$ ग्रेन की एक मात्रा $\frac{1}{2}$ ग्रेन पिलोकार्पिन को मारती है।

मात्रा—३ शक्ति।

पाइनस सिलवेस्ट्रिस (Pinus Sylvestris)

(स्कॉच पाइन)

टखनों की कमजोरी और चलने में झिझक तथा कंठमालिक और कमजोर हड्डी वाले बच्चों की चिकित्सा में यह औषधि वास्तविक रूप से लाभदायक सिद्ध हुई है। निचले अंगों का दुबलापन। पाइनस सिलवेस्ट्रिस में वात रोग, वायुनलिका समूह के रोग और पित्त रोग के लक्षण सम्मिलित हैं। सीना पतला मालूम हो और ऐसा मालूम हो कि बैठ जायेगा।

अंग—तनाव, सभी जोड़ों में गठिया दर्द, खासकर अंगुलियों के जोड़ों में। पिण्डली में ऐंठन।

चर्म—आमवात। सारे शरीर में खुजली, खासकर जोड़ों और उदर पर। नाक खुजलाना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : पाइनस लैम्बरटिना–शूगर पाइन (कब्ज, मासिक-धर्म का रुकना, गर्भपात) पाइनस लेम्बरटिना, वृक्ष का रस जुलाब का काम करता है। दबा हुआ और पीड़ाजनक मासिकधर्म।

इसके अतिरिक्त एबीज कैना; एबीज नाइग्रा।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति।

पाइपर मेथाइस्टिकम (Piper Methysticum)

(कावा-कावा)

कावा-कावा का नशा मौन और निद्रालुता की अवस्था का होता है और साथ में गिचपिचे स्वप्न और पैशिक शक्तिहीनता रहती है।

मूत्र और चर्म लक्षण का पुष्टिकरण हुआ है। कड़ापन। सन्धि प्रदाह से आकार परिवर्तन। बादी के साथ शूल।

मन—बहुत क्षुब्ध। सर्वोच्च भावना। ध्यान दूसरी तरफ देने से लक्षणों का कुछ समय के लिए कम होना। आसन बदलने की अशान्त इच्छा।

मूत्र—अधिक मात्रा में। पेशाब करते समय जलन। सूजाक और जीर्ण सुजाक स्राव। मूत्राशय प्रदाह। पीड़ाजनक लिंगोत्थान।

चर्म—पपड़ीदार। पपड़ी झड़ने पर सफेद धब्बे रह जायें। कोढ़। चर्म का सख्त पड़ जाना।

अंग—दाहिनी बाँह में दर्द। हाथों का कर्महीन जान पड़ना। अँगूठों के जोड़ों में दर्द।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : चॉलमूँगरा—टैरैक्टोजेनस—(इसका तेल और उससे बनायी अन्य औषधियाँ कुछ हद तक कोढ़ की चिकित्सा में और खासतौर पर उसकी शुरू की अवस्था में लाभदायक होती हैं।)

बिक्सा ओरेलाना—दक्षिणी अमेरिका का एक पौधा है जो चालमूँगरा से सम्बन्धित है। कोढ़, अकौता और फीलपाँव की चिकित्सा के लिए उपयोगी बताई गई है।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : दूसरी तरफ ध्यान लगाने से, आसन बदलने से।

मात्रा—अरिष्ट और निचली शक्तियाँ।

पाइपर नाइग्रम (Piper Nigrum)

(ब्लैक पेपर)

सभी जगह जलन और दाब।

मन—शोकग्रस्त, भयभीत। चित्त एकाग्र न कर सके। जरा-सी आवाज पर चिहुँकना।

सिर—भारी; सिर दर्द, मानो कनपटी भीतर की तरफ दबी हो, नाक और चेहरे की हड्डियों में दाब। आँखें प्रदाहित और जलें। लाल, गरम चेहरा। ढेलों में फटन; टीस। नाक खुजलाना, छींक, नकसीर। होठ सूखे और चिटके।

गला—वेदनापूर्ण, कच्चा लगे, जले। तालुमूल में जलन दर्द।

पेट—आमाशयिक असुविधा, भरापन। अधिक प्यास। अफरा। तनाव। शूल और ऐंठन।

सीना—कष्टदायक साँस, सीने के कई स्थानों के दर्द के साथ खाँसी, खून थूकने जैसा मालूम पड़े। धड़कन, हृदय पीड़ा, धीमी, सविराम नाड़ी। दूध का अधिक उतरना।

मूत्र—मूत्रमार्ग और मूत्राशय में जलन। कठिन मूत्रस्राव। मूत्राशय भरा लगे, सूजा, घड़ी-घड़ी लगे, मगर न निकले। अनैच्छिक लिंगोद्रेक।

मात्रा—निचली शक्तियाँ।

पिट्युटरी ग्लैंड (Pituitary Gland)

पिट्युटरी जननेन्द्रिय के विकास और पुष्टि पर उत्तम प्रभाव डालती है, पेशियों को शक्तिशाली बनाती है और गर्भाशय मन्दता नाश करती है। इसका प्रभाव छिल-

केदार पेशी सूत्रों पर स्पष्ट रूप से विदित है। मस्तिष्क-रक्तस्राव। रक्तस्राव को रोकती है और थक्कों को गलाने में सहायक है। गर्भाशय मन्द; जहाँ प्रसव का दूसरा चरण हो और गर्भाशय का मुँह पूरे तौर पर न खुला हो। रक्त चापाधिक्य; जीर्ण गुर्दा प्रदाह, मूत्राशय ग्रन्थि प्रदाह। भोजन के बाद १० बूँद। (डॉ॰ ऑर्ज फुलर॰)। चक्कर, चित्त एकाग्रता कठिन, सिर के अगले भाग में गड़बड़ी और गहराई तक भरापन। ३० शक्ति उपयोग करें।

सम्बन्ध—पिट्यूट्रिन—रक्तवाहिनियों को संकीर्ण करने वाली और प्रसूतावस्था की औषधि। खासकर गर्भाशय पर प्रभाव के कारण यह उपयोग की जाती है; या तो बच्चा पैदा करने के काम में सहायता के लिये या प्रसव के बाद बहुत रक्त प्रवाह को रोकने के लिये। १ सी॰ सी॰ की मात्रा में इन्जेक्शन द्वारा बच्चा बाहर आने की अवस्था में, दर्द बढ़ाने के लिये। हृत्, पिण्डैष, गुर्दा प्रदाह और धमनी के कड़ापन में इस औषधि का प्रयोग वर्जित है। ग्रन्थि में पिछले भाग के रस को पानी में घोल-कर १५ बूँद के एम्पुल्स में भरते हैं और एक एम्पुल इन्जेक्शन की मात्रा होती है। गर्भाशय द्वारा प्रयोग करने से कोई प्रभाव नहीं होता।

पिक्स लिक्विडा (**Pix Liquida**)

(पाइन-टार)

टार और उसके योगिक झिल्लियों पर काम करते हैं।

इसके चर्म लक्षण अति विशिष्ट हैं। खाँसी की एक उत्तम औषधि है। इन्फ्लुएञ्जा के बाद वायुनलिका उत्तेजना (क्रियोजोटम, कैलि बाइ क्रोमिकम) छिल्केदार स्फोट। अधिक खाज। काले रङ्ग की पतली चीज की लगातार कै, पेट में दर्द के साथ। बाल झड़ना। (फ्लोरि॰ एसिड)।

सीना—बायीं तरफ के उपपर्शुका क्षेत्र में जहाँ वह पसली से मिलता है, एक स्थान पर दर्द। फुफ्फुस में से बलगम की खड़खड़ाहट और मवादी, घृणित बलगम, घृणित दुर्गन्ध और स्वाद। जीर्ण वायुनलिका-प्रदाह।

चर्म—चिटका; असह्य खाज, खुजलाने से खून बहे। हाथों के पीछे दाने।

सम्बन्ध—इसके अंगों की तुलना कीजिए : क्रियोकोट॰, पेट्रोलि॰, पाइनस॰; इयुपिअन टेरेबिन्थि॰; कार्बोलिक एसिड।

मात्रा—१ से ६ शक्ति।

प्लैण्टैगो मेजर (Plantago Major)

(प्लैण्टेन)

कान दर्द, दाँत दर्द, अनैच्छिक मूत्र स्राव की चिकित्सा में विख्यात है। आँखों में तेज दर्द; दाँत के गड़ने से या मध्यकर्ण प्रदाह से परावर्त्तित दर्द। आँखों के ढेले छूने से कोमल। दाँतों और कानों के बीच में दर्द जगह बदले। मसूढ़ों का सड़ना। निकोटिन के व्यवहार की पुरानी आदत से आई उदासी और अनिद्रा। तम्बाकू से घृणा पैदा करती है।

सिर—सामयिक मुखमण्डल पक्षाघात, ७ बजे सुबह से २ बजे तीसरे पहर तक अधिक; साथ में आँखों से पानी बहना, आलोकातंक, दर्द कनपटी और चेहरे के बिचले भाग तक फैले।

कान—तीव्र श्रवण संवेदन, आवाज, असह्य लगे। कानों में गड़न, दर्द। स्नायुशूल, कान दर्द, दर्द सिर से होकर एक कान से दूसरे कान में जाये। कर्ण प्रदाह; दाँत दर्द के साथ। एक कान के आरपार तेज आवाजें आयें।

नाक—तीव्र एकाएक हल्का पीला, पानी जैसा स्राव।

मुँह—दाँत दर्द करें और छूने से उत्तेजनीय और दर्दीले हों। गालों का सूजना। लार बहना; दाँत लम्बे जान पड़ें, ठण्डी हवा से और स्पर्श से कष्ट बढ़े। दाँत दर्द, खाते समय कम रहे। लार अधिक बहे। पलकों में परावर्तित संवेदन के साथ दाँत दर्द।

मल—पाखाना करना चाहे, बार-बार जाये मगर कर न सके। बवासीर इतनी कष्टदायक कि खड़ा न हो सके। दस्त, बादामी पानी-सा मल।

मूत्र—अधिक मात्रा में, रात मे अनैच्छिक स्राव। (रस एरोमैटि०, कॉस्टि०, बेलाडो०)।

चर्म—खुजली और जलन, रस दाने। जुलपित्ती, बेवाई फटना। (एगैरि० टैमस)।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : कैल्मिया०; कैमो०; फ्ले०।

मात्रा—अरिष्ट और निचली शक्तियाँ। दाँत दर्द में खोखलों में लगाई जाती है, और कान दर्द, अति खाज और ओक विषाक्रमण में। कटे घाव में।

प्लैटैनस आक्सिडेण्टैलिस (Platanus Occidentalis)

(साइकैमोर–बटनऊड)

कूर्चास्थि का अर्बुद। टिंचर लगाइये। तीव्र और जीर्ण अवस्था में जहाँ तन्तु नष्ट हो गया हो और घाव भरने के निशान ने पलकों में सिकुड़न पैदा कर दी हो,

इसके प्रयोग से साधारण अवस्था में हो गया। बच्चों में अच्छा काम करती है। कुछ समय तक प्रयोग करना चाहिए। मीन्वक्किका।

प्लैटिना (Platina)

(दी मेटल)

मुख्यतः स्त्री रोग की औषधि है। पक्षाघात की प्रबल प्रवृत्ति, संवेदन हीनता; स्थानीय सुन्नपन और ठंडक विद्यमान होता है। गुल्म वायु युक्त आक्षेप, नाड़ी धीरे-धीरे, धीमी और तेज होती है। (स्टैनम०)। कम्प।

मन—हत्या करने की प्रबल धारणा। अहम्मन्यता, दूसरों को घृणा से देखे। हठी, घमण्डी। सब चीजों से थक गया हो। सब चीजें बदली मालूम दें। मानसिक व्याधि; जो मासिक धर्म के दबने से सम्बन्धित हो। मानसिक लक्षण उत्पन्न होने से शारीरिक लक्षण गायब हो जायें।

सिर—तनाव और दाब का दर्द जो एक छोटे-से स्थान में सीमित हो। **मरोड़, भाला गड़ने जैसा दर्द।** माथे और दाहिनी कनपटी में सिकुड़न। **सिर दर्द के साथ सुन्नपन।**

आँखें—सभी चीजें वास्तविक माप से छोटी दिखाई दें। पलकों का फड़कना। (एगैरि०)। आँखें ठण्डी मालूम हों। घरों में मरोड़ के साथ दर्द।

कान—सुन्न लगें। अकड़न, चिलक, गरज और घबराहट।

चेहरा—चेहरे का स्नायुशूल, साथ में जबड़े की हड्डियों का सुन्नपन; मानो वह भाग पेचों के बीच में है। नाक की जड़ पर दर्द मानो बाँक में जकड़ी हो। सारे दाहिनी तरफ के चेहरे में ठंडापन; **रेंगन और सुन्नपन।** दर्द धीरे-धीरे घटे और बढ़े। (स्टैनम०)

आमाशय—उफान, अधिक अफरा, संकुचन, **अति भूख,** लगातार मिचली, उत्सुकता और कमजोरी के साथ।

उदर—चित्रकारों का शूल। नाभि प्रदेश में दर्द, जो भीतर से होकर पीठ तक बढ़े। उदर में दाब और कमजोरी पेड़ू तक बढ़े।

मल—पीछे हटे, कम मात्रा में, कठिनाई से बाहर निकले। मलाशय में चिपका रहे, जैसे गीली मिट्टी हो। **चमकीला मल।** सफर करने वालों का कब्ज जो भोजन और पानी बदला करते हों। मल जैसे जला हुआ है।

स्त्री—जननेन्द्रिय भाग अति उत्तेजित। भीतर और बाहर चुनचुनाहट। (कैलि० ब्रोमे०; ओरिजेन०)। डिम्बाशय उत्तेजित और जलन वाले। मासिक धर्म बहुत

पहले, अधिक मात्रा में, गहरे रंग का थक्केदार, साथ में आक्षेप और वेदनापूर्ण कमजोरी; शीत और योनि-प्रदेश की उत्तेजना, योनि शूल। अति प्रबल मैथुन इच्छा। अति जननेन्द्रिय विकास, योनि में आक्षेपिक शूल। घुण्डी की तीव्र खाज। डिम्बाशय शूल; बाँझपन के साथ। असाधारण मैथुन इच्छा और शोकग्रस्त।

अंग—जाँघों में कसाव, जैसे कस कर बाँधी हुई हों। सुन्नपन और थकावट की संवेदना पक्षाघात जैसा लगे।

नींद—टाँगों को अलग-अलग फैला के सोवे। (कैमोमि०)।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : बैठने और खड़ा होने से, शाम को। घटना : टहलने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : रोडिनम, स्टैनप०, वैलेरि०, सीपिया। इसके अतिरिक्त तुलना कीजिए : प्लैटिनम म्युरियेटिकम (उपदंश रोग में आयोडाइड ऑफ पोटास के असफल होने के बाद इस औषधि ने लाभदायक काम किया है, सिर के पिछले भाग का तीव्र दर्द, निगलने में कष्ट और उपदंशीय गला और अस्थि रोग, पैरों की हड्डी का सड़ना), प्लैटि०, म्यूरि० नेट्रो (अनेक बार मूत्रस्खलन और लार बहना), सेडम एकरे कामोत्तेजना स्नायविक केन्द्रों की उत्तेजना को शान्त करके आराम देती है।

क्रियानाशक : पल्से०। प्लैटिना सीसे के दुष्प्रभाव को दूर करता है।

मात्रा—६ विचूर्ण और ३० शक्ति।

प्लम्बम मेटैलिकम (Plumbum Metallicum)

(लेड)

कड़ापन की अवस्थाओं की बड़ी दवा। सीस विषजनित पक्षाघात खासकर, फैलने वाली पेशियों का, अगली बाँह और ऊपरी अंगों का, दर्द के बाद आंशिक सुन्नता या संवेदनीयता के साथ, केन्द्र से परिधि की तरफ का। स्थानीय स्नायुशूल, स्नायु-प्रदाह। प्लम्बम के प्रभाव के मुख्य प्रभाव क्षेत्र हैं। रक्त, पाचन और स्नायु। यह रक्त निर्माण में रुकावट पैदा करती है, लालकण तेजी से कम हो जाते हैं; इसी कारण से चेहरे का पीलापन, पांडुरोग, रक्तहीनता हो जाती है। आंतरिक यन्त्रों में संकुचन की संवेदना।

प्रलापक सन्निपात, मृत्यु-निद्रा और आक्षेप। धमनी का अधिक तनाव और कड़ापन। उन्नतिशील पैशिक सिकुड़ाव। शिशु पक्षाघात। उरुस्तम। अधिक और तीव्र गति से आनेवाला दुबलापन। गुल्म पक्षाघात प्रान्तस्थ रोग में महत्त्वपूर्ण औषधि है। प्लम्बम का आक्रमण केन्द्र स्नायविक अधांगात्र और अगले भाग के स्नायु सिरे

हैं। अनेक भागों का कड़ापन, स्नायु के पिछले भाग में कड़ापन। संकुचन और छेद होने जैसा दर्द। तीव्र गुर्दाप्रदाह के सभी लक्षणों के साथ आंशिक या पूर्ण अन्धापन, गठिया (जीर्ण)।

मन—**मानसिक उदासी; कतल कर दिए जाने का डर।** मौन विषाद। प्रत्यक्ष बोध की मन्दता, स्मरण शक्ति हीनता, शब्द बोध हीनता। भ्रम और काल्पनिक भावनायें। बौद्धिक विराम; स्मरण-शक्ति का मन्द पड़ना। (**एनाका०, बैराइटा०**) आंशिक पक्षाघातिक भ्रंश।

सिर—प्रलापक सन्निपात और आंत्रशूल बारी-बारी से। ऐसा दर्द मानो एक गोला गले से मस्तिष्क में उठ रहा हो। बाल बहुत सूखे। **कर्णनाद (चाइना, नैट्रम सैलिसिलि०, कार्बोनियम सलफ्युरेटम)।**

आँखें—पुतली सिकुड़ी हुई। पीली। चक्षु-स्नायु सूजी हुई। मवादी प्रदाह। **धुंधरोग,** खासकर अगर रीढ़ रोग से सम्बन्धित हो। चक्षु स्नायु प्रदाह, आँखों के सामने काले लोप हो जाने वाले धब्बे। मूर्छा के बाद एकाएक अन्धापन।

चेहरा—**पीला और धातु विकारी।** पीला, मुर्दे जैसा, गला बैठे। चेहरे की खाल चिकनी, तेल जैसी, चमकती। नाक और होंठ की पेशियों का कम्प।

मुँह—मसूढ़े सूजे हुए, पीले, **किनारों पर स्पष्ट नीली लकीरें।** जबान काँपती, लाल किनारे। बाहर न निकल सके; जैसे लकवा मार गया हो।

आमाशय—गलकोष में और आमाशय में सिकुड़न; दाब और कसाव। **आमाशयिक शूल।** लगातार कै। ठोस चीज निगली न जाये।

उदर—तेज आन्त्रशूल, शरीर के सभी भागों में फैले। **उदर की दीवार किसी तागे से रीढ़ की तरफ खिंची हुई मालूम दे।** दर्द से अँगड़ाई लेने की इच्छा। आन्त्रावरोध; आँतों का नीचे उतर कर फँस जाना। उदर भीतर की तरफ धँसा हुआ। तीव्र शूल के साथ वायु का उदर में रुक जाना। शूल और प्रलाप सन्निपात या क्षीण अंग में पीड़ा बारी-बारी से।

मलाशय—**कब्ज, मल कड़ा ढोंकेदार, काला, ऐंठन और गुदा के झटके के साथ।** आँतों में मल भर जाने की वजह से बाहर न निकलना। (प्लैटि०)। मलाशय का स्नायुशूल। गुदा रुकावट के साथ ऊपर को खिंची हो।

मूत्र—बार-बार हो; असफल ऐंठन। ओजोमेह, घनत्व कम। **जीर्ण सांतर वृक्क प्रदाह;** उदर में अधिक पीड़ा के साथ। थोड़ा मूत्र। मूत्राशय में मरोड़। **बूँद-बूँद टपके।**

पुरुष—**मैथुन की शक्ति नष्ट।** अण्ड ऊपर को खिंचे हों। सिकुड़े लगें।

स्त्री—योनि का कष्टपूर्ण आक्षेप, साथ में दुबलापन और कब्ज। स्तन-ग्रन्थि का कड़ापन, योनि और योनिघुण्डी अति कोमल। स्तनों में चिलकन और जलन दर्द। (एपिस, कोनि०, कार्बो एनि०, सिली०)। गर्भपात की सम्भावना। अधिक मासिक स्राव, साथ में ऐसा मालूम दे कि धागा उदर से पीठ तक खींचा जा रहा है। जम्हाई और अँगड़ाई लेते रहना।

दिल—दिल की कमजोरी। नाड़ी कोमल और छोटी, दोहरी चाल। नाड़ी तार जैसी, प्रान्तस्थ धमनियों में ऐंठन जैसा सिकुड़ाव।

पीठ—मेरुदण्ड का कड़ापन। बिजली की तरह दर्द, दाब से कुछ समय के लिए कम रहे। निचले अंगों का पक्षाघात।

चर्म—पीला, गहरे कत्थई रंग के धब्बे। कामला रोग, सूखा। अगली बाहों और टाँगों की शिरायें फूली हुई।

अंग—एक-एक पेशी का पक्षाघात। हाथ से कोई चीज जमीन के ऊपर न कर सके और न उठा सके। फैलाना कठिन। पियानो बजाने वालों की हाथ फैलाने वाली पेशियों पर अधिक जोर पड़ने से पक्षाघात। (कुरारी)। जाँघों की पेशियों में दर्द; दौरे के साथ उठे। कलाई का लटक जाना। पिण्डली में ऐंठन। अंगों में चुभन और जलन; चुनचुनाहट और फड़कन भी, सुन्न होना, दर्द या कम्प। पक्षाघात। पैर सूखे हुए। क्षीण अंग का दर्द और शूल बारी-बारी से आये। घुटनों की टोपी की परावर्तित क्रिया का लोप होना। हाथ और पैर ठण्डे। रात में दाहिने पैर के अंगूठे में दर्द; छूना असह्य।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : रात में हरकत से। घटना : मालिश, कड़ा दाब, शारीरिक व्यायाम। (एलुमेन)।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : प्लम्बम एसेटि० (पक्षाघातग्रस्त अङ्ग में वेदनापूर्ण ऐंठन; आमाशय घाव में तीव्र पीड़ा और पैशिक ऐंठन, ऊपर से लगाने के लिए (स्थूल प्रयोग। तर एक्जिमा में और श्लैष्मिक सतह के स्राव को सुखाने के लिये सावधानी से प्रयोग करना चाहिये, क्योंकि सीसे की काफी मात्रा शरीर में सोखने से सीसा विषाक्रमण हो सकता है; लिकर प्लम्बि सब एसेटैटिस का एक या दो ड्राम, एक औंस पानी में मिलाकर; इसके अतिरिक्त योनि घुण्डी की खाज में लिकर प्लम्बि और ग्लिसरिन बराबर मात्रा में मिलाकर, प्लम्बम आयोडेट० कई तरह के पक्षाघात क्षीणतामय कड़ापन में खासकर मेरुदण्ड के शोथ, धमनी के कड़ापन में, रौद्रत्वक के अनुभव के आधार पर प्रयोग की गई है। स्तन-ग्रन्थियों का कड़ापन, खासकर जब प्रदाह की सम्भावना मालूम हो, चोटीली और दर्दीली। बहुत कड़ापन जो चर्म के सूखापन से सम्बन्धित हो। क्षय रोग का कोंचन दर्द)।

तुलना कीजिए : एलुमिना; प्लैटिना; ओपियम; पोडोफाइलम; मर्क०; थैलि० । प्लेकट्रेन्थस (पक्षाघात, आपेक्षिक मेरुदण्डीय), प्लम्बम क्रोमिकम (विक्षेप, घोर पीड़ाजनक, पुतली बहुत फैली, उदर धँसा), प्लम्बम, फॉस्फो० (कामशक्ति का अभाव; चालन शक्तिहीनता) ।

क्रियानाशक : प्लैटि०; एल्युमि०; पेट्रोलि० ।

मात्रा—३ से ३० शक्ति ।

पोडोफाइलम (Podophyllum)

(मे-ऐपल)

पित्त प्रकृति के लोगों के लिए खास तौर पर उपयोगी है। यह खासकर पक्वाशय, छोटी आँतों पर, जिगर पर, और गुर्दों पर काम करती है। पोडोफाइलम का रोग पाकाशयिक-आंत्रिक प्रदाह होता है और साथ में आंत्रशूल और पित्त की कै होती है। मल पानी-सा पतला और लुआबदार, बिना दर्द, अधिक मात्रा में आता है। पाखाना बहुत जोर से खारिज हो; बदबूदार । गर्भावस्था के अनेक रोग, प्रसव के बाद लटका हुआ उदर, गर्भाशय का बाहर निकलना । बिना दर्द के हैजा रोग । जिगर की मंदता; संयुक्त शिरा सम्बन्धी रक्ताधिक्य, बवासीर की प्रवृत्ति, कुक्षि देशीय पीड़ा, सतह की शिराओं में भरापन, कामला रोग ।

मन—तेजाबी फल खाने से बकवादीपन और प्रलापक सन्निपात । उदासी ।

सिर—आगे गिरने की प्रवृत्ति के साथ चक्कर । सिर दर्द, धीमी दाब, सुबह को अधिक, चेहरा गरम और कड़वे स्वाद के साथ और दस्त बारी-बारी । कराहने, कै, अधखुली आँखों के साथ । सिर को अगल-बगल लुढ़काना । सोते में बच्चे के सिर पर पसीना आये ।

मुँह—रात में दाँत पीसना; मसूढ़ों को आपस में कसकर दबाने की प्रबल इच्छा । (फाइटोलै०) दाँत निकलने में कठिनाई । जबान चौड़ी, बड़ी, तर । घृणित, सड़ा स्वाद । जबान में जलन ।

आमाशय—गरम, खट्टी डकार, मिचली और कै । अधिक मात्रा में ठंडा पानी पीने की प्यास (ब्रायो) । गरम, झागदार श्लेष्मा की कै । गला जलन, पानीदार या खाली डकार । दूध की कै ।

उदर—तना हुआ; गरम खाली और कमजोरी की संवेदना । केवल पेट के बल आराम से लेट सके । जिगर प्रदेश दर्दीला । मलने से अच्छा लगे । ऊपर जाने वाली बड़ी आँत में गुड़गुड़ाहट और वायु रेंगना ।

मलाशय—शिशु हैजा रोग। पुराना अतिसार, बहुत सुबह को, दाँत निकलते समय, साथ में गरम दमकते गाल, नहाते या धोते समय, गरम मौसम में तेजाबी फल खाने के बाद। सुबह दर्दहीन दस्त जब कि वह शिरा के रक्तरोध या आँतों की वजह से न हो। मल हरा, पानी-सा, घृणित, अधिक, फलक कर निकले। काँच निकलना; मल त्यागने से पहले या साथ में। कब्ज, मटियाला मल, कड़ा सूखा, कठिन। कब्ज और दस्त बारी-बारी। (ऐण्टि० क्रू.ड०)। भीतरी और बाहरी बवासीर।

स्त्री—गर्भाशय और दाहिने डिम्बाशय में दर्द, साथ में ऊपर जाने वाली आँत में जगह बदलने वाली आवाजें। पेडू में मरोड़ के साथ मासिक-धर्म का दबना। गर्भाशय का बाहर निकलना, खासकर प्रसव के बाद। गर्भावस्था में गुदा के बाहर निकलने के साथ बवासीर। गर्भावस्था में भारी चीज उठाने से या जोर पड़ने से गर्भाशय का बाहर निकलना।

अङ्ग—कन्धों के बीच में दाहिनी, कन्धास्थि के नीचे, कमर और कटि प्रदेश में पीड़ा। दाहिने पेडू क्षेत्र में दर्द, जाँघ के भीतरी भाग से नीचे की तरफ झपटे, घुटने तक बायीं तरफ पक्षाघात जैसी कमजोरी।

ज्वर—आमाशय प्रदेश, घुटनों, टखनों और कलाई में दर्द के साथ ७ बजे सुबह ज्वर। ज्वर के समय अधिक बकवाद करना। पसीना अधिक मात्रा में।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना** : भोर में, गरम मौसम में, दाँत निकलने के काल में।

सम्बन्ध—**तुलना कीजिए** : **मैंड्रागोरा**-इसको मैनड्रेक भी कहते हैं—(पोडोफा० से गड़बड़ाना नहीं चाहिये। सोने की बहुत इच्छा, आवाज की संवेदना अधिक और सब चीजें बढ़ी हुई देखना। आँतें कर्महीन; मल बड़ा, सफेद और कड़ा)। एलो०; चेलिडो०; मर्क०; नक्स०; सल्फ०। **प्रुनेला**—सेल्फहील (मलाशय शोथ)।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति। २०० और १००० सांकेतिक होने पर शिशु हैजा में अच्छा काम करती है।

पोलिगोनम पंक्टैटम (Polygonum Punct.)

(हाइड्रो पाइपर) (स्मार्ट वीड)

युवा लड़कियों के जरायु से अस्वाभाविक रक्तस्राव और मासिक धर्म रुकना। नसों का सिकुड़ना और फूलना। बवासीर और मलाशय में थैलियाँ पड़ना। पेट में जलन, बाद में पेट के गड्ढे में ठंडापन।

उदर—अधिक गुड़गुड़ाहट, मिचली, पतले मल के साथ जकड़न दर्द। वायुशूल।

मलाशय—गुदा के भीतर बहुत-से खाज वाले उभार। बवासीर। पतला मल।

मूत्र सम्बंधी—मूत्राशय की गरदन में वेदनापूर्ण सिकुड़न।

स्त्री—कटि-क्षेत्र और कमर में टीस। ऐसा संवेदन मानो दोनों तरफ की कटि एक दूसरे की तरफ खिंची है। पेड़ू के भीतर बोझ और तनाव का संवेदन। स्तनों के आरपार चमकन दर्द। मासिक धर्म का अप्राकृतिक रुकना।

चर्म—निचले अंगों पर छिछली सतह के घाव, खासकर स्त्रियों के वयः-सन्धिकाल में।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : काडुअस मैरियेनस (घाव) हैमामे०, सेनेसियो०; पोलिगोनम परसिकेरिया (गुर्दा शूल और पथरी, गलित घाव), पोलिगोनम सैजिटैटम—एरो-लीव्ड। टीर थम्ब—(२x गुर्दा प्रदाह के शूल के लिए; मवादी गुर्दा प्रदाह, मेरुदण्ड में एक सिरे से दूसरे सिरे तक जाने वाला दर्द, कड़े तालु में खाज, दाहिने पैर और टखने के भीतरी तरफ जलन। सी० एम० बोगर); पोलि-गोनम एविक्युलेरे—नाट ग्रास—(अरिष्ट की बड़ी मात्रा में, फुफ्फुसीय क्षय और सविराम ज्वर में तथा खासकर धमनो के कड़ापन में लाभदायक सिद्ध हुई है। लाल चकत्ते का चर्म रोग)।

मात्रा—अरिष्ट।

पोलिपोरस पिनिकोला (Polyporus Pinicola)

(पाइन एगैरिक)

सविराम ज्वर, स्वल्प-सविराम ज्वर और पित्त ज्वर में उपयोगी है जबकि साथ में सिर दर्द, पीली जबान, लगातार मिचली, कौड़ी प्रदेश में मूर्च्छा का संवेदन और कब्ज हो। अपने वानस्पतिक सम्बन्धो पॉलिप ऑफिसिनैलिस या बोलेटस लैरिसिस क्यु० बी० के समान है। नरहर की हड्डी में गहराई तक धीमा, तीव्र दर्द जिससे नींद न आए।

ज्वर—बहुत सुस्ती, सिर में रक्ताधिक्य, साथ में चक्कर, चेहरा गरम और सुर्ख; सारे शरीर में चुभन, कलाई और घुटनों के दर्द के कारण रात में बेचैनी; वात पीड़ा; अधिक पसीना। सिर दर्द लगभग १० बजे दिन, साथ में पीठ दर्द, टखनों और टाँगों में दर्द जो १ बजे तीसरे पहर तक अधिक हों, फिर धीरे-धीरे कम हो।

पापुलस कैण्डिकैन्स (Populus Candicans)

(बाम ऑफ गिलेड)

तीव्र जुकाम पर विचित्र प्रभावशाली मालूम होती है, जब खासतौर पर साथ में गहरी, फटी आवाज हो या स्वरलोप भी हो जाये शरीर की सतह की संवेदनहीनता (अधिकतर पीठ और उदर), मालिश और थपकी बिना दर्द सहन हो जाए और रोगी उस क्रिया की गरमी से उपकार मानता है। अँगुलियों के सिरे मोटे हो जायें, चुटकी काटने या गड़ाने का संवेदन न हो। औषधि खाते ही बोली खुल जाती है। (कोका)।

सिर—अपने लक्षणों पर सभी से बहस करती है। सिर गरम, हाथ-पैर ठंडे। होठों पर ठण्डे घाव। (नैट्र० म्यूर)। जबान मोटी और सुन्न जान पड़े। आँखों, नाक, मुँह, गला और वायु मार्ग में जलन, उत्तेजना।

साँस-यन्त्र—तीव्र, फटी आवाज। गला और नथुने जलें। सूखी खाँसी के कारण आगे की तरफ झुक कर खड़ी हो। गलकोष और स्वरयन्त्र सूखे लगें तथा आवाज कमजोर एवं स्वरहीन। सीना और गला कच्चा और दर्दीला लगे। नासा-गलकोष जुकाम के कारण बच्चों की खाँसी, पिछले भाग से श्लेष्मा गिरे।

मात्रा—अरिष्ट।

पॉपुलस ट्रेमुलायडस (Populus Tremuloides)

(अमेरिकन ऐस्पेन)

इसके आमाशयिक और मूत्र सम्बन्धी लक्षण इस औषधि की उपयोगिता अनपच रोग और मूत्राशय के नजले में दर्शाते हैं, खासकर वृद्ध लोगों में। चीड़-फाड़ के बाद गर्भावस्था में फफोलेदार फुन्सियाँ। रात पसीना। जड़ैया।

पेट—बादी और अम्लता के साथ अनपच रोग। मिचली और कै।

मूत्र—तीव्र ऐंठन, दर्द वाली जलन। मूत्र में श्लेष्मा और मवाद हो। मूत्र ग्रन्थि बढ़ी हुई। विटप देश के पीछे मूत्र स्खलन के बाद दर्द हो।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: नक्स०, चाइना, कॉरनस फ्लोरिडा; कैनेबिस०; कैन्थे०।

मात्रा—अरिष्ट या पोपुलिन का विचूर्ण १x।

— :०: —

पोथोस फेटिडस (Pothos Foetidus)

(स्केक कैबेज-इक्टोडस)

दमा के रोग के लिये जो गर्द में साँस लेने से बढ़े। वायु मूर्च्छा। अक्रमिक आक्षेपिक दर्द। शारीरिक लक्षणों की अस्थिरता और उनमें बादी की अधिकता इस औषधि के विशेष संकेत हैं। (सेमुएल जोन्स)। उदर में अफरा। दमा रोग जिसमें कण्ठ में घुटन पड़े।

सिर—मानसिक अनुपस्थिति, चिड़चिड़ापन। सीमित स्थानों में सिर दर्द और साथ में कनपटी की धमनियों में तीव्र टपकन। भौंहों के बीच के स्थान से खींचन। खुली हवा से अच्छा रहे। (पल्से०)। नाक के पुल के आर-पार लाल सूजन।

उदर अफरा।

साँस-यन्त्र—आक्षेपिक काली खाँसी। कष्टदायक साँस, एकाएक बेचैनी और पसीना हो। गले में दर्द के साथ छींक आना। साँस लेने की कठिनाई के साथ सीने में दर्द। जबान सुन्न लगे। दमा, मल त्यागने से कम हो।

मात्रा—अरिष्ट और नीचे की शक्तियाँ।

प्रिमुला वेरिस (Primula Veris)

(काउस्लिप)

मस्तिष्क-प्रदाह के साथ स्नायुशूल, अधकपारी, छोटे-बड़े जोड़ों का दर्द।

सिर—सिर के चारों तरफ फीता कसने जैसा संवेदन, सिर पर हैट न रख सके। (कार्बो० एसिड)। माथे की खाल तनी हो। खड़े होने से गिरने का भय। तीव्र चक्कर, जैसे भारी चीजें घूम गई हों। कानों में भिनभिनाहट, खुली हवा में कम।

साँस-यन्त्र—साँस मार्ग में जलन और चुभन के साथ खाँसी। दुर्बल आवाज।

मूत्र-सम्बन्धी—मूत्र में बनफशे के फूल की तेज गन्ध (टेरेबिंथिना)।

अंग—दाहिनी तरफ की काँख की पेशी वेदनापूर्ण। अंगों में भारीपन और सुस्ती, खासकर कन्धों में। दाहिने हाथ की हथेली में जलन। हाथ और पैर के अँगूठे में खींचन के साथ दर्द।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : साइक्लैमेन०, रैनानक्युलस०, इनोथेरा-ईवनिंग प्राइमरोज—(शिथिलता आये, पानी-सा पतला दस्त, शिशु हैजा, मस्तिष्क में शोथ, गुल्म), प्रिमुला-फैरिनोसा-दी वाइल्ड प्राइमरोज (चर्मप्रदाह खासकर पहली अँगुली और अँगूठे पर)।

मात्रा—२ शक्ति।

प्रिमुला ऑब्कोनिका (Primula Obconica)

(प्राइमरोज)

प्राइमरोज का विष उसकी ग्रन्थियों के बालों में रहता है, जो सरलता से टूट जाते हैं और एक उत्तेजक रस निकलता है जो चर्म में सूख जाता है।

लेकिन स्नायविक प्रकृति वाले लोगों में बिना इस पौधे के स्पर्श के भी इस विष के चर्म-लक्षण पैदा हो जाते हैं क्योंकि केवल उसके निकट आने ही से प्रभावित हो जाता है, जैसा कि सरपेंचे के विष की दशा में होता है, लक्षणों का सविराम आक्रमण, दाहिनी तरफ अधिक। जिगर और तिल्ली में दर्द। गहराई तक स्राव संचयता और तन्तुओं का तनाव, छाले। पक्षाघात संवेदना। कमजोरी। गलकोष की वेदना और चेहरे में उत्तेजना की कमी, बारी-बारी।

चेहरा—तर अकौता। फुन्सीदार दाने ठुड्डी पर। रात में जलन हो। जुलपित्ती की तरह दाने। पलक सूजे हों।

अङ्ग—बाँहों; कलाई, अगली बाँहों हाथों पर अकौता, रस भरे और छाले। कंधों की चारों तरफ बातपीड़ा। हथेली गरम और सूखी। जोड़ों और अंगुलियों का पटपटाना। अंगुलियों के बीच में दाने। हाथों के पीछे बैंगनी चकत्ते, हथेली सतह कड़ी। अंगुलियों पर छाले।

चर्म—अधिक खुजली; रात को अधिक हो, विसर्पिका की तरह लाल और सूजी हुई, सिरों पर गुल्म। उभरे हुए तल पर छोटे दाने। चर्म-लक्षण के साथ ज्वर-लक्षण।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : रस०, फैगोपाइरम (क्रियानाशक) ह्युमिया एलेगैंस, उसी तरह के चर्म लक्षण।

प्रोपाइलैमिन (Propylamin)

(डिस्टिल्ड हेरिंग ब्राइन)

तीव्र वात रोग में, एक या दो दिन में ज्वर और पीड़ा को अच्छा कर देती है। गठिया जनित चेहरे का पक्षाघात और वातिक स्थान विकल्प, खासकर हृदय बाधायें।

अङ्ग—कलाई और टखनों में दर्द, जरा-सी हरकत से अधिक हो। (ब्रायो०)। बहुत बेचैनी और प्यास। वात रोग, अंगुली से सुई पकड़ने पर भी बहुत भारी मालूम दे। अंगुलियों में चुनचुनाहट और सुन्नपन। कलाई और टखनों में दर्द, खड़ा न हो सके।

सम्बन्ध—(चेनोपोडियम वलवैरिया, इस पौधे से सड़ी मछली की गन्ध निकलती है, और इसमें प्रोपाइलैमिन अधिक मात्रा में होता है। कटिक्षेत्र और निचली पीठ के क्षेत्र में कमजोरी)।

मात्रा—लगभग ६ औंस पानी में १०–१५ बूँद मिलाकर हर दो घंटे पर, एक चाय चमम्च की मात्रा में।

प्रूनस स्पाइनोसा (Prunus Spinosa)

(ब्लैक-थॉर्न)

मूत्रयन्त्र और सिर पर विशेष प्रभाव। कुछ प्रकार के स्नायुशूल में, सारे शरीर का शोथ और खासकर पैर के शोथ में अति मूल्यवान है। पैर और टखने मोच खाए मालूम हों। **पलकों का स्नायुशूल (स्पाइजे०)।**

सिर—सिर की हड्डी के नीचे फाड़ने वाली दाब। दाहिनी तरफ के अगले भाग की हड्डी से मस्तिष्क में से होकर पिछले भाग तक तेज लपकन दर्द। दाहिनी तरफ की आँख के ढेले में ऐसा दर्द मानो वह फट जायगा। दाँत में कोंचन दर्द मानो दाँत बाहर की तरफ खींचे जा रहे हों, कोई गरम चीज खाने से अधिक हो।

आँखें—**पलकों का स्नायुशूल**—दाहिनी आँख के ढेले में फटन दर्द, जो बिजली की तरह झपट के भेजे में से होकर पिछले भाग में जावे। बायीं आँख में एकाएक दर्द मानो वह फट जायेगी, जलस्राव से कम हो। उपतारा कृष्णपट प्रदाह। चक्षु गोलक के जल का धुँधलापन। आँखों में फटन संवेदन।

उदर—जलोदर। मूत्राशय में ऐंठन दर्द, टहलने से बढ़े।

मलाशय—कड़ा गुठलीदार मल, मलाशय दर्द के साथ जैसे कोई कोनेदार चीज ठेली जा रही हो। चिकने दस्त के साथ गुदा में जलन।

मूत्र—मूत्राशय में ऐंठन। असफल मूत्र-स्खलन इच्छा। तेजी से पेशाब लगे, मूत्र लिंगमुण्ड तक आता मालूम पड़े, फिर वापस होकर मूत्रमार्ग में पीड़ा उत्पन्न करे। मूत्रकृच्छ्र। पेशाब बाहर निकलने के पहले देर तक जोहना पड़े।

साँस-यन्त्र—टहलते समय साँस लेने में साँय-साँय की आवाज होना। सीने पर दाब, उत्सुक, छोटी साँस। हृदयशूल। तीव्र धड़कन, जरा-सी हरकत से भड़क उठे।

चर्म—मोटा दाद। शोथ, अँगुलियों के सिरों पर खुजली, जैसे ठिठुर गई हों।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : लोरोसिरेसस; प्रुनस पैडस—वर्ड-चेरी—(गलक्षत, वक्षास्थि के पीछे दाब और मलाशय में चुभन दर्द); प्रुनस वर्जिनियाना—वाइल्ड

चेरी—(हृदय को शक्ति देती है, हृदयपिंड के ग्राहक-कोष्ठ की मन्दता और तनाव दूर करती है, उत्तेजनीय हृदय गति, हृदय के दाहिने भाग का फैलना; खाँसी, रात में, लेटने पर अधिक हो; दुर्बल पाचन-शक्ति, खासकर अधिक उम्र के व्यक्तियों में, जीर्ण वायुनलिका प्रदाह, पैशिक शक्तिवर्द्धक); पाइरस—मॉउण्टेन ऐश – (आँखों में उत्तेजना, कमर के चारों तरफ कसाव, गर्भाशय में आक्षेपिक दर्द, मूत्राशय, हृदय में आक्षेपिक दर्द; हृदय में ठंडे पानी का संवेदन, ठंडापन कण्ठनली के मुँह तक पहुँचे, वात और गठिया दर्द)।

मात्रा—१ से ६ शक्ति।

सोरिनम (Psorinum)

(स्केबीज वेसिकल)

इस औषधि का चिकित्सा-क्षेत्र उन रोगों में है जिन्हें खाज बाधाओं के नाम से पुकारा जाता है। सोरिनम एक ठंडी औषधि है, सिर को गरम रखना चाहे, गरमी के दिनों में भी गरम कपड़ा पहनना चाहे। ठंडक असह्य। दौर्बल्य, जो किसी यांत्रिक रोग पर निर्धारित न हो, खासकर किसी तीव्र रोगाक्रमण के बाद। प्रतिक्रिया का अभाव अथवा अणुजीवनाशक कोष का क्रमभ्रष्ट होना, जब ठीक चुनी हुई औषधियाँ असफल हो जायें। कण्ठमालिक रोगी। सभी स्रावों में घृणित गन्ध रहती है। अधिक पसीना। हृदय दौर्बल्य। चर्म लक्षण विशिष्ट रूप से स्पष्ट रहते हैं। अकसर जुकाम होने की प्रवृत्ति से मुक्ति प्रदान करती है। टहलते समय पसीना होना। उपदंश, जन्मजात या तीसरा चरण। घृणित स्राव।

मन—निराश, स्वस्थ होने से निराश। स्थाई रूप से शोकग्रस्त, धार्मिक विषाद। आत्महत्या की प्रवृत्ति।

सिर—सिर में धक्के की तरह संवेदना के साथ रात में जाग उठे। जीर्ण सिर दर्द, आक्रमण के साथ भूख लगना, साथ में चक्कर। ठोंकन दर्द। भेजा बहुत बड़ा जान पड़े, मौसम बदलने से बढ़े। पिछले भाग में धीमा दर्द। सिर की खाल पर तर दाने, बाल सिकुड़े हुए। बाल सूखे।

आँखें—पलक चिपकें। आँख आना। जीर्ण प्रदाह जो बराबर लौटा करे। पलक के किनारे लाल। स्राव तेजाबी।

मुँह—कोनों पर फटे घाव जो जल्दी अच्छे न हों। जबान-मसूढ़े घावयुक्त, कोमल तालु पर घृणित स्वाद का चिमड़ा श्लेष्मा चिपका हो।

नाक—सूखा जुकाम; नाक बन्द होने के साथ। जीर्ण जुकाम पिछले भाग से स्राव, मुँहासे।

कान—कानों के चारों तरफ कच्चे, लाल, **रस पसीजते चकत्ते**। कानों के पीछे चोटीला दर्द। कनपटी और कानों के ऊपर से गालों तक मोटा दाद। **कानों की तरफ के अकौता से** घृणित रसस्राव। असह्य खुजली। जीर्ण कर्णप्रदाह। **कानों से अति घृणित स्राव;** बादामी दूषित।

चेहरा—ऊपरी होंठ की सूजन। पीला; कोमल। **चेहरे पर तर फरन**। रोग-ग्रस्त चेहरा।

गला—तालुमूल बहुत सूजे हुए, निगलने से दर्द हो, कान में दर्द के साथ। अधिक घृणित लार, गले में चिमड़ा श्लेष्मा। बार-बार होने वाला तालुमूल प्रदाह। **तालुमूल प्रदाह की प्रकृति को दूर कर देती है**। चिकनी मवादी, मटर जैसी गोलियाँ। घृणित गन्ध और स्वाद वाला श्लेष्मा खखारना। **(एगैरिकस)**।

पेट—सड़े अण्डों की तरह डकार। **सदा बहुत भूख लगी रहे; रात के समय भी कुछ खाना आवश्यक**। मिचली; गर्भावस्था की कै। खाने के बाद उदर में दर्द।

मल—आम, खूनी। **अति घृणित, गहरे रंग का, पतला**। कड़ा, कठिन मल, साथ में मलाशय से खून बहना और जलन वाली बवासीर। शिशु का कब्ज। पीले रोगी, कण्ठमाला पीड़ित बच्चों में।

स्त्री—प्रदर : घृणित, ढोकेदार, अधिक पीठ दर्द और **दुर्बलता**। स्तन सूजे हुए और दर्द वाले। घुण्डियों से एक प्रकार का तेजाबी रस पसीजना जो ग्रन्थियों में जलन और छिलन पैदा करे।

साँस-यन्त्र—दमा, साँस कष्ट के साथ, बैठने से बढ़े, लेटने और बाहों को फैलाने से कम हो। सूखी खाँसी, सीने में बहुत कमजोरी के साथ। **वक्षास्थि के नीचे घाव जैसी संवेदना**। सीने में दर्द, लेटने से कम। हर जाड़े के दिनों में खाँसी उठे, चर्म स्फोट के दब जाने से। हर साल कभी-न-कभी इन्फ्लुएंजा भड़क उठे।

अंग—जोड़ों में कमजोरी मानो वे छिन्न-भिन्न हो जावेंगे। **अँगुलियों के नाखून के चारों तरफ दाने**। घृणित पैर-पसीना।

चर्म—मैला, धुँधला। सूखा, बिना चमक का, खुरदरे बाल। असह्य खाज। दाद जैसी फरन, खासकर सिर की खाल पर और जोड़ों के मोड़ों में खुजली के साथ, बिस्तर की गरमी से बढ़े। ग्रन्थियों का बढ़ना। वसास्रावी ग्रन्थियों से अधिक रस निकले, तेल लगा जैसा चर्म। मन्द घाव, देर में भरें। कानों के पीछे अकौता। खुरण्डदार फरन सारे शरीर पर। जरा से परिश्रम से जुलपित्ती निकल आवे। अँगुलियों के नाखूनों के पास रस दाने।

ज्वर—अधिक घृणित पसीना, रात पसीना।

नींद—असह्य खाज से अनिद्रा। जल्द चिहुँक पड़ना।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना :** कॉफी, सोरिनम का रोगी कॉफी पीते रहने से जल्द अच्छा नहीं होता। मौसम बदलने के समय, गरम धूप में, ठण्डक से। जरा-सी ठंडी हवा से या बाहरी हवा से भय। **घटना :** गरमी, गरम कपड़ा ओढ़ना, गरमी के दिनों में भी।

सम्बन्ध—**पूरक**—सल्फर।

तुलना कीजिए : पेडिक्युलस—हेड लाउस—(बच्चों में खुजली रोग। हाथ, पैर और गरदन के उभरे भाग पर दाने। खुजली, रौद्रत्वक। अध्ययन और काम करने की असाधारण-मनोवृत्ति) पेडिक्युलस (कूटीज) मोह ज्वर और खाई ज्वर एक रोगी से दूसरे में फैलती है। प्रतिक्रिया के अभाव के सम्बन्ध में **कैल्केरिया और नैट्रम आर्स** से तुलना कीजिए। (**गावेर्टनर** भविष्य को बुरा देखना, विश्वास न होना, आँखों के रोग से कष्ट, ऊँचाई का भय। जुलपित्ती। ३० और २०० का व्यवहार करें। (ह्वीलर)।

मात्रा—२०० शक्ति और उससे ऊँची। बार-बार दोहराना नहीं चाहिए। सोरिनम को लगभग ६ दिन अपना प्रभाव प्रकट करने में लगते हैं और केवल एक ही मात्रा ऐसे लक्षण उत्पन्न कर सकती है जो हफ्तों तक रहें। (एजेडी)।

टिलिया (Ptelea)

(वाफर ऐश)

आमाशय और जिगर के रोगों की उत्तम औषधि है। जिगर प्रदेश की टीस। भारीपन। बायीं करवट लेटने से बहुत बढ़ती है। आमाशय की कमजोरी। दमा रोग।

सिर—मन्द और बुद्धिहीन संवेदना। माथे से नाक की जड़ तक दर्द, बाहर को ढकेलता हुआ दर्द, अग्रभागिक सिर पीड़ा जो आवाज, हरकत, रात में, आँखें मलने से अधिक हो, अम्लता के साथ। कनपटी, मानो आपस में दबाई गई हो।

मुँह—लार अधिक, सूखे, कड़वे स्वाद के साथ। जबान पर सफेद या पीला मैल; खुरखुरी, सूजी मालूम दे। जबान पर लाल और उभरे दाने मालूम दें।(आर्जे० नाइट्रि०) मैल बादामी, पीला हो सकता है।

आमाशय—बोझ और भरापन। कौड़ी प्रदेश में चुभन, मुँह में सूखापन के साथ। डकार, मिचली, कै, पेट में लगातार छिलन, गरमी और जलन की संवेदना।

खाने के बाद पेट में खालीपन। पेट और जिगर लक्षण अंगों में पीड़ा के साथ संबंधित हों।

उदर—दाहिनी तरफ बहुत बोझ और दर्द, भारी टीस दाहिनी तरफ लेटने से कम हो। जिगर वेदनापूर्ण, सूजा हुआ, दाब असह्य। उदर का सिकुड़ना।

साँस-यन्त्र– पीठ के बल लेटने पर फुफ्फुस में दाब का संवेदन और दम घुटे। दमा, कष्टदायक साँस, हृदय क्षेत्र में ऐंठन दर्द।

नींद—अशान्त, भयानक स्वप्न के साथ, रात्रि भय, जागने पर सुस्ती और प्रफुल्लित।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : बायीं करवट लेटने पर, प्रातःकाल। घटना : खट्टी चीज खाने पर।

सम्बन्ध–तुलना कीजिए : मर्क०; मैग्ने० म्यूरि०; नक्स; चेलिडो०।

मात्रा—१ से ३० शक्ति।

—:०:—

पुलेक्स इरिटैन्स (Pulex Irritans)

(कॉसन फ्ली)

मूत्र और स्त्री-लक्षण महत्त्वपूर्ण हैं।

सिर—बहुत उतावलापन, खिन्न और चिड़चिड़ा। अगले भाग का दर्द, आँखों में बड़ी होने का संवेदन। चेहरा मुरझाया हुआ बूढ़ों जैसा।

मुँह–कसैला स्वाद। गले में धागे जैसा संवेदन। प्यास, खासकर सिर दर्द के समय।

आमाशय—साँस और स्वाद घृणित। तीव्र मिचली, कै, ओकाई और गशी के साथ। मल बहुत घृणित। उदर फूला हुआ।

मूत्र—थोड़ा घड़ी-घड़ी मालूम हो, मूत्राशय में दाब और मूत्र-मार्ग में जलन के साथ। स्खलन एकाएक बन्द हो जाये, बाद में दर्द। मूत्र घृणित, न रोक सके; बहुत जल्दी से करना पड़े। मासिकधर्म के पहले मूत्राशय में उत्तेजना।

स्त्री—मासिक धर्म देर में हो। मासिककाल में लार अधिक बहे। योनि में जलन। प्रदर : अधिक घृणित, हरा-पीला दाग लग जाये; मासिकधर्म और प्रदर के धब्बे जल्दी धोये न जा सकें। पीठ दर्द। (आक्जैलिक एसिड)

पीठ—टीस, कमजोर, स्कन्धास्थि के नीचे पेशियों में खींचन।

ज्वर—सारे शरीर पर आँच जैसी लगे, जैसे भाप पर बैठा हो; आग के पास बैठने पर भी कम्प लगे।

चर्म चुनचुनीदार खुजली। शरीर पर छरछराते चकत्ते। चर्म से दुर्गन्ध निकले।

घटना-बढ़ना—घटना : बैठने या लेटने पर। बढ़ना : बायीं करवट, इधर-उधर चलने-फिरने।

मात्रा—ऊँची शक्ति।

पल्सेटिला (Pulsatilla)

(विंड फ्लावर)

औषधियों में वायु-दिशा-दर्शक।

पल्सेटिला के चुनने में मानसिक भाव और अवस्थायें मुख्य सांकेतिक लक्षण होते हैं। यह विशेष रूप से स्त्री-रोग की औषधि है, खासकर कोमल, विनीत, सरलता से झुक जाने वाली प्रकृति की स्त्रियाँ। उदास जल्द रो दे; बात करते समय रुदन करे; परिवर्त्तनशील विरोधाभास, रोगी खुली हवा खोजता है, वहाँ अच्छा मालूम होता है। गोकि सर्दी लगती है। सभी श्लैष्मिक झिल्लियाँ रोगग्रस्त हों। स्राव, गाढ़ा, मन्द और पीलापन लिये हरा। अक्सर लौह की आधारित शक्तिवर्द्धक औषधियों के बाद सांकेतिक होती है। चेचक की ठीक चिकित्सा न होने के बाद लक्षण बराबर बदलते रहते हैं। बिना प्यास, चिड़चिड़ापन और शीत से काँपे। जब युवाकाल की अवस्था में स्वास्थ्य बिगड़ने के तीव्र आक्रमण हों। अति स्पर्शकातर, सिर ऊँचा करके रखना चाहे। एक तकिये से असुविधा। हाथों को सिर के नीचे करके लेटे।

मन—रुदन, सरल, डरपोक, चिड़चिड़ा। शाम को अकेले रहने से भय, अन्धेरे में रहने से प्रेत भय और भूत का भय। ढाढस पसन्द करे। बच्चे खिलवाड़ और चुम्बन पसन्द करें। जल्दी उत्साहहीन हो जाये। विपरीत लिंग के लोगों में भय। धार्मिक विषाद। सुख और दुःख की चरम सीमा पसन्द करे। अति भावुक। मानसिक अस्थिरता।

सिर—सिर में भ्रमणशील चिलकन, दर्द चेहरे और आँखों तक बढ़े, चक्कर, खुली हवा में कम। अगले भाग में और आँखों के घेरों के ऊपर दर्द। स्नायुशूल, दाहिनी कनपटी से शुरू हो, उसी तरफ की आँख से तेजाबी आँसू। अधिक परिश्रम से सिर दर्द हो। चाँद पर दाग।

कान—मानो कोई चीज बाहर को ढकेली जा रही हो। ऊंचा सुने मानों कान भरे हों। कर्ण प्रदाह। गाढ़ा, मन्द स्राव, घृणित गंध। बाहरी कान सूजा हुआ लाल। नजले का कर्ण प्रदाह। कर्ण शूल, रात में बढ़े। सुनने की तीव्रता कम करती है।

आँखें—गाढ़ा, अधिक, पीला, मन्द, स्राव, अनुत्तेजक। आँखों में खुजली और जलन। अधिक जलस्राव और श्लैष्मिक स्राव, पलक सूजे, चिपके हुए। बिलनी, नेत्र छिद्र की शिरायें बहुत बढ़ी हुईं। नवजात शिशु का नेत्रप्रदाह। मन्द नेत्रप्रदाह, मन्दाग्नि के साथ, गरम कमरे में अधिक।

नाक—जुकाम, दाहिनी नथना बन्द, नाक की जड़ पर दाब। सूँघने की शक्ति लोप। नाक के भीतर बढ़ी हुई, हरी, घृणित, खुरण्ड। शाम को नाक बन्द हो जाये। पीला श्लैष्मा, सुबह को अधिक। बुरी गन्ध; जैसा पुराने जुकाम में होता है। नाक की हड्डियाँ वेदनापूर्ण।

चेहरा—दाहिनी तरफ का स्नायु-शूल, अधिक आँसू निकलने के साथ। नीचे का होंठ फूला हुआ जो मध्य में चिपटा हो। आँखों के घेरों के ऊपर शूल जो सन्ध्या से आधी रात रहे, दर्द के साथ शीत।

मुँह—चिपचिपा स्वाद। सूखा मुँह, बिना प्यास; घड़ी-घड़ी धोना चाहे। सूखे होंठों को अक्सर चाटा करे। निचले होंठ के बीच में चिटकन हो। पीली या सफेद जबान जिस पर चिमड़ा श्लेष्मा चिपका हो। दाँत दर्द, मुँह में ठंडा पानी रखने से कम रहे। (कॉफि०) मुँह से घृणित दुर्गन्ध। (मर्क०; आरम०)। खाना, खासकर रोटी कड़वी लगे। अधिक मीठी लार। स्वाद परिवर्तनशील, कड़वा, पित्त का, पीठी का, नमकीन, घृणित। विरसता। उत्तेजक वस्तुओं की इच्छा।

आमाशय—स्निग्ध, गरम, खाने और पीने से घृणा। डकार, खाने का स्वाद देर तक रहे; बरफ, फल, पेस्टरी का स्वाद। कड़वा स्वाद, सभी चीज का स्वाद कम मालूम पड़े। छिछले चर्म घाव की तरह दर्द, अफरा। मक्खन से घृणा। (सैंग्वि०)। गला जले। मन्दाग्नि, खाने के बाद कसाव, कपड़ा ढीला करना पड़े। सभी रोगों के साथ प्रायः प्यास का अभाव। खाने के बहुत देर बाद उसी की कै। खाने के एक घण्टे पहले पेट में दर्द। (नक्स०)। पेट में बोझ जैसा, खासकर जागने पर। कुतरन, भूखापन। (एबीज कै०)। पेट के गढ़े में टपकन मालूम हो। (एसाफिटिडा) कमजोरी, खासकर चाय पीने वालों में। जब हिचकी, सुबह को घृणित स्वाद के साथ।

उदर—दर्द करे, तना हुआ, तेज गड़गड़ाहट। पत्थर जैसी दाब शाम को शीत के साथ शूल।

मल—गड़गड़ाहट, पानी-सा, रात में अधिक, कभी दो पाखाने एक तरह के न हों। फल खाने के बाद दस्त। (आर्से०; चायना)। बादी बवासीर, खुजली और चुभन दर्द के साथ। पेचिश, श्लेष्मा और खून, (मर्क०; रियुम)। रोजाना दो या तीन बार साधारण मल।

मूत्र—अधिक वेग; लेटने से अधिक हो। मूत्र-स्खलन, खाँसते या वायु विसर्जन के समय। मूत्र त्यागने के बाद मूत्राशय में आक्षेपिक दर्द।

स्त्री—मासिक धर्म का अप्राकृतिक रुकना। (सिमिसिफ्यूगा, सेनेसियो० आरियस, पॉलीगोनम०)। पैर भींगने से, कमजारी से, या रक्तहीनता से मासिक धर्म का दब जाना। मन्द स्राव। शांत, मिचली, धँसन दर्द; रुक-रुक कर। प्रदर: तेजाबी, जलन पैदा करने वाला, क्रीम जैसा। पीठ में दर्द, थकावट। मासिक धर्म के समय या बाद में दस्त।

पुरुष—सुजाक, अण्ड प्रदाह; उदर से अण्ड तक दर्द, मूत्रमार्ग से गाढ़ा पीला स्राव, सुजाक की पुरानी अवस्था। मूत्रमार्ग का बन्द होना, केवल बूँद-बूँद टपके, धार रुक-रुक कर। (क्लिमैटिस)। तीव्र मूत्राशय ग्रंथि प्रदाह। पेशाब करते समय दर्द और ऐंठन, चित् लेटने से बढ़े।

श्वास-यन्त्र—अनियमित स्वरभंग। असामयिक, कुछ देर के लिए आवाज भारी हो, फिर गायब हो जावे। शाम को और रात में सूखी खाँसी, आराम पाने के लिए बिस्तर पर उठ बैठना पड़े और अधिक मात्रा में बलगम निकले। सुबह की खाँसी। सीने पर दाब और दर्द। कौड़ी पर बहुत दर्द। खाँसी के साथ पेशाब निकल पड़े। (कॉस्ट०)। सीने के बीच में घाव की तरह दर्द। बलगम सादा, गाढ़ा, कड़वा, हरापन लिये। छोटी साँस, आकुलता और बायीं तरफ लेटने से दिल धड़के। (फॉस)। लेटने पर दम घुटे।

नींद—शाम को जागना, पहली नींद अशान्त। जागने पर थकावट और अप्रफुल्लित। तीसरे पहर नींद रोकी न जा सके। हाथ को सिर के नीचे करके सोए।

पीठ—गरदन की जड़ और पीठ में तेज चमकन दर्द, कंधों के बीच में, त्रिकास्थि में, बैठने के बाद।

अंग—बेचैन, अनिद्रा और शीत के साथ जाँघों और टाँगों में खींचन, तनाव का दर्द। अंगों में दर्द, तेजी से जगह बदले, तनाव के साथ दर्द; झटके के साथ ऊपर चढ़े। केहुनी के चारों तरफ सुन्न होना। कटि-संधि में दर्द; घुटने सूजे हुए, फटन, खींचन दर्द के साथ। शाम के निकट एड़ी में दर्द; रोगग्रस्त अंग नीचे लटकाने से कष्ट बढ़े (वाइपेरा) अगली बाँहों और हाथों की शिरायें फूली हुई। पैर लाल, सूजे, फूले हुए। टाँगें थकी हुईं। और भारी लगें।

चर्म—मसालेदार भोजन के बाद, दस्त के साथ जुलपित्ती, मासिक धर्म में देर होने से, कपड़ा उतारते समय। छोटी चेचक। युवाकाल में मुँहासे। नसों का फूलना।

ज्वर—बेवाई फटना, गरम कमरे में भी, बिना प्यास। सीमित स्थानों में दर्द के साथ, शीत, शाम को अधिक हो। ४ बजे शाम शीत। रात में असह्य जलन, गरमी, शिराओं के तनाव के साथ, कई स्थानों में गरमी लगना; दूसरों में ठंडक। एक तरफ का पसीना, पसीना के समय दर्द। बाहरी गरमी असह्य, शिरायें तनी हों। ज्वर उतरने के समय सिर दर्द, दस्त, अरुचि, मिचली।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : गरम से, गरिष्ट, चर्बीले भोजन से, खाने के बाद, शाम के लगभग, गरम कमरे में, बाईं तरफ या बिना दर्द वाली करवट लेटने से, पैर लटकाने से। घटना : खुली हवा में, हरकत से, ठण्ड प्रयोग से, ठंडे भोजन से और ठंडी चीज पीने से, गो कि प्यास न हो।

सम्बन्ध—पेंयोरम; अक्सर जुकाम की पुरानी अवस्था में पल्सेटिला के बाद सांकेतिक होती है। जोनोसिया असोका—सैराका इण्डिका—(मासिक धर्म का अप्राकृतिक रुकना, मासिक धर्म का अति प्रवाह, स्त्री-जननेन्द्रिय पर शक्तिशाली प्रभाव। उदर पीड़ा), ऐट्रिप्लेक्स (गर्भाशयिक लक्षण, मासिक धर्म का रुकना, मूर्च्छा वायु, कन्धों के बीच में ठण्डक, गरम भोजन से अनिच्छा, विचित्र भोजन; धड़कन, अनिद्रा) पल्सेटिला, न्युटालियाना, उसी प्रकार का प्रभाव।

तुलना कीजिए : साइक्लैमेन; कैलिबाइक्रोम; कैलि सल्फ; सल्फर।

पिमेंटा—आल्सपाइस – (एक तरफ का स्नायुशूल, शरीर के कुछ भाग गरम और कुछ ठंडे)। एनाजाइरिस (सिर दर्द, मासिक-धर्म का रुकना)।

पूरक : कॉफिया; कैमोमि०; नक्स०।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

पाइरोजेनियम (Pyrogenium)

(आर्टिफिसियल सेप्सिन)

इस औषधि का परिचय इङ्गलिश होमियोपैथिक चिकित्सकों ने कराया था, यह औषधि पतले गौ मांस को सड़ाकर और धूप में २ सप्ताह तक सुखाकर तब शक्तिवान बनाई जाती है। इसकी सिद्धि और बहुत-सी चिकित्सा सम्बन्धी अनुभवी बातें इसी शक्तिवान की हुई औषधि से एकत्रित की गई हैं। डॉ० स्वान ने कुछ विषैली मवाद को शक्तिवान बनाया था और इसकी सिद्धि की गयी है और चिकित्सा में व्यवहार की गई है। इन दोनों शक्तिवान औषधियों में कोई विशेष अन्तर नहीं पाया जाता। पाइरोजेन, अधिक बेचैनी के साथ दूषित अवस्थाओं की बहुत बड़ी औषधि है। "दूषित ज्वर में, खासकर प्रसूति ज्वर में पाइरोजेन अपनी उपादेयता दर्शायी है कि

यह एक शक्तिशाली होमियोपैथिक दोषनाशक और अनपच निवारक औष
एच० सी० एलेन ज्वर, क्षय-ज्वर; मोह ज्वर, सड़े पदार्थ से विषाक्रमण, झिल्ल
कटे घाव में पीब आना; गन्दी नाली से विषाक्रमण, जीर्ण मलेरिया, गर्भपात
असर, ये सभी अवस्थायें कभी-न-कभी ऐसे रूप धारण कर सकती हैं जब इस
शाली औषधि की आवश्यकता हो जाये। सभी स्राव अति घृणित होते हैं—
धर्म का, प्रसव की सफाई; दस्त-कै, पसीना इत्यादि। फोड़ों में बहुत पी
जलन। जीर्ण अवस्थायें जो किसी दूषित अवस्था पर निर्धारित हों। उत्तेज
और दूषित ज्वर में हृदय गति रुकने की सम्भावना। इन्फ्लुएञ्जा, आंत्रज्वर ल

मन—आकुलता और उन्मादीय विचारों से भरा हो। बातूनी। अपने व
अमीर समझे, बेचैन। शरीर को बाँहों और टाँगों से भरी हुई समझे। सोते या
में यह न बता सके कि यह स्वप्न देख रहा है।

सिर—बिना दर्द के थरथराहट। नाक के पर्दों का पंखे की तरह ि
(लाइको० फॉस०)। बेचैनी के साथ फटन, सिर दर्द।

मुँह—जबान लाल, सूखी, चिटकी हुई, चिकनी जैसी बार्निश पोती हो
सूखा, बोलना कठिन। मिचली और कै। स्वाद अति सड़ा हुआ। साँस घृणित

आमाशय—पीसी हुई काफी की तरह कै। पेट में पानी गरम होते ही कै व

उदर—मूत्राशय और मलाशय में असह्य मरोड़। फूला हुआ, दर्द, कटन

मल—दस्त, अति घृणित, कत्थई रंग, बिना दर्द, अनैच्छिक। कब्ज; मल
न निकले, (ओपियम) ठस जाने से निकलना कठिन। मल बड़ा काला, दु
काली गोली की तरह।

दिल—हृदय के आसपास थकान। धड़कन। संवेदन मानो हृदय भर
सदा अपने दिल की धड़कन सुना करे। नाड़ी असाधारण तेज, शरीर त
असमान। बायाँ स्तन घुण्डी के क्षेत्र में दर्द। हृदय चेतनता।

स्त्री—प्रसव सम्बन्धी अन्त्रावरण झिल्ली प्रदाह, अधिक स्राव, घृणित व
साथ गर्भपात के बाद रक्त-विषाक्रमण। मासिक धर्म अति घृणित। गर्भाशय
प्रदाह। मन्द वस्ति गह्वर प्रदाह के कारण हर मासिक काल में ज्वर। दूषित
संक्रमण। वस्तिगह्वर प्रदाह। प्रादाहिक स्राव। चीरा लगवाने के बाद
दूषित अवस्था।

ज्वर—ठंडक से कम्प। विषैला ज्वर। पीब आने की अवस्था। कम्प प
शुरू हो। ताप तेजी से बढ़े। बहुत गरम पसीने के साथ बहुत गरमी, मगर प
निकलने से ताप कम न हो।

अंग—गरदन की रक्तनलियों में थरथराहट। हाथ, बाँह और पैर का सुन्न होना। सभी अङ्गों और हड्डियों में टीस। बिस्तर बहुत कड़ा मालूम पड़े। (आर्नि०)। सुबह को बहुत कमजोरी। चोटीलापन, हरकत से कम हो। (रस०)। दूषित शय्याक्षत।

चर्म—थोड़ी-सी कटन या जरा-सी चोट भी बहुत सूज जाये और प्रदाहित हो जाये, बदरंग। सूखा।

नींद—अर्ध निद्रा में जाग पड़े। सारी रात स्वप्न देखे।

घटना-बढ़ना—घटना—हरकत से आराम मिले।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : स्ट्रेप्टोसिन (ज्वरनाशक क्रिया, संक्रमण रोगों में दूषित अवस्थायें)। क्रिया में तीव्र, खासकर तापावस्था में। स्टैफिलोसिन (उन रोगों में जहाँ स्टैफिलोकॉक्कस मुख्य कीटाणु बाधक हों, जैसे मुँहासे, फोड़े, फुन्सियाँ, फुफ्फुसावरण में मवाद पैदा होना, दिल के भीतर की झिल्ली का प्रदाह, इत्यादि), सेपिन—डॉ० शेड का तैयार किया हुआ प्रोटियस वल्गैरिस का एक विष, वही लक्षण हैं जो पाइरोजेनियम में पाये गये हैं जिसमें इसका अधिकांश अंश है) एचिनेसिया; कार्बो०, आर्स०, लैके०, रस०; बैप्टि०।

पूरक : ब्रायो०।

मात्रा—६ से ३० और ऊँची शक्तियाँ। अक्सर न दोहरायें।

क्वैसिया (Quassia)

(क्वैसिया-ऊड)

आमाशयिक यन्त्रों पर शक्तिदायक क्रिया करती है। (जेनशियाना०, हाइड्रै०) आँखों पर स्पष्ट प्रभाव करती जान पड़ती है, धुँधलापन और मोतियाबिन्द पैदा करती है। जिगर में दाहिनी तरफ पसलियों के बीच की पेशियों में दर्द। जिगर में दाब और चिलकन और उसी से सहानुभूति पीड़ा तिल्ली में भी।

आमाशय—वायु और अम्लता के साथ कमजोरी लाने वाली मंदाग्नि। गला जलना और पेट दर्द। डकार के साथ खाना ऊपर आये। उदर खाली और धँसा जान पड़े। संक्रामक रोग के बाद मंदाग्नि, खासकर इन्फ्लुएञ्जा और पेचिश के बाद। जबान सूखी या कत्थई, चमकीला मैल। जिगर का कड़ापन और जलोदर भी साथ में।

मूत्र—अधिक इच्छा; वेग रोकना असम्भव, रात-दिन बहुत पेशाब होना। जैसे ही कन्चा आवे; बिस्तर भीग जाये।

अंग—जम्हाई लेने और अँगड़ाई लेने की प्रवृत्ति। (रस०)। पीठ में ठंडापन। भूख के साथ शिथिलता। आन्तरिक ठंडापन के साथ अंगों का ठंडापन। (हेलोडर्मा)।

मात्रा—१ से ३ शक्ति या ऐक्वा क्वासिया की एक चम्मच की एक मात्रा।

करकस ग्लैंडियम स्पिरिटस (Quercus Gl. Sp.)

(स्पिरिट डिस्टिल्ड फ्रॉम टिंचर ऑफ एकॉर्न कर्नेल्स)

इसका प्रयोग पहले-पहल रैडेमैचर ने जीर्ण प्लीहा रोग में किया था; प्लीहा शोथ। शराब के प्रभाव को मारती है। चक्कर, सिर में आवाज के साथ बहरापन। मद मिश्रित पेय की इच्छा को नष्ट करती है; निम्न मात्रा में कई महीनों तक औषधि दें। शोथ और जिगर रोग। गठिया में और वादी के साथ जीर्ण मलेरिया में लाभदायक।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : ऐन्जेलिका (अरिष्ट में ५ बूँद प्रति मात्रा, दिन में तीन बार, मद से घृणा उत्पन्न करती है, इसके अतिरिक्त भिन्न-भिन्न यन्त्रों की दुर्बलता, मन्दाग्नि, स्नायविक सिर दर्द इत्यादि; जीर्ण वायुनलिका प्रदाह में स्राव बढ़ाने के लिए)। सियानोथ०; लैके०, नैट्र० म्यूरियै०, हेलिऐन्थस (प्लीहा बढ़ी और दर्द वाली)।

मात्रा—परिस्रुत स्पिरिट की १० बूँद से एक चम्मच तक दिन में ३ या ४ बार। कुछ समय के लिए दस्त शुरू हो सकता है। यह अच्छा प्रभाव है। करकस ऐकॉर्न ३x विचूर्ण में प्लीहा रोग पर, वादी, अफरा में, पुराने मलेरिया में और मद्यपान की आदत छुड़ाने में अच्छा काम करती है। (क्लार्क)।

क्विल्लाया सैपोनैरिया (Quillaya Saponaria)

(चिली सोप-बार्क)

तीव्र जुकाम, छींक और गलक्षत को उत्पन्न और अच्छा भी करती है। जुकाम के शुरू में अति प्रभावशाली है। अक्सर उसको आगे बढ़ने से रोकती है। गलक्षत के साथ जुकाम, गले में गरमी और सूखापन। कठिन बलगम के साथ खाँसी। भूसीदार चर्म।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : कैलि हाइड्रियोडिकम; जेल्से०; एलियम सेपा; स्क्विला। सैपोनैरिया (गञ्चत, अनैच्छिक मूत्र स्खलन)। सेनेगा।

मात्रा—अरिष्ट से १ शक्ति।

रेडियम (Radium)

(रेडियम ब्रोमाईड)

होमियोपैथिक मेटेरिया मेडिका का एक महत्वपूर्ण योग खासकर जब से डिफेनवैंच के सिद्धीकरण ने इसके लक्षण को निश्चित रूप से ठीक-ठीक दर्शाया। १,००,००० रेडियो शक्ति के रेडियम ब्रोम का प्रयोग किया गया था। यह वात रोग और गठिया, सभी चर्म रोगों में, खासकर मुँहासे, तिल, मस्से, घाव, कर्कट में लाभदायक पाई गई है। रक्तचाप की कमी। सारे शरीर में टीस, बेचैनी के साथ, हिलने, बोलने से कम। जीर्ण संधि-वात हो। पॉलिमार्फो न्युक्लियर न्युट्रोफिल्स की स्पष्ट अधिकता। बहुत कमजोरी।

मन—भयभीत, उदास, अन्धेरे में अकेले रहने का भय, लोगों के साथ रहने की इच्छा। थका हुआ और चिड़चिड़ा।

सिर—सिर के पीछे दर्द के साथ चक्कर, बिस्तर में जाने पर बायीं तरफ अधिक। सिर की जड़ में और चाँद पर दर्द, तीव्र कटि-पीड़ा के साथ-साथ। दाहिनी आँख के ऊपर तीव्र दर्द जो पिछले भाग और चाँद पर फैले, खुली हवा में कम हो। सिर भारी लगे। अगले भाग का दर्द। दोनों आँखों में टीस, नासिका छिद्रों में खुजली और सूखापन। खुली हवा में कम। दाहिनी तरफ के निचले जबड़े के कोने में टीस दर्द। पाँचवीं मौखिक नाड़ी का स्नायुशूल।

मुँह—मुँह का सूखापन। कसैला स्वाद। जबान के सिरे पर चुभन संवेदना।

आमाशय—आमाशय में खालीपन। आमाशय में गरम संवेदन। मिठाई, मलाई की बरफ से घृणा। मिचली और धँसन, वायु डकार।

उदर—दर्द, तीव्र ऐंठन, गड़गड़ाहट, अफरा। मैकबर्नें-बिन्दु और द्विवक महाराव के स्थान के ऊपर दर्द। अधिक अफरा। कब्ज और ढीला मल बारी-बारी से। गुदा खाज और बवासीर।

मूत्र—ठोस पदार्थों का अधिक निकलना, खासकर क्लोराइड का। मूत्र और नलिका की उत्तेजना, अलब्यूमन। रवेदार और कौषिक पदार्थों के टुकड़े निकलना। वात लक्षणों के साथ गुर्दा प्रदाह। अविरत रक्तस्राव।

स्त्री—योनिलिंगिका की तीव्र खाज। देर में और क्रमभ्रष्ट मासिक धर्म, पीठ-दर्द। मासिक धर्म शुरू होते ही उदर में विटप देश पर टीस हो। दाहिने स्तन में दर्द, मालिश से कम।

साँस-यन्त्र—वक्षास्थि गह्वर के ऊपर गुदगुदी के साथ लगातार खाँसी। सूखी, आक्षेपिक खाँसी। गला सूखा, दर्द करे, सीना कसा हुआ।

पीठ—गरदन के पीछे टीस। ग्रीवा कशेरुकाओं में दर्द, लङ्गड़ापन, सिर आगे को झुकाने से बढ़े, खड़ा होने से या बैठने पर कम हो। कटि और त्रिकास्थि में पीड़ा, दर्द हड्डी में मालूम हो, लगातार हरकत से कम हो। कंधों और कटि त्रिकास्थि के बीच में दर्द, टहलने के बाद कम।

अंग—सभी अङ्गों में, जोड़ों में तीव्र दर्द, खासकर घुटनों और टखनों में, कन्धों, बाँहों, हाथों की अँगुलियों में तेज दर्द। टाँगें, बाँहें, गरदन चुरचुरी मालूम हों, मानों हिलने से टूट जायेंगी। बाँहें भारी मालूम दें। कन्धों में चुरचुराहट। पैर की अँगुलियों, पिंडली, कटि-सन्धि और खोखले स्थानों में दर्द। टाँगों और कटि-पेशियों में दर्द। सन्धि-प्रदाह, टीस, रात में अधिक हो। अँगुलियों का चर्म प्रदाह। अँगुलियों के नाखूनों में चुचुकन परिवर्तन।

चर्म—छोटे दाने। अयनिका और चर्म प्रदाह, खुजली, जलन, सूजन, लाली के साथ। सड़न और घाव। सारे शरीर पर खुजली, जलन, मानो चर्म जल रहा हो। उपत्वक प्रदाह।

नींद—बेचैनी। सुस्ती के साथ औंघाई। स्वप्न स्पष्ट, आग लगने के।

ज्वर—आंतरिक ठण्डक, संवेदन, दाँत कटकटाना, दोपहर तक। आंतरिक ठण्डक, बाद में चर्म का गरम होना जो पेट की खराबी और बादी से सम्बन्धित हो।

घटना-बढ़ना - घटना : खुली हवा, लगातार हरकत, गरम जल से स्नान करना, लेटने से, दाब। बढ़ना : उठने पर।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एनाकार्डियम (इससे उत्पन्न हुआ घाव रेडियम के घाव की तरह होता है। यह आक्रमण स्थान से भिन्न किसी दूसरी जगह हो सकता है और देर के बाद मालूम पड़ सकता है)।

तुलना कीजिए : एक्स-रे; सीपिया; युरेनियम, आर्से०, पल्से०, कॉस्टिकम।
क्रियानाशक : रस० वेने०, टेल्यूरियम।
मात्रा—३० और १२ विचूर्ण।

रैननक्युलस बल्बोसस (Ranunculus Bulb.)

(बटर कप)

विशेष रूप से पेशी तन्तुओं और चर्म पर काम करती है और इसका विशिष्ट प्रभाव सीने की दीवारों पर होता है जैसे पार्श्व-वेदना। मद्यपान का दुष्प्रभाव। शराबी की बकवाद। आक्षेपिक हिचकी। वक्षोदक रोग। सारे शरीर में झटके। हवा और स्पर्श से उत्तेजना। जीर्ण गृध्रसी।

सिर—चिड़चिड़ापन, माथे और आँखों के ढेलों में दर्द। सिर की खाल में रेंगन संवेदन। माथे में भीतर से बाहर की तरफ दाब दर्द।

आँखें—दिन में दिखाई न देना (दिनौंधी) चक्षु-पटल धूएँ की तरह। दाहिनी आँख पर दर्द, खड़े होने और टहलने से अच्छा लगे। चक्षु-पटल पर छाले, अति पीड़ा के साथ, प्रकाशातंक और जल-प्रवाह।

सीना—वक्षास्थि में, पसलियों में, उनके बीच के जगहों में और दोनों कोखों में कुचलन जैसा अनेक प्रकार का दर्द और सन्ताप। पसलियों के बीच का वात रोग। खुली हवा में टहलने से सीने में शीत। सीने में, कन्धों के बीच में चिलकन; साँस भीतर लेने से, हरकत से बढ़े। सीने में वात रोग मानो चर्म के भीतरी भाग में घाव हो गया है। उदर का दाब से कोमलपन। कन्धों के डैनों के निचले किनारे में पैशिक दर्द, बैठे रहकर कामकाज करने पर छोटी जगहों में जलन।

चर्म—जलन और तीव्र खाज, स्पर्श से बढ़े। कड़ी गुठलियाँ। अति खाज के साथ दाद। वर्तुलाकार विसर्पिका, हल्के नीले किनारे। हथेलियों में खुजली। हथेलियों पर छालेदार दाने। नाखून कोमल। अंकुरदार चर्म। अँगुलियों के सिरे और हथेली पपड़ीदार, सूखे और रसदार दाने।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: खुली हवा में, हरकत से, स्पर्श से, आकाशीय परिवर्त्तन, भींगा, तर, तूफानी मौसम, शाम को। ठण्ढी हवा से अनेक रोग उत्पन्न हो जाते हैं।

सम्बन्ध: असमान: सल्फर, स्टैफि०।

तुलना कीजिए: रैननक्यु० ऐक्रिस (कटि पेशियों और जोड़ों में दर्द, शरीर को झुकाने और घुमाने से), रैननक्यु० ग्लैसियालिस - रीनडीयर फ्लावर कार्लिना—(फुफ्फुसीय रोग, वायु नलिका-फुफ्फुसीय प्रदाह—सिर में बहुत बोझ, चक्कर और संन्यास रोग की सम्भावना के साथ, रात पसीना, जाँघों पर अधिक); रैननक्यु० रेपेंस (शाम को बिस्तर में जाने पर माथे और सिर की खाल में रेंगन) रैननक्यु० फ्लैमुला (घाव, बाहों पर गलित घाव)।

इनकी भी तुलना कीजिए: ब्रायो०; क्रोटोन०; मेजे०, इयुफोर्बि०।

क्रियानाशक: ब्रायो०; कैम्फो०; रस०।

मात्रा—मूल अरिष्ट की १० से ३० बूँद शराबी बकवास में, ३ से ३० शक्ति साधारण रूप में जीर्ण गृध्रसी में। रोगग्रस्त तरफ से पैर की एड़ी में अरिष्ट लगाइये। (एम० जूसेट)।

रैननक्युलस स्केलेरैटस (Ranunculus Scle.)

(मार्श बटर कप)

इस वनस्पति कुटुम्ब की अन्य औषधियों से अधिक उत्तेजक है जैसा चर्म लक्षणों से विदित होता है। छेदन, कुतरन दर्द। स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। अंडाकार विशद स्फोट। बँधे समय पर आनेवाले रोग। मूर्च्छित, पेट में दर्द के साथ।

सिर—चाँद की बायीं तरफ एक छोटी जगह पर कुतरन। भयानक स्वप्न—मुर्दों का, साँप का, लड़ाई इत्यादि का। बहती नाक, छींक और पेशाब में जलन के साथ।

मुँह—दाँत और मसूढ़े उत्तेजित। जबान नक्शेदार। कच्चे चकत्ते। मुँह छरछराता और कच्चापन। जबान में जलन और कच्चापन।

उदर—नाभि के पीछे गुल्ली ठोंकी जैसी लगे। जिगर प्रदेश के ऊपर दर्द, संवेदन कि दस्त शुरू होगा। दाहिनी तरफ की कृत्रिम पसली के पीछे गुल्ली ठोंकी जैसी संवेदना, गहरा साँस लेने से कष्ट बढ़े।

सीना—चर्मावरण उत्तेजित। हर शाम को सीने में कुचलन दर्द और थकावट। अग्रखंड के पीछे दर्द व जलन।

चर्म—रस दाने, बड़े छाले होने की सम्भावना के साथ। तेजाबी स्राव जो चारों तरफ के भाग को दर्दीला बनावे।

अंग—छेद होने जैसा दर्द। दाहिने पैर की अँगुली में एकाएक जलन, चुभन। गट्टे, जलन और दर्द के साथ, खासकर जब पैर लटका हो। हाथ और पैर की अँगुलियों में गठिया।

मात्रा—१ से ३ शक्ति।

रैफेनस (Raphanus)

(ब्लैक गार्डेन रैनिश)

जिगर और तिल्ली में दर्द और चिलकन उत्पन्न करती है। पित्त और लार को बढ़ाती है। अगर शलजम के साथ नमक का व्यवहार किया जाये तो कोई लक्षण प्रकट नहीं होगा। वायु की अधिक संचयता और फँसना। 'गुल्म' लक्षण। चिकने चर्म के साथ भूसी छूटना। बिम्बिका रोग। गुल्म वायु, पीठ और बाहों में शीत। कामातुर, अनिद्रा। (कैलि ब्रोमेटम०)। अत्यधिक मैथुनेच्छा—स्त्रियों में। चीरा लगाने के बाद अधिक वायुपीड़ा।

सिर—उदासी; बच्चों की तरफ से घृणा, खासकर लड़कियों की तरफ से। सिर दर्द, मस्तिष्क कोमल और दर्दीला जान पड़े। निचले पलक का शोथ। पिछले भागों में श्लेष्मा।

गला—गर्भाशय से गले तक गरम जल स्नान जैसी संवेदना; वहीं रुक जाये। गले में गरमी और जलन।

आमाशय—सड़ी डकार। कौड़ी में जलन, बाद में गरम डकार।

उदर—ओकाई और कै, भूख की कमी। फूला, तना कड़ा। ऊपर से या नीचे से कोई वायु स्खलन न हो। नाभि के पास चुभकन। मल तरल झागदार, अधिक, कत्थई, साथ में शूल और आँतों में सूजन। मल पदार्थ की कै।

स्त्री—जननेन्द्रिय की स्नायविक उत्तेजना। मासिक-धर्म अधिक और देर तक। तीव्र मैथुन इच्छा, अन्य स्त्रियों और बच्चों से घृणा, कामोन्माद।

मूत्र—गंदला, खमीरी, तलछट। मूत्र अधिक, दूध की तरह गाढ़ा।

सीना—सीने का दर्द पीठ और गले तक बढ़े। सीने के बीच में भारी ढोका और ठंडक की संवेदना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : मोमोर्डिका (तिल्ली की तह के पास अधिक कष्ट), कार्बो०; एनाका०, आर्जे०; नाइट्रि०; ब्रेसिका।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

रेटानहिया (Ratanhia)

(क्रैमेरिया—मेरो)

मलाशय के लक्षण महत्त्वपूर्ण हैं और अनुभव में उनकी पुष्टि की गई है। इस औषधि ने अनुपक्ष अच्छा किया है। तीव्र हिचकी। स्तन घुण्डी चिटकी (ग्रैफा०; यूपेटो० एरोमेटिकम)। क्षुद्र कृमि।

सिर—मल त्यागने के बाद और सिर आगे को झुकाकर बैठने पर सिर में फटन जैसा दर्द। ऐसा संवेदन मानो सिर की खाल नाक से चाँद तक खिंची हुई है।

आमाशय—आमाशय में चाकुओं की तरह कटन दर्द।

मलाशय—ऐसा दर्द मानो मलाशय शीशे के टुकड़े से भरा हो। मल त्यागने के बाद घण्टों तक गुदा में टीस और जलन रहे। सिकुड़ा लगे। गुदा पर सूखी, गरमी, एकाएक चाकू के गड़न जैसी चिलक। बहुत जोर करने पर मल बाहर निकले, बवासीर का बाहर निकलना। गुदा में दरारें; साथ में अधिक सिकुड़न; आग जैसा

जलन, बवासीर भी वैसे ही जले, ठंडे पानी से कम हो। घृणित, पतला दस्त, मल जला हुआ सा, मल त्यागने के पहले और बाद में जलन, गुदा से पसीजन। क्षुद्र कृमि : सैंटो०; टिउक्रि०; स्पाइजे०)। गुदाखाज।

संबंध—तुलना कीजिये : पियानिया, क्रोट्रोन०—(मलाशयिक स्नायुशूल), सैंग्वि०, नाइट्रि० (मलाशय का रोग) मैक्युना प्रूरेंस—डोलिकोस बवासीर, साथ में जलन बवासीर बाधायें), सिलिको-सल्फोकैलासिय ऑफ एलुमिना, स्लैग ब्लास्ट आयरन फर्नेंस सिंडर—(गुदा खाज, बवासीर और कब्ज, घुटनों की सूजन), उदर में अफरा, तनाव और कटिवात। लाइकोपोडियम की तरह।

मात्रा—३ से ६ शक्ति। लगाने के लिए मलहम के रूप में मलाशय के रोग में लाभदायक है।

रैमनस कैलिफोर्निका (Rhamnus Californica)

(कैलिफोर्निया कॉफी ट्री)

वात रोग और पेशी दर्द की सफल औषधि। पार्श्ववेदना, कटि-वात और आमाशय पीड़ा। मूत्राशय में ऐंठन, मांस पैशिक वेदना आधारित मासिक धर्म पीड़ा व कष्ट, सिर, गरदन और चेहरे में दर्द। वात रोग, जोड़ सूजे हुए, दर्दीले, स्थान परिवर्तन की प्रवृत्ति, अधिक पसीना। वातिक हृदय (वेब्सटर)। विद्यार्थियों का सिद्धिकरण। २x शक्ति।

मन—उत्तेजित, अशान्त, चिड़चिड़ापन। सुस्ती, मस्तिष्क में मन्दता और विचार शक्ति में गड़बड़ी, अध्ययन में चित्त एकाग्र न कर सके।

सिर—चक्कर, भरापन। भारी, कुचलन संवेदना, दाब से कम। हर कदम पर फटन संवेदन। सन्ताप, पिछले भाग और चाँद पर विशेष रूप से, पीछे झुकने से अधिक हो। बायीं कनपटी में धीमा दर्द। अगले (बायीं तरफ) भाग में मन्द टीस, पीछे की तरफ और माथे के ऊपर बढ़े। गहरा, दाहिनी तरफ का अग्रभागिक दर्द। पलकों का फड़कना।

कान—कम सुने। निगलने पर दाहिनी तरफ की कर्णशंकुली बाह्यार्बुद के नीचे गहराई में दर्द।

चेहरा—भरभराया, गरम जलता। जबड़े की हड्डियों से बाहर की तरफ दाब।

मुँह—मसूढ़े और होठों के बीच में सन्तापपूर्ण मुखक्षत। जबान पर मैल, बीच में साफ, गुलाबी चकत्ता।

गला—सूखा, खुरखुराहट। दाहिनी तरफ और तालुमूल दर्द करें।

आँतें—कुछ वायु के साथ कब्ज। ऐंठन और सूखा मल। वायु मिश्रित दस्त।

जनन मूत्रेन्द्रिय—अधिक मूत्र। मूत्र-मार्ग के अगले भाग में गुदगुदी, सुबह को बूँद-बूँद गिरना (अप्रमेहिक)। काम इच्छा अधिक।

साँस-यन्त्र—वक्षास्थि के निचले भाग में दाब। दाहिनी तरफ की पसलियों के बीच की पेशियों में कोमलपन।

दिल—नाड़ी परिवर्तनशील। धीमी नाड़ी।

अंग—पेशी क्रिया को न रोक सके। बेकाबू। टाँगें दर्द करें। नशीली चाल।

घटना-बढ़ना—लक्षण शाम को बढ़ते हैं।

सम्बन्ध—रैमनस कैथेर्टिका या रैमनस फ्रैंगुला—यूरोपियन बकथार्न—वात रोग की औषधि—(उदर के लक्षण, शूल दस्त; बवासीर, खासकर अजीर्ण)। रैमनस परशियाना—कैस्केरा सैग्रेडा (कब्ज में आराम देने वाली, आंत्रिक शक्ति-वर्धक और उसी पर निर्धारित मन्दाग्नि। १०–१५ बूँद अरिष्ट)।

मात्रा—अरिष्ट १५ बूँद की मात्रा में हर चार घण्टे पर एक मात्रा।

रियुम (Rheum)

(रूबार्ब)

बच्चों के उन रोगों में अक्सर उपयोगी है जब दस्त में खट्टी गन्ध हो। दाँत निकलने में कठिनाई। सारे शरीर से खट्टी गन्ध आए।

मन—अधीर और उग्र, बहुत-सी चीजें चाहे और रोए। (सिना)।

सिर—बाल वाली खाल पर पसीना, लगातार और अधिक। चेहरे पर ठण्डा पसीना; खासकर मुँह और नाक के चारों तरफ।

मुँह—अधिक लार। दाँतों में ठण्डापन। दाँत निकलने में कठिनाई, बेचैन और चिड़चिड़ा। साँसें खट्टी गन्ध। (कैमो०)।

आमाशय—अनेक प्रकार के भोजन की इच्छा, मगर जल्द ही सभी से थक जाये। तलपेट में थरथराहट। भरा मालूम हो।

उदर—नाभि के आसपास शूल। कपड़ा हटाते समय शूल। वायु गले तक चढ़ती जान पड़े।

मलाशय—मल त्यागने के पहले दर्द, पेशाब करने की प्रबल इच्छा। मल खट्टा महँके, लेई की तरह, कँपनी और कुंथन के साथ गुदा में जलन। दाँत निकलने के समय में खट्टी महक का दस्त। शूलमय, मल त्यागने की असफल इच्छा से ही मल पीछे लौट जाये।

घटना-बढ़ना-बढ़ना : कपड़ा हटाने पर, खाने के बाद, चलने-फिरने से।
तुलना कीजिये : मैग० फास०, हीपर, पोडो०; कैमो० इपी०।
क्रियानाशक : कैम्फो०, कैमो०। पूरक : मैग० कार्ब०।
मात्रा—३ से ६ शक्ति।

रोडियम (Rhodium)

(मेटल केमिकल एलिमेंट)

(डॉ० मैकफारलैन ने २०० शक्ति से सिद्ध किया)

उत्तेजित और रोआंसा। अगले भाग का सिर दर्द, सिर के भीतर से झटके आएँ। भ्रमणशील, स्नायुशूल सिर में, आँखों के ऊपर, कानों में नाक की दोनों तरफ; दाँतों में। बहुत जुकाम। होंठ सूखे, मिचली खासकर मिठाई से। मन्द सिर-दर्द। कड़ी गरदन और बायें कन्धे तथा बाँह में नीचे तक वात दर्द। बाँहों में, हथेलियों और चेहरे में खाज। उदर में बरछी गड़ने जैसे दर्द के साथ ढीला मल। वमन-क्रिया के कार्य में अति वृद्धि, मल त्यागने के बाद मरोड़। मूत्र की मात्रा अधिक। यन्त्रणापूर्ण और साँय-साँय वाली खाँसी। सीने से गाढ़ा, पीला श्लेष्मा निकले। कमजोर, चक्कर जैसा और थका जान पड़े।

रोडोडेण्ड्रन (Rhododendron)

(स्नो रोज)

छोटे-बड़े जोड़ों का दर्द स्पष्ट लक्षण है। गरमी के दिनों में वात रोग। रोग के बढ़ने का समय (तूफान आने से पहले) उत्तम संकेत है।

मन—तूफान से भय; खासकर बिजली की गर्जना से। भूलना।

सिर—कनपटियों में टीस। हड्डियों में फटन दर्द। सिर दर्द, मदिरा, प्रचण्ड वायु, ठण्डे और भीगे मौसम में रोग बढ़े। तूफान आने के पहले आँखों में दर्द। पलकों का स्नायुशूल जिसमें आँखों के ढेले, घेरे और सिर भी शामिल हों। आँखों में प्रयोग करने पर गरम संवेदन।

आँखें—पेशी वेदना, शिर से शुरू होकर आँखों में से तेज चिलकन, आँधी के पहले कष्ट बढ़े।

कान—कानों में भिनभिनाहट और टनटनाहट के साथ ऊँचा सुने। सुबह को अच्छा सुनाई देना, कुछ घण्टों के बाद शुरू हो जायें।

चेहरा—मुखमण्डलीय स्नायुशूल; तीव्र झटके, दर्द जिसमें दाँत-स्नायु भी रोग-ग्रस्त हो, कनपटी से निचले जबड़े और ठुड्डी तक; खाने और सेंकने से कम। तर मौसम में और आँधी आने से पहले दाँत दर्द। मसूढ़े सूजे हुए। घिसे दाँत ढीले हों।

सीना—तीव्र फुफ्फुसावरण दर्द जो बायीं तरफ, सीने के अगले भाग तक नीचे दौड़े। उससे साँस फूले और बोल न सके। तेज चलने से तिल्ली में चिलकन। छोटी पसलियों के निचले भाग में ऐंठन।

पुरुष—बायाँ अण्ड अधिक सूजा हुआ, ऊपर खिंचा हुआ, अण्ड-प्रदाह; सूजी ग्रन्थियाँ कुचली जान पड़ें। सुजाक के बाद अण्ड का कड़ापन और सूजन। अण्डकोष में जल संचय (साइलीशिया)।

अंग—जोड़ सूजे हुए। पैर के अंगूठों की गठिया सम्बन्धी सूजन। सभी अंगों में वातिक दर्द, खासकर दाहिनी तरफ; आराम से और तूफान के समय अधिक हो। गरदन का कड़ापन। कन्धों, बाँहों, कलाई में दर्द, आराम के समय अधिक हो। हड्डियों के सीमित स्थानों में दर्द जो मौसम बदलने के समय फिर से उभर आए। एक टाँग को दूसरी पर रक्खे बिना न सो सके।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : तूफान से पहले। खराब मौसम में सभी लक्षण उभर जायें, रात में, सुबह के निकट। घटना : तूफान खतम होने पर, सेंकने से और खाने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एम्पिलॉप्सिस (अण्डकोष में जल-संचय होना और गुर्दों का शोथ)। डल्का०; रस०, नैट्र० सल्फ०।

मात्रा—१ से ६ शक्ति।

रस एरोमैटिका (Rhus Aromatica)

(फ्रेगरेंट स्युमक)

गुर्दा और मूत्र सम्बन्धी रोग, खासकर बहुमूत्र। अनैच्छिक मूत्र स्राव, मूत्राशय की दुर्बलता के कारण; वृद्धावस्था की मूत्र धारणा, शक्तिहीनता। इस औषधि के प्रभाव क्षेत्र में खूनी पेशाब और मूत्राशय प्रदाह भी आते हैं।

मूत्र—पीला, अलब्युमेनयुक्त, टपकते रहना। पेशाब करने के शुरू में तीव्र पीड़ा, बच्चों में अति पीड़ाजनक हो। बराबर टपका करे। बहुमूत्र रोग, कम घनत्व का, अधिक मात्रा में (फॉस० एसिड, एसेटिक एसिड)।

मात्रा—अरिष्ट, अधिक मात्रा में।

रस ग्लैब्रा (Rhus Glabra)

(स्मथ स्युमक)

नकसीर और पश्चात् मस्तिष्कीय पीड़ा। दुर्गन्धित वायु स्खलन। मुँह में घाव होना।। हवा में उड़ने का स्वप्न देखना। (स्टिक्टा०)। दुर्बलता के कारण अधिक पसीना निकलना। (चाइना)। यह दावे के साथ कहा जाता है कि यह औषधि पेट को ऐसा कीटाणुरहित कर देगी कि मल और वायु पूर्णरूप से गंधहीन हो जायगी। यह घाव की प्रकृति के साथ सड़न अवस्था पर काम करती है।

मुँह—शीताद रोग, पोषण विकार; दूध पीने वाले शिशु का मुखक्षत (वैरानिका) उपक्षतीय मुखप्रदाह।

सम्बन्ध—पारे का प्रभावनाशक कहा जाता है, और पारे का प्रयोग के बाद उपदंश के दूसरे चरण में व्यवहार की गई है।

मात्रा—अरिष्ट। प्रायः कोमल फूले हुए मसूढ़ों पर, मुखक्षत, गलकोष प्रदाह इत्यादि पर लगाने के लिये प्रयोग की जाती है।

रस टॉक्सिकोडेण्ड्रन (Rhus Toxicodendron)

(पॉयजन-आइवी)

इस औषधि के चर्म पर प्रभाव के कारण, वात पीड़ा, श्लैष्मिक झिल्ली के रोग, आंत्रिक ज्वर की तरह ज्वर, इनका अक्सर संकेत मिलता है। रस सौत्रिक-तन्तुओं पर स्पष्ट प्रभाव रखती है, जोड़, बन्धन, आवरण, कण्डरा कला इत्यादि; दर्द और कड़ापन पैदा करती है। चीरा लगवाने के बाद की बाधायें। फटन दर्द। हरकत से रस० का रोगी "उत्साहित होता है" इसलिये आसन बदलने से रोग में क्षणिक कमी होती है। जोर पड़ने से; भारी बोझ उठाने से, गरम अवस्था में भीगने से रोग उत्पन्न हो। विषैली दवायें। कौषिक तन्तु प्रदाह और संक्रमण, कारबंकल की आरंभिक अवस्था (एचिनैसिया)। ठंडक से आया वात रोग। दूषित रोग।

मन—अशान्त, उदास। आत्महत्या का विचार। अत्यन्त अशांत; बराबर करवटें बदलता रहे। प्रलापक सन्निपात, विष दिये जाने का भय। (हायोसि०) संवेदना यन्त्रों की क्षीणता। रात को महान भयभीत; बिस्तर में न रह सके।

सिर—ऐसा लगे कि कोई तख्ता माथे पर बँधा है। उठने पर चक्कर आवे। भारी सिर। भेजा ढीला मालूम दे और टहलने या उठने पर मानो खोपड़ी से टकरा रहा है। सिर की खाल उत्तेजित, जिस करवट लेटे उस करवट अधिक कष्ट हो। पिछले भाग में दर्द (रस रैडिकैंस)। स्पर्श से पीड़ा हो। माथे में दर्द और वहाँ से पीछे को जाये। सिर की खाल पर तर दाने; बहुत खुजली हो।

आँखें—सूजी हुई, लाल, शोथमय, घेरों के कौषिक तन्तुओं का प्रदाह। फुन्सीदार प्रदाह। अलोकातंक, अधिक पीला मवाद बहे। पलकों का शोथ, मवादी नेत्र प्रदाह। पलक सूजे हुए, चिपके, फूले हुए। आँखों की पुरानी चोट। कनीनिका के चारों तरफ रक्तमय घेरे। कनीनिका पर अधिक घाव। ठंड और नमी के कारण नेत्र-प्रदाह, गठियावात सम्बन्धित। आँखें घुमाने से या दबाने से दर्द करें, जरा-सा हिला न सके, जैसा तीव्र स्नायु गुल्म प्रदाह में होता है। पलक खोलने से अधिक गरम आँसू स्राव।

कान—कानों में दर्द, जैसे कोई चीज घुसी हो। गुल्म; सूजन। खूनी मवाद।

नका—छींक आना, भींगने से जुकाम। नाक का सिरा लाल, दर्द वाला घाव युक्त। नाक की सूजन। झुकने पर खून बहे।

चेहरा—चबाने से जबड़ों में चुरचुराहट। जबड़ों का आसनी से खिसक जाना। (इग्नेसि०, पेट्रोलि०) चेहरा फूला, विसर्पिका। गले की हड्डियाँ स्पर्श सहन न करें। कर्णमूल प्रदाह। मुखमण्डल का स्नायुशूल, शीत के साथ, शाम को बढ़े। क्रस्टालैक्टिया (मवाद से सिर के बालों का चिपक कर चटाई की तरह बन जाना)। (कैल्के०; वायोला ट्राइकालर)।

मुँह—दाँत ढीले और लम्बे मालूम पड़ें, मसूढ़े दर्द करें। जबान लाल और दरारेदार, मैली, सिरे पर लाल त्रिकोण, सूखी और किनारों पर लाल, मुँह के कोने घावयुक्त, ज्वर में छाले, मुँह के चारों तरफ और होठों पर। (नेट्र० म्यूरि०)। जबड़े के जोड़ों में दर्द।

गला—ग्रंथि सूजन के साथ दर्द। निगलने में गड़न दर्द। बायीं तरफ के कर्णमूल में प्रदाह।

आमाशय—न बुझनेवाली प्यास के साथ, सभी तरह के भोजन से घृणा; क्षुधाहीनता। कड़वा स्वाद। (क्युप्रम०)। मिचली, चक्कर और आमाशय फूलना, खाने के बाद। दूध की इच्छा। अधिक प्यास, सूखा मुँह और सूखे गले के साथ। पत्थर जैसा दाब। (ब्रायो०; आर्से०)। खाने के बाद औंघाई।

उदर—प्रचण्ड पीड़ा, पेट के बल लेटने से आराम मिले। पुट्ठों की ग्रंथियों की सूजन। ऊपर जाने वाली बड़ी आँत में दर्द। शूल, झुककर टहलने को मजबूर हो। खाने के बाद फूलना, तनाव। सुबह उठते ही वायु गड़गड़ाए, मगर चलने-फिरने से गायब हो जाये।

गुदा—रक्त, आँव और लाल श्लेष्मा का दस्त। जाँघों के नीचे तक फटन दर्द के साथ पेचिश। सड़ी गन्ध का मल। झागदार, दर्दहीन मल। अक्सर मलाशय के पास के फोड़े को पचा देगा। पेचिश।

मूत्र—गहरे रंग का, गँदला, गाढ़े रङ्ग का, थोड़ा मूत्र, सफेद तलछट के साथ। मूत्रकृच्छ्र, स्खलन के साथ।

पुरुष—ग्रन्थियों और लिंगावरण की सूजन, चेहरा लाल और विसर्पिका। अण्ड मोटा, फूला हुआ और शोथमय। तीव्र खुजली।

स्त्री—सूजन, साथ में योनिलिंगिका की तीव्र खुजली। वस्तिगह्वर सन्धि का कड़ापन, जो हिलते ही मालूम हो। मासिकधर्म समय से पहले, अधिक देर तक रहे, तेज़ाबी। प्रसवांतक स्राव पतला, देर तक जारी रहे, घृणित, कम मात्रा में। (पल्से०; सिकेल०)। योनि के ऊपर की तरफ झपटन के साथ (सीपिया)।

साँस-यन्त्र—ऊपरी वक्षास्थि के पीछे गुदगुदी। सूखी, कष्टदायक खाँसी, आधी रात से सुबह तक; शीत की हालत में या हाथों को बिस्तर से बाहर निकालते समय। अति परिश्रम से खून थूकना; गहरा लाल खून। इन्फ्लुएञ्जा सभी हड्डियों के साथ। (युपेटो० पर्फो०)। आवाज पर बहुत जोर देने से गला भारी होना (आर्नि०)। सीने में दाब, कड़कन दर्द के साथ, साँस न लिया जाये। वृद्ध लोगों में वायुनलिका की खाँसी, जागने पर बढ़े, श्लेष्मा के छोटे गोले खाँसने से निकलें।

दिल- अति परिश्रम के कारण बहुत बढ़ जाना। नाड़ी तेज कमजोर, क्रमभ्रष्ट, सविराम, बाँयीं बाँह के सुन्नपन के साथ। शान्त बैठने से कम्प और धड़कन।

पीठ—निगलने पर कन्धों के बीच में दर्द। पिठासे के अन्दर दर्द और कड़ापन, हरकत से या कड़ी चीज पर लेटने में कम हो। बैठे रहने से बढ़े। गरदन की जगह का कड़ापन।

अंग—जोड़ों की गरम, दर्द भरी सूजन। पेशी बँधनी, बन्धनियों और पेशी वेष्ठकारी पतले तन्तुओं के आवरण या बन्धनों में दर्द। वात दर्द : गरदन की जड़ पर, कमर पर और अङ्गों पर बड़े स्थान तक फैले, हरकत से कम (एगैरिक०)। हड्डियों के गुल्म का दर्दीलापन। अंग कड़े, पक्षाघातिक। ठण्डी, ताजी हवा सहन न हो, वह चर्म को दर्दीला करे। अन्तःप्रकोष्ठास्थि के स्नायुमार्ग में दर्द। जाँघों में नीचे तक फटन। गृध्रसी, ठंडे, तर मौसम में और रात में अधिक। अधिक परिश्रम से और बाहरी हवा लगने से सुन्नपन और सुरसुरी। पक्षाघात, परिश्रम के बाद कंप। घुटनों के जोड़ के पास कोमलपन। अगली बाँह और अँगुलियाँ शक्तिहीन; अँगुलियों के सिरों में रेंगन। पैरों में चुनचुनाहट।

ज्वर—दौर्बल्य विशिष्ट, अशान्त, कम्प। आन्त्र ज्वर, जबान सूखी और बादामी, दाँतों पर मैल, दस्त, बहुत बेचैनी। सविराम, शीत, सूखी खाँसी और बेचैनी के साथ। गरम चरण में जुलपित्ती। प्यास। शीत मानो ठंडा पानी उसके शरीर पर छोड़ा जा रहा हो, बाद में गरमी लगे और अँगड़ाई लेने की इच्छा हो।

चर्म — लाल, सूजा हुआ, अधिक खाज। फुन्सियाँ, भैंसिया दाद, जुलपित्ती, बिम्बिका, विसर्प, रसदार दाने। ग्रन्थि फूली हुई। कौषिक तन्तु प्रदाह। जलन वाला अकौता, पपड़ी बनने की सम्भावना।

नींद— अति परिश्रम के स्वप्न : गहरी नींद मानो मूर्च्छा है। आधी रात के पहले अनिद्रा।

घटना-बढ़ना--बढ़ना : सोते में ठण्डक, तर बरसाती मौसम और पानी बरसने के बाद, रात में, आराम के समय, भीगने से, चित्त या दाहिनी तरफ लेटने से। घटना : सेंकना, सूखा मौसम, हरकत, टहलना, आसन बदलना, मालिश, गरम प्रयोग से, अंगों को फैलाने से।

सम्बन्ध--पूरक : ब्रायो०, कैल्के० फ्लोरि, फाइटोल० (वात रोग)। जुलपित्ती में इसके बाद बोविष्टा लाभदायक है।

विरुद्ध--एपिस।

क्रियानाशक--दूध और ग्रिंडेलिया लोशन से स्नान कराना बहुत प्रभावशाली है। ऐम्पिलॉप्सिस ट्रिफोलिया—थ्री-लीफ उडबाइन-दूषित चर्म प्रदाह जो वनस्पति विष के कारण हुआ हो-३० और २००। रस विषाक्रमण के समान है। एलोपैथिक विशेषज्ञों ने आइवी विषाक्रमण से शरीर को सुरक्षित करने के लिए क्रम से बढ़ाते हुए मात्रा में खिलाकर या इन्जेक्शन द्वारा प्रयोग करने की सिफारिश की है, मगर यह इतनी प्रभावशाली नहीं है जितनी होमियोपैथिक औषधि होती है, खासकर रस ३० और २०० और एनाकार्डि० इत्यादि। एनाकार्डि०, क्रोटन० ग्रिंडेलिया, मेजेरि०, साइप्रिपि०, प्लम्बेगो (योनि घुण्डी का अकौता), ग्रैफा०।

तुलना कीजिये : रस रैडिकेंस (प्रायः समान प्रभाव), विशेषतायें ये हैं। जबान में जलन, सिर दर्द करने लगे, दर्द प्रायः एकबगला और एक साथ कई स्थानों में होता है, जो अक्सर दूरी पर होते हैं और एक जगह के बाद दूसरी जगह होता है। बहुत-से लक्षण अच्छी तरह शुरू हो जाने के बाद कम हो जाते हैं, खासकर बिजली तूफान में। खासतौर पर सालाना रोग का बढ़ना। (लैके०)। रस रैडिकेन्स में सिर के पिछले भाग में दर्द होता है। और गरदन की जड़ में भी ऐसा दर्द होता है जो वहाँ से उठकर सिर के ऊपर से होता हुआ आगे की तरफ बढ़ता है। रस डाइवर्सिलोबा कैलिफोर्निया पॉयजन ओक— (रस० का प्रभावनाशक, कठोर चर्म लक्षण, साथ में भयानक खुजली, चेहरे, हाथ और जननेन्द्रिय का बहुत फूलना, चर्म बहुत उत्तेजनीय, अकौता और विसर्प रोग, प्रबल स्नायविक दौर्बल्य, जरा-सा परिश्रम से थकावट आये, केवल शिथिलता ही से नींद आ जाये), जेरोफाइलम (कष्ट रजः और चर्म लक्षण) और भी तुलना कीजिए : आर्नि०; बैप्टि; लैके०, आर्से०,

हायोसि०, ओपि० (बुद्धिमांद्य अति प्रबल), मिमोसा सेंसिटिव प्लैण्ट (वात रोग, घुटने कड़े, पीठ और अंगों में कोंचन दर्द। टखनों का फूल जाना। टाँगें काँपें)

मात्रा—६ से ३० शक्ति। २०० और उससे ऊँची शक्ति रस० के पौधे और अरिष्ट के विष को मारती है।

रस वेनेनेटा (Rhus Venenata)

(पॉयजन-एल्डर)

इस रस० सम्बन्धी औषधि के चर्म लक्षण अति तीव्र होते हैं।

मन—घोर उदासी, जीने की इच्छा न रहे, निराश।

सिर—भारी, अगले भाग में दर्द, टहलने या झुकने से बढ़े। बहुत फूलने से आँखें करीब-करीब बन्द हों। कानों की फुन्सीदार सूजन। नाक लाल और चमकदार। चेहरा फूला हुआ।

जबान—सिरा लाल। बीच में दरारें। नीचे की तरफ रसदाने।

उदर—शूल के साथ ४ बजे सुबह को अधिक मात्रा में पानी जैसा सफेद मल, तेजी से निकले। प्रत्येक मल त्यागने के पहले तलपेट में दर्द हो।

अंग—दाहिनी बाँह में पक्षाघात जैसी खींचन; खासकर कलाई में, अँगुलियों तक बढ़े।

चर्म—खुजली, गरम पानी से कम। फुन्सियाँ। विसर्प, चर्म गहरा लाल अयनिका अस्थिगुल्म, हर रात में खुजलाना और लम्बा हड्डियों में दर्द।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : क्लिमेटिस। कैलिफोर्निया पॉयजन-ओक (रस डाइ-वर्सिलोबा) इसके बिल्कुल समान है। यह रेडियम के प्रभाव को नाश करती है और उसके बाद अच्छा काम करती है।

तुलना कीजिए : एनाकार्डि०।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

रिसिनस कम्युनिस (Ricinus Communis)

(कैस्टर-आयल)

आमाशयिक आन्त्र मार्ग पर स्पष्ट प्रभाव रखती है। दूध पिलाने वाली माताओं का दूध बढ़ाती है। कै और ओकाई। सुस्ती और कमजोरी।

सिर—चक्कर, पिछले भाग का दर्द, रक्ताधिक्य के लक्षण, कानों में भनभनाहट। चेहरा पीला, मुँह का फड़कना।

आमाशय—अधिक प्यास के साथ भूख न लगना, पेट में जलन, मुँह में अधिक पानी आना, मिचली; अधिक मात्रा में कै होना, तलपेट का चर्म तर, मुँह सूखा।

उदर—मलाशय पेशियों के संकुचन के साथ गड़गड़ाहट, शूल, गड़गड़ाहट के साथ लगातार दस्त। ऐंठन और शीत के साथ चावल के माँड़ की तरह मल।

मल—ढीला, लगातार, बिना दर्द, अंगों की पेशियों में ऐंठन के साथ गुदा सूजी हुई, मल हरा; चिकना और खूनी। ज्वर, दुबलापन; निद्रालुता।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : रेसोर्सिन। (ग्रीष्म-रोग; कै के साथ); सड़न के आन्त्रिक कीटाणु को नाश करती है, कोलस टेरासिना (पैशिक ऐंठन)। आर्से०; वेरेट्र०।

मात्रा—३ शक्ति। दूध बढ़ाने के लिये हर चार घण्टों पर ५ बूँद। पत्तियों की पुल्टिस की बाहरी स्थानीय प्रयोग।

रोबिनिया (Robinia)

(यलो लोकस्ट)

अम्लपित्त रोग की औषधि। उन अवस्थाओं में जहाँ एलब्युमेन जैसे पदार्थ की पाचन-क्रिया अति तीव्र होती है और श्वेतसार का पाचन बाधायुक्त होता है। अधिक स्पष्ट रूप से अम्लता के साथ आमाशयिक लक्षण अच्छी तरह आजमाये गये हैं और इस औषधि के सांकेतिक चिह्न हैं। रोबिनिया में अम्लता के साथ सिर के अग्र भाग का दर्द साथ-साथ रहता है। **अति खट्टी डकार।** खट्टी और हरियालीदार कै, शूल और अफरा। हर रात को आमाशय में जलन; दर्द और कब्ज, साथ में पाखाने का वेग। बच्चों को अम्लपित्त। मल और पसीना खट्टी गन्ध का। वायु का आमाशय में रुकना।

सिर—मन्द, थरथराहट वाला, अग्रभागिक दर्द, हरकत से और पढ़ने से बढ़े। आमाशयिक सिर दर्द, साथ में खट्टी कै।

आमाशय—मन्द; भारी टीस। मिचली, खट्टी डकार, तेज खट्टे पानी जैसे पदार्थ की अधिक कै। (सल्फ्यु० एसि०)। आमाशय और आँतों का अधिक फूलना। बादी शूल। (कैमो०; डायस्को०)। खट्टा मल, बच्चे से खट्टी गन्ध आये।

स्त्री—अति प्रबल मैथुनेच्छा। तीखा, घृणित प्रदर। दो मासिक धर्म काल के बीच वाले काल में खून बहना। योनि और योनि कपाट पर मोटा दाद।

सम्बन्ध—मैग्नेशिया फास०, आर्जे० नाइट्रि०, ओरेस्किन टैनेटे (अनपच रोग, अम्ल की कमी और पाचन-क्रिया की मन्दता, २४ घण्टे पर एक खुराक देना चाहिए)।

मात्रा—३ शक्ति। कुछ समय तक व्यवहार करना चाहिये।

रोजा डैमैसेना (Rosa Damascena)

(डैमास्क रोज)

कर्ण-नली के रोगग्रस्त होने के साथ पीड़ाजनक मौसमी एन्फ्लुएञ्जा में लाभदायक है।

कान—कम सुनाई देना, टनटनाहट। कण्ठकर्णी नली का नजला। (हाइड्रे०; मर्क्युरियस डलसिस०)।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : मौसमी इन्फ्लुएञ्जा में फ्लियम प्रैटेंसे—टिमोथी ग्रास—(दमा रोग के साथ इन्फ्लुएञ्जा; पानी-सा जुकाम, नाक और आँखों की खुजली; अक्सर छींकना, कष्टदायक साँस। ३-३० शक्ति का व्यवहार करें) सकसि० एसिड सैंबाडि०, युफ्रे०; सोरि०, कैलि हाइड्रियोडिकम नैफ्थे०।

मात्रा—निचली शक्तियाँ।

रियुमेक्स क्रिस्पस (Rumex Crispus)

(यलो डॉक)

इसकी विशेषता दर्द है, बहुस्थानीय और परिवर्त्तनशील, न तो कोई निश्चित स्थान हो और न एक प्रकार का। खाँसी, गले के निचले भाग में गुदगुदी के साथ लगातार होती रहे। यह गुदगुदी वायुनलिका के विभाजन स्थान तक नीचे उतरती है। गले के तल भाग को छूने ही से खाँसी आवे। जरा-सी ठण्डी हवा लगने से अधिक हो; सब खाँसी शरीर और सिर को चादर से ढँकने पर बन्द हो जाये। रियुमेक्स श्लैष्मिक झिल्ली के स्राव को कम कर देती है। और साथ-साथ स्वरयन्त्र और कण्ठनली की श्लैष्मिक झिल्ली के साथ बढ़ाती है। इसका चर्म पर प्रभाव विशिष्ट पड़ता है जहाँ पर यह घोर खुजली उत्पन्न करती है। लसिकावाहिनी ग्रन्थियों का बढ़ जाना और उनके स्राव का दूषित होना।

आमाशय—जिह्वा के किनारे दर्दवाले, मैलदार। तलपेट में कड़ी चीज का संवेदन। हिचकी, लार अधिक, मिचली, मांस न खा सके; उससे डकार आवे अति

तीव्र खाज। अधिक मद्यपान से आया कामला रोग। जीर्ण पेट दर्द, तलपेट में टीस और सीने में चिलकन, गले के तल भाग की तरह बढ़े, हरकत से या बातचीत करने से बढ़े। बायीं छाती में, खाने के बाद दर्द, अफरा।

साँस-यन्त्र—नाक सूखी। खाँसी गले के तल भाग में गुदगुदी पैदा करे। नाक और कण्ठनली से अधिक श्लेष्मिक स्राव। सूखी कष्टदायक खाँसी, नींद न आने दे। दाब से, बात करने से और खासकर ठंडी हवा में साँस लेने से, और रात में अधिक हो। कफ मुँह भर-भर पतला, पानी-सा झागदार बलगम, बाद में तारदार और चिमड़ा, स्वर-यन्त्र और कण्ठनली का कच्चापन। वक्षास्थि के पीछे सन्ताप खासकर बायीं तरफ, बायें कन्धे क पास। ग्रीवास्थि के नीचे दर्द : गले में ढोंके का संवेदन।

मल—कत्थई पानी-सा दस्त बहुत सबेरे खाँसी के साथ, जो बिस्तर के बाहर भगा दे। बढ़े हुए तपेदिक रोग मे बहुमूल्य है। (सेनेगा०, पल्से०; लाइको०, आर्से०)। मलाशय में खपच्ची जैसी गड़न के साथ गुदा में खुजली, बवासीर।

चर्म चर्म की अधिक तीव्र खाज, खासकर निचले अंगों में; कपड़ा उतारते हुए ठंडी हवा लगने से अधिक हो। जुलपित्ती, मिले-जुले छत्ते।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : शाम को, ठण्डी हवा में साँस लेने से, बायीं तरफ के सीने में, कपड़ा हटाने पर।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : कास्टिक०; सल्फर; बेला०, रियुमेक्स में क्राइसोफेनिक एसिड होता है, जो इस औषधि के चर्म लक्षण से मिलते हैं। रियुमेक्स एसिटोसा शीप-सॉरेल-(जून के महीने में इकट्ठा किया जाता है और सुखाया जाता है, चेहरे के अन्तस्त्वक रोग में लगाया जाता है (काउपर्थवेट)। सूखी लगातार छोटी खाँसी और आँतों में तीव्र पीड़ा, काग बढ़ा हुआ, गलकोष की सूजन, कर्कट रोग में भी), रियुमेक्स आब्टु सिफोलियस-लैपैथम-ब्राड लीक डॉक—(नकसीर और बाद में सिर दर्द, गुर्दों में दर्द, प्रदर)।

मात्रा—३ से ६ शक्ति।

रूटा ग्रेवियोलेंस (Ruta Graveolens)

(रियु-बिटरवर्ट)

अस्थिकला बन्धनियों पर, आँखों पर और गर्भाशय पर काम करती है। वे रोग जो खासतौर पर सकोचनी बन्धनों पर अधिक जोर पड़ने से उत्पन्न होते हैं। अस्थिकला में संचयता। आँखों की पेशियों पर अधिक जोर पड़ना, सभी भाग पीड़ाजनक

रहते हैं, मानो कुचले गये हैं। मोच खाना (आर्निका के बाद)। मोच के बाद लँगड़ापन। कामला रोग, अधिक सुस्ती। कमजोरी और निराश होना। चोटीली "कुचली" हड्डियाँ।

सिर—कील गड़ने जैसा दर्द, अधिक नशे की चीज पीने से। अस्थि आवरक वेदनापूर्ण। नकसीर।

आँखें—आँखों पर जोर पड़ना, बाद में सिर दर्द आये, आँखें लाल, गरम और दर्दीली, अधिक सीने-पिरोने से या छोटे अक्षर पढ़ने से। (नैट्र० म्यूरि०, आर्जें० नाइट्रि०)। संविधान क्रिया की गड़बड़ी। पढ़ते समय थकावट दर्द। घेरों के भीतर दाब। चक्षुपटीय बन्धनी में चोटीलापन। भौं पर दाब। दुर्बल या कष्टदायक दृष्टि।

मलाशय—आमाशय में टीस, कुतरन दर्द।

मूत्र—पेशाब करने के बाद मूत्राशय की गरदन में दाब, दर्द के साथ संकुचन। (एपिस)। लगातार पेशाब लगा करना, मूत्राशय भरा मालूम पड़े।

गुदा—कठिन मल, बहुत काँखने पर निकले। कब्ज और झागदार आम का मल बारी-बारी, मल के साथ खून जाना। बैठे रहने पर गुदा में फटन, चिलकन। निचली आँतों में कर्कट रोग। प्रसव के बाद जब मल-त्यागने के लिए बैठे, तभी काँच निकल आवे। घड़ी-घड़ी मल त्यागने की असफल इच्छा। झुकने पर गुदा बाहर निकल आवे।

साँस-यन्त्र—अधिक मात्रा में गाढ़ा, पीला बलगम के साथ खाँसी, सीना कमजोर लगे। वक्षास्थि पर दर्दीला स्थान, सीने में कसाव के साथ छोटी साँस।

पीठ—गरदन की जड़ में, पीठ और कमर में दर्द। पीठ का दर्द जो दाब से और पीठ के बल लेटने से कम हो। कटिवात, सुबह उठने के पहले अधिक हो।

अंग—मेरुदण्ड और अङ्ग कुचले मालूम पड़ें। पिठासा और कमर दर्द करे। कुरसी पर से उठने पर टाँगें जवाब दें, कटि और जाँघ इतनी कमजोर हो (फॉस०, कोनियम०) अँगुलियों में सिकुड़न। कलाई और हाथों में दर्द और कड़ापन। वात गण्ड। (बेंजोइक एसिड)। गृध्रसी, रात को लेटने पर अधिक हो, पीछे से दर्द कटि के नीचे तक जाँघों में। फैलाने वाली नस छोटी हो जाये। (ग्रैफा०)। पेशी बँधनी दर्द वाली। पैर की पिछली मोटी नस में टीस। टाँगों के फैलाने पर जाँघों में दर्द। पैर और टखनों की हड्डियों में दर्द। बहुत बेचैनी।

घटना बढ़ना—बढ़ना : लेटने पर, ठंडक से, तर मौसम में।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : रैटानहिया, कार्डुअस०। गुदा (उत्तेजना) जेबोरैंडी; फाइटो०; रस०; साइलिशिया; आर्नि०।

क्रियानाशक—कैम्फो० ।

पूरक : कैल्के० फास० ।

मात्रा—१ से ६ शक्ति । वातगण्ड पर टिंचर लगाने के लिए और आँख में लोशन छोड़ने के लिए ।

सैबाडिला (Sabadilla)

(सेबाडिला साड : एसैग्रिया ऑफसियालिस)

नाक और अश्रु ग्रंथियों के श्लैष्मिक झिल्ली पर काम करती है । इससे जुकाम और मौसमी इन्फ्लुएञ्जा की तरह लक्षण उत्पन्न होते हैं, यही प्रभाव होमियोपैथी में व्यवहृत हुए हैं । शीत; ठंडक असह्य । कृमि रोग, परावर्तित लक्षणों के साथ; अति मैथुन इच्छा; विक्षेप । लगातार कटन दर्द के साथ बच्चों का दस्त ।

मन—उत्तेजित, डरपोक, चिहुँकने वाला । अपने ही लिए गलत धारणा रखना । कल्पना करे कि वह बहुत बीमार है, शरीर के सभी भाग सिकुड़ गये हैं कि वह गर्भवती है कि उनको कर्कट रोग हो गया है । सविराम ज्वर में सरसाम ।

सिर—चक्कर, साथ में ऐसा संवेदन कि सभी चीजें एक दूसरे की चारों तरफ घूम रही हैं, आँखों के सामने कालापन और मूर्च्छा जैसा भी मालूम हो । शिथिलता और दाब जैसा लगे । गन्ध अत्यधिक असह्य सोचने से सिर दर्द और अनिद्रा । पलक लाल, जलन हो, आँखों से पानी बहना । सुने कम ।

नाक—आक्षेपिक-छींक, नाक बहती रहे । जुकाम, तीव्र अग्रभागिक दर्द और आँखों की लाली और जल-प्रवाह के साथ । अधिक पानी-सा नाक-स्राव ।

गला—दर्द वाला, बायीं तरफ से शुरू हो । (लैके०) । अधिक मात्रा में चिमड़ा बलगम । ऐसा संवेदन कि कोई चर्म का टुकड़ा गले में लटक रहा है, जिसे निगलना पड़े । गरम चीज खाना और पीना आराम दे । खाली निगलना अति कष्टदायक । मुख-गह्वर और गला सूखा हो । गले में ढोके का संवेदन जिसे निगलते रहना पड़े । जीर्ण गलक्षतः ठण्डी हवा से कष्ट बढ़े । जबान जली जैसी ।

आमाशय—सूखी खाँसी और साँस की कठिनाई के साथ पेट में आक्षेपिक दर्द । प्यास न हो । तीव्र भोजन से घृणा । मीठी और चर्बीली चीजों की प्रबल भूख । मुँह में पानी रहना, अधिक लार । आमाशय में ठण्डी, खाली संवेदना । गरम चीजों की इच्छा । मीठा-सा स्वाद ।

स्त्री—मासिकधर्म देर में; क्रमहीन । सविराम (क्रियोजो०, पल्से०) गर्भाशय के क्षणिक और स्थानीय प्रदाह के कारण और रक्तहीन अवस्था बारी-बारी ।

ज्वर – शीत की प्रधानता; नीचे से ऊपर की तरफ। सिर और चेहरा गरम; हाथ और पैर बरफ जैसे ठण्डे; साथ में शीत। ज्वराक्रमण के समय आँखों से पानी बहना। प्यास न लगे।

अंग—पैर की अंगुलियों के नीचे और बीच के चर्म का चिटकना, नीचे की तरफ सूजना।

चर्म—पेड़ की छाल की तरह सूखा। नाखून अंकुरदार, आकार भ्रष्ट, मोटे गरम, जलन; रेंगन, कलबलाहट संवेदना। गुदा में खुजली।

घटना-बढ़ना - बढ़ना : ठंडक और ठंडी चीज पीना, पूर्णिमा। घटना : गरम खाना और गरम चीज पीना, लपेट के रखना।

सम्बन्ध—पूरक : सीपिया।

तुलना कीजिये : वेरैट्रिना (सैबाडिला का क्षारीय तत्व है, वेरैट्रम का नहीं, स्नायुशूल में लगायी जाती है और शोथ घटाने के लिए। इसके ५ ग्रेन में १ ड्राम लैनोलिन मिलाकर जांघों के भीतर भाग में रगड़ने से पेशाब बढ़ता है), कॉल्चि०; नक्स, एरण्डो और फोलैटिन फ्लेअम प्रैटेन्स—टिमोथी फ्लू शक्तिकृत—१२—बहुत-से रोगों में अकसीर और विशेष रूप से संवेदन-हीनता उत्पन्न करती है (रैबे) कुमारिनम (फ्लू)।

क्रियानाशक : पल्स, लाइकोपो०, कोनियम, लैके०।

मात्रा ३ से ३० शक्ति।

सैबाल सेरुलेटा (Sabal Serrulata)

(सॉ पाल्मेटो)

सैबाल प्रजनन मूत्रेन्द्रिय यन्त्रों की उत्तेजना के समान क्रियात्मक प्रभाव रखती है। साधारण और काम सम्बन्धी दौर्बल्य। पोषण और तन्तु निर्माण को बढ़ाती है। सिर, आमाशय और डिम्बाशयिक लक्षण विशिष्ट रूप से विद्यमान हैं। मूत्र ग्रंथि वृद्धि, शुक्र नाड़ीक्षय और मूत्र की कठिनाई में मूल्यवान है। मूत्रमार्ग के झिल्ली ग्रन्थि भाग पर काम करती है। मूत्र-ग्रन्थि के साथ नेत्र प्रदाह। स्तन-ग्रन्थियों के कम बढ़ने में अमूल्य है। सो जाने का भय। सुस्ती, लापरवाही और उदासीनता।

सिर—सम्भ्रान्ति, भरापन, सहानुभूति से घृणा, क्रोधित कर दे। सिर दर्द के साथ चक्कर। दुर्बल रोगियों में स्नायुशूल। दर्द नाक से ऊपर की तरफ माथे पर चढ़े।

पेट—डकार और अम्लता। दूध की इच्छा। (रस०; एपिस०)।

मूत्र—रात में लगातार पेशाब करने की इच्छा। अनैच्छिक मूत्र-स्राव; संकोचन पेशी का आंशिक पक्षाघात। जीर्ण सुजाक। कठिन मूत्र-स्खलन। मूत्र-ग्रन्थियों के बढ़ जाने के साथ मूत्राशय प्रदाह।

पुरुष—प्रोस्टेट ग्रन्थियों के रोग, बढ़ जाना, ग्रन्थि-रस का निकलना। अण्ड-क्षीणता और मैथुन शक्ति की कमी। मैथुन के समय वीर्य स्खलनकाल दर्दीला। काम सम्बन्धी स्नायु दुर्बलता। जननेन्द्रिय ठण्डी लगे।

स्त्री—डिम्बाशय कोमल और बढ़े हुए। स्तन सिकुड़े हुए। आयोड०, (कैलि आयोडेटम)। युवा लड़कियों के स्नायुविकार, दबी हुई या परिवर्तित कामप्रवृत्ति।

साँस-तन्त्र—नाक के जुकाम के साथ अधिक बलगम। जीर्ण वायु-नलिका प्रदाह (स्टेन०, हीप०)।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: फॉस्फो० एसिड, स्टिगमाटा मेडिस; सैटेल०; एपिस०। मूत्र ग्रंथिक लक्षणों में: फेर० पिक्र०, थूजा, पिक्रिक एसिड (अधिक कामोत्तेजना) पॉपुल्स ट्रेम्युलॉयडस, (मूत्राशय प्रदाह के साथ मूत्र-ग्रन्थि वृद्धि)।

मात्रा—मूल अरिष्ट, १० से ३० बूँद। ३ शक्ति अक्सर अच्छी होती है। अच्छा काम करने के लिए अरिष्ट को ताजे बेरीज (झड़बेरी) से तैयार करना चाहिए।

सैबाइना (Sabina)

(सैबाइना)

गर्भाशय पर विशेष प्रभाव रखती है, इसके अतिरिक्त रसदार और रेशेदार झिल्लियों पर; इसलिए यह गठिया रोग में व्यवहार की जाती है। त्रिकास्थि के त्रिटपास्थि तक दर्द। रक्तस्राव, जहाँ रुधिर पतला हो और थक्के बन जायें। गर्भपात की प्रवृत्ति, खासकर तीसरे महीने में। घोर धड़कन, खिड़की खोलना चाहे।

मन—संगीत असह्य, स्नायविकता उत्पन्न करे।

सिर—मासिकधर्म दबने के साथ चक्कर। फटन का सिर दर्द, एकाएक शुरू हो और धीरे-धीरे कम हो। सिर और चेहरे पर खून दौड़े। चर्वण पेशियों में खींचन दर्द। चबाते समय दाँतों में टीस।

आमाशय—गला, जलना। लेमोनेड पीने की इच्छा। कड़वा स्वाद। (रस०) तलपेट में भाला गड़ने जैसा दर्द, पीठ के आरपार।

उदर—धँसन, संकुचन दर्द। शूल, अधिकतर कुक्षि प्रदेश में। अफरा।

गुदा—भरापन। कब्ज। पीठ से विटप स्थान तक दर्द। बवासीर, गहरे लाल खून के साथ; अधिक रक्तस्राव।

मूत्र—गुर्दा प्रदेश में जलन और थरथराहट। खूनी पेशाब, तीव्र इच्छा, मूत्राशय सूजा हुआ; सभी जगह थरथराहट। मूत्रमार्ग की सूजन।

पुरुष—सुजाक, मवादी स्राव के साथ। आतशकी मस्से। लिंगाग्र में जलन, दर्द। लिंगावरण वेदनापूर्ण, पीछे हटाने में कठिनाई। इच्छा वृद्धि।

स्त्री—मासिकधर्म अधिक मात्रा में, चटकीला। गर्भाशय पीड़ा जाँघों तक बढ़े। गर्भपात का भय। मैथुन की इच्छा की वृद्धि। मासिक-धर्म के बाद प्रदर, छीलने वाला, घृणित। दो मासिककाल के बीच वाले समय में खून बहना, अधिक मैथुन इच्छा के साथ। (एम्ब्राग्रिसिया)। खून का रुकना, अधिक प्रसवांतक दर्द। सरल गर्भपात वाली स्त्रियों में अधिक मासिकस्राव। गर्भपात के बाद डिम्बाशय और गर्भाशय की सूजन। गर्भाशय से पास-गुल्म को निकालने में सहायक। (कैन्थे०)। त्रिकास्थि से विटप देश तक दर्द और नीचे से ऊपर को, योनि में चमक उठे। रक्त प्रवाह, कुछ थक्केदार, जरा-सा हिलने से अधिक हो। गर्भाशयिक दुर्बलता।

पीठ—त्रिकास्थि और विटप देश के बीच में एक हड्डी से दूसरी हड्डी तक दर्द। पिठासे में पक्षाघात जैसी पीड़ा।

अंग—जाँघों के अगले भाग में चोटीला दर्द। एड़ी और प्रपादास्थि में चुभन। जोड़ों में प्रादाहिक दर्द। गठिया, गरम कमरे में बढ़े। लाल चमकती सूजन। गठिया। अस्थि गुल्म। (एमोनियम० फॉस०)।

चर्म—गोल मस्से अति खाज और जलन के साथ। अधिक मांसाकुर। (थूजा०; नाइट्रि० एसिड)। मस्से। चर्म में काले छिद्र।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : जरा-सा हिलने से, गरमी से, गरम हवा से। घटना : ठंडी ताजी हवा से।

सम्बन्ध—पूरक—थूजा।

तुलना कीजिए : सैंग्विसोर्बा—(शिराओं में रक्ताधिक्य और मन्द रक्त स्राव, निचले अङ्गों की शिराएँ फूली और सिकुड़ी हों, पेचिश, स्नायविक, चिड़चिड़े लोगों में। दीर्घकालीन अधिक मासिकधर्म, साथ में सिर और अङ्गों में रक्ताधिक्य। वयःसन्धिकालीन रक्त-प्रवाह। २x शक्ति का व्यवहार करें), सैंग्विसुगा—दी लीच—(रक्तस्राव, खासकर गुदा से। ६x व्यवहार करें), रोसमैरिनस (मासिक-धर्म बहुत पहले, अति पीड़ा, बाद में गर्भाशय रक्तस्राव। सिर भारी, औंघाई। बिना प्यास के निचले अङ्गों का बर्फीली ठण्डक के साथ ठिठुरना, बाद में गरमी। स्मरण-शक्ति दुर्बल), क्रोकस सैटाइवा; कैल्के०, ट्रिलि०, इपिका०, मिलिफो०, एरिजे०।

क्रियानाशक : पल्से०।

मात्रा—स्थानीय प्रयोग, मस्सों पर, अरिष्ट। आन्तरिक व्यवहार, ३ से ३० शक्ति तक।

सैक्रम ऑफिसिनेल सकरोज (Saccharum Off. Sucrose)

(केन-शूगर)

महान डॉ० हेरिंग के अनुसार स्त्रियों और बच्चों के अधिकांश जीर्ण रोग अधिक चीनी के व्यवहार से होते हैं।

चीनी कीटाणुनाशक है। संक्रमण और सड़न को रोकती है, रेशों को गलाती है और घोर अभिसरण क्रिया उत्पन्न करके स्राव को बढ़ाती है; इस प्रकार से घाव को रक्तरस से भीतर की तरफ से बाहर की तरफ साफ करती है और घाव भरने में सहायक होती है। टाँगों के घाव।

चीनी हृदय की पेशियों के लिए शक्तिवर्द्धक और विकास करने वाली है, इसलिये रक्त की सन्तुलन क्रिया की लोपता में और कई तरह की हृदयपटल की बाधाओं में लाभकारी है। एक शक्तिवर्द्धक और पोषक का काम करती है जैसे रक्तहीनता में, क्षीण रोग में, स्नायु दौर्बल्यता में इत्यादि। वजन और शक्ति बढ़ाती है।

चक्षुतारा का धुँधलापन। धुन्ध दृष्टि। अम्लता और गुदा खाज। ठंडा बलगम। हृदय पटल की क्षीणता।

मोटे, फूले, बड़े अंगों वाले बच्चे, जो क्रुद्ध, चिड़चिड़े, कराहते रहनेवाले हों, चंचल स्वभाव के, स्वादिष्ट भोजन के इच्छुक हों, स्वादिष्ट चीजें और पौष्टिक भोजन का वहिष्कार करें। पैरों का शोथ। हर सातवें दिन सिर दर्द।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : सैकरम लैक्टिस—शूगर ऑफ मिल्क—लैक्टोज—(दिन में अधिक मूत्र स्राव, कष्टदायक दृष्टि, ठण्डे, दर्द, जैसे महीन बर्फीली सूइयाँ गड़ाई जा रही हैं, चुनचुनाहट के साथ, मानों पाला लगा हो, अधिक शारीरिक थकान। शूगर ऑफ मिल्क, बड़ी मात्रा में बैसिलस एसिडफोलस के विकास के लिए जो कि आँतों में सड़न बाधाओं को ठीक करने और कब्ज दूर करने के लिए उपयुक्त)।

मात्रा—३० शक्ति और ऊँची। गठित घाव में स्थानीय प्रयोग। बिना पटल विकार के हृदय की पैशिक दौर्बल्य के कारण हृद्-स्थगन की कठोर अवस्थाओं में अन्य चिकित्सा के साथ आधी छटाँक मिश्री सुबह और शाम मूल्यवान है। मिरगी रोग, रक्त में चीनी की कमी से स्नायु में उत्तेजना होती है और विक्षेप की प्रवृत्ति बढ़ जाती है। यदि कोई यांत्रिक रुकावट न हो और केवल गर्भाशय की क्षीणता हो

तो चीनी शीघ्रता से बच्चा पैदा करने के लिए मूल्यवान है। २५ ग्राम चीनी पानी में घोलकर हर आधे घण्टे पर कई बार दें।

तुलना कीजिए : सैकरिन (लाला-रस और पाचन रस क्रिया को रोकती है जिससे अनपच उत्पन्न होता है। प्रोफे० लेबिन का विश्वास है कि यह स्राविक कोषों पर काम करती है और इससे (दाहिने कोखे में) दर्द, क्षुधाहीनता, दस्त और क्षीणता उत्पन्न होती है।

सैलिसिलिकम एसिडम (Salicylicum Acidum)
(सैलिसिलिक एसिड)

इसके लक्षणों से इसका उपयोग वात रोग, मन्दाग्नि और कान की खराबी के सिर चकराने में सांकेतित है। इन्फ्लुएञ्जा के बाद की शिथिलता, कानों में टनटनाहट और बहरापन में भी उपयोगी है। रक्तमूत्र।

सिर—चक्कर, बाईं तरफ गिरने की आशंका। सिर-दर्द, एकाएक उठते समय भ्रांति। जुकाम की सम्भावना। कनपटियों में बरछी लगने जैसा दर्द।

आँखें—चक्षुपट में रक्तस्राव। इन्फ्लुएञ्जा के चक्षुपट प्रदाह और अलब्यूमेन मूत्र में भी।

कान—कानों में गर्ज और टनक। चक्कर के साथ बहरापन।

गला—दर्द करे, लाल, सूजन। गलकोष प्रदाह, निगलना कठिन।

आमाशय - मुखक्षत, जलन, दर्द और घृणित साँस के साथ। बादी, अफरा; गरम, खट्टी डकार। सड़ा उफान। उफानजनित मन्दाग्नि। जबान बैंगनी, सीसे के रंग की, घृणित साँस।

मल—सड़ा दस्त, आमाशयिक-आंत्रिक बाधा, खासकर बच्चों में, मेंढक के अंडों की तरह हरे मल। (मैग्ने० कार्बो०)। गुदा की तीव्र खाज।

अंग—घुटने सूजे हुए दर्दीले। तीव्र सन्धि प्रदाह, वात रोग, स्पर्श और हरकत से बढ़े, अधिक पसीना। दर्द जगह बदले। गृध्रसी शूल, जलन दर्द रात में अधिक। अधिक पैर पसीना और उसके दब जाने से रोग उत्पन्न होना।

चर्म—खाजदार फुन्सियाँ और दाने; खुजलाने से अच्छा मालूम हो। बिना नींद के पसीना। जुलपित्ती। गरम जलता चर्म। धूम्र रोग। मोटा दाद, हड्डियों का सड़ना और मुलायम होना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : सैलोल (जोड़ों में वात रोग, सन्ताप और तनाव के साथ, आँखों के ऊपर दर्द, पेशाब से कासनी-गन्ध) कॉल्चि०, चाइना०, लैक्टि० एसिड; स्पाइरिया और गॉल्थेरिया में सैलिसिलिक एसिड होता है।

मात्रा—दशमलव ३ विचूर्ण।

सेलिक्स नाइग्रा (Salix Nigra)

(ब्लैक-विलो)

पुरुष और स्त्री दोनों की जननेन्द्रिय पर स्पष्ट प्रभाव रखती है। वायु मूर्च्छा और स्नायविकता। कामोत्तेजक विचार और कामातुर स्वप्न। जननेन्द्रिय की उत्तेजना को नियन्त्रित करती है, कामोत्तेजना को संयत बनाती है। कामोन्माद और वीभत्स प्रदर्शन। अति कामोन्माद बाधा के साथ तीव्र सुजाक, पीड़ाजनक लिंगोत्थान। हस्तमैथुन के बाद के उपद्रव, वीर्यक्षीणता।

चेहरा—लाल, फूला खासकर नाक का सिरा, आँखें रक्त मिली और स्पर्श तथा हरकत से पीड़ा। बालों की जड़ दर्द करे। नकसीर।

स्त्री—मासिक धर्म के पहले और बीच में अधिक स्नायविक गड़बड़ी, डिम्बाशय में दर्द, कठिन मासिक स्राव। डिम्बाशय में रक्ताधिक्य और स्नायुशूल। अति रजः, गर्भाशय सौत्रिक अर्बुद के साथ रक्त स्राव। कामोन्माद।

पुरुष—अण्ड की पीड़ाजनक हरकत।

पीठ—त्रिकास्थि और कटि-क्षेत्र के आर-पार दर्द। जल्दी पैर न बढ़ा सके।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : याहिम्बिन०; कैन्थे०।

मात्रा—अरिष्ट की वृहत् मात्रा, ३० बूँद।

सैल्विया ऑफिसिनैलिस (Salvia Off.)

(सेज)

दुर्बल रक्तसंचार की अवस्था में अधिक पसीना निकलने को नियन्त्रित करती है, उस तपेदिक में कम उपयोगी है जिसमें रात-पसीना और दम घोंटने वाली गुदगुदोदार खाँसी हो। अधिक दुग्ध-स्राव। चर्म पर शक्तिवर्द्धक प्रभाव।

साँस-यन्त्र—गुदगुदीदार खाँसी, खासकर तपेदिक में।

चर्म—मुलायम, ढीला, दुर्बल रक्तसंचार और ठण्डे अङ्गों के साथ। अत्यधिक पसीना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : क्राइसेन्थेमम ल्युकैन्थेमम—ऑक्स आई डेसी—पसीना निकलने वाली ग्रन्थियों पर विशिष्ट भाव रखती है। साइप्रिपेडियम की तरह स्नायु मण्डल को शान्त करती है। दाहिनी तरफ के जबड़े और कनपटी की हड्डियों में फटन दर्द। आँतों और मसूढ़ों में दर्द, स्पर्श से बढ़े, गरमी से कम। चिड़चिड़ापन और रोना। यहाँ १२x का प्रयोग करें। अनिद्रा और रात पसीना। अत्यधिक पसीना और स्नायुमण्डल की अति उत्तेजना के लिए। अरिष्ट की वृहत् मात्रा। फेलाण्ड्रियम०;

ट्युबर०; सेल्विया स्कलेराटा (स्नायुमण्डल का शक्तिवर्धक, मात्रा, एक चाय का चम्मच एक पाइण्ट गरम जल में, शरीर में स्पंज करने के लिये, सूँघना) रूबिया टिक्टोरम—मैडर—प्लीहा रोग की औषधि (सियानोथस) पाण्डु रोग और मासिक-धर्म का रुकना, क्षय रोग। रक्तहीनता, अपोषिक अवस्था, प्लीहा, रक्तहीनता। मात्रा १० बूँद अरिष्ट।

मात्रा—अरिष्ट, २० बूँद की मात्रा में कुछ जल मिलाकर। प्रभाव जल्द ही मालूम पड़ता है, दवा लेने के २ घण्टे बाद; और यह प्रभाव २ से ६ दिन तक जारी रहता है।

सैम्बुकस नाइग्रा (Sambucus Nigra)

(एल्डर)

विशेष रूप से साँस-यन्त्र पर काम करती है। बच्चों का सूखा जुकाम, नाक बन्द हो जाना, शोथ। बहुत-से रोगों में अधिक पसीना निकले।

मन—आँखें बन्द करते ही शक्लें दिखाई दें। चिन्ताग्रस्त। आसानी से डर जाये। भयाक्रमण के बाद दम घुटना।

चेहरा—खाँसी से नीला हो जाये। गालों पर लाल, जलते चकत्ते। चेहरे पर गरमी और पसीना।

उदर—मिचली और बादी फूलन के साथ शूल, बार-बार पानी जाये, चिकना मल।

मूत्र—चर्म की सूखी गरमी के साथ अधिक मूत्र-स्खलन। कम मात्रा में मूत्रस्राव के साथ बार-बार लगना। तीव्र गुर्दा प्रदाह, कै के साथ, शोथ के लक्षण।

साँस-यन्त्र—आमाशय में दबाव और मिचली के साथ सीने में दाब, स्वरयन्त्र में चिमड़े बलगम के साथ फटी आवाज। रोने और कष्टदायक साँस के साथ आधी रात के लगभग दौरे वाली दम घोंटनेवाली खाँसी। आक्षेपिक काली खाँसी। सूखा जुकाम। छोटे बच्चों में नाक बन्द होना, फुसफुसाना नाक सूखी और रुकी हो। ढीली, दम घोटनेवाली खाँसी। दूध पीते हुए बच्चा स्तन छोड़ दे, नाक से साँस न ले सके, जकड़ी हो। बच्चा एकाएक जाग उठे जैसे दम घुट जाता, बैठ जाये। नीला पड़ जाए, हवा बाहर न निकाल सके (मेफा०)। दमा रोग जिसमें गला घुटे।

अङ्ग—हाथ नीचे पड़ जायें। टाँगों में, पैरों के भीतरी भाग में और पैरों में शोथमय फूलन। पैर बरफ की तरह ठंडे। कमजोरी लाने वाला रात पसीना (सैल्विया, एसेटिक एसिड)।

ज्वर—सोते में सूखी गरमी। कपड़ा हटाने से भय। जागने की अवस्था सारे शरीर पर अधिक पसीना। ज्वराक्रमण से पहले सूखी, गहरी खाँसी।

चर्म – सोने की अवस्था में चर्म पर सूखी गरमी। फूला और शोथमय, सा शरीर शोथमय, जाग जाने पर अधिक पसीना बहे।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : सोने की अवस्था में, आराम में, फल खाने के बाद घटना : बिस्तर में बैठ जाने से, हरकत से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : इपिका०, मेफा०, ओपियम, सैम्बुकस कैनाडेंसि (शोथ में बहुमूल्य, बड़ी मात्रा में प्रयोग करना चाहिए—तरल सत, ½ से १ चा चम्मच दिन में ३ बार)।

क्रियानाशक—आर्से०, कैम्फो०।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति।

सैंग्विनेरिया (Sanguinaria)

प्रधानतः दाहिनी तरफ की औषधि और विशेष रूप से श्लैष्मिक झिल्ली पर काम करती है, खासकर साँस-मार्ग के। इसमें स्पष्ट रूप से रक्तवाहिनी की गड़बड़ी होती है, जैसा गालों पर घेरेदार लाल चकत्ते, गरम लहरें, सिर और सोने में खून का रुकना, कनपटी की शिराओं का फूलना, हथेली और तलवों में जलन-सी मालूम होती है और वयः-सन्धिकालीन बाधाओं में लाभदायक सिद्ध हुई है। गरम पानी की तरह जलन संवेदना। इंफ्लुएञ्जा की खाँसी। तपेदिक। साँसयन्त्र के जुकाम का एकाएक रुक जाना और फिर दस्त शुरू होना। शरीर के कई भागों में जलन होना इसकी विशेषता है।

सिर—दाहिनी तरफ अधिक, पुराना सिर दर्द, सिर के पिछले भाग से दर्द शुरू होकर ऊपर को फैले और आँखों के ऊपर तक पहुँचकर वहीं ठहर जावे, खासकर दाहिनी आँख के ऊपर तक शिरायें और कनपटी तनी हों। दर्द, लेटने और सोने से कम रहे। सिर दर्द वयःसन्धिकाल में वापस आवे, हर सातवें दिन। (सल्फर, सैंबाडि०)। बायीं तरफ की ऊपरी पार्श्व कपालास्थि के एक छोटे स्थान में दर्द। आँखों में जलन। सिर के पीछे दर्द "बिजली की चमक की तरह।"

चेहरा—भरभराया हुआ। स्नायुशूल, दर्द ऊपरी जबड़े से सभी तरफ फैले। गालों पर लाली और जलन। यक्ष्मा ज्वर। जबड़ों के कोनों में भरापन और कोमलता।

नाक—मौसमी फ्लू। अधिक घृणित स्राव के साथ पीनस रोग। नासार्बुद। जुकाम, बाद में दस्त। जीर्ण श्लैष्मिक झिल्ली प्रदाह, झिल्ली सूखी और रक्त-संचित।

कान—कानों में जलन। सिर दर्द के साथ कान दर्द। भनभनाहट और गर्जन। कान-अर्बुद।

गला—फूला, दाहिनी तरफ अधिक। सूखा और सिकुड़ा। सूखा, जलन संवेदन के साथ। मुँह का और मुखगह्वर का घाव। जबान सफेद, झुलसी मालूम हो। तालुमूल प्रदाह।

आमाशय—मक्खन से घृणा। तीखी चीजों की इच्छा। बिना बुझनेवाली प्यास। जलन, कै। लार बहने के साथ मिचली। कमजोरी जैसे जान चली जायगी। (फॉस०, सीपिया)। पित्त थूकना, आमाशय-पक्वाशय का नजला।

उदर—जुकाम कम होने लगे तो दस्तशुरू हो। जिगर प्रदेश के ऊपर दर्द। दस्त, पित्तमय बहुत जोर से निकलने वाला मल। (नैट्र० सल्फ्यु०, लाइकोपो०)। मलाशय का कर्कट रोग।

स्त्री—प्रदर, घृणित, छीलने वाला। मासिक-धर्म घृणित, अधिक मात्रा में। स्तनों में दर्द। मासिक-धर्म के पहले काँख में खुजली। वयःसन्धिकालीन बाधायें।

साँस-यन्त्र—स्वर-यन्त्र का शोथ। कण्ठनली दर्द वाली। वक्षास्थि के पीछे गरमी और तनाव। स्वरलोप। पाकाशयिक विकारी खाँसी, डकार से कम हो। सीने में जलन, दर्द के साथ खाँसी, दाहिनी तरफ अधिक। बलगम चिमड़ा, मोरचे के रंग का, घृणित, प्रायः बाहर निकलना असम्भव। इन्फ्लुएञ्जा और कुकुर-खाँसी के बाद आक्षेपिक खांसी वापस आवे। वक्षास्थि के पीछे गुदगुदी जिससे लगातार कड़ी खाँसी आती रहे, रात में लेटने पर अधिक हो। बिस्तर से उठ बैठना आवश्यक। सीने की दाहिनी तरफ जलन वाला दर्द, दाहिने कंधे में घुसे। दाहिनी स्तन-घुण्डी के नीचे तीव्र दर्द। मासिक-धर्म के दबने से खून थूकना। तीव्र साँस कष्ट और सीने में सिकुड़न। घृणित साँस और मवादी बलगम। सीने में जलन, मानो गरम भाप सीने से उदर में जा रहा है। सौत्रिक क्षय रोग। फुफ्फुस प्रदाह; पीठ के बल लेटने से कम। पेट के विकार के साथ दमा। (नक्स०)। फुफ्फुस के विकार के साथ कपाट रोग, मूत्र में फॉस्फेट आये और दुबलापन। वायु मार्ग के नजले के एकाएक दब जाने के कारण दस्त शुरू होना।

अंग—दाहिने कन्धे में, बाँयीं उरु-सन्धि और गरदन की जड़ में वात रोग। हथेली और तलवों में जलन। उन स्थानों में वात रोग जहाँ मांस की सतह पतली हो, जोड़ों में नहीं। पैर की अंगुलियों और तलवों में जलन। दाहिनी तरफ का स्नायु प्रदाह, स्पर्श से कम हो।

चर्म—रस० (सरपच) विष का प्रभाव नाश करती है। लाल चकत्तेदार स्फोट, वसन्त ऋतु में अधिक हो। जलन और खाज, गरमी से बढ़े। मुँहासे, कम मात्रा में मासिक धर्म के साथ। चर्वण अस्थि पर लाल, घेरेदार चकत्ते।

घटना बढ़ना—बढ़ना : मिठासपन, दाहिनी तरफ, हरकत, स्पर्श। घटना : अम्लमय पदार्थ, सोने से, अन्धकार से।

सम्बन्ध—पूरक : टार्टर एमेटिक।

तुलना कीजिए : जस्टिसिया (वायुनलिका जुकाम, नाक का साधारण जुकाम, गला बैठना, अति उत्तेजना), डिजिटैलिस (अधकपारी) बेला०, आइरिस०; मेलिलो०, लैके०, फेरम०, ओपि०।

मात्रा—सिर दर्द में अरिष्ट; वातरोग में ६ शक्ति।

सैंग्विनेरिना नाइट्रिका (Sanguinarina Nitrica)

(नाइट्रेट आफ सैंग्विनेरिन)

नासार्बुद में उपयोगी है। तीव्र और जीर्ण नजला। तीव्र कण्ठनली प्रदाह। (वाइथिया)। गले और सीने में तीव्र पीड़ा और जलन, खासकर वक्षोस्थि के नीचे। इन्फ्लुएंजा। आँखों से पानी जाना, आँखों और सिर में दर्द, सिर की खाल में दर्द, रुकावट की संवेदना। जीर्ण निस्राववाही ग्रन्थि या कोष सम्बन्धी प्रदाह।

नाक—रुकी मालूम हो। जलन दर्द के साथ अधिक; पानी-सा श्लेष्मा। विकृत वृद्धि संस्कार के शुरू में नासास्थि का बढ़ना। स्राव कम, सूखने की प्रवृत्ति। छोटी खुरण्डें जिन्हें उखाड़ने पर खून बहे। नासाकण्ठनली से चिपका हुआ। पिछले भाग का स्राव, कठिनाई से उखड़े। नथने सूखे और जलन, नाक की जड़ पर दाब के साथ पनीला श्लेष्मा। नथने गाढ़े, पीले, सूखे श्लेष्मा से ठसे हों। छींक आना : नथनों के पिछले भाग में कच्चापन और दर्द।

गला—खुरखुरा, सूखा, सिकुड़ा, जलन, संवेदन। दाहिनी तरफ का। तालुमूल दर्द करे, निगलना कठिन।

मुँह—जबान की बगल में घाव।

साँस-यन्त्र—छोटी, ठोंकन खाँसी; साथ में गाढ़ा, पीला, कुछ मीठा बलगम। वक्षास्थि के बीच में दाब। गले और वायुनलिका में सूखापन और जलन। गुदगुदीदार खाँसी। जीर्ण नाक, स्वरयन्त्र और वायुनलिका का नजला। आवाज बदली हो, गहरी, फटी।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : सैंग्विनेरिया टारटैरिकम (चक्षुगोलक का असमान बहिःसरण, चक्षुतारा का प्रसारण, धुँधली निगाह)। एरम ट्रिफाइलम; सोरिनम; कैलिबाइक्रोमिकम।

मात्रा—३ विचूर्ण।

सैनिक्यूला (ऐक्वा) Sanicula (Aqua)

(दी वाटर ऑफ सैनिक्युला स्प्रिंग्स, ओटावा; इल०)

यह औषधि अनैच्छिक मूत्र स्राव, समुद्री उत्क्लेश, कब्ज इत्यादि में लाभदायक पायी गयी है। सूखा रोग।

सिर—नीचे की तरफ आने का भय। (बोरैक्स)। सोते में सिर के पिछले भाग पर और गरदन की जड़ पर अधिक पसीना। (कैल्के०, साइलिसिया)। प्रकाशातंक, ठण्डी हवा में या ठण्डे प्रयोग से आँखों से पानी बहना। अधिक पपड़ीदार रूसी छूटना। कानों के पीछे दर्द।

गला—गाढ़ा, लसदार, चिमड़ा श्लेष्मा।

मुँह—जबान बड़ी, थुलथुली, जलन वाली; ठंडा रखने के लिए बाहर निकालनी पड़े। जबान पर दाद।

आमाशय—मोटरकार में सवारी करने से मिचली और कै होना। प्यास कम और बार-बार (आर्से०, चाइना)। पेट में पहुँचते ही कै हो जाये।

मलाशय—मल बड़ा, भारी; वेदना पूर्ण। सारे मूलाधार में दर्द। जब तक अधिक मल पेट में जमा न हो तब तक मलत्याग की इच्छा न हो। बहुत जोर करने पर ही थोड़ा-सा मल निकले, पीछे हटे, गुदा के मुँह के पास आने पर बिखर जाये (मैग० म्यू०)। बहुत घृणित दुर्गन्ध। गुदा, मूलाधार और जननेन्द्रिय के पास की खाल उधड़ना। खाने के बाद रङ्ग और अवस्था में बदलने वाला दस्त।

स्त्री—नीचे के रुख दबाव, मानो पेड़ू की सब चीजें बाहर निकल जायेंगी, आराम से कम हो। जननेन्द्रिय के भागों को सहारा देने की इच्छा। गर्भाशय में दर्द। प्रदर, मछली के धोवन की या बासी पनीर की गन्ध। (हीपर)। योनि बड़ी जान पड़े।

पीठ—त्रिकास्थि में स्थान भ्रंश होने का संवेदन, दाहिनी तरफ लेटने से कम।

अंग—पैर के तलवों में जलन। (सल्फर; लैके०) घृणित पैर पसीना : (साइली०, सोरि०)। अंगों पर ठंडा, चिपचिपा पसीना।

चर्म—मैला, चिकना, कत्थई, सिकुड़ा। अकौता, हाथों और अँगुलियों पर दरारें। (पेट्रोलि०, ग्रेफा०)।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : बाहों को पीछे की तरफ हिलाने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : एब्रोटै०, एल्यूमि०, कैल्के०, साइली०, सल्फर। सैनिक्यूला एक्वा को सैनिकल (पूल रूट या उड मार्श) के साथ, जिसे सैनिक्यूला भी कहते हैं, भ्रमित नहीं होना चाहिए। इसको कई स्नायु रोगों में देते हैं, जो वैले-

रियाना के लक्षण से मिलते हैं। इसका उपयोग रक्तमय उत्सर्ग को गला कर, घाव भरने के लिए होता है और स्नावरोचक की तरह। इसकी आजमाइश नहीं हुई है।

मात्रा—३० शक्ति।

सैंटोनिनम (Santoninum)

(सेंटोनिन)

यह औषधि सैंटोनिका का आधारित तत्व है, जो आर्टिमिसिया मैरिटिमा की कलियाँ हैं—सिना देखिये।

आँखों के और मूत्रमार्ग के लक्षण विशेषतः दर्शनीय हैं। यह औषधि कृमि रोग में निश्चित रूप से लाभदायक है, जैसे आमाशयिक आंत्रिक उत्तेजना, नाक का खुजलाना, अशान्त निद्रा, पैशिक फड़कन। लम्बे और क्षुद्र कृमियों के लिए, मगर केचुवों के लिए नहीं। बच्चों की रात खाँसी। जीर्ण मूत्राशय प्रदाह। स्वरयांत्रिक बाधा और वर्द्धनशील क्षीणता में बिजली जैसा लपकन दर्द।

सिर—रंगीन दृष्टि भ्रम के साथ सिर के पिछले भाग में दर्द। नाक खुजलाना। नाक में अंगुली डाले।

आँखें—एकाएक धुँधलापन। रंगों का संवेदन न होना, सब चीजों को पीले रंग का देखना। कृमि के कारण ऐंचापन। आँखों के पास गहरे रंग के चक्र।

मुँह—दुर्गन्धित साँस, भूख कम, प्यास। जबान गहरी लाल। दाँत पीसना। मिचली, खाना खाने के बाद कम। गला घुटने की संवेदना।

मूत्र—मूत्र यदि अम्लाधिक्य हो तो हरियाली लिए और यदि क्षारीय हो तो बैगनी रंग का हो। रुक-रुक कर होना और मूत्रकृच्छ्र रोग। अनैच्छिक स्राव। मूत्राशय में भरापन। गुर्दा प्रदाह।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : सिना; टियुक्रि०, नेपथे०, नेट्र० फॉस०; स्पाइजेलिया।

मात्रा—२ से ३ विचूर्ण। निचली शक्तियाँ अक्सर नशीली होती हैं। ज्वर या कब्ज वाले बच्चों को मत दीजिये।

सैपोनेरिया (Saponaria)

(सोप रूट)

तीव्र जुकाम, नाक बहना, गलक्षत रोगों में अति उपयोगी है। अक्सर जुकाम को तोड़ देगी।

मन—दर्द या संभावित मृत्यु से पूर्ण उदासीन। औंघाई के साथ उदासीन और मन गिरा रहना।

सिर– चिलकन, आँखों के घेरों के ऊपर दर्द, बाईं तरफ, शाम को और हरकत से बढ़े। आँखों के घेरों के ऊपर थरथराहट। सिर में रक्ताधिक्य, गरदन की जड़ में थकावट। जुकाम में नशीली अवस्था, बाईं तरफ चलने की लगातार चेष्टा। बाईं तरफ की त्रिक शाखा (पाँचवीं नाड़ी) का स्नायुशूल, खासकर आँखों के घेरों के ऊपर। नाक में (ऊपर की तरफ बन्द होने का संवेदन; खुजली और छींक भी)।

आँखें—तीव्र आँख दर्द। ढेले की गहराई में गरम; चिलकन। पलकों का स्नायु-शूल; बाईं तरफ अधिक प्रकाशातंक। ढेलों का बाहर निकल पड़ना। पढ़ने या लिखने से अधिक कष्ट। आँखों के भीतरी भाग में दाब का पड़ना। धुन्ध रोग।

आमाशय—निगलना कठिन। मिचली, गला जलना, भरापन जो डकार आने से कम न हो।

दिल—धड़कन कमजोर, नाड़ी की गति गिनती में कम। चिन्ता के साथ धड़कन।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : रात में, मानसिक परिश्रम, बाईं तरफ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए। सैपोपिन—एक ग्लुकोज मिश्रित तत्व जो क्विलाया, यूका, सेनेगा, डायोस्कोरिया और दूसरे पौधों में पाया जाता है। (थका, उदासीन। बाईं कनपटी में; आँखों में दर्द; प्रकाशातंक, आँखों में गहराई तक चिलकन। पाँचवें स्नायु गुच्छ के रोग। अधकपारी। मासिक स्राव के पहले अधिक पीड़ा, तीव्र गलक्षत, दाहिनी तरफ अधिक, तालुमूल फूले, गरम कमरे से कष्ट अधिक हो। तीखा, जलन स्वाद और तीव्र छींक)।

इनकी तुलना कीजिए : बर्बेस्कम; काकुलस इण्डिका। (दोनों में सैपोनिन होती है)। क्विलाया; (एनागैलिस, एग्रोस्टेमा, हेलोनियस, सारसापैरिला, पैरिस०, साइक्लैमन और दूसरी बनस्पति में सैपोनिन का अंश होता है)।

सार्कोलैक्टिक एसिड (Sarcolactic Acid)

स्पष्ट है कि यह अम्लपैशिक क्षय की अवस्था में पैशिक तन्तुओं में बनता है। ध्रुव प्रकोप सम्बन्ध में साधारण लैक्टिक एसिड से भिन्न है।

यह अधिक विस्तृत क्रियावाली और गहराई तक काम करनेवाली औषधि है और इसके रोग तथा साधारण अम्ल से भिन्न हैं। इसको विलियम बी० ग्रिग्स० एम० डी० ने सिद्ध किया है जिन्होंने इसको तीव्र संक्रामक इन्फ्लुएञ्जा में अति मूल्यवान

पाया, खासकर जब कठोर झोकाई और शिथिलता हो तथा जब आर्सेनिक असफल हो गया था। मेरुदण्ड की स्नायु दुर्बलता, पशिक दुर्बलता, हृदय दुर्बलता के साथ-साथ कष्ट।

साधारण लक्षण—पैशिक शिथिलता के साथ रुकावट, किसी परिश्रम से रोग बढ़े। सारे शरीर में वेदना, जो तीसरे पहर अधिक हो। रात में बेचैनी। नींद आना कठिन। सुबह उठने पर थकावट।

गला—कंठनली में सिकुड़न। नासा गलकोष में कसाव के साथ गलक्षत। गले में गुदगुदी।

आमाशय—मिचली। न रोक सकने वाली कै, पानी तक की, बाद में कमजोरी।

पीठ और अंग—पीठ, गरदन और कन्धों में थकावट। पक्षाघात जैसी कमजोरी। कलाई लिखने से जल्द थक जाये। ऊपर चढ़ने से बहुत कमजोरी, जाँघों और पिंडली का कड़ापन। बाँहें शक्तिहीन मालूम पड़ें। पिंडली में ऐंठन।

मात्रा—६ से ३० शक्ति। १५x का प्रभाव बहुत स्पष्ट होता है। (ग्रिग्स)।

सारासिनिया परप्युरिया (Sarracenia Purpurea)

(पिचर-प्लैंट)

चेचक की एक औषधि। दृष्टि विकार। क्रमभ्रष्ट हृदय-क्रिया के साथ सिर में रक्ताधिक्य। हरित्पाण्डु रोग। इसमें एक तीव्र क्रिया वाला पाचन रस होता है। कठोर सिर दर्द, कई भागों में थरथराहट, खासकर गरदन, कन्धों और सिर में जो फटने की हद तक भरा जान पड़े।

आँख—प्रकाशातंक। आँखें फूली और दर्दीली मालूम पड़ें। घेरों में दर्द। काली चीजें आँखों के साथ-साथ चलती रहें।

आमाशय—सभी समय भूखा रहे और खाने के समय खाने के बाद भी औंघाई। अधिक मात्रा में दर्द के साथ कै।

पीठ—कटि-प्रदेश से स्कंधास्थि तक टेढ़े-मेढ़े रास्ते से चुभकन दर्द।

अंग—अंग कमजोर। घुटनों और नितम्ब सन्धि में कुचल जाने जैसा दर्द। बाँहों की हड्डियाँ दर्द करें। कंधों के बीच कमजोरी।

चर्म—शीतला रोग का जोर कम करती है, दानों को उभारने से रोकती है।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : टार्टार० एमे०, वैरियोलिनम, मेलोण्ड्रिनम।

मात्रा—३ से ६ शक्ति।

सार्सापैरिला (Sarsaparilla)

(स्मिलैक्स)

वृक्कशूल; सूखा रोग और आतशक या सुजाक रोग के कारण अस्थिआवरण-पीड़ा। गरमी के मौसम के बाद और चेचक छुपाने के बाद स्फोट, फुन्सियाँ और अकौता। मूत्र सम्बन्धी लक्षण विशेष रूप से स्पष्ट हैं।

मन—निराश, उत्तेजित, क्रुद्ध, बदमिजाज और चुप रहे।

सिर—दर्द से उदास हो। दाहिनी कनपटी के ऊपरी भाग में चुभन दर्द। सिर के पिछले भाग से आँखों तक दर्द। कान से नाक की जड़ तक दर्द फैले। आतशक या सुजाक रोग के कारण अस्थि-आवरणों में पीड़ा। इन्फ्लुएंजा। सिर की खाल उत्तेजित। चेहरे और ऊपरी होंठ पर स्फोट। सिर की खाल पर तर दाने। खुरण्ड रोग चेहरे से शुरू हो।

मुँह—जबान सफेद; चपटे घाव; लार बहना, कसैला स्वाद; प्यासहीन। घृणित साँस।

उदर—गड़गड़ाहट और उदास। शूल और पीठ दर्द के साथ-साथ। अधिक वायु, शिशु हैजा।

मूत्राशय—मूत्र कम, चिकना, रसदार; बालू आये, खूनी। पथरी। वृक्कशूल। मूत्रस्खलन के बाद तीव्र पीड़ा। बैठने पर मूत्र टपके। मूत्राशय तना और कोमल। बच्चा पेशाब करते समय और उसके पहले चिल्लाये। बच्चे के पोतड़े (बिछौने की चादर) पर बालू के कण पड़े मिलें। बच्चों का वृक्कशूल और मूत्रकृच्छ्र। दाहिने वृक्क से नीचे की तरफ दर्द। मूत्राशय की मरोड़, मूत्र पतली कमजोर धार से गिरे। मूत्रमार्ग के मुँह पर दर्द।

पुरुष—खूनी वीर्य-स्खलन। जननेन्द्रिय पर असह्य दुर्गन्ध। जननेन्द्रिय पर दाद। पुट्ठों और विटप देश पर खुजली। उपदंश, पपड़ीदार दाने और अस्थि पीड़ा।

स्त्री—स्तन घुंडी छोटी, क्षीण, सिकुड़ी हुई। मासिक धर्म के पहले खुजली और माथे पर तर दाने। मासिक धर्म देर में और कम मात्रा में। मासिकधर्म के पहले दाहिने पुट्ठे पर तर दाने निकलें।

चर्म—दुबला, क्षीण, तहदार। (एब्रोटे०, सैनिक्यू०) सूखा थुलथुला। भैंसिया दाद, घाव। खुली हवा से लाल चकत्तेदार दाने, सूखी खुजली। बसन्त ऋतु में रोगाक्रमण; पपड़ी पड़ जाये। दरारें, हाथ और पैर की खाल चिटके। चर्म कड़ा, कठोर। गरमी के दिनों का चर्म रोग।

अंग—पक्षाघात ग्रस्त, फटन दर्द। हाथ और पैरों का काँपना। हाथ और पैरों की अँगुलियों के बीच में जलन। नख कोष का घाव, अँगुलियों के सिरों के चारों

तरफ घाव, नाखून के नीचे का कटन संवेदन। वात रोग, अस्थि पीड़ा, रात में अधिक। हाथ और पैर की अँगुलियों पर गहरी दरारें; नाखून के नीचे जलन। हाथों पर मोटा दाद; अँगुलियों के सिरों के चारों तरफ घाव। (सोरिन०)। नाखूनों के नीचे फटन संवेदना। (पेट्रोलि०)। प्रमेह के बाद वातरोग।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : रात में तरी से, पेशाब करने के बाद, जम्हाई लेने से, बसन्त ऋतु में, मासिक धर्म के पहले।

सम्बन्ध—पूरक : मर्क०, सीपिया।

तुलना कीजिए : वर्बे०; लाइको०; नैट्र० म्यूरि०, पेट्रोलि०; सैंसाफ्रास; सॉरुरस—लिजार्डस, टेल—(गुर्दों मूत्राशय, मूत्रग्रन्थि और मूत्रमार्ग की उत्तेजना। दर्दीला और कठिन पेशाब, मूत्राशय प्रदाह, साथ में पेशाब रुकना)। क्युकरबिटा सिट्रलस—वाटर-मेलन—(बीज का जोशांदा पेशाब रुकने के साथ दर्द और पीठ पर तुरन्त काम करता है। दर्द गायब करके स्राव बढ़ाता है)।

क्रियानाशक : बेलाडोना।

मात्रा—१ से ६ शक्ति।

स्क्रोफ्युलेरिया नोडोसा (Scrophularia Nodosa)

(नॉटेड फिगवर्ट)

ग्रन्थि वृद्धि की अवस्था में एक शक्तिशाली औषधि। प्लीहा और लसिका-ग्रंथियों की वृद्धि।

एक मूल्यवान चर्म औषधि। स्तनों पर प्रभाव विशेष, स्तन के अर्बुद को गलाने के लिए अति लाभदायक। कानों का अकौता। योनि खाज। नाकड़ा के घाव। कंठमालिक फूलन। (सिस्टस०) दर्द वाली बवासीर। क्षयग्रस्त अण्डकोष। अन्तस्त्वक प्रदाह। स्तन में गुठलियाँ (सोरिनम)। सभी मुड़ने वाली पेशियों में दर्द।

सिर—शीर्ष पर चक्कर मालूम दे, खड़े होने पर अधिक हो, औंघाई, माथे से सिर के पीछे तक दर्द। कानों के पीछे अकौता। पपड़ीदार, मोटा दाद।

आँखें—कष्टदायक प्रकाशासह्यता। (कोनियम०)। आँखों के आगे बिन्दुयें। पलकों में चिलकन। ढेले दर्दीले।

कान—बाहरी कान के आस-पास सूजन। बाहरी कान में गहरे घाव। कानों के चारों तरफ अकौता।

उदर—दाब से जिगर में दर्द। नाभि के नीचे शूल। द्विवक्र महराब और मलाशय में दर्द। दर्द वाली सूनी, बाहर निकली बवासीर।

साँस-यन्त्र—तीव्र, कष्टदायक साँस, सीने पर दाब, कम्प के साथ। कंठनली के विभाजन स्थान के आस-पास दर्द। कण्ठमालिक रोगियों में दमा रोग।

चर्म—चुभन, खाज, सिर के पीछे अधिक।

निद्रा—घोर औंघाई; थकावट के साथ, सुबह को और भोजन करने से पहले और बाद में।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : दाहिनी करवट लेटने से।

तुलना कीजिए : लोबेलिया एरिनस; रूटा; कारसिनोसिन; कोनियम०; एस्टेरियस।

मात्रा—अरिष्ट और १ शक्ति। कर्कटीय ग्रन्थि पर लगाइये। सेम्परविवम।

स्कुटेलरिया लैटेरिफ्लोरा (Scutellaria Lat.)

(स्कलकैप)

यह एक स्नायविक उपशामक है, जहाँ स्नायु भय की प्रधानता हो। हृदय की उत्तेजना। ताण्डव रोग। बच्चों की स्नायविक उत्तेजना और आक्षेप, दाँत निकलने के समय। पेशियों में फड़कन। इन्फ्लुएन्जा के बाद स्नायविक दौर्बल्य।

मानसिक—किसी घोर विपत्ति का भय। ध्यान एकाग्र न कर सके। (इथूजा०)। व्यग्रता।

सिर—अग्रभाग में धीमा दर्द। आँखें बाहर को ढकेली जाने का संवेदन। चेहरा भरभराया। अशान्त निद्रा और भयानक स्वप्न। इधर-उधर टहलना आवश्यक। रात्रि-भय। अधकपारी, दाहिनी आँख के ऊपर अधिक; ढेलों में टीस। घड़ी-घड़ी पेशाब करने के साथ स्कूल अध्यापकों का विस्फोटिक सिर दर्द। मस्तिष्क के अगले और पिछले भाग में दर्द। स्नायविक, कष्टदायक सिर दर्द, आवाज, गन्ध प्रकाश से बढ़े। रात में, आराम से कम। अरिष्ट की ५ बूँद।

आमाशय—मिचली, खट्टी डकार, हिचकी; दर्द और कष्ट।

उदर—अफरा, भरापन, तनाव, शूल और असुविधा। हल्के रङ्ग का दस्त।

पुरुष—धातु-स्खलन और नपुंसकता, कभी अच्छा न होने के भय के साथ।

निद्रा—रात्रि-भय; एकाएक जाग पड़ना, भयानक स्वप्न।

अंग—पेशियों में फड़कन, चलता-फिरता रहे, हिलता रहे। ताण्डव राग। कम्प। ऊपरी अङ्गों में तीव्र गड़न दर्द। रात में बेचैनी। कमजोरी और टीस।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : साइप्रिसिडि०; लाइकोपस०।

मात्रा—अरिष्ट और नीची शक्तियाँ।

सिकेल कॉरन्यूटम (Secale Cornutum)

(अरगट)

बिना धारीवाले पेशिक सूत्रों में सिकुड़न पैदा करती है, इसलिए सारे शरीर में सिकुड़न की संवेदना होती है। इससे रक्तहीनता की अवस्था; ठण्डापन, सुन्न होना, काली धारियों के छोटे चकत्ते, चर्म क्षय और सड़न उत्पन्न होती है। बुड्ढों, चुचुके चर्म वालों के लिए लाभदायक औषधि, दुबली, सूखी, वृद्ध स्त्रियाँ। सिकेल की सभी अवस्थायें ठंडक से कम रहती हैं, सारा शरीर गरम रहता है। रक्तस्राव, लगातार पसीजन, पतला, घृणित, पानी-सा काला खून। कमजोरी, चिंता, दुबलापन, गो कि भूख और प्यास अधिक हो। चेहरे और उदर की पेशियों में फड़कन। सिकेल रक्तचाप बढ़ा कर क्लोम ग्रन्थि रस के स्राव को कम करती है। (हिंस्डेल)।

सिर—मन्द, रक्ताधिक्यजनित दर्द। (सिर के पीछे से शुरू होता है), पीले चेहरे के साथ। सिर पीछे की तरफ खिंचा हुआ। बालों का झड़ना, सूखा और भूरा। नकसीर, काला खून।

आँखें—पुतली फैली। आरम्भिक मोतियाबिंद, वृद्धावस्था, खासकर स्त्रियों में। आँखें धँसी हुई और चारों तरफ नीले घेरे।

चेहरा—पीला; चुचुका, मुरझाया हुआ। ऐंठन चेहरे से शुरू होकर सारे शरीर में फैले। चेहरे पर लाल धब्बे। आक्षेपिक टेढ़ापन।

मुँह—जबान सूखी, चिटकी हुई, स्याही की तरह खून रसाये, गाढ़ा मैल, लसीका, हल्का पीला, ठण्डा, सूखा। जबान का सिरा चुनचुनाये, कड़ा हो। जबान फूली हुई, सुन्न।

आमाशय—अप्राकृतिक प्रचण्ड भूख, अम्ल पदार्थ की इच्छा। न बुझने वाली प्यास। हिचकी, मिचली, खून और कॉफी जैसी बुकनी की कै। आमाशय और उदर में जलन, बादी का तनाव। दुर्गन्धित डकार।

मल—हैजे जैसा मल, ठण्डक और ऐंठन के साथ। गहरा हरा, पतला, सड़ा, खूनी, बरफीली ठण्डक और ओढ़ने से घृणा के साथ, अति शिथिलता भी साथ में। अनैच्छिक मल, मल-स्खलन का संवेदन न हो, जैसे गुदा-छिद्र बिलकुल खुला हो।

मूत्र—मूत्राशय का पक्षाघात। रुकना, असफल चेष्टा। मूत्राशय से काला खून निकलना। वृद्ध लोगों में अनैच्छिक मूत्र-स्राव।

स्त्री—शरीर में ठंडक के साथ और गरमी सहन न होने के साथ मासिकधर्म शुरु। दुर्बल और रक्तहीन स्त्रियों में मन्द रक्तस्राव। गर्भाशय में जलन व दर्द। बादामी रंग का घृणित प्रदर। मासिकधर्म क्रमभ्रष्ट, अधिक, गहरे रंग का, दूसरे

काल तक बराबर पानी-सा खून रसाया करे। तीसरे महीने गर्भपात का भय। (सैबाइना) प्रसव के समय, अंगों के ढीला होने पर भी ठेलने की शक्ति न हो। प्रसव के बाद का दर्द। दूध का दब जाना, स्तन न भरें। गहरे रंग का घृणित प्रसव स्राव। प्रसूत ज्वर, घृणित स्राव। पेट में अफरा, ठंडापन, पेशाब का दबना।

सीना—हृदय-शूल। उदर मेहराब में ऐंठन के साथ साँस कष्ट और दाब। सीने में छेदन दर्द। हृदय क्षेत्र का कोमलपन। सिकुड़न और सविराम नाड़ी के साथ धड़कन।

निद्रा—गहरी और देर तक। बेचैनी, ज्वर, उत्सुक स्वप्न के साथ अनिद्रा। मद्पान और औषधि के दुरुपयोग के कारण अनिद्रा।

पीठ—मेरुदण्ड उत्तेजित, निचले अंगों में चुनचुनाहट, केवल पतला ओढ़ना सहन हो। कम्पवात। सुरसुरी और सुन्नपन। अस्थिमज्जा प्रदाह।

अंग—अँगुलियों में सुरसुराहट के साथ अधिक धूम्रपान करने वालों के हाथ और पैर ठण्डे, सूजे हुए। काँपती हुई, लड़खड़ाती चाल। सुरसुराहट, दर्द और आक्षेपिक झटके। सुन्न होना। अँगुलियाँ और पैर नीले, चुचुके, फैले हों या पीछे मुड़े हों, सुन्न। तीव्र ऐंठन। अंगों की बर्फीली ठण्डक। अंगुलियों के सिरों में तीव्र पीड़ा, पैरों की अँगुलियों में चुनचुनाहट।

चर्म—सुकड़ा हुआ, सुन्न; धब्बेदार, धुँधला, नीला रंग। कड़ा; नवजात शिशु का शोथ। शरीर पर पीले या नीले दाग पड़ना और नख विकृति। नीला रंग। सूखी विगलन, धीरे-धीरे बढ़े। स्फीति घाव। जलन संवेदन, ठण्डक से कम, शरीर के रोगग्रस्त भाग को कपड़ा हटाकर रखना चाहे जो कि स्पर्श से ठण्डा मालूम हो। सुरसुरी, रेंगन, काली लकीरें। छोटे घाव से खून बहता रहे। लाल चकत्ते। फुड़िया, छोटी, दर्द वाली, हरा स्राव, धीरे-धीरे पके। चर्म स्पर्श से ठंडा मालूम दे, तब भी ओढ़ना अच्छा न लगे। गरमी से अति घृणा। चर्म के नीचे सुरसुरी।

ज्वर—ठण्डापन। ठण्डा, सूखा चर्म, ठण्डा, लसीला पसीना, अति प्यास। आतरिक गरमी की संवेदना।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : गरमी, गरम कपड़ा ओढ़ना। घटना : ठंडक, कपड़ा हटाने से, मालिश, अंग फैलाने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : अर्गटिन (धमनी का कड़ा पड़ना जो तेजी से बढ़े। रक्त चापाधिक्यः २x विचूर्ण। शोथ, सड़न और प्रसव संबंधी रक्त-स्राव, जब सिकेल के लक्षण होते हुए भी असफलता हो), पेडिक्युलेरिस कैनाडेंसिस (कम्पवात के लक्षण, मेरुदण्ड में उत्तेजना) ब्रासिका नेपस—रेप सीड—(शोथमय फूलना, मुँह के भीतर चपटे घाव, प्रचंड भूख, पेट का वायु से फूलना, नाखूनों का लटकना,

गलना), सिनामोमम, कालिच०, आर्स०, ऑरम म्यूरि०; २x (कम्पवात) ; एग्रोस्टेमा-कार्न-काकल—इसका प्रभावशाली तत्त्व सैपोनिन है जो घोर छींकें और तेज जलन स्वाद पैदा करती हैं, पेट में जलन, जो कण्ठनली तक और गरदन तथा सीने तक बढ़े, चक्कर, सिर दर्द, हरकत कठिन, जलन संवेदन । आस्टिलैगो, कार्बो०; पिट्युट्रिन (गर्भाशय के मुँह का फैलना, दर्द कम) ।

क्रियानाशक : कैम्फो०, ओपियम ।

मात्रा—१ से ३० शक्ति । एलोपैथिक उपयोग—प्रसवकालीन रक्तस्राव जब गर्भाशय बिलकुल खाली हो जाए, मगर न सिकुड़े और प्रसव के बाद रक्तस्राव में जब कि गर्भाशय अपनी जगह से हट गया हो, आधे ड्राम से एक ड्राम तक इसका रस देना चाहिए । पैगॉट साहब का नियम याद रखना चाहिये "जब तक गर्भाशय में कोई वस्तु उपस्थित हो, चाहे वह बच्चा, खेड़ी, झिल्ली या खून के थक्के हों, कभी अर्गट का प्रयोग नहीं करना चाहिए ।"

सेडम ऐकर (Sedum Acre)

(स्माल हाउसलीक)

गुदा की दरारों की पीड़ा की तरह बवासीर दर्द, सिकुड़न के साथ दर्द, मल त्यागने के कुछ घण्टों के बाद । दरारें ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : म्युक्यूना युरेंस (बवासीर बाधायें और उस पर निर्धारित रोग); सेडम टेलेफियम (गर्भाशय से रक्तस्राव), उदर और मलाशय से भी, अत्यधिक मासिक स्राव, खासकर वयःसन्धिकालीन); सेडम रैपेंस—एस० ऐल्पेस्टर—(कर्कट, उदर के यन्त्रों पर प्रभाव विशेष, पीड़ा, शक्तिहीनता) ।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति तक ।

सेलेनियम (Selenium)

(दी एलिमेण्ट सेलेनियम)

सेलेनियम हड्डियों और दाँतों की बनावट के तत्वों में सदा पाया जाता है । जननेन्द्रिय-मूत्र-यन्त्रों पर प्रभाव, विशेष, और अक्सर ढलती उम्र वालों में सांकेतिक होती है खासकर मूत्र ग्रन्थि प्रदाह और कर्मेन्द्रियों के दौर्बल्य में । अति दुर्बलता, गरमी से अधिक हो । जल्द थक जाना, वृद्धावस्था में शारीरिक अथवा मानसिक । तीव्र शिथिलता लाने वाले रोगों के बाद दौर्बल्य ।

मन—कामातुर विचार, नपुंसकता के साथ। मानसिक परिश्रम से आयी थकान। घोर शोकग्रस्त। अति निराश, असन्तोषपूर्ण, उदास।

सिर—बाल झड़ना। बायीं आँख के ऊपर पीड़ा, धूप में चलने से, गंध से और चाय पीने से बढ़े। सिर की खाल खिंची मालूम हो। चाय पीने से सिर दर्द हो।

गला—आरम्भिक क्षय सम्बन्धी स्वरयन्त्र प्रदाह। हर सुबह को बलगम के बिल्लौरी ढोके खखारना और थूकना। आवाज भारी। खूनी बलगम के साथ सुबह की खाँसी, गानेवालों का गला भारी होना। अधिक मात्रा में माँडी जैसा बलगम। (स्टैनम०)।

आमाशय—ब्रेण्डी और दूसरी तेज चीजें पीने की इच्छा। मीठा स्वाद। धूम्रपान के बाद हिचकी और डकार। खाने के बाद सारे शरीर पर टपकन। खासकर उदर पर।

उदर—जीर्ण जिगर रोग, जिगर वेदनापूर्ण बढ़ा हुआ। जिगर क्षेत्र के ऊपर महीन दाने। कब्ज, मल कड़ा और मलाशय में जमा हो।

मूत्राशय—मूत्रमार्ग के मुँह पर ऐसा जान पड़े कि एक काटने वाली बूँद बाहर निकलना चाहती है। अनैच्छिक बहते रहना।

पुरुष—नींद से वीर्य बहा करे। मूत्र ग्रन्थि रस बहा करे। मैथुन के बाद चिड़चिड़ापन आये। कामातुर विचार के साथ रमण में असमर्थ। इच्छा बढ़ाती है और कमजोरी कम करती है। धातु पतली, गंधहीन। अति रमण से आयी स्नायविक दुर्बलता। मैथुन की चेष्टा करते ही लिंग ढीला पड़ जाये। कोष में पानी उतरना।

चर्म—खुजली के साथ हथेली में सूखे, छिलकेदार दाने। टखनों के आस-पास, चर्म की तहों में, अँगुलियों के बीच में खुजली। बरौनी, दाढ़ी और जननेन्द्रिय पर के बाल झड़ें। अँगुलियों के जोड़ों पर, अँगुलियों के बीच में और हथेली पर खुजली। अँगुलियों के बीच में रसभरे दाने (रस०, एनाका०) तैलाक्त भूसी; सेल जैसी चिकनी सतह पर काले तिल; गंज, मुँहासे।

अंग—सुबह के समय पिठासे में पक्षाघात की पीड़ा। हाथों में फटन। दर्द, रात में बढ़े।

नींद—सभी रक्त-नलिकाओं में टपकन के कारण नींद न आवे, उदर पर अधिक। आधी रात तक नींद न आवे; बहुत सबेरे एक ही समय रोज जगे।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : सोने के बाद, गरम मौसम में, सिन्कोना से; बाहरी हवा से, मैथुन से।

सम्बन्ध—असमान : चाइना, शराब।

तुलना कीजिए : एग्नस०, कैलेडियम०, सल्फर, टेलूरि०, फॉस्फो० एसिड।

क्रियानाशक : इग्ने०, पल्से० ।

मात्रा—६ से ३० शक्ति । उन कर्कट रोगों में जहाँ चीर-फाड़ असम्भव है, कोलॉयडल सेलेनियम का व्यवहार करें । इससे पीड़ा, अनिद्रा, घाव और स्राव सभी कम हो जाते हैं ।

सेम्परविवम टेक्टोरम (Sempervivum Tectorum)

(हाउसलीक)

भँसिया दाद, मोटे कर्कट वाले अर्बुद के लिये लाभदायक बताई जाती है । जबान पर कड़े कठिन अर्बुद । स्तनों का कर्कट । दाद । खूनी बवासीर ।

मुँह - मुँह के घाव । जबान का कर्कट रोग । (गैलियम०) । जबान पर घाव, जल्दी खून बहे, खासकर रात में, छुरी लगने जैसे दर्द के साथ अधिक पीड़ा । पूरा मुँह कोमल ।

चर्म—विसर्प रोग । मस्से और दाने । चपटे घाव । सतह लाल और डंक लगने जैसा दर्द ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : सेडम ऐकर—स्माल हाउसलीक—(शीतादीय अवस्थायें, घाव, सविराम ज्वर) । (गेलियम कैलि सियानेटम) । ऑक्जेलिक ऐसिटोसेला—ऊड सोरेल-होठों के कर्कटीय स्फोट को साफ करने के लिये इसका गाढ़ा किया हुआ रस क्षारीय औषधि की तरह व्यवहार में आता है) । कोटाइलेडन, फिकस०, कैरिका-(फिग)—डंठल तोड़कर उसका दूध मस्सों पर लगाने से वे गायब हो जाते हैं ।

मात्रा—अरिष्ट और २ दशमलव, पौधे का ताजा रस । ऊपरी प्रयोग के लिये कीड़ों, शहद की मक्खियों के काटने पर और विषैले घाव पर, मांसांकुर पर ।

सेनेसियो आरियस (Senecio Aureus)

(गोल्डेन रंगवर्ट)

चिकित्सा क्षेत्र में, स्त्री अङ्ग विशेष पर इसका प्रभाव बार-बार पुष्ट किया गया है । मूत्र-यन्त्र पर भी इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से पड़ता है । गुर्दों में रक्ताधिक्य के कारण पीठ दर्द । जिगर में सख्ती आने की आरम्भिक अवस्था ।

मन—किसी चीज पर ध्यान न लगा सके । निराशा । उत्तेजित और चिड़चिड़ा ।

सिर—धीमा, बुद्धिहीन, बनाने वाला सिर दर्द । पिछले भाग से अगले भाग तक चक्कर की लहरें । बायीं आँख के ऊपर और बायीं कनपटी में तेज दर्द । नाक मार्ग का भरापन; जलन; छींकें आना; अधिक स्राव ।

चेहरा—दाँत अति कोमल। बायीं तरफ तेज कटन दर्द। मुखगह्वर, गला, मुँह सूखा।

आमाशय—खट्टी डकार; मिचली।

गला—मुँह, गला, मुख-गह्वर का सूखापन। गलकोष का जलन, नासा-गलकोष में कच्चापन, बराबर निगलते रहना, चाहे दर्द मालूम हो।

उदर—नाभि के चारों तरफ दर्द; सारे उदर में फैले, मलत्याग से कम हो। कड़े ढोकों से मिला हुआ, पतला पानी-सा मल। (ऐण्टिमो० क्रूडम)। मल त्यागने में काँखना पड़े, पतला गहरे रङ्ग का, खूनी मल, ऐंठन के साथ।

मूत्र—अधिक श्लेष्मा और ऐंटन के साथ, थोड़ा, गहरे रंग का, खूनी मूत्र। बहुत गरम और लगातार इच्छा : गुर्दा प्रदाह। सिर दर्द के साथ। बच्चों के मूत्राशय की उत्तेजना। वृद्ध शूल। (पैरिरा०, ओसिमम०, बर्बे०)।

पुरुष—अनैच्छिक वीर्य स्खलन के साथ कामातुर स्वप्न। मूत्र-ग्रन्थि बढ़ी हों। शुक्ररज्जु में मन्द, भारी पीड़ा, अण्ड तक बढ़े।

स्त्री—मासिक-धर्म देर में, दबा हुआ। पीठ दर्द के साथ युवा कन्याओं में यान्त्रिक कारणों से मासिक-धर्म का रुकना। मासिक-धर्म के पहले गले, सीना, और मूत्राशय में प्रदाह। मासिक-धर्म शुरू होने पर लक्षण कम हों। मूत्र की गड़बड़ी के साथ रक्तहीन, पीड़ायुक्त समय से बहुत पहले और अधिक मात्रा में मासिक-धर्म। (कैल्के०, एरिजे०)।

साँस-यन्त्र—साँस-मार्ग के ऊपरी भाग की तीव्र प्रदाहिक अवस्था। आवाज फटी हुई। मुश्किल से साँस खींचने के साथ ढीली खाँसी। सीना कच्चा और दर्द वाला। ऊपर चढ़ने पर कष्टदायक साँस। (कैल्के०) सूखी कष्टदायक खाँसी, सीने में चिलकन दर्द।

नींद—बहुत औंघाई, शोकातुर स्वप्न। उत्तेजना और अनिद्रा।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : सेनेसियो जैकोबिया (मस्तिष्क-मेरुदण्ड की उत्तेजना, पेशियाँ तनी हुईं, खासकर गर्दन और कन्धों की, कर्कट रोग में)। ऐलेट्रिस०; कॉलोफा०, सीपिया।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति तक सेनेसिन, का पहला विचूर्ण।

सेनेगा (Senega)

(स्नेकवर्ट)

नजले की अवस्थायें, खासकर साँस-मार्ग की और पक्षाघातजनित स्पष्ट नेत्र लक्षण, प्रदाह के बाद सीने पर घेरेदार चकत्ते रह जायें।

मन—एकाएक बहुत दिनों के आवश्यक स्थान देखे हुए याद आ जाना। झगड़ालू।

सिर—दाब और आँखों की कमजोरी के साथ सिर में मन्दता। कनपटी में दर्द। माथे में फटन दर्द।

आँखें—पेशियों में अधिक तनाव, सिर पीछे झुकाने से कम। बड़ी पेशी पर प्रत्यक्ष काम करती है। नेत्र प्रदाह, पलक सूखे और पपड़ीदार (ग्रैफा०) सूखी और ऐसा लगे कि घेरों के नाप से बड़ी हैं। आँसू अधिक, टिमटिमाहट, घड़ी-घड़ी पोंछना पड़े। सब चीजें साये में मालूम पड़ें। पैशिक कष्ट। (कास्टि०)। द्वि-दृष्टि, सिर को पीछे झुकाने से कम रहे। नेत्र गोलक के जल का धुँधलापन। नश्तर लगवाने के बाद शीशे के टुकड़ों को पचाने में सहायता देती है।

नाक - सूखी। जुकाम, अधिक पानी-सा स्राव और छींकना। नथुने परपरायें।

चेहरा—बाईं तरफ का लकवा। चेहरे में गरमी। मुँह और होठों के कोनों में जलन। छाले।

गला—छिलन संवेदन, स्वरभंग के साथ गले और मुख-गह्वर का नजले वाला प्रदाह। जलन और कच्चापन। ऐसा लगे कि झिल्ली छिल गई है।

साँस-यन्त्र—स्वरभंग। बात करने में दर्द। खाँसने पर पिछले भाग में फटने जैसा दर्द। स्वर-यन्त्र का नजला। स्वरलोप। ठोकन खाँसी। गलनली तंग मालूम हो। अकसर खाँसी का छींक में अन्त हो। सोने में खड़खड़ाहट (टार्ट० एमे०)। ऊपर चढ़ने से सीने में दाब। सीने की दीवारों के दर्द के साथ वायु नलिका का नजला, अधिक बलगम, दाब और सीने पर बोझ जैसा लगे। वृद्धावस्था में चिमड़ा, अधिक बलगम कठिनाई से निकले। जीर्ण सांतर गुर्दा प्रदाह या जीर्ण वायुस्फीति के वृद्ध लोगों में कमजोर दमा। फुफ्फुसावरण प्रदाह में स्राव। वक्षोदक रोग। (मर्क०, सल्फर०)। सीने पर ऐसा दाब जैसे फुफ्फुस रीढ़ की तरफ ढकेले जा रहे हों। आवाज लड़खड़ाती, स्वर-रज्जु का आंशिक पक्षाघात।

मूत्र—बहुत कम होना, सुतड़ों और श्लेष्मा से लदा हो, पहले और बाद को जलन। गुर्दा प्रदेश में पीछे की तरफ तनाव।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : खुली हवा में, आराम के समय। घटना : पसीना आने से, सिर पीछे की तरफ झुकाने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : कास्टि०, फॉस०, सैपोनिन, एमोनि०, कैल्के, नेपेटा कैटेरिया—कैटनिप (सर्दी पकाने के लिए; शिशु शूल; वायु मूर्च्छा)।

मात्रा—अरिष्ट से ३० शक्ति।

सेना (Senna)

(कैसिया ऐक्युटिफोलिया)

शिशु के उस शूल में जब वह वायु से भरा हुआ जान पड़े, अधिक उपयोग में आती है। मूत्र में ऑक्जैलिक एसिड और साथ में यूरिया की अधिकता; घनत्व की अधिकता हो। जब शरीर शिथिल हो गया हो, कब्ज हो, पेशी दौर्बल्य हो; और नाइट्रोजन पदार्थ की क्षीणता में सेना शक्तिवर्द्धक का काम करेगी। रात में रक्त उबाल। रक्त में एसिटोन की अधिकता, शिथिलता, गशी, शूल और अफरा के साथ कब्ज। जिगर बढ़ा हुआ और कोमल।

मल—पतला, पीला, स्खलन से पहले चुटकी काटने जैसा दर्द। हरियाली लिए आम, अधिक वेग। बना रहे। (मर्क०)। मूत्राशय के बन्द होने के साथ मलाशय में जलन। शूल और अफरा के साथ कब्ज। जिगर बढ़ा हुआ और कोमल, मल कड़ा और गहरे रंग का, भख गायब, जबान पर मैल, बुरा स्वाद और कमजोरी, सभी साथ में।

मूत्र—अधिक गाढ़ा, विशिष्ट घनत्व बढ़ा हो। पेशाब में नेत्रजन, अत्यधिक, मूत्र में आक्जैलिक एसिड, फॉस्फेट और एसिटोन की अधिकता।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : कैलि कार्बो०, जैलापा।

क्रियानाशक—नक्स०; कैमो०।

मात्रा—३ से ६ शक्ति।

सीपिया (Sepia)

(इङ्की जूस ऑफ कटलफिश)

शिराओं में रक्ताधिक्य के साथ शरीर यन्त्रों के उस अंश को प्रभावित करती है जहाँ स्नायु और रक्तवाहिनियाँ प्रवेश करती हैं, और जहाँ से बाह्य प्रणालियाँ निकलती हैं। उदर के अन्दर के भाग में रक्तरोध और उसके कारण कर्महीनता, थकावट, घोर कष्ट। दुर्बलता, पीला चेहरा, धँसन संवेदन, खासकर स्त्रियों में जिनके यन्त्रों पर इसका विशेष प्रभाव होता है। दर्द पीठ तक बढ़े, कम्पन जल्दी मालूम हो। गर्भपात की प्रवृत्ति। रजोनिवृत्ति के समय कमजोरी और पसीनों के साथ गरम लहरें। लक्षण के ऊपर की तरफ जाने की प्रवृत्ति। गशी आना सरल। आन्तरिक भाग में "गोली" जैसा संवेदन। सिपिया साँवले रंग की स्त्रियों पर अच्छा काम करती है। सभी दर्द निचले भाग से उठते हैं। एक प्रसिद्ध गर्भाशयिक औषधि। क्षय रोगी जिनको जीर्ण जिगर रोग और गर्भाशय सम्बन्धी उपद्रव सताते हैं। गरम कमरे में भी ठण्डा मालूम होता है। अनुमस्तिष्क में टपकन, सिर दर्द।

मन—जिनसे अधिक प्रेम था उनकी तरफ से उदासीन। काम-काज से, कुटुम्ब से घृणा। चिड़चिड़ापन, सरलता से क्रुद्ध हो जाये। अकेले रहने का भय। अधिक शोकग्रस्त। लक्षण बताते हुए रुदन करे। क्लेशदग्ध। शाम के लगभग चिन्ताग्रस्त। मन्दता।

सिर—चक्कर, साथ में ऐसा संवेदन मानो कोई चीज सिर के चारों तरफ लुढ़क रही है। संन्यास रोग के आरम्भिक लक्षण। मिचली, कै के साथ सिर के भीतर से बाहर की तरफ, अधिकतर बायीं तरफ या माथे में गड़न दर्द, मकान के अन्दर या दर्द वाली करवट लेटने से अधिक हो। सिर में पीछे और आगे की तरफ झटके आना। चाँद पर ठण्डापन। मासिकधर्म के अन्त में पेशियों के संकोचन; ऋतु काल में कम स्राव के साथ, प्रचण्ड धक्कों की तरह सिर दर्द, बाल गिरें। सिर की सन्धि-अस्थि खुली हो। बालों की जड़ उत्तेजित। माथे पर बालों के पास दाने।

नाक-स्राव गाढ़ा-हरियाली लिए, मोटी गुठलियाँ और खुरण्ड। नाक के आर-पार हल्का पीला दाग। हरा खुरण्ड (अगले भाग से) और नाक की जड़ पर दर्द के साथ जुकाम। जीर्ण नजला, खासकर पिछले भाग का, भारी ढोकेदार स्राव, मुँह से खखारना आवश्यक।

आँखें—पैशिक कष्टदायक दृष्टि, आँखों के सामने काले दाग दिखाई दें, कष्ट-दायक प्रदाह और गर्भाशय बाधा का सम्बन्ध हो। सुबह-शाम नेत्र रोग अधिक हो। चक्षुपटीय अर्बुद। पलकों का नीचे गिरना, उत्तेजना। अधोदेश की शिराओं में रक्ताधिक्य।

कान—कानों के पीछे गरदन की जड़ पर विसर्पिका। चर्म की तह के भीतर के घाव जैसा दर्द, बाहरी कान फूलना और फरन।

चेहरा—पीले चकत्ते; पीला या रक्तहीन, मुँह के पास पीलापन। लाल छत्ते, नाक और गालों पर हल्के कत्थई रंग के, घोड़े की जीभ की तरह धब्बे।

मुँह—जबान साफ। स्वाद नमकीन, घृणित। जबान पर मैल मगर मासिक काल में साफ हो जाये निचले होंठ का फूलना और चिटकना। ६ बजे शाम से आधी रात तक दाँत दर्द, लेटने से अधिक हो।

आमाशय—खालीपन; का संवेदन भोजन करने से कम न हो (कार्बो० एनि०)। भोजन को देखते ही या उसकी गन्ध से जी मिचलाये। करवट लेटने से मिचली अधिक हो। अधिक तम्बाकू पीने से आया अनपच रोग। सभी चीजें नमकीन लगें। (कार्बोवेजि०, चाइना) कोखों के चारों तरफ चार इञ्च चौड़ा दर्द का पट्टा बँधा मालूम हो। सुबह खाने से पहले मिचली। खाने के बाद भी मिचलाना। तलपेट में जलन। सिरका, अम्ल, अचार खाने की इच्छा। दूध पीने से

रोग बढ़े, खासकर खौलाए हुए दूध से उदर फूलने के साथ खट्टा अनपच डकार। घी और मक्खन से घृणा।

उदर—बादी, सिर दर्द के साथ। जिगर चोटीला और दर्दीला; दाहिनी तरफ लेटने से अधिक हो। उदर पर बहुत-से कत्थई चकत्ते। उदर में ढीलापन और धँसन संवेदन।

मलाशय—मल त्यागने के समय खून बहना और मलाशय में भारीपन। कब्ज, बड़े आकार का कड़ा मल; मलाशय में गोला जैसा मालूम हो, काँख न सके, अधिक कूँथन और ऊपर की तरफ चुभन दर्द के साथ। ढीला मल, कठिन। काँच निकलना (पोडा०) गुदा से लगभग लगातार रस पसीजना। शिशु दस्त, खौलाये दूध से अधिक हो और तेज शिथिलता। मलाशय और योनि में दर्द ऊपर की तरफ झपटे।

मूत्र—लाल; चमकीला, मूत्र में बालू। पहली नींद में अनैच्छिक मूत्र-स्खलन। जीर्ण मूत्राशय प्रदाह, मन्द मूत्र-स्खलन, पेडू के ऊपर-नीचे के धँसन संवेदन के साथ।

पुरुष—जननेन्द्रिय ठंडी। घृणित पसीना। जीर्ण सुजाक का स्राव, केवल रात ही में मूत्रमार्ग से स्राव आए, दर्द न हो। लिंगमुण्ड के चारों तरफ मांसाकुर। मैथुन से रोग उत्पन्न हो।

स्त्री—पेडू क्षेत्र के यन्त्र ढीले पड़ गये हों। बाहर की ओर दबाव, संवेदन मानो सभी चीजें योनि लिंगिका की तरफ से बाहर निकल जायेंगी। (बेला०, क्रियोजोट०, लिलि० टिग्रि०; लैक कैना०; नैट्र० का०, पोडो०)। बाहर निकलना रोकने के लिए टाँगों को एक पर एक रखना पड़े या योनि को दबाना पड़े। प्रदर, अधिक खाज के साथ, पीला, हरियालीदार स्राव। मासिक-धर्म बहुत देर में और कम मात्रा में, क्रमभ्रष्ट; समय से पहले और अधिक मात्रा में, तेज चुभन दर्द। योनि में ऊपर की तरफ तेज चिलकन, गर्भाशय में नाभि तक। गर्भाशय और योनि का बाहर निकलना। गर्भावस्था की मिचली और कै। योनि दर्द खासकर मैथुन के समय।

साँस-यन्त्र—सूखी, थकान लाने वाली खाँसी, पेट से उठती मालूम हो। खाँसी के समय सड़े अण्डे का स्वाद। सुबह और शाम सीने पर दाब। कष्टदायक साँस, सोने के बाद बढ़े, हरकत से कम। सुबह को अधिक नमकीन बलगम के साथ खाँसी आना। (फॉस०, एम्ब्रा०)। फुफ्फुस के निचले भाग में खून जमा हो जाने के कारण फुफ्फुसावरण प्रदाह। कुकुर खाँसी जो जल्द अच्छी न हो। सीने या स्वरयन्त्र में गुदगुदी के कारण खाँसी।

दिल—प्रचण्ड, धड़कन रुक-रुक कर हो। सभी धमनियों में टपकन। रक्तावेग के साथ कम्प संवेदन।

पीठ—पिठासे में कमजोरी। दर्द पीठ में बढ़े। कन्धों के बीच में ठण्डापन।

अंग—निचले अंग कर्महीन और तने हुए, बहुत छोटे होने जैसा तनाव। भारीपन और चोटीलापन। सभी अंग अशांत। रात-दिन झटके आएँ और फड़कन हो। एड़ी में दर्द। पैर और टाँगों में ठण्डापन।

ज्वर—अकसर गरम लहरें, जरा-सी हरकत से पसीना आये। शरीर में गरमी की कमी। पैर ठण्डे और तर। प्यास के साथ कम्प, शाम के लगभग अधिक।

चर्म—कहीं-कहीं, इधर-उधर विसर्पिका रोग के चकत्ते। खुजली, जो खुजलाने से कम न हो। केहुनी और घुटनों के मोड़ों में अधिक। पीलापन लिए भूरे रंग के चकत्तों का चर्म रोग, होठों पर मोटा दाद, मुँह के आसपास और नाक पर। हर वसन्त ऋतु में दाद की तरह चर्म रोग। खुली हवा में जाने पर जुलपित्ती, गरम कमरे में कम। अत्यधिक, दुर्गन्धित पसीना। पैर पर पसीना, अंगुलियों पर अधिक, असह्य, दुर्गन्धित। युवा स्त्रियों के चर्म पर बदरंग धब्बा। घृणित दुर्गन्ध के साथ सख्त पड़ना।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: दोपहर के पहले और शाम को, कपड़ा धोने से, नहाने से, तरी से, बायीं तरफ, पसीना आने के बाद; ठंडी हवा से, सेंकने से, तूफान के पहले। घटना : व्यायाम से, बिस्तर की गरमी, सेंकने से, अङ्ग सिकोड़ने से, ठण्डे पानी से नहाने से, सोने के बाद जागने पर।

सम्बन्ध—पूरक : नेट्र० म्यूरि०, फॉसफो०, नक्स० (इसके असर को बढ़ाती है)। गुवेकम अक्सर सीपिया के बाद लाभदायक होती है।

विरुद्ध: लैके०, पल्से०।

तुलना कीजिए : लिलिय०, म्युरेक्स०, साइलीसिया, सल्फर; ऐस्पेरुला—नैसेंट ऑक्सीजन-भभके से उतारा पानी जिसमें यह गैस घुला हो—(युवा लड़कियों का प्रदर रोग और गर्भाशय का नजला); ओजोनम (त्रिकास्थि का दर्द, पेड़ू के अन्दर यन्त्रों और विटप क्षेत्र में थकावट); (डिक्टैम्नस—बर्निङ्ग बुश—(प्रसव वेदना में आराम देती है), गर्भाशय से रक्तस्राव, प्रदर और कब्ज, निद्रा-भ्रमण में भी), लैपेथम (संकोचन और गर्भाशय से ठेलने की चेष्टा और गुर्दों के दर्द के साथ प्रदर रोग)।

मात्रा—१२, ३० और २०० शक्ति। अधिक नीची शक्ति का व्यवहार नहीं करना चाहिए और न बार-बार दोहराना चाहिए। इसके विरुद्ध डा० जूसेट का विचित्र अनुभव है कि इसको कुछ दिनों तक बड़ी मात्रा में सेवन करना चाहिये। १x दिन में दो बार।

सीरम एँग्विलर इक्थियोटॉक्सिन (Serum Ang. Ich.)

(ईल सीरम)

ईल मछली का रक्ताम्बु, रक्त पर विषैला प्रभाव पड़ता है और तेजी से उसकी लाल रक्त-कणिकाओं को नष्ट कर देता है। मूत्र में अण्डलाल और बालू के कण, पेशाब में रक्तरंजक का निकलना, मूत्ररोध (२४ से ३६ घण्टों तक), और इसके साथ-साथ मृत देह परीक्षा, ये सभी इन बातों को सिद्ध करते हैं कि इस द्रव्य का मुख्य प्रभाव क्षेत्र गुर्दे हैं। इसके अतिरिक्त इसका द्वितीय वर्ग का प्रभाव जिगर और हृदय पर होता है जिससे ऐसे परिवर्तन होते हैं जैसे संक्रामक रोग में पाये जाते हैं।

इन सभी ऊपर लिखी बातों से चिकित्सा क्षेत्र में ईल मछली के रक्ताम्बु के मौलिक लक्षणों का पता चलता है। जब कभी सर्दी से, संक्रमण से या नशे से गुर्दे तीव्र रूप से रोगग्रस्त हो जाते हैं और आक्रमण में पेशाब की कमी, या बिल्कुल बन्द होना या सांडलाल मूत्र होना विशेष रूप से पाया जाता है, तो ऐसी अवस्थाओं में हम ईल के रक्ताम्बु को पेशाब बढ़ाने और ठीक करने में और अण्डलाल को रोकने में अति लाभदायक पावेंगे। जब हृदय रोग के बीच में अच्छी तरह से काम करने-वाले गुर्दे एकाएक सुस्त हो जायें और रोगग्रस्त हो जायें और जब इसके अतिरिक्त हृदय की गति क्रमभ्रष्ट हो जाये तथा हृदय संकोचन क्रिया का अभाव स्पष्ट होने लगे, इस दशा में भी हमको इस रक्ताम्बु से अच्छे लाभ की आशा रखनी चाहिए। मगर ऐसी अवस्था में इस औषधि का निर्णय करना आसान काम नहीं है। जब कि डिजिटैलिस के तीन प्रसिद्ध लक्षण दिखाई पड़ते हैं—धमनी का अति तनाव; पेशाब की कमी और शोथ। ईल के रक्ताम्बु की विशेषता अति तनाव और पेशाब की कमी बिना शोथ की है, हमको यह ध्यान रखना चाहिए कि ईल सीरम का प्रभाव विशेषकर गुर्दों पर होता है और मुझको विश्वास है तथा मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि अगर डिजिटैलिस हृदय रोग की औषधि है तो ईल का सीरम गुर्दा रोग की औषधि है। कम-से-कम यहाँ तक तो जितने अनुभव अब तक प्रकाशित हुए हैं सभी से यह अन्तर सिद्ध होता है। हृदय का आकुञ्चन रुकने के आक्रमण में ईल के सीरम ने कम प्रभाव दिखाया है, मगर उसने हृदय सम्बन्धी मूत्र में यूरिक अम्ल की अधिकता की अवस्था में अच्छा लाभ दिखाया है। इसी कारण जहाँ डिजिटैलिस शक्तिहीन सिद्ध हुआ है वहाँ ईल के सीरम ने गुर्दों की थकावट को दूर करके अधिक मात्रा में मूत्र-स्राव बढ़ाया है। मगर इसका वास्तविक संकेत तीव्र गुर्दा प्रदाह की अवस्था में स्पष्ट मिलता है। (जूसेट)।

मन्द वृक्क-प्रदाह। हृदय रोग—जब आकुञ्चन क्रिया रुक जाये और हृदय गति बन्द होने की सम्भावना हो। डॉ० जूसेट के प्रयोगों ने यह अच्छी तरह सिद्ध कर दिया है कि इससे तीव्र वृक्क-प्रदाह की उपस्थिति में, जब कि मूत्र में मूत्र अम्ल की अधिकता की प्रबल सम्भावना हो, हमको इस सीरम पर ध्यान देना चाहिए। हृदय की यान्त्रिक बाधाओं में अति लाभदायक है। हृदय के ढकनों की संकुचन क्रिया की कमी, शोथ के साथ या बिना शोथ के हृदय गतिरोध, साँस कष्ट और मूत्र-स्खलन में कठिनाई।

सम्बन्ध—ईल सीरम और वाइपेरा के विषय में बहुत समानता पायी जाती है।

तुलना कीजिये : पेलियस; लैकेसिस।

मात्रा—ग्लिसरीन या भभके से उतारे हुए पानी में इसकी शक्ति बढ़ाई जाती है, निचली शक्ति १x से ३x हृदय रोग में, ऊँची शक्ति तीव्र वृक्क आक्रमण में।

साइलीसिया (Silicea)

(सिलिका-प्योर फ्लिंट)

परिपक्वता अपूर्णता और उसके कारण पोषण बाधाएँ। यह इससे भी आगे बढ़कर स्नायु दौर्बल्य की अवस्था परिणामतः उत्पन्न करती है और स्नायु शक्तिवर्द्धन व परिवर्तित क्रिया के लिए संवेदनशीलता को तीव्र करती है। अस्थि रोग, सड़न, गलन। साइलीशिया शरीर में सूत्र को पचाने की और घाव के निशान के तन्तुओं को पचाने की शक्ति देती है। क्षय रोग में इसका प्रयोग सावधानी से करना चाहिए। क्योंकि ऐसी अवस्था में यह घाव-चिह्न पचा कर रोग को तीव्र कर देता है जो पहले उन तन्तुओं में दबा था (जे० वियर)। यान्त्रिक परिवर्तन, इसका काम गहरा और धीमा होता है। सामयिक अवस्थायें, फोड़े, तालुमूल प्रदाह, सिर दर्द, आक्षेप, मिरगी रोग, आक्रमण के पहले ठंडापन। कोमल अर्बुद। कण्ठमालिक बच्चे अस्थि दौर्बल्य विकारी, जिनका सिर बड़ा हो, बच्चों की चाँद का अस्थि-सन्धि स्थान खुला हुआ और पुराने टाँकों का खुलना, उदर फूलना। बच्चों के चलना सीखने में देर लगे। माता का टीका लगवाने के दुष्प्रभाव। मवाद बनने की अवस्थाएँ। सभी नासूर छेद प्रभावित होते हैं। चूँकि मवाद बनाता है इसलिए फोड़ों के पकने में सहायक होता है। साइलीसिया का रोगी ठंडा, काँपता है, आग को छाती से लगाता है; बहुत गरम कपड़ा पहनता है, बाहरी हवा से घृणा करता है, हाथ और पैर ठण्डे, जाड़े में रोग अधिक हो। जीवनताप की कमी। मानसिक और शारीरिक शिथिलता। सर्दी

के प्रति असहिष्णुता। मदिरायुक्त पेय से घृणा। सभी रोग जिनमें मवाद बनने की प्रवृत्ति हो। मिरगी रोग। नैतिक अथवा शारीरिक साहसहीनता।

मन—सहनशील, कायर, चिंतित। स्नायविक और उत्तेजित। प्रबल असहिष्णुता। मानसिक धुँधलापन। जिद्दी, हठी बच्चे। चित्तभ्रम। विचार दृढ़ता, केवल आलपीनों के बारे में सोचता रहता है, उनसे भय मालूम पड़े। उन्हें खोजता है और गिनता है।

सिर—उपवास करने से आयी टीस। ऊपर देखने से चक्कर आये, गरम कपड़ा लपेटने से कम, बाईं करवट लेटने से भी कम। (मैग्नेशिया० म्यूरि०, स्ट्रांशिया०)। सिर पर अधिक पसीना; घृणित, गर्दन तक पहुँचे। दर्द सिर के पिछले भाग में शुरू होकर सिर भर में फैले और आँखों के ऊपर आकर ठहर जाये। दोनों भौंवों के बीच का स्थान फूला हो।

आँखें—आँखों के कोने रोगग्रस्त। अश्रु-नलिका का फूलना। प्रकाश से घृणा, खासकर दिन के प्रकाश से, उससे चकाचौंध हो, आँखों में तेज दर्द, आँखें स्पर्श सहन न करें, बन्द करने से कष्ट बढ़े। साफ न दिखाई पड़ना, अक्षर गिचपिचा जायें। बिलनी। उपतारा प्रदाह, उपतारा तथा कृष्णपटल प्रदाह, आंतरिक भाग में मवाद पड़ना। कनीनिका में छेद होना या चर्बीला घाव। आघात के कारण कनीनिका का फाड़ा। दफ्तर में काम करने वालों का मोतियाबिन्द। चक्षु-प्रदाह और कनीनिका घाव के दुष्प्रभाव। धुँधलापन साफ करती है। ३०x शक्ति महीनों तक व्यवहार करें।

कान—घृणित स्राव। कर्णास्थि का सड़ना। पिस्तौल छूटने जैसी तेज आवाज। आवाज असह्य। कानों में गरज।

नाक—नाक के सिरे पर खाज। सूखी, कड़ी खुरण्ड, उखाड़ने से खून बहे। नाक की हाड्डियाँ उत्तेजित। सुबह को छींक आना। जकड़ी और गन्धहीन। निचले पर्दे की झिल्ली में छेद होना।

चहरा—होंठ के किनारों का चर्म चिटकना। ठुड्डी पर दाने। मुखमंडल का स्नायुशूल, थरथराहट, फरन, लाली, ठंडी तरी से रोग बढ़े।

मुँह—जबान पर बाल रखा है, ऐसा मालूम पड़े। मसूड़े ठंडी हवा सहन न करें। मसूढ़ों पर फुड़िया। दाँत की जड़ पर फोड़े। मसूढ़ों का सड़ना। (मर्कुरियस कोरोसाइ०), ठंडा पानी असह्य।

गला—सामयिक तालुमूल प्रदाह। तालुमूल में आलपीन जैसी गड़न। जुकाम

गले में जमा हो जाये। कर्णमूल-ग्रन्थि फूली हों। (बेला,० रस०, कैल्के०)। निगलने में चुभन दर्द। ग्रीवा ग्रन्थि कड़ी, ठंडी फूली हुई।

आमाशय—मांस और गरम भोजन से घृणा। भोजन निगलने पर पिछले छिद्र में सरलता से घुस जाये। भूख न लगना, प्यास अधिक। खाने के बाद खट्टी डकार। (सिपिया०, कैल्के०)। तलपेट दाब से दर्द करे। पीने के बाद कै करना। (आर्से०; वेरेट्रम०, वेरैटा०)।

उदर - दर्द या दर्दीली ठंडक उदर में, बाहरी गरमी से कम। कड़ा, फूला। शूल, कटन दर्द, साथ में कब्ज, पीले हाथ और नीले नाखून। आँतों में अधिक गड़-गड़ाहट। पुट्ठे की ग्रंथियाँ फूली हुईं और दर्दीली। जिगर का फोड़ा।

मलाशय—पक्षाघातग्रस्त मालूम हो। गुदा में नासूर। (वर्बे०; लैके०)। दरारें और बवासीर, दर्दीली संकुचन छल्ले में झटकन के साथ। मल कठिनाई से निकले, जरा-सा निकल कर फिर भीतर सरक जाये। बहुत काँखना पड़े, मलाशय में चुभन, मलद्वार बन्द हो जाये। मल बहुत देर तक मलाशय में अटका रहे। मासिक-धर्म के पहिले और बीच में सदा कब्ज रहे, साथ में गुदा संकोचन, छल्ले में उत्तेजना। दुर्गन्धित दस्त।

मूत्र—खूनी, अनैच्छिक, लाल या पीली तलछट के साथ। मलत्याग काल में काँखने पर ग्रन्थि रस निकले। केचुवे वाले बच्चों को रात में अनैच्छिक मूत्र-त्याग।

पुरुष—जांघों के भीतरी भाग पर दोनों के साथ; जननेन्द्रिय पर जलन और छरछराहट। जीर्ण सुजाक, गाढ़ा, घृणित स्राव। अण्डकोष फूलना। अति कामोत्ते-जना, रात्रि-वीर्य-स्खलन। अण्ड वृद्धि।

स्त्री—दूधिया (कैल्के०, पल्से, सिपिया) तेजाबी प्रदर, मूत्र-स्खलन-कालीन। योनिलिंगिका और योनि खाज, अति उत्तेजनीय। दो मासिककाल के बीच में रक्त-स्राव। सारे शरीर पर बर्फीली ठंडक के आक्षेपिक आक्रमण के साथ अधिक मासिक-स्राव। स्तन घुण्डी अति दर्दीली, जल्दी पके, भीतर को धँसी हों। स्तनों के नासूरी घाव (फास०)। योनि के होठों का फोड़ा। जब बच्चा दूध पीये तब योनि से रक्त बहे। योनि पर श्लैष्मिक थैलियाँ। (लाइको०; पल्से०; रोडो०)। स्तन में कड़ी गुठलियाँ। (कोनियम०)।

साँस यन्त्र—जुकाम जल्द अच्छा न हो, बलगम लगातार, मवादी श्लैष्मिक और अधिक। फुफ्फुस प्रदाह के बाद अच्छा होने में देर लगे। खाँसी और गलक्षत साथ में छोटी गोलियों की तरह बलगम जो टूटने से बहुत दुर्गन्ध करे। दिन में बलगम के साथ खाँसी, खूनी या मवादी। सीने के भीतर से होकर पीठ तक चिलकन। लेटने

के समय तीव्र खाँसी, गाढ़ा, ढोंकेदार, पीला बलगम, बलगम की मवादी अवस्था (बेलसमम पेरूवियेनम)।

पीठ—रीढ़ कमजोर, पीठ पर बाहरी हवा लगने से अति उत्तेजनीय, रीढ़ की अन्तास्थि में दर्द। रीढ़में चोट लगने से उसमें उत्तेजनीयता, रीढ़ की हड्डियों का रोग। रीढ़ की वक्रता।

नींद—सोते में चलना-फिरना, नींद में ही उठ बैठे। अनिद्रा, अधिक रक्तोत्तेजना और सिर में गरमी के साथ। सोते में अक्सर चिहुँकना। व्याकुल स्वप्न। अधिक मुँह फैलाना।

अंग—गृध्रसी। कूल्हा, टाँगों, पैरों में दर्द। पिण्डली और तलवों में ऐंठन। टाँगों की कर्महीनता। हाथों के प्रयोग से उनमें कम्पन आए। अगली बाँह की पक्षाघातिक कमजोरी, अंगुलियों के नाखूनों के रोग, खासकर अगर उन पर सफेद धब्बे हों, पैर के नाखूनों का भीतर की तरफ बढ़ना। बर्फीली ठंडक और पसीनेदार पैर। जो भाग सोने में दबे वह सुन्न हो जाये। पैरों, हाथों और काँखों में घृणित पसीना। अंगुलियों के सिरों में पकन संवेदन। गल्का रोग। घुटने में दर्द मानों कसकर बँधा हो। पिंडली तनी और सिकुड़ी। पैर की अंगुलियों के नीचे दर्द। तलवे दर्दीले। (रूटा०)। पैर के भीतरी भाग से भीतर ही भीतर तलवों तक दर्दीलापन। मवाद पड़ना।

चर्म—अंगुली के फोड़े, फोड़े-फुन्सियां, पुराने नासूरा घाव। कोमल, हल्का पीला, मोम जैसा चर्म। अंगुलियों के सिरे के पास चिटकना। ग्रन्थियों का बिना दर्द के फूलना। गुलाबी रंग के चकत्ते। पुराने घाव के निशान एकाएक दर्दीले हो जायें। मवाद घृणित। तन्तुओं में धँसी हुई चीज बाहर निकालने में सहायक हैं। जरा-सी चोट पक जाये। दीर्घकालीन नासूरी और मवादी अवस्था। अंगुलियों के सिरे सूखे। चर्म फटन, केवल दिन में या शाम को खुजलायें। नाखून चिटके हुए नाटे। कड़े अर्बुद। जोड़ों के फोड़े। अशुद्ध टीका लगवाने की बाधायें। कोषों का बढ़ना। कुष्ठ रोग, अस्थि गुल्म और ताँबे के रंग के चकत्ते। कोर्म अर्बुद।

ज्वर—शीत; ठंडी हवा असह्य। रेंगन, सारे शरीर पर कम्पन। अंग ठंडे गरम कमरे में भी। रात में पसीना सुबह के लगभग अधिक। रोगग्रस्त भाग ठंडा मालूम पड़े।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : अमावस को, सुबह को, धोने से, मासिक काल में ओढ़ना हटाने से, लेटने से, तरी में बायीं करवट लेटने से, ठंडक से। घटना : हल्के गरमी से, सिर को लपेटने से, गरमी के दिनों में; भींगना या नम मौसम में।

सम्बन्ध—पूरक : थूजा०, सैनिकू०, पल्स, फ्लोरिक एसिड। मरक्यूरियस और साइलीसिया एक के बाद दूसरी अच्छा काम नहीं करती।

तुलना कीजिए : ब्लैक गनपाउडर ३x (फोड़े, फुन्सियाँ, कारबंकल, अंग बैंगनी)। घाव जो न भरें; खराब भोजन या पानी का बुरा परिणाम—(क्लार्क)। हीपर, कैलि फॉस०; पिक्रि० एसिड; कैल्के०; फॉस०; ताजशोर, नैट्रम सिलिकम (अर्बुद; अस्वाभाविक रक्तस्राव की प्रवृत्ति, सन्धि-प्रदाह; मात्रा ३ बूँद, दिन में ३ बार दूध में); फेरम सायनेटम (मिरगी, स्नायु रोग, साथ में उत्तेजनीय दौर्बल्य और अति उत्तेजनीयता, खासकर सामयिक प्रकार की), सिलिका मैरिना—सी सैंड-सिलिका और नैट्रम म्यूर के लक्षण। ग्रन्थि प्रदाह और पकन का आरम्भ। कब्ज। (कुछ समय तक ३x विचूर्ण व्यवहार करें), विट्रम-क्राउन ग्लास—(रीढ़ की वक्रता, सिलिका के बाद, हड्डी का सड़ना, स्राव पतला, पानी-सा घृणित। अधिक दर्द, कंकड़ी की तरह किरकिराहट और रगड़न), एरंडी डोनैक्स (निष्कामक और उत्पन्नकारक यन्त्रों पर काम करती है, पकन, खासकर जीर्ण और जहाँ घाव नासूरी हो, खासकर लम्बी हड्डियों में। सीने पर, ऊपरी अंगों पर और कानों के पीछे खुजलीदार दाने)

मात्रा—६ से ३० शक्ति। २०० और उससे ऊँची शक्ति निश्चित रूप से प्रभावशाली : कठोर सांघातिक रोगों में कभी-कभी सबसे निचली शक्तियाँ लाभदायक होती हैं।

———

सिल्फियम (Silphium)

(रोजिन वीड)

कई प्रकार के दमा रोग और जीर्ण वायुनलिका प्रदाह में व्यवहार की जाती है। मूत्राशय का नजला इन्फ्लुएन्जा। पेचिश; आक्रमण से पहले सफेद श्लेष्मा से ढँका हुआ कब्ज का मल।

साँस-यन्त्र—तर खाँसी, बलगम अधिक; तारदार, झागदार, हल्के रंग का। सीने में श्लेष्मा के लड़खड़ाने के संवेदन से शुरू हो और बाहरी हवा से अधिक हो। फुप्फुस का संकुचन। जुकाम, साथ में अधिक, तारदार श्लैष्मिक स्राव। गला खखारने और खुरचने की इच्छा। पिछले छिद्रों की उत्तेजना जिसमें नथनों की श्लैष्मिक झिल्ली भी सम्मिलित हो, साथ में आँखों के घेरों के ऊपर के भाग में संकुचन।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एरालिया०, कोपेवा०; टेरिबि०; क्युबेबा, सैम्बु०;

सिल्फियॉन साइरेनैकम (फुफ्फुस का क्षय रोग, साथ में लगातार खाँसी, अधिक रात-पसीना; दुवलापन इत्यादि); पालिगोनम एविक्युलेरे (क्षय रोग में उपयोगी पाई गई है जब मूल अरिष्ट की स्थूल मात्रा दी गई), सैल्विया (गुदगुदीदार खाँसी), आरम ड्रैकान्टियम (रात में लेटने पर ढीली खाँसी)। जस्टिसिया एधाटोडा (वायुनलिका का नजला, अधिक भारी और अति उत्तेजनीय)।

मात्रा —३ शक्ति। कुछ लोग निचली विचूर्ण शक्ति को अच्छा समझते हैं।

सिनापिस नाइग्रा (Sinapis Nigra)

(ब्लैक मस्टर्ड)

इन्फ्लुएञ्जा, जुकाम, और गलकोष प्रदाह में उपयोगी है। गाढ़े ढोंकेदार स्राव के साथ नथने और गलकोष का सूखापन।

सिर—सिर की खाल गरम और खुजलाए। ऊपरी होंठ और सिर के अगले भाग पर पसीना। जबान छालेदार मालूम पड़े।

नाक - पिछले छिद्र का श्लेष्मा ठंडा मालूम पड़े। थोड़ा, तेजाबी स्राव। पूरे दिन बायाँ नथुना बन्द रहे या तीसरे पहर और शाम को। सूखा, गरम आँख से पानी बहने के साथ, छींक, ठोंकन, खाँसी लेटने से कम। नथुना एक के बाद दूसरा बन्द हो। नथनों के अगले भाग का सूखापन।

साँस-यन्त्र—लेटने से खाँसी कम हो जाये।

गला—झुलसा, गरम, सूजा मालूम पड़े। दमा जैसा साँस। तेज आवाज वाली खाँसी के हमले, साँस बाहर निकलने में कुत्ता भोंकने जैसी आवाज निकले।

आमाशय—घृणित साँस, प्याज की गन्ध (एसाफि०; ऐरमोरैक०) पेट में जलन, कंठनली, गला और मुँह तक बढ़े जिसमें मुख-क्षत हो। गरम, खट्टी डकार। शूल। केवल झुकने पर शूल उठे, सीधे बैठने से कम हो। पसीना, मिचली आने से कम हो।

मूत्र—मूत्राशय में दर्द, रात-दिन बार-बार अधिक पेशाब होना।

पीठ—पसलियों के बीच की पेशियों में और कटिक्षेत्र में वात दर्द, पीठ और कूल्हों के दर्द से नींद न आये।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: सल्फर, कैप्सिकम०, कोलोसि०, सिनैपिस ऐल्बा—व्हाइट मस्टर्ड—(गले के लक्षण स्पष्ट, खासकर दाब और जलन, कण्ठनली में रुका-

वट के साथ, गलनली में ढोंका जैसा संवेदन जो वक्षास्थि के ऊपरी भाग के पी
मालूम हो, साथ में बहुत डकार आवे, वैसे ही लक्षण मलाशय में मालूम हो। मस्ट
आयल सूँघने से (त्रिकशाखा नाड़ी के संवेदन, नाड़ी के अन्त होने के स्थान प
काम करती है। कानों के निचले भाग की पीड़ा कम करती है और नाक, नथु
और तालुमूल की पीड़ाजनक अवस्थाओं में लाभदायक है)।

मात्रा—३ शक्ति।

स्कैटाल (Skatol)

अन्नासार सड़न की अन्तिम अवस्था दर्शाती है और मानव मल का एक अं
है। आंत्रिक सड़न के कारण स्वयं विष के साथ मुहासे।

आमाशय और उदर के लक्षण तथा सिर के अगले भाग में दर्द। मन्दता औ
उत्साहहीनता। कोसने और कसम खाने की इच्छा।

मन—ध्यान लगाने की कमी; अध्ययन करना असम्भव, निराश, लोगों के सा
रहने की इच्छा। चिड़चिड़ापन। सबकी तरफ से गन्दा विचार।

सिर—अगले भाग का दर्द, बाईं आँख पर अधिक, शाम को अधिक हो, ज
सो जाने के बाद कम हो।

पक्वाशय—जबान पर मैल, घृणित स्वाद। सब अनाज का स्वाद नमकी
लगे। डकार लेना। भूख अधिक। हल्का, पीला, पतले आकार का कम, अ
घृणित मल। आंत्रिक अनपच।

मूत्र—अकसर, थोड़ा, जलन, कठिन।

नींद—सोने की अधिक इच्छा, जागने पर अप्रफुल्लित, निद्रालु अवस्था।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : इण्डोल, बैप्टिसिया, सल्फर।

मात्रा—६ शक्ति।

स्कूकम चक (Skookum Chuck)

(चक-वाटर एँड स्कूकम-स्ट्रांग)

(साल्ट्स फ्राम वाटर फ्राम मेडिकल लेक नियर स्पोकेन, वाश)

चर्म और श्लैष्मिक झिल्ली से प्रबल आकर्षण है—एक खाजनाशक औषधि

मध्य कर्ण प्रदाह। अधिक, रक्तमय मुर्दे जैसी गन्ध का स्राव। मूत्र में मूत्राम्ल की अधिकता। जुकाम। जुलपित्ती। चर्मरोग। अकौता। सूखा चर्म। इन्फ्लुएन्जा। अधिक जुकामी स्राव और छींकें आना।

सम्बन्ध – सैक्सोनाइट—(चर्म को साफ करने की, गन्धहीन और शान्तिप्रद गुण होते हैं। (कॉपर्थवेट)। अकौता, झुलसन, जल जाना, घाव, बवासीर)।

मात्रा—१ विचूर्ण।

सोलेनम लाइकोपरसिकम (Solanum Lyco.)

(टोमैटो)

वात रोग और इन्फ्लुएञ्जा के लक्षण स्पष्ट हैं। सारे शरीर पर तीव्र टीस। इन्फ्लुएन्जा के बाद दर्द रह जाये। सिर में सदा तीव्र रक्ताधिक्य के चिह्न दिखाई दें। इन्फ्लुएञ्जा, जरा-सी धूल में साँस लेने से स्पष्ट रूप से रोग बढ़ जाये। घड़ी-घड़ी पेशाब लगना और अधिक पानी-सा दस्त।

सिर—फटन दर्द, पिछले भाग से शुरू होकर सारे शरीर में फैले। सारा सिर और उसकी खाल दर्द वाली मालूम हो, कुचली, जो दर्द बन्द होने के बाद मालूम पड़े।

आँखें—मन्द, भारी, पुतली सिकुड़ी हुई, ढेले सिकुड़े मालूम हों, आँखों के अन्दर और चारों तरफ टीस। आँखें भरभराई हुई।

नाक—अधिक, पानी-सा जुकाम; गले में टपक पड़े। अगले भाग में खुजली; नाक में गर्द जाने से अधिक हो; घर के अन्दर कम रहे।

दिल—चिंता और भयभीत होने के साथ नाड़ी की गति में स्पष्ट रूप से वृद्धि।

साँस-यन्त्र—आवाज भारी। सीने में दर्द, सिर तक बढ़े। आवाज फटी हुई; लगातार गला साफ करने की इच्छा। ठेलने वाली खाँसी, गहरी और कड़ी। सीना दबा जान पड़े, सूखी, ठोंकन खाँसी, रात में अधिक आए और नींद न आने दे।

मूत्र—खुली हवा में बराबर टपका करे। रात में पेशाब करने उठना पड़े।

अङ्ग—पीठ के आरपार पर टीस। कटि-प्रदेश में धीमा दर्द। दाहिनी त्रिकोण कंधास्थि में और वक्षाच्छादिनीपेशी में तेज पीड़ा। दाहिनी बाँह के बीच में गहराई तक दर्द। दाहिनी केहुनी और कलाई में और दोनों हाथों में वातपीड़ा। निचले अंगों में तीव्र टीस। दाहिनी जाँघ का स्नायुशूल। दाहिनी बाँह के भीतर वाली दोहरी हड्डी के स्नायु मार्ग में चुनचुनाहट।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : दाहिनी तरफ, खुली हवा में, लगातार हरकत से, झटका, आवाज। घटना : गरम कमरे में, तम्बाकू से।

सम्बन्ध तुलना कीजिये : बेलाडो० बाद में अच्छा काम करती है। (युपे० पर्फ; रस०, सैंग्विने०; कैप्सि०)।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

सोलेनम नाइग्रम (Solanum Nigrum)

(ब्लैक नाइट शेड)

सारे शरीर में धनुष्टंकारीय आक्षेप और सख्ती के साथ उन्माद। अर्गट खाने की बुरी आदत की अवस्था में लाभ के साथ व्यवहार की गई है। सिर और आँखों पर स्पष्ट प्रभाव पड़ता है। मस्तिष्क प्रदाह। जीर्ण आंत्रिक विषैली अवस्था। दाँत निकलने के काल में मस्तिष्क उत्तेजना। प्रचण्ड और आक्षेपिक प्रकार की बेचैनी। अंगों के सिकुड़न के साथ सुरसुरी।

सिर—प्रचण्ड प्रलापक सन्निपात। चक्कर, घोर सिर दर्द और मानसिक क्रिया की पूर्ण लोपता। भयानक स्वप्न। रक्त संचित सिर दर्द।

नाक—तीव्र जुकाम, अधिक पानी-सा स्राव; दाहिने नथने से, बायाँ बन्द, साथ में कम्प और गरमी बारी-बारी से।

आँखें दोनों आँखों में ऊपर दर्द। पुतलियों का बारी-बारी फैलना और सिकुड़ना, दुर्बल दृष्टि, तैरते हुए धब्बे दिखाई दें।

साँस-यन्त्र—सीने में संकुचन संवेदना कठिन साँस के साथ; गले में गुदगुदी के साथ। बलगम गाढ़ा, पीला। बायीं तरफ सीने में दर्द; स्पर्श से दर्द।

ज्वर—ठंडक और गरमी बारी-बारी। अरुण ज्वर, चकत्तों में फरन। जबड़े सुर्ख।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : बेलाडो०; सोलेनम कैरोलिनेंस—हॉर्स नेटल—(आक्षेप और मिरगी, २०-४० बूँद की मात्रा में; बुद्धिहीन प्रकार की मिरगी में अति लाभदायक, जहाँ रोग बचपन से आगे बढ़ने लगे, गुल्म वायुयुक्त मिरगी, कुकुर खाँसी में भी), सोलेन० मेमोसम—ऐपल ऑफ सीडम (बायें कूल्हे के जोड़ में दर्द), सोलेन० ओलेरैसियम—(स्तन ग्रंथि का फूलना, अधिक दुग्ध स्राव के साथ), सोलेन० ट्यूबरोसम—पिंडली ऐंठन और अंगुलियों का सिकुड़न; दाँत बन्द करके थूकना), सोलेन० वेसिकैरियम—(चेहरे के पक्षाघात में सिफारिश की गई है)। सोलेन०

एसिटिकम (वृद्ध और बच्चों के वायुनलिका प्रदाह की अवस्था में फुफ्फुस के पक्षाघात की सम्भावना, बलगम निकालने के लिए बहुत देर तक खाँसना पड़े, सोलेन०, स्यूडोकैप्स० (तीव्र पीड़ा, निचले उदर में), सोलेन० ट्यूबेरोस, एग्रोटेंस—डिजीज्ड, पोटैटो—(मलाशय बाहर निकलना, विस्तृत गुदा; साँस और शरीर से दुर्गन्ध आये, मलाशय के अर्बुद; सड़े आलू की तरह लगें; खून भरे छोटे गड्ढों का स्वप्न देखना; (सोलेनम ट्यूबरोसम—पोटैटो बेरीज—(टाँगों की पिण्डली और अंगुलियों में ऐंठन) ।

मात्रा—२ से ३० शक्ति ।

सोलिडागो विर्गा (Solidago Virga)

(गोल्डेन रॉड)

क्षय रोग में इस फूल के अन्दर की बुकनी सूँघने से फुफ्फुस रक्तस्राव उत्पन्न हुआ था । क्षय रोगी को बराबर जुकाम होना, (२x) । कमजोरी मालूम देना, बारी-बारी शीत और गरम, गलकोष का नजला, गले में जलन, अंगों में पीड़ा और वक्षस्थली घाव । मूत्रकृच्छ्र के साथ गुर्दों के क्षेत्र में दर्द । गुर्दे दाब सहन न करें । साण्डलाल मूत्र (ब्राइट का रोग), इन्फ्लुएञ्जा जो सोलिडैगो के कारण उत्पन्न हुआ हो । ऐसी अवस्था में ३० शक्ति या ऊँची शक्तियाँ दीजिये ।

आँखें—रक्तसंचित, पानी-सा, जलन, चुभन ।

नाक—अधिक श्लैष्मिक स्राव के साथ नथनों में उत्तेजनीयता; छींकों का दौरा ।

आमाशय—कड़वा स्वाद, खासकर रात में, बहुत थोड़ा कत्थई और खट्टे मूत्र के साथ जबान पर मैल ।

साँस—वायुनलिका प्रदाह, अधिक मवादी बलगम के साथ खाँसी, खून की लकीरें, दबा हुआ साँस । लगातार कष्टदायक साँस । प्रति रात को मूत्रकृच्छ्र के साथ दमा ।

स्त्री—गर्भाशय का बढ़ जाना, मूत्राशय पर नीचे की तरफ दबा हो । सौत्रिक अर्बुद ।

मूत्र—थोड़ा, लाली लिए कत्थई, गाढ़ा तलछट, मूत्रकृच्छ्र पथरी । कठिन और थोड़ा । मूत्र में एल्बूमेन, खून, चिकनाई । गुर्दों की दर्द जो आगे की तरफ उदर और मूत्राशय तक बढ़े (बर्बे०) साफ और घृणित मूत्र । प्रायः कैथेटर के प्रयोग की आवश्यकता नहीं होने देना ।

पीठ—रक्त संचित गुर्दों का पीठ दर्द। (सेनेसि० ऑरि०)।

चर्म—चकत्ते, खासकर निचले अंगों पर; खुजली। मूत्र की गड़बड़ी, शोथ और सड़न-भय के साथ निचले भागों में चर्म-पुष्पिका।

सम्बन्ध—आयडोफार्म २x गोल्डेन रॉड के विष को नाश करती है। आर्सेनिक। एग्रिमोनिया। (गुर्दा प्रदेश में दर्द)।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति। सोलिडागो का तेल १ औंस से ८ औंस तक, मदसार, १५ बूँद की मात्रा में वृद्ध लोगों के वायुनलिका प्रदाह और वायुनलिका दमा रोग में बलगम निकालने के लिए देना चाहिए। (एलि जा. जोन्स)।

स्पारटियम स्कोपेरियम (Spartium Scoparium)

(ब्रूम)

स्पारटीन सल्फेट हृदय की शक्ति बढ़ाती है, उसकी गति को कम करती है और रक्तचाप घटाती है। वह वेरेट्रम और डिजिटैलिस के उत्पन्न किये हुए अच्छे प्रभाव को जारी रखती है (हिंस्डेल)।

स्पारटीन सल्फेट ने (ब्रूम का क्षारोद सत्त) सिद्ध करने वाले व्यक्तियों के हृदय के फैलने और सिकुड़ने की क्रिया को कम कर दिया था। स्फाइगमोग्राम्स से यह भी स्पष्ट होता है कि रक्तचाप भी कम हो गया था। यह रक्तचाप और नाड़ी की गति को इसलिए कम करती है क्योंकि इसका विष फुफ्फुस-पाकाशयिक स्नायु को शक्ति देने के साथ, हृदय पेशियों पर अपना प्रभाव डालकर, हृदय गति को मन्द कर देती है। यह हृदय की संकोचन क्रिया मन्द कर देती है। यह हृदय की संकोचन क्रिया को कमजोर कर देती है। मूत्र की मात्रा बढ़ जाती है। इसलिए इस औषधि में मूत्र-वृद्धि के गुण हैं। अतः यह शोथ रोग में लाभदायक है।

सांडलाल मूत्र। साँस क्रिया कठिन। इन्फ्लुएन्जा और दूसरे संक्रामक रोगों के बाद क्रम-भ्रष्ट हृदय गति। तनाव की मन्दता। धमनियों के अधिक तनाव, धमनियों की सख्ती को रोकने के लिए, शामक क्रिया के लिए स्थूल मात्रा में प्रयोग की जाती है। मार्फिया की आदत को रोकने के बाद, हृदय गति को शक्तिवान रखने के लिए १।१० से १।४ ग्रेन इंजेक्शन द्वारा अति लाभदायक है। स्पारटियम उस समय सांकेतित होती है जब मौलिक रूप से हृदय की पेशियाँ और खासकर स्नायु यन्त्र रोगग्रस्त होते हैं। तेजी से कम करती है और उसका प्रभाव ३ से ४ दिनों तक रहता है। पाचन में कोई बाधा नहीं करती। गुर्दा-प्रदाह।

दिल—तम्बाकू से आए उपद्रव। हृदय शूल। क्रम-भ्रष्ट क्रिया, गैस इत्यादि से क्रम बिगड़ गया हो, कमजोर, स्नायविक, गुल्म वायु रोगियों में। हृदय पेशियों की क्षीणता, संतुलनशक्तिहीनता। तनाव में कमी। जल संचित अवस्थाओं में स्पारटीन को २ ग्रेन की मात्रा में देना चाहिये, लेट न सके। ऐसी अवस्था में यह अधिक आराम देती है। गुर्दों पर विशिष्ट प्रभाव रखती है, उनका विष बाहर निकालने में और उसके कम होने से हृदय कष्ट दूर करने में सहायता देती है।

आमाशय—मानसिक मन्दता के साथ पाकाशयिक-आन्त्रिक पथ में वायु संचयता।

मूत्र—मूत्र-मार्ग में या स्त्री की बाहरी जननेन्द्रिय में जलन। अधिक मात्रा में मूत्र निकलना।

मात्रा—१ से ३ विचूर्ण।

स्पाइजेलिया (Spigelia)

(पिंकरूट)

स्पाइजेलिया हृदयावरण झिल्ली प्रदाह की और हृदय के दूसरे रोगों की महत्वपूर्ण औषधि है, क्योंकि इसकी सिद्धि बाहरी परिवर्त्तनों को बहुत सावधानी से ध्यान देने के विचार से की गई थी और इसके आन्तरिक लक्षणों की अनेक प्रयोगों से पुष्टि की गई है। (सी. हेरिंग)।

आँख, हृदय और स्नायुमण्डल से बहुत आकर्षण रहती है। इसके प्रभाव में पाँचवीं स्नायु का स्नायुशूल प्रधान है। खास तरह के रक्तहीन, दुर्बलता वातग्रस्त और कण्ठमालिक रोगियों के लिए उपयोगी है। चुभन दर्द। हृदय रोग और स्नायुशूल। स्पर्श असह्य। रोगी भाग ठिठुरे लगें; सारे शरीर में गनगनी दौड़ा दे। कृमि की उपस्थिति के कारण रोगों की औषधि। बच्चा नाभि को अति सन्तापपूर्ण स्थान दर्शित किया करता है। (ग्रैनेटम, नक्स मॉस०)।

मन—तेज आलपीन, सूई इत्यादि नोकदार चीजों से भय लगे।

सिर—अगले उभरे भाग के नीचे दर्द जो आँखों तक बढ़े। (ओनोसमोडियम)। आधे भाग का दर्द, बायीं आँख भी सम्मिलित हो; और पीड़ा, थरथराहट, गलत कदम रखने से अधिक हो। सिर के चारों तरफ फीता कसा जैसा दर्द। (कार्बोलिक एसिड; कॅक्ट०; जेल्से०) चक्कर, सुनने की संवेदना अति तीव्र।

आँखें—बहुत बड़ी जान पड़ें, घुमाने से उन पर दाब दर्द। पुतली फैली, प्रकाशासह्यता; वात सम्बन्धित नेत्र प्रदाह। आँखों के भीतर और चारों तरफ तीव्र पीड़ा जो उनके खोखले में गहराई तक जाये। पलकों का स्नायुशूल। सच्चा स्नायु प्रदाह।

नाक—अगला भाग सदा सूखा रहे, पिछले भाग से स्राव निकले। जीर्ण जुकाम; पिछले भाग से सरल श्लेष्मा निकले।

मुँह—जबान दरारदार, दर्दीली। फटन जैसा दाँत दर्द, खाने के बाद और ठंडक से अधिक हो। मुँह से दुर्गन्ध निकले। घृणित स्वाद।

चेहरा—चेहरे का लकवा रोग; आँखें, गण्डास्थि युगलक प्रवर्द्धन, गाल, दाँत, कनपटी सभी रोगग्रस्त हों; झुकने से, स्पर्श से, सुबह सूर्यास्त तक अधिक रहे।

दिल—घोर धड़कन। दिल के ऊपर सीने के क्षेत्र में दर्द और हिलने से अधिक हो। धड़कन के अक्सर हमले खासकर मुँह से दुर्गन्ध के साथ। नाड़ी कमजोर और क्रमभ्रष्ट। हृद्वेष्ट का प्रदाह, चुभन दर्द के साथ, धड़कन, साँस कष्ट। स्नायुशूल बाँह तक या दोनों बाहों तक बढ़े। हृदयशूल। गरम पानी की इच्छा जिससे कम हो। वातिक हृदय पीड़ा, काँपती नाड़ी, सारा बायाँ भाग दर्द करे, कष्टदायक साँस, दाहिना तरफ सिर ऊँचा करके लेटना आवश्यक हो।

मलाशय—खुजली और रेंगन। घड़ी-घड़ी असफल चेष्टा। केंचुवे।

ज्वर—जरा भी हिलने से कम्प आये।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : स्पर्श से, हरकत से, आवाज से, घूमने, धोने, धक्के से। घटना : सिर ऊंचा करके दाहिनी करवट लेटने से, साँस भीतर खींचने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : स्पाइजेलिया मेरिलैंडिका (उन्मादीय उत्तेजना, हँसने और रोने के दौरे, जोर से, बिना सिलसिले की बातें करना, चक्कर, पुतली फैली, रक्ताधिक्य)। एकोना०; कैक्ट०; सिमिसि०; आर्निका० (स्पाइजेलिया जीर्ण आर्निका है), सिनाबरिस, (आँखों के घेरों के दर्द) नाजा०; स्पांजिया० (हृदय), सैबाडि०, ट्युक्र०, सिना (कृमि रोग के लक्षण)।

क्रियानाशक : पल्सेटिला।

मात्रा—६ से ३० शक्ति स्नायुशूल लक्षण में, २ से ३ शक्ति प्रादाहिक लक्षणों में।

स्पाइरिया अल्मारिया (Spiraea Ulmaria)

(हार्डहैक)

गल नली में जलन और दाब, सिकुड़ी लगे, मगर निकलने से कष्ट न बढ़े। दोषपूर्ण अन्तरात्मिक मान्यता। मूत्र मार्ग की उत्तेजना को कम करती है, मूत्राशय ग्रन्थि पर प्रभाव डालती है, जीर्ण सुजाक स्राव और मूत्राशय ग्रन्थि के स्राव को रोकती है, सतिकाक्षेप, मिरगी और जलांतक रोग में प्रयोग की गई है। पागल जानवरों के काटने पर। भिन्न-भिन्न भागों में गरम लगना। स्पाइरिया में सैलिसिलिक अम्ल पाया जाता है।

स्पाइरैंथस (Spiranthes)

(लेडीज ट्रेसेज)

स्तन्यकाल में दूध बढ़ाने के लिए दी जाती है। कटिवात और वातरोग, शूल, साथ में औंघाई और आक्षेपिक जम्हाई के लिए व्यवहार में आती है। यह एकोना० की तरह प्रदाहनाशक औषधि है, इसके लक्षणों में रक्त-सञ्चयता और प्रदाह दर्शित होते हैं। डकार के साथ गलनली में अम्लता और जलन।

स्त्री—योनि की तीव्र खाज, योनि घुण्डी लाल, योनि में सूखापन और जलन। मैथुन के समय योनि में जलन-दर्द। रक्तमय प्रदर।

अंग—गृध्रसी, खासकर दाहिनी तरफ की। कन्धों में दर्द, हाथों की शिराओं का फूलना। हाथों की सभी चालक तन्तुओं में दर्द। पैर और उसकी अंगुलियाँ ठण्डी।

ज्वर—गरम लहरें। हथेली पर पसीना। हाथ बारी-बारी गरम और ठण्डे।

मात्रा—३ शक्ति।

स्पांजिया टोस्टा (Spongia Tosta)

(रोस्टेड स्पांज)

साँस-यन्त्र की खाँसी, काली खाँसी इत्यादि के लक्षणों के लिये विशेष रूप से संकेतित औषधि। हृदय रोग और अकसर क्षय रोग की बाधायें। गोरे रंग के ढीले

सूत्रों और फूली ग्रन्थियों वाले बच्चे। जरा-से परिश्रम पर सीने और चेहरे में खून दौड़ने के साथ शरीर की शिथिलता और भारी चिंता तथा कठिन साँस।

मन – चिन्ता और भय। हर एक उत्तेजना से खाँसी आवे।

सिर—खून दौड़ना, फटन, सिर दर्द, माथे में अधिक।

आँखें—पानी बहना, गोंद जैसा या श्लैष्मिक स्राव।

नाक—स्राविक जुकाम और बन्द होना बारी-बारी से। सूखापन; जीर्ण, सूखा, नाक का जुकाम।

मुँह—जबान सूखी और बादामी, फफोलेदार।

गला—गल ग्रंथि फूली हो। चिलकन और सूखापन। जलन और गड़न; गलक्षत, मीठी चीज खाने से अधिक हो। गुदगुदाने से खाँसी आवे। लगातार गला साफ करता रहे।

पेट—अत्यन्त प्यास, विशेष क्षुधा, धड़ पर कसा वस्त्र असह्य, हिचकी।

पुरुष – दर्द और कोमलपन के साथ शुक्ररज्जु और अण्ड का फूलना। अण्डकोष प्रदाह, शुक्ररज्जुक्षय। जननेन्द्रिय में गरमी।

स्त्री—मासिक-धर्म के पहले त्रिकास्थि में दर्द, भूख, धड़कन। मासिक काल में दम घुटने के हमलों के साथ जाग पड़े। (क्यूप्रम०, आयोडि०, लैके०। दमा के साथ मासिक-धर्म का रुकना)। (पल्से०)।

साँस-यन्त्र—सभी वायु मार्गों का अधिक सूखापन। स्वरभंग, स्वरयन्त्र सूखा, जले, संकुचित। खाँसी, सूखी भौंकती, कुकुरखाँसी की तरह, स्वर-यन्त्र स्पर्श से उत्तेजनीय। कुकुरखाँसी; साँस भीतर खींचने और आधी रात से पहले अधिक हो। छोटी साँस, हाँफना, कठिन स्वरयन्त्र में गुल्ली ठँसी जैसी। खाने और पीने से खाँसी रुक जाये, खासकर गरम चीज पीने से। स्पांजिया में सूखी; जीर्ण सहानुभूतिक खाँसी या आंत्रिक हृदय रोग में लाभ होता है। (नाजा०) सीने की गहराई के किसी स्थान विशेष से न रोकी जा सकने वाली खाँसी, वह भाग कच्चा और दर्दीला मालूम पड़े। सीना कमजोर, कठिनाई से बोल सके। स्वर-यांत्रिक क्षय रोग। घेघा, दम घुटने के आक्रमण के साथ। वायु नलिका का नजला; साँय-साँय वाली दम फूलने वाली खाँसी के साथ, ठण्डी हवा में अधिक बलगम और दम घुटना, सिर को नीचा करके लेटने से या गरम कमरे में रोग बढ़े। एकाएक कमजोरी के साथ सीने पर दाब और गरम होना।

दिल—तेज गति वाली प्रचण्ड धड़कन, साँस कष्ट के साथ, लेट न सके; लेटे

आसन में अच्छा मालूम हो। दर्द और दम घुटने के साथ आधी रात के बाद जाग पड़े; भरभराया हो, गरम हो और अति भयभीत हो। (एकोना०)। कपाटीय अक्षमता। हृदय-शूल, गशी, चिंतित और पसीना आये। रक्त में उबाल, शिरायें तनी हुई। हृदय का सीने में उभरना मानो ऊपर की तरफ बाहर धक्का देकर निकल जायेगा। हृदय का ढीलापन, खासकर दाहिनी तरफ का भाग, साथ में दमा का लक्षण।

चर्म—ग्रंथि का फूलना और कड़ापन वहिःसूत्रिक गोलक भी, ग्रीवा ग्रन्थि फूली हुई, साथ में तनाव, पीड़ा जो सिर घुमाने से मालूम हो, दाब से दर्द करे, घेघा। खुजली, छोटी माता।

नींद—भय के साथ जाग पड़े और दम घुटता मालूम पड़े। प्रायः सोने के बाद रोग बढ़े या रोग के बढ़ने ही में सो जाये (लैके०)।

ज्वर—चिन्ता के साथ गरमी के हमले, चेहरे की गरमी, लाली और पसीना।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : ऊपर चढ़ना, तेज हवा से आधी रात के पहले। घटना : नीचे उतरते समय, सिर नीचा करने लेटने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एकोना०; हीपर०; ब्रोमि०; लैके०; मर्कुरियस-प्रोटो आयोड (घेघा)।

मात्रा—२ विचूर्ण या टिंचर से ३ शक्ति।

स्क्वला मैरिटिमा (Squilla Maritima)

(सी-ओनियम)

धीमी क्रिया की औषधि। उन रोगों के लिए अनुकूल है जो कई दिनों में अपनी चरम सीमा पर पहुँचते हैं। हठी, मन्द, वातपीड़ा सारे शरीर में फैले। प्लीहा की औषधि, बायीं तरफ का कष्ट, पसली के नीचे चिलकन। हृदय और प्लीहा रोग की महत्वपूर्ण औषधि। वायुनलिका-फुफ्फुसीय प्रदाह।

खासकर साँस पथ, पाचन मार्ग और गुर्दों पर भी काम करती है। वृद्ध लोगों के जीर्ण वायु-नलिका प्रदाह के लिए मूल्यवान है, जहाँ बलगम खड़खड़ाये, कष्ट-दायक साँस हो और मूत्र की मात्रा कम हो।

आँखें—उत्तेजनीय मालूम हों, बच्चा उनमें मुट्ठी गड़ाया करे। ठण्डे पानी में तैरने जैसा संवेदन।

आमाशय—पत्थर जैसी दाब।

साँस-यन्त्र—स्राविक जुकाम; नाक के किनारे दर्दीले मालूम दें। छींक आना; गला उत्तेजनीय, छोटी, सूखी खाँसी, लम्बी साँस लेना आवश्यक, कष्टदायक साँस और सीने में चिलकन और उदर पेशी की दर्दीली सिकुड़न। प्रचण्ड, अक्रमिक, शिथिलता वाली खाँसी, साथ में अधिक, श्लेष्मा, अधिक नमकीन, चिकना बलगम और साथ में अनैच्छिक मूत्र, छलकन और छींक। बच्चा खाँसते समय चेहरे को मुट्ठी से रगड़े। (कास्टि०; पल्से०)। गहरी सांस लेने से या ठण्डा पानी पीने से, परिश्रम से, गरम हवा से ठंडी हवा में जाने से, खाँसी आवे। छोटी चेचक की खाँसी। रात में कई बार अधिक मात्रा में पेशाब होना। (फॉस० एसिड)। खाँसी के साथ छींकें आना।

दिल—हृदय की शक्ति बढ़ाने वाली औषधि, जो परिधि की रक्तवाहिनियों और हृदय की धमनियों को प्रभावित करती है।

मूत्र—तेजी से पेशाब लगना, अधिक मात्रा में पानी-सा मूत्र। खाँसते समय मूत्र का अनैच्छिक छलकना। (कॉस्टि०, पल्से०)।

चर्म—चुभन दर्द के साथ, शरीर पर छोटे, लाल चकत्ते।

अंग—बाकी शरीर की गरमाहट के साथ हाथ पैरों की बर्फीली ठण्डक। (मिनियेन्थिस)। खड़े होने पर पैर दर्द करे। दुकानदार लड़कियों के पैरों का कोमलपन।

घटना-बढ़ना—घटना : आराम से। बढ़ना : हरकत से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : डिजिटै०; स्ट्रोफेन्थस; एपोसाइनम, कैनाबिनमः ब्रायो०; कैल्किकार्बोनिकम। स्क्विला, डिजिटैलिस के बाद अच्छा काम करती है, अगर यह कठोर रोगों में असफल हो।

मात्रा—१ से ३ शक्ति।

स्टैनम (Stannum)

(टिन)

इसका मुख्य प्रभाव स्नायुमण्डल और साँस-यन्त्रों पर केन्द्रित है। स्टैनम के संकेतित होने की अवस्था में दुर्बलता प्रधान रहती है, खासकर जीर्ण वायुनलिका और फुफ्फुस रोगों में, जहाँ क्षय रोग के आधार पर अधिक मात्रा में श्लैष्मिक-मवादी

स्राव निकलता हो। बात करने से गले और सीने में अधिक कमजोरी मालूम हो। उन दर्दों में स्टैनम की आवश्यकता होती है जो धीरे-धीरे बढ़कर चरम सीमा पर जा पहुँचते हैं और अन्त में धीरे-धीरे गायब हो जाते हैं। पक्षाघात जैसी दुर्बलता, आक्षेप, पक्षाघात।

मन—शोकग्रस्त, चिन्तित। निरुत्साहित। लोगों से मिलने का भय।

सिर - कनपटी और माथे में टीसन। कठोर जुकाम और खाँसी के साथ इन्फ्लुएन्जा। हरकत से दर्द बढ़े; धीरे-धीरे बढ़े और कम हो मानो सिर कसकर बँधा हो, माथा भीतर को दबा मालूम हो। टहलने का झटका सिर में मालूम हो। जबड़े की हड्डी और आँखों के घेरों में खींच के साथ दर्द। कान की ललरी के छिदे स्थान का पकना।

गला—अधिक मात्रा में चपकीला श्लेष्मा, कठिनाई से अलग हो, छुड़ाने की चेष्टा से मिचली आवे। गला सखा और गड़न हो।

आमाशय—भूख। भोजन पकाने की गन्ध से कै हो। कड़वा स्वाद। दर्द दाब से कम हो, मगर स्पर्श से अधिक हो। आमाशय में खालीपन का संवेदन।

उदर—खालीपन के साथ, नाभि के चारों तरफ ऐंठन की तरह शूल। शूल, कड़े दाब से कम हो।

स्त्री—धसन संवेदन। पेट में कमजोर डूबन संवेदन के साथ गर्भाशय की स्थान च्युति। (सीपिया)। मासिक-धर्म समय से पहले और अधिक मात्रा में। योनि में दर्द, ऊपर और पीछे की तरफ मेरुदण्ड तक अति दुर्बलता के साथ प्रदर रोग में।

साँस-यन्त्र—स्वरभंग, वेग के साथ खाँसी आने के साथ बलगम निकले, शाम से आधी रात तक प्रचण्ड सूखी खाँसी। हँसने, गाने, बात करने से खाँसी आये, दाहिनी तरफ लेटने से अधिक हो। दिन में, अधिक मात्रा में हरा, मिठास वाले बलगम के साथ खाँसी आना। सीने में दर्द, सीने में कमजोरी मालूम हो; कठिनाई से बात कर सके। थोड़े बलगम के साथ इन्फ्लुएञ्जा की खाँसी जो दोपहर से आधी रात तक आवे। साँस छोटी, संकुचित, साँस लेते समय और बाईं तरफ लेटने से, उसी तरफ चिलकन। श्लैष्मिक क्षय रोग। यक्ष्मा ज्वर।

नींद—एक पैर सिकोड़ कर और दूसरा फैलाकर सोना।

अंग—पक्षाघात जैसा दौर्बल्य, चीजें गिरा दे। टखने फूले हुए। बैठने की चेष्टा पर अंग एकाएक जवाब दें। नीचे उतरते समय चक्कर और कमजोरी।

अगली बाँह और हाथ की आक्षेपिक फड़कन। कलम पकड़ते समय अँगुलियों में झटका आये। स्नायु प्रदाह। टाइप करने वालों का पक्षाघात।

ज्वर—शाम को गरमी, शिथिल करने वाला रात-पसीना, खासकर सुबह के निकट। यक्ष्मा ज्वर। पसीना खासकर माथे और गरदन की जड़ पर, कमजोर करने वाला, घृणित दुर्गन्ध वाला।

घटना-बढ़ना—**बढ़ना :** आवाज का प्रयोग करने से (जैसे हँसना, बात करना, गाना)। दाहिनी करवट लेटने से, गरम चीज पीने से। **घटना :** खाँसने और बलगम निकालने से, कड़े दाब से।

सम्बन्ध—पूरक : पल्से०।

तुलना कीजिये : स्टैन० आयोडे० ३x—मुलायम तन्तु परिवर्तन की विशेषता के साथ जीर्ण सीना रोग में बहुमूल्य है। लगातार इच्छा खाँसने की, गले में एक सूखे स्थान की गुदगुदी से उत्पन्न हो, जो जबान की जड़ में मालूम पड़े। गले का सूखापन। धूम्रपान करनेवालों की कण्ठनली और वायुनलिका की उत्तेजना। फुफ्फुसीय लक्षण, खाँसी तेज आवाज वाली, खोखली, बाद में बलगम आये। (फेलाण्ड्रियम०) मवाद रसाने की अवस्था। क्षय रोग की बढ़ती अवस्था में कभी-कभी जब स्टैनम आयोडे० ने कोई प्रभाव नहीं किया ऐसी अवस्था में आयोडिन की एक मात्रा दूध के साथ देने से इस औषधि का लाभदायक प्रभाव आरम्भ हो जाता है। (स्टोनहम)।

तुलना कीजिये : कॉस्टि०, कैल्के०, सिलि०, ट्यूबर्कु०, बैसिलि०, हेलोनि०। मरटस चेकैन (जीर्ण वायुनलिका प्रदाह, क्षय रोग की खाँसी वायुस्फीति, साथ में पाकाशयिक नजला बाधा और गाढ़ा, पीला कठिन बलगम। वृद्ध लोग जिनमें बलगम निकालने की शक्ति क्षीण हो गयी हो)।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

स्टैफिसेग्रिया (Staphysagria)

(स्टावेसीकर)

उत्तेजना स्पष्ट रूप से विद्यमान होने के साथ स्नायु रोग, जननेन्द्रिय-मूत्रेन्द्रिय मार्ग के और चर्म के रोग, अधिकतर ऐसे लक्षण दर्शाते हैं जिनमें इस औषधि की आवश्यकता होती है। दाँतों और दंतगुहा, अस्थिवेष्ट पर काम करती है। क्रोध और अपमान का दुष्प्रभाव। **अति मैथुन और अप्राकृतिक क्रिया इत्यादि। अति**

उत्तेजना। तन्तुओं का फटना। दाँत निकलवाने के बाद दर्द और उत्तेजना,संकुचन, छल्लों का फटना या खिंच जाना।

मन—अकारण जिद्दी, उत्तेजना का प्रचण्ड वेग। व्याधि शंकाग्रस्त, उदास। उनके बारे में दूसरे लोग क्या समझते हैं, उसपर अति उत्तेजित। काम विषय को सोचा करना, अकेले रहने की इच्छा। चिड़चिड़ापन। बच्चा बहुत-सी चीजों के लिए रोये, मगर मिलने पर बहिष्कार कर दे।

सिर—बुद्धि मन्द करने वाला सिर दर्द; जम्हाई लेने से गायब हो जाये। मस्तिष्क में चुभन मालूम पड़े। माथे में शीशे के गोले जैसा संवेदन। कानों के ऊपर और पीछे खुजलीदार दाने। (ओलियैण्डर)

आँखें - ढेलों में गरमी, चश्मा धुँधला कर दे। बार-बार होने वाली बिलनी। पलकों पर छोटा घेरेदार रसभरा अर्बुद (प्लैटेनम०)। आँखें धँसीं, चारों तरफ नीले घेरे। पलकों के किनारे खुजलायें। आँखों के कोनों के रोग, खासकर भीतरी कान के। कनीनिका के फटे या छिले घाव। उपदंशीय नेत्र प्रदाह के ढेलों में फटन दर्द।

गला - निगलने पर कानों तक चिलकन लपके; खासकर बायें कान तक।

मुँह—मासिककाल में दाँत दर्द। दाँत काले और भुरभुरे। लार बहुत, स्पंज की तरह नरम मसूड़े, खून बहे। (मर्क०; क्रियाजोट०)। निचले जबड़े की हड्डी फूली हुई। खाने के बाद नींद आना। मसूढ़ों का सड़ना (प्लैंटेगो)।

आमाशय—थुलथुला और कमजोर। उत्तेजक वस्तु की इच्छा। पेट ढीला मालूम दे। तम्बाकू की अधिक इच्छा। कुकुर-भूख, जब पेट भरा हो तब भी उदर में नश्तर लगवाने के बाद मिचली।

उदर—क्रोध के बाद शूल। गरम वायु-स्खलन। बच्चों का उदर फूला हुआ, अधिक वायु के साथ। शूल, पेड़ू में कूँथन के साथ। उदर में चीरा लगने के बाद तीव्र पीड़ा। वायु संकुचन। कूँथन के साथ। ठण्डा पानी पीने के बाद दस्त। कब्ज (टिंचर की १ बूँद सुबह व शाम)। मूत्र-ग्रन्थियों की वृद्धि के साथ बवासीर।

पुरुष—हस्तक्रिया के बाद विशेषकर, कामातुर विषय पर सोचते रहना। चेहरा मुरझाने के साथ धातु क्षीणता, दोषपूर्ण चेहरा, धातु स्खलन, साथ में पीठ दर्द, कमजोर और काम-स्नायु दौर्बल्य। मैथुन के बाद साँस कष्ट।

स्त्री—जननेन्द्रिय अति उत्तेजित, बैठने पर अधिक हो। (बर्बे०; क्रियोजो०)। विवाहिताओं में मूत्राशय की उत्तेजना। प्रदर। उदर में धँसन के साथ गर्भाशय का बाहर निकलना, कूल्हे के चारों तरफ टीसन।

मूत्र—मूत्राशयिक आन्त्र वृद्धि (खाने और लगाने को) प्रसूतावस्था में मूत्राशय प्रदाह। नवविवाहिता में मूत्रस्खलन की असफल इच्छा। मूत्राशय पर दाब, ऐसा लगे कि खाली नहीं हुआ। ऐसा संवेदन कि पेशाब की एक बूँद मूत्रमार्ग में लगातार लुढ़कती रहती है। पेशाब करते समय मूत्रमार्ग में जलन। मूत्र ग्रन्थि बाधायें, बार-बार पेशाब लगना, पेशाब करते समय मूत्रमार्ग में जलन। (थूजा०; सैबाल०, फेरम पिक्रेटम)। पेशाब करने के बाद स्खलन इच्छा और दर्द। मूत्राशय में नश्तर लगवाकर पथरी निकलवाने के बाद आयी पीड़ा।

चर्म—सिर, कान, चेहरे और शरीर पर अकौता; मोटी पपड़ी, सूखी, तीव्र स्राव; खुजाने से खुजली की जगह बदल जाये, अंजीरी मस्से, वृन्त पूर्ण (थूजा०)। सन्धि प्रदाह वाला गुल्म अँगुलियों के जोड़ों के बीच वाली हड्डी की सूजन। रात पसीना।

अंग—मांसपेशियाँ, खासकर पिंडली की कुचली मालूम पड़े। पीठ दर्द सुबह उठने के बाद अधिक हो। अङ्ग चोटीले और दर्दीले मालूम पड़ें। जोड़ कड़े। जांघिक स्नायुशूल। नितम्बों में मन्द टीस जो कूल्हे के जोड़ और पिठासे तक बढ़े।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : क्रोध, अनपच, शोक, अपमान, रसक्षीणता, हस्तमैथुन, अतिमैथुन, तम्बाकू पानी, रोगग्रस्त भाग के जरा-सा स्पर्श से। घटना : जलपान के बाद, सेंकना, रात को आराम करने से।

सम्बन्ध—विरुद्ध : रैनानक्युलस बल्बो०।

पूरक : कास्टि; कोलोसि०।

तुलना कीजिये: फेरम फाइरोफॉस० (प्रपादास्थि पर रसदार अर्बुद) कोलोसिं०, कॉस्टि०, इग्नै०, फॉस० एसिड, कैलेडि०।

क्रियानाशक : कैम्फो०।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

स्टैलेरिया मीडिया (Stellaria Media)

(चिकवीड)

सभी शारीरिक क्रियाओं में रक्तरोध, रक्ताधिक्य और क्रियामन्दता की अवस्था उत्पन्न करती है। सुबह के समय रोग का अधिक होना।

शरीर के सभी अङ्गों में तेज, जगह बदलने वाला वात दर्द स्पष्ट रूप से दर्शनीय है। वात रोग, प्रायः सभी भागों में लपकता हुआ दर्द, जोड़ों का कड़ापन; स्पर्श से दर्द करें, हरकत से अधिक हो। जीर्ण वात रोग। जगह बदलने वाले दर्द।

(पल्से०, केलि० सल्फ्यूरि०) । अपरस । गठियाग्रस्त अँगुलियों के जोड़ों का बढ़ना और सूजना ।

सिर—साधारण चिड़चिड़ापन । सुस्ती, काम करने की इच्छा न हो । आँखों में करकराहट और जलन, बाहर निकली मालूम दें । धीमा, अगले भाग का दर्द, ऊँघाई के साथ सुबह को और बायीं तरफ अधिक हो । गरदन की पेशियाँ तनी हुईं और दर्द करें । आँखें बाहर निकली मालूम हों ।

उदर—जिगर रक्त भरा, फूला, चिलकन दर्द और स्पर्श से उत्तेजना के साथ । मटियाला मल । जिगर मन्द । कब्ज या कब्ज और दस्त बारी-बारी ।

अंग—शरीर के भिन्न-भिन्न भागों में वात पीड़ा । पिठासे में गुर्दों के ऊपर और नितम्ब प्रदेश में तेज दर्द, जाँघों तक नीचे उतरे । कन्धों और बाँहों में दर्द । स्नैहिक कला का प्रदाह । कुचलन संवेदन । टाँगों की पिंडली में वात दर्द ।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : सुबह को, गरमी से, तम्बाकू । घटना : शाम को ठण्डी हवा, हरकत से ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : पल्सेटिला (वात रोग में समान लक्षण) दर्द जगह बदलता हो, आराम से अधिक हो और गर्मी से, ठण्डी हवा से; कम हो ।

मात्रा—बाहरी प्रयोग, टिंचर । खाने के लिए २x शक्ति ।

स्टरक्युलिया (Sterculia)

(कोला-नट)

स्नायु-दौर्बल्य । रक्त संचालन को ठीक करती है, शक्तिवर्द्धक और दर्दनाशक है । हृदय-गति क्रम को ठीक करती है, मूत्र बढ़ाती है । दुर्बल हृदय ।

मद्यपान की आदत नाश करने की औषधि । यह पाचन-क्रिया और भूख को बढ़ाती है और शराब पीने की इच्छा को कम करती है । दमा रोग । बिना भोजन किये हुए और बिना थकावट मालूम हुए देर तक परिश्रम करने की शक्ति देती है ।

सम्बन्ध—कोका ।

मात्रा—३ से १० बूँद की मात्रा में एक ड्राम तक भी, दिन में ३ बार पीना चाहिए ।

स्टिक्टा (Sticta)

(लंगवॉर्ट)

इसमें ऐसे लक्षण समूह हैं जैसे जुकाम, वायुनलिका के नजले और इन्फ्लुएञ्जा, साथ में स्नायविक और वातिक गड़बड़ी में मिलते हैं। शरीर में मंदता और सुस्ती रहती है मानों जुकाम होने जा रहा है; माथे में धीमा, भारी दाब, नजले वाला नेत्र प्रदाह इत्यादि। गरदन में वातिक कड़ापन।

मन—हवा में तैरता मालूम पड़े (दात्यूरा आरबोरिया, लैक कैना०)। विचारों में विकलता, रोगी को बात करना आवश्यक हो।

सिर—माथे में और नाक की जड़ पर धीमी, भारी दाब के साथ, मंद सिर दर्द। स्राव शुरू होने के पहले माथे में नजलेवाला सिर दर्द। आँखों में जलन और ढेलों में दर्द। ऐसा लगे कि सिर की खाल बहुत छोटी हो गयी है। पलकों में जलन।

नाक—नाक की जड़ पर भरापन। (नक्स०)। नाक की श्लैष्मिक झिल्ली की क्षीणता के साथ जुकाम। (कैल्के० फ्लोर)। नाक की झिल्ली का सूखापन। लगातार छिनकने की इच्छा; मगर स्राव न निकले। सूखा खुरण्ड; खासकर शाम को और रात में। फ्लू, लगातार छींक आना। (सैबाडि०)।

स्त्री—दूध कम निकलना।

उदर—दस्त, मल अधिक, झागदार; सुबह को अधिक। पेशाब अधिक, मूत्राशय में दर्द और टीस के साथ।

साँस-यन्त्र—गले में कच्चापन, श्लेष्मा पीछे की तरफ सरक जाये। रात में सूखी, ठोंकन खाँसी, साँस भीतर खींचने में अधिक हो। वायुनली प्रदाह, बलगम निकालने में सहायक। सुबह को ढीली खाँसी। सीने में से होकर वक्षास्थि से मेरुदण्ड तक दर्द। छोटी माता के बाद खाँसी (सैंग्वि०), शाम के लगभग और थकने के बाद अधिक हो। वक्षास्थि की दाहिनी तरफ से नीचे की तरफ उदर तक टपक।

अङ्ग—दाहिने कन्धे के जोड़ में, त्रिकास्थि में और द्विशिरा पेशी में वातपीड़ा। जोड़ों में सूजन; गरमी, लाली। रोगग्रस्त भाग पर सूजन और लाली का छोटा स्थान। दर्द तीव्र और खींच के साथ। ताण्डव की तरह आक्षेप; टाँगें हवा में तैरती मालूम हों। घुटनों का फूलना। (रस०, कैलि हाइड्रोडिकम, स्लेग०)। घुटनों

में चुभन दर्द । जोड़ और आस-पास की पेशियाँ लाल, फूली हुई, दर्दीली । नजले के लक्षणों से वातपीड़ा हो ।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: एकाएक तापमान में परिवर्तन ।

सम्बन्ध तुलना कीजिए: दात्यूरा आरबोरिया बोग मैन्सिया केण्डिका (चित्त एकाग्र न कर सके, मन हजारों प्रश्नों और ऊँचे विचारों में तैरा करे। तैरने जैसा सम्वेदन मानो विचार मस्तिष्क के बाहर तैर रहे हैं। सिर दर्द, गला जलना । पेट के ह्रदयांत की चारों तरफ जलन मालूम हो, जो सिकुड़न के साथ गलनली तक बढ़े। जिगर प्रदेश के ऊपर गर्मी और भरापन । सिट्रेरिया—आइसलैण्ड मांस (जीर्ण दस्त, क्षयरोग, खूनी बलगम । काढ़े के रूप में दूध के साथ उबाल कर वायु नलिका स्राव, नजले इत्यादि में व्यवहार करते हैं) ।

इसके अतिरिक्त तुलना कीजिए: एरिजि०; ड्रोसे०; स्टिलिंजि०; रिउमेक्स०; सेम्बुक० ।

मात्रा—टिंचर से ६ शक्ति ।

स्टिग्माटा मेडिस—जिआ (Stigmata Maydis-Zea)

(कॉर्न सिल्क)

इस औषधि के मूत्र लक्षण स्पष्टरूप से दर्शनीय हैं और यह औषधि ह्रदय के यांत्रिक रोग में सफलता के साथ दी गई है, जहाँ निचले अंगों का शोथ हो और मूत्र की मात्रा कम हो । मूत्राशय ग्रन्थियों का बढ़ना और पेशाब का रुक जाना । मूत्र अम्लीय और फॉस्फेट युक्त । मूत्राशय प्रदाह ।

मूत्र—दबना और रुकना । मूत्रकृच्छ्र । गुर्दा में पथरी रोग, गुर्दा प्रदाहित, मूत्र में खून और लाल बालू । मूत्र-स्खलन के बाद कूँथन । मूत्राशय का नजला । प्रमेह । मूत्राशय प्रदाह ।

ज्वर—(जीर्ण मलेरिया में काढ़े के रूप में व्यवहार किया जाता है । चाय के चम्मच की मात्रा में, बिना संकोच के दीजिए) । डॉ० ई० सी० लोवे, इंगलैंड ।

मात्रा—अरिष्ट १० से ५० बूँद की मात्रा में ।

स्टिलिंजिया (Stillingia)

(क्वीन्स रूट)

जीर्ण अस्थि आवरण सम्बन्धित वात रोग, उपदंशीय और कण्ठमालिकबाधायें। साँस-यन्त्र के लक्षण मुख्य रूप से दर्शनीय हैं। लसिका-वाहनियों की मन्दता, जिगर मन्द, साथ में कामला रोग और कब्ज।

मन—अंधकारपूर्ण भविष्य; उदास।

साँस-यन्त्र—सूखी, आक्षेपिक खांसी। स्वरयन्त्र संकुचित, मूत्रगह्वर में चुभन के साथ दर्द। दबाने से गलकोष दर्दीला मालूम हो। स्वरभंग और जीर्ण स्वर-यांत्रिक बाधायें जो भाषण देने वालों को उत्पन्न होती हैं।

मूत्र—बिना रंग का मूत्र, सफेद तलछट जमी हो, मूत्र दूधियाला गाढ़ा।

अंग—अंगों की हड्डियों में और पीठ में टीस दर्द।

चर्म—घाव, हाथों और अँगुलियों पर जीर्ण विस्फोट। ग्रीवा ग्रंथियों का बढ़ना। टाँगों में जलन, खाज, हवा लगने से बढ़े। अस्थि-गुल्म। कण्ठमालिक चम रोग, उपदंशीय द्वितीय चरण के विस्फोट और बाद के लक्षण मूल्यवान सहायक औषधि।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : तीसरे पहर, तर हवा, हरकत। घटना : सुबह के समय, सूखी हवा।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : स्टैफिसै०; मर्कुरियस०, सिफिलि०; ऑरम०, कोराइडेलिस (उपदंशीय अस्थि गुल्म)।

मात्रा—टिंचर और १ शक्ति।

स्ट्रैमोनियम (Stramonium)

(थॉर्न-ऐपिल)

इस द्रव्य की पूरी शक्ति मस्तिष्क पर लगती है, गोकि चर्म और गले में भी कुछ प्रभाव दिखाई देता है। स्राव और निःसृत स्राव का दबना। ऐसा संवेदन मानो अंग शरीर से अलग हो गये हैं। मद्यपानिक सन्निपात। दर्द का संवेदन लोप होना और पैशिक चालन शक्ति का लोप होना, खासकर भाव प्रकट करने वाली और चालक पेशियों का। घूम-घूम कर बड़े भाव से चलना। वृद्धावस्था का पक्षाघात।

मन—धर्मभीरु; ईमानदार, नम्र और लगातार बात करता रहे। बहुत

बातें करने वाला, हास्यप्रिय, हँसना, गाना, कसम खाना, प्रार्थना करना, कविता बनाना। भूत-प्रेत देखता है, आवाजें सुनता है, आत्माओं से बातें करता है। तेजी से खुशी में रंज में बदल जाये। आक्रमणकारी और अश्लील, । अपने व्यक्तित्व का भ्रम, अपने को लम्बा, दोहरा, कोई अंशहीन समझता है। धार्मिक कृत्यों में व्यस्त। अन्धेरा या अकेलापन सहन न हो, सदा रोशनी और संगत में रहे। पानी या और कोई चमकती वस्तु देखते ही आक्षेप आने लगे। कहीं भाग जाने की प्रबल इच्छा के साथ सन्निपात। (बेला०; ग्रायो०, रस टॉ०)।

सिर—अकसर तकिये पर से सिर उठाया करे। माथे में और भौहों के ऊपर सिर दर्द जो ६ बजे सुबह से शुरू हो, दोपहर तक अधिक रहे। धुँधलापन के बाद छेदन दर्द। सिर में खून दौड़ना, लड़खड़ाना आगे की तरफ और बायीं तरफ गिरने की सम्भावना के साथ में श्रवण-भ्रम।

आँखें - ऊँची और प्रधान दिखाई दें, घूरती फैली हुई, पुतली फैली हुई। दृष्टिहीनता, शिकायत करे कि अँधेरा है, और रोशनी माँगे, छोटी चीजें बड़ी दिखाई दें। शरीर के भाग बहुत फूले दिखाई दें। वक्र दृष्टि। सभी चीजें काली दिखाई दें।

चेहरा - गरम; लाल, चेहरे पर गोल लाल चकत्ते। चेहरे में खून दौड़े, टेढ़ा-मेढ़ा। भयभीत भाव प्रकट हों। पीला चेहरा।

मुँह—सूखा, लसीला लार चूआ करे। पानी से घृणा। हकलाना। आक्षेप के कारण निगल न सके। चबाने की हरकत।

आमाशय—भोजन का स्वाद सूखे तिनके की तरह हो। प्रचण्ड प्यास। श्लेष्मा और हरे पित्त की कै।

मूत्र—दब जाना, मूत्राशय खाली रहे।

पुरुष—अति कामोत्तेजना, वीभत्स बकवाद के साथ हाथ लगातार जननेन्द्रिय पर रहे।

स्त्री—बकवादीपन, गीत गाना, प्रार्थना के साथ अति जरायु-स्राव। विशिष्ट मानसिक लक्षणों और अधिक पसीना प्रदाह के साथ, प्रसवकालीन उन्माद। प्रसव के बाद विक्षेप।

नींद—भयभीत होकर जाग पड़े; भय से चिल्ला पड़े। गहरी, लम्बी साँस वाली नींद। औंघाई, मगर सो न सके। (बेला०)।

अंग—शोभायमान, क्रमबद्ध चाल। ऊपरी पेशियों का पृथक् पेशीसमूहों में

आक्षेप। ताण्डव रोग; आंशिक आक्षेप, परिवर्तनशील। बायें कूल्हे में प्रचण्ड पीड़ा। कण्डरा का कम्प, फड़कन, लड़खड़ना।

चर्म—चमकीली, लाल। सन्निपात इत्यादि के साथ, अरुण ज्वर, विस्फोट दबने के दुष्प्रभाव।

ज्वर—अधिक पसीना जो रोग कम न करे। प्रचण्ड ज्वर।

घटन-बढ़ना—बढ़ना: अन्धेरे कमरे में, अकेले रहने पर, तेज रंग वाली या चमकीली चीज देखने पर, सोने के बाद, निकलने पर। घटना: तेज रोशनी से, संगत में, गरमी से।

सम्बन्ध–विशेष रूप से तुलना कीजिए: हायोसि० और बेलाडो०। इस औषधि का ज्वर बेला० से कम और हायोसि० से अधिक होता है। इसमें मस्तिष्क की यांत्रिक उत्तेजना अधिक होती है, मगर बेलाडो० की सच्ची प्रदाहिक अवस्था की तरह कभी नहीं होती।

क्रियानाशक: बेलाडो०; टैबेक०; नक्स०।

मात्रा—३० शक्ति और उससे नीची शक्तियाँ।

स्ट्रॉन्शिया (Strontia)

(कार्बोनेट ऑफ स्ट्रांशिया)

वात पीड़ा, जीर्ण मोच, अन्ननली की संकीर्णता। पीड़ा से रोगी को गशी आ जाये या शरीर भर में रोगग्रस्त संवेदन उत्पन्न हो जाये रक्त-स्राव का जीर्ण परिणाम; शल्य क्रिया के बाद अधिक रक्त पसीजने के साथ ठंडक व शिथिलता। धमनी, का कड़ा पड़ना। भरभराया चेहरा, टपकती धमनी, संन्यास रोग की सम्भावना के साथ रक्त-चापाधिक्य। प्रबल अनैच्छिक चिहुँकन। अस्थि रोग; खासकर जंघास्थि का। रात में बेचैनी। दम घुटने की संवेदना। चीरा लगवाने के बाद शरीर में प्रबल उपघात। स्नायुप्रदाह से अधिक उत्तेजना।

सिर—सिर दर्द और मिचली के साथ चक्कर आना। फूलन, दाब। गरदन की जड़ से टीस ऊपर को चढ़े। सिर को गरम कपड़े से लपेटने से कम हो। (साइलिशिया)। चेहरे में खून दौड़ना; प्रबल टपकन। आँखों में वेरों के ऊपर का स्नायुशूल दर्द धीरे-धीरे बढ़े और घटे। (स्टैनम०)। नाक में खूनी पपड़ी। चेहरा लाल, जलन, खुजली। नाक की खुजलाहट, लाली, जलन।

आँखें—आँखों में जलन और लाली। देखी हुई चीजों के नाचने और बहुरंगी परिवर्तन के साथ; आँखों के प्रयोग से पीड़ा हो और आँसू आएँ।

आमाशय—भूख न लगना, मांस से घृणा, रोटी और बियर की इच्छा। भोजन स्वादहीन लगे। खाने के बाद डकारें आना। हिचकी, जिससे सीने में दर्द हो, हृदयशूल।

उदर—उदरीय वलय में गड़न। दस्त; रात में अधिक; लगातार वेग; सुबह के निकट कम हो जाये। गुदा में जलन जो मलत्याग के बाद देर तक रहे। (रैंटानहिया)। उदर का असुविधाजनक भरापन और फूलना।

अंग—टखनों के शोथ के साथ जांघिक स्नायुशूल। दाहिने कंधे में वात पीड़ा। दस्त के साथ वात पीड़ा। कुतरन, मानो हड्डी की मज्जा में हो रही है। पिंडली और तलवों में ऐंठन। जीर्ण ऐंठन खासकर टखने के जोड़ों में। शोथ पैरों में, बर्फीली ठंडक। वात पीड़ा; खासकर जोड़ों में हाथों की शिराओं में रक्ताधिक्य।

ज्वर—गरमी लगना, मगर कपड़ा हटाने या उतारने से घृणा।

चर्म—तर खुजलीदार, जलन के साथ उद्भेद, खुली हवा में कम। खासकर गरम धूप में। शोथ के साथ, टखने, जोड़ों में मोच। रात में अधिक पसीना।

घटना बढ़ना—घटनाः गरम पानी में डुबोने से। बढ़नाः मौसम बदलने के समय, चुपचाप रहने से, हिलते ही, ठंडक असह्य।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : आर्निका॰, रूटा॰, साइलिसिया, बैराइटा का॰, कार्बो॰, स्ट्रान्शि आयोडे॰ (धमनी की सख्ती) स्ट्रान्शि॰ ब्रोमे॰ (अकसर जहाँ ब्रोमाइड सांकेतिक होती है वहाँ उत्तम काम करती है। गर्भावस्था की कै। स्नायविक मंदाग्नि। यह उफान निवारक है और अधिक अम्लता को नाश करती है) स्ट्रान्शि॰ नाइट्रे॰ (दूषित इच्छायें, सिर दर्द और कानों के पीछे अकौता)।

मात्रा—६ विचूर्ण और ३० शक्ति।

स्ट्रोफेन्थस हिस्पिडस (Strophanthus Hispidus)

(कोम्ब-सीड)

स्ट्रोफैन्थस एक पेशिक पित्त है। वह सभी धारीदार पेशियों की संकोचन शक्ति को बढ़ाती है। हृदय पर काम करती है, उसकी संकुचन-क्रिया को बढ़ाती है और तीव्रता को घटाती है। हृदय में शक्ति देने के लिए और शोथ के दूषित पदार्थ को

बाहर निकालने में सहायता देती है। दुर्बल हृदय के लिए छोटी मात्रा में। वह बढ़ा हुआ जान पड़ता है। कपाटों में से रक्त का वापस हो जाना, जहाँ शोथ और जल संचयता की प्रबलता हो (डिजिटे०)। स्ट्रोफैन्थस से कोई पाकाशयिक कष्ट नहीं होता, कोई संचित प्रभाव नहीं रखती, पेशाब बढ़ाने वाली प्रमुख औषधि है और वृद्ध लोगों के लिए अधिक सुरक्षित है, क्योंकि वह वासेमोटर (वाहिका प्रेरकों) पर कोई असर नहीं डालती। फुफ्फुस प्रदाह में और चीड़फाड़ के बाद। अधिक रक्त-स्राव के कारण और शिथिलता में और तीव्र रोगों के बाद। बहुत दिनों तक शक्ति-वर्द्धक चीजों के व्यवहार करने के बाद। धूम्रपान वालों का उत्तेजनीय हृदय। धमनी का कड़ापन, वृद्ध लोगों की धमनियों का तनाव। चुरचुरे तंतु को शक्ति देती है, खासकर हृदय की पेशियों और कपाटों को। चर्बीले हृदय की पूरक क्रिया दुर्बलता की अवस्था में खास तरह पर लाभदायक है। जुलपित्ती। धड़कन और साँस फूलने के साथ। रक्तहीनता। वहिःनिसृत चक्षुगोलक तथा हृत्स्पन्दन के साथ गलगण्ड। मोटे व्यक्ति।

सिर—द्वि-दृष्टि के साथ कनपटी पीड़ा, दृष्टि मन्द, चमकीली आँखें, भरभराया चेहरा। वृद्धावस्था का चक्कर।

आमाशय—मदिरा से घृणा विशेष के साथ मिचली और इसलिए रोगात्मक पिपासोन्माद की चिकित्सा में सहायता देती है। अरिष्ट की सात बूँदें।

मूत्र—मात्रा अधिक, कम और सांडलाल।

स्त्री—अतिरजः गर्भाशायिक रक्त-प्रवाह; गर्भाशय में रक्ताधिक्य। वयःसन्धिकाल में कूल्हे और जाँघों में टीस दर्द।

साँस—कष्टदायक साँस, खासकर ऊपर चढ़ने से। फुफ्फुस में रक्ताधिक्य, फुफ्फुसीय शोथ। वायुनलिका और हृदय सम्बन्धी दमा रोग।

दिल—नाड़ी तेज। हृदय गति दुर्बल, तीव्र, क्रमभ्रष्ट जो पैशिक दौर्बल्य और अक्षमता के कारण हो। हृदय पीड़ा।

चर्म—जुलपित्ती, खासकर पुरानी।

अंग—फूले हुए शोथमय। सर्वांग शोथ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: डिजिटे० (लेकिन स्ट्रोफैन्थस से कम तेज है) फॉस एसिड (दुर्बल हृदय, क्रमभ्रष्ट नाड़ी, हृदय क्षेत्र में फड़फड़ाहट, सोते में धड़कन, गर्मी)।

मात्रा—अरिष्ट और ६ शक्ति। अधिक तीव्र रोगों में अरिष्ट की ५ से १० बूंद, दिन में ३ बार।

स्ट्रिक्निनम (Strychnium)

(एल्केलॉयड ऑफ नक्स वॉमिका)

इसका प्राथमिक कार्य है: चालन स्नायु केन्द्र और मेरुदण्ड की परावर्तित क्रिया को शक्ति देना। पेशियों के आक्षेप में मेरुदण्ड की अप्राकृतिक परावर्तित उत्तेजना, मूत्राशय के आक्षेप इत्यादि में इसका होमियोपैथिक प्रभाव होता है।

स्ट्रिक्निनम केन्द्रीय स्नायुमण्डल व मानसिक क्रिया को शक्ति देती है, विशेष इन्द्रियाँ अधिक तीव्र हो जाती हैं। साँस तेज चलने लगती है। सभी परावर्तित क्रियायें तेज हो जाती हैं। पेशियों में, चेहरे और गरदन में कड़ापन। पीछे की तरफ वक्रता के साथ धनुष्टंकार रोग। धनुष्टंकारीय आक्षेप, सिर और एड़ी का पीछे की तरफ झटकना और बाकी शरीर आगे की तरफ। दौरों के बीच के समय पेशियों में ढीलापन, जरा-से स्पर्श से, आवाज और गंध से रोग का अधिक होना। मेरुदण्ड को अधिक प्रभावित करती है और नक्स की अपेक्षा पेट की खराबियों में कम लाभदायक है। धनुष्टंकार रोग। विस्फोटक स्नायविकता। सभी पीड़ा एकाएक उठती है और रह-रह कर कम होती है।

सिर—बेचैनी। अति असहिष्णुता। सिर में भरापन और फटन दर्द, आँखों में गरमी के साथ। कानों में गर्जन के चक्कर। सिर का आगे की तरफ झटकना। सिर की खाल दर्दीली। सिर की खाल और गरदन की जड़ का खुजलाना।

आँखें—गरम दर्दीली, आखें उभरी हुई, घूमती हुई। पुतली फैली हुई। आँखों के आगे चिनगारी। आँखों की पेशियों का आक्षेपिक संकुचन, फड़कन और पलकों का कम्प।

कान—श्रवण-शक्ति अति तीक्ष्ण, जलन, खाज और गरज।

चेहरा—पीला, उत्सुक, मुर्ख। जबड़े कड़े, निचले जबड़े की आक्षेपिक जकड़न।

गला—सूखा, संकुचित, ढोके जैसा संवेदन। निगलना असम्भव। गल-नली भर में जलन और आक्षेप। मुँह के भीतर तालु में अति खुजली।

आमाशय—लगातार ओकाई। घोर कै। गर्भावस्था का वमन।

उदर—उदर-पेशियों में तेज दर्द, आँतों में चुभन दर्द।

मलाशय—आक्षेप काल में अनैच्छिक मल-स्खलन। बहुत कठोर कब्ज।

स्त्री—मैथुन की इच्छा। (कैन्थे०; कैम्फो०; फ्लोरि० एसिड०; लैके०; फॉस०; प्लैटि०;)। शरीर स्पर्श ही से कामोत्तेजना हो।

साँस-यन्त्र—स्वरयन्त्र के पास की पेशियों का आक्षेप। अति कष्टदायक साँस। सीने की पेशियों में तेज, संकुचन पीड़ा। इंफ्लुएञ्जा के बाद लगातार खाँसी आना।

पीठ—गरदन की पेशियों का तनाव। गरदन की जड़ में और रीढ़ की हड्डी में नीचे तक तेज दर्द। पीठ कड़ी, मेरुदण्ड में तेज झटका। मेरुदण्ड में नीचे तक बरफीली ठंडक।

अङ्ग—अंग तने हुए। जोड़ों में सख्ती के साथ वात रोग। घोर झटका, फड़कन और कम्प। धनुष्टंकारीय विक्षेप और पीछे की वक्रता, जरा-से स्पर्श से या हिलने की चेष्टा से आक्षेप शुरू हो। पेशियों में धक्के। ऐंठन की तरह दर्द।

ज्वर—मेरुदण्ड में नीचे तेज ठंडक और कम्प। सीना और सिर के नीचे तक पसीना बहे। निचले अंग ठंडे।

चर्म—सारे शरीर का खुजलाना, खासकर नाक का। मेरुदण्ड में नीचे तक बरफीली ठंडक।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: सुबह; स्पर्श; आवाज; हरकत, भोजन करने के बाद। घटना: चित्त लेटने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये: युकैलिप्टस (स्ट्रिक्निन के दुष्प्रभाव को नाश करती है), स्ट्रिक० आर्से० (वृद्ध लोगों का आंशिक पक्षाघात, पेशियों का ढीलापन। शिथिलता। अपरस; पक्षाघात जैसे लक्षणों के साथ जीर्ण दस्त, चर्बीलेपन के आरम्भ के साथ हृदय की सन्तुलन क्रिया सम्बन्धी ढीलापन, लेटने पर स्पष्ट रूप से कष्टदायक साँस, निचले अंगों का शोथ, मूत्र कम मात्रा में, अधिक घनत्व, ग्लूकोज से लदा हुआ। बहुमूत्र। ६x विचूर्ण), स्ट्रिक० एट फेर० सिट० (हरित रोग और पक्षाघात जैसी अवस्थायें, मन्दाग्नि, अनपच कै के साथ; २x और ३x विचूर्ण), स्ट्रिक्निन नाइट्रे० (२x और ३x विचूर्ण, मद्यपान की इच्छा को नाश करने वाली बताई जाती है। २ सप्ताह तक व्यवहार करें), स्ट्रिक्निन सल्फु० (पाकाशयिक दौर्बल्य); स्ट्रिक्निन वैलेरिन (मस्तिष्क शक्ति की क्षीणता, स्त्रियों के प्रबल स्नायविक उपदाह की अस्वाभाविक अभिवृद्धि २x विचूर्ण)।

तुलना कीजिये: साइक्यूटा०; आर्निका (ताण्ड रोग)।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

स्ट्रिक्निया फॉस्फोरिका (Strychnia phos.)

(फॉस्फेट ऑफ स्ट्रिक्निन)

यह औषधि मस्तिष्क मेरुदण्ड मण्डल के जरिये पेशियों पर काम करती है और फड़कन, कड़ापन, कमजोरी, और शक्तिहीनता उत्पन्न करती है; रक्तसंचार पर भी प्रभाव रखती है और नाड़ी की क्रमभ्रष्टता उत्पन्न करती है और मस्तिष्क पर काम करती है जिस कारण नियन्त्रण में शक्तिहीनता होती है और हँसने की अनियंत्रित इच्छा और मस्तिष्क के प्रयोग की इच्छा नष्ट हो जाती है। अति क्रमभ्रष्ट नाड़ी। तीव्र धड़कन। तेज और के दुर्बल नाड़ी। ताण्डव, गुल्म वायु, तीव्र ज्वर के बाद अति दौर्बल्य में लाभदायक है। लक्षण हरकत से बढ़ते हैं और आराम से व खुली हवा में कम होते हैं। मेरुदण्ड की रक्तहीनता में, पक्षाघात में, मेरुदण्ड की जलन, खुजली और कमजोरी में दर्द आगे की तरफ सीने तक बढ़ता है; निचले पीठ के क्षेत्र में छूने से कोमलपन; ठंडे लसीले पैर, हाथों और काँखों पर चिपचिपा पसीना। अधिक ढीले हृदय में सन्तुलन शक्ति का भ्रष्ट होना और प्रसवकालीन फुफ्फुसीय संकुचन; हृदय पेशियों के चर्बीलापन का आरम्भ। (रॉयल)।

मात्रा — ३ विचूर्ण।

सक्सिनम (Succinum)

(एलेक्ट्रॉन एम्बर)–(ए फॉसिल रेजिन)

स्नायविक और गुल्म वायु के लक्षण। दमा रोग। तिल्ली के रोग।

सिर— रेलगाड़ियों के डिब्बों और बन्द जगहों का भय। सिर दर्द, आँखों से पानी बहना, छींकना।

साँस-यन्त्र—दमा, क्षय रोग का आरम्भ, जीर्ण वायुनलिका प्रदाह, सीने में दर्द। कुकुर खाँसी।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : ऐम्बरग्रिस (ऐम्ब्रा०) से पृथक् औषधि है। सक्सिनिक एसिड० (फ्लू, छींकों के दौरे, नाक के नथनों से पानी-सा श्लेष्मा बहना; दमा रोग। साँस-पथ में प्रदाह, जिससे दमा, सीना दर्द इत्यादि हो; पलकों, किनारों और नाक की खुजली, बाहरी हवा में बढ़ना। ६ से ३० शक्ति का व्यवहार करें।

तुलना कीजिए : एरण्डो०, ब्राइथिया, सैबाडिला, सिनापिस०।

मात्रा—३ विचूर्ण। तेल की ५ बूँद की मात्रा में।

सल्फोनेल (Sulfonal)

(ए कोल-टार प्रॉडक्ट)

मस्तिष्क विकार सम्बन्धी चक्कर अनुमस्तिष्क के रोग, मांसपैशिक क्रिया असमता के लक्षण और ताण्डव रोग। ये सभी इस औषधि का होमियपैथी में व्यवहार करने की तरफ संकेत करते हैं। प्रबल दौर्बल्य, कर्महीन, गशी जैसा जान पड़ना और निराश, मुख संकोचक पेशियों पर नियन्त्रण न रहे। पेशियों का पारस्परिक सहयोगहीन होना।

मन—मानसिक गड़बड़ी, धुँधलापन, भ्रम, उदासीन। प्रसन्न व आशापूर्ण भाव और उदासी व दुर्बलता बारी-बारी। अति उत्तेजनीयता।

सिर—शोथमय, मूर्ख, सिर उठाने की चेष्टा करने से पीड़ा। द्वि-दृष्टि; आँखों के नेत्र में भारीपन, कानों में टनटनाहट, वाकरोध, जबान में मानो लकवा हो गया है। आँखें रक्तमय और अशान्त। चक्कर, उठ न सके। द्वि-दृष्टि, ऊपरी पलक का पक्षाघात, कानों में टनटनाहट, निगलने में कठिनाई, बोलना कठिन।

मूत्राशय— जमे हुए टुकड़ों के साथ सांडलाल मूत्र। कम मात्रा में। गुलाबी रंग। पेशाब करने की लगातार इच्छा, थोड़ा बादामी लाल रंग का। खून का पेशाब करना।

साँस-यन्त्र—फुफ्फुस में रक्ताधिक्य, कष्टपूर्ण साँस। आहें भरने वाला साँस कष्ट।

अंग—मांसपैशिक क्रमभ्रष्टता, लड़खड़ाना, ठंढापन, कमजोरी, कम्पन, टाँगें बहुत भारी मालूम दें। घोर अशान्ति, पैशिक फड़कन। घुटनों का हिलना गायब होना। दोनों टाँगों का कड़ापन और पक्षाघात। टाँगों का सुन्न होना।

नींद—अशान्त जागते रहना, ऊँघना। अनिद्रा।

चर्म—खुजलीदार, हल्का नीला रंग वाला धूम्र रोग। अरुणिमा।

सम्बन्ध – ट्रियोनेल : शारीरिक उत्तेजना से सम्बन्धित अनिद्रा; (चक्कर), असन्तुलन, शक्तिहीनता, मांसपेशिक क्रियाभ्रष्टता, मिचली, कै, दस्त, परिश्रमिक साँस, शरीर नीला, कानों में टनटनाहट, दृष्टि-भ्रम)।

मात्रा—१ विचूर्ण।

गैर होम्योपैथिक व्यवहार—नींद लाने के लिए गरम पानी में १० से ३० ग्रेन। लगभग दो घण्टे में काम करता है।

सल्फर (Sulphur)

(सब्लिमेटेड सल्फर)

यह हैनिमैन साहेब की बहुत बड़ी खाज-विषनाशक औषधि है इसका प्रभाव केन्द्रापसारी है—भीतर से बाहर की तरफ—और चर्म के लिए विशेष रूप से आकर्षण रखती है। जहाँ यह गरमी और जलन, साथ में खुजली उत्पन्न करती है जो बिस्तर की गरमी से अधिक होती है। सौत्रिक कर्महीनता और ढीलापन, अतः शक्तिमन्दता के इन लक्षणों की विशेषता है। गरमी के उफान, पानी से घृणा, बाल और चर्म सूखे तथा कड़े, शरीर छिद्र लाल, लगभग १२ बजे दिन के समय पेट में डूबन संवेदन, झपकियाँ; ये सभी अवस्थायें होमियोपैथिक सिद्धान्त से सल्फर की तरफ संकेत करती हैं। सल्फर के रोगी के लिए खड़ा होना सबसे खराब आसन है। यह सर्दी असुविधाजनक रहता है। मैले-कुचैले लोग जिनकी चर्म रोग की प्रवृत्ति हो। नहाने से घृणा। जब ध्यानपूर्वक चुनी हुई औषधियाँ असफल हों; खासकर तीव्र रोगों में, यह औषधि शरीर की प्रतिक्रिया शक्ति को बढ़ा देती है। वे रोग जो अच्छे होकर फिर हो जाया करें। शरीर के स्राव और गन्ध की घृणित अवस्था। होंठ और चेहरा बहुत लाल, जरा-से में खून दौड़ जाये। अकसर पुराने रोगों की चिकित्सा शुरू करने में और तीव्र रोगों की चिकित्सा अन्त करने में अच्छी तरह लाभ के साथ व्यवहार में आती है।

मन—बहुत भूलना। सोचना कठिन। भ्रम, फटे-पुराने कपड़ों को सुन्दर वस्तुएँ समझे, यह कि वह बहुत धनवान है, सारे समय काम में ही लगा रहे। बड़ी उम्र के लोगों में बच्चों जैसे चिड़चिड़ापन। बदमिजाज। प्रेमोल्लंघन करना, अति स्वार्थी, दूसरों की परवाह न करना। धार्मिक कृत्यों में व्यस्त, काम-धाम से घृणा, अवारागर्दी किया करे अपना धर्म सोचने में काहिलपन। ऐसी कल्पना करे कि लोगों को गलत चीजें दे रहा है जिससे वे मर जायेंगे। सल्फर के रोगी प्रायः सदा चिड़चिड़े रहते हैं, उदासी छायी रहती है, दुबले और कमजोर होते हैं चाहे भूख अच्छी हो।

सिर—सिर की चाँद पर लगातार गरम रहना। कूप्रम सल्फ्यु०; (ग्रैफा०)। भारीपन और भरापन, कनपटी में दाब। चोट लगने जैसा सिर दर्द, झुकने से बढ़े और साथ में चक्कर। पुराना सिर दर्द जो निश्चित समय पर उठे। सिर पर से रूसी छूटना, पपड़ी जमना, सूखापन। सिर की खाल सूखी, बाल झड़ना, धोने से कष्ट बढ़े। खुजली खुजाने में जलन हो।

आंख—पलकों के किनारों पर जलन वाले स्राव। लैम्प के प्रकाश की चारों तरफ प्रकाश-चक्र। आँखों में गरमी और जलन (आर्से०, बेला०)। आँखों के आगे

काले कण दिखाई दें। चक्षुपटल पर घाव की पहली अवस्था। जीर्ण नेत्र प्रदाह, अधिक जलन और खाज के साथ। सांतर विधानीय चक्षुप्रदाह। कनीनिका का धुँधलापन, घिसे हुए शीशे की तरह।

कान—कानों में भिनभिनाहट। स्राविक कर्ण प्रदाह के दब जाने का दुष्परिणाम। अति संवेदनीयता। बहरापन के पहले अति संवेदनीय श्रवण शक्ति। जुकामी बहरापन।

नाक—नाक के आरपार मैंसिया दाद। घर के अन्दर नाक में ठँसापन। काल्पनिक दुर्गन्ध की संवेदना। नथुनों के बगल में लाली और पपड़ी। जीर्ण सूखा जुकाम; सूखी खुरण्ड, सरलता से खून बहे। अर्बुद और ग्रन्थि वृद्धि।

मुँह—होंठ सूखे, गला लाल, जलन। सुबह को कड़वा स्वाद। दांतों के आरपार झटके। मसूढ़ा का फूलना, थरथराहट दर्द। जबान सफेद, सिरा और किनारे लाल।

गला—गले में ढोंके जैसा संवेदन, खपच्ची जैसा दाब। जलन, लाली और सूखापन। गोला उठता और गलनली को बन्द करता जान पड़े।

आमाशय—भूख का पूर्ण अभाव या अति प्रबलता। सड़ी डकार। भोजन अधिक नमकीन मालूम हो, पानी अधिक पिये, भोजन कम करे। दूध सहन न हो। मिठाई की अधिक इच्छा। (आर्जे० नाइट्रि०)। अति अम्लता, खट्टी डकार। जलन, दर्दीला बोझ जैसा दाब। लगभग ११ बजे दिन को बहुत कमजोरी और शिथिलता; कुछ खाना आवश्यक। गर्भावस्था में मिचली। रोगी पानी अधिक पीये।

उदर—दाब से अति उत्तेजनीयता, कच्चापन और दर्दीलापन का आंतरिक संवेदन। किसी जीवित वस्तु के चालन का संवेदन (क्रोक०, थूजा०)। जिगर के ऊपर दर्द और चोटीलापन। पानी पीने के बाद शूल।

मलाशय—गुदा में जलन और खुजली, उदर मंदता के कारण बवासीर। घड़ी-घड़ी असफल वेग, कड़ा, गँठीला, अपर्याप्त मल। बच्चा दर्द के कारण डरा करे। गुदा के चारों तरफ लाली; साथ में खाज। सुबह का दस्त दर्दहीन; बिस्तर पर से भागना पड़े. काँच निकले। बवासीर, पसीजन और डकार।

मूत्र—अकसर पेशाब करना, खासकर रात में। अनैच्छिक मूत्र-स्खलन खासकर कण्ठमालिक, गन्दे बच्चों में मूत्रमार्ग में जलन जो पेशाब होते समय मालूम हो और बाद में देर तक रहे। पेशाब में श्लेष्मा और मवाद, जहाँ से गुजरे वहाँ छरछराहट पैदा करे। तेजी से पेशाब करना, एकाएक जोर से इच्छा हो। बिना रंग के अधिक मात्रा में पेशाब होना।

पुरुष—लिंग में चिलकन। अनैच्छिक वीर्य-स्खलन। बिस्तर में जाने के समय जननेन्द्रिय में खुजली। लिंग ठंडा, ढीला और शक्तिहीन।

स्त्री—योनिलिंगिका की खुजली। योनि में जलन। अधिक घृणित पसीना। मासिक-धर्म बहुत देर में, थोड़े समय तक रहे, कम मात्रा में और कठिन, गाढ़ा, काला तेजाबी, भागों में छरछराहट पैदा करे। मासिकधर्म के पहले सिर दर्द या स्राव एकाएक रुक जाय। प्रदर, जलन वाला, खराश पैदा करने वाला। स्तन बुण्डी चिटकी और जलन हो।

साँस-यन्त्र—दाब और जलन सीने में। कठिन साँस, खिड़कियाँ खोल कर रखना चाहे। स्वर लोप। सीने भर में गरमी। सारे सीने के ऊपर लाल, कत्थई चकत्ते। ढीला खाँसी, बोलने से और सुबह को अधिक हो। हरापन, मवादी, मीठे स्वाद का बलगम। श्लेष्मा की अधिक खड़खड़ाहट। हृदय के बहुत बड़े लगने और धड़कन के साथ सीना भारी लगे और चिलकन हो। फुफ्फुसावरणीय प्रदाहिक स्राव। टिंचुरा सल्फ्युरिस का व्यवहार करें। चिलकन, दर्द पीठ में से होकर गुजरे, गहरा साँस लेने से या पीठ के बल लेटने से बढ़े। सीने में गरम लहरें जो सिर तक बढ़े। सीने पर बोझ जैसा दाब। रात के मध्य में कष्टदायक साँस, बैठ जाने से कम हो। नाड़ी शाम की अपेक्षा सुबह को तेज चले।

पीठ—कंधों के बीच में खींचन, दर्द। गरदन की जड़ में कड़ापन। ऐसा लगे कि मेरुदण्ड के टुकड़े एक पर एक सरक रहे हों।

अंग—हाथों में कम्प। गरम, पसीनेदार हाथ। वात पीड़ा जो बायें कंधे में हो। भारीपन, आंशिक पक्षाघात का संवेदन। खुजली के साथ वातिक गठिया। रात में हथेली और तलवे जलें। काँखों में पसीना जिसमें लहसुन की गन्ध हो। हाथों और बाहों में खींचन और फटन। घुटनों और टखनों में कड़ापन। सीधे होकर न चल सके। कन्धे झुके रहें। कण्डरा पर होने वाले कोषार्बुद।

नींद—सोते में बातें करता है, अंग झटकता है, फड़कता है। स्पष्ट स्वप्न, गाते हुए जागे। अक्सर जाग उठे और एकाएक पूरी तरह से जाग जाये : कुकुर निंदिया; जरा-सी आवाज पर जाग जाये। २ बजे रात से ५ बजे सुबह तक न सो सके।

ज्वर—अक्सर गरम लहरें। सारे शरीर में गरमी के तूफान। चर्म सूखा, प्यास अधिक। रात में पसीना, गरदन की जड़ पर और काँखों में एक ही भाग पर पसीना। घृणित पसीना। स्वल्प-विराम ज्वर।

चर्म—सूखा, पपड़ीदार अस्वस्थ जरा-सी चोट पक जाये। हल्के, बादामी चकत्ते। खुजली; जलन खुजलाने और धोने से बढ़े। दानेदार फटन, मवादी दाने,

दरारें, नाखूनों का व्रण। चर्म की तहों में छिलन। (लाइको०)। हड्डियों के चारों तरफ फीते जैसा कसापन। स्थानीय औषधि प्रयोग के बाद चर्म रोग उत्पन्न होना। अति खाज रोग, खासकर गरमी से, शाम को, बसन्त काल में हुआ करे, तर मौसम में।

घटना-बढ़ना – बढ़ना : आराम से खड़े होने से, बिस्तर को गरमी से, धोने से, नहाने से, सुबह को, ११ बजे दिन में, रात को, मद्य मिश्रित उत्तेजक पेय से, सामयिक। घटना : सूखे गरम मौसम में, दाहिनी तरफ लेटने से, रोगग्रस्त अंग को खींचने से।

सम्बन्ध—पूरक एलो०; सोरिन०; एकोना०; पाईरारारा (अमेजन नदी में पकड़ी हुई एक तरह की मछली जो कई तरह से चर्म रोग की चिकित्सा में व्यवहार की जाती है)। कुष्ठ, क्षय रोग के गुल्म, उपदंशीय गुल्म, नसों की सिकुड़न और फूलन इत्यादि।

तुलना कीजिए : एकोना० (अकसर तीव्र रोगों में इसके बाद सल्फर अच्छा काम करती है, मर्क्यु० और कैल्केरिया अक्सर सल्फर के बाद अच्छा काम करते हैं, मगर पहले नहीं। लाइको० सीपिया; सार्सा०; पल्से०; सल्फर हाइड्रोजेनिसेटम (सन्निपात, उन्माद, दम घुटना; सल्फर टेरेबिथिनेटम (जीर्ण वातिक सन्धि प्रदाह, ताण्डव रोग); टैनिक एसिड (नाक से रक्त प्रवाह, घाँटी का बढ़ना; कुल्ली करना, कब्ज, मैग्नेशिया आर्टिफिसिएलिस (शाम को बहुत भूख, चेहरे पर अधिक पसीना; जोड़ों में कुचलन दर्द, मलत्याग के बाद मलाशय में सिकुड़न)।

मैग्नेटिस पोलस आर्टिकस (उत्सुक; आँखों का ठंडापन जैसे एक बरफ का टुकड़ा आँखों के घेरों के अन्दर पड़ा हुआ है, लार अधिक बहना; कब्ज, प्रगाढ़ निद्रा, कम्प, उदर में वायु संचय हो)।

मैग्नेटिस पोलस आस्ट्रेलिस (पलकों का सूखापन, टखनों की हड्डियों का सरलता से सरक जाना, पैर के नाखून का भीतर की तरफ बढ़ना, जुकाम में टीस, तलवों में चुभन)।

ग्रन्थि-विकार में तुलना कीजिये, एग्रैफिस०।

मात्रा—सभी शक्तियों में नीची से नीची और ऊँची से ऊँची काम करती हैं। कुछ बहुत उत्तम लाभ ऊँची शक्तियों से देखा गया है जो अकसर दोहराई नहीं गई। १२ शक्ति चिकित्सा शुरू करने के लिए अच्छी है और फिर रोगों के प्रभावित होने के विचारानुसार शक्ति को बढ़ाना चाहिए। जीर्ण रोगों में २०० शक्ति और उससे ऊँची शक्ति। मन्द विस्फोटक सबसे नीची शक्ति।

सल्फर आयोडेटम (Sulphur Iodatum)

(आयोडाइड ऑफ सल्फर)

कठोर चर्म रोग, खासकर खाज और मुहासे। तरल अकौता।

गला—गला और तालुमूल बढ़े हुए और लाल। फूलन। जबान मोटी। कर्णमूल ग्रन्थि ढीली हो गयी हो।

चर्म—कान, नाक और मूत्रमार्ग में खुजली। चेहरे पर रस दाने। होठों पर ठंढे घाव। गरदन पर फोड़े। खाज। मुहासे। घमौरी। बाहों पर खाज वाली फरन। बाल सब खड़े मालूम दें।

मात्रा—३ विचूर्ण।

———

सल्फ्युरिकम एसिडम (Sulphuricum Acidum)

(सल्फ्युरिक एसिड)

अम्ल पदार्थों की दुर्बलता विशेषकर जो सभी अम्लों में उपस्थित रहती है, इस अम्ल में भी पायी जाती है, खासकर पाचन-पथ में जिसके कारण पेट में ढीलापन मालूम होता है और उत्तेजक वस्तुओं की प्रबल इच्छा होती है। कम्प और दौर्बल्य। सभी चीज जल्दी से होनी चाहिए। गरम लहरें, बाद में कम्प के साथ पसीना। कट जाने पर सड़ने की प्रवृत्ति। लेखकों के हाथ की ऐंठन। सीसा विषाक्रमण। पेट का दर्द और अनपच। प्रसूतिका रक्त-प्रवाह।

मन—अशांत, उतावलापन, प्रश्नों का उत्तर शीघ्रता से न देने की इच्छा।

सिर—दाहिनी तरफ का स्नायुशूल, दर्दीले धक्के, चर्म पर चुटकी काटने जैसा दर्द। ऐसा संवेदन कि माथे में भेजा ढीला हो गया है और इस बगल से उस बगल को लुढ़क रहा है। (बेला० रस टॉ०) मस्तिष्क में धक्का लगना, जहाँ चर्म ठंढा और शरीर ठण्डे पसीने से तर हो। सिर के पिछले भाग के बगल में, दाब पीड़ा, सिर के पास हाथों को उठाने से कम। बाहरी भाग का दर्द, मानो खाल पर घाव हो गये हों, छूने से दर्द करे। दाहिनी कनपटी में खोदने जैसा संवेदन मानो एक गुल्ली दबाई जा रही हो।

आँखें—आघात के कारण आँखों की आंतरिक रक्तनलिकाओं में रक्ताधिक्य। श्लैष्मिक झिल्ली में अधिक अर्बुद रोग, टीस और तेज दर्द के साथ।

मुँह—मुख में मुँहा (घाव) मसूढ़े से खून सरलता से बहे। दुर्गन्धित साँस। मसूढ़ों में सड़न।

आमाशय—गला जलना, खट्टी डकारें, दाँत खट्टे हो जायें (रोबिनि०)। मद की प्रबल इच्छा। पानी में पेट से ठण्डापन मालूम हो, मदिरा मिलाना आवश्यक। पेट में ढीलापन। कॉफी की गन्ध से घृणा। खट्टी कै। ताजे भोजन की इच्छा। हिचकी। पेट सेंकने से पेट का आंतरिक ठण्डापन कम हो। गनगनी के साथ मिचली।

उदर—दुर्बलता का संवेदन, कुल्हों और पिठासे में धँसन संवेदन के साथ। ऐसा जान पड़े कि आँत नीचे उतर आवेगी; खासकर बायीं तरफ की।

मलाशय—बवासीर, तर पसीजन। मलाशय में बड़ा-सा गोला मालूम पड़े। दस्त, सड़ा, काला, शरीर की खट्टी गंध और उदर के खालीपन के साथ।

स्त्री—मासिक-धर्म समय के पहले और अधिक मात्रा में। वृद्ध स्त्रियों में योनि-ग्रीवा गलना, खून बहना। तीखा, जलन वाला प्रदर, अक्सर खूनी श्लेष्मा निकले।

साँस-यन्त्र—गरदन की पेशियों में चुभन दर्द और नाक के पर्दों में हिलने के साथ तेज साँस चलना, स्वर-यन्त्र तेजी से ऊपर-नीचे करे। छोटी फटन खाँसी के साथ बच्चों की वायुनलिकाओं में प्रदाह।

अंग—बाहों; हाथों में ऐंठन की तरह पक्षाघातिक झटका, सिकुड़न, लिखते समय अंगुलियों में झटका आए।

चर्म—चोट इत्यादि लगने के दुष्परिणाम। कुचला जाना और लाल चर्म। काले चकत्ते। काली लकीरों के छोटे दागः धूम्र रोग रक्त स्राविक। लाल, रक्तमय, खुजली वाले चकत्ते। शरीर के सभी छिद्रों में काला खून निकलना। पुराने घाव के निशान, लाल और नीले हो जायें और दर्द करें। बेवाई फटना जिसमें सड़न की प्रवृत्ति हो। कारबंकल, फुन्सियाँ और दूसरे और संक्रमणों के विस्फोट।

घटना-बढ़ना—बढ़नाः अधिक गरमी या ठंडक से, दोपहर के पहले या शाम को। घटनाः सेंकने से, रोगग्रस्त करवट लेटने से।

सम्बन्ध—पूरक-पल्से०।

तुलना कीजिएः आर्नि०, कैलेण्डुला०, लीडम०, सीपिया, कैल्के०।

मात्रा—मद्यपान की प्रबल इच्छा को नाश करने के लिए कई हफ्तों तक सल्फ्युरिक एसिड को उसके तिगुने भाग एल्कोहल में मिलाकर १० से १५ बूँद की मात्रा में, दिन में ३ बार देना चाहिए। होमियोपैथी में २ से ३० शक्ति व्यवहार करें।

सल्फ्युरोसम एसिडम (Sulphurosum Acidum)

(सल्फ्युरस एसिड $H_2 SO_3$)

सल्फ्युरस एसिड (तालुमूल प्रदाह फुहारा देने के लिए), मुहाँसे, पेट में घावयुक्त पीड़ा; बहुरंगी रूसी छूटना।

सिर—व्याकुल, शोकाकुल, लड़ाई करने की प्रवृत्ति। कै करने से सिर दर्द कम हो। कानों में टनटनाहट।

मुँह—मुँह में घावयुक्त सूजन। जबान लाल या बैंगनी। मैलदार।

आमाशय—भूख न लगे। कठोर कब्ज।

साँस-यन्त्र—अधिक बलगम के साथ लगातार दम घोटने वाली खाँसी। स्वर-भङ्ग सोने में संकुचन। कठिन साँस।

स्त्री श्वेत प्रदर। दौर्बल्य।

मात्रा—तालुमूल प्रदाह में फुहारे से औषधि को छिड़कना। रिंगर के अनुसार हर भोजन के दस मिनट पहले १० से १५ बूँद पीने से मुँह में पानी भरना कम होगा और पेट में उबाल और बादी नहीं रहेगी। यह मुखछत को भी अच्छा करती है। होमियोपैथिक सिद्धान्त के अनुसार ३ शक्ति।

सुम्बुल (Sumbul)

(मस्क; रूट)

इस औषधि के अन्तर्गत बहुत-से गुल्म वायु और स्नायविक लवण हैं, और यह औषधि स्नायुशूल में और हृदय की अनेक यांत्रिक बाधाओं में व्यवहार की जाती है। ठंडा होने से सुन्न हो जाने तक। बायीं तरफ की सुन्नता। मदपानिक सन्निपात की अनिद्रा (टिंचर की १५ बूँद)। मेरुदण्ड के नीचे तक पानी गिरने का सम्वेदन। दमा रोग। धमनियों के कड़ा पड़ने में एकतन्तु औषधि है।

सिर—आवेगमय और अशान्त। सुबह की मन्दता, शाम को तीव्रता। लिखने और जोड़ने में गलती कर देना। तिल निकलना। नाक में चिमड़ा; पीला श्लेष्मा।

गला—गला घुटने की सम्वेदना, बराबर निगलते रहना। पेट से डकारें उठना। गलनली की पेशियों में आक्षेप। गले में चिमड़ा बलगम।

दिल—स्नायविक धड़कन। बायें स्तन और कोखे के क्षेत्र में स्नायुशूल। हृदय रोग सम्बन्धी दमा रोग। बाईं बाँह में टीस, भारीपन, सुन्न, थकावट। किसी परिश्रम से दम फूले। नाड़ी क्रमहीन।

स्त्री—डिम्बाशय स्नायुशूल। उदर भरा, तना; दर्दीला। वयःसन्धिकालीन गरम लहरें।

मूत्र—पेशाब की सतह पर तेल जैसी चमकती गोलियाँ।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : तीव्र परिश्रम, बायीं तरफ।

सम्बन्ध – तुलना कीजिये : एसाफिटिडा, मॉस्कस।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति। डॉ० डब्लू मैकजार्ज धमनी के कड़ापन के लिए २x हर तीन घण्टे पर देने की सलाह देते हैं।

सिम्फोरिकार्पस रेसीमोसा
(Symphoricarpus Rac.)
(स्नोबेरी)

गर्भावस्था में लगातार वमन होने के लिए अच्छी बतलायी जाती है।

अमाशयिक गड़बड़ी, चंचल भूख; मिचली, जल हिचकी, कड़वा स्वाद। कब्ज। मासिककालीन मिचली। जरा-सा हिलने से मिचली। सभी तरह के भोजन से घृणा। चित्त लेटने से कम।

मात्रा—२ से ३ शक्ति।

२०० शक्ति भी लाभदायक सिद्ध हुई है।

सिम्फाइटम (Symphytum)
(कॉम्फ्रे-निटबोन)

इसकी जड़ में एक दानेदार ठोस पदार्थ होता है जो घाव वाली सतह पर चर्मांकुर उत्पन्न करने में सहायक होता है। यह औषधि अमाशयिक और बड़ी आड़ी-आँत के घाव के लिए आंतरिक प्रयोग में आती है। इसके अतिरिक्त पेट दर्द में और बाहरी प्रयोग में गुदा खाज के लिए। नस-बन्धनी और अस्थिवेष्ट की चोटों के लिए प्रायः सभी जोड़ों पर काम करती है। घुटने का स्नायुशूल।

उस घाव के लिए उपयोगी है जो हड्डियों के भीतर एक और मूलाधार तक घुस जाये जब टूटी हुई हड्डी जल्दी न जुड़े; किसी अंग के काट डालने के बाद उसका ठूँठा भाग उत्तेजनीय हो। कमर की गहराई तक का फोड़ा। अस्थि परिवेष्ट चुभन और दर्द।

सिर—कनपटी; चाँद और माथे में दर्द जो जगह बदले। दर्द नाक की हड्डी से नीचे उतरे। जबड़े की निचली हड्डी में सूजन, कड़ापन, लाली और फूलन।

आँखें—कुन्द चीज के आघात से आँखों में दर्द। आँखों की चोट के लिए इससे बढ़कर कोई औषधि नहीं है।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : आर्निका०; कैल्के फॉस।

मात्रा—अरिष्ट। घाव, गुदा खाज पर लगाने के काम में आती है।

सिफिलिनम (Syphilinum)

(दी सिफिलिटिक वाईरस-ए नोजोड)

सुबह के समय प्रबल शिथिलता और दौर्बल्य।

जगह बदलने वाला गठियावात दर्द। जीर्ण विस्फोट और वातरोग।

मीनवक्किका। उपदंश बाधायें। अँधेरे के बाद से दिन की रोशनी होने तक दर्द हो, जो धीरे-धीरे बढ़े, घटे। मद्यपान की जन्मजात प्रवृत्ति। मुँह, नाक, जननेन्द्रिय, चर्म के घाव। एक के बाद एक फोड़ा निकलना।

मन—स्मरण-शक्ति नष्ट, बीमारी आने से पहले की सब बातें याद रखता है। मुखक्षत; ऐसा मालूम हो कि पागल हो रहा है या पक्षाघात हो रहा है। रात से डर लगना और जागने पर शिथिल होने का डर। आशाहीन, अच्छा होने से निराश।

सिर—कनपटी के आरपार रेखामय पीड़ा या आँखों के पीछे की तरफ। रात को अनिद्रा और प्रलापक सन्निपात। बाल झड़ें। सिर की हड्डियों में दर्द। चाँद अलग होती जान पड़े! सिर दर्द जो बुद्धिहीन बना दे।

आँखें - कनीनिका की छालेदार सूजन जो पुरानी हो और बार-बार आये; कनीनिका की झिल्ली पर छालेदार फरन और छिलन, झुण्ड के झुण्ड हों, अति प्रकाशासह्यता, जलप्रवाह अधिक। पलक फूले हुए, रात में अधिक पीड़ा, ऊपर की पलकों का पक्षाघात। क्षय रोग सम्बन्धी नेत्र प्रदाह। द्वि-दृष्टि, एक प्रतिबिम्ब नीचे भी दिखाई दे। आँखों पर ठण्डी हवा बहती मालूम दे। (फ्लोरिक एसिड)।

कान—उपदंश पर निर्धारित कान की हड्डियों का सड़ना।

नाक—नाक की हड्डियों का सड़ना, तालु और बिचली झिल्ली में छेद होने के साथ कड़ापन, पीनस रोग।

मुँह—मसूढ़ों के पास के दाँतों का भाग सड़े, किनारे दरारेदार, घिसे हुए। जबान पर मैल; दाँत दरारेदार, गहरी, लम्बी चिटकन। घाव दर्द करे और जलन हो। लार अधिक बहे; सोते में टपका करे।

आमाशय—एल्कोहल की प्रबल इच्छा।

मलाशय—बन्धनियों से कसा जान पड़े। एनिमा लेने में बहुत दर्द हो। दरारें, काँच निकलना।

अंग—गृध्रसी, दर्द रात में अधिक हो, दिन निकलने पर कम हो। कन्धों के जोड़ों में; त्रिकास्थि के जोड़ के पास वात दर्द। पीड़ा, चक्कर खाये। लम्बी हड्डियों में तेज पीड़ा। पैर की अँगुलियों के बीच में लाली और छरछराहट। (साइलिशिया)। वात रोग, पेशियों में कड़ी गुठलियाँ। सदा हाथों को धोता रहे। मन्द भाव। पेशियाँ कड़ी गुठलियों में सिकुड़न आयें।

स्त्री—योनि के होठों पर घाव। प्रदर, अधिक, पतला, पानी-सा, तीखा, साथ में तेज चाकू की तरह चुभने वाला डिम्बाशयिक दर्द।

श्वास-यन्त्र—स्वर-लोप, गरमी के मौसम में जीर्ण दमा, साँय-साँय की आवाज और खड़खड़ाहट (टार्ट० एमेटि०)। खाँसी सूखी, कड़ी, रात में अधिक हो, वायु-नली स्पर्श सहन न करे। (लैके०) हृदय के तल भाग से शिखर तक, रात के समय, कोंचन दर्द।

चर्म—सूखे बादामी विस्फोट, बुरी गन्ध के साथ। अति दुबलापन।

तुलना: मर्क०, कैलि हाइड्रियोडिकम; नाइट्रिकम एसिड, ऑरम०, एल्युमिना।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: रात में, सूर्यास्त से सूर्योदय तक समुद्र तट पर, गरमी के मौसम में। घटना: समुद्र से दूर और पहाड़ पर, दिन के समय, धीरे-धीरे चलने-फिरने से।

मात्रा—सब ऊँची शक्ति में और देर-देर पर।

सिजिजियम जेम्बोलेनम (Syzgium Jamb.)

(जैम्बोल सीड्स–एनलेक्सिग, एक्टिव प्रिंसिपल)

रक्त में चीनी अधिक करने का तत्कालीन प्रभाव रखती है, फलस्वरूप मूत्र में शर्कराधिक्य का रोग हो जाता है।

मधुमेह की अति उपयोगी औषधि। कोई भी औषधि इतने स्पष्ट रूप से मूत्र में चीनी की मात्रा न तो कम करती है और न गायब करती है। शरीर के ऊपरी भाग में गरमी की चुनचुनाहट, छोटे लाल दाने जो बहुत तेजी से खुजलायें। अति प्यास, दुर्बलता, दुबलापन। मूत्र अधिक मात्रा में, अधिक घनत्व का। चर्म पर पुराने घाव। बहुमूत्रीय घाव।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: इन्सुलीन–अग्न्याशय का गतिशील तत्व जो पानी

में घुल जाता है, इससे शरीर में चीनी का क्रम ठीक होता है। अगर मधुमेह में ठीक कालान्तर में व्यवहार की जाये तो चीनी प्राकृतिक अनुपात में सीमित रहती है और मूत्र मधुहीन रहता है। अधिक मात्रा में सेवन करने से कमजोरी और थकावट, कम्प और अधिक पसीना होने लगता है।

टैबेकम (Tabacum)

(टोबैको)

टैबेकम के लक्षण बहुत स्पष्ट हैं। मिचली, चक्कर, शरीर का मृत्युतुल्य पीलापन, कै होना, बर्फीली ठंडक और पसीना, साथ में नाड़ी का रुक-रुक कर चलना सभी इसकी विशेषताएँ हैं। इसमें विशिष्ट रोगाणुनाशक गुण हैं। हैजे के कीटाणुओं को मारती है। पूरे पैशिकमण्डल की पूर्ण शिथिलता। पतनावस्था। पेट दर्द, आंत्र-शूल; समुद्र यात्रा वमन; शिशु हैजा, जुकाम, सर्दी, लेकिन उदर पर से कपड़ा हटाना चाहे। आँतों में तीव्र आकुञ्चन तथा वमन क्रिया, दस्त लगना। रक्त-वाहिनियों में अधिक तनाव और हृदय तथा होठों की धमनियों में कड़ापन उत्पन्न करती है। हृदय-धमनियों के शूल और अधिक तनाव के साथ हृदयशूल में उत्तम समान क्रियात्मक औषधि सिद्ध होना चाहिए। (कारटियर)। गले, सीने, मूत्राशय में संकुचन। चेहरे का फीका रङ्ग. दम फूलना। कड़ी कसी हुई नब्ज चलना।

मन—घोर तुच्छता का संवेदन। अति निराश। भुलक्कड़। असन्तुष्ट।

सिर—आँखें खोलने पर चक्कर आये, पुराना सिर दर्द, घोर मिचली के साथ सामयिक हमले। फीते जैसा कसाव। एकाएक हथौड़े की चोट पड़े ऐसा सिर दर्द। स्नायविक बहरापन। आँख, नाक, और मुँह से अधिक स्राव।

आँखें—निगाह धुँधली, वक्र दृष्टि। आंशिक या सम्पूर्ण अन्धापन। पेशियों में अनैच्छिक फड़कन। लोप हो जाने वाले काले धब्बे। बिना किसी कारण के एकाएक अन्धापन आये, बाद में शिराओं में रक्ताधिक्य और दृष्टि स्नायु का सिकुड़ जाना।

चेहरा—पीला, नीला, सिकुड़ा, शिथिल ठंडे पसीने वाला। (आर्से०, वेरेट्र०) बादामी चकत्ते।

गला—नासा-गलकोष-प्रदाह और कण्ठनली प्रदाह, खखारना, सुबह की खाँसी, कभी-कभी कै के साथ। भाषण देने वालों का गला बैठना।

आमाशय—लगातार मिचली, जो तम्बाकू पीने की गन्ध से बढ़े (फॉस०)। जरा-सा हिलने से कै हो, कभी-कभी मल जैसा पदार्थ कै में आये। गर्भावस्था में; अधिक थूकने के साथ। समुद्री मिचली, पेट के तल में गहरी कमजोरी, पेट में

ढीलापन मालूम दे, साथ में मिचली (इपिकाक)। पेट में दर्द; हृदय के किनारे से दर्द बायीं बाँह में जाये।

उदर—ठंडा। उदर उघाड़ा रखना चाहे। इससे मिचली और कै कम हो। दर्द के साथ तनाव। हार्नियाँ, आँतें उतर कर फँस गई हों।

मलाशय—कब्ज, मलाशय पक्षाघातिक; काँच निकले। दस्त एकाएक, पानी-सा साथ में मिचली और कै, शिथिलता और ठंडा पसीना, खट्टे दूध की तरह पाखाना, गाढ़ा, थक्केदार, पानी-सा। मलाशय में ऐंठन।

मूत्राशय—गुर्दा-शूल, मूत्रनलिका के मार्ग में तीव्र दर्द, बायीं तरफ।

दिल—बायीं तरफ लेटने से धड़कन। नाड़ी सविरामिक, दुर्बल अप्रत्यक्ष। हृदय-शूल, हृदय-क्षेत्र के ऊपरी भाग में दर्द। वक्षोस्थि के बीच मे दर्द चारों तरफ फैले। तीव्र धड़कन। अति मन्द धड़कन। धक्का लगने से या बहुत जोर पड़ने से हृदय का अधिक तीव्र फैलाव। (रॉयल)।

साँस-यन्त्र—सीने में कठिन, तीव्र संकुचन। हृदय क्षेत्र के ऊपर दाब, कन्धों के बीच में दर्द और दिल धड़कन के साथ। खाँसी और उसके बाद हिचकी। खाँसी सूखी, कष्टदायक; ठंडे पानी की एक घूँट पीना आवश्यक। (कॉस्टि०, फॉस०) कष्टदायक साँस, बायीं करवट लेटने से बायीं बाँह में नीचे तक चुनचुनाहट के साथ।

अंग—टाँगें और बाँहें बरफ की तरह ठंडी, अंग कम्प, संन्यास रोग के बाद पक्षाघात। (प्लम्बम०)। चाल घसीटती; लड़खड़ाती। बांहों में दुर्बलता।

नींद—अनिद्रा जिसके साथ हृदय विस्तार, ठंडा, लसीला चर्म और व्याकुलता हो।

ज्वर—शीत, ठण्डे पसीने के साथ।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: आँखें खोलने पर; शाम के समय, अत्यधिक ठंडक या गरमी। घटना: कपड़ा हटाने से; खुली ताजी हवा से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये: हाइड्रोब्रोमिक एसिड, कैम्फो०; वेरेट्र०, आर्से०।

तुलना कीजिये: निकोटिनम (शक्तिवर्द्धक और शक्तिनाशक प्रभाव बारी-बारी, बाद में शारीरिक ढीलापन और कम्पन, मिचली, ठण्डा पसीना और शीघ्र पतन, सिर पीछे को मुड़ा, पलकों और जबड़ों की पेशियों का सिकुड़ना, गरदन और पीठ की पेशियाँ कड़ी हों। स्वर-यन्त्र और वायु-नलिका की पेशियों के कारण फुफुकार ऐसी साँस।

क्रियानाशक—सिरका; खट्टा सेव, कैम्फर स्थूल क्रियात्मक विषनाशक है। आर्से०। (चबाने वाला तम्बाकू), इग्ने० (धूम्रपान वाला तम्बाकू), सीपिया

(स्नायुशूल और अनपच), लाइको० (नपुंसकता), नक्स, (तम्बाकू के कारण बुरा स्वाद) कैलेडि० और प्लैण्टैगो। (तम्बाकू से घृणा उत्पन्न करती है), फॉस० अधिक तम्बाकू पीने से आया हृदय रोग, काम सम्बन्धी दौर्बल्य)।

मात्रा—३ से ३० शक्ति और उससे ऊँची।

टैनेसेटम वलगैरी (Tanacteum Vul.)

(टैन्सी)

असाधारण स्नायविक सुस्ती और थकी भावना "अधमरी, अधजिन्दी अवस्था" सारे शरीर में। ताण्डव रोग में और परिवर्तित आक्षेप (कृमि) में लाभदायक। आइवी विष की एक अचूक औषधि।

सिर—भारी, मन्द, गड़गड़ाहट। जरा-से परिश्रम से सिर दर्द करे।

मन—चिड़चिड़ा, आवाज असह्य। मानसिक थकावट, मिचली और चक्कर, बन्द कमरे में बढ़े।

कान—गरज और टनकन, आवाज विचित्र सुनाई दे, कान एकाएक बन्द हो जाये।

उदर—आँतों में दर्द, मलत्याग से कम हो। खाने के बाद ही मलत्याग की इच्छा हो। पेचिश।

स्त्री—पीड़ाजनक मासिक-स्राव जिसके साथ जान जाने जैसी कमजोरी और पुट्ठों में खींचन। मासिक धर्म दब गया हो, देर में हो, अधिक मात्रा में हो।

साँस-यन्त्र—तेज, कष्ट के साथ। आवाज के साथ। झागदार बलगम से वायु-मार्ग बन्द हो।

सम्बन्ध— तुलना कीजिये: सिमिसिफ्यु०, सिना, एब्रसिंथि०। नक्स० बाद में अच्छा काम करती है।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

टैनिक एसिड (Tannic Acid)

(टैनिन-डिजैलिक एसिड)

अधिक श्लैष्मिक झिल्ली स्राव और तन्तु को संकुचित करने और रक्त-स्राव रोकने के लिए बहुधा बाहरी स्थानीय व्यवहार में आती है। दुर्गन्धित पसीने को

गन्धहीन करने के लिए काम में आती है। कठोर स्नायविक खाँसी। खून का पेशाब। कठोर कब्ज। उदर में दर्द, दाब से असह्य, आँतें मोटी-मोटी गोल सिलिंडर की तरह मालूम हों। आधा प्रतिशत सोल्यूशन।

सम्बन्ध—गैलिक ऐसिड; सावधानी से देना चाहिए।

टैरेण्टुला क्युबेन्सिस (Tarentula Cub.)

(क्युबैन स्पाइडर)

एक विषाक्त औषधि, रक्त की दूषित अवस्था। झिल्ली प्रदाह। अति प्रचण्ड प्रदाह और पीड़ा, रोग के आरम्भ ही से और लगातार शिथिलता। कई प्रकार के घातक पतन। बैंगनी रंग और जलन, कोंचन दर्द। बाघी। यह मृत्यु पीड़ा की दवा है, अन्तिम संघर्ष में शान्ति प्रदान करती है। अति खाज, खासकर जननेन्द्रिय पर। पैर अशान्त रहें। सविराम विषैली गनगनी। बाघीयुक्त महामारी। रोग को अच्छा करने वाली और रोग के आक्रमण को रोकने वाली औषधि, संक्रमणकाल में अति लाभदायक।

सिर—गरमी और गरम पसीने के बाद चक्कर आये। चाँद पर धीमी टीस। बायीं आँख से होकर सिर के अगले भाग के पार तक चमकन दर्द।

आमाशयिक—पेट कड़ा, दर्दीला मालूम हो। भूख की कमी सिवाय नाश्ते के।

पीठ – गुर्दों के क्षेत्र के आरपार खुजली।

अंग—हाथ काँपें, रक्त से फूला हुआ।

मूत्राशय—मूत्र रुकना। खाँसने पर मूत्र न रोक सके।

चर्म लाल चकत्ते और दाने। सारा चर्म फूला मालूम पड़े।

कारबंकल, जलन, चुभन दर्द। हल्का बैंगनी रंग। फोड़े, जहाँ दर्द और सूजन प्रधान हो। स्तनों में कठिन अर्बुद। "वृद्धावस्था" के घाव।

नींद - औंघाई, अशान्त कड़ी खाँसी के कारण अनिद्रा।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : आर्से०, पायोरोजोन, क्रोटेल, एचिनी०, एन्थ्रा-क्सि०, बेलाडो०, एपिस०।

घटना-बढ़ना—घटना : धूम्रपान से। बढ़ना : रात में।

मात्रा —६ से ३० शक्ति।

टैरेन्टुला हिस्पानिया (Tarentula Hispania)

(स्पैनिश स्पाइडर)

विचित्र स्नायविक अवस्था; गुल्म-वायु, साथ में हरित पाण्डु रोग, तांडव रोग, कष्टदायक मासिक धर्म, मेरुदण्ड की उत्तेजना। मूत्राशय में कूँथन। संकुचन संवेदन। सुरसुरी। अति बेचैनी; लगातार हिलते रहना चाहिए, चाहे टहलने से भी रोग बढ़े। गुल्मवायु युक्त मिरगी रोग। अति प्रचण्ड कामोत्तेजना।

मन—एकाएक भाव बदल जाये। लोमड़ी जैसी मक्कारी। विनाशकारी आवेग। नैतिक शिथिलता। लगातार कोई-न-कोई काम करते रहना चाहे या टहलते रहना चाहे। संगीत असह्य। संग-साथ से घृणा, मगर किसी-न-किसी को अपने पास रखना चाहे। कृतघ्न, असन्तुष्ट, चित्त की तरंगों पर काम करने वाला।

सिर—प्रचण्ड पीड़ा, मानो हजारों सूइयाँ मस्तिष्क में चुभाई जा रही हों। चक्कर आये। बालों में ब्रश करवाना चाहे या सिर में मालिश करवाना चाहे।

पुरुष— कामोत्तेजना; जो पागलपने की हद तक पहुँचे; धातुक्षीणता।

दिल—धड़कन, हृदय के ऊपरी क्षेत्र में कष्ट, मालूम हो कि दिल ऐंठ गया और घुमा दिया गया है।

स्त्री—योनिलिंगिका सूखी और गरम, अधिक खाज। अधिक मासिक-धर्म, अक्सर कामोत्तेजित आक्षेप के साथ। योनिलिंगिका की अति खाज; कामोन्माद। कष्टदायक मासिक धर्म, अति उत्तेजनीय डिम्बाशयों के साथ।

अंग—टाँगों में कमजोरी, ताण्डव चालन। टाँगें सुन्न। कम्प के साथ कई जगहों में कड़ापन। फड़कन और झटके। टाँगों में असुविधा के साथ जम्हाई आना, बराबर हिलते रहना। अस्वाभाविक संकुचन और हरकत।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : हरकत, स्पर्श, आवाज। घटना : खुली हवा में, संगीत, चटक रंग, रोगग्रस्त भाग की मालिश से। बढ़ना : दूसरों को कष्ट में देखकर।

सम्बन्ध—तुलना : एगैरि०, आर्से०; क्युप्रम०; मैग० फॉस०।

क्रियानाशक : लैके०।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

टैरैक्सेकम (Taraxacum)

(डैण्डेलियन)

अमाशयिक सिर दर्द, पित्ताक्रमण, साथ में विशेष प्रकार की नक्शेदार जबान

और पीला चर्म। मूत्राशय का कर्कट रोग। पेट में बादी भरना। मूर्च्छा वायु में अफरा आना।

सिर—चाँद पर अधिक गरमी मालूम देना। उरःसंखास्थि चुचुक-प्रवर्द्धन पेशी को छूने से सन्ताप हो।

मुँह—नकशेदार जिह्वा। जिह्वा पर सफेद पतला मैल, कच्ची मालूम दे; चकत्तों में निकले और छूटने के बाद नीचे लाल, उत्तेजनीय जगह रह जाये। भूख लोप होना। कड़वा स्वाद और डकार। लार बहना।

उदर—जिगर बढ़ा और कड़ा। बायीं तरफ तीव्र चिलकन। आँतों में बुलबुले फटने जैसा संवेदन। पेट तना हुआ। मलत्याग कठिन।

अंग—अति अशान्त। घुटनों का स्नायुशूल, दाब से कम हो। अंगों को छूने से दर्द करे।

ज्वर—खाने के बाद शीत, पीने के बाद अधिक हो; अंगुलियों के सिरे ठण्डे। कड़वा स्वाद। गरमी बिना प्यास, चेहरे में और पैर की अँगुलियों में। सो जाने पर पसीना।

चर्म—अधिक रात पसीना।

घटना-बढ़ना—बढ़नाः आराम से, लेट जाने से, बैठने से। घटनाः छूने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजियेः कोलिन, यह टैरेक्सेकम के जड़ का एक अंश है, कर्कट की चिकित्सा में लाभदायक सिद्ध हुई है। कोलिन और न्युरिन से निकटतम सम्बन्ध है, यह 'कैक्रोमी" है—प्रोफे० एडमकीविवज (ई, शेलेगेल०) का। ब्रायो०; हाइड्रै स्टि०, नक्स०, टेला एरैनिया। (स्नायविक दमा और अनिद्रा)।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

टारटैरिकम एसिडम (Tartaricum Acidum)

(टारटैरिक एसिड)

यह अंगूर, अनन्नास, चूका और दूसरे फलों में पायी जाती है। शीताद नाशक, सड़न निवारक है, श्लेष्मा और लार ग्रन्थियों को शक्ति देती है।

मन्दता और सुस्ती। घोर दौर्बल्य, साथ में दस्त और सूखी बादामी जबान। एँड़ी में दर्द। (फाइटोल०)।

आमाशय—प्यास अधिक, लगातार कै, गले और आमाशय में जलन। अधिक श्लैष्मिक स्राव के साथ अनपच रोग।

उदर—नाभि में चारों तरफ और कमर में दर्द। पिसी हुई कॉफी के रंग का मल (रात में अधिक), साथ में बादामी, सूखा जबान और गहरी हरी कै।

मात्रा—३ विचूर्ण।

———

टैक्सस बैकाटा (Taxus Baccata)

(यू)

चर्म के रसदाने और रात पसीना। गठिया और जीर्ण वात रोग में भी हितकर।

सिर—आँखों से जलस्राव के साथ घेरों के ऊपरी भाग और कनपटी का दर्द जो दाहिनी तरफ अधिक हो। पुतली फैली हुई। चेहरा फूला हुआ और पीला।

आमाशय—लार गरम, तीखी। मिचली। आमाशय के गड्ढे में और नाभि प्रदेश में दर्द। खाने के बाद खाँसी। आमाशय के गड्ढे में आलपीन और सूई गड़ने जैसी चुभन, भारीपन का संवेदन, बार-बार कुछ न कुछ खाना आवश्यक (कोनिफेरी से तुलना कीजिए)।

चर्म—बढ़े, चपटे, खाज वाले दाने। दुर्गन्धित रात-पसीना। पैरों का गठिया। विसर्प रोग।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति।

———

टेल्यूरियम (Tellurium)

(दी मेटल टेल्यूरियम)

चर्म लक्षण (चक्राकार मैंसिया दाद), मेरुदण्ड, आँख, कान के लक्षण विद्यमान हैं। अति स्पर्शकातर पीठ। सारे शरीर में दर्द। घृणित स्राव। लक्षण धीरे-धीरे बढ़े। (रेडियम)। त्रिकास्थि और जंघस्नायु में पीड़ा।

सिर—असावधान और भूलने वाला। सिर की बायीं तरफ और माथे में बाँयीं आँख के ऊपर दर्द। बाँयीं तरफ के चेहरे की पेशियों में टेढ़ापन और फड़कन; बोलते समय मुँह की बाँयीं तरफ का कोना ऊपर को और बाँयीं तरफ खिंचे। उत्तेजित भाग में स्पर्श का भय। सिर, गरदन की जड़ में रक्ताधिक्य बाद में कमजोरी और आमाशय में गरमी। सिर की खाल में खाज, लाल चकत्ते।

आँखें—पलक मोटे, सूजे हुए और खुजली। अनुपक्ष, मवादी नेत्र-प्रदाह। नेत्र रोग के बाद मोतियाबिंद, उपतारा और काले पर्दे में स्राव संचयता को शरीर ही में पचाने में सहायक होती है।

कान—कानों के पीछे अकौता। बिचले कान से स्राव आये, स्राव तीखा, मछली के अचार की तरह गंध करे। कान के छिद में खुजली, फूलन और थरथराहट। बहरापन।

नाक—जुकाम, आँख से पानी बहना और भारी आवाज, खुली हवा में कम रहे। (ऐलियम सिपा)। नाक रुकी हुई; पिछले भाग से नमकीन बलगम खखारा करे।

आमाशय—सेब खाने की इच्छा। खाली और दुर्बल संवेदन। गला जलना।

मलाशय—हर मलत्याग के बाद गुदा में शरीर सन्धि स्थान के पास अति खाज।

पीठ—त्रिकास्थि में दर्द। अन्तिम मोहरे से पाँचवी पृष्ठास्थि तक दर्द; अति उत्तेजनीय, छूने से अधिक हो। (चिनि० सल्फ्यु० फॉस्फो०)। गृध्रसी, दाहिनी तरफ अधिक, खाँसने से, जोर पड़ने से और रात में, साथ में मेरुदण्ड स्पर्शकातर। घुटनों के मोड़ों में बँधनी-पेशियों की सिकुड़न।

चर्म—हाथ और पैरों का खुजलाना। विषर्पीय चकत्ते, दाद (ट्युबरक्युलिनम) गोल घेरेदार फरन जिनमें से घृणित गंध निकले। बालों की जड़ों का प्रदाह। चर्म में चुभन। घृणित दुर्गन्ध। (सल्फर) घृणित पैर-पसीना। अकौता, कानों के पीछे और सिर के पिछले भाग में। अकौता के गोल चकत्ते।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : रात में आराम करते समय, ठण्डे मौसम में, रगड़ से, खाँसने से, हँसने से, दर्दीली करवट लेटने से, छूने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : रेडियम; सेलेनियम; टेट्राडाइमाइट—जिआर्जिया और नॉर्थ कैरोलिना से प्राप्त किया हुआ रवादार पदार्थ जिसमें बिस्मथ, टेल्यूरियम और सल्फर रहता है—(गुदास्थि का दर्द, नाखून के घाव, हाथों में छोटी जगहों में, टखनों, एड़ी में और टाँगों के पिछले भाग की बड़ी नस में दर्द); सीपिया, आर्से०, रस टॉ०।

मात्रा—६ शक्ति और उससे ऊँची। असर देर में आता है और बहुत दिनों तक जारी रहता है।

टेरेबिन्थिना (Terebinthina)

(टरपेनटाइन)

श्लेष्मिक सतह से खून बहने में विशेष प्रभाव रखती है। पेट का वायु से फूलन और मूत्र सम्बन्धी लक्षण स्पष्ट है। गुर्दों की सूजन; साथ में रक्तस्राव—काला,

मन्द, घृणित। पहले शोथ, फिर एलब्यूमेन मूत्र रोग विशेष। (गूलान)। औंघाई और पेशाब का रुकना। तन्द्रा। बिना फटी बेवाई।

सिर—धीमा दर्द जैसे सिर के चारों तरफ फीता कसा हो। (कार्बो० एसिड)। चक्कर एकाएक दृष्टिहीनता के साथ। सन्तुलन शक्ति की गड़बड़ी, थकावट और चित्त जमाना कठिन। जुकाम, नथुनों की छरछराहट और रक्तस्राव की प्रवृत्ति के साथ।

आँखें—दाहिनी आँख के ऊपर स्नायुशूल। आँख और सिर की बगल में तीव्र पीड़ा। मद्यपानजनित कष्टदायक दृष्टि।

कान—अपनी ही आवाज विचित्र मालूम पड़े, समुद्री घोंघे की तरह भुनभुनाहट, जोर से बोलने में कष्ट हो। कर्णशूल।

मुँह—जबान सूखी, लाल, दर्द वाली, चमकीली, सिर में जलन, साथ में उभरे भाग दर्शनीय। (आर्जे०। नाइट्रि; बेला०; कैलिबाइक्रो०, नक्स मॉ०)। साँस ठडी, घृणित। गले में घुटन संवेदन। मुख प्रदाह। दाँत निकलना।

आमाशय—मिचली और कै, उदरोर्द्ध प्रदेश में गरमी।

उदर—प्रचण्ड तनाव। दस्त, मल पानी-सा; हरियालीदार; घृणित खूनी, वायु-स्खलन के पहले दर्द और मलत्यागने के बाद कष्ट में कमी। आँत से रक्त स्राव, केंचुवे। उदर शोथ, पेड़ू के अन्त्रावरक झिल्ली का प्रदाह। हर बार मल त्यागने के बाद गशी। आन्त्रिक शूल, साथ में आँतों से रक्त-प्रदाह और घाव।

मूत्राशय—पेशाव रुक जाना, खूनी पेशाब के साथ। कम मात्रा में, दबा हुआ कासनी के फूलों की महँक; मूत्र नलिका प्रदाह, पीड़ाजनक लिंगोत्थान के साथ (कैन्थेरि०)। किसी तीव्र रोग के बाद गुर्दों में सूजन। लगातार ऐंठन।

स्त्री—गर्भाशय क्षेत्र में प्रचण्ड जलन। जरायु प्रदाह, प्रसवकालीन अन्त्रावरण झिल्ली प्रदाह। गर्भाशय में जलन के साथ अति रक्त-स्राव।

साँस-यन्त्र—कठिन साँस, फुफ्फुस फैले, तने हुए मालूम हों, खून थूकना। खूनी बलगम।

दिल—नाड़ी तेज, छोटी; धागे जैसी, सविराम।

पीठ—गुर्दा प्रदेश में जलन के साथ दर्द। दाहिने गुर्दे में खींचन जो नितम्ब तक पहुँचे।

चर्म—मुँहासे। अयनिका, खाज वाले रस दाने, फफोलेदार, विस्फोट, जुलपित्ती धूम्र रोग, काले दाग, शोथ,। अरुण ज्वर। बेवाइ; साथ में तीव्र खाज और टपक पेशियों में टीस दर्द।

ज्वर—गरमी साथ में घोर प्यास, सूखी जबान अधिक ठंडा लसीला, पसीना। अफरा के साथ आन्त्र ज्वर, रक्त-प्रवाह, गशी-निद्रा, प्रलापक सन्निपात, शिथिलता।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: एलुमेन, सिकेलि०, कैन्थे०, नाइट्रि० एसिड। टैरेबीन १x (जीर्ण वायुनलिका प्रदाह और जाड़े के मौसम की खाँसी, साँस-मार्ग की निम्न तीव्र प्रदाहिक अवस्थायें। बलगम को ढीला करती है, कसाव को कम करती है और बलगम सरलतापूर्वक निकलने लगता है)। स्नायविक खाँसी। जनसमूह में भाषण देने वालों और गाने वालों की आवाज में भारीपन। मूत्राशय प्रदाह जब मूत्र क्षारीय हो और घृणित गन्ध हो।

ओनोनिस स्पाइनोसा—रेस्ट हैरो—(पेशाब बढ़ाने वाली। पथरी को निकालने वाली। जीर्ण गुर्दा प्रदाह, जुनिपर की तरह मूत्र-वृद्धि का प्रभाव; पथरी, जो नकसीर सिर धोने से अधिक हो)।

क्रियानाशक—फासफा०।

मात्रा—१ से ६ शक्ति।

ट्युक्रियम मैरम (Teucrium Marum)

(कैट-थाइम)

नाक के, मलाशय के लक्षण पथप्रदर्शक हैं। नासार्बुद। बच्चों के रोग। अधिक औषधियों के प्रयोग के बाद उपकारी। अधिक उत्तेजना। अँगड़ाई लेने की इच्छा। क्षीणता रोग के साथ जीर्ण नासिका स्राव की एक अति विख्यात औषधि, बड़ी घृणित खुरण्डें और गुठलियाँ, पीनस रोग। गन्ध लेने की अक्षमता।

सिर—उत्तेजित; कम्पित भाव। अग्रभाग की पीड़ा, झुकने से अधिक हो। मदात्यय के बाद मस्तिष्क को शक्ति देती है।

आँखें—किनारों में गड़न, छरछराहट, पलक लाल फूली; चक्षुपटीय कम्प। (स्टैफि०)।

कान—सिसकारी और घण्टी बजने की आवाज सुने।

नाक—नथनों के अगले और पिछले भागों का नजला। श्लैष्मिक अर्बुद। जीर्ण नजला; बड़े टेढ़े-मेढ़े ढोके निकलें। घृणित साँस। नथुनों में रेंगन, आँखों से पानी बहने और छींक आने के साथ। जुकाम, नाक बन्द होने के साथ।

आमाशय—अधिक मात्रा में गहरा हरा पदार्थ कै करना। लगातार हिचकी, पीठ में दर्द के साथ। अप्राकृतिक भूख। खाने के बाद हिचकी, स्तनपान कराने के बाद।

साँस-यन्त्र—सूखी खाँसी, गलकोष में गुदगुदी, गले में गन्दा स्वाद जब श्लेष्मा खखारे। अधिक बलगम।

अंग—अंगुलियों के सिरों के और पैर की अंगुलियों के जोड़ों के रोग। बाहों और टाँगों में फटन दर्द। पैर की अंगुलियों के नाखूनों में दर्द मानो वे मांस में गड़ गये हों।

मलाशय—गुदा में खाज और शाम को बिस्तर में लगातार उत्तेजना। केचआ रोग, हर रात में बेचैनी के साथ, मल त्यागने के बाद मलाशय में रेंगन।

नींद—फड़कन, दम घुटे, भय से घबरा कर जाग उठे, बेचैनी।

चर्म—खुजली से सारी रात करवटें बदला करे। बहुत सूखा चर्म, नाखूनों में पीब वाली दरारें।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: ट्युक्रियम स्कोरोडोनिया—ऊ-इसैज, (तपेदिक में मवादी श्लैष्मिक बलगम के साथ, शोथ, अण्ड प्रदाह और शुक्र रज्जु क्षय; खासकर फुफ्फुस और ग्रन्थियों के क्षयरोग के साथ जो युवा, दुबले-पतले व्यक्तियों में हो। हड्डियाँ और मूत्र जननेन्द्रिय भी रोगग्रस्त, ३x)। सिना; इग्नेशि०; सैंग्वि०, साइलीशिया।

मात्रा—१ से ६ शक्ति। बाहरी, स्थानीय प्रयोग, अर्बुद पर बुकनी के रूप में छिड़कने के लिए।

— :o: —

थैलियम (Thallium)

(दी मेटल थैलियम)

थैलियम का प्रभाव अन्तःस्त्राविक ग्रन्थियों पर मालूम देता है, खासकर गल-ग्रन्थि और सामने के पास वाली ग्रन्थि पर। अति प्रचण्ड स्नायुशूल, आक्षेपिक चुभन दर्द। पैशिक क्षीणता। कम्प। गति शक्ति राहित्य की घोर पीड़ा को अच्छा करती है। निचले अंगों का पक्षाघात। पेट और आँतों में बिजली के धक्कों जैसा दर्द, टाँगों और नीचे के अंगों का पक्षाघात। तीव्र; और दौर्बल्य वाले रोगों के बाद बाल झड़ना। रात पसीना। अनेक स्थानों का स्नायु-प्रदाह। चर्म पोषण बाधायें।

अंग—कम्प। जैसे लकवा मार गया हो। कोंचन दर्द, बिजली के धक्कों की तरह। बहुत थकावट। जीर्ण अस्थि-मज्जा-प्रदाह। हाथ और पैर की अँगुलियों का सुन्न हो जाना जो निचले अंगों में फैले और निचला उदर तथा विटप प्रदेश में रोग बढ़े। निचले अंगों का पक्षाघात। अंगों का नीला पड़ना। सुरसुरी, अँगुलियों में शुरू हो और पेड़ू में से होकर विटप क्षेत्र तक और भीतरी जाँघ से पैरों तक बढ़े।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : लैथाइर०; कॉस्टि०; आर्जेण्ट०, नाइट्रि०, प्लम्बम० ।

मात्रा—निचले विचूर्ण से ३० शक्ति ।

थैस्पियम ग्रोरियम-जिजिया (Thaspium Aureum-zizia)

(मीडो पार्सनिप)

गुल्म वायु, मिर्गी, ताण्डव रोग, व्याधि-शंका, सभी इसके प्रभाव-क्षेत्र में आते हैं ।

मन—आत्महत्या के विचार, उदास । बारी-बारी हँसे-रोये ।

सिर—चाँद पर और दाहिनी कनपटी में दाब, जो पीठ दर्द से सम्बन्धित हो ।

पुरुष—मैथुन के बाद बहुत सुस्ती । मैथुन-शक्ति का बढ़ जाना ।

स्त्री—बायें डिम्बाशय का सविराम स्नायुशूल । अधिक मात्रा में तीखा प्रदर ; मासिक धर्म विलम्ब के साथ हो ।

साँस-यन्त्र—सीने में चिलकन के साथ सूखी खाँसी । कष्टदायक साँस ।

अंग—साधारण थकावट । ताण्डव रोग, खासकर नींद में टाँगें चञ्चल रहें ; (टैरेण्टुला०) । बाहों में लँगड़ापन और आक्षेपिक फड़कन ।

घटना-बढ़ना - बढ़ना : सोने से ।

तुलना कीजिए : एगैरि०, स्ट्रैमो०, टैरेंटु०; साइक्यूटा०; इथूजा० ।

मात्रा—अरिष्ट से ३ शक्ति तक ।

थिया (Thea)

(टी)

स्नायविक अनिद्रा, हृदय बाधायें, धड़कन और पुराने चाय पीने वालों की मंदाग्नि । बहुत तरह के पुराने सिर दर्द उत्पन्न करती है । टैबेकम के उपद्रवों का शमन करती है । (एलेन) ।

सिर—अल्पकालीन मानसिक उल्लास । बदमिजाजी । एक स्थान से फैलने वाला रोग, पुराना सिर दर्द । अनिद्रा और अशान्त । श्रवण भ्रम । सिर के पिछले भाग पर ठंडक, तर संवेदन ।

आमाशय—उदरोर्द्ध प्रदेश में दुर्बलता का संवेदन । गशी, कर्महीन संवेदन । (सीपिया; हाइड्र०; ओलिएण्डर) अम्ल की इच्छा । एकाएक अधिक वायु पैदा हो जाना ।

उदर—अफरा की आवाजें। आँत उतरने की सम्भावना।

स्त्री—डिम्बाशयों में दर्द और कोमलपन।

दिल—आकुल दाब। हृदय के ऊपरी क्षेत्र में कष्ट। धड़कन; बायीं करवट न लेट सके। फड़फड़ाहट। नाड़ी तेज, क्रमभ्रष्ट, सविराम।

नींद—दिन में निद्रालुता, रात में अनिद्रा साथ में रक्तवाही नाड़ी मण्डल की उत्तेजना और अशान्ति तथा सूखा चर्म। भयानक स्वप्न से डर न लगे।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : रात में खुली हवा में टहलने से, खाने के बाद।

घटना : निम्न ताप से, कुनकुने पानी से स्नान करने के बाद।

सम्बन्ध—क्रियानाशक : कैलि हाइपोफास०; थुजा०; फेरम, कैलि हाइड्रि०।

मात्रा—३ से ३० शक्ति।

थेरिडियन (Theridion)

(ऑरेन्ज-स्पाइडर)

स्नायविक उत्तेजना। क्षय बाधाओं के लिए आकर्षण रखती है। चक्कर, पुराना सिर दर्द, हृदय क्षेत्र के चारों तरफ विचित्र पीड़ा, सरपट आने वाला क्षयरोग, कण्ठमाला बाधाएँ सभी की इस औषधि से लाभ के साथ चिकित्सा की गई है। आवाज असह्य, वह शरीर को बेधती है, खासकर दाँतों को। आवाजें शरीर की दर्द वाली जगहों पर आघात करती हैं। अस्थि क्षय रोग, अस्थि सड़न, अस्थि में रक्तहीनता और क्षीणता। क्षय रोग, बायीं तरफ के फुफ्फुस के शिखर में चिलकन। (ऐन्थ्रैक्स) जहाँ स्पष्ट लक्षणों वाली औषधि का लाभ टिकाऊ सिद्ध न हो।

मन—अशान्त, किसी चीज से प्रसन्न न हो। समय तेजी से बीते।

सिर—किसी व्यक्ति के फर्श पर चलने से पीड़ा अधिक हो। चक्कर, साथ में जरा-सा हिलने से कै और मिचली, खासकर आँखें बन्द करने से।

आँखें—आँखों के सामने चमकती, काँपती चीजें दिखाई दें, प्रकाश असह्य। ढेलों के पीछे दाब। बायीं आँख के ऊपर थरथराहट।

नाक—हल्का, पीला, गाढ़ा, घृणित स्राव; पीनस। (पल्से०; थूजा०)।

आमाशय—समुद्री मिचली। आँखें बन्द करने पर हिलने से मिचली और कै। (टैबेक०) तिल्ली के अगले भाग के ऊपर बाईं तरफ चुभन दर्द। जिगर प्रदेश में जलन।

साँस-यन्त्र—बायीं तरफ सीने के ऊपरी भाग में दर्द। (मार्टस०; पिक्स०; एनिसि०, बायीं तैरती पसली, (फ्लोटिंग रिब) की जगह पर दर्द। हृदय व्याकुलता और दर्द। बाईं तरफ के सीने की पेशियों में चुटकी काटने जैसा।

पीठ—कशेरुकाओं के बीच में उत्तेजना, रीढ़ पर दाब असह्य, चुभन दर्द।

चर्म—सभी जगह चुभन। जाँघों का चर्म उत्तेजित। खुजली।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : स्पर्श, दाब; जहाज पर, घोड़ा-गाड़ी में सवारी से, आँखें बन्द करने से झटके, आवाज, मैथुन, बाईं तरफ।

मात्रा—३० शक्ति।

थियोसिनैमिनम-रोडैलिन (Thiosinaminum-Rhodallin)

(ए केमिकल डीराइव्ड फ्रॉम ऑयल ऑफ मस्टर्ड सीड)

एक घुलाने वाली औषधि, भीतरी और बाहरी, पुराने घाव के निशान के तन्तुओं को, अर्बुद, बढ़ी हुई ग्रन्थि, नाक के घाव, नली की रुकावट, चुभन, कड़े तन्तुओं को पचाने के लिये। आँख का बाहर निकलना, कनीनिका का धुँधलापन, मोतियाबिंद, सन्धि का कड़ापन, सौत्रिक अर्बुद, चर्म का जीर्ण कड़ापन। कानों में आवाजें। डॉ० ए० एस० हार्ड सुझाव देते हैं कि इस औषधि से बुढ़ापा देर में आता है। कशेरुका मज्जा के क्षय रोग की औषधि है, बिजली की तरह आने वाले दर्द को ठीक करती है। आमाशय, मूत्राशय को और मलांत्र के रोग की चरम सीमा। मलांत्र में संकोचन, २ ग्रेन दिन में दो बार।

कान—धमनी काठिन्य सम्बन्धी चक्कर। टनटनाहट सुनाई देना। पपड़ी के मोटे पड़ने के साथ जुकामी बहरापन। मंद, मवादी कर्णप्रदाह (मध्य भागिक, सौत्रिक बन्धनियों का पैदा होना जिससे लघु अस्थि की चालन क्रिया में रुकावट हो। पर्दे का मोटा हो जाना। स्नायु के सौत्रिक परिवर्तन के कारण आया बहरापन)।

मात्रा—१x शक्ति।

थ्लैस्पि बर्सा पैस्टोरिस–कैप्सेला
(Thlaspi Bursa Pastoris–Capsella)

(शेफर्डस्' पर्स)

एक रक्तस्राव नाशक और यूरिक एसिड नाशक औषधि है। गर्भावस्था में ओओमेह (अल्ब्यूमेन आना)। जीर्ण स्नायुशूल। गुर्दे और मूत्राशय की उत्तेजना। पीठ में टीस या शरीर भर में सन्तापपूर्ण दर्द के साथ गर्भाशय के सौत्रिक अर्बुद से रक्तस्राव। कन्धों की त्रिकास्थि के बीच में टीस; ऐंठन और थक्कों के निकलने के साथ गर्भाशय से रक्तस्राव। मक्खन निकाला दूध चाहे। गर्भाशय के रोग के दब जाने का दुष्परिणाम (बरनेट०)।

सिर—आँखें और चेहरा फूला हुआ। अक्सर नकसीर आये। चक्कर, उठने पर बढ़े। अग्रभाग में पीड़ा, शाम के लगभग अधिक हो। कानों के पीछे पपड़ीदार दाने। जबान सफेद, मैलदार। मुँह और होंठ चिटके हुए। दाहिनी आँख के ऊपर तेज दर्द जो आँख के ऊपर की तरफ खींचे।

नाक—नाक में चीरा लगवाने से रक्तस्राव। खासकर मन्द रक्तस्राव।

पुरुष—टहलने या घोड़े की सवारी के धक्के से शुक्र-रज्जु में उत्तेजना।

स्त्री—गर्भाशय से अति रक्तस्राव, बड़ी-बड़ी अधिक मात्रा में मासिक धर्म। घोर गर्भाशय शूल के साथ रक्तस्राव एक के बाद दूसरा काल अति कष्टकर। मासिक-धर्म के पहले और बाद में प्रदर-स्राव, खूनी, गहरे रङ्ग का, घृणित ऐसा धब्बा पड़ जाये जो न छूटे। उठने पर गर्भाशय में चोटीला दर्द। एक मासिक कष्ट के अच्छा होते ही दूसरे मासिक का कष्ट शुरू हो जाये।

मूत्र—अक्सर बार-बार मूत्र, भारी, फॉस्फेट जाये। जीर्ण मूत्राशय प्रदाह। मूत्रकृच्छ्र और आक्षेपिक स्राव। खून का पेशाब। पथरी गुर्दों का शूल। ईंट की बुकनी जैसी तलछट। मूत्र मार्ग का प्रदाह; मूत्र छोटी धारों में फलका करे। अक्सर पेशाब निकालने की नली (कैथेटर) का काम करती है।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : अर्टिका०, क्रोक०, ट्रिलि० मिलिफो०।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति।

थूजा ऑक्सिडेंटैलिस (**Thuja Occid**)

(आर्बर विटे)

यह औषधि चर्म, रक्त, आमाशय आंत्रपथ, गुर्दों और मस्तिष्क पर काम करती है। इसका मांसांकुर की उपज पर, मांसार्बुद पर, छिद्रमय (स्पंज की तरह) अर्बुद पर विशेष प्रभाव पड़ता है। तर श्लैष्मिक अर्बुद। रक्तस्राव वाले छत्तेदार स्फोट। तिल। शिराओं में रक्ताधिक्य।

थूजा का मुख्य प्रभाव चर्म और जननेन्द्रिय पर पड़ता है, जिसके फलस्वरूप ऐसी अवस्थाएँ उपस्थित होती हैं जो हैनिमैन के सुजाक (साइकोसिस) दोष के समान होती हैं, जिनका मुख्य लक्षण चर्म और श्लैष्मिक सतहों पर मांस स्फोट उभरना होता है जैसे अजीर ऐसे मस्से और चर्मांकुर। इस औषधि में खास तरह से जीवाणुनाशक गुण हैं; जैसे सुजाक और चेचक के टीका में। सुजाक का दब जाना, डिम्ब-प्रणाली का प्रदाह। चेचक के टीका लगवाने के बुरे असर। पीड़ा—जैसे पेशियों में और जोड़ों में फटन दर्द जो रात में अधिक हो, सूखे मौसम में कम रहे, तर, भीगे मौसम में बढ़े, लँगड़ापन। उद्जन प्रकृति, जिसका रक्त रोगपूर्ण-जल

सञ्चित करता है, अतः तर हवा और पानी रोग को अधिक उत्तेजित कर देता है। चाँद के प्रकाश से रोग उत्पन्न होना। तीव्र शिथिलता और दुबलापन। बायीं तरफ असर करने वाली और शीतयुक्त औषधि। चेचक, दाने निकलने को रोक देती है और मवाद पड़ने वाला ज्वर नहीं हो पाता। चेचक के टीका की बाधायें; जैसे चर्म रोग, स्नायुशूल इत्यादि।

मन—स्थिर भावना जैसे एक अजनबी व्यक्ति उसके बगल में उपस्थित है। जैसे उसकी आत्मा शरीर से पृथक् हो गई है, मानो उदर में कोई जीवित वस्तु उपस्थित है। (क्रोक०)। भावात्मक उत्तेजना, संगीत से रुदन और कम्प शुरू हो।

सिर—कील घँसने जैसा दर्द। (कॉफि०, इग्ने०)। चाय पीने से स्नायुशूल। (सेलीन०)। बायीं तरफ का सिर दर्द। सफेद, भूसीदार गंज, बाल सूखे और झड़े। चेहरा चिकना; तेल पुता जैसा।

आँखें—पलकों का स्नायुशूल, उपतारा प्रदाह। रात में पलक चिपक जायें, सूजें; पपड़ीदार। बिलनी और उभरे भाग पर अर्बुद। (स्टैफि०)। श्वेत पटल का तीव्र और निम्न प्रदाह। श्वेत पटल पर चकत्तेदार उभरन, नीला लाल रंग का दिखाई दे। बड़े, चपटे, छाले मन्द। श्वेत पटल की ऊपरी सतह का प्रदाह जो बार-बार हुआ करे। जीर्ण श्वेत पटल प्रदाह।

कान—जीर्ण कर्ण-प्रदाह, मवादी स्राव। निगलने पर चुरचुराहट। अर्बुद।

नाक—जीर्ण नजला गाढ़ा, हरा श्लेष्मा, खून और मवाद नाक साफ करने पर दाँतों में दर्द हो। नथनों के भीतर स्राव। नाक में गड्ढे सूखे। जड़ पर दर्द के साथ दाब।

मुँह—जबान का सिरा बहुत दर्दीला। जड़ के पास किनारों पर, सफेद छाले, दर्द के साथ छरछराहट। मसूढ़ों के पास दाँतों का सड़ना, असहिष्णुता, मसूढ़े पीछे हटें। जो चीज पी जाये वह आवाज के साथ पेट में उतरे। जबान पर अर्बुद, जबान और मुँह की शिरायें मोटी और सिकुड़ी हुई। दन्त-गुहा का बढ़ता हुआ अस्थि-क्षत।

आमाशय—भूख का पूर्ण अभाव। ताजे मांस और आलू से घृणा। चर्बीले भोजन से तीखी डकार। उदरोर्द्ध प्रदेश में कटन दर्द। प्याज न खा सके। वादी भरना, खाने के बाद दर्द, खाने के पहले उदरोर्द्ध में दुर्बलता का संवेदन; प्यास। चाय पीने से आया अनपच।

उदर—तना हुआ, कड़ा। जीर्ण दस्त, नाश्ते के बाद अधिक हो। मल तेजी से निकले, गड़गड़ाहट की आवाज। बादामी धब्बे। बादी भरना और तन जाना,

जगह-जगह पर उभरना। गड़गड़ाहट और शूल। घोर मलाशय दर्द के साथ कब्ज, जिससे मल भीतर को सरक जाये। (साइलि०, सैनिक्यू०) बवासीर फूली हुई, बैठने से अधिक कष्ट हो, साथ में गुदा में चिलकन, जलन के साथ दर्द। गुदा में दरारें छूने से दर्द करें, मस्से भी निकले हों। किसी जीवित पदार्थ के चलने की संवेदन (क्रोकस०)। बिना पीड़ा।

मूत्राशय—मूत्रमार्ग फूला, सूजा हुआ, पेशाब की धार फटी हो और पतली हो। पेशाब करने के बाद गुदगुदी। पेशाब करने के बाद कटन। (सार्सा०)। अकसर पेशाब करना पड़े, पीड़ा के साथ। एकाएक इच्छा मगर रुक न सके। मूत्र-ग्रन्थि का पक्षाघात।

पुरुष—लिंग और लिंगमुण्ड की सूजन; लिंग में दर्द। लिंगाग्र चर्म का प्रदाह। सुजाकजनित वात रोग। सुजाक। अण्ड का जीर्ण कड़ापन। घड़ी-घड़ी मूत्र-स्खलन, इच्छा के साथ मूत्राशय की गरदन की जड़ में दर्द और जलन। मूत्राशय ग्रन्थियों का बढ़ना। (फेर० पिके०; थियोसिनैमिनम; आयोडि०, सेबाल०)।

स्त्री—योनि अधिक उत्तेजित। (बर्बे०, क्रियोजो०, लाइसिन)। योनिघुण्डी और विटप क्षेत्र पर मांसांकुर। अधिक प्रदर, गाढ़ा, हरा। बायें डिम्बाशय और पुट्ठे में तेज दर्द। मासिक धर्म देर में और कम मात्रा में। अर्बुद, मांस वृद्धियाँ। डिम्बाशय प्रदाह, बायीं तरफ अधिक, हर मासिक काल में बढ़े। (लैके०) मासिक धर्म के पहले अधिक पसीना बहे।

साँस-यन्त्र—सूखी, कष्टकर खाँसी, तीसरे पहर, पेट के गढ़े में दर्द के साथ। सीने में चिलकन, ठण्डी चीज पीने से बढ़े। बच्चों का दमा (नैट्र० सल्फ्यु०)। स्वर-यन्त्र की फुन्सीदार फरन। जीर्ण स्वरयन्त्र प्रदाह।

अंग—टहलते समय ऐसा जान पड़े कि अंग लकड़ी या शीशे के बने हैं और आसानी से टूट जायेंगे। अँगुलियों से सिरे फूले हुए, लाल, सुन्न। पैशिक फड़कन, कमजोरी और कम्प। जोड़ों का चुरचुराना। एड़ी और घोड़ानस में दर्द। नाखून खस्ता। पैर की अँगुलियों के नाखून भीतर की तरफ गड़कर बढ़ें।

चर्म—अर्बुद, बहुपक्ष, अन्तस्त्वक मांसांकुर, तिल, कारबंकल, घाव, खासकर मलद्वार-जननेन्द्रिय क्षेत्र पर। चकत्ते और धब्बे। पसीना मीठा और बदबूदार। सूखा चर्म, बादामी चकत्ते के साथ। कमरबन्द की तरह दाद, भैंसिया दाद। ग्रन्थियों में फटन दर्द। ग्रन्थियों का बढ़ना। नाखून झड़े हुए, खस्ता और मुलायम। केवल ढँके भागों पर दाने निकलें, खुजलाने पर कष्ट बढ़ना। स्पर्श से अति उत्तेजनीयता। एक ही तरफ का ठंडापन। मांसार्बुद, बहुपक्ष। हाथों और बाँहों पर कत्थई चकत्ते।

नींद—कठिन अनिद्रा।

ज्वर—शीत; जाघों से शुरू हो। केवल बिना ढँके भागों पर पसीना हो, या सिर के सिवाय सारे शरीर पर सोते में, अधिक खट्टा, शहद की गन्ध। शाम को खून में उबाल आए, रक्तवाहिनियों में थरथराहट।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : रात में, बिस्तर की गरमी से, ३ बजे सुबह और ३ बजे तीसरे पहर, ठंडी तर हवा से, नाश्ते के बाद, चर्बी से; कॉफी से, चेचक का टीका लगवाने के बाद। घटना : बायीं तरफ, अंग को ऊपर सिकोड़ने में।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : (उद्जनक प्रकृति : कैल्के०, साइलिशिया; नेट्र० सल्फ्यु; ऐरानिया, एपिस०; पल्से०)। क्युप्रेमस आस्ट्रेलिस (तेज गड़न दर्द, गर्म संवेदन, वात रोग और सुजाक), क्युप्रेमस लासोनियाना (थूजा की तरह, पेट में प्रचण्ड पीड़ा), स्फिगुरस (दाढ़ी के बाल झड़ना, जबड़े के जोड़ में और गण्डास्थि युगल में दर्द), साइलिशिया, मेलाण्ड्रिनम (चेचक का टीका), मेडोरि० (दबा हुआ सुजाक), मर्क०, सिनाबेरि०, टेरेबिंथि०, जुनिपेरस, सैबाइना, साइलीशिया, कैन्थे०, कैनाबिस०, नाइट्रि० एसिड, पल्से०, ऐण्टि० टार्ट०, ऐबोंरिन थूजा की अमदसारीय औषधि है।

क्रियानाशक—मर्क०, कैम्फो०, सैबीना (मस्से)।

पूरक : सैबाइना, आर्से, नैट्र० सल्फ, साइलीशिया।

मात्रा - ऊपर से लगाने के लिए मस्से और दूसरी मांसवृद्धि पर टिंचर या मलहम। खाने के लिए अरिष्ट से ३० शक्ति।

थाइमॉल (Thymol)

(थाइम कैम्फर)

यह औषधि जनन तथा मूत्र-यन्त्र सम्बन्धी रोगों पर विस्तृत प्रभाव रखती है। यह रोग-सम्बन्धी धातु क्षीणता, अनैच्छिक लिंगोत्तेजना और मूत्राशय ग्रन्थि-स्राव में सांकेतित होती है। इसके सिद्धीकरण में यह ज्ञात हुआ है कि इसका कार्य-क्षेत्र जननेन्द्रिय रोगों तक सीमित है, जहाँ यह खास तरह का कामोन्माद उत्पन्न करती है। यह अंकुसी की तरह के केंचुओं के रोग की मुख्य औषधि है। (चिनापोडियम०)।

मानसिक—चिड़चिड़ापन, मनमानी करना, सब काम अपने ही तरीके से होने के लिए बाध्य करे। संगीत की प्रबल इच्छा। कामों में तेजी गायब हो जाये।

पीठ—थकावट, टीस सारे कटि प्रदेश में। मानसिक और शारीरिक परिश्रम से रोग बढ़े।

पुरुष—अधिक, प्रति रात धातु-स्खलन, साथ में सुस्ती, काम विषय के स्वप्न। अनैच्छिक लिंगोत्थान। मूत्र-स्खलन में जलन, बूँद-बूँद टपकना, अनेक बार पेशाब करना। मूत्राम्ल की अधिकता। फॉस्फेट का बढ़ना।

नींद—सोकर जागने पर थकान, मन हल्का न हो। कामातुर और विचित्र कल्पनाओं से स्वप्न देखना।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: कार्बन टेट्राक्लोराइड से केचुओं में जैसा डॉ० लैम्बर्ट ने जो सूवा, फिजी के रहने वाले हैं, ५००० रोगियों की चिकित्सा में लाभ के साथ प्रयोग किया है।

"१. कार्बन टेट्राक्लोराइड एक साधारण और आंत्र कृमिनाशक, शक्तिशाली औषधि है। उन्होंने एक ऐसे देश में, जहाँ कृमि रोग बहुधा व्यापक रहता है; अंकुश कृमि की चिकित्सा में अति उत्तम औषधि सिद्ध किया है।

"२. इससे रोगी को कोई कष्ट नहीं होता, खाने में स्वादिष्ट है, रोगी को पहले से कोई तैयारी नहीं करनी होती, और शुद्ध अवस्था में कोई विषैलापन नहीं होता। ये सभी अवस्थाएँ जनसाधारण की चिकित्सा में लाभदायक हैं।

"३. डब्लू जी०, स्मिली और एस. बी. पेसोवा जो साओ पाउलो, ब्रैजिल के निवासी हैं, उन्होंने भी कार्बन टेट्राक्लोराइड अंकुश केंचुओं का नाश करने के लिए अति लाभदायक पाया है। केवल एक ही मात्रा ३ सी० सी० की बड़े लोगों में ९५ प्र० श० अंकुश कृमि को निकाल देती है।"

घटना-बढ़ना—बढ़ना: मानसिक और शारीरिक परिश्रम से।

मात्रा—६ शक्ति।

थाइमस सर्पीलम (Thymus Serpyllum)

(वाइल्ड थाइम)

बच्चों के साँस-यन्त्र में संक्रमण बाधायें, सूखा स्नायविक दमा, कुकुरखाँसी, प्रबल आक्षेप; मगर बलगम थोड़ा।

सिर में दाब के साथ कानों में टनटनाहट। गलकोष में जलन, गलक्षत जो खाली निगलने से बढ़े, रक्तनलिकायें तनी हुईं; गहरे रंग की।

मात्रा—अरिष्ट।

थाइरॉयडिनम (Thyroidinum)

(ड्रायड थाइरॉयड ग्लैण्ड ऑफ दी शीप)

थाइरॉयड निम्नलिखित अवस्थायें उत्पन्न करता है। रक्तहीनता, दुबलापन, पैशिक दौर्बल्य, पसीना बहना, सिर दर्द, चेहरे और अंगों का स्नायविक कम्प, चुनचुनाहट, पक्षाघात। हृदय गति बढ़ जाती है, आँख की पुतलियों का फैलना और बाहर निकल पड़ना। श्लैष्मिक शोथ और गलगण्ड के साथ जड़बुद्धि में इसका प्रभाव विशिष्ट पड़ता है। वातजनित जोड़ों का प्रदाह और गुल्म। शिशु क्षीणता। अस्थि क्षय। हड्डियों का टूटना; देर में जुड़ना। आधे ग्रेन की मात्रा दिन में दो बार बहुत दिनों तक देने से लड़कों के ऊपर चढ़े अण्ड में लाभदायक कहा जाता है। थाइरॉयड शरीर के सभी यन्त्रों के विकास और पोषण-क्रिया पर अच्छा प्रभाव डालती है। थाइरॉयड की दुर्बलता में अधिक मिठाई खाने की प्रबल इच्छा होती है।

अपरस और तीव्र धड़कन में लाभदायक है। बच्चों का बढ़ना रुक जाना। स्मरण-शक्ति बढ़ाती है। घेघा। अधिक मोटापन। गहरे रङ्ग के रोगियों की अपेक्षा हल्के रङ्ग के रोगियों के लिए अधिक उपयोगी है। धुन्ध। **स्तन अर्बुद।** **गर्भाशयिक सौत्रिक अर्बुद।** बहुत कमजोरी और भूख, तब भी दुबला होता जाये। **रात में अनैच्छिक मूत्रस्राव। प्रसव के बाद दूध न उतरना।** गर्भाधान के बाद ही से चिकित्सा आरम्भ कीजिए। **मात्रा** १½ ग्रेन, दिन में दो या ३ बार। **गर्भावस्था में कै होना** (सोकर उठने से पहले ही बहुत सबेरे औषधि देनी चाहिए)। **स्तनों का सौत्रिक अर्बुद।** २x विचूर्ण। धमनिकाओं को फैलाती है। (**एड्रीनैलिन उनको सिकोड़ती है**)। गशी की संवेदना और मिचली। तीव्र रोग के आक्रमण के बाद कमजोरी में ठंडक असह्य। जल्दी थकना, नाड़ी कमजोर, गशी की प्रवृत्ति, दिल धड़कना, हाथ और पैर ठण्डे, रक्तचाप की कमी, शीत असह्य। (**थायरॉयड १x, दिन में २ बार**) श्लैष्मिक शोथ और कई प्रकार के शोथ में शक्तिवान; मूत्रल है।

मन—नशीली अवस्था, साथ में बेचैनी और उदासी बारी-बारी। चिड़चिड़ापन, जरा-से विरोध से रोग बढ़े, छोटी-छोटी बातों पर भड़क उठे।

सिर—मस्तिष्क में हलकापन। **लगातार अगले भाग में दर्द।** आँखें उभरी हुई। चेहरा सुर्ख, होंठ जले। जबान पर मोटा मैल। भरापन और गरमी। चेहरा सुर्ख। मुँह में बुरा स्वाद।

दिल—कमजोर, तेज नाड़ी, लेटने में असमर्थ। तेज धड़कन। (नाजा०)। सोने में व्याकुलता; मानो सिकुड़ा हो। जरा-से परिश्रम से दिल धड़के। तीव्र हृदय पीड़ा। हृदय जल्दी उत्तेजित हो। हृदय की क्रिया कमजोर, अँगुलियाँ सुन्न।

आँखें—उन्नतिशील दृष्टि क्षीणता। आँखों के बीच के सामने लोप होने वाले धब्बों के साथ (कार्बोनि० सल्फ्युरेटम)।

गला—सूखा, रक्ताधिक्य, कच्चा, जलन, बायीं तरफ अधिक।

आमाशय—मीठी चीज की इच्छा और ठण्ढे पानी की प्यास। मोटरकार में सवारी करने से मिचली हो। बादी। उदर में अधिक वायु।

मूत्र—अधिक स्राव, अनेक बार, कुछ अलब्यूमेन और चीनी। कमजोर बच्चों में अनैच्छिक मूत्र स्खलन, जो कि स्नायविक और चिड़चिड़े हों (३ ग्रेन) रात और सबेरे। पेशाब से कासनी फूल की गन्ध, मूत्रमार्ग में जलन, यूरिक अम्ल का अधिक होना।

अंग—सन्धि प्रदाह, साथ में मोटापा की प्रवृत्ति; अंग ठण्डे और ऐंठन के साथ। निचले अंगों की खाल उधड़ना। सिर ठण्डे : टीस। टाँगों में शोथ। अंगों में और सारे शरीर में कम्प।

साँस-यन्त्र—सूखी; दर्दीली खाँसी, थोड़ा, कठिन बलगम और गलकोष में जलन के साथ।

चर्म—अपरस जो अधिक चर्बीलापन से सम्बन्धित हो। (विकास अवस्था में न हो। चर्म सूखा, पोषणहीन। हाथ और पैर ठण्डे। अकौता। गर्भाशय का सौत्रिक अर्बुद। बादामी रंग की फूलन। ग्रन्थियों की पथरी जैसी फूलन। मन्द रोग। अति खाज के साथ कामला रोग। मीनवक्किका, चर्म का क्षय रोग, नाकड़ा इत्यादि। बिन दाने की खुजली, रात को अधिक हो।

सम्बन्ध—स्पांजिया०, कैल्के०; फियुकस०, लाइकोपस०, आयोडोथाइरिन (थाइरॉयड ग्रन्थि से निकला हुआ प्रबल तत्व, एक ऐसा पदार्थ जिसमें आयोडिन और नाइट्रोजन अधिक मात्रा में होते हैं, शरीर की पोषण और परिवर्तन क्रिया को प्रभावित करती है, शरीर के वजन को कम करती है, मधुमेह उत्पन्न कर सकती है। मोटेपन में सावधानी से प्रयोग करना चाहिए; क्योंकि सम्भवतः चर्बीला हृदय परिवर्तन गति की तीव्रता का साथ न दे सके। दूध में थाइरॉयड ग्रन्थि का आन्तरिक स्राव रहता है। थाइमस ग्लैण्ड एक्सट्रैक्ट (आकारभ्रष्ट सन्धि प्रदाह, शारीरिक परिवर्तन। जीर्ण-सन्धिप्रदाह, ५ ग्रेन की टिकिया; दिन में ३ बार)। बहिःनिस्सृत चक्षुगोलक तथा हृद्स्पन्दन के साथ गलगण्ड रोग में ऊँची शक्तियाँ उत्तम लाभ देती हैं।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

टिलिया युरोपा (Tilia Europa)

(लिंडेन)

आँखों की पैशिक दुर्बलता में, पतले पीले खून के रक्त स्राव में मूल्यवान है। प्रसव सम्बन्धी जरायु प्रदाह। अस्थिमय गह्वर के रोग। (केलि हाइड्रियोडि०, चेलिडोनियम०)।

सिर—स्नायुशूल, (पहले दाहिने फिर बायीं तरफ का) साथ में आँखों के आगे पर्दा जैसा। भ्रान्त, साथ में निगाह धुँधली। अधिक छींकना, साथ में नाक बहना। नाक से रक्तस्राव।

आँखें—आँखों के सामने जाली जैसा जान पड़े। (कैल्के०, कॉस्टि०, नैट्र० म्यूर०) द्वि-दृष्टि।

स्त्री—गर्भाशय के क्षेत्र में तीव्र पीड़ा नीचे के रुख दबाव, साथ में गरम पसीना जिससे आराम न मिले। टहलते समय अधिक चिकना प्रदर। (बोवि०, कार्बो ऐनि०; ग्रैफा०)। योनि के बाहरी भाग की लाली और दर्द। (थूजा सल्फर)। पेड़ू की सूजन, पेट का तन जाना, उदर का कोमलपन और गरम पसीना जिससे कष्ट कम हो।

चर्म—जुलपित्ती। घोर खुजली और आग जैसी जलन, खुजलाने के बाद छोटे, लाल, खाज वाले दाने निकलना। सोने के बाद ही गरम और अधिक पसीना निकलना। ज्यों-ज्यों वात पीड़ा बढ़े, त्यों-त्यों पसीना भी अधिक हो।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : तीसरे पहर और शाम को गरम कमरे में, बिस्तर की गरमी से घटना : ठण्डे कमरे में, हरकत से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : लिलियम०; बेलाडो०।

मात्रा—अरिष्ट से ६ शक्ति।

टिटैनियम (Titanium)

(टी मेटल)

यह धातु हड्डियों और पेशियों में पायी जाती है। इसका बाहरी व्यवहार नाकड़ा में और दूसरे क्षय रोग की बाधाओं में, और चर्म रोग, नाक के जुकाम इत्यादि में किया गया है। सेब में ०·११ प्र० श० टिटैन होता है। अपूर्ण दृष्टि, विशेषता यह है कि सभी वस्तुओं का केवल आधा ही अंश दीख पड़ता है। लम्बाकार अर्द्ध दृष्टि के साथ चक्कर आना। बहुत शीघ्र वीर्यस्खलन के साथ काम दौर्बल्य। सांडलाल मूत्र। अकौता, नाकड़ा, नाक की श्लैष्मिक झिल्ली का प्रदाह।

मात्रा—निचली और बिचली शक्तियाँ।

टोंगो-डिपट्रिक्स ओडोरेटा (Tongo-Diptrix odo.)

(सीड्स ऑफ कुमैरीना-ए ट्री इन गाइना)

स्नायुशूल में उपयोगी है; कुकुर-खाँसी।

सिर—चक्षु कोटर के ऊपर वाली स्नायु में फटन दर्द, सिर में गरमी और थरथराहट, दर्द और अश्रु-प्रवाह के साथ। उपद्रव, खासकर पिछले भाग में, औंघाई और नशीली अवस्था के साथ। ऊपरी होंठ की दाहिनी तरफ फड़कन। जुकाम, नाक बन्द, मुँह से साँस लेना पड़े।

अंग—कूल्हे के जोड़ में, जाँघ की लम्बी हड्डी में, घुटने में फटन दर्द। खासकर बायाँ तरफ।

सम्बन्ध—मेलिलोटस। ऐन्थोजेंथम, ऐस्पेरूला; और टोंगो में कुमैरिन जो कार्यवाही तत्व है, रहता है। इनकी तुलना फ्लू में कीजिये। इसके अतिरिक्त ट्रिफोलि०; नैप्थे०, सैंबाडि।

मात्रा—अरिष्ट और निचली शक्तियाँ।

टोरूला सेरेविसे (Torula Cerevisiae)

(सैकैरोमाइसेज) (ईस्ट प्लैंट)

इस औषधि का परिचय डॉ० लेहमैन और इङ्गलिंग ने कराया है। इसके होमियोपैथिक सिद्धान्त से परीक्षण नहीं हुए; इसलिए केवल चिकित्सा द्वारा लक्षणों का अनुभव हुआ है, किन्तु उनमें से अधिकतर लक्षणों की पुष्टि हुई है। सुजाकनाशक औषधि, अत्यधिक प्रवणता की अवस्थायें जो प्रोटीन अथवा एन्जाइम्स से उत्पन्न होती है। (इङ्गलिंग)।

सिर—सिर के पीछे और गर्दन में टीस। सिर दर्द और शरीर भर में तीव्र पीड़ा, कब्ज से अधिक हो। छींकें आना और सायँ-सायँ की आवाज। नाक के पिछले भाग से नजला टपके, चिड़चिड़ापन और उत्तेजना।

आमाशय—बुरा स्वाद। मिचली। मन्दाग्नि। आमाशय और उदर से वायु डकार। उदर में चोटीलापन। भरापन। गड़गड़ाहट, दर्द जगह बदले, वायु संचयता। कब्ज। सभी स्रावों से खट्टी खमीरी और उबसा हुआ गंध आए।

अंग—पीठ दर्द, केहुनी और घुटनों के नीचे तक थकावट और कमजोरी। हाथ बरफ की तरह ठंडे; जल्दी सुन्न हो जायें।

नींद—बेचैनी के साथ अशान्त निद्रा।

चर्म—फुड़िया, फिर-फिर हो। टखनों की चारों तरफ खाज वाला अकौता। नाना प्रकार के रंगों के दाग।

मात्रा—शुद्ध खमीर से बनी हुई रोटी या ३ शक्ति और उससे ऊँची। खमीर की पुल्टिस चर्म रोग, फुड़ियाँ सूजन इत्यादि में व्यवहार की जाती हैं।

ट्रिब्यूलस टेरेस्ट्रिस (Tribulus Terrestris)

(इक्षुगंधा)

एक ईस्ट इण्डियन औषधि जो मूत्र रोगों में लाभदायक है, खासकर मूत्र-कृच्छ्र में और जननेन्द्रिय की दुर्बलता में, जो वीर्य दौर्बल्य से, शीघ्र वीर्य-स्खलन और धातु के पतलापन से विद्यमान होती है। मूत्राशय मुखशायी (प्रोस्टेट) ग्रन्थि का प्रदाह, पथरी रोग और जननेन्द्रिय स्नायु दौर्बल्य। हस्तमैथुन के उपद्रवों में लाभ करती है, वीर्य-स्खलन को और अनैच्छिक वीर्यस्राव को ठीक करती है, वृद्धावस्था में अति मैथुन के कारण आंशिक नपुंसकता या जब इस अवस्था के साथ मूत्र लक्षण, रुक-रुक कर मूत्र-स्राव, पीड़ाजनक मूत्रस्राव इत्यादि भी उपस्थित हों।

मात्रा—१० से २० बूंद अरिष्ट दिन में ३ बार।

ट्राइफोलियम प्रेटेन्स (Trifolium Pratense)

(रेड क्लोवर)

अधिक लार बहना। लाला-ग्रन्थि में रक्ताधिक्य के साथ भरापन की संवेदना, बाद में अधिक लार बहना। ऐसा जान पड़े कि कर्णमूल फूलने वाले हैं। पीब वाली दाद, सूखी, पपड़ीदार खुरण्ड। गरदन कड़ी। कर्कटीय धातु दोष।

सिर—जागने पर गड़बड़ी और सिर दर्द। मस्तिष्क के अगले भाग में मस्तिष्क की कर्महीनता, स्मरण शक्ति का लोप होना।

मुँह—लार अधिक बहना। (मर्क० : सिफिलि०)। गल-क्षत और खरखरी।

साँस-यन्त्र—ऐसा जुकाम जैसा लू लगने के पहले हुआ करता है, अधिक उत्तेजना के साथ पतला श्लेष्मा गिरे। गला फटने जैसा और घुटना, रात में खाँसी के साथ शीत। खुली हवा में आने पर खाँसी आये। लू। आक्षेपिक खाँसी, कुकुर खाँसी, दौरों के साथ, रात में बढ़े।

पीठ—गरदन कड़ी, वक्षोस्थि तथा कण्ठास्थि पेशियों में ऐंठन, गरमी और उत्तेजना से कम हो।

अंग—हथेलियों में चुनचुनाहट। हाथ और पैर ठण्डे। जंघास्थि के साथ।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : ट्राइफोलियम रेपेन्स ह्वाइट क्लोवर कर्णमूल प्रदाह को रोकती है, लाला ग्रंथियों में सूजन जान पड़े, दर्द और सख्ती; खासकर जबड़े की निचली हड्डी में, जो लेटने से अधिक हो। मुँह पानी-सी लार से भरा हो, लेटने से अधिक हो। मुँह और गले में रक्त का स्वाद। ऐसा मालूम दे कि हृदय स्थगित हो जायगा, साथ में अधिक भय; उठने-बैठने या इधर-उधर चलने से बढ़े। अकेले रहने से, साथ में चेहरे पर ठण्डा पसीना।

ट्रिलियम पेण्डुलम (Trillium Fendulum)

(ह्वाइट बेथ रूट)

यह रक्तस्राव की साधारण औषधि है, जब बहुत गशी और चक्कर भी साथ में हो। पुराना रक्तातिसार। जिसमें आम भी हो। गर्भाशय से रक्तस्राव। गर्भपात का भय। पेडू क्षेत्र के यन्त्रों का ढीलापन। ऐंठन; दर्द। क्षय रोग, साथ में अधिक मात्रा में मवादी बलगम और खून थूकना।

सिर—माथे में दर्द, जो आवाज से अधिक हो : गड़बड़ी, आँखों के ढेले बड़े जान पड़ें। निगाह धुँधली, सभी चीजें हल्के नीले रंग की दिखाई दें। नकसीर। (मिलेफो०; मेलिलोट०)।

मुँह—मसूढ़े से खून बहना। दाँत निकलने के बाद खून बहना।

आमाशय—गरमी और जलन जो गलनली तक ऊपर उठे। खून की कै।

मलाशय—जीर्ण दस्त; खून स्राव। पेचिश, शुद्ध खून निकलना।

स्त्री—गर्भाशय से स्राव। साथ में ऐसा संवेदन कि कूल्हे और पीठ टुकड़े-टुकड़े होकर गिर रहे हैं, कसकर बाँधने से कम हो। जरा-सा हिलने से चमकदार लाल खून फलक पड़े। सौत्रिक अर्बुद से रक्तस्राव हो। (कैल्के०, नाइट्रि० एसिड, फॉस, सल्फ्यु० एसिड)। गर्भाशय का खसक कर बाहर को निकलना, बहुत धँसन संवेदन के साथ। प्रदर अधिक मात्रा में; पीला; तारदार। (हाइड्रैस्टि०, कैलिबाइक्रो०, सैबाइना)। वयःसन्धिकाल में जरायु से अधिक रक्तस्राव। प्रसूति स्राव एकाएक रक्तमय हो जाये। प्रसव के बाद मूत्र टपका करे।

साँस-यन्त्र—खाँसी जिसमें खून थूके। अधिक मात्रा में मवादी बलगम। खून थूकना। वक्षास्थि के सिर पर टीस, छींक के साथ क्रमभ्रष्ट साँस के दम घोंटने वाले हमले। सीने के आस-पास चुभन दर्द।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये : ट्रिलियम सेरनम (आँखों के लक्षण, सब चीजें हल्की नीली दीख पड़ें; मुँह में चिकनापन), फिकस (रक्त प्रवाह, अधिक मासिक स्राव, खूनी पेशाब, नकसीर फूटना, खून की कै, खूनी बवासीर), सैंग्विस्यूगा—लीच (रक्त प्रवाह, गुदा से रक्तस्राव), इपिका०, सैबाइना, लैके०, हैमामे० ।

मात्रा—अरिष्ट और निचली शक्तियाँ ।

ट्रिआस्टियम परफोलियेटम (Triosteum Perfoliatum)
(फीवर-रूट)

ट्रिओस्टियम ऐसे दस्त के लिए मूल्यवान औषधि है जिसके साथ शूल और मिचली हो, मल त्यागने के बाद निचले अंग सुन्न हो जायें और मूत्र अधिक मात्रा में निकले । इन्फ्लुएञ्जा में भी हितकर है । स्नायविक लक्षणों को शान्त करती है । (कॉफिया; हायोसा०) । पित्त की अधिकता । पित्त शूल ।

सिर—उठने पर मिचली के साथ पिछले भाग में दर्द, बाद में कै हो । इन्फ्लुएञ्जा, सारे शरीर में पीड़ा और अंगों में टीस के साथ । पीनस, अग्रभागिक पीड़ा ।

आमाशय—भोजन से अति घृणा; उठने पर मिचली, बाद में कै और ऐंठन । मल पानी-सा झागदार ।

अंग—सभी जोड़ों का कड़ापन, पिंडली सुन्न हो, हड्डियों में टीस, पीठ में वात पीड़ा । अंगों में पीड़ा ।

चर्म—जूते के तले की गोट के पास खाज । आमाशय विकार से आयी जुलपित्ती ।

मात्रा—६ शक्ति ।

ट्रिनिट्रोटोलुयेन (Trinitrotoluene)
(टी. एन. टी.)

गोले-बारूद के कारखानों में काम करने वालों के लक्षण; जो टी. एन. टी. बनाने का काम करते हैं और जो उसको साँस द्वारा शरीर में लेते हैं तथा पचाते हैं और कुछ अंश चर्म के द्वारा भी शरीर में प्रवेश करते हैं । इस औषधि का लक्षण विवरण डॉ० कॉनरैड वेसलहोयेफ्ट ने तैयार किया था और जनरल ऑफ अमेरिकन इन्स्टीच्यूट ऑफ होमियोपैथी के दिसम्बर सन् १९२६ के अंक में प्रकाशित हुआ था ।

रक्त के लाल कणों को नाश करने वाला टी. एन. टी. का प्रभाव शरीर में रक्तहीनता और कामला रोग तथा उनके साथ के अन्य लक्षणों का जिम्मेदार है। रक्तकण रंजक में परिवर्तन हो जाता है, इसलिए वह अच्छी तरह से ओषजन पहुँचाने का काम नहीं कर सकता; जिसका परिणाम यह होता है कि दम फूलना, चक्कर, सिर-दर्द, गशी; धड़कन, अप्राकृतिक थकावट, पेशिक ऐंठन और नील रोग उत्पन्न हो जाता है। औंघाई, उदासी, अनिद्रा भी उपस्थित हो जाती है। इसके विषाक्रमण के बाद वाली अवस्था में विषैला कामला रोग और क्षीणताजनित रक्तहीनता हो जाती है। यह कामला रोग लाल कणों के नष्ट होने के कारण होता है, न कि पित्त नलिका के रुकने की वजह से।

सिर—उदासी और सिर दर्द (अगले भाग का), संगत से घृणा, उदासीन, सरलता से रो पड़े। गशी, चक्कर, मानसिक मन्दता, सन्निपात, विक्षेप, मृत्यु जैसी मूर्च्छा। चेहरे का रंग बहुत गहरा।

साँस-यन्त्र—कसाव के साथ नाक का सूखा होना, छींक आना, जुकाम, गलकोष में जलना, सीने पर दाब, घुटन बोझ, सूखी, आक्षेपिक खाँसी, श्लेष्मा की गुठलियाँ निकलें।

आमाशय—कड़वा स्वाद, अधिक प्यास, खट्टा पानी ऊपर आना, असियन्त्रवत् के पीछे मन्द जलन, मिचली, कै; कब्ज और फिर ऐंठन के साथ दस्त होना।

हृदय गह्वरीय—धड़कन, तीव्र, मन्द सविराम नाड़ी।

मूत्र—गहरे रङ्ग का, मूत्र-स्खलन के समय जलन, एकाएक इच्छा, धार का रुक-रुक आना या बन्द हो जाना।

चर्म—हाथ पीले, धब्बेदार। चर्म प्रदाह, गुठलीदार लाल चकत्ते; रस दाने, खुजली और जलन, फूलन। चर्म के निचले भाग में और नाक से रक्तस्राव की प्रवृत्ति। घुटनों के पिछले भाग में थकावट वाला दर्द।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : मदसार से (एक दो घूँट ह्विस्की पीने से ही गिर पड़ता है), चाय (स्पष्ट घृणा)।

सम्बन्ध—तुलना : जिंक०; फॉस्फो०; सिना, आर्से०, प्लम्बम०।

मात्रा—३० शक्ति का प्रयोग लाभ के साथ किया गया है।

ट्रिटिकम—एग्रोपाइरॉन रेपेन्स
(Triticum-Agropyron Repens)
(काउच ग्रास)

मूत्राशय अति उत्तेजित, मूत्रकृच्छ्; मूत्राशय प्रदाह और सुजाक की उत्तम औषधि।

नाक—बराबर छींका करे।

मूत्र—अक्सर बार-बार हो, कठिनता और दर्द से उतरे। (पोपु०)। पथरीली तलछट। नजला और मवादी स्राव। (पैरीरा)। मूत्रकृच्छ्र मूत्रपिंड आवरण का प्रदाह; मूत्राशय मुखशायी ग्रन्थि का बढ़ना। जीर्ण मूत्राशय प्रदाह। उत्तेजनीयता। पेशाब की धार का रुकना। लगातार इच्छा। पेशाब गाढ़ा हो और मूत्रमार्ग की श्लैष्मिक झिल्ली को उत्तेजित करे।

सम्बन्ध - तुलना कीजिए : ट्रैडेसैण्टिया (कान और ऊपरी वायु मार्गों से रक्तस्राव, पीड़ाजनक मूत्रस्राव, मूत्रमार्ग से स्राव, अंड की सूजन)। चिमैफ०, सेनेसियो, पोपुलस, ट्रेम; बूचू, युवा।

पालिट्रिकम जुनिपेरिनम ब्राउण्ड मांस—(वृद्ध लोगों का दर्द के साथ मूत्र-स्खलन, शोथ, पेशाब में रुकावट और दब जाना)।

मात्रा—टिंचर।

ट्राम्बिडियम (Trombidium)

(रेड एकेरस ऑफ दी फ्लाई)

पेचिश की चिकित्सा में विशेष स्थान रखती है। खाने और पीने से रोगलक्षण बढ़ते हैं।

उदर—मल त्यागने से पहले और बाद में अधिक पीड़ा, केवल भोजन ही करने पर मलत्याग हो। सुबह के समय कोखे में चुभन। उठने पर तेजी से ढीला मल निकलने की इच्छा के साथ जिगर में रक्ताधिक्य रोग के साथ बादामी पतला; खूनी मल। मलत्याग काल में, बायीं तरफ तेज दर्द जो नीचे को लपके। गुदा में जलन हो।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

ट्युबरक्युलिनम (Tuberculinum)

(ए न्यूक्लियो प्रोटीन, ए, नोसोड फ्रॉम ट्यूबरक्युलर एब्सेस)

ट्यूबरक्युलिनम गुर्दों के रोगों में सांकेतिक होती है, लेकिन इसके प्रयोग में सावधानी रखनी चाहिए, क्योंकि जहाँ चर्म और आँतें ठीक तरह से काम नहीं करतीं, वहाँ ऊँची शक्ति भी खतरनाक है। जीर्ण मूत्राशय प्रदाह में उत्तम और स्थायी लाभ होता है। (डॉ० नेबेल मॉनट्रिअक्स)।

क्षय रोग के आरम्भ में निर्विवाद रूप से मूल्यवान है। खासकर हल्के रङ्ग और तंग सीने वाले रोगियों के लिए उपयोगी है। ढीले सूत्र, शक्तिग्रहण करने में सुस्त और मौसम परिवर्तन से शीघ्र प्रभावित होना। रोगी सदा थका रहे, हरकत से बहुत थकावट हो, काम करने से घृणा, सदा परिवर्तन चाहे। जब लक्षण बराबर बदला करें, और ठीक चुनी हुई औषधि कोई लाभ न करे, और जरा-सी सर्दी लगने से जुकाम हो जाया करे। तेजी से दुबला होते जाना। मिरगी; स्नायु-दौर्बल्य; और उत्तेजित बच्चों में अति मूल्यवान। बच्चों का दस्त, हफ्तों तक जारी रहे, अधिक क्षीणता, हल्का नीला शरीर, शिथिलता। मानसिक दृष्टि से दुर्बल बच्चे, जिनका मानसिक विकास कम हो। तालुमूल बढ़े हुए। चर्म रोग, तीव्र सन्धिवात। अति उत्तेजनीय, मानसिक और शारीरिक। सर्वाङ्ग शिथिलता। स्नायविक दौर्बल्य। कम्प। मिरगी। सन्धि प्रदाह।

मन—ट्यूबरक्युलिनम के पारस्परिक विपरीत लक्षण हैं, उन्माद और विपन्न, अनिद्रा और मूर्च्छा-निद्रा। चिड़चिड़ापन, खासकर जागने पर उदासी। विषादग्रस्त; जानवरों से भय लगना; खासकर कुत्तों से। अश्लील भाषा बोलने की इच्छा, कोसना, कसम खाना।

सिर—मस्तिष्क की गहराई में दर्द और तीव्र स्नायुशूल। सभी चीजें अनजान मालूम दें। घोर पीड़ा जैसे लोहे का बन्द सिर की चारों तरफ जकड़ा हो, मस्तिष्क प्रदाह। जो रोगग्रस्त स्राव आरम्भ हो; पसीना-मूत्र स्रावाधिक्य, दस्त, रोग सम्बन्धित चर्म लक्षण में औषधि को उसी समय दोहराना चाहिए जब रोग अपनी चरम सीमा पर पहुँचे। रात में दृष्टिभ्रम, भयभीत होकर जाग उठे। बालों का फूलना और खून बहना। (विनका०)। झुण्ड-की-झुण्ड छोटी फुन्सियाँ जो बहुत दर्द करें, एक झुण्ड के अच्छा होने पर दूसरा झुण्ड निकल आये। नाक में हरा, घृणित मवाद।

कान—लगातार घृणित कर्ण-स्राव। खुरदुरे, दरारेदार किनारों के साथ कान के पर्दों में छोटे-छोटे छेद हो जाना।

आमाशय—मांस से घृणा। धँसन, भूख की संवेदना। (सल्फर)। ठंडे दूध की इच्छा।

उदर—बहुत सबेरे एकाएक दस्त होना। (सल्फर)। गहरे कत्थई रंग का मल, घृणित, अधिक वेग से निकले। आन्त्र-क्षय रोग अथवा गंडमालाजनित क्षय।

स्त्री—मन्द स्तन अर्बुद। मासिक धर्म बहुत पहले, अधिक मात्रा में देर तक बहता रहे। कष्टप्रद मासिक धर्म। स्राव के साथ पीड़ा भी अधिक हो।

साँस-यन्त्र—तालुमूल बढ़े हों। सोते में कड़ी सूखी खाँसी। बलगम गाढ़ा, सरलता से निकले, अधिक वायुनलिका स्राव। साँस छोटा। अधिक ताजी हवा में

भी दम घुटे। ठण्डी हवा की इच्छा हो। बच्चों में वायुनलिका तथा फुफ्फुस प्रदाह। कड़ी, ठोंकन खाँसी, अधिक पसीना और वजन का घटना। सीने भर में बलगम की खड़खड़ाहट। फुफ्फुस के सिरे पर से दूषित पदार्थ की संचयता शुरू हो (बार-बार दोहराना चाहिये)।

पीठ—गरदन की जड़ में और मेरुदण्ड भर में तनाव। कन्धों के बीच में या पीठ में ऊपर की तरह शीत।

चर्म—जीर्ण अकौता, घोर खुजली, रात में अधिक। क्षय रोगी बच्चों में मुँहासे। छोटी चेचक, अपरस (थाइरायड)।

नींद—कम, जल्द, बहुत सुबह को जाग पड़े। दिन में बिना रुकने वाली नींद। स्पष्ट और कष्टदायक स्वप्न।

ज्वर—स्वल्प विरामिक ढंग का चर्म सीमा के बाद वाला ताप। ऐसी अवस्था में हर २ घण्टे पर औषधि दीजिए (मैकफर्लेन)। अधिक पसीना।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : हरकत, सङ्गीत, आँधी के पहले, खड़े होने से, तरी से, बाहरी हवा से, बहुत तड़के और सोने के बाद। घटना : खुली हवा से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये। डॉ० कोच का लसिका रस (लिम्फ)-(तीव्र और जीर्ण सांतर विधानीय गुर्दा प्रदाह, फुफ्फुस प्रदाह, वायुनलिका तथा फुफ्फुस प्रदाह, क्षय रोगों में फुफ्फुस में रक्ताधिक्य उत्पन्न करती है। उपखण्ड फुफ्फुस प्रदाह—वायुनलिका फुफ्फुस प्रदाह की उत्तम औषधि है); ऐवियारे—ट्युबरक्युलिन जो चिड़ियों से लिया गया हो—(फुफ्फुस के सिरे पर काम करती है, इन्फ्लुएन्जा के वायुनलिका प्रदाह में उत्तम औषधि सिद्ध हुई है; लक्षण क्षय रोग की तरह होते हैं; कमजोरी घटाती है, खाँसी कम करती है, भूख बढ़ाती है और शरीर में शक्ति देती है; बच्चों का तीव्र वायुनलिका फुफ्फुस प्रदाह; हथेली और कानों का खुजाना, खाँसी, तीव्र, प्रादाहिक उत्तेजनीय, लगातार और गुदगुदीदार, शक्ति और भूखहीनता); हाइड्रे॰स्टि॰ (ट्युबरक्यु॰ के बाद रोगी को मोटा बनाने के लिये), फॉरमिक एसिड (क्षय रोग, जीर्ण गुर्दा प्रदाह, कठिन अर्बुद, फुफ्फुसीय क्षय रोग, तीसरे चरण का न हो, नाकड़ा, पेट और स्तन का कर्कट, डॉ॰ क्रल ३ शताय शक्ति के बराबर की सूक्ष्मता का सोल्युशन सुई द्वारा व्यवहार करते हैं। यह ६ मास के भीतर दोहराना नहीं चाहिये)।

तुलना कीजिये : बेसिलिन॰, सोरिन॰; लैके॰ केलेंगुवा (क्षय रोग सभी स्राव और साँस से लेहसुन जैसी गन्ध) ट्युक्रियम स्कोराडोनिया।

तुलना कीजिए : थूजा (टीका लगाने के विष से ट्युबरक्युलिन के प्रभाव का रास्ता बन्द हो सकता है इसलिए जब तक थूजा न दिया जाय वह प्रभाव मार्ग नहीं खुलता; उसके बाद ट्युबरक्युलिन बहुत अच्छा काम करती है (बरनेट)।

पूरक : कैल्केरिया०, चायना, ब्रायो० ।

मात्रा—प्रायः सभी जीर्ण औषधियों की अपेक्षा बच्चों की बीमारी में ट्युबर-क्युलिन को बार-बार दोहराना आवश्यक होता है। (एच० फर्जी उड्स) । ३० शक्ति और उससे अधिक ऊँची शक्ति, बार-बार दोहराना नहीं चाहिये। जब ट्युबर-क्युलिनम असफल होती है तब अक्सर सिफिलिनम लाभ के साथ दी जा सकती है और उसका प्रभाव होने लगता है।

फुफ्फुसीय क्षयरोग में ट्युबरक्युलिनम का व्यवहार करने में निम्नलिखित बातों पर ध्यान देना आवश्यक है।

अगर शरीर के निष्कासन यन्त्र अच्छी अवस्था में रहें तो ज्वर रहित शुद्ध क्षय रोग में अच्छा स्पष्ट परिणाम होता है, लेकिन १००० शक्ति से कम शक्ति कदापि नहीं देनी चाहिए, जब तक इससे नीची शक्ति की प्रबल आवश्यकता न हो। उन रोगियों में जिनके वायुनलिका समूह में मालाणु, गुच्छाणु और न्यूमोनिया के कीटाणु उपस्थित रहते हैं, और जिनके बलगम को धोने के बाद, शुद्ध टी. बी. कीटाणु बचे रहते हैं, वहीं ऊपर की चिकित्सा लाभदायक है। मिश्रित संक्रमण में, जैसा बहुधा पाया जाता है, जहाँ बलगम में टी. बी. कीटाणु के अतिरिक्त अनेक दूसरे विषैले कीटाणु भी उपस्थित रहते हैं; दूसरी तरह की चिकित्सा आवश्यक है। यदि हृदय अच्छी हालत में है, केवल एक ही मात्रा ट्यूबरक्युलिनम की १०००-२००० शक्ति की देना चाहिये, अगर दूसरी औषधियों का कोई स्पष्ट लक्षण न हो। तापमान का ध्यान रखते हुए और दूसरे स्रावों का विचार करते हुए, उस एक मात्रा को उस समय तक काम करने देना चाहिए जब तक उसका प्रभाव जारी रहे, प्रायः ८ दिन से ८ हफ्ते तक। तब प्रायः कोई जटिल लक्षण दर्शनीय होता है और किसी विशेष कीटाणुनाशक औषधि को जैसे साइलिशिया; लाइकोपोडियम, फॉस्फोरस इत्यादि के देने की आवश्यकता होती है। कुछ समय के बाद फिर अवस्था में जटि-लता उत्पन्न होती हैं और अब बलगम के कीटाणु में से (मालाणु, गुच्छाणु या न्युमोनिया के कीटाणु में से) अति विषैली कीटाणुनाशक औषधि की अधिक ऊँची शक्ति प्रयोग की जाती है। बलगम में कीटाणु का ठीक भेद जानना अति आवश्यक है; और इस समकीटाणु भेद के निर्णय से फिर चिकित्सा का रास्ता साफ हो जाता है। इसलिए एक तरफ रोग के कारण तत्त्व का विचार करते हुए (जहाँ यह समरोग कीटाणु का निर्णय नहीं सिद्ध हुआ है) औषधि का विचार करना चाहिए और दूसरी तरफ केवल लक्षणों को ध्यान में रखते हुए कीटाणुनाशक औषधियों का प्रयोग करने से वह रोग काबू में आ जाता है।

मेरा स्वयं अनुभव है कि मिश्रित संक्रमण में मालाणु, गुच्छाणु या न्युमोनिया कीटाणुनाशक औषधि ५०० शक्ति से कम का प्रयोग नहीं करना चाहिए। मैं उन

औषधियों का प्रयोग केवल २००० से १००० शक्ति में करता हूँ क्योंकि मैंने ३०, १००, २०० शक्ति में भयानक रोग वृद्धि देखी है। जब तापमान १०४ डिग्री से एकाएक ६६ डिग्री हो गया। इसलिए यह चेतावनी उन लोगों के लिए नहीं जो मजाक उड़ाया करते हैं, बल्कि उन लोगों को दी जाती है जो इस शक्तिशाली शस्त्र का लाभदायक प्रयोग करना चाहते हैं। औषधि के रूप में उन्हीं रोग-विषों का प्रयोग किया जाता है जो ट्यूबरक्युलिनम की तरह शुद्ध और महाविषैले रोग-विष से तैयार किए गये हों।

इस तरह चिकित्सा करने से बहुत-से रोगी जिनको असाध्य समझकर छोड़ दिया जाता है, एक या दो वर्ष में असाधारण तापमान को प्राप्त करते हैं, गोकि उनके फुफ्फुस तन्तु का अधिकांश नाश हो गया रहता है। यह परिणाम निश्चित है, जहाँ रोगी अपने को सम्भाल कर रखेगा और उसका दिल इन विषाक्त औषधियों को सहन करने योग्य रहा है और जिनका पेट और जिगर अच्छी अवस्था में काम करता रहा है। इसके अतिरिक्त मौसमी परिवर्तनों से बचना आवश्यक है। चूँकि क्षयरोग में धातुपरिवर्तन और उनकी पोषण क्रिया में घोर विघ्न पड़ता है; इसलिए भोजन का निर्णय अति आवश्यक है और उसका अधिकांश शाक पदार्थ होना चाहिए जिसके साथ नीचे की शक्ति के शारीरिक लवण भी देना आवश्यक है। कैल्केरिया कार्ब ३x, ५x, कैल्केरिया फॉस २x, ६x और बीच-बीच में थोड़े समय के लिए यांत्रिक औषधि भी जैसे कैक्टस ट्रि० ३०,चेलिडोनियम; ट्रि० ३०, टैराक्सेकम ट्रि०, नैस्टर्टियम ट्रि०, अर्टिका युरेंस ट्रि०, टुसिलेगो फारफारा ट्रि०, लाइसिमैकिया नुमूलेरिया ट्रि० लक्षण की अवस्था के अनुसार थोड़े-थोड़े समय तक देना चाहिए।

कुछ भी हो, किसी कठिन क्षय रोगी को ट्युबरक्युलिनम की पहली मात्रा के देने का निर्णय करना गम्भीर विचार और महत्व की अवस्था है। यह औषधि बिना हृदय-क्रिया की ध्यानपूर्वक परीक्षा किए हुए कदापि नहीं देना चाहिए। जिस तरह सर्जन बेहोश करने के पहले हृदय-क्रिया को अच्छी तरह समझता है उसी तरह औषधि देने वाले चिकित्सक को भी इस महा औषधि के प्रयोग से पहले हृदय की अवस्था को जान लेना आवश्यक है, खासकर बच्चों की चिकित्सा में और वृद्ध लोगों की—और अकाल वृद्ध युवा रोगी की। वह चिकित्सक जो ऐसा करता है अपने अन्तःकरण पर कम ठेस लगावेगा। जब ट्युबरकुलिनम के विरुद्ध लक्षण हों तो ऐसी अवस्था में उसकी निकटतम विषनाशक औषधि देनी चाहिए।

"ऊपर लिखी चेतावनी दमा, फुफ्फुसावरण झिल्ली प्रदाह, कण्ठमालिक रोगियों के अन्त्रावरण झिल्ली प्रदाह में भी ध्यान में रखना चाहिये" (डॉ० नेबेल मॉन्ट्री अक्स)।

—:o:—

टर्नेरा (Turnera)

(डैमियाना)

अधिक सहवास से आये स्नायु-दौर्बल्य में लाभदायक है; नपुंसकता। स्नायु-शिथिलता के कारण जननेन्द्रियों की दुर्बलता। वृद्ध लोगों में पेशाब रुकना। जीर्ण मूत्राशय-ग्रन्थि स्राव। गुर्दों का और मूत्राशय का नजला। स्त्रियों की काम वासना नष्ट। युवा लड़कियों में प्राकृतिक रूप से मासिक स्राव प्रस्तुत करने के लिए।

मात्रा—अरिष्ट और तरल रस—१० से ४० बूँद की मात्रा में।

टुसिलैगो पेटासाइट्स (Tussilago Petasites)

(बटर-बर)

मूत्रयन्त्रों पर कुछ प्रभाव रखती है, अतः सुजाक में लाभदायक है। आमाशय द्वार के रोग।

मूत्र—मूत्रमार्ग में रेंगन।

पुरुष—सुजाक हल्का, पीला, गाढ़ा स्राव। लिंगोत्थान, साथ में मूत्र मार्ग में रेंगन। शुक्ररज्जु में दर्द।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : टुसिलैगो फ्रैग्रेन्स (पाकाशय द्वार में दर्द, रक्ताधिक्य और मोटापन); टुसिलैगो फारफारा (खाँसी); फुफ्फुसीय क्षय रोग में बीच-बीच में देने वाली औषधि। (ट्युबरक्युलीनम देखिए)।

मात्रा—अरिष्ट।

उपास टीण्टे (Upas Tiente)

(उपास-ट्री स्ट्रिकनोस टीण्टे)

यह बलात् संकोचन, ताण्डव रोग और श्वास रोग उत्पन्न करती है।

सिर—मानसिक काम करने की इच्छा न रहना। चिड़चिड़ापन। मस्तिष्क की गहराई में मन्द दर्द।

आँखें—चक्षु प्रदाह के साथ आँखों में और उनके गढ़ों में दर्द। निस्तेज धँसी हुई आँखें। बिलनी निकलना।

मुँह—होंठों पर मोटा दाद। जबान पर जलन। मुँह में खपची गड़ने जैसा दर्द। (नाइट्रि० एसिड)।

पुरुष—काम इच्छा अधिक, शक्तिहीनता के साथ। मन्द पीठ दर्द, मानो अधिक मैथुन किया हो।

सीना—पूरी दाहिनी तरफ के फुफ्फुस में जिगर की तरफ कोंचन दर्द जिससे साँस रुके। और धड़कन, पेट में भारीपन।

चर्म—हाथ और पैर सुन्न। नाखून सूजे हों; नाखून की जड़ें खुजलायें और लाल हों।

सम्बन्ध—तुलना कीजिये: उपास ऐंटियारिस—रेजिन्स एक्युलेशन ऑफ एण्टियारस टॉक्सिकेरिया (पेशी मण्डल के लिए एक घोर विषैली वस्तु। यह ऐच्छिक पेशियों की क्रिया को और हृदय की पेशियों को बिना किसी आक्षेप के स्थगित कर देती है। जावा देश में तीर पर लगाने वाले विष के काम में आती है। (मेरेल)। (अन्तर यह है कि यह क्षणिक आक्षेप; घोर कै, दस्त, अधिक शिथिलता पैदा करती है)। ऑक्जैलिक एसिड, उपास दें जब ब्रायोनिया असफल हो। (आंत्र-ज्वर में)।

क्रियानाशक: कुरारी।

मात्रा—२ से ६ शक्ति।

युरेनियस नाइट्रिकम (Uranium Nitricum)

(नाइट्रेट ऑफ युरेनियम)

मधुमेह उत्पन्न करती है और मूत्र की मात्रा बढ़ाती है। यह जाना हुआ है कि यह गुर्दा प्रदाह, मूत्रमेह, जिगर की खराबी, रक्तचापाधिक्य और शोथ रोग उत्पन्न करती है। इसका प्रमुख चिकित्सा संकेत है: बहुत दुबलापन, दौर्बल्य और जलोदर तथा सर्वांग शोथ की सम्भावना। पीठ दर्द और मासिक-धर्म देर से होना। श्लैष्मिक झिल्ली और चर्म का सूखापन।

सिर—बदमिजाज, मन्द, भारी दर्द। नथने दर्दीले, साथ में मवादी, तीखा स्राव। मानसिक उदासी।

आँख—पलक सूजे और चिपके हुए, बिलनी।

आमाशय—अधिक प्यास; मिचली; कै। प्रचण्ड भूख, खाने के बाद वायु संचयता। पाकाशयिक द्वार के क्षेत्र में छेदन दर्द। पाकाशयिक और आड़ी मलनली के घाव। जलन पीड़ा। उदर फूला हुआ। वायु जो लाइकोपोडियम से कुछ कम हो।

मूत्र—अधिक मात्रा में अधिक मूत्रस्राव। धार का रुक-रुक कर बहना। मूत्रमेह। दुबलापन और पेट का तनाव। मूत्रमार्ग में जलन; अधिक तेजाबी मूत्र के साथ। बिना पीड़ा के पेशाब न रोक सके। अनैच्छिक मूत्रस्राव। (मूलीन ऑयल)।

पुरुष—पूर्ण नपुन्सकता, रात में अनैच्छिक वीर्य-स्खलन के साथ। लिंग ठण्डा, ढीला और पसीनेदार।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए। सिजिजियम, फास्फो० एसिड; लैक्टि० एसिड, आर्जेण्टम नाइट्रि०, कैलिबाइ क्रोमि०; आर्से०, फ्लोरिडजिन (एक शक्कर तत्व जो सेब और दूसरे फलों के पेड़ों की जड़ों की छाल से निकाला जाता है। मूत्रमेह और जिगर का चर्बीलापन सविराम ज्वर उत्पन्न करती है। मात्रा प्रतिदिन १५ ग्रेन। फ्लोरिजिन से मधुमेह होता है। रक्त में कोई शर्कराधिक्य नहीं होती। यह गुर्दों के स्राविक अन्तस्त्वकों को अलब्यूमेन की चीनी में परिवर्तित करने के लिए बाध्य करती है। रक्त शर्करा में कोई वृद्धि नहीं होती।

मात्रा—२ विचूर्ण।

यूरिया (Urea)

(कार्बेमाइड)

क्षयरोग। गाँठें। ग्रन्थि-वृद्धि। वृक्क-शोथ, सर्व नशीली अवस्था के साथ। गठिया युक्त अकौता। अलब्युमेन वाला मूत्र, मूत्रमेह; यूरिया युक्त मूत्र। मूत्र पतला और हलका। शोथ की चिकित्सा में जनप्रिय मूत्रल औषधि। हर ६ घण्टे पर १० ग्रेन।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: यूरिक एसिड (गठिया, गठियायुक्त अकौता, वात रोग, मेदार्बुद); युरिनस (मुँहासे, फुड़िया, शीताद रोग, शोथ)। **अर्टिका**, **ट्युबरक्युलि०**, **थाइरॉयडि०**।

अर्टिका युरेन्स (Urtica Urens)

(स्टिंगिंग-नेटल)

प्रसव के बाद स्तनों में दूध का अभाव और शरीर में अश्मरी का निर्माण। श्लैष्मिक झिल्ली से अधिक स्राव। अनैच्छिक मूत्रस्राव और जुलपित्ती। तिल्ली के रोग। घोंघे खाने के बुरे असर को मारती है। प्रति वर्ष उसी समय रोग का वापस आना। गठिया और मूत्र अम्ल की गड़बड़ी। निष्कासन क्रिया को प्रोत्साहित करती है।

वात रोग जो जुलपित्ती की तरह दोनों से सम्बन्धित हो। स्नायु प्रदाह।

सिर—चक्कर, प्लीहा पीड़ा के साथ सिर दर्द।

उदर—दस्त, जीर्ण वृहत् आंत्रिक बाधा जिसमें अधिक श्लैष्मिक स्राव की विशेषता हो।

पुरुष—अण्डकोष की खाज, रात भर खाज से जागा करे, अण्ड फूला हो।

स्त्री—दूध कम उतरना। गर्भाशय से रक्तस्राव। तेजाबी और काटनेवाला प्रदर। योनि घुण्डी की प्रबल खाज, चुभन, खुजली और शोथ के साथ। स्तन्य काल समाप्त करने के बाद दूध स्राव को बन्द करती है। स्तनों का अधिक फूलना।

अंग—तीव्र गठिया; त्रिकास्थि में दर्द, टखने और कलाई में दर्द।

चर्म—खुजली वाले चकत्ते। जुलपित्ती, जलन, गरमी, सुरसुरी के साथ, प्रचण्ड खाज। जुलपित्ती दब जाने का दुष्परिणाम। वात रोग और जुलपित्ती बारी-बारी। केवल चर्म पर जलन हो। गुल्मीय पित्ती रोग। (बोवि०)। लाल चकत्ते; दाने, अधिक जलन और चुभन के साथ। जल जाना और झुलस जाना। छोटी माता, चेचक। (डल्का०)। हृद् स्नायविक प्रदाह शोथ। योनि-ओष्ठों पर मोटा दाद; जलन, अण्डकोष पर खुजली और चुभन।

ज्वर—उदर पर दर्दीलापन के साथ बिस्तर में गरम लगना। गठिया का ज्वर। गरम देश का ज्वर।

घटना-बढ़ना—बढ़ना: बर्फीली हवा से, पानी से, ठंडी तर-हवा से, छूने से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: मेडूसा; नैट्र० म्यूर०; लैक कैना०, रिसिन (स्तन स्राव की कमी); बाम्बिक्स रस०, एपिस०, क्लोरल०, एस्टैक०, पल्स० (जुलपित्ती); बोलेटस लुरिडम और एनाकार्डि० (क्षयरोगी जुलपित्ती); लाइकोपो० और हेडियोमा (यूरिक अम्ल की बाधायें), फॉर्मिका।

मात्रा—अरिष्ट और निचली शक्तियाँ।

अस्निया बारबाटा (Usnea Barbata)

(टी-मॉस)

कुछ प्रकार के प्रदाहिक सिर दर्दों की औषधि, लू लगना।

सिर—फटन संवेदन, मानो कनपटी फट जायगी या आँखें अपने गढ़ों से बाहर निकल जायेंगी।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए: ग्लोनोइन, बेलाडो०।

मात्रा—अरिष्ट, बूँदों की मात्रा में।

अस्टिलैगो मेडिस (Ustilago Maydis)

(कॉर्न-स्मट)

गर्भाशय का थुलथुलापन। रक्तस्राव। कई स्थानों में रक्ताधिक्य, खासकर वयःसन्धिकाल में। खुरण्ड रोग। (वियोला ट्रि०)।

सिर—बहुत उदासी। भरापन। मासिक धर्म की गड़बड़ी से स्नायविक सिर दर्द। अधिक जलस्राव के साथ आँतों के ढेलों में टीस।

पुरुष—हस्तमैथुन को न रोक सकने वाली इच्छा। वीर्य स्राव, रसिकता के स्वप्नों के साथ वीर्यपात और हस्तमैथुन की अदम्य इच्छा। कटि क्षेत्र में मन्द पीड़ा, घोर निराशा और मानसिक चिड़चिड़ापन के साथ।

स्त्री – असामयिक, क्रमभ्रष्ट मासिक-धर्म। डिम्बाशय जलें, दर्द करें, फूलें। गर्भपात के बाद अधिक मासिक स्राव, जरा-सी उत्तेजना से रक्त स्राव, गाढ़ा लाल, कुछ थक्केदार रक्त। वयःसन्धिकाल में अधिक मासिक स्राव। (कैल्के० कार्बं०, लैके०)। गहरे रङ्ग का खून, थक्केदार काला तारदार, पसीजा करे। गर्भाशय का ढीला पड़ना। गर्भाशय की गरदन से खून बहना प्रसव के बाद रक्तस्राव। अधिक प्रसव स्राव।

ज्वर—पसीना अधिक। नाड़ी पहले तेज, फिर मन्द धड़कन।

अङ्ग—पैशिक दौर्बल्य, पीठ भर में खौलते पानी जैसा संवेदन। संकुचित और प्रसारित हरकत, ताण्डव रोग। पैशिक संकोचन, खासकर निचले अंगों का।

चर्म—बाल झड़ना। छोटी फुन्सियों की प्रवृत्ति। चर्म सूखा, अकौता, ताँबे के रंग के चकत्ते। अति खाज, धूप से जलना। अपरस (खाने और लगाने को।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : सिकेल०; सैबाइना, जिया इटैलिका (चर्म रोग को अच्छा करने का गुण रखती है, खासकर अपरस अकौता में। स्नान करने का पागलपन। आत्महत्या की भावना, खासकर डूबकर मरने की। जल्दी ही क्रोधित हो उठे। भूख अधिक, अधिक खाना, बीच-बीच में बार-बार खाने से घृणा। मुँह में पानी भरना, मिचली, कै, मद्पान से कम ही।

मात्रा – अरिष्ट से ३ शक्ति।

युवा उर्सी (Uva Ursi)

(बियर-बेरी)

मूत्र लक्षण महत्त्व के हैं। मूत्राशय प्रदाह। खूनी पेशाब के साथ जरायु से रक्तस्राव। जीर्ण मूत्राशयी उत्तेजना; साथ में दर्द, कूँथन और नजला। चिकने मूत्र-

स्खलन के बाद जलन। मूत्र-पिण्ड आवरण का प्रदाह। श्वास कष्ट, मिचली, कै, नाड़ी छोटी और क्रमभ्रष्ट, नील रोग। बिना खाजवाली जुलपित्ती।

मूत्राशय—मूत्राशय के तीव्र आक्षेप के साथ बहुधा मूत्र-स्खलन इच्छा, जलन और फटन दर्द। मूत्र में खून, मवाद और अधिक चिमड़ा श्लेष्मा रहे साथ में बड़े-बड़े थक्के हों। अनैच्छिक हरा मूत्र। कष्टदायक मूत्रकृच्छ्र।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : **आब्युटिन** : (युवा की एक रवादार शर्करा, जो कैल्मिया, गॉल्थेरिया और एरियासी वंश की अन्य साधारण वस्तुओं में भी पाई जाती है। चीनी के साथ ३ से ८ ग्रेन की मात्रा में, दिन में तीन बार देना चाहिए। मूत्र कीटाणु नाशक और मूत्र वृद्धि के लिए व्यवहार की जाती है।) **आर्कटॉस फाइलॉस मैनजेनिटा** (गुर्दों और जननेन्द्रिय पर काम करती है। प्रमेह, मूत्राशयिक, नजला, मूत्रमेह। अधिक मासिक स्राव : पत्तियों का अरिष्ट बनाकर प्रयोग करते हैं), **वैक्सिनम मॉइर्टिलस**—हकलबेरीज—(पेचिश, आंत्रिक ज्वर, आँतों को कीटाणु रहित रखती है और दूषित रोगाणुओं को फिर से शरीर में अनपच होने और संक्रमण होने से रोकती है)।

मात्रा—अरिष्ट ५ से ३० बूँद। मूत्रपिण्ड आवरण के प्रदाह में पत्तियों का विचूर्ण देते हैं।

वैक्सिनिनम (Vaccininum)

(नौसोड—फ्रॉम वैक्सि मैटर)

चेचक के रोगी के दानों के रस से बना हुआ टीका प्रचण्ड जीर्णता की वह विषैली रोगात्मक अवस्था उत्पन्न कर सकता है जिसको बरनेट ने वैक्सिनोसिस के नाम से पुकारा है, ये लक्षण वैसे ही हैं जैसे हैनिमैन के साइकोसिस के होते हैं। स्नायुशूल, कठोर चर्म स्फोट, कम्प, अधिक वायुसंचयता और पेट फूलने के साथ अनपच रोग। (क्लार्क) कुकुर खाँसी।

मन—चिड़चिड़ापन, अधीर। अप्रसन्न, स्नायविक उत्तेजना।

सिर—अगले भाग का दर्द। माथा और आँखें फटी मालूम हों। पलक सूजे हुए और लाल।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : चेचक के टीका के विष को नाश करने वाली औषधियाँ; वैरियोलिन, मैलाड्रिनम; थूजा०, कठिन घातक रोगों की चिकित्सा में एक शक्तिशाली सहायक औषधि।

मात्रा—६ से २०० शक्ति।

वैलेरियाना (Valeriana)

(वैलेरियन)

गुल्म वायु (हिस्टीरिया), अति स्नायविकता, स्नायविक रोग; जब स्पष्ट रूप से अच्छी तरह चुनी हुई औषधि असफल हो, गुल्मवायु, आक्षेप और उससे सम्बन्धित रोग। गुल्मवायु युक्त पेट में वायु संचित, बादी भरना।

मन—परिवर्तनशील भाव। हल्कापन जान पड़े; मानो हवा में तैर रहा हो; अति स्नायविकता। (स्टैफि०)। रात में दृष्टि-भ्रम। चिड़चिड़ापन। कम्प।

सिर—बहुत ठण्डा, माथे पर दाब। नशीलापन।

कान—बाहरी हवा लगने से या ठण्डक से कान-पीड़ा हो। स्नायविक आवाजें; प्रचण्ड स्नायविक उत्तेजना।

गला—गले के नीचे धागा लटकता मालूम पड़े। गले में मिचली मालूम हो। गलकोष संकुचित मालूम हो।

आमाशय—मिचली के साथ भूख। घृणित डकार। तेजाबी पानी ऊपर आने के साथ जल-डकार। गशी के साथ मिचली। दूध पीने के बाद बच्चा फटा दूध अधिक मात्रा में कै करे।

उदर—फूला हुआ। गुल्मवायु, ऐंठन। पतला, पानी-सा दस्त, जमे दूध के ढोकों के साथ, बच्चों के तेज चिल्ला उठने के साथ। हरियालीदार, ढेला बँधा, खूनी मल। खाने के बाद और बिस्तर में रात के समय आँतों में झटके आयें।

साँस-यन्त्र—सोने के बाद दम घुटे। आक्षेपिक दमा, पेट के ऊपरी मेहराबदार झिल्ली में आक्षेप।

स्त्री—मासिक धर्म देर में और कम मात्रा में (पल्से०)।

अङ्ग—अङ्गों में वात पीड़ा। लगातार झटके। भारीपन। गृध्रसी। खड़े होने से और फर्श पर आराम करने में दर्द बढ़े। (बेलाडो०) टहलने से कम हो। बैठने से एड़ी में दर्द हो।

नींद—औंघाई, प्रति रात में खुजली और पेशिक झटकों के साथ। जागने पर अधिक हो।

ज्वर—देर तक, टिकाऊ गरमी, अकसर चेहरे पर पसीने के साथ। गरमी अधिक व्यापक। बर्फीली ठण्डक का सवेदन। (हेलोडर्मा, कैम्फो०, एबाज कैना०,)।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : एसाफि०, इग्ने०, क्रोक०, कैस्टोरि० एमो०, वैलेरि० (स्नायुशूल में, पाकाशय की गड़बड़ी में और अधिक स्नायविक उत्तेजना

में); अनिद्रा, खासकर गर्भावस्था और मासिकस्राव के साथ, वृद्धावस्था में शिथिलता। दुर्बल काय, स्नायविक गुल्मवायु पीड़ित रोगी।

मात्रा—अरिष्ट।

वैनेडियम (Vanadium)

(दी मेटल)

इसका काम ओषजन को शरीर और रक्त में पहुँचाने का है और अपनी उपस्थिति में शरीर की रासायनिक क्रिया का सचालन करना है, इसलिए यह क्षीणता रोग में उपयोगी है। यह रक्त में रक्त-रंजक पित्त को बढ़ाती है और शरीर के विषैले रसों में ओषजन को पचाकर उनको दोषरहित कर देती है। इसके अतिरिक्त यह अणुजीवनाशक कोषों को बढ़ाती और शक्ति देती है और रोगजनक जीवाणुओं का नाश करती है।

यह जिगर और धमनियों की क्षीणता की औषधि है। क्षुधाहीनता और पाकाशयिक आंत्रिक उत्तेजना, मूत्र में अलब्यूमेन, थक्के और रक्त आना। कम्प, चक्कर, गुल्म वायु और शोकग्रस्त; आँखों का स्नायविक प्रदाह और अन्धापन। रक्तहीनता और दुबलापन। खाँसी सूखी, उत्तेजनीय और आक्षेपिक, कभी-कभी रक्तस्राव के साथ। नाक, आँख, गले में उत्तेजना। क्षय रोग, जीर्ण वात रोग और मूत्रमेह। पाचन-यन्त्र पर और क्षय रोग के आरम्भ में काम करती है। धमनी का कड़ापन, ऐसी संवेदना जैसे हृदय दब रहा हो और रक्त के लिए मुख्य धमनी में स्थान नहीं है। पूरे सीने पर व्याकुल दाब। हृदय में चर्बी आना। क्षीण अवस्थायें, मस्तिष्क का मुलायम पड़ना। मस्तिष्क और जिगर की धमनियों का अर्बुद।

तुलना कीजिये : आर्से०; फॉस०; एमोनि० वैनेडि (जिगर का क्षय)।

मात्रा—६-१२ शक्ति। इस औषधि का उत्तम रूप वैनेडियेट ऑफ सोडा है। २ मिलीग्राम प्रतिदिन खिलाना चाहिए।

वैनिला-प्लैनिफोलिया (Vanilla-Planifolia)

(वैनिला)

ओक विष की तरह चर्म में उत्तेजना लाता है; यह अवस्था कभी-कभी बीजों के छूने से हो जाती है और वैनिला का एसेंस मिला हुआ बाल धोने के मसाले के बाहरी व्यवहार से हो जाती है। लोगों की भावना है कि वैनिला मस्तिष्क और

काम-शक्ति को बढ़ाती है। नकली वैनिला का सत् व्यवहार मत कीजिए। वैनिला के कारखाने में काम करनेवालों को अनेक प्रकार के स्नायुविकार और रक्तसंचार बाधायें हो जाती हैं। मासिक स्राव को क्रमयुक्त बनाने वाली और कामोद्दीपक औषधि है। मासिक धर्म देर तक रहे।

मात्रा—वैनिला, ६ से ३० शक्ति, चर्म रोगों में लाभदायक पाई गई है।

वैरियोलिनम (Variolinum)

(लिम्फ फ्रॉम स्मॉल-पॉक्स पस्ट्यूल)

"आन्तरिक विधि से चेचक का टीका लगाने" के काम में आती है। चेचक से बचाव के लिए और उसकी अवस्था सुधारने और अच्छा होने में सहायता देती है।

सिर—चेचक निकलने की दूषित भावना। बहरापन। सिर के पिछले भाग में दर्द। आँखों के ढेले सूजे हों।

साँस-यन्त्र—संकुचित साँस। गला बन्द मालूम पड़े। गाढ़े, चिमड़े, सूनी बलगम के साथ खाँसी। गले की दाहिनी तरफ ढोंके जैसा संवेदन।

अंग—तीव्र ऐंठन वाला पीठ दर्द। टाँगों में टीस। बेचैनी के साथ सारे शरीर में थकावट। कलाई में दर्द। दर्द पीठ से उदर में जगह बदले।

ज्वर—गरम ज्वर, घोर फैलने वाली गरमी। अधिक दुर्गन्धित पसीना।

चर्म—गरम, सूखा। रसदाने निकलना। वत्तुलाकार विसर्पिका।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : वेक्सिन (वही प्रभाव)। मैलाण्ड्रिनम—घोड़े की चर्बी का रोगग्रस्त पदार्थ (चेचक को रोकने वाली और चेचक के टीके के बुरे असर को दूर करती है; जीर्ण अकौता जो टीका लगाने के बाद निकले)।

मात्रा—६ से ३० शक्ति।

वेरेट्रम एल्बम (Veratrum Album)

(ह्वाइट हेलेबोर)

इस औषधि से, अति ठंडक, नीलापन और कमजोरी के साथ पतनावस्था का सम्पूर्ण चित्र दीख पड़ता है। शल्य-क्रिया के बाद का धक्का, साथ में माथे पर ठंडा पसीना, पीला चेहरा; तेज, कमजोर नाड़ी। प्रायः सभी लक्षणों के साथ माथे पर ठण्डा पसीना होना। कै, ओकाई और अंगों में मरोड़। अधिक, तीव्र ओकाई और कै इस औषधि का विशेष लक्षण है। शल्य आघात। सभी श्लैष्मिक सतहों का

अधिक सूखापन। "मल भक्षण" प्रचण्ड उन्माद और मौन; बात करने से घृणा; बारी-बारी से।

मन—मूर्च्छित अवस्था और उन्माद के साथ शोकग्रस्त। विचारहीन अवस्था में बैठा रहे; किसी चीज पर ध्यान न जाये; मौन उदासीन। प्रचण्ड भड़कन, चीखता है, कोसता है। प्रसवकालीन उन्माद। घर से निकलकर व्यर्थ इधर-उधर घूमना। आने वाली, काल्पनिक मुसीबत का भ्रम। उन्माद; चीजों को काटने और फाड़ने की प्रबल इच्छा (टैरेण्टु०) दर्द के आक्रमण, साथ में सन्निपात जो पागल बना दे। कोसना, रात में चिल्लाना।

सिर—चेहरा सिकुड़ा हुआ। माथे पर ठण्डा पसीना। जैसे चाँद पर बरफ का ढोंका रखा है; ऐसा मालूम हो। मिचली, कै, दस्त, पीले चेहरे के साथ सिर दर्द। गरदन इतनी कमजोर कि सिर को न सम्हाल सके।

आँखें—गहरे रंग की चक्रों से घिरी। घूरती; ऊपर उठी हों। बिना चमक। लाली के साथ जल बहना। पलक सूखे, भारी।

चेहरा—मुरझाया हुआ। नाक का सिरा और चेहरा बरफ की तरह ठण्डा। नाक और अधिक नोकीली हो जाये। गालों, कनपटी और आँखों में फटन जैसा दर्द। चेहरा बहुत पीला, नीला, ठंडा, शिथिल।

मुँह—जबान, ठण्डी, पीली, पिपिरमिंट जैसा ठण्डा। बीच में सूखी जो पानी से कम न हो। नमकीन लार। दाँत दर्द, दाँत भारी लगे जैसे सीसा भर दिया गया हो।

आमाशय—अति भूख। ठण्डे पानी की प्यास, निगलते ही कै हो जाये। गरम भोजन से घृणा। हिचकी। अधिक मात्रा में कै और मिचली; पीने से और जरा-सा हिलने से अधिक हो। फल, रसदार और ठण्डी चीजों की, बरफ की, नमक की इच्छा हो। पेट के गड्ढे में कष्ट। कै करने के बाद बहुत कमजोरी आये। जीर्ण, भोजन की कै के साथ अति उत्तेजना।

उदर—कमजोरी और खालीपन। पेट और उदर में ठण्डापन। मल त्यागने के पहले उदर में दर्द। ऐंठन, उदर और टाँगों में गाँठें। ऐसा जान पड़े कि आँतें बाहर निकलेंगी। (नक्स वो०) उदर दाब से कोमल, फूला, घोर शूल।

मलाशय—मलाशय की कार्यहीनता के कारण कब्ज, गरमी और सिर दर्द के साथ। छोटे बच्चों का कब्ज और जब बहुत ठण्डे मौसम के कारण हो। मल बड़ा, बहुत काँखने के साथ जब तक शिथिल न हो जाये, साथ में ठंडा पसीना। दस्त, बहुत दर्द हो, पानी-सा, अधिक और तेजी से निकले, बाद में बहुत शिथिलता। दूषित और साधारण हैजा जब अधिक ओकाई के साथ कै हो।

साँस-यन्त्र—फटी, कमजोर आवाज। सीने में खड़खड़ाहट। वायुनलिका में बहुत बलगम जो खखारा न जा सके। खड़खड़ाहट। वृद्ध लोगों में जीर्ण वायुनली का प्रदाह (हिपोजेनिन)। खाँसने से कुत्ता भौंकने जैसी आवाज हो, पेट की खराबी से खाँसी, बाद में वायु-डकार, गरम कमरे से बढ़े। खोखली खाँसी, गले के नीचे गुद-गुदी, नीले चेहरे के साथ। पीने से, खासकर ठंडे पानी के पीने से खाँसी उठे, खाँसने से पेशाब हो जाये। ठंडी हवा से गरम कमरे में आने पर खाँसी आवे। (ब्रायोनिया)।

दिल—तेज, आवाज वाले, साँस के साथ और चिन्ता के साथ धड़कन। नाड़ी क्रमभ्रष्ट, दुर्बल। तम्बाकू चबाने से दिल की पीड़ा। कुछ जिगर की रुकावट के साथ कमजोर लोगों में सविराम हृदय-क्रिया। होमियोपैथिक मात्रा में अति उत्तम हृदय शक्तिवर्द्धक औषधि। (जे. एस. मिचेल)।

स्त्री— मासिक धर्म समय से बहुत पहले; अधिक मात्रा में और शिथिलता पैदा करने वाला। कष्टदायक मासिक धर्म, ठंडापन; ओकाई ठंडे पसीने के साथ। जरा-से परिश्रम से गशी आ जाये। मासिक धर्म के पहले कामोन्माद।

अंग—जोड़ों का दर्दीलापन और कोमलपन। बिजली के धक्के की तरह गृध्रसी। पिंडली में ऐंठन। गरदन के नाड़ी जाल में स्नायुशूल; बाहें फूली हुईं, ठंडी, पक्षाघात-ग्रस्त मालूम हों।

चर्म—नीला, ठंडा, लसीला, चुरचुरा, मुर्दे जैसा ठंडा। ठंडा पसीना। हाथ और पैर के चर्म पर झुर्रियाँ।

ज्वर—अधिक शीत और प्यास के साथ कम्प।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : रात में, तर, ठंडा मौसम। घटना : टहलने और निम्न गरमी से।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : वेरेट्रिनम—ऐन एलकेलॉयड फ्रॉम सीड्स ऑफ सैबाडिला—(विद्युत पीड़ा पेशियों में विद्युत धक्के, सौत्रिक फड़कन), कोलस टेरे-पिना (पिंडली में ऐंठन), कैम्फा०, क्युप्र०, आर्से०; क्युप्रम आर्से० (सविराम, ठंडा, लसीला पसीना), नर्सिसस पेटिकस (आँतों में अधिक चुभन, कटन पीड़ा के साथ पाकाशयिक-आंत्रिक प्रदाह। गशी, कम्प, ठंडे अंग, छोटी, क्रमहीन नाड़ी), ट्राइकोसंन्थेस—(दस्त, जिगर में दर्द, हरे मल त्याग के बाद चक्कर), एगैरिक०, एमेटिक (चक्कर, बरफ की तरह ठंडे पानी की इच्छा; पेट में जलन, दर्द), एगै-रिक० कैलॉयड्स (हैजा, पेट में ऐंठन, ठंडे हाथ-पैर, पेशाब दबा), वेरैट्रिन (रक्त-वाहिनियों का तनाव बढ़ना। यह उनको ढीला करती है और शरीर विष को चर्म, गुर्दों और जिगर द्वारा बाहर निकालती है)।

मात्रा—३ से ३० शक्ति। दस्त में ६ से नीचे मत दीजिये।

वेरेट्रम विरिडि (Veratrum Viride)

(ह्वाइट अमेरिकन हेलेबोर)

हृत्कोषीय तथा कर्ण गह्वर में कम्प के आक्षेपिक आक्रमण। हृदय के सिकुड़ने और फैलने की क्रिया चाप को घटाती है। रक्त-संचयता, खासकर फुफ्फुस में; मस्तिष्क के तल में, मिचली और कै के साथ। फड़कन और आक्षेप खासकर अधिक रक्त वाले मोटे-तगड़े लोगों के लिये लाभदायक है। अति शिथिलता। हृदय का वात रोग। फूला, सुर्ख चेहरा। प्रचण्ड प्रलाप। लू लगने का दुष्परिणाम। गलनली प्रदाह (फैरिंगटन)। जीवाणु (डिप्लोकॉक्कस) ग्रस्त फुफ्फुसीय प्रदाह में वेरेट्रम विरिडि शरीर के रोगजनक जीवाणुओं को ७० से १०६ प्र० श० नाश करने की शक्ति रखती है। न्यूमोनिया में जिगर की रक्त-संचयता और आरम्भिक प्रदाह की अवस्था में लाभदायक है। घटने-बढ़ने वाला ताप। चिकित्सा-क्षेत्र में यह देखा गया है कि संकोचन, ध्रॉम्सन्स रोग, अँगुलियों और अँगूठों का फड़कना और पेशियों का ढीलापन युक्त पक्षाघात में ऐसे लक्षण देखे जाते हैं जो पैशिक तन्तुओं पर वेरेट्रम विरिडि उत्पन्न करती है। (ए. इ. हिन्सडेल, एम. डी.)।

मन—झगड़ालू और बकवादी।

सिर—अति रक्त संचयता, संन्यास रोग की अवस्था। सिर गरम, आँखें रक्त-मय। फूला, सुर्ख चेहरा। भावहीन चेहरा। सिर सिकुड़ा, पुतली फैली, 'द्वि-दृष्टि'। मस्तिष्क प्रदाह। दर्द गरदन की जड़ से उठे; सिर ऊपर न उठा सके। लू लगना, सिर भरा, धमनी थरथराती। (बेला०, ग्लोनो० अस्निया)। चेहरा सुर्ख। चेहरों की पेशियों की आक्षेपिक फड़कन। (एगेरिकस)। मिचली के साथ चक्कर।

जबान—सफेद या पीली, बीच में नीचे तक लाल लकीर। झुलसा जान पड़े। लार अधिक।

आमाशय—प्यास। मिचली और कै। जरा-सा भोजन या तरल पदार्थ आमाशय में जाते ही कै होकर निकल जाये। संकुचन दर्द, गरम चीज पीने से अधिक हो। हिचकी अधिक और दर्द वाली, गलनली में झटकन के साथ। गलनली और पेट में जलन।

उदर—चोटीलापन के साथ पेडू के ऊपर दर्द।

साँस-यन्त्र—फुफ्फुस की सूजन। कठिन साँस। सीने पर भारी बोझ जैसा। फुफ्फुस प्रदाह, पेट में गशी जैसी संवेदना और तीव्र सूजन के साथ। काली-खाँसी। मूत्ररोध के साथ, मासिक धर्म के दिखाई पड़ने के पहले शूल।

मूत्र—गँदली तलछट के साथ थोड़ी मात्रा में।

स्त्री—गर्भाशय का मुँह कड़ा हो। (बेला०, जेल्से०)। प्रसूति ज्वर। सिर में रक्तसंचयता के साथ मासिक-धर्म का दब जाना। मूत्र-रोध के साथ मासिक-धर्म के शुरू होने के पहले शूल।

दिल – नाड़ी धीमी, मुलायम, कमजोर, क्रमभ्रष्ट, सविराम। तेज नाड़ी, मन्द तनाव। (टेबेकम; डिजि०)। हृदय-क्षेत्र में लगातार, मन्द, जलन के साथ दर्द। हृदय कपाटों के रोग। सारे शरीर में नाड़ी की टपक मालूम हो, खासकर दाहिनी जाँघ में।

अंग—कंधों और गरदन के पीछे टीस, दर्द। जोड़ों और पेशियों में तीव्र दर्द। अंगों में तेज बिजली की तरह धक्के। आक्षेपिक फड़कन। तीव्र वात रोग। ज्वर।

चर्म—विसर्प रोग, मस्तिष्क के लक्षणों के साथ। अयनिका। कई स्थानों में खुजली। गरम पसीना।

ज्वर – शाम को अधिक गरमी और सुबह को बहुत ही कम गरमी। ज्वर जहाँ ताप में अधिक अन्तर रहता हो।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : जेल्से०; बैप्टि०, बेलो०, एकोना०; फेरम फॉस०। कार्बन के विष को मारती है—तरल रस २०–४० बूँद।

मात्रा—१ से ६ शक्ति।

वरबैस्कम (Verbascum)

(मुलीन)

करोटि के पाँचवीं जोड़ा स्नायु को निचले जबड़े में जाने वाली स्नायु पर, कान पर; साँस पथ पर, मूत्राशय पर इसका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है; शूल के साथ सर्दी और जुकाम। चेहरे की स्नायविकता; वायुनलिका और मूत्र-यन्त्रों की उत्तेजना को शान्त करती है।

चेहरा—स्नायुशूल जिसमें गण्डास्थि युगलक प्रवर्द्धन, कनपटी व जबड़े की सीध का स्थान और कान सभी सम्मिलित हों। (मेनिऐन्थ०)। खासकर बायीं तरफ का कान, साथ में आँखों से पानी बहना। जुकाम जैसा लगे कि नाक का क्षेत्र चिमटी से कुचला गया हो। बोलने से, छींकने से और ताप परिवर्तन से दर्द बढ़े, दाँत दबाने से भी रोग अधिक हो। दर्द चुभन के साथ उठे, जरा भी हरकत से शुरू हो, हर रोज एक ही समय सुबह व तीसरे पहर दर्द उठे।

कान—कर्णशूल, रुकावट की संवेदना के साथ। बहरापन। बाहरी कान सूखा, पपड़ीदार। (बाहर लगाने के लिये भी)।

उदर—दर्द गहराई में नीचे तक उतरे जिससे गुदा की संकोचक पेशी में सिकुड़न हो।

मलाशय—कई बार पाखाना हो, नाभि क्षेत्र में ऐंठन के साथ। खूनी बवासीर, सूजा हुआ, कड़े मल के साथ। सूजन और दर्दीली बवासीर।

साँस-यन्त्र—फटी आवाज, गहरी, कड़ी आवाज, बिगुल जैसी बोली, मोटी तेज आवाज। खाँसी, रात को बढ़े। दमा गलकोष में दर्द, सोते में खाँसी आवे।

मूत्र—लगातार टपका करे। अनैच्छिक मूत्रस्राव। पेशाब करने में जलन। मूत्राशय में दाब के साथ अधिक पेशाब।

अंग—तलवों, दाहिने पैर और घुटनों में ऐंठन की तरह दर्द। निचले अङ्ग भारी जान पड़ें। अँगूठा सुन्न मालूम दे। बायें टखने में स्नायुशूल। निचले अङ्गों में दर्द और कड़ापन।

घटना-बढ़ना—बढ़ना : ताप परिवर्तन से, बोलने से; छींकने से, कस कर काटने से। निम्नदन्त स्नायु, ६ बजे सुबह से ४ बजे शाम तक।

सम्बन्ध—तुलना कीजिए : रस ऐरोमे०, कॉस्टि; प्लैटिन०, स्फिगुरस (गण्डास्थि युगलक प्रवर्द्धन में दर्द)।

